भारतीय जनता का इतिहास और संस्कृ

श्रेणी युग

भारतीय जनता का इतिहास और संस्कृति

श्रेण्य युग

प्राक्कथन लेखक
क० मा० मुंशी

प्रधान सम्पादक
आर० सी० मजुमदार

सहायक सम्पादक
ए० डी० पुसलकर
और
ए० के० मजुमदार

मोतीलाल बनारसीदास
दिल्ली वाराणसी पटना मद्रास

अनुवादक शिवदान सिंह चौहान

भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद द्वारा प्रवर्तित

©भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद

मो ती ला ल ब ना र सी दा स
मुख्य कार्यालय : बंगलो रोड, जवाहर नगर, दिल्ली ११० ००७
शाखाएँ : चौक, वाराणसी २२१ ००१
अशोक राजपथ, पटना ८०० ००४
६ अपर स्वामी कोइल स्ट्रीट, मैलापुर, मद्रास ६०० ००४

प्रथम हिन्दी संस्करण : दिल्ली, १९८४

मूल्य : रु० १५० (सजिल्द)
१२० (अजिल्द)

श्री नरेन्द्र प्रकाश जैन, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली-७
द्वारा प्रकाशित तथा श्री शान्तिलाल जैन, श्री जैनेन्द्र प्रेस, ए-४५,
फेज १, नारायणा, नई दिल्ली ११००२८ द्वारा मुद्रित।

सहयोगी लेखक

आर० सी० मजुमदार
एम० ए०, पी-एच० डी०, एफ० ए० एस०, एफ० बी० बी० आर० ए० एस०
निदेशक, सम्पादक मंडल, हिस्टरी आफ दि फ्रीडम मूवमेन्ट,
भारत सरकार, नयी दिल्ली

डी० सी० सरकार
एम० ए०, पी-एच० डी०
सुपरिन्टेन्डेन्ट फार एपिग्राफी, गवर्नमेन्ट आफ इंडिया,
ऊटकमंड; पूर्वत: कलकत्ता विश्वविद्यालय में प्राचीन भारतीय
इतिहास और संस्कृति विभाग के व्याख्याता

के० ए० नीलकंठ शास्त्री
एम० ए०
मैसूर विश्वविद्यालय में इंडोलाजी के प्रोफेसर; इसके पहले
मद्रास युनिवर्सिटी में इतिहास के प्रोफेसर

आर० साथियानाथय्यर
एम० ए०
अन्नामलाई विश्वविद्यालय में इतिहास और राजनीति के प्रोफेसर

जी० वी० देवस्थली
एम० ए०, बी० टी०, पी-एच० डी०
एच० पी० टी० कालेज, नासिक में संस्कृत के प्रोफेसर

एम० ए० महेंडले
एम० ए०, पी-एच० डी०
रीडर, संस्कृत विभाग, दक्कन कालेज पोस्ट ग्रेजुएट एण्ड रिसर्च इन्स्टीच्यूट, पूना

एच० डी० वेलंकर
एम० ए०
सह-निदेशक, भारतीय विद्या भवन, इसके पहले विल्सन कालेज,
बम्बई में संस्कृत के प्रोफेसर

के० आर० श्रीनिवास आयंगार
एम० ए०, डी० लिट्०
प्रोफेसर तथा अध्यक्ष, अंगरेजी विभाग, आन्ध्र युनिवर्सिटी, वाल्टेयर

यू० एन० घोषाल,
एम० ए०, पी-एच० डी०
पूर्वत: प्रेसिडेन्सी कालेज, कलकत्ता में इतिहास के प्रोफेसर

नलिनाक्ष दत्त
एम० ए०, बी० एल०, पी० आर० एस०, पी-एच० डी०, डी० लिट्० (लन्दन)
कलकत्ता विश्वविद्यालय में पालि के प्रोफेसर

जे० एन० बनर्जी
एम० ए०, पी-एच० डी०
कलकत्ता विश्वविद्यालय में प्राचीन भारतीय इतिहास और संस्कृति के कारमाइकेल प्रोफेसर

ए० डी० पुसलकर
एम० ए०, एल० एल० बी०, पी-एच० डी०
सहायक निदेशक तथा अध्यक्ष, प्राचीन भारतीय संस्कृति विभाग, भारतीय विद्या भवन

ए० एम० घटागे
एम० ए०, पी-एच० डी०
कर्नाटक कालेज धारवाड़ में अर्धमागधी के प्रोफेसर

टी० एम० पी० महादेवन
एम० ए०, पी-एच० डी०
अध्यक्ष, दर्शनविभाग, मद्रास विश्वविद्यालय

एच० डी० भट्टाचार्य
एम० ए०
पूर्वतः अध्यक्ष दर्शनशास्त्र विभाग, ढाका युनिवर्सिटी तथा आनरेरी युनिवर्सिटी प्रोफेसर, भारतीय दर्शन और धर्म, बनारस हिन्दू युनिवर्सिटी

यू० सी० भट्टाचार्य
एम० ए०
पूर्वतः प्रेसिडेन्सी कालेज, कलकत्ता में दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर

एस० के० सरस्वती
एम० ए०
लाइब्रेरियन, एशियाटिक सोसाइटी, कलकत्ता, पूर्वतः कलकत्ता विश्वविद्यालय में इतिहास के व्याख्याता

नीहाररंजन राय
एम० ए०, डी० लिट्० और फिल० (लीडेन)
कलकत्ता विश्वविद्यालय में भारतीय कला और संस्कृति के बागीश्वरी प्रोफेसर

प्राक्कथन (प्रथम संस्करण)

डा० क० मा० मुंशी

इस ग्रन्थ के प्रकाशन में जिल्द २ की भारी माँग के कारण, जिसका दूसरा संस्करण प्रथम संस्करण के तुरन्त बाद ही प्रकाशित करना पड़ा, थोड़ा विलम्ब हो गया है। अब यह योजना बनायी गयी है कि जिल्द ४ और ५ एक साथ प्रकाशित किये जायें। भवन आशा करता है कि वे जून १९५४ तक बाजार में आ जायेंगे।

प्रस्तुत जिल्द में भारतीय इतिहास के सन् ३२० ई० से, जब गुप्त साम्राज्य की नींव पड़ी, लगभग ७४० ई० तक के, जब कन्नौज के यशोवर्मन् की मृत्यु हुई, कालखंड को विषय बनाया गया है। इस कालखंड को आसानी से दो भागों में विभक्त किया जा सकता है : प्रथम ३२० ई० से ल० ४६७ ई० तक, जब सम्राट् स्कन्दगुप्त की मृत्यु हुई और द्वितीय ४६७ ई० से ल० ७४० ई० तक।

I

यह कालखंड, जिसे उचित ही भारत का 'श्रेण्य युग' कहा गया है, जीवन के सभी क्षेत्रों में वसन्तकालीन प्रस्फुटन का काल था। इस काल की रचनात्मक प्रवृत्ति ने, परवर्ती सदियों में, राष्ट्रीय चित्त के विकास को विशिष्टता और समृद्धि प्रदान की। आठवीं शताब्दी के लगभग मध्य में, पश्चिम में शाही प्रतिहारों, पूर्व में पालों और दक्षिण में राष्ट्रकूटों के उदय के साथ सुस्पष्ट रूप से द्वितीय कालखंड की शुरुआत हुई जिसका विवेचन इसके बाद की जिल्द में किया गया है।

साम्राज्यों का उदय, ह्रास और पतन होता है, समुदाय और राष्ट्र संघटित और विघटित होते हैं; वे या तो सामूहिक चित्त, दृष्टिकोण और संकल्प का विकास करते हैं अथवा इनमें से किसी एक या दूसरे को, और अन्ततः सब कुछ, गँवा बैठते हैं। पहली स्थिति में वे एक सुस्पष्ट व्यक्तित्व विकसित करते हैं, दूसरी में वे इसे नष्ट कर देते हैं और समाप्त हो जाते हैं।

अखंड काल प्रवाह के भीतर से देखने पर मानव-समष्टि का संघटन और विघटन ही इतिहास के आधारभूत पैटर्न का निर्माण करते हैं। पर उनका अध्ययन करने के लिए उन्हें खंडों में बाँट कर देखना आवश्यक है, जैसा इस जिल्द में किया गया है। यदि इस प्रकार का अध्ययन कोई अर्थ रखता है तो हमें इस खंड को और साथ ही प्रवहमान धारा की दिशा को हमेशा ध्यान में रखना होगा।

जैसा मैंने पहली जिल्द के प्राक्कथन में कहा था, "जो कुछ घटित हो चुका है उसे सुरक्षित रखना, लिपिबद्ध करना और समझना ही पर्याप्त नहीं है; भारतीय जीवन के

भीतर कार्यशील महत् शक्तियों की प्रकृति और दिशा को कूतना भी आवश्यक है जिससे उनके निर्दिष्ट लक्ष्य को सही ढंग से समझा जा सके।

समस्त भारतीय इतिहास में, एकीकरण की प्रक्रिया में, दो युगपत् धाराएँ विद्यमान दिखाई पड़ती हैं। इनमें से एक अपने स्रोत के लिए आर्य संस्कृति की ऋणी है और उस संवेग (मोमेन्टम) के बल पर परिचालित है जो उस संस्कृति के मूल्यों में निहित है; दूसरी आर्य संस्कृति के ढाँचे के भीतर ही उसके रूप और अन्तर्वस्तु को (यद्यपि मूल बातों को नहीं) किंचित् परिवर्तित करती हुई, तथा निरन्तर एक लययुक्त पैटर्न बुनती हुई, देश की प्राचीन द्रविड़ और अन्य अनार्य संस्कृतियों की जीवन धारा से ऊपर उठती है। पहली धारा शक्ति और समन्वयन प्रदान करती है, दूसरी ओज और वैविध्य। पर दोनों के लयात्मक सामंजस्य के फलस्वरूप ही भारत को युग-युग से शक्ति, दृढ़ता और मिशन की भावना प्राप्त होती रही है।

भारतीय विलयन की पृष्ठभूमि में निर्मित सामंजस्य को प्रतीकित करने वाले तथ्य हैं: वह श्रद्धा भाव जो **निगम** (वैदिक परम्परा) और **आगम** (द्रविड़परम्परा) दोनों को समर्पित है; वैदिक **होम** और द्रविड़ **पूजा** दोनों का समान आनुष्ठानिक महत्त्व; आर्यीय विष्णु और अनार्यीय शिव की अविच्छेद्य ईश्वरता। यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि आर्यधर्म के संस्थापक और प्रवक्ता महर्षि व्यास तथा जगत् गुरु श्रीकृष्ण, जिनका सन्देश ही इसका मूल धर्मग्रन्थ है, दोनों उच्चवंशीय आर्य पिताओं तथा अनार्य माताओं के पुत्र हैं।

वैदिक संस्कृति, वैदिक आर्यों की संस्कृति, ज्यों-ज्यों देशभर में फैलती गयी, त्यों-त्यों इसके भीतर अधिकाधिक संख्या में लोग आते गये। प्रत्येक परवर्ती युग में धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण तथा संस्थानों में आमूल परिवर्तन हुए। पर केन्द्रीय विचारों और मौलिक मूल्यों की शक्ति कभी भी इतनी गुम न हुई कि सम्पूर्ण विघटन पैदा हो जाए। कुछ कालखंडों में, बहरहाल, दोनों धाराओं ने, यदि सभी नहीं तो, कतिपय स्तरों पर सामंजस्य की स्थापना की; जीवन-शक्ति अप्रतिरोध्य ओज में परिवर्तित हो गयी; जातीय स्मृति और परम्परा की जमीन से पूर्ण पोषण प्राप्त किया गया। इस प्रकार के कालों में भारत में गुप्तों के युग की तरह, महान् युग का उदय आ। दूसरी तरफ, जब ये दोनों धाराएँ बाहरी या भीतरी कुसामंजस्य के कारण एक दूसरे को सहारा देने में चूकीं, तब दोनों के बीच विरोध अनिवार्य हो गया; विकास की ओजस्विता समाप्त हो गयी; विघटन शुरू हो गया, जैसे ग्यारहवीं शताब्दी के आरम्भ में जबकि महमूद गजनवी के आक्रमणों ने उत्तरी भारत के कुछ हिस्सों को आक्रान्त कर दिया; विस्तार का युग समाप्त हो गया और प्रतिरोध का युग आरम्भ हुआ।

II

भारत का विकास मगध प्रभुत्व के काल में हुआ, जिसका विवेचन [illegible]न्थमाला की दूसरी जिल्द में किया गया है। इस विकास की शुरुआत ईसा पूर्व सातवीं शताब्दी

में भारतीय इतिहास के उषःकाल से हुई। पर इसके बहुत पहले, भारतीयों ने, जिन्होंने आर्य जीवन-पद्धति अपना ली थी, अपने लिए एक समान जीवन-पद्धति विकसित कर ली थी; और परम्परा द्वारा परिरक्षित तथा स्मृति द्वारा सक्रियमाण उनकी एकता की भावना हर पीढ़ी में पुनः प्राप्त होती रही, और सामूहिक क्रिया द्वारा अभिव्यक्त हुई। अपनी संस्कृति के मौलिक मूल्यों को जीवन-शक्ति से सम्पन्न करके उन्होंने ओजस्वी सामंजस्य की स्थापना की जो प्रत्येक युग की स्थितियों के फलस्वरूप आवश्यक हो जाता है। इस प्रक्रिया के दौरान प्राचीनतम काल से ही समाज के सर्वोत्तम तत्वों ने एक प्रमुख लक्ष्य—**ऋत धर्म** की सम्पूर्ति —विकसित कर लिया था, जिसने उन्हें खुद को एक सुनिर्दिष्ट ओजस्वी सामाजिक अंग-रचना (organism) में संकल्पित होने की क्षमता प्रदान कर दी।

युएह-चिस के आक्रमण के साथ मगध काल का अवसान हो गया। उत्तरी और पश्चिमी भारत में विघटन प्रारम्भ हो गया जो कुषाण-साम्राज्य के, जिसकी स्थापना कुषाणों ने की थी, भंग होने से और भी तेज हो गया। संगठन की प्रक्रिया को बौद्ध-धर्म से भी बाधा पहुँची, जो मूलतः यहां की जातीय स्मृति और जातीय परम्परा से जुड़ा आ नहीं था और कई बातों में तो उनका विरोधी भी था। किन्तु यह एक प्रसरणशील आन्दोलन था और स्वभावतः विदेशियों को आकृष्ट करता था; भारत में इसने राष्ट्रीय चित्त और संस्कृति को प्रेरणा द्वारा नहीं, वरन् संघात द्वारा उद्दीप्त किया। हाँ, शुंगों और सातवाहन विजेताओं ने जरूर ही इससे शक्ति प्राप्त की।

ईसा की तीसरी शताब्दी तो और भी धुँधलके में लिपटी हुई है। पर, **भागवत पुराण** के अनुसार, उत्तरी भारत विघटन के काल से गुजर रहा था। चम्पावती और मथुरा में नाग शासन करते थे; सौराष्ट्र और अवन्ती में आभीरों का शासन था; आबू और मालवा के क्षेत्र के शासक संस्कृति-हीन 'म्लेच्छवत्' थे। सिन्ध में, चन्द्रभागा के तट पर, काश्मीर में, कुन्ती के देश में शूद्र, व्रात्य और म्लेच्छ शासन करते थे। 'भागवत पुराण' के रचयिता के अनुसार ये शासक आध्यात्मिक शक्ति से हीन, धर्म और सत्य की उपेक्षा करने वाले तथा घृण्य और क्रोधी—'फल्गुदाः तीव्रमन्यवः'—थे। उसकी एक-मात्र आशा नये शासकों मगध के विश्वस्फणि और नर्मदा के तट पर शासन करने वाले ब्राह्मण शासक विन्ध्यशक्ति में निहित थी।

पर इसमें कोई सन्देह नहीं कि चौथी शताब्दी के आरम्भ तक विघटन की शक्तियाँ अपना वेग खो बैठीं। दक्षिणी भारत में पुरानी शक्तियों को नये रूप और नयी दिशाएँ प्राप्त हो रही थीं।

अनिश्चित स्थितियों के बावजूद भारत विदेशियों की नजर से मुक्त था। जातीय स्मृति गर्व के साथ उन कालों को पीछे मुड़कर देख रही थी जब मान्धाता और भरत जैसे चक्रवर्ती सम्राट् समस्त विश्व पर हावी थे। विश्वव्यापी चर्च द्वारा समर्थित विश्व-सम्राट् को धारणा, जो मध्यकालीन यूरोप में प्रचलित थी, इस (चक्रवर्ती) अवधारणा से आधारभूत रूप में भिन्न थी। **चक्रवर्ती धर्म** का राजनीतिक और सैनिक प्रतिरूप

था; 'महावाराह' की तरह वह धर्म का उद्धारक तथा धर्मशास्त्र के मौलिक विधान का समर्थक था; परशुराम की भाँति वह राजाओं की निरंकुशता का दमनकर्त्ता राज्योच्छेत्ता था। वह केवल आर्यावर्त के चक्रवर्ती के रूप में विश्व-विजय करने में समर्थ था।

यह प्रचलित अवधारणा वायु पुराण में इस प्रकार वर्णित है :

"प्रत्येक युग में विष्णु के अंश के रूप में चक्रवर्ती जन्म लेते हैं। वे पुराकाल में होते रहे हैं और भविष्य में भी बार-बार होते रहेंगे। सभी तीनों युगों में—भूत, वर्तमान और भविष्य में—यहाँ तक कि त्रेता युग में भी अन्य चक्रवर्ती हुए हैं और होते रहेंगे।

"शक्ति, धर्म, आनन्द और ऐश्वर्य, ये अमूल्य निधियाँ इन शासकों को अनायास उपलब्ध होंगी। वे निर्द्वन्द्व रूप से ऐश्वर्य, बाहुल्य, धर्म, मनोकामना, यश और विजय का भोग करेंगे।

"वे अपने प्रभुत्व, दानशीलता और संयम द्वारा, फल-प्राप्ति की दृष्टि से, ऋषियों से भी अधिक शक्तिमान् होंगे। और वे अपनी शक्ति और आत्म-संयम से देवताओं, दानवों और मनुष्यों से आगे रहेंगे।"

आर्यों की पुण्यभूमि, आर्यावर्त की अवधारणा, एक जीवित अवधारणा थी; क्योंकि यह उन पूर्वजों के प्रति अटल श्रद्धा की भावना से गर्भित थी जो उसे महान् और शाश्वत रूप में जीवित रखने के लिए जीवित रहे और मरे।

विष्णु पुराण ने भारतीय मानस की शाश्वत आशा को अभिव्यक्त किया : "यहाँ तक कि देवगण भी गाते हैं: 'वे भाग्यशाली हैं, जो भारत-भूमि में निवास करते हैं, जो स्वर्ग और मोक्ष के लिए राजमार्ग के समान है; क्योंकि वे देवताओं से भी श्रेष्ठ हैं।"

भारत में धर्म की अवधारणा प्रमुखतः आर्यावर्त से सम्बद्ध थी। कर्मभूमि भारतवर्ष धर्मक्षेत्र था और यह आसमुद्र हिमालय तक फैला हुआ था। कदाचित् सामान्य चित्र में आर्यावर्त की सीमाएँ धर्मशास्त्रों में निर्धारित सीमाओं से पार, बहुत दूर तक, व्याप्त थीं। आर्यावर्त वह क्षेत्र था जहाँ आर्य फले-फूले और जहां म्लेच्छ, यदि वे हावी भी हुए तो, ज्यादा दिन नहीं टिक सके। यह वह आर्यावर्त था जिसकी कोई भौगोलिक या राजनीतिक सीमा नहीं थी। मनु के महान् व्याख्याकार मेधातिथि ने कई शताब्दियों बाद इस विचार को अभिव्यक्ति दी : "पुण्यवान् राजा म्लेच्छों के देश पर भी विजय प्राप्त कर सकता है, वहाँ चातुर्वर्ण्य की स्थापना कर सकता है, म्छेच्छों को आर्यावर्त में चांडालों का दर्जा दे सकता है तथा उस देश को आर्यावर्त के समान ही यज्ञ के लिए उपयुक्त बना सकता है।"

III

चौथी शताब्दी के आरम्भ में, दक्षिण भारत में, शक्तिशाली पल्लव राजा शिवस्कन्दवर्मन् ने अश्वमेध-यज्ञ किया। सन् ३२० ई० के लगभग गुप्त साम्राज्य के संस्थापक चन्द्रगुप्त प्रथम ने उत्तरी भारत में चक्रवर्ती के आदर्श को पुनरुज्जीवित किया।

लिच्छवी राजकुमारी कुमारदेवी से उसके विवाह के फलस्वरूप सम्भवतः लिच्छवी राज्य मगध राज्य में मिल गया जिसके बाद वह दूर-दूर तक के विजय-अभियान में जुट गया। इसके सौभाग्यवश उस समय उत्तरी भारत में साम्राज्यिक प्रभुत्व के लिए कोई दूसरा प्रतिस्पर्धी नहीं था और न ही उत्तर-पश्चिम से देश को किसी विदेशी आक्रमणकारी का खतरा था।

द्वितीय सम्राट् समुद्रगुप्त ने, जो ई० स० ३३५-३८० में हुआ, एक ऐसे दुर्दमनीय सैनिक संगठन की नींव डाली जिसमें सम्भवतः नौसेना भी थी। अपनी इस विशाल स्थायी सेना के द्वारा उसने छोटे मोटे राजाओं तथा गंगा की तराई में अवस्थित अशक्त गण-राज्यों को समाप्त कर दिया। हरिद्वार से लेकर असम की सीमाओं तक का क्षेत्र एक सुसम्बद्ध स्वदेश के रूप में समेकित हो गया, जिस पर वह एक ऐसी पद्धति से स्वयं शासन करता था जो थोड़े उपयुक्त हेर फेर के साथ देश के अनेक भागों में अपना ली गयी और जो कुछ रूपों में ब्रिटिश काल तक बनी रही। समुद्रगुप्त का यज्ञाश्व, जिसके पीछे उसकी सेना चलती थी, देश के अधिकांश भागों में शासन करने वाले राजाओं से कर वसूलता था तथा उत्तर-पश्चिम के शाहंशाही राजाओं से मैत्री-सम्बन्ध स्थापित करने में योग देता था। जिस समय उसने अश्वमेध यज्ञ किया और प्रचुर मात्रा में दान किया उस समय वह अपनी शक्ति के चरम उत्कर्ष पर था।

राजनीतिक दृष्टि से यह भारत में संघटन का युग था। तीन सौ से अधिक वर्षों के विखंडन और विदेशी प्रभुत्व के बाद उत्तरी भारत पुनः एक बहुमुखी प्रतिभासम्पन्न शक्तिशाली नरेश के अधीन एकीकृत हुआ। समुद्रगुप्त एक प्रतिभाशाली सेनानी, दूरदर्शी राजनेता, सुसंस्कृत मनुष्य और कला एवं साहित्य का संरक्षक था। वह जनसमुदाय की प्रचंड रचनात्मक प्रेरणा का, जो परम्परा और जातीय स्मृति से जीवन-शक्ति ग्रहण करती हुई एक नया आकार और शक्ति प्राप्त कर रही थी, प्रतीक और शिल्पी बन गया।

समुद्रगुप्त के बाद उसका 'तनिक-भी-न-कम' प्रतिभाशाली पुत्र, चन्द्रगुप्त द्वितीय, जो विक्रमादित्य के नाम से प्रसिद्ध हुआ, तथा जो गुप्त सम्राटों में महानतम माना जाता है, राजगद्दी पर बैठा। उसके राज्य-काल में, जो ई० सन् ३७६ से ४१४ के बीच रखा जाता है, देश से विदेशी शासन का अन्तिम अवशेष भी समाप्त हो गया और पाटलिपुत्र का नियन्त्रण बंगाल की खाड़ी से अरब सागर तक स्थापित हो गया। नर्मदा के दक्षिण का क्षेत्र दो मित्र शक्तियों—वाकाटकों और पल्लवों—द्वारा शासित था जो गुप्त सम्राटों के समान ही धर्म को विजयी बनाने में उत्साही थे। वाकाटक विन्ध्यशक्ति के उत्तराधिकारियों का क्षेत्र बुन्देल खंड से हैदराबाद तक फैला हुआ था। चन्द्रगुप्त द्वितीय की एक पुत्री का विवाह उनमें से एक के साथ हुआ था और उसने तीस वर्षों तक प्रतिशासक (रीजेन्ट) के रूप में शासन किया था; और इस राजवंश के समाप्त होने तक वाकाटक गुप्तों के साथ अधीनस्थ मैत्री में जुड़े रहे। पल्लव, जिनका दक्षिण पर

असन्दिग्ध अधिकार था, गुप्तों के साथ तब भी मैत्री सम्बन्ध निभाते रहे जब वे उनके नेतृत्व में नहीं रह गये थे।

चन्द्रगुप्त द्वितीय के नेतृत्व में गुप्त गरुड़ध्वज हिन्दुकुश के पार बल्ख तक फहराता था। उसके राज्य में सर्वव्यापी नैतिक बोध से संयुक्त शान्ति, प्राचुर्य और शक्ति का बौद्धिक और सांस्कृतिक प्रस्फुटन के साथ एकीकरण हो गया, और परवर्ती पीढ़ियों के मन में यह उच्चतम राष्ट्रीय आकांक्षाओं की पूर्ति के प्रतीक रूप में स्थापित हो गया।

IV

चन्द्रगुप्त के बाद उसका पुत्र कुमारगुप्त (ई० सन् ४१५-४५५) और बाद में उसका पोता स्कन्दगुप्त (ई० ४५५-४६७), जिसने आक्रमणकारी हूणों को करारी शिकस्त दी, गद्दी पर बैठे। इन दोनों ने अपने पूर्वजों द्वारा अर्जित और **समेकित** साम्राज्य को सुदृढ़ बनाया। गुप्त शासन के ये एक सौ पचास वर्ष उचित ही भारत का "स्वर्णिम वसन्त" माने जा सकते हैं।

गुप्त सम्राटों ने धर्म को उसके सभी पक्षों के साथ ऊपर रखा और परिणामस्वरूप उसकी अन्तर्वस्तु समृद्ध हुई तथा उसका क्षेत्र व्यापक बना। उनके अन्तर्गत एक सर्व-व्यापी जीवन-विधान ने, यद्यपि वह वैदिक काल से ही विद्यमान था, रूप ग्रहण किया जो मुख्य रूप में आज भी कायम है। उन्होंने इससे प्रेरणा ली और ऐसा करके उन्होंने जनता को भी अपने साथ कर लिया। वेद समस्त ज्ञान और प्रेरणा के स्रोत हैं, इस विश्वास के फलस्वरूप ऐतिहासिक नैरन्तर्य और चैतन्य एकता सुरक्षित रही। इस विश्वास के चौखटे में मिथक परम्पराएँ और धार्मिक अनुष्ठान, भाषा और साहित्य, आचार संहिताएँ, जीवन के आदर्श और तरीके संघटनकारी शक्ति बन गये। पुराणों के माध्यम से, जिनमें धार्मिक आख्यानों, नदियों, पर्वतों, नगरों, राजवंशों, और देवतुल्य नायकों तथा महात्माओं के गीत गाये गये हैं, अतीत एक गौरवपूर्ण रिक्थ बना रहा जो भविष्य को नवीन ओज से अनुप्रेरित करता रहा।

इस युग में **धर्मशास्त्र** सर्वाधिक शक्तिशाली संघटनकारी शक्ति हुए। उन्होंने आर्य समाज को आधार तथा सामाजिक सामंजस्य की प्रणाली प्रदान की; उत्तराधिकार और दीवानी तथा फौजदारी न्याय के कानून निर्धारित किये एवं जन्म से मृत्यु तक की सभी प्रमुख अवस्थाओं के नियमन के लिए विधान बनाये। उन सबमें मनुस्मृति को समस्त देश में, न केवल उत्तरी बल्कि दक्षिणी भारत में भी, सर्वाधिक पवित्र माना गया। तमिल राज्यों ने इसकी प्रामाणिकता को स्वीकार किया; तमिल साहित्य के एक प्राचीनतम क्लासिक पर इसके महत् प्रभाव की स्पष्ट छाप है।

सिद्धान्ततः, धर्मशास्त्रों के अनुसार, सामाजिक ढांचा चार सामाजिक वर्गों, **चातुर्वर्ण्य** में विभक्त था; वस्तुतः यह ऐसे समुदायों की क्रम-परम्परा थी जो प्रत्येक द्वारा लब्ध सांस्कृतिक स्तर के मुताबिक वर्गीकृत थी, और बीच में ऐसे वर्ग थे जो जातीय विलयन के

परिणाम थे। बाहरी व्यक्तियों को इसमें प्रवेश करने तथा इससे लाभान्वित होने की अनुमति तो थी पर इतनी तेजी से नहीं कि सामाजिक सन्तुलन ही नष्ट हो जाय।

इस प्रकार भारतीय संस्कृति से भिन्न लोगों को भी जीवन-मान में आरोहण के लिए मौका दिया जाता था, पर उतनी तीव्रतापूर्वक नहीं कि विद्यमान सामाजिक व्यवस्था की स्थिरता ही खतरे में पड़ जाए।

वैदिक आर्यों से उत्तराधिकार रूप में प्राप्त सामाजिक व्यवस्था की आधार-शिला पितृसत्तात्मक परिवार था। पिता परिवार का स्वामी था, माता गृहलक्ष्मी; परिवार के सभी सदस्य, असहाय सदस्य भी, इस सुरक्षित शरण-स्थल के भागीदार थे। अतः पति और परिवार के प्रति पत्नी की निष्ठा अनिवार्य थी। परिवार में पत्नी की स्थिति का बड़ा सुन्दर वर्णन कालिदास के 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में कण्व द्वारा शकुन्तला की विदाई के अवसर पर उपदेश के रूप में हुआ है जो अन्यत्र दुर्लभ है :

शुश्रूषस्व गुरून्कुरु प्रियसखीवृत्तिं सपत्नीजने
पत्युर्विप्रकृताऽपि रोषणतया मा स्म प्रतीपं गमः।
भूयिष्ठं भव दक्षिणा परिजने भाग्येष्वनुत्सेकिनी
यान्त्येवं गृहिणीपदं युवतयो वामाः कुलस्याधयः॥
(अभिज्ञानशाकुन्तलम्, अंक ४, श्लो० १८)

(अर्थात् यहाँ से पति के घर पहुंचकर घर के बड़े बूढ़ों की सेवा करना। अपनी सौतों से सखियों जैसा प्रेम रखना। पति निरादर भी करें तो क्रोध करके उनसे झगड़ा मत कर बैठना। दास दासियों को बड़े प्यार से रखना और अपने सौभाग्य पर बहुत ऐंठना मत। जो स्त्रियाँ घर में इस प्रकार चलती हैं वे ही सच्ची गृहिणी होती हैं और जो इसका उलटा करती हैं वे खोटी स्त्रियाँ तो अपने कुल की **नागिन** होती हैं।)

विभिन्न जातियों का विवाह द्वारा मिश्रण सापेक्ष स्वतन्त्रता-पूर्वक होता था, अनुलोम विवाह बहुत सामान्य था, प्रतिलोम विवाह भी कम नहीं होते थे।

धर्मशास्त्रों का पालन तलवार की नोक पर नहीं कराया जाता था। यहाँ तक कि निम्नवर्ग और आप्रवासी वर्ग के लोग भी अपने पुराने रीतिरिवाजों और लोकाचारों को त्याग देते थे और धर्मशास्त्रों द्वारा निर्धारित सामाजिक प्रथा को प्रसन्नतापूर्वक ग्रहण कर लेते थे। इस प्रकार भारत का आर्यीकरण शासकों के आदेश या उच्च वर्गों के सामूहिक दबाव से नहीं, वरन् उन लोगों की स्वेच्छा-पूर्ण स्वीकृति से हुआ जिन्होंने अनुभव किया कि धर्मशास्त्र की गत्यात्मकता, युग के लिए, सामाजिक, आत्मिक और सांस्कृतिक उत्थान के लिए, सर्वोत्तम स्थितियाँ प्रदान करती है।

संस्कृत, जो एक जीवन्त भाषा थी, अपने ढांचे में नमनीय और अभिव्यक्ति में समृद्ध; तथा जिसकी साहित्यिक उपलब्धि अत्यन्त समृद्ध, वैविध्यपूर्ण और सुन्दर थी—**धर्म** का जीवन्त मूर्त रूप और शक्तिशाली संघटनकारी शक्ति थी। संस्कृत में, धुर दक्षिण तक में, अभिलेख लिखे जाने लगे। इसमें अभिव्यक्त कोई नया विचार या नयी

साहित्यिक श्रेष्ठ रचना सभी बौद्धिक केन्द्रों का ध्यान आकृष्ट करती थी। उदाहरणार्थ कालिदास की, जो चन्द्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य का समकालीन था, कृतियाँ उसकी मृत्यु के कुछ ही वर्ष बाद सारे देश में साहित्यिक सौष्ठव का आदर्श बन गयीं।

गुप्त सम्राटों के अन्तर्गत **महाभारत** को एक संघटनकारी मनोवैज्ञानिक शक्ति के रूप में अद्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इसने **भारतवर्ष** के गर्वपूर्ण और आनन्दमय पुरुषत्व को अमर कर दिया तथा राजदरबारों, विद्यालयों और समाज के लिए यह समानरूप से प्रेरणा का स्रोत बना।

प्राचीन काल से ही सांस्कृतिक उत्थान उस केन्द्रीय विचारधारा पर आधारित था जिसके मूल में धर्म था। इसका मनुष्य की कर्मशीलता, संयम और तपस्या में अखंड विश्वास था। विश्वास और धर्मग्रन्थ-वचनों की अपेक्षा व्यक्तिगत अनुभव और आत्म-सिद्धि (Becoming) पर अधिक बल दिया जाता था; इसकी प्राप्ति तब होती थी जब व्यक्ति अपनी सीमाओं से ऊपर उठ जाता था, इस जीवन में ही ब्रह्मत्व की प्राप्ति कर लेता था। वैविध्यपूर्ण धार्मिक विश्वासों और सामाजिक दृष्टिकोण के बीच धर्म महाव्रतों के—अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह—पालन पर भी, विकास के लिए जरूरी सोपान के रूप में, जोर देता था। सम्मान का पात्र होने के लिए समस्त आचरण का नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों से, जो इस आदर्श की पूर्ति में सहायक होते हैं, नियन्त्रण और समन्वय आवश्यक था।

चारों गुप्त सम्राटों ने—निश्चय ही, अधम रामगुप्त को छोड़कर—**चक्रवर्ती** के आदर्शों को बनाये रखने के साथ ही राज्य को भी शक्तिशाली, दृढ़, गत्यात्मक और सुखी बनाया। वसुबन्धु और नायन्मारों के मीमांसात्मक विचार; कालिदास के श्रेष्ठ काव्य और नाटक; वराहमिहिर के खगोलशास्त्रीय आविष्कार; दिल्ली का लौहस्तम्भ; इमारती मन्दिरों के निर्माण का प्रारम्भ; प्रारम्भिक अजन्ता भित्तिचित्रों का कलात्मक सौन्दर्य; वैष्णव और शैव सम्प्रदायों का उदय; **महाभारत** का पूरा होना और **वायु** तथा **मत्स्य** पुराणों की रचना इसी युग की घटनाएँ हैं। यह साम्राज्य केवल विजयों और प्रशासनिक निपुणता पर आधारित नहीं था; इसकी महानता इसके समग्र दृष्टि-कोण में निहित है। इसकी शक्ति उतनी ही फौजी ताकत पर आधारित थी जितनी भीतरी व्यवस्था और आर्थिक प्राचुर्य पर; इसकी जीवनी शक्ति का रस प्राचीन परम्परा और जातीय स्मृति की जड़ों से खींचा जाता था, जिसे उन्होंने कायम रखा, पुनर्व्याख्या की और भरपूर बनाया। मध्य देश और मगध में क्षत्रिय वंश-समूहों का उदय और राज्य के प्रति उनकी अटल स्वामिभक्ति साम्राज्यिक प्रासाद का इस्पाती ढांचा था। साम्राज्य की भव्यता शासकों के व्यक्तित्व में लिपटी कोई अलग चीज नहीं थी। जनता अपनी परम्परागत जीवन-पद्धति में कुछ उदात्त और भव्य पाकर उसे अपने शासकों की महानता में प्रतिबिम्बित देखती थी। धुर दक्षिण के वाकाटक और पल्लव, जो देश में दो अन्य प्रमुख राजशक्ति थे, गुप्तों से घनिष्ठ रूप से सम्बद्ध थे

तथा अत्यन्त उदारतापूर्वक धर्म के आख्याता और सम्पादक ब्राह्मणों की व्यवस्था को स्वीकार करते थे।

गुप्त सम्राट् आश्चर्यजनक राष्ट्रीय लहर के प्रतीक बन गये। भारत के इस स्वर्ण युग में जीवन जितना सुखी और हमारी संस्कृति जितनी रचनात्मक थी, उतनी और कभी नहीं।

V

ईसवी सन् की चौथी शताब्दी के मध्य में मानव जाति के इतिहास में ज्वालामुखी के विस्फोट की तरह एक घटना घटी। बिलकुल लावा की धार की तरह हूण अपने मूल स्थान कैस्पियन सागर के उत्तरी तटों से फूटे और यूरोप तथा एशिया पर छा गये। बेघर और बेकानून, वे अपने घोड़ों की पीठ पर ही सोते जागते बढ़ने लगे। उनकी भयानक चीखें जहाँ भी सुनाई पड़तीं वहाँ हाहाकार मच जाता। इन्होंने संसार के समस्त सभ्य समुदाय को भयंकर प्रलयकारी युद्धों में झोंक दिया; और जहाँ भी उन्हें मौका मिला, उन्होंने दानवी क्रूरता के साथ लोगों को कत्ल किया तथा मार्ग में पड़ने वाले नगरों, गाँवों, खेतों और अन्य वस्तुओं को नष्ट किया, जलाया तथा उजाड़ डाला। में हूण अत्तिल ने शक्तिशाली रोम साम्राज्य तक का पतन करा दिया।

४५५ ई० के आसपास हूण भारत में प्रवेश करने लगे। पर सम्राट् स्कन्दगुप्त ने उन्हें मार भगाया। बारह वर्ष बाद स्कन्दगुप्त की मृत्यु हो गयी। साम्राज्य की सीमा-चौकियाँ, जो कमजोर हो गयी थीं, आक्रमणकारियों का प्रतिरोध नहीं कर सकीं। बर्बर आक्रमणकारी फारस को पार करके उत्तर-पश्चिम में कुषाण शासकों को नष्ट करते हुए भारत में प्रवेश करने लगे।

स्कन्दगुप्त की मृत्यु के बाद, लगता है, उत्तराधिकार के लिए संघर्ष शुरु हो गया जो साम्राज्य को, इस संकट की घड़ी में, कमजोर बनाने का कारण बना। ई० सन् ५०० से ५७० के बीच उत्तराधिकार-क्रम से पाँच सम्राट्, जिनमें नरसिंह गुप्त बालादित्य भी था, साम्राज्य के विभिन्न हिस्सों पर डांवाडोल रूप में अधिकार बनाये रहे। गुप्त साम्राज्य अभी भी, अपने अपकर्ष के बावजूद, एक जादू फूंकने वाला नाम था। पर, साम्राज्य के सुसम्बद्ध आन्तरिक भाग के घेरे के बाहर के अनेक हिस्से स्वतन्त्र हो गये। स्कन्दगुप्त की मृत्यु के बाद सौराष्ट्र में, जो साम्राज्य का एक प्रान्त था, जनरल मैत्रक लगभग स्वतन्त्र हो गया।

ई० सन् ५१२ तक तोरमाण के नेतृत्व में हूण उत्तरी भारत को रौंदते हुए मध्य भारत में सागर जिले के एरण तक पहुँच गये थे। तोरमाण के पुत्र मिहिरकुल ने, जो आतंक की जीतीजागती मूर्ति था, पंजाब से ग्वालियर तक अग्नि और हत्याकाण्ड का भयानक दृश्य पैदा कर दिया और ५२५ ई० तक एक विशाल क्षेत्र का स्वामी बन बैठा।

र जल्द ो उत्तरी भारत इस बर्बर आघात के धक्के से मुक्त हो गया और श्कुल का प्र तिरोध आरम्भ हो गया। जो दस्तावेज नष्ट होने से बच गये हैं वे

इतने अस्पष्ट और खंडित हैं कि उनसे इस मुक्ति-संग्राम की प्रकृति और व्यापकता का ठीक ठीक पता नहीं लगता। पर दो महान् मुक्तिदाताओं के नाम शेष रह गये हैं।

यशोधर्मन् विष्णुवर्धन, जो सम्भवतः गुप्त साम्राज्य का कोई पूर्व-सामन्त था, हूणों से भयंकरतापूर्वक लड़ा। उसकी द्रुत विजयों ने मिहिरकुल की प्रगति रोक दी और उसके प्रति लोगों की निष्ठा दृढ़ की। मालवा, जिसके अन्तर्गत आधुनिक गुजरात का मध्य भाग समाविष्ट था—जो कभी गुप्तसाम्राज्य का एक प्रान्त था—स्वतन्त्र होने के बाद यशोधर्मन् के अधिकार-क्षेत्र का हिस्सा बना, और बताया जाता है कि हिमालय से लेकर गंजाम जिले तक के क्षेत्र पर उसने विजय प्राप्त की थी।

मिहिरकुल को अपने पूर्वी अभियानों में भी कम भारी मुंह की नहीं खानी पड़ी। इस चुनौती को मध्यदेश (आधुनिक उत्तर प्रदेश) पर शासन करने वाले एक अर्ध-स्वतंत्र सामन्त ईशानवर्मन् मौखरी ने स्वीकार किया। उसने पूर्व में हूणों की प्रगति रोक दी और कई मुठभेड़ों में उन्हें बुरी तरह पराजित किया।

पूर्वी साम्राज्य के शासक सम्राट् नरसिंह गुप्त बालादित्य ने इस हूण पर अन्तिम प्रहार किया और उसे उत्तर-पश्चिम सीमा पर स्थित अपने क्षेत्र पर उलटे पांव लौटने पर मजबूर कर दिया, जहाँ हिउएन-त्सांग के अनुसार, उसके भाई ने गद्दी पर कब्जा कर लिया था। तब मिहिरकुल काश्मीर पर टूट पड़ा जिस पर उसने कब्जा कर लिया और कुछ ही दिनों के बाद मर गया।

यशोधर्मन् विष्णुवर्धन एक उल्का की तरह चमका और अन्धकार में विलीन हो गया। ई० सन् ५३३ में मालवा पर मौखरी विजेता ईशानवर्मन् के गवर्नर का शासन था। दो वर्ष बाद नरसिंह गुप्त बालादित्य के पुत्र कुमार गुप्त तृतीय ने मालवा पर पुनः शाही अधिकार स्थापित किया और अपने को "तीन समुद्रों का स्वामी" घोषित किया पर साम्राज्य तेजी से क्षयित होता गया और यद्यपि लगभग ५५० ई० तक मैत्रकों द्वारा गुप्त प्रभुसत्ता स्वीकार की जाती रही और ५६९ तक कलिंग में मानी जाती रही, पर यह स्पष्ट है कि सम्राट् बूढ़ा शेर हो चुका था।

महान् उद्धारक ईशानवर्मन् ने सम्भवतः यशोधर्मन् के उत्तराधिकारियों को गद्दी से उतार दिया था, आन्ध्र के शूलिकों पर विजय प्राप्त की थी और कुमार गुप्त तृतीय की मृत्यु के बाद मध्य देश और मालवा तक का निर्विरोध स्वामी बन गया था। वह गौड़ों को परेशान किये रहा और अपनी नींव कन्नौज में पोखता की, जो उसके बाद से लगभग पाँच शताब्दियों तक उत्तरी भारत की शाही राजधानी बना रहा। ईशानवर्मन् का उत्तराधिकारी सर्ववर्मन् (ई० सन् ५७६-५८०) भी अपने राजवंश के गौरव को बनाये रहा।

हूण जैसे आये थे वैसे ही गुम हो गये। गुप्त साम्राज्य बिलकुल कमजोर होकर भंग हो गया; पराक्रमी मौखरी विजयी हुए। पर उनके उदय के साथ भारतीय इतिहास का एक नया अध्याय शुरू हुआ। कन्नौज नयी व्यवस्था के प्रतीक रूप में प्रकट हुआ।

भारत का सुनहला युग समाप्त हो गया, मगध की सैनिक सर्वोच्चता समाप्त हो गयी। इस उथल-पुथल के बीच से कई नये राजवंश प्रकटे : कन्नौज के मौखरी, थानेश्वर के पुष्यभूति, वलभी के मैत्रक और बादामि के चालुक्य। पुराने राजवंशों में केवल कांची के पल्लव उन्नतिशील रहे। पश्चिम में, आज के राजस्थान के योद्धा वंश, जो ब्राह्मण पूर्वजों के वंशज थे, और आबू पर्वत के क्षेत्र में निवास करते थे न जाने किस अन्धकार से एक सुसम्बद्ध राजवंश के रूप में प्रकट हुए जिनके अग्रणी प्रतिहार थे।

VI

अपने जीवनीकार बाणभट्ट और उत्साही हिउएन-त्सांग की अतिशयोक्तिपूर्ण प्रशस्तियों के चलते श्रीहर्ष को उसके प्राप्य से अधिक महत्त्व मिल गया है। इसमें कोई सन्देह नहीं कि उसने मध्यदेश की एकता को सुरक्षित रखा पर उसे बादामि के पुलकेशिन-द्वितीय के हाथों भारी मुंह की खानी पड़ी और वलभी के मैत्रकों से सन्धि करने के लिए बाध्य होना पड़ा। जिन क्षेत्रों पर उसने विजय प्राप्त की वे न तो उसके पूर्ववर्ती गुप्तों के साम्राज्य के समान और न परवर्ती प्रतिहारों के समान व्यापक थे; न ही वह अपने पीछे कोई साम्राज्य छोड़ गया।

चीनी तीर्थयात्री के विवरणों से ज्ञात होता है कि श्रीहर्ष न केवल बौद्ध-धर्म का अनुयायी था वरन् ब्राह्मण धर्म के प्रति उसमें एक स्पष्ट विरोध भाव भी था। पर मुद्राएँ, जो उसके बड़े भाई को बौद्ध बताती हैं, उसका वर्णन एक निष्ठावान् शैव के रूप में करती हैं।

गुप्तों के विपरीत, श्रीहर्ष कोई नवीन संघटनात्मक प्रेरणा जागृत करने में समर्थ नहीं हुआ। अपनी बड़ी सेना की सहायता से सम्राट् ने दूर दूर तक विजय प्राप्त की, शानदार उत्सव मनाये, उदारतापूर्वक दान दिये; उसका व्यक्तित्व ऊँचा था, पर उसने अपने पीछे कोई उत्तराधिकारी या वंश-परम्परा नहीं छोड़ी; उसकी मृत्यु के साथ ही उसने जो इमारत खड़ी की थी वह भहरा गयी। कन्नौज के इस आकस्मिक पतन के कारण न केवल उन परिस्थितियों में ढूंढ़े जा सकते हैं, जिन्होंने श्रीहर्ष को सर्वोच्चता प्रदान की, वरन् उसके व्यक्तिगत चरित्र में भी। मध्यदेश के पुराने क्षत्रिय घराने, जिन्होंने गुप्त साम्राज्य का समर्थन किया, वे या तो अशक्त हो चुके थे या विरोधी थे; श्रीहर्ष उनमें कोई नयी आशा या शक्ति का संचार नहीं कर सका। कन्नौज और थानेश्वर मित्र राज्य होने के बावजूद एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी थे। जब शशांक के हाथों कन्नौज के अस्तित्व पर खतरा पैदा हुआ तब श्रीहर्ष, एक सैनिक अनिवार्यता के रूप में, दोनों राज्यों के सम्मिलित शासक के रूप में बुलाया गया। पर दोनों राज्यों पर उसकी पकड़ व्यक्तिगत थी; दोनों राज्यों के वंशवाले सम्भवतः एक दूसरे को घृणा की दृष्टि से देखते थे। यही कारण है कि जहाँ गुप्त साम्राज्य का संस्थापक चन्द्रगुप्त-प्रथम अपने प्रयत्न में सफल रहा, वहाँ श्रीहर्ष को असफलता मिली। वह एक उभयनिष्ठ वंश-क्रम की स्थापना नहीं कर पाया जो उसके अभियान को आगे बढ़ाता।

अपने जीवन के शिखर पर श्रीहर्ष एक कट्टर बौद्ध था। इस बात की पूरी सम्भावना है कि वह अपने मन्त्रियों, तथा समाज के श्रेष्ठ और स्वाभिमानी नेताओं से अलग थलग रहने लगा था। वह पुरानी सामाजिक व्यवस्था में पुनः जीवन-रक्त प्रवाहित नहीं कर पाया, क्योंकि वह उसकी लालसा और तड़प से अपने को एकाकार नहीं कर सका, न ही वह चक्रवर्ती-परम्परा को पुनर्जीवित कर सका। परम्परागत शक्ति पर आधारित सैनिक शक्ति की स्थापना का रहस्य उसे ज्ञात नहीं था; न ही जन समुदाय ने श्रीहर्ष की विजयों को अपनी विजय समझा। बौद्ध-धर्म के अन्तरराष्ट्रीयतावाद ने देश की जमीन में मूलबद्ध ठोस एकता के निर्माण को असम्भव बना दिया। वह विजय प्राप्त कर सका; पर निर्माण नहीं कर सका। इस प्रकार गुप्तों की राह उसके लिए बन्द थी।

उसने जिस साम्राज्य की स्थापना की वह देखते देखते समाप्त हो गया। श्रीहर्ष के बाद उसके दौहित्र धरसेन चतुर्थ ने, जो अपेक्षाकृत वलभी के छोटे राज्य का शासक था, सम्राट् की आडंबरी उपाधि धारण की। श्रीहर्ष की मृत्यु के पचास वर्षों के भीतर ही यशोवर्मन् ने, जो एक शक्तिशाली शासक और भवभूति का आश्रयदाता था, कन्नौज को उसका गौरव प्रदान किया—पर केवल थोड़े दिनों के लिए।

पर ई० सन् ५५० और ७५० के बीच भारत की शक्ति और ओज दक्षिण में दिखायी पड़े। जबकि मौखरी अपने साम्राज्य की स्थापना, जिसकी राजधानी कन्नौज में थी, कर ही रहे थे, चालुक्य वंश का पुलकेशिन्-प्रथम (५५० ई०) बम्बई के बीजापुर जिले में एक राज्य की स्थापना कर चुका था जिसकी राजधानी वातापि, आधुनिक बादामि, में थी। छठी शताब्दी के लगभग अन्त में, उसके पुत्र कीर्तिवर्मन् ने गोदावरी के उत्तर में शासन करने वाले राजाओं के विरुद्ध युद्ध छेड़ दिया।

सन् ६२० ई० में पुलकेशिन्-द्वितीय ने, जिसने पहले ही कांची के पल्लवों को हरा दिया था, श्रीहर्ष के आक्रमण को नाकाम कर दिया और "९९९ गाँवों वाले तीन महाराष्ट्रों का स्वामी" विरुद धारण किया। उसने वेंगी, आधुनिक गोदावरी जिले को अपने राज्य में मिला लिया और अपने भाई विष्णुवर्धन को पूर्वी किनारे पर उसका गवर्नर नियुक्त किया। चार वर्ष बाद विष्णुवर्धन वस्तुतः स्वतन्त्र हो गया। और उसने पूर्वी चालुक्य राजवंश की स्थापना की। पुलकेशिन् ने अपने योद्धाओं और हाथियों की सहायता से, 'जो मदमत्त होकर विजय की ओर अग्रसर होते थे', दक्षिणापथ के साम्राज्य की स्थापना की। लगभग दो शताब्दियों के शासन के बाद, जिसके दौरान चालुक्यों ने देश को महान् स्थायित्व प्रदान किया, उनका स्थान राष्ट्रकूटों ने लिया।

महान् पल्लव राजा महेन्द्रवर्मन्-प्रथम (ई० सन् ६००-६३०) ने एक बार पुलकेशिन् द्वितीय तक को हरा दिया और उसकी राजधानी पर कब्जा कर लिया। यद्यपि चालुक्यों ने जल्दी ही इस हार का बदला ले लिया, पर पल्लव धुर दक्षिण में अत्यन्त शक्तिशाली राजा बने रहे।

चार सौ से अधिक वर्षों की—ई० सन् ३२० से ७५० तक—अवधि के दौरान भारत सु-सम्बद्ध सरकारों द्वारा प्रशासित रहा। इस काल में राजनीतिक अभिरुचि मुख्यतः उत्तरी भारत के इतिहास में केन्द्रित है। इसका प्रमुख कारण गुप्त साम्राज्य की शक्ति और विस्तार है। पर देश को स्थायित्व प्रदान करने और संघटनकारी शक्तियों के पोषण में चालुक्यों और पल्लव राजाओं के योगदान को कम करके नहीं आंका जाना चाहिए।

VII

अफगानिस्तान (जो उस समय हिन्दू राज्य था) से लेकर नर्मदा तक भारत के उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्र की स्थिति बिलकुल डांवाडोल थी। मिहिरकुल की मृत्यु के कुछ ही वर्षों के भीतर कदाचित् एक नयी और ओजपूर्ण प्रेरणा भी दिखाई पड़ती है; धर्म को पुनरुज्जीवित करने की, इसे नयी जिन्दगी से जोड़ने की, नयी स्थितियों के अनुकूल मूल्यों के प्रचार की; न केवल आक्रान्त देशों में वरन् भारत के अन्य भागों में भी, विशेषकर दक्षिण में। गुप्तकाल में निर्मित जीवन की नींव देश के बहुत बड़े भूभाग में अविचलित रही; कदाचित् इसका पैटर्न, जल्द ही, परिवर्तन का शिकार बना।

इस नयी प्रेरणा के कुछ पहलू, जिनका मूल स्रोत दक्षिण में था, आसानी से निर्दिष्ट किये जा सकते हैं। पुराण, जिनमें से कुछ गुप्तकाल में लिखे या संशोधित किये गये थे, इस नयी प्रेरणा की देववाणी थे। वे केवल धार्मिक उद्देश्य की पूर्ति नहीं करते थे। उन्होंने सुदूर अतीत के गौरव को पुनरुज्जीवित किया; उन्होंने देश के नये स्थानों को उद्दीपनकारी पवित्रता से मंडित किया तथा भारतवर्ष की एकता का निर्माण किया; उन्होंने नयी स्थितियों के प्रकाश में पुराने मूल्यों की पुनर्व्याख्या भी की और उन्हें नयी शक्ति प्रदान की।

शैवधर्म, जो गुप्त साम्राज्य के उदय के बहुत पूर्व ही एक लोकप्रिय सम्प्रदाय बन चुका था, एक अत्यन्त ओजस्वी संघटनात्मक आन्दोलन बन गया। पशुपति के रूप में शिव की पूजा उतनी ही पुरानी है जितना मोहनजोदारो। यह नया सम्प्रदाय, जिसे शंकराचार्य ने "लकुलेश पाशुपत" कहा, सारे देश में फैल चुका था। वह धर्म का सर्वाधिक प्रभावी समर्थक और बौद्ध तथा जैन धर्म का भयंकर विरोधी था।

यद्यपि गुप्त सम्राट् विष्णु के उपासक थे, पर शिव की उपासना अधिक लोकप्रिय थी। हूण राजा मिहिरकुल, कतिपय प्रारम्भिक कुषाण राजाओं की तरह शिव का भक्त था; इसी प्रकार श्रीहर्ष के परिवार के अधिकांश सदस्य शिव के पुजारी थे; यही बात वलभी के मैत्रकों तथा दक्षिण के अधिकतर शासकों पर, मय वाकाटकों के, लागू थी। पल्लव राजवंश का महान् शासक महेन्द्रवर्मन् अपना धर्म बदलकर शैव बना और उसने अपने राज्य में शिव के भव्य मन्दिर बनवाये। कांची इस सम्प्रदाय का महान् केन्द्र बन गया और महेन्द्रवर्मन् के उत्तराधिकारियों ने अपने को शैवमत से सम्बद्ध पुनर्जागरण से एकाकार कर दिया। अनेक शैव नायन्मारों ने, जो इस काल में फले-

फले, वेदान्त तक को शैवमत के प्रसंग में प्रयुक्त किया। मानिक्कवाचकर का **तिरूवाचकम्** तमिल भाषा में सर्वोच्च शैव आगम बन गया।

VIII

गुप्त सम्राट् अपने धार्मिक दृष्टिकोण में बहुत उदार थे; उन्होंने बौद्ध-धर्म को न केवल स्वीकार किया वरन् अन्य धर्मों की भाँति उसे भी मुक्तहस्त दान देकर प्रोत्साहित किया। सामान्य बौद्धमतावलम्बी **धर्मशास्त्र** के विधिविधानों द्वारा नियन्त्रित समाज के अभिन्न अंग थे। अतः जब शैव मत और वैष्णव मत शक्तिशाली संघटनात्मक शक्तियाँ बन गये, बौद्धमत, जो बहुत करके एक विरोधात्मक आन्दोलन था और कभी भी संघटनात्मक शक्ति नहीं रहा, जनता से अपना प्रभाव खोता गया। धीरे-धीरे इसकी अन्तर्वस्तु हिन्दू धर्म के निकट पहुँचती गयी। इसके आध्यात्मिक शून्यवाद ने, भक्तिआन्दोलन से आमना-सामना होने पर, कम से कम आपने बाहरी रूप में, निकट पहुँचने का प्रयास किया और अन्ततः हिन्दू धर्म के व्यापक घेरे में समाहित हो गया; और बाद में जब बुद्ध विष्णु के अवतार मान लिये गये तब तो प्रतिस्पर्द्धी के रूप में इसका अलग अस्तित्व भी समाप्त हो गया। हां, एक सम्प्रदाय के रूप में यह कुछ और शताब्दियों तक कायम रहा।

ई०सन् ५०० के बाद भक्ति पन्थ ने धार्मिक आन्दोलनों को भावनात्मक तत्त्व से युक्त किया, जो शताब्दियों तक, भारतीय जीवन में अतीव महत्त्व की वस्तु रहा। इसने स्थायी मूल्यों के निर्माण में योग दिया जिन्होंने "प्रतिरोध के युग" को, जो तुर्कों के साथ आये प्रलयकारी संकट के बाद आया, शक्ति प्रदान की। तमिलनाडु के आलवार सरलहृदय भक्त थे; वे अपने देवताओं को प्यार करते थे और उनसे प्रणय-निवेदन करते थे तथा अपनी अनुभूतियों को इस ऋजुता से अभिव्यक्त करते थे जो संवेगात्मक वस्तु और उत्कट विश्वास की दृष्टि से विश्व के धार्मिक साहित्य में अद्वितीय है।

संस्कृत अब भी धर्म और अनुष्ठान की, राजतन्त्र ज्ञान और विज्ञान की, सामाजिक आचरण का नियमन करने वाले विधि-ग्रन्थों की, साहित्य, चिन्तन, कविता और नाटक की भाषा बनी रही। यह आपसी सम्पर्क का राष्ट्रीय माध्यम थी। संस्कृतभाषी संसार एक था। अखिल भारतीय संस्कृत भाषा के ही फलस्वरूप परवर्ती शताब्दी में मालावार के एक ब्राह्मण, शंकराचार्य, ने अपने अत्यन्त लघु जीवन-काल में धार्मिक संस्थाओं का संगठन करने, देश की चिन्तनात्मक विचारधारा पर अपना प्रभुत्व स्थापित करने और समस्त देश में एक सर्वव्यापी धार्मिक और बौद्धिक आन्दोलन का उद्घाटन करने में सफलता प्राप्त की।

महाभारत, रामायण और **पुराण** सार्वदेशीय एकता के स्रोत बने रहे। पौराणिक साहित्य सरल और प्रत्यक्ष प्रभावी रहा; प्रभाव के रूप में इसके विकास का माप इस साहित्य के **मत्स्य** और **वायुपुराणों** के लघु वृत्तान्तों से लेकर समृद्ध और भव्य **भागवत** तक के (जो पुनः दक्षिण की देन है) विकास द्वारा की जा सकती है। **कथा** अत्यन्त

शक्तिशाली, शिक्षात्मक और संघटनकारी शक्ति हो गयी। पौराणिक नये युग के धर्म प्रचारक और सामाजिक उत्थान के अभिकरण बन गये जो अनुयायियों के सतत वर्धमान वृत्त को आर्य संस्कृति के दायरे में लाने में सफल हुआ।

उत्तर भारत में उच्च वर्ग के लोग जो बोलियाँ बोलते थे, वे संस्कृत से बहुत दूर नहीं थीं। पर दक्षिण में द्रविड़ भाषाएँ, संस्कृत द्वारा प्रभावित और समृद्ध होने के बावजूद, स्वतन्त्र रूप में विकसित होती रहीं। भारोपीय मूल से इतर बोलियाँ बोलने वाले तत्त्व भी उच्च वर्गों में बड़ी संख्या में प्रवेश करने लगे। इस प्रकार सांस्कृतिक प्रभाव केवल संस्कृत द्वारा नहीं फैला, वरन् विकासमान बोलियों के माध्यम से भी जनसमूह में परिस्रवित हुआ, जो संस्कृत की सर्वोच्चता स्वीकार करते हुए एकीकरण की सहायक शक्तियाँ बनीं।

विदेशियों को आत्मसात् करने और आर्येतर जातियों के (जिन्हें इसमें स्थान मिला) आर्यीकरण की आवश्यकता के फलस्वरूप चातुर्वर्ण्य को तीव्र तनाव से गुजरना पड़ा। परिणामस्वरूप इसमें कुछ परिवर्तन हुए जिससे समाज का ढाँचा बदला। **वर्णाश्रम** ने—यद्यपि इसका रूप अभी स्पष्ट नहीं था—परम्पराश्रित जातियों के संगठन का, चार-स्तरीय सामाजिक व्यवस्था का नहीं, रूप ग्रहण किया। इस प्रकार समाज विचारधारा की वह ताजगी खो बैठा जो भारत के **द्विजों** ने इसे, मूलतः एक वर्ग के रूप में, प्रदान की थी। परवर्ती शताब्दियों का इतिहास बताता है कि किस प्रकार जैसे-जैसे सामाजिक ढाँचा कठोर होता गया, सांस्कृतिक और सामाजिक एकता के लिए **चक्रवर्ती** की राजनीतिक मान्यता लुप्त होती गयी और लोगों का प्रसरणशील दृष्टिकोण समाप्त हो गया।

एकीकरण की प्रक्रिया में अत्यन्त प्रशिक्षित और प्रयोजन-युक्त अभिकरण के रूप में प्रमुख रोल ब्राह्मणों ने अदा किया: विद्वान् और शिक्षक, साहित्यकार और धार्मिक गुरु; यज्ञविद्या के विशेषज्ञ स्वामी; पाशुपताचार्य जिनसे लोग डरते थे, आदि का राजाओं पर व्यापक प्रभाव था। वे मन्दिरों और मठों की स्थापना करते थे जो नवीन शक्तिशाली सामाजिक-धार्मिक आन्दोलनों के केन्द्र थे। स्मार्त ब्राह्मण न केवल भाष्यकार, टीकाकार और विधिकार थे, वरन् **धर्म** के प्रतिपादक भी थे। ब्राह्मणों का प्रभाव पूरे देश में था। उन्होंने शनैः शनैः लाखों पिछड़े वर्ग के लोगों को ऊपर उठाया तथा अपने भीतर शामिल किया। उनकी प्रेरणा से समुदाय ऊपर उठे और व्यक्ति का सांस्कृतिक और आध्यात्मिक उन्नयन हुआ।

इस अवधि में शिक्षा-पद्धति में पूर्ववर्ती युग से कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। नालन्दा जैसे विश्वविद्यालय स्थापित हुए, जो महान् विद्याकेन्द्र थे।

IX

जैसा पहले कहा जा चुका है, आर्यावर्त की चेतना के तीन पक्ष थे; आर्यावर्त **धर्मक्षेत्र** था जहाँ म्लेच्छ के लिए कोई जगह नहीं थी, सामाजिक आधार **चातुर्वर्ण्य** था, जो इसका शाश्वत विधान था; **चक्रवर्ती** दोनों का रक्षक था। भारत में म्लेच्छ निवास नहीं कर

सकता, यह भावना मूलबद्ध और सक्रिय थी; उतना ही सक्रिय यह विश्वास था कि भारतवर्ष में धर्म सर्वप्रधान है। चक्रवर्ती की धारणा अवश्य ही स्पष्टतः अपना अर्थ खो बैठी; धर्म सारे देश को अपने दायरे में बनाये रखने के कर्त्तव्य से नहीं जुड़ पाया। विजय के लिए लड़े गये युद्ध अपना आध्यात्मिक महत्त्व खो बैठे। प्राचीन काल की तरह अब वे एक गतिशील जनसमुदाय और संस्कृति की अभिव्यक्ति नहीं रहे; अब युद्ध केवल राज्य विस्तार अथवा, अधिकतर, पड़ोसी राजाओं के आक्रमणकारी इरादों को बेकार करने के लिए लड़े जाने लगे। जन समुदाय और संस्कृति एक थे; स्मृति-विधिविधान सार्वभौम धर्म था पर चातुर्वर्ण्य अपने ही अधिकार से एक सामाजिक पैटर्न बन गया। परिणामस्वरूप आर्यावर्त की चेतना जातीय स्मृति में विलीन हो गयी।

अब क्षत्रिय समुदाय मध्यदेश की, एक सांस्कृतिक परम्परा से शासित, सुसंगठित सैनिक जाति नहीं रहा। इसमें अनेक विदेशी, आदिवासी तथा अन्य आर्येतर समूह अन्तःप्रविष्ट हो गये, जो अब तक धर्म के अभ्यस्त नहीं हुए थे। ब्राह्मणों और क्षत्रियों के बीच अन्तर्विवाह विरल हो गये। क्षत्रिय युद्धव्यवसायी हो गये और किसी कठोर बौद्धिक प्रशिक्षण की आवश्यकता का अनुभव नहीं करने लगे।

द्विज जातियों का अलग-अलग मुहरबन्द डिब्बों में अलगाव तथा सामाजिक विलयन की कठिनाई विघटनकारी तत्त्व हो गये।

वंश-परम्परा के कन्धों पर ही साम्राज्य का निर्माण सम्भव होता है। इस प्रकार की सुसम्बद्ध वंश-परम्परा प्रारम्भिक सम्राटों के काल में, गुप्त साम्राज्य की स्थापना में सहायक हुई थी; एक समान उद्देश्य के निमित्त, जिसमें जनता भी हिस्सेदार थी, महत्त्वाकांक्षी पड़ोसी राजाओं अथवा उद्दंड सामन्तों के विरुद्ध, सम्राट् के प्राधिकार की रक्षा में, चाहे वह कितना भी कमजोर या असहाय क्यों न हो, इसकी दिलचस्पी थी। सामाजिक ढाँचे में हुए परिवर्तन ने ऐसी परिस्थितियाँ पैदा कर दीं जिनमें ऐसी वंश-परम्परा, जो संस्कृति में सजातीय तथा आर्यावर्त की राजनीतिक एकता में विश्वास रखकर आगे देखने वाली हो, अस्तित्व में नहीं आ पायी।

अभिलेखों में प्राप्त रूढ़िगत प्रशस्तियों के बावजूद ऐसे विजेता लगातार अन्धकार से उभरते रहे जिन्होंने धर्म से ज्यादा राजशक्ति की परवाह की।

गुप्तों के बाद बड़े पैमाने पर विजय प्राप्त करना दिनोंदिन कठिन होता गया। पुरा काल से सेना चार खंडों में बंटी होती थी; गजसेना, घुड़सेना, पैदल सेना और रथसेना। विवेच्य काल में, जैसा हर्षचरित और हिउएन-त्साँग के विवरणों से ज्ञात होता है, युद्ध में रथों का प्रयोग बहुत कम होता था। राजा अधिकांशतः हाथी पर चढ़कर युद्ध के लिए प्रस्थान करता था, और जो राजा विजय का आकांक्षी होता था उसे भारी संख्या में हाथी रखने होते थे। घुड़सेना का प्रयोग भी बड़े पैमाने पर होता था, पर सामान्यतः सामन्त सरदार घोड़े रखते थे जो अपने पैदल सिपाहियों के समान उन्हें भी युद्ध के समय लड़ाई के मैदान में लाते थे। सामान्यतः सेना में क्षत्रिय सामन्त सरदार होते थे जिनकी अपनी जागीर होती थी, अपनी क्षेत्रीय

अनुरक्ति होती थी और शास्त्रों तथा परम्पराओं द्वारा निर्धारित अपनी सम्मान-संहिता होती थी। शक्तिशाली नेतृत्व में वे शूरवीर हो सकते थे, भाड़े के सैनिक नहीं। वे सामान्यतः जागीरों द्वारा पुरस्कृत किये जाते थे और उनके नेता प्रायः रिश्ते में शासक राजकुल से जुड़े होते थे। युद्ध में भी छोटा-मोटा राजा "परस्पर सम्बन्धित अधिपतियों के मुखिया" से अधिक कुछ नहीं था। अतः जब तक किसी विजेता के पास समर्थ गजसेना के लिए पर्याप्त साधन तथा उसकी अपनी वेतनभोगी सेना नहीं होती, उसे व्यवहारतः अपने सामन्त सरदारों पर निर्भर होना पड़ता और इस स्थिति में वह चक्रवर्ती बनने का शायद ही स्वप्न देखता।

लघु राज्यों के युग से चली आती हुई एक पुरानी परम्परा के अनुसार विजेता को इस बात की छूट नहीं थी कि वह किसी दूसरे राज्य के शासक राजवंश का तख्ता पलट दे और उसे अपने राज्य में मिला ले। अतः उसे ऐसे स्वामिभक्त सरदार की तलाश करनी पड़ती थी जो विजित क्षेत्र के प्रमुख क्षत्रिय घरानों की स्वामिभक्ति पर अधिकार रखता था। क्षत्रिय शनैः शनैः अपने निजी क्षेत्र में मूलबद्ध हो गये थे। विजित क्षेत्र के सफल विलयन का अनिवार्य परिणाम था स्थानीय सरदारों का उन्मूलन तथा विजेता और उसके राजवंश के सामन्त सरदारों द्वारा उनका स्थान लेना। इसका मतलब था विजित क्षेत्रों में विजेता के सामन्त सरदारों के बीच जागीरों का पुनर्वितरण, जिससे उन्हें एक नयी और अनुकूल जमीन में फिर से जड़ जमाने के लिए तैयार होना पड़ता; साथ ही विजेता में, अपनी निजी सैन्य क्षमता को कमजोर बनाये बिना, अपने शक्ति के उपकरण के रूप में नये बसे सरदारों के भरण-पोषण की क्षमता अपेक्षित थी। विवेच्य काल में ये तत्त्व राज्यों के राजनीतिक समेकीकरण के प्रतिकूल कार्यरत दिखाई पड़ते हैं।

अनेक विजेताओं ने इन तत्त्वों की उपेक्षा करने का प्रयास किया, पर अधिकांश असफल रहे। समुद्रगुप्त इसमें इसलिए सफल हुआ कि उसने उत्तरी भारत के छोटे राज्यों को निर्दयतापूर्वक समूल नष्ट कर दिया; साथ ही वह मध्यदेश के सैनिकवर्ग पर भरोसा कर सकता था। गुप्त साम्राज्य के पतन के बाद उत्तरी भारत छोटी छोटी इकाइयों में बंट गया। भारत की मानवीय परम्परा में क्रूर विजेताओं को छोड़कर शायद ही किसी ने किसी क्षेत्रिय राजवंश को समूल उखाड़ फेंकने का प्रयत्न किया; परिणामस्वरूप क्षत्रियों की क्षेत्रीय अनुरक्ति बढ़ती गयी; और अपने संरक्षकों के साथ ब्राह्मणों में भी, जो उन पर आश्रित थे, क्षेत्रीय निष्ठा विकसित होती गयी। राज्य छोटे हो गये, और लघु-राज्य-मनोवृत्ति राष्ट्रीय मानस का अंग बन गयी।

विवेच्य काल में एकमात्र अपवाद प्रतिहार, चाहमाण और चालुक्य वंशों का उद्भव था, जो वैवाहिक सम्बन्धों तथा परम्परा से घनिष्ठतः सम्बद्ध थे; गुर्जर देश के परमार तथा अन्य योद्धा वंश या तो इन तीन शाखाओं की उपशाखाएँ थे अथवा

कालक्रम में इनकी क्रम परम्परा में समाहित हो गये। यही कारण था कि प्रतिहार साम्राज्य की स्थापना में समर्थ हुए।

इस वातावरण में बड़े पैमाने पर होने वाले युद्धों तथा उनसे उत्पन्न बड़े पैमाने पर जनसंख्या के विस्थापन का सवाल ही नहीं उठता। विभिन्न समुदाय अपने क्षेत्र में अपनी जड़ें जमाते रहे।

X

तीसरा समुदाय वैश्यों का था जो— कम से कम उत्तर भारत में—ब्राह्मणों और क्षत्रियों के वर्ग का ही था; स्वयं श्रीहर्ष वैश्य था; पर उसकी बहन बलभी के क्षत्रिय राजा ध्रुवसेन-द्वितीय बालादित्य से ब्याही थी। पर वे सामाजिक संगठन के गत्यात्मक तत्त्व थे। विभिन्न समुदायों के सदस्यों के बीच सांस्कृतिक प्रलब्धियों की अधिक समानता थी। विदेशी व्यापार तथा वाणिज्य की आवश्यकताओं के फलस्वरूप वे भारतीय और अभारतीय दोनों प्रकार के सामान्य जनों के निकट सम्पर्क में आते थे। इसलिए वे स्वाभाविक रूप से अपनी रुचि और दृष्टिकोण में कम नाजुक मिजाज थे। देश के अनेक भागों में वे बौद्ध और जैन मत से, जिनकी सामान्य जनता के प्रति सहानुभूति थी, अधिक प्रभावित थे।

चौथा समुदाय, जो शूद्रों का था, निम्न जाति के लोगों का नहीं था; उसे "शेष" कहना अधिक संगत है। वे धर्म के उद्धार्य थे तथा समाज के अनिवार्य अंग थे; वे हेय दृष्टि से नहीं देखे जाते थे। उनकी देखभाल आवश्यक समझी जाती थी। शूद्रों और अन्य वर्णों के सदस्यों के बीच विवाह-सम्बन्ध हुआ करते थे। सम्राट् श्रीहर्ष के ब्राह्मण मित्र बाण का एक भाई शूद्र विमाता से उत्पन्न था।

देश के सामाजिक संगठन में सक्रिय गतिशीलता के फलस्वरूप कोई एक वैवाहिक सम्बन्धों वाला समुदाय, जो मूलतः आर्यीकृत समाज का अंग नहीं होता था, अपेक्षित सांस्कृतिक अनुशासन से गुजरते हुए, निम्न से उच्चतर सामाजिक अवस्था, आर्यीकृत वर्ग, में शामिल हो सकता था। एक जाति-व्यवस्था से दूसरी जाति-व्यवस्था में, अथवा आदिवासी या विदेशी वर्ग से स्वीकृत जातियों में समुदायों का प्रवेश कठिन नहीं था। अन्तर्विवाहों के फलस्वरूप खून की मुक्त मिलावट होती थी और सांस्कृतिक विचारों की अलंघ्य दरार नहीं बनने पाती थी। केवल जब कोई निम्न समुदाय ऊँची जाति का दरजा प्राप्त कर लेता था, जो एक सामान्य बात थी, तब उस समुदाय या परिवार के लिए ब्राह्मण या क्षत्रिय से अपेक्षित उच्च सांस्कृतिक स्तर को प्राप्त करना, जबतक कई पीढ़ियाँ न बीत जाएँ, कठिन होता था।

गुप्तों ने जो **धर्मशास्त्र**-समर्थित प्रशासन-तन्त्र कायम किया तथा जिसे पूरे देश में मान्यता प्राप्त हुई वह बाद में भी कायम रहा। परवर्ती शताब्दियों में प्रशासन गुप्तकाल में निर्धारित अधिनियमों से अधिक दूर नहीं हटा और आज भी अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में किसी न किसी रूप में कुछ परिवर्तनों के साथ कायम है।

व्यावहारिक रूप में प्रशासन एक ही वर्ग के लोगों के हाथ में रहा तथा युगों पुरानी परम्परा और सामाजिक आचरण विषयक सामान्यतः स्वीकृत नियमों से अनुशासित रहा। इसकी कार्यकुशलता राजकीय दबाव से उतनी नहीं कायम रही जितनी समुदाय के मान्य सदस्यों के प्रबुद्ध विचारों से, जिनका मार्गदर्शन क्षेत्रविशेष के अगुआ ब्राह्मण और क्षत्रिय करते थे।

XI

विवेच्य काल के प्रायः अन्त में भारतीय रंगमंच पर अरब प्रकट हुए, पर उनके उल्का सदृश उत्थान में पहली बार इन 'विश्व विजेताओं' की प्रगति अवरोधित हुई। थाना, भड़ौंच और देवल के विरुद्ध उनका नौसेना-आक्रमण नाकाम कर दिया गया। खैबर दर्रा के जरिये, जिसके रक्षक उस समय काबुल के हिन्दू राज्य थे, उनका भारत में प्रवेश का प्रयास विफल हो गया। यद्यपि बड़ी कठिनाई से थोड़े समय के लिए (ई० सन् ७००-७१४) काबुल और जाबुल पर एक प्रकार की अरब अधिराजता स्थापित हो गयी थी, पर आगामी डेढ़ शताब्दी तक वे अपनी स्वायत्ता प्रायः अक्षुण्ण बनाये रहे।

अरबों ने बोलान दर्रे से भी भारत में प्रवेश करने की कोशिश की, पर किकान अथवा किकानान के शक्तिशाली जाट कई बार पराजित होकर भी झुके नहीं और वह दर्रा आक्रमणकारियों के लिए बन्द रहा।

तब अरबों ने मकरान समुद्र तट से आगे बढ़ने का प्रयास किया। उनकी सेना प्रचुर पैमाने पर सुसज्जित थी; सुदूर सीरिया तक से सेनाएँ बुलायी गयी थीं। सिन्ध अभी गृहयुद्ध से मुक्त ही हुआ था; वहाँ के शासक दाहर ने सम्भवतः इस आक्रमण से कुछ ही वर्ष पहले दक्षिणी सिन्ध पर नियन्त्रण स्थापित किया था। युद्ध का साजो-सामान लाने वाले अरब बेड़े का प्रतिरोध नहीं के बराबर हुआ। नेहरून और सिविस्तान ने, जो दक्षिणी सिन्ध के दो प्रधान मजबूत गढ़ थे, आक्रमणकारियों के लिए अपने दरवाजे खोल दिये। बौद्धों का देशद्रोही चरित्र, एक वर्ग के लोगों का सामान्य अन्धविश्वास, और राजकीय सत्ता को अनधिकृत हड़प लेने वाले परिवार के प्रति राजभक्ति का अभाव, इन सबने मिलकर परिणाम में कोई सन्देह नहीं रहने दिया। सन् ७१२ ई० में सिन्ध विजित हो गया।

सिन्ध की विजय अरबों की सैनिक श्रेष्ठता का परिणाम नहीं थी; वस्तुतः भारतीय जमीन पर यह उनकी पहली और अन्तिम उपलब्धि थी। इस विजय के बाद जहाँ भी उनका आमना सामना शक्तिशाली भारतीय राज्यों से हुआ, उनका विजय का सिलसिला टूट गया। ई० सन् ७२५ के आस-पास एक अरब सेना, जो उत्तर भारत पर आक्रमण के लिए भेजी गयी थी, शाही प्रतिहारों की पंक्ति के नागभट्ट प्रथम के हाथों बुरी तरह पराजित हुई। दूसरी सेना, जो लाट (दक्षिणी गुजरात) में प्रवेश कर गयी थी, नवसारी के निकट हुई लड़ाई में पुलकेशिन् अवनिजनाश्रय द्वारा

नेस्तनाबूद कर डाली गयी। दो शताब्दियों तक निरन्तर दबाव डाले रहने के बावजूद नवीं और दसवीं शताब्दियों में अरबों के पास मंसूर और मुलतान के केवल दो छोटे-छोटे राज्य बच रहे। जब हम अरबों की भारत में इस महत्वहीन उपलब्धि की तुलना मध्य-पूर्व के समकालीन राज्यों में, यूरोप में, फारस पर उनकी चकाचौंध उत्पन्न करने वाली जीतों से करते हैं तो यह भारतीयों की श्रेष्ठ सैनिक शक्ति और राजनीतिक संगठन के लिए एक प्रशंसा की बात सिद्ध होती है।

अन्त में प्रधान सम्पादक डा० आर० सी० मजुमदार और सहायक सम्पादक डा० ए० डी० पुसलकर को, उनके अथक तथा एकनिष्ठ परिश्रम के लिए, तथा इस जिल्द के निमित्त विद्वत्तापूर्ण लेख देने वाले विद्वानों को अपना धन्यवाद अर्पित करता हूं। एशियाटिक सोसाइटी, कलकत्ता के ग्रन्थालयी प्रो० एस० के० सरस्वती को भी मैं धन्यवाद देता हूं जिन्होंने फोटोग्राफ तैयार करने तथा उन्हें प्रकाशन के निमित्त सही प्रकार से व्यवस्थित करने में बड़ा कष्ट उठाया है; साथ ही पुरातत्त्वविज्ञान, नयी दिल्ली के महानिदेशक; पुरातत्त्वविज्ञान, हैदराबाद के निदेशक; इंडियन म्युजियम, क़लकत्ता; मथुरा म्युजियम, मथुरा; सारनाथ म्युजियम, सारनाथ; प्रोविन्शियल म्युजियम, लखनऊ; ग्वालियर म्युजियम, ग्वालियर; प्रिंस आफ वेल्स म्युजियम, बम्बई; वरेन्द्र रिसर्च म्युजियम, राजशाही (बंगलादेश); कराँची म्युजियम, कराँची, कालमन्न गेलरीज, लन्दन; बरमिंघम म्युजियम ऐंड आर्ट गैलरी, बरमिंघम; म्युजियम आफ फाइन आर्ट्स, बोस्टन; और हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के अधिकारियों को, जिन्होंने इस जिल्द के विभिन्न चित्रों के फोटोग्राफ प्रदान किये हैं, मैं धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। उनके द्वारा प्रदत्त सामग्री का विवरण अलग "आभार" शीर्षक पृष्ठ में दिया गया है। मैं विशेष रूप से एसोशिएटेड एडवर्टाइजर्स ऐंड प्रिंटर्स लि०, बम्बई का ऋणी हूं जिन्होंने इतने कम समय में इस जिल्द का मुद्रण किया है; और भारतीय विद्या भवन और प्रेस के कर्मचारियों का भी जिन्होंने बड़ी सावधानी और उत्साह के साथ इसकी छपाई और तैयारी की देखभाल की है। कृष्णार्पण ट्रस्ट के बोर्ड के अध्यक्ष श्री घनश्यामदास बिड़ला और अन्य सदस्यों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए मुझे शब्द नहीं मिल रहे हैं जिन्होंने इन जिल्दों के निर्माण में उदारतापूर्वक आर्थिक सहायता दी है।

विषय-सूची

पृष्ठ

१. प्राक्कथन : क. मा. मुंशी ... ७
२. आभार ... ४३
३. भूमिका : प्रधान सम्पादक ... ४५
४. नक्शों की सूची ... ५५
५. प्लेटों की सूची ... ५६
६. संकेत चिह्न ... ६०

परिच्छेद : १
गुप्तवंश का उदय

आर. सी. मजुमदार, एम. ए., पी-एच. डी., एफ. बी. बी. आर. ए. एस. निदेशक, सम्पादक मंडल, हिस्टरी ऑफ दि फ्रीडम मूवमेन्ट इन इंडिया, भारत सरकार।

१. उत्पत्ति और प्रारम्भिक इतिहास ... १
२. चन्द्रगुप्त प्रथम ... ३
३. गुप्तकाल ... ५

परिच्छेद : २
गुप्त साम्राज्य का उदय
आर. सी. मजुमदार

ना० स्मृ०	नारद स्मृति (जे० जौली द्वारा सम्पादित).
नि० सा० प्रे०	निर्णय सागर प्रेस, बम्बई.
नुमि० क्रा०	नुमिस्मैटिक क्रॉनिकल.
न्यू० इ० ऐ०	न्यू इंडियन ऐंटिक्वेरी, बम्बई.
न्यू० इ० सी०	न्यू इम्पीरियल सीरीज.
न्यू० हि० इ० पी०	न्यू हिस्टरी ऑफ दि इंडियन पीपुल, जिल्द VI, आर० सी० मजुमदार और ए० एस० अल्टेकर द्वारा सम्पादित, लाहौर, १९४६.
पंच०	पंचतन्त्र.
परा०	पराशर स्मृति.
पा०	पाणिनि.
पा० टे० सो०	पालि टेक्स्ट सोसाइटी, लन्दन.
पा० लि० सी०	पालि लिटरेचर ऑफ सीलोन, ले० एम० एच० बोडे, लन्दन, १९०९.
पा० हि० ऐं० इ०	पोलिटिकल हिस्टरी ऑफ ऐंशिएंट इंडिया, ले० एच० सी० रायचौधरी, चतुर्थ संस्करण, कलकत्ता, १९३८.
पुरा०	पुराण.
प्रतिमा	भासकृत **प्रतिमा नाटक**.
प्रिय	हर्षकृत **प्रियदर्शिका**.
प्रो० आ० स० ई० वे० स०	प्रोग्रेस रिपोर्ट ऑफ दि आर्क्योलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, वेस्टर्न सर्किल.
प्रो० इ० हि० का०	प्रोसीडिंग्स ऑफ दि इंडियन हिस्टरी कांग्रेस.
प्रो० ओ० का०	प्रोसीडिंग्स ऑफ दि आल इंडिया ओरिऐंन्टल कान्फरेंस.
फा० आ० स्मि०	हिस्टरी ऑफ फाइन आर्ट इन इंडिया ऐंड सीलोन, ले० वी० ए० स्मिथ, आक्सफोर्ड, १९११.
फा० ट्रै० ले०	रेकार्ड ऑफ दि बुद्धिस्टिक किंग्डम्स, बीइंग ऐन एकाउन्ट ऑफ दि चाइनीज माँक फा-हिएन्स ट्रेवेल्स, जे० एच० लेगे द्वारा अनूदित, आक्सफोर्ड १८८६.
ब० ग०	बम्बे गजेटियर.

ब० स० सी०	बम्बे संस्कृत सीरीज.
बि० इ०	बिब्लियोथिका इंडिका, कलकत्ता.
बि० बु०	बिब्लियोथिका बुद्धिका, सेंट पिटर्सबर्ग.
बि० सं० ड्रा०	बिब्लियोग्राफी ऑफ दि संस्कृत ड्रामा, ले० एम० शुइलर (Schuyler) न्यूयार्क, १९०६.
बील (या लाइफ)	दि लाइफ ऑफ हिउएनत्सांग, ले० शमन हुई ली सैमुअल बील की भूमिका आदि के साथ, लन्दन, १९१४.
बु० क० आ० ले०	बुलेतें द ल कमिशियों आर्क्योलोजीक द लेंदोशिन.
बु० डे० का० रि० इ०	बुलेटिन ऑफ दि डेक्कन कालेज, पोस्ट ग्रेजुएट ऐंड रिसर्च इंस्टिच्यूट, पूना.
बु० ल० फ्रा० द० ओ०	बुलेतें द ल कोल फ्राँसे दक्स्त्रेम ओरियें, हनोई.
बु० स्ताँ०	हिस्टरी ऑफ बुद्धिज्म, ले० बुस्ताँ, ई० ओबेरमिलर द्वारा अँगरेजी अनुवाद, हिडेलबर्ग, १९३२.
बृ० सं०	वराहमिहिर कृत बृहत्संहिता.
बौध	बौधायन धर्मसूत्र.
ब्रा० इ० आ०	इंडियन आर्किटेक्चर; बुद्धिस्ट एंड हिन्दू, ले० पर्सी ब्राउन, बम्बे, १९४२.
भ० लिस्ट०	ए लिस्ट ऑफ इंस्क्रिप्शंस ऑफ नार्दर्न इंडिया, ले० डी० आर० भंडारकर (ई० इ० XIX-XXIII का परिशिष्ट).
भारतकौमुदी	स्टडीज इन इंडालोजी इन ऑनर ऑफ डॉ० राधाकुमुद मुखर्जी, दो भाग, इलाहाबाद, १९४५, १९४७.
भा० वि०	भारतीय विद्या, बम्बई.
म० को० हि० सो०	पेपर्स ऑफ दि महाकोशल हिस्टारिकल सोसाइटी.
मनु	मनुस्मृति.
म० पुरा०	मत्स्य पुराण.
म० मू० क०	मंजुश्री मूलकल्प—गणपति शास्त्री द्वारा सम्पादित, त्रि० स० सी०.
म० ब०	महावग्ग (अनुवाद से० बु० ई०, XIII-XVII).
महा०	महाभारत.
मा० रि०	माडर्न रिव्यू, कलकत्ता.
मार्क० पुरा०	मार्कण्डेय पुराण.
मार्टिन	क्वायंस ऑफ दि किदार कुषाणाज (ज० रा० ए०

	सो० बं० ले० III नुम० सप्ली; XLVII, पृ० २३-५०) ले० एम० एफ० सी० मार्टिन.
मालती	भवभूति कृत **मालतीमाधव**.
मालवि०	कालिदास कृत **मालविकाग्निमित्र**.
मी० सूत्र०	मीमांसा सूत्र.
मृ०	शूद्रक कृत **मृच्छकटिक**.
मुद्रा०	विशाखदत्त कृत **मुद्राराक्षस**.
मे० आ० स० इ०	मेम्वायर्स ऑफ दि आर्क्योलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया.
मेगा०	मेगास्थनीज.
मेघ०	कालिदास कृत **मेघदूत**.
मेम्बा०	मेम्वाँ कम्पोजे एलकोक दल ग्राँद दीनेस्तीताँ स्यु ल रेलिज़ो एमिनें किएलेरें शर्शे अ्रें ल्वाँ दाँ लँपे दौसिदाँ पा इत्सिग ल्वादुइ : आँफ्राँस पा एदुअ शह्वान्न, पेरिस, १८९४.
मे० आ० रि०	मैसूर आर्क्योलॉजिकल रिपोर्ट.
याज्ञ०	याज्ञवल्क्य स्मृति.
या० ट्रै० वा० (या वाटर्स)	ऑन यान च्वांग्स ट्रैवेल्स इन इंडिया, ले० टी० वाटर्स लन्दन, १९०८.
रघु०	कालिदास कृत **रघुवंश**.
रत्नावली	हर्षकृत **रत्नावली**.
रामा०	रामायण.
रेकर्ड (या ताकाकासु)	इत्सिग कृत "ए रेकर्ड ऑफ दि बुद्धिस्ट रेलीजन ऐज प्रेक्टिस्ड इन इंडिया एण्ड दि मलय आर्किपेलागो, जे० ताकाकासु कृत अनुवाद, आक्सफोर्ड, १८९६.
लजेतात	लजेतात इन्दुइजे देंदोशीन ए देदोनेसी, पेरिस, १९४८.
लाइफ (या बील)	दि लाइफ ऑफ हिउएनत्सांग, ले० शमन हुई ली, सैमुअल बील द्वारा लिखित भूमिका आदि के साथ लन्दन, १९१४.
वा० का०	वात्स्यायन कृत **कामसूत्र**.
वाटर्स (या यु० ट्रै० वा०)	ऑन युवान च्वांग्स ट्रैवेल्स इन इंडिया, ले० टी० वाटर्स, लन्दन, १९०८.
वारमिंगटन	दि कामर्स बिट्वीन दि रोमन इम्पायर ऐंड इंडिया, ले० ई० एच० वार्मिंगटन, कैम्ब्रिज, १९२८.
वि०	विष्णु स्मृति.
विज्ञा०	विज्ञानेश्वर.

वि० पुरा०	विष्णु पुराण.
बृहस्पति स्मृति	बृहस्पति स्मृति (पृष्ठों के निर्देश के० बी० रंगास्वामी द्वारा सम्पादित वृहस्पति स्मृति रिकंस्ट्रक्टेड, बम्बई, १९४२ के हैं ।)
वैशि०	वैशिष्ठ धर्मसूत्र.
वै० शै०	वैष्णविज्म, शैविज्म ऐंड माइनर रेलीजस सिस्टम्स, ले० आर० जी० भंडारकर, स्ट्रास्सबर्ग, १९१३.
शकु०	कालिदास कृत 'शकुन्तला'.
शत० ब्रा०	शतपथ ब्राह्मण.
शिक्षा०	शान्तिदेव कृत शिक्षासमुच्चय, सी० बेंडाल द्वारा सम्पादित, सेंट पीटर्सबर्ग, १८७७, १९०२.
सक्से० सात०	सक्सेसर्स ऑफ दि सातवाहन्स इन दि लोवर डेक्कन, ले० डी० सी० सरकार, कलकत्ता, १९३९.
सं० ड्रा०	संस्कृत ड्रामा.
सं० पो०	एस० के० डे० कृत संस्कृत पोएटिक्स.
सले० इंस्क्रि०	सिलेक्ट इंस्क्रिप्शंस बीयरिंग आन इंडियन हिस्टरी ऐंड सिविलाइजेशन, जिल्द I, ले० डी० एस० सरकार, कलकत्ता, १९१२.
सा० इ० इ०	साउथ इंडियन इंस्क्रिप्शंस.
सि० जे० सी०	सिंधी जैन सीरीज.
सी० इ० स्ट०	सीनो इंडियन स्टडीज, कलकत्ता.
से० बु० ई०	सेक्रेड बुक्स ऑफ दि ईस्ट, आक्सफोर्ड.
से० बु० हि०	सेक्रेड बुक्स ऑफ दि हिन्दूज, इलाहाबाद.
स्मृ० चं०	देवण्णभट्ट कृत 'स्मृतिचन्द्रिका' एल० श्री निवासाचार्य द्वारा सम्पादित, मैसूर, १९१४-२१.
स्व० (या स्वप्न)	भास कृत 'स्वप्नवासवदत्त'.
ह० ए०	हर्ष एरा.
ह० च०	हर्षचरित ई० बी० कावेल और एफ० डब्ल्यू० द्वारा अँगरेजी अनुवाद, लन्दन, १९२७.
हर्ष	हर्षचरित (पाठ).
हा० ओ० सी०	हारवर्ड ओरिएंटल सीरीज.
हि० अ० लि०	हिस्टरी ऑफ अलंकार लिटरेचर, ले० वी० पी० काणे, बम्बई, १९२३.
हि० इ० इ० आ०	हिस्टरी ऑफ इंडियन ऐंड इंडोनेशियन आर्ट, ले० ए० के० कुमारस्वामी, लन्दन, १९२७.

हि० इ० ई० आ०	हिस्टरी ऑफ इंडियन ऐंड ईस्टर्न आर्चिटेक्चर, ले० जे० फर्गुसन, द्वितीय संस्करण, जे० बर्गेस और आर० पी० स्पियर्स द्वारा संशोधित, लन्दन, १९१०.
हि० इ० ई० डा०	हिस्टरी ऑफ इंडिया ऐज टोल्ड बाइ इट्स ओन हिस्टोरियन्स, ईलियट और डाउसन द्वारा सम्पादित.
हि० इ० जा०	हिस्टरी ऑफ इंडिया, ए० डी० १५०-३५०; ले० के० पी० जायसवाल, लाहौर, १९३३.
हि० इ० लि०	हिस्टरी ऑफ इंडियन लिटरेचर, ले० एम० विंटरनित्स, श्रीमती एस० केटकर द्वारा अंगरेजी अनुवाद, कलकत्ता युनिवर्सिटी, प्रेस.
हि० क०	हिस्टरी ऑफ कन्नौज, ले० आर० एस० त्रिपाठी.
हि० क्ला० सं० लि०	हिस्टरी ऑफ क्लासिकल संस्कृत लिटरेचर, ले० एम० कृष्णमाचारियर, मद्रास, १९३७.
हि० त्सा० बी०	बुद्धिस्ट रेकर्ड्स ऑफ दि वेस्टर्न वर्ल्ड, सैमुअल बील द्वारा हिउएनत्सांग की चीनी पुस्तक से अनूदित, लन्दन, १९०६.
हि० ना० ई० इ०	हिस्टरी ऑफ नार्थ-ईस्टर्न इंडिया, ले० आर० जी० बसाक, कलकत्ता, १९३४.
हि० पा० लि०	हिस्टरी ऑफ पालि लिटरेचर, ले० बी० सी० लॉ०, २ जिल्द, लन्दन, १९३३.
हि० बं० आर०	हिस्टरी ऑफ बंगाल, जिल्द I, आर० सी० मजुमदार द्वारा सम्पादित, ढाका, १९४३.
हि० सं० पो०	हिस्टरी ऑफ संस्कृत पोएटिक्स.
हि० सं० लि०	हिस्टरी ऑफ संस्कृत लिटरेचर.
हिस्टा० इ०	हिस्टारिकल इंस्क्रिप्शंस ऑफ साउथ इंडिया, ले० आर० बी० सेवेल.
है० आ० सी०	हैदराबाद आर्क्योलॉजिकल सीरीज.

कुछ अन्य संकेत चिह्न

चि०	चित्र (figure).
छ०	छन्द (verse).
जि०	जिल्द (volume).
नु० स०	नुमिस्मैटिक सप्लिमेन्ट (Num. Suppl.).

नुमै० क्रा०	नुमिस्मैटिक क्रानिकल (Num. Chr.).
न्यू० सी०	न्यू सीरीज (N. S.).
प० पृ०	परवर्ती पृष्ठ (ff.) या (f.).
पा० टि०	पाद टिप्पणी.
पू० पु०	पूर्वोद्धृत पुस्तक (OP. Cit.).
पू० ले०	पूर्वोद्धृत लेखक (Loc. Cit.).
प्ले०	प्लेट.
मैनु०	मैनुस्क्रिप्ट.
लग०	लगभग (Circa).

परिच्छेद : १

गुप्त वंश का उदय

कुषाण साम्राज्य की समाप्ति के बाद राजनीतिक विघटन का जो दौर शुरू हुआ, वह चौथी शताब्दी ई० के आरम्भ तक चलता रहा। यद्यपि पश्चिमी पंजाब में अभी भी कुषाण शासन कर रहे थे, पर इससे आगे, पूर्व में, उनका आधिपत्य समाप्त हो गया था। गुजरात और मालवा के एक हिस्से पर शकों का शासन था, लेकिन उनकी शक्ति तेजी से क्षीण हो रही थी। शेष उत्तर भारत अनेक छोटी-छोटी रियासतों और स्वायत्त जन-जातीय राज्यों में बँटा हुआ था। अब इस युग को एक ऐसे महान सैनिक नेता की प्रतीक्षा थी जो एक शक्तिशाली साम्राज्य का निर्माण कर सके। और शीघ्र ही गुप्त वंश नामक एक छोटे से राजपरिवार में ऐसे नेता का उदय भी हो गया।

१. उत्पत्ति और आरम्भिक इतिहास

गुप्त वंश की उत्पत्ति और उसका आरम्भिक इतिहास एक प्रकार से अज्ञात है, यद्यपि प्राचीन भारतीय इतिहास में यह कुल-नाम बिलकुल अपरिचित नहीं है। प्राचीन अभिलेखों, विशेषकर शुंग और सातवाहन काल के अभिलेखों में गुप्त कुल या वंश की रानियों और "गुप्त" से अन्त होनेवाले पदाधिकारियों के नाम मिलते हैं। यह निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता कि ये सभी किसी पूर्वज गुप्त कुल से संबंधित थे अथवा विभिन्न परिवार थे, जिन्होंने बिना किसी ऐसे सम्बन्ध के "गुप्त" नाम धारण कर लिया था, यद्यपि इनमें दूसरा मत ही अधिक सम्भव जान पड़ता है। वास्तविकता जो हो, चौथी शताब्दी ईसवी में जिस गुप्त वंश ने राज किया, उसका "गुप्त" नाम के किसी प्राचीन वंश या कुल के साथ सम्बन्ध नहीं जोड़ा जा सकता।

गुप्त काल के अभिलेखों में इस वंश के जिन प्रथम तीन शासकों का उल्लेख हुआ है, वे हैं: **महाराज** श्रीगुप्त, उनके पुत्र **महाराज** श्री घटोत्कचगुप्त और फिर उनके भी पुत्र **महाराजाधिराज** श्री चन्द्रगुप्त। यह तथ्य महत्त्वपूर्ण है कि तीसरे शासक को **महाराजाधिराज** की उपाधि दी गयी है, जबकि उसके पिता और दादा सिर्फ **महाराज** ही कहे गये हैं। इससे यह माना जा सकता है कि चन्द्रगुप्त अपने पूर्वजों के मुकाबले में अधिक शक्तिशाली शासक था और उसने अपने पैतृक राज्य का विस्तार किया था।

प्रथम दो राजाओं के बारे में गुप्तकालीन अभिलेखों में उनके नामों और पदवियों के सिवा और कोई उल्लेख नहीं मिलता। इसलिए हमें इस बात का कोई निश्चित पता नहीं है कि उनकी ठीक हैसियत या प्रतिष्ठा क्या थी और वे किस प्रदेश पर शासन करते थे।

महाराज की पदवी तो प्रायः सामन्त लोग भी अपने नाम के आगे जोड़ लेते थे और ऐसा अनुमान किया गया है कि गुप्त और घटोत्कच दोनों ही किसी अधिराज शासक के अधीन थे। लेकिन उस जमाने के ऐसे किसी अधिराज शासक का हमें पता नहीं है। दूसरी तरफ यह हमें ज्ञात है कि उन दिनों स्वतन्त्र शासक भी **महाराज** की पदवी धारण करते थे।[१] इसलिए वह असम्भव नहीं है कि गुप्त नरेश भी वास्तव में स्वतन्त्र रहे हों, हालाँकि उनका राज्य बहुत बड़ा न रहा हो।

यह राज्य कहाँ स्थित था, इस पर चीनी यात्री ई-त्सिंग के एक प्रासंगिक उल्लेख से कुछ प्रकाश पड़ता है। ई-त्सिंग ने ६७१-६९५ ई० के बीच भारत की यात्रा की थी। उसने श्रीगुप्त नामक किसी राजा का उल्लेख किया है जिसने चीनी तीर्थयात्रियों के लिए एक मन्दिर बनवाया था और उसके खर्च के लिए चौबीस गाँव दान किये थे। कुछ विद्वानों के अनुसार यही राजा गुप्त वंश का संस्थापक था और यह मन्दिर मगध में था। इस प्रकार वे गुप्त राज्य की स्थिति मगध में ही मानते हैं। लेकिन इस मत को स्वीकार करने में कुछ कठिनाइयाँ हैं। पहली बात यह है कि ई-त्सिंग श्रीगुप्त का काल अपने समय के पाँच सौ साल पहले बताता है, जबकि गुप्त वंश का संस्थापक ई-त्सिंग के लिखने से चार सौ या अधिक से अधिक साढ़े चार सौ साल पहले का हो सकता है। इनमें संगति तभी स्थापित हो सकती है जब हम यह मान लें कि ई-त्सिंग के द्वारा दिया गया काल 'पाँच सौ वर्ष' एक गोल-मटोल समय है। यह बात असंगत नहीं लगती, विशेषकर यदि हम यह याद रखें कि "चीनी यात्री ने यह वक्तव्य बुजुर्गों द्वारा प्राचीन काल से चली आती हुई परम्परा के आधार पर दिया था।"[२] इसलिए ई-त्सिंग ने जिस राजा का उल्लेख किया है उसे हम, कम से कम कामचलाऊ मान्यता के रूप में ही सही, गुप्त वंश के संस्थापक श्रीगुप्त से अभिन्न मान ले सकते हैं।

फिर भी यह मत संगत नहीं प्रतीत होता कि इस राजा ने चीनियों के लिए जो मन्दिर बनवाया था, वह मगध में स्थित था। चीनी तीर्थयात्री ने इस मन्दिर की जो स्थिति और दूरी बतायी है, उससे अनुमान होता है कि यह मन्दिर उत्तरी और मध्य बंगाल की पश्चिमी सीमा पर स्थित था। इस सम्बन्ध में उसने जो अन्य विवरण दिये हैं, उनसे भी इसकी पुष्टि होती है। इसलिए हम यह राय कायम कर सकते हैं कि श्रीगुप्त के राज्य में बंगाल का भी एक भाग शामिल था।[३]

---

१. लिच्छवी (नेपाल), मग, भारशिव और वाकाटक शासकों की मिसालें यह सिद्ध करने को पर्याप्त हैं कि **महाराज** पदाधिकारी व्यक्ति अनिवार्यतः सामन्त ही नहीं होता था।

२. कै. गु. डा. xv, xix.

३. इस प्रश्न पर हि. वे. आर. ६९-७० और ज.बि.रि.सो. xxxviii, ४१०-४२८ में विस्तार से विचार किया गया है। प्रस्तावित मत के विरुद्ध प्रो. जगन्नाथ का तर्क (इ. हि. क्वा. xxii, २८) बील द्वारा किये गये चीनी उद्धरण के अशुद्ध अनुवाद (इ. ए., १८८१, पृ. ११०-११) पर आधारित है। बील द्वारा संशोधित अनुवाद उसके 'लाइफ आफ हिउएन-त्सांग' के अनुवाद की भूमिका (पृ. xxxvi) में देखा जा सकता है।

हमें श्रीगुप्त के बेटे और उत्तराधिकारी घटोत्कच के बारे में कुछ भी ज्ञात नहीं है। लेकिन यह दिलचस्प बात है कि चन्द्रगुप्त द्वितीय की बेटी वाकाटक रानी प्रभावती गुप्ता[1] के दो अभिलेखों में घटोत्कच को प्रथम गुप्त राजा बताया गया है। इसके अतिरिक्त हाल में ही रीवाँ[2] में मिले एक अभिलेख में भी गुप्त वंश का पूर्वानुक्रम घटोत्कच तक ही लिया गया है। यह बताना कठिन है कि घटोत्कच को किस आधार पर कम से कम मध्य भारत और दक्कन के कुछ भागों में गुप्त वंश का संस्थापक माना जाने लगा था; लेकिन इन उल्लेखों से इतना तो जान पड़ता ही है कि घटोत्कच कुछ दृष्टियों से एक उल्लेखनीय शासक था।

२. चन्द्रगुप्त प्रथम

लेकिन इसमें कोई सन्देह नहीं कि घटोत्कच के बेटे और उत्तराधिकारी चन्द्रगुप्त प्रथम के शासनकाल में ही गुप्त कुल की समुन्नति एवं प्रसिद्धि हुई। इसका स्पष्ट संकेत गुप्त वंश के अभिलेखों में उसके नाम के आगे "**महाराजाधिराज**" की श्रेष्ठ पदवी के प्रयोग से मिलता है। उसके चलाये सोने के सिक्कों से यह बात और भी प्रमाणित होती है। इन सिक्कों के एक तरफ चन्द्रगुप्त और उसकी रानी कुमारदेवी के नाम और आकृतियाँ अंकित हैं, और दूसरी तरफ सिंह पर सवार देवी की आकृति है, जिसके नीचे लिच्छवि नाम अंकित है।

कुमारदेवी लिच्छवि राजकुमारी थी। स्पष्ट है कि उसके साथ चन्द्रगुप्त के विवाह को विशेष महत्त्व दिया गया था। इन सिक्कों के अलावा, यह इससे भी प्रमाणित होता है कि गुप्त वंश के अभिलेखों में दी गई वंशावली में उनका पुत्र समुद्रगुप्त हमेशा "लिच्छवियों की बेटी का पुत्र" कहकर उल्लेखित है, जबकि गुप्त वंश के जिन दूसरे आठ या दस शासकों का उल्लेख इन्हीं अभिलेखों में मिलता है, उनमें से किसी के भी मातृवंश का जिक्र नहीं है। वी० ए० स्मिथ ने इस पर यह सुझाव दिया है कि इस विवाह-संबंध से चन्द्रगुप्त उस राज-सत्ता का उत्तराधिकारी बना, जो पहले उसकी पत्नी के रिश्तेदारों के हाथ में थी, और इस प्रकार वह मगध और उसके पास-पड़ोस के देशों में सबसे शक्तिशाली बन गया एवं अधिराज की स्थिति पा गया। इसके विपरीत, एलेन (Allen) का विचार है कि "गुप्तों को अपने लिच्छवि रक्त पर शायद इसलिए गर्व नहीं था कि इस रिश्ते से उन्हें कुछ भौतिक लाभ प्राप्त हुए थे, बल्कि इसलिए कि लिच्छवि एक प्राचीन वंश था।" लेकिन यह सन्दिग्ध है कि उन दिनों समाज में लिच्छवियों की कोई ऊँची प्रतिष्ठा थी।

---

१. पूना का. प्ले. इंस्क्रि., इ. ई.xv, २१, रिथपुर का. प्ले. इंस्क्रि., ज. प्रो. ए. सो. ब., NS, XX, ५८; देखिए आगे परि. ११, क-१; वाकाटक कुल.

२. समरी आफ पेपर्स रेड ऐट दि ट्वेल्फ्थ आल इंडिया ओरिएंटल कान्फरेंस (भाग-११, पृ० ३९)। इस पुस्तिका के अनुसार इस अभिलेख में "**घटोत्कच सद्वंश**" का प्रयोग मिलता है। लेकिन जिस शब्द को '**सद्वंश**' पढ़ा गया है, वह वास्तव में 'तद्वंश' है। डा. छाबड़ा ने, जो इस विवरण का सम्पादन कर रहे हैं, पुराने पाठ में संशोधन किया है।

उन दिनों मनु संहिता का निश्चय ही बहुत आदर था और उसके अनुसार लिच्छवी एक प्रकार से पतित क्षत्रिय (व्रात्य क्षत्रिय) थे। इसलिए यही अधिक संभव लगता है कि चन्द्रगुप्त प्रथम का विवाह-सम्बन्ध सामाजिक की अपेक्षा राजनीतिक दृष्टि से लाभकर था।

हालाँकि हम यह मान सकते हैं कि गुप्त वंश को अपनी राजनीतिक महत्ता अधिकांशतः लिच्छवियों से विवाह-सम्बन्ध स्थापित करने से ही मिली थी, लेकिन इसे अधिक निश्चित रूप से सिद्ध करना, जैसा वी० ए०स्मिथ ने किया है, कि गुप्त वंश अपने उत्कर्ष के लिए किस सीमा तक लिच्छवियों का ऋणी था, बहुत कठिन है। क्योंकि हमें लिच्छवियों की शक्ति या राजनीतिक प्रतिष्ठा का कुछ भी ठीक पता नहीं है, और यह भी नहीं मालूम है कि उन दिनों उनका राज्य कहाँ स्थित था। जैसा पहले[1] बताया जा चुका है, गौतम बुद्ध के युग में लिच्छवी वंश वैशाली के गणतांत्रिक राज्य पर शासन करता था। जिस समय की हम बात कर रहे हैं, उस समय नेपाल की घाटी में लिच्छवी वंश का राज था।[2] हमें यह ज्ञात नहीं कि कुमारदेवी का लिच्छवी परिवार वैशाली का था, या नेपाल का, या किसी दूसरे राज्य का। यह मत कि वे मगध पर राज करते थे, बहुत सन्देहजनक प्रमाणों पर आधारित है। कुल मिलाकर यह मानना ही अधिक संगत होगा कि लिच्छवी वंश उत्तर बिहार, यानी वैशाली और नेपाल के बीच किसी क्षेत्र, में राज करता था। बहुत कुछ सम्भावना इस बात की है कि लिच्छवी और गुप्त पड़ोसी राज्यों पर राज करते थे और कुमारदेवी से विवाह हो जाने के बाद चन्द्रगुप्त प्रथम के प्रभुत्व में ये दोनों राज्य मिलकर एक हो गये हों। स्पष्ट है कि इस सुखद संबंध की स्मृति में, जिसने नये राज्य की शक्ति और प्रतिष्ठा में इतनी संवृद्धि की थी और जो भविष्य के लिए भी इतना शुभकारी सिद्ध हुआ, चन्द्रगुप्त और उसकी लिच्छवी रानी[3] ने संयुक्त रूप से सोने के सिक्के जारी किये हों।

चन्द्रगुप्त प्रथम के बारे में हमें इतने कम तथ्यों का पता है कि उसके इतिहास का पुनर्निर्माण इस तरह की कामचलाऊ परिकल्पनाओं से ही किया जा सकता है। यह अनुमान करना भी संगत होगा कि उसका अधिराज्य इतना बड़ा था कि वह **महाराजाधिराज** की पदवी अपना सका और उसके पुत्र के लिए यह संभव हुआ कि वह विजय-अभियान पर निकले और एक शक्तिशाली साम्राज्य की नींव डाले। पुराणों[4] में आये एक लेखांश के आधार पर आमतौर पर यह माना जाता है कि चन्द्रगुप्त साकेत (अवध), प्रयाग (इलाहाबाद) और मगध (दक्षिण बिहार) पर राज करता था। लेकिन इस

---

१. जिल्द ii, पृ. ६ प. पृ. (अंगरेजी संस्करण)

२. परि. viii नेपाल

३. ज. रा. ए, सो. ब. ले., iii, नु. स., पृ १०५, प. पृ.; ज. इ. हि. vi, विशेषांक, पृ. १०, प. पृ.। यह मत कि ये सिक्के समुद्रगुप्त ने जारी किये थे (कै. गु. डा. xiv) अब विद्वानों को मान्य नहीं रहा।

४. डा. का. ए., ५३ पा. टि. ८; इ. हि. क्वा., xxi. १४१; न्यू. हि. इ. पी. १३४-५

लेखांश के पाठ और उसके अर्थ की अनिश्चितता के अतिरिक्त हम निश्चित रूप से यह भी नहीं कह सकते कि उसका संकेत चन्द्रगुप्त प्रथम के काल से ही है। इसलिए, हालाँकि किसी निष्कर्ष पर पहुँचना संभव नहीं है पर उसके बेटे के सामरिक अभियानों को देखते हुए, हम यह मान ले सकते हैं कि चन्द्रगुप्त का राज्य समूचे बिहार, बंगाल और अवध के कुछ भागों तक फैला हुआ था।

यह आम ख्याल है कि ३२० ई० की २६ फरवरी[१] से शुरू हुए विख्यात गुप्त-संवत् का प्रवर्तन चन्द्रगुप्त प्रथम ने अपने राज्यारोहण या राजतिलक की स्मृति में किया था।[२] हालाँकि यह मत बहुत ही सम्भाव्य है, लेकिन इसके पक्ष में कोई निश्चित प्रमाण नहीं है, और हम इस संभावना को बिलकुल रद्द नहीं कर सकते कि इस संवत् का प्रवर्तन गुप्त-वंश के सबसे महान् शासक और गुप्त-साम्राज्य के संस्थापक समुद्रगुप्त के राजतिलक की स्मृति में हुआ था। प्रारम्भिक गुप्त राजाओं का काल-क्रम इस तिथि के सन्दर्भ में ही निश्चित किया जा सकता है। अगर हम यह मान लें कि चन्द्रगुप्त प्रथम सन् ३२० ई० में गद्दी पर बैठा तो हम गुप्त और घटोत्कच का राज्यकाल इस तारीख और सन् २७० ई० के बीच रख सकते हैं। इसके विपरीत यदि हम ३२० ई० को समुद्रगुप्त के राजतिलक की तिथि मानें तो हमें गुप्त का राज्यकाल पीछे हटाकर २५० ई० के लगभग मानना होगा। यह तिथि ई-त्सिंग के वक्तव्य से अधिक मिलती है। उसने गुप्त का राज्यकाल अपने समय (लगभग ७०० ई०) से ५०० साल पहले बताया है।

गुप्त राजाओं के आरम्भिक इतिहास की जानकारी इतनी अस्पष्ट और अनिश्चित है कि इस विषय में और अधिक अटकल से काम न लेना ही बुद्धिमानी की बात है। मसलन यह सुझाव कि चन्द्रगुप्त प्रथम ने "शकों को निकाल बाहर किया और मगध प्रान्त को तीन सदियों की गुलामी और विदेशी दमन से मुक्त करके स्वतंत्रता प्रदान की।" लेकिन हमारे पास एक भी ऐसा प्रमाण नहीं है कि शक शासकों से चन्द्रगुप्त का कभी भी कोई युद्ध हुआ हो, या उसने शकों के विरुद्ध कभी किसी "स्वतंत्रता-संग्राम" का नेतृत्व किया हो। यह भी एक निराधार अनुमान है कि गुप्त और घटोत्कच कुषाणों के अधीन छोटे जमींदार या "सामन्त" थे।[३] 'इससे भी अधिक भ्रामक यह प्रयत्न है कि

---

१. या दिसम्बर २०, ३१८ ई.। तुलनीय अ. हि. इ. ३ २८०; ज. राँ. ए. सो. ब. ले., viii ४१.

२. वी. ए. स्मिथ के अनुसार चन्द्रगुप्त ३०८ ई. से कुछ पहले गद्दी पर बैठा था, लेकिन उसने अपने अभिषेक की स्मृति में नया संवत् ३२० ई. में चलाया। गद्दी पर बैठने और राज्याभिषेक में इतना लम्बा विलम्ब क्यों हुआ, इसका कारण अस्पष्ट है, विशेषकर जब यह माना जाता है कि चन्द्रगुप्त ने कुमारदेवी से ३०८ ई. में या उसके लगभग विवाह किया था। (अ. हि. इ. ३ २७९-८०)। डा. एच. सी. रायचौधरी के अनुसार चन्द्रगुप्त प्रथम सन् ३२० में गद्दी पर बैठा था और "अपने जीवन काल के किसी चरण में (पा. हि. ऐ. इ. ५ ५३०) कुमारदेवी से विवाह करके उसने अपनी स्थिति मजबूत बना ली थी।

३. ए. इ. गु., पृ. १-५.

कौमुदी महोत्सव[1] नाटक के आधार पर चन्द्रगुप्त प्रथम का इतिहास पुनर्निर्मित किया जाए। इस नाटक में मगधराज सुन्दरवर्मन के दत्तक पुत्र एवं मागध सेनापति निन्द्य चण्डसेन का वर्णन है कि उसने बर्बर लिच्छवियों से मिलकर अपने दत्तकी पिता तथा मगधराज को हराया, उनकी हत्या की और इस तरह मगध की गद्दी हथिया ली। यह कहना कि चण्डसेन ही चन्द्रगुप्त प्रथम था, और इस तरह परवर्ती काल के एक नाटक में वर्णित रोमांटिक घटनाओं के आधार पर उस काल के इतिहास का निर्माण करना जो तत्कालीन अभिलेखों की सामग्री से बिल्कुल मेल नहीं खाता, बिल्कुल ऊटपटाँग है। गुप्तों के आरम्भिक काल के ऐतिहासिक पुनर्निर्माण में चन्द्रगुप्त प्रथम की अपने बेटे समुद्रगुप्त द्वारा हत्या का विशद चित्र खींचने की भी कोशिश की गयी है। लेकिन **भविष्योत्तर पुराण** के उस कथांश को, जिसमें यह और ऐसी ही दूसरी घटनाएँ वर्णित हैं, बड़ी आसानी से 'आज के जमाने की जालसाजी' सिद्ध किया जा सकता है।[2]

ऐसे अस्पष्ट, अटकलपच्चू और मनगढ़न्त मतवादों पर गम्भीर विचार एक सुलझे हुए इतिहास में अनावश्यक है। अभी तो हमें उतने से ही सन्तोष करना पड़ेगा, जितना कुछ आरम्भिक गुप्त काल के बारे में हमें निश्चित रूप से ज्ञात है, या इस बारे में जितना कुछ हम तर्कसंगत रूप से अनुमान कर सकते हैं। इस प्रकार हम उस युग की स्थिति के सम्बन्ध में इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं :

ईसा की तीसरी सदी के अन्त में भारत अनेक छोटे-छोटे राज्यों में बँटा हुआ था। इनमें दोनों तरह के राज्य थे : राजतंत्रीय और अराजतंत्रीय। इनमें से दो राज्य, लिच्छवि वंश की राजकुमारी कुमारदेवी और गुप्त के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र चन्द्रगुप्त प्रथम के विवाह से, संयुक्त हो गये। इस प्रकार चन्द्रगुप्त-प्रथम एक बहुत कुछ विस्तृत प्रदेश पर राज करने लगा, जिसके अन्तर्गत सम्भवतः पूरा बिहार, उत्तर प्रदेश और बंगाल के कुछ इलाके भी थे। उसने अपनी बढ़ी हुई शक्ति और राज्यसीमा को संकेतित करने के लिए अपने पिता और दादा की पदवी **महाराज** की जगह **महाराजाधिराज** की उच्च पदवी धारण कर ली और सम्भवतः सन् ३२० ई० में अपने राजतिलक दिवस को स्मरणीय बनाने के लिए एक नये संवत् का प्रवर्तन भी किया।

---

१. **कौमुदी-महोत्सव** नाटक के आधार पर जायसवाल ने गुप्तों के उद्भव और आरम्भिक इतिहास की जो रूपरेखा तैयार की है (ए. भ. ओ. रि. xii, ५०; ज. बि. ओ. रि. सो. xix, ११३) उसे हालाँकि कुछ विद्वानों ने समर्थन दिया है (ज. बि. ओ. रि. सो. xxi. ७७; xxii. २७५) किंतु अधिकतर दूसरे विद्वानों ने ठीक ही अस्वीकार दिया है। (आयंगार कमेमोरेशन वाल्यूम, ३५९-३६२ इ. क. ix, १००, इ. हि. क्वा. xiv, ५८२; टॉमस कमेमोरेशन वॉल्यूम, ११५; ज. आ. हि. रि. सो. vi, १३९)

२. न्यू. हि. इ. पी., vi, १३३, पा. हि. २; ज. बि. रि. सो., xxx १ प. पृ.; इ. हि. क्वा. xx, ३४५।

परिच्छेद : २

गुप्त साम्राज्य की स्थापना

१. समुद्रगुप्त का राज्यारोहण

चन्द्रगुप्त प्रथम और कुमारदेवी का पुत्र समुद्रगुप्त अपने पिता का उत्तराधिकारी बना। उसके एक पदाधिकारी, हरिषेण द्वारा लिखित इस राजा की एक लम्बी प्रशस्ति उपलब्ध है, जो इलाहाबाद[1] में अशोक-स्तम्भ पर उत्कीर्ण है। इस प्रशस्ति में समुद्रगुप्त के जीवन चरित एवं व्यक्तित्व का विस्तृत वर्णन है। महान मौर्य सम्राट अशोक के अलावा हमें प्राचीन भारत के अन्य किसी भी राजा के बारे में ऐसा ब्यौरेवार वर्णन प्राप्त नहीं होता। इस अभिलेख की सहायता से हम समुद्रगुप्त की उन असाधारण सामरिक विजयों का वर्णन कर सकते हैं, जिन्होंने गुप्त साम्राज्य की बुनियाद डाली। इलाहाबाद की प्रशस्ति के आरम्भ में ही इस बात का सजीव वर्णन मिलता है कि भरे राजदरबार में चन्द्रगुप्त प्रथम ने किस प्रकार अपने पुत्र समुद्रगुप्त का आलिंगन कर लिया और गद्‌गद कंठ से घोषणा की : "तुम परम योग्य हो, इस सारे संसार पर राज्य करो।" कवि ने इस बात में कोई सन्देह नहीं रहने दिया है कि राजदरबार बहुत तनावपूर्ण वातावरण में हुआ था, और हालाँकि उपस्थित जनों में से अधिकांश ने मुक्त कंठ से जयनाद करके इस राजघोषणा का स्वागत किया पर राज परिवार के अन्य प्रतिस्पर्धी उम्मीदवारों में इससे बहुत क्षोभ और असन्तोष भी पैदा हुआ था। साधारणतया इस राजघोषणा का यह अर्थ लगाया जाता है कि चन्द्रगुप्त प्रथम ने समुद्रगुप्त को सार्वजनिक रूप से राजगद्दी का उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। लेकिन कवि ने उसके मुँह से जो शब्द कहलाये हैं, उनका यदि वाच्यार्थ लें तो उसका मतलब होगा कि चन्द्रगुप्त प्रथम ने अपने पुत्र के पक्ष में यथा-विधि गद्दी त्याग दी थी।[2]

जो भी हो, समुद्रगुप्त को उसके पिता ने जानबूझकर भावी राजा चुना था और इससे स्पष्ट है कि राजगद्दी के इच्छुक दूसरे राजकुमारों को गहरी निराशा हुई। सम्भव है कि

---

१. का. इ. इ. iii, सेले. इंस्क्रि. २५४।

२. सारे पद्यांश का विवेचन करने के बाद डा. छाबड़ा भी इसी परिणाम पर पहुँचे हैं। उन्होंने इस पद्यांश का नया पाठ और नई व्याख्या भी प्रस्तुत की है। चन्द्रगुप्त प्रथम के वाक्य का, जो ऊपर उद्‌धृत किया गया है, उन्होंने इस प्रकार अनुवाद किया है : "आओ, आओ ! तुम समस्त पृथ्वी की रक्षा करो।" (इ. क., xiv, १४१)

इस पर कुछ उपद्रव भी हुआ हो और यह भी नामुमकिन नहीं है कि जब समुद्रगुप्त गद्दी पर बैठा हो तो उसे अपने भाइयों के विद्रोह का भी सामना करना पड़ा हो। समुद्रगुप्त के सिक्कों से मिलते-जुलते कुछ सिक्कों पर किसी राजा काछ का नाम भी मिलता है। यह मत पेश किया गया है कि काछ शायद समुद्रगुप्त का सबसे बड़ा भाई था और उसने उसके विरुद्ध विद्रोह का नेतृत्व किया था।[1] लेकिन यह पूरी तरह निश्चित नहीं है और कुछ लोगों का मत है कि समुद्रगुप्त का ही मूल नाम काछ था। लेकिन जो भी उपद्रव हुए हों, समुद्रगुप्त ने उनको दबा दिया और शीघ्र ही उसने अपनी स्थिति मजबूत और निरापद बना ली।

२. समुद्रगुप्त की विजयें

समुद्रगुप्त का शासन काल विशेषकर उन सामरिक अभियानों के लिए प्रसिद्ध है, जो उसने भारत के विभिन्न भागों में स्वयं किये। इलाहाबाद की प्रशस्ति के लेखक ने उसके एक सौ युद्धों में प्रदर्शित रणकौशल का जिक्र किया है, जिसके फलस्वरूप उसके सारे शरीर में घावों के निशान बन गये थे। जिन देशों को जीतकर उसने अपने अधीन किया, उनकी लम्बी सूची से अनुमान किया जा सकता है कि इस वक्तव्य को केवल कवि का भावपूर्ण उद्‌गार या अतिरंजित गुणगान ही नहीं मानना चाहिए।

उत्तर भारत के अनेक राजाओं को, जिनमें से नौ के नाम विशेष रूप से गिनाये गये हैं, समुद्रगुप्त की आक्रामक नीति का भरपूर वार झेलना पड़ा था। इन राजाओं को परास्त और नष्ट करके, उसने उनके राज्यों को गुप्त-साम्राज्य में मिला लिया था। उनमें से दो, नागसेन और गणपतिनाग नागकुल के राजा थे, जिन्होंने पद्मावती (पदम पवाया; यह पुराने ग्वालियर राज्य में नरवार से २५ मील उत्तर-पूर्व में है), विदिशा (भिल्सा) और मथुरा[2] में तीन राज्य स्थापित किये थे। दो और राजा, अच्युत और चन्द्र वर्मन थे, जो क्रमशः अहिच्छत्र (बरेली के निकट) और पश्चिमी बंगाल (बाँकुड़ा जिला) पर राज करते थे। शेष पाँच राजाओं—रुद्रदेव, मतिल, नागदत्त, नन्दिन और बलवर्मन के राज्य कहाँ अवस्थित थे, इसका अभी तक पता नहीं चला है।[3] लेकिन इस प्रकार जीते

---

१. ए. भ. ओ. रि. इ. ix, ८३।

२. इलाहाबाद के अभिलेख में जिन राजाओं और राज्यों का जिक्र हुआ है, उनकी शिनाख्त के लिए देखिए एलन, स्मिथ, आयंगार और रायचौधरी की पुस्तकें, जिनका पुस्तक के अन्त में सामान्य सन्दर्भ के अन्तर्गत उल्लेख हुआ है। साथ ही निम्न सामग्री भी देखें :

(i) वी. ए. स्मिथ, ज. रा. ए. सो., १८९७, पृष्ठ ८७ प. पृ.

(ii) फ्लीट, ज. रा. ए. सो., १८९८, पृ. ३६८।

(iii) डी. आर. भण्डारकर इ हि. क्वा. I.२५२ प. पृ.

(iv) आर. सथियानथैयर, स्टडीज इन दि एंसिएंट हिस्टरी ऑफ टोंडामंडलम् (पृ. ११३-१९)

३. डा. डी. सी. सरकार का सुझाव है कि रुद्रदेव को पश्चिमी क्षत्रप रुद्रदामन द्वितीय या उसके पुत्र रुद्रसेन तृतीय से अभिन्न माना जा सकता है, और नागदत्त सम्भवतः उत्तरी बंगाल का राजा था और गुप्त साम्राज्य के उपराजाओं का पूर्वज था, जिनके नामों के अन्त में दत्त लगता था (प्रो. इ. हि. का., ७८)।

हुए इलाकों से, जिनका शासन सीधे समुद्रगुप्त के हाथ में था और सीमान्त पर स्थित उन रियासतों और जनजातीय राज्यों की सूची से, जो उसको कर देते थे, उसके आदेशों का पालन करते थे और जिनके सामन्त दरबार में स्वयं उपस्थित होकर सम्राट का अभिवादन करते थे, हम उसके राज्यक्षेत्र की कल्पना कर सकते हैं। इनमें से तीन राज्य, समतट, कामरूप और नेपाल तो सुप्रसिद्ध हैं और दक्षिण-पूर्वी बंगाल, ऊपरी आसाम और नेपाल से मेल खाते हैं। चौथा, डवाक का राज्य, शायद आसाम के नगांउ जिले में स्थित था। पाँचवाँ, कर्तृपुर आज के जालन्धर जिले के कर्तारपुर का नाम था और कुछ विद्वानों के अनुसार कुमाऊँ का कतुरिया राज, गढ़वाल और रूहेलखंड के इलाके भी शामिल थे। लेकिन यह मत अभी सुनिश्चित नहीं कहा जा सकता।

उक्त अभिलेख में समुद्रगुप्त द्वारा अधिकृत अधिराज्यों के सीमान्त पर स्थित इन पाँच करद राज्यों का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। इनके साथ ही जिन सामन्ती जनजातीय राज्यों का जिक्र है, और जो शायद सीमान्त पर ही स्थित थे, उनकी संख्या नौ थी और उन्हें आसानी से दो वर्गों में बाँटा जा सकता है। पहले वर्ग में मालव, आर्जुनायन, यौधेय और माद्रक आते हैं। मालव उन दिनों पूर्वी राजपूताना के क्षेत्र में बसते थे, जो आजकल मारवाड़, टोंक और कोटा का क्षेत्र है। यौधेय जिस क्षेत्र में बसते थे, उसे आज भी जोहियबर कहते हैं। यह बहावलपुर राज्य की सीमा पर सतलज नदी के दोनों किनारों पर बसा है। एक समय यौधेयों का इलाका यमुना नदी तक फैला हुआ था और उसके अन्तर्गत भरतपुर भी शामिल था। माद्रक जनजाति रावी और चिनाब के बीच के इलाके में बसती थी और उनकी राजधानी का नाम साकल था, जिसे आजकल स्यालकोट कहते हैं। आर्जुनायनों के इलाके का निश्चित पता नहीं चलता, लेकिन जैसा आम विश्वास है, इन जन-जातियों के नाम भौगोलिक क्रम से ही अभिलिखित हैं, अतः आर्जुनायनों का प्रदेश जयपुर के निकट अनुमानित किया जा सकता है।

दूसरे वर्ग की पाँच रियासतों में से केवल सनकानीक जाति के क्षेत्र के बारे में ही कुछ निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है कि वह भिलसा के निकट था। हमें ज्ञात है कि आभीरों की अनेक बस्तियाँ यत्र-तत्र फैली हुई थीं। लेकिन यहाँ संकेत शायद मध्य भारत में स्थित उनकी अहिरवाड़ नाम की बस्ती से है, जो भिलसा और झाँसी के बीच थी। शेष तीन रियासतें, अर्थात् प्रार्जुन, काक और खरपरिक कहाँ थीं, यह निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता, लेकिन यह माना जा सकता है कि वे भिलसा के उत्तर और पूर्व में, किन्तु उससे अधिक दूर नहीं, स्थित थीं। क्योंकि यह निश्चित है कि मध्यप्रदेश के सागर जिले में स्थित एरान, जो भिलसा से करीब पचास मील उत्तर-पूर्व में है, समुद्रगुप्त के राज्य में शामिल था।

अब अगर हम समुद्रगुप्त द्वारा अधिकृत अधिराज्यों के सीमान्तों पर स्थित करद रियासतों की भौगोलिक स्थिति पर गौर करें तो हमें उस क्षेत्र का अन्दाज हो सकता है, जिसके शासन की बागडोर सीधे समुद्रगुप्त के हाथ में थी। पूर्व में उसके अधिकृत राज्य के अन्तर्गत दक्षिण-पूर्व के सुदूर निचले भाग को छोड़कर पूरा बंगाल शामिल था।

इसकी उत्तरी सीमा हिमालय के गिरिपादों के साथ-साथ चलती थी। पच्छिमी सीमा पंजाब में मद्रों के क्षेत्र तक फैली थी और उसके अन्तर्गत लाहौर और करनाल के बीच के पूर्वी जिले शामिल थे। करनाल से यह सीमा यमुना के साथ-साथ चम्बल नदी के संगम स्थल तक जाती थी और वहाँ से दक्षिण की ओर एक कल्पित रेखा के अनुसार सीधे भिलसा तक पहुँचती थी। दक्खिनी सीमारेखा भिलसा से जबलपुर होती हुई विन्ध्य पर्वतमाला के साथ-साथ चलती थी। कहा जाता है कि समुद्रगुप्त ने सारे "अटवि-राज्यों" (वन-प्रदेश के राज्यों) को जीत लिया था; सम्भवतः यहाँ तात्पर्य उन पहाड़ी क्षेत्रों से है, जो घने जंगलों से आच्छादित हैं और जबलपुर से पूरब में जिनका विस्तार है।

साम्राज्य-विस्तार के लिए समुद्रगुप्त के सामरिक अभियान केवल उत्तर भारत तक ही सीमित नहीं थे। उसने एक या कई बार दक्षिण भारत पर भी आक्रमण किये थे और कम से कम बारह राजाओं को परास्त किया था। हारे हुए राजाओं में कोसल (दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर और सम्बलपुर के जिले) का राजा महेन्द्र, महाकान्तार (जो सम्भवतः उड़ीसा में जेपोर राज्य के वन-प्रदेशों में स्थित था) का राजा व्याघ्रराज, पिष्टपुर (गोदावरी जिले का पिठापुरम) का राजा महेन्द्रगिरि, वेंगी (आधुनिक पैड़वेगि जो एलोरा से सात मील उत्तर में कृष्णा और गोदावरी नदियों के बीच में है) का राजा हस्तिवर्मन (शालंकायन नरेश), पालक्क (जिला नेल्लोर) का राजा उग्रसेन और कांची (चिंगलपेट जिले का कांजीवरम्) का राजा विष्णुगोप (पल्लव नरेश) थे। शायद विशाखापट्टम जिले के एरण्डपल्ल का राजा दमन था और देवराष्ट्र का राजा कुवेर था।[1] बाकी चार राजाओं, कौराल के मण्टराज, कोट्टूर के स्वामिदत्त,[2] अवमुक्त के नीलराज और कुस्थलपुर के धनंजय की ठीक शिनाख्त अभी नहीं की जा सकती।

हालाँकि इन चार दक्खिनी राज्यों के क्षेत्रों का पता करना सम्भव नहीं है, फिर भी यह स्पष्ट है कि समुद्रगुप्त अपने विजय-अभियान में मध्यप्रदेश के पूर्वी और दक्खिनी भागों से गुजरता हुआ उड़ीसा पहुँचा था और वहाँ से पूर्वी समुद्र तट के साथ-साथ बढ़कर

---

१. एरण्डपल्ल और देवराष्ट्र की सही शिनाख्त का बहुत बड़ा ऐतिहासिक महत्त्व है। फ्लीट ने क्रमशः एरण्डोल (खानदेश में) और महाराष्ट्र के रूप में उनकी शिनाख्त की और कहा कि पूर्वी समुद्रतट तक अपना विजय-अभियान पूरा करने के बाद समुद्रगुप्त पच्छिम के दक्खिनी पठार से गुजरा था। यह मत आमतौर पर तब तक मान्य रहा जब तक डुब्रिउल ने एरण्डपल्ल को गंजाम जिले में और देवराज को विशाखापट्टम जिले में नहीं ठहराया। (ए. हि. डे. ५८, १६०) अब आमतौर पर डुब्रिउल की शिनाख्त ही मानी जाती है और यह मत कि समुद्रगुप्त महाराष्ट्र गया था, अमान्य हो गया है। इधर कुछ विद्वानों ने पुनः फ्लीट के पुराने मत का भी समर्थन किया है। (ए. भ. ओ. रि. इ., xxvi, १३८)

२. डॉ. सालेटोरे ने मद्रास के बेल्लरी जिले के कुडलिगी तालुक में स्थित कौट्टूर को ही प्राचीन कोट्टूर बताया है। (ए. भ. ओ. रि. इ. xxvi, १२०) यह फ्लीट के पुराने मत से मेल खाता है, जिसका जिक्र इससे पहले के फुटनोट में किया गया है किन्तु ऐसा कोई निश्चित प्रमाण नहीं मिलता कि समुद्रगुप्त पश्चिम में इतनी दूर तक गया था, इसलिए यही बेहतर है कि गंजाम या विशाखापट्टम के कोठूर को ही प्राचीन कोट्टूर माना जाय (पा. हि. ऐं. इ. ४ ४५३)।

पल्लव राज्य तक, शायद मद्रास के शहर से भी आगे तक, पहुँच गया था।[1] समुद्रगुप्त ने इन दक्खिनी राज्यों के शासकों को हराकर कैद किया था। लेकिन बाद में सम्भवतः उन्हें मुक्त करके निजी सामन्तों की हैसियत से अपनी-अपनी रियासतों पर हुकूमत की इजाजत दे दी थी।[2]

समुद्रगुप्त की दिग्विजय में शायद और भी कुछ सामरिक अभियान शामिल हैं, लेकिन इस सम्बन्ध में हम निश्चित कुछ भी नहीं कह सकते। फिर भी, इतना तो स्पष्ट है कि पच्छिमी और उत्तर-पच्छिमी भारत के शक्तिशाली राजा तक, मिसाल के लिए पच्छिमी मालवा या काठियावाड़ में राज्य करने वाला शक राजा और पच्छिमी पंजाब और अफगानिस्तान का कुषाण (या राजे) जो देवपुत्र-शाहि-शाहानुशाहि कहलाते थे, समुद्रगुप्त का प्रभुत्व मानते थे।[3] समुद्रगुप्त से उनके सम्बन्धों का वर्णन करने वाला पद्यांश कुछ अस्पष्ट और अनिश्चित है, किन्तु यह सही माना जा सकता है कि वे लोग महान सम्राट के कृपापात्र बनने के लिए उसके दरबार में स्वयं हाजिर होते थे, उससे अपनी बेटियों के विवाह का प्रस्ताव करते थे और सम्राट के सिक्के अपने यहाँ चलाने की इजाजत माँगते थे या आवेदन करते थे कि शाही फरमान जारी करके उन्हें अपने-अपने क्षेत्र का स्वामित्व सौंपा जाय। उनमें जी-हुजूरी की यह प्रवृत्ति सामरिक पराजय का परिणाम थी या उससे भी बड़े किसी दुर्भाग्य से बचने के लिए यह केवल एक कूटनीतिक दिखावा भर था, नहीं कहा जा सकता। कुषाण किस्म के कुछ सिक्कों पर समुद्र और चन्द्र अंकित मिले हैं और पच्छिम के कुछ शक राजा गुप्त किस्म के सिक्के इस्तेमाल करते थे। जाहिर है कि वास्तव में सीमान्त के राज्यों पर भी, जो अभी तक विदेशी शासकों के हाथ में थे, गुप्त सम्राटों का कुछ हद तक प्रभुत्व हो चला था। समुद्रगुप्त सम्बन्धी अभिलेखों में शक और कुषाण राजाओं के साथ उसके सम्बन्धों का जो जिक्र है, उसे भी बिल्कुल निराधार नहीं मानना चाहिए।

---

१. श्री साथियानाथैयर (पू. पु.) तथा कुछ दूसरे विद्वान महाकान्तार की काँकर और बस्तर से, केरल की चेरल से (पूर्वी गोदावरी जिले में नुगुर तालुक), कोट्टूर की टूनी (पूर्वी गोदावरी जिला) के निकट के कोट्टुरु से, एरण्डपल्ल की पच्छिमी गोदावरी जिले के चेन्तलपुडि तालुक में एर्रगुण्टपल्ल से और देवराष्ट्र सतारा जिले की खानपुर तहसील में स्थित इसी नाम के स्थान से शिनाख्त करते हैं। साधारणतया स्वीकृत मत के विपरीत उनका कहना है कि समुद्र गुप्त उड़ीसा, गंजाम और विशाखापट्टम से नहीं गुजरा, बल्कि वह सबसे पहले पूर्वी समुद्रतट पर स्थित पिष्टपुर (पिठापुरम) पहुँचा और उसने पच्छिमी-दक्खिन पर भी विजय प्राप्त की।

२. जे. डुब्रिउल की राय है (पू. पु. पृ. ६०-६१) कि समुद्रगुप्त जब कृष्णा नदी तक बढ़ता गया तो वहाँ उसे पूर्वी दक्खिन के राजाओं के संघ का मुकाबला करना पड़ा। वहाँ से खदेड़ दिये जाने पर उसने उड़ीसा के समुद्रतट पर जीते हुए प्रदेश भी छोड़ दिए और घर वापस लौट गया। यह उनकी कपोल कल्पना है जो इलाहाबाद के अभिलेख में दिए गए स्पष्ट वक्तव्यों से सीधे खंडित हो जाती है।

३. ब्यौरे के लिए देखिए परिच्छेद-७।

३. श्रीलंका के साथ राजनीतिक सम्बन्ध

इस अभिलेख में सुदूर सिंहल (लंका) तथा अन्य द्वीपों तक को शकों और कुषाणों की तरह अधीन राज्यों के वर्ग में रखा गया है। अगर हम यह बात याद रखें कि सिंहल तथा हिन्द महासागर के अन्य द्वीपों में भारतीयों के उपनिवेश थे और उन पर गुप्त संस्कृति की गहरी छाप भी है, तो यह बात नामुमकिन नहीं लगती कि उनमें से कुछ द्वीपों ने मुख्य भूमि के सबसे बड़े और शक्तिशाली साम्राज्य से सम्बन्ध स्थापित किये हों और कीमती उपहार भेजकर या किसी और प्रकार से अपना आदर प्रकट करके उसके महान सम्राट को खुश रखना राजनीतिक दृष्टि से उपयोगी समझा हो। इसलिए, **प्रशस्ति** में इन सारे द्वीपों के शासकों की ओर से अर्पित की गई श्रद्धांजलि को केवल आलंकारिक मानकर अस्वीकार नहीं किया जा सकता। बल्कि सम्भव है कि यह उनके वास्तविक सम्बन्ध पर आधारित हो, हालाँकि इससे अधिक उसके सही रूप का निर्णय नहीं किया जा सकता।

जहाँ तक सिंहल द्वीप की बात है, सौभाग्य से हमारे पास समुद्रगुप्त से उसके राजनीतिक सम्बन्ध का स्वतंत्र प्रमाण भी है। एक चीनी ग्रन्थांश से हमें ज्ञात होता है कि सिंहल के राजा मेघवर्ण (३५२-३७९ ई०) ने दो भिक्षुओं को बोधगया के पवित्र स्थानों की यात्रा करने के लिए भेजा था, लेकिन वहाँ पर ठहरने का उचित प्रबन्ध न होने के कारण उन्हें बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। अतः सिंहल के भावी यात्रियों की कठिनाइयों को दूर करने के लिए मेघवर्ण ने वहाँ पर एक बौद्ध विहार स्थापित करने का फैसला किया। उसने कीमती उपहार देकर समुद्रगुप्त के पास एक शिष्टमंडल भेजा और उससे बोधगया में सिंहली यात्रियों के लिए एक बौद्ध विहार और विश्राम गृह बनाने की अनुमति माँगी। समुद्रगुप्त ने खुशी से अनुमति दे दी और मेघवर्ण ने बोधि-वृक्ष के उत्तर में एक शानदार बौद्ध विहार का निर्माण कराया। ह्वेन-त्सांग के समय तक यह विहार एक भव्य संस्था के रूप में विकसित हो गया था। वहाँ १००० बौद्ध भिक्षु एवं श्रमण रहते थे। ह्वेन-त्साँग ने वहाँ की इमारतों की विशालता और कलात्मक सजावट का विस्तृत वर्णन किया है। इस बौद्ध विहार की स्थापना का पुराना इतिहास बताते हुए ह्वेन-त्साँग कहता है कि सिंहल का राजा "भारत के राजा को खिराज के रूप में अपने देश के सारे हीरे-जवाहर भेंट करता था।" सम्भव है कि समुद्रगुप्त के दरबारियों ने इन कीमती उपहारों को खिराज समझा हो और बौद्ध विहार बनाने की प्रार्थना को "शाही फरमान जारी करके अपने क्षेत्र का स्वामित्व सौंपा जाय" जैसा आवेदनपत्र समझा हो। समुद्रगुप्त की अधीनता स्वीकार करने वाले नरेश इसी रूप में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया करते थे, जिनमें सिंहल भी शामिल कर लिया गया है। इस श्रेणी में लगभग इसी आधार पर और भी राज्यों को शामिल किया जा सकता है। पड़ोसी राजाओं में अपनी बेटियों के पाणिग्रहण का प्रस्ताव करने की प्रथा सामान्य रूप से प्रचलित थी। समुद्रगुप्त की असाधारण कीर्ति को देखते हुए, यह असम्भव नहीं लगता कि पड़ोस के शक और कुषाण राजाओं ने उससे मैत्री करने की चेष्टा की हो और उसे स्वयं भेंट-मुलाकात से या विवाह-सम्बन्धों के जरिये

सुदृढ़ बनाने की कोशिश की हो। यह भी स्वीकार्य है कि गुप्त साम्राज्य की सीमा से बाहर स्थित कमजोर राज्यों के शासक समुद्रगुप्त के साथ राजनयिक सम्बन्ध रखते हों और जानबूझकर विभिन्न तरीकों से उसको खुश करने की कोशिश करते हों, जो उनके राजपद और समान स्थिति के लिए चाहे जितना अपमानजनक क्यों न हो, लेकिन इससे सिद्धान्ततः उनकी स्वतन्त्र हैसियत में कमी नहीं होती थी। फिर भी, जब तक अन्य स्पष्ट प्रमाण उपलब्ध न हों, जैसा उपर्युक्त शक और कुषाण राज्यों के बारे में हमारे पास हैं, तब तक यह मानना कठिन है कि ये सारे शासक किसी भी तरह खुलेआम गुप्त सम्राट की प्रभुता स्वीकार करते थे और समुद्रगुप्त के शाही फरमान द्वारा मान्यता पाकर ही अपनी रियासतों का उपभोग जागीरों के रूप में करते थे।

४. समुद्रगुप्त का साम्राज्य

उपर्युक्त विवेचन हमें समुद्रगुप्त के साम्राज्य के स्वरूप और विस्तार के सही-सही और ब्यौरेवार वर्णन का मौका देता है। ऐसे सही ब्यौरे प्राचीन भारतीय इतिहास में विरल हैं। उसके साम्राज्य के अन्तर्गत काश्मीर, पश्चिमी पंजाब, पश्चिमी राजस्थान, सिन्ध और गुजरात को छोड़कर सारा उत्तर भारत था। उसके अन्तर्गत छत्तीसगढ़ की उच्चभूमि और उड़ीसा शामिल थे। दूर दक्षिण में चिंगलपेट तक, सम्भवतः उससे भी आगे तक, पूर्वी समुद्र तट से लगा हुआ इलाका भी शामिल था। इन विशाल क्षेत्रों में उत्तर भारत के अधिकांश भाग पर, जिसकी सीमाएँ ऊपर निर्धारित की जा चुकी हैं, समुद्रगुप्त अपने राज-कर्मचारियों द्वारा सीधे शासन करता था। दक्षिण को छोड़कर और सब दिशाओं में यह इलाका करद राज्यों की एक शृंखला से घिरा था। इनके पार पश्चिम और उत्तर-पश्चिम में शक और कुषाण मंडल थे। इनमें से शायद कुछ गुप्त साम्राज्य की प्रभुता स्वीकार करते थे, लेकिन इसमें कोई सन्देह नहीं कि वे सब उसके प्रभाव-क्षेत्र में आते थे। दक्षिण के पूर्वी समुद्र तट की रियासतें और कृष्णा नदी के पार तमिल देश का पल्लव राज्य भी सामन्तीय ही थे, जबकि सिंहल तथा हिन्द महासागर या हिन्देशिया के अन्य द्वीपों के राजे गुप्त सम्राट के प्रति विनम्र और सम्मानपूर्ण दृष्टिकोण रखते थे। इस प्रकार इलाहाबाद **प्रशस्ति** के शब्दों में सारी पृथ्वी समुद्रगुप्त की बलवान भुजाओं में बँधी हुई थी।

यह मत उचित है कि समुद्रगुप्त के साम्राज्य का सुदृढ़ीकरण एक निश्चित सोची-विचारी नीति पर चलने का परिणाम था। सम्भव है कि वह एक अखिल भारतीय साम्राज्य स्थापित करने की राजनीतिक दूरदृष्टि से प्रेरित हुआ हो, लेकिन फिर शीघ्र ही उसे अहसास हो गया हो कि तत्काल सारा देश तो दूर, उसके अधिकांश भाग पर भी सीधा शासन कायम करने का विचार अव्यावहारिक होगा। इसलिए उसने पहले अड़ोस-पड़ोस के राज्यों का दमन करके एक केन्द्रीय राज्यक्षेत्र कायम किया, जिसका शासन सीधे उसके नियन्त्रण में था। इस प्रकार उसने एक ऐसी साम्राज्यिक सत्ता कायम की, जो इतनी शक्तिशाली थी कि छोटी-छोटी रियासतों की विघटनात्मक प्रवृत्तियों से

भारत की आन्तरिक शान्ति को भंग होने से रोक सकी। लेकिन उसने अपनी सीमा से बाहर के सारे राज्यों को सीधे अपने नियन्त्रण में लेने की कोशिश नहीं की। ऐसा करने से उसकी सारी शक्ति ही खर्च नहीं होती, बल्कि इसके गम्भीर और खतरनाक परिणाम भी निकल सकते थे। जैसा कि हर युग के भारतीय इतिहास से जाहिर है, सीमान्त की रियासतों को हराकर जीत लेना मुश्किल काम है और जीत लेने के बाद उन्हें अपने अधिकार में रखना और भी ज्यादा मुश्किल है। तावेदारी की नीति से उन्हें हमेशा के लिए अपना दुश्मन बना लेने के बजाय—यह नीति केन्द्रीय प्रदेश के एक सीमित क्षेत्र में ही बरती गयी थी—उसने समझौते और मेलमिलाप की नीति पर चलकर धीरे-धीरे उन्हें अपने अनुकूल बनाने की कोशिश की। उसने उन्हें आन्तरिक मामलों में पूरी स्वायत्तता दी, केवल भारतीय राजनीति में किसी प्रकार की कलह या फूट पैदा करने की राजनीतिक सुविधा से वंचित कर दिया। शायद पश्चिमी सीमान्त के राज्यों को भी मध्यवर्ती राज्यों के रूप में कायम रखा गया था, ताकि विदेशी आक्रमणकारियों के विरुद्ध साम्राज्य की प्रतिरक्षात्मक शक्ति मजबूत रहे। यह समुद्रगुप्त के उत्तराधिकारियों का दायित्व था कि वे उसकी रखी ठोस बुनियादों पर साम्राज्य का विस्तार करें। साम्राज्य की स्थिति मजबूत बनाने के बाद, केन्द्रशासित प्रदेश, पूरब और पच्छिम दोनों दिशाओं में, धीरे-धीरे बढ़ाया गया, जिससे समूचे उत्तर भारत पर, चटगाँव से लेकर काठियावाड़ तक, गुप्त सम्राट द्वारा नियुक्त गवर्नर (अधिपति) शासन करने लगे।

५. समुद्रगुप्त का व्यक्तित्व

समुद्रगुप्त का विशाल साम्राज्य अनेक वर्षों के सामरिक अभियानों का परिणाम था। हमारे पास इन अभियानों का कोई खास या ब्यौरेवार विवरण नहीं है, और यह मान लेने की भी जरूरत नहीं है कि जिन रियासतों को उसने हथियाकर अपने राज्य में मिला लिया था या जिन्हें अपने अधीन करके वह कर वसूलता था, उन सबसे अलग-अलग युद्ध भी किया था। फिर भी उसका प्रभुत्व मानने वाले राज्यों की विशाल संख्या को स्मरण कर हमारे हृदय में उसकी वीरता और सामरिक प्रतिभा के प्रति प्रशंसा का भाव पैदा न होना असम्भव है। उत्तर भारत के नौ राज्यों का नामोनिशान तक मिटा देने के लिए उसमें असाधारण साहस और सामरिक कौशल का होना जरूरी था। दक्खिन में, केन्द्र से इतने सुदूर प्रदेशों तक और इतने अज्ञात और अशरण्य जंगली प्रदेशों में अभियान चलाना उच्चकोटि के नेतृत्व और संगठन की क्षमता के बगैर संभव नहीं था। पूर्व के समुद्री तट के साथ-साथ आगे बढ़ते जाने का कारण यह भी हो सकता है कि भूमि पर उसकी फौजी कार्रवाइयों में उसका समुद्री बेड़ा भी सहायक था। समुद्र में स्थित अनेक द्वीपों पर उसके अधिकार से ही यह ध्वनित होता है कि उसके पास समुद्री बेड़ा जरूर था। उसने अश्वमेध यज्ञ किया था। समुद्रगुप्त से पहले या बाद के किसी भी इतिहासकालीन भारतीय शासक के लिए अपनी सार्वभौमिक प्रभुसत्ता मनवाने के लिए

इस परम्परा-मान्य यज्ञ के आयोजन का इतना अधिक औचित्य नहीं रहा। वी० ए० स्मिथ ने उसे "भारतीय नैपोलियन" माना है, जो सर्वथा ठीक है।

सेनापति और राजनेता, दोनों रूपों में प्रखर प्रतिभाशाली समुद्रगुप्त में हृदय और मस्तिष्क के ऐसे अनेक गुण भी थे, जो जीवन के शान्तिपूर्ण कार्यकलाप के लिए अधिक उपयोगी होते हैं। इलाहाबाद शिलालेख के अनुसार वह विद्या का महान् संरक्षक ही नहीं बल्कि स्वयं भी एक महान् कवि और संगीतकार था। उसकी काव्य रचनाएँ, जिनके कारण उसे "कवि सम्राट" की उपाधि मिली थी, सुरक्षित नहीं रह सकीं, लेकिन हमें उसके संगीत प्रेम का एक आकर्षक साक्ष्य उपलब्ध है। उसके चलाये हुए सोने के सिक्कों में कुछ ऐसे हैं, जिसमें यह महान् सम्राट एक चौकी पर पालथी लगाये अपने घुटनों पर रखी वीणा बजाता हुआ दिखाया गया है। इन अनूठे किस्म के सिक्कों पर सम्राट की आकृति निस्सन्देह वास्तविक जीवन से ली गयी है और यह इस बात का प्रमाण है कि उसे संगीत से असामान्य प्रेम था और वह उसमें निपुण भी था। इस राजकीय अभिलेख में उसके व्यक्तिगत गुणों की जो प्रशस्तियाँ हैं वे मात्र रूढ़िगत या दरबारी प्रशंसाएँ नहीं, बल्कि वास्तविकता पर आधारित हैं।[1] बौद्ध अभिलेखों से ज्ञात होता है कि एक गुप्त राजा साहित्य का महान् संरक्षक था और उसने प्रसिद्ध बौद्ध विद्वान् वसुबन्धु को अपना मन्त्री नियुक्त किया था। वसुबन्धु की तारीख निश्चित रूप से ज्ञात नहीं है, लेकिन अगर उसकी मृत्यु चौथी शताब्दी ईसवी के मध्य में हुई, जैसा आमतौर पर माना जाता है,[2] तो हमें यह मान लेना चाहिए कि समुद्रगुप्त ही उसका संरक्षक था। इससे यह प्रकट होता है कि वह वास्तव में साहित्य का संरक्षक था, जिसका इलाहाबाद के शिलालेख में विशेष रूप से हवाला दिया गया है। इस अभिलेख में उसकी दानशीलता और दयालुता पर भी जोर दिया गया है। हमें बताया गया है कि उसकी दानशीलता ने श्रेष्ठ कविता और समृद्धि के सनातन अन्तर्विरोध को मिटा दिया था और उसने पराजित नरेशों को उनकी धन-सम्पत्ति लौटा दी थी। समुद्रगुप्त धार्मिक विधि-विधानों का पालन करता था, धार्मिक ग्रन्थों में उसकी पूरी आस्था थी। वह सनातन ब्राह्मण धर्म का अनुयायी था और उसने ब्राह्मणों को लाखों गायें दान में दी थीं। कहा जाता है कि उसने

---

१. डा. राधाकुमुद मुखर्जी ने समुद्रगुप्त के शिलालेखों और सिक्कों पर अंकित प्रशस्तियों के आधार पर "समुद्रगुप्त की बहुमुखी प्रतिभा और चरित्र" का सविस्तार विवेचन किया है इ. क. (ix ७७)। लेकिन उनमें प्रयुक्त अभिव्यक्तियों को बिना जाँचे-परखे बिल्कुल सत्य मान लेना सर्वथा उचित नहीं होगा।

२. तकाकासु के अनुसार वसुबन्धु का जीवन-काल लगभग सन् ४२० से ५०० ई. था। (ज. रा. ए. सो १९०५, पृ. ४३ प. पृ.) इसके विपरीत एम. पेरी ने दावा किया (बु. ल. फ्रा. द. ओ. xi ३३९ प. पृ.) कि वसुबन्धु चौथी शताब्दी ई० में हुआ था और चौथी शताब्दी के मध्य के कुछ बाद ही उसकी मृत्यु हो गयी थी। यही मत आमतौर पर ठीक माना जाता है। तकाकासु ने इसका विरोध किया और फिर अपने पुराने मत की पुष्टि की। (इंडियन स्टडीज् इन ऑनर आफ सी. वी. रमन, पृ. ७९ प. पृ) तत्सम्बन्धी अन्य मतों के लिए देखिए अ. हि. इ. ३, ३२८ प. पृ.।

अश्वमेध यज्ञ की परम्परा को पुनर्जीवित किया था, जो बहुत दिनों पहले ही बन्द हो चुकी थी। हो सकता है कि यह वक्तव्य बिलकुल सही न हो, क्योंकि उसके काल से कुछ पहले तक भारतीय राजा-महाराजा अश्वमेध यज्ञ करते आये थे। लेकिन इसमें कोई सन्देह नहीं कि उसके राज्यकाल में ब्राह्मण-धर्म की प्राचीन महिमा और प्रभाव को पुनर्जीवन मिला जो अशोक के समय से, जब उसने बौद्ध मत को भारत का प्रमुख धर्म घोषित किया, क्षीण हो चला था। नव-ब्राह्मणवाद का यह सिद्धान्त कि "राजा मानव रूप में एक महान देवता होता है," इलाहाबाद के अभिलेख में प्रतिफलित है। उसमें किये गये वर्णन के अनुसार समुद्रगुप्त "पृथ्वी पर निवास करने वाला देवता है, जो मर्त्यलोक का वासी होने के कारण ही मानव धर्मों और रीतिरिवाजों का पालन करता है।"

इसमें सन्देह नहीं कि समुद्रगुप्त का व्यक्तित्व असाधारण और अद्वितीय-प्राय था, और उसने भारत के इतिहास में एक नये युग का समारम्भ किया। इसलिए उसकी विक्रमांक[१] उपाधि भी बिलकुल ठीक ही थी। स्पष्ट है कि समुद्रगुप्त ने पुराण प्रसिद्ध राजा विक्रमादित्य के अनुकरण पर ही ऐसा किया था। उसके द्वारा जारी किये गये अनेक प्रकार के सोने के सिक्के उसके जीवन और शासनकाल के विलक्षण स्मारक चिह्न हैं। वे न केवल उसके साम्राज्य की शक्ति, समृद्धि और वैभव का संकेत देते हैं, बल्कि हम उनसे समुद्रगुप्त की शक्ल-सूरत का अन्दाज भी लगा सकते हैं और उसके असाधारण व्यक्तित्व को समझने की अन्तर्दृष्टि भी पाते हैं। तीन प्रकार के सिक्के उसे सैनिक वेशभूषा में प्रदर्शित करते हैं। एक सिक्के में वह पूरे लिबास में, हाथों में तीर कमान लिये खड़ा है, और उसके किनारे पर यह प्रशस्ति अंकित है, "पृथ्वी की दिग्विजय के उपरान्त, यह अपराजेय सम्राट अपने सुकृत्यों द्वारा स्वर्गलोक पर भी विजय प्राप्त करता है।" एक दूसरे सिक्के में वह हाथ में परशु लिये खड़ा है और उस पर अंकित प्रशस्ति भी सर्वथा उपयुक्त है: "हाथ में कृतान्त (यमराज) का परशु धारण करने वाला, अविजित राजाओं को पराजित करने वाला, अपराजेय विजेता।" तीसरे सिक्के में राजा को पगड़ी और धोती पहने दिखाया गया है। वह दायें हाथ में धनुष लिये और बायें हाथ से कान तक प्रत्यंचा खींचे खड़ा है, और अपने पैरों के नीचे एक बाघ या चीते को कुचल रहा है, जो तीर की चोट खाकर पीछे की ओर गिरते हुए दिखाया गया है। प्रशस्ति में हवाला दिया गया है कि राजा के शरीर में व्याघ्र जैसा शौर्य था।" साफ जाहिर है कि राजा की ये आकृतियाँ वास्तविक जीवन से ली गयी हैं। चौथे सिक्के पर अंकित आकृति भी, जिसका जिक्र हम पहले कर चुके हैं, और जिसमें राजा धोती पहने वीणा बजा रहा है, दैनन्दिन जीवन से ही ली गयी है। इस किस्म के सिक्कों पर सिर्फ समुद्रगुप्त का नाम है, उसकी सैनिक विजयों का कोई उल्लेख नहीं है। पाँचवें प्रकार का सिक्का अश्वमेध यज्ञ की स्मृति में जारी हुआ था। इन सिक्कों के एक

---

१. इसका अनुमान "श्री विक्रमह" की उस प्रशस्ति से है जो हाल में प्राप्त उसके एक सिक्के पर अंकित है (ज. नु. सो. इ. v १३६)। लेकिन कुछ विद्वान् इस अनुमान को सही नहीं मानते।

तरफ एक चंचल घोड़ा बलि के खम्भे के सामने खड़ा प्रदर्शित है और उलटी तरफ सम्राज्ञी की आकृति अंकित है। इस प्रकार के सिक्कों पर अंकित प्रशस्ति इस प्रकार है: "महाराजाधिराज, जिसने अश्वमेध यज्ञ किया, पृथ्वी की रक्षा करने के उपरान्त स्वर्ग पर विजय पाता है।" इस प्रकार ये पाँच तरह के सिक्के राजा की सामरिक तथा शान्तिपूर्ण अभिरुचियों के प्रतीक हैं। सिक्कों पर अंकित आकृति द्वारा राजा की शक्ल-सूरत का जो अन्दाज हो सकता है, वह अन्य प्रकार से बनी धारणा के अनुरूप ही है : लम्बा कद, पुष्ट देह, बलिष्ठ गठीली भुजाएँ और चौड़ी छाती।

समुद्रगुप्त के सोने के सिक्कों की कारीगरी गुप्तकाल में कला की आश्चर्यजनक प्रगति की मिसाल है। इसीलिए इस काल को भारत का श्रेण्य (क्लासिक) युग कहना सर्वथा उपयुक्त है। प्राप्त सामग्री के आधार पर समुद्रगुप्त के बारे में यह कहा जा सकता है कि वह उस आनेवाले युग की भौतिक और बौद्धिक शक्ति का प्रतीक था, जिसे अधिकांशतः उसने स्वयं सिरजा था। उसके सिक्कों और उत्कीर्ण लेखों से हमारी कल्पना में एक ऐसे स्वस्थ और बलिष्ठ शरीरवाले राजा की शक्ल उभरती है, जिसकी सांस्कृतिक उपलब्धियाँ उसकी शारीरिक शक्ति और पराक्रम के अनुरूप थीं, और जिनसे आर्यावर्त (उत्तरी भारत) में एक नये युग का प्रवर्त्तन हुआ था। पाँच शताब्दियों के राजनीतिक विघटन और विदेशी आधिपत्य के बाद भारत फिर नैतिक, बौद्धिक और भौतिक प्रगति के शिखर पर पहुँचा था। यही वह स्वर्ण युग था जिसने आनेवाली भारतीय पीढ़ियों को प्रेरणा दी और जो एक साथ ही उनके आदर्श और निराशा का केन्द्र बना।

सम्भवतः समुद्रगुप्त ने काफी लम्बे समय तक राज किया। सन् ३८० ई० में या उससे कुछ पूर्व ही उसकी मृत्यु हुई। पर उसके राज्यारोहण की तारीख ठीक से निश्चित नहीं की जा सकती। अगर उसने गुप्त संवत् का प्रवर्त्तन किया था, तो वह अवश्य ही सन् ३२० ई० में गद्दी पर बैठा होगा। लेकिन यदि, जैसा आमतौर पर माना जाता है, गुप्त संवत् का प्रवर्त्तन उसके पिता के राजतिलक की स्मृति में किया गया था, तो समुद्रगुप्त के राज्यारोहण की तारीख सन् ३४० या ३५० ई० मानी जा सकती है। कुछ विद्वान् इस तिथि का अनुमान सन् ३२५ और ३३५ ई० के बीच करते हैं। लेकिन चन्द्रगुप्त का राज्यकाल इतना स्वल्प था कि ऐसा मानने की कोई संगति नजर नहीं आती।[1]

---

१. यह कम विचित्र नहीं लगता कि वे लोग भी, जो चन्द्रगुप्त के राज्यारोहण की तारीख ३२० ई. मानते हैं और कुमारदेवी से उसका विवाह इस तारीख के बाद होना बताते हैं, समुद्रगुप्त के राज्यारोहण की तारीख ३२५ और ३३५ ई. के बीच स्वीकार करने में संकोच नहीं करते (देखिए पा. हि. ऐं. इ. ४ ४४५, ४४७)। पर तब तो राज्यारोहण के समय समुद्रगुप्त की आयु ४ या १४ वर्ष के बीच में रही होगी, और यह विश्वास करना कठिन लगता है कि उसके पिता ने इतनी छोटी आयु के बालक को अपना उत्तराधिकारी चुना था, जबकि राजगद्दी के अनेक दूसरे दावेदार मौजूद थे।

परिच्छेद : ३

साम्राज्य का विस्तार और सुदृढ़ीकरण

१. रामगुप्त

गुप्त वंश के आगामी इतिहास का वर्णन करने से पहले हमें उस विचित्र घटना पर विचार कर लेना चाहिए जो समुद्रगुप्त की मृत्यु के तुरत बाद ही घटित हुई बतायी जाती है। विशाखदत्त के नाटक **देवी चंद्रगुप्त** का कथानक इसी घटना पर आधारित है। अभी इस नाटक की कोई प्रति उपलब्ध नहीं है, लेकिन दूसरी पुस्तकों में उद्धृत इसके अवतरणों से हमें उसमें वर्णित घटनाओं की एक झलक मिल जाती है। परवर्ती काल की कुछ साहित्यिक कृतियों और शिलालेखों में भी इन अवतरणों के अनुपूरक हवाले प्राप्त होते हैं। इन सबको जोड़कर हम इस नाटक की मूल कथावस्तु को इस प्रकार पुनर्गठित कर सकते हैं :

"समुद्रगुप्त के बाद उसका पुत्र रामगुप्त गद्दी पर बैठा। रामगुप्त की रानी का नाम ध्रुवदेवी था। शक राजा से युद्ध करते हुए रामगुप्त दुश्मन की फौज से इस तरह घिर गया और ऐसी कठिन स्थिति में पड़ गया कि उसे अपनी प्रजा की रक्षा के लिए शक राजा को अपनी रानी ध्रुवदेवी को समर्पित करने के लिए राजी होना पड़ा। उसके छोटे भाई चन्द्रगुप्त ने इस अपमानजनक कृत्य के खिलाफ प्रतिवाद किया और यह प्रस्ताव रखा कि ध्रुवदेवी के छद्मवेश में वह दुश्मन के शिविर में जाकर शक राजा की हत्या करेगा। यह चाल कामयाब हो गयी और चन्द्रगुप्त ने साम्राज्य और उसके गौरव की रक्षा की। इस घटना ने सर्वसाधारण और ध्रुवदेवी की नजर में चन्द्रगुप्त को बहुत ऊंचा उठा दिया और इसी अनुपात में रामगुप्त का चरित्र और सम्मान उनकी नजर में गिर गया। दोनों भाइयों में मनमुटाव पैदा हो गया और शायद बड़े भाई की ओर से अपनी जान खतरे में देखकर चन्द्रगुप्त ने पागल हो जाने का बहाना किया। आखिरकार, किसी अज्ञात उपाय से वह रामगुप्त की हत्या करने में सफल हो गया और न केवल उसने राजगद्दी पर ही कब्जा किया बल्कि उसकी विधवा रानी से भी विवाह कर लिया।"

इस विचित्र रोमान्टिक घटना को किस हद तक ऐतिहासिक समझा जाए, इसका निर्णय करना कठिन है। गुप्तकालीन अभिलेखों में रामगुप्त का कहीं उल्लेख नहीं मिलता और उनसे जाहिर होता है कि चन्द्रगुप्त द्वितीय अपने पिता समुद्रगुप्त के बाद तुरत गद्दी पर बैठा था। हमारे पास गुप्त काल के बहुत से सिक्के हैं, लेकिन उनमें से किसी पर भी

रामगुप्त का नाम अंकित नहीं है।[१] इन तथ्यों से स्वभावतः रामगुप्त नाम के किसी राजा का कभी कोई अस्तित्व था, यह भी सन्दिग्ध लगता है। और इस कहानी में कुछ ऐसे तत्त्व हैं, जिन्हें सबल और असंदिग्ध प्रमाण के बिना स्वीकार करना कठिन है। राज हथियाने के लिए भाई की हत्या करना असाधारण घटना नहीं है, किन्तु राजहन्ता के साथ भाई की विधवा रानी का विवाह हमारी नैतिक और सामाजिक शिष्टाचार सम्बन्धी मान्यताओं के प्रतिकूल है। इसके अलावा, यह मानना भी कठिन है कि समुद्रगुप्त के शक्तिशाली साम्राज्य का उत्तराधिकारी किसी भी शक-राजा द्वारा इतनी बुरी तरह परास्त हो गया था कि उसके सामने अपनी सेना या राज्य को बचाने का कोई चारा ही नहीं रहा या कि किन्हीं भी विपरीत परिस्थितियों में फँसकर वह एक ऐसा कृत्य करने के लिए राजी हो गया, जो किसी भी देश या युग में अत्यन्त जघन्य समझा जाता। इन बातों को ध्यान में रखते हुए, यह विश्वास करना कठिन है कि इस नाटक का कोई ऐतिहासिक आधार है। इसके विपरीत इस बात के स्वतन्त्र प्रमाण उपलब्ध हैं कि इस तरह की परम्परा सातवीं शताब्दी के करीब मौजूद ही नहीं थी, बल्कि सारे देश में व्यापक रूप से मान्य हो चुकी थी, इसलिए हम इसे कपोलकल्पित कहकर तिरस्कृत भी नहीं कर सकते। इसलिए हमें रामगुप्त की ऐतिहासिक पात्रता के बारे में अपने निर्णय को स्थगित रखकर उसके विचित्र किन्तु घटनापूर्ण शासन काल को नजर अन्दाज कर देना चाहिए।[२]

२. चन्द्रगुप्त द्वितीय

समुद्रगुप्त कई बेटे और पोते छोड़कर मरा था। लेकिन हमें निश्चित रूप से उसके केवल एक ही बेटे का नाम मालूम है, जो उसकी पटरानी दत्तदेवी से पैदा हुआ था। पितामह के नाम पर उसका नाम चन्द्रगुप्त द्वितीय रखा गया था, लेकिन उसका नाम देवगुप्त भी था, जिसके अन्य रूप देवराज और देवश्री आदि थे। हमें उसकी दो रानियों,

---

१. इस बात का उल्लेख किया जा सकता है कि रामगुप्त के कुछ सिक्के (चौथी शताब्दी ई.) हाल में भिलसा के निकट तथा कुछ और स्थानों पर मिले हैं (ज. नु. सो. इ. XII, १९३ प. पृ.)। हो सकता है कि यह रामगुप्त मालवा का कोई स्थानिक राजा रहा हो।

२. इस प्रश्न पर अनेक विद्वानों ने विचार-विमर्श किया है, उनमें से निम्न के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं :

एस. लेवी (ज. ए. CCIII, १९२३, पृ० २०१ प. पृ.), आर. सरस्वती (इ. ए., LII,१९२३, पृ. १८१ प. पृ.), अ. स. अल्टेकर (ज. बि. ओ. रि. सो., XIV, २२३ प. पृ., XV, १३३ प. पृ.), आर. डी. बनर्जी (ए. इ. गु., २६ प. पृ.), डा. डी. आर. भंडारकर (मालवीय कमेमोरेशन वाल्यूम १८९ प. पृ.), का. प्र. जायसवाल (ज. बि. ओ. रि. सो., XVIII, १७ प. पृ.), विंटरनित्स (आयंगार कमेमोरेशन वाल्यूम, ३५९ प. पृ), स्टैन कोनो (ज. बि. ओ. रि. सो. XXIII, ४४४ प. पृ.), वी. वी. मीरासी (इ. हि. क्वा. X, ४८ प. पृ.; इ. ए. LXII, २०१ प. पृ.); एन. दास गुप्ता (इ. क. IV, २१६ प. पृ.); विभिन्न मतों के विस्तृत विवेचन के लिए पढ़िए न्यू. हि. इ. पी. परि. VIII, खण्ड १।

ध्रुवदेवी और कुबेरनागा, के नाम ज्ञात हैं। उसके नाम के पहले "परमभागवत" विशेषण के प्रयोग से स्पष्ट है कि वह वैष्णव धर्म का कट्टर अनुयायी था।

कुछ लोगों का मत है कि समुद्रगुप्त ने स्वयं चन्द्रगुप्त द्वितीय को अपना उत्तराधिकारी चुना था। लेकिन यह मत एक वाक्यांश की सन्दिग्ध व्याख्या पर आधारित है, अतः इसे सुनिश्चित नहीं माना जा सकता। ऊपर रामगुप्त सम्बन्धी जिस सन्देहात्मक घटना का विवेचन किया गया है, उसके अलावा ऐसा कोई प्रमाण नहीं है जिससे इस बात का संकेत मिलता हो कि समुद्रगुप्त की मृत्यु और चन्द्रगुप्त द्वितीय के राजतिलक में समय का कोई अन्तराल था।

सन् ३८० ई० के शिलालेख में चन्द्रगुप्त द्वितीय के शासकीय वर्ष का भी उल्लेख है, जिसे कुछ लोगों ने **प्रथम** (पहला) और दूसरे कुछ लोगों ने **पंचम** (पाँचवाँ) पढ़ा है। इसके अनुसार उसके राज्यारोहण की तिथि या तो सन् ३८० ई० होगी या सन् ३७६ ई०। दूसरी तिथि ही अधिक सम्भव लगती है। चन्द्रगुप्त द्वितीय की मृत्यु सन् ४१३ और ४१५ ई० के बीच हुई थी। इस प्रकार उसने लगभग तैंतीस साल से भी ज्यादा लम्बी अवधि तक राज किया था।

चन्द्रगुप्त द्वितीय को अपने पिता का रणकौशल विरासत में मिला था, और वह पश्चिम दिशा में एक विजय अभियान के लिए गया था। उसके मुख्य शत्रु गुजरात और काठियावाड़ प्रायद्वीप के शक राजा थे। इस अभियान का ब्यौरा तो मालूम नहीं है लेकिन ऐसे संकेत मिले हैं कि चन्द्रगुप्त द्वितीय को अपने सामन्तों और मंत्रियों समेत लम्बे काल तक मालवा में रहना पड़ा था। यह बात तीन शिलालेखों से सिद्ध है : पहला शिलालेख उसके "युद्ध और शान्ति मंत्री" वीरसेन का है, जो भिलसा के पास उदयगिरि पहाड़ी पर मिला है। दूसरा शिलालेख चन्द्रगुप्त के एक सामन्त सनकानीक **महाराज** का है। यह भी उसी स्थान पर मिला है और इस पर गुप्त संवत् ८२ (सन् ४०१-०२ ई०) की तिथि पड़ी है। तीसरा शिलालेख एक फौजी अफसर आम्रकार्दव का है, जो साँची में प्राप्त हुआ है, जिस पर गुप्त संवत् ९३ (सन् ४१२-१३ ई०) की तिथि है। चन्द्रगुप्त को इस अभियान में पूर्ण सफलता मिली थी। शक राजा रुद्रसिंह तृतीय को उसने परास्त ही नहीं किया था, बल्कि उसकी रियासत भी अपने राज्य में मिला ली थी। उसके सिक्के पर मिलने वाली तिथि शक संवत् की ३१० और ३१९ के बीच पड़ती है (उसका इकाई चिह्न मिट गया है)—अर्थात् सन् ३८८ और ३९७ के बीच। चन्द्रगुप्त द्वितीय ने शक मुद्राओं की नकल में गुप्त संवत् का जो सिक्का जारी किया था उसपर सबसे पहले की तारीख ९० + × है (इकाई का चिह्न मिट गया है) जो सन् ४०९ ई० के बाद पड़ती है। अतः चन्द्रगुप्त द्वितीय के पश्चिमी अभियान को हम ईसा की पाँचवीं शताब्दी के पहले दशक में रख सकते हैं। इसके परिणामस्वरूप तीन सौ वर्षों से भी ज्यादा लम्बे राज के बाद पश्चिमी शक क्षत्रपों की पाँत टूट गई और पश्चिमी भारत से विदेशी शासन के अन्तिम चिह्न भी मिट गये। यह बात असम्भाव्य नहीं है कि रामगुप्त सम्बन्धी

उपरोक्त उपाख्यान में शक राजा से चन्द्रगुप्त के युद्धों के जो साहित्यिक हवाले दिये गये हैं, उनमें इस विजय की ही अनुगूँज हो।

इस शानदार विजय से, गुप्त सम्राट ने भारत से उन विदेशियों का प्रभुत्व ही नहीं मिटा दिया, जो सबसे ज्यादा लम्बी अवधि तक यहाँ राज करते रहे थे, बल्कि उसने गुप्त साम्राज्य में काठियावाड़ और गुजरात के सम्पन्न प्रान्त भी मिला लिये। गुप्त साम्राज्य अब बंगाल की खाड़ी से लेकर अरब सागर तक फैल गया। बहुत दूर तक पश्चिमी दुनिया से होने वाला भारतीय व्यापार भी गुप्त साम्राज्य के नियंत्रण में आ गया और इस प्रकार उसका पाश्चात्य सभ्यता से निकट सम्पर्क स्थापित हो गया। चन्द्रगुप्त द्वितीय के कारनामे उज्जयिनी के राजा विक्रमादित्य की याद दिलाते थे, जिसके बारे में भारत के पुरावृत्त में कहा गया था कि उसने चार सौ साल पहले भारत-विजय करने वाले प्रथम शक राजाओं को हराकर देश से निकाल दिया था।[1] सम्भवतः इस पुराण-कथा-पुरुष के अनुकरण में ही चन्द्रगुप्त द्वितीय ने भी "विक्रमादित्य" उपाधि धारण की थी और यही शायद उसके पिता ने भी की थी। यह उपाधि सामरिक शौर्य के कारण ख्यात भारत के शक्तिशाली शासकों के लिए विशेष गौरव की निशानी बन गयी थी।

यह भी सम्भव है कि विक्रमादित्य नाम के साथ जुड़ी कुछ किंवदन्तियाँ, विशेषकर उसकी उदारता और विद्याओं का संरक्षण संकेतित करने वाली कथाएँ, इस ऐतिहासिक राजा के कारनामों से ही सम्बन्धित हों। यह विश्वास करने के लिए भी पर्याप्त सामग्री मिलती है कि प्रसिद्ध कवि कालिदास, जिसे विक्रमादित्य की राजसभा के नवरत्नों में से प्रधान माना जाता है, सचमुच चन्द्रगुप्त द्वितीय की राजसभा का कवि था। हालाँकि इन परम्पराओं से यह बात असंदिग्ध है कि कृतज्ञ भावी पीढ़ियों के मन में चन्द्रगुप्त के नाम के प्रति कितनी गहरी श्रद्धा रही है, फिर भी यह मान लेना संगत नहीं कि विक्रमादित्य की पुराण कथा मूलतः इसी ऐतिहासिक पुरुष के कारनामों पर आधारित थी। उसकी असन्दिग्ध लोकप्रियता के बावजूद इस दावे को सिद्ध करना कठिन है, हालाँकि उपर्युक्त कारणों से अनेक विद्वान् ऐसा भी मानते हैं।[2]

यह प्रायः निश्चित ही है कि चन्द्रगुप्त और भी कई सामरिक अभियानों में सफल रहा था। चन्द्रगुप्त के एक पुश्तैनी मन्त्री शाब ने अपने अभिलेख में कहा है कि सम्राट "दिग्विजय के लिए" निकला था। कहा जाता है कि उसके एक सेनापति आम्रकार्दव ने अनेक युद्धों में विजय प्राप्त कर अपार ख्याति प्राप्त की थी। किन्तु इन अभियानों के स्वरूप और परिणामों के बारे में हम निश्चित रूप से कुछ नहीं जानते। दिल्ली में कुतुबमीनार के पास एक लौहस्तम्भ पर किसी राजा चन्द्र के फौजी कारनामे उत्कीर्ण हैं। हालाँकि यह विश्वस्त रूप से प्रमाणित नहीं है कि यही राजा 'चन्द्र' दरअसल चन्द्रगुप्त

---

१. पीछे देखिए, जिल्द II, पृ १५४-५७

२. जिल्द II, पृ. १५६ प. पृ.; और भी देखिए अ. हि. इ. ४ ३२० प. पृ.

द्वितीय था, लेकिन अनेक विद्वान् ऐसा भी मानते हैं।[1] अगर हम दोनों को एक ही मान लें, तो हमें यह भी मानना होगा कि चन्द्रगुप्त द्वितीय ने अपने साम्राज्य की पूरबी और पच्छिमी सीमाओं से बाहर सफल सामरिक अभियान किये थे। उत्कीर्ण लेख के अनुसार उसने "वंग के विरोधी राजाओं के संघ को पराजित किया था और युद्ध करते हुए सिन्धु नदी की सात धाराएँ पार करके वाह्लिक राज्य को हराया था।" वंग से तात्पर्य पूर्वी बंगाल से है, लगभग वही समतट नामक प्रदेश, जो समुद्रगुप्त के साम्राज्य में सीमान्त का करद राज्य था। हमें ज्ञात नहीं कि बंगाल में कोई विद्रोह हुआ था या यह युद्ध चन्द्रगुप्त द्वितीय की शाही आक्रामक नीति का परिणाम था, जिसके अनुसार वह उस प्रदेश को अपने द्वारा सीधे प्रशासित राज्य में मिलाना चाहता था। जो भी हो, लेकिन सम्भवतः इस युद्ध के परिणामस्वरूप ही यह प्रदेश गुप्त साम्राज्य में आ गया था, क्योंकि हमें निश्चित रूप से ज्ञात है कि छठी शताब्दी के आरम्भ में इस प्रदेश का शासक एक गुप्त राजा ही था।

वाह्लिक दूसरा देश था, जिसे चन्द्रगुप्त द्वितीय ने "सिंधु नदी के सात मुहाने पार करके" जीता था। यह देश निश्चय ही हिन्दूकुश पर्वत के पार का बल्ख (बैक्ट्रिया) प्रदेश था। खेद की बात है कि किसी भी भारतीय राजा द्वारा देश की सीमा से बाहर किये गये इस एकमात्र उल्लिखित आक्रमण के बारे में हमें और कोई निश्चित विवरण नहीं मिलता। यहाँ भी, शायद, इस अभियान का उद्देश्य वही था, जो पूर्वी बंगाल पर आक्रमण का था। जैसा पहले बताया जा चुका है[2] इस प्रदेश पर राज करने वाले कुषाण राजाओं में से कुछ ने, समुद्रगुप्त का प्रभुत्व स्वीकार कर लिया था। इसलिए या तो उन्होंने विद्रोह का झंडा उठाया था या चन्द्रगुप्त उनके ऊपर अपने आधिपत्य का और भी अधिक सुदृढ़ आधार चाहता था। अगर हम दिल्ली के लौहस्तम्भ पर उत्कीर्ण चन्द्र की पहचान चन्द्रगुप्त द्वितीय से करें, तो हमें यह भी मानना होगा कि उसकी विजयी सेनाएँ पूरब में भारत की अन्तिम सीमाओं तक जा पहुँची थीं और पश्चिमोत्तर में हिन्दूकुश पार कर गयी थीं। और यदि हम यह भी याद रखें कि उसने पश्चिमी मालवा, गुजरात और काठियावाड़ के शक राज्यों को भी जीता था, तो इसमें कोई सन्देह नहीं कि चन्द्रगुप्त द्वितीय ने उत्तर भारत में गुप्त साम्राज्य की परिधि को हर दिशा में विस्तारित कर उसे देश की अन्तिम सीमा तक पहुँचा दिया था। इस प्रकार उसने अपने पिता द्वारा शुरू किये हुए काम को पूरा किया था।

चन्द्रगुप्त ने कुछ शक्तिशाली राज परिवारों से विवाह सम्बन्ध भी स्थापित किये थे। उसने नागवंश की राजकन्या कुबेरनागा से शादी की थी, जिससे उसकी बेटी प्रभावती गुप्ता का जन्म हुआ था। इस बेटी का विवाह वाकाटक नरेश रुद्रसेन द्वितीय से हुआ था।

---

१. चन्द्र की शिनाख्त और वाह्लिक (जिसे कुछ लोग ब्यास नदी की घाटी में, काश्मीर की सीमा पर स्थित बताते हैं) प्रदेश की स्थिति के सम्बन्ध में विभिन्न मतों का अध्ययन करने के लिए देखिए ज. रा. ए. सो. ब. ले. ix १७९ प .पृ.; उसमें दिए गए हवालों के अलावा देखिए ई. इ. XIV, ३६७; ज. आ. हि. रि. सो. X ८६; ज. इ. हि. XVI १३।

२. देखिए पृष्ठ ६-७।

नाग और वाकाटक राज्यों की भौगोलिक स्थिति ऐसी थी कि शक और कुषाण राजाओं के विरुद्ध अपने अभियान में चन्द्रगुप्त को उनसे बहुत बड़ी सहायता मिली होगी, जबकि उनका विरोध उसके लिए भारी तरद्दुद बन जाता। इसलिए यह सोचना निराधार नहीं होगा कि ये दोनों विवाह-सम्बन्ध जानबूझ कर, एक राजनीतिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए, किये गये थे।

कुन्तल के शक्तिशाली कदम्ब राजा काकुत्स्थवर्मन[1] के एक शिलालेख से हमें ज्ञात है कि उसकी बेटियाँ गुप्तों और दूसरे राजाओं को ब्याही गयी थीं। यह बिल्कुल स्पष्ट नहीं है कि कुन्तल राजकुमारी से चन्द्रगुप्त द्वितीय का विवाह हुआ था या उसके पुत्र का। लेकिन इससे एक तथ्य का फिर इशारा मिल जाता है कि आरम्भ से ही गुप्त राजाओं की यह नीति रही थी कि भारत के शक्तिशाली और प्रसिद्ध राज परिवारों के साथ विवाह सम्बन्धों द्वारा राजनीतिक सन्धियाँ कायम रखी जाएँ।

उसके पूर्वजों ने अब तक केवल सोने के सिक्के जारी किये थे, लेकिन चन्द्रगुप्त द्वितीय ने चाँदी और ताँबे के सिक्के भी चलाये। चाँदी के सिक्कों का सम्मुख भाग पश्चिमी क्षत्रपों के सिक्कों की नकल पर था। जाहिर है कि ये सिक्के उनसे जीते हुए प्रदेशों में चलाने के लिए ही जारी किये गये थे। लेकिन शक क्षत्रपों के सिक्कों के पृष्ठ भाग पर अंकित चैत्य की आकृति गरुड़ में बदल दी गयी। गरुड़ विष्णु का वाहन है, जिसकी आकृति कट्टर विष्णुभक्त समुद्रगुप्त के सिक्कों पर भी मिलती है। ताँबे के सिक्के कम से कम नौ किस्मों के थे। उन पर भी एक ओर सम्राट की आकृति है और दूसरी ओर गरुड़ की।

चन्द्रगुप्त के सोने के सिक्के अपने पिता के सिक्कों के समान ही श्रेष्ठ और शानदार हैं, और उनकी ही तरह उसके व्यक्तित्व और उसके शाही बल तथा वैभव पर प्रकाश डालते हैं। अपने पिता के सिक्कों में उसने कुछ ऐसे परिवर्तन किये, जो अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं। उसे चीते या बाघ की जगह सिंह का वध करते हुए दिखाया गया है और इस भेद को "**सिंह-विक्रम**" (सिंह का बल रखने वाला), मुद्रालेख से उभारा गया है। आमतौर पर अनुमान किया जाता है कि ये सिक्के गुजरात पर उसकी विजय के प्रतीक हैं, जहाँ के वनों में उन दिनों सिंहों की बहुलता थी। चौकी पर बैठी आकृति वाले सिक्कों में उसे अपने पिता की तरह वीणा-वादन करते हुए नहीं दिखाया गया है, बल्कि वह अपने हाथ में एक फूल पकड़े हुए है और मुद्रालेख में "**रूपाकृति**" शब्द अंकित है। इस नये किस्म की आकृति से स्पष्ट है कि वह बौद्धिक तथा शारीरिक श्रेष्ठता एवं कलात्मक अभिरुचि की दृष्टि से भी सम्पन्न था।

चन्द्रगुप्त द्वितीय ने कुछ नयी किस्म के सिक्के भी चलाये। एक में वह अपनी तलवार की मूठ पर बायाँ हाथ रखे खड़ा है और एक बौना अनुचर उसके सर पर छत्र लगाये खड़ा है—शायद यह उसके सार्वभौम प्रभुत्व के दावे का प्रतीक है।[2] एक और सिक्के में वह

---

१. काकुत्स्थवर्मन ही इस नाम का शुद्ध रूप है। वैसे कदम्बों के विवरणों में आमतौर पर इसको काकुस्थवर्मन लिखा गया है। हमने सर्वत्र शुद्ध रूप का ही प्रयोग किया है।

२. इ. हि. क्वा., xxiii ११३.

पूरी तरह सजे-धजे घोड़े पर सवार है। ये और सिंह के शिकार के दृश्य वाले सिक्के उसके व्यक्तिगत शौर्य और सामरिक शक्ति के उपयुक्त प्रतीक हैं, जो कि, जाहिर है, उस बौद्धिक और कलात्मक स्वभाव के प्रतिकूल नहीं है, जिसका संकेत चौकी पर हाथ में फूल थामे बैठी मुद्रा से मिलता है। एक सिक्के में, जो चन्द्रगुप्त द्वितीय का ही बताया जाता है, किन्तु जिसके बारे में सन्देह है, राजा को एक मूर्ति, संभवतः विष्णु की मूर्ति, के आगे दाहिना हाथ फैलाकर देवता के प्रसाद के रूप में मिठाई के तीन टुकड़े लेते हुए दिखाया गया है।[१]

चीनी यात्री फा-हिएन, जिसने चन्द्रगुप्त के राज्यकाल में सन् ४००-४११ ई० के बीच लगभग दस वर्षों तक भारत का भ्रमण किया था, इस देश के बारे में एक दिलचस्प दस्तावेज छोड़ गया है। दुर्भाग्य से, उसने भारत की राजनीतिक परिस्थितियों के बारे में कुछ नहीं लिखा है, यहाँ तक कि उसने इस महान् सम्राट के नाम तक का जिक्र नहीं किया, हालाँकि विशाल गुप्त अधिराज्य में भ्रमण करते हुए उसने कम से कम पाँच साल गुजारे थे। फिर भी यहाँ के लोगों के जीवन के बारे में उसने जो भी थोड़ा-सा लिखा है, वह अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। "मध्यवर्ती राज्य" के बारे में, जो चन्द्रगुप्त द्वितीय के अधिराज्य का केन्द्रीय भाग था, वह कहता है : "लोगों की संख्या बहुत बड़ी है और वे सुखी हैं। उन्हें अपनी जमीन-जायदाद दर्ज नहीं करानी पड़ती और न मजिस्ट्रेटों के यहाँ हाजिरी बजा कर उनके नियम-कानून पालने पड़ते हैं। सिर्फ उन लोगों को ही, जो सरकारी जमीन पर खेती करते हैं, अपनी पैदावार (सिर्फ एक हिस्सा) देनी पड़ती है। वे अगर उस जमीन को छोड़कर जाना चाहते हैं तो चले जाते हैं, अगर उस पर रहना चाहते हैं तो रहते हैं। सिर काटने या शारीरिक यन्त्रणा देने वाले (दूसरे) दण्डों के बिना ही राजा उन पर शासन करता है।" फा-हिएन ने कहीं भी उस अराजकता की ओर संकेत नहीं किया, जिसके कारण दो शताब्दियों के बाद ह्वेन-त्सांग को कई बार मुसीबतें उठानी पड़ी थीं। अपराधियों को दिये जाने वाले जिन नरम दण्डों का वह जिक्र करता है, वे दूसरे चीनी यात्री द्वारा उल्लिखित कठोर और निर्मम दण्डों से सर्वथा विपरीत हैं। कुल मिलाकर फा-हिएन के संक्षिप्त विवरण से चन्द्रगुप्त द्वितीय के साम्राज्य में व्याप्त सुख, शान्ति और समृद्धि का हमें थोड़ा सा अनुमान हो जाता है।

चन्द्रगुप्त द्वितीय के शासनकाल में गुप्त साम्राज्य का सुदृढ़ीकरण हुआ था। उस शानदार बौद्धिक पुनरुत्थान के बारे में, जो कला, विज्ञान और साहित्य के क्षेत्रों में अभूतपूर्व उत्कर्ष का परिचायक है और जो गुप्त काल की विशिष्ट उपलब्धि है, इस पुस्तक के अन्य भाग में विस्तार से लिखा गया है। लेकिन यह स्मरण रखना जरूरी है कि समुद्रगुप्त और चन्द्रगुप्त द्वितीय ही मुख्य रूप से इस युग के निर्माता थे। उनकी विजयों के फलस्वरूप ही वह व्यापक शान्ति स्थापित की जा सकी थी, जिसके परिवेश में संस्कृति और सभ्यता की प्रगति सम्भव हो सकी। अतः यह उचित ही है कि गुप्त राज को भारत का "स्वर्ण युग" या "क्लासिकी युग" के विशेषणों से अभिहित किया जाता है।

---

१. ज. नु. सो. इ. x. १०३

समुद्रगुप्त ने विजय-अभियान शुरू किया। उसके बेटे चन्द्रगुप्त द्वितीय पर इसे पूरा करने का दायित्व आया। इसने न सिर्फ सीमान्त पर स्थित जनजातियों के गणतन्त्रों और छोटी-छोटी रियासतों को अपने साम्राज्य में मिला लिया वरन् उनसे परे के विदेशी शक और कुषाण जातियों के राज्यों को भी जीतकर अपने अधिकार में ले लिया। उसने अपने पुत्र के लिए विरासत के रूप में जैसा शान्तिपूर्ण और सुगठित साम्राज्य छोड़ा था, वह निश्चय ही एक महान सेनापति, योग्य राजमर्मज्ञ एवं शानदार व्यक्तित्व के लम्बे और कठिन प्रयास का सुफल था। अगर यह सच है, जैसा आमतौर पर विश्वास किया जाता है, कि कृतज्ञ भावी पीढ़ियों के हृदय में चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य की स्मृति दीर्घकाल तक जीवित रही, जबकि उसके विख्यात पिता समुद्रगुप्त को लोग जल्द ही भूल गये, तो इसका उत्तर खोजने के लिए दूर भटकने की जरूरत नहीं है। अक्सर लोग सम्पूर्ण भवन की भव्य अधिरचना से अधिक प्रभावित हो कर उसके स्थपति (आर्कीटेक्ट) को भवन का नक्शा तैयार करने वाले और कठिन परिश्रम करके उसकी नींव रखने वाले से ज्यादा श्रेय देते हैं। सौ युद्धों का विजेता समुद्रगुप्त इतिहास का कथानायक है। चन्द्रगुप्त द्वितीय ने, जिसने राजनीतिक महानता और सांस्कृतिक पुनरुज्जीवन के नये युग को पूर्णता तक पहुँचाया, लोगों के दिल में अपनी जगह बनायी।

३. कुमारगुप्त प्रथम

चन्द्रगुप्त द्वितीय की मृत्यु के बाद उसका पुत्र कुमारगुप्त, जो उसकी पटरानी ध्रुवदेवी की कोख से जन्मा था, गद्दी पर बैठा।[1] उसके बारे में सबसे पहली ज्ञात तिथि सन् ४१५ ई० है और सन् ४५५ ई० में उसकी मृत्यु हुई थी। इस प्रकार उसने ४० वर्ष या उससे भी अधिक वर्षों की लम्बी अवधि तक राज किया।

तब तक गुप्त साम्राज्य अपने चरम उत्कर्ष पर पहुँच चुका था। कुमारगुप्त ने कोई सैनिक अभियान चलाया हो, यह मालूम नहीं है। लेकिन इसमें सन्देह नहीं कि अपने पिता की विरासत के रूप में उसे जो विशाल साम्राज्य मिला, उसने उसको ज्यों का त्यों सुरक्षित रखा। उसने भी एक **अश्वमेध यज्ञ** किया और **महेन्द्रादित्य** की उपाधि धारण की। उसने कार्तिकेय को अपना प्रमुख देवता बनाया, जिसके नाम (कुमार) पर स्वयं उसका नाम रखा गया था। उसने एक नये किस्म का सोने का सिक्का जारी किया, जिसकी एक तरफ कार्तिकेय को मोर पर सवार दिखाया गया है और दूसरी ओर कुमारगुप्त को मोर को चारा चुगाते हुए दिखाया गया है। उसने चाँदी के सिक्कों पर भी गरुड़ की जगह मोर अंकित करवाया।

---

१. भंडारकर के इस मत को स्वीकार करना कठिन है (इ. क., xi., २३१) कि कुमारगुप्त और गोविन्दगुप्त दोनों एक ही राजा के नाम हैं। जगन्नाथ के इस मत को भी मानना कठिन है (इ. क. xii, १६७) कि चन्द्रगुप्त द्वितीय के बाद गोविन्दगुप्त गद्दी पर बैठा था और उसने कुमारगुप्त से पहले राज किया था।

कुमारगुप्त के अनेक प्रान्तीय शासकों और सामन्तों के अभिलेख प्राप्त हुए हैं। उनसे प्रशासन व्यवस्था के विकास और साम्राज्य की शक्ति और स्थायित्व पर प्रकाश पड़ता है। यह विश्वास करने का कारण है कि कुमारगुप्त का दीर्घ शासनकाल आमतौर पर शान्ति और समृद्धि का काल था और सारा साम्राज्य उसके पिता और पितामह की सैन्य विजयों से प्राप्त लाभों का भरपूर उपभोग करता रहा था।

कुमारगुप्त के राज्यकाल के अन्त में किसी शत्रु के आक्रमण से साम्राज्य की शान्ति को गहरा आघात पहुँचा था, लेकिन वह दुश्मन कौन था, इसका अभी तक निश्चित पता नहीं चला है। आमतौर पर विश्वास किया जाता है कि पुष्यमित्र नाम की एक जनजाति ने विद्रोह का झंडा उठाया था, लेकिन इस नाम का पाठ अनिश्चित है।[1] दुश्मन (एक वचन या बहु वचन में) चाहे जो भी रहा हो, इसमें सन्देह नहीं कि वह बहुत शक्तिशाली था और उसकी प्रगति साम्राज्य के लिए गम्भीर खतरे का कारण बन गयी थी। एक तत्कालीन उत्कीर्ण लेख में स्पष्ट लिखा है कि शत्रु (दुश्मनों) के पास "धन और जन के अपार साधन थे" और "अपने परिवार के बर्बाद ऐश्वर्य की पुनः प्रतिष्ठा के लिए" युद्ध के दौरान युवराज स्कन्दगुप्त को पूरी एक रात नंगी धरती पर सोकर काटनी पड़ी थी। काव्य-कल्पनाओं और स्पष्टतः अतिरंजनाओं के बावजूद इस वक्तव्य से मन पर यह प्रभाव पड़ता है कि गुप्त सम्राट को युद्ध में भयंकर क्षति उठानी पड़ी थी और उसके साम्राज्य के छिन्न-भिन्न हो जाने का खतरा पैदा हो गया था। ऐसे संकट की घड़ी में युवराज स्कन्दगुप्त ने दुश्मन को करारी शिकस्त देकर युद्ध का पलड़ा पलट दिया। जिस कवि ने इस शिलालेख को पद्यबद्ध किया था, वह कहता है कि स्कन्दगुप्त की इस वीरता-पूर्ण सफलता के गीत हर क्षेत्र में "हर्षित मन से बालक-बूढ़े सभी गाते हैं।" इन प्रशंसात्मक पंक्तियों में चैन और राहत की जो भावना ध्वनित है, उससे अनुमान किया जा सकता है कि आसन्न संकट कितना भयंकर था। यह बात महत्त्वपूर्ण है कि क्रमशः चार पदों में कवि ने तीन बार "गुप्त परिवार के ध्वस्त ऐश्वर्य" और स्कन्दगुप्त द्वारा उसकी पुनः प्रतिष्ठा का उल्लेख किया है। इससे यह तो रेखांकित हो ही जाता है कि संकट कितना गम्भीर था और स्कन्दगुप्त ने देश को उससे मुक्ति दिलायी थी; लेकिन वह संकट दरअसल क्या था, यह अभी तक अज्ञात है।

कुमारगुप्त का शासनकाल आमतौर पर दिलचस्प और महत्त्वपूर्ण घटनाओं से विहीन माना जाता है। लेकिन उसके चरित्र और उसके कारनामों का सही-सही जायजा लेने के लिए हमें कुछ उल्लेखनीय ब्यौरों को, जिनकी आमतौर से उपेक्षा की जाती है, अवश्य महत्त्व देना चाहिए। इस काल के अनेक शिलालेखों में सिर्फ एक ही सैनिक अभियान का

---

१. यह सूचना भिटारी के शिलालेख से मिली है। फ्लीट ने उस निर्णायक शब्द को **"पुष्य-मित्रांश्-च"** पढ़ा, लेकिन उसने नोट किया कि नाम का दूसरा अक्षर बिगड़ गया है (का. इ. इ. iii, ५४, ५५ पा. टि. २)। डा. एच. आर. दिवेकर ने सुझाया कि इस समासयुक्त शब्द को **"युधि-अमित्रांश्-च"** पढ़ना चाहिए (ए. भ. ओ. रि. इ. ६६ प. पृ.)। विष्णुपुराण में पुष्यमित्र नाम की एक जन जाति का उल्लेख मिलता है जो नर्मदा के उद्गम प्रदेश में बसती थी।

उल्लेख मिलता है, जो उसके शासन काल के अन्तिम दिनों में चलाया गया था। उन सब में इस बात का प्रचुर संकेत मिलता है कि उसके व्यक्तिगत नियन्त्रण में अरब सागर से लेकर बंगाल की खाड़ी तक शान्ति थी और उसका प्रशासन अत्यन्त सुदृढ़ था। केवल सुदृढ़ और उदार शासन व्यवस्था ही इतने विशाल साम्राज्य को नियन्त्रण में रख सकती थी। उसकी मृत्यु के फौरन बाद हूणों और दूसरे दुश्मनों को मार भगाया गया। इससे भी साम्राज्य की सेना के युद्धकौशल का प्रमाण मिलता है। कुमारगुप्त ने इस सेना को चालीस वर्ष के लम्बे शान्तिकाल में ज्यों का त्यों सुगठित बनाये रखा, यह उसके लिए कम श्रेय की बात नहीं थी। कुल मिलाकर सम्भव लगता है कि कुमारगुप्त के व्यक्तित्व और प्रशासन के कारण ही ऐसा हुआ था, जिसका पूरा श्रेय प्रायः आधुनिक इतिहासकार कुमारगुप्त को नहीं देते। उसका राज्यकाल आमतौर पर एक ऐसे काले पर्दे की तरह समझा जाता है, जिसकी पृष्ठभूमि में उसके दो पूर्ववर्ती और एक परवर्ती उत्तराधिकारी सितारों की तरह चमकते हैं। हमारे विचार में कुमारगुप्त के साथ यह अन्याय है और यथार्थ ऐतिहासिक सत्य से पूरी तरह मेल नहीं खाता।

४. स्कन्दगुप्त

अपने सफल अभियान (सन् ४५५-५६ ई०) से स्कन्दगुप्त के लौटने से पहले ही वृद्ध सम्राट कुमारगुप्त की मृत्यु हो गयी थी। उपर्युक्त राजकीय अभिलेख में वर्णन किया गया है कि स्कन्दगुप्त ने किस प्रकार लौटकर अपनी माँ को अपनी महान् विजय की सूचना दी थी। आँसू बहाती माँ ने अपने पुत्र का उसी तरह स्वागत किया था जिस तरह देवकी ने अपने पुत्र कृष्ण का स्वागत किया था। इस सुपरिचित कथा की ओर जो संकेत है, उसके पीछे शायद प्रतीत अर्थ से अधिक अर्थ अभिप्रेत हो। यह सुझाव पेश किया गया है कि देवकी[1] दरअसल राजमाता का नाम था। लेकिन यह तुलना शायद परिस्थितियों की समानता के आधार पर की गयी थी, न कि कृष्ण और स्कन्दगुप्त की माताओं के सामान्य नाम के कारण।[2]

यह विचित्र बात है कि परवर्ती काल के राजकीय अभिलेखों में दी गयी गुप्तों की राजवंशावली की सूची में स्कन्दगुप्त का नाम छोड़ दिया गया है। यह भी उतनी ही विचित्र बात है कि स्वयं स्कन्दगुप्त के शिलालेख में, हालाँकि उन पटरानियों का नाम दिया गया है जो उसके तीन पूर्वजों की माताएँ थीं, उसकी अपनी माँ का कोई हवाला नहीं है। इसके अलावा एक राजकीय अभिलेख में, जो स्कन्दगुप्त के राज्यारोहण के फौरन बाद ही तैयार किया गया था, वर्णन किया गया है कि किस तरह "प्रभुसत्ता की देवी ने, खुद अपनी मर्जी से, पति के रूप में उसका वरण किया, जबकि क्रमशः उसने अन्य सारे राजकुमारों को छोड़ दिया था।" यही विचार शायद एक किस्म के सिक्के पर भी अंकित है, जिसमें तीर और कमान से लैस राजा को गरुड़ के सामने खड़ा दिखाया गया है, जबकि

---

१. हिस्ट. इ. ३४६, पा. हि. ऐं. इ. ५ ५७३, पा. टि. ३

२. बी. सी. ला., जिल्द I ६१८; ई. इ. xviii, २४२

उसके परे राजा की ओर मुँह किए खड़ी एक नारी की आकृति है, जिसके बायें हाथ में कमल का फूल है और दायें हाथ में एक अस्पष्ट-सी वस्तु है, जो शायद एक पट्टिका हो। यत्र-तत्र बिखरे इन प्रमाणों से यह संकेत हो सकता है कि स्कन्दगुप्त की माँ शायद कुमार-गुप्त की पटरानी नहीं थी और गद्दी का वैध उत्तराधिकारी न होने के कारण स्कन्दगुप्त को शायद एक या अनेक प्रतिद्वन्द्वियों से लड़ना पड़ा था।[1] मिसाल के लिए, यह सम्भव है कि दूर प्रदेश में होनेवाले युद्ध में फँसे स्कन्दगुप्त की अनुपस्थिति का लाभ उठाकर उसका सौतेला भाई पुरुगुप्त अपने पिता की मृत्यु होते ही गद्दी पर बैठ गया हो, और विजय प्राप्त करके लौटे स्कन्दगुप्त ने उसे फौरन गद्दी से हटा दिया हो। लेकिन स्मरण रहे कि यद्यपि यह एक सम्भाव्य घटना है, पर इसे प्रमाणित तथ्य नहीं कहा जा सकता।

चाहे गद्दी के लिए कोई युद्ध हुआ हो या न हुआ हो, लेकिन स्कन्दगुप्त अधिक समय तक शान्तिपूर्वक राज नहीं कर पाया। गद्दी पर बैठते ही उसे दुश्मनों से लोहा लेना पड़ा। तत्कालीन अभिलेखों में शत्रु राजाओं से उसके युद्धों का हवाला मिलता है, जिनमें से कुछ को **म्लेच्छ** कहा गया है, लेकिन इन युद्धों का ब्यौरा नहीं दिया गया है। निश्चित रूप से हमें सिर्फ यही मालूम है कि अपने राज्यकाल में किसी समय उसे हूणों के आक्रमण का मुकाबला करना पड़ा था, जो योरप और एशिया के लिए एक प्रबल शक्ति और आतंक बन गये थे। हूणों के इतिहास का ब्यौरेवार वर्णन अलग से किया जायगा। यहाँ सिर्फ

---

१. इस परिकल्पना के समर्थन में ज. प्रो. ए. सो. ब., xvii, २५३ प. पृ. में तर्क दिए गए हैं। विस्तार से उनकी आलोचना पा. हि. ऐं. इ. ४८२ प. पृ. में की गयी है। आलोचना का उद्देश्य यह सिद्ध करना है कि प्राप्त तथ्यों से अनिवार्यतः यह निष्कर्ष नहीं निकलता; दूसरे शब्दों में, इसे प्रमाणित तथ्य नहीं माना जा सकता। लेकिन ऐसा दावा कभी नहीं किया गया। इस बात का स्पष्ट संकेत कर दिया गया था कि यह केवल एक अस्थायी परिकल्पना है। इसके अलावा यह आलोचना दिये गये तर्कों के वास्तविक मर्म को भी नहीं छूती। जैसे, भिटारी शिलालेख में स्कन्दगुप्त की माँ का नाम शामिल न होने की बात को सिर्फ यह कहकर टाल दिया गया है कि "कभी-कभी राजाओं की माँ के नाम छोड़ दिये जाते थे," और यह कि "शिलालेखों में राजाओं की साधारण रानियों का नाम शामिल न करने का कोई नियम नहीं था।" इन वक्तव्यों से लगता है कि तर्क के मर्म को कतई नहीं समझा गया। अर्थात् कुमारगुप्त प्रथम की **महादेवी** (पटरानी) का नाम शामिल न करना, जो तत्कालीन सम्राट की माँ थी, जब कि **इसके विपरीत** उसी अभिलेख में पूर्ववर्ती सम्राटों की माताओं के नामों का उल्लेख करना, ऐसी बात नहीं है जिसे महत्त्वपूर्ण न समझा जाय। यह ठीक है कि जिन तथ्यों के आधार पर यह परिकल्पना की गई है, उन सबको दूसरे ढंग से भी समझाया जा सकता है। अगर ऐसा न होता तो इस मत को केवल परिकल्पना ही न कहा जाता बल्कि प्रमाणित तथ्य मान लिया जाता। लेकिन आलोचना में एक भी ऐसा तर्क नहीं पेश किया गया, जिससे जाहिर हो कि उपलब्ध तथ्यों के आधार पर यह परिकल्पना सम्भाव्य और संगत नहीं लगती। विशेष रूप से घटोत्कच और प्रकाशादित्य द्वारा राजगद्दी हासिल करने के बारे में और कोई सन्तोषजनक स्पष्टीकरण अभी तक नजर नहीं आता। बंसखेड़ा और मधुबन की पट्टिकाओं की जो मिसाल दी गई है (पा.हि. ऐं. इ. ४, ४८३) उससे हमारा तर्क खंडित नहीं हो जाता। क्योंकि इन पट्टिकाओं में राज्यवर्धन की माँ का नाम उल्लिखित है, और चूँकि हर्षवर्धन को उसका अनुज (छोटा भाई) बताया गया है, इसलिए अलग से उसकी माँ का नाम देना अनावश्यक था। (देखिए, पा. हि. ऐं. इ. ५, ५७२ प. पृ.)।

इतना कहना ही काफी होगा कि पाँचवीं शताब्दी के मध्य में हूणों की एक शाखा ने, जो एफ्थेलाइट्स या श्वेत हूण के नाम से प्रसिद्ध है, आमू दरिया की घाटी पर कब्जा कर लिया था और फारस और भारत दोनों पर उनके आक्रमणों का संकट छा गया था। उन्होंने गान्धार के राज्य पर कब्जा करके वहाँ अपने एक राजा को गद्दी पर बैठाया जो क्रूर और प्रतिशोधी था तथा अत्यन्त बर्बर और नृशंस आचरण करता था। सम्भव है कि हूण भारत की सीमा के अन्दर भी बढ़ आये हों और गुप्त साम्राज्य के लिए भयानक खतरा बन गये हों। स्कन्दगुप्त ने दुश्मनों से साम्राज्य की एक बार तब रक्षा की थी, जब वह युवराज था। इस नये खतरे ने, जो शायद पहले से कहीं बड़ा था, एक बार फिर उसके शौर्य और सैन्य बल को कठिन परीक्षा की कसौटी पर परखा। लेकिन उसने इस बार भी उतनी ही बड़ी सफलता प्राप्त की। हूणों से उसके युद्ध का वर्णन करने वाली कविता से, जिसका पाठ बुरी तरह टूट-फूट गया है, साफ जाहिर है कि यद्यपि युद्ध बड़ा भयंकर था, लेकिन स्कन्दगुप्त ने उन पर पूर्ण विजय प्राप्त की थी। हूणों की पूर्ण पराजय का प्रमाण इस बात से भी मिलता है कि उसके बाद लगभग आधी शताब्दी तक गुप्त साम्राज्य उनकी लूटपाट से मुक्त रहा।[1]

यह एक महान् सफलता थी, जिसके कारण इतिहास में भारत रक्षक के रूप में स्कन्दगुप्त का नाम अमर रह सकता है। तत्कालीन घटनाओं के सन्दर्भ में ही उसके इस महान् कार्य का पूरा महत्त्व समझ में आ सकता है। स्कन्दगुप्त के गद्दी पर बैठने से कुछ समय पूर्व हूणों ने योरप पर अपना प्रभुत्व जमा लिया था और इन बर्बरों के आगे शक्तिशाली रोमन साम्राज्य भी काँपने लगा था। हूणों का नेता अत्तिल, जिसकी मृत्यु सन् ४५३ ई० में हुई, "रावेन्न और कुन्स्तुनतुनिया, दोनों के राजदरबारों को एक साथ ही चुनौती भेजने की" सामर्थ्य रखता था। स्कन्दगुप्त से पराजित होने के कुछ दिनों बाद

---

१. एलन को सोमदेव कृत कथासरित्सागर में दी गयी राजा विक्रमादित्य की कथा में हूणों पर समुद्रगुप्त की विजय की प्रतिध्वनि लगती है। उसके अनुसार उज्जैन के राजा महेन्द्रादित्य का बेटा विक्रमादित्य पिता के सिंहासनत्याग के बाद गद्दी पर बैठा। उसने म्लेच्छों को बुरी तरह हराया, जो उन दिनों पृथ्वी को रौंद रहे थे। (कै. गु. डा., xlix पा. टि. १)

एक बौद्ध पुस्तक "चन्द्रगर्भ परिपृच्छा" के अनुसार "कोशाम्बी में जन्मे राजा महेन्द्रसेन का एक बड़ा प्रतापी पुत्र था। वह जब बारह वर्ष का हुआ तो महेन्द्र के राज्य पर तीन विदेशी ताकतों—यवन, पल्हिक और शकुन—ने मिलकर आक्रमण किया। उन्होंने गान्धार और गंगा के उत्तरी प्रदेशों पर कब्जा कर लिया था। महेन्द्रसेन के किशोर पुत्र ने दो लाख सैनिक लेकर दुश्मनों के तीन लाख सैनिकों का मुकाबला किया। राजकुमार ने दुश्मन की सेना को तितर-बितर करके लड़ाई फतह की। युद्ध से लौटने पर पिता ने उसे राजमुकुट पहनाकर कहा : "अब से तुम इस राज्य पर शासन करो।" उसने स्वयं गद्दी छोड़कर धार्मिक जीवन अपना लिया। इसके बाद भी लगातार बारह साल तक नया राजा इन विदेशी दुश्मनों से युद्ध करता रहा और अन्त में उसने "तीनों राजाओं को पकड़कर उनका बध कर डाला।" विद्वानों ने सुझाया है कि इस कथा में स्कन्दगुप्त और हूणों के युद्ध का विवरण दिया गया है (इ. हि. इ. जा. ३६)। लेकिन इन कथाओं में दिये गये विवरणों पर बहुत अधिक विश्वास नहीं किया जा सकता।

ही हूणों ने फारस पर कब्जा कर उसके बादशाह का कत्ल किया। हूणों के गिरोह जहाँ भी गये, आग और तलवार से तबाही और बर्बादी फैलाते गये और उन्होंने अत्यन्त समृद्ध एवं सुरम्य नगरों को तहस-नहस कर वीरान बना दिया। अगर इन सब बातों का स्मरण रखें तो हम सहज ही हूणों पर स्कन्दगुप्त की महान् विजय का वास्तविक महत्त्व समझ सकते हैं। हूणों से मुक्ति पाने पर उसके विशाल साम्राज्य में लोगों ने सर्वत्र चैन की साँस ली होगी, और जैसा एक तत्कालीन अभिलेख में लिखा है; स्कन्दगुप्त का यशोगान बच्चे और बूढ़े सभी समान रूप से करते थे। एक क्रूर और बर्बर दुश्मन की बला से भारत की सुरक्षा के लिए इस वीरोचित करतब के बाद स्कन्दगुप्त के लिए अपने पितामह की तरह विक्रमादित्य की उपाधि धारण करना सर्वथा उचित ही लगता है।

इन दुष्कर सैनिक अभियानों के चलते अवश्य ही साम्राज्य के आर्थिक साधनों पर भारी बोझ पड़ा होगा, और यह बात स्कन्दगुप्त के सिक्कों में झलकती है। उसके सोने के सिक्के अपेक्षया बहुत थोड़े हैं और अधिकांशतः एक ही प्रकार के हैं। इस बात का, और सोने में मिलावट का, शायद यही कारण था कि उसके राज्यकाल में लगातार युद्धों का दबाव बना रहने से अर्थ-व्यवस्था पर बहुत ज्यादा बोझ पड़ गया था। खुशी की बात है कि हमारे पास इस बात के प्रमाण भी मौजूद हैं कि उसके राजकर्मचारियों ने साम्राज्य के सुदूरतम भागों में भी लोक उपयोग के अनेक कार्य पूरे करवाये थे। काठियावाड़ में जूनागढ़ के पास गिरनार की पहाड़ी पर खुदे एक शिलालेख में उसके प्रान्तीय शासक पर्णदत्त ने ऐसे कार्यों का हवाला दिया है। इसमें गिरनार की पहाड़ी पर स्थित उस विशाल झील का उल्लेख किया गया है, जिससे आसपास के एक बड़े कृषिक्षेत्र में नहरों के जरिये सिंचाई के लिए पानी पहुँचाया जाता था। पहाड़ियों के बीच में एक प्राकृतिक गर्त पर बाँध बना कर चन्द्रगुप्त मौर्य ने इस झील का निर्माण कराया था। स्कन्दगुप्त के राज्यकाल के पहले ही वर्ष में अतिवर्षा से यह बाँध टूट गया और पड़ोस के सारे इलाके के बर्बाद हो जाने का खतरा पैदा हो गया। लेकिन प्रान्तीय शासक पर्णदत्त, उसके बेटे चक्रपालित और स्थानीय मजिस्ट्रेट ने इस नुकसान को पूरा करने के लिए फौरन कारगर कदम उठाये और बाँध का पुनर्निर्माण किया। इसके पास ही मिले एक और अभिलेख से पता चलता है कि तीन सौ साल पहले भी ऐसा ही संकट पैदा हुआ था और शक राजा रुद्रदामन ने उस बाँध की मरम्मत करवायी थी। इस प्रकार एक ही स्थान पर मिले दो अभिलेखों से इस महान् जलाशय का साढ़े सात सौ साल पुराना दिलचस्प इतिहास मालूम होता है।

पर्णदत्त का शिलालेख बड़ी सुन्दर शब्दरचना है और उससे एक उदार और लोकप्रिय शासक के ओजस्वी प्रशासन द्वारा संगठित शक्तिशाली साम्राज्य की तस्वीर हमारे मन में उभरती है। गुप्त साम्राज्य, जो अब अक्षरशः बंगाल की खाड़ी से लेकर अरब सागर तक विस्तृत था, निर्विवाद रूप से एक ऐसे शासक के अधिकार में था, जिसके आदेशों का पालन उसके प्रान्तीय शासक पूरे मन से करते थे। अपने विशाल साम्राज्य के एक छोर से दूसरे छोर तक, वह स्वयं ही इन प्रान्तीय शासकों की नियुक्ति करता था। इस साम्राज्य

की जड़ें इतनी मजबूत थीं कि वे आन्तरिक आघातों के बावजूद स्थिर रहीं, और उग्र तथा दुर्जेय हूण भी इसकी सुरक्षा-व्यवस्था तोड़ने में असमर्थ रहे। करीब एक शताब्दी तक यह साम्राज्य आर्यावर्त्त की एकता, अखंडता और स्वतन्त्रता के प्रतीक रूप में कायम रहा। जिस कवि ने (४६० ई० में) सौ राजाओं के सम्राट स्कन्दगुप्त के शान्तिपूर्ण राज्यकाल का वर्णन किया है, शायद उसने तत्कालीन परिस्थितियों का अतिरंजित चित्र नहीं प्रस्तुत किया। हमारे लिए यह सोचना सर्वथा उपयुक्त है कि इस विशाल साम्राज्य के शान्तिपूर्ण और समृद्ध वातावरण में सांस्कृतिक प्रगति का जो नया दौर शुरू हुआ उसे युग की अपूर्व भौतिक शक्ति और वैभव का संरक्षण मिला। ४६७ ई० में जब स्कन्दगुप्त की मृत्यु हुई तो उसे अपने महान् पूर्वजों द्वारा निर्मित शक्तिशाली साम्राज्य को ज्यों का त्यों छोड़ने का परम संतोष था।

परिच्छेद : ४

साम्राज्य पर संकट

अपनी जानकारी की वर्तमान स्थिति में स्कन्दगुप्त के बाद के गुप्त सम्राटों के इतिहास का कोई स्पष्ट विवरण, या केवल निश्चित रूपरेखा भी, तैयार करना हमारे लिए संभव नहीं है। हमें कई राजाओं के नाम मालूम हैं, लेकिन उनकी तिथियों या एक-दूसरे से उनके रिश्तों का निश्चित रूप से निर्णय नहीं किया जा सकता। ज्ञात तथ्यों का किसी ऐसे रूप में समन्वय नहीं किया जा सकता जो पूर्णतः सन्तोषजनक या कम से कम गम्भीर कठिनाइयों से मुक्त कहा जा सके। अधिक से अधिक इन तथ्यों की ऐसी अस्थायी पुनर्रचना की जा सकती है जो सर्वाधिक युक्तिसंगत और कम से कम आपत्तिजनक प्रतीत हो।[1]

१. पुरुगुप्त

परवर्ती गुप्त सम्राटों की राजकीय वंशावली में सम्राटों के अनुक्रम में कुमारगुप्त के बाद सीधे पुरुगुप्त का नाम दिया गया है और स्कन्दगुप्त के नाम की एकदम उपेक्षा की गयी है। पुरुगुप्त कुमारगुप्त प्रथम और पटरानी अनन्तदेवी का बेटा था, और जैसा पहले कहा जा चुका है, उसने शायद अपने पिता की मृत्यु के बाद राजगद्दी के लिए दावा किया था। लेकिन उसने, चाहे थोड़े समय के लिए ही सही, उस वक्त राज किया था, या अपने भाई स्कन्दगुप्त की मृत्यु के बाद गद्दी पर अधिकार कर लिया था; इसमें सन्देह नहीं कि वह किसी न किसी समय गद्दी पर अवश्य बैठा था। उसके बाद गुप्त सम्राटों की वंश परम्परा उसके दो पुत्रों, बुधगुप्त और नरसिंह गुप्त, और फिर नरसिंह गुप्त की सन्तान, द्वारा चली, न कि स्कन्दगुप्त की सन्तान द्वारा।

लेकिन सिक्कों और शिलालेखों से ऐसे अनेक गुप्त राजाओं के नाम ज्ञात होते हैं, जिनका गुप्त परिवार में क्या स्थान है, यह निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता। ऐसा एक नाम कुमारगुप्त द्वितीय है, जो सन् ४७४ में राज कर रहा था, जबकि स्कन्दगुप्त की

---

१. इस विषय पर विभिन्न मतों का अध्ययन करने के लिए देखिए सामान्य सन्दर्भ ग्रन्थ (General References) के अन्तर्गत बताई गई पुस्तकें तथा निम्नलिखित सामग्री भी :

i. पन्नालाल का लेख, हिन्दुस्तान रिव्यू, जनवरी १९१८

ii. आर. सी. मजूमदार का लेख, इ. ऐ. १९१८, पृ. १६१-६७, इ. क. X, १७२; ज. यू. पी. हि. सो, xviii ७०।

iii. एन. एन. दासगुप्ता का लेख, बी. सी. लॉ, जिल्द I, १६७।

मृत्यु को अभी सात बरस भी नहीं हुए थे। सम्भव है कि वह स्कन्दगुप्त का बेटा रहा हो, जिसे गद्दी से उतार कर या जिसकी मृत्यु के बाद, बुधगुप्त गद्दी पर बैठा हो। लेकिन साथ ही यह भी सम्भव है कि वह बुधगुप्त का ही बड़ा भाई हो। ऐसे ही कुछ और राजा भी हैं, जिनके अस्तित्व के बारे में सिक्कों और शिलालेखों से अनुमान होता है और जो लगभग इसी काल में राज करते थे। इससे लगता है कि स्कन्दगुप्त की मृत्यु के बाद अनेक प्रति-द्वन्द्वी गुट गद्दी के दावेदार बनकर उठ खड़े हुए थे, लेकिन उस समय की घटनाओं की कोई पक्की जानकारी हमारे पास नहीं है।

२. बुधगुप्त

पुरुगुप्त और उसकी पटरानी चन्द्रदेवी के पुत्र बुधगुप्त के गद्दी पर बैठने के बाद अस्पष्टता समाप्त हो जाती है। बुधगुप्त सन् ४७७ ई० में गद्दी पर बैठा और उसने बीस साल या उससे कुछ अधिक समय तक राज किया। उसके गद्दी पर बैठने से पहले चाहे जितनी आन्तरिक गड़बड़ी रही हो, लेकिन वह अपने विशाल साम्राज्य में शान्ति, सुव्यवस्था और सुदृढ़ प्रशासन कायम करने में सफल रहा। उसके मालवा और बंगाल के प्रान्तीय शासकों के विवरणों से इस बात का सबूत मिलता है कि साम्राज्य की अखंडता लगातार कायम रही थी, हालाँकि सुदूर प्रान्तों में उसकी शक्ति और सत्ता के क्षीण होने के अशुभ लक्षण प्रकट होने लगे थे।

पश्चिम में मैत्रक परिवार काठियावाड़ प्रायद्वीप का पुश्तैनी शासक बन गया था। इस परिवार का संस्थापक और गुप्त सम्राट का एक सेनापति, भटार्क, काठियावाड़ का शासक नियुक्त किया गया था। राजधानी थी वलभी। फिर उसका पुत्र धरसेन इस पद का उत्तराधिकारी बना। दोनों अपने को **सेनापति** कहते थे। लेकिन अगले प्रान्तीय शासक द्रोणसिंह ने, जो भटार्क का छोटा बेटा था, **महाराज** की पदवी धारण कर ली। परिवार के राजकीय अभिलेखों में यह दावा किया गया है कि सम्राट ने स्वयं अपने हाथों एक विशिष्ट समारोह के बीच उसे इस उपाधि से विभूषित किया था। जिस सर्वोपरि शासक का हवाला दिया गया है वह शायद सम्राट बुधगुप्त रहा होगा। इस प्रकार प्रान्तीय शासक के बजाय द्रोणसिंह एक सामन्ती नरेश बन गया और हालाँकि उसका परिवार अभी भी मौखिक रूप से अपने को सम्राट के अधीन बताता था, लेकिन वलभी के मैत्रक अपना स्वाधीन राज्य कायम करने की दिशा में काफी आगे बढ़ गये थे।

बुन्देलखंड (नागोद और जसो राज्य) में परिव्राजक महाराज राज करते थे। उनके नाम के आगे यह विशेषण इसलिए लगाया जाता था कि वे एक राजवंशी तपस्वी (परिव्राजक) के वंशज थे। इस परिवार के महाराज हस्तिन ने (सन् ४७५-५१७ ई०) बुधगुप्त का हवाला दिये बगैर ही भूमि के पट्टे लिखना शुरू किया, जिनमें गुप्त साम्राज्य की प्रभुसत्ता का केवल साधारण-सा हवाला रहता था।

परिव्राजक राज्य की सीमा से लगी हुई एक और रियासत थी, जिसकी राजधानी का नाम उच्चकल्प था। इस परिवार के राजा जयनाथ ने वर्ष १७४ और १७७ में भूमि

के पट्टे बाँटे थे। शायद यह गुप्त संवत् की तिथियाँ हैं जो ईसवी के सन् ४९३ और ४९६ के बराबर पड़ती हैं।[१] इस रियासत की भौगोलिक स्थिति और उसके द्वारा गुप्त संवत् का प्रयोग किये जाने से ऐसा लगता है कि वह कभी गुप्त साम्राज्य के अंतर्गत रही होगी, लेकिन चूँकि जयनाथ के पट्टों में गुप्त साम्राज्य की प्रभुसत्ता का एक बार भी हवाला नहीं दिया गया है, इसलिए सम्भव है कि सन् ४९३ ई० के करीब यह रियासत गुप्त साम्राज्य के अधिकार क्षेत्र से बाहर हो गयी हो।

बुन्देलखंड की इन दोनों रियासतों के उत्तर और पूरब में पांडुवंश नाम के एक राज परिवार का महत्त्व बढ़ता जा रहा था। कालंजर[२] (उत्तर प्रदेश के बाँदा जिला) में प्राप्त एक शिलालेख से पता चला है कि इस परिवार का एक राजा उदयन शायद पाँचवीं शताब्दी ई० के अन्त में वहाँ राज करता था। यह वही राजा उदयन था, जिसके परपोते तीवरदेव ने दक्खिनी कोसल में एक नये राज्य की स्थापना की थी।[३] एक और पांडुवंश या पांडु परिवार का ताँबे का अनुदान पत्र बघेलखंड के रीवाँ राज्य में प्राप्त हुआ है। उसमें चार राजाओं के नाम उल्लिखित हैं।[४] इनमें से पहले दो के नाम के आगे कोई राजकीय उपाधि नहीं दी गयी है, लेकिन अगले दो, नागबल और उसके पुत्र भरतबल (उर्फ इन्द्र) को न केवल **महाराज** कहा गया है, बल्कि उनके नाम के पहले **परम माहेश्वर**, **परम ब्रह्मण्य** आदि विशेषण भी लगाये गये हैं। ये चारों राजा शायद ईसा की पाँचवीं शताब्दी में हुए थे। यह साफ जाहिर है कि इस काल के उत्तरार्ध में इस परिवार ने पूर्ण या आंशिक रूप में स्वाधीनता प्राप्त कर ली थी।

इलाहाबाद और रीवाँ राज्य में प्राप्त दो ताम्रपत्रों से एक और सामन्त **महाराज** लक्ष्मण का पता चलता है।[५] दोनों पर गुप्त संवत् की १५८ तारीख पड़ी है। इस प्रकार **महाराज** लक्ष्मण सन् ४७७-७८ ई० में बुधगुप्त के राज्यकाल में अपनी रियासत पर राज कर रहा था, उसकी राजधानी का नाम जयपुरा था, जिसकी भौगोलिक स्थिति की अभी तक शिनाख्त नहीं हुई है। अपने ताम्रपत्र में चूँकि वह गुप्त प्रभुसत्ता का कोई हवाला नहीं देता, इसलिए शायद वह एक स्वाधीन राजा था, या कम से कम व्यवहार-रूप में स्वाधीन था।

इसी तरह महाराज सुबन्धु ने १६७ में, नर्मदा तट पर स्थित प्राचीन नगर माहिष्मती (मान्धाता या महेश्वर) में भूमि सम्बन्धी एक पट्टा जारी किया था। अगर इस तिथि को गुप्त संवत् का वर्ष मान लिया जाय, जैसा आमतौर पर माना जाता है, तो वह बुधगुप्त का समकालीन था।[६]

---

१. का. इ. इ. iii ११७, १२१; ई. इ. xxiii १७१
२. ई. इ. iv २५७
३. ई. इ. vii. १०४
४. भारत-कौमुदी, १. २१५; ई. इ. xxvii १३२
५. ई. इ. ii, ३६४; आ. स. इ. १९३६-७, पृ० ८८
६. ई. इ. xix, २६१. प्रो० मीराशी इसे कलचुरी संवत् की तिथि बताते हैं और उनका मत है कि सन् ४१६-१७ ई० में सुबन्धु एक स्वाधीन राजा था (इ. हि. क्वा. xxi ८२-८३)।

यह भी उल्लेखनीय है कि उत्तर बंगाल के जिस प्रान्तीय शासक को कुमारगुप्त प्रथम के राज में केवल **उपरिक** कहा जाता था, बुधगुप्त के राज में उसके नाम के आगे **महाराज** का विशेषण जोड़ा गया। यमुना और नर्मदा के बीच के प्रान्त का शासक भी बुधगुप्त के समय में **महाराज** कहलाता था। यहाँ तक कि इस प्रान्तीय शासक के अधीन काम करने वाला एरन के क्षेत्र का शासक भी **महाराज** कहा जाता था।

इन मिसालों से जाहिर है कि ऊपर से देखने में चाहे गुप्त साम्राज्य की सीमाएँ संकुचित न हुई हों और पूरब में बंगाल की खाड़ी से लेकर पच्छिम में अरब सागर और दक्खिन में नर्मदा तक उसका अधिकार क्षेत्र माना जाता रहा हो, लेकिन वास्तव में उसकी शक्ति और प्रतिष्ठा काफी घट चुकी थी तथा काठियावाड़ और बुन्देलखण्ड जैसे सुदूर प्रान्तों ने एक प्रकार से स्वाधीन राज्यों का दरजा प्राप्त कर लिया था। बुधगुप्त के सिक्कों का अध्ययन करने से भी इस बात की पूरी तरह से तसदीक हो जाती है। उसके सोने के सिक्के विरल हैं और अब तक सिर्फ दो-तीन सिक्के ही मिले हैं।[१]

इस गिरावट का कारण आन्तरिक और बाह्य दोनों प्रकार की परिस्थितियों में खोजना चाहिए। कुमारगुप्त प्रथम और स्कन्दगुप्त की मृत्यु के तुरत बाद गद्दी के लिए होने वाले संघर्ष और गृहयुद्ध की सम्भावना का पहले जिक्र किया जा चुका है। मन्दसौर में मिले एक उत्कीर्ण लेख में सन् ४३६ और ४७२ ई० के समय को गड़बड़ी का समय बताया गया है, जिसमें अनेक राजाओं ने राज किया। लेकिन यह संकेत बहुत अस्पष्ट है।

विदेशी आक्रमणों के भी कुछ संकेत मिले हैं। कहा जाता है कि इस जमाने में कोसल, मेकल और मालवा के राज्यों पर वाकाटक नरेश नरेन्द्रसेन ने अपना आधिपत्य कायम कर लिया था। इसका अर्थ है कि गुप्त साम्राज्य पर दक्षिण से आक्रमण हुआ था। नरेन्द्र सेन के राज्यकाल की तिथि का निश्चित पता नहीं है, लेकिन उसे बुधगुप्त का समकालीन माना जा सकता है। शायद उसके आक्रमण के कारण बुंदेलखंड और बघेलखंड में गुप्त साम्राज्य के आधिपत्य का ह्रास हो गया हो, जिसका हम पहले जिक्र कर चुके हैं। जिन हूणों को स्कन्दगुप्त ने हरा दिया था, वे फिर लौट कर शायद बुधगुप्त के जमाने में ही आक्रमण करने लगे थे। लेकिन उनके आक्रमणों की तिथियाँ निश्चित रूप से ज्ञात नहीं हैं। इसलिए हालाँकि हमारी जानकारी बहुत थोड़ी है, फिर भी हम यह आसानी से अनुमान कर सकते हैं कि आन्तरिक कलह और विदेशी आक्रमणों ने गुप्त साम्राज्य को जर्जर बना दिया था।

बुधगुप्त के सम्बन्ध में अन्तिम ज्ञात तारीख सन् ४९५ ई० है, लेकिन उसकी मृत्यु शायद ५०० ई०[२] के निकट या कुछ दिनों बाद ही हुई थी। उसकी योग्यता का ठीक

---

१. एलेन के अनुसार (कै. गु. डा., चु. व.) बुधगुप्त के सिर्फ चाँदी के सिक्के ही मिलते हैं। लेकिन एक किस्म के सोने के सिक्के, जिन्हें एलेन पुरुगुप्त के सिक्के बताता है (वही, का. इ. इ.), शायद बुधगुप्त के थे (इ. क. I. ६९१-२); इसके अलावा हाल में बुधगुप्त के दो सोने के सिक्के भी मिले हैं (ज. नु. सो. इ. x, ७८; XII. ११२.)।

२. इ. ए. XVIII, २२७, लेकिन सिक्के पर अंकित ८० के चिह्न का पाठ, जिससे यह तारीख ली गई है, अत्यन्त अनिश्चित है (इ. ए. xiv ६८)।

अन्दाज लगाना मुश्किल है। इसमें सन्देह नहीं कि उसका राज्यकाल गुप्त साम्राज्य की अवनति का पहला चरण था, लेकिन यह अनिवार्यतः उसकी अपनी अक्षमताओं का परिणाम नहीं था। शायद, अगर पूरे तथ्यों का और भी पूर्णता से पता चल सके तो हमें मालूम होगा कि उसे इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उसने कम से कम अपने राज्य काल में तो आने वाली बर्बादी की उस अनिवार्य प्रक्रिया को रोका था जिसने उसकी मृत्यु के फौरन बाद शक्तिशाली गुप्त साम्राज्य के ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर दिया। जो भी हो, लगता है कि शायद वही अन्तिम गुप्त सम्राट था जिसकी प्रभुसत्ता समुद्रगुप्त और चन्द्रगुप्त द्वितीय द्वारा स्थापित विशाल साम्राज्य की सीमाओं के अन्दर आमतौर पर स्वीकारी गयी थी। उसके राज्यकाल में साम्राज्य को संकट की घड़ी से गुजरना पड़ा था और हालाँकि वह उससे क्षत-विक्षत हुए बिना नहीं निकल सका, लेकिन अखंडित रूप में और ऊपरी तौर पर अपने गौरव को सुरक्षित रखे हुए वह यह संकट झेल गया। बुधगुप्त की मृत्यु के समय साम्राज्य की इमारत देखने में तो अभी भी शानदार लगती थी, लेकिन उसमें यत्र-तत्र दरारें नजर आने लगी थीं।

परिच्छेद : ५

साम्राज्य का विघटन

१. राज-परिवार में कलह

बुधगुप्त की मृत्यु के बाद झंझटों का दौर शुरू हुआ। राजगद्दी के परस्पर विरोधी दावेदारों के कारण पैदा हुई आन्तरिक फूट के प्रमाण मिलते हैं, जिसका परिणाम साम्राज्य का बँटवारा था। हूणों के नये और पहले से कहीं अधिक सफल हमलों ने इस परिस्थिति को और भी बिगाड़ दिया था। घटनाएँ किस क्रम से घटित हुईं या उनकी एक-दूसरे पर ठीक-ठीक क्या प्रतिक्रिया हुई, यह बताना तो कठिन है, लेकिन एक व्यापक सन्दर्भ में हम इतिहास की मोटी रूपरेखा प्रस्तुत कर सकते हैं।

राजकीय वंशसूची के अनुसार बुधगुप्त के बाद उसका भाई नरसिंह गुप्त गद्दी पर बैठा। उसके बाद उसका बेटा और फिर उसका पोता गद्दी पर बैठे। इन तीनों सम्राटों का राज्यकाल कुल मिलाकर लगभग ५०० ई० से ५७० ई० तक है। लेकिन हमें दो और गुप्त राजाओं के विवरण प्राप्त हैं, जिन्होंने इस काल के आरम्भ में शासन किया था। इनमें से पहले का नाम वैन्यगुप्त है, जिसके बारे में त्रिपुरा जिले में प्राप्त सन् ५०७ का सिर्फ एक ही विवरण उपलब्ध है। उसके सोने के सिक्कों और शाही मुहर[1] से अनुमान होता है कि वह गुप्तों के शाही खान्दान का ही रहा होगा, लेकिन उपर्युक्त गुप्त सम्राटों से उसका क्या रिश्ता था, इस बारे में निश्चित रूप से कुछ ज्ञात नहीं है। यह भी सम्भव है कि उसका राज्य सिर्फ बंगाल तक सीमित रहा हो और उसने बहुत थोड़े दिनों तक ही वहाँ राज्य किया हो।

दूसरे राजा भानुगुप्त के बारे में भी एरन (मध्य प्रदेश का सागर जिला) में प्राप्त सन् ५१० ई० के एक उत्कीर्ण लेख से ही हमें कुछ जानकारी प्राप्त हुई है, क्योंकि उसका कोई सिक्का या मुहर अभी तक नहीं मिली है। उत्कीर्ण लेख में यह विवरण अंकित है कि गोपराज नाम का एक सामन्त किस प्रकार "प्रतापी राजा, गौरवशाली भानुगुप्त, जो पृथ्वी का सबसे बड़ा वीर पुरुष था", के साथ एक प्रसिद्ध युद्ध में लड़ा था। गोपराज इस युद्ध में मारा गया था और उसकी पत्नी उसके साथ चिता में बैठकर सती हो गयी थी। एक छोटे से स्तम्भ पर यह अभिलेख उत्कीर्ण है, जो दरअसल **सती** का शिला-स्मारक था।

---

१. वैन्यगुप्त के सोने के सिक्कों, अभिलेखों और शाही मुहरों के लिये देखिए : इ. हि. क्वा. vi ४०; ix. ७८४, ९८९; xix; २७५। इस सुझाव के विषय में कि वह पुरुगुप्त का बेटा था, देखिए, इ.हि. क्वा. xxiv. ६७.

भानुगुप्त के नाम से ही यह असन्दिग्ध है कि वह गुप्त कुल का कोई शासक था। लेकिन लगभग एक ही समय में दो शासक, वैन्यगुप्त और भानुगुप्त गुप्त साम्राज्य के पूरबी और पच्छिमी प्रान्तों में कैसे थे, इसका अनुमान करना कठिन है; विशेषकर जब हम जानते हैं कि गुप्तवंश की राजकीय सूची में इन दोनों का कहीं जिक्र नहीं है, बल्कि इस सूची के अनुसार इस समय एक तीसरा व्यक्ति नरसिंह गुप्त राज्य कर रहा था। इसका सिर्फ एक ही युक्तिसंगत स्पष्टीकरण हो सकता है कि उस समय गद्दी के कई दावेदार थे, जिनमें से कुछ ने साम्राज्य के विभिन्न भागों में अपना आधिपत्य जमा लिया था और कुछ समय तक वहाँ डटे रहे थे।

वह प्रसिद्ध युद्ध, जिसमें एरन के क्षेत्र में भानुगुप्त और गोपराज ने भाग लिया था, बहुत सम्भव है, हूण राजा तोरमाण के विरुद्ध लड़ा गया था। क्योंकि हमें ज्ञात है कि लगभग उन्हीं दिनों उस महान हूण सरदार ने इस क्षेत्र को जीता था। लेकिन अगर हम यह मान भी लें कि भानुगुप्त तोरमाण से लड़ा था, तो भी हमें यह नहीं मालूम कि उसने हूणों के आक्रमण से प्रान्त की रक्षा करने के लिए युद्ध किया था या हूणों के कब्जे से प्रान्त को छुड़ाने के लिए। दोनों स्थितियों में, उसे कितनी सफलता या असफलता मिली, उसका भी हमें पता नहीं है। इस प्रकार अभिलेख में किये गये उसकी बहादुरी के गुणगान के बावजूद, भानुगुप्त का चरित्र स्पष्ट नहीं हो पाता और हम निश्चित रूप से नहीं कह सकते कि गुप्त साम्राज्य के इस अंधकार युग में उसने क्या भूमिका अदा की थी।

हमें नरसिंह गुप्त के आरम्भिक काल का ठीक पता नहीं है। वह अपने भाई बुधगुप्त के बाद गद्दी पर बैठा था और उसने **बालादित्य** की उपाधि धारण की थी। वैन्यगुप्त या भानुगुप्त के साथ उसका क्या रिश्ता था, यह अज्ञात है और हम इस सम्भावना को भी त्याज्य नहीं मान सकते कि वह उन दोनों की मृत्यु के बाद ही गद्दी पर बैठा था। उसको सिर्फ एक ही महान सफलता का श्रेय दिया जा सकता है। वह थी, तोरमाण के बेटे मिहिर-कुल को युद्ध में बुरी तरह परास्त करना, लेकिन विघटन की शक्तियाँ पहले से ही सक्रिय थीं और भयानक उपद्रवों से साम्राज्य की बुनियादें हिलने लगी थीं, जिससे वह शीघ्र ही छिन्न-भिन्न हो गया। नरसिंह गुप्त का इतिहास प्रस्तुत करने से पहले, इन विघटनकारी शक्तियों पर दृष्टिपात कर लेना जरूरी है।

२. हूण[1]

ईसा पूर्व की दूसरी शताब्दी में चीन के सीमान्त पर खानाबदोश हूण जाति के कबीले रहते थे। अपने पड़ोस के यूह-ची नाम के एक अन्य खानाबदोश कबीले से झगड़े

---

१. हूणों के बारे में साधारण विवरण के लिए देखिए :

(i) शव्हान्न—दकुमाँ स्यु ले तुकीन ओसिदाँतो, पृ० २२३ प. पृ.

(ii) सर ऑरेल स्टाइन—द व्हाइट हून्स ऐंड किन्ड्रेड ट्राइब्स इन दि हिस्टरी आफ दि इन्डियन नार्थ-वेस्टर्न फ्रंटियर (इ. ऐ., १९०५, पृ० ७३ प. पृ.)।

के परिणामस्वरूप, जिसका पहले उल्लेख किया जा चुका है,[1] ईसा की पहली शताब्दी में शकों और कुषाणों ने भारत पर विजय अभियान शुरू किया और कुछ भाग जीते भी। बाद में यूह-ची की तरह हूण भी पच्छिम की तरफ बढ़ गये, और दो मुख्य शाखाओं में बँट गये, जिनमें से एक शाखा तो वोल्गा नदी की ओर चली गई और दूसरी आमू दरिया की तरफ। पहली शाखा की कार्यवाहियों का सम्बन्ध रोमन इतिहास से है, इसलिए उन पर यहाँ विचार करना अनावश्यक है। आमू दरिया की घाटी के हूणों ने जुआन-जुआन कबीले का प्रभुत्व खत्म कर दिया और ईसा की पाँचवीं शती के मध्य में वे अत्यन्त शक्तिशाली ताकत बन गये। अपने शासक के खान्दान के नाम पर वे ये-था, हेफ्थेलाइट या एफ्थेलाइट कहलाने लगे। यूनानी विवरणों में उनको श्वेत हूण कहा गया है।

आमू दरिया की घाटी से श्वेत हूणों के गिरोह ईरान और भारत, दोनों ओर बढ़े। हिन्दूकुश पार करके उन्होंने गान्धार पर कब्जा कर लिया, लेकिन स्कन्दगुप्त ने उन्हें इससे आगे नहीं बढ़ने दिया और सन् ४६० ई० के करीब उन्हें बुरी तरह पराजित किया। लेकिन ईरान उनका मुकाबला नहीं कर पाया और सन् ४८४ ई० में हूणों ने ईरान के शाह को हरा कर उसकी हत्या कर दी। इस सफलता से हूणों की शक्ति और प्रतिष्ठा को बहुत बल मिला और ईसा की पाँचवीं शती के अन्त तक वे अपनी राजधानी बल्ख से एक विशाल साम्राज्य पर शासन करने लगे।

ईसा की पाँचवीं शती के अन्त में या छठी शती के शुरू में हूणों के एक सरदार तोरमाण ने पंजाब से आगे बढ़कर पच्छिमी भारत पर कब्जा कर लिया, यहाँ तक कि एरन (मध्य प्रदेश का सागर जिला) भी उसके राज्य में आ गया। उसने एरन की विजय बुधगुप्त की मृत्यु से अधिक दिनों बाद नहीं की होगी, क्योंकि तोरमाण के राज्य में एरन प्रदेश का स्थानीय शासक उस सामन्त का छोटा भाई था, जो बुधगुप्त के राज्य में वहाँ का स्थानीय शासक था। तोरमाण को आमतौर पर हूण सरदार माना जाता है और हालाँकि इस बात का कोई ठोस प्रमाण उपलब्ध नहीं है, लेकिन यह सच भी हो सकता है।[2] उसके सिक्के उसके विदेशी होने का प्रमाण देते हैं और उनसे पता चलता है कि उत्तर प्रदेश के कुछ भाग, राजस्थान, पंजाब और काश्मीर, उसके राज में थे। सम्भव है कि वह गान्धार के हूण-शासक के खान्दान का हो, और भारत में अपने राज्य का विस्तार करने के लिए वहीं से आया हो। लेकिन हमारे पास उसके बारे में बहुत कम निश्चित जानकारी है। एक जैन

(iii) गिर्शमन—ले शियोनित एफ्तलोत

भारत में हूण सरगर्मियों के लिए देखिए इ. ए. xv, २४५, ३४६; इ. हि. क्वा. iii. १; न्यू. इ. ए. iv ३६; हूण सिक्कों के बारे में देखिए, ज. ए. सो. ब. १८९४, भाग I पृ. १९१ प. पृ.; हूणों की प्राचीनता और ईरान में उनकी सरगर्मियों के बारे में देखिए, भण्डारकर कमेमोरेशन वाल्यूम, ६५।

१. वाल्यूम II, पृ. १२० प. पृ. (अंगरेजी संस्करण)।

२. तोरमाण की कौम के बारे में देखिये, न्यू. इ. ए. iv, ३६; इ. हि. क्वा. vii, ५३२।

कृति के अनुसार वह जैन धर्म का अनुयायी बन गया था और पंजाब में चन्द्रभागा (चिनाव) के तट पर पव्वैया में रहता था।[1]

तोरमाण के बाद उसका बेटा मिहिरकुल उसका उत्तराधिकारी बना। वह शायद ५१५ ई० में गद्दी पर बैठा। ह्वेन-त्सांग के अनुसार उसकी राजधानी का नाम साकल या स्यालकोट था और वह भारत पर राज्य करता था।

काश्मीर के इतिवृत्त[2] **राजतरंगिणी** में मिहिरकुल का जिक्र करते हुए कहा गया है कि वह एक शक्तिशाली राजा था, जिसका काश्मीर और गान्धार दोनों पर शासन था और उसने दक्षिण भारत और लंका पर भी विजय प्राप्त की थी। उसका वर्णन करते हुए कहा गया है कि वह अत्यन्त निरंकुश और हिंस्र प्रवृत्ति का राजा था। उसकी क्रूरता की हृदयविदारक कहानियाँ विस्तार से बयान की गयी हैं। **राजतरंगिणी** में एक और तोरमाण का जिक्र आया है, जिसे मिहिरकुल से बहुत बाद का बताया गया है—बीच में लगभग अठारह और राजाओं के नाम आते हैं। इस तोरमाण का चरित्र उस हूण सरदार से बिलकुल नहीं मिलता, जिसके बारे में हमें अन्य स्रोतों से भी जानकारी मिलती है, हालाँकि एक का जीवनकाल दूसरे के जीवनकाल से मिलता-जुलता नजर आता है। इसके विपरीत, **राजतरंगिणी** में वर्णित मिहिरकुल की क्रूरता की कहानियाँ ह्वेन-त्सांग द्वारा वर्णित कहानियों से मेल खाती हैं। लेकिन उसके राज्य की जो तारीख बतायी गई है, वह बहुत पहले की है। इसलिए हम इन शासकों के बारे में ऐतिहासिक जानकारी के लिए **राजतरंगिणी** को विश्वसनीय स्रोत नहीं मान सकते।

इस काल में हूणों की शक्ति और उनका प्रभाव कितना था, इस बारे में सुंग-युन[3] के विवरण से, जो ५२० ई० में गान्धार के हूण राजा के दरबार में चीन का राजदूत था, हम काफी सही अन्दाज लगा सकते हैं। यह बताने के बाद कि उसके समय से दो पीढ़ियों पहले हूणों ने इस राज्य को जीत कर उस पर अपनी हुकूमत कायम की थी, वह उस राजा के बारे में, जिसके दरबार में वह राजदूत बनकर गया था, लिखता है :

"इस राजा (या कुल) का स्वभाव क्रूरतापूर्ण है और प्रतिशोध की भावना से उत्प्रेरित है और वह अधिक से अधिक बर्बरतापूर्ण अत्याचार करता है। उसे बुद्ध के धर्म में जरा भी विश्वास नहीं है, बल्कि वह दानवों का उपासक है। अपनी शक्ति पर ही भरोसा करके उसने की-पिन (काश्मीर) राज्य की सीमाओं को विवादग्रस्त बताकर, उससे युद्ध ठान लिया है और उसके सैनिक तीन साल से इस युद्ध में लगे हुए हैं। इस राजा के पास ७०० हाथी हैं. . . . राजा लगातार अपनी सेना के साथ सीमा पर डटा है और एक बार भी अपने राज्य में लौट कर नहीं आया। . . . . . " इससे कुछ दिनों बाद की तारीख

---

१. इस जैन कृति का नाम कुवलयमाला है, जिसकी रचना शक संवत् ७०० (७७८ ई०) में हुई थी। इसकी कथावस्तु का संक्षेप देखिए : ज. बि. ओ. रि. सो. xiv, २८; तथा देखिए इ. हि. क्वा. xxxiii. २५३।

२. इ. २८९ प. पृ. iii १०२ प. पृ.।

३. ह्वेन-त्साँग. बी. I., xv सी.।

का एक विवरण अलेक्जेन्ड्रिया के यूनानी कोस्मस का लिखा हुआ मिलता है, जिसका उपनाम इन्डीकोप्लूस्टीज (भारतीय नाविक) था। उसने अपनी पुस्तक **क्रिश्चियन टॉपोग्राफी**[1] में, जिसका लिखना उसने शायद ५३५ ई० में शुरू किया था और जो ५४७ ई० तक अपने अन्तिम रूप में समाप्त नहीं हुई थी, एक स्थान पर लिखा है : "भारत में ऊपर की ओर, यानी उत्तरी सीमा से परे, श्वेत हूण रहते हैं। उनमें एक है जो गोल्लस कहलाता है, जो अपने साथ दो हजार हाथियों और असंख्य घुड़सवारों की फौज लेकर चलता है। वह भारत का स्वामी है और वह लोगों पर अत्याचार करके उनसे जबरन खिराज वसूल करता है।" उसके बारे में कुछ कहानियाँ बयान करके, वह आगे लिखता है : "फिसान नदी भारत के सब देशों को हूणों के देश से अलग करती है।" सौभाग्य से इस लेखक ने अन्यत्र एक स्थान पर लिखा है कि "फिसान नदी और सिन्धु नदी एक ही हैं।" यह विवरण जिस तारीख का हवाला देता है, उसे हम सन् ५२३ और ५३५ ई० के बीच की मान सकते हैं।

आमतौर पर विश्वास किया जाता है कि उपर्युक्त विवरण में जिस राजा गोल्लस का जिक्र किया गया है, वह वास्तव में मिहिरकुल ही था, जिसका नाम मिहिरगुल भी लिखा गया है। यह भी सम्भव है कि सुंग-युन गान्धार में कुछ दिन पहले जिस राजा से मिला था, वह भी मिहिरकुल ही था। यह बात उल्लेखनीय है कि इन दोनों विवरणों में हूण राज्य का क्षेत्र सिन्धु नदी से पश्चिम में बताया गया है, हालाँकि कोस्मस के अनुसार भारतीय राजे हूण राजा की प्रभुसत्ता मानते थे और वह उनसे जबरन खिराज वसूल करता था। लगता है कि परिस्थिति में यह तबदीली सुंग-युन के बाद हुई थी, जिस बीच हूण राजा की फौज में भी ७०० से बढ़कर २,००० हाथी हो गये थे।

अगर हम इस अनुमान को स्वीकार करके चलें तो हमारे लिए यह निष्कर्ष निकालना सर्वथा उचित होगा कि प्रारम्भिक सफलता के बावजूद, जो उसे एरन (मध्य प्रदेश) तक ले आई थी, तोरमाण की शक्ति क्षीण होने लगी थी। उसे पीछे हटना पड़ गया था और हूणों का अधिकार सिन्धु नदी से पार के क्षेत्र तक ही सीमित हो गया था। यह शायद उस युद्ध के कारण हुआ हो, जिसमें बुधगुप्त ने अपने दुश्मन को पराजित किया था और जिसकी ओर पहले संकेत किया जा चुका है। लेकिन यह सब अस्पष्ट और अनिश्चित है और हम किसी निश्चित उपसंहार पर नहीं पहुँच सकते। खैर, तोरमाण के अन्त के बारे में हम चाहे जो सोचें, इसमें सन्देह नहीं है कि उसके पुत्र मिहिरकुल ने एक बार फिर अपने बाप के इरादों को पूरा करने की कोशिश की। सभी प्राप्त विवरणों से ज्ञात होता है कि मिहिरकुल एक शक्तिशाली निरंकुश राजा था, जिसने उत्तर भारत के अधिकांश भाग को अपनी सेनाओं से रौंद कर अपने कब्जे में ले लिया था। उसके राज्यकाल के पन्द्रहवें साल के एक उत्कीर्ण लेख से (सन् ५३० ई०) पता चलता है कि कम से कम ग्वालियर तक उसका अधिकार-क्षेत्र फैला हुआ था, और सम्भवतः इससे आगे के क्षेत्रों

---

१. अंगरेजी में अनूदित। अनुवादक, जे. डब्ल्यू. मैक्क्रिंडिल (लन्दन, १८९७)

में भी उसकी प्रभुसत्ता स्वीकार की जाती थी। जैसा हम पहले उल्लेख कर चुके हैं, ह्वेन-त्सांग के अनुसार उसने समस्त भारत पर अपना कब्जा जमा लिया था। कोस्मस ने भी लिखा है कि उसके समय में हूण राजा सारे भारत का स्वामी था। लेकिन हूण बहुत दिनों तक अपनी सफलता का उपभोग नहीं कर सके और मिहिरकुल को भी भारत के दो राजाओं, यशोधर्मन और नरसिंह गुप्त के हाथों अन्ततः परास्त होना पड़ा।

यशोधर्मन ने, जिसके चरित्र पर आगे विचार किया जायगा, दावा किया है कि "उसके चरणों में तो वह (प्रसिद्ध) राजा मिहिरकुल भी अपना माथा टेकता था, जिसने स्थाणु (भगवान शिव) के अलावा अपनी जिन्दगी में पहले कभी किसी और के आगे माथा नहीं टेका था (और) जिसकी भुजाओं में बँध कर हिम के पर्वत (हिमालय) का यह गर्व भी खंडित हो गया था कि वह एक अलंघ्य दुर्ग है।" हिम के पर्वत का हवाला शायद सूचित करता है कि मिहिरकुल काश्मीर और उसके इर्दगिर्द के इलाके पर शासन करता था। स्मरण रहे कि सुंग-युन ने भी लिखा था कि हूण राजा काश्मीर से युद्ध कर रहा था। इससे अनुमान होता है कि मिहिरकुल जब भारत के आन्तरिक भागों की ओर बढ़ रहा था, मालवा के महत्त्वाकांक्षी शासक यशोधर्मन ने उसका मुकाबला किया था। जाहिर है कि मिहिरकुल इस युद्ध में हार गया था, लेकिन उसका राज्य या उसकी शक्ति का विनाश नहीं हुआ था। इसके शायद कुछ दिन बाद ही जब यशोधर्मन का पतन हुआ तो मिहिरकुल फिर अग्रभाग में आ गया।

उन दिनों साम्राज्य की गद्दी पर शायद नरसिंह गुप्त बालादित्य राज कर रहा था। वह कुछ समय तक तो यशोधर्मन के सफल आक्रमण से अभिभूत हो गया था, और मिहिरकुल ने साम्राज्य की शक्ति के इस अस्थायी ह्रास का स्पष्टतः लाभ उठाकर अपनी शक्ति का विस्तार किया। ह्वेन-त्सांग के अनुसार नरसिंह गुप्त को विवश होकर मिहिरकुल को खिराज देने की अपमानजनक स्थिति स्वीकार करनी पड़ी। मिहिरकुल की जबर्दस्त ताकत और बौद्धों पर उसके अत्याचारों का वर्णन करने के बाद ह्वेन-त्सांग एक लम्बी कहानी में बयान करता है कि किस प्रकार बालादित्य ने उस पर विजय प्राप्त की। संक्षेप में कहानी इस प्रकार है :

"मगध का राजा बालादित्य-राज बौद्ध मत का पूर्ण सम्मान करता था। जब उसे मिहिरकुल के क्रूर अत्याचारों का पता चला तो उसने सख्ती से अपने राज्य की सीमाओं की सुरक्षा शुरू कर दी और खिराज देने से इन्कार किया। मिहिरकुल जब उसके राज्य पर चढ़ आया तो बालादित्य ने ससैन्य एक टापू में शरण ली। मिहिरकुल ने अपनी सेना के मुख्य अंश को अपने छोटे भाई की कमान में छोड़ा और नावों पर चढ़ कर उस टापू में अपनी टुकड़ी सहित जा उतरा। लेकिन बालादित्य की सेना ने एक संकीर्ण दर्रे से गुजरते हुए मिहिरकुल को घेर कर कैद कर लिया। बालादित्य ने मिहिरकुल को प्राणदंड देने का निश्चय किया, लेकिन अपनी माँ के आग्रह पर उसे रिहा कर दिया। मिहिरकुल ने लौटकर देखा कि उसके भाई ने पहले से ही वापस जा कर गद्दी हथिया ली है। उसने भाग कर काश्मीर में शरण माँगी और पाई भी। फिर उसने वहाँ भी विद्रोह की आग

सुलगा दी और वहाँ के राजा को मार कर खुद काश्मीर के सिंहासन पर बैठ गया। इसके बाद उसने गान्धार के राजा की हत्या करके उसके समूचे राजपरिवार को मौत के घाट उतार दिया। उसने **बौद्ध-स्तूपों** और **संघारामों** का विध्वंस किया और गान्धार की सारी दौलत लूट कर वापस लौटा। लेकिन एक साल के अन्दर ही उसकी मृत्यु हो गयी।"

चूँकि ह्वेन-त्सांग ने मिहिरकुल को "कई शताब्दियों पहले" का राजा बताया है, इसलिए आमतौर पर उसका यह विवरण भी सन्देहास्पद है। इसके अलावा भी इस कहानी में दिये गये ब्यौरों पर विश्वास करना कठिन है।

यह पहले ही बताया जा चुका है कि सम्भवतः भारत के काश्मीर और निश्चय ही गान्धार प्रदेश हूण-साम्राज्य के अन्तर्गत आ चुके थे, और ह्वेन-त्सांग का यह कहना कि मिहिरकुल ने इन प्रदेशों को नये सिरे से जीता था, एकदम गलत है। बालादित्य के हाथों मिहिरकुल की पराजय और कैदी की हालत में उसके सामने पेश होने की लम्बी कहानी, और विशेषतः जिस ढंग से यह सब हुआ, उसमें निस्सन्देह काफी अतिरंजना है, लेकिन इन त्रुटियों के बावजूद और किसी अन्य सन्तोषजनक परिकल्पना के अभाव में, हम अस्थायी रूप से मान सकते हैं कि बालादित्य ने मिहिरकुल को परास्त करके हूणों के हमलों से गुप्त साम्राज्य को बचाया था। शायद यही कारण था कि दो शताब्दियों बाद तक एक वीर योद्धा के रूप में बालादित्य का नाम और यश जीवित रहा। मिहिरकुल की पराजय से, लगता है, भारत में हूणों के आधिपत्य को सदा के लिए समाप्त कर दिया था, क्योंकि यद्यपि कुछ हूण बस्तियाँ, यहाँ तक कि छोटी-छोटी हूण रियासतें, बाद में भी मिलती हैं, लेकिन हूण फिर कभी भारतीय इतिहास में महान राजशक्ति या उपद्रवी तत्त्व के रूप में नहीं उभर सके।

इस प्रसंग में, मौखरियों ने हूणों को जो शिकस्त दी थी, उसका भी उल्लेख जरूरी है। उनके दुश्मन परवर्ती गुप्तों के एक विवरण में मौखरियों के उन गर्वीले हाथियों की पंक्ति का हवाला मिलता है, "जिन्होंने युद्ध में हूणों को फौज के पाँव उखाड़ दिए थे।" सम्भवतः यह विजय मौखरी राजा ईशान वर्मा ने प्राप्त की थी और वह गुप्त सम्राट नरसिंह गुप्त के एक सामन्त की हैसियत से उसके साथ ही मिहिरकुल के विरुद्ध लड़ा था। लेकिन, यह भी नामुमकिन नहीं है कि स्वाधीन मौखरी राजा ईशान वर्मा या उसके बेटे शर्व वर्मा ने एक बार फिर हूणों को परास्त किया हो। यह निश्चित है कि मौखरियों ने हूण राजाओं के अनुकरण में सिक्के जारी किए थे और वे उन प्रदेशों पर राज करने लगे थे, जो पहले हूणों के कब्जे में थे।

भारत में हूणों की शक्ति का ह्रास केवल उनके सरदारों, तोरमाण और मिहिरकुल की पराजय के कारण ही नहीं हुआ था, बल्कि इसका मुख्य कारण शायद यह था कि आमू दरिया की घाटी में स्थित उनकी केन्द्रीय सत्ता को तुर्कों और ईरानियों की संयुक्त सेनाओं ने ५६३ और ५६७ ई० के बीच नष्ट कर दिया था। इससे पूरब की दुनिया में हूणों की शक्ति हमेशा के लिए समाप्त हो गई।

३. यशोधर्मन् तथा अन्य विद्रोही सामन्त

तोरमाण और मिहिरकुल के नेतृत्व में हूणों के आक्रमणों ने गुप्त साम्राज्य के विघटन में, जिसकी बुधगुप्त की मृत्यु के बाद से ही शुरुआत हो गयी थी, और भी योग दिया था। सामन्तों, यहाँ तक कि राज्य के बड़े पदाधिकारियों ने भी धीरे-धीरे अपनी सत्ता और अधिकार बढ़ा लिये और अन्त में खुद ही स्वाधीन राजा बन बैठे। इस काल के पुरालेखों में अक्सर चारों ओर होने वाली लड़ाइयों के हवाले मिलते हैं, जिनसे साफ जाहिर है कि यह उपद्रवों और उत्तेजनाओं का युग था। हूणों के अलावा, हमें कम से कम एक और विदेशी आक्रमण का पता है। दक्षिण के वाकाटक राजा हरिषेण ने मालवा पर आक्रमण किया था और मालवा और गुजरात पर अपना आधिपत्य जमा लिया था।

हूणों और वाकाटकों के आक्रमणों के कारण मालवा का प्रान्त एक अरसे से बड़े उपद्रवों के बीच से गुजर रहा था और इस क्षेत्र में गुप्त सम्राटों का आधिपत्य जरूर ही कमजोर पड़ गया था। इस स्थिति का फायदा उठाकर स्थानीय सामन्त यशोधर्मन ने अपनी स्वतन्त्र सत्ता स्थापित कर ली और कुछ ही दिनों में वह इतना शक्तिशाली हो गया कि उसने न सिर्फ हूणों के सरदार मिहिरकुल को युद्ध में हराया, बल्कि गुप्त सम्राट को भी चुनौती दी।

यशोधर्मन के आरम्भिक इतिहास का कुछ पता नहीं है। जाहिर है कि ईसा की पाँचवीं शती के मध्य में[1] मालवा या उसके एक भाग पर शासन करने वाले सामन्ती परिवार के साथ उसका कोई सम्बन्ध था। लेकिन यशोधर्मन के अचानक उत्थान से एक शताब्दी पहले तक के इस परिवार के पूर्व इतिहास का कुछ पता नहीं चलता। उसकी सैनिक विजय के बारे में हमें जो कुछ ज्ञात है वह मंदसौर[2] में प्राप्त पत्थर के दो स्तम्भों पर अलग-अलग खुदे एक ही अभिलेख पर आधारित है। इस राजकीय प्रशस्ति में दावा किया गया है कि यशोधर्मन की प्रभुसत्ता उस विशाल क्षेत्र में मानी जाती थी, जो उत्तर में हिमालय, दक्षिण में महेन्द्र पर्वत (गंजाम जिला), पूरब में ब्रह्मपुत्र नदी और पच्छिम में समुद्र से घिरा था। बताया गया है कि उसने उन देशों तक को जीत लिया था, जिन्होंने गुप्तों या हूणों के आगे भी समर्पण नहीं किया था। और आगे, जैसा पहले उल्लेख किया जा चुका है, लिखा है कि प्रसिद्ध राजा मिहिरकुल भी उसके चरणों में माथा टेकता था।

दिग्विजय के इस सामान्य और रूढ़ वर्णन को ज्यों का त्यों स्वीकार नहीं किया जा सकता और हमारे लिए यह सोचना उचित नहीं होगा कि यशोधर्मन उत्तर भारत का एकछत्र सम्राट था। लेकिन साथ ही एक सार्वजनिक अभिलेख में इस तरह का साहसपूर्ण

---

१. यह इस बात से प्रमाणित होता है कि इस सामन्त परिवार के नरवर्मन को औलिकर पुकारा जाता था (ई. इ., xxvi. १३०) और यशोधर्मन को औलिकर खान्दान का बताया जाता है।

२. का. इ. इ. iii, १४२, सेले, इंस्क्रि. ३९३। कुछ सूचना मंदसौर में ही प्राप्त एक दूसरे अभिलेख में भी दी गयी है। (का. इ. इ. iii १५०; सेले. इंस्क्रि. ३८६)।

दावा भी शायद न किया जाता अगर उसका कोई आधार न होता, और हमें इस बात पर सन्देह नहीं करना चाहिए कि यशोधर्मन एक महान विजेता था। विशेषकर हम इस बात पर तो विश्वास कर ही सकते हैं कि उसने मिहिरकुल को हराया था। शायद, इससे भी आगे बढ़कर हम यह मान सकते हैं कि उसने मिहिरकुल को हराकर और मालवा को हूणों के आधिपत्य से मुक्त करके ही सर्वप्रथम ख्याति और लोकप्रियता पायी थी। इस प्रकार उसे जो शक्ति और प्रतिष्ठा मिली उससे शायद वह और भी विजय-अभियानों में सफल हुआ, जिनकी कीमत मुख्यतः गुप्तों को चुकानी पड़ी थी। लेकिन उसके साम्राज्य की सीमाओं का ठीक-ठीक निर्णय करना सम्भव नहीं है। फिर भी इतना तो निश्चित है कि वह अन्तिम रूप से न तो गुप्त साम्राज्य को नष्ट कर सकता था, न मिहिरकुल की शक्ति को ही। ५३० और ५४० ई० के बीच वह एक उल्कापिंड की तरह आकाश में उठा और उसके साथ ही उसका साम्राज्य नष्ट भी हो गया।

यशोधर्मन के राजविद्रोह के फौरन बाद, या शायद उसके एक अनिवार्य परिणाम के रूप में, गुप्त साम्राज्य के केन्द्रीय प्रदेशों में भी अनेक सामन्ती रियासतें उठ खड़ी हुईं। उनमें से मौखरी और "परवर्ती गुप्त" सबसे शक्तिशाली थे और आगे चल कर उन्होंने भारत के इतिहास में महत्त्वपूर्ण भूमिका भी पूरी की। उनके इतिहास का विस्तृत ब्यौरा अलग से प्रस्तुत किया जायगा। यहाँ पर केवल इतना उल्लेख ही पर्याप्त है कि मौखरी, जो पहले सामन्तों के रूप में बिहार और उत्तर प्रदेश में शासन करते थे, धीरे-धीरे उत्तर प्रदेश के क्षेत्र में इतने शक्तिशाली हो गये कि शायद उन्होंने छठी शताब्दी के मध्य में एक स्वाधीन राज्य स्थापित कर लिया। गुप्त सम्राटों से अलग करने के लिए ही मालवा और मगध में राज करने वाले गुप्तों को "परवर्ती गुप्त" कहते हैं। मौखरियों की तरह "परवर्ती गुप्त" भी आरम्भ में शायद गुप्त सम्राटों के सामन्त थे और शायद उन्होंने गुप्त साम्राज्य की रक्षा के लिए युद्ध में भी भाग लिया था। लेकिन बाद में, वे भी स्वाधीन शासक बन बैठे। शायद उन्हीं दिनों पहले मौखरियों ने भी यही किया था।

इन्हीं दिनों या इससे कुछ पहले, वंग, अर्थात् दक्षिण और पूर्वी बंगाल, ने भी गुप्तों की अधीनता त्याग दी। पहले ही उल्लेख किया जा चुका है कि वैन्यगुप्त सन् ५०६-७ ई० में पूर्वी बंगाल पर **महाराज** की उपाधि से शासन करता था। यद्यपि उसने बाद में सम्राट होने का दावा किया था, लेकिन यह बिलकुल सम्भव है कि उसका वास्तविक अधिकार-क्षेत्र बंगाल तक ही सीमित रहा हो। अगर ऐसा है तो हम इस समय से बंगाल में एक स्वतंत्र राज्य का अस्तित्व मान सकते हैं। जो भी हो, स्थानीय शासकों के अन्तर्गत वंग का महत्त्व इतना बढ़ गया कि वहाँ के शासकों ने **महाराजाधिराज** की उपाधि धारण कर ली और उन्होंने गुप्त सम्राटों की तरह सोने के सिक्के भी जारी किये।

गौड़देश (पच्छिमी बंगाल) के लोगों ने भी प्रमुखता प्राप्त कर ली थी और कहा जाता है कि एक मौखरी सामन्त ने उनको परास्त किया था। "परवर्ती गुप्तों" ने भी समुद्र तट के किसी दुश्मन के खिलाफ युद्ध किया था। इन दोनों हवालों में शायद बंगाल के उपर्युक्त राजाओं की ओर संकेत किया गया हो और मौखरियों या "परवर्ती गुप्तों" ने

मिलकर या अलग-अलग रूप में गुप्त सम्राटों की ओर से, जो नाममात्र के लिए ही सही उनके अधिराज थे, वंग के विरुद्ध अभियान चलाये हों।

इन नयी उभरती हुई ताकतों के उलझे हुए इतिहास से मालूम होता है कि यशोधर्मन अधिक समय तक किसी स्थायी आधार पर या लम्बे काल के लिए अपनी सत्ता कायम नहीं रख सका। यह सम्भव है कि तत्काल के लिए चकाचौंध उत्पन्न करने वाली उसकी सामरिक सफलताओं से औरों को भी उसकी मिसाल की नकल करने की प्रेरणा मिली हो। इस प्रकार गुप्त साम्राज्य के सामन्तों में आमतौर पर विद्रोह की आग भड़क उठी और यशोधर्मन शायद पहला सामन्त था जो इस आग में, जो खुद उसके कारनामों से चारों ओर फैली, जलकर खाक हो गया।

परिच्छेद : ६

गुप्त साम्राज्य का पतन

१. नरसिंह गुप्त

पिछले परिच्छेद में वर्णित घटनाओं से स्पष्ट हो गया होगा कि नरसिंह गुप्त के गद्दी पर बैठने के समय, या उसके फौरन बाद ही, आन्तरिक झगड़ों, विदेशी आक्रमणों और प्रान्तीय क्षत्रपों तथा सामन्तों के सफल विद्रोहों ने गुप्त साम्राज्य के विघटन की प्रक्रिया को लगभग पूरा कर दिया था। एक विशाल क्षेत्र के अधिराज के रूप में सम्राट का नामोल्लेख अवश्य किया जाता था, लेकिन वास्तव में उसका हुक्म मगध और उसके आस-पास के छोटे इलाके तक ही चलता था। यशोधर्मन की विजयों का क्या परिणाम हुआ था, इसका ठीक-ठीक निर्णय तो नहीं किया जा सकता, लेकिन इतना जरूर निश्चित है कि गुप्त साम्राज्य किसी तरह इस आघात को झेलने में समर्थ रहा। पुरालेखों, मिसाल के लिए सन् ५२६ और ५४५ ई० के बीच वलभी में बाँटे गये १४ पट्टों (भूमि अनुदान पत्रों) की जाँच करने से पता चलता है कि उस समय तक कोई महत्त्वपूर्ण राजनीतिक परिवर्तन नहीं हुआ था, क्योंकि इन सभी पट्टों में **परमभट्टारक** या अधीश्वर के प्रति स्वामिभक्ति प्रकट की गयी है। निश्चय ही यहाँ संकेत गुप्त सम्राट से है, क्योंकि इस प्रकार की नामिक स्वामिभक्ति, जिसके पीछे कोई वास्तविकता नहीं है, केवल परम्परा पालन की खातिर किसी पुराने प्रतिष्ठित राजवंश के प्रति ही प्रकट की जाती थी। यशोधर्मन जैसी नयी राजशक्ति मात्र सांकेतिक स्वामिभक्ति से सन्तोष नहीं कर सकती थी; उसे तो पूरा समर्पण चाहिए था या कुछ नहीं। इसके अलावा उत्तर बंगाल में, सन् ५४३ ई० में जारी किये गये एक भूमि अनुदान पत्र में भी एक गुप्त सम्राट का ही (जिसका नाम मिट गया है) जिक्र किया गया है, न कि यशोधर्मन का। इसके अलावा, यशोधर्मन यद्यपि गंजाम जिले तक अपने अधिकार-क्षेत्र का दावा करता है, लेकिन हाल में ही उड़ीसा में खालीकोट जिले के सुमंडल गाँव में मिले एक शिलालेख[1] से पता चलता है कि गुप्त संवत् २५० (सन् ५६९-७० ई०) तक कलिंग में गुप्तों की प्रभुता थी। इन सब तथ्यों से हम इस नतीजे पर पहुँचते हैं कि यशोधर्मन की सैन्य सफलता केवल तात्कालिक महत्त्व की थी और वह गुप्त साम्राज्य के राजनीतिक मानचित्र में कोई विशेष परिवर्तन नहीं कर पायी थी।

---

१. इस अभिलेख का ई. इ. xxviii, ७९ में सम्पादन किया गया है।

लेकिन इसमें जरा भी सन्देह नहीं कि यशोधर्मन ने गुप्त साम्राज्य की प्रतिष्ठा और सत्ता को करारी चोट पहुँचायी थी। उसने उन सब विघटनकारी शक्तियों को बल प्रदान किया था, जो पहले से ही काम कर रही थीं। हूण नरेश मिहिरकुल ने मौके से फायदा उठाकर फिर से हमले शुरू कर दिये थे। अगर ह्वेन-त्सांग पर विश्वास करें, तो मिहिरकुल ने स्वयं नरसिंह गुप्त द्वारा शासित प्रदेशों पर हमला करके उसे खिराज देने पर मजबूर कर दिया था।

गुप्त सम्राट के लिए एक हूण सरदार को अपना अधिराज मान लेना अत्यन्त अपमान-जनक रहा होगा। यह अपमानजनक स्थिति मिहिरकुल की क्रूरता और उसके अत्याचारों से और भी असह्य हो गयी होगी। आखिरकार स्कन्दगुप्त का स्वाभिमानी वंशज इस स्थिति को ज्यादा दिनों तक बर्दाश्त नहीं कर पाया और उसने अपने राज्य की सीमा से इस बर्बर विजेता को निकाल बाहर करने का वीरतापूर्ण प्रयत्न किया। शायद मौखरी और दूसरे सामन्तों ने भी इस प्रशंसनीय कार्य में, जो गुप्त सम्राटों के लिए देश सेवा का अन्तिम प्रयत्न था, उसकी पूरी मदद की। नरसिंह गुप्त ने इस कार्य में किस प्रकार पूर्ण सफलता प्राप्त की, ह्वेन-त्सांग के विवरण के आधार पर हम उसका वर्णन पहले कर चुके हैं, लेकिन हम यह मान कर चले हैं कि ह्वेन-त्सांग ने जिस बालादित्य का जिक्र किया है, वह नरसिंह गुप्त बालादित्य ही था। चीनी यात्री ने उसको बौद्ध धर्म का महान् संरक्षक और नालन्दा में एक बौद्ध मठ (**संघाराम**) का निर्माता भी बताया है।

नालन्दा में प्राप्त ईसा की लगभग आठवीं शती के एक उत्कीर्ण लेख में भी "दुर्दमनीय शक्ति के एक महान् राजा बालादित्य" का जिक्र आया है, जिसने तमाम दुश्मनों को परास्त करने और सारी पृथ्वी का उपभोग करने के बाद "नालन्दा में एक असाधारण मठ" का निर्माण किया था। इस प्रकार दो प्राचीन परम्परा-सूत्रों ने उस महान् राजा की स्मृति को सुरक्षित रखा है, जिसका नाम बालादित्य था और जो समान रूप से अपनी वीरता और नालन्दा में बौद्ध मठ निर्माण करने के लिए प्रसिद्ध था। सर्वाधिक ग्राह्य यही मत लगता है कि यह बालादित्य और कोई नहीं नरसिंह गुप्त बालादित्य ही था, लेकिन इसे नितान्त निश्चित तथ्य नहीं माना जा सकता।[१]

---

१. नरसिंह गुप्त के सिक्कों से पता चलता है कि उसने बालादित्य की उपाधि धारण कर ली थी। इसलिए कुछ लोग उसे मगध के राजा बालादित्य से अभिन्न मानते हैं, जिसने ह्वेन-त्सांग के अनुसार, मिहिरकुल को परास्त किया था। इस कृति में प्रदत्त अन्तिम तीन गुप्त सम्राटों का इतिवृत्त इसी अभिन्नता की स्वीकृति पर आधारित है। लेकिन कुछ विद्वान इस मत को स्वीकार नहीं करते। उनका कहना है कि नरसिंह गुप्त का राज्यकाल सन् ४७४ ई० से पहले ही समाप्त हो गया था, और वे उसके पुत्र कुमारगुप्त को उस नाम के उस राजा से अभिन्न मानते हैं, जिसका उल्लेख उस वर्ष के ही एक उत्कीर्ण लेख में मिलता है (देखिए पृष्ठ ३२)। डॉ० रायचौधरी ह्वेन-त्सांग के बालादित्य को भानुगुप्त से अभिन्न मानते हैं। (पा. हि, ऐं. इ. ५, ५९६-९७)

२. अन्तिम दो गुप्त सम्राट

नरसिंहगुप्त अन्तिम महान् गुप्त सम्राट था। उसके बाद उसका बेटा कुमारगुप्त तृतीय और फिर उसका पोता विष्णुगुप्त गद्दी पर बैठे।[१] उन्होंने नरसिंह गुप्त के सिक्कों की किस्म के ही सोने के सिक्के चलाये, और, उसकी ही तरह उन्होंने भी अपने नामों के पीछे क्रमशः **क्रमादित्य** और **चन्द्रादित्य** की उपाधियां भी लगायीं। उन दोनों का राज्य काल अनुमानतः सन् ५३५ और ५७० ई० के बीच था। उनके सिक्कों में मिलावट की मात्रा लगातार बढ़ती गयी, जो इन दोनों शासकों के राज में गुप्त साम्राज्य के तेजी से पतन का स्पष्ट प्रमाण पेश करते हैं। लेकिन यह तथ्य कि उन्होंने सोने के सिक्के जारी किये थे, साबित करता है कि गुप्त साम्राज्य का ताना-बाना अभी तक पूरी तरह छिन्न-भिन्न नहीं हुआ था। इस निष्कर्ष की पुष्टि उन तीनों तथ्यों से भी होती है, जिनका हम पहले हवाला दे चुके हैं; पहला यह कि उत्तर बंगाल के एक उत्कीर्ण लेख में सन् ५४३ ई० में भी किसी गुप्त सम्राट को अधिराज माना गया है; दूसरा यह कि वलभी के शासक अपने (गुप्त) अधिराज के प्रति सन् ५५० ई० तक अपनी स्वामिभक्ति प्रदर्शित करते रहे थे; और तीसरा यह कि कलिंग में गुप्तों का अधिराज्य सन् ५६९ में भी माना जाता था।

ह्वेन-त्सांग ने बालादित्य को मगध का राजा बताया है, और मौखरियों और "उत्तर-कालीन गुप्तों" के बारे में ऊपर जो कुछ कहा गया है, उसको दृष्टि में रखते हुए, यह वर्णन गुप्त सम्राट का ही लगता है। मगध से बाहर उसके साम्राज्य में शायद कलिंग और उत्तरी बंगाल के प्रदेश ही बाकी रह गये थे। जहां एक तरफ हम दक्षिणी, पश्चिमी और पूर्वी बंगाल में स्वाधीन राजाओं की चर्चा सुनते हैं, वहां दूसरी तरफ सन् ५४३ में, उत्तर बंगाल के एक अनुदान-पत्र में हम देखते हैं कि एक गुप्त राजा का अधिराज के रूप में आह्वान किया गया है। दुर्भाग्य से उसके नाम का पहला भाग नष्ट हो गया है, लेकिन वह 'विष्णु" भी हो सकता था, जो अन्तिम गुप्त सम्राट था। इस सम्बन्ध में हमें कुछ भी ज्ञात नहीं है कि अपने इस आखिरी शासन-क्षेत्र से गुप्तों का अधिकार कब मिट गया। मगध के केन्द्र में स्थित गया जिले में प्राप्त एक भूमि-अनुदान-पत्र सन् ५५१-५२ ई० का है, जिसे नन्दन नाम के एक व्यक्ति ने, जो **कुमारामात्य महाराज** कहलाता था, जारी किया था। चूँकि इस अनुदान-पत्र में किसी भी गुप्त शासक का हवाला नहीं दिया गया है, इसलिए हम निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि सन् ५५० ई० के लगभग मगध में भी, अधिकांशतः गुप्तों की प्रभुसत्ता खत्म हो चुकी थी। लेकिन नन्दन की **कुमारामात्य** की उपाधि से जाहिर

---

१. नालन्दा में मिली एक मुहर से विष्णुगुप्त के अस्तित्व और गुप्तों की वंशावली में उसके स्थान का पता चलता है (ई. इ. XXVI, २३५; इ. हि. क्वा. XIX. ११९) कुमारगुप्त तृतीय के, जो कुमारगुप्त द्वितीय से भिन्न था, सिक्कों के बारे में जानने के लिए देखिए ज. बि. रि. सो. XXXIV, भाग III-IV, पृ. २०-२२।

होता है कि अठारहवीं शती के अवध के वजीरों की तरह, वह भी तब तक गुप्तों के प्रति अपनी स्वामिभक्ति से खुलकर इन्कार करने का साहस नहीं कर पाया था। कुछ गुप्त सम्राट इसके बाद भी एक चौथाई शती तक शासन करते रहे थे, यह बात कलिंग में, कम से कम सन् ५६९ ई० तक, उनकी प्रभुता चलते रहने से साबित सी लगती है।

वस्तुतः, अनेक दृष्टियों से गुप्त साम्राज्य के पतन और मुगल साम्राज्य के पतन में अद्भुत समानता दीखती है। दोनों का पतन मुख्य रूप से राज परिवार के आन्तरिक झगड़ों और सामन्तों और प्रान्तीय क्षत्रपों के विद्रोहों के कारण हुआ था, हालाँकि विदेशी आक्रमण ने भी इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में योग दिया था। आमतौर पर इतिहासकारों का विश्वास है कि हूण-आक्रमण ही गुप्त साम्राज्य के पतन का मुख्य कारण था। लेकिन इस मत को स्वीकार करना कठिन है। ईसा की पाँचवीं शती में आदि से अन्त तक हूणों के आक्रमण के विरुद्ध भारत के प्रवेश द्वार सफलतापूर्वक बन्द रखे गये थे। पहले तोरमाण और फिर मिहिरकुल की अस्थायी सफलताओं के बावजूद काश्मीर और अफगानिस्तान को छोड़कर, भारत की राजनीति में हूणों की भूमिका कभी सर्वोपरि महत्ता नहीं पा सकी थी। ऐतिहासिक प्रमाणों की संगति तो इसी मत से बैठती है कि हूणों ने गुप्त साम्राज्य को उतनी सांघातिक चोट नहीं पहुँचाई थी, जितनी यशोधर्मन जैसे महत्त्वाकांक्षी सामन्तों ने। हूणों ने बड़े पैमाने पर लूटमार तो मचाई थी, लेकिन उनकी व्यापक सफलताओं का जोर जल्द ही खत्म हो गया था। इसके विपरीत **यशोधर्मन** ने जो फूट की दरार डाली थी, वह तब तक फैलती गयी जब तक साम्राज्य का शक्तिशाली ढांचा टूट कर उस गह्वर में डूब नहीं गया।

सामान्य सन्दर्भ

जे. एफ. फ्लीट—**कार्पस इंस्क्प्सनम इंडिकारम**, जिल्द III (प्रारम्भिक गुप्त राजाओं और उनके उत्तराधिकारियों के अभिलेख), कलकत्ता, १८८८।

डी. सी. सरकार—**सेलेक्ट इंस्क्रिप्शंस बियरिंग ऑन इंडियन हिस्टरी ऐंड सिविलाइजेशन**, जिल्द I, कलकत्ता, १९४२।

जे. एलन—**कैटेलग ऑफ दि क्वायंस ऑफ दि गुप्ता डाइनेस्टीज ऐंड ऑफ शशाँक, किंग आफ गौड़**, लन्दन, १९१४।

व्ही. ए. स्मिथ—**अर्ली हिस्टरी आफ इंडिया**, अध्याय ११ और १२।

आर. डी. बनर्जी—**दि एज ऑफ दि इम्पीरियल गुप्ताज**, बनारस, १९३३।

आर. जी. बसाक—**दि हिस्टरी आफ नार्थ ईस्टर्न इंडिया**, कलकत्ता, १९३४।

एस. के. आयंगर—स्टडीज इन गुप्ता हिस्टरी, ज. इ. हि. VI पूरकांक।

वाकाटक गुप्ता एज—आर. सी. मजुमदार और ए. एस. अल्टेकर द्वारा सम्पादित (**न्यू हिस्टरी आफ दि इंडियन पीपुल**, जिल्द–VI), इस पुस्तक के पृ. सं. ४८०-८२ पर गुप्त अभिलेखों की सूची दी हुई है।

एच. सी. रायचौधरी—**पोलिटिकल हिस्टरी आफ ऐंशिएन्ट इंडिया** (पाँचवां संस्करण), कलकत्ता, १९५० ।

आर. एन. दांडेकर—**ए हिस्टरी आफ दि गुप्ताज**, पूना, १९४१ ।

टिप्पणी :

इस जिल्द के अन्त में प्रदत्त सन्दर्भ ग्रन्थ सूची में महत्त्वपूर्ण अभिलेखों की सूची दी गयी है ।

परिच्छेद : ७

गुप्त काल में उत्तर भारत की छोटी रियासतें

गुप्त साम्राज्य के इतिहास की रूपरेखा प्रस्तुत करते समय शक और कुषाण राज्यों का भी उल्लेख किया गया है। महान् सम्राट समुद्रगुप्त ने दोनों पर अपना प्रभुत्व स्थापित कर लिया था और उसके बेटे ने अन्ततः शक राज्य को जीत कर अपने साम्राज्य में मिला लिया था। इन दोनों वंशों के आरम्भिक इतिहास का पहले ही वर्णन किया जा चुका है।[1] और इस परिच्छेद में हम यत्किंचित् उपलब्ध जानकारी के आधार पर गुप्त साम्राज्य के जमाने में उनके इतिहास का खाका आसानी से खींच सकते हैं।

१. शक या पश्चिमी क्षत्रप

पश्चिमी क्षत्रपों के सामन्त प्रदेश पर, जिसमें मालवा, गुजरात और काठियावाड़ प्रायद्वीप शामिल थे, लगभग दो सौ वर्षों से चष्टन-वंश राज करता आया था। लेकिन ईसा की चौथी शताब्दी के आरम्भ में, जब रुद्रसिंह द्वितीय ने गद्दी के वैध उत्तराधिकारी को निकालकर, सन् ३०४ या ३०५ ई० में, खुद गद्दी पर कब्जा कर लिया तो यह वंश-परम्परा टूट गयी। उसके बाप, स्वामी जीवदामन की कोई उपाधि नहीं थी, लेकिन सम्भव है, वह पुराने राजकुल की किसी नयी शाखा का ही सदस्य हो; फिर भी उस राजकुल से उसके रिश्ते का हमें कोई निश्चित पता नहीं है।[2]

उत्तराधिकार में इस परिवर्तन के साथ साथ हमें दो अन्य महत्त्वपूर्ण बातों पर ध्यान देना चाहिए, जिनका इस राज्य के इतिहास पर प्रभाव पड़ा था। पहली बात यह कि न तो रुद्रसिंह द्वितीय ने, जिसने गद्दी पर अनधिकार कब्जा किया था, और न उसके पुत्र और उत्तराधिकारी यशोदामा (**यशोदामन्**) द्वितीय ने ही महाक्षत्रप की उपाधि

---

१. जिल्द II, परि. VII-IX.

२. यह ऐतिहासिक विवरण मुख्यतः पश्चिमी क्षत्रपों के सिक्कों पर आधारित है। रैप्सन ने अपनी पुस्तक "कैटेलग ऑफ दि क्वायंस आफ दि आन्ध्र डाइनेस्टी, दि वेस्टर्न क्षत्रपाज, एट्सेट्रा" में इन सिक्कों का अध्ययन किया है। रैप्सन ने अपनी भूमिका में सिक्कों का वर्णन करने के साथ-साथ (पृ. ६३-१६४) उनसे प्राप्त ऐतिहासिक जानकारियों को भी सहेजा है (पृ. xcvii-clvii)। अगर अलग से बताया गया है तो समझना चाहिए कि इस परिच्छेद में सिक्कों के बारे में जो भी वक्तव्य हैं, वे सब इसी पुस्तक पर आधारित हैं।

धारण की थी। दोनों ही "क्षत्रप" की उपाधि से सन्तुष्ट रहे, जो अपेक्षाकृत निचले दर्जे की थी। इस बात को दृष्टि में रखते हुए यह अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है कि प्रायः शुरू से ही राज्य की प्रमुख राजनीतिक सत्ता नियमित रूप से किसी न किसी महाक्षत्रप के हाथों में रहती थी। "क्षत्रप" उपाधि उसके उत्तराधिकारी की होती थी, जो राज्यकार्य में उसका सहायक होता था। दूसरी बात यह कि रुद्रसिंह द्वितीय और उसके पुत्र के राज्यकाल के बाद, जो सन् ३०५ ई० से ३३२ ईसवी तक कायम रहा, सोलह बरस की अवधि में हमें पश्चिमी क्षत्रपों के कोई भी सिक्के नहीं मिले हैं।

इन तथ्यों से जाहिर है कि यह काल संकटपूर्ण था, हालाँकि यह रियासत जिन संकटों से गुजरी, उनके स्वरूप और कारणों पर हम अधिक प्रकाश डालने में असमर्थ हैं।[1] साँची के नजदीक कानाखेड़ा से प्राप्त एक उत्कीर्ण लेख इस मामले पर कुछ प्रकाश डालता है। इसके विवरण में शक नन्द के पुत्र **महा दंड नायक**[2] शक श्रीधर वर्मा, अपने राज्य काल के १३वें वर्ष में किये गये किसी पुण्य कार्य का हवाला है। एरन से प्राप्त एक दूसरे शिलालेख में, जिस पर उसके शासनकाल के २७वें वर्ष की तारीख अंकित है, उसे **राजन्** तथा **महा-क्षत्रप**[3] दोनों उपाधियों से पुकारा गया है। पहले अभिलेख में भी एक तारीख दी गई है, जो सम्भवतः शक संवत् की है, जिसे २४१ पढ़ा गया है। यह पाठ असन्दिग्ध नहीं है, लेकिन इसे स्वीकार करने पर हम आसानी से इस निष्कर्ष पर पहुँच सकते हैं कि **महाक्षत्रप** श्रीधर वर्मा ने रुद्रसिंह द्वितीय को वैध अधिराज मानने से इन्कार किया था और ३०६ या ३०७ ईसवी में एक स्वतन्त्र राज्य स्थापित किया था, अर्थात् रुद्रसिंह के गद्दीनशीन होने के एक या दो वर्ष के भीतर ही। इससे यह निष्कर्ष भी निकल सकता है कि रुद्रसिंह

---

१. इस उत्कीर्ण लेख का सम्पादन सबसे पहले आर. डी. बनर्जी ने किया था (ई. इ. XVI, २३०), जिन्होंने इसको जीवदामन का विवरण कहा था। एन. जी. मजूमदार ने इसका नए सिरे से सम्पादन किया (ज. प्रो. ए. सो. ब. XIX, ३३७)। उन्होंने ठीक ही इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि इसमें जीवदामन का तो कहीं हवाला भी नहीं है और इस अभिलेख में दरअसल श्रीधर वर्मा का विवरण दिया गया है और इस पर उसके राज्य काल के तेरहवें वर्ष की तारीख पड़ी है। डा. बनर्जी ने इस तारीख को २०१ पढ़ा था, लेकिन श्री मजूमदार की राय में डा. बनर्जी ने जिस चिह्न को २०० समझा था, वह दरअसल अन्तरिम विराम चिह्न है। उन्होंने बताया कि इस चिह्न से कुछ आगे चलकर अंकों के तीन चिह्न हैं। इनमें से पहला चिह्न स्पष्ट नहीं है, इसलिए उन्होंने कामचलाऊ तौर पर उसे २०० मान लिया। अन्य दोनों चिह्न स्पष्टतः ४१ हैं।

२. **महा दंड नायक** का अर्थ न्यायाधीश या सेनापति भी हो सकता है। यहां पर शायद दूसरा अर्थ ही अधिक उपयुक्त है।

३. यह शिलालेख भी उसी स्तम्भ पर खोदा गया है, जिस पर गोपराज का मरणोत्तर शिलालेख अंकित है (देखिए पृ. ३७) यह अभिलेख अभी तक प्रकाशित नहीं हुआ। लेकिन महामहोपाध्याय वी. वी. मिराशी ने जयपुर में इंडियन हिस्ट्री कांग्रेस के १४वें अधिवेशन में इसका विवरण पेश किया था (देखिए 'समरी आफ पेपर्स', पृ. १६) उन्होंने इस बात से इन्कार किया है कि कानाखेड़ा में श्रीधरवर्मा का जो विवरण प्राप्त हुआ है उस पर शक संवत् की तारीख है, और मुख्यतः इसी आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है कि वह शायद सौराष्ट्र के क्षत्रप-परिवार का नहीं था।

द्वितीय ने हिंसात्मक तरीकों से गद्दी हासिल की थी, जिससे गृहयुद्ध या आन्तरिक संघर्ष शुरू हो गये थे, जिनके फलस्वरूप पश्चिमी क्षत्रपों के हाथ से मालवा निकल गया था। समुद्रगुप्त के इलाहाबाद शिलालेख से हमें मालूम है कि चौथी सदी ईसवी के मध्य में मालवा में कई जन-जातियों के छोटे-छोटे राज्य थे और इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि उस वक्त शक क्षत्रपों का इस प्रान्त पर कहीं भी अधिकार था।

इस प्रकार के विद्रोह शायद राज्य के और भी भागों में हुए हों, और यह आन्तरिक झगड़ा ही शायद रुद्रसिंह द्वितीय और उसके पुत्र यशोदामा द्वितीय की, जो कभी **महाक्षत्रप** की उपाधि धारण नहीं कर पाया, शक्ति और सत्ता के क्षीण हो जाने का मुख्य या कम से कम एक कारण रहा हो।

सन् ३३२ और ३४८ ई० के बीच, इस वंश के सिक्कों का न होना यह जाहिर करता है कि इस अवधि में राजनीतिक कठिनाइयाँ कम होने की बजाय और ज्यादा बढ़ गयी थीं। इसका परिणाम यह हुआ कि रुद्रसिंह का वंश गद्दी से हटा दिया गया और सन् ३४८ ई० में या उसके कुछ बाद ही **महाक्षत्रप** स्वामी रुद्रसेन तृतीय ने गद्दी पर कब्जा कर लिया। उसके सिक्कों पर उत्कीर्ण प्रशस्तियों में उसे **महाक्षत्रप** स्वामी रुद्रदामन द्वितीय का पुत्र बताया गया है, लेकिन उसके पिता का एक भी सिक्का अभी तक नहीं मिला है। इसलिए यह रुद्रदामन इस उपाधि का मात्र दावेदार था या सचमुच उसे राजसत्ता प्राप्त थी, इसका निर्णय नहीं किया जा सकता। पुराने राजकुल से इस नये राजकुल का अगर कोई रिश्ता था तो क्या था, यह अभी तक अज्ञात है। शायद उसने एक सुदृढ़ आधार पर अपना शासन कायम कर लिया था और एक हद तक पुरानी प्रतिष्ठा भी प्राप्त कर ली थी, जैसा **महाक्षत्रप** की उपाधि के पुनः प्रयोग से जाहिर होता है। लेकिन अगर ऐसा था, तो यह सफलता अल्पकालीन ही थी। क्योंकि, जहाँ शक संवत् २७० से लेकर २७३ (अर्थात् ३४८ से ३५१ ई०) तक रुद्रसेन तृतीय के हर वर्ष जारी किए गये चाँदी के सिक्के मौजूद हैं, वहां इसके बाद के वर्षों के सिक्के नहीं मिलते। फिर तो सन् ३६० में ही नये सिक्के जारी हुए लगते हैं।[1] यहाँ फिर नये सिक्कों का जारी न होना राजनीतिक उपद्रवों का सूचक हो सकता है, हालाँकि ऐसे नकारात्मक प्रमाण पर ही निर्भर करना बिल्कुल निरापद नहीं है।

यह कहा जा सकता है कि ईसा की चौथी शती के पूर्वार्ध में पश्चिमी क्षत्रप जिन मुसीबतों में लगातार फँसे रहे, वे विदेशी आक्रमणों के कारण भी पैदा हुई थीं, जिन्हें शायद आन्तरिक झगड़ों से प्रोत्साहन मिला था। इस शती के पूर्वार्ध में हम केवल उन दो ताकतों का ही अनुमान कर सकते हैं—वाकाटक और ईरान के सशानिद का—जो आक्रमण कर

---

१. रैप्सन (पू. पु. cxliv) का कहना है कि २७३ के बाद और २८६ से पहले रुद्रसेन तृतीय के चाँदी के सिक्के थे ही नहीं। लेकिन तबसे शक संवत् २८२ और २८४ के रुद्रसेन तृतीय के कुछ सिक्के प्राप्त हो गए है। (न्यू. सी. XLVII. पृ. ९६, ९७) स्वयं रैप्सन ने २८०-८५ की तारीख के सीसे के सिक्कों का हवाला दिया है (पृ. १८७), लेकिन उन पर किसी शासक का नाम नहीं है।

सकती थीं। वाकाटकों का तत्कालीन शासक प्रवरसेन निस्सन्देह एक शक्तिशाली राजा था और वह इस वंश का एकमात्र ऐसा शासक था जिसने **सम्राट** की उपाधि धारण की थी। यह भी असम्भव नहीं है कि उसने इस क्षेत्र में अपना राजनीतिक प्रभाव बढ़ाने के लिए राजगद्दी के लिए झगड़ने वाले किसी एक दल की सहायता की हो या उसका साथ दिया हो, लेकिन वाकाटक अभिलेखों में ऐसी किसी कोशिश का हवाला नहीं मिलता। सशानिदों के बारे में भी ऐसा कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं है कि उन्होंने इस काल में भारत की राजनीति में कोई हस्तक्षेप किया हो और हमें उनके इतिहास का जो भी ज्ञान है, उससे इसकी सम्भावना और भी नजर नहीं आती। इनके अलावा इस सम्बन्ध में अगर हम किसी तीसरी ताकत के बारे में सोच सकते हैं, कम से कम चौथी शती के उत्तरार्ध को सामने रखकर, तो वह सिर्फ गुप्त साम्राज्य है। समुद्रगुप्त के इलाहाबाद शिलालेख में इसका स्पष्ट संकेत है कि शक क्षत्रपों पर एक प्रकार से सम्राट का राजनीतिक प्रभुत्व था। सम्भव है कि शक क्षत्रपों ने बिना लड़े उसका राजनीतिक प्रभुत्व स्वीकार नहीं किया हो और एक लम्बे काल तक यह लड़ाई चली हो। तत्काल इसका कोई निर्णायक परिणाम नहीं निकला, लेकिन शक राजा को अवश्य ही मुंहकी खानी पड़ी थी, जिससे शायद उसकी हुकूमत कमजोर हो गयी और आन्तरिक उपद्रव उठ खड़े हुए। सन् ३३२ से ३४८ ई० और फिर ३५१ से ३६० ई० के बीच नये सिक्के जारी न किये जाने के पीछे यह परिस्थिति ही मुख्य कारण थी। हम फिर से याद दिला दें कि एक विवेचन के अनुसार शक-क्षत्रपी दरअसल अधीन राज्यों की कोटि में आती थी, जिसे गुप्त सम्राटों के सिक्कों का इस्तेमाल करना पड़ता था।[1] पश्चिमी क्षत्रपों द्वारा नये सिक्कों का ढालना शायद इसी कारण बन्द हुआ हो, लेकिन इसे एक अस्थायी निष्कर्ष ही समझना चाहिए।[2]

रुद्रसेन तृतीय द्वारा सन् ३६० से ३९० ई०[3] तक नियमित रूप से प्रति वर्ष नये सिक्के जारी करने से जान पड़ता है कि उसने एक हद तक फिर अपनी सत्ता और प्रतिष्ठा कायम कर ली थी। लेकिन ऐसे संकेत भी मिलते हैं, जिनसे ज्ञात होता है कि उसके राज्य काल के अन्तिम दिनों में फिर उपद्रव शुरू हो गये थे। सिक्कों से पता चलता है कि सन् ३८२ ई० में (और फिर शायद ३८४ ई० में भी) उसकी बहन के बेटे स्वामी सिंहसेन ने **महाक्षत्रप** की उपाधि धारण कर ली थी। इसलिए, या तो कुछ समय के लिए रुद्रसेन

---

१. समुद्रगुप्त सम्बन्धी विवरण में इस बात पर पहले विचार किया जा चुका है।

२. डॉ. डी. सी. सरकार ने किंचित् विस्तार से यह परिकल्पना पेश की है। उन्होंने यह प्रस्ताव भी किया है कि रुद्रदेव को, जो आर्यावर्त के उन नौ राजाओं में से एक था, जिन्हें समुद्रगुप्त ने समाप्त कर दिया था, शक क्षत्रप रुद्रदामन द्वितीय या उसके पुत्र रुद्रसेन तृतीय से अभिन्न समझना चाहिए (प्रो. इ. हि. का. VII. ७८)।

३. रैप्सन ने ३०० के बाद रुद्रसेन तृतीय का कोई सिक्का नहीं देखा। लेकिन सोनपुर में जो खजाना गड़ा हुआ मिला है, उसमें रुद्रसेन तृतीय के दो सिक्के हैं, जिनमें से एक (३) १२ की तारीख है और दूसरे पर ३१०+x की। इन दोनों के इकाई चिह्न मिट गये हैं (न्यू. सी. XLVII. ९६)।

तृतीय को उसके भानजे ने गद्दी से उतार दिया था या फिर गृहयुद्ध छिड़ गया था, जिसके परिणामस्वरूप कम से कम कुछ वर्षों के लिए राज्य का बंटवारा हो गया था। ऐसा सिर्फ एक ही सिक्का मिला है जो स्वामी सिंहसेन के पुत्र रुद्रसेन चतुर्थ के शासक होने का प्रमाण देता है, लेकिन चूँकि उस पर कोई तारीख नहीं है, इसलिए यह कहना कठिन है कि वह एक मात्र शासक था या अपने नाना रुद्रसेन तृतीय का प्रतिद्वन्द्वी शासक था। जो भी हो इसके बाद शीघ्र ही हम एक नये राजा रुद्रसिंह तृतीय को महाक्षत्रप की पदवी ग्रहण किये पाते हैं। उसकी तारीख ३१x है (सिक्कों पर से तिथि चिह्न इकाई का अंक मिट गया है) जो सन् ३८८ और ३९८ ई० के बीच का कोई भी वर्ष हो सकता है। इन सिक्कों में रुद्रसिंह तृतीय को **महाक्षत्रप** स्वामी सत्यसिंह का पुत्र कहा गया है। स्वामी सत्यसिंह का एक भी सिक्का नहीं मिला है, इसलिए हम नहीं जानते कि वह सचमुच शासक था या किसी प्रतिद्वन्द्वी के मुकाबले में **महाक्षत्रप** पदवी का दावेदार ही था। पूर्ववर्ती शासकों के साथ उसका क्या रिश्ता था, इसका भी कुछ पता नहीं चलता।

इस प्रकार हम देखते हैं कि सन् ३६० से ३८० ई० तक के बीस वर्षों के संक्षिप्त शान्तिपूर्ण काल के बाद पश्चिमी क्षत्रपों का राज्य पुनः आन्तरिक झगड़ों में उलझ गया। सन् ३८० ई० में या इससे कुछ पहले चन्द्रगुप्त द्वितीय के गद्दी पर बैठने से भी शायद इन राजनीतिक उपद्रवों का सम्बन्ध हो,क्योंकि इस राज्य पर नया सम्राट लालच भरी नजर गड़ाये हुए था। रामगुप्त वाले प्रसंग को हम सच मानें या न मानें, यह एक आक्रामक एवं साम्राज्यिक और विस्तारक नीति का ही परिणाम था कि चन्द्रगुप्त द्वितीय ने भारत भूमि से विदेशी शासन के इस अन्तिम चिह्न को मिटाकर अपने बढ़ते हुए साम्राज्य को पश्चिम में प्राकृतिक सीमाओं तक फैलाने का निश्चय किया।[1]

दुर्भाग्य से हमें उस सामरिक अभियान का बहुत कम पता है जिसने तीन सौ वर्षों से इस प्रदेश में राज करते आने वाले शक क्षत्रपों की पाँत के अंतिम शासक स्वामी रुद्रसिंह तृतीय को समाप्त किया। **हर्ष-चरित** में वर्णित उस घटना को, जिसमें चन्द्रगुप्त एक स्त्री के वेश में जाकर शक राजा की हत्या करता है, लोग आमतौर पर रुद्रसिंह तृतीय के साथ उसके अन्तिम युद्ध से सम्बन्धित मानते आये हैं। लेकिन इस साधारण तथ्य को एक बड़ी घटना के रूप में उभारा गया है, जो रामगुप्त और ध्रुवदेवी के गिर्द विकास करती है और जिसका हम पहले उल्लेख कर चुके हैं।[2] पश्चिमी क्षत्रपों के इतिहास की यहां जो रूपरेखा प्रस्तुत की गयी है, वह यदि सही मानी जाय, तो यह बात सम्भावना के दायरे में आती ही नहीं कि वे कभी इतने शक्तिशाली हो गये थे कि गुप्त साम्राज्य की ताकत को चुनौती दे सकते थे और उन्हें इतनी अपमानजनक शर्तें मानने के लिए मजबूर कर

---

१. पश्चिमी क्षत्रपों के विरुद्ध चन्द्रगुप्त के अभियानों के बारे में पुरालेखों में प्राप्त प्रमाणों पर आधारित उक्त सम्राट का विवरण प्रस्तुत करने के दौरान हम विवेचन कर चुके हैं।

२. देखिए पृ. १८-१९।

सकते थे; ऐसी शर्तें तो हमारी जानकारी में कभी किसी राजा ने दूसरे राजा के सामने पेश नहीं कीं।

सौराष्ट्र (काठियावाड़ प्रायद्वीप) को चन्द्रगुप्त द्वितीय ने पूर्णतः किस वर्ष जीता, उसका विवेचन हम उक्त सम्राट का विवरण देते समय पहले ही कर चुके हैं। इसमें जरा भी सन्देह नहीं कि पश्चिमी क्षत्रपों का पतन आन्तरिक झगड़ों तथा अन्य उपद्रवों के कारण हुआ था, या कम से कम इन झगड़ों ने, जो ईसा की चौथी शती में लगातार और विशेषकर अन्तिम दो दशकों में चलते रहे थे, पतन की प्रक्रिया को तेज तो कर ही दिया था। हालाँकि वे इतिहास के मंच से गायब हो गये, लेकिन वे अपने विशिष्ट प्रकार के सिक्के छोड़ गये जिन्हें उनके बाद मामूली सी तब्दीली के साथ गुप्त सम्राटों ने लगभग दो सौ वर्षों तक जारी रखा।

२. कुषाण

महान कुषाण सम्राटों के इतिवृत्त के बारे में अन्तिम निर्णय पर नहीं पहुँचा जा सका है, और यद्यपि विद्वानों में इस बात पर मतभेद है कि कनिष्क सन् ७८ ई० में गद्दी पर बैठा था या सन् १२८ ई० में लेकिन देखा जाय तो इन दोनों में से किसी भी तिथि के पक्ष में कोई ठोस प्रमाण उपलब्ध नहीं है।[1] इसलिए यह कहना भी सम्भव नहीं है कि सौ वर्ष तक राज्य करने के बाद महान् सम्राट कनिष्क के वंश का अन्त वासुदेव की मृत्यु के साथ किस तारीख को हुआ। प्रचलित धारणा के अनुसार हम अस्थायी रूप से इस तारीख को सन् १८० और २३० ई० के बीच मान कर इस परिच्छेद में कुषाणों के परवर्ती इतिहास की रूपरेखा प्रस्तुत करते रहे हैं।

हमारी जानकारी का मुख्य आधार चीनी इतिहास में प्राप्त कुछ संक्षिप्त हवाले और कुषाणों के वे सिक्के हैं जो भारत में विशेषकर पंजाब और पश्चिमोत्तर प्रान्त में बहुत बड़ी संख्या में मिले हैं।[2]

चीनी लेखक मा-त्वान-लिन के अनुसार वेम कड़फिजीज के सेनापतित्व में उत्तर भारत पर विजय पाने के बाद कुषाण बहुत समृद्ध और शक्तिशाली हो गये और उनकी यह स्थिति द्वितीय हानवंश (सन् २२१ से २६३ ई०) के समय तक कायम रही।[3] एक

---

१. इस बात पर पहले भी विचार किया जा चुका है। (देखिए जिल्द II, पृ. १४३-४६, अंग्रेजी संस्करण)। सबसे नया मत बी. गिर्शमैन ने पेश किया है। उनका कहना है कि कनिष्क सन् १४४ में गद्दी पर बैठा था (CC XXXIV, ५६)।

२. इस काल से संबंधित चीनी सूत्रों और कुषाण सिक्कों से प्राप्त सारी सूचनाओं को जमा करके श्री एम. एफ. सी. मार्टिन ने प्रकाशित किया है। (देखिए ज. रा. ए. सो. ब. ले. मुद्रा विशेषांक XLVII, पृ. २३-५०।) आगे हम इस लेख का हवाला 'मार्टिन' के रूप में देंगे।

३. मार्टिन, पृ. २५।

दूसरे चीनी लेखक यू-हुआन का कहना है कि सन् २३९ ई० के लगभग की-पिन (काश्मीर?)[१] ता-हिया (बैक्ट्रिया, बल्ख), काओ-फू (काबुल) और तिएन-चू (भारत) कुषाणों के आधिपत्य में थे।[२] इसके अतिरिक्त अन्य प्रमाण भी मौजूद हैं जिनसे मालूम होता है कि इस काल में भी हिन्दूकुश के पार तक कुषाणों का राज था।[३] लेकिन शीघ्र ही ईरान में नयी स्थापित सशानिद हुकूमत से उनका युद्ध छिड़ गया। यहां आर्देशिर के नेतृत्व में इस वंश के एकाएक उत्थान की विस्तृत चर्चा करना जरूरी नहीं है।[४] इतना बताना ही काफी है कि सन् २२४ ई० में पार्थिया के महान् शाह अर्तबानुस पंचम को हराने के बाद आर्देशिर ने पार्थियन साम्राज्य के पश्चिमी प्रान्तों को भी जीत लिया और फिर ईरान के शाहंशाह की उपाधि धारण कर ली। इसके बाद उसने पूर्व की दिशा में अनेक सामरिक अभियान सफलतापूर्वक चलाये और सीस्तान, आधुनिक खुरासान, मर्व और बल्ख आदि अनेक प्रदेशों पर कब्जा कर लिया।[५] यह भी दावा किया गया है कि पंजाब और काबुल घाटी के कुषाण शासक और तूरान (क्वेटा के दक्षिण में कुज्दर) और मकरान के राजा भी आर्देशिर को अपना अधिराज मानते थे[६] यद्यपि यह कुछ सन्दिग्ध सा लगता है।

---

१. की-पिन की शिनाख्त के लिए आगे देखिए परिच्छेद २३।

२. यह तथा अन्य चीनी प्रमाण, जिनमें महान-कुषाणों के गौरव काल का तीसरी शती ई० में हवाला दिया गया है, कुषाण-इतिवृत्त से सम्बन्धित मेरे लेख में विवेचित हैं। (ज. डि. ले. १९२० पृ. ७१ प. पृ.)।

३. इस बात को सशानिद सिक्के, जिन पर आगे विचार किया जाएगा, स्पष्टतः प्रमाणित करते हैं।

४. देखिए 'कैम्ब्रिज ऐंशिएंट हिस्टरी', जिल्द XII. पृ. १०९-१४। हेर्त्सफेल्ड ने भी अपने कुशानो-सस्सानियन क्वायंस (मे. आ. स. इ. सं. ३८) पृ. ३२ प. पृ. में सशानिदों के इतिहास की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की है। इस पुस्तक में दिया गया विवरण इन्हीं दो अधिकारी विवरणों पर आधारित हैं। राजाओं के नामों के हिज्जे 'कैम्ब्रिज ऐंशिएंट हिस्टरी' के अनुसार दिए गए हैं।

५. हेर्त्सफेल्ड, कुश-सस, क्वायंस, पृ. ३२.

६. हेर्त्सफेल्ड के 'पैकुली' पृ. ३६ प. पृ के आधार पर कैम्ब्रिज ऐंशिएंट हिस्टरी, XII, पृ.११० में यह बात कही गई है। लेकिन हेर्त्सफेल्ड अपने बाद के लेख 'कुशानो सस्सानियन क्वायंस' पृ. ३२ में आर्देशिर की विजय का वर्णन करते हुए इस बात को नहीं दुहराता। यह दावा ताबारी(Tabari) के वक्तव्य पर आधारित है जिसमें वह कहता है कि उपर्युक्त विजय के बाद जब आर्देशिर ने गोर शहर में पड़ाव डाला, उस समय कुषाण, तूरान और मकरान के राजाओं के दूत उससे भेंट करने आए और उन्होंने उसके प्रति अपनी स्वामिभक्ति प्रकट की। वी. ए. स्मिथ को इस बात की पुष्टि एक सिक्के में मिली, जो पासन के शासक शीलद का है (उसके बारे में इस पुस्तक में आगे कहा जाएगा)। इस सिक्के के पृष्ठ भाग में फिर से उसी चिह्न का ठप्पा लगाया गया है, जो आर्देशिर के सिक्कों पर मिलता है और फरिश्ता के उस विवरण में भी इस बात की पुष्टि मिलती है जिसमें उसने बताया है कि आर्देशिर ने भारत पर चढ़ाई की और उसकी फौज सरहिन्द के निकट तक पहुँच गई। लेकिन वह (कन्नौज के) भारतीय राजा से खिराज और सम्मान प्राप्त करके लौट गया (ज. रा ए. सो., १९२०, पृ. २२१ प. पृ.)।

बल्ख और उसके पड़ोसी क्षेत्रों में कुषाण रियासतों पर सशानिदों के प्रभुत्व का प्रमाण सशानिद गवर्नरों (प्रान्तीय शासकों) के सिक्कों से मिलता है।[१] शपुर प्रथम (२४१-७२) के राज्यकाल में उसका छोटा भाई पीरोज गवर्नर था और उसकी उपाधि थी, 'कुशान शाह' (कुषाणों का राजा)। सन् २५२ ई० में यह उपाधि बदल कर 'कुशान शाहंशाह' (कुषाण राजाओं का राजा) कर दी गयी, जो इस बात की सूचक है कि इस शाहजादा गवर्नर के अधिकारों में वृद्धि हो गयी थी। अगले ३० वर्षों तक साम्राज्य का यह उत्तराधिकारी गवर्नर के पद पर आसीन रहा। स्मरण रहे कि सशानिद गवर्नरों द्वारा जारी किए गये सिक्के महान् कुषाण राजा वासुदेव के सिक्कों से काफी मिलते-जुलते थे और जाहिर है कि वे उनकी नकल थे।

वहराम द्वितीय, जो अपने बाप के राज्यकाल में कुशान-शाह (गवर्नर) था, २७६ ई० में गद्दी पर बैठा और उसका भाई होरमज्द कुशान-शाह बन गया। सन् २८३ ई० में होरमज्द ने अपने भाई के विरुद्ध विद्रोह किया। इसमें शकों और कुषाणों, दोनों ने उसका साथ दिया। वहराम ने विद्रोह कुचल दिया और सारे शकस्तान (सीस्तान) पर कब्जा कर लिया और उसने अपने बेटे वहराम तृतीय को शकान-शाह या शक प्रान्तों का गवर्नर नियुक्त किया। सशानिद साम्राज्य की गद्दी के उत्तराधिकारी का यह विशेषाधिकार था कि वह सबसे महत्त्वपूर्ण प्रान्त का गवर्नर होता था। इस प्रकार कुषाण प्रान्त की महत्ता कम हो गयी। इस तथ्य को इस बात से और भी बल मिला कि आगे कुषाण प्रदेश के गवर्नर से सोने के सिक्के जारी करने का अधिकार छीन लिया गया। इसके बाद सोने के सिक्के सिर्फ शाहंशाह, राजाओं के महान् राजा, के नाम से ही जारी किये जाने लगे।

प्रो० हेर्त्सफेल्ड का दावा है कि वहराम द्वितीय ने पूर्व की दिशा में बहुत बड़े क्षेत्र जीते थे और उसके शासन में सशानिद साम्राज्य के अन्तर्गत न सिर्फ खुरासान (बल्ख समेत), शकस्तान, तूरान और मकरान के प्रदेश शामिल थे, बल्कि सिन्धु प्रदेश के मध्य और निचले भाग, कच्छ, काठियावाड़ और मालवा के प्रदेश भी शामिल थे।[२] यह मत पैकुली उत्कीर्ण लेख पर आधारित है, जिसमें उन स्वतंत्र राजाओं और अधीन सामन्तों की सूची दी गयी है जो शपुर प्रथम के बेटे नरसीह को बधाई देने गये थे, जब उसने शाहंशाह वहराम द्वितीय के विरुद्ध सफल विद्रोह करके सन् २९३ ई० में गद्दी पर कब्जा कर लिया था। यह उत्कीर्ण लेख खंडित अवस्था में है और काफी टूटा फूटा है, लेकिन हेर्त्सफेल्ड, जिसने उसका सम्पादन किया है, उसमें खुदे कई नामों को पढ़ने में सफल हुआ है और उसने इससे कई दिलचस्प निष्कर्ष निकाले हैं। स्वाधीन राजाओं में हमें कुशान-शाह का नाम मिलता है और अधीन राजाओं में परदन (पारदस), मकुरन (मकरान) और आभीर सामन्तों के नाम मिलते हैं। इसके बाद हर किस्म के क्षत्रपों का हवाला दिया गया है, जैसे जुरदियन के क्षत्रप बगदर और बोरस्पिसिन का क्षत्रप मित्र-(अल) असेन। हेर्त्सफेल्ड इन दोनों नामों को सौराष्ट्र के क्षत्रप भागदत्त और भारुकच्छ के क्षत्रप मित्रसेन के रूप में

१. हेर्त्सफेल्ड, कुश-सस. क्वायंस।
२. हेर्त्सफेल्ड-पैकुली, पृ. ३५-५१।

स्वीकार करता है। अभिलेख में अभागे शाहन्शाह वहराम द्वितीय के एक दोस्त राजा अवन्दिकन वजवत (अ)व्य का हवाला मिलता है, जिसे हेर्त्सफेल्ड अवन्ती का क्षत्रप मानता है।

जुरदियन और बोरस्पिसिन की सौराष्ट्र और भारुकच्छ के रूप में पहचान करने की बात को सन्तोषजनक नहीं माना जा सकता और अगर इस पाठ को सही मान भी लिया जाय तो हमारे पास इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि अवन्ती का क्षत्रप किसी भी रूप में सशानिदों का अधीन राजा था। इसलिए पश्चिमी भारत पर सशानिदों के प्रभुत्व की बात बहुत ही समस्यात्मक है। अगर आभीर का पाठ सही मान लें तो सम्भवतः सशानिदों का प्रभुत्व सिन्धु घाटी के निचले भाग और उसके निकटवर्ती क्षेत्रों तक फैला था। लेकिन चूँकि आभीर खानाबदोश कबीले के लोग थे, जो यत्र-तत्र बस्तियाँ बसाकर रहते थे, इसलिए उनके किसी स्थायी क्षेत्र का निर्णय करना कठिन है। कुल मिलाकर, हालाँकि हम यह स्वीकार कर सकते हैं कि वहराम द्वितीय ने (सन् २७६-२९३ ई०) में सिन्धु घाटी के निचले प्रदेश तक अपना प्रभुत्व कायम कर लिया था और अन्दरूनी भाग की भारतीय रियासतों के साथ उसका मैत्रीपूर्ण राजनीतिक आदान-प्रदान होता था, लेकिन यह अनुमान करने का कोई उचित आधार नहीं है कि काठियावाड़, गुजरात और मालवा उसके अधीन राज्यों में से थे।

यह बात भी दिलचस्प है कि पैकुली के अभिलेख में कुशानशाह का हवाला स्वाधीन राजाओं की कोटि में दिया गया है। जाहिर है कि इससे मतलब काबुल की घाटी और पंजाब के कुषाण शासक से है। महान् कुषाण सम्राट वासुदेव की मृत्यु के बाद भी इन दोनों क्षेत्रों में कुषाण राज्य अविच्छिन्न बना रहा, इसका प्रमाण बहुत से सिक्कों से मिलता है। ये सिक्के महान् कुषाण सम्राटों, कनिष्क, हविष्क, और वासुदेव के सिक्कों के भ्रष्ट और खोटे रूप हैं। इसलिए जिन शासकों ने ये सिक्के जारी किए थे, उन्हें 'परवर्ती महान् कुषाण' के नाम से पुकारा जाता है। उनमें से कुछ के पुराने नाम हैं, जैसे कनिष्क (जिसे कनेष्को के रूप में लिखा गया है) और वसु या वासुदेव। ये सिक्के अफगानिस्तान में मिले हैं और बैक्ट्रिया और सीस्तान में भी। यह बात और साथ ही यह तथ्य कि कम से कम दो शासकों, कनिष्क और वासुदेव ने, जिन्होंने ये सिक्के जारी किये थे, शाओननोशाओ (परम शासक) की साम्राज्यिक उपाधि धारण करली थी, जाहिर करता है कि वे महान-शाही-कुषाण परिवार के प्रतिनिधि थे और उनके हाथ में पर्याप्त अधिकार थे। इन तीनों राजाओं को ऐतिहासिक क्रम में भी रखने की कोशिश की गयी है; अर्थात् कनिष्क द्वितीय, वासुदेव द्वितीय और वसु (या-वासुदेव तृतीय) के क्रम में और उनके इतिहास के सूत्र फिर से जोड़े गये हैं।[1] लेकिन इसमें विशेष सफलता नहीं मिली है।

---

१. डा. आर. डी. बनर्जी ने इन राजाओं के इतिहास की जो पुनः प्रस्तुति की है, वह न केवल सिक्कों से सम्बन्धित अनेक कल्पित सिद्धांतों पर आधारित है बल्कि मनपसंद ढंग से गौंडोफरीज

इनके अलावा, एक परवर्ती तिथि के कुषाण किस्म के सोने के सिक्के भी बड़ी संख्या में पंजाब और उसके पड़ोस के क्षेत्र में मिले हैं। ये सिक्के ईसा की चौथी शती के हैं और उन पर अनेक शासकों के नाम अंकित हैं, जैसे स्य (या सस्य), शयथ, सित, सेन, (या सेण) भद्र, बचर्ण और पासन। न तो इन शासकों की राष्ट्रीयता का हमें पता है और न अनेक शासकों के सिक्कों पर अंकित शाक और शीलद जैसे शब्दों का अर्थ ही स्पष्ट है। सम्भवतः ये शासक शाक और शीलद कुलों के कुषाण थे। उपर्युक्त शासकों में से पहले चार शाक-कुल के थे और अन्तिम तीन शीलद कुल के। ये सिक्के जिन स्थानों पर मिले हैं, उन स्थानों का नाम पता ठीक से दर्ज नहीं किया गया, लेकिन शाक सिक्कों का एक खजाना पेशावर के निकट मिला था। इससे सूचित होता है कि गान्धार पर उनका आधिपत्य था।[1]

दो अन्य राजाओं, पेरय और किरद के सिक्कों से पता चलता है कि गडहर या गदखर नाम का कोई और कुल या कबीला भी था। सुझाव दिया गया है कि इन सिक्कों को "लघु-कुषाणों" (जिनका बाद में उल्लेख किया जायगा) के सिक्कों की कोटि में रखना चाहिए, न कि शाक और शीलद के सिक्कों की कोटि में। लेकिन यह विश्वास करने का पर्याप्त आधार मौजूद है कि ईसा की चौथी शताब्दी में पंजाब पर इस कबीले ने भी राज किया था।

पूर्वोक्त सूचनाओं के आधार पर हम "परवर्ती-कुषाणों" के इतिहास की रूपरेखा कुछ इस रूप में तैयार कर सकते हैं :—

महान् कुषाण साम्राज्य सन् २३० या २४० ई० के कुछ ही बाद छिन्न-भिन्न हो गया, जो शायद वासुदेव या उसके बाद के किसी कनिष्क या वासुदेव के राज्य काल के अन्त की सूचक तिथि है। और कारणों के अलावा सशानिदों की बढ़ती ताकत भी उनके पतन का मुख्य कारण थी। प्रथम सशानिद शाहन्शाह आर्देशिर (२२४-२४१ ई०) ने हिन्दूकुश

की तारीख निश्चित करने से भ्रष्ट हो गई है (उसे कनिष्क से १०० वर्ष बाद बताया गया है)। इस तारीख को आमतौर पर अमान्य ठहराया गया है। इन सिक्कों पर अंकित विभिन्न अक्षरों या अक्षर समूहों का अर्थ अभी तक एक रहस्य बना हुआ है। डा. बनर्जी का कहना है कि ये अक्षर अधीन सामन्तों के नामों और उन नगरों या प्रान्तों के नामों के प्रथमाक्षर हैं जहाँ की टकसालों में ये सिक्के ढाले गए थे। यह मत संगत लगता है लेकिन इसे निश्चित नहीं कहा जा सकता। कोष्ठकों में दिए गए अंश जोड़ कर इन नामों की पूर्ति करना—जैसे महि (धर), विरु (धक), गा (न्धार), खु (द्रक), पु (ष्कलावती), न (गरहार), आदि, निश्चय ही अत्यन्त सन्देहजनक हैं (देखिए कनिंघम, लेटर इन्डो-सीथियंस नुमै. क्रा. १८९३, पृ. ११९)।

१. "परवर्ती कुषाणों" (और हूणों) के सिक्कों के अधिकारी विद्वान् कनिंघम हैं। उनकी पुस्तक 'लेटर इंडो सीथियंस' आरम्भ में एक लेखमाला के रूप में १८९३ और १८९४ के 'नुमिस्मेटिक क्रानिकल' में प्रकाशित हुई थी। वी.ए. स्मिथ ने इन लेखों का सारांश तथा इस विषय से सम्बन्धित अन्य हवाले प्रकाशित किये थे (देखिए, ज. ए. सो. ब. LXIII १८९९, पृ. १७७ प. पृ. और इसके साथ ही देखिए कै, क्वा. इ. म्यू. ८५ प. पृ. तथा मार्टिन) (पू. पु.)। आर. डी. बनर्जी ने ज. प्रो. ए. सो. ब. IV, ८१ प. पृ. में कुछ नामों के पाठ का संशोधन किया और इस पुस्तक में वह संशोधित रूप ही स्वीकार किया गया है

के उस पार की कुषाण रियासतों को जीत लिया था और यद्यपि कुषाण राजे उन पर शासन करते रहे, लेकिन उन्हें सशानिद शाहंशाह का प्रभुत्व स्वीकार करना पड़ा था। उसके गवर्नर ने, जो साधारणतया गद्दी का उत्तराधिकारी युवराज होता था, "कुशान-शाह" (या कुषाण राजाओं का राजा) की गर्वपूर्ण उपाधि धारण कर ली और उसने वासुदेवके सिक्कों जैसे ही सोने के सिक्के जारी किये थे।

एक चीनी सूत्र से ज्ञात होता है कि महान् कुषाणों के राजा पोशियाओ ने सन् २३० ई० में अपना राजदूत चीन के सम्राट के दरबार में भेजा था।[१] सम्भव है कि यह वासुदेव के नाम का चीनी रूपान्तर हो और शायद सशानिदों की बढ़ती ताकत के कारण ही उसने चीनी सम्राट से मदद मांगी हो। लेकिन जहाँ तक ज्ञात है, वहाँ से उसे कोई सहायता नहीं मिली, या जो भी सूरत हो, वह सशानिद शाहंशाहों के आक्रमण को नहीं रोक सका। फिर भी, हालाँकि बल्ख उसके हाथ से निकल गया था, कुषाणों का परम शासक, जिसकी राजधानी शायद पेशावर में थी, कुषाण राज्य के अन्य भागों पर शासन करता रहा। लेकिन उसकी सत्ता और प्रतिष्ठा पहले से काफी कमजोर हो गयी। इस स्थिति का लाभ उठाकर एक के बाद दूसरे भारतीय राज्यों ने भी अपनी स्वाधीनता स्थापित कर ली, यहां तक कि पंजाब और उसके पड़ौसी क्षेत्रों के कुषाण गवर्नरों ने भी ऐसा ही किया। शीलद, शाक और गडहर कुलों के शायद दो या उससे अधिक वंश थे जो पंजाब में अलग अलग रियासतों के मालिक थे। पश्चिम में सशानिद शाह लगातार और अधिक ताकतवर होते गये। होरमज्द ने जब अपने भाई वहराम द्वितीय के (सन् २८३ ई०) खिलाफ बगावत की, तब कुषाणों और शकों ने भी उसका साथ दिया। सशानिदों के प्रभुत्व से मुक्ति पाने की उनकी यह अतिसाहसिक कोशिश थी। लेकिन विद्रोह कुचल दिया गया और वहराम द्वितीय ने सारा सीस्तान, मकरान, और सिन्धु घाटी का निचला भाग जीत लिया। उसने बल्ख क्षेत्र की कुषाण रियासतों पर भी अपना आधिपत्य मजबूत कर लिया।

बैक्ट्रिया, सीस्तान और सिन्धु घाटी के प्रदेश के अपने अधिकार से निकल जाने के बाद, भी कुषाण राजा का काबुल घाटी पर आधिपत्य बना रहा। पैकुली के उत्कीर्ण लेख में, जिसका पहले उल्लेख किया जा चुका है, उसका एक स्वतन्त्र राजा (सन् २९३ ई०) के रूप में हवाला दिया गया है। उसकी महत्ता पर इस बात से भी प्रकाश पड़ता है कि सशानिद शाहंशाह (३०२-०९ ई०) ने काबुल की घाटी के कुषाण राजा की बेटी से शादी की थी।[२] लेकिन बाद में, चौथी शती के मध्य में, काबुल की घाटी सशानिद साम्राज्य का अंग बन गयी थी। पर्सिपोलिस में मिले एक उत्कीर्ण लेख में, जिस पर सन् ३१०-११ ई० की तारीख पड़ी है, शपुर द्वितीय (३०९-३७९ ई०) के बड़े भाई शपुर शकान्शाह का हवाला मिलता है, जिसकी पदवियाँ इस प्रकार गिनायी गयी हैं—"शाहे शकस्तान, वजीरे आला सिन्ध, शकस्तान और तुखारिस्तान" और जिसके साथ शकस्तान का "वजीरे तालीम",

१. कॉ. इ. इ., II. lxxvii.
२. अ. हि. इ.३ २७४।

सीस्तान का क्षत्रप और दूसरे आला हाकिम चलते थे। पर्सिपोलिस के ही एक अन्य उत्कीर्ण लेख की तिथि शायद शपुर द्वितीय का ४७वाँ राज्य काल है, अर्थात् सन् ३५६ ई०, हालांकि यह अंक असंदिग्ध नहीं है। इसे स्लोक ने अर्थात् "काबुल के आला काजी सिल्यूकस" ने लिखा था जो, इस अभिलेख के अनुसार, शपुर शकान्शाह को अपने से बड़ा शाह मानकर उसके प्रति अपनी श्रद्धांजलि प्रकट करता है। इससे जाहिर है कि काबुल भी उस समय शकान्शाह के अधिकृत प्रदेशों में से एक था। अगर यह तारीख सही पढ़ी गयी है तो काबुल लगभग ३५६ ई० में जीता गया था।[१]

इस प्रकार महान् कुषाणों के अन्तिम सम्राट वासुदेव की मृत्यु से एक सौ साल बाद तक "परवर्ती कुषाण" काबुल की घाटी पर राज करते रहे। हम निश्चित रूप से नहीं कह सकते कि शपुर द्वितीय के राज्यकाल में उनको अन्तिम रूप से परास्त कर दिया गया था या वे काबुल घाटी के निचले भाग और पंजाब के एक भाग में किसी तरह अपना अस्तित्व कायम रखे हुए थे। लेकिन यह दूसरा मत ही ज्यादा सम्भव लगता है और शायद कबीलों के नये स्थान-परिवर्तनों के फलस्वरूप कुषाणों के नये गिरोह इस प्रदेश में आ गये, जिससे इस राज्य को नयी ताकत मिली थी।

इस नये स्थान-परिवर्तन का उल्लेख चीनी वृत्तान्तों में मिलता है। "वी-शू" अर्थात् वी वंश (३८६-५५६ ई०) के इतिवृत्त में इस बारे में लिखा है :[२]

"ता-युएह-ची (अर्थात महान् कुषाण) के राज्य की राजधानी लोऊ-कीन-ची (बल्ख) है। उत्तर की दिशा से उन्हें जुआन-जुआन का खतरा था, जिन्होंने कई बार हमला करके उनकी लूटमार की थी। इसलिए वे अपना स्थान छोड़कर पश्चिम की दिशा में चले गये और पो-लो (बल्कान, जो आमू दरिया की पुरानी तलहटी के उत्तर में है, जहां वह क्रास्नोवोद्स्क के पूर्व में कैस्पियन सागर में गिरती है) के नगर में बस गये। उनके राजा की-तो-लो ने, जो एक वीर योद्धा था, एक फौज तैयार की। फिर वह पर्वतों (हिन्दूकुश) को पार करके दक्षिण की ओर बढ़ गया और उसने उत्तरी भारत पर हमला किया, जहां पर कान-थो-लो (गान्धार) से उत्तर की पाँच रियासतों ने उसके आगे समर्पण कर दिया....

"हयुंग-नू द्वारा पीछा किये जाने पर की-तो-लो पश्चिम की तरफ हट गया और उसने अपने बेटे को फू-लेउ-चा (पेशावर) में अपनी राज सत्ता कायम करने का आदेश दिया। इसलिये इन लोगों को "लघु-युएह-ची" (लघु कुषाण) पुकारा जाता है।"

मा-त्वान-लिन की विश्वकोश जैसी व्यापक कृति में भी इस घटना का संक्षिप्त हवाला मिलता है, जो इस प्रकार है :

---

१. इन दोनों उत्कीर्ण लेखों का विवरण पढ़ने के लिए देखिए हेर्त्सफेल्ड की पुस्तक 'कुश-सस क्वायंस', पृ. ३५-३६। ३६वें पृष्ठ पर दिये इस वक्तव्य में कि दूसरे उत्कीर्ण लेख की तारीख "शपुर प्रथम की ४७ (?) साल है, जिसके अंक चिह्न काफी मिट गये हैं", जाहिर है कि गलती से शपुर द्वितीय की जगह शपुर प्रथम छप गया है।

२. मार्टिन, पृ. २४-२६।

"लघु-युए्ह-ची की राजधानी फू-लेउ-चा है। उनका राजा की-तो-लो का बेटा था। उसे इस नगर का आधिपत्य उसके बाप ने दिया था, जब जुआन-जुआन के हमलों से मजबूर होकर उसे पश्चिम की दिशा में जाना पड़ गया था।"

उत्तर-पश्चिमी भारत में बहुत बड़ी संख्या में ऐसे सिक्के मिले हैं, जिन पर ब्राह्मी लिपि में "किदार कुषाण शा" अंकित है।[1] अधिकतर विद्वान् इस शासक को चीनी वृत्तान्तों के राजा की-तो-लो से अभिन्न मानते हैं।[2] किदार के चाँदी के सिक्के सशानिद सिक्कों की किस्म के हैं और उनकी सशानिद सिक्कों से तुलना करने से महत्त्वपूर्ण निष्कर्ष निकलते हैं। श्री मार्टिन, जिन्होंने इन सिक्कों का विशेष अध्ययन किया है, निम्न निष्कर्षों पर पहुँचे हैं, यद्यपि जब तक अधिक सकारात्मक प्रमाण नहीं मिलते तब तक उन्हें अस्थायी निष्कर्ष ही मानना चाहिए :—

(१) किदार के बाद पिरो और वरह्रान गद्दी पर बैठे थे, इसलिए कि उनके सिक्कों में निकट साम्य है।

(२) किदार आरम्भ में सशानिद साम्राज्य का एक सामन्त था; बाद में वह स्वतन्त्र हो गया। पिरो के राज्य काल में सशानिदों ने पुनः अपना प्रभुत्व कायम कर लिया।

(३) किदार और उसके दोनों उत्तराधिकारियों, पिरो और वरह्रान को ईसा की चौथी शताब्दी के उत्तरार्ध में रखना चाहिए।

इन प्राक्कल्पनाओं के आधार पर "लघु-कुषाणों" के इतिहास की किंचित ब्यौरेवार रूपरेखा तैयार की जा सकती है।

रोमन फौज के एक अफसर अम्मिआनस से, जिसने मेसोपोटामिया में शपुर द्वितीय के विरुद्ध युद्ध में भाग लिया था, हमें ज्ञात होता है कि सन् ३५० से ३५८ ई० तक सशानिद शाह अपने साम्राज्य की पूर्वी सीमा पर कुछ कबीलों के साथ युद्ध में फँसा था। इन कबीलों में सबसे महत्त्वपूर्ण कबीला चीओनाइट्स था, जिसने हमला करके बैक्ट्रिया और युसैनी पर कब्जा कर लिया था। युसैनी, दरअसल कुसेनी या कुषाण का भ्रष्ट रूप है। सन् ३५८ ई० में शपुर ने इन कबीलों के साथ शान्ति-सन्धि कर ली और "रोम के खिलाफ इन्तकाम की जंग" छेड़ दी। जिस फौज को लेकर उसने मेसोपोटामिया में अमीदा के रोमन किले पर घेरा डाला था, उसमें उसके नये दोस्तों चीओनाइट्स और कुषाणों के सैनिक दस्ते भी थे।[3]

---

१. मार्टिन, पृ. ३९. पा. टि. १, पृ., ६१ में निर्दिष्ट प्रमाण भी देखें।

२. वी. ए. स्मिथ इन दोनों को अभिन्न मानने के विरुद्ध था और उसका विश्वास था कि इतनी कारीगरी से गढ़े गये किदार-कुषाण सिक्के सन् ३०० या ३५० ई. के थे और शाक, शौलद और गडहर सिक्कों के समकालीन थे, जिनका उल्लेख पहले किया गया है। (ज. ए. सो. ब., LXIII. १८२-८३)।

३. मार्टिन पृ. ३०; हेर्त्सफेल्ड कुश-सस. पृ. ३६।

यह बिल्कुल सम्भव है कि रोमन लेखक जिस कबीले को चिओनाइट्स का नाम देता है और चीनी लेखक जिसे जुआन-जुआन नाम से पुकारता है, वे दरअसल एक ही थे। तब तो इसका मतलब यह होगा कि चौथी शती के मध्य में कुषाण राजा किदार को इस कबीले के आक्रमण के सामने बल्ख छोड़कर हटना पड़ा और काबुल घाटी पर कब्जा करना पड़ा। कबीलों के इन स्थान-परिवर्तनों के कारण शपुर द्वितीय को मजबूर होकर ३५० ई० में फौज लेकर अपने साम्राज्य के पूर्वी सीमान्त की ओर बढ़ना पड़ा। उसने कुषाणों और चिओनाइट्स इन दोनों से युद्ध किया और आखीर में सन् ३५८ ई० के लगभग उनसे सन्धि कर ली। दोनों ने शायद सशानिद शाह को अपना अधिराज मान लिया और रोम के विरुद्ध युद्ध में अपने अधिराज की मदद के लिए सैनिक दस्ते भेजे। लेकिन बाद में किदार ने अपनी स्वाधीनता प्राप्त कर ली, जैसा उसके सिक्कों से सूचित होता है। सिक्कों से प्राप्त प्रमाणों के अलावा बाईजैन्टियम के आर्मेनिआई इतिहासकार फास्टोस के विवरण से भी इस बात की पुष्टि होती है। उसके विवरण से लगता है कि सन् ३६७-६८ ई० में कुषाणों ने सशानिदों को दो बार बुरी तरह हराया था और एक बार तो शपुर द्वितीय को मैदान छोड़कर भागने के लिये मजबूर कर दिया था।[१]

इस प्रकार किदार ने फिर एक बार काबुल घाटी में स्वतन्त्र कुषाण वंश की स्थापना की। चीनी वृत्तान्तों के अनुसार किदार ने उत्तरी भारत पर हमला किया था, जहाँ गान्धार के उत्तरी भाग में स्थित पांच रियासतों ने उसके आगे समर्पण कर दिया था। इस बात के पूरे आशय को समझना कठिन है लेकिन हो सकता है कि किदार के अधिकृत प्रदेशों में अफगानिस्तान और सिन्धु घाटी का उत्तरी भाग शामिल रहा हो। उसके (या उसके बेटे के) प्रान्तीय शासकों के नामों का भी उनके सिक्कों से पता चलता है, जैसे वारो शाही, पिरोच, भास और बुद्धबल[२]। चूँकि किदार चौथी सदी ईसवी के उत्तरार्ध में हुआ था, इसलिए सम्भवतः वह कुषाण राजा का समकालीन था, जिसे इलाहाबाद स्तम्भ के अभिलेख में **देवपुत्र शाही शाहानु शाही** कहा गया है। सम्भवतः समुद्रगुप्त इस समय तक पंजाब में कुषाणों के छोटे-छोटे राज्यों पर अपना प्रभुत्व-स्थापित कर चुका था, क्योंकि एक गडहर सरदार[३] के सिक्के पर उसका नाम अंकित है। इसलिए

---

१. मार्टिन, पृ. ३२।

२. मार्टिन पृ. ३३ प. पृ., ४१ प. पृ.।

३. कनिंघम ने जिन तीन किस्म के गडहर सिक्कों का उल्लेख किया है, उनमें से दो किस्म के सिक्कों का ऊपर जिक्र किया जा चुका है, अर्थात् जिन पर पेरय और किरद नाम अंकित हैं। तीसरे किस्म के सिक्के के बारे में, जिस पर समुद्र का नाम अंकित है, श्री आर. डी. बनर्जी का यह मत है : "इस सिक्के में और समुद्रगुप्त के सिक्के में इतना अधिक साम्य है कि यह कहना सम्भव है कि कम से कम गडहर कबीला महान् विजेता समुद्रगुप्त का प्रभुत्व मानता था और उनके सिक्कों पर उसका नाम अंकित था।" (पू. पु., ९३)। एक ऐसे ही सिक्के का वर्णन स्मिथ ने किया है, जिस पर चन्द्रगुप्त (?) का नाम है। (ज. रा. ए. सो., १८९३, पृ. १४५)।

राजनीतिक दृष्टि से किदार के लिए गुप्त सम्राट के साथ अच्छे सम्बन्ध बनाये रखना ही जरूरी था, क्योंकि पश्चिम में उसकी स्थिति कोई अधिक सुरक्षित नहीं थी। सशानिद बादशाहों के अलावा, जो स्वभावतः अपनी प्रभुसत्ता को फिर से स्थापित करना चाहते थे, किदार को बैक्ट्रिया के शासक कबीलों के विरोध का भी सामना करना पड़ा था। चीनी विवरणों के अनुसार आखिरकार उनके हमलों ने उसे पश्चिम पर धावा बोलने के लिए मजबूर कर दिया। स्पष्ट है कि उसे उम्मीद थी कि यह अभियान लम्बा चलेगा इसलिए वह राजधानी को अपने बेटे के हवाले कर गया था; दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि सम्भवतः अपनी अनुपस्थिति में वह अपने बेटे को रीजेन्ट नियुक्त कर गया था।

जिस कबीले के विरुद्ध किदार को फौज लेकर धावा बोलना पड़ा था, उसका नाम मा-त्वान-लिन ने जुआन-जुआन लिखा है और वी-शू में ह्यूंग-नू दिया गया है। लेकिन चूँकि ह्यूंग-नू ईसा की पाँचवीं शती के मध्य से पहले अपनी सत्ता कायम नहीं कर सके थे,[१] इसलिए शायद पहला नाम ही सही है। हम किदार के फौजी अभियान के परिणाम या स्वयं उसके बारे में और कुछ नहीं जानते।

वह अपने जिस बेटे को पीछे छोड़ गया था और जो उसके बाद गद्दी पर बैठा था, उसका नाम पिरो था। पूर्व में गुप्त साम्राज्य और पश्चिम और उत्तर-पश्चिम में सशानिद और जुआन-जुआन जैसे शक्तिशाली दुश्मनों से घिरे होने के कारण उसकी स्थिति बड़ी खतरनाक थी। सशानिदों ने, जाहिर है, यह देखकर कि वह उत्तर-पश्चिम में जुआन-जुआन कबीले से उलझा हुआ है, मौके से फायदा उठाया और **आर्देशिर** द्वितीय (सन् ३७९-३८३ ई०) ने कम से कम एक जिला तो फिर वापस जीत ही लिया, जिस पर उसने तारिक को क्षत्रप नियुक्त किया। शपुर तृतीय (३८३-३८८) ने कुछ और जिले दुबारा जीत लिये और आखिरकार पिरो से अपनी प्रभुसत्ता मनवा ली। पिरो का उत्तराधिकारी वरह्रान भी सशानिदों का अधीन राजा बना रहा; सिक्कों से चौथी शती के तीसरे चतुर्थांश में भारत की सीमा पर पुनः बढ़ते हुए सशानिदी प्रभाव की पुष्टि होती है।[२]

---

१. शव्हान्न (दकुमाँस्यु ल तोकीन ऑक्सिदाँत, पृ. २२३) का निश्चित मत है कि श्वेत-हूण जुआन-जुआन कबीले के अधीन थे और ईसा की पाँचवीं शती के मध्य तक प्रमुखता नहीं प्राप्त कर सके। मार्टिन का यह मत (पृ. ३५ प. पृ.) कि उन्होंने सन् ४०० ई० से पहले ही पेशावर पर आक्रमण किया था, सन्दिग्ध प्रमाण पर आधारित है। फा-हिएन के जिस वक्तव्य का उसने उद्धरण दिया है, वह गुमराह करने वाला है, क्योंकि फा-हीन ने एफ्थेलाइट राजा का उल्लेख नहीं किया है, जैसा कि मार्टिन गाइल्स (Giles) की साख पेश करके दावा करता है, बल्कि उसने तो युएह-शी कबीले के एक राजा के नाम का जिक्र किया है, जिसे लेगे (Legge) कनिष्क मानता है (फाहिएन, पृ. ३४)। इस बारे में हम जो भी सोचें लेकिन किसी अधिकारी विद्वान् ने यह नहीं कहा कि युएह-शी और एफ्थेलाइट हूण एक ही कबीले के नाम हैं। रही यह बात कि हूणों ने सशानिदों के चौथी शती के सिक्कों की नकल की थी, तो यह कोई कायल करने वाला तर्क नहीं है, क्योंकि बर्बर आक्रमणकारी अक्सर पुराने सिक्कों की भी नकल कर लेते थे।

२. मार्टिन, पृ. ३४-३५, ३७-३८।

सिक्कों से यह जाहिर होता है कि वहराम चतुर्थ (सन् ३८८-३९९ ई०) के बाद भारत की सीमा पर सशानिदों का प्रभुत्व समाप्त हो गया था।[१] यह सुझाव पेश किया गया है कि लगभग इसी समय हूणों के आक्रमण शुरू हो गये थे, जिनके कारण ऐसा हुआ और काबुल की घाटी में "लघु कुषाणों" की सत्ता का चिराग भी बुझ गया, जिससे कुषाणों को भाग कर सिन्धु घाटी के उत्तरी भाग के पर्वतीय क्षेत्रों और काश्मीर में शरण लेनी पड़ी। लेकिन यह मत कि हूणों ने पाँचवीं शती के आरम्भ में ही गान्धार पर अपना राजनीतिक आधिपत्य जमा लिया था, पर्याप्त प्रमाणों पर आधारित नहीं है।[२]

किदार ने जिस राजवंश की स्थापना की थी वह आगे भी राज करता रहा, इसकी पुष्टि उत्तर-पश्चिमी भारत में मिले सिक्कों से होती है।[३] इन सिक्कों पर न सिर्फ उन राजाओं के नाम अंकित हैं, जिन्होंने उन्हें जारी किया था, बल्कि उन पर कुषाण राजा की पोशाक से आवृत शाही आकृति की भुजाओं के नीचे एक खड़ी रेखा के रूप में किदार या उसका संक्षेप 'किद' भी अंकित है। इन "लघु-कुषाण" राजाओं के सोने के सिक्के एक विस्तृत भू-भाग में मिले हैं—पंजाब से लेकर पूर्व में कन्नौज और कोसम तक। अभी सन् १९२५ ई० में उनके एक दर्जन सिक्के यू० पी० के हरदोई जिले में मिले हैं।[४] जिन कुषाण राजाओं के नाम सिक्कों पर अंकित हैं, वे इस प्रकार हैं: कृतवीर्य, सर्वयश, भास्वन, प्रकाश, कुशल और सलोणवीर।[५] लगता है कि ये सिक्के कई शताब्दियों तक चलते रहे थे, जिसके बाद उन्हें उन सिक्कों की शृंखला में मिला दिया गया था, जिन्हें काश्मीर में कारकोटक या नागवंश ने ईसा की सातवीं शती में ढलवाया था।[६] इतने लम्बे काल तक इस मुद्रा का प्रचलन और इतने बड़े क्षेत्र में इसके सिक्कों का मिलना यह जाहिर करता है कि शायद कई राजवंश इसका प्रयोग करते रहे थे। लेकिन इस बारे में हमारी जानकारी इतनी कम है कि इन राजाओं को विभिन्न राजवंशों की सूची में रखना और इतिवृत्तात्मक क्रम से या भौगोलिक स्थान-क्रम से उनका निर्णय करना बिल्कुल असम्भव है। काबुल की घाटी और पंजाब में फैली विभिन्न कुषाण रियासतों का ईसा की पाँचवीं शती के मध्य में श्वेत-हूणों ने अपने पैरों के नीचे रौंद डाला और उन्होंने सन् ४६० ई० के करीब गान्धार में अपना एक स्वतन्त्र राज्य स्थापित किया। इसके बाद कुषाणों की शक्ति एक बार फिर उभरी या नहीं, इसका निर्णय इस प्रश्न के उत्तर पर निर्भर है कि तोरमाण और मिहिरकुल जैसे परवर्ती शासक वास्तव में हूण थे या कुषाण। यह भी संभव है कि दोनों कबीले जाति की दृष्टि से संमिश्रित ही थे और इसी बीच एक नयी कौम के रूप में उनका विलय हो गया था, जो भारत में आमतौर पर हूण नाम से प्रसिद्ध है।

---

१. वही।
२. देखिए पा. टि. १, पृ, ६६।
३. सन्दर्भ के लिए देखें पा. टि. १. पृ. ६१।
४. ज. प्रो. ए. सो. ब., XXX. मुद्रा विशेषांक XLV. ७७।
५. वही। यही वह नाम है जिसे पहले गलती से शिलादित्य पढ़ा गया था।
६. मार्टिन, पृ. २३।

परिच्छेद : ८

गुप्त साम्राज्य के विघटन के बाद का उत्तरी भारत

(ईसा की छटी शताब्दी)

गुप्त साम्राज्य के छिन्न-भिन्न हो जाने के बाद आधी शताब्दी तक उत्तर भारत राजनीतिक विघटन की सामान्य तस्वीर बना रहा—अनेक स्वतन्त्र राज्य सत्ता के लिए और, अगर सम्भव हो तो, दूसरों पर अपना आधिपत्य जमाने के लिए संघर्ष करते रहे। इनमें से अधिकांश राज्य गुप्त साम्राज्य के ही विच्छिन्न टुकड़े थे। इनमें से मैत्रक, कल्चुरी,[१] गुर्जर, मौखरी और परवर्ती-गुप्तों द्वारा शासित रियासतें और नेपाल, बंगाल, आसाम और उड़ीसा के राज्य प्रमुख थे। साम्राज्य की सीमाओं से बाहर उत्तर-पश्चिम में काश्मीर और थानेश्वर के राज्य और दक्षिण-पूर्व में दक्षिणी कलिंग के राज्य प्रमुख हो गये थे। ईसा की सातवीं शती के आरम्भ में जाकर ही थानेश्वर में एक ऐसा शक्तिशाली राजा पैदा हुआ, जो फिर से एक बड़े साम्राज्य की स्थापना करने में सफल हुआ और जो, चाहे एक सीमा तक और अल्पकाल के लिए ही सही, उत्तर भारत को फिर से उसी एकता के सूत्र में बांध सका, जो गुप्त सम्राटों के काल में सम्भव हो सकी थी। इसलिए पुनः भारत सम्राटों के इतिहास का मुख्यसूत्र पकड़ने से पहले यह जरूरी है कि हम छठी शती के इन राज्यों के इतिहास का अलग-अलग पुनर्निरीक्षण कर लें।

१. वलभी

गुप्त साम्राज्य के खंडहर पर जो नये राज्य उठ खड़े हुए, उनमें वलभी का राज्य ही सबसे ज्यादा स्थायी साबित हुआ। यह पहले बताया जा चुका है कि किस प्रकार भटार्क के, जो मैत्रक कुल[२] का था और गुप्तों का एक सेनापति और सौराष्ट्र या काठियावाड़ का

---

१. कल्चुरियों के इतिहास के लिए देखिए, परि. XI. बी. III.

२. वलभी राजाओं के शिलालेखों के आरम्भिक अंश के त्रुटिपूर्ण अनुवाद के कारण बहुत दिनों तक गलती से यह समझा जाता रहा कि "भटार्क ने मैत्रकों के विरुद्ध सफलतापूर्वक युद्ध किया था।" हुल्त्स ही वह पहला विद्वान् था जिसने बताया (ई. इ. III, ३२०) कि इस पद के सही अन्वय के अनुसार वास्तव में इसका अर्थ यह है कि भटार्क स्वयं मैत्रकों के कुल या कबीले का था, न कि यह कि वह उनसे लड़ा था। अब इस मत को सभी स्वीकारते हैं। फ्लीट तथा अन्य विद्वानों ने मैत्रकों और मिहिरों को अभिन्न बताया है और उनका मत है कि ये सूर्योपासक एक विदेशी जाति के लोग

गवर्नर था, वंशजों ने पाँचवीं शती ईस्वी के अन्त तक पहुँचते अपनी शक्ति बढ़ा ली थी। भटार्क और उसके बेटे धरसेन तक इस कुल के सामन्त तो अपने को **सेनापति** ही कहते रहे, लेकिन उनके उत्तराधिकारियों ने **महाराज** और **महासामन्त महाराज** की पदवियों धारण कर लीं। कहा जाता है कि तीसरे राजा द्रोणसिंह को, जो धरसेन का छोटा भाई था, खुद उसके अधिराज गुप्त सम्राट, सम्भवतः बुधगुप्त, ने **महाराज** की श्रेणी एवं पदवी से विभूषत किया था।[1] द्रोणसिंह और उसके छोटे भाई और उत्तराधिकारी **महाराज** ध्रुवसेन ने गवर्नर की तरह नहीं बल्कि स्वतन्त्र राजाओं की तरह पट्टे (भूमि के अनुदान-पत्र) बांटे थे, लेकिन उनमें सम्राट के प्रति स्वामिभक्ति का उल्लेख यह साबित करता है कि उन्होंने अभी तक अन्तिम रूप से गुप्तों की अधीनता का जुआ उतार कर नहीं फेंका था।

इस राज्य की स्थापना की तिथि का निश्चित निर्णय नहीं किया जा सकता। इस वंश की ओर से सबसे पहला पट्टा (भूमि अनुदान-पत्र) सन् ५०२ ई० में **महाराज** द्रोणसिंह ने जारी किया था। चूँकि उसका बाप भटार्क और भाई धरसेन पूर्ववर्ती थे, इसलिए द्रोणसिंह के गद्दी पर बैठने की तिथि सन् ४७५ ई० से पहले सम्भव नहीं हो सकती; कारण, सन् ४५५-५६ ई० में पर्णदत्त सौराष्ट्र का गवर्नर नियुक्त हुआ था। इसलिए भटार्क की नियुक्ति की तिथि हम अस्थायी रूप से सन् ४६५ और ४७५ ई० के बीच मान सकते हैं।[2]

ये सरकारी अनुदान-पत्र वलभी से जारी किये गये थे, जो निश्चय ही राजधानी रही होगी। गिरिनगर (आधुनिक जूनागढ़) से, जहां स्पष्टतः, पर्णदत्त का मुख्यालय था, कब और किन परिस्थितियों में राजधानी को हटा कर वलभी ले जाया गया, यह बताना

थे। फ्लीट ने तो यहां तक सुझाया है कि मैत्रक हूणों के उस "विशिष्ट कुल या कबीले के लोग थे जिसमें तोरमाण और मिहिरकुल पैदा हुए थे।" (का. इ. इ. III, भूमिका, १२) अन्य विद्वानों ने उसका मत स्वीकार कर लिया है (इ. हि. क्वा. १९२८, पृ. ४५७; ज. प्रो. ए. सो. व. १९०९, पृ. १८३)। लेकिन इस मत का, जो मूलतः उक्त त्रुटिपूर्ण अनुवाद से प्रेरित था, कोई वास्तविक आधार नहीं है। (देखिए इ. क. V. ४०८-०९)।

१. देखिए पृ. ३३। यह मान लेने का कोई संगत कारण नजर नहीं आता कि द्रोणसिंह का अधिराज तोरमाण या यशोधर्मन इन दोनों में से कोई एक था, या गुप्त सम्राट के अलावा अन्य कोई शासक था। (इस बात के विचार-विमर्श के लिए देखिए इ. क. V. ४०९)।

२. सौराष्ट्र में प्रचलित लोक-परम्परा के अनुसार स्कन्द गुप्त के कमजोर शासन में उसके गेहलोति जाति के **सेनापति** भटार्क ने, जिसके पूर्वज अयोध्या पर राज करते थे और जिन्हें गुप्तों ने अपदस्थ किया था, सौराष्ट्र में आकर अपना राज्य स्थापित किया था। इसके दो साल बाद स्कन्दगुप्त की मृत्यु हो गई। तब **सेनापति** ने सौराष्ट्र का राजा बन करके वलभी नगर की नींव डाली। (पूरी कहानी के लिए देखिए, इ. ए. II. ३१२)। लेकिन पुरालेखों से प्राप्त प्रमाणों से यह स्पष्ट है कि **सेनापति** भटार्क ने कभी भी राजा की पदवी नहीं धारण की थी। यह इस बात का सबूत है कि ऐसी कहानियों पर कितना कम भरोसा किया जा सकता है। यह मत कि भटार्क ने खुद अपने नाम के सिक्के जारी किये थे, सिक्कों पर अंकित प्रशस्तियों के त्रुटिपूर्ण विवेचन पर आधारित है। (ज. रा. ए. सो. ब. ले. III मुद्रा. परिशिष्टांक पृ. ९९)।

कठिन है। यह सुझाया गया है कि सुदर्शन झील का बांध टूट जाने का हर समय खतरा रहता था, इसलिए राजधानी हटायी गयी।[1] यह सच है कि ऐसे अभिलेख मौजूद हैं, जो बताते हैं कि दो बार पहले भी ऐसी दुर्घटना हो चुकी थी; एक बार सन् १५० ई० में और दूसरी बार सन् ४५५ ई० में, लेकिन राजधानी को गिरिनगर से हटा कर, इतनी दूर ले जाने का यही पर्याप्त कारण नहीं हो सकता।

इसके अलावा वलभी कितना बड़ा राज था और कहाँ तक फैला हुआ था, यह भी अनिश्चित है। इस समय वलभी नगर के स्थान पर पूर्वी काठियावाड़ प्रायद्वीप की पुरानी भावनगर रियासत में वल नामक स्थल है। (२०°५२' उत्तर, ७१°५७' पूर्व। शुरू के राजाओं ने जिन गाँवों के अनुदान-पत्र बाँटे थे, वे सब इस स्थल के इर्द-गिर्द ही बसे हैं। लेकिन चूँकि भटार्क सौराष्ट्र का गवर्नर था, इसलिए यह मान लिया जा सकता है कि उसके उत्तराधिकारियों ने जिस राज्य की स्थापना की थी, मोटे तौर पर उसके अन्तर्गत सारा सौराष्ट्र था।

इस राजवंश के असामान्य रूप से बहुत बड़ी संख्या में अभिलेख मिले हैं, जिनके आधार पर उसके राजाओं की वंशावली और उनके इतिवृत्त का काफी प्रामाणिक लेखा-जोखा तैयार किया जा सकता है। लेकिन इन विवरणों में इसके अलावा ऐतिहासिक दिलचस्पी की और अधिक कोई बात नहीं है। उदाहरण के लिए, ध्रुवसेन प्रथम के जारी किए हुए सोलह भूमि अनुदान-पत्र मिले हैं, लेकिन उनमें ऐतिहासिक महत्त्व की एक भी घटना का उल्लेख नहीं है।[2] हमें सिर्फ इतना और मालूम होता है कि वह भी, चाहे नाम मात्र को ही सही, किसी अन्य अधिराज के प्रति अपनी स्वामिभक्ति का प्रदर्शन करता था, शायद गुप्त सम्राट के प्रति, और यह कि उसने गुप्त संवत् २०६ से २२६ (सन् ५२५ से ५४५ ई०) तक राज किया। ध्रुवसेन के बाद उसका छोटा भाई **महाराज** धरपट्ट गद्दी पर बैठा, लेकिन उसके बारे में अभी तक कोई अभिलेख नहीं मिला है। धरपट्ट के बाद उसका बेटा **महाराज** गुहसेन गद्दी पर बैठा, जिसकी ज्ञात तिथियां गुप्त संवत् २४० (या २३७) और २४८ (सन् ५५६ या ५५९ से ५६७ ई०) हैं। यह उल्लेखनीय है कि गुहसेन के भूमि-अनुदान-पत्रों में "परमभट्टारक-पादानुध्यात" जैसे विशेषण का, जिसका प्रयोग ध्रुवसेन प्रथम ने किया था, परित्याग कर दिया गया है। इससे जाहिर होता है कि मैत्रक राजा अब किसी अधिराज के प्रति नाम मात्र के लिए भी अपनी अधीनता का संकेत नहीं करते थे और अप्रत्यक्ष रूप से इस अनुमान की भी पुष्टि होती है कि पहले वह अधिराज गुप्त सम्राट ही था, क्योंकि ऐसे किसी दूसरे अधिराज की कल्पना करना असम्भव है जिसका प्रभुत्व सन् ४७५ से ५५० ई० तक तो रहा किन्तु उसके बाद खत्म हो गया। गुप्त सम्राटों के वंश का सन् ५५० और ५७० ई० के बीच अन्तिम

---

१. इ. क. V. ४१३-१४।

२. इन शिलालेखों में ध्रुवसेन को विभिन्न पदवियों से मंडित किया गया है, जैसे **महासामन्त, महाराज, महाप्रतिहार, महादंडनायक, महाकार्ताकृतिक** आदि।

रूप से खात्मा हुआ था, जैसा पहले जिक्र किया जा चुका है। इससे यह बात पूरी तरह साफ हो जाती है कि गुहसेन के समय से वलभी के अभिलेखों में क्यों किसी अधिराज का हवाला नहीं मिलता। शायद इसी कारण इस परिवार के बाद के अभिलेखों में, जो शिलादित्य प्रथम (सन् ६०५ ई०) के समय से उपलब्ध हैं, अनुदानों में दी गयी परम्परा-निर्दिष्ट राज-वंशावली गुहसेन से शुरू होती है; यह भटार्क का वंशज था, और इन दोनों के बीच के सारे राजाओं के नाम बिलकुल छोड़ दिये गये हैं।

गुहसेन के बाद उसका बेटा और फिर उसका पोता, धरसेन द्वितीय और शिलादित्य-प्रथम धर्मादित्य, गद्दी पर बैठे। ज्ञात तिथियों के अनुसार धरसेन द्वितीय का समय सन् ५७१ से ५९० ई० तक और शिलादित्य प्रथम का समय सन् ६०६ से ६१२ ई० तक है। एक मात्र मिले ताम्रपत्र[1] से पता चलता है कि सामन्तों का एक परिवार था (जो गारुलक कहलाता था), जिसमें **सेनापति** वराहदास प्रथम, उसके दो बेटे भट्टिसूर और वराहदास द्वितीय और उसका बेटा सिंहादित्य थे। इनमें से अन्तिम तीन की पदवी **सामन्त-महाराज** थी। पदवी में यह परिवर्तन खुद मैत्रक सामन्तों की पदवी में परिवर्तन से साम्य रखता है। यह अनुदान-पत्र सिंहादित्य ने सन् ५७४ ई० में जारी किया था, इस प्रकार वह धरसेन द्वितीय का सामन्त था। इस अनुदान-पत्र में लिखा है कि वराहदास द्वितीय ने काठियावाड़ प्रायद्वीप के पश्चिमी तट पर स्थित द्वारका के राजा को हराया था। यह सम्भव है कि वराहदास अपने अधिराज (गुहसेन या धरसेन) की ओर से लड़ा हो। मैत्रकों ने इस युद्ध द्वारा अपना आधिपत्य सौराष्ट्र के पश्चिमी भाग के अन्त तक, जो अभी तक स्वतन्त्र था, बढ़ा लिया था, या यह युद्ध एक स्थानीय सामन्त के विद्रोह का ही आभास देता है, कहना कठिन है। पहली बात ही अधिक सम्भाव्य लगती है, क्योंकि एक अभिलेख में धरसेन द्वितीय **महाधिराज**[2] की पदवी धारण किये मिलता है, और यह दावा सम्भवतः राज्य-सीमा के विस्तार पर ही आधारित है।

इसी समय के आसपास वलभी राज्य का विस्तार हुआ था, इसका संकेत ह्वेन-त्सांग के एक वक्तव्य से भी मिलता है।[3] मो-ला-पो का वर्णन करते हुए वह उसके राजा शिलादित्य का उल्लेख करता है, जो उससे ६० वर्ष पहले वहाँ राज करता था। इसके अनुसार शिलादित्य का राज्य-काल ५८० ई० के लगभग बैठता है। तारीखों में मामूली फर्क होने के बावजूद मो-ला-पो के राजा शिलादित्य और वलभी के राजा शिलादित्य प्रथम धर्मादित्य की अभिन्नता एक प्रकार से निश्चित सी है, क्योंकि चीनी यात्री वलभी के समकालीन राजा को मो-ला-पो के राजा शिलादित्य का भतीजा बताता है। और हम

---

१. ई. इ. XI. १७।

२. वाला प्लेट आफ धीग्रर, २६६ (इ. ए. VI. II.) अनुदान-पत्र के पाठ में राजा की साधारण पदवियां गिनाई गई हैं, जैसे **महासामन्त महाराज**, लेकिन राजा के हस्ताक्षर में उसे **महाधिराज** कहा गया है।

३. या. ट्रै. वा. II. २४२।

निश्चित रूप से जानते हैं कि ध्रुवसेन द्वितीय, जो सन् ६४० ई० में वलभी का राजा था, शिलादित्य प्रथम का भतीजा था।

अगर हम इस पहचान को मान लें तो हमें यह भी मानना चाहिए कि राजा शिलादित्य एक विशाल क्षेत्र पर राज करता था। मो-ला-पो कहाँ था, इस बारे में मतभेद होने के बावजूद, इसमें कोई सन्देह नहीं कि यह नाम मालवा का ही चीनी रूपान्तर है और इसके अन्तर्गत पश्चिमी मालवा का पर्याप्त भाग शामिल था।[1] इसलिए हम यह मान सकते हैं कि छठी शती ईसवी के अन्त में वलभी का राज्य पश्चिमी भारत में सबसे अधिक शक्तिशाली था।

ह्वेन-त्सांग ने राजा शिलादित्य की बड़ी प्रशंसा की है। कहा है कि वह ऐसा "राजा था जिसमें शासन-प्रबन्ध चलाने की महान् योग्यता और असाधारण दयालुता और ममता थी।" उसने एक बौद्ध मन्दिर बनवाया था जिसकी "बनावट और सजावट अत्यन्त कलात्मक" थी, और जिसमें दुनिया के सभी हिस्सों से बौद्ध भिक्षुओं को निमन्त्रित किया जाता था। सिक्कों से प्राप्त विवरणों से हम जानते हैं कि शिलादित्य का उपनाम धर्मादित्य था, और चीनी यात्री ने उसके चरित्र का जो वर्णन किया है, वह इससे मेल खाता है।

२. राजपूताना के गुर्जर

ईसा की छठी शताब्दी के उत्तरार्ध में गुर्जरों की ख्याति और प्रतिष्ठा बढ़ गयी थी। इसमें सन्देह नहीं कि उन्होंने गुप्त साम्राज्य के पतन का लाभ उठाकर अपनी राजनीतिक सत्ता कायम कर ली थी। उनका सबसे प्रमुख राज्य राजपूताने के मध्य में जोधपुर के पास स्थापित किया गया था और यह प्रदेश उनके नाम पर गूजरत्रा कहलाने लगा, जो गुजरात का ही भिन्न रूप है। जिस राज्य को आज गुजरात कहा जाता है, वह इस नामसे बहुत बाद में प्रसिद्ध हुआ था। इन दो महत्त्वपूर्ण प्रदेशों के अलावा, और भी कई क्षेत्र हैं जिनका नाम इस जाति से सम्बद्ध है। उदाहरण के लिए पंजाब में कई जगहों के नाम उनसे सम्बन्धित हैं, जैसे गुजरांवाला, गुजरात और गुजर-खान। अठारहवीं शती में सहारनपुर का जिला भी गुजरात कहलाता था, और ग्वालियर राज्य के एक उत्तरी जिले का नाम आज भी गुजरगढ़ है।

इन स्थानों के नाम सूचित करते हैं कि देश के विभिन्न भागों में गुर्जरों के अनेक उपनिवेश थे। आजकल गुर्जरों की जनसंख्या जिस प्रकार विभिन्न राज्यों में बंटी हुई है, उससे भी इस निष्कर्ष की पुष्टि होती है। हम आज के गूजरों को पुराने गुर्जरों का आधुनिक प्रतिनिधि मान सकते हैं। पश्चिमी हिमालय, पंजाब, उत्तर प्रदेश और पश्चिमी राजपूताना में उनकी काफी बड़ी संख्या मिलती है और सिन्धु नदी के पार पहाड़ी

---

१. अ. हि. इ. ३२३-२६।

क्षेत्र में भी वे मिलते हैं। गुजरात के अधिकांश लोग गुर्जर हैं, लेकिन सातपुरा पर्वतों के दक्षिण में गुर्जर नहीं मिलते।[१]

गुर्जरों की उत्पत्ति का प्रश्न तीखे विवाद का विषय रहा है। कई विद्वानों का मत है कि गुर्जर एक विदेशी जाति के लोग थे जो हूणों के साथ भारत में आये थे, और धीरे-धीरे पंजाब से राजपूताना होते हुए गुजरात तक उनका पहुँचना इस बात से सिद्ध है कि इन क्षेत्रों में अनेक स्थान आज भी उनके नाम से प्रसिद्ध हैं। उनका कहना है कि गुर्जर मूलतः एक देश का नाम था, जिसके निवासी स्वभावतः गुर्जर कहलाते थे। यह सुझाया गया है कि जिन विभिन्न भौगोलिक इकाइयों को आजकल गुजरात कहते हैं (अथवा सम्बन्धित नामों से पुकारते हैं) वे शुरू शुरू में एक बड़े समरूप देश के ही भाग थे, जिसे गुर्जरदेश कहते थे। यह अपने ही राजा के अन्तर्गत था और यद्यपि उसके कुछ अलग अलग भागों ने अपना पुराना नाम सुरक्षित रखा है, दूसरे भाग अपने पुराने नाम खो खो चुके हैं।[२] लेकिन इस मत को आमतौर पर विद्वानों ने स्वीकार नहीं किया है। कारण, इस बात का कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं है कि प्रतिहारों के शक्तिशाली साम्राज्य का कोई संयुक्त भौगोलिक नाम था या कि भारत के अन्य भागों से अलग कोई समरूपी वैशिष्ट्य था। उस साम्राज्य के दौरान तथा उसके बाद भी उसके अनेक भागों के अपने विशिष्ट नाम पूर्ववत् चलते आये हैं। गुर्जरों के नाम पर बसे विभिन्न इलाकों और गूजर जाति के लोगों का भौगोलिक विभाजन निस्सन्देह रूप से इस मत का समर्थन करता है कि गुर्जर मूलतः एक कौम का ही नाम था और देशों या क्षेत्रों का नाम उस कौम के नाम पर ही पड़ा था। इस मामले में मालवों की मिसाल गुर्जरों से एकदम मिलती है। यद्यपि हम पर्याप्त निश्चय के साथ कह सकते हैं कि मूलतः गुर्जर एक कौम का नाम था, लेकिन हमारे पास ऐसा कोई निश्चित प्रमाण नहीं है कि वे विदेशी थे और ऐतिहासिक काल में हूणों, कुषाणों या किसी अन्य विदेशी गिरोह के साथ भारत में आये। छठी शताब्दी ईसवी में यकायक उनके उत्कर्ष ने और उनके कुछ राजवंशों द्वारा अपनी मिथकीय उत्पत्ति के बारे में गढ़े हुए किस्सों ने इस मत को काफी आकर्षक और रंगीन बना दिया है। लेकिन इन पर निश्चित प्रमाणों की तरह भरोसा नहीं किया जा सकता और हम बिल्कुल ऐसी ही मिसालें कल्चुरियों और चंदेलों के बारे में भी दे सकते हैं। समग्रतः हमें इस प्रश्न को तब तक खुला छोड़ रखना चाहिए जब तक और अधिक निश्चित प्रमाण प्राप्त नहीं हो जाते।[३]

---

१. इन पहले दो पैराग्राफों में जिन विषयों की चर्चा की गयी है, उनका विस्तृत विवेचन हवाले देकर ज. डि. ले. X. १ प. पृ. में किया गया है। स्वात के उत्तरी भाग में गूजरों की बस्तियों के बारे में देखिए, स्टाइन की पुस्तक 'ऑन अलेक्जांडर्स ट्रेक टु दि इंडस', पृ. १५०-५१।

२. ज. डि. ले. X. १ प. पृ.। के. एम. मुंशी, 'द ग्लोरी दैट वाज गुर्जरदेश', भाग III. पृ. १ प. पृ.। इ. हि. क्वा. X. ३३७, ६१३, XI. १६७; XIII. १३७; इ. क. I. ५१०; IV. ११३; ज. बि. ओ. रि. सो. XXIV. २२१।

३. हाल में ही, इस प्रश्न पर प्रस्तुत लेखक ने समग्र रूप से के. एम. मुंशी डायमंड जुबिली वाल्यूम, भाग II, पृ. १-१८ में विचार किया है।

अबतक ज्ञात गुर्जरों के सर्वप्रथम राज्य की स्थापना ईसा की छठी शताब्दी में, राजपूताने की आधुनिक जोधपुर रियासत में, हरिचन्द्र[1] ने की थी। हरिचन्द्र ब्राह्मण था और वेद और शास्त्रों का ज्ञाता था। उसकी दो पत्नियां थीं। उसकी ब्राह्मण पत्नी के पुत्र प्रतिहार ब्राह्मण कहलाये, जब कि उसकी क्षत्रिय पत्नी के पुत्र प्रतिहारों के राजवंश के संस्थापक बने। यह उल्लेखनीय है कि उसकी क्षत्रिय पत्नी भद्रा तो रानी कही गयी है, जबकि उसकी ब्राह्मण पत्नी के नाम के आगे ऐसा कोई राजकीय विशेषण नहीं लगा है। ऐसा लगता है कि अपने आरम्भिक जीवन में हरिचन्द्र ब्राह्मणों के शान्तिपूर्ण पेशे से संलग्न रहा; लेकिन गुप्त साम्राज्य, मिहिरकुल और यशोधर्मन के साम्राज्यों के पतन के बाद जब उत्तर भारत में साहसिक सैनिक अभियानों के लिए अनुकूल परिस्थितियां पैदा हो गयीं तब उसने शास्त्र को एक तरफ रखकर शस्त्र उठा लिए, जैसा उससे पहले और बाद में भी बहुतों ने किया है। वह अपने अभियान में सफल रहा और एक राज्य की स्थापना की। रानी भद्रा से उसके चार बेटे थे; भोगभट, कक्क, रज्जिल और दद्द। उन्होंने मांडव्यपुर (मन्दौर, जो जोधपुर से पाँच मील उत्तर में है) को जीत कर उसकी किलाबन्दी की। वही शायद उनकी राजधानी बना। हरिचन्द्र के चारों बेटों के वर्णन में कहा गया है कि उनमें से हरेक पृथ्वी के स्वामित्व में समर्थ था, जिसका शायद यह मतलब है कि हरेक अलग अलग रियासतों पर राज करता था, लेकिन पहले दो बेटों के बारे में हमें कुछ भी ज्ञात नहीं है। तीसरा बेटा रज्जिल, मांडव्यपुर का राजा था। उसके बाद उसका बेटा नरभट गद्दी पर बैठा और उसके बाद नरभट का बेटा नागभट, जिसने अपनी स्थाई राजधानी मेडन्तक में कायम की। (जो शायद जोधपुर से ७० मील उत्तर पूर्व में बसे मेड़ता का नाम था।) हरिचन्द्र और उसके उपर्युक्त तीन उत्तराधिकारियों का राज्य काल सम्भवतः सन् ५५० और ६४० ई० का समय है। अगले दो सौ वर्षों तक इस वंश की आठ पीढ़ियों के दस राजाओं ने राज किया। उनके इतिहास का विवरण अगले परिच्छेद में दिया जायगा।

३. नान्दीपुरी के गुर्जर[2]

राजपूताने के इस राज्य के अलावा भड़ोंच के इलाके में एक और रियासत थी, जिस पर गुर्जर सामन्तों का राज था। इस राजवंश के सबसे पहले चार अभिलेख, जिनकी तिथि ६२९ ई० और ६४१ ई० के बीच है, एक राजा दद्द-द्वितीय प्रशान्तराग ने जारी किये थे, जो वीतराग जयभट का बेटा और दद्द-प्रथम का पोता था। इन अभिलेखों से लगता है कि उसकी रियासत उत्तर में माहि नदी से दक्षिण में किम नदी तक और पश्चिम

---

१. आगे का विवरण प्रतिहार बाउक के जोधपुर में प्राप्त शिलालेखों पर आधारित है। (ई. इ. XVIII. ८७ प. पृ.) और भी देखिए ज. डि. ले. X. १ प. पृ.।

२. ब. ग. १. भाग II. पृ. ३१३; भ. लिस्ट. सं. १२०९-१३।

में समुद्रतट से लेकर पूर्व में मालवा और खानदेश की सीमाओं तक फैली हुई थी। चूँकि ये सारे अनुदान-पत्र नान्दीपुरी से जारी किये गये थे, इसलिए शायद वही उसकी राजधानी थी। ब्युलर (Bühler) इस नगर को भड़ोंच से अभिन्न मानते हैं और भगवान लाल इन्द्र जी उसकी शिनाख्त नान्दोड से करते हैं, जो राजपिपला राज्य में करजन नदी के किनारे स्थित है।[१]

चूंकि दद्द-प्रथम के बारे में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि उसने गुर्जर राजाओं के परिवार में जन्म लिया था, और उसका समय निश्चित ही ईसा की छठी शताब्दी का अन्तिम चतुर्थांश रहा होगा, इसलिए यह संगत लगता है कि उसे मुख्य गुर्जर वंश के संस्थापक हरिचन्द्र के सबसे छोटे पुत्र दद्द से अभिन्न मान लिया जाय। जैसे पहले उल्लेख किया जा चुका है, हरिचन्द्र के बेटों के बारे में कहा गया था कि उनमें से हरेक पृथ्वी का भार वहन करने में समर्थ था, और यह बिल्कुल सम्भव है कि रज्जिल तो जोधपुर के निकट वाले राज्य पर शासन करता था, जबकि उसके अन्य भाइयों ने अपने अलग अलग राज्य स्थापित कर लिए थे। भड़ोंच की रियासत के अलावा, हमें मालूम है कि आगे चल कर मालवा में भी एक गुर्जर राज्य था, जिसकी राजधानी अवन्ति थी, और चूँकि उसके राजा अपने को प्रतिहार कहते थे, इसलिए यह सम्भव है कि वे राजा हरिचन्द्र के ही वंशजों में से हों। लेकिन यह कहना मुश्किल है कि दद्द प्रथम खुद पश्चिम में इतनी दूर तक बढ़ता चला गया था, क्योंकि हमें यह नहीं मालूम कि बीच के विशाल क्षेत्र को भी क्या गुर्जरों ने जीत लिया था। इसके अलावा, जैसा हम आगे चलकर देखेंगे जिस इलाके पर इस राजवंश का शासन था, वह कलुचरी राजा शंकरगण और बुधराज के आधिपत्य में था। इसलिए अगर हम यह मानते हैं कि ईसा की छठी शताब्दी के अन्तिम चतुर्थांश में दद्द प्रथम ने दक्षिणी राजस्थान में इस राज्य की स्थापना की थी, तो हमें यह भी मानना चाहिए कि उससे या उसके बेटे से यह राज्य छिन गया था या वे कलचुरी राजाओं के अधीन सामन्त बन गए थे। इसलिए सम्भावना इस बात की है कि दद्द प्रथम ने दक्षिणी राजस्थान में कहीं एक राज्य कायम किया था और जब कलचुरियों का राज्य छिन्न-भिन्न हो गया, तब उसके बाद ही उसने या उसके बेटे ने भड़ोंच और उसके इर्द-गिर्द के इलाके पर कब्जा किया था। यह भी असम्भव नहीं है कि गुर्जरों ने कलचुरियों को हराने के लिए पुलकेशिन से सहायता मांगी हो और खुद अपने आप उसके आगे समर्पण किया हो। शायद इस तरीके से गुर्जरों ने सन् ६१० ई० के कुछ बाद ही गुजरात में अपने इलाकों पर कब्जा किया और फिर अन्ततः मालवा या उसका अधिकांश भाग भी उनके हाथ में आ गया।

कहा जाता है कि दद्द प्रथम ने कुछ विरोधी नागों को भी हराया था; यह सम्भव है कि नाग कबीले की किसी शाखा को उनके किसी क्षेत्र से निकालकर उसने वहाँ अपना

---

१. ब. ग. I. भाग II. पृ. ३१४, पा. टि. ६. इन्द्र जी का मत आमतौर पर विद्वानों को मान्य है।

राज्य कायम किया हो। दद्द और उसके उत्तराधिकारी सामन्त कहलाते थे और उसके अनुदान-पत्रों में उनके नाम के आगे कोई राजकीय पदवी नहीं दी गयी है। दूसरी ओर, इन अनुदान-पत्रों में किसी परम शासक का भी उल्लेख नहीं है। इसका यह अर्थ निकाला जा सकता है कि उनकी स्वामिभक्ति या तो राजपूताना के गुर्जर शासकों के मुख्य परिवार के प्रति थी या चालुक्य राजाओं के प्रति।

४. मौखरी

मौखरी एक अत्यन्त प्राचीन परिवार या कुल का नाम है। शायद पाणिनि को भी इस नाम का पता था। गया में इस कुल की एक मौर्यकालीन मिट्टी की मुहर प्राप्त हुई है। राजपूताने की कोटा रियासत में मिले सन् २३९ ई० के एक अभिलेख में एक मौखरी सेनापति का उल्लेख है। पत्थर के चार **यूपों** (वलि-स्तम्भों) पर उत्कीर्ण चार अभिलेखों[१] से ज्ञात होता है कि ईसा की तीसरी शती में इस इलाके में मौखरियों के अनेक परिवार थे। बाद में जब उनको राजसत्ता प्राप्त हो गयी तो उन्होंने दावा किया कि वे उस अश्वपति की सन्तान हैं, जिसका महाभारत में जिक्र है कि वह मध्य पंजाब के मद्र प्रदेश का राजा था। इससे स्पष्ट है कि अतीत काल में भी मौखरी कुल के लोग उत्तर भारत में दूर-दूर तक फैले हुए थे।

ईसा की छठी शताब्दी में एक मौखरी परिवार गया के प्रदेश में राज करता था। गया जिले की बराबर और नागार्जुनी पहाड़ियों में प्राप्त तीन अभिलेखों से हमें मौखरी वंश के तीन राजाओं के वंश का पता चला है। ये नाम हैं यज्ञवर्मन्, उसका बेटा शार्दूलवर्मन् और उसका भी बेटा अनन्तवर्मन्। ये तीनों राजा गुप्त सम्राटों के सामन्त थे। अनन्तवर्मन्, जिसके राज्य काल में ये तीनों शिलालेख उत्कीर्ण किये गये थे, गुप्त साम्राज्य के पतन काल में हुआ था, क्योंकि अभिलेखों में किसी परम शासक या अधिराज का हवाला नहीं दिया गया, यद्यपि उनमें उसके पितामह को सामन्त कहा गया है। इसके अतिरिक्त इस राजवंश के बारे में और कुछ ज्ञात नहीं है और हम उनके राज्यकाल को ईसा की छठी शताब्दी के पूर्वार्ध या उससे भी कुछ पहले अनुमानित कर सकते हैं।

मौखरियों की और शाखा के बारे में, जो अन्ततः अधिक शक्तिशाली बन गयी थी, अनेक मुहरों और शिलालेखों से पता चला है। राजकीय मुहरों में इस शाखा के राजाओं की वंशावली इस प्रकार दी हुई है :

१. **महाराज** हरिवर्मन—जयस्वामिनी
२. **महाराज** आदित्यवर्मन—हर्षगुप्ता
३. **महाराज** ईश्वरवर्मन—उपगुप्ता
४. **महाराजाधिराज** ईशानवर्मन्—लक्ष्मीवती

---

१. ई. इ., XXIII, ४२; XXIV, २५१।

५. **महाराजाधिराज** शर्ववर्मन्—इन्द्रभट्टारिका
६. **महाराजाधिराज** अवन्तिवर्मन्—
७. **महाराजाधिराज** सु . . .

पहले तीन राजाओं और बाद के राजाओं की उपाधियों में जो फर्क है, उससे इस बात में कोई सन्देह नहीं रह जाता है कि ईशानवर्मन् के राज्यकाल में इस वंश की सत्ता और प्रतिष्ठा बहुत बढ़ गयी थी। इस वंश के सारे शिलालेख, छोटी छोटी मुहरों को छोड़कर, और उनके सारे सिक्के आजकल के उत्तर प्रदेश की सीमा में ही प्राप्त हुए हैं, इसलिए हम कह सकते हैं कि उनकी राजसत्ता का केन्द्र यह प्रदेश ही था। सौभाग्य से ईशानवर्मन् के समय की एक तिथि उपलब्ध है, जो आमतौर पर सन् ५५४ ई० के बराबर समझी जाती है। इस प्रकार इसमें कोई सन्देह नहीं रह जाता कि ईशानवर्मन् के तीन पूर्वज गुप्त सम्राटों के सामन्त थे और ईसा की छठी शताब्दी के पूर्वार्ध में, या सम्भवतः उससे कुछ पहले, हुए थे। इसका अर्थ यह हुआ कि मौखरी खानदान के लोग दक्षिणी बिहार और उत्तर प्रदेश में बुधगुप्त के समय से सामन्तों के रूप में शासन करते आये थे और ईसा की छठी शती के आरम्भ में गुप्त साम्राज्य के पतन से उनको स्वाधीन होने का मौका मिल गया हालाँकि हमारे पास इन मौखरी राजाओं द्वारा दूर दूर तक चलाये गये फौजी अभियानों के अस्पष्ट संकेत मौजूद हैं, लेकिन ईशानवर्मन् के राज्य काल से पहले के उनके इतिहास के बारे में हम निश्चित रूप से कुछ नहीं जानते। उसके विवरणों में दावा किया गया है कि उसने आन्ध्र, शूलिक और गौड़ों को हराया था। शायद इसमें संकेत क्रमशः विष्णु कुण्डीन,[१] उड़ीसा के सुल्कि[२] और बंगाल के किन्हीं शासकों[३] की ओर है। इन विजयों से उसके व्यापक फौजी अभियानों और अतुल शक्ति की सूचना मिलती है। इसलिए ईशानवर्मन् का महाराजाधिराज की पदवी अपना लेना उचित ही था। अपने खानदान में वह पहला व्यक्ति था जिसने यह शाही पदवी अपनायी और अपने सिक्के जारी किये। इसलिए, बहुत कुछ यह भी सम्भव है कि वह पहला मौखरी राजा था, जिसने स्वतन्त्र राज्य की स्थापना की और अपने खानदान की सत्ता कायम की। चूँकि उसके काल की एक तिथि सन् ५५४ ई० है, इसलिए एक ओर उसका उत्थान और दूसरी ओर गुप्त साम्राज्य का पतन एक साथ घटित हुए और वे इस घटना के कारण या परिणाम हो सकते हैं, या कुछ हद तक दोनों ही।

"परवर्ती गुप्तों" ने, जो लगभग इसी समय, और इन्हीं परिस्थितियों के कारण, आगे आ गये थे, मौखरियों की शक्ति को चुनौती दी। गुप्त साम्राज्य की बची-खुची सत्ता पर कब्जा करने के लिए दोनों में एक लम्बी अवधि तक संघर्ष होता रहा, जिसका वर्णन

---

१. देखिए परि. XI. ग. १ (२)।
२. देखिए जिल्द IV. परि. IV. III. ३।
३. सम्भवतः पृष्ठ ८७-८८ पर उल्लिखित राजागण।

आगे किया जायगा। इस युद्ध में कुमारगुप्त, और शायद दामोदर गुप्त से भी मौखरी राजा ईशानवर्मन् हार गया था।

ईशानवर्मन् के बाद मौखरियों के इतिहास के बारे में बहुत कम ज्ञात है। आगे चलकर "परवर्ती गुप्तों" के साथ उनके युद्ध का हवाला दिया जायगा। हालाँकि ऐसा नहीं लगता कि मौखरियों को कोई बड़ी सफलता मिली हो, लेकिन कुछ प्रमाणों से ज्ञात होता है कि अगले दो राजाओं, शर्ववर्मा और अवन्तिवर्मा ने मगध पर या उसके एक भाग पर कब्जा कर लिया था। ईसा की छटी शताब्दी के उत्तरार्ध में मौखरी राजा काफी ताकतवर रहे होंगे। ऐसा इस बात से ही जाहिर नहीं होता कि इन दोनों राजाओं ने भी **महाराजाधिराज** की पदवियां धारण की थीं, बल्कि **हर्ष चरित** में बाणभट्ट ने उनकी प्रशंसा में जो शब्द लिखे हैं. उनसे भी यही प्रकट होता है। बाणभट्ट का कहना है कि "मौखरी सब राजवंशों से श्रेष्ठ हैं और अवन्तिवर्मा उस जाति का गौरव है।"[१] अगर कविजनोचित अतिशयोक्ति की सम्भावना को ध्यान में रखें, विशेषकर यह वह मौका था जब उसके संरक्षक का परिवार मौखरियों के साथ विवाह-सम्बन्ध में बंधनेवाला था, तो भी बाणभट्ट की प्रशस्ति असन्दिग्ध रूप से यह तो जाहिर करती ही है कि ईसा की सातवीं शताब्दी के आरम्भ तक मौखरी शासकों की बड़ी प्रतिष्ठा और शक्ति थी। इस सम्बन्ध में यह भी स्मरणीय है कि बाण ने अपनी दूसरी कृति कादम्बरी में बड़े गर्व से लिखा है कि मौखरी राजा उसके गुरु के चरण पूजते थे।[२]

जैसा पहले उल्लेख किया जा चुका है, ईशानवर्मन् या उसके पुत्र शर्ववर्मन ने हूणों से युद्ध किया था और उन्हें हराया था। इसमें कोई सन्देह नहीं कि शर्ववर्मन् और उसका पुत्र अवन्ति वर्मन्, दोनों ही बड़े शक्तिशाली राजा थे, और एक विस्तृत क्षेत्र पर राज करते थे। लेकिन इस क्षेत्र की सीमाओं का मोटा अन्दाज भी पेश करना कठिन है। उनके सिक्कों और शिलालेखों के प्राप्ति स्थानों से अगर निर्णय करें तो उनके राज्य की सीमाएं मोटे तौर पर वर्तमान उत्तर प्रदेश की सीमाओं से मेल खाती थीं। उसमें मगध के भी कुछ हिस्से थे। यह मत कि मध्य प्रदेश के निमाड़ जिले का असीरगढ़ "दक्षिण में मौखरी राज्य का सीमान्त गढ़ था" मान्य नहीं लगता।[३] इस उपपत्ति का भी कि पश्चिम में

---

१. कॉवल एण्ड थॉमस. ह. च. १२२।

२. मंगलाचरण का चौथा पद।

३. टी. जी. अरावमुथन का तर्क है कि "असीरगढ़ का किला मौखरियों ने जीत लिया था", क्योंकि "और कोई सुझाव इस बात का स्पष्टीकरण नहीं कर पाता कि शर्ववर्मन् की मुहर असीरगढ़ कैसे पहुँच गयी।" ('कावेरी, मौखीरज ऐंड संगम एज' पृ. ९६-९७) : लेकिन यह बात सभी जानते हैं कि मुहर जैसी छोटी छोटी सुवाह्य वस्तुएँ ही नहीं, बल्कि बड़े बड़े ताम्रपत्रों को भी आसानी से उठाकर सुदूर स्थानों तक ले जाया जा सकता है। इसके अलावा इसमें भी सन्देह है कि मुहर सचमुच असीरगढ़ में ही मिली थी। फ्लीट का कहना है कि मुहर की एक छाप असीरगढ़ में एक बक्स के अन्दर बन्द मिली थी, जो **महाराजा** सिन्धिया की सम्पत्ति था। मुहर के बारे में उसका कहना है : "प्रकाशित विवरणों से यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है कि मूल मुहर भी

मौखरियों का राज्य सतलज तक फैला हुआ था, पर्याप्त आधार नहीं है।[१] लगता है कि कन्नौज मौखरी राज्य की राजधानी थी, कम से कम अवन्तिवर्मन और उसके बेटे के जमाने में, लेकिन इसका भी हमारे पास कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं है।[२]

ईशानवर्मन्, शर्ववर्मन् और अवन्तिवर्मन् के अनेक सिक्के मिले हैं, जिन पर उनकी तारीख भी अंकित है। दुर्भाग्य से उनके संख्यात्मक चिह्न इतने अनिश्चित हैं कि विभिन्न विद्वानों ने उनका एक दूसरे से सर्वथा भिन्न पाठ सुझाया है।[३] इसलिए इन पाठों के आधार पर किसी निश्चित निष्कर्ष तक पहुँचना कठिन है। कुछ विद्वानों ने ईशानवर्मन्, शर्व-वर्मन् और अवन्तिवर्मन् के सिक्कों पर क्रमशः २५७, २३४ और २५० की तारीखें पढ़ी हैं, जबकि दूसरे विद्वानों ने इन्हीं चिह्नों को २५७,२५८ और २६० पढ़ा है। अगर हम उन्हें सही मान लें और समझ लें कि ये तारीखें गुप्त संवत् के अनुसार हैं तो ईसवी सन् के हिसाब से ईशानवर्मन् की तारीख ५७७-७८ ई० होगी और अवन्तिवर्मन् की तारीख ५७९-८० होगी। अन्तिम तारीख को अस्थायी रूप से स्वीकार किया जा सकता है और यह सत्य से बहुत दूर नहीं है। क्योंकि **हर्षचरित** से यह निष्कर्ष निकालना बिल्कुल

कभी मिली थी या सिर्फ उसकी छाप ही मिली थी।" इस प्रकार असीरगढ़ में जो चीज मिली थी, वह मुहर नहीं थी, बल्कि महाराजा सिन्धिया का एक बक्स था, जिसके अन्दर मुहर की छाप रखी थी। चूंकि उस समय असीरगढ़ सिन्धिया के राज में था, इसलिए हम आसानी से यकीन कर सकते हैं कि उत्तर भारत में फैले उसके राज्य के किसी दूसरे भाग से वह बक्स वहाँ ले जाया गया था। इसलिए यह मानने का कि असीरगढ़ कभी मौखरियों के राज्य का हिस्सा था, कोई आधार नहीं है।

१. यह मत काँगड़ा जिले में सतलज के दायें तट पर काफी आगे जाकर बसे निरमन्द गाँव (३१° २५′ उत्तर, ७७° ३८′ पूर्व) (कॉ. इ इ. III. २८८) में मिले एक ताम्रपत्र पर आधारित है। इस ताम्रपत्र में **महाराज** शर्ववर्मन् द्वारा इस स्थल के पड़ोस के एक मन्दिर को दान में भूमि देने का हवाला है। अगर यह शर्व-वर्मन् अपने नामराशि मौखरी राजा से अभिन्न है, तो स्पष्ट है कि इस मौखरी राजा ने इस क्षेत्र तक अपना आधिपत्य बढ़ा लिया होगा। लेकिन दोनों नामों में साम्य होने के अलावा और कोई प्रमाण उनकी अभिन्नता के पक्ष में उपलब्ध नहीं है। फिर भी, यह असम्भव बात नहीं है कि हूणों के विरुद्ध अपने अभियान में आगे बढ़ता हुआ मौखरी राजा इस स्थान तक जा पहुँचा हो। उस सूरत में हमें यह अनुमान करना पड़ेगा कि उत्तर प्रदेश और काँगड़ा के बीच में पड़ने वाले थानेश्वर राज्य का शासक या तो मौखरी राजा के अधीन था या दोनों अपने सामान्य दुश्मनों, अर्थात् हूणों के विरुद्ध संयुक्तरूप से लड़े थे। लेकिन हम सिर्फ नाम की समानता पर आधारित एक सन्दिग्ध अभिन्नता का सहारा लेकर इतने महत्त्वपूर्ण निष्कर्ष पर नहीं पहुँच सकते। देखिए, प्रो. ओ. को. XV. २९८।

२. बाण ने राज्यश्री की कहानी का जिस तरह वर्णन किया है उससे यह काफी हद तक मुमकिन है कि कन्नौज उसके ही राज्य की राजधानी था। ह्वेन-त्सांग ने हर्षवर्धन की जो कहानी बताई है, उससे भी यही निष्कर्ष निकलता है। इस सारे प्रश्न पर डॉ. त्रिपाठी ने विस्तार से विचार किया है। (कन्नौज, पृ० ३२-३५)।

३. इन सभी पाठों का संक्षेप और उनका विवेचन डॉ. त्रिपाठी ने प्रस्तुत किया है। (कन्नौज, पृ. ५५ प. पृ.)।

संगत होगा कि अवन्तिवर्मन् की मृत्यु हो चुकी थी और सन् ६०६ ई० से कुछ पहले ही उसका बेटा ग्रहवर्मन् गद्दी पर बैठा था। अगर हम सन् ५७६ ई० को ईशानवर्मन् की निधन तिथि मान लें तो उसने सन् ५५० से ५७६ ई० तक राज किया होगा, और शर्ववर्मन् का राज्य काल बहुत छोटा रहा होगा, सिर्फ सन् ५७६ से ५८० ई० तक। इस प्रकार हम अस्थायी रूप से निम्नलिखित कालक्रम अनुमानित कर सकते हैं :

ईशानवर्मन्	सन् ५५०-५७६ ई०[१]
शर्ववर्मन्	सन् ५७६-५८० ई०
अवन्तिवर्मन्	सन् ५८०-६०० ई०

अवन्तिवर्मन् के उत्तराधिकारी के बारे में कुछ अनिश्चितता है। बाण के **हर्षचरित** में राजा प्रभाकरवर्धन् अपनी रानी से कहता है : "अवन्तिवर्मन् का ज्येष्ठ पुत्र ग्रहवर्मन् हमारी पुत्री से विवाह करना चाहता है।"[२] आगे चलकर बताया गया है कि राजकुमारी राज्यश्री से पाणिग्रहण का प्रस्ताव लेकर ग्रहवर्मन् का विशेष दूत आ गया है।[३] इन हवालों से स्पष्ट हो जाता है कि अवन्तिवर्मन् का ज्येष्ठ पुत्र ग्रहवर्मन् राज्यश्री से विवाह करने से पहले ही सन् ६०६ ई० या उससे कुछ पहले गद्दी पर बैठा था।[४]

लेकिन नालन्दा मुहर[५] के अनुसार अवन्तिवर्मन् का पुत्र और उत्तराधिकारी निश्चय ही ग्रहवर्मन् नहीं है। यद्यपि मुहर टूटी-फूटी अवस्था में है, जिससे पूरा नाम नहीं पढ़ा जाता, लेकिन उस पर अंकित नाम का प्रथमाक्षर निश्चित रूप से "सु" है और दूसरा शायद "व" या "च" है। किसी प्रकार भी यह ग्रहवर्मन् के नाम का प्रथमाक्षर नहीं हो सकता। इससे एक कठिन समस्या पैदा हो जाती है। मुहर में ग्रहवर्मन् का नाम न होने से, निश्चय ही, पूरी तरह यह तो सिद्ध नहीं होता कि ग्रहवर्मन् ने कभी राज नहीं किया या कि वह अपने पिता का उत्तराधिकारी नहीं बना, और बाण के स्पष्ट कथन के आधार पर हम इन मतों को अस्वीकार कर सकते हैं। तब इसका मतलब यह होगा कि राजा

---

१. हर्ष के शिलालेख से ज्ञात होताहै कि ईशानवर्मन् का एक बेटा सूर्यवर्मन् था, लेकिन इसका कोई प्रमाण नहीं मिला कि वह कभी गद्दी पर बैठा था। इस राजकुमार को सिरूर के शिलालेख में उल्लिखित इसी नाम के राजा से अभिन्न मानना ठीक नहीं लगता, क्योंकि इसका पर्याप्त आधार नहीं है। (देखिए ई. इ. XXIV. २८४ जहाँ विभिन्न मतों का पूरे विस्तार से हवाला दिया गया है।)

२. कॉवेल ऐंड थॉमस, ह. च. पृ. १२२-२३।

३. कॉवेल ऐंड थॉमस, ह. च., पृ. १२३।

४. इस बात में सन्देह किया गया है कि ग्रहवर्मन् कभी गद्दी पर बैठा भी था। (ई. इ. XXIV. २८४ पा. टि. ८) लेकिन **हर्षचरित** से उद्धृत उपरोक्त वाक्य और साथ ही बाद के कुछ हवाले इस बिषय में निश्चित और स्पष्ट हैं।

५. ई. इ. XXIV. २८४-८५।

"सुव" (?) . . . . . जिसने वह मुहर जारी की थी, ग्रहवर्मन् का छोटा भाई था और उसके बाद गद्दी पर बैठा था।[१] लेकिन यह अनुमान भी उससे विपरीत है जो ग्रहवर्मन् के बाद कन्नौज के इतिहास के बारे में आमतौर पर मान्य है। लेकिन इस समस्या पर हर्षवर्धन के सन्दर्भ में विचार किया जायगा। मौखरियों का इतिहास हम ग्रहवर्मन् और राज्यश्री के विवाह की उस सुखद घटना से समाप्त कर सकते हैं, जिसका बाण ने इतना चित्रात्मक वर्णन किया है।

इस विवाह को ठीक इसलिए समझा गया कि उसने "पुष्पभूति और मुखर जैसे दो प्रतापी वंशों को एकता के सूत्र में बांध दिया।"[२] लेकिन उस समय शायद ही कोई इस अभागे सम्बन्ध के परिणामों की पूर्व कल्पना कर सकता था, क्योंकि ऐसे बहुत कम उदाहरण हैं जिनमें दो राज्य परिवारों के बीच हुए विवाह-सम्बन्ध में इतनी भयंकर ट्रैजेडी हुई हो और साथ ही उन्हें इतना गौरव और बल प्राप्त हुआ हो।

सामान्य सन्दर्भ

अभिलेख और मुद्राएं :—

(१) फ्लीट—का. इ. इ. III. अंक ४७-५१।
(२) हर्ष इन्स.—ए. इ. XIV. ११०।
(३) नालन्दा सील—ए. इ. XXIV. २८४।

आधुनिक पाठ्य ग्रन्थ

१. आर० एस० त्रिपाठी, **हिस्टरी ऑफ कन्नौज**, अध्याय II.
२. आर० जी० बसाक, **हिस्टरी ऑफ नॉर्थ ईस्टर्न इंडिया,** अध्याय V.
३. ई० पायर्स, **दि मोखरीज**।

---

१. 'मंजुश्री-मूल-कल्प' से जाहिर होता है कि ग्रह (वर्मन्) के बाद सुव्र (?) गद्दी पर बैठा था, जो शायद वही नाम है जो नालन्दा मुहर पर अंकित है (सुव ?)। **मंजुश्री-मूल-कल्प** के अनुसार इस राजवंश का पतन हो गया और सुव्र के पश्चात् उसका राजत्व छिन गया। (पृष्ठ ६२६)।

ईशान-सर्व पंक्तिश्च ग्रह-सुर्व-तथापरः
ततस्ते लुप्तराजानः भ्रष्टमर्याद सर्वदा।

जायसवाल ने पहली पंक्ति को इस प्रकार संशोधित किया है :

"ईशान-सर्वावन्तिश्च ग्रह-सुव्रत (ा) थ = आपरः, और इस प्रकार "सुव्रत" को ग्रह (वर्मन्) का उत्तराधिकारी माना है। इ. हि. इ. जा. पृ. २७,४५. लेकिन इसमें छंदो भंग हो जाता है। डॉ. एन. पी. चक्रवर्ती का सुझाव है कि मुहर के अन्तिम भाग को इस प्रकार पढ़ना चाहिए:—श्री-सुच (न्द्रवर्मा मौखरिः) (ई. इ. XXIV. २८४, पा. टि. ६)।

२. कॉवेल ऐंड टॉमस, ह. च. पृ. १२८।

मौखरियों के बारे में व्यक्त विचारों के लिए, जो अत्यन्त अपर्याप्त प्रमाणों पर आधारित हैं और इसी कारण जिनपर ऊपर विचार नहीं किया गया है, देखें न्यू० इ० ए० II; ३५४; प्रो० ओ० का०, VII. ५६६, वुल्नर कमे० वॉल्यूम, पृ० ११६।

५. "परवर्ती गुप्त"

अनेक दृष्टियों से "परवर्ती गुप्तों" का इतिहास भी मौखरियों के इतिहास से मिलता-जुलता है। वे भी आरम्भ में गुप्त सम्राटों के सामन्त थे, और लगभग उसी समय वे भी स्वतन्त्र हुए और प्रतिष्ठा प्राप्त की जब मौखरी। गया के नजदीक अफ्सड[1] में प्राप्त एक अभिलेख में "परवर्ती गुप्तों" की वंशावली इस प्रकार दी गयी है :—

(१) कृष्ण गुप्त
(२) हर्ष गुप्त
(३) जीवित गुप्त
(४) कुमार गुप्त
(५) दामोदर गुप्त
(६) महासेन गुप्त
(७) माधव गुप्त
(८) आदित्य सेन

हालांकि इनमें से किसी के नाम के आगे कोई राजकीय पदवी नहीं जोड़ी गयी है, तथापि कृष्ण गुप्त को **नृप** (राजा) कहा गया है तथा उसके अन्य उत्तराधिकारियों के लिए भी ऐसे ही विशेषणों का प्रयोग किया गया है।

हम निश्चित रूप से नहीं जानते कि इस वंश के किस सदस्य ने सबसे पहले अपने आपको स्वतन्त्र राजा के रूप में स्थापित किया था। अफ्सड के शिलालेख में सामान्य और रूढ़ पद्धति से पहले तीन राजाओं की सैन्य सफलताओं का बखान किया गया है। तीसरे राजा के बारे में कहा गया है कि उसने अपनी सेना लेकर हिमालय पर्वत और समुद्र तट पर चढ़ाई की थी। लेकिन उसमें ऐसी कोई बात नहीं कही गयी है जिससे यह स्पष्ट हो सके कि "परवर्ती गुप्तों" ने ये अभियान अपने सम्राट के सामन्तों की हैसियत से चलाये थे या स्वतन्त्र राजाओं की हैसियत से। लेकिन पहली बात ही अधिक सम्भव लगती है।

अगले राजा कुमार गुप्त के बारे में अधिक ब्यौरे उपलब्ध हैं। उसने मौखरी राजा ईशान वर्मन् को हराया था, जिसके बारे में कहा गया है कि वह "राजाओं में चन्द्रमा" के समान था। कुमार गुप्त की विजय ने अवश्य ही उसके परिवार की उन्नति का मार्ग प्रशस्त किया था। जब हम इस बात को याद करते हैं कि सन् ५४३ ई० के बाद कहीं किसी

१. का. इ. इ. III. २००।

अभिलेख में हमें एक भी गुप्त सम्राट का हवाला नहीं मिलता, तो हमें यह भी मान लेना चाहिए कि कुमार गुप्त के समय से, यदि पहले से नहीं, "परवर्ती गुप्तों" ने व्यवहारतः एक स्वतंत्र सत्ता प्राप्त कर ली थी। युद्ध में कुमार गुप्त की सफलता महान् भी थी और स्थायी भी, यह इस बात से सिद्ध है कि अफसड के अभिलेख में उसका उल्लेख करते हुए कहा गया है कि वह अपने अभियान में प्रयाग तक बढ़ता चला गया था, जहाँ जाकर उसकी मृत्यु हो गयी और उसके पुत्र दामोदर गुप्त ने मौखरियों को एक बार फिर हराया, हालांकि उस युद्ध में वह या तो मारा गया या गम्भीर रूप से घायल हो गया।[१]

इन दावों को गलत समझने का कोई कारण नहीं है, विशेषतः जबकि मौखरियों के विवरणों में अपने इन दुश्मनों पर विजय प्राप्त करने का कोई दावा नहीं किया गया। दामोदर गुप्त ने जिस मौखरी राजा को हराया था, वह ईशान वर्मन् था या उसका बेटा, यह बताना मुश्किल है। लेकिन इस बात में कोई सन्देह नहीं कि उस समय तक 'परवर्ती गुप्तों' ने मालवा में भी और गुप्त साम्राज्य के पूर्वी भागों में भी अपनी सत्ता काफी मजबूत कर ली थी, क्योंकि दामोदर गुप्त का बेटा महासेन गुप्त अपनी विजयवाहिनी को लेकर लौहित या ब्रह्मपुत्र नदी तक जा पहुँचा था और वहाँ उसने कामरूप या आसाम के राजा सुस्थित वर्मन् को हराया था।

"परवर्ती गुप्तों" के मूल निवास के बारे में अनिश्चितता होने के बावजूद, जिसका जिक्र हम बाद में करेंगे, जहाँ तक महासेन गुप्त के राज्य की व्याप्ति का प्रश्न है, हमें इस बारे में अपेक्षाकृत अधिक विचारणीय सामग्री उपलब्ध है। **"हर्षचरित"** में महासेनगुप्त को मालवा का राजा कहा गया है,[२] और ब्रह्मपुत्र के तट पर उसकी विजय का उल्लेख अफसड में मिले शिलालेख में भी है। इसलिए, हमें मानना चाहिए कि चाहे थोड़े समय के लिए ही सही, वह मालवा से लेकर बंगाल तक के प्रदेश पर अपना आधिपत्य जमाने में सफल हुआ था। इसी काल में मगध और उसके पड़ोसी क्षेत्र पर होने वाले दो विदेशी आक्रमणों का उल्लेख यहाँ जरूरी है। महाकूट स्तम्भ पर उत्कीर्ण लेख के अनुसार चालुक्य

---

१. फ्लीट कृत इस अंश का अनुवाद, जिससे जाहिर होता है कि राजा (दामोदर-गुप्त) युद्ध में मारा गया था, अधिकतर विद्वानों को मान्य है। लेकिन श्री के. सी. चट्टोपाध्याय का कहना है कि उक्त लेखांश में दामोदर गुप्त की मृत्यु का हवाला नहीं दिया गया, बल्कि सिर्फ उसके मूर्छित हो जाने और फिर से उठ पड़ने का, अर्थात पुनः चेतना प्राप्त कर लेने का, उल्लेख है (डी. आर. भंडारकर वाल्यूम, पृ. १९१ प. पृ०)। उन्होंने यह भी संकेत किया है कि उक्त शिलालेख दामोदर गुप्त की विजय सूचित करता है न कि उसकी पराजय, जैसा डॉ. बसाक का विचार है (हि. ना. इ., १२३)।

२. कुमार गुप्त और माधव गुप्त, जो राज्यवर्धन और हर्षवर्धन की सेवा में नियुक्त थे, मालवा के राजा के बेटों के रूप में उल्लिखित हैं (कॉवेल ऐंड टॉमस, ह. च. ११९)। चूँकि माधव गुप्त की पहचान उसी नाम के परवर्ती गुप्त राजा से की गई है, इसका अर्थ यह हुआ कि उसका बाप महासेन गुप्त मालवा का राजा था।

राजा कीर्तिवान् ने, जिसका राज्यकाल सन् ५६७ से ५९७ ई० है, औरों के अलावा, अंग, वंग और मगध के राजाओं को भी हराया था।[१] तिब्बत के वृत्तान्तों से भी हमें ज्ञात है कि उसका शक्तिशाली राजा स्रोण ब्त्सन, जिसका राज्यकाल सन् ५८१ से ६०० ई० है, अपने विजय-अभियानों में मध्य भारत तक गया था। मध्य भारत शब्द तब बिहार और कभी कभी उत्तर प्रदेश का सूचक था।[२] इन अभियानों की ठीक तारीख और ब्यौरों के बारे में निर्णय करना कठिन है और न यही निश्चित है कि यह बात कोरी गर्वोक्ति है या ऐतिहासिक तथ्य पर आधारित है।[३] यह बात नामुमकिन नहीं है कि कथित तिब्बती और चालुक्य राजाओं के विजय अभियानों का पहला आघात वास्तव में मौखरियों ने झेला और इस जीत ने महासेन गुप्त के लिए ब्रह्मपुत्र तक धावा बोलने का मार्ग प्रशस्त कर दिया। इसके विपरीत, अगर हम यह मान कर चलें कि महासेनगुप्त वास्तव में मगध और उत्तरी बंगाल का राजा था, और अगर सचमुच ये युद्ध हुए थे, तो उनमें उसकी हार की भी सम्भावना है।

लेकिन हम चाहे जिस मत को स्वीकार करें, इसमें कोई सन्देह नहीं कि महासेन गुप्त जिसने एक सीमा तक गुप्त सम्राटों के पुराने गौरव का पुनरुत्थान किया था, जल्द ही बुरे दिनों का शिकार हो गया। जैसा हम ऊपर देख चुके हैं,[४] वलभी के मैत्रक राजा शिलादित्य प्रथम ने पश्चिमी मालवा का अधिकांश भाग जीत लिया था, और सन् ५९५ ई० में उज्जयिनी पर कलचुरी राजा शंकरगण का आधिपत्य हो गया था।[५] इस प्रकार दो शक्तिशाली दुश्मनों के पाट में दबकर महासेन गुप्त मालवा पर से अपना आधिपत्य खो बैठा। साथ ही, उसकी मुसीबत का फायदा उठाकर शशांक ने, जो शायद महासेन गुप्त का सामन्त था, गौड़ (उत्तर और पश्चिमी बंगाल) में अपनी स्वतन्त्र सत्ता कायम कर ली।

इसके बाद महासेन गुप्त के भाग्य का जिसकी शानदार जीवन-यात्रा का इतना दुखद अन्त हुआ था, निश्चित पता नहीं है। उसके दो बेटों, कुमारगुप्त और माधवगुप्त को थानेश्वर के राजा प्रभाकरवर्धन के दरबार में, जिसकी मां के नाम महासेन-गुप्ता से ही जाहिर है कि शायद वह राजा महासेन गुप्त की बहन थी, शरण मिल गयी। दोनों तरुण राजकुमार प्रभाकरवर्धन के दोनों बेटों राज्यवर्धन और हर्षवर्धन के परिचर नियुक्त कर दिये गये।

यह विश्वास करने का पर्याप्त आधार है कि एक देव गुप्त नाम का व्यक्ति मालवा

---

१. इ. ए. XIV. ७।

२. लेवी, नेपाल, II. १४७ प. पृ.।

३. फ्लीट बंगाल और बिहार जैसे सुदूर राज्यों की विजय के सम्बन्ध में कीर्तिवर्मन् के दावे को कोरी गर्वोक्ति मानता है। (बंबे गजे. जिल्द I, भाग II, पृ. ३४६)।

४. देखिए पृ. ७१-७२।

५. आगे देखिए, परिच्छेद XI. (ii)।

या उसके एक भाग का राजा बन गया था।[१] हर्षवर्धन के अभिलेखों में इस नाम के एक राजा का उल्लेख है, जो विरोधी राजाओं के समूह में प्रमुख व्यक्ति था और जिसके कुटिल षड्यन्त्रों को राज्यवर्धन ने विफल किया था। **हर्षचरित** के अनुसार भी राज्यवर्धन ने मालवा के उस राजा को हराया था, जिसने उसकी बहन के राज्य पर आक्रमण किया था और जो स्वयं उसके राज्य के लिए खतरा बन गया था। चूँकि उन दोनों तरुण राजकुमारों के बारे में जिनके नाम के आगे "गुप्त" लगता था, और जो राज्यवर्धन और हर्षवर्धन के परिचर नियुक्त किए गए थे, यह स्पष्ट रूप से उल्लिखित है कि वे मालवा के राजा के बेटे थे, और इस प्रकार चूँकि यह निश्चित है कि मालवा के राज्य पर गुप्तों का राज था, हमारे लिए हर्षवर्धन के शिलालेखों में उल्लिखित देवगुप्त को 'हर्ष-चरित' के कुटिल राजा से, जिसे राज्यवर्धन ने हराया था, अभिन्न मानने की जोरदार गुंजाइश है।[२]

महासेन गुप्त से देव गुप्त का क्या रिश्ता था, यह अज्ञात है। जाहिर है कि महासेन गुप्त की हार और मृत्यु के बाद, उसके दोनों तरुण बेटों ने (बड़े बेटे की आयु उस समय १८ वर्ष से कम थी) आकर प्रभाकरवर्धन के दरबार में शरण ली थी, और देवगुप्त ने, जो शायद इस खान्दान की किसी गौण शाखा का सदस्य था, मालवा में फिर से गुप्तों का आधिपत्य जमा लिया था।[३] चालुक्य राजा मंगलेश द्वारा सन् ६०२ ई० से कुछ पहले कलचुरियों की पराजय ने भी शायद देवगुप्त के लिए फिर से राज्य प्राप्त कर लेने में आसानी पैदा की थी।[४] उत्तर दिशा में किम नदी तक या केवल मही नदी तक भी चालुक्य राजा की फौजों के पहुँच जाने से मालवा तथा उसके पड़ोसी क्षेत्रों के राजनीतिक वातावरण में अवश्य ही जबर्दस्त प्रतिक्रिया हुई होगी और देवगुप्त ने इस मौके का फायदा उठाकर मालवा का राज्य फिर चालुक्यों से छीन लिया होगा। ऐसा लगता है कि उसने वास्तव में शशांक को एक स्वतन्त्र राजा के रूप में मान्यता दे दी थी और उसके साथ मैत्री कर ली थी। यह भी नामुमकिन नहीं है कि महासेन गुप्त के पतन में खुद देवगुप्त का हाथ रहा हो, हालाँकि इस मत के पक्ष में कोई प्रमाण नहीं मिलता।

इस राजवंश के परवर्ती इतिहास का अलग परिच्छेद में वर्णन किया जायगा। लेकिन यह वंश मूलतः किस क्षेत्र पर राज्य करता था, इस विवादग्रस्त प्रश्न पर यहाँ विचार कर लेना सुविधाजनक होगा। जैसा बाद में दिखाया जायगा, महासेन गुप्त का

---

१. डॉ. त्रिपाठी ने सुझाव पेश किया है कि उस समय आज के पूर्वी मालवा को ही मालवा कहते थे, जो भिलसा जिले का क्षेत्र है (कन्नौज, पृ. ४६)। लेकिन डा. डी. सी. गांगुली का तर्क है ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिलता, जिससे उस समय के मालवा को इस संकुचित रूप में देखा जाय। (ज. बि. ओ. रि. सो. XIX. ३९९-४००)।

२. डॉ. गांगुली इस मत का विरोध करते हैं (पू. पु. ४०७ पा. टि.)। लेकिन डॉ. एच. सी. रायचौधरी ने इसका समर्थन किया है। (पा. हि. ऐं. इ. ६०७)।

३. यह सुझाया गया है कि देवगुप्त महासेनगुप्त का ज्येष्ठ पुत्र था, लेकिन यह सुझाव बहुत ही सन्दिग्ध लगता है (ज. रा. ए. सो. पृ. ५६२; पा. हि. ऐं इ.[६] पृ. ६०८, पा. टि. १)।

४. आगे देखिए परिच्छेद XI (ii)।

पोता आदित्यसेन मगध का राजा था, और उसके उत्तराधिकारियों ने भी मगध पर ही राज किया था। अफसड में प्राप्त आदित्यसेन का शिलालेख इस पूरे राजवंश का, प्रारम्भ से लेकर उसके राज्यकाल तक का, विवरण देता है और उसमें इस बात का कहीं संकेत नहीं है कि वे लोग कहीं और से आये थे। इसलिए हम यह मान ले सकते हैं कि मगध के राज्य पर यह राजवंश शुरू से ही राज करता आया था। दूसरी ओर, यह सुझाव पेश किया गया है कि आरम्भ से लेकर महासेन गुप्त तक तो इस वंश के सभी राजा मालवा पर शासन करते आये थे, फिर इसके बाद ही उसके उत्तराधिकारियों ने आकर मगध पर राज करना शुरू किया था।[१] इस मत के पक्ष में मुख्य तर्क यह है कि राज्यवर्धन और हर्षवर्धन के दोनों परिचरों, कुमारगुप्त और माधवगुप्त को हर्षचरित में मालवा के राजा का पुत्र बताया गया है। आमतौर पर इस माधवगुप्त को परवर्ती गुप्तों के इसी नाम के राजा से अभिन्न समझा जाता है, जो महासेन गुप्त का बेटा था और अफसड अभिलेख में इस बात का उल्लेख कुछ इस प्रकार किया गया है, जिससे हर्ष के साथ उसके निकट सम्बन्ध का संकेत मिलता है। अगर इस शिनाख्त को सही मान लें तो हमें यह भी मानना चाहिए कि महासेन गुप्त मालवा का राजा था। लेकिन इससे यह सिद्ध नहीं होता कि वह मगध का शासक नहीं था। कारण, यदि वह विजय करता हुआ अपनी फौजें लेकर ब्रह्मपुत्र के तट तक जा पहुँचा था, तो अवश्य ही मगध और गौड़ उसके आधिपत्य में थे। सबसे अधिक सम्भावना इसी बात की है कि जब उसके हाथ से उपर्युक्त पूर्वी क्षेत्रों का राज्य छिन गया तब उसने भागकर मालवा में शरण ली। यद्यपि इस बात को निश्चित रूप से प्रमाणित नहीं किया जा सकता, लेकिन दूसरी ओर इस अनुमान के विरुद्ध कि वह मालवा का शासक था और उसने ब्रह्मपुत्र तक के सारे पूर्वी प्रदेशों को जीत लिया था, अधिक आपत्तियां उठायी जा सकती हैं। यह ध्यान देने की बात है कि कामरूप के एक शिलालेख में गौड़ की सेनाओं की एक विजय का उल्लेख है जो महासेन गुप्त के अभियान के शायद फौरन बाद की ही घटना है। इसलिए यह मान लेना उचित है कि महासेन गुप्त को गौड़ का राजा माना जाता था न कि मालवा का। चूँकि शशांक को भी, जिसने महासेनगुप्त के फौरन बाद गौड़ और मगध पर राज किया था, गौड़ का ही राजा माना जाता है, इसलिए यही अधिक सम्भाव्य है कि महासेन गुप्त मगध और गौड़ पर राज्य करता था, जो शशांक ने उससे जीत लिये थे। हालाँकि किसी भी ठीक निर्णय पर पहुँचना कठिन है, लेकिन यह बहुत संगत लगती है कि परवर्ती गुप्तों का राज मगध और गौड़ पर था और मालवा उनके अधीन राज्यों में से था। दूसरे शब्दों में, उनके हाथों में गुप्त साम्राज्य के वे क्षेत्र आये थे जो अलग से स्वतन्त्र राज्य नहीं बन पाये थे, अर्थात् वे गुप्त साम्राज्य के रिक्थभागी थे।

किन्तु इसका अनिवार्य रूप से यह अर्थ नहीं है कि "परवर्ती गुप्त" गुप्त सम्राटों के ही वंशज थे। नाम के अन्त भाग से साम्य, कुमार गुप्त और देव गुप्त जैसे कुछ सामान्य

---

१. ज. बि. ओ. रि. सो. XIX. ४०२।

नाम और यह तथ्य कि गुप्त साम्राज्य के पतन के फौरन बाद ही 'परवर्ती गुप्तों' ने उसके एक भाग पर अपना आधिपत्य जमा लिया था—ये सब तथ्य निस्सन्देह ऐसी धारणा के पक्ष में हैं, और यह सुझाव पेश भी किया गया है कि 'परवर्ती गुप्तों" के वंश का संस्थापक कृष्णगुप्त और गोविन्दगुप्त, जो चन्द्रगुप्त द्वितीय का बेटा था, दरअसल अभिन्न थे। चन्द्रगुप्त द्वितीय के बारे में हमें बसाढ़ में मिली मुहर और शिलालेख से पता चला है। लेकिन इस शिनाख्त के पक्ष में काफी प्रमाण नहीं मिलते। बल्कि इसके विपरीत, हमें स्मरण रखना चाहिए कि "परवर्ती-गुप्तों" के अभिलेखों में ऐसे किसी रिश्ते का जरा भी संकेत नहीं मिलता। इस पर विश्वास करना कठिन है कि "परवर्ती गुप्तों" के दरबारी कवि, अगर उनके आश्रयदाताओं का महान्-गुप्तों का वंशज कहलाने का जरा भी दावा होता, अपने संरक्षकों के गुणगान में उनको गौरवान्वित करने का यह मौका हाथ से निकल जाने देते।

६. बंगाल

गुप्त साम्राज्य के खंडहरों पर बंगाल में दो स्वतंत्र राज्यों का उदय हुआ।[१] पहला राज्य, जिसके अन्तर्गत दक्षिणी और पूर्वी बंगाल था और पश्चिमी बंगाल का भी एक हिस्सा था, ईसा की छठी शताब्दी के पूर्वार्द्ध में स्थापित हुआ था। तांबे पर उत्कीर्ण छः अनुदान-पत्रों ने इस राजवंश के तीन राजाओं के नाम सुरक्षित रखे हैं; गोपचन्द्र, धर्मादित्य और समाचारदेव। लेकिन उनके बारे में और कुछ नहीं ज्ञात हो सका है। उन तीनों ने **महाराजाधिराज** की उपाधि धारण की थी और उनमें से कम से कम एक ने—समाचारदेव —सोने के सिक्के भी जारी किये थे, जिनमें से एक किस्म के सिक्के अन्तिम गुप्त सम्राटों के सिक्कों से मिलते हैं।

वैन्यगुप्त और गोपचन्द्र, इन दोनों के अनुदान-पत्रों में किसी **महाराज** विजयसेन का यह जिक्र है कि वह बड़ा प्रभावशाली सामन्त और उच्च पदाधिकारी था। सम्भव है कि दोनों में एक ही व्यक्ति का हवाला हो, हालांकि इसका कोई निश्चित प्रमाण नहीं है। लेकिन अगर हम इस अभिन्नता को मान लें, तो हम यह राय कायम कर सकते हैं कि वैन्य-गुप्त के फौरन बाद ही निचले बंगाल में गुप्त सम्राटों का आधिपत्य खत्म हो गया था, और सन् ५०७ ई० के कुछ बाद ही गोपचन्द्र ने वहां एक स्वतन्त्र राज्य स्थापित कर लिया था।

जैसा पहले बताया जा चुका है, उत्तरी बंगाल पर गुप्त सम्राटों का आधिपत्य सन् ५४३ ई० तक बना रहा था। उन्होंने निचले बंगाल को फिर से जीतने का कोई प्रयत्न किया था या नहीं, इस बारे में हमें निश्चित रूप से कुछ भी ज्ञात नहीं है। लेकिन समुद्र तट के लोगों से हुए जीवित गुप्त के युद्ध और ईशानवर्मन् की इस गर्वोक्ति से, कि उसने गौड़ों को "समुद्र में शरण लेने के लिए मजबूर कर दिया था," शायद उस प्रयत्न

१. हवालों सहित पूरे विवेचन के लिए देखिए ह. ब. आर. ५१ प. पृ.।

का संकेत मिलता है, जो साम्राज्य की ओर से उन्होंने इस प्रान्त को फिर से, चाहे नाम मात्र के लिए ही सही, अधिकार में लाने के लिए किया था, क्योंकि वास्तविक राजसत्ता तो शायद उस समय तक मौखरियों या 'परवर्ती गुप्तों' के हाथ में जा चुकी थी।

लेकिन नये स्थापित राज्य ने अपनी स्वतन्त्रता कायम रखी। गोपचन्द्र ने कम से कम १८ साल तक राज किया और उसके बाद सम्भवतः धर्मादित्य और समाचारदेव गद्दी पर बैठे, लेकिन एक दूसरे से उनके रिश्तों, उनकी तारीखों या उत्तराधिकार के क्रम के बारे में निश्चित रूप से कुछ भी नहीं मालूम है। समाचारदेव ने, जिसने कम से कम १४ साल तक राज किया था, जाहिर है कि गुप्त सम्राटों की परिपाटी के अनुसार नरेन्द्रादित्य की उपाधि धारण कर ली थी। इन तीनों राजाओं का काल सन् ५२५-५७५ ई० के बीच है। पूर्वी बंगाल के विभिन्न भागों में बड़ी संख्या में मिले उनके सिक्कों से, जो गुप्त सम्राटों के सिक्कों की भोंडी और खोटी नकल हैं, इस प्रदेश में होने वाले और अनेक राजाओं के अस्तित्व का प्रमाण मिलता है, जिन्होंने, स्पष्टतः, बाद में राज किया होगा। जिन राजाओं ने ये सिक्के जारी किये थे, उनमें, एक हद तक निश्चित रूप से, सिर्फ दो ही राजाओं के नाम पढ़े जा सकते हैं। ये नाम हैं—पृथुवीर और सुधन्यादित्य। ये सब ईसा की छठी और सातवीं शताब्दी के हो सकते हैं, लेकिन यह ज्ञात नहीं है कि वे किसी पुराने राजवंश के थे या नहीं। और न हम यह जानते हैं कि चालुक्य राजा कीर्तिवर्मन और तिब्बती राजा स्रोण ब्त्सन के सफल फौजी अभियानों से उनके भाग्य पर कितना असर पड़ा था।

नये राज्य को हम वंग कह सकते हैं। क्योंकि इस समय से ही गौड़ और वंग नाम से बंगाल के दो प्रमुख राजनीतिक भागों को अभिहित किया जाने लगा था। मोटे तौर पर, उत्तरी और पश्चिमी बंगाल के प्रदेश को गौड़ कहते थे और दक्षिणी और पूर्वी बंगाल को वंग कहते थे, हालांकि इन नामों का कभी कभी शिथिल रूप में प्रयोग किया जाता था और उनकी सीमाएं भी समय समय पर बदलती रहती थीं। लेकिन पूर्वी बंगाल के पुराने नाम **समतट** का प्रयोग बंद नहीं हुआ था। ह्वेन-त्सांग के अनुसार नालंदा विश्वविद्यालय का तत्कालीन कुलपति शीलभद्र समतट के ब्राह्मण राजकुल का वंशज था। इस राजकुल का उपर्युक्त राजाओं से कोई सम्बन्ध था या नहीं, इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता।

गुप्त साम्राज्य के फौरन बाद गौड़ में राजनीतिक परिस्थितियां क्या थीं, इसका कुछ पता नहीं है। जैसा पहले सुझाया गया है, शायद वहाँ महासेन गुप्त के समय तक "परवर्ती गुप्तों" का राज था, जो छठी शती ईसवी के अन्त में उभरे थे। और जैसा हम देख चुके हैं, महासेन गुप्त के राज्य का अन्त एक विकट भँवर में फंसकर हुआ था और उसके बाद शशांक ने गौड़ में एक स्वतन्त्र राज्य की स्थापना की थी।

शशांक के प्रारम्भिक जीवन[१] के बारे में, और उसने किन परिस्थितियों में गौड़ की गद्दी पर कब्जा किया था, हमारे पास कोई निश्चित सूचना नहीं है। पहाड़ी पर स्थित रोहतासगढ़ के किले की एक शिला में काटकर बनाये मुहर के साँचे में "श्री महासामन्त

१. वही, ५९ I, ७१ प. पृ०।

शशांक" का नाम अंकित है। आमतौर पर यह माना जाता है कि यह शशांक गौड़ के राजा शशांक से अभिन्न था। अगर इस अभिन्नता को मान लें तो हमें यह भी मानना चाहिए कि शशांक ने शायद महासेनगुप्त के अधीन एक सामन्त की हैसियत से अपनी जीवन-यात्रा आरम्भ की।[१] इस मत का भी पर्याप्त आधार नहीं है कि वह नरेन्द्र गुप्त के नाम से भी प्रसिद्ध था, और यह विश्वास करने का कोई औचित्य नहीं है कि उसका गुप्तों से कोई रिश्ता था। और इससे भी कम औचित्य इस अनुमान में है कि वह महासेनगुप्त का बेटा या भतीजा था।[२] बाणभट्ट और ह्वेन-त्सांग दोनों ने ही शशांक का उल्लेख गौड़ के राजा के रूप में किया है। उसकी राजधानी कर्णसुवर्ण की अभी तक निश्चित रूप से शिनाख्त नहीं हो सकी है, लेकिन रांगामाटि के खंडहर, जो मुर्शिदाबाद के जिले में बरहामपुर से छः मील (दस किलोमीटर) दक्षिण-पश्चिम में हैं, शायद उसकी राजधानी के ही अवशेष हैं।[३]

शशांक के उत्थान से कुछ पहले, मानवंश ने मिदनापुर और गया जिले के बीच के पहाड़ी क्षेत्र में एक राज्य कायम कर लिया था। धीरे धीरे समय के साथ इस मानवंश ने उड़ीसा तक अपने राज्य का विस्तार कर लिया।[४] इस राजकुल का एक राजा या सामन्त शम्भुयश सन् ५८० ई० में और सम्भवतः ६०३ ई० में भी उड़ीसा पर राज करता था। शशांक ने सम्भवतः इस राजा या इसके उत्तराधिकारी को हराकर दंडमुक्ति, उत्कल और कंगोद के क्षेत्रों को, जो मोटे तौर पर आज मिदनापुर और उत्तरी और दक्षिणी उड़ीसा से मेल खाते हैं, अपने अधिकार में कर लिया था। इन क्षेत्रों पर शासन करने वाले उसके पदाधिकारियों और सामन्तों के विवरण हमें प्राप्त हैं। कंगोद या दक्षिणी उड़ीसा पर शासन करने वाला शैलोद्भव वंश कम से कम सन् ६१९ ई० तक तो शशांक की प्रभुता मानता रहा था, लेकिन बाद में उसने एक स्वतन्त्र राज्य की स्थापना कर ली, जिसका एक सुदीर्घ इतिहास रहा।

इस प्रकार शशांक ने न केवल गौड़ को ही 'परवर्ती गुप्तों' के चंगुल से छुड़ाया, बल्कि उसने दक्षिण में अपना प्रभुत्व गंजाम जिले के महेन्द्रगिरि पर्वत तक फैला लिया। इसका कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं मिलता कि बंगाल में उसका आधिपत्य कहां तक था, लेकिन यह बात तर्कसंगत लगती है कि उसने दक्षिण पर चढ़ाई करने और पश्चिम में उससे भी बड़ा फौजी अभियान चलाने से पहले, जो उसके जीवन की सबसे असाधारण घटना है, सारे बंगाल पर अवश्य ही अपना आधिपत्य कर लिया था। इस फौजी अभियान में उसने

---

१. यह मत कि वह मौखरियों का सामन्त था (ई. हि. क्वा. XII. ४५७) इस धारणा पर आधारित है कि शशांक के गद्दी पर बैठने के समय तक मगध पर मौखरियों का आधिपत्य था। यह बात, जैसा पहले दिखाया जा चुका है, बहुत ही सन्दिग्ध है।

२. पा. हि. ऐं. इ.[४] ५१४ पा. टि. ३।

३. ज. ए. सो. ब. LXIII (१८९४), भाग I. १७२।

४. इसी परिच्छेद में आगे चलकर देखिए, उड़ीसा के अन्तर्गत।

सबसे पहले पूरा मगध, और शायद बनारस भी, जीत लिया और उसके बाद मौखरियों पर चढ़ाई की, जिसके कारण उसे थानेश्वर के पुष्पभूतियों के साथ युद्ध में फँसना पड़ा।

मौखरी और पुष्पभूति वंशों के साथ शशांक के युद्ध का विवरण बाणभट्ट के **हर्षचरित** में सुरक्षित है। इसके बारे में आगे चलकर विस्तार से लिखा जायगा। यहाँ हम केवल कुछ साधारण निष्कर्षों की ओर संकेत करेंगे, जो इस वृत्तान्त से निकाले जा सकते हैं।

ऐसा लगता है कि कन्नौज के राजा ग्रहवर्मन् के खिलाफ शशांक ने मालवा के राजा देवगुप्त के साथ गठबन्धन किया था। मौखरी राजागण ईशानवर्मन् के समय से ही गौड़ के दुश्मन थे और वे कई पीढ़ियों से "परवर्ती गुप्तों" से कटु-संघर्ष करते आये थे। गौड़ के राजा शशांक ने, शायद इसी कारण, मालवा के "परवर्ती गुप्त" राजा से मौखरियों के खिलाफ, जो दोनों के दुश्मन थे, एक संयुक्त मोर्चा तैयार किया। मौखरी राजा से राज्यश्री के विवाह का यह स्वाभाविक परिणाम हुआ कि थानेश्वर और कन्नौज के राज्यों की मैत्री अधिक पक्की होने से मौखरियों की शक्ति बढ़ गयी। अतः शशांक और देवगुप्त के गठबंधन को एक प्रकार से दूसरे गठबंधन का प्रतितोल समझना चाहिए। हालांकि इस सम्बन्ध में विस्तृत ब्यौरा उपलब्ध नहीं है, लेकिन इसमें कोई सन्देह नहीं कि शशांक और देवगुप्त अपने उद्देश्य में पूरी तरह सफल रहे। उन्होंने कन्नौज पर चढ़ाई की, राजा ग्रहवर्मन् की हत्या कर दी, नगर पर कब्जा कर लिया और राज्यश्री को कैद कर लिया। ये सब महत्त्वपूर्ण घटनाएँ इतनी तेजी से घटीं, शायद इतने कम समय में, कि सहसा विश्वास करना मुश्किल लगता है। इस शानदार और परिपूर्ण सफलता का शायद एक कारण यह भी था कि इस संकट के मौके पर संक्षिप्त-सी बीमारी के बाद थानेश्वर के राजा प्रभाकर वर्धन की मृत्यु हो गई थी। यह नामुमकिन नहीं है कि शशांक और देवगुप्त ने जानबूझ कर इस मौके पर मौखरी राज्य पर हमला करने की योजना बनायी थी, क्योंकि वे जानते थे कि थानेश्वर से तत्काल कोई सैनिक सहायता नहीं पहुँच सकती। शायद इसी उद्देश्य से उन्होंने कन्नौज पर अचानक धावा बोल दिया था। जाहिर है कि मौखरी इस अचानक हमले से आश्चर्यचकित रह गये थे, क्योंकि जब तक मौखरी राजा सचमुच युद्ध में मारा नहीं गया, और उसका राज्य दुश्मन के कदमों में पराजित होकर बिछ नहीं गया तब तक थानेश्वर में इस आक्रमण की भनक तक नहीं लगी।

शायद ग्रहवर्मन की पराजय और मृत्यु के फौरन बाद ही देवगुप्त ने शशांक को कन्नौज की व्यवस्था ठीक करने तक के लिए पीछे छोड़ कर खुद थानेश्वर पर चढ़ाई करने के लिए कूच कर दिया। मार्ग में वह थानेश्वर के नये राजा राज्यवर्मन के हाथों मारा गया, जो अपनी बहन की रक्षा के लिए फौज लेकर तेजी से कन्नौज की तरफ आ रहा था। लेकिन राज्यवर्धन की सफलता अल्पकालीन सिद्ध हुई। शीघ्र ही उसे शशांक का मुकाबला करना पड़ा और वह उसके हाथों मारा गया। उसकी फौज इस विपत्ति से अपनी रक्षा करने में असमर्थ होकर थानेश्वर की तरफ पीछे हट गयी, और सारी परिस्थिति पर शशांक का

कब्जा मजबूत हो गया। इस बीच राज्यश्री जिसे गौड़ आक्रमण के समय कान्यकुब्ज में कैद करके रखा गया था, गुप्त नाम के एक सामन्त की मदद से मुक्त हो गयी। लेकिन राज्यवर्धन की मृत्यु की खबर सुनकर उसने खाना-पीना छोड़ दिया और विन्ध्य पर्वत के जंगलों में मारी-मारी घूमने लगी। जब हर्षवर्धन को इस बात की खबर लगी तो उसने गौड़ राजा से शाश्वत प्रतिकार की शपथ ली और उससे लड़ने का आदेश देकर अपनी फौज भेज दी। लेकिन वह खुद अपनी बहन की तलाश में निकल पड़ा। राज्यश्री जब पूर्णतया हताश होकर चिता पर बैठने ही वाली थी कि हर्षवर्धन भी वहाँ जा पहुँचा। और इस प्रकार अपनी बहन की रक्षा करने के बाद हर्षवर्धन ने लौटकर गंगा के तट पर अपनी सेना का नेतृत्व संभाल लिया। बाणभट्ट का वर्णन अचानक यहीं समाप्त हो जाता है।

इस प्रकार जहाँ तक बाणभट्ट की कथा का सम्बन्ध है, वह शशांक को अपनी कीर्ति के चरम शिखर पर छोड़ देता है। वह हमें सिर्फ इतना ही बताता है कि हर्षवर्धन ने उसके विरुद्ध लड़ने के लिए सेना भेजी थी। लेकिन विन्ध्यपर्वत के जंगलों से लौटकर जब हर्ष ने सेना का नेतृत्व स्वयं संभाल लिया, तब उसके बाद क्या हुआ, इसका हमें कोई संकेत नहीं मिलता। एक मध्यकालीन बौद्ध वृत्तान्त **"मंजुश्री-मूल-कल्प"** में शशांक के विरुद्ध हर्ष के एक सैनिक अभियान का उल्लेख है, जिसमें कहा गया है कि वह बढ़ता हुआ उत्तरी बंगाल तक पहुँच गया था, लेकिन अपने दुश्मन को अधिक क्षति पहुँचाये बगैर ही उसे वापिस आना पड़ा था। पर इस वृत्तान्त की प्रामाणिकता सन्दिग्ध है।

शशांक से लड़ाई के मैदान में हर्षवर्धन का कभी मुकाबला हुआ था या नहीं, यह निश्चित रूप से ज्ञात नहीं है। लेकिन लगता है कि हर्ष उसकी ताकत को किसी उल्लेखनीय सीमा तक कम नहीं कर सका था। जैसा पहले उल्लेख किया जा चुका है, सन् ६१९ तक दक्षिणी उड़ीसा के राजा शैलोद्भव ने शशांक का परमशासक के रूप में उल्लेख किया है। ह्वेन-त्सांग का अपना बयान भी यही है कि मृत्यु से पहले शशांक मगध का अधिकारी बन चुका था। उसकी मृत्यु शायद सन् ६३७-३८ ई० से बहुत पहले की घटना नहीं है, क्योंकि उस वर्ष मगध में यात्रा करते हुए ह्वेन-त्सांग ने उल्लेख किया था कि अभी कुछ दिन पहले ही शशांक ने गया में बोधिवृक्ष को कटवा दिया था और पड़ोस के एक बौद्ध विहार से बुद्ध की मूर्ति हटाने का आदेश दिया था। शशांक द्वारा बौद्धों पर किये गये अत्याचारों की कहानियों को स्वतन्त्र प्रमाण के बिना सच नहीं माना जा सकता। इसके अलावा शशांक की राजधानी में बौद्ध धर्म की जिस समृद्ध अवस्था का वर्णन ह्वेन-त्सांग ने किया है, वह इस मत से मेल नहीं खाता कि शशांक में धार्मिक कट्टरता थी और उसने बौद्धधर्म का दमन किया था।

हालाँकि हमारे पास शशांक के चरित्र और उसकी सफलताओं के सही लेखा-जोखा के लिए पर्याप्त तथ्य नहीं हैं, तो भी उसे बंगाल का प्रथम महान् राजा मानना चाहिए। उसने गौड़ को केवल एक स्वतन्त्र राज्य ही नहीं बनाया बल्कि सारे दक्षिणी बिहार और उड़ीसा पर भी अपना आधिपत्य स्थापित कर लिया था। यहां तक कि उसने उत्तरी भारत के साम्राज्य पर कब्जा करने का भी साहसपूर्ण प्रयत्न किया था। इस प्रकार उसने

उस नीति की बुनियाद डाली, जिस पर आगे चल कर पाल वंश ने अपना विशाल साम्राज्य खड़ा किया। अगर बाणभट्ट या ह्वेन-त्सांग की तरह कोई मित्र उसका भी जीवन-चरित्र लिखता तो शायद शशांक भी आगे आनेवाली पीढ़ियों की दृष्टि में हृषवर्धन के समान ही गौरवशाली राजा जान पड़ता। लेकिन जो स्थिति है उसमें उसका नाम और यश काल के गर्त में विलीन हो गया है और उसके बाद की पीढ़ियां उसे केवल राज्यवर्धन के कायर हत्यारे और बौद्ध धर्म का क्रूर दमन करने वाले राजा के रूप में ही जानती हैं।

७. नेपाल

काश्मीर के अलावा भारत प्रायद्वीप में नेपाल ही एक ऐसा क्षेत्र है, जिसके पास अपने स्थानीय वृत्तान्त मौजूद हैं, जिनमें आदिकाल से उसके इतिहास का वर्णन मिलता है। ये वृत्तान्त, जिन्हें **वंशावली** कहते हैं, ब्राह्मण तथा बौद्ध दोनों स्रोतों से प्राप्त हुए हैं, और उन पर अनेक प्रसिद्ध विद्वानों ने काम किया है।[1] उनका दावा है कि जबसे भगवान् मंजुश्री ने एक जलाशय को खाली करके नेपाल की उर्वर घाटी में परिवर्तित किया, तबसे लेकर त्रेता, द्वापर और अब कलियुग तक के उन सभी राजाओं के नाम और उनके राज्य-काल की तिथियाँ, जिन्होंने इस देश पर राज्य किया था, इन वृत्तान्तों में दर्ज हैं। उन पौराणिक कथाओं को अलग कर, जिनका कोई ऐतिहासिक महत्त्व नहीं है, हम क्रमशः गोपालों (ग्वालों), आभीरों, और किरातों के राज्यवंशों तक पहुँचते हैं। ये शायद उस समय की याद दिलाते हैं, जब देश में पशुपालकों के छोटे-छोटे गिरोह और पहाड़ी कबीले राज करते थे। किरातों के बाद एक राज्यवंश आया, जिसकी स्थापना निमिख ने की थी, और विभिन्न इतिवृत्तों के अनुसार जो राम के सूर्यवंश का, या कुरु के चन्द्रवंश का था। कहा जाता है कि इस वंश का अन्तिम राजा कलियुग के १२३४ (या १२३६) वर्ष में राज करता था। इसके बाद नेपाल पर दीर्घ काल तक लिच्छवि वंश के शासक राज करते रहे।

लिच्छवि एक प्रसिद्ध और प्राचीन राजवंश है, और उसके द्वारा वैशाली में स्थापित किए गये गणतन्त्रीय या कुलतन्त्रीय राज्य के इतिहास का पहले वर्णन किया जा चुका है। लेकिन हम निश्चित रूप से नहीं कह सकते कि नेपाल के लिच्छवि शासक वैशाली के लिच्छवियों से किसी रूप में सम्बन्धित थे या नहीं। अजातशत्रु ने जब वैशाली पर कब्जा किया था, उसके बाद पांच छः सौ साल तक का वैशाली का इतिहास बिल्कुल अज्ञात है। स्मरण रहे कि लिच्छवि और मल्ल, उत्तरबिहार के ये दोनों गणतन्त्रीय कुल, जिनको बौद्ध और जैन साहित्य में इतनी प्रमुखता दी गयी है, और जिनका मनु-संहिता में व्रात्य क्षत्रियों के रूप में और कौटिल्य के अर्थशास्त्र में एक विशिष्ट प्रकार के संघ के रूप में उल्लेख हुआ है, ये दोनों नेपाल में ईसवी सन् के आरम्भिक दिनों से साथ-साथ रहते आये थे। यह

---

१. आगे देखिए—सामान्य सन्दर्भ ग्रन्थ।

सम्भव है कि इन दोनों ने, तथा और अनेक कबीलों ने, उन कालों में, जब भारत पर होने वाले विदेशी आक्रमणों या आन्तरिक युद्धों से उत्पन्न राजनीतिक गड़बड़ी फैली थी, नेपाल की पहाड़ियों में जाकर शरण ली हो। ईसा की आठवीं सदी के पशुपति मन्दिर के उत्कीर्ण लेख[१] के अनुसार सुपुष्प ने, जो लिच्छवियों का सुदूर वंशज था और इस कुल का मूल पुरुष और नायक था, पुष्पपुर में जन्म लिया था, जो सम्भवतः पाटलिपुत्र का सूचक है। कहा जाता है कि इस सुपुष्प के बाद २३ राजा गद्दी पर बैठे और तब प्रसिद्ध राजा जयदेव पैदा हुआ। फिर ग्यारह और राजाओं के शासन के बाद वृषदेव राजा बना।

वृषदेव तक पहुँच कर हम ठोस ऐतिहासिक भूमि पर पहुँच जाते हैं, क्योंकि इस राजा और इसके अगले पांच उत्तराधिकारियों के नाम सिर्फ **वंशावलियों** में ही नहीं, बल्कि अभिलेखों में भी मिलते हैं। वृषदेव बहुत ही धर्मपरायण बौद्ध था और उसने अनेक **विहार** बनवाये थे। उसके बाद उसका बेटा शंकरदेव उत्तराधिकारी बना। एक अभिलेख के अनुसार वह एक महान् और समृद्ध राजा था। वंशावलियों के अनुसार उसने पशुपति मन्दिर के लिए धर्मादा बाँध दिया था और पटन में एक ब्राह्मण के लिए मठ बनवाया था। शंकरदेव के बेटे और उत्तराधिकारी धर्मदेव ने भी एक विशाल राज्य पर शासन किया। कहा जाता है कि उसने शिव के नन्दी की एक विशाल मूर्ति पशुपति मन्दिर को भेंट की थी और स्वयम्भूनाथ की स्थापना की थी।

धर्मदेव के बेटे और उत्तराधिकारी मानदेव के बारे में अपेक्षया अधिक ऐतिहासिक जानकारी प्राप्त है। चंगुनारायण मन्दिर[२] (काठमाँडू से ५ मील उत्तर पूर्व) के एक स्तम्भ लेख में धर्मदेव की मृत्यु का विस्तृत वर्णन मिलता है। विधवा रानी राज्यवती ने अपने पति के साथ चिता में भस्म हो जाने का संकल्प किया। लेकिन उसके पुत्र मानदेव ने कहा कि अगर वह अपने को चिता में भस्म करेगी तो वह इससे पहले ही अपने प्राण दे देगा। इससे रानी ने अपना संकल्प त्याग दिया और अपने बेटे के साथ मिलकर पति का दाह संस्कार किया।

तब राजा ने अपनी माँ से यह कहा :

"मेरे पिता ने पृथ्वी को (विजय-) स्तम्भों से सुशोभित किया था, जो यूपों (बलि-स्तम्भों) से मिलते हैं। क्षात्र धर्म में दीक्षित होने के कारण मैं अपने दुश्मनों को कुचलने के लिए सेना लेकर पूर्व की दिशा में जाऊँगा और (वहाँ) उन राजकुमारों के हाथ में शासन की डोर पकड़ाऊँगा जो मेरे आज्ञाकारी और स्वामिभक्त होंगे।"

अपनी माँ की अनुमति प्राप्त करके मानदेव सेना लेकर पूर्व की दिशा में गया और वहाँ के उपद्रवी सामन्तों को दबा कर उन्हें अधीनता स्वीकारने के लिए विवश कर दिया। वह फिर पश्चिम की दिशा में सेना लेकर गया, और वहां के एक सामन्त के दुष्कर्मों की कहानियाँ सुनकर उसने अपने मामा को लिखा : "अगर वह अपने आप आत्मसमर्पण न

१. इन्द्र जी सं० XV. ग्नौली (सं० LXXXI)।
२. इन्द्र जी सं० १; पूरा पाठ लेवी ने दिया है (सं० १) और ग्नौली (सं० १)।

करे, तो उसे बलपूर्वक विवश करना चाहिए। आज ही आप गंडकी नदी पार करके आगे बढ़ें और मैं सैंकड़ों घोड़ों और हाथियों के साथ आपकी सेना के पीछे आऊँगा। उसने उस मल्ल सामन्त को युद्ध में हराकर अपना संकल्प पूरा किया।

यह दिलचस्प विवरण नेपाल के इतिहास पर तीव्र प्रकाश डालता है। सबसे पहले इससे ज्ञात होता है कि मानदेव से पहले भी लिच्छवियों की सत्ता केवल नेपाल की घाटी तक ही, अर्थात् केवल बाग्मती घाटी में काठमांडू के इर्द गिर्द इलाके तक, सीमित नहीं थी, बल्कि पूर्व में सप्त कुसी नदी की घाटी और पश्चिम में सप्त गंडकी नदी की घाटी तक फैली हुई थी। जाहिर है कि पश्चिम की मल्ल जाति और पूर्व की पहाड़ी जातियों या शायद किरात जाति के लोग आये दिन उपद्रव मचाते रहते थे, क्योंकि उन्हें केन्द्रीय सत्ता के जुए के नीचे रहना पसन्द नहीं था, इसलिए उन्हें अनुशासन में रखने के लिए हर समय सचेत रहना पड़ता था और अक्सर सेना भेजकर उपद्रवकारियों को दबाना पड़ता था। फिर भी यह स्पष्ट है कि एक केन्द्रीय राजनीतिक सत्ता कायम करने का विचार, जिसके अन्तर्गत लगभग आज के नेपाल का सारा क्षेत्र हो, उस समय भी लिच्छवियों का आकांक्षित लक्ष्य था और कभी कभी वे इस लक्ष्य की पूर्ति में बड़ी सीमा तक सफल भी हुए थे।

मानदेव के अभिलेख की तारीख ३८६ है। यह विक्रम संवत् की तारीख है या शक संवत् की, या गुप्त संवत् की, इस प्रश्न पर विद्वानों में गहरा मतभेद है। विक्रम, शक और गुप्त संवतों के अलावा विभिन्न विद्वानों ने एक विशिष्ट लिच्छवि संवत् का भी अनुमान किया है, जिसका प्रवर्तन उनके अनुसार सन् ११० ई० में हुआ था।[1] इस तारीख के सम्बन्ध में गुप्त संवत् का कोई प्रश्न ही नहीं उठता और विक्रम संवत् भी मुमकिन नहीं लगता। इसलिए विकल्प केवल बाकी दो संवतों के बीच है और इस समय अधिकांश विद्वानों का मत यही है कि यह तारीख शक संवत् की है। तब ऐसी स्थिति में, मानदेव के अभिलेख की तारीख सन् ४६४ ई० होगी। और चूंकि मानदेव के एक और अभिलेख पर संवत् ४२७ की तारीख है (—सन् ५०५ ई०) इसलिए अनुमानतः मानदेव का राज्य काल सन् ४६० और ५०५ ई० के बीच माना जा सकता है।

फिलहाल मानदेव की तिथि का प्रयोग अवश्य ही नेपाली तिथिक्रम के मूल अवलम्ब के रूप में करना चाहिए, क्योंकि उसके शासन के पूर्व की किसी घटना की तिथि से हम

---

१. फ्लीट का आग्रह है कि इसे गुप्त संवत् माना जाए। (कॉ. इ. इ. III, भूमिका, पृ. १७७ प. पृ.) इन्द्र जी (इ. ऐ XIII, ४११ प. पृ.) इसको विक्रम संवत् बताते हैं। डॉ. आर. जी. बसाक के अनुसार पहले की तिथियां तो विक्रम संवत् की हैं और शिवदेव की तिथियाँ गुप्त संवत् की हैं (हि. ना. इ. २७४)। लेवी ने एक विशिष्ट लिच्छवि संवत् की अवधारणा की है और विकल्प के रूप में शक संवत् को स्वीकार करने की वकालत की है (नेपाल III. ४६ प. पृ. ७३ प. पृ.)। प्रस्तुत लेखक ने इस प्रश्न पर पहले बी. सी. लॉ. वाल्यूम, भाग I, पृ. ६२६ प. पृ. में समग्र रूप से विचार किया था, इधर फिर इस प्रश्न पर 'जर्नल आफ दि एशियाटिक सोसाइटी, कलकत्ता' में विचार किया है।

अवगत नहीं हैं। चूँकि वंशावलियों के अनुसार मानदेव लिच्छवि वंश का बीसवाँ राजा था, इसलिए नेपाल में लिच्छवि राज्य अनुमानतः ईसा की पहली या दूसरी शताब्दी में स्थापित हुआ था। मानदेव से पहले भी एक प्रबल राजनीतिक शक्ति के रूप में लिच्छवियों का अस्तित्व था, इसकी जानकारी हमें चन्द्रगुप्त प्रथम से एक लिच्छवि राजकुमारी के विवाह की सूचना से मिलती है, जिसका पहले उल्लेख हो चुका है।[१] यह लिच्छवि राजकुमारी नेपाल के राजघराने की बेटी थी या किसी तरह उससे सम्बन्धित थी या नहीं, इस बारे में हम कुछ नहीं जानते। लेकिन यह निश्चित बात है कि नेपाल के लिच्छवि शासक समुद्रगुप्त को अपना अधिराज मानते थे। नेपाल पर गुप्त साम्राज्य का प्रभुत्व किस रूप में था और कितने दिन तक चला, इसका पक्का निर्णय करना सम्भव नहीं है। लेकिन यह तथ्य कि नेपाल के लिच्छवि गुप्त साम्राज्य के पतन के बाद ही एक प्रमुख शक्ति के रूप में सामने आये, शायद संयोग मात्र नहीं है। हम मान सकते हैं कि वे या तो गुप्त सम्राटों के अधीन थे या गुप्त सम्राटों ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक रखा था और गुप्त साम्राज्य के पतन ने उन्हें आगे बढ़कर समूचे नेपाल का अधीश्वर बनने का सुनहरा मौका दिया। इस कार्य का आरम्भ शायद धर्मदेव ने ही कर दिया था, जिसे उसके बेटे मानदेव ने सफलता पूर्वक पूरा कर दिखाया। यहां पर यह भी ध्यान देना चाहिए कि ब्राह्मण धर्म और संस्कृत साहित्य की सर्व प्रधानता, जो गुप्त काल का मुख्य स्वर है, वही नेपाल का भी मुख्य स्वर था, जैसा मानदेव और उसके उत्तराधिकारियों के उत्कीर्ण लेखों से ज्ञात होता है।

मानदेव ने एक विहार की स्थापना की थी, जिसे मान-विहार कहते थे,[२] और शायद उसी ने राज भवन मान गृह का भी निर्माण करवाया था, जहां से उसके उत्तराधिकारी राजकीय अनुदान-पत्र जारी किया करते थे। यह भी सुझाव दिया गया है कि वे सिक्के भी जिन्हें मानांक कहते थे और नेपाल की मानेश्वरी देवी का भक्ति सम्प्रदाय भी उसके नाम से जुड़े हुए हैं। नेपाल में ठाकुरियों के एक मान घराने[३] के रूप में उसका नाम आज भी जीवित है।

मानदेव के शासन काल में लिच्छवियों का राज्य नेपाल की घाटी से बाहर पूर्व और पश्चिम दोनों दिशाओं में दूर दूर तक फैल गया था, और उसके अन्तर्गत शायद गंडकी से पश्चिम के इलाके भी शामिल थे। मानदेव के बाद महीदेव गद्दी पर बैठा और

---

१. देखिए पृ. ३-४।

२. मानदेव-विहार का यग बहल के शिलालेख में उल्लेख है (लेवी सं० XX) अंशुवर्मन के समय के हरिगाँव के प्रस्तर पट्ट में भी एक मान-विहार का उल्लेख है (लेवी सं० १४) उससे भी सिद्ध होता है कि मानदेव, शिवदेव और अंशुवर्मन् से पहले हुआ था, न कि बाद में। यही निष्कर्ष उस राजभवन के मानगृह नाम से भी निकलता है, जहां से शिवदेव अपने अनुदान पत्र जारी करता था।

३. नेपाल, II. १०५-११।

उसके बाद वसन्तदेव। चूँकि मानदेव की अन्तिम ज्ञात तारीख ४२७ है, और ४२८ में वसन्तदेव गद्दी पर बैठ चुका था, इसलिए महीदेव का राज्य काल कुछ महीनों से अधिक का नहीं रहा होगा। वसन्तदेव ने कम से कम २६ साल तक राज किया, संवत् ४५४ (=सन् ५३२ ई०) तक। उसके और शिवदेव के बीच कम से कम दो और शासकों ने राज किया था। उनके नाम हैं रामदेव (संवत् ४६९ या सन् ५४७ ई०) और गणदेव (संवत् ४८२ और ४८९ या सन् ५६०, ५६७ ई०) : पशुपति मन्दिर का अभिलेख, जो इस काल के नेपाल के राजाओं की पूरी वंशावली देता है, दुर्भाग्य से अधिक उपयोग का नहीं रहा, क्योंकि वसन्तदेव के अभिलेखों के बाद के अक्षर उधड़ या गल चुके हैं। इस पंक्ति में जो अक्षर बचे हैं, उनसे केवल यही संगत निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि वसन्तदेव के कुछ बाद एक राजा हुआ था, जिसका नाम नरेन्द्रदेव था, जिसके बाद शिवदेव गद्दी पर बैठा।

एक **वंशावली** के अनुसार वसन्तदेव के उत्तराधिकारी को आभीरों ने हरा दिया था और नेपाल पर उनके तीन सामन्तों के राज के बाद ही लिच्छवि राजा शिवदेव उन्हें निकाल कर अपने पूर्वजों के राज्य पर पुनः अधिकार कर सका था। इस परम्परा में कुछ सचाई भी हो सकती है।

लेकिन हमें अनेक अभिलेखों से यह निश्चित रूप से ज्ञात है कि ईसा की सातवीं शती के आरम्भ या छठी शती के उत्तरार्ध में नेपाल में द्वितन्त्रीय राज्य था, जैसा अभी कुछ दिन पहले तक वहां चलता आया था। लिच्छवि राजा शिवदेव नाममात्र का ही राजा था और राज्य की सारी सत्ता धीरे धीरे उसके **महासामन्त** अंशुवर्मन् के हाथ में चली गयी थी। ऐसा लगता है कि ईसा की छठी शताब्दी के अन्त में राज्य पर आभीरों ने आक्रमण किया था, जो जीतने के बाद कुछ दिनों तक वहाँ शासन करते रहे। आखिरकार, शिवदेव के शासनकाल में आभीरों को मार भगाया गया। सम्भव है कि आभीरों से मुक्ति पाने के लिए किये गये इस युद्ध में **महासामन्त** अंशुवर्मन् ने प्रमुख भाग लिया हो और उसने अपने आप को एक महान सेनापति सिद्ध किया हो, क्योंकि शिवदेव के सभी अनुदान-पत्रों में अंशुवर्मन् के शौर्य और रणकौशल के सामने आभीरों के मुँह की खाने का उल्लेख किया गया है। अपने देश से विदेशी आक्रमणकारियों को निकाल बाहर कर उसने जो लोकप्रियता और महान सेनानी की ख्याति प्राप्त कर ली थी, उससे राजकीय क्षेत्रों में उसकी प्रतिष्ठा बहुत बढ़ गयी, और उसको धीरे धीरे देश का वास्तविक शासक[1] बन जाने का अवसर मिल गया। यह भी नामुमकिन नहीं कि उसने लिच्छवि राजा की बेटी से विवाह करके अपनी स्थिति और भी मजबूत बना ली होगी। उसने अपने रहने के लिए कैलाशकूट का भवन चुना, जबकि पुराना मान-गृह उपाधिधारी लिच्छवि राजाओं का ही निवास स्थान

---

१. लेवी ने अंशुवर्मन् और शिवदेव के परस्पर सम्बन्ध के बारे में कई सुझाव पेश किये हैं। (नेपाल, III. ७७), लेकिन जब तक उनके अनुदान-पत्रों की तारीखों के प्रश्न का अन्तिम फैसला नहीं हो जाता, तब तक किसी निश्चित परिणाम तक पहुँचना कठिन है।

स्थान बना रहा। ह्वेन-त्सांग ने अंशुवर्मन का एक प्रतिभाशाली और विद्वान शासक के रूप में उल्लेख किया है। कहा जाता है कि उसने एक व्याकरण की रचना की थी और उसकी ख्याति दूर दूर तक फैल गयी थी।[1]

वंशावलियों के अनुसार, महान् सम्राट विक्रमादित्य ने अंशुवर्मन् के शासन काल से ठीक पहले ही नेपाल पर विजय प्राप्त करके, वहां अपना संवत् चलाया था। हर्षवर्धन की नेपाल विजय की बात में इसका प्रच्छन्न संकेत देखा गया है और अंशुवर्मन् के अनुदान-पत्रों पर पड़ी ३२ और ४५ की तिथियों को हर्ष संवत् की तारीखें माना गया है।[2] इस हिसाब से अंशुवर्मन का शासन काल सन् ६३८ से ६५१ ई० होना चाहिए। हालाँकि यह मत सर्व-मान्य हो गया है, फिर भी यह कठिनाइयों से मुक्त नहीं है। सबसे पहले, ऐसा कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं है कि हर्षवर्धन ने कभी नेपाल को जीता था। दूसरे, ह्वेन-त्सांग ने अंशुवर्मन का भूतपूर्व राजा के रूप में उल्लेख किया है, जिससे जाहिर होता है कि वह सन् ६४२-६४३ से पहले ही गुजर गया था, जबकि सम्भवत: ह्वेन-त्सांग ने इस देश के बारे में अपनी अन्तिम सूचनाएँ एकत्र कीं। इसकी पुष्टि इस बात से भी होती है कि सन् ६४३ ई० में जब एक चीनी राजदूत नेपाल की यात्रा पर गया तो उसने पाया कि राजा नरेन्द्रदेव वहां की गद्दी पर था तथा उसके और अंशुवर्मन के बीच दो और राजा शासन कर चुके थे। इसलिए अंशुवर्मन के अनुदान-पत्र की तारीख को हर्ष संवत् की तारीख नहीं माना जा सकता। हाल में ही, प्रस्तुत परिच्छेद के लेखक ने कुछ नये अभिलेखों के आधार पर, जिनका पता उपर्युक्त विद्वानों को नहीं था, यह मत प्रकट किया है कि इस अनुमान को एक प्रकार से निश्चित तथ्य के रूप में मान लेना चाहिए कि मानदेव और उसके उत्तराधिकारियों के अभिलेखों में दर्ज तारीखें शक संवत् हैं और यह कि, जब इस संवत् काल के ५०० वर्ष बीत गये, तब इस अंक में से सैंकड़े का शून्य निकालकर इसे लिखा जाने लगा था। इस हिसाब से अंशुवर्मन के अनुदान-पत्र की तारीख वास्तव में शक संवत् की ५३२ से ५४५ (सन ६१० से ६२३ ई०) होनी चाहिए।

लेवी का सुझाव है कि अंशुवर्मन के अनुदान-पत्र की तारीख को एक तिब्बती संवत् के हवाले से समझना चाहिए, जिसका प्रवर्तन सन् ५९५ ई० में हुआ था।[3] इस सम्बन्ध

---

१. हि. त्सां. बी., II. ८१।

२. इकाई के अंक का पाठ अस्पष्ट है, लेकिन हर सूरत में तारीख ४० के बाद की ही होनी चाहिए।

३. नेपाल, II, १५२-५३। ज. ए., १८९४, भाग II, पृ. ५५ प. पृ. शुरू में लेवी का मत था कि अंशुवर्मन के अनुदान-पत्र की तारीख को उस संवत् के हवाले से समझना चाहिए जो उसके गद्दी पर बैठने की स्मृति में चलाया गया था। लेकिन बाद में उसने दो आधारों पर इस मत का परित्याग कर दिया :

(i) कि उस राजा का कोई विवरण ३०वें साल से पहले की तारीख का नहीं है।

(ii) कि ३० की तारीख वाला अभिलेख अंशुवर्मन के राज्याभिषेक का सूचक लगता है। लेकिन ये आपत्तियां महत्त्वपूर्ण नहीं हैं (देखिए बी. सी. लॉ. वाल्यूम, भाग १, पृ. ६४०)।

में हम चाहें जो सोचें, लेकिन इसमें सन्देह नहीं है कि इस काल में नेपाल तिब्बत के राजनीतिक प्रभाव में आ चुका था।[1] सन् ५८० और ६०० ई० के बीच उस पहाड़ी प्रदेश के आपस में लड़ने वाले कुलों को एक शक्तिशाली शासक ग्नाम-रि-स्रोण-ब्त्सन ने अपने झंडे के नीचे एकजुट किया। उसके बेटे और उत्तराधिकारी स्रोङ्-ब्त्सन-साम के बारे में, जिसने तिब्बत में भारतीय सभ्यता का प्रचार किया था, कहा जाता है कि उसने आसाम और नेपाल को जीतकर अपने राज में मिला लिया था और आधे जम्बुद्वीप (भारत) पर भी उसका प्रभुत्व स्थापित हो गया था। उसने अंशुवर्मन् से उसकी बेटी के पाणिग्रहण का प्रस्ताव किया और अंशुवर्मन इन्कार करने का साहस नहीं कर सका। दो साल बाद, और निश्चय ही सन् ६४१ ई० से पहले, तिब्बत के राजा ने चीन पर आक्रमण किया और लगभग त्सेचुआन तक उस देश को लूटा पाटा। उसने सन्धि की एक शर्त के अनुसार एक चीनी राजकुमारी की मांग की और चीनी सम्राट को मजबूर होकर अपनी एक बेटी की शादी इस बर्बर राजा के साथ करनी पड़ी। इस प्रकार तिब्बत, चीन और भारत दोनों के सांस्कृतिक प्रभाव के अन्तर्गत आ गया और इन दो शादियों से उसे अपार लाभ हुआ। लेकिन अंशुवर्मन व्यवहारतः तिब्बती राजा का आश्रित बन गया था। इस बात से यह विश्वास करना और भी कठिन हो जाता है कि अंशुवर्मन् पर हर्षवर्धन का कोई प्रभाव था या कि उसका संवत् वहां कभी प्रचलित रहा होगा। इसके विपरीत, नेपाल पर तिब्बत का राजनीतिक आधिपत्य हो जाने के कारण यही अधिक सम्भव लगता है कि नेपाल में जो नया संवत् प्रचलित हुआ, वह तिब्बती स्रोत से आया था। लेवी के अनुसार यह तिब्बती संवत् नेपाल में शायद सन् ५९५ में प्रचलित हुआ था, जिसका प्रवर्तन या तो सोङ्-ब्त्सन-स्गम-पो के जन्म की स्मृति में किया गया था या उसके बाप के राजगद्दी पर बैठने की स्मृति में। लेकिन चूँकि तिब्बत में ऐसे किसी स्थानीय संवत् के प्रवर्तन की बात अज्ञात है इसलिए लेवी का मत संदिग्ध ही बना रहेगा।

सामान्य संदर्भ

नेपाल का इतिहास मुख्यतः वंशावलियों और अभिलेखों पर आधारित है।

१. नेपाल की **वंशावलियों** और इसके सामान्य इतिहास के लिए द्रष्टव्य :

(१) किर्कपैट्रिक—**ऐन एकाउंट ऑफ दि किंग्डम आफ नेपाल बीइंग दि सब्स्टांस ऑफ ऑब्जरव्हेशंस मेड डर्यूरिंग ए मिशन टु दैट कन्ट्री इन दि ईयर १७९३,** लन्दन, १८११।

---

१. नेपाल पर तिब्बत के राजनीतिक प्रभुत्व का वर्णन लेवी ने अधिकारी विद्वानों के पूरे हवाले देकर किया है। (नेपाल II, १४६-५४) डॉ. बसाक इस पर विश्वास नहीं करते कि नेपाल कभी भी तिब्बत के अधीन था। (हि. ना. इ. २९५) लेकिन लेवी ने जो प्रमाण एकत्र किए हैं, डॉ. बसाक उनके बारे में बिलकुल खामोश हैं। डॉ. बसाक लेवी के इस मत की भी पूरी उपेक्षा करते हैं कि अंशुवर्मन् के संवत् का मूल स्रोत तिब्बत था।

(२) डी. राइट—**हिस्टरी ऑफ नेपाल ट्रांसलेटेड फ्रॉम दि पार्वतीय,** कैम्ब्रिज, १८७७ ।

(३) सी. बेन्डॉल—**कैटेलग ऑफ दि बुद्धिस्ट संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स ऐट कैम्ब्रिज ।** कैम्ब्रिज, १८८३ ।

(४) भगवानलाल इन्द्रजी—सम कंसीडरेशंस ऑन दि हिस्टरी ऑफ नेपाल [इ. ए. XIII (१८८४) पृ. ४११-२८]

(५) ल नेपाल, एस. लेवी कृत, जिल्द I, II—१९०५;
III—१९०८ (पाद टिप्पणियों में नेपाल के रूप में सन्दर्भित)।

(६) बेंडॉल—दि हिस्टरी ऑफ नेपाल ऐंड सराउंडिंग किंग्डम (ई. सन् १०००-१६००) ज. ए. सो. ब. LXII (१९०३) ।

वंशावलियाँ अपेक्षया हाल की रचनाएँ हैं । उनका बौद्ध पाठ एक ऐसे भिक्षु की कृति है जो उन्नीसवीं शती के आरम्भ में पटना के महाबुद्ध मठ में रहता था । डी. राइट (D. Wright) की देखरेख में इसका अनुवाद ब्रिटिश दूतावास के एक हिन्दुस्तानी मुंशी ने किया था । उसका ब्राह्मणीय संस्करण भी, जिसे ही वर्तमान गुर्खा हकूमत प्रामाणिक मानती है, उन्नीसवीं शती में रचा गया था, और जिस पाठ का उपयोग लेवी (Levi) ने किया था, उसका संकलन देव पटन में रहने वाले एक ब्राह्मण सिद्धि-नारायण ने सन् १८३४ ई० में किया था । दोनों पाठ पारबतीय (या खस) भाषा में लिखे हुए हैं, जिसका प्रचलन गुर्खा विजय के बाद नेपाल की घाटी में किया गया था ।

दोनों **वंशावलियों** का मूल स्रोत एक ही है । ब्राह्मणी संस्करण में बौद्ध संस्करण से भिन्न कुछ नहीं जोड़ा गया, केवल बौद्ध धर्म को गौरवान्वित करने वाली कहानियाँ और किंवदंतियाँ निकाल दी गयी हैं । अतीत में भी वंशावलियों का अस्तित्व था, इसकी पुष्टि जयदेव के पशुपति मन्दिर पर उत्कीर्ण लेख और प्रतापमल्ल के अभिलेख (जिस पर नेपाल संवत् के अनुसार ७७८ वर्ष की तारीख है) से होती है । लेकिन कोई प्राचीन पांडुलिपि अभी तक प्राप्त नहीं हुई । अठारहवीं शती के अन्त में कर्कपैट्रिक (Kirkpatrick) को जो **वंशावली** सुनायी गयी थी, वह आजकल उपलब्ध उन्नीसवीं शती की उपर्युक्त वंशावलियों से ज्यादा प्रामाणिक थी । बेंडॉल (Bendale) ने खोजकर तीन पाण्डु-लिपियां प्राप्त कीं, जो सम्भवतः तेरहवीं शती के अन्त में रची गयी थीं, और जिनमें कुछ राजाओं की, उनके राज्यकाल के समेत, सूची दी गयी है । उनमें से दो नेवारी भाषा में लिखी हुई हैं और एक टूटी-फूटी गलत संस्कृत में ।

२. नेपाल के अभिलेखों का सम्पादन निम्न कृतियों में किया गया है :

(i) पंडित भगवानइन्द्रजी और डॉ जी ब्युलर—इंस्क्रिप्शंस फ्राम नेपाल, इ. ऐ. IX (१८८०), पृ. १६३ प. पृ.। (इसमें २३ अभिलेखों का सम्पादन किया गया है, जिनका हवाला "इन्द्रजी सं०..." से दिया जाता है ।)

(ii) **नेपाल**, जिल्द III (इसमें भी २३ अभिलेखों का सम्पादन किया गया है, जिनका हवाला "लेवी सं० . . ." से दिया जाता है ।

(iii) बेंडॉल—**जर्नी इन नेपाल,** पृ० ७२ प. पृ० (चार अभिलेख, जिनका हवाला "बेंडॉल सं० . . ." के रूप में दिया जाता है ।) संख्या १, इ. ए. XIV, ९८ में भी प्रकाशित हुआ था ।

डॉ० आर० जी० बसाक (हि. ना. इ. २४२ प. पृ०) ने इन सभी अभिलेखों की एक संयुक्त सूची और उनका संक्षिप्त सार भी दिया है । लेकिन न तो यह सूची पूर्ण है और न सर्वथा सही ही । उदाहरण के लिए उन्होंने "लेवी नम्बर्स IV ऐंड V" को बिल्कुल छोड़ दिया है और यह उल्लेख करना भूल गये हैं कि "इन्द्रजी नं० १" का लेवी ने (नं० १) के रूप में फिर से सम्पादन किया था, जिसमें उन्होंने उन महत्त्व-पूर्ण पक्तियों को भी जोड़ दिया था, जो जमीन में दबी होने के कारण नजर से छिपी हुई थीं, और इसलिए इन्द्रजी ने जिनको छोड़ दिया था ।

३. **आधुनिक कृतियां**—

(१) फ्लीट—**कार्पस इंस्क्रिप्शनम इंडिकारम**, जिल्द III, पृ० १७७–९१

(२) आर. जी. बसॉक—**हिस्टरी आफ नार्थ ईस्टर्न इंडिया**

(३) आर. सी. मजुमदार—दि क्रोनोलॉजी आफ दि अर्ली किंग्स आफ नेपाल (बी. सी. लॉ. वॉल्यूम, पार्ट I, पृ० ६२६ प. पृ०)

८. कामरूप

लगभग तीन शताब्दियों तक, सन् ३५० ई० से लेकर ६५० ई० तक कामरूप के राज्य पर एक ही वंश ने राज किया था । इस वंश के लोग अपने को उस नरकासुर की सन्तान बताते थे, जिसका उल्लेख महाकाव्यों और पुराणों में हुआ है कि वह विष्णु (अपने वाराह अवतार के रूप में) और पृथ्वी के संयोग से पैदा हुआ था । ईसा सातवीं शताब्दी में प्रचलित एक किंवदन्ती के अनुसार नरक और उसके पुत्र भगदत्त तथा उसके परिवार के दूसरे राजाओं ने पुष्पवर्मन् के सत्तारूढ़ होने से पहले तीन हजार साल तक कामरूप पर राज किया था । पुष्पवर्मन के साथ एक प्रकार से कामरूप का ऐतिहासिक काल शुरू होता है । नरकासुर के वंशज होने की बात से सूचित होता है कि राजवंश अनार्य जाति का था, हालाँकि उसने सनातन ब्राह्मण धर्म अपना लिया था । यह उल्लेखनीय बात है कि ईसा की लगभग छठी शताब्दी में गिलगित पर राज करने वाले शाही राजा भी अपने आप को भगदत्त के कुल का बताते थे ।[१] शायद यह भगदत्त वही है जो पौराणिक नरकासुर का बेटा

---

१. इस वंशावली का पूरा विवरण भास्कर-वर्मन् के ताम्रपत्र में, जो निधनपुर में प्राप्त हुआ था (ई. इ. XII. ७३; XIX, ११५ प. पृ.—२४५ प. पृ.) और नालन्दा में मिली

था। लेकिन हम निश्चित रूप से कुछ नहीं कह सकते कि इन शाही राजों और कामरूप के राजवंश में कोई सम्बन्ध था।

इस युग के पुरालेखों और साहित्यिक अभिलेखों तथा विवरणों में पुष्यवर्मन् और उसके बारह उत्तराधिकारियों के नाम सुरक्षित हैं, जिन्हें वंश क्रम से निम्न तालिका में रखा गया है :

१. पुष्य वर्मन्

२. समुद्र वर्मन्=दत्तदेवी (या दत्तवती)

३. बल वर्मन्=रत्नवती

४. कल्याण वर्मन्=गंधर्ववती

५. गणपति वर्मन्=यज्ञवती

६. महेन्द्र वर्मन्=सुव्रता

७. नारायण वर्मन्=देववती

८. भूति वर्मन्=विज्ञानवती
(या महाभूत वर्मन्)

९. चन्द्रमुख वर्मन्=भोगवती

१०. स्थित वर्मन्=नयनदेवी
(या स्थिति वर्मन्) (या नयनशोभा)

११. सुस्थित वर्मन्=श्यामादेवी
(या सुस्थिर वर्मन्) (या ध्रुवलक्ष्मी)

१२. सुप्रतिष्ठित वर्मन् १३. भास्कर वर्मन्

राजकीय मुहरों में (मे. आ., सं. इ., सं. ६६, पृ. ६९-७०; ज. बि. ओ. रि. सो., V ३०२ प. पृ.; VI, १५१ प. पृ.) मिलता है। **हर्षचरित** में भी इसका आंशिक उल्लेख है। निर्णयसागर संस्करण, पृष्ठ २२०; अंगरेजी अनुवाद, कॉवेल ऐंड टॉमस, पृ. २१७) विभिन्न स्रोतों में दिये राजा-रानियों के नामों में थोड़ा सा भेद है। उनमें से अधिक महत्त्वपूर्ण भेदों को उपर्युक्त वंशावली-तालिका में कोष्ठकों में सूचित किया गया है।

भास्कर वर्मन्, जिसके नाम के साथ यह सूची समाप्त हो जाती है, हर्षवर्धन का समकालीन था और ईसा की सातवीं शती का पूर्वार्ध उसका राज्यकाल था। इस प्रकार पुष्य वर्मन् लगभग ३५० ई० में या उससे कुछ पहले गद्दी पर बैठा होगा।

यह पहले ही बताया जा चुका है कि समुद्रगुप्त के अधीन राज्यों में कामरूप भी था।[1] इस तथ्य को दृष्टि में रखते हुए कि वहाँ की मौखिक परम्परा भी कामरूप में एक ऐतिहासिक राजवंश के उद्भव की तारीख लगभग इस काल में ही बताती है, हमारा यह अनुमान संगत होगा कि यह राजवंश अपने उत्थान या महत्त्व के लिए किसी न किसी महान् सम्राट द्वारा प्रदत्त संरक्षण के प्रति ऋणी होगा। मिसाल के लिए, यह सम्भव है कि महान् गुप्त सम्राट ने सीमान्त प्रदेशों की वफादारी पक्की करने की सुज्ञात नीति के अनुसार उन अनेक छोटे-छोटे स्थानीय सरदारों में से, जिन्होंने कामरूप का इलाका आपस में बाँट रखा था, किसी एक को चुनकर उसे अपने अधीन सारे कामरूप का राजा नियुक्त कर दिया हो। पुष्य वर्मन् से बाद के राजा और रानी के नामों की भी शायद यही व्याख्या हो सकती है। समुद्र वर्मन् और दत्तदेवी के नाम निश्चय ही गुप्त सम्राट समुद्रगुप्त और उसकी रानी दत्तदेवी के नामों के अनुकरण मात्र हैं, क्योंकि राजा और रानी दोनों के नामों में ऐसा साम्य केवल संयोगवश ही सम्भव नहीं है। अगर हम यह नहीं सोचते कि गुप्त सम्राट का वास्तविक नाम अज्ञान और अस्पष्टता के कारण कामरूप के राजाओं की वंशावली में दर्ज कर दिया गया था, तो हमें यह मानना चाहिए कि पुष्य वर्मन् ने अपने अधीश्वर और संरक्षक के प्रति स्वामिभक्ति और आदर की भावना से प्रेरित होकर ही अपने पुत्र और बहू के नाम उस महान् गुप्त सम्राट और सम्राज्ञी के नामों पर रखे होंगे। यह दूसरी बात ही सही लगती है और गंग राजाओं[2] के इतिहास में इसकी मिसाल भी मिलती है।

इस वंश की जो मुहर नालन्दा में मिली है, उसमें पुष्य वर्मन् को प्राग्ज्योतिष का स्वामी कहा गया है, और पहले तीन राजाओं के नामों के आगे **महाराजाधिराज** की पदवी भी लगायी गयी है। चूँकि ये तीनों राजा निश्चित रूप से प्रारम्भिक गुप्त सम्राटों के समकालीन थे, इसलिए हम उनकी इन ऊंची पदवियों को अधिक महत्त्व नहीं दे सकते और न यह मान सकते हैं कि वे बड़े ताकतवर राजा थे। इस राज्य पर गुप्त सम्राटों का पूर्ण प्रभुत्व था, यह बात इससे प्रमाणित है कि पाँच सौ साल तक वहाँ गुप्त संवत् ही चलता रहा था। इसके अलावा, उस समय कामरूप या प्राग्ज्योतिष के राज्य की सीमा में आसाम की समूची घाटी भी नहीं थी, क्योंकि इलाहाबाद के शिलालेख में कामरूप के अतिरिक्त एक डवाक राज्य का भी उल्लेख है, जिसका क्षेत्र विद्वानों ने नगाँउ

---

१. देखिए पृ. ८।

२. गंग राजा अय्य वर्मन् ने, जिसे पल्लव राजा सिंहवर्मन् ने गद्दी पर बैठाया था, अपने पुत्र का नाम माधव सिंह वर्मन् रखा था।

जिले में कपिलि नदी की घाटी में निर्धारित किया है।[१] सन् ४२८ ई० में उस डवाक राज्य का अस्तित्व था, इसका अनुमान उसके दूतावास के चीनी विवरण से भी प्राप्त होता है, जो उस साल क-पि-लि के राजा ने भेजा था। यह नाम कपिलि नदी से व्युत्पन्न है, और सूचित करता है कि डवाक का राज्य इस नदी की घाटी में स्थित था।[२] इससे हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि चौथी और पाँचवीं शताब्दी में कामरूप गुप्तों के अधीन एक छोटा सा राज्य था। लेकिन हमें इस राज्य के पहले छः शासकों के नामों के अतिरिक्त और कुछ भी मालूम नहीं है। राजकीय मुहर के अनुसार सातवें राजा नारायण वर्मन् या उसके पूर्ववर्ती राजा ने दो बार अश्वमेध यज्ञ किये थे।[३] इससे जाहिर होता है कि उसके राज्य काल में इस घराने की शक्ति बढ़ गयी होगी। सम्भव है कि उसने ईसा की छठी शताब्दी के पूर्वार्ध में गुप्त सम्राटों की अधीनता से मुक्ति प्राप्त कर ली हो।[४]

लेकिन इसमें सन्देह नहीं कि अगले राजा भूति वर्मन् के काल में कामरूप एक शक्तिशाली राज्य बन गया था। पुराने डवाक राज्य को ही नहीं, बल्कि सुर्माघाटी (सिलहट जिला) को भी कामरूप राज्य में शामिल कर लिया गया था। कपिलि की घाटी में एक शिला पर उत्कीर्ण संक्षिप्त अभिलेख में कहा गया है कि **महाराजाधिराज** भूति वर्मन् ने अश्वमेध यज्ञ किया था। यह राजा सम्भवतः ईसा की छठी शताब्दी के मध्य में हुआ था।[५]

---

१. देखिए पृ. ८

२. ज. रा. ए. सो., १९२०, पृ. २२७ प. पृ.।

३. यह स्पष्ट नहीं है कि "दो अश्वमेध यज्ञों का कर्त्ता" से मतलब उस राजा से है जिसका नाम इस विशेषण से पहले आता है या बाद में।

४. उन दिनों गुप्त साम्राज्य जिन राजनीतिक परिस्थितियों में से गुजर रहा था, (जिनका पहले वर्णन किया जा चुका है : परिच्छेद ६) उनको देखते हुए इसकी सम्भावना पैदा हो गयी थी। लेकिन डॉ. एन. के. भट्टसलि का यह मत कि गुप्त साम्राज्य का पतन 'कामरूप के वर्मन् राजाओं के आक्रमणों' के कारण हुआ था, (इ. हि. क्वा., XXI. २४) निराधार है।

५. भास्कर वर्मन् के निधनपुर में मिले ताम्रपत्र से हमें ज्ञात होता है कि प्रारम्भ में भूति वर्मन् ने २०० ब्राह्मणों को जागीरें बांटी थीं, लेकिन चूँकि अनुदान-पत्र खो गया था, इसलिए भास्कर वर्मन् ने दोबारा अनुदान-पत्र जारी किया था। कुछ जागीरों की स्थिति विद्वानों के अनुसार उत्तरी बंगाल में पायी गयी है, लेकिन वे सिलहट के क्षेत्र में थीं, इसमें कोई सन्देह नहीं है। (इस विषय पर विभिन्न मतों को जानने के लिए देखिए, उन विद्वानों की पुस्तकें जिनका भंडारकर की 'लिस्ट आफ इंस्क्रिप्शंस', सं. १९६९ में उल्लेख हुआ है; तथा साथ ही देखिए ज. रा. ए. सो. ब. लें., I. ४१९ प. पृ.; इ. क. II. १५३ प. पृ.; इ. हि. क्वा., VII. ७४३ प. पृ.)।

भूति वर्मन् का एक संक्षिप्त विवरण कपिलि घाटी में प्राप्त हुआ है (ज. आ. रि. सो., VIII ३३; ई. इ. XXVII, १८)। अनुमान था कि उस पर गुप्त संवत् की एक तारीख थी (वर्ष २३४ या २४४), लेकिन सम्भवतः उस पर कोई तारीख नहीं है। (ई. इ. XXX. ६४)।

'**हर्षचरित**' में भास्कर वर्मन् के राजकुल का विवरण हर्षवर्धन के दरबार में भेजे गये उसके एक राजदूत से कराया गया है। वह राजदूत पौराणिक राजाओं में नरक, भागदत्त आदि का हवाला देने के बाद भूति वर्मन् से लेकर भास्कर वर्मन् तक उसके परवर्तियों का उल्लेख करता है। इससे शायद यह सूचित होता है कि भूति वर्मन् ही इस राजवंश की महानता का संस्थापक था। भूति वर्मन् के बारे में जो कुछ ऊपर कहा गया है, उससे भी इस अनुमान की पुष्टि होती है। जाहिर है कि गुप्त साम्राज्य के पतन का लाभ उठाकर उसने अपने राज्य की स्वतन्त्र सत्ता कायम की थी — अगर उसके बाप ने पहले ही ऐसा नहीं कर लिया हो — और गुप्त साम्राज्य के अंश डवाक और सुर्मा घाटी को मिलाकर अपने राज्य का विस्तार कर लिया था। यह भी सम्भव है कि उस समय कामरूप का राज्य पश्चिम में उत्तर बंगाल की करतोया नदी तक फैला हुआ था, जो इसकी प्राचीन सीमा रही है। इस प्रकार गुप्त साम्राज्य के खंडहर पर कामरूप का स्वतंत्र और शक्तिशाली राज्य उठ खड़ा हुआ था।

भूति वर्मन् के बेटे के बारे में कुछ भी ज्ञात नहीं है, लेकिन उसके पोते स्थित वर्मन् के बारे में कहा जाता है कि उसने दो बार अश्वमेध यज्ञ किये थे। उसके बेटे सुस्थित वर्मन् की, जो मृगांक भी कहलाता है, **हर्षचरित** में बड़ी प्रशंसा की गयी है और उसके नाम के आगे **महाराजाधिराज** की पदवी भी लगी है, जबकि भूति वर्मन् को सिर्फ **महाराज** कहा गया है। लेकिन सुस्थित वर्मन् के बारे में सिवाय इसके और कुछ नहीं मालूम है कि "परवर्ती गुप्त" राजा महासेन गुप्त से उसका युद्ध हुआ था।[1] और जिसमें वह हार गया था। इस अनबन का कारण अज्ञात है, लेकिन सम्भव है कि गुप्त सम्राटों के हाथ से निकले हुए क्षेत्रों को फिर से जीतने के लिए परवर्ती गुप्तों की तीव्र इच्छा के परिणामस्वरूप यह दुश्मनी पैदा हुई हो। शायद "परवर्ती गुप्तों" और कामरूप के राजाओं में यह दुश्मनी कुछ काल पहले से ही चली आ रही थी, और जैसा हम आगे चलकर देखेंगे, अगली पीढ़ी तक चलती रही थी। लगता है कि महासेन गुप्त अपनी सेना लेकर ब्रह्मपुत्र के तट तक बढ़ता चला गया था और वहाँ उसने युद्ध में एक महान् विजय प्राप्त की थी। लेकिन इसका कोई स्थायी परिणाम नहीं निकला।

स्थित वर्मन् के बाद उसका बड़ा बेटा सुप्रतिष्ठित-वर्मन् गद्दी पर बैठा। वह और उसका भाई भास्कर वर्मन् गौड़ के राजा से युद्ध में हार गये और उसके द्वारा कैद कर लिये गये लेकिन कुछ दिनों के बाद शायद अपनी वफादारी का वचन देने पर वे मुक्त हो गये।[2] जैसा पहले सुझाया जा चुका है, विजयी गौड़ राजा महासेन गुप्त ही रहा होगा।[3] सुप्रतिष्ठित वर्मन् के बाद उसका अनुज भास्कर वर्मन् गद्दी पर बैठा।

---

१. देखिए, पृ. ८३।

२. हाल में ही दूबी में मिले भास्कर वर्मन् के ताम्रपत्र से यह बात ज्ञात हुई है। (ई. इ. XXX. २८७) इससे यह स्पष्टतः प्रमाणित है कि सुप्रतिष्ठित वर्मन् गद्दी पर बैठा था, यद्यपि **हर्षचरित** में उसका नाम छोड़ दिया गया है।

३. देखिए पृ. ८६। यह भी नामुमकिन नहीं है कि यह गौड़ राजा शशांक हो।

अपने समय की राजनीति में उसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका थी, जिसका वर्णन बाद के परिच्छेद में किया जाएगा।

६. उड़ीसा

उड़ीसा के गुप्तकालीन इतिहास के बारे में कुछ भी ज्ञात नहीं है। इस बात का अनुमान दिलचस्प होगा कि आखिर समुद्रगुप्त, अपनी फौज के साथ दक्षिण के पूर्वी तट तक कोसल (छत्तीसगढ़) के पहाड़ी इलाके से होकर क्यों गया था, और उसने पश्चिमी बंगाल और उड़ीसा का आसान रास्ता क्यों नहीं अपनाया था? उड़ीसा अगर उसके साम्राज्य का अंग था, तब तो इस प्रश्न का उत्तर और भी मुश्किल है, और यह विश्वास करना कठिन है कि वह सुदूर दक्षिण तक पहले उड़ीसा को जीते बिना ही चला गया। जो भी हो, हमें किसी ऐसे राजवंश का पता नहीं है जो चौथी और पाँचवीं सदी में उड़ीसा पर राज्य कर रहा था और हम इस बात पर विश्वास कर सकते हैं कि उड़ीसा उन क्षेत्रों के अन्तर्गत था, जिनका शासन-प्रबन्ध सीधे गुप्त सम्राटों के हाथ में था।

ईसा की छठी शताब्दी के मध्य में उड़ीसा के दक्षिणी भाग पर एक सामन्त परिवार का शासन था। उड़ीसा में खल्लीकोट के पास एक गाँव में, जिसका नाम सुमंडल है, एक अभिलेख मिला है।[1] उससे पता चलता है कि गुप्तों के साम्राज्य में, गुप्त संवत् के २५० वें वर्ष में (सन् ५६९-५७० ई०) कलिंग पर राजा पृथ्वी-विग्रह शासन करता था और उसके अधीन एक नरेश **महाराज** धर्मराज था, जिसका प्रधान कार्यालय खल्लीकोट के निकट पद्मखोली में था। इससे साबित होता है कि गुप्त साम्राज्य के अन्तिम दिनों में भी उड़ीसा गुप्त सम्राटों[2] को अपना परम शासक स्वीकार करता रहा। यह बात और इसके साथ ही यह तथ्य भी, कि इस अभिलेख में तथा गंजाम में मिले गुप्त संवत् ३०० (सन् ६१९ ई०) में अनुदान-पत्र में, जिसका आगे चलकर जिक्र किया जायेगा, गुप्त संवत् का ही प्रयोग किया गया है, इस मत की पुष्टि करते हैं कि कुछ समय तक उड़ीसा गुप्त साम्राज्य का अविच्छेद्य अंग था।

दुर्भाग्य से पृथ्वी-विग्रह या उसके कुल के बारे में हमें और कुछ भी ज्ञात नहीं है। उसका यह दावा कि वह कलिंग पर राज करता था, अन्य राजाओं द्वारा किये गये ऐसे दावों के साथ मेल नहीं खाता, जिनका परिच्छेद ११ (ग II) में जिक्र किया गया है। अधिक सम्भावना इसी बात की है कि उसका अधिकार क्षेत्र कलिंग के उत्तरी भाग तक ही सीमित था।

गुप्तों का आधिपत्य और उसके साथ ही पृथ्वी-विग्रह और उसके परिवार का राज सन् ५७० ई० के फौरन बाद ही समाप्त हो गया होगा क्योंकि ईसा की छठी

---

१. देखिए, पृ. ४७।
२. देखिए, पृ. ४६।

शताब्दी के अन्तिम चतुर्थांश में हम उड़ीसा के उत्तरी और दक्षिणी भागों में क्रमशः मान और शैलोद्भव परिवारों को राज करते हुए पाते हैं। इसमें जरा भी संदेह नहीं कि गुप्त साम्राज्य के पतन से इन परिवारों का उत्थान हुआ था।

मान परिवार के उत्थान की कहानी हजारीबाग जिले में प्राप्त अभिलेख[१] में अंकित है, जिसमें कहा गया है कि वे तीन भाई थे उदयमान, श्रीधौतमान और अजितमान। तीनों व्यापारी थे, व्यापार की खातिर ही अयोध्या से ताम्रलिप्ति गये थे। बहुत धन कमाने के बाद, घर वापस लौटते समय, वे कुछ दिनों तक एक गाँव में ठहरे, शायद उसी क्षेत्र के किसी गाँव में जहाँ यह अभिलेख मिला है। मगध के राजा आदित्यसिंह की कृपा से, जिसका इस क्षेत्र पर राज था, उदयमान इस गाँव का शासक बन गया और उसने अपने अधीन अपने दोनों भाइयों को पड़ोस के दो गाँवों का शासक बना दिया। इस प्रकार गया और मिदनापुर जिलों के पहाड़ी क्षेत्र में एक छोटी सी रियासत पैदा हो गयी। इस रियासत की स्थापना की तारीख अज्ञात है, लेकिन ईसा की सातवीं या आठवीं शती में जब यह परम्परागत विवरण अंकित किया गया तब तक उदयमान की परवर्ती कई पीढ़ियाँ राज कर चुकी थीं।

ईसा की छठी शताब्दी के अन्तिम चतुर्थांश में उड़ीसा के अधिकांश भाग पर किसी मान वंश का राज्य था, जो सम्भवतः उपरोक्त मान परिवार से अभिन्न था। उसके एक राजा शम्भु यशस्[२] के दो अभिलेखों से, जिन पर २६० और २८३ की तारीखें हैं, हमें पता चलता है कि वह उत्तरी और दक्षिणी तोसली पर राज करता था, जिसके अन्तर्गत बलसौर से लेकर पुरी तक, सारा उड़ीसा आता था। दोनों तारीखें गुप्त संवत् की हैं।[३] उनके अनुसार शम्भु यशस् का राज्यकाल सन् ५८० और ६०३ ई० के बीच हुआ। शम्भु यशस् स्वयं मानकुल का सदस्य था, या केवल उनके अधीन एक शासक था, इसका निर्णय नहीं किया जा सकता। लेकिन इसमें कोई सन्देह नहीं है कि मान वंश का सारे उड़ीसा पर आधिपत्य था और उसके शासक शाही पदवियाँ भी धारण करते थे।[४]

लगभग उन्हीं दिनों, जब उड़ीसा के अधिकांश भाग पर मानवंश राज कर रहा था, कंगोद पर शैलोद्भव वंश[५] का राज था। यह राज्य चिल्काझील या उससे भी कुछ उत्तर से लेकर गंजाम जिले के महेन्द्रगिरि पर्वतों तक फैला हुआ था और पश्चिम में

---

१. ई. इ., II, ३४३। कुल-नाम मान और माण दोनों रूप में लिखा गया है।

२. ई. इ., IX, २८५; XXIII. १९८।

३. ज. रा. ए. सो. ब. ले, XI. ४ प. पृ.।

४. मान भूमि जिले को शायद इन मान शासकों ने ही नाम दिया होगा। बाद के विवरणों में मान राजाओं का उल्लेख मिलता है। कर राजा शान्तिकर द्वितीय ने सिंहमान की बेटी से विवाह किया था और ईसा की बारहवीं शती के दो विवरणों में दो मान राजाओं के नामों का उल्लेख मिलता है। (ई. इ., II, ३३३)

५. शैलोद्भवों के पूरे विवरण के लिए देखिए ज. आ. हि. रि. सो. X. १ प. पृ.।

उन पहाड़ियों तक पहुँचता था जो कुछ दिन पहले मौजूद कालाहांडी रियासत की पश्चिमी सीमा हैं। शैलोद्भवों का इतिहास अनेक अभिलेखों से ज्ञात है। इस राजवंश का संस्थापक रणभीत (या अरणभीत) ईसा की छठी शताब्दी के उत्तरार्ध में हुआ था और शायद उसने भी गुप्तसाम्राज्य के पतन से हुई अराजकता और गड़बड़ी का लाभ उठाकर एक स्वतन्त्र राज्य की स्थापना की थी। उसके बाद उसके तीन राजा क्रमशः गद्दी पर बैठे — उसका बेटा सैन्यभीत (प्रथम) माधवराज, पोता अयशोभीत और परपोता सैन्यभीत (द्वितीय) माधवराज (द्वितीय)। इनमें अन्तिम राजा सन् ६१९ ई० से कुछ पहले ही गद्दी पर बैठा था। मानवंश से इन राजों का क्या रिश्ता था, इसका ठीक-ठीक निर्णय नहीं किया जा सकता। यह नामुमकिन नहीं है कि कुछ समय तक वे मान शासकों का प्रभुत्व मानते रहे हों, क्योंकि दक्षिणी तोसली में वह प्रदेश भी शामिल था, जहाँ कंगोद स्थित था। लेकिन हमें यह ज्ञात नहीं है कि शम्भु यशस् का राज पूरे तोसली पर था या केवल उसके उत्तरी भाग पर।

जो भी हो, इसमें सन्देह नहीं है कि मान और शैलोद्भव, इन दोनों के राज्य कुछ दिन में ही शशांक के कब्जे में आ गये। हमें उन फौजी अभियानों का कुछ भी पता नहीं है, जिनके द्वारा शशांक इन राज्यों का स्वामी बना था। लेकिन सैन्यभीत (द्वितीय) माधवराज (द्वितीय) के सन् ६१९ ई० के एक अभिलेख से जाहिर होता है कि वह तब तक शशांक का सामन्त (अधीन शासक) बन चुका था। शशांक ने उड़ीसा में मान वंश का आधिपत्य समाप्त कर वहाँ अपना प्रशासन चलाने के लिए सोमदत्त नाम का पदाधिकारी नियुक्त किया। बाद में इस सोमदत्त का पद बढ़ाकर उसे **सामन्तमहाराज** बना दिया गया और वह उत्कल (उड़ीसा) और दंडभुक्ति (मिदनापुर जिला) इन दोनों क्षेत्रों पर शशांक के गवर्नर के रूप में शासन करने लगा। सोमदत्त के बाद कम से कम उत्कल प्रदेश में उसकी जगह पर भानुदत्त शासन करने लगा, लेकिन उसके अभिलेखों से यह स्पष्ट नहीं है कि वह शशांक को अपना अधिराज मानता था।

जैसा पहले लिखा जा चुका है शशांक की मृत्यु के बाद उसका साम्राज्य छिन्न-भिन्न हो गया और उड़ीसा आजाद हो गया। इस जमाने में ही ह्वेन-त्सांग ने इस क्षेत्र की यात्रा की थी, और उसने कंगोद राज्य के बारे में निम्न विचार प्रकट किए थे :

"इस देश की सीमाओं के भीतर पहाड़ियों के किनारे, दसियों छोटे-छोटे नगर हैं जो समुद्र तटवर्ती पहाड़ियों के किनारे किनारे बसे हैं। ये स्वतः ऊँचे और मजबूत हैं जो सैनिक बहादुर और साहसी हैं, वे अपनी ताकत के जोर से पड़ोसी क्षेत्रों पर भी राज करते हैं, जिससे उनका कोई प्रतिरोध नहीं कर पाता।"

इस वक्तव्य से लगता है कि शैलोद्भव सिर्फ स्वाधीन ही नहीं थे, बल्कि उन्होंने पड़ोस के क्षेत्रों को भी अपने काबू में कर लिया था। शैलोद्भव राजा सैन्यभीत (द्वितीय) माधवराज (द्वितीय) के विवरणों से भी इस बात की पुष्टि होती है। सन् ६१९ ई० में जारी किये गये उसके एक अनुदान-पत्र में अधिराज के रूप में शशांक का नामोल्लेख किया

गया है। लेकिन एक दूसरे अनुदान-पत्र में, जिस पर कोई तारीख नहीं दी गयी है, अधिराज के रूप में शशांक का कोई उल्लेख नहीं है। राजा ने कंगोद के जयस्कंधावार से यह अनुदान-पत्र जारी किया था और समूचे कलिंग पर अपनी सर्वोपरि प्रभुसत्ता का दावा किया था। यह कुछ हद तक अतिरंजित हो सकता है, लेकिन सम्भव है कि उड़ीसा का अधिकांश भाग उसके हाथ में आगया हो क्योंकि ह्वेन-त्सांग ने उ-चा या उड्र का, जो उड़ीसा से मेल खाता है, शक्तिशाली या महत्त्वपूर्ण राज्य के रूप में उल्लेख नहीं किया, और उसकी राजनीतिक हैसियत के बारे में तो वह बिल्कुल खामोश रहा है। जो भी हो उत्कल और कंगोद अधिक समय तक अपनी स्वाधीनता का उपभोग नहीं कर सके। शशांक की मृत्यु के बाद तुरन्त हर्षवर्धन ने पूरब की दिशा में अपना अभियान शूरू कर दिया और सन् ६४३ ई० तक ये दोनों राज्य जीत लिये।

परिच्छेद : ६

हर्षवर्धन और उसका काल

I. थानेश्वर का राज्य

स्थाण्वीश्वर (आधुनिक थानेश्वर) का राज्य कब अस्तित्व में आया, यह अज्ञात है। बाणभट्ट[1] के अनुसार यह श्रीकंठ देश में स्थित एक नगर और इर्द-गिर्द के जिले दोनों का नाम था, और इस राज्य की स्थापना पुष्पभूति ने की थी। बाण ने इस राजा[2] का विस्तृत और किंचित् चमत्कारपूर्ण वर्णन किया है, लेकिन और किसी स्रोत से उसके बारे में कुछ भी ज्ञात नहीं है। बाण ने राजा पुष्पभूति के तत्काल बाद वाले उत्तराधिकारियों के बारे में कुछ नहीं कहा है। उसने ऐतिहासिक विवरण राजा प्रभाकरवर्धन से शुरू किया है, जो उसके कुल में पैदा हुआ था।[3]

लेकिन राजकीय मुहरों और अभिलेखों में कुछ और राजाओं के नाम सुरक्षित मिले हैं, जिनके आधार पर निम्न वंश-क्रम तालिका तैयार की गयी है :

महाराज नरवर्धन = वज्रिणी देवी

|

महाराज राज्यवर्धन = अप्सरो देवी

|

महाराज आदित्यवर्धन = महासेन गुप्ता देवी

|

परमभट्टारक महाराजाधिराज

प्रभाकरवर्धन = यशोमती देवी

|

परमभट्टारक महाराजाधिराज	**परमभट्टारक महाराजाधिराज**
राज्यवर्धन	हर्षवर्धन

---

१. ह. च., पृ. ७९ प. पृ.

२. ह. च., पृ. ८३ प. पृ.।

३. ह. च., पृ. १०१ प. पृ.।

बाणभट्ट के **हर्षचरित** से हमें ज्ञात होता है कि प्रभाकर वर्धन प्रतापशील भी कहलाता था। उसका एक दूसरा पुत्र भी था जिसका नाम कृष्ण था और एक बेटी थी, जिसका नाम राज्यश्री था।[1]

उपर्युक्त वंशावली से साफ जाहिर है कि पहले तीन राजा केवल **महाराज** कहलाते थे और प्रभाकर वर्धन ही सबसे पहले **महाराजाधिराज** कहलाया था। चूंकि बाण के अनुसार सन् ६०६ ई० में, हर्ष के गद्दी पर बैठने से कुछ समय पहले ही, प्रभाकरवर्धन की मृत्यु हुई थी, इसलिए हम उसके राज्यकाल का आरम्भ लगभग सन् ५८० ई० से मान सकते हैं। अगर उसकी मां महासेन गुप्ता देवी को "परवर्ती गुप्त" राजा महासेन गुप्त की बहन मान लें, जैसा नामों के साम्य से बिल्कुल सम्भव लगता है, तो भी हम उसकी तारीख के बारे में इसी निर्णय पर पहुँचते हैं।

इसका यह अर्थ हुआ कि थानेश्वर का राज्य छठी शती ईसवी के अन्तिम चतुर्थांश से पहले अधिक शक्ति या महत्त्व प्राप्त नहीं कर सका था। इस समय से पहले का उसका इतिहास या उसकी पद-स्थिति बिल्कुल अज्ञात है। उसके पहले तीन राजा, जो शायद सन् ५०० और ५८० ई० के बीच हुए थे, केवल सामन्त नरेश मात्र भी हो सकते हैं, जो या तो हूणों के अधीन थे या गुप्त सम्राटों के, या विभिन्न समयों में दोनों के। इसकी भी काफी सम्भावना है कि कुछ दिनों तक वे मौखरियों के भी अधीन रहे हों, क्योंकि गुप्त साम्राज्य के अन्त और हूणों की पराजय के तत्काल बाद ही उन्होंने **महाराजाधिराज** की उपाधि का दावा नहीं किया था, जैसा मौखरियों ने किया था। उन्होंने यह उपाधि ईशान वर्मन् की मृत्यु के कुछ समय बाद ही धारण की, जब मौखरियों की शक्ति काफी क्षीण हो गयी थी। इस मत की पुष्टि उस वक्तव्य से भी होती है, जो बाणभट्ट ने राजा प्रभाकर वर्धन के मुँह से कहलवाया है, कि "मौखरी सभी राजाओं के सिरमौर हैं, शिव के पद-चिह्नों की तरह जिन्हें सारी दुनिया पूजती है।"[2] यह अनुमान किया जा सकता है कि ईशान वर्मन् की मृत्यु के बाद ही इस राजवंश की महत्ता बढ़ी थी और "परवर्ती गुप्तों" की एक राजकुमारी से आदित्यवर्धन का विवाह शायद उनकी सत्ता और महत्ता दोनों के उत्थान का निश्चित कदम साबित हुआ था। बहरहाल, फिर भी, यह सब अनुमान मात्र है, और जब तक ठोस प्रमाण नहीं मिलते, कोई निश्चित मत नहीं पेश किया जा सकता।

प्रभाकर वर्धन के राजगद्दी पर बैठने के बाद, थानेश्वर का इतिहास एक निश्चित रूप अख्तियार कर लेता है। इसका श्रेय उसके समकालीन विद्वान् बाणभट्ट को है, जिसने हर्ष का जीवन चरित (**हर्षचरित**) लिखा है।

---

१. ह. च., पृ. १०१, ४०, ११६। बाण ने स्पष्ट कहा है (पृ. १०६) कि रानी यशोवती (मुहरों और अभिलेखों में जिसे यशोमती कहा गया है) के केवल तीन बच्चे थे। इसलिए कृष्ण किसी दूसरी रानी से पैदा हुआ होगा।

२. देखिए पृ. ७४।

हालांकि बाण ने प्रभाकरवर्धन के बारे में कई अध्याय लिखे हैं, लेकिन ऐतिहासिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण सिर्फ छः विशेषणात्मक पद ही हैं, जिनमें राजा के गुणों का वर्णन करते हुए कहा गया है कि वह "हूण-मृगों के लिए मृगराज (सिंह) है; सिन्धु के राजा के लिए उत्तप्त ज्वर है; गुर्जर राजा की निद्रा में विघ्न डालने वाला है, गन्धार नरेश जैसे घ्राणशक्ति वाले हाथी के लिए पित्त-ज्वर है, लाटों के कौशल का संहारक है, मालवा की भाग्यदेवी जैसी कोमल लता के लिए परशु है।"[१] यह काव्यात्मक वर्णन हमें सन्देहजनक स्थिति में डाल देता है कि उसने सचमुच इन राजाओं में से किसी को युद्ध में हराया था या कि वह उनके लिए सिर्फ एक खतरा बन गया था। हूणों के बारे में बाद में बताया गया है कि अपनी मृत्यु से कुछ समय पहले उसने अपने बड़े बेटे राज्यवर्धन को फौज लेकर लड़ने के लिए उत्तरा-पथ भेजा था। लेकिन इस अभियान का क्या परिणाम निकला, यह अज्ञात है। शायद युद्ध नहीं हुआ, क्योंकि पिता की सांघातिक बीमारी के कारण राज्यवर्धन को अचानक वापस बुला लिया गया था। उपर्युक्त नपी-तुली एवं प्रभावपूर्ण शब्दावली में बाण का संकेत हूणों के विरुद्ध इस अभियान की ओर है या किसी पूर्ववर्ती अभियान की ओर, यह हम नहीं जानते। ऐसा लगता है कि हूणों का राज्य हिमालय के पद-गिरि प्रदेश से दूर नहीं था, और हम उसे उत्तर पंजाब में स्थित मान सकते हैं।

जिन दूसरे राज्यों का उल्लेख किया गया है — सिन्धु, गन्धार, लाट और मालव उनके नाम सुपरिचित हैं। उन दिनों मालवा पर मैत्रकों का राज था या कलचुरियों का या देवगुप्त का, इसका निश्चित पता नहीं है। इसलिए गुर्जर राज से यहाँ तात्पर्य राजपूताने का गुर्जर राज्य समझना चाहिए, जिसे उन दिनों गुर्जरत्रा कहते थे और जिसकी स्थापना हरिश्चन्द्र[२] ने की थी। सम्भवतः इस परिवार की एक शाखा लाट अर्थात दक्षिणी गुजरात पर राज कर रही थी।[३]

बाण ने जिन विरोधी राज्यों के नाम गिनाये हैं, उनको दो वर्गों में बांटा जा सकता है, अर्थात उत्तर और पश्चिम में हूण, गन्धार और सिन्धु तथा दक्षिण में लाट, मालव और गुर्जर। लेकिन यह विश्वास करना कठिन है कि प्रभाकरवर्धन अकेला ही इन सब राज्यों पर आक्रमण कर सकता था, विशेषकर सिन्धु (सिन्ध नदी की निचली घाटी) और लाट पर, जो पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम में बहुत दूर पर स्थित थे। सम्भावना इस बात की हो सकती है कि उसने दो राज्य-संघों से युद्ध किया हो, या उनके साथ उसके दुश्मनी के सम्बन्ध हों। अगर हम मान लें कि इन दोनों संघों के सदस्य राज्यों

---

१. यहां अंगरेजी अनुवाद पृष्ठ १०१ पर दिये गये कॉवेल (Cowell) के अनुवाद से किंचित भिन्न है। गुर्जर, जैसा आगे नोट किया गया है, गुजरात का पर्याय नहीं है और **पाटव** का अर्थ यहाँ "कौशल" लगाया गया है, न कि अराजकता।

२. देखिए पृ. ७४।

३. इस पर मैंने ज. डि. ले. X. १ प. पृ. में विस्तार से विचार किया है। साथ ही, ऊपर देखिए पृ. ७२ प. पृ.।

की सीमाएँ उसके राज्य की सीमा से जुड़ी हुई थीं, तो उसके राज्य की सीमाएँ इस प्रकार अनुमानित की जा सकती हैं : पूर्व में यमुना (या गंगा) और पश्चिम में व्यास नदी तक और उत्तर में हिमालय और दक्षिण में राजपूताना तक।

जैसा ऊपर लिखा जा चुका है, हूणों पर आक्रमण करने के लिए जब राज्यवर्धन फौज लेकर कई मंजिल आगे बढ गया था, तब उसे अचानक अपने पिता की बीमारी की खबर मिली और वह तुरन्त राजधानी को लौट आया। उसके पिता की इस बीच मृत्यु हो चुकी थी और उसकी माँ यशोमती वैधव्य के कलंक से बचने के लिए सरस्वती के तट पर चिता में जलकर सती हो गयी थी। शोक से व्याकुल होकर उसने छोटे भाई हर्ष के पक्ष में राजगद्दी त्याग देने और संन्यास का जीवन बिताने का निश्चय किया। लेकिन हर्ष भी प्रभुसत्ता का भार उठाने के लिए तैयार नहीं हुआ और उसने भी भाई के समान ही संन्यास ग्रहण करने का फैसला किया।

लेकिन कन्नौज से गम्भीर समाचार लेकर एक दूत के पहुँचने पर ये सब फैसले बदल गये। दूत ने खबर दी कि प्रभाकर वर्धन की मृत्यु के फौरन बाद — दरअसल मौखरी दरबार में यह खबर पहुँचने के दिन ही — मालवा के राजा ने ग्रहवर्मन की हत्या कर डाली है। उसने रानी राज्यश्री तक को गिरफ्तार करके कन्नौज में कैद कर लिया है और सुनने में आया है कि वह थानेश्वर पर भी चढ़ाई करने की योजना बना रहा है। यह खबर सुनते ही राज्यवर्धन ने जल्दी से दस हजार घुड़सवारों की फौज जमा की और राज्य की देखभाल की खातिर अपने भाई हर्षवर्धन को वहीं छोड़कर मालवा के राजा से लड़ने के लिए कूच कर दिया। राज्यवर्धन ने बड़ी आसानी से मालवा की फौज को परास्त करके तितर बितर कर दिया, लेकिन वह "गौड़ के राजा की झूठी विनयशीलता के फुसलावे में आ गया, जिसने धोखे से राज्यवर्धन का कत्ल कर दिया।[१]

II. हर्ष और कन्नौज

इस दुर्घटना की खबर जब हर्ष को मालूम हुई तो उसने गौड़ के राजा शशांक से बदला लेने की प्रतिज्ञा की। उसने कहा, "मैं शपथ उठाता हूं कि निश्चित दिनों के अन्दर अगर इस पृथ्वी को गौड़ों से खाली नहीं कर सका . . . .तो एक पतंगे की तरह मैं अपने पापी शरीर को तेल से प्रज्ज्वलित आग की लपटों में झोंक दूंगा।"[२] बाण के अनुसार उसने दिग्विजय का संकल्प किया, यहाँ तक कि उसने अपने मंत्री को आदेश दिया कि वह सारे भारत में यह घोषणा प्रसारित करवा दे कि सारे राजा या तो

---

१. ह. च., पृ. १७८. देखिए परिशिष्ट।

२. ह. च., पृ. १८७. ह्वेन-त्सांग के अनुसार हर्ष ने कहा था; मेरे भाई के दुश्मनों को अभी तक सजा नहीं मिली, पड़ोसी देशों को अभी तक अधीन नहीं बनाया गया, जब तक यह काम पूरा नहीं हो जाता मेरा दाहिना हाथ कौर उठाकर मेरे मुँह में नहीं देगा। (बील I, २१३)।

उसका प्रभुत्व स्वीकार करें या उससे युद्ध करें।[१] फिर कुछ दिनों के बाद शुभ लग्न में, हर्ष "चारों दिगन्तों को जीतने के लिए अपने अभियान पर निकल पड़ा।"[२]

वह अभी कुछ दूर ही गया होगा कि उसके शिविर में उससे मिलने के लिए हंसवेग आया। हंसवेग प्राग्ज्योतिष (आसाम) के राजा का, जो कुमार या भास्कर वर्मन् दोनों नामों से प्रसिद्ध था, विशेष दूत था।[३] दूत ने बताया कि उसके स्वामी की प्रतिज्ञा है कि वह शिव के अतिरिक्त और किसी के आगे मस्तक नहीं टेकेगा इसलिए वह हर्ष से स्थायी मैत्री चाहता है। हर्ष ने सहर्ष यह प्रस्ताव स्वीकार कर लिया और उसने भास्कर वर्मन् से मिलने की इच्छा प्रकट की। हंसवेग ने उत्तर दिया कि उसका स्वामी कुछ ही दिनों में वहाँ पहुँच जायेगा।[४] इस मैत्री के बारे में बाण ने हालाँकि और कुछ नहीं लिखा, लेकिन यह अनुमान संगत लगता है कि गौड़ के राजा शशांक के विरुद्ध, जो भास्कर वर्मन् का पड़ोसी था और इस समय दोनों का सामान्य दुश्मन था, इस मैत्री का आधार सुरक्षात्मक था। इस कूटनीतिक कदम का क्या परिणाम निकला, इस पर आगे चलकर विचार किया जायगा।

हर्ष अपनी फौज लेकर आगे बढ़ता जा रहा था कि उसकी भेंट भण्डि से हो गई। भण्डि राजवर्धन की फौज के बचे हुए सैनिकों और मालव राजा से लूटे हुए माल, फौजी सामान और बन्दी सैनिकों के साथ लौट रहा था। उससे अपने भाई की मृत्यु का पूरा ब्यौरा सुनने के बाद हर्ष ने अपनी बहन राज्यश्री के बारे में पूछा। भण्डि ने उत्तर दिया कि उसने अफवाह सुनी है कि कैद से छुटकारा पाकर राज्यश्री अपने सेवकों और सेविकाओं के साथ विन्ध्यपर्वत के जंगल में चली गयी है। उसकी खोज करने के लिए भेजी गयी टोलियाँ अभी तक वापस नहीं लौटी हैं।[५] यह सुनकर हर्ष ने भण्डि को आदेश दिया कि वह उसकी फौज को लेकर गौड़ पर चढ़ाई करे और वह खुद अपनी बहन की खोज में निकल पड़ा। कुछ दिनों में वह विन्ध्य के जंगलों में जा पहुँचा और बहन की खोज में लगातार घूमते-फिरते वह उस स्थान पर जा पहुँचा जहाँ राज्यश्री चिता में बैठकर अपने को भस्म करने की तैयारी कर रही थी। इसके बाद हर्ष अपनी बहन को साथ लेकर अपनी फौज के शिविर में लौट आया, जो गंगा के तट पर पड़ाव डालकर विश्राम कर रही थी।

बाण की कहानी, जिससे उपर्युक्त ब्यौरा लिया गया है, अचानक यहीं पर समाप्त हो जाती है, और इसके पश्चात् हर्ष के जीवनचरित का ब्यौरा काल-क्रम या घटनाक्रम

---

१. ह. च., पृ. १८७।

२. ह. च. पृ. १९७।

३. ह. च., पृ. २११; या. ट्रै, वा., I. ३४८ मूल पाठ में "कुमार" नाम का भी उल्लेख है (पृ. २१४), लेकिन अंगरेजी के अनुवादकों से यह नाम छूट गया है।

४. ह. च., प. २२३, २८०।

५. ह. च., पृ. २२४।

के अनुसार उपलब्ध नहीं होता। उसके शेष जीवनचरित के बारे में जानने का हमारे पास एक मात्र स्रोत चीनी यात्री ह्वेन-त्सांग का विवरण है, जिसने सन् ६३० से लेकर ६४४ ई० तक सारे भारत का भ्रमण किया था और जिसका हर्षवर्धन ने विशेष आदर सम्मान से सत्कार किया था।

ह्वेन-त्सांग के विवरण में सबसे उल्लेखनीय बात यह है कि वह हर्षवर्धन और उसके दो पूर्वजों को कन्नौज का राजा बताता है, और थानेश्वर के राज्य से उनका कोई सम्बन्ध था, इसका कहीं जिक्र नहीं करता। उसने विस्तार से वर्णन किया है कि राज्य वर्धन की मृत्यु के बाद किस प्रकार महामंत्री पो-नी[1] का आदेश पाकर मंत्रियों ने हर्ष से सिंहासनारूढ़ होने की प्रार्थना की। फिर बताया गया है कि हर्ष ने गंगातट पर स्थापित अवलोकितेश्वर बोधिसत्व की मूर्ति के पास जाकर उनकी अनुमति माँगी। बोधिसत्व ने संकेत किया कि कर्ण-सुवर्ण के राजा ने बुद्ध-धर्म को उलट दिया है और आदेश दिया कि वह बौद्धमत के गौरव को पुनरुज्जीवित करने के लिए ही सिंहासन सँभाल ले। लेकिन बोधिसत्व ने उससे कहा कि वह वास्तविक गद्दी पर कब्जा न करे और न **महाराज** की उपाधि धारण करे। यह आदेश पाकर हर्षवर्धन कन्नौज का राजा बना और उसने शिलादित्य की तरह राजपुत्र की उपाधि धारण की।[2]

उपर्युक्त बातों से लगता है कि चीनी यात्री का विवरण बहुत अस्पष्ट और निरर्थक है। क्योंकि अपने भाई की मृत्यु के समय कन्नौज के राज्य से उसका कोई सम्बन्ध नहीं था। यह भी नहीं कहा जा सकता कि ह्वेन-त्सांग के वक्तव्य में थानेश्वर की गद्दी पर हर्षवर्धन के बैठने की घटना का वर्णन है। क्योंकि यह बाण के इस बहुत ही स्पष्ट और सुव्यक्त कथन से मेल नहीं खाता कि हर्ष ने अपने भाई की मृत्यु की खबर सुनते ही बिना ननुनच किए प्रभुसत्ता अपना कर हत्यारे से बदला लेने की शपथ ली थी।[3] बोधिसत्व के अन्तिम आदेश में निहित तात्पर्य को भी तथ्य रूप में नहीं माना जा सकता, क्योंकि हर्षवर्धन सचमुच ही गद्दी पर बैठा था और राजकीय उपाधियों का प्रयोग करता था।

लेकिन शायद ह्वेन-त्सांग के वक्तव्य में हमें उस स्थिति की अनुगूँज मिलती है, जिस स्थिति में हर्षवर्धन को कन्नौज की गद्दी पर बैठना पड़ा था। ह्वेन-त्सांग के वर्णन से यह स्पष्ट है कि सन् ६३६ ई० के लगभग जब वह कन्नौज पहुँचा था, उस समय हर्षवर्धन वहां का केवल राजा ही नहीं था, बल्कि कन्नौज इतने दिनों से उसकी अपनी राजधानी बन चुकी थी कि थानेश्वर से उसके प्रारम्भिक जीवन का सम्बन्ध

---

१. आमतौर पर पो-नी को भण्डि से अभिन्न माना जाता है। लेकिन जैसा डॉ. त्रिपाठी ने संकेत किया है, (हि. क., पृ. ७५ पां. टि. १), अगर कन्नौज की राजगद्दी के सन्दर्भ में इस प्रश्न को उठाया जाय, जैसा कि किया जाता है, तो यह शिनाख्त सम्भव नहीं है।

२. या. ट्रै. वा. I. ३४३।

३. देखिए त्रिपाठी, हि. क. पृ. ६८।

अब अतीत काल का केवल एक स्मृति-प्रसंग बन गया था। हमें यह ज्ञात नहीं है कि हर्ष कन्नौज पर कब और कैसे राज करने लग गया था, लेकिन आमतौर पर यह माना जाता है कि ग्रहवर्मन् कोई उत्तराधिकारी छोड़कर नहीं मरा था और जब उसकी रानी राज्यश्री ने राज्य का कार्यभार संभालने से इन्कार कर दिया तो महामंत्री पो-नि के प्रस्ताव पर जैसा ह्वेन-त्सांग ने लिखा है, कन्नौज के मंत्रियों ने हर्ष से गद्दी पर बैठने की प्रार्थना की। हर्ष ने, कुछ हिचकिचाने के बाद, बोधिसत्व के आदेश पर यह प्रार्थना स्वीकार कर ली। आरम्भ में उसने कन्नौज के राजा की उपाधि नहीं धारण की, बल्कि केवल एक संरक्षक या रीजेन्ट की तरह काम करता रहा, लेकिन कुछ समय के बाद, जब उसकी स्थिति मजबूत हो गयी तो उसने अपने आपको कन्नौज का अधिराज (परम भट्टारक) घोषित कर दिया और बाजाब्ता अपने संयुक्त राज्य की राजधानी थानेश्वर से हटाकर कन्नौज में स्थापित कर ली।[1]

घटनाओं का यह काल्पनिक पुनर्निर्माण मुख्य रूप से इस अनुमान पर आधारित है कि ग्रहवर्मन् अपना कोई अधिकारी छोड़कर नहीं मरा था। लेकिन नालन्दा में मिली एक मुहर से जिसका उल्लेख पहले किया जा चुका है, यह सिद्ध होता है कि ग्रहवर्मन् के अलावा भी अवन्तिवर्मन् का एक बेटा था, जिसने ग्रहवर्मन् के बाद शासन किया था। जैसा बाण ने स्पष्ट लिखा है ग्रहवर्मन् अवन्तिवर्मन् का ज्येष्ठ पुत्र था। हम इस मुहर से यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि ग्रहवर्मन् के बाद उसका कोई छोटा भाई गद्दी पर बैठा होगा। इससे उस अनुमान का आधार नहीं रह जाता है कि कन्नौज की गद्दी खाली थी, इसलिए हर्ष वर्धन को अर्पित की गई थी।

इसके अलावा, नेपाल के अभिलेख में एक मौखरी राजा भोग वर्मन् का उल्लेख है, जो सम्भवतः राजा अंशुवर्मन् का भानजा और राजा शिवदेव द्वितीय का श्वसुर था। उसके बाप का नाम शूरसेन था और सन् ६३७-६३८ ई० के एक राजकीय अनुदान-पत्र में उसे **दूतक** बताया गया है। डा० बसाक[2] का अनुमान है कि शूरसेन कोई मौखरी राजा था, जिसने हर्ष की मृत्यु के बाद शायद कन्नौज पर राज किया होगा। लेकिन नालन्दा की मुहर के अनुसार वह ग्रहवर्मन् का वारिस हो सकता है, विशेषकर इसलिए कि मुहर पर भी उसका नाम "सु" से ही शुरू होता है। जो भी हो, इतना तो निश्चित लगता है कि ग्रहवर्मन् की मृत्यु के बाद कन्नौज में कोई मौखरी शासक हुआ था और इस सीधे वर्णन से कि गद्दी खाली थी और हर्ष को अर्पित कर दी गयी, हम सन्तोष नहीं कर सकते।

हर्षवर्धन के जमाने में भी कुछ प्रमुख मौखरी नरेश नेपाल में रहते थे। इस तथ्य से इस अनुमान का समर्थन नहीं होता कि कन्नौज की गद्दी पर हर्षवर्धन का शांतिपूर्ण अधिकार बना रहा। यह घटना रहस्यमय है और ह्वेन-त्सांग की कहानी भी, जो

---

१. देखिए त्रिपाठी, हि. क., पृ. ७४ प. पृ.।

२. हि. ना. इ. २९० और भी देखिए, इ. हि. क्वा. XI, ३२०।

या तो उसके अज्ञान का परिणाम है या जानबूझकर सही तथ्यों को छिपाने के लिए गढ़ी गयी है, आसानी से स्वीकार्य नहीं हो सकती। फाङ्-ची नाम की चीनी कृति में बताया गया है कि हर्ष अपनी विधवा बहन के साथ मिलकर शासन प्रबन्ध चलाता था। निश्चय ही इसमें संकेत कन्नौज के प्रति है और इससे शायद यह भी जाहिर होता है कि आरम्भ में हर्ष अपनी बहन के नाम पर कन्नौज की सरकार का प्रबन्ध चलाता था, जिसके हक का उसने अन्य दावेदारों के मुकाबले में समर्थन किया था। बाद में उसने सरे-आम कन्नौज का राजमुकुट अपना लिया और प्रभुसत्ता के पूरे अधिकार ग्रहण कर लिये। जैसा बाद में दिखाया जाएगा, यह शायद सन् ६१२ ई० की घटना है।

III. हर्ष के सैन्य अभियान

दुर्भाग्य से हर्ष के राज्यकाल के प्रारम्भिक दिनों के बारे में बहुत कम सूचनाएँ प्राप्त हैं। जैसा पहले लिखा जा चुका है, उसकी फौज शशांक के विरुद्ध लड़ने के लिए जा रही थी, इसी बीच वह अपनी बहन की तलाश में चला गया और फिर बहन को ढूँढने के बाद गंगा के तट पर अपनी फौज के शिविर में लौट आया। लेकिन यह अभियान किस तरह आगे बढ़ा और इसका क्या परिणाम निकला, इस बारे में हमें किसी भी स्रोत से कोई सूचना उपलब्ध नहीं है। डाक्टर त्रिपाठी ने[1] अपनी कल्पना से बाण की ही अधूरी कहानी को पूरा करने की जो कोशिश की है, उसके पक्ष में कहने को शायद ही कुछ प्रमाण मिलें। उन्होंने एक मार्मिक चित्र खींचा है कि किस प्रकार "हर्ष की सेना के पहुँचने पर, शशांक ने यह सोचा कि, "अक्लमन्दी से काम लेने में ज्यादा बहादुरी है, और वह बड़ी कुशलता से अपनी फौज को पीछे हटाता चला गया।" लेकिन दुर्भाग्य से इस अटकलबाजी का कोई आधार नहीं है। कौन जाने कि वह कन्नौज की गद्दी पर ग्रहवर्मन् के किसी छोटे भाई को बैठा गया हो, और शशांक के वापस जाने के बाद ही हर्ष ने उसे गद्दी से उतार कर कन्नौज पर अधिकार किया हो।

हालाँकि गद्दी पर बैठने के तत्काल बाद हर्ष के द्वारा शशांक के विरुद्ध अभियान की प्रगति या उसके परिणाम के बारे में हमें कुछ खास नहीं मालूम है, लेकिन इसमें सन्देह नहीं कि हर्ष ने कई सैनिक अभियान किये थे, जिनके कारण वह उत्तर भारत का सबसे शक्तिशाली शासक बन गया था। दुर्भाग्य से हमें उसके सैनिक अभियानों के बारे में बहुत कम मालूम है, क्योंकि ह्वेन-त्सांग, जो इस विषय में हमें सबसे प्रामाणिक जानकारी दे सकता था, इन अभियानों के बारे में शायद ही कहीं संकेत करता है और जहाँ भी कोई ऐसा संकेत है वह अस्पष्ट और सामान्य सा है। इसलिए हर्ष की विजयों के ब्यौरे पेश करना सम्भव नहीं है, यहाँ तक कि काल-क्रम से उनका उल्लेख भी असम्भव है। बहुत ही कम सामग्री या जानकारियों के आधार पर हम उन राजाओं

---

१. हि. क., पृ. ७३-७४।

और देशों के नाम ही ले सकते हैं, जिनसे कि उसने युद्ध किया था, और बता सकते हैं, कि उन युद्धों का क्या परिणाम निकला था।

हम हर्ष के संघर्षमय सैन्य जीवन को कम से कम चार चरणों में बाँट सकते हैं, जिनमें उसे (१) वलभी और गुर्जर नरेश, (२) चालुक्य राजा पुलकेशिन द्वितीय, (३) सिन्धु देश और (४) मगध, गौड़, ओड्र और कंगोद आदि पूर्वी देशों के राजाओं से मुकाबला या युद्ध करना पड़ा।

१. वलभी[1]

शीलादित्य प्रथम धर्मादित्य के राज्य काल में वलभी के उत्थान और महान् शक्तिशाली राज्य बन जाने का उल्लेख हम पहले कर चुके हैं।[2] शीलादित्य ने कम से कम सन् ६१२ ई० तक राज्य किया था। उसके बाद उसका छोटा भाई खरग्रह और फिर उसका पुत्र धरसेन तृतीय गद्दी पर बैठा। इन दोनों राजाओं के बारे में हमें सिर्फ इतना ही ज्ञात है कि वे क्रमशः सन् ६१६ ई० और ६२३ ई० में शासन कर रहे थे और यह कि धरसेन तृतीय के काल में वलभी राज्य के अन्तर्गत उत्तरी गुजरात भी शामिल था।

धरसेन तृतीय के बाद उसका छोटा भाई ध्रुवसेन द्वितीय बालादित्य सन् ६२९ ई० से कुछ पहले ही गद्दी पर बैठा। उसके राज्य काल में ही ह्वेन-त्सांग भारत आया था, और उसके विवरण से हमें पता चलता है कि यह राजा, जिसका नाम उसने इस ढंग से लिखा है कि पढ़ने में ध्रुवपटु या ध्रुवभट्ट से मिलता है, हर्ष वर्धन का दामाद था। ह्वेन-त्सांग का कहना है कि यह राजा तुनुकमिजाज और छिछले दिमाग का था, लेकिन बौद्ध धर्म में उसकी सहज आस्था थी। हर्ष ने प्रयाग में जो बौद्ध सम्मेलन बुलाया था, उसमें और सम्भवतः सन् ६४३ ई० के शुरू में कन्नौज में बुलाये गये बौद्ध सम्मेलन में भी वह उपस्थित था।

ध्रुवसेन द्वितीय ने निश्चित रूप से कम से कम सन् ६४०-६४१ ई० तक राज किया था। फिर उसका बेटा धरसेन चतुर्थ वारिस हुआ। इस राजवंश के इतिहास में पहली बार इसी राजा ने **महाराजाधिराज** की उपाधि धारण की। उसकी ज्ञात तारीखें सन् ६४६ और ६५० ई० हैं।

उपर्युक्त पाँचों राजे हर्ष वर्धन के समकालीन थे। जैसा कि पहले उल्लेख किया जा चुका है, शीलादित्य प्रथम मालव का राजा था। ह्वेन-त्सांग ने मो-ल-पो का वर्णन करते हुए लिखा है कि वह एक स्वतन्त्र राज्य है, जिसका अपने पड़ोस की कई रियासतों पर आधिपत्य है। लेकिन ध्रुवसेन द्वितीय के सन् ६४०-६४१ ई० के एक अनुदान-पत्र से पता चलता है कि उसके अधिकार में उस समय भी मालव का कम से कम एक हिस्सा

---

१. वलभी और गुर्जर राजाओं के अभिलेखों के बारे में तारीखवार देखिए भ. लिस्ट सं. १३३० प. पृ.। ह्वेन-त्सांग के विवरण के लिए देखिए, या ट्रै. वा. II. २४६।

२. देखिए, प. ७२।

तो था ही। चूँकि ह्वेन-त्सांग उस प्रदेश से होकर लगभग इसी समय गुजरा था, इसलिए उसके विवरण में यह फर्क क्यों है, इसका अनुमान करना कठिन है। सिर्फ इतना ही अंदाज किया जा सकता है कि दोनों में लगातार संघर्ष चलता रहता था, जिसमें कभी एक, तो कभी दूसरा विजयी होता था। लेकिन कुल मिलाकर हम यह अनुमान कर सकते हैं कि हर्ष वर्धन के राज्य काल के अधिकांश भाग में वलभी एक शक्तिशाली और स्वतन्त्र राज्य था, जिसका उत्तरी गुजरात और मालव के एक भाग पर भी आधिपत्य था।

भड़ौंच के गुर्जर राजाओं के अभिलेखों में उल्लेख मिलता है कि दद्द द्वितीय ने वलभी के राजा को, जिसे विख्यात और महान् सम्राट हर्षदेव ने पराजित किया था, संरक्षण देकर (या विपत्ति से उबार करके) महान कीर्ति अर्जित की थी।[1] इससे यह प्रमाणित होता है कि हर्षवर्धन और वलभी के राजा के बीच संघर्ष हुआ था। लेकिन इस आकस्मिक संकेत के अलावा हमारे पास इस युद्ध की और कोई सूचना नहीं है। इस युद्ध की परिस्थितियाँ और ब्यौरेवार घटनाएँ सभी कुछ बिल्कुल अज्ञात हैं। हम केवल इतना ही संगत नतीजा निकाल सकते हैं कि वलभी के राजा के विरुद्ध हर्ष को आरम्भ में कुछ सफलता अवश्य मिली, लेकिन बाद में दद्द द्वितीय या शायद कुछ और मित्र राजाओं की मदद से उसने अपनी स्थिति फिर मजबूत बना ली। यह मत बिल्कुल निराधार है कि वलभी को हर्ष ने जीत लिया था और वहाँ का राजा उसका अधीन शासक बन गया था।[2]

यह अचम्भे की बात लगती है कि एक छोटी सी गुर्जर रियासत हर्ष के विरुद्ध वलभी के राजा को संरक्षण देने में समर्थ हुई। यह पहले बताया जा चुका है कि भड़ौंच का शासक गुर्जर परिवार दरअसल उत्तरी राजपूताने के राज्य के मुख्य शासक परिवार की ही एक शाखा था। इसलिए यह माना जा सकता है कि उन्होंने मिलकर कार्य किया था, और या तो दद्द द्वितीय ने गुर्जर राजा की सिर्फ मदद की थी या गुर्जर राजा ने वलभी के राजा की ओर से उसकी कोशिशों में मदद की थी। लेकिन वलभी की मदद शायद अकेले गुर्जर राजाओं ने ही नहीं की थी।

हम पहले बता चुके हैं कि लाट, मालव और गुर्जर ये सभी प्रभाकरवर्धन के विरोधी थे और उसके उत्तराधिकारियों की भी मालव से दुश्मनी चलती रही थी। इसलिए यह अनुमान किया जा सकता है कि ये तीनों राज्य भी हर्षवर्धन के विरोधी थे। दूसरी ओर ऐहौले के अभिलेख के अनुसार ये तीनों राज्य हर्ष के समकालीन राजा पुलकेशिन् द्वितीय के अधीन थे। उन्होंने स्वयं अपनी ओर से यह अधीनता स्वीकार की थी, जिससे साफ जाहिर है कि वे किसी अन्य शक्ति से अपना बचाव करना चाहते थे।[3]

---

१. इ. ऐ. XIII ७७-७९।

२. त्रिपाठी, हि. क., पृ. १०९., डा. डी. सी. सरकार का मत है कि वलभी का राजा हर्ष के अधीन एक मित्र शासक था। प्रो. ओ. का. XI. ५२५)।

३. ई. इ. VI प. १०. पा. टि. ५।

यह शक्ति कल्चुरियों[1] की थी या हर्ष की, यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता। खैर जो भी हो, इन तीनों की हर्ष और पुलकेशिन द्वितीय के राज्यों के मध्यवर्ती राज्यों के समूह की हैसियत थी और इसलिए वे हर्ष के आक्रामक मंसूबों के खिलाफ पुलकेशिन द्वितीय के संरक्षण पर निर्भर कर सकते थे।

मालव और वलभी के पराजित राजाओं का पक्ष लेने के कारण भड़ौंच के राजा दद्द को हर्ष का कोपभाजन बनना पड़ा था या इन सब राजाओं ने शुरू से ही अपने सामान्य शत्रु के खिलाफ संयुक्त मोर्चा बना रखा था हम यह निश्चित रूप से नहीं कह सकते। लेकिन यह सहज ही कल्पनीय है कि स्पष्टतः या प्रच्छन्न रूप से हर्ष और दद्द द्वितीय के झगड़े के कारण ही हर्ष वर्धन और पुलकेशिन द्वितीय के बीच संघर्ष छिड़ा था।

२. पुलकेशिन से युद्ध

हर्ष और पुलकेशिन द्वितीय के बीच होने वाले युद्ध को पुलकेशिन के उत्तराधिकारियों और आधुनिक इतिहासकारों ने एक स्मरणीय घटना माना है। लेकिन तत्कालीन अभिलेखों में उसे इतना महत्त्व नहीं दिया गया। खुद पुलकेशिन के अभिलेख[2] में केवल इतना ही कहा गया है कि युद्ध में हर्ष के हाथी मारे गये जिससे वह भयभीत हो गया। ह्वेन-त्सांग ने कहा है कि हर्ष ने यद्यपि अनेक देशों पर विजय प्राप्त की थी, लेकिन वह पुलकेशिन को नहीं हरा सका। वह कहता है कि हर्ष ने "पाँच देशों से सैनिक भर्ती किये हैं और सब देशों के श्रेष्ठतम नेताओं को एकत्र किया है और वह खुद फौज की कमान अपने हाथों में लेकर इन लोगों का दमन करने के लिए गया है, लेकिन अभी तक वह उनकी सेनाओं को नहीं हरा सका।"[3] इससे जाहिर है कि हर्ष ने आक्रामक नीति अपनायी थी, और इससे यह ध्वनि निकलती है कि दुश्मन पर विजय पाने में वह असफल हुआ था, न कि यह कि वह स्वयं हार गया था। पुलकेशिन के उत्तराधिकारी हर्ष के विरुद्ध इस सफलता को निस्सन्देह और ही रूप में देखते थे। वे हर्ष की हार को न सिर्फ अपने लिए विशेष गर्व की बात समझते थे, बल्कि यह भी दावा करते थे कि पुलकेशिन ने "समस्त उत्तरापथ के युद्ध वीर स्वामी हर्षवर्धन को परास्त करके **परमेश्वर** की उपाधि अपना ली थी। इसमें कोई सन्देह नहीं कि पुलकेशिन के उत्तराधिकारियों ने युद्ध के परिणाम को अपने पक्ष में अतिरंजित करके देखा था और वे आधुनिक इतिहासकार भी, जिनका मत है कि इस चालुक्य राजा ने हर्ष को बुरी तरह हराया था, युद्ध के परिणाम को अतिरंजित करके देखते हैं।

---

१. आगे देखिए, परिच्छेद ११, ख. III.

२. ई. इ. VI. पृ. १०।

३. हि. त्सां. बी. II. २५७।

हम नहीं जानते कि यह युद्ध किस स्थान पर लड़ा गया था। वी० ए० स्मिथ के मत के पक्ष में, जिसे आजकल आमतौर पर माना जाता है,[1] कोई प्रमाण नहीं है कि नर्मदा के तट पर पुलकेशिन ने पहाड़ी दर्रों की रक्षा इतने मजबूत ढंग से की थी कि हर्ष को हार कर पीछे हटना पड़ा और नर्मदा नदी को अपनी दक्षिणी सीमा मानना पड़ा। ऐहोले के अभिलेख में लाटों, मालवों और गुर्जरों को पुलकेशिन के अधीन राज्य कहा गया है और ऐसा कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं है कि उनमें से किसी ने कभी हर्ष की अधीनता स्वीकार की हो। ह्वेन-त्सांग ने भी मालव और बुन्देलखंड में स्वतंत्र राज्यों का उल्लेख किया है। इसलिए यह स्वीकार करना कठिन है कि दक्षिण में हर्ष का साम्राज्य नर्मदा तक फैला हुआ था, और यह बात असम्भव नहीं है कि वास्तविक युद्ध इससे काफी उत्तर के किसी स्थान पर लड़ा गया हो।[2]

३. सिंध

ये दक्षिणी अभियान, जिनके दौरान हर्ष ने वलभी के ध्रुवसेन द्वितीय, भड़ौंच के दद्द द्वितीय और राजा पुलकेशिन द्वितीय से युद्ध किया था, असफल रहे थे, और न सिन्ध के विरुद्ध अपने अभियान में ही हर्ष कोई सफलता पा सका। अलंकारिक शब्दावली में बाणभट्ट ने हर्ष का जिक्र करते हुए लिखा है कि उसने सिन्धु के राजा का कचूमर निकाल दिया और उसकी सम्पत्ति जब्त कर ली।"[3] सिन्ध प्रभाकर वर्धन के भी विरुद्ध था, और यह सम्भव है कि हर्ष ने उसके विरुद्ध सैनिक अभियान चलाया हो। लेकिन ह्वेन-त्सांग के विस्तृत वर्णन से इस बात में कोई संदेह नहीं रह जाता कि जिस समय वह वहाँ गया, उस समय सिन्ध एक शक्तिशाली और स्वतंत्र राज्य था,

---

१. ब. ग. I. भाग II, पृ. ३५०, अ. हि. इ.[३] ३५०, आर. मुकर्जी, हर्ष, पृ. ४३।

२. कुछ विद्वानों का मत है कि हर्ष सुदूर दक्षिण तक अपनी सेना लेकर चला गया था और वहाँ उसने पल्लव राजा महेन्द्र वर्मन् प्रथम से युद्ध किया था। यह मत गड्डेमाने अभिलेख पर आधारित है, जिसे सातवीं शताब्दी ईसवी का माना जाता है, और जिसमें बेडा सरदारों के विरुद्ध लड़ते हुए एक पैत्तणी सत्यांक की मृत्यु का उल्लेख है, जब शीलादित्य ने दक्षिण पर आक्रमण किया था और महेन्द्र भाग खड़ा हुआ था। लेकिन जैसा प्रस्तुत परिच्छेद का लेखक पहले ही संकेत कर चका है—(इ. हि. क्वा. V. २३५) कि इस अभिलेख के शीलादित्य और महेन्द्र क्रमशः युवराज श्री आश्रय शीलादित्य (पुलकेशिन द्वितीय का एक बेटा) और पल्लव महेन्द्र वर्मन् द्वितीय से अभिन्न हैं, जो दोनों सातवीं शताब्दी ईसवी के उत्तरार्ध में हुए थे। इसके अलावा हर्षवर्धन के दरबारी कवि मयूर के एक श्लोक से उद्धरण देकर यह साबित किया जाता है कि उसके संरक्षक ने अंग, कुन्तल, चोल, मध्यदेश और कांची के विरुद्ध युद्ध में सफलता प्राप्त की थी। लेकिन कवि ने कल्पना की है कि पृथ्वी उसके संरक्षक की पत्नी है और अंग आदि शब्दों का एक दूसरे अर्थ में भी प्रयोग किया है, जिसका तात्पर्य उस पत्नी के शरीर, केश, वस्त्र, वक्ष और कमर से है। इसमें सन्देह नहीं कि यह काव्य-कल्पना का उदाहरण है, जिसमें लेखक के काम-शास्त्र सम्बन्धी ज्ञान का तो पता चलता है, लेकिन जिसका भूगोल या इतिहास से कोई सम्बन्ध नहीं है।

३. ह. च. पाठ. पृ. ९१।

और अगर हर्ष ने उस पर चढ़ाई की थी, तो जाहिर है कि उसका कोई फल नहीं निकला था।

४. पूर्वी अभियान

अब हम हर्षवर्धन के पूर्वी भारत में किए गए सैनिक अभियान का जिक्र करेंगे, जिसमें उसने शानदार सफलता प्राप्त की थी। 'ह्वेन-त्सांग की जीवनी'[१] (लाइफ आफ हिउएन त्सांग) से हमें पता चलता है कि सन् ६४३ ई० में जब चीनी यात्री राजा भास्कर वर्मा के निमंत्रण पर कामरूप गया था, उस समय तक हर्ष ने कंगोद और उड़ीसा पर अपना आधिपत्य कायम कर लिया था और वह गंगा के किनारे राज-महल के पास के जंगल में पड़ाव डालकर ठहरा हुआ था। इससे जाहिर है कि इस तारीख से पहले हर्ष ने भारत के पूर्वी भाग में कई अभियान सफलतापूर्वक चलाए थे, जिनके दौरान उसने मध्यवर्ती क्षेत्रों को अपने कब्जे में ले लिया था। चीनी विश्व-कोशकार मा-त्वान-लिन के वक्तव्य से भी हर्ष के पूर्वी अभियान पर कुछ प्रकाश पड़ता है। उसके अनुसार शीलादित्य ने सन् ६४१ ई० में मगध के राजा की पदवी अपनायी थी।[२] ह्वेन-त्सांग के वक्तव्य से भी सिद्ध है कि इस तारीख से पहले हर्ष ने मगध की विजय नहीं की थी। सन् ६३७-६३८ ई० में मगध के इलाके से गुजरते हुए उसने नोट किया था कि शशांक ने हाल ही में गया के बोधिवृक्ष को कटवा दिया था और उसके कुछ दिनों बाद ही उसकी मृत्यु हो गई थी, इसके बाद मगध के राजा पूर्णवर्मा ने, जो अशोकराज खानदान का अन्तिम राजा था, एक हजार गायों के दूध से बोधि वृक्ष की जड़ सींच कर उसे फिर से पनपा लिया था।

शशांक की मृत्यु की तारीख अज्ञात है। उसकी अन्तिम ज्ञात तारीख सन् ६१९ ई० है और वह पहले ही, लेकिन सन् ६३७ से ज्यादा पहले नहीं, मरा था; तभी तो ह्वेन-त्सांग ने उसे हाल की ही घटना बताया है।[३] इसका मतलब है कि बाणभट्ट ने हर्ष के मुँह से चाहे जितनी डींगें हँकवाई हों, और जल्द से जल्द भाई की हत्या का बदला लेने की गम्भीरतम शपथ का जिक्र किया हो, लेकिन तथ्य यह है कि शशांक के विरुद्ध हर्ष की एक नहीं चली। सम्भव है कि उसकी मृत्यु के बाद ही उसने मगध पर विजय प्राप्त की हो और वह शशांक के राज्य के अन्य प्रदेशों को जीतता हुआ कंगोद तक जा पहुँचा हो। सम्भव है कि उसने बंगाल को भी जीत लिया हो, जो मगध और उड़ीसा के बीच में पड़ता है। लेकिन यह सब हर्ष गद्दी पर बैठने के तीस साल बाद ही कर सका था।

---

१. बील का अनुवाद, पृ. १७२, १५९।

२. एट्किंगसन, हर्षवर्धन, पृ. ५४, अनुच्छेद VI में यह वक्तव्य उद्धृत किया गया है।

३. "हाल में ही शशांक ने बोधि-वृक्ष कटवा दिया।" (या. ट्रै. वा. II. ११५) और कुछ दिनों बाद ही उसकी मृत्यु हो गई। (बील II. १२२)।

इस बात का निश्चित रूप से पता नहीं है कि हर्ष ने कभी भी शशांक से युद्ध किया था। इसके पक्ष में केवल **मंजुश्री मूलकल्प** के एक अंश का हवाला दिया जाता है, जिसके अनुसार हर्ष ने अपनी सेना लेकर शशांक की राजधानी पुंड्र पर चढ़ाई की थी, उसको हराकर आदेश दिया था कि वह अपने राज्य की सीमा से बाहर न जाये और फिर हर्ष उस देशमें सम्मान और सत्कार प्राप्त करके (या न प्राप्त करके) लौट गया।[1] मध्यकाल के इस बौद्ध इतिवृत्त में दिए गए इस अस्पष्ट एवं धुँधले वक्तव्य को ऐतिहासिक दृष्टि से किस हद तक प्रामाणिक माना जा सकता है, यह कहना कठिन है। अगर इसे ऐतिहासिक तथ्य मान भी लें, तो भी हर्ष के इस पहले अभियान का कोई स्थायी परिणाम नहीं निकला था। हर्ष लौट आया और जैसा कि ह्वेन-त्सांग ने साक्षी दी है, शशांक ने फिर से मगध पर कब्जा कर लिया। यह तथ्य कि कम से कम ६१९ ई० तक, और सम्भवतः उसके भी कई साल बाद तक, शशांक साम्राज्यिक उपाधियों के साथ बंगाल, दक्षिणी बिहार और उड़ीसा पर राज करता रहा था, सिद्ध करता है कि शशांक के विरुद्ध हर्ष को अपनी आरम्भिक कोशिशों में, जिनका **हर्ष-चरित** और **मंजुश्री मूलकल्प** में जिक्र किया गया है, कोई उल्लेखनीय सफलता नहीं मिली थी।

यह भी अज्ञात है कि भागीरथी से पूर्व या पद्मा नदी से उत्तर के बंगाल पर भी हर्ष कभी अपना आधिपत्य जमा सका था या नहीं। इस बात के समर्थन में हमारे पास कोई सामग्री नहीं है, जबकि इसका निश्चित प्रमाण मौजूद है कि भास्कर वर्मा, जो कामरूप का राजा और हर्ष का मित्र था, इस प्रदेश या उसके अधिकांश भाग का स्वामी था।[2] यह सम्भव है कि हर्षवर्धन के पूर्वी अभियान में उसने काफी सहायता की हो, और जीत की लूट से बंगाल का एक भाग उसे भी मिला हो। लेकिन हम इस सम्भावना को भी नजर अन्दाज नहीं कर सकते कि थोड़े से समय के लिए हर्ष सारे बंगाल का अधिराज बन गया और उसकी मृत्यु के बाद ही भास्कर वर्मा ने वह पद प्राप्त किया।

५. हर्ष के अभियानों का तिथिक्रम

हर्ष को गद्दी पर बैठने के फौरन बाद ही अपने सैनिक अभियान शुरू कर देने पड़े। हालाँकि उसका तात्कालिक लक्ष्य तो अपने भाई की हत्या का बदला लेने केलिए शशांक को सजा देना था, लेकिन बाणभट्ट के वर्णन से लगता है कि उसने **दिग्विजय** की भी तैयारी की थी। ह्वेन-त्सांग के एक वक्तव्य से भी इस बात की पुष्टि होती है और कुछ विस्तृत ब्यौरा मिलता है। उसके विवरण का सारांश यह है: "शीलादित्य ने शासन की बागडोर हाथ में लेते ही एक विशाल सेना का संगठन किया (जिसमें ५,००० हाथी, २,००० घुड़सवार और ५०,००० पैदल सैनिक थे) और अपने भाई की हत्या का बदला

---

१. श्लोक ७१९-२०, ७२६, इस पूरे अंश पर हि. ब. आर. ६४ में विस्तार से विचार किया गया है।

२ देखिए परिच्छेद १०, अनुच्छेद ६।

लेने के लिए तथा पड़ोसी देशों पर आधिपत्य कायम करने के लिए निकल पड़ा। पूर्व की दिशा में बढ़ते हुए उसने उन देशों पर आक्रमण किया, जिन्होंने उसका आधिपत्य स्वीकार करने से इन्कार किया था। वह लगातार युद्ध में लगा रहा और छः साल में उसने भारत के पाँच राज्यों पर आक्रमण किया।[१] इस प्रकार अपने राज्य का विस्तार करके उसने अपनी फौज का भी विस्तार किया जिससे उसकी सेना में ६०,००० हाथी और १,००,००० घुड़-सवार सैनिक हो गये। इसके बाद वह शान्तिपूर्वक, एक बार भी हथियार उठाये बिना, तीस साल तक राज करता रहा।[२]

इस वक्तव्य के अनुसार हर्ष ने अपने सारे युद्ध सन् ६०६ और ६११-६१२ ई० के बीच लड़े थे और वह सन् ६११-६१२ से लेकर ६४१-६४२ ई० तक शान्ति-पूर्वक राज करता रहा था। जाहिर है कि पूर्व में उड़ीसा और कंगोद के विरुद्ध उसका अभियान जिसका ह्वेन-त्सांग ने जिक्र किया है, और मगध पर उसका आक्रमण सन् ६४१ ई० के बाद के उसके सैनिक अभियानों के दूसरे दौर की घटनाएँ हैं। इस प्रकार ह्वेन-त्सांग के वक्तव्य में कोई आन्तरिक विसंगति नहीं है, जैसा कुछ विद्वानों का मत है।[३] इसके विपरीत, अगर हम डा० फ्लीट का यह मत स्वीकारें कि पुलकेशिन से हर्ष का युद्ध सन् ६०८-६०९ ई० में हुआ था, तो उससे भी इस वक्तव्य की पुष्टि होती है।[४]

लेकिन उस काल की अशान्त राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए यह सोचना तर्क संगत नहीं लगता कि हर्ष लगातार ३० साल तक शान्तिपूर्वक राज करता रहा, हालाँकि इस अवधि से पहले और बाद में उसे विकट युद्ध करने पड़े थे। इसके अलावा मा-त्वान-लिन ने स्पष्ट लिखा है कि सन् ६१८ और ६२७ ई० में हर्ष ने विकट युद्धों में भाग लिया था।[५] इसलिए ह्वेन-त्सांग के कथन पर आँख मूँद कर विश्वास नहीं किया जा सकता और न उसके आधार पर हर्ष के सैनिक अभियानों का कालक्रम ही निश्चित किया जा सकता है। सन् ६४३ ई० से पहले हर्ष से ह्वेन-त्सांग की मुलाकात नहीं हुई थी और उससे हर्ष के प्रारम्भिक जीवन के बारे में गलत सूचनाएँ मिली थीं, जैसा हर्ष के गद्दी पर बैठने के बारे में उसके उलझे हुए वक्तव्य से पता चलता है, जिसका हम पहले विवेचन कर चुके हैं। जहाँ तक फ्लीट के मत का सम्बन्ध है, वह सन् ६१२ ई० के एक विवरण पर आधारित है जिसमें पुलकेशिन् को **परमेश्वर** कहा गया है, लेकिन इससे यह अनुमान करना कि हर्ष को परास्त करने के बाद पुलकेशिन् ने यह उपाधि धारण की थी, सन्तोषजनक नहीं है। खुद पुलकेशिन् के अभिलेखों के अनुसार उसने यह उपाधि

---

१. एक दूसरे पाठ के अनुसार : "हर्ष ने पाँच भारतीय राज्यों पर अपना आधिपत्य कायम कर लिया।" (या. ट्रै. वा. ३४३, हि. त्सां. बी. I. २१३)।

२. बील ने इसका अनुवाद भिन्न ढंग से किया है (I. २१३), जिससे अर्थ निकलता है कि हर्ष ३० सालों तक युद्ध करता रहा था।

३. त्रिपाठी, हि. क. पृ. १२७।

४. ब. ग., जिल्द I, भाग II, पृ. ३५१।

५. ज. रा. ए. सो., न्यू. सी IV. पृ. ८६; ज. ए. सो. ब. VI. ६८।

अपने अनेक विरोधी राजाओं को हराकर अपनायी थी और यह बात सिर्फ उसके उत्तराधिकारियों के अभिलेखों में मिलती है कि उसने हर्ष पर विजय प्राप्त करने के बाद यह उपाधि ग्रहण की थी। हर्ष और पुलकेशिन के बीच सन् ६३४-६३५ ई० से पहले युद्ध हुआ होगा, जैसा कि उस वर्ष की तारीख के उत्कीर्ण अभिलेख में दर्ज है जो ऐहोल में मिला है, लेकिन कितना पहले यह कहना कठिन है। विभिन्न विद्वानों ने सन् ६२० और ६३० ई० के बीच विभिन्न तारीखें सुझाई हैं।[1]

अगर हम यह मान लें कि वलभी के राजा से युद्ध करने के कारण पुलकेशिन से हर्ष की दुश्मनी हुई थी, तो वलभी से युद्ध की तारीख भी इससे पहले की होगी। हर्ष से लड़ने वाले वलभी के राजा की शिनाख्त इस तारीख पर ही निर्भर है। आम राय यह है कि वलभी का यह राजा ध्रुवसेन था, जिसे ह्वेन-त्सांग हर्ष का दामाद बताता है। यह भी कहा गया है कि ध्रुवसेन द्वितीय इतनी बुरी तरह हारा था कि उसे सन्धि की याचना और विजेता की बेटी से शादी करनी पड़ी। इसके विरोध में यह मत प्रकट किया गया है कि "यह सम्भाव्य नहीं कि एक विजेता हारे हुए राजा से अपनी बेटी के विवाह का प्रस्ताव करे, जिसमें उसकी हेठी जाहिर हो।[2] लेकिन जैसा पहले दिखाया जा चुका है, बुरी तरह हारने का अनुमान निराधार है और ऐसे उदाहरण विरल नहीं हैं, जब दो राजाओं की दुश्मनी आपस में विवाह-सम्बन्ध जोड़कर खत्म की गई हो। इसलिए यह असम्भव नहीं है कि ध्रुवसेन द्वितीय ही वलभी का राजा था, जिसे आरम्भ में हर्ष ने पराजित किया था, लेकिन जिसे गुर्जर राजा दद्द द्वितीय ने बचा लिया था। वैसे, यह दिलचस्प बात स्मरणीय है कि सन् ६२९ और ६४१ ई० के दद्द द्वितीय के अभिलेखों में इस बात का जरा भी संकेत नहीं मिलता कि उसने वलभी के राजा की मदद की थी। सिर्फ बाद में उसके उत्तराधिकारियों द्वारा प्रचारित अभिलेखों में ही उसकी सफलता का यशोगान किया गया है। एक छोटे से सामन्त द्वारा हर्ष के आक्रमण का सफलतापूर्वक मुकाबला करना इतनी बड़ी घटना है कि दद्द के अभिलेखों में उसका उल्लेख तक न होना विचारणीय बात है। कुछ लोगों का मत है कि दद्द ने औरों के साथ मिलकर और पुलकेशिन के एक सामन्त की हैसियत से ही हर्ष का मुकाबला किया था, और चूँकि युद्ध का वार मुख्यतः पुलकेशिन ने झेला था, इसलिए दद्द द्वितीय अपने परम-शासक के जीवन-काल में अपनी सफलता का श्रेय खुद नहीं ले सकता था।[3] लेकिन दूसरे विद्वानों का मत है कि वलभी के राजा से हर्ष का युद्ध सन् ६४१ ई० के बाद हुआ था और उसका विरोधी धरसेन चतुर्थ था। वे यह भी बताते हैं कि धरसेन द्वारा साम्राज्यिक उपाधियों का प्रयोग एक प्रकार से हर्ष की सत्ता को सीधी चुनौती थी और इसलिए हर्ष को मजबूर होकर वलभी के राजा के खिलाफ युद्ध की घोषणा

---

१. इस युद्ध की तारीख के बारे में परिच्छेद १२ में विस्तार से विवेचन किया गया है। साथ ही देखिए त्रिपाठी (हि. क., पृ. १२५); ए. भ. ओ. रि. इ. XIII ३००; प्रो. इ. हि. का. III. ५९६.

२. प्रो. इ. हि. का. III. ५९६-९७।

३. ई. इ. XXIV. १७९।

करनी पड़ी थी।[1] यह तर्क किया जा सकता है कि इसका मतलब तो नाना और नाती का युद्ध हुआ। लेकिन इतिहास में यह कोई अनोखी घटना नहीं है, और फिर यह भी सम्भव है कि धरसेन हर्ष की बेटी की बजाय किसी और रानी की कोख से पैदा हुआ हो। इस मत की मुख्य खामी यह है कि इसमें युद्ध की तारीख सन् ६४४ ई० से बाद की पड़ती है, जब सम्भवतः पल्लवों से युद्ध में पुलकेशिन हार गया था और वह इस स्थिति में नहीं था कि वलभी के राजा या गुर्जर राजा दद्द द्वितीय की कोई मदद करता। अन्ततः इस युद्ध की तारीख और वलभी के राजा का नाम, ये दोनों बातें फिलहाल अनिर्णीत छोड़नी पड़ेंगी।

ह्वेन-त्सांग के वक्तव्य और बाणभट्ट की कहानी दोनों से लगता है कि हर्ष के और सभी सामरिक अभियानों से पहले उसका पूर्वी अभियान हुआ था। लेकिन यह अभियान बाद के उस अभियान से भिन्न था, जिसके दौरान उसने सन् ६४१ और ६४२ ई० में मगध, उड़ीसा और कंगोद जीते थे। उसके आरम्भिक सामरिक अभियानों का स्वरूप और उनमें उसे प्राप्त सफलताएँ अभी अज्ञात हैं।

IV. हर्ष के साम्राज्य का विस्तार

इस प्रकार संक्षेप में हर्ष के सामरिक अभियानों का विवेचन करने के बाद अब हम यह अन्दाज लगायेंगे कि उसके साम्राज्य की सीमाएँ कहाँ तक थीं। इस विषय का विवेचन इस कारण कठिन हो गया है कि पहले के विद्वानों ने कमजोर और अधूरे तथ्यों के आधार पर ही बड़े अतिरंजित अनुमान लगाये हैं। भारतीय इतिहास का अध्ययन तब अपनी प्रारम्भिक अवस्था में था और लोग प्राचीन भारतीय इतिहास के बारे में प्राप्त थोड़े से तत्कालीन तथ्यों को विवेचनात्मक दृष्टि से नहीं देखते थे, अतः उस समय के विद्वानों ने ह्वेन-त्सांग और बाणभट्ट के अस्पष्ट और उलझे हुए वक्तव्यों को भी तत्परतापूर्वक मान कर यह कल्पना की थी कि हर्ष एक महान् सम्राट था और हिन्दू भारत का अन्तिम साम्राज्य-निर्माता था। यह गलत धारणा हाल तक चलती आयी है। प्रस्तुत लेखक ने ही शायद सबसे पहले इसकी सच्चाई को चुनौती दी थी। अतः यह सन्तोषप्रद बात है कि विद्वानों का दृष्टिकोण धीरे-धीरे सही दिशा में बदल रहा है।[2] फिर भी पुराने पूर्वाग्रह बड़ी मुश्किल से टूटते हैं, इसलिए इस विषय पर अधिक विस्तार से विचार करना अपेक्षित है।

हर्ष के साम्राज्य की सीमाओं का अनुमान करने के लिए हमें संक्षेप में ह्वेन-त्सांग के वर्णन के आधार पर उस समय के उत्तर भारत की राजनीतिक परिस्थिति का

---

१. प्रो. इ. हि. का. III. ५९८।

२. देखिए ज. बि. ओ. रि. सो., १९२३, पृ. ३११ प. पृ.। इसमें व्यक्त मत का साधारणतया डा. त्रिपाठी ने समर्थन किया है। (हि. क., पृ. ७८ प. पृ.)।

सर्वेक्षण करना चाहिए। चीनी यात्री जिन जिन राज्यों की सीमा से होकर गुजरा था, उन सबका उसने संक्षिप्त विवरण दिया है। वह बौद्ध-धर्म का उपासक था और उसने मुख्यतः धार्मिक महत्त्व के स्थानों और घटनाओं का ही वर्णन किया है, लेकिन कई स्थानों पर उसने राज्यों की राजनीतिक हैसियत का भी जिक्र किया है। इससे उसके विवरण का ऐतिहासिक महत्त्व है, जो उसके पूर्ववर्ती चीनी यात्री फाहिएन के विवरण का नहीं है। कुछ स्थानों की निश्चित पहचान करने में कठिनाई होने के बावजूद, हम ह्वेन-त्सांग का अनुगमन करते हुए उस राजनीतिक भारत का सिंहावलोकन कर सकते हैं, जिसे उस महान चीनी यात्री ने सन् ६३० ई० से लेकर, जब वह कापिश (अफगानिस्तान में) पहुँचा था, सन् ६४४ ई० तक, जब वह दोबारा सिन्धु नदी पार करके अपने देश को लौट रहा था, देखा था।

कापिश उन दिनों हिन्दूकुश पर्वतमाला के दक्षिण में स्थित एक शक्तिशाली राज्य था। इसके क्षत्रिय राजा के शासन के अन्तर्गत लन-पो (लगमन), नगरहार (जलालाबाद) और गन्धार तक थे, और फ-ल-न (बन्नू) अधीन राज्य थे। सिन्धु नदी के पश्चिम में बस एक ही और महत्त्वपूर्ण राज्य था, जिसका नाम उदयन था। यह स्वात घाटी के ऊपरी भाग में स्थित था।

सिन्धु नदी से पूर्व में काश्मीर ही सबसे महत्त्वपूर्ण राज्य था। तक्षशिला, सिंहपुर उरशा, पन-नु-त्सो और राजपुर के प्राचीन राज्य, जिनके अन्तर्गत पूरा पश्चिमी और उत्तर-पश्चिमी पंजाब आ जाता था, उस समय काश्मीर राज्य के अंग थे। इस प्रकार काश्मीर का राज्य सिर्फ पूरे काश्मीर को ही नहीं घेरता था, बल्कि उसमें पंजाब का भी बड़ा हिस्सा शामिल था। पंजाब के सबसे महत्त्वपूर्ण राज्य का नाम चेह-क था, जो शायद टक्क का चीनी रूपान्तर है। इसकी राजधानी स्यालकोट के पास थी, और इसका क्षेत्र पूर्व में ब्यास से लेकर पश्चिम में सिन्धु नदी तक फैला हुआ था। मुल्तान और उसके उत्तर पूर्व का एक दूसरा देश पो-फ-तो (परबत), दोनों ही टक्क के अधीन राज्य थे।

ह्वेन-त्सांग ने पूर्वी पंजाब और उत्तर-पूर्व के पहाड़ी क्षेत्रों के चार और राज्यों का जिक्र किया है। ये राज्य थे चि-न-पुह-ति, जालन्धर, कुलूत और शतद्रु, लेकिन उनकी राजनीतिक हैसियत के बारे में उसने कुछ नहीं लिखा। यह सम्भव है कि वे हर्ष के साम्राज्य में शामिल रहे हों। "दी लाइफ आफ हिउएन त्सांग' (ह्वेन-त्सांग की जीवनी) में जालन्धर के एक राजा का उल्लेख है, जिसने लौटते समय चीनी यात्री की हिफाजत के लिए एक सैनिक दस्ता भेजा था और यद्यपि इसके बाद हर्ष ने इस हिफाजती दस्ते में एक विशाल हाथी भी जोड़ दिया था और चीनी यात्री के मार्ग व्यय के लिए धन भी भेजा था, लेकिन इसका यह मतलब नहीं, जैसा कुछ विद्वानों का विचार है कि उस राज्य पर हर्ष का भी यत्किंचित् प्रभुत्व था।

यमुना के पूर्व में जिन राज्यों के शासकों का उल्लेख है, उनके नाम हैं मो-ति-पु-लो, सु-फ-ल-न-कु-त-लो (सुवर्णगोत्र), नेपाल और कामरूप। पहला राज्य

पश्चिमी रुहेलखंड में था, जिस पर एक शूद्र राजा का राज था। दूसरा राज्य हिमालय में था। उस पर स्त्रियों का राज था, और वह नारी-राज्य ही कहलाता था। अन्य दो राज्य तो सुविदित हैं, उन पर बाद में विस्तार से विचार करेंगे। फिर उत्तर प्रदेश, बिहार और बंगाल के अनेक राज्यों का उल्लेख है, लेकिन उनकी राजनीतिक हैसियत के बारे में कुछ नहीं कहा गया है। हम यह संगत मान सकते हैं कि इनमें से अधिकतर राज्य हर्ष के साम्राज्य के अन्तर्गत थे।

मध्य भारत में तीन राज्य थे बुन्देलखंड, ग्वालियर और उज्जैन (पूर्वी मालव) जिन पर ब्राह्मण राजाओं का शासन था। पश्चिमी भारत में सबसे शक्तिशाली राज्य मो-ल-पो (या पश्चिमी मालव) था, जिसका पड़ोस की तीन रियासतों, अर्थात् कच्छ या खैड, आनन्दपुर और सुराष्ट्र पर प्रभुत्व था। और भी पश्चिम में चलकर वलभी, भड़ौंच, गुर्जर और सिन्धु के राज्य थे। पि-तो-शिह-लो और अ-फन-तु की रियासतें सिन्धु राज्य के अधीन थीं, जिसका सिन्धु घाटी के निचले भाग पर राज्य था।

ह्वेन-त्सांग के स्पष्ट विवरण पर आधारित उत्तर भारत के महत्त्वपूर्ण राज्यों के इस विस्तृत ब्यौरे से कोई सन्देह नहीं रह जाता कि हर्ष के साम्राज्य में उत्तर-प्रदेश, बिहार, बंगाल और उड़ीसा से बाहर कोई क्षेत्र नहीं था। लेकिन एम० एट्टिंगसन (Ettinghausen) पणिक्कर, जिन दो आधुनिक विद्वानों ने हर्ष का जीवन-चरित लिखा है, के अनुसार हर्ष पूरे उत्तर भारत का सम्राट था। विशेष रूप से पणिक्कर ने कामरूप से काश्मीर और हिमालय से लेकर विन्ध्याचल तक फैले हर्ष के साम्राज्य का वर्णन किया है। वी० ए० स्मिथ का अनुमान इतना अतिवादी नहीं है। वे काश्मीर, पंजाब, सिन्ध, राजपूताना और कामरूप को हर्ष के साम्राज्य में शामिल नहीं करते, क्योंकि ह्वेन-त्सांग ने स्पष्ट शब्दों में इनको स्वतन्त्र राज्य कहा है, यहाँ तक कि उसने इनके अधीनस्थ राज्यों का भी उल्लेख किया है।

लेकिन वी० ए० स्मिथ के वक्तव्य को भी गम्भीर नहीं समझा जा सकता। उनका यह विश्वास कि वलभी का राजा हर्ष का अधीन सामन्त था, निराधार है। उनका अनुमान वहाँ सम्भावना की सीमा पार कर जाता है जब वह मालव, गुजरात, कच्छ और काठियावाड़ के प्रायद्वीप को भी हर्ष के साम्राज्य का अंग बताते हैं, क्योंकि ह्वेन-त्सांग ने मो-ल-पो के राज्य को माही नदी के पूर्व में बताया है और कहा है कि वह एक शक्तिशाली राज्य था और स्पष्ट शब्दों में बताया है कि आनन्दपुर (अहमदाबाद जिला) क-इ-त (कच्छ और कैरा जिला) और सु-ल-च (काठियावाड़ प्रायद्वीप) की रियासतें उसके अधीन थीं। इसमें कोई सन्देह नहीं कि मो-ल-पो अधीन राज्यों समेत पश्चिमी मालव का सूचक है और वलभी के अन्तर्गत दक्षिणी राजस्थान का सारा पश्चिमी क्षेत्र आ जाता था। इसके अलावा, ह्वेन-त्सांग ने मालव से पूर्व के तीन राज्यों का वर्णन किया है जो मोटे तौर पर पूर्वी मालव (जिसकी राजधानी उज्जैन थी), बुन्देलखंड और ग्वालियर के बराबर हैं और कहा है कि इन पर विप्र राजाओं का

राज था। इससे स्पष्ट है कि यमुना से दक्षिण में हर्ष का आधिपत्य बहुत दूर तक नहीं था।

यमुना के पश्चिम में भी हर्ष का साम्राज्य किसी रूप में जालन्धर से आगे तक नहीं हो सकता। उत्तर में काश्मीर निश्चय ही एक स्वतन्त्र देश था। और हालाँकि कुछ लोगों का मत है कि नेपाल भी हर्ष के साम्राज्य में था, लेकिन इसके पक्ष में कोई ठोस प्रमाण नहीं है। वैसे यह जरूर सम्भव है कि उसने हिमालय की तराई में कुछ इलाके जीत लिये हों।[1] और पूर्व में, जैसा पहले देख चुके हैं, ऐसा कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं है, जिससे जाहिर हो कि उत्तरी, दक्षिणी या पूर्वी बंगाल, कहीं पर भी हर्ष का प्रभुत्व स्वीकार किया गया हो या कामरूप हर्ष के अधीनस्थ राज्यों में से रहा हो।[2]

इस विस्तृत जाँच-पड़ताल के बाद हम इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिए मजबूर हैं कि आरम्भ में हर्ष का साम्राज्य केवल कन्नौज और थानेश्वर के राज्यों तक ही सीमित था, हालाँकि उसने उत्तर और पश्चिम में कुछ छोटी-छोटी रियासतों को अपने साम्राज्य में मिला लिया था। इस प्रकार हम देखते हैं कि उसका राज्य पूर्वी पंजाब और उत्तर प्रदेश तक ही सीमित था। फिर अपने राज्य काल के अन्तिम दिनों में उसने मगध को अपने साम्राज्य में मिला लिया था और उड़ीसा और कंगोद तक विजय करता हुआ पहुँच गया था। लेकिन यह मालूम नहीं है कि इन दोनों राज्यों को और इनके मध्यवर्ती प्रदेश को भी उसने अपने साम्राज्य में मिलाया था या नहीं।

हर्ष के साम्राज्य की यह सीमा आमतौर पर अनुमानित सीमा से बहुत संकीर्ण है। बंगाल की सन्देहजनक स्थिति को छोड़कर देखें तो इस समय तक उपलब्ध जानकारी के आधार पर यह कहना असम्भव है कि हर्ष का आधिपत्य किसी विशाल क्षेत्र तक फैला हुआ था। यह भी महत्त्वपूर्ण है कि जिन स्थानों पर उसके सिक्के और अभिलेख प्राप्त हुए हैं और वह इलाका जहाँ उसके द्वारा प्रवर्तित संवत् निस्सन्देह रूप से प्रचलित था, उपर्युक्त क्षेत्र की सीमा के भीतर ही स्थित हैं।

V. हर्ष का मूल्यांकन

यह अनुमान करना बिल्कुल गलत होगा, जैसा कुछ विद्वानों का मत है, कि हर्ष हिन्दू काल का अन्तिम महान् साम्राज्य-निर्माता है और उसकी मृत्यु उत्तर भारत की राजनीतिक एकता स्थापित करने की सफल कोशिशों की समाप्ति का सूचक है। दरअसल अगली पाँच शताब्दियों में उत्तर भारत में कई नये साम्राज्य उठे और गिरे, जो

---

१. बाणभट्ट का कहना है (ह. च., पृ. ७६) कि हर्ष बर्फीले पहाड़ों में स्थित एक दुर्गम देश से खिराज वसूल करता था। बूलर (इ. ऐ. XIX. ४०) और उसका अनुकरण करके कई विद्वानों ने इस दुर्गम प्रदेश को नेपाल बताया है, जबकि लेवी (नेपाल, II, १४५-४६) और एट्टिंगसन (हर्षवर्धन, पृ. ४७) का विचार है कि उसका संकेत तुखार (तुषार) देश की ओर है।

२. देखिए, त्रिपाठी (हि. क. पृ. १०४) और प्रो. इ. हि. का., VI. ४८)।

किसी भी दृष्टि से हर्ष के साम्राज्य से कम नहीं थे और उनमें से कुछ तो—जैसे प्रतिहारों का साम्राज्य—हर्ष के साम्राज्य से बड़े और अधिक टिकाऊ भी थे। इसलिए, यद्यपि यह मानना तो व्यर्थ है कि भारतीय इतिहास में हर्षवर्धन का राज्यकाल किसी भी रूप में एक विशिष्ट युग या युगान्तर है, लेकिन हम यह कहे बिना नहीं रह सकते कि वह एक महान् शासक, वीर सेनापति, कला और साहित्य का उदार संरक्षक तथा उदात्त भावनाओं और श्रेष्ठ व्यक्तित्व वाला मनुष्य होने के नाते हमारी प्रशंसा और श्रद्धा का पात्र है।

हर्षवर्धन जिस समय थानेश्वर की गद्दी पर बैठा, वह इस राज्य के इतिहास का सबसे संकटपूर्ण काल था। कन्नौज को, जो उसका पड़ोसी और मित्र राज्य था, एक ताकतवर दुश्मन ने पैरों तले रौंद डाला था और उसका इरादा थानेश्वर पर भी चढ़ाई करने का था। इस मुसीबत से छुटकारा पाने की कोशिश में थानेश्वर के राजा को अपने प्राण गंवाने पड़े। इस प्रकार थोड़े ही दिनों में एक के बाद दूसरे राजा की मृत्यु ने इस तरुण राजा की स्थिति को और भी मुश्किल बना दिया था। उसके सामने कठिन कार्य थे, खासतौर पर अगर हम यह स्मरण रखें कि सीमावर्ती राज्यों से उसके सम्बन्ध अच्छे नहीं थे, और उनमें से एक के विरुद्ध तो फौजी कार्रवाई भी चल रही थी। यह तथ्य कि हर्ष ने न सिर्फ इन सब कठिनाइयों पर काबू पा लिया, बल्कि उसने थानेश्वर के छोटे से राज्य को उत्तर भारत का सबसे शक्तिशाली राज्य बना दिया, उसकी सैन्य कुशलता और योग्यता का प्रमाण है। गुप्त साम्राज्य के पतन से विघटन की जिन शक्तियों को प्रोत्साहन मिला था, जिन्होंने एक साम्राज्य-निर्माता के कार्य को विशेष रूप से कठिन बना दिया था और हर्ष को उत्तर भारत में पैदा हो जाने वाले अनेक छोटे-छोटे राज्यों से युद्ध करना पड़ा। उसे उस महान् सम्राट से भी लोहा लेना पड़ा, जिसने दक्षिणापथ और दक्षिण भारत में उसकी ही मिसाल पर चलकर सफलता प्राप्त की थी। हर्ष के सैनिक अभियानों को समान रूप से सफलता नहीं मिली, लेकिन छोटी-मोटी असफलताओं के बावजूद उसने एक शक्तिशाली साम्राज्य का निर्माण किया था और एक महान् विजेता होने की ख्याति प्राप्त कर ली थी। उत्तर भारत में उसके प्रभुत्व को कोई चुनौती नहीं दे सकता था और वे सब राजा भी, जो उसको अपना अधिराज नहीं मानते थे, उससे भय खाते थे और उसकी कृपा दृष्टि और मैत्री के लिए उत्सुक रहते थे। यह इस बात से साफ जाहिर है कि उसके द्वारा आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होने के लिए राजाओं की पांत लग जाती थी। यह बात विशेषकर उस कहानी से भी जाहिर है जो ह्वेन-त्सांग ने इस महान् सम्राट से अपनी पहली मुलाकात के बारे में बयान की है। उस समय हर्ष उड़ीसा के अभियान से लौटकर अपने कजंगल के शिविर में (राजमहल के निकट) ठहरा हुआ था। यह सुनकर कि ह्वेन-त्सांग कामरूप में है, उसने राजा भास्करवर्मन् के पास अपना दूत भेजा कि वह चीनी श्रमण को फौरन उसके पास भेज दे। भास्करवर्मन् ने उत्तर भेजा : "वह (हर्ष) मेरा सर ले सकता है, लेकिन वह अभी मेरे धर्म-गुरू (ह्वेन-त्सांग) को नहीं ले सकता।" यह उत्तर पाते ही हर्ष ने

एक संक्षिप्त सन्देश भेजा : "दूत के हाथ अपना सर भेज दो।" अपनी बेवकूफी से बेहद घबराकर भास्करवर्मन् ने गलती का प्रतिकार करने के लिए फौरन ह्वेन-त्सांग को साथ लेकर व्यक्तिगत रूप से हर्ष के दरबार में हाजिर होने का फैसला किया।[1] इस कहानी को अक्षरशः सत्य मानने की जरूरत नहीं है। फिर भी इससे जाहिर है कि उसे स्वतंत्र राजाओं का भी कितना आदर और सम्मान प्राप्त था।

हर्ष को यद्यपि एक महान् और शक्तिशाली सम्राट तो मानना ठीक है, लेकिन उसके युद्ध-कौशल और राजनीतिकता का सही-सही मूल्यांकन कठिन है। देखने में लगता है कि कन्नौज की गद्दी पर बैठते ही उसकी भावी सफलता के द्वार खुल गये थे और उसका कार्य आसान हो गया था। हम नहीं जानते कि उसने उस गद्दी को पाने के लिए किन साधनों का प्रयोग किया था, और हम यह भी नहीं कह सकते कि उसकी आरम्भिक सफलताओं में सौभाग्य, कूटनीति या सैन्य-कौशल का कितना हाथ था। रही उसके फौजी अभियानों की बात, तो हम जानते हैं कि उसके दुश्मनों में सिर्फ दो ही प्रथम कोटि के शक्तिशाली राजा थे, पुलकेशिन और शशांक। एक ने उसको हरा दिया था और दूसरे के विरुद्ध वह निश्चय ही कोई सफलता नहीं पा सका था। उसके अन्य दुश्मनों की, जैसे सिन्ध और वलभी के राजा की शक्ति का तुलनात्मक अन्दाज लगाने के लिए हमारे पास बहुत कम जानकारी है। और यह मत कि हर्ष दक्षिण भारत तक चढ़ाई करता चला गया था, बिल्कुल निराधार है।[2]

दो बाहरी प्रमाण भी उपलब्ध हैं, जिनसे ज्ञात होता है कि अपने समय की राजनीति में हर्षवर्धन का कितना ऊँचा स्थान था। चालुक्य अभिलेखों में कहा गया है कि पुलकेशिन ने गौरवशाली हर्षवर्धन को हराकर, जो सारे उत्तर भारत का युद्धवीर स्वामी था, "**परमेश्वर**" की उपाधि धारण की थी। हालाँकि **सकलोत्तरापथ-नाथ** का वाच्यार्थ लगाकर यह नहीं मान लेना चाहिए कि हर्ष सारे उत्तर भारत का स्वामी था, लेकिन दक्षिण भारत के अभिलेखों से यह तो निश्चय ही जाहिर होता है कि अपने समय की राजनीति में हर्ष का सर्वोच्च स्थान था।

दूसरे, हर्ष के गद्दी पर बैठने की स्मृति में एक संवत् का प्रवर्त्तन किया गया था, जिसका सम्भवतः उसकी मृत्यु के बहुत बाद तक प्रचलन रहा था। कुछ अभिलेख, जिन पर २९८ वर्ष की तारीख पड़ी है, और एक, जिस पर ५६३ (या ५६२) वर्ष की तारीख पड़ी है, इस संवत् के बताये जाते हैं।[3] हालांकि इस सम्वत् को हर्ष के नाम के साथ जोड़ने की एक भी मिसाल नहीं मिलती, लेकिन अलबेरूनी के कुछ वक्तव्यों से उसके प्रचलन का अनुमान किया गया है। अलबेरूनी[4] ने उल्लेख किया है कि मथुरा और

---

१. लाइफ, पृ. १७२।
२. देखिए, त्रिपाठी, हि. क., पृ. १२१. ऊपर देखिए, पृ. १२०, पा. टि. २।
३. देखिए भ. लिस्ट, १८९ प. पृ.; त्रिपाठी, हि. क., पृ. १२३।
४. सचाउ का. अनुवाद, जिल्द II, पृ. ५।

कन्नौज में श्रीहर्ष का सम्वत् प्रचलित है जिसका प्रवर्त्तन विक्रम संवत् से ४०० साल पहले हुआ था, अर्थात् लगभग ४५८ ई० पू० में। फिर उसने लिखा कि उसने काश्मीर के तिथि-पत्र में पढ़ा कि हर्ष विक्रमादित्य से ६६४ वर्ष बाद हुआ था। इस हिसाब से हर्ष के गद्दी पर बैठने की तारीख ६०६ ई० होती है, जो कि अब भी विद्वानों को मान्य है। अल्बेरूनी ने आगे लिखा कि हर्ष के नाम पर दो संवत् प्रचलित थे, जिनमें बाद वाला संवत्, जिसका प्रवर्तन हर्षवर्धन ने किया था, इसी तारीख से शुरू होता था। लेकिन हर्षवर्धन सन् ६०६ ई० में गद्दी पर बैठा था, इस तथ्य का 'ह्वेन-त्सांग की जीवनी' (लाइफ आफ ह्वेन-त्सांग)[१] में दिये गये एक वक्तव्य से मेल बैठाना कठिन है, जिसका आशय यह है कि जब सन् ६४३ ई० में हर्ष ने प्रयाग में अपने राज्यकाल का छठा पंचवर्षीय उत्सव मनाया था, तब वह ३० वर्ष या कुछ अधिक दिनों तक राज कर चुका था। दोनों में संगति तभी बैठ सकती है जब हम इस तीस वर्ष की अवधि का आरम्भ कन्नौज की गद्दी पर बैठने की तारीख से लगायें, जो इस हिसाब से सन् ६१२ ई० हुई।[२] जो भी हो, यह सूचित कर देना जरूरी है कि हमारे पास ऐसा कोई विश्वसनीय प्रमाण नहीं है, जिससे आमतौर पर स्वीकृत इस धारणा की पुष्टि होती हो कि सन् ६०६ ई० में हर्षवर्धन थानेश्वर की गद्दी पर बैठा था और इस तारीख से उसका संवत् जोड़ा जाता था।[३]

ह्वेन-त्सांग ने हर्ष का जो विशद चित्र खींचा है, उसके अनुसार वह एक तेजस्वी और कर्मठ शासक था, जो हर समय गतिशील रहता था। या तो वह सैनिक अभियानों में भाग लेता, या अपने विशाल साम्राज्य के विभिन्न भागों का दौरा करता रहता, जहां वह सब के साथ न्याय करता, योग्य व्यक्तियों को सम्मानित करता और लोगों के व्यवहार या आचरण की गलतियों को सुधारता था। उसके पास एक विशाल स्थायी सेना थी और उसकी संख्या के बारे में ह्वेन-त्सांग का अनुमान काफी दिलचस्प है। आरम्भ में तो कहा गया कि उसकी फौज में ५,००० हाथी २,००० घुड़-सेना और ५०,००० पैदल सेना थी। लेकिन बाद में हाथियों और घोड़ों की तादाद क्रमशः बढ़ाकर ६०,००० और १,००,००० कर दी गयी है।[४] यह संख्या अविश्वसनीय लगती है और

---

१. बील का अनुवाद, पृ. १८३।

२. वी. ए. स्मिथ के अनुसार सन् ६१२ ई० तक 'हर्ष ने साहसपूर्वक खुलकर यह दावा नहीं किया था' कि वह थानेश्वर का राजा है। स्मिथ का सुझाव है कि उस समय तक हर्ष 'अपने आप [को अपनी बहन या अपने दिवंगत भाई के नाबालिग बेटे की ओर से रीजेन्ट ही समझता था।' (अ. हि. इ.[३] ३३८) लेकिन यह कहना कि थानेश्वर की गद्दी पर उसकी बहन का कोई हक था, बिल्कुल अनर्गल बात है। और जैसा पहले बताया जा चुका है, बाण के विवरण से इस बात में कोई सन्देह नहीं रह जाता कि भाई की मृत्यु के फौरन बाद वह थानेश्वर का राजा बन गया था।

३. प्रस्तुत लेखक ने इस प्रश्न पर विस्तार से विवेचन किया है। (इ. हि. क्वा., १८३); और भी देखिये, वही, ३२१ तथा इ. हि. क्वा. XXVIII.

४. हि. त्सा. बी. I. २१३।

अगर इसी अनुपात में पैदल सेना की संख्या में भी वृद्धि की गयी होती तो उसकी तादाद दस लाख के करीब होती। चन्द्रगुप्त मौर्य की फौज में भी, जिसका राज्य हर्ष के राज्य से कहीं बड़ा था, सिर्फ ३०,००० घुड़-सेना, ९,००० हाथी और ६,००,००० पैदल सेना थी। ह्वेन-त्सांग का वक्तव्य निश्चय ही सन्देहास्पद है। घुड़-सेना को विशेष महत्त्व दिया जाता था, इसका संकेत बाणभट्ट ने भी किया है, क्योंकि उसने लिखा है कि फारस, अफगानिस्तान और पश्चिमोत्तर प्रान्त से घोड़े खरीदकर लाये जाते थे, जो आज भी घोड़ों की अच्छी नस्ल के लिए प्रसिद्ध हैं।[1]

हर्ष ने युद्ध और शान्ति की कलाओं में समान रूप से अपने आपको अद्वितीय शासक साबित किया था। वह कलम भी उतनी ही कुशलता से चला सकता था, जितनी कुशलता से तलवार। उसके लिखे तीन नाटक **रत्नावली, प्रियदर्शिका** और **नागानन्द** उपलब्ध हैं, जो इस शाही लेखक की सर्जनात्मक प्रतिभा के प्रमाण हैं। इन कृतियों से उसे समकालीन और परवर्ती पीढ़ियों से श्रेष्ठ कवि के रूप में सम्मान और ख्याति प्राप्त हुई।[2] इसके अलावा, वह विद्या और ज्ञान का महान संरक्षक था, और बाणभट्ट, मयूर तथा अन्य कवि और साहित्यकार उसके दरबार की शोभा थे। ह्वेन-त्सांग ने भारत का सामान्य विवरण देते हुए लिखा है कि साम्राज्य की आमदनी चार भागों में बांट दी जाती है। एक भाग प्रशासन और सरकार द्वारा किये जाने वाले धार्मिक अनुष्ठानों पर खर्च किया जाता है। एक भाग श्रेष्ठ सार्वजनिक सेवाओं का प्रबन्ध करने के लिये अनुदान के रूप में दिया जाता है, एक भाग श्रेष्ठ बौद्धिक उपलब्धियों को पुरस्कृत करने के लिए खर्च किया जाता है और एक भाग विभिन्न धार्मिक सम्प्रदायों को धार्मिक योग्यताएं बढ़ाने के लिये अनुदान के रूप में बांटा जाता है।[3] अगर यह चित्र हर्ष की सरकार का है जिस पर अविश्वास करने का कोई कारण नहीं, तो इससे स्पष्ट है कि सम्राट की ओर से विद्या और ज्ञान को संरक्षण प्राप्त था और इस बात की अन्य स्रोतों से भी पुष्टि होती है। 'ह्वेन-त्सांग की जीवनी' (लाइफ आफ ह्वेन-त्सांग)[4] में एक कहानी है कि सौराष्ट्र से मगध में आकर बसने वाले जयसेन नाम के एक क्षत्रिय गृहस्थ की अपार विद्वत्ता और ज्ञान से हर्ष इतना प्रभावित हुआ कि उसने जयसेन को उड़ीसा के अस्सी बड़े-बड़े कस्बों का राजस्व दान करने का प्रस्ताव किया। यह प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया गया, लेकिन इससे सिद्ध होता है कि विद्वानों के प्रति हर्ष कितना उदार था और उनका कितना ध्यान रखता था। हर्ष नालन्दा विश्वविद्यालय का भी

---

१ बाण ने देखा कि हर्ष का अस्तबल राजा के मनपसन्द घोड़ों से भरा था। ये घोड़े वनायु, अरट्ट, कम्बोज, भरद्वाज, सिन्ध और फारस से लाये गये थे। (ह. च., पृ. ५०)

२. हर्ष ने ये नाटक स्वयं लिखे थे या नहीं, इस बारे में सन्देह प्रकट किये गये हैं। डा. त्रिपाठी ने इसकी पूर्ण विवेचना की है (हि. क., पृ. १८५) तथा हर्ष की साहित्यिक कार्यवाहियों के सन्दर्भ उद्धृत किये हैं। (पृ. १८२) देखिये आगे परि. XV.

३. या. ट्रै. वा. I. १७६।

४. बील का अनुवाद, पृ. १५४।

महान संरक्षक था, जो उन दिनों सारे बौद्ध-जगत में विद्या का सबसे बड़ा और महत्त्वपूर्ण केन्द्र था। ह्वेन-त्सांग से हमें ज्ञात होता है कि हर्ष ने नालन्दा में एक शानदार बौद्ध-विहार और कांसे का मन्दिर बनवाया था।[1] ई-त्सिंग का कहना है कि "शीलादित्य बड़ा साहित्य-प्रेमी है" और यह कि उसने न सिर्फ बोधिसत्व जीमूतवाहन की कथा को पद्य बद्ध किया है (अर्थात् नागानन्द) "बल्कि कलाकारों से नृत्य और अभिनय के साथ उसे मंचित भी करवाया है"।[2]

बाणभट्ट की आलंकारिक प्रशस्तियों और ह्वेन-त्सांग की अतिरंजनाओं को ध्यान में रखें, तो भी उनके वर्णनों में इस बात में कोई सन्देह नहीं रह जाता कि हर्ष बहुमुखी प्रतिभा का शासक और शानदार व्यक्तित्व का आदमी था। यह स्वाभाविक है कि ह्वेन-त्सांग ने हर्ष के धार्मिक विश्वासों और कार्यों का विस्तार से वर्णन किया है। कोई भी व्यक्ति इस चीनी यात्री की विशालकाय पोथियों को पढ़कर और बौद्ध-धर्म के प्रति उसके उत्साह को देखकर, जो धर्मान्धता की सीमा छू लेता है, हैरान रह जायेगा। बौद्धधर्म के प्रति उसमें इतनी अन्ध भक्ति थी कि वह आँखों के आगे अलौकिक घटनाएँ भी घटती हुई बयान करता है। उसने भारत में हर चीज को बुद्धधर्म के चश्मे से देखा और अन्य धर्मों से उसकी नैसर्गिक श्रेष्ठता को वह तर्क से परे की बात समझता था। हर्ष के धार्मिक कार्यों के बारे में ऐसे व्यक्ति के विवरण को तनिक संकोच के साथ ही स्वीकार करना चाहिए। अगर हर्ष के उत्कीर्ण अभिलेखों एवं पुरालेखों के आधार पर निर्णय करें, जैसा अन्य लोगों के बारे में हमने किया है, तो हर्ष को एक निष्ठावान् और धर्मप्राण शैव मानना चाहिए। उसकी राजकीय मुहरों में उसके तीन पूर्वजों को सूर्योपासक और उसके भाई को बौद्ध बताया गया है; और खुद उसको शैव मत का अनुयायी कहा गया है। इस बात की पुष्टि उन दोनों अभिलेखों से भी होती है, जो हमें उपलब्ध हैं। इसके बावजूद ह्वेन-त्सांग के विवरणों से मन पर यह प्रभाव पड़ता है कि हर्ष न सिर्फ बौद्ध धर्म का निष्ठावान् अनुयायी था, बल्कि वह जानबूझकर दूसरे धार्मिक सम्प्रदायों का, जिनमें शैव भी आते हैं, अनादर करता था, मानो वे निम्नकोटि के धर्म हों। उदाहरण के लिए ह्वेन-त्सांग ने उस महान् उत्सव का वर्णन किया है, जिसका हर पाँचवें साल हर्ष प्रयाग में गंगा और यमुना के संगम पर आयोजन करता था, जब **अपने पूर्वजों की रीति के अनुसार,** वह पिछले पांच साल में एकत्र हुआ अपना सारा धन दान कर देता था। लेकिन हमें बताया गया है कि अवकाश प्राप्त विद्वानों, दूसरे धर्मों के एकान्तवासी साधकों और लावारिस गरीबों को दान करने से पहले, वह बुद्ध की मूर्ति पर सबसे कीमती हीरे-जवाहर चढ़ाता था और दूर-दूर से आये हुए बौद्ध भिक्षुओं को उपहार देता था।[3] यह दान इतने बड़े पैमाने पर किया जाता था कि देश का सारा

---

१. लाइफ, पृ. १५९, या. ट्रै. वा. II. १७१।
२. इ. रे. त. १६३-६४।
३. या. ट्रै. वा. I. ३६४।

सार्वजनिक और व्यक्तिगत खजाना खाली हो जाता था, लेकिन दस दिनों के अन्दर ही विभिन्न देशों के राजाओं द्वारा दिये गये उपहारों से खजाना फिर भर जाता था। यह विवरण ह्वेन-त्सांग के अन्य वक्तव्यों के अनुरूप ही है, और निःसन्देह इसमें केवल अतिरंजना ही नहीं है, बल्कि सच्चाई को विकृत भी किया गया है।

इससे भी ज्यादा विलक्षण विवरण कन्नौज में आयोजित हर्ष की धर्म-सभा का है।[1] जिसमें अपने प्रसिद्ध मेहमान के साथ भास्कर वर्मन् और करीब २० (या अठारह) दूसरे राजाओं ने भाग लिया था।[2] कन्नौज में सौ फुट ऊँची एक विशेष मीनार बनायी गई थी जिस पर राजा के कद की बुद्ध की स्वर्ण प्रतिमा स्थापित की गयी थी। प्रतिदिन शानदार ढंग से सजे हुए हाथी पर रखी बुद्ध की एक छोटी प्रतिमा को सारे राजा-गण अपने घेरे में एक विशाल जलूस के साथ ले जाते थे। हाथी की बायीं तरफ शक्र (इन्द्र) के वेश में हर्ष हाथ में छत्र थामे रहता, और दायीं ओर ब्रह्मा के वेश में चमर डुलाते हुए भास्करवर्मन् चलता था। विशेष रूप से निर्माण की गई एक वेदी के पास पहुँच कर हर्ष सबसे पहले इत्रों से सुगन्धित जल में बुद्ध की प्रतिमा को स्नान कराता, फिर उसे स्वयं अपने कन्धे पर उठाकर मीनार के अन्दर ले जाता, जहाँ उस पर कीमती मोतियों और जवाहरों से टंकी दसियों, सैकड़ों और हजारों रेशमी पोशाकें चढ़ाता। इस पूजन के बाद एक विशाल दावत होती। दावत के बाद सारे राजा गण और विभिन्न धार्मिक सम्प्रदायों के अनुयायी एक सभा में एकत्र होते और शाम तक गम्भीर और गहन विषयों पर विचार विमर्श करते, फिर हर्ष राजसी शान-शौकत से अपने महल में विश्राम के लिए लौट जाता। यह कार्यक्रम लगातार २१ दिनों तक चलता था।

कहना व्यर्थ है कि विचार-विमर्श के लिए बुलाई गई इस सभा में ह्वेन-त्सांग का व्यक्तित्व और दूसरों के मुकाबले में सबसे ऊँचा दिखाया गया है। इस सभा के सदस्यों का चयन हर्ष खुद करता था, और उसमें राजाओं और उनके दो सौ मन्त्रियों के अलावा १,००० प्रसिद्ध बौद्ध श्रमण और ५०० ब्राह्मण तथा अन्य धर्मों के अनुयायी होते थे। ह्वेन-त्सांग को "विचार-विमर्श का अध्यक्ष" नियुक्त किया गया, और एक विषय चुनने के बाद उसने कहा कि जो कोई उसके तर्क में गलती निकाल देगा, उसे वह अपना सर भेंट कर देगा। पाँच दिनों तक उसको चुनौती देने का किसी ने साहस नहीं किया। फिर हीनयान सम्प्रदाय के अनुयायियों ने उसकी हत्या करने का षड्यन्त्र रचा। इस पर हर्ष ने एक फरमान जारी किया कि अगर कोई चीनी यात्री को "आघात पहुँचायेगा या छूएगा भी" तो उसे फौरन मौत की सजा दी जायेगी। फिर उसने घोषणा की कि "जो कोई उसके विरुद्ध बोलेगा, उसकी जबान काट ली जाएगी।" इसमें फिर आश्चर्य की कोई बात नहीं कि इसके बाद "गलत मत के अनुयायी वहाँ से उठकर चले गये" और बहस में किसी ने हिस्सा नहीं लिया।

---

१. या. ट्रै. वा. I. २१८; लाइफ, १७७।

२. लाइफ में राजाओं की संख्या १८ बतायी गयी है

लेकिन ऐसा लगता है कि हत्या कन्नौज की धार्मिक सभा के वातावरण में मंडरा रही थी। हमें बताया गया है कि विधर्मियों में हर्ष के प्रति गहरा आक्रोश था और उन्होंने हर्ष की हत्या करने की योजना बनायी थी, क्योंकि यद्यपि "बौद्धों को तो भेंट-उपहार देते हुए उसने अपना खजाना खाली कर दिया था, लेकिन उन लोगों से सीधे मुँह बात भी नहीं की थी।" सभा के आखिरी दिन उस महान् मीनार में अचानक आग लग गयी और इससे जो अफरा-तफरी मची, उसके बीच एक विधर्मी छुरा लेकर हर्ष की ओर दौड़ा। वह आदमी पकड़ लिया गया और उसने कबूल किया कि उसे विधर्मियों ने धन देकर तैनात किया था और उन्होंने जानबूझकर मीनार में आग लगायी थी, ताकि अफरा-तफरी के बीच उसे सम्राट की हत्या करने का मौका मिल जाये। हर्ष ने पांच सौ ब्राह्मणों से, जो सभी बड़े विद्वान थे, पूछताछ की और उन्होंने कबूल किया कि इस षड्यन्त्र में उनका हाथ था और बताया कि उन्हें **श्रमणों** "से ईर्ष्या थी, जिनका सम्राट इतना आदर और सम्मान करता था।" सम्राट ने षड्यन्त्र के नेताओं को सजा दी और उन ५०० ब्राह्मणों को भारत सीमान्त प्रदेशों में निर्वासित कर दिया।

इस प्रकार कन्नौज की इस विचित्र सभा का समापन हुआ। सारे दृश्य पर ह्वेन-त्सांग का विशाल व्यक्तित्व छाया हुआ दीखता है, और उसके मुकाबले में हर्ष एक छोटा और दयनीय व्यक्ति नजर आता है। बौद्ध धर्म का कट्टर पक्षधर और अपने प्रसिद्ध मेहमान का अंध भक्त होने के कारण, हर्ष अपने राजकीय कर्त्तव्यों और उस धर्म के प्रति अपनी आस्था को भी भूल गया, जिसे सरकारी तौर पर उसने स्वीकार किया था और जिसे उसकी प्रजा के अधिकतर लोग मानते थे। ब्राह्मण-धर्म के एक देवता के वेश में राजा के बुद्ध की मूर्ति को लेकर चलने से निश्चय ही उन लाखों लोगों की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुँची होगी जो इस उत्सव को देखने के लिए राजधानी आये होंगे। इसके अलावा यह भी विचित्र बात है कि धार्मिक विषयों पर बहस करने के लिए कोई सभा बुलाई जाय, जिसमें ह्वेन-त्सांग प्रमुख वक्ता हो और फिर सार्वजनिक रूप से घोषणा कर दी जाये कि जो भी ह्वेन-त्सांग के विरुद्ध एक भी शब्द कहेगा, उसकी जबान काट ली जायेगी। स्पष्ट है कि इस सभा का परिणाम पूर्व निश्चित था—ह्वेन-त्सांग एकान्त में अध्यक्ष की कुर्सी सुशोभित करता रहा और बहस में भाग लेने के लिए किसी ने अन्दर कदम भी नहीं रखा। ह्वेन-त्सांग हमारे सामने अपने संरक्षक और नायक रूप की कुछ इस तरह की ही तस्वीर पेश करता है, लेकिन हम सन्देह कर सकते हैं कि हर्ष क्या सचमुच इतनी बड़ी मूर्खता कर सकता था।

ह्वेन-त्सांग के विवरण से इस बात में कोई सन्देह नहीं रह जाता कि बौद्ध धर्म के प्रति हर्ष में गहरी आस्था थी, और उसने चीनी यात्री की विद्वत्ता, धर्मनिष्ठा और भक्ति के कारण उसको बहुत सम्मानित किया था। लेकिन शायद इस बात को जरूरत से ज्यादा महत्त्व देना होगा, अगर हम यह विश्वास करने लगें कि हर्ष ने अपना पुराना धर्म बाजाब्ता छोड़ दिया था और बौद्ध मत के प्रति उसका उत्साह और ह्वेन-त्सांग के प्रति उसकी श्रद्धा इतनी अधिक हो गई थी कि उसके कारण वह दूसरे धार्मिक सम्प्रदायों

और उनके श्रद्धास्पद नेताओं का खुला अनादर नहीं तो उनकी उपेक्षा अवश्य ही करने लगा था।

VI. चीन से हर्ष के सम्बन्ध

ह्वेन-त्सांग से हर्ष की आत्मीयता का एक महत्त्वपूर्ण परिणाम निकला। यात्री ने चीनी सम्राट की शक्ति और प्रतिष्ठा का जो वर्णन किया, उससे हर्ष अवश्य ही प्रभावित हुआ और इस कारण उसने सन् ६४१ ई० में अपना राजदूत[1] चीनी सम्राट के दरबार में भेजा। मा-त्वान-लिन ने इसका निम्नलिखित विवरण सुरक्षित रखा है :

"(सन् ६४१ ई० में) शीलादित्य ने मगध के राजा की उपाधि धारण की और एक पत्र देकर सम्राट के पास अपना राजदूत भेजा। इसके बदले में, सम्राट ने लियाँग-होआई-किंग को राजदूत के रूप में शाही पत्र देकर भेजा, जिसमें शीलादित्य को (सम्राट की प्रभुसत्ता स्वीकार करने का) निमंत्रण था। शीलादित्य आश्चर्यचकित रह गया और उसने अपने पदाधिकारियों से पूछा कि क्या आदिकाल से लेकर आजतक कभी कोई चीनी राजदूत भारत आया था। "कभी नहीं", उन्होंने एक स्वर से उत्तर दिया। इस पर राजा उठकर बाहर गया, सम्राट के फरमान को हाथ में लेकर घुटनों के बल बैठकर अपने सर पर रख लिया।"

एट्टिंगसन (Attinghausen) ने हर्ष के इस विनीत भाव से यह अनुमान लगाया है कि हर्ष किसी बहुत बड़ी मुसीबत में फंस गया होगा और उसे चीन की मदद की सख्त जरूरत रही होगी। इस तरह का निष्कर्ष बिल्कुल अनावश्यक है। चीनी वृत्तान्तकारों का हमेशा से यह रवैया रहा है कि वे किसी भी राजदूत द्वारा भेंट किए गए उपहारों को अधीनस्थ राजाओं द्वारा दी गई खिराज के रूप में पेश करते हैं, और इसमें आश्चर्य नहीं कि हर्ष ने चीनी राजदूत के प्रति जो विनम्रता और सम्मान दिखाया था, उसको उन्होंने चीनी सम्राट की अधीनता स्वीकार करना समझा हो। यह विश्वास करना असम्भव है कि हर्ष सचमुच चीन जैसे सुदूर देश से किसी प्रकार की मदद पाने की आशा रखता हो, जिसके बारे में ह्वेन-त्सांग से भेंट होने से पहले उसकी जानकारी नहीं के बराबर थी।

सन् ६४३ ई० के अन्तिम दिनों में ली-इ-पिआओ और वांग-हिउएन त्से के नेतृत्व में चीन से एक दूसरा दूत-मण्डल मगध पहुँचा। वे अपने साथ चीनी सम्राट के पास भेजे

---

१. राजदूतों के विवरण के लिए देखिए एट्टिंगसन, हर्षवर्धन, पृ. ५४-५७; डा. पी. सी. बागची ने चीन के राजदूतों की गणना करते समय त्यांग-होआई-किंग के नेतृत्व में आने वाले दूत-मण्डल का उल्लेख नहीं किया है, और उन्होंने ली-ए-प्याओ के नेतृत्व में आने वाले दूत-मण्डल को पहला राजदूत माना है, जिसे चीनी सम्राट ने हर्ष के राजदूत के बदले में भेजा था। (इंडिया एंड चाइना, पृ. ८२) उन्होंने दो चीनी राजदूतों के नाम ली-यी-पाओ और वांग-हिउआन-त्सो लिखा है और दूसरे राजदूत के भारत पहुँचने की तारीख सन् ६४७ ई० बतायी है। (सिनो-इंडियन स्टडीज, I, ६९)।

गये शीलादित्य का एक ब्राह्मण दूत भी लाये। उसे शायद ह्वेन-त्सांग से भेंट होने के तत्काल बाद ही हर्ष ने चीन भेजा होगा। यह दूत-मण्डल मगध के राजा के नाम (चीनी विवरणों में हर्ष को इस नाम से ही पुकारा जाता था) चीन के सम्राट का उत्तर लेकर आया था। इस दूत-मण्डल का भी उसी तरह सम्मानपूर्वक स्वागत सत्कार किया गया, जिस तरह पहले राजदूत का किया गया था।

अभी वांग-हिउएन त्से लौटकर चीन पहुँचा ही था कि उसे फिर हर्ष के दरबार में भेज दिया गया। यह तीसरा राजदूत शायद तब भेजा गया था जब चीनी सम्राट को भारतीय राजा के बारे में ह्वेन-त्सांग द्वारा दी गई विस्तृत विज्ञप्तियाँ या सन्देश प्राप्त हो गये थे। ह्वेन-त्सांग सन् ६४५ ई० में लौटकर चीन पहुँच गया था।

वांग हिउएन त्से ने सन् ६४६ ई० में भारत के लिए प्रस्थान किया। उसके साथ उसका सहकारी तस्यांग-चेउ जेन था। लेकिन जब ये लोग हिन्दुस्तान पहुँचे तो उस समय सम्राट का देहान्त हो चुका था। इससे हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि सम्भवतः हर्षवर्धन की मृत्यु ६४७ के आरम्भ में या ६४६ के अन्तिम दिनों में हुई थी। उसकी मृत्यु की ठीक तारीख या उसकी परिस्थितियों और उसके बाद की घटनाओं के बारे में कुछ भी ज्ञात नहीं है और किसी भी भारतीय अभिलेख से इस पर प्रकाश नहीं पड़ता।

हर्षवर्धन के किसी भी उत्तराधिकारी का पता नहीं चलता। उसके साथ ही विख्यात पुष्पभूति कुल और उस शक्तिशाली साम्राज्य का सदा के लिए अन्त हो गया, जिसका उसने अपने अपार जीवट और योग्यता से निर्माण किया था।

परिशिष्ट

राज्य-वर्धन की मृत्यु

राज्यवर्धन की मृत्यु के बारे में बाणभट्ट का विवरण,[1] जिसका सारांश पहले दिया जा चुका है, अस्पष्ट और अपूर्ण है, और एक पूर्वाग्रहयुक्त रचना के सारे दोष उसमें मिलते हैं। मिसाल के लिए उसने मालव या गौड़ के उन राजाओं के नाम तक का उल्लेख नहीं किया है, जिन्होंने थानेश्वर के राजवंश पर इतनी मुसीबतें ढायी थीं। गौड़ का राजा शशांक था, इसमें कोई सन्देह नहीं है, क्योंकि ह्वेन-त्सांग ने लिखा है कि शशांक ने राज्यवर्धन की हत्या की थी। हर्षवर्धन के अभिलेखों में देवगुप्त तथा दूसरे राजाओं का उल्लेख है, जिन्हें राज्यवर्धन ने हराया था। चूंकि अपने स्वल्प राज्यकाल में राज्यवर्धन ने जिन राजाओं को हराया था, उनमें सबसे महत्त्वपूर्ण मालव का ही राजा था, इसलिये यह अनुमान करना बिल्कुल संगत होगा कि हर्ष के अभिलेखों का देवगुप्त और मालव का राजा एक ही व्यक्ति के सूचक हैं।[2]

---

१. ह. च., पृ. १७७-७८, २२४, २५०।

२. इस विषय पर अन्य मतों को जानने के लिए देखिए इ. हि. क्वा. XXXII ४३१; XXXIII, २३५।

बाण की कहानी के पहले भाग से यह ध्वनि निकलती है कि अकेले देवगुप्त ने ही ग्रहवर्मन् को हराया और मार डाला तथा राज्यश्री को कैद में कर लिया। लेकिन राज्यश्री की कैद के सम्बन्ध में "गौड़ उपद्रव" का एक अप्रासंगिक उल्लेख और देवगुप्त की मृत्यु के फौरन बाद शशांक और राज्यवर्धन के बीच युद्ध का प्रसंग ऐसा है, जिसको समझना तब तक सम्भव नहीं है, जबतक हम यह न मान लें कि मौखरियों के विरुद्ध मालव और गौड़ में कोई गठबन्धन हुआ था।

इस गुट द्वारा कन्नौज-विजय के विवरण में अनेक बातें अस्पष्ट हैं। इस युद्ध के प्रारम्भिक चरणों के बारे में, जिसका अन्त ग्रहवर्मन् के लिए इतना विनाशकारी सिद्ध हुआ था, कोई ब्यौरा उपलब्ध नहीं है। साथ ही गुप्त नाम का वह सामन्त कौन था, जिसने राज्यश्री को कैद से छुड़ाया था, इसका भी कोई संकेत नहीं मिलता। न हमें यह बताया गया है कि राज्यश्री ने सुदूर विन्ध्याचल की पहाड़ियों में जाकर छिपने का निर्णय क्यों किया, जबकि वह आसानी से अपने मायके थानेश्वर जा सकती थी।

इसके बाद की घटनाओं को भी समझना आसान नहीं है। इतने शक्तिशाली दुश्मनों के खिलाफ लड़ने के लिए राज्यवर्धन इतनी थोड़ी फौज लेकर ही क्यों आया? अपने दोस्त शशांक को साथ लिए बिना ही देवगुप्त ने आगे बढ़कर राज्यवर्धन का अकेले मुकाबला क्यों किया? क्या राज्यवर्धन को मालूम था कि शशांक की सेना पास में ही है और अगर मालूम था तो वह नई कुमक का इन्तजार किए बिना ही, अपनी बची-खुची फौज को लेकर इस नये दुश्मन से लड़ने के लिए क्यों आगे बढ़ा?—इन सारे प्रश्नों का सन्तोषजनक उत्तर देना कठिन है।

ऐसी ही अनिश्चितता राज्यवर्धन की मृत्यु की कहानी के चारों ओर भी व्याप्त है। बाण का कहना है शशांक राज्यवर्धन को फुसलाकर अपने घर ले गया और जिस समय वह अकेला और निहत्था था, उस वक्त उसने धोके से उसकी हत्या कर दी। बाणभट्ट ने यह नहीं बताया कि ये प्रलोभन किस प्रकार के थे कि राज्यवर्धन अपने संरक्षकों को पीछे छोड़कर अपने दुश्मन के घर में अकेले जाने के लिए राजी हो गया था। बाण के एक परवर्ती टीकाकार शंकर ने इन प्रलोभनों की व्याख्या करते हुए बताया है कि शशांक ने एक जासूस के जरिये राज्यवर्धन को अपनी बेटी व्याहने का प्रस्ताव भेजा था और इस फुसलावे में आकर जब अभागा राज्यवर्धन दुश्मन के शिविर में आयोजित दावत में हिस्सा ले रहा था कि गौड़ के राजा ने छद्मवेश में आकर उसकी हत्या कर दी। अनर्गल होने के साथ ही यह व्याख्या बाण के इस स्पष्ट वक्तव्य से भिन्न है, जिसमें उसने कहा है कि राज्यवर्धन की मृत्यु उस समय हुई थी, जब वह अपने दुश्मन के घर में अकेला और निहत्था था।

ह्वेन-त्साँग ने बिलकुल भिन्न कहानी पेश की है। उसने कहा कि शशांक अपने मंत्रियों से राज्यवर्धन के सिलसिले में अक्सर कहा करता था कि अगर "सीमान्त राज्य का शासक नेक और गुणी हो, तो वह केन्द्रीय राज्य के दुर्भाग्य का कारण बन जाता है।" इस पर शशाँक के मंत्रियों ने राज्यवर्धन को एक सभा में बुलाकर उसकी हत्या कर दी।

एक और स्थान पर ह्वेन-त्सांग ने हर्ष के मंत्रियों के इस कथन का उद्धरण दिया है कि "अपने (राज्यवर्धन के) मंत्रियों की गलती के कारण, उसने अपने आपको दुश्मनों के हाथ में पड़ जाने दिया, और इससे राज्य को अपार क्षति पहुँची है, लेकिन इसमें आपके मंत्रियों का कसूर था।"

अन्तिम बात कि हर्षवर्धन के अभिलेखों में यह स्पष्ट कहा गया है कि अपने वचन को पूरा करने की खातिर राज्यवर्धन ने दुश्मन के घर में अपने प्राण दिये थे।

इन विभिन्न किस्म के विवरणों से ऐसा लगता है कि हालाँकि इसमें कोई सन्देह नहीं कि शशांक ने ही राज्यवर्धन की हत्या की थी, लेकिन यह मानना न्यायोचित या संगत नहीं है कि विश्वासघात करके यह हत्या की गई थी। बाणभट्ट और ह्वेन-त्सांग दोनों के मन में शशांक के प्रति कटुता थी, यह उनकी रचनाओं से जाहिर है, इसलिए उन्होंने जो दोषारोपण किये हैं उन पर बहुत संयत दृष्टि से सोचना चाहिए। यह कम आश्चर्य की बात नहीं है कि तत्कालीन तीनों विवरणों में, जिनमें राज्यवर्धन की हत्या का उल्लेख हुआ है, इस हत्या के कारणों या ब्यौरों के बारे में एकदम मौन साध रखा गया है। इस तथ्य पर जोर देना व्यर्थ है कि समकालीन लेखकों ने शशांक के विश्वासघात का उल्लेख किया है, क्योंकि शिवाजी और अफजल खान के प्रसंग में मुस्लिम और मराठा इतिवृत्तों में जो परस्पर विरोधी ब्यौरे मिलते हैं, उनसे यह बात रेखांकित हो जाती है कि समकालीन प्रमाणों पर, विशेषकर जब वे पक्षपातपूर्ण और पूर्वाग्रही स्रोतों से प्राप्त हों, निर्भर करना खतरनाक है। जो भी हो, जब तक प्रमाण उपलब्ध न हों, तब तक इस प्रश्न पर अपना निर्णय स्थगित रखना ही बेहतर होगा।[१]

सामान्य सन्दर्भ

१. समसामयिक साहित्यिक कृतियाँ

(क) बाणभट्ट—**हर्षचरित** (सन्दर्भ कॉवेल और टॉमस के अँगरेजी अनुवाद तथा पुस्तक के निर्णय सागर के संस्करण से दिये गये हैं)।

(ख) हिउएन-त्सांग का विवरण, बील (**बुद्धिस्ट रेकर्ड्स ऑफ दि वस्टर्न वर्ल्ड**) और वाटर्स (**ऑन युवान च्वांग्स ट्रेवेल्स इन इंडिया**) द्वारा अनूदित।

(ग) **लाइफ आफ हिउएन त्सांग**, बील द्वारा अनूदित।

२. राजमुद्राएँ

(क) बंसखेरा काँपर सील (कॉ. इ. इ. III. २३१)।

(ख) नालन्दा सील्स (ए. ह. XXI, ७४, मे. आ. स. इ., ६६, पृ. ६८)।

---

१. इस प्रश्न के विस्तृत विवेचन के लिए देखिए हि. ब. आर. पृ. ७१ प. पृ.; इ. हि. क्वा., XXIII. ५१।

३. अभिलेख

(क) बंसखेरा कॉपर-प्लेट, डेटेड ईयर २२ (ए. इ. IV. २०८)।

(ख) मधुबन कॉपर-प्लेट, डेटेड ईयर २५ (ए. इ., I. ६७)।

४. आधुनिक कृतियाँ

(क) आर. मुकर्जी—**हर्ष**।

(ख) एम. एल. एट्टिघॉसेन—**हर्षवर्धन**।

(ग) के. एम. पनिकर—**श्री हर्ष ऑफ कन्नौज**।

(घ) आर. एस. त्रिपाठी—**हिस्टरी ऑफ कन्नौज** (अध्याय III-VIII)।

परिच्छेद : १०

सन् ६५०-७५० ई० के बीच का उत्तरी भारत

१. चीनी धावा

आमतौर पर यह सोचा जाता है कि हर्ष की मृत्यु के बाद सारा उत्तर भारत अराजकता और गड़बड़ी के दौर में फँस गया था। लेकिन हर्ष के साम्राज्य की सीमाओं के बारे में ऊपर जो कहा जा चुका है, उसे दृष्टि में रखकर इस अनुमान को काफी बदलना पड़ेगा। क्योंकि यह सोचने का कोई आधार नहीं है कि उसके साम्राज्य के बाहर उत्तर भारत में राज्यों की जो एक बड़ी संख्या थी, उन पर हर्ष की मृत्यु का कोई विशेष प्रभाव पड़ा होगा। सम्राज्य के विघटन से, निस्सन्देह, अनेक छोटी-छोटी स्वतंत्र रियासतें उठ खड़ी हुई होंगी और इस संक्रान्ति काल में निश्चय ही काफी झगड़े और उपद्रव पैदा हो गये होंगे, यहाँ तक सम्भव है कि सत्ता के प्रतिस्पर्धी दावेदारों के बीच युद्ध भी हुए हों। किसी भी भारतीय अभिलेख से इस काल की स्थिति पर प्रकाश नहीं पड़ता। लेकिन चीनी राजदूत वांग-ह्यून-त्से के विवरण में, जो हर्ष की मृत्यु के फौरन बाद भारत पहुँचा था,[1] इस काल के इतिहास के कुछ विचित्र ब्यौरे सुरक्षित हैं। चीनी लेखकों की बात को बढ़ा-चढ़ाकर कहने और आत्मप्रशंसा करने की आदत से यद्यपि हम परिचित हैं, पर इस विवरण में तो इस प्रवृत्ति ने पुराने सारे रिकार्ड तोड़ दिये हैं, जिससे यह विवरण गम्भीर इतिहास की बजाय रोमांस या परलोक की कहानी जैसा लगता है। संक्षेप में इसका साराँश इस प्रकार है :[2]

---

१. देखिये पृ. १३७।

२. इस विवरण के विभिन्न पाठ एस. लेवी ने ज. ए. १९००, पृ. २९७ प. पृ. में प्रस्तुत किये हैं। डॉ. पी. सी. बागची ("सिनो इंडियन स्टडीज, I. ६९) और इ. शव्हान्न ने ("दकुमां स्यु ल तुकीन ओसिदाँतो" की अतिरिक्त टिप्पणी, पृ. १६) इसका सारांश दिया है। गद्दी पर अवैध कब्जा कर लेने वाले का नाम ति-न-फु-ति बताया गया है, जिसे तीरभुक्ति का चीनी रूपान्तर समझा जाता है। इससे जाहिर है कि वह कोई स्थानीय राजा था, न कि सम्राट का उत्तराधिकारी। लेवी ने चा-पुआ-हो-लोकी शिनाख्त डवाक से की है (नौगांग जिला, देखिए, ऊपर पृ. ९) जो इसी दिशा में संकेत करता है। कीन-तो-वेई नदी को गंडवती के बराबर माना गया है जो सम्भवतः गंडकी का ही भिन्न रूप है। ऊपर दिए गए सारांश में, विभिन्न पाठों के ब्यौरों में जो भेद हैं, उनका उल्लेख नहीं किया गया। सारे प्रश्न पर आलोचनात्मक दृष्टि से J.A.S.L. XIX. ३७ प. पृ. में विचार किया गया है।

"चीनी दूत मण्डल के भारत में पहुँचने से पहले ही, हर्षवर्धन की मृत्यु हो गयी थी और उसके मंत्री अ–ल–न शुऐन (अर्जुन या अरुणाश्व ?) ने, जो तीरभुक्ति (?) का राजा था, राजगद्दी पर अनधिकार कब्जा कर लिया था। इस अनधिकारी राजा ने चीनी राजदूत पर आक्रमण किया, जिसके पास कुल ३० अनुरक्षक घुड़सवार थे। वांग-हिउएन-त्से हार गया और भारतीय राजाओं ने भेंट के रूप में उसे जो कीमती वस्तुएं दी थीं, उनको लूट लिया गया। वह रात के अन्धेरे में अकेला भाग निकला और सहायता माँगने के लिए तिब्बत गया। तिब्बत के राजा स्रोङ-ब्त्सन स्गम-पो ने उसे चुने हुए १२०० सैनिक और नेपाल के राजा अंशुवर्मन् ने उसे ७००० घुड़सवार सैनिक दिये। इन सैनिकों को लेकर, बदला लेने के लिए कटिबद्ध वांग-ह्वेन-त्से ने बढ़कर मध्य भारत की राजधानी चा-पुओ-हो-लो पर आक्रमण किया और तीन दिन के घेरे के बाद उस पर कब्जा कर लिया। भयंकर नर-संहार हुआ। हारे हुए नागरिकों में से तीन हजार के सर काट लिए गये और दस हजार को नदी में डुबो दिया गया। अनधिकारी अर्जुन भाग खड़ा हुआ। उसने फिर अपने तितर-बितर हो गये सैनिकों को जुटाकर मुकाबला किया। उसे परास्त करके गिरफ्तार कर लिया गया और उसके एक हजार सैनिकों के सर काट लिये गये। रनवास के संरक्षक-सैनिकों ने कीन–तो–वेई नदी तक दुश्मन को पहुँचने से रोका। उन्हें मार भगाया गया। अनधिकारी राजा की पत्नियाँ और बच्चे दुश्मन के हाथ में आ गए, जिसने १२,००० कैदी और हर किस्म के ३०,००० पालतू जानवर भी हथिया लिये। इस पर सारा भारत थर-थर काँपने लगा और ५८० परकोटा वाले नगरों ने आत्म-समर्पण करने की इच्छा प्रकट की। पूर्वी भारत के राजा कुमार (भास्कर वर्मन्) ने विजेता को बड़ी तादाद में रसद और युद्ध सामग्री भेजी। इस महान विजय के उपरान्त वांग-हिउएन-त्से सन् ६४८ ई० में चीन लौट गया और अपने साथ कैदी के रूप में अनधिकारी राजा अर्जुन को भी ले गया, जो अपनी मृत्यु तक चीन में रहा और जिसे मरने पर सम्मानित किया गया। चीनी सम्राट ता-ई-त्सोंग के मकबरे को जाने-वाले मार्ग पर उसकी मूर्ति स्थापित की गयी।

निश्चय ही यह एक महान् चमत्कार था। सिर्फ आठ हजार सैनिकों को लेकर, जिन्हें पड़ोस के राजाओं से उधार लिया गया था, वांग-हिउएन-त्से ने अपने देश से इतनी दूर आकर, उस महान राजा को चुनौती दी, जो हर्ष की गद्दी पर बैठा था; उसने कई युद्ध लड़े और हरेक में बड़ी आसानी से पूर्ण विजय प्राप्त की, और करीब १३,००० सैनिक कत्ल कर दिये और १२,००० कैद कर लिये और जिसका हिसाब नहीं दिया गया उनकी संख्या इससे अलग है। उसने दुश्मन की राजधानी पर सिर्फ तीन दिन की घेरा-बंदी के बाद ही कब्जा कर लिया, और परकोटा (शहरपनाह) वाले ५८० नगरों ने उसके आगे आत्म समर्पण कर दिया, निश्चय ही डर के मारे, यद्यपि उसकी फौज में मुख्यतः घुड़सवार दस्ते ही थे। और यह सब काम, यहाँ तक कि चीन को वापस लौटना भी, कुल एक साल या कुछ अधिक के अन्दर ही पूरे हो गये। ऐसे चमत्कार आसानी से, और अक्सर, नहीं हुआ करते, और इस सारे मामले पर मन में सन्देह उठना उचित

ही है। जो भी हो, उसने एक अजेय सूरमा के रूप में अपनी जो तस्वीर खींची है, उससे कोई निष्कर्ष निकालना असम्भव है। सम्भावना इस बात की लगती है कि हिमालय की तराई वाले क्षेत्र में वांग-हिउएन-त्से की पार्टी पर मामूली से किसी स्थानीय सामन्त ने हमला किया और उसे लूट लिया, और वांग ने कुछ नेपाली और तिब्बती सैनिकों की मदद से उस पर प्रत्याक्रमण किया। यह भी बिल्कुल सम्भव है कि हर्ष की मृत्यु के बाद राजनीतिक विघटन की प्रक्रिया चल पड़ी हो और किसी शक्तिशाली या वैध उत्तराधिकारी के अभाव में महत्त्वाकांक्षी सामन्तों और राजाओं में हर्ष के विशाल साम्राज्य पर कब्जा करने के लिए झगड़े शुरू हो गये हों। खुद वांग ने भी शायद किसी एक दावेदार का समर्थन किया हो और इस तरह अपने लिए दुश्मन पैदा कर लिए हों। किसी प्रकार की उत्तेजना के बिना यह कल्पना करना मुश्किल है कि हर्ष का एक मंत्री, जिसने गद्दी पर अनधिकार कब्जा कर लिया था, उसके कैम्प पर अचानक आक्रमण क्यों करता। हमले का कोई कारण नहीं बताया गया है और यह उल्लेख करना दिलचस्प होगा कि यह वारदात उत्तरी बिहार की नेपाल-सीमा पर हुई थी, न कि कन्नौज के आसपास, जो हर्ष की राजधानी था। इसका भी कोई कारण नजर नहीं आता कि मरने के बाद भारतीय राजा को क्यों सम्मानित किया गया, जबकि वह चीनी राजदूत पर हमला करने का दोषी था। कुल मिलाकर, वांग हिउएन त्से की कहानी का ऐतिहासिक मूल्य नगण्य है, सिवा इसके कि उससे सूचित होता है कि हर्ष की मृत्यु के बाद उत्तरी बिहार और पड़ोस के क्षेत्रों में अराजकता और गड़बड़ी फैली हुई थी। थानेश्वर और कन्नौज के राज्यों का क्या हुआ, हमें पता नहीं, लेकिन इस अनुमान का कोई आधार नहीं है कि हर्ष की मृत्यु के बाद सारे उत्तर भारत में राजनीतिक उथल-पुथल मच गयी थी।

हालाँकि हर्ष के साम्राज्य के विघटन का विस्तृत ब्यौरा पेश करना सम्भव नहीं है, पर यह स्पष्ट है कि उसके विभिन्न भागों में करीब दो या तीन शक्तिशाली राज्य उठ खड़े हुए थे। पहले हम उनके इतिहास की संक्षिप्त रूप-रेखा तैयार करेंगे, फिर उन राज्यों के इतिहास पर दृष्टि डालेंगे जो उसके साम्राज्य की सीमा से बाहर थे।

२. मगध के परवर्ती गुप्त

हर्ष के साम्राज्य का सबसे महत्त्वपूर्ण उत्तराधिकारी राज्य मगध था। हर्ष की मृत्यु के कुछ दिनों के बाद ही हम मगध पर "परवर्ती गुप्तों" को राज करते हुए पाते हैं। हर्ष के मित्र महासेन गुप्त का बेटा माधव गुप्त उस समय मगध का राजा था और इस खानदान के विवरणों से इस बात में कोई सन्देह नहीं रह जाता कि इसके बाद यह राजवंश मगध के शक्तिशाली राज्य पर करीब एक शताब्दी तक राज करता रहा। अफ्सड में मिला शिलालेख,[१] जो माधवसेन के बेटे आदित्यसेन के शासनकाल में उत्कीर्ण

१. का. इ. इ. III. २०२।

हुआ था, इस वंश का सबसे पहला विवरण है, जिसमें आरम्भ से लेकर उस समय तक का उस वंश का इतिहास अंकित है। इसमें इस बात का उल्लेख नहीं है कि महासेन गुप्त के बाद इस वंश का राज खत्म हो गया था, हालाँकि यह निश्चित तथ्य है कि एक लम्बे अरसे तक, जब मालव पर देवगुप्त राज करने लगा था, मगध पर इस वंश का आधिपत्य समाप्त हो गया था और उस अवधि में पहले शशांक, फिर पूर्णवर्मन् और अन्त में हर्षवर्धन ने मगध पर राज किया था। इस बीच लगातार माधव गुप्त और उसका बड़ा भाई कुमार गुप्त थानेश्वर के दरबार में राज्यवर्धन और हर्षवर्धन के साथ, उनके अनुचर के रूप में, रहे थे। **हर्षचरित** में एक अप्रासंगिक उल्लेख है कि हर्षवर्धन ने कुमार का अभिषेक (राजा के रूप में) किया था।[1] इस कुमार की कामरूप के राजा भास्कर वर्मन् के रूप में पहचान की गयी है। लेकिन चूंकि भास्कर वर्मन् एक स्वतन्त्र राजा था और हर्ष वर्धन से पहले गद्दी पर बैठा था, इसलिए इस मत को स्वीकार नहीं किया जा सकता।[2] सम्भावना इस बात की है कि कुमार गुप्त को हर्ष ने एक स्वतन्त्र राजा के पद पर नियुक्त किया होगा। अगर यह अनुमान सही है तो हमें मानना चाहिए कि माधव गुप्त अपने भाई का उत्तराधिकारी बना, यद्यपि अफसड के शिलालेख में इसका उल्लेख नहीं है। दूसरी ओर यह भी उतना ही सम्भव है कि हर्ष की मृत्यु के बाद जब सत्ता के लिए आपाधापी मची तो उस समय माधव गुप्त या उसका भाई मौका पाकर मगध का स्वामी बन गया हो। जैसा पहले लिखा जा चुका है,[3] उसके पूर्वज शायद पहले मगध के शासक रहे थे, इसलिए माधव गुप्त ने एक प्रकार से अपने पूर्वजों के राज्य को ही फिर से वापस कर लिया था।

गद्दी पर बैठने के समय माधव गुप्त की उम्र काफी अधिक रही होगी और उसका राज्य काल भी शायद बहुत छोटा रहा हो। उसके बाद उसका बेटा आदित्यसेन गद्दी पर बैठा। इस खानदान का सिर्फ यही एक राजा है, जिसके बारे में हमें कुछ ब्यौरे प्राप्त हैं। उसकी बेटी का विवाह मौखरी राजा भोगवर्मन् से हुआ था, जो नेपाल के राजा अंशु वर्मन् की बहन का बेटा था। भोग वर्मन् की बेटी वत्सदेवी, जो आदित्यसेन की दौहित्री थी, नेपाल के राजा शिवदेव की रानी बनी। नेपाल के सरकारी अभिलेखों में इन विवाह-सम्बन्धों का स्पष्ट उल्लेख यह सूचित करता है कि पूर्वी भारत के राजनीतिक और सामाजिक जीवन में परवर्ती गुप्त राजाओं को ऊँची प्रतिष्ठा प्राप्त थी। इस तथ्य की पुष्टि इस बात से भी होती है कि आदित्यसेन ने **महाराजाधिराज** की पदवी धारण की थी। देवघर (संताल परगना) के एक मन्दिर पर उत्कीर्ण शिलालेख[4] में चोल देश पर उसकी विजय और उसके द्वारा किये गये कई यज्ञों का उल्लेख है, जिनमें तीन तो अश्वमेध यज्ञ थे। इस शिलालेख के अक्षर बहुत बाद के हैं और लगता है कि वे आरम्भ

---

१. हर्षचरित (निर्णय सागर) पृ. ९१।
२. मकर्जी, हर्ष, पृ. ४४, त्रिपाठी, हि. क. १०४।
३. देखिए पृ. ८६।
४. का. इ. इ. III. पृ. २१३, पा. टि.।

में भागलपुर के नजदीक मन्दार पहाड़ी पर खोदे गये अभिलेख की नकल हैं। इस अभिलेख की प्रामाणिकता पर भरोसा करना कठिन है, और सिर्फ इसी अभिलेख के आधार पर यह मान लेना उचित नहीं होगा कि आदित्य सेन ने सचमुच चोल देश पर चढ़ाई की थी। दुर्भाग्य से उसके राज्य काल की और किसी विशेष घटना का विवरण अंकित नहीं है, सिवाय इसके कि उसकी पत्नी कोणदेवी ने कुछ मन्दिरों की नींव रखी थी।

आदित्यसेन के संक्षिप्त विवरण में उसकी तारीख ६६ पढ़ी गयी है,[१] जिसे हर्ष संवत् की तारीख से जोड़ा गया है। इस प्रकार वह सन् ६७२ ई० में राज कर रहा था। लेकिन तारीख का पाठ अनिश्चित है, और इससे कोई निश्चित निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। लेकिन इसमें कोई सन्देह नहीं कि वह सातवीं सदी ई० के तीसरे चतुर्थांश में गद्दी पर बैठा था।

हमें आदित्यसेन के तीन उत्तराधिकारियों के नाम ज्ञात हैं, देव-गुप्त, विष्णु-गुप्त और जीवित-गुप्त।[२] वे सभी शाही पदवी धारण किये रहे और जाहिर है कि वे काफी शक्तिशाली शासक रहे, लेकिन हमें उनके बारे में अधिक मालूम नहीं है। विष्णु-गुप्त ने करीब १७ साल[३] तक राज किया था, और जीवित-गुप्त ने शायद अपने राज्य का विस्तार गोमती तट के उस क्षेत्र तक कर लिया था, जो पहले मौखरी राज्य का हिस्सा था।

जीवित-गुप्त के किसी भी उत्तराधिकारी का पता नहीं चलता और परवर्ती गुप्त वंश का अन्त कब और कैसे हुआ, यह भी अस्पष्ट है। कन्नौज के यशोवर्मन् ने जब आठवीं शती के दूसरे चतुर्थांश में पूर्व की ओर अपना विजय-अभियान शुरू किया, तो उसने गौड़ और मगध पर एक ही राजा को शासन करते हुए पाया।[४] यह सुझाव पेश किया गया है कि यह राजा और कोई नहीं बल्कि जीव वर्मन् है जिसकी यशोवर्मन् के हाथों हार और मृत्यु का वर्णन गौड़-वहो (गौड़ के राजा की हत्या) काव्य में हुआ है। लेकिन चूँकि इस काव्य में शासक को स्पष्ट शब्दों में गौड़पति कहा गया है और स्वयं काव्य का नाम गौड़-वहो है, अतः हमें यह निष्कर्ष निकालना चाहिए कि यशोवर्मन् का दुश्मन गौड़ का राजा था, जो मगध पर भी शासन करता था, न कि यह मगध का राजा, जोकि निस्सन्देह जीवित गुप्त था, जिसका आधिपत्य गौड़ तक व्याप्त था। हर सूरत में, हमें यह मानना चाहिए कि आठवीं शताब्दी ई० के दूसरे चतुर्थांश से पहले ही "परवर्ती गुप्तों की सत्ता का अन्त हो गया था, और उनके अन्तिम शासक जीवित गुप्त को या तो गौड़ के राजा ने परास्त किया था या कन्नौज के यशोवर्मन् ने।

---

१. वही, २१०।
२. वही, २१५।
३. ई. इ. XXVI. २४१।
४. यह बहुत सन्दिग्ध है। देखिए हि. ब. आर., पृ. ९४-९५

३. कन्नौज का यशोवर्मन्

हर्षवर्धन ने कन्नौज नगर को साम्राज्य की राजधानी की हैसियत दी थी। लेकिन उसकी मृत्यु के बाद उसके इतिहास पर आधी शताब्दी तक एक अभेद्य कुहासा-सा छाया हुआ नजर आता है। और जब यह कुहासा छँटता है तो हम कन्नौज की गद्दी पर एक शक्तिशाली राजा यशोवर्मन् को बैठा हुआ पाते हैं। इस राजा के प्रारम्भिक जीवन या खानदान का हमें कुछ पता नहीं है, उसके प्रसिद्ध राजकवि वाक्पति ने अपने संरक्षक के विजय-अभियानों का यशोगान करते हुए प्राकृत भाषा में एक काव्य की रचना की थी, जो इस राजा के जीवन और शासन-काल के बारे में हमारी जानकारी का मुख्य स्रोत है। वाक्पति के काव्य का नाम "गौड़-वहो (गौड्वध)[1] है। इससे जाहिर है कि गौड़ के राजा की हार और मृत्यु की कहानी ही इस कृति का मुख्य विषय है, लेकिन इस घटना के बारे में तो केवल काव्य के अन्त में संकेत मात्र किया गया है, बाकी हिस्से में यशोवर्मन् की अन्य विजयों का वर्णन है। इस काव्य में वर्णित तथ्यों को संक्षेप में इस प्रकार व्यक्त किया जा सकता है :

"वर्षाऋतु के समाप्त होने पर यशोवर्मन् अपनी सेना लेकर विजय यात्रा पर निकल पड़ा। सोन नदी की घाटी से गुजर कर वह विन्ध्याचल पर्वत पर पहुँचा और वहाँ उसने विन्ध्यवासिनी देवी (काली का एक रूप) को प्रसन्न करने के लिए बलि चढ़ाई। आगे बढ़ने पर उसका मुकाबला मगध के राजा से हुआ जो भयग्रस्त होकर भाग खड़ा हुआ। लेकिन उसके साथ के सामन्त राजाओं को अपने आचरण पर शर्म आयी और वे यशोवर्मन् से लड़ने के लिये लौट पड़े। घमासान युद्ध हुआ और रणभूमि दुश्मनों के रक्त से लाल हो गयी। यशोवर्मन् ने मगध के राजा का पीछा किया और पकड़कर उसका कत्ल कर दिया। इसके बाद यशोवर्मन् समुद्र तट की ओर बढ़ा और वंग के राजा पर विजय प्राप्त की। वंग का राजा बड़ा शक्तिशाली था और उसके पास फौजी हाथियों की बड़ी संख्या थी, लेकिन उसने आत्मसमर्पण करके यशोवर्मन् की अधीनता स्वीकर कर ली।

"विजयी सूरमा इसके बाद दक्षिणा-पथ के राजा का समर्पण स्वीकार करके मलय-पर्वत पार करता हुआ आगे बढ़ा। फिर वह समुद्र तट पर पहुँचा जहाँ शक्तिशाली रावण को अपनी बाँह में उठाये बाली बड़े आराम से घूमता था। इसके बाद यशोवर्मन् ने पारसिकों पर धावा बोल दिया और एक लम्बे और भीषण युद्ध के बाद उनको परास्त कर दिया। उसने उन प्रदेशों पर खिराज बाँध दी, जिन्हें पश्चिमी घाटों ने दुर्गम बना रखा है। फिर वह नर्मदातट पर पहुँचा और समुद्र तट से होता हुआ मरु प्रदेश (राजपूताना) से गुजरा। वहाँ से वह श्रीकंठ गया, जो थानेश्वर के इर्द-गिर्द का जिला है।

---

१. इस काव्य-ग्रन्थ का संपादन एस. पी. पंडित ने किया है, और अपनी विद्वत्तापूर्ण भूमिका में उन्होंने यशोवर्मन् के इतिहास का विवेचन किया है। मिस्टर एन. बी. उत्गीकर ने इस काव्य का एक दूसरा संस्करण निकाला। उसमें भी बाद के मतों का विवेचन करते हुए विद्वत्तापूर्ण भूमिका दी गयी है।

करुक्षेत्र से गुजरते हुए वह उन युद्ध-स्थलों पर गया जिनका वर्णन महाभारत में मिलता है। इसके बाद यशोवर्मन् अयोध्या गया। फिर मन्दर पर्वत के निवासियों का आत्म समर्पण स्वीकार करके उसने हिमालय की ओर प्रस्थान किया।

इस प्रकार दिग्विजय करके यशोवर्मन् अपनी राजधानी कन्नौज लौट आया, और उन पराजित राजाओं को, जो उसके साथ चलने के लिए मजबूर किये गये थे, फिर अपने-अपने राज्यों में भेज दिया।"

यह विचित्र बात है कि दिग्विजय के इस वर्णन में गौड़ के राजा का कहीं भी उल्लेख नहीं है, न उसके वध का ही जिक्र है, यद्यपि काव्यग्रन्थ का नाम 'गौड़-वहो' (गौड़वध) है। इस घटना का बड़े अप्रासंगिक रूप से काव्य के लगभग अन्त में, सिर्फ एक ही श्लोक में, हवाला दिया गया है। एक पुराने टीकाकार हरिपाल के अनुसार यशोवर्मन् ने मगध के जिस राजा को हराकर कत्ल कर दिया था, वही गौड़ का राजा था। यह अधिक से अधिक केवल एक अनुमान है।[1] लेकिन इससे भी काव्य के शीर्षक का औचित्य सिद्ध नहीं होता, क्योंकि इस घटना विशेष का वर्णन करने वाले श्लोकों की संख्या नगण्य है, दरअसल और किसी राजा के बारे में जितने श्लोक हैं, उनसे भी वे बहुत कम हैं।

जैसा सारांश से जाहिर है, यशोवर्मन् की विजयों का वर्णन अत्यन्त रूढ़ ढंग का है, और इस बात को ऐतिहासिक तथ्य मानना कठिन है कि उसने उत्तर और दक्षिण के उन सभी क्षेत्रों को जीत लिया था, जिनका वर्णन इस काव्य में किया गया है। लेकिन हमारे पास थोड़ा-सा स्वतंत्र प्रमाण भी मौजूद है, जो आमतौर पर पूर्वी इलाके में उसकी विजय-गाथा की पुष्टि करता है। नालन्दा में प्राप्त एक अभिलेख[2] में यशोवर्मन् को अधिराज कहा गया है, जिसका यह अर्थ लगाया जा सकता है कि मगध पर उसका आधिपत्य था। इसलिए हम इस बात पर विश्वास कर सकते हैं कि उसने अपनी सेना लेकर बंगाल पर चढ़ाई की होगी और गौड़ के राजा को हराया होगा।

यशोवर्मन् की दक्षिण-विजय की कहानी ऊपर से देखने पर संभाव्य नहीं लगती। लेकिन शायद उसका कोई आधार हो। पुलकेशिन् द्वितीय के परपोते, चालुक्य राजा विजयादित्य के अभिलेखों में एक राजा से युद्ध होने का उल्लेख है। उस राजा का नाम नहीं दिया गया है, लेकिन उसका "**सकलोत्तरा-पथ-नाथ**" कहकर वर्णन किया गया है। यह युद्ध विनयादित्य के राजकाल में हुआ था, सम्भवतः उसके अन्तिम दिनों में सन् ६९५ ई० के लगभग। चालुक्य राजा ने दुश्मन को हरा दिया और गंगा और यमुना के प्रतीक, पालिध्वज और उसकी शाही शक्ति के अन्य राजचिह्न छीन लिए। गंगा और यमुना का हवाला शायद यह सूचित करता है कि युद्ध गंगा-यमुना के

---

१. देखिए हि. ब. रा., पृ. ९४-९५।

२. ई. इ. XX. ३७ विभिन्न मतों और निष्कर्षों के लिए देखिए भंडारकर्स लिस्ट सं० २१०५ में दिये गये हवाले।

दोआब में हुआ था । युद्ध की तारीख और स्थान तथा पराजित राजा की **सकलोत्तरापथ-नाथ** उपाधि को ध्यान में रखते हुए, उसकी शिनाख्त यशोवर्मन् से करना असंगत नहीं है । चालुक्य अभिलेखों में युद्ध-विजय का जो ब्यौरा दिया गया है, उसको अक्षरशः सत्य मान लेना जरूरी नहीं है । क्योंकि यह विश्वास करने का अच्छा आधार है कि चालुक्य युवराज विजयादित्य किसी उत्तरी अभियान में दुश्मन द्वारा कैद कर लिया गया था। इस प्रकार हो सकता है कि दोनों ही पक्षों ने अपनी विजय का दावा किया हो । और अगर उत्तरापथ-नाथ को यशोवर्मन् से अभिन्न मान लिया जाय तो हम उसके दरबारी कवि द्वारा रची गयी यशोगाथा का कारण आसानी से समझ सकते हैं।[1]

अब रही पश्चिम में उसकी विजय की बात, तो इसकी थोड़ी सी अस्पष्ट पुष्टि ही होती है । अब यह आमतौर पर स्वीकार कर लिया गया है कि यशोवर्मन् सम्भवतः मध्य भारत के राजा इ-शा-फु-मो से अभिन्न है, जिसने अपने मंत्री, बौद्ध श्रमण पु-ता-सिन (बुद्धसेन) को सन् ७३१ ई० में चीन दरबार में भेजा था ।[2] काश्मीर के राजा ललितादित्य ने सन् ७३६ ई० में अपना राजदूत चीन भेजा था और शायद उसने अपने पत्र में यशोवर्मन् को अपना मित्र बताया था ।[3] यह अनुमान किया जा सकता है कि इन दोनों राजाओं ने अरबों और तिब्बतियों के खिलाफ, जो भारत में घुसपैठ कर रहे थे, चीन से मदद मांगी हो ।[4] अगर यह मत सही है तो हमें मानना पड़ेगा कि पश्चिम में यशोर्वमन् ने अपनी सत्ता दूर दूर तक कायम कर ली थी । जैसा बाद में दिखाया जाएगा, अरबों ने सिन्ध जीत लेने के बाद कन्नौज के विरुद्ध सेना भेजी थी, जिसे कोई सफलता नहीं मिल सकी । यशोवर्मन् द्वारा पारसिकों की हार का संकेत शायद सिन्ध के अरबों के विरुद्ध उसकी विजय से है ।

यद्यपि यशोवर्मन् ने ललितादित्य के साथ मिलकर विदेशी हमलावरों से भारत की रक्षा का उदात्त लक्ष्य अपनाया था, लेकिन दोनों शीघ्र ही एक दूसरे के दुश्मन बन गये । दोनों की साम्राज्य स्थापना की प्रबल महत्त्वाकांक्षा ही शायद इस दुश्मनी का वास्तविक कारण थी, चाहे अन्य परिस्थितियों ने उसे बढ़ावा दिया हो । **राजतरंगिणी**[5] से ज्ञात होता है कि ललितादित्य और यशोवर्मन् में लम्बे अरसे तक युद्ध होता रहा । पहले तो एक सन्धि के बाद युद्ध जल्दी ही बन्द हो गया, लेकिन जब बाजाब्ता संधि का मसौदा तैयार किया गया तो ललितादित्य के मन्त्री ने इस मसौदे पर आपत्ति

---

१. इ. हि. क्वा. XX. १८३; ३५६-५७. इ. ए. IX, पृ. १२५ प. पृ.; १३० प. पृ. ।

२. शव्हान्न (तुकीन, अडिश्नल नोट्स, पृ. ५३, पा. टि. २) और डॉ. पी. सी. बागची (सिनो-इंडियन स्टडीज, I. ७१) ने राजदूत का यह नाम दिया है, लेकिन अन्य विद्वानों ने उसका नाम सेंग-पो-ता (संघभद्र) बताया है ।

३. स्टाइन—'राजतरंगिणी' का अनुवाद, IV. १३४, टिप्पणी ।

४. डॉ. बागची (पू. पु). का विचार है कि यशोवर्मन् ने चीनी सम्राट से अपील की थी कि वह काश्मीर से उसके झगड़े के बीच में हस्तक्षेप करे ।

५. IV. १३२ प. पृ. ।

प्रकट की, क्योंकि उसके शीर्षक 'यशोवर्मन् और ललितादित्य के बीच स्वीकृत शान्ति-सन्धि' में यशोवर्मन् को प्राथमिकता दी गयी थी, न कि उसके अधिपति को। दोनों में से एक भी अपनी बात से टलने को तैयार नहीं था, और यद्यपि ललितादित्य के जेनरल "युद्ध की लम्बी अवधि से उद्विग्न हो उठे थे, तो भी उसने फिर से युद्ध शुरू करा दिया। 'राजतरंगिणी' में युद्ध के परिणाम का निम्न श्लोकों में इस प्रकार वर्णन किया गया है :[1]

"यशोवर्मन्, जिसका यश-कीर्त्तन कवि वाक्पति और विख्यात भवभूति किया करते थे, हारने के बाद खुद एक चारण की स्थिति में पहुँच गया जिसे उसका (ललितादित्य का) गुणगान करना पड़ता था।

"और कहने की जरूरत क्या है ? कान्यकुब्ज का राज्य यमुना के तट तक उसके आधिपत्य में, उसके घर के आँगन की तरह, था !

"यशोवर्मन् से...गुजरते हुए उसकी सेना आराम से पूर्वी महासागर तक पहुँच गयी।"

पहले दो श्लोकों से लगता है कि यशोवर्मन् पूरी तरह हार गया था और उसका राज्य छिन गया था। तीसरे श्लोक से यह सूचित होता है कि यशोवर्मन् का साम्राज्य पूर्वी महासागर तक फैला हुआ था और यह सारा इलाका यशोवर्मन् की पराजय के परिणाम स्वरूप ललितादित्य के हाथ आ गया था। यशोवर्मन् हार तो गया था, लेकिन यह सन्दिग्ध है कि उसका वध भी किया गया था। कल्हण ने अप्रासंगिक रूप से कहा है कि ललितादित्य ने यशोवर्मन् को "जड़ से उखाड़ फेंका।"[2] लेकिन इसका यह अर्थ नहीं लगाना चाहिए कि उसका वध किया गया था। उसका वध हुआ हो या नहीं, लेकिन ललितादित्य ने उसकी शक्ति और सत्ता पूरी तरह नष्ट कर दी और वह इतिहास के मंच से गायब हो गया।

यशोवर्मन् की तारीख का निश्चित पता नहीं है, लेकिन हम सन् ७०० और ७४० ई०[3] के बीच उसके राज्य काल का अनुमान कर सकते हैं। अगर, जैसा ऊपर सुझाया गया है, उसकी शिनाख्त उस **उत्तरापथ-नाथ** के रूप में की जा सके, जिसे चालुक्य राजा विनयादित्य ने हराया था, तो उसके गद्दी पर बैठने की तारीख सन् ६९० ई० के आस-पास मानी जा सकती है।

---

१. IV. १४४-४६।

२. IV. १४०।

३. इस विषय पर अन्य मतों का विवेचन **गौड़-वहो** (द्वितीय संस्करण) की भूमिका में किया गया है।

४. काश्मीर

प्राचीन भारत के राज्यों में सिर्फ़ काश्मीर ही ऐसा राज्य है जिसके पास आदि-काल से लेकर अपना लिखित इतिहास मौजूद है। यह कृति, जिसका नाम **राजतरंगिणी** है, ईसा की बारहवीं शताब्दी में कल्हण ने लिखी थी। हालाँकि कल्हण को इतिहास-लेखन के तरीकों का पूरा ज्ञान था और उसका दृष्टिकोण भी आश्चर्यजनक रूप से आधुनिक था, लेकिन उसके पास अपने इतिहास के प्रारम्भिक काल के बारे में पर्याप्त विश्वसनीय सामग्री नहीं थी। नतीजा यह है कि उसकी कृति का यह भाग इतिहास की जगह पौराणिक आख्यानों और किम्वदन्तियों से भरा पड़ा है, और यद्यपि हमें वहाँ कनिष्क, तोरमाण और मिहिरकुल जैसे ऐतिहासिक नाम भी मिलते हैं, लेकिन सारी कहानी इतनी अस्पष्ट और काल्पनिक है कि उसे गम्भीर इतिहास नहीं माना जा सकता। कल्हण ने तिथिक्रम की जो विधि अपनायी है, उसके हिसाब से गुप्त काल की सारी अवधि गोनन्द-वंश का एक अकेला राजा ही घेर लेता है, जिसके बारे में कहा गया है कि उसने ३०० वर्षों तक राज किया था। एक ही राजा के इतने लम्बे राज्यकाल की बात स्पष्ट है कि इस बीच का वास्तविक इतिहास उपलब्ध नहीं है। अगले दो भाइयों के राज्यकालों की — जो ८० वर्ष तक चले — प्रामाणिकता भी सन्दिग्ध है।

लेकिन इसके बाद के इतिहास का विस्तृत वर्णन, जो एक नये राजवंश से शुरू होता है, काफी प्रामाणिक समझा जा सकता है। इस राजवंश की शासन-अवधि का जो कालानुक्रम अपनाया गया है, उसमें सिर्फ ३० साल की ही गलती साबित हुई है। अगर हम स्मरण रखें कि यह घटनाएँ लेखक से करीब पाँच सौ साल पहले की हैं, तो यह गलती आश्चर्यजनक रूप से मामूली लगती है और उसके वर्णन की प्रामाणिकता को काफी हद तक बढ़ा देती है।

इस नये राजवंश की, जो कारकोट या नागवंश के नाम से प्रसिद्ध है, स्थापना दुर्लभवर्धन ने की थी। उसने गोनन्द-वंश के अन्तिम राजा बालादित्य की बेटी से विवाह किया था, और चूँकि बालादित्य का कोई बेटा नहीं था, इसलिए दुर्लभवर्धन (सन् ६२७ ई० में) उसके बाद गद्दी पर बैठा। उसके ही राज्य काल में ह्वेन-त्सांग काश्मीर पहुँचा था। चीनी यात्री ने काश्मीर का लम्बा विवरण लिखा है, लेकिन उसमें ऐतिहासिक महत्त्व के तथ्य बहुत कम हैं। बहरहाल, उसके द्वारा हमें ज्ञात होता है कि पाँच दूसरे राज्य, अर्थात तक्षशिला (जिला रावलपिंडी), सिंहपुर (नमक के पहाड़ों का क्षेत्र), उरशा (हजारा या एबटाबाद जिला), पुन–नु–त्सो (पुंछ), और राजपुर (रजौरी) भी काश्मीर के अधीन थे। इसलिए हम कह सकते हैं कि दुर्लभवर्धन न सिर्फ काश्मीर पर ही बल्कि पश्चिमी और उत्तर-पश्चिमी पंजाब के भी कुछ हिस्सों पर राज करता था।

दुर्लभवर्धन और उसके बेटे तथा उत्तराधिकारी दुर्लभक के बारे में हमें ऐतिहासिक महत्त्व का और कोई तथ्य मालूम नहीं है। इन्होंने क्रमशः ३६ और ५० वर्षों तक राज किया था।

दुर्लभक के बाद उसका बड़ा बेटा चन्द्रापीड गद्दी पर बैठा। सन् ७१३ ई० में इस राजा ने चीन के सम्राट के पास अपना राजदूत भेजकर उससे अरबों के खिलाफ मदद मांगी थी। जैसा आगे जिक्र किया गया (§१२) इसी तारीख के लगभग मुहम्मद-इब्न-कासिम काश्मीर की सीमाओं तक पहुँच गया था। हालाँकि चन्द्रापीड को चीन से कोई सहायता नहीं मिली, लेकिन वह अरब आक्रमण के विरुद्ध अपने राज्य की हिफाजत करने में सफल हुआ था। अरब नेता के वापस बुलाये जाने और उसके बाद जल्द ही मर जाने से काश्मीर को चैन की साँस लेने का थोड़ा समय मिल गया। चीनी इति-वृत्तों के अनुसार चीनी सम्राट ने सन् ७२० ई० में चन्द्रापीड को राजा की पदवी दी थी। इसका शायद यही अर्थ हो सकता है कि चीनी सम्राट ने चन्द्रापीड को राजा मान लिया था।

राजा चन्द्रापीड अपनी धर्मनिष्ठा और न्यायशीलता के लिए प्रसिद्ध है। कल्हण ने लिखा है कि राजा ने जब एक मन्दिर बनवाने का निश्चय किया तो एक चर्मकार ने अपनी झोंपड़ी छोड़ने से इन्कार कर दिया, जो मन्दिर के प्रस्तावित स्थान पर थी। जब राजा को इस बात की सूचना दी गयी तो उसने अपने अफसरों को ही दोषी ठहराया न कि चर्मकार को। वह चिल्लाया मन्दिर का निर्माण बंद कर दो या किसी और स्थान पर बनाओ।" चर्मकार स्वयं राजा के पास गया और उसने निवेदन किया, "जन्म से ही यह झोंपड़ी मेरे लिए एक मां की तरह रही है, जो मेरे अच्छे और बुरे दिनों की साक्षी है। आज मैं यह बर्दाश्त नहीं कर सकता कि इसे ढाह दिया जाय।" फिर भी वह इस शर्त पर अपनी झोंपड़ी छोड़ने के लिए राजी हो गया, "अगर महाराज मेरी झोंपड़ी में आकर मुझसे कायदे के अनुसार माँगें।" यह सुनते ही राजा चर्मकार की झोंपडी में गया और उसे खरीद लिया। इस राजा का शासन-काल इस प्रकार के न्याय और मानवीय करुणा के कृत्यों से भरा हुआ था, और कहा जा सकता है कि वह अपनी ही न्याय भावना का शहीद बना था। उसने एक बार एक ऐसे ब्राह्मण को सजा दी, जिसने जादू टोना करके एक दूसरे ब्राह्मण की हत्या की थी। यह ब्राह्मण इस सजा के विरुद्ध अपने मन में गहरे रोष की भावना पालता रहा, और राजा के छोटे भाई तारापीड के उकसाने पर उसने चन्द्रापीड के विरुद्ध जादू टोने का प्रयोग किया। इस प्रकार कुल साढ़े-आठ साल राज करने के बाद ही इस शानदार और उदात्तमना राजा की मृत्यु हो गयी। तब अपने भाई का कातिल तारापीड काश्मीर की गद्दी पर बैठा। उसके शासन काल के चार साल क्रूर और रक्त-रंजित कृत्यों से भरे थे। उसके बाद उसका छोटा भाई ललितादित्य मुक्तापीड गद्दी पर बैठा, जो इस राजवंश का सबसे महान् राजा था।

ललितादित्य सन् ७२४ ई० के लगभग गद्दी पर बैठा था। उसे "नये-नये देशों की विजय करने का बड़ा चाव था और उसने अपना जीवन मुख्यतः सैनिक अभियानों में ही बिताया था।" 'जैसा पहले वर्णन किया जा चुका है, उसने यशोवर्मन् के साथ गठ-बन्धन किया था और तिब्बतियों को हराया था। यशोवर्मन् की तरह और शायद उससे मिलते-जुलते कारणों से ही, उसने भी सन् ७३३ ई० में चीनी सम्राट के पास अपना दूत मण्डल भेजकर उससे तिब्बत के विरुद्ध मिलकर लड़ने का आग्रह किया था।[1] चीनी सम्राट ने दूत-मण्डल का सम्मानपूर्वक स्वागत किया और काश्मीर के राजा को अपना मित्र स्वीकारा[2] लेकिन उसे चीन से कोई भी फौजी मदद नहीं भेजी गयी। बहरहाल, इस मदद के बिना भी ललितादित्य न सिर्फ तिब्बतियों को हराने में कामयाब रहा, बल्कि उसने अपने राज्य की उत्तरी और उत्तर-पश्चिमी सीमा पर बसने वाले दरद, कम्बोज और तुर्क जैसे पहाड़ी कबीलों को भी हराया।

लेकिन ललितादित्य का सबसे महत्त्वपूर्ण सैनिक अभियान यशोवर्मन् के विरुद्ध था, जिसका हवाला पहले दिया जा चुका है। इस जीत के फलस्वरूप ललितादित्य न केवल कन्नौज का स्वामी बना, बल्कि मान्यता की दृष्टि से अपने दुश्मन के जीते हुए विशाल क्षेत्रों का भी अधिराज बन गया। कल्हण के अनुसार इस अधिकार को कारगर ढंग से व्यवहारतः मनवाने के लिए ललितादित्य ने दिग्विजय के लिए कूच किया, जिसका उसने विस्तार से वर्णन किया है। यशोवर्मन् को हराने के बाद, वह पूर्वी महासागर की ओर बढ़ा और कलिंग तक जा पहुँचा। गौड़ के राजा ने शायद बिना लड़े ही उसकी अधीनता स्वीकार कर ली थी, क्योंकि उसने ललितादित्य की सेना में लड़ने के लिए अपने हाथी भेजे थे। कर्णाट से गुजरते हुए, जिसकी रानी रट्टा ने उसको श्रद्धांजलि अर्पित की थी, ललितादित्य कावेरी के तट पर पहुँचा और वहाँ उसने कुछ द्वीपों को भी जीत लिया। पश्चिम की ओर मुड़कर उसने सप्त-कोंकणों को रौंद डाला और द्वारका तक जा पहुँचा (काठियावाड प्रायद्वीप के पश्चिमी छोर पर); फिर वह अवन्ति तथा अनेक दूसरे राज्यों को जीतता हुआ उत्तर पश्चिम के पहाड़ी प्रदेशों तक गया। यहाँ उसने काम्बोज, तुखार (तुर्क) भोट्ट (तिब्बती), दरद प्रदेशों और मम्मुनि नाम के एक राजा को हराया। प्राग्ज्योतिष, स्त्री-राज्य और उत्तर कुरु आदि का भी उल्लेख है, जो वास्तविक नाम न होकर रूढ़ एवं पौराणिक नाम हैं।

यह कहना मुश्किल है कि इस रूढ़ि-सम्मत विवरण को किस हद तक ऐतिहासिक दृष्टि से सही माना जाए। अपनी विजय-यात्रा के दौरान ललितादित्य पूर्व में बंगाल तक गया था, इसकी पुष्टि तो उस कहानी से, जो कल्हण ने आगे चलकर कही है, और मगध

---

१. देखिए शव्हान्न (तुकीन, पृ. १६६-६८, २०९); डा. पी. सी. बागची के अनुसार सन् ७२४ ई० में चीन और काश्मीर के बीच राजकीय पत्र-व्यवहार हुआ है। (सीनो-इंडियन स्टडीज. I. ७१) शायद इसका हवाला ललितादित्य के राज्यकाल से है।

२. चीन के सरकारी इतिहास में कहा गया है: "सम्राट ने मुक्तापीड को काश्मीर के राजा की उपाधि प्रदान की।" (वही)।

से बुद्ध की प्रतिमा लाने की बात के अप्रासंगिक उल्लेख से हो जाती है। लेकिन इस तथ्य की पुष्टि करने वाले प्रमाणों के अभाव में यह विश्वास करना कठिन है कि उसने दक्षिणापथ या दक्षिण भारत पर भी विजय प्राप्त की थी। यह सम्भव है कि मम्मुनि, जिसे कहा जाता है कि उसने तीन बार हराया था, कोई अरब शासक रहा हो। जैसा आगे चलकर बताया जाएगा कहा जाता है कि अरब काश्मीर की सीमा तक पहुँच गये थे और उन्होंने कांगड़ा पर कब्जा कर लिया था। इसलिए अधिक सम्भावना इस बात की है कि ललितादित्य ने उनका मुकाबला इस क्षेत्र में ही किया होगा। यह तथ्य, कि इस क्षेत्र में अरबों को एक भी स्थायी सफलता नहीं मिल सकी, सिद्ध करता है कि ललितादित्य ने उन्हें पूरी तरह हरा दिया था और पंजाब को उनकी लूटमार से मुक्त कर दिया था। काम्बोज, तुर्क, दरद और तिब्बतियों पर, जो काश्मीर राज्य के चारों ओर फैले हैं, ललितादित्य की प्रसिद्ध विजयों का विवरण भी काफी हद तक सही कहा जा सकता है। फिर भी निश्चित रूप से कोई दावा नहीं किया जा सकता।

यद्यपि पुष्टि करने वाले प्रमाण अप्राप्य हैं, और हमें ललितादित्य के विजय-अभियानों के स्वरूप और विस्तार के बारे में अपना निर्णय स्थगित रखना पड़ेगा, लेकिन ऐसा कोई उचित कारण नहीं है कि इस सारी बात को एक काल्पनिक कहानी मान लिया जाए। स्मरण रहे कि यहाँ हमारे सामने रूढ़िसम्मत ढंग से वर्णित एक काव्य-मात्र नहीं है, बल्कि एक ऐसे इतिहासकार द्वारा प्रस्तुत किया गया तथ्यों का वक्तव्य है कि जिसके निर्णय की गम्भीरता और ऐतिहासिक सत्य के प्रति जागरूकता स्वयं कृति से प्रमाणित है। एक दरबारी इतिहासकार में एक हद तक पक्षपात और घटनाओं को बढ़ा-चढ़ा कर व्यक्त करने की प्रवृत्ति को ध्यान में रखते हुए और यह जानते हुए भी कि कल्हण जिन घटनाओं के बारे में लिख रहा था, वे उसके समय से चार शताब्दियाँ पहले घटित हुई थीं और उनकी पूरी जानकारी उसे उपलब्ध नहीं थी, हम ललितादित्य को एक महान् विजेता से कम नहीं मान सकते। उसकी विजयों ने काश्मीर राज्य को, गुप्त सम्राटों के दिनों के बाद, कम से कम तत्काल के लिए भारत का सबसे शक्तिशाली साम्राज्य बना दिया था। इसलिए आश्चर्य नहीं कि काश्मीरी लोग कई शताब्दियों तक अपने महान् सम्राट की विजयों का उत्सव मनाते रहे, जिसे वे अतिरंजना में विश्व-सम्राट कहना पसन्द करते थे।

ललितादित्य ने अपने शक्तिशाली साम्राज्य के अपार साधनों का अपने देश को सुन्दर नगरों से सुशोभित करने और नगरों को सुन्दर इमारतों, मठों, मन्दिरों और देवमूर्तियों से सजाने के लिए उपयोग किया। उसका बनवाया मार्तण्ड का मन्दिर इनमें सबसे प्रसिद्ध है, जिसके अवशेष आज भी काश्मीर की प्राचीन वास्तुकला के सर्वश्रेष्ठ नमूने हैं।

राजतरंगिणी के लेखक कल्हण ने इस प्रसिद्ध राजा का भव्य चित्र खींचा है। लेकिन दो घटनाएँ इस महान् सम्राट के चरित्र पर अमिट धब्बा लगाती हैं। एक बार शराब के नशे में धुत होकर उसने प्रवरपुर नाम के नगर को आग लगाकर खाक कर देने का

हुक्म दिया था, यद्यपि नशा उतरते ही उसे इस बात पर पश्चात्ताप हुआ और यह जानकर खुशी हुई कि उसके मंत्रियों ने उसके आदेश का पालन नहीं किया था। दूसरी घटना अधिक वीभत्स है, उसने गौड़ (बंगाल) के राजा को काश्मीर आने का निमंत्रण भेजा और वादा किया कि वह उसकी सुरक्षा का जिम्मा लेगा, और उसने विष्णु परिहासकेशव की मूर्ति को अपने वादे का जामिन बनाया। इसके बावजूद, उसने गौड़ के राजा का ज़र ख़रीद गुण्डों से कत्ल करवा दिया। इस जघन्य विश्वास-घात का कारण खोजना जितना मुश्किल है, उतना ही इसको माफ करना भी मुश्किल है। इस कहानी का परिणाम बेहद दिलचस्प है। कत्ल किए हुए राजा के कुछ स्वामिभक्त अनुयायी बंगाल से चलकर काश्मीर पहुँचे और उन्होंने उस मंदिर को घेर लिया, जिसके देवता को जामिन बनाया गया था। पुजारियों ने मंदिर के द्वार बन्द कर दिये, लेकिन उन्होंने जबर्दस्ती दरवाजे खोल लिए। बंगाली वीर अन्दर घुसकर विष्णु रामस्वामी की मूर्ति के पास पहुँचे और गलती से उसे परिहासकेशव की मूर्ति समझकर उन्होंने उसे गिराकर चूर-चूर कर दिया। इस पर काश्मीरी सैनिकों ने, जो उसी समय राजधानी से घटनास्थल पर पहुँचे थे, उन बंगाली वीरों को काटकर टुकड़े-टुकड़े कर दिया। कल्हण ने बंगालियों के इस छोटे से, लेकिन धुन के पक्के, दल की वीरता को उचित श्रद्धांजलि अर्पित की है। "कितनी लम्बी यात्रा पूरी करनी पड़ी थी, और मृत स्वामी के प्रति कितनी गहरी भक्ति थी? स्वयं स्रष्टा भी वह काम नहीं कर सकता था, जो गौडों ने उस अवसर पर करके दिखा दिया। रामस्वामी का मंदिर आज भी खाली पड़ा है, जबकि गौड़वीरों की कीर्ति सारे संसार में व्याप्त है।"

३६ वर्षों तक राज करने के बाद सन् ७६० ई०[1] में ललितादित्य की मृत्यु हो गयी। उसके बाद कई कमजोर राजा गद्दी पर बैठे, जो इस वंश की सत्ता और प्रतिष्ठा को कायम रखने में सर्वथा असमर्थ रहे। इनमें से, लगता है, उसके पोते जयापीड ने, एक बार खोयी हुई प्रभुता को फिर से पाने की गम्भीर कोशिश की थी, लेकिन उसे विशेष सफलता नहीं मिली। फिर भी यह राजवंश नवीं शताब्दी के मध्य तक काश्मीर पर राज करता रहा।

५. नेपाल

सन् ६२३ ई० में अंशुवर्मन् की मृत्यु के बाद नेपाल में एक अरसे तक अराजकता फैली रही। चार अभिलेखों से पता चलता है कि ४८ और ५९ (सन् ६२६ और

---

१. **राजतरंगिणी** में दिए गए तथ्यों के अनुसार ललितादित्य ने सन् ६९५ से ७३२ ई. तक राज किया था। लेकिन चीनी प्रमाणों को दृष्टि में रखते हुए कनिंघम ने सुझाव दिया कि कल्हण ने इस काल के राजाओं की जो तारीखें दी हैं, उन्हें २५ से ३१ साल आगे करके मानना चाहिए। अब यह मत आमतौर पर स्वीकार कर लिया गया है। इस प्रश्न पर एस. पी. पंडित ने विस्तार से विचार किया है, और उनकी मान्यता है कि कल्हण की तारीखें सही हैं। (देखिए, **गौड़-वहो,** उनके द्वारा सम्पादित संस्करण की भूमिका)।

६३७ ई० के बीच जिष्णु गुप्त, जो अंशुवर्मन् के पद का उत्तराधिकारी बना, सारे नेपाल पर शासन करता रहा था। नाम के अन्तिमांश से लगता है कि वह शायद अंशुवर्मन् से सम्बन्धित नहीं था, हालांकि दोनों ने एक ही संवत् का प्रयोग किया है और दोनों एक ही भवन अर्थात् कैलाशकूट भवन में रहते थे। लेवी ने जिष्णु गुप्त को किशनू गुप्त से अभिन्न माना है, जो तीन आभीर सरदारों में से एक था, जिसका उल्लेख **वंशावली**[1] में हुआ है। जो भी हो, इसमें सन्देह नहीं कि जिष्णु गुप्त ने इस पद पर अनधिकृत कब्जा किया था। अंशुवर्मन् के एक अभिलेख में, जिसकी तारीख ३९ है, **युवराज** उदयदेव का उल्लेख है। गद्दी का यह वारिस शायद लिच्छवि खान्दान का था। लेकिन या तो वह अंशुवर्मन् से पहले ही मर गया या फिर जिष्णु गुप्त ने उसे गद्दी से हटा दिया। जिष्णु गुप्त ने अपने नाम के सिक्के चलाये, लेकिन उसने मानगृह में लिच्छवियों की गद्दी पर पहले ध्रुवदेव और फिर भीमार्जुनदेव को बैठाकार लिच्छवियों के अधिराजत्व का मिथ्याडम्बर बनाये रखा।

जिष्णुगुप्त के बाद उसका बेटा विष्णुगुप्त गद्दी पर बैठा, हालाँकि लिच्छवि भीमार्जुनदेव के अधिराज होने का धोखा फिर भी दिया जाता रहा। विष्णु गुप्त की ज्ञात तारीखें ६४ और ६५ (सन् ६४२-४३ ई०) हैं, और लगता है कि उसे जल्द ही गद्दी से उतार दिया गया होगा। क्योंकि हम देखते हैं कि सन् ६४३ ई० में नेपाल की गद्दी पर लिच्छवि खानदान का नरेन्द्रदेव बैठ चुका था। नेपाल के इतिवृत्तों में उसका प्रमुख स्थान है, क्योंकि नेपाल की घाटी के संरक्षक संत मत्स्येन्द्रनाथ के साथ उसका नाम अन्तरंग रूप से जुड़ा हुआ है। चीनी स्रोतों से हमें उसके बारे में कुछ दिलचस्प सूचनाएँ प्राप्त होती हैं। उनका कहना है कि नरेन्द्रनाथ के पिता को उसके छोटे भाई ने गद्दी से उतार दिया था, नरेन्द्रदेव भागकर तिब्बत चला गया, और फिर तिब्बत के राजा की मदद से उसने अपने बाप की गद्दी फिर से प्राप्त कर ली। इसके परिणामस्वरूप वह तिब्बत के राजा के अधीन एक सामन्त बन गया।[2]

नरेन्द्रदेव के राज्य-काल में ही सबसे पहले, सन् ६४३ ई० या उससे कुछ बाद में,[3] एक चीनी दूत-मंडल नेपाल आया। राजा ने चीनी राजदूत ली-प्याओ और उसके दल का सम्मानपूर्वक स्वागत किया। फिर यह दूत-मंडल हर्षवर्धन के दरबार में

---

१. नेपाल II. १५७ प. पृ.।

२. देखिए 'हिस्टरी आफ दि तांग डाइनेस्टी' में नेपाल का विवरण। चे-किया-फान-चे का लेखक भी, जिसका संकलन सन् ६५० ई. में किया गया था, कहता है कि नेपाल वास्तव में तिब्बत के अधीन राज्य था (ज. ए. १८९४, भाग II, पृ. ६४-६५ प. पृ.)।

३. नेपाल II, १६४। अन्यत्र (वही, I. १५६) लेवी का कहना है कि नरेन्द्रदेव ने चीनी दूत-मंडल का सन् ६४३ ई० में या तो मगध जाते हुए या मगध से लौटते हुए स्वागत किया था। लेवी का यह वक्तव्य कि सन् ६४३ ई० में नरेन्द्रदेव गद्दी पर बैठ चुका था उसके इस मत के विपरीत है कि सन् ६४५ ई० में जिष्णुगुप्त के उत्तराधिकारी को गद्दी से उतार कर वैध राजवंश के राजा नरेन्द्रदेव ने पुनः गद्दी प्राप्त कर ली (नेपाल II. १६२)।

पहुँचने के लिए नेपाल से चल पड़ा। सन् ६४७-६४८ ई० में वांग हिउएन त्से का स्मरणीय दूत-मंडल भी नेपाल से होकर गुज़रा था और फिर चीनी राजदूत ने जल्द ही लौटकर उस भारतीय राजा के विरुद्ध, जिसने हर्ष की गद्दी पर अनधिकार कब्जा कर लिया था और चीनी राजदूत के साथ दुर्व्यवहार किया था, नेपाल की सहायता मांगी थी। इस घटना का पहले ही विस्तार से वर्णन किया जा चुका है।[1] नरेन्द्रदेव ने चीनी राजदूत को ७,००० घुड़-सवार सेना देकर मदद की, और उसके राज्यकाल में चीन के साथ लगातार मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध बने रहे। उसके वक्त में चीनी यात्री बड़ी संख्या में नेपाल आये और उसने सन् ६५१ ई० में चीनी सम्राट के दरबार में अपना राजदूत भेजा। चीनी वृत्तान्त में नेपाल को सम्राट के अधीन एक शान्तिप्रिय, सभ्य और समृद्ध देश बनाया गया है।[2]

अंशुवर्मन् के परवर्ती काल का जो विवरण **वंशावलियों** में दिया गया है, वह पुरालेखों में दिए गए विवरण से इतना भिन्न है कि दोनों में संगति बैठाना एकदम असम्भव है। पशुपति मन्दिर के शिलालेख में कहा गया है कि नरेन्द्रदेव के बाद उसका बेटा शिवदेव और उसके बाद शिवदेव का बेटा जयदेव गद्दी पर बैठा था। इसी अभिलेख से हमें पता चलता है कि शिवदेव की रानी वत्सदेवी मौखरी राजा भोगवर्मन् की बेटी और मगध के राजा आदित्यसेन की दौहित्री (बेटी की बेटी) थी। यह भोगवर्मन् अंशुवर्मन् की बहन का बेटा था, और चूँकि नरेन्द्रदेव अंशुवर्मन् की मृत्यु के २५ वर्षों के भीतर राज्य का शासक बन गया था, अतः शिवदेव और वत्सदेवी का विवाह न केवल कालानुक्रम की योजना में फिट बैठ जाता है, बल्कि इसे गद्दी के परस्पर विरोधी दावेदारों के बीच एक राजनीतिक समझौते के रूप में भी देखा जा सकता है। नरेन्द्रदेव ने ३० वर्षों की लम्बी अवधि तक राज किया था और उसकी ज्ञात तिथियाँ ६९ से १०३ (सन् ६४७ से ६८१ ई०) तक हैं। १०९ (सन् ६८७ ई०) से पहले ही उसका देहान्त हो गया होगा, जो उसके बेटे और उत्तराधिकारी शिवदेव की, जिसने कम से कम १२५ (सन् ७०३ ई०) तक राज किया था, सबसे पहली ज्ञात तिथि है। शिवदेव के बेटे और उत्तराधिकारी जयदेव की सिर्फ एक ही तारीख ज्ञात है—१५९ (अर्थात् सन् ७३७ ई०)।

इस प्रकार आठवीं शताब्दी के पूर्वार्ध में नेपाल पर लिच्छवि वंश के दो राजाओं शिवदेव और जयदेव, ने राज किया। इस काल में तिब्बत के राजा सचमुच बड़े शक्तिशाली थे और इसमें सन्देह नहीं कि नेपाल पर उनका प्रभुत्व स्वीकार किया जाता था, लेकिन सम्भवतः वे राज्य के आन्तरिक प्रशासन में हस्तक्षेप नहीं करते थे। शिवदेव के एक अनुदान-पत्र में, जिसकी तारीख ६१९ वर्ष (अर्थात् सन् ६९७ ई०) है, तिब्बत को दी जानेवाली भोट्ट-विष्टि या कौर्वी (बेगारी) का उल्लेख किया गया है।[3]

---

१. देखिए पृ. १४१ प. पृ.।
२. चीनी दूत-मंडलों का विवरण जानने के लिए देखिए, नेपाल I, १५५ प. पृ.।
३. नेपाल, II. १७३ प. पृ.।

जयदेव ने गौड़, ओड्र, कलिंग, कोसल तथा अन्य देशों के राजा श्री हर्षदेव की बेटी राज्यमती से विवाह किया। श्री हर्षदेव भागदत्त की वंश-परम्परा में पैदा हुआ था। इस राजा हर्ष की अभी तक ठीक-ठीक शिनाख्त नहीं की जा सकी है। भागदत्त के वंश के हवाले से लगता है कि उसका सम्बन्ध आसाम से था, लेकिन यह निश्चित नहीं है।[१]

जयदेव ने **पर-चक्र-काम** (दुश्मनों के राज्यों की इच्छा रखने वाला) की उपाधि धारण की थी। पशुपति मन्दिर के अभिलेख का एक श्लोक ऐसा है जिसके दो अर्थ निकलते हैं, एक अर्थ में राजा के व्यक्तिगत सौन्दर्य का वर्णन है, और दूसरे में यह ध्वनि है कि राजा ने या तो अंग, कामरूप, काँची, और सौराष्ट्र को जीत लिया था या उन पर उसका आधिपत्य स्वीकार किया जाता था। यद्यपि कुछ विद्वानों ने इस दूसरे अर्थ को ऐतिहासिक तथ्य मान लिया है,[२] लेकिन इसको केवल कविसुलभ अतिरंजना मानना ही बेहतर होगा।

हम जिस काल का सिंहावलोकन कर रहे हैं, वह एक प्रकार से जयदेव के शासन-काल के अन्त तक चलता है। लेकिन यहाँ पर संक्षेप में नेपाल की सभ्यता और संस्कृति का उल्लेख कर देना उचित होगा। ह्वेन-त्सांग[३] ने यहाँ के लोगों के बारे में लिखा है कि उनका व्यवहार कृत्रिम और विश्वासघाती है, और उनका स्वभाव कठोर और खूंखार है, जिसमें सत्य या मर्यादा का कोई लिहाज नहीं है। फिर उसने आगे कहा है कि ये लोग अशिक्षित हैं, लेकिन कलाओं में निपुण हैं और देखने में उनकी शक्ल-सूरत कुरूप और भद्दी है। यह वर्णन उन पहाड़ी कबीलों पर ज्यादा लागू होता है, जो नेपाल के साधारण निवासी थे। लेकिन इसमें सन्देह नहीं कि वहाँ की आबादी में एक सुसंस्कृत और सभ्य वर्ग भी था। इसका प्रमाण वहाँ पर बड़ी संख्या में पाये गये उन अभिलेखों में मिलता है, जो चौथी या पाँचवीं और आठवीं शती के बीच के हैं। उनसे साफ जाहिर है कि भाषा, साहित्य, कला, धर्म और सामाजिक विचारों की दृष्टि से नेपाल भारत का अभिन्न अंग था और उसकी संस्कृति से पूरी तरह शराबोर था। भारत के साथ उसके राजनीतिक और सामाजिक सम्बन्ध अत्यन्त गहरे और निकट के थे और उसके अन्दर तब तक तटस्थता की उस भावना का विकास नहीं हुआ था, जो बाद के कालों में उसकी विशेषता बन गयी। वह ब्राह्मण और बौद्ध, इन दोनों धर्मों का शक्तिशाली केन्द्र था और भाग्य के विचित्र उलटफेरों के बावजूद आज भी प्राचीन भारतीय संस्कृति के चिह्न सुरक्षित हैं।

---

१. हि. व. आर. ८५। गिलगित में भागदत्त परिवार के राज्य के बारे में देखिए—ई. इ. XXX. २२७।

२. हि. ना. इ. ३०१ में डॉ. बसाक। लेकिन लेवी का विचार है कि यह श्लोक केवल कवि-सुलभ अतिशयोक्ति है। (नेपाल II. १७०) इन्द्रजी भी इस श्लोक को कोई राजनीतिक महत्व नहीं देते।

३. हि. त्सा. बी., II, ८०-८१.

६. कामरूप

भास्करवर्मन् के गद्दी पर बैठने तक कामरूप के इतिहास की रूपरेखा हम पहले प्रस्तुत कर चुके हैं।[१] ईसा की चौथी शताब्दी से जो राजवंश कामरूप पर लगातार शासन करता आया था, भास्करवर्मन् उस वंश का सबसे प्रसिद्ध राजा है। हम देख चुके हैं कि उसने किस प्रकार हर्षवर्धन से राजनयिक गठबंधन किया था। इसका कारण शायद यह था कि शशाँक की शक्ति बढ़ रही थी, जो दोनों का सामान्य दुश्मन था। बाणभट्ट ने उसके राजदूत हंसवेग से जो शब्द कहलवाये हैं, उनसे इस मत की पुष्टि होती है। हंसवेग ने अपने स्वामी के बारे में कहा कि उसका यह 'दृढ़ निश्चय है कि वह किसी व्यक्ति के आगे मस्तक नहीं झुकायेगा', भगवान शिव के अलावा। और इस महत्त्वाकाँक्षा की पूर्ति का एक साधन था, हर्ष से दोस्ती गाँठना। हर्ष ने भी भास्कर वर्मन् द्वारा प्रस्तावित 'अक्षय मैत्री' को स्वीकार करते हुए कहा, "मित्र के रूप में मुझको प्राप्त करके भगवान शिव के अलावा उसे किसी और के आगे मस्तक झुकाने की जरूरत क्या है ?[२] ये वक्तव्य जाहिर करते हैं कि भास्कर वर्मन् को डर था कि कोई राजा उस पर अपना प्रभुत्व न जमा ले, और उसने इस विषम स्थिति से बचने के लिए हर्ष से दोस्ती की थी। इसमें कोई सन्देह नहीं कि उसके मन में ऐसा डर पैदा करनेवाला शासक केवल शशांक ही हो सकता था।

इस दोस्ती के व्यावहारिक परिणाम क्या निकले, इसके बारे में कुछ भी ज्ञात नहीं है। हर्ष के सैनिक अभियानों में विशेषकर शशांक के विरुद्ध, भास्करवर्मन् ने कोई सैनिक सहायता दी थी या नहीं, हम नहीं कह सकते। लेकिन ऐसा लगता है कि वह अपने मुख्य उद्देश्य की पूर्ति में सफल रहा था, अर्थात् उसके राज्य को शशांक या किसी और से कोई क्षति नहीं पहुँची थी। सम्भवतः शशांक की मृत्यु के बाद उसे इस दोस्ती से कुछ और भी लाभ प्राप्त हुए हों, क्योंकि भास्करवर्मन् का, कम से कम कुछ सालों के लिए, बंगाल के एक बड़े हिस्से पर कब्जा हो गया था। ह्वेन-त्सांग के विवरण से यह बात स्पष्ट हो जाती है।

जिन दिनों ह्वेन-त्सांग नालन्दा में ठहरा हुआ था, भास्करवर्मन् ने विश्वविद्यालय के कुलपति शीलभद्र के पास अपना दूत इस प्रार्थना के साथ भेजा कि वह चीन के महान् श्रमण को उसके यहाँ भेज दें। शीलभद्र ने इस प्रार्थना को एक बार टाल दिया, यहाँ तक कि दूसरी बार भी उस पर ध्यान नहीं दिया। भास्करवर्मन् ने इस पर क्रुद्ध होकर शीलभद्र को धमकी दी कि अगर चीनी श्रमण को फौरन नहीं भेजा गया तो वह अपनी सेना और हाथियों से लैस होकर आयेगा और नालन्दा विश्वविद्यालय को रौंदकर धूल में मिला देगा। धमकी का आकांक्षित प्रभाव पड़ा। ह्वेन-त्सांग कामरूप

---

१. देखिए पृ. १००-१०५।

२. हर्ष चरित, अनुवादक कॉवेल ऐंड टॉमस, पृ. २१७।

गया और वहाँ एक महीने तक ठहरा। अब हर्षवर्धन के क्रुद्ध होने की बारी थी, क्योंकि उसने भी चीनी श्रमण से मिलना चाहा था, लेकिन उसकी प्रार्थना की उपेक्षा की गयी थी। उसने भास्करवर्मन् के पास दूत भेजा और "उसे आदेश दिया कि वह चीन के श्रमण को तुरन्त भेज दे।" भास्करवर्मन् ने उत्तर दिया, "वह मेरा सर ले सकता है, लेकिन चीनी श्रमण को नहीं ले सकता।" हर्ष को बड़ा गुस्सा आया और उसने एक संक्षिप्त संदेश भेजा, "सर भेज दो, ताकि मेरा दूत उसे लेकर फौरन मेरे पास पहुँच जाये।" भास्करवर्मन् बेहद घबरा गया और उसने अपने २०,००० हाथियों और जहाजी बेड़े को, जिसमें ३०,००० नौकाएँ थीं, फौरन लैस हो जाने का आदेश दिया। फिर वह ह्वेन-त्सांग के साथ नाव में बैठकर गंगा के मार्ग से कजंगल पहुँचा जहाँ हर्ष ठहरा हुआ था। इस विनय भाव से हर्ष प्रसन्न हो गया और दोनों में फिर मेल हो गया। भास्करवर्मन् भी हर्ष के साथ उस महान् उत्सव में भाग लेने के लिए गया, जिसका पहले उल्लेख हो चुका है। उसने प्रयाग में होने वाली छठी पञ्चवर्षीय धार्मिक उत्सव सभा में भी भाग लिया।[१]

ह्वेन-त्सांग ने हर्षवर्धन और भास्करवर्मन् के बीच जिस विचित्र झगड़े का उल्लेख किया है, वह सच है तो हमें मानना होगा कि दोनों राजाओं के पारस्परिक सम्बन्धों में बहुत बड़ा परिवर्तन आ गया था। अब यह बराबर की दोस्ती नहीं थी बल्कि कुछ ऐसे किस्म की दोस्ती थी जो एक शक्तिशाली, उद्धत राजा और उसके किसी कमजोर पड़ोसी के बीच में होती है। लेकिन न तो इस कहानी से और न इस तथ्य से कि भास्करवर्मन् ने हर्ष के धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया था, यह निष्कर्ष निकलता है कि भास्करवर्मन् हर्षवर्धन का सामन्त था, या किसी भी रूप में उसकी राजनीतिक अधीनता स्वीकार करता था। अपनी और अपने पुराने दोस्त की शक्ति और प्रतिष्ठा में इतने बड़े फर्क को ध्यान में रखते हुए, भास्करवर्मन् ने निस्सन्देह सोचा होगा कि अप्रसन्न करने वाला कोई काम न करके उसे हर्ष को खुश रखना चाहिए, लेकिन इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि किसी भी सीमा तक वह अपनी राजनीतिक स्वतंत्रता खो बैठा था या कि हर्ष उस पर अपने प्रभुत्व का दावा कर सकता था।[२]

इसके विपरीत ह्वेन-त्सांग की कहानी से यह अर्थ निकलता है कि बंगाल पर भास्कर वर्मन् का कुछ हद तक राजनीतिक प्रभुत्व था। अगर ऐसा न होता तो उसकी इस धमकी का अर्थ समझना मुश्किल हो जाता कि वह फौज भेजकर नालन्दा को खाक में मिला देगा, या कि उसने अपना बेड़ा और फौज लेकर गंगा के मार्ग से यात्रा क्यों की थी। इस मत की इस बात से भी पुष्टि होती है कि उसने शशांक की पुरानी राजधानी कर्ण-सुवर्ण में स्थित अपनी विजयी सेना के शिविर से एक भूमि-अनुदान-पत्र

---

१. लाइफ, १७१-७२।
२. प्रो. इ. हि. का., VI. ४८।

जारी किया था।[१] इस अनुदान-पत्र पर कोई तारीख नहीं है और यह तर्क दिया जा सकता है कि हर्षवर्धन की मृत्यु के बाद ही बंगाल उसके कब्जे में आया था। लेकिन चूँकि और सारे तथ्य हर्ष के जीवन-काल से सम्बन्धित हैं, इसलिए, यह अधिक सम्भव है कि हर्ष की मृत्यु से पहले ही भास्करवर्मन् ने बंगाल पर कब्जा कर लिया था। शायद शशांक के साम्राज्य का दो हिस्सों में बंटवारा किया गया था, जिसके अनुसार पश्चिमी बंगाल, उड़ीसा और कंगोद हर्ष के हिस्से में आये थे और बाकी बंगाल भास्करवर्मन् के हिस्से में। लेकिन इस स्वल्प जानकारी के आधार पर कोई निश्चित मत प्रकट नहीं किया जा सकता।

इसके बाद वांग हिउएन त्से के विचित्र अभियान के सिलसिले में हमें फिर भास्करवर्मन् का नाम सुनायी देता है।[२] वांग जब उस मंत्री की शक्ति को पूरी तरह नष्ट कर चुका, जिसने अनधिकृत रूप से हर्ष की गद्दी पर कब्जा कर लिया था, तब भास्करवर्मन् ने उसके पास भारी तादाद में रसद और फ़ौजी सामान भेजा था। हर्ष की मृत्यु के बाद जो विचित्र राजनीतिक घटनाएँ घटी थीं, उनमें कामरूप के राजा का भी कोई हाथ था या नहीं, यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता। तिब्बत के राजा स्रोङ-ब्त्सन-स्गम-पो ने, जिसे वांग-हिउएन त्से के अभियान ने भारतीय राजनीति में घसीट लिया था, कहा जाता है कि आसाम जीत लिया था।[३] इसमें सत्य का कुछ अंश हो सकता है, जैसा कि हम प्राप्त अभिलेखों से निर्णय कर पाते हैं, क्योंकि तीन सौ साल से ज्यादा समय तक कामरूप पर राज करने के बाद भास्करवर्मन् के साथ ही पुष्य-वर्मन् के वंश का अन्त हो गया, और कामरूप के राज्य पर शालस्तंभ नाम के किसी म्लेच्छ राजा का अधिकार हो गया।[४] यह असम्भव नहीं है कि पुराने राजवंश का पतन तिब्बती आक्रमण के कारण हुआ हो, यद्यपि इस बारे में निश्चित रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता। हमें शालस्तम्भ के दो एक उत्तराधिकारियों के नाम तो मालूम है, लेकिन उनके इतिहास का कुछ पता नहीं है। इस राजवंश के एक राजा की, जिसे हर्ष और हर्षवर्मन् दोनों नामों से पुकारा जाता था, भागदत्त-वंश के राजा हर्षदेव के साथ शिनाख्त की गयी है, जिसका नेपाल के अभिलेख में जिक्र है कि वह (जयदेव की रानी)

---

१. ई. इ. XII. ६५।

२. देखिए पृ. १४२।

३. लेवी, नेपाल, II. १४८।

४. रतनपाल के बरगांव में प्राप्त ताम्र-पत्र के V. ९ (ज. ए. सो. ब. १८९८ पृ. ९९) से सन्देह की कोई गुंजाइश नहीं रह जाती कि शालस्तम्भ किसी दूसरे राजवंश का था। वनमाल (ज. ए. सो. ब. IX. ७६६) और बलवर्मन् (ज. ए. सो. ब. १८९७, पृ. २८५) के ताम्रपत्रों के आधार पर यह तर्क पेश किया गया है कि शालस्तम्भ भी नरक और भागदत्त के वंश का था (का. शा. १९; इ. हि. क्वा. १९२७, पृ. ८४४) लेकिन पहले के V.७ और दूसरे के V.९ ताम्रपत्रों में क्रमशः प्रालम्भी और शालस्तम्भ के पूर्वजों का हवाला दिया गया है, न कि यह कि खुद शालस्तम्भ नरक का वंशज था। पहले ताम्रपत्र का आशय यह है कि शालस्तम्भ से लेकर हर्ष तक के राजाओं का वंश प्रालम्भ से भिन्न था। (देखिए डा. हि. ना. इ. I. २४१-४२)।

राज्यमती का पिता था और गौड़, उड्र, कलिंग, कोसल तथा अन्य देशों का राजा था।[1] यह शिनाख्त तब तक सन्देहजनक बनी रहेगी, जबतक इस हरीश या हर्ष की इन सफलताओं के बारे में स्वतंत्र प्रमाण नहीं मिल जाते। भारत में और भी राज-वंश भागदत्त से अपनी वंश-परम्परा का आरम्भ मानते थे,[2] और यह सन्दिग्ध है कि हर्ष इस पदवी का सचमुच हकदार था।[3] कुल मिलाकर यही कहा जा सकता है कि भास्करवर्मन् की मृत्यु के बाद की शताब्दी को कामरूप के इतिहास में अन्धकार-युग समझना चाहिए।

७. बंगाल

शशांक की मृत्यु के बाद की शताब्दी के बंगाल का इतिहास अत्यन्त अस्पष्ट है। फिर भी, यह निश्चित है कि उस महान् राजा (शशांक) ने जो राजनीतिक एकता स्थापित की थी, वह इस शताब्दी में बंगाल ने खो दी और वह अनेक स्वतन्त्र राज्यों में बंट गया। शशांक की मृत्यु के कुछ ही समय बाद, सन् ६३८ ई० में बंगाल की यात्रा करते हुए ह्वेन-त्सांग ने ऐसे पाँच राज्यों का उल्लेख किया है, जिनके नाम हैं, कंजगल, पुण्ड्रवर्धन, कर्णसुवर्ण, ताम्रलिप्ति और समतट।[4] पहले राज्य में राजमहल के गिर्द का इलाका था, दूसरे में उत्तर बंगाल, तीसरे-चौथे में पश्चिमी बंगाल और पाँचवें में पूर्वी बंगाल के क्षेत्र थे।

मंजुश्री मूलकल्प में भी शशांक के बाद बंगाल के राजनीतिक विघटन की ओर संकेत किया गया है। उसमें गौड़ तन्त्र, अर्थात् गौड़देश की राजनीतिक व्यवस्था का वर्णन करते हुए कहा गया है कि वहाँ परस्पर अविश्वास का बोलबाला है, और गृह-युद्ध छिड़ गया है, जिसके दौरान एक राजा ने सप्ताह भर राज किया, तो दूसरे ने महीना भर और फिर एक गणतंत्र की स्थापना की गयी। इसके बाद शशांक के बेटे ने गद्दी पर कब्जा कर लिया, लेकिन वह सिर्फ आठ महीनों तक ही राज कर पाया।[5] यह अराजकता और अनिश्चितता या तो हर्ष और भास्करवर्मन् के आक्रमणों का कारण थी या परिणाम, जिन्होंने, बंगाल के विभिन्न हिस्सों पर एक समय तक राज किया था, जैसा कि हम पहले बता चुके हैं।

शीघ्र ही गौड़ या पश्चिमी बंगाल में जयनाग ने एक शक्तिशाली राज्य की स्थापना कर ली। उसने शशांक की राजधानी और बाद में भास्करवर्मन् द्वारा शासित कर्णसुवर्ण से

---

१. इ ऐ., IX. १७९; ज. रा. ए. सी., १८९८, पृ. ३८४-८५; डा. हि. ना. इ. I. २४१. ऊपर देखिए, पृ. १५७।

२. उदाहरण के लिए उड़ीसा का कर-वंश। चित्राल पर भी भागदत्त वंश के ही एक परिवार का राज था (इ. हि. क्वा. XIV. ८४१; भा. वि. IV. १११)।

३. देखिए, पृ० १६० की पादटिप्पणी सं. २।

४. हि. त्सा. बी., II. १९३; या. ट्रै. वा. II, १८२।

५. इ. हि. इ. जा. ५१।

एक भूमि-अनुदान-पत्र जारी किया था।[१] जयनाग की तारीख निश्चित रूप से ज्ञात नहीं है, लेकिन वह भास्करवर्मन् की मृत्यु के कुछ दिनों बाद ही हुआ होगा।[२] और उसने उस राजा के जुए से कर्ण-सुवर्ण और उसके पार्श्ववर्ती क्षेत्र को मुक्त किया होगा। जयनाग ने **महाराजाधिराज** की पदवी धारण की थी, और अपने नाम के सिक्के जारी किये थे, जिससे जाहिर है कि वह एक शक्तिशाली राजा था जिसका अधिकार दूर-दूर तक माना जाता था, लेकिन उसके राज्य का क्षेत्र कहाँ तक फैला था, यह निश्चित करना कठिन है।

हम नहीं जानते कि जयनाग का उत्तराधिकारी कौन था या उसकी मृत्यु के बाद गौड़ के राज्य का क्या हुआ। कुछ लोगों का मत है कि उसका राज्य परवर्ती गुप्त शासकों[३] के हाथ में चला गया था, लेकिन इसका हमारे पास कोई प्रमाण नहीं है।

वंग या पूर्वी बंगाल के बारे में हमें कुछ अधिक सूचनाएँ प्राप्त हैं। ह्वेन-त्सांग के अनुसार ईसा की सातवीं शताब्दी के पूर्वार्ध में इस क्षेत्र पर ब्राह्मण राजा शासन करते थे, और शीलभद्र, जो नालन्दा विश्वविद्यालय का कुलपति था, इस कुल का ही सदस्य था।[४] इस राजवंश को एक बौद्ध परिवार ने पदच्युत कर गद्दी अपने कब्जे में कर ली थी। उसके चार राजाओं के नाम हमें ज्ञात हैं—खड्गोद्यम, जातखड्ग, देवखड्ग और राजराजभट। इनमें से हरेक अपने पूर्ववर्ती का बेटा था। इ-त्सिंग ने समतट के जिस राजा राजभट का उल्लेख किया है, उसकी शिनाख्त निश्चय ही खड्ग वंश के राजराजभट से की जा सकती है। यह भी बिल्कुल सम्भव है कि इस यात्री ने पूर्वी भारत के जिस राजा देववर्मा का जिक्र किया है, वह दरअसल खड्ग वंश का राजा देवखड्ग ही हो। इस तथा अन्य प्रमाणों से सूचित होता है कि सातवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में इस खड्गवंश का पूर्वी बंगाल और दक्षिणी और मध्य बंगाल के भी काफी हिस्सों पर राज था।[५]

ईसा की आठवीं शताब्दी के पूर्वार्ध में बंगाल को कई विदेशी आक्रमणों का सामना करना पड़ा। शैलवंश के एक राजा ने उत्तरी बंगाल पर कब्जा कर लिया। आरम्भ में यह राजवंश हिमालय के क्षेत्र में राज करता था। बाद में इसने पूर्व और दक्षिण की दिशा में फैलना शुरू किया और काशी, विन्ध्यप्रदेश और उत्तर बंगाल में इसकी शाखाएँ स्थापित हो गयीं। लेकिन इनमें से किसी भी क्षेत्र में उनके शासन के बारे में कुछ ज्ञात नहीं है।

---

१. ई. इ. XVIII. ६०।

२. डा. आर. जी. बसाक के अनुसार जयनाग शशांक से पहले हुआ था (हि. ना. इ. १४०) विस्तृत विवेचन के लिए देखिए हि. ब. आर., ८०।

३. हि. ना. इ. १२८।

४. या ट्रै. वा., II. १०९।

५. हि ब. आर. ८६।

बाद में, सन् ७२५ ई० के बीच यशोवर्मन् ने पश्चिमी और पूर्वी बंगाल दोनों को जीत लिया। अगर, जैसा पहले लिखा जा चुका है,[१] मगध और गौड़ एक ही राजा के अन्तर्गत थे, तो हमें मानना चाहिए कि गौड़ ने मगध पर कब्जा किया था, न कि मगध ने गौड़ पर। क्योंकि, अगर ऐसा न होता तो यशोवर्मन् की विजयों का वर्णन करने वाले उस महान काव्य के **गौड़-वहो** (गौड़वध) नाम का कोई औचित्य नहीं हो सकता था।[२]

यशोवर्मन् की विजय अल्पजीवी ही साबित हुई, लेकिन गौड़ को काश्मीर के राजा ललितादित्य का आधिपत्य स्वीकार करना पड़ा था।[३] बाद में गौड़ ने स्वतंत्रता पा ली, लेकिन सारा उत्तरी और पश्चिमी बंगाल छोटे छोटे राज्यों में बँट गया। **राज-तरंगिणी** के अनुसार जब ललितादित्य के पोते जयापीड से काश्मीर की गद्दी छिन गई, तब वह उत्तरी बंगाल में पुण्ड्रवर्धन के नगर में (बोगरा के निकट) चला गया। जयापीड ने जयन्त की बेटी से विवाह किया, पाँचों गौड़ राजाओं को युद्ध में हराया और अपने श्वसुर जयन्त को उन सबका अधिराज बना दिया।[४]

नेपाल के अभिलेख में, राजा जयदेव[५] के श्वसुर हर्ष को गौड़ और दूसरे देशों का स्वामी कहा गया है। इस हर्ष को चूँकि भागदत्त के वंश का बताया जाता है, इसलिए आमतौर पर अनुमान किया जाता है कि वह कामरूप का राजा था। लेकिन यह बिलकुल निश्चित नहीं है, क्योंकि भागदत्त के वंशज होने का दावा करने वाले राजा सिर्फ कामरूप ही नहीं बल्कि उड़ीसा तथा दूसरे क्षेत्रों पर भी राज करते हुए पाये गये हैं। हमारे पास इस बात का और कोई स्वतन्त्र प्रमाण नहीं है कि कामरूप या उड़ीसा के किसी राजा का इस काल में गौड़ पर आधिपत्य था, और हम नहीं जानते कि हर्ष द्वारा "गौड़ेश्वर" उपाधि स्वीकारने के पीछे वास्तव में कितना औचित्य था।[६]

---

१. देखिये पृ. १४५ प. पृ.।

२. हि. ब. आर., ९४।

३. देखिए पृ. १५२-५३।

४. क. रा. त IV. ४०२-४६८। यह सारी घटना इतिहास के बजाय रूमानी कहानी लगती है; इसे ऐतिहासिक मानना कठिन है। चूँकि जयापीड ललितादित्य की मृत्यु से १९ वर्ष बाद गद्दी पर बैठा था, इसलिए यह घटना सन् ७८० ई० के बाद की ही हो सकती है, जैसा कि पूर्वकथित तिथि को नोट किया जा चुका है। (पृ. १५३) लेकिन कुछ विद्वान् ललितादित्य की मृत्यु की तारीख सन् ७३२ ई० को ही मानते हैं (पृ. १५३) इस हिसाब से जयापीड सन् ७५१ ई० में गद्दी पर बैठा था। गौड़ देश की राजनीतिक स्थिति का जो वर्णन कल्हण ने किया है, वह इस तारीख के ज्यादा अनुकूल लगता है। लेकिन हर सूरत में इस वर्णन के अन्दर गौड़ के राजनीतिक विघटन की स्मृति सुरक्षित है।

५. देखिये पृ. १५७, १६०।

६. हि. ब. आर. ८५, भारत के विभिन्न भागों में भागदत्त के वंशज होने का दावा करने वाले राज-परिवारों के बारे में देखिये, भा. वि., VI. १११।

पुरालेखों से हमें समतट के दो राजाओं की सूचना मिलती है—जीवधारण और श्रीधारण, जो रातवंश के थे । इनके अलावा पूर्व-बंगाल के कुछ और राजाओं के नाम भी मिलते हैं, जैसे लोकनाथ, जयतुंगवर्ष आदि, जो लगभग उस समय राज करते थे, लेकिन हमें उनके परस्पर सम्बन्धों, उनके पद या उनकी राज्य-सीमाओं के बारे में कोई निश्चित सूचना प्राप्त नहीं है ।[१] तिब्बती श्रमण तारानाथ ने पूर्व बंगाल में एक चन्द्रवंश का उल्लेख किया है, जिसके दो अन्तिम राजाओं, गोविन्दचन्द्र और ललितचन्द्र ने शायद आठवीं शती के आरम्भ में राज किया था ।[२]

यद्यपि शशांक की मृत्यु के बाद बंगाल के राजनीतिक इतिहास की रूपरेखा भी खींचना सम्भव नहीं है, फिर भी उपर्युक्त तथ्यों से इसमें कोई सन्देह नहीं रह जाता कि राजनीतिक विघटन से उत्पन्न व्यापक अराजकता और अनिश्चितता की परिस्थितियाँ सन् ६५०–७५० ई० की अवधि में बंगाल में लगातार छायी रहीं । और जैसा तारानाथ ने बड़े मार्मिक ढंग से कहा है, इसका परिणाम यह निकला कि गौड़ या वंग में इस बीच एक भी शक्तिशाली राजा नहीं हुआ, बल्कि हर क्षत्रिय महाजन, ब्राह्मण और व्यापारी अपने अपने घर में एक राजा था ।[३] एक समकालीन अभिलेख में उस समय के बंगाल की राजनीतिक परिस्थिति को **मात्स्यन्याय** कहा गया है, जो अराजकता की ऐसी स्थिति का सूचक है, जिसमें बड़ी मछली छोटी मछली को खा जाती है और जहाँ जिसकी लाठी उसकी भैंस वाली कहावत चरितार्थ होती है ।[४] शशांक की मृत्यु के बाद एक शताब्दी तक बंगाल इस दुर्दशा में ग्रस्त रहा ।

८. ओडिसा

हर्ष की विजय के बाद भी कंगोदपर शैलोद्भव वंश के राजा शासन करते रहे । अयशोभीत से शुरू होने वाले इस खान्दान के बारे में, जो सैन्यभीत के परिवार में पैदा हुआ था, कई विवरण प्राप्त हैं । अयशोभीत के बेटे का नाम सैन्यभीत था । जैसा हम पहले देख चुके हैं[५] इस परिवार के तीन राजाओं ने, जिनके नाम क्रमशः सैन्यभीत प्रथम (माधवराज प्रथम), अयशोभीत और सैन्यभीत द्वितीय (माधवराज द्वितीय) हैं, छठी शताब्दी के उत्तरार्ध और सातवीं शताब्दी के आरम्भ में राज किया था । कुछ विद्वानों का[६] विचार है कि राजाओं के ये दोनों समूह दरअसल अभिन्न हैं ।

---

१. इ. हि. क्वा., XXIII. २२१ ।
२. हि. ब. आर., ८८-८९ ।
३. हि. ब. आर. १८३ ।
४. हि. ब. आर. ९७ ।
५. इस राजवंश के आरंभिक इतिहास के बारे में ऊपर देखिए पृ. १०५ प. पृ. ।
६. एन. जी. मजुमदार (ई. इ. XXIV. १५१); एन. पी. चक्रवर्ती (ई. इ., XXI, ३६); आर. डी. बनर्जी, ओड़िसा I, १३० ।

लेकिन इस मत के विरुद्ध दो आपत्तियाँ हैं। दूसरे समूह के राजाओं में अयशोभीत को सैन्यभीत का बेटा बताया गया है। यह सन्देहजनक बात लगती है कि एक सरकारी विवरण में राजा के बेटे को बेटा न बताकर उसके परिवार में पैदा हुआ व्यक्ति बताया जाय। दूसरी आपत्ति यह है कि पहले समूह के राजाओं के अक्षरों की बनावट परवर्ती काल की है। लेकिन हाल में ही इस परिवार का एक विवरण प्राप्त हुआ है (नं० २)[१] जिसके अक्षर दूसरे समूह के राजाओं द्वारा प्रयुक्त अक्षरों से ज्यादा भिन्न नहीं हैं। इस बात ने निस्सन्देह, दोनों समूहों के राजाओं को अभिन्न मानने वाले मत को मजबूत किया है, लेकिन अभी इस मामले को अनिश्चित ही समझना चाहिए, और कुछ विद्वानों[२] का मत है कि राजाओं के ये दोनों समूह एक दूसरे से भिन्न थे और पहले समूह के राजाओं ने दूसरे समूह के राजाओं के बाद कंगोद पर राज्य किया था।

दोनों मतों के अनुसार क्रमशः दो भिन्न कालानुक्रमों की तालिकाएँ इस प्रकार होंगी :

I

१. रणभीत (ल० सन् ५५० ई०)
|
२. सैन्यभीत प्रथम माधव राज प्रथम (ल० सन् ५७५ ई०)
|
३. अयशोभीत प्रथम (ल० सन् ६०० ई०)
|
४. सैन्यभीत द्वितीय माधवराज द्वितीय (ल० सन् ६१५ ई०)

II

ऊपर के क्रम के साथ जारी रहते हुए

५. अयशोभीत द्वितीय (नं० ४ के परिवार में उत्पन्न)
|
६. सैन्यभीत तृतीय माधववर्मन (जिसे श्रीनिवास भी कहते थे)

जिन लोगों का यह कहना है कि उपरोक्त ५ और ६ संख्या के राजा ३ और ४ संख्या के राजाओं से भिन्न थे, वे उनका सातवीं, आठवीं या नवीं शताब्दी ई० में होना तक बताते हैं। लेकिन जो लोग दोनों समूहों को अभिन्न बताते हैं, वे कुदरतन उनकी तारीख गंजाम में मिले ताम्र-पत्र के आधार पर निश्चित करते हैं, जिसके अनुसार सैन्यभीत द्वितीय (सं० ४ और ६) सन् ६१९ में शशांक के अधीन एक सामन्त राजा

---

१. बिब्लियोग्राफी, लिस्ट आफ इंस्क्रिप्शिंस।

२. आर. जी. बसाक (हि. ना. इ. १७०; ई. इ. XXIII. १२६-२७); कीलहार्न (ई. इ VII. १२०) और हवालों के लिए देखिए, ज. आ. हि. रि. सो. X. ५।

था। इस राजा द्वारा जारी किये गये एक अन्य ताम्र-पत्र (नं० २) की तारीख ५० है, और इसको हर्ष के संवत् के हवाले से पढ़ें तो यह तारीख सन् ६५६ ई० होगी। इस प्रकार इस राजा का राज्यकाल चालीस वर्ष से अधिक रहा होगा। उपर्युक्त विवरण तथा कई अन्य विवरणों से भी ज्ञात होता है कि यह राजा बड़ा शक्तिशाली था, और उसने अनेक यज्ञ किये, जिनमें **अश्वमेध** यज्ञ भी था। तत्पश्चात् उसका बेटा अयशोभीत द्वितीय (या तृतीय) माधवराज गद्दी पर बैठा, जिसने २६ साल तक राज किया। उसने **वाजपेय अश्वमेध** और दूसरे यज्ञ भी किये। इस राजा ने कटक भुक्ति में कई भूमि-अनुदान पत्र बाँटे। और अगर यह क्षेत्र आधुनिक कटक के गिर्द का इलाका है, तो जाहिर है शैलोद्भवों का राज्य उत्तर में महानदी तक फैला हुआ था, जो कंगोद की परम्परागत सीमा से बाहर है। इससे अनुमान होता है कि शैलोद्भवों ने या तो हर्ष-वर्धन की मृत्यु के तत्काल बाद, या कुछ दिनों के अन्दर ही, अपनी स्वतन्त्रता पुनः प्राप्त कर ली थी और अपने राज्य का विस्तार भी कर लिया था।

अयशोभीत द्वितीय (या तृतीय) के बाद मानभीत धर्मराज गद्दी पर बैठा। उसके शासन-काल में एक सर्वनाशी गृहयुद्ध हुआ। राज-परिवार के एक मामूली सदस्य माधव ने विद्रोह किया और गद्दी पर कब्जा कर लिया, लेकिन धर्मराज ने उसे फासिक के स्थान पर हरा दिया। माधव ने तब राजा त्रिवर से गठजोड़ किया, लेकिन विन्ध्याचल के पादगिरि में दोनों पराजित हो गये। कुछ विद्वानों ने राजा त्रिवर को सोमवंशी राजा महाशिव गुप्त तीवरदेव[1] से अभिन्न माना है, लेकन चूंकि दोनों शैलोद्भव और सोमवंशी राजाओं के वंशानुक्रमों की तिथियाँ बेहद अनिश्चित हैं, इसलिए यह शिनाख्त सन्देहास्पद है। जो भी हो, राजा धर्मराज को इस बात का श्रेय प्राप्त है कि उसने विद्रोह को कुचल ही नहीं दिया, बल्कि दुश्मनों को विन्ध्याचल तक खदेड़ भी दिया।

तेक्कलि के एक अकेले अनुदान-पत्र में उन तीन राजाओं के नामों का उल्लेख है जो धर्मराज के बाद गद्दी पर बैठे थे, लेकिन उनके बारे में और कोई ब्यौरा ज्ञात नहीं है। इन राजाओं के नाम इस प्रकार हैं: (१) धर्मराज का बेटा द्वितीय रणक्षोभ, (२) अल्लवराज, मध्यमराज द्वितीय का चचेरा भाई, मध्यमराज तृतीय, अल्लवराज का बेटा।[2] यह कहना मुश्किल है कि इन राजाओं ने कितने दिनों तक शासन किया। इसका निर्णय पूर्ववर्ती राजाओं के वंशानुक्रम की तिथियों पर निर्भर करता है। अगर हम राजाओं के दोनों समूहों को, जिनका जिक्र ऊपर किया गया है, अभिन्न मान लें तो

---

१. ज. आ. हि. रि. सो. X. ४। यह शिनाख्त तीवरदेव की तारीख पर निर्भर करती है जिस पर 'मेकल के पांडुवंशी "शीर्षक के अन्तर्गत परि. XI, ग. III, में विचार किया गया है।

२. यह वंशावली उससे कुछ भिन्न है, जो म. म. एच. पी. शास्त्री ने बतायी है, जिन्होंने तेक्कलि के अनुदान-पत्र का सम्पादन किया है। (ज. ब. ओ. रि. सो. IV. १६५), क्योंकि मैंने ऐनुअल रिपोर्ट ऑफ साउथ इंडियन एपिग्रैफी १९३५-३६, पृ. ६४-६५ को अधिक प्रामाणिक माना है।

यह राजवंश आठवीं शताब्दी के मध्य तक शासन करता रहा था और फिर हम यह अनुमान कर सकते हैं कि उनसे कर-वंश ने गद्दी छीनी होगी, जो आठवीं शताब्दी के उत्तरार्ध और नवीं शताब्दी के आरम्भ में कंगोद के शासक थे। अगर इस अभिन्नता को स्वीकार न किया जाये तो हमें अनुमान करना होगा कि कर-वंश के राजाओं ने सन् ८२५ और १००० ई० के बीच राज किया।

अन्त में उन परिकल्पनाओं का हवाला देना जरूरी है, जो शैलोद्भव वंश के बारे में की गयी हैं। मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में रघोली नाम के स्थान पर भूमि-अनुदान का एक ताम्रपत्र मिला है, जिसमें शैलवंश नाम के एक राजकुल का, जिसकी स्थापना श्रीवर्धन प्रथम ने की थी, विवरण अंकित है। उसके बेटे पृथुवर्धन ने गुर्जरों के देश को रौंद डाला था। इसी परिवार में संवर्धन पैदा हुआ, जिसके एक बेटे ने पौण्ड्र (उत्तरी बंगाल) जीत लिया और दूसरे बेटे ने काशी पर कब्जा कर लिया। इस दूसरे के बेटे जयवर्धन प्रथम ने विन्ध्यप्रदेश जीत लिया, और वहाँ पर उसके बेटे श्रीवर्धन द्वितीय और पोते जयवर्धन द्वितीय ने राज किया। **महाराजाधिराज** और **परमेश्वर** इनकी पदवियाँ थीं और बालाघाट का जिला इनके राज्य में शामिल था। राय बहादुर हीरालाल का, जिन्होंने इस अनुदान-पत्र का सम्पादन किया है,[1] विचार है कि शैलवंश सम्भवतः शैलोद्भव वंश से अभिन्न था। उन्होंने यह भी सुझाव दिया है कि शैलवंश दरअसल गंगवंश की एक शाखा था। ये दोनों अनुमान सही हो सकते हैं, लेकिन इनको निश्चित रूप से प्रमाणित नहीं किया जा सकता।

यह सुझाव भी दिया गया है कि शैलेन्द्र वंश, जिसने आठवीं शताब्दी में मलाया प्रायदीप और मलाया द्वीप-समूह में एक शक्तिशाली साम्राज्य की स्थापना की थी, और जो सम्भवतः कलिंग से जाकर वहाँ पर बस गया था, शैलों या शैलोद्भवों से सम्बन्धित था।[2] लेकिन इसको भी केवल एक प्राकल्पना ही समझना चाहिए, जिसका कोई निश्चित प्रमाण उपलब्ध नहीं है।

६. वलभी

हम पहले देख चुके हैं[3] कि धरसेन चतुर्थ ने, जो सन् ६४४ ई० में वलभी की गद्दी पर बैठा था, शाही पदवियाँ धारण की थीं और वह अपने आपको **चक्रवर्ती** कहता था। इसके कारण उसमें और हर्षवर्धन में दुश्मनी हो गयी थी, तथा उसे मजबूर होकर नान्दीपुरी के राजा दद्द द्वितीय के यहाँ शरण लेनी पड़ी थी[4]—यह हम निश्चित रूप से नहीं जानते। लेकिन उसके दो भूमि-अनुदान-पत्र, जिन पर सन् ६४८ ई० की तारीख

---

१. ई. इ., IX. ४१।
२. आर. सी. मजुमदार, सुवर्णद्वीप, I. २२६।
३. देखिये, पृ. ११७।
४. देखिये, पृ. ११८।

है, भरुकच्छ (भड़ौंच) से जारी किये गये थे, जो गुर्जरों के राज्य में था। चूंकि ये दान की गई जमीनें खेटक–**विषय** (खैरा जिला) में, गुर्जरों की राज्य-सीमा से बाहर थीं, इसलिए इन दान-पत्रों से यह अन्तिम रूप से सिद्ध नहीं होता कि धरसेन ने गुर्जर राज्य को जीत लिया था। आमतौर पर यह माना जाता है कि धरसेन उन दिनों जब उसने ये अनुदान-पत्र जारी किये थे, अपने दोस्त गुर्जर राजा का मेहमान था। लेकिन शायद यह ज्यादा सम्भव है कि वह किसी विजय-अभियान के दौरान भड़ौंच पहुँचा था, क्योंकि उसके शिविर के नाम के आगे "विजयी" उपसर्ग लगाया गया था।[1] राजनीति में कृतज्ञता नाम की चीज क्षणिक ही होती है, और यह आश्चर्य की बात नहीं होगी यदि वलभी का राजा इतनी जल्द ही गुर्जर राजा की मदद के अहसान को भूल गया हो। भड़ौंच पर उसका कब्जा बहुत थोड़े समय तक ही रहा होगा, क्योंकि इसके बाद अनेक वर्षों तक उस पर गुर्जर राजा शासन करते रहे थे।

यह उल्लेखनीय है कि वलभी के बाद के विवरणों में भी शीलादित्य तृतीय से पहले के राजाओं में से अकेले धरसेन चतुर्थ को ही शाहंशाही पदवियों से मंडित किया गया है, और **चक्रवर्ती** की उपाधि तो किसी भी दूसरे राजा को नहीं दी गयी। इसलिए वलभी के इतिहास में धरसेन चतुर्थ का शासन-काल एक महत्त्वपूर्ण युग माना जा सकता है, और उसने अवश्य ही राज्य की शक्ति और प्रतिष्ठा बढ़ायी होगी। महाकवि भट्टि उसके ही दरबार में रहता था। लेकिन धरसेन का शासन-काल थोड़े दिनों का ही था, क्योंकि वह सन् ६५३ ई० से पहले ही मर गया था। उसकी मृत्यु के बाद कुछ समय तक गड़बड़ी का दौर चला होगा, क्योंकि हम देखते हैं कि परवर्ती राजा बड़े उल्टे-सीधे क्रम से गद्दी पर बैठते और उतरते रहे। यह स्थिति वंशावली की निम्न तालिका से स्पष्ट हो जायगी, जिसमें कोष्ठकों के अन्दर के अकों में धरसेन चतुर्थ के उत्तराधिकारियों का कालानुक्रम सूचित किया गया है। जिन्होंने शासन नहीं किया उनके नाम काले टाइप में दिये हैं और जिन राजाओं की तारीखें ज्ञात हैं, उन तारीखों को कोष्ठकों में दिया गया है।



१. इ. हि. क्वा., XX. ३५८.।
२. देखिये पृ. ७१ प. पृ.।

देरमट

शीलादित्य द्वितीय | (२) खरग्रह द्वितीय धर्मादित्य (सन् ६५६ ई०) | (१) ध्रुवसेन तृतीय (सन् ६५१-६५३)

(३) शीलादित्य तृतीय (सन् ६६२-६८४ ई०)

धरसेन चतुर्थ के बाद गद्दी का पुनः शीलादित्य के परिवार के अधिकार में आना, और फिर वहाँ भी स्वाभाविक क्रम का उलट जाना, ये दोनों बातें आन्तरिक गड़बड़ी की सूचक हैं, जिसका क्या रूप था, हम नहीं जानते। लेकिन शीलादित्य तृतीय के गद्दी पर बैठने के बाद राज्य में पुनः स्थायित्व आ गया।

निस्सन्देह शीलादित्य तृतीय बड़ा शक्तिशाली राजा था। धरसेन चतुर्थ की तरह उसने भी शाही पदवियाँ अपना लीं और गुर्जर राज्य को हराकर अपने कब्जे में ले लिया। क्योंकि सन् ६७६ ई० में उसने कुछ ऐसी जमीनों के अनुदान-पत्र बाँटे थे, जो भरुकच्छ-विषय (जिले) में थीं। इस बार भी गुर्जर प्रदेश पर वलभी का अधिकार अल्पकालिक ही सिद्ध हुआ, क्योंकि गुर्जरों ने उसे फिर वापस छीन लिया। इस कार्य में शायद पश्चिम के चालुक्यों ने भी गुर्जरों की मदद की थी।

राष्ट्रकूट वंश के अभिलेखों में एक स्थान पर चालुक्यों द्वारा हराये गये दुश्मनों में हर्ष और वज्रट के नामों का उल्लेख मिलता है। इससे साफ जाहिर है कि हर्षवर्धन की तरह वज्रट भी एक बड़ा शक्तिशाली राजा था, और उसको हराकर चालुक्यों ने विशेष ख्याति प्राप्त की थी[1]। दुर्भाग्य से इस वज्रट के बारे में कुछ भी ज्ञात नहीं है। सन् ६८५ ई० के एक चालुक्य विवरण के अनुसार पुलकेशिन द्वितीय के एक बेटे धराश्रय-जयसिंह ने मही और नर्मदा नदियों के बीच के प्रदेश में वज्जड की पूरी सेना को नष्ट कर दिया था। इसमें जरा भी सन्देह नहीं कि यह राजा वज्जड, राष्ट्रकूट विवरण के राजा वज्रट से अभिन्न है। चूँकि वह मही और नर्मदा के बीच के प्रदेश में हराया गया था, इसलिए वह सम्भवतः वलभी का राजा शीलादित्य तृतीय ही था, जिसने गुर्जर प्रदेश पर कब्जा कर लिया था, क्योंकि सन् ६८५ ई० या इससे कुछ पहले इस क्षेत्र में किसी अन्य शक्तिशाली राजा की कल्पना करना मुश्किल है। वलभी के अभिलेखों में वज्रट का नाम नहीं मिलता, लेकिन चूँकि शीलादित्य तृतीय के बाद के वलभी के सभी राजाओं का वज्रट नाम है, इसलिए यही संभव है कि उनमें से हरेक का एक व्यक्तिगत नाम भी था।[1]

---

१. इ. हि. क्वा. XX. १८१, ३५३।

अगर हम इस अभिन्नता को स्वीकार कर लें तो, ऐसा लगेगा कि जब शीलादित्य तृतीय ने गुर्जरों पर कब्जा कर लिया तो उन्होंने अपने चालुक्य अधिराज से मदद के लिए अपील की होगी । चालुक्य राजा भी अपनी सीमाओं तक वलभी की सत्ता स्थापित हो जाने के प्रति उदासीन नहीं रह सकता था, इसलिए उसने वलभी के राजा को गुर्जर प्रदेश से बाहर खदेड़ देने के लिए अपनी सेना भेज दी। धराश्रय जयसिंह ने, जो इस सेना का सेनापति था, जाहिर है, अपना कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया था ।

वलभी के शासक और चालुक्यों के बीच युद्ध की अनुगूंज कुछ विद्वानों के अनुसार, उस **विरगल** में सुरक्षित मिलती है, जो मैसूर के सगर तालुक के गद्देमने गाँव में प्राप्त हुआ है। यह **विरगल** किसी पेत्तणि सत्यांक की मृत्यु की स्मृति में लिखा गया था, जो शीलादित्य का एक सेनानायक था और राजा महेन्द्र से युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुआ था। इस राजा महेन्द्र की शिनाख्त महेन्द्र वर्मन् (द्वितीय) पल्लव से की गयी है, जो सन् ६५० ई० के लगभग गद्दी पर बैठा था । यह सुझाव दिया गया है कि वलभी के राजा शीलादित्य तृतीय ने महेन्द्र वर्मन् द्वितीय को युद्ध में बुरी तरह हराया था और उससे चालुक्य राज्य के उन क्षेत्रों को अपने कब्जे में कर लिया था, जिन्हें कुछ ही समय पहले पल्लवों ने चालुक्य राजा से जीता था ।[1] लेकिन जैसा ऊपर लिखा जा चुका है,[2] इस **विरगल** के राजा शीलादित्य की शिनाख्त चालुक्य युवराज श्री आश्रय शीलादित्य से करनी चाहिए, न कि वलभी के राजा शीलादित्य से या हर्षवर्धन से, जिनमें से किसी के कर्नाटक पर चढ़ाई करने के बारे में कोई तथ्य ज्ञात नहीं है ।

यह तथ्य कि शीलादित्य तृतीय उर्फ वज्रट का उल्लेख हर्ष-वर्धन के नाम के साथ किया गया है, यह सूचित करता है कि वलभी के शीलादित्य की कितनी बड़ी शक्ति और प्रतिष्ठा थी। यही कारण है कि उन चारों राजाओं ने शाहंशाही पदवियाँ अपना ली थीं, जिनके नाम शीलादित्य (चतुर्थ, पंचम, षष्ठ और सप्तम) हैं और जो शीलादित्य उर्फ वज्रट के उत्तराधिकारी थे। वे पिता-पुत्र के रूप में एक-दूसरे से सम्बन्धित थे, और उनमें से अन्तिम, जो ध्रुभट (अर्थात ध्रुवभट्) के नाम से भी प्रसिद्ध है, सन् ७६६-७६७ ई० में वलभी का शासक था। यद्यपि इन राजाओं की शाही पदवियाँ उनकी महत्ता और शक्ति की सूचक हैं, लेकिन हमें इन राजाओं के बारे में जो सन् ६९० से ७७० ई० तक राज करते रहे थे, कुछ भी ज्ञात नहीं है।

शायद शीलादित्य पंचम के शासन-काल में अरबों ने वलभी पर आक्रमण किया था। अरब-आक्रमण का ब्यौरा एक अलग परिच्छेद में दिया जाएगा। यहाँ केवल इतना कहना ही काफी होगा कि सिन्ध के अपने अड्डे से निकल कर अरबों ने राजस्थान, गुजरात और काठियावाड़ प्रायद्वीप के अधिकांश भाग को रौंद डाला था, और वे

---

१. मोरेस "दि कदंब कुल" पृ. ६४-६६ ।

२. देखिये पृ. १२० पा. टि २ ।

उज्जयिनी तक बढ़ते चले गये थे। यद्यपि आरम्भ में उन्हें उल्लेखनीय सफलता मिली थी, लेकिन उनकी घुसपैठ का कोई स्थायी परिणाम नहीं निकला, और अन्ततः लाट के चालुक्य राजा और मालव के प्रतिहार राजा ने उनको पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया। ये आक्रमण सम्भवतः सन् ७२५ और ७३५ ई० के बीच हुए थे।

वलभी के अभिलेखों में अरब-आक्रमण का उल्लेख नहीं मिलता। लेकिन भड़ौंच के गुर्जर राजा जयभट चतुर्थ के अभिलेख से ज्ञात होता है कि उसने वलभी नरेश के नगर में ताजिकों (अरबों) को हराया था, जिन्होंने असंख्य लोगों पर मुसीबत के पहाड़ ढाये थे।[1] यह भी सम्भव है कि इस संकट की घड़ी में भी, जैसा पहले भी हुआ था, गुर्जरों ने ही वलभी नरेश की मदद की हो।

यद्यपि अरबी हमलावर काठियावाड़ प्रायद्वीप से पीछे हट गये, फिर भी वलभी नरेश का यह सौभाग्य नहीं हुआ कि वह शान्ति से राज करे। सन् ७३८ ई० में एक अभिलेख में जाईकदेव को साम्राज्यिक पदवियों सहित सौराष्ट्र-मण्डल का अधिपति बताया गया है, जिसका शासन भूमिलिका (आधुनिक भुमलि, पोरबन्दर इलाका) में भी था। इस विवरण की प्रामाणिकता पर सन्देह किया गया है,[2] लेकिन हमें अन्य स्रोतों से भी मालूम है कि लगभग इसी समय काठियावाड़ का दक्षिणी-पश्चिमी भाग वलभी के राज्य से बाहर था और सैन्धवों के शासन में वहाँ एक नये राज्य की स्थापना हो गयी थी, जिसके इतिहास का वर्णन पुस्तक के अगले भाग में किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त और भी कई झंझटें पैदा हो गयी थीं। पहले चालुक्यों के और फिर अवन्ती के प्रतिहारों तथा राष्ट्रकूटों[3] के आगे बढ़ने से वलभी राज्य के लिए एक जबर्दस्त खतरा पैदा हो गया था, हालाँकि इन राज्यों से आठवीं शताब्दी में उसका ठीक ठीक सम्बन्ध क्या था, यह अज्ञात है।

शीलादित्य सप्तम वलभी का अन्तिम ज्ञात राजा है। सन् ७६६-७६७ ई० में वह गद्दी पर मौजूद था, लेकिन इस परिवार की सत्ता इसके कुछ दिन बाद ही समाप्त हो गयी थी। वलभी का नगर भी शायद इसी समय या इससे कुछ पहले नष्ट कर डाला गया था।

ब्युलर (Bühler) ने सन् १८७२ ई० में लिखा : "वलभी का विध्वंस एक ऐसी घटना है, जिसके गिर्द रहस्य से भी ज्यादा कोई अज्ञात चीज मंडरा रही है।[4] इस रहस्य का भेद आज भी नहीं खुल पाया है।

---

१. ई. इ. XXIII. १५१, पा. टि. ७; १५४, पा. टि. १।
२. इ. ऐ. XII. १५५; ब. ग. जिल्द १. भाग १. ८७, १३७।
३. इन राज-वंशों के इतिहास का विवेचन करते समय इस प्रश्न पर विचार किया जाएगा।
४. इ. ऐ., I. १३०।

जैन **हरिवंश** के एक प्रसिद्ध लेखांश से हमें ज्ञात होता है कि सन् ७८३ ई० में सौराष्ट्र पर वराह या जयवराह का राज था।[१] इसलिए यह निश्चित है कि सन् ७६६ और ७८३ ई० के बीच किसी समय भी मैत्रक वंश की सत्ता का अन्त हो गया था।

चूँकि वलभी के राजा की अन्तिम ज्ञात तिथि और वराह की एक मात्र ज्ञात तिथि के बीच सत्रह साल का अन्तराल है, इसलिए सम्भव है कि वराह ने या उसके पूर्ववर्ती ने वलभी राज्य का तख्ता उलट दिया हो। हमें इस वराह के बारे में और कुछ नहीं मालूम है, यद्यपि हरिवंश के लेखांश से संकेत मिलता है कि वह एक स्वतन्त्र राजा था। फिर भी यह असम्भव नहीं है कि वह किसी अन्य शक्तिशाली राजा के अधीन एक सामन्त राजा रहा हो। उदाहरण के लिए यह सुझाव दिया गया है कि वह शायद चाप-वंश का राजा और धरणिवराह का पूर्वज था, जो सन् ९१४ ई० में प्रतिहार सम्राटों के सामन्त की हैसियत से काठियावाड़ प्रायद्वीप पर शासन करता था।[२] हम जानते हैं कि इस तारीख से कुछ पहले सौराष्ट्र पर चालुक्य परिवार के दो राजाओं ने प्रतिहारों के सामन्त की हैसियत से राज किया था। इस परिवार का संस्थापक कल्ल था। वह उस बलवर्मन् के पितामह का पितामह था जिसने ८९३ ई० में अनुदान पत्र जारी किया था। इसलिए कल्ल आठवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में रहा होगा।[३] यह असम्भव नहीं कि लगभग इसी समय सौराष्ट्र में इस सामन्त परिवार को स्थापित किया गया हो।

जैसा आगे देखा जायेगा, आठवीं शताब्दी के मध्य में भड़ौंच के पड़ोसी गुर्जर राज्य पर चाहमान वंश का शासन था, जो प्रतिहार साम्राज्य के संस्थापक नागभट प्रथम के अधीन था। इसलिए यह निष्कर्ष असंगत नहीं होगा कि प्रतिहार राजा ने वलभी के राज्य को नष्ट करके उपर्युक्त चाप और चालुक्य जैसे एक या अधिक सामन्त परिवारों को उस राज्य का शासन चलाने के लिए स्थापित कर दिया हो। मैत्रक राजाओं के पतन का यह सबसे संगत कारण मालूम देता है।

वैसे, आम धारणा यह है कि अरबों ने वलभी के राज्य को नष्ट कर दिया था। यह धारणा मुख्यतः अलबेरुनी की एक कहानी पर आधारित है। इसमें कहा गया है कि वलभी के एक धनी और सम्पन्न नागरिक का अपने राजा से झगड़ा हो गया था और वह उसके क्रोध से बचने के लिए भागकर सिंध के अरब शासक के पास पहुँचा। उसने अरब शासक को धन भेंट करने का वादा किया और उससे प्रार्थना की कि वह वलभी के विरुद्ध अपनी नौ-सेना भेजे। अतः अरब शासक ने रात के वक्त वलभी पर आक्रमण किया तथा राजा और उसके लोगों को कत्ल करके नगर को नष्ट कर दिया।[४]

---

१. ई. इ, VI. १९५-९६।
२. इ. ऐ., XII. १९३।
३. ई. इ., IX. १ प. पृ.।
४ अलबेरुनीज इंडिया, सचाउ का अनुवाद, I. १९२।

यह लोक-वार्ता के क्षेत्र की कहानी लगती है और इसके सभी ब्यौरों को सही नहीं माना जा सकता। लेकिन इसमें किसी ऐतिहासिक घटना की क्षीण अनुगूँज भी हो सकती है। अरबों ने सन् ७२५-७३५ ई० के बीच वलभी पर आक्रमण किया था और उसे एक विषम स्थिति में डाल दिया था, इसका उल्लेख पहले ही किया जा चुका है। सिन्ध के अरब इतिहासकारों ने अभिलेखित किया है कि सन् ७५८ ई० में खलीफा मंसूर ने अमरु-बिन-जमाल को एक जहाजी बेड़ा लेकर बरद के (पोरबंदर की गिरिमाला का नाम) समुद्री तट पर भेजा था। सन् ७७६ ई० में भेजा गया दूसरा बेड़ा नगर पर कब्जा करने में सफल रहा, लेकिन चूँकि सैनिकों में बीमारी फैल गयी, इसलिए वे वापस लौट गये और इस आक्रमण का कोई स्थायी परिणाम नहीं निकला। कुछ विद्वान् इस विवरण में अलबेरुनी की कहानी की पुष्टि देखते हैं और उनका विचार है कि बरद दरअसल वलब या वलभी का ही गलत रूप है।[1] लेकिन यह बड़ी सन्दिग्ध बात है, क्योंकि इससे अधिक प्रामाणिक विवरण में शहर को नष्ट करने या राज-सत्ता को समाप्त करने का कोई जिक्र नहीं है। कुल मिलाकर, यह सम्भव है कि एक या कई अरब-आक्रमण वलभी के पतन का कारण बने हों, लेकिन इस सम्बन्ध में अभी किसी निश्चित निष्कर्ष पर पहुँचना कठिन है।

अरबों के जहाजी बेड़े की ताकत के बारे में हमारी जो भी जानकारी है उससे तो यह बात असम्भव लगती है कि वे किसी भारतीय राजा की भारी मदद के बिना केवल समुद्री आक्रमण से ही वलभी की शक्ति का तख्ता उलट सकते थे। अलबेरुनी की कहानी को अगर जरा भी महत्त्व देना हो तो हमें यह मानना चाहिए कि वलभी का नाश या तो किसी आन्तरिक क्रान्ति के कारण हुआ था या किसी भारतीय ताकत के आक्रमण के फलस्वरूप जिसमें अरबों ने भी मदद की होगी। लेकिन चूँकि ऐसी किसी जीत का अरबों ने दावा नहीं किया है इसलिए वलभी के पतन में अगर उनका कोई हिस्सा था भी तो वह शायद ज्यादा महत्त्वपूर्ण नहीं था।

यह सुझाव दिया गया है कि काठियावाड़ के दक्षिण-पश्चिम में स्थित भूमिलिका का राज्य, जिसका हम पहले जिक्र कर चुके हैं, वलभी का दुश्मन था और उसने मैत्रकों से युद्ध किया था, यहाँ तक कि उसने मैत्रकों के विरुद्ध अरबों की मदद भी की थी। इस मत के समर्थन में बताया गया है कि इस राज्य के शासक अनुमानतः जेठव कुल के थे, जो दसवीं शताब्दी तक राज करता रहा, जब कि मैत्रक आठवीं शताब्दी के बाद ही इतिहास के मंच से गायब हो गये।[2]

लेकिन ये सारे अनुमान तब तक बेमानी हैं, जब तक यह निश्चित रूप से सिद्ध न हो जाए कि मैत्रकों की सत्ता अरबों के आक्रमण से नष्ट हुई थी।

---

१. इ. हि. क्वा., IV. ४६७, पा. टि. ४. लेकिन अगले भाग में देखिए, सैन्धवों का इतिहास।

२. संकालिया, आर्क्योलॉजी आफ गुजरात, पृ. ३१।

अलबेरुनी की कहानी में, कौन जाने, सिर्फ सन् ७२५-७३५ ई० के अरब आक्रमण की ही अनुगूँज हो, और अगर मान भी लिया जाए कि दक्षिणी-पश्चिमी काठियावाड़ के राजा जाईक ने विश्वासघात करके मैत्रकों के खिलाफ अरबों की मदद की थी, तो भी हम मैत्रकों के विनाश का इसे कारण नहीं मान सकते। लेकिन यह दिलचस्प बात है कि शीलादित्य पंचम और उसके उत्तराधिकारियों के अनुदान-पत्र वलभी से नहीं बल्कि खेटक या अन्य स्थानों से जारी किये गये हैं। इस प्रकार यह सम्भव है कि वलभी नगरी को अरबों ने सन् ७२५-७३५ ई० के आक्रमणों में विध्वस्त कर दिया हो, जैसा कि अलबेरुनी ने उल्लेख किया है। लेकिन यह निश्चित है कि मैत्रकवंश उस राज्य पर आगे भी लगभग आधी शताब्दी तक राज करता रहा।

१०. राजपूताना और गुजरात

आजकल हम जिस प्रदेश को राजपूताना कहते हैं, प्राचीन काल में उसका यह नाम नहीं था। दसवीं शताब्दी में इस पूरे इलाके को या इसके अधिकांश भाग को गूर्जरत्रा के नाम से पुकारा जाता था, जो गुजरात का पुराना और संस्कृत नाम है। जैसा हम ऊपर देख चुके हैं[1] गुर्जरों ने छठी शताब्दी ई० में ही राजपूताने में एक या एक से ज्यादा राज्य स्थापित कर लिये थे, और ह्वेन-त्सांग ने इस क्षेत्र के गुर्जर राज्य में यात्रा की थी, जिसका उसने कु-चे-लो या गुजरात नाम लिखा है। इसलिए यह सम्भव है कि छठी या सातवीं शताब्दी में ही राजपूताना को गुर्जरत्रा का नाम दे दिया गया हो। यद्यपि हम इतने अतीत में इस प्रदेश का राजपूताना नाम तो नहीं खोज पाते लेकिन हम देखते हैं कि उस समय भी वहाँ ऐसे अनेक कुल और कबीले बसे हुए थे जो आगे चलकर राजपूतों के नाम से प्रसिद्ध हो गये। इन कबीलों के नाम प्रतिहार, गहिलौत, चापोत्कट और चाहमान थे।

(I) गुर्जर-प्रतिहार

हरिश्चन्द्र ने जिस राजवंश की स्थापना की थी, और जिसके प्रारम्भिक इतिहास का हम पहले उल्लेख कर चुके हैं,[2] वह प्रतिहार के नाम से प्रसिद्ध है। एक और प्रतिहार परिवार आठवीं शताब्दी में सत्ताधारी बन गया था। ये दोनों प्रतिहारवंश एक ही गुर्जर कबीले के थे और गुर्जर प्रतिहार कहलाते थे। प्रतिहार-सम्राटों के एक सामन्त राजा का सचमुच यही नाम मिलता है।

सातवीं शताब्दी के पूर्वार्ध की विक्षुब्ध राजनीति में गुर्जरों ने क्या भूमिका निभाई थी, इसका उल्लेख हर्षवर्धन और पुलकेशिन के सम्बन्ध का विवेचन करते समय

---

१. देखिये पृ. ७२ प. पा
२. देखिए, पृ ७४।

किया जा चुका है। यह सम्भव है कि इस काल के विवरणों में जिन गुर्जरों का जिक्र आता है, वे राजपूताने के गुर्जर राज्य के सूचक हों, जिसके अधीन दक्षिणी गुजरात में एक सामन्त-राज्य हो, जिसके प्रारम्भिक इतिहास का हम ऊपर वर्णन कर चुके हैं।[1]

इसमें जरा भी सन्देह नहीं कि ह्वेन-त्सांग ने जिस गुर्जर राज्य का वर्णन किया है, उस पर हरिचन्द्र के उत्तराधिकारियों का शासन था। चीनी यात्री ने एक नौजवान गुर्जर राजा का वर्णन करते हुए लिखा है कि उसका बुद्ध के धर्म में पक्का विश्वास था और वह अपनी बुद्धिमानी और साहस के लिए प्रसिद्ध था। वह शायद नागभट के बेटे तात से अभिन्न रहा हो, जिसके बारे में परिवार के एक अभिलेख में कहा गया है कि जिन्दगी को चंचला (बिजली) की तरह तिरोगामी और क्षणभंगुर समझकर उसने अपने छोटे भाई भोज के पक्ष में गद्दी छोड़ दी थी और खुद एक मठ में जाकर सच्चे धर्म की रीतियों का पालन करने लगा था।

ह्वेन-त्सांग ने गुर्जर राज्य की राजधानी का नाम पि-लो-मो-लो लिखा है। इसकी शिनाख्त भिल्लमाल, आधुनिक भिनमाल से की गयी है। लेकिन चूँकि उसने इसे वलभी से ३०० मील उत्तर में बताया है, इसलिए इस राजधानी के लिए हमें और उत्तर में नजर डालनी चाहिए, और बालमेर शायद उसका सही स्थान हो। भिल्लमाल का नाम प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य बलगुप्त से जुड़ा हुआ है, जो **भिल्लमालकाचार्य** के नाम से पुकारा जाता था। चूंकि ब्रह्मगुप्त ने अपना महान् ग्रन्थ **ब्रह्मस्फुट-सिद्धान्त** चाप-वंश के राजा व्याघ्रमुख के संरक्षण में लिखा था, इसलिए कुछ विद्वानों का मत है कि भिल्लमाल चाप-वंश के राजाओं की राजधानी था। लेकिन यह निष्कर्ष संगत नहीं है, क्योंकि कोई महान् विद्वान् विदेशी राजा के संरक्षण में भी अपना ग्रन्थ लिख सकता है। इसलिए हम चाहे गुर्जर राजधानी के रूप में ह्वेन-त्सांग के पि-लो-मो-लो की शिनाख्त भिल्लमाल से कर लें, लेकिन हम चापों को गुर्जरों से अभिन्न नहीं मान सकते, जैसा कि कुछ विद्वानों ने किया है।[2]

राजा तात और उसके तीन उत्तराधिकारियों ने अनुमानतः सन् ६४० से लेकर ७२० ई० तक राज किया था। तात के विषय में जो कहा गया है, उसके अलावा इन सबके बारे में हमें और कुछ भी ज्ञात नहीं है। लेकिन तात का पर-पोता शीलुक एक महत्त्वपूर्ण राजा था। कहा जाता है कि उसने वल्ल और स्त्रवणी के बीच की सीमा निर्धारित करवा दी थी और भट्टी राजा देवराज को हरा कर प्रमुखता पायी थी। इससे जाहिर है कि शीलुक ने अपने पड़ोसियों के विरुद्ध कुछ सफलता पाकर अपने राज्य का विस्तार किया था। अगर स्त्रवणी को तबन से अभिन्न मान लें, जिसका अरब लेखकों ने उल्लेख किया है, और जिसमें शायद राजपूताने से उत्तर-पश्चिम के पंजाब का एक भाग था, तो शीलुक का राज्य मोटे तौर पर आधुनिक जोधपुर और बीकानेर के राज्यों से मेल खाता है। भट्टी राजा देवराज शायद जेसलमेर

---

१. देखिए पृ. ७४ प. पृ।

२. देखिए इ. हि. क्वा., XV, ५९५।

के भट्टी कुल का था। शीलुक ने उसे हराकर राजपूताने पर अपना प्रभुत्व स्थापित किया था।

शीलुक को वल्ल **मंडल-पालक** कहा गया है। यह शायद राज्यों के एक संघ को सूचित करता है, जिसका वही प्रधान था। ऊपर नोट किया जा चुका है,[१] कि हरिचन्द्र के कई पुत्रों द्वारा स्थापित किये गये अनेक गुर्जर राज्य थे। उनमें से एक गुर्जर राज लाट, अर्थात् दक्षिणी गुजरात में था, जिसकी राजधानी नांदीपुरी थी। ऐसा ही एक गुर्जर राज्य शायद अवन्ती में था, जिसकी राजधानी उज्जयिनी थी, क्योंकि आठवीं शताब्दी के आरम्भ में उस पर एक प्रतिहार राजा नागभट का शासन था। इसमें कोई सन्देह नहीं कि उसका परिवार जोधपुर के प्रतिहार कुल के साथ अंतरंग रूप से सम्बन्धित था। सम्भवतः विजय की जिस लहर ने गुर्जरों की एक शाखा को दक्षिणी गुजरात में पहुँचाया था, उसी लहर ने उनकी दूसरी शाखा को मालवा में अपना राजवंश स्थापित करने का अवसर दिया था, और कलचुरियों को इन दोनों क्षेत्रों में उनके आगे हटना पड़ा था। वल्ल **मंडल-पालक** की उपाधि से सूचित होता है कि शीलुक शायद इस गुर्जर-राज्य संघ का प्रधान था, जिसका राजपूताना, मालवा और गुजरात के बड़े भाग पर आधिपत्य था।

जिस समय अरबों ने राजपूताना और गुजरात को रौंदते हुए उज्जयिनी पर धावा किया था, उस समय वहाँ शीलुक या उसका उत्तराधिकारी राजा था। जोधपुर के गुर्जर राजा को अरबों ने हरा दिया, लेकिन अवन्ती के प्रतिहार राजा नागभट ने इस आक्रमण का भयंकर आघात झेलकर भी हमलावरों को पीछे धकेल दिया। अरब आक्रमणकारियों से पश्चिमी भारत की रक्षा करने का पूरा श्रेय नागभट को है, और वह चालुक्य राजा अवनिजनाश्रय–पुलकेशिराज के साथ कीर्ति का सहभागी है, जिसने अरबों को दक्षिण में घुसने से रोक दिया था।[२]

अरब आक्रमण ने अनेक छोटी-छोटी रियासतों को नष्ट या कमजोर करके पश्चिमी भारत की राजनीतिक स्थिति में निश्चय ही भारी परिवर्तन ला दिया होगा। अवन्ती के प्रतिहारों की विजय उस दुःखद पृष्ठभूमि में हुई थी, जिसमें और राज्यों, विशेषकर जोधपुर के उस गुर्जर परिवार को भयंकर पराजय का सामना करना पड़ा था, जो अब तक सारे गुर्जर-राज्यों का प्रधान था। निस्सन्देह इस विजय से नागभट की प्रतिष्ठा बढ़ी और यह स्वाभाविक ही था कि वह अपना प्रभुत्व मनवाने के लिए और भी साहसिक कदम उठाता। यह भी स्वाभाविक है कि छोटी छोटी गुर्जर रियासतों ने उसके इस दावे का समर्थन किया क्योंकि वह अपने आपको उनका सच्चा रक्षक सिद्ध कर चुका था।

---

१. देखिए पृ. ७४।

२. देखिए भ. लिस्ट, नं. १२२०।

गुर्जर राज्यों की इस दुःखद और पस्त हालत का इससे भी अनुमान होता है कि शैलवंश के राजा पृथुवर्धन ने दावा किया कि उसने गुर्जर प्रदेशों को अपने पैरों के नीचे रौंद डाला था।[१]

गुर्जर राज्यों के संघ पर शीलुक के परिवार का प्रभुत्व आठवीं शताब्दी के मध्य में समाप्त हो गया। यह बदली हुई परिस्थिति परिवार के अभिलेख में पूरी तरह प्रतिबिम्बित है। शीलुक की सैन्य सफलताओं का वर्णन करने के बाद उसमें कहा गया है कि उसका बेटा और पोता, जिन्होंने शीलुक के बाद राज किया था, बड़े शान्तिप्रिय स्वभाव के राजा थे और उन्होंने अपने जीवन के अन्तिम दिन गंगा के तट पर पूजापाठ में बिताये थे।

अब राजा नागभट की हैसियत सबसे ऊँची हो गई थी और उसके उत्तराधिकारियों ने प्रतिहारों को शक्ति और गौरव के उच्चतम शिखर पर पहुँचा दिया। उनका इतिहास अगले भाग में प्रस्तुत किया जायेगा।

(II) नान्दीपुरी का गुर्जर-राज्य

दद्द प्रथम के गुर्जर राज-परिवार के अन्तर्गत दक्षिणी गुजरात की इस छोटी सी रियासत ने इस काल के दौरान लगातार अपना अस्तित्व बनाये रखा। अभिलेखों से दद्द द्वितीय के, जिसका उल्लेख पहले हो चुका है, निम्न उत्तराधिकारियों के नाम प्राप्त होते हैं :[२]

दद्द द्वितीय—प्रशान्तराग
|
जयभट द्वितीय
|
दद्द तृतीय—बाहुसहाय
|
जयभट तृतीय
|
अहि रोल
|
जयभट चतुर्थ

दद्द द्वितीय ने, जिसकी ज्ञात तिथियाँ सन् ६२९ और ६४१ ई० हैं, हर्ष के मुकाबले में वलभी के राजा को संरक्षण दिया था, लेकिन इससे उसके राज्य की इस शक्तिशाली पड़ोसी के लोभ से रक्षा नहीं हो सकी। जैसा पहले लिखा जा चुका है, वलभी

१. ई. इ. IX पृ. ४१। ऊपर देखिए पृ. १६७।
२. ई. इ. XXIV. १७८. देखिए पृ ७५।

राजाओं ने कम से कम दो बार, करीब ६४८ ई० में और ६८५ ई० में राज्य को जीतकर अपने कब्जे में कर लिया था। इस दूसरे मौके पर चालुक्यों ने वलभी के राजाओं को मार भगाया था। शायद उन दिनों दद्द तृतीय नान्दीपुरी में राज कर रहा था। उसने बाहुसहाय की पदवी धारण की, जिसका अर्थ है कि उसकी अपनी भुजाएँ ही उसकी सहायक हैं। कहा जाता है कि उसने पूर्व और पश्चिम के महान् बलशाली राजाओं से युद्ध किया था। पश्चिमी राजा निस्सन्देह वलभी का शासक ही था। पूरब का राजा, जिसके साथ उसने शायद पश्चिमी चालुक्यों के एक सामन्त की हैसियत से युद्ध किया था या तो यशोवर्मन्[1] था या अवन्ती का प्रतिहार राजा।

गुर्जर चारों दिशाओं में शक्तिशाली राजाओं से घिरे हुए थे। चालुक्यों ने धीरे-धीरे दक्षिणी गुजरात में एक स्वतन्त्र राज्य कायम कर लिया था, जिसकी राजधानी नवसारिका (नवसारी) थी। लगता है कि इस राज्य की उत्तरी सीमा नर्मदा तक फैली हुई थी। गुर्जर रियासतें शायद चालुक्यों को अपना अधिराज मानती थीं और जैसा ऊपर लिखा गया है, उन्होंने चालुक्यों की मदद से वलभी के राजा को मार भगाया था।

जयभट चतुर्थ के राज्य पर जब अरबों का आक्रमण हुआ, तो उसने अपनी आत्म-रक्षा शायद चालुक्य राजा अवनिजनाश्रय-पुलकेशिराज की मदद से की थी, जिसने अरबों का पूरी तरह ध्वंस कर दिया था। जैसा कि ऊपर देख चुके हैं,[2] जयभट ने वलभी में अरबों को हराने का श्रेय खुद लिया है, लेकिन शायद यहाँ भी उसने चालुक्यों के सामन्त की हैसियत से ही युद्ध किया था।

कहते हैं कि राष्ट्रकूट नरेश इन्द्र प्रथम ने, जो पश्चिमी चालुक्यों का एक सामन्त था, चालुक्य राजा की बेटी से खेटक में राक्षस-विवाह किया था। दूसरे शब्दों में वह राजकुमारी को जबरन उठा ले गया और उससे विवाह कर लिया। चूँकि खेटक की शिनाख्त गुजरात के कैरा नगर से की गयी है, अतः इस वक्तव्य से सूचित होता है कि सन् ७२५ ई० के लगभग, चाहे थोड़े समय के लिए ही क्यों न हो, गुजरात के इस भाग पर चालुक्यों ने कब्जा कर लिया था। इस प्रकार अरबों से मुक्ति पाकर गुर्जर चालुक्यों के चंगुल में फँस गये। पर कुछ दिनों बाद ही चालुक्यों को बाहर निकालकर राष्ट्रकूटों ने इस क्षेत्र पर अपना आधिपत्य जमा लिया और कहा जाता है कि इन्द्र प्रथम के बेटे दन्तिदुर्ग ने लाट और सिन्धु जीत लिये थे। लेकिन राष्ट्रकूट राज्य भी अल्पकालिक ही सिद्ध हुआ और आठवीं शताब्दी ई० के मध्य तक अवन्ती के प्रतिहारों ने इस क्षेत्र पर अपना आधिपत्य कायम कर लिया। सन् ७५६ ई० में भड़ौंच पर एक चाहमान राजा का शासन था, जो नागावलोक का सामन्त था। इस नागावलोक की पहचान अवन्ती के प्रतिहार राजा नागभट प्रथम से की गयी है।[3] यह निश्चित रूप से नहीं

---

१. देखिए पृ. १४८।
२. देखिए पृ. १७०।
३. ई. इ., XII. २०१।

कहा जा सकता कि नान्दीपुरी के गुर्जरों ने इस नये परिवार की अधीनता स्वीकार करने से इन्कार किया था, या कोई और कारण था, जिससे उन्हें अवन्ती के प्रतिहारों का कोपभाजन बनना पड़ा, और इस बात का कोई संगत कारण नहीं बताया जा सकता कि अवन्ती के प्रतिहारों ने अपने ही कुल के एक राज-परिवार को गद्दी से हटाकर एक बाहरी परिवार को क्यों चुना। नान्दीपुर के गुर्जर परिवार का अन्तिम ज्ञात राजा जयभट चतुर्थ था और उसकी एक ही ज्ञात तिथि सन् ७३५ ई० है।

(III) गुहिलौत

मेवाड़ के गुहिल-पुत्रों या गुहिलौतों को ठीक ही राजपूत कुलों का चूड़ामणि समझा जाता है। इस नाम के गिर्द अनेक मध्यकालीन अनुश्रुतियाँ गुँथ गयी हैं। ये रूमानी कहानियाँ और चारण-परम्पराएँ इतने विविध प्रकार की हैं कि उनके आधार पर इस परिवार के इतिहास की रूपरेखा प्रस्तुत करना असम्भव हो गया है। इसके अलावा आधुनिक लेखकों में भी इस प्रश्न पर काफी मतभेद है। प्रस्तुत पुस्तक में स्थानाभाव के कारण इस प्रश्न का विस्तृत विवेचन सम्भव नहीं है। यहाँ केवल विश्वसनीय पुरालेखों के आधार पर इस परिवार के उद्भव और आरम्भिक इतिहास की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया जाएगा।

इस परिवार की सम्पूर्ण वंशावली पहली बार अटपुर के शिलालेख में दी गयी है, जिसकी तारीख सन् ९७७ ई० है। इसमें गुहदत्त से लेकर शक्तिकुमार तक के २० राजाओं के नाम दिये गये हैं। अगर हम हर राजा के शासन-काल की औसत अवधि २० साल मानें तो अनुमानतः गुहदत्त छठी शताब्दी ई० के उत्तरार्ध में हुआ होगा। इस तारीख की पुष्टि शील (शीलादित्य) और अपराजित के अभिलेखों से होती है, जो इस सूची में पाँचवें और छठे नम्बर के राजा थे। क्रमशः उनकी तारीखें विक्रमी संवत् ७०३ (=६४६-६४७ ई०) और विक्रमी संवत् ७१८ (=६६१-६६२ ई०) हैं। इससे चारणों के इतिवृत्तों की यह परम्परा निर्मूल सिद्ध हो जाती है कि गुह, जो इस परिवार का संस्थापक था, वलभी के अन्तिम राजा शीलादित्य का बेटा था, क्योंकि हम पहले देख चुके हैं कि शीलादित्य ने सन् ७६६ ई० तक राज्य किया था।

गुहिलौत शासकों में सबसे प्रसिद्ध नाम बप्पा रावल का है। अटपुर के शिलालेख में उसका नाम नहीं आता, लेकिन तेरहवीं शताब्दी के बाद के सभी परवर्ती अभिलेखों में दी गई वंशावली के शीर्षस्थान पर उसी का नाम मिलता है। इस शृंखला के प्रारम्भिक विवरणों के अनुसार बप्पा आनन्दपुर का रहने वाला था, हारित-रासि नाम के ऋषि के चरणों में बैठकर उसने तपस्या की थी और उसके वरदान से वह चित्रकूट (चित्तौड़) का राजा बना था। बाद के विवरणों में कहा गया है कि हारित-रासि से वरदान प्राप्त करके उसने मोरी वंश के राजा मनुराज से चित्तौड़ जीत लिया और रावल की उपाधि धारण कर ली।

विभिन्न इतिवृत्त इस बात पर सहमत हैं कि बप्पा आठवीं शताब्दी के पूर्वार्ध में हुआ था। टॉड के अनुसार उसने सन् ७२८ ई० में चित्तौड़ पर कब्जा किया था और सन् ७६४ में गद्दी त्याग दी थी। पंडित ओझा ने इन दोनों घटनाओं की तारीखें सन् ७३४ और ७५३ ई० दी हैं। अन्य विद्वानों ने भी इन सीमाओं के भीतर विभिन्न तारीखें सुझायी हैं।

बप्पा की तारीख से यह स्पष्ट है कि वह गुहिलौत राजवंश का संस्थापक नहीं हो सकता और वह अटपुर की सूची में उल्लिखित प्रथम राजा गुहदत्त से दो शताब्दियों के बाद हुआ था। इसलिए पंडित ओझा ने बप्पा की शिनाख्त उस सूची के आठवें राजा कालभोज से की है और डाक्टर भंडारकर ने नवें राजा खोमाण या खुम्माण प्रथम से। मेवाड़ के इतिहास और परम्परा में खुम्माण की प्रसिद्धि को देखते हुए, यह दूसरा मत ही अधिक मान्य होना चाहिए।[1] बप्पा रावल प्रत्यक्षतः एक पदवी है, व्यक्तिवाचक संज्ञा नहीं। इन दोनों शब्दों में से हरेक के कई कई अर्थ सुझाये गये हैं, और यह सम्भव है कि यह पदवी एक से अधिक राजाओं के नाम के आगे लगायी गई हो।[2]

यद्यपि कहा जाता है कि बप्पा आनन्दपुर का निवासी था और उसने चित्तौड़ जीत लिया था, पर इसमें कोई सन्देह नहीं कि गुहिलौत मेवाड़ पर बहुत पहले से राज करते आ रहे थे। सबसे पहले उनकी सत्ता का केन्द्र नागहद (नाग्दा) था और दसवीं शताब्दी में यह केन्द्र हटकर आघाट (अहर) में चला गया। पुरालेखों से ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिलता कि इस परिवार की राजधानी चित्तौड़ थी, और पन्द्रहवीं शताब्दी ई० के एक अभिलेख से ज्ञात होता है कि बप्पा भी नागहद में राज करता था, जो मेदपाट (मेवाड़) में था। फिर भी यह परम्परा, कि बप्पा ने चित्तौड़ जीत कर एक नये राज्य की स्थापना की थी, शायद बिल्कुल निराधार नहीं है। यह सम्भव है कि उन दिनों मौर्य या मोरी चित्तौड़ पर राज कर रहे हों, जब सन् ७२५ और ७३५ ई० के बीच अरबों ने देश के इस भाग को रौंद डाला था।[3] मौर्य शायद इन आक्रमणों में हार गये थे और बप्पा ने, जो पड़ोसी राज्य का सामन्त था, और जिसने अरब हमलावरों का अधिक सफलता से मुकाबला किया था, चित्तौड़ के किले पर कब्जा कर लिया हो। टाड ने चारण-परम्परा के आधार पर कहा है कि बप्पा ने म्लेच्छों, अर्थात् अ-हिन्दू विदेशी हमलावर गिरोहों को, जिन्होंने मोरी राज्य पर हमला किया था, निकालकर चित्तौड़ पर कब्जा किया था, और इसमें शायद अरबों के विरुद्ध उसके सफल युद्ध की अनुगूँज हो। यह नामुमकिन नहीं है कि छोटी-सी गुहिल रियासत पर भी अरबों ने धावा किया हो और बप्पा ने फिर से उसे स्वतन्त्र किया हो। ऐसी सूरत में निश्चय ही वह गुहिलौत राज्य का संस्थापक कहलाने का अधिकारी है।

---

१. बनर्जी, राजपूत स्टडीज, पृ. २५।

२. प्रो. इ. हि. का., III. ८१७. पा. टि।

३. देखिए पृ. १७०।

गुहिलौतों के इतिहास को हम संक्षेप में इस प्रकार प्रस्तुत कर सकते हैं :

छठी शताब्दी ई० के मध्य, गुप्त साम्राज्य के पतन के बाद, गुहदत्त नाम के सामन्त ने पुराने उदयपुर राज्य के पश्चिमी भाग में एक छोटी सी रियासत कायम कर ली थी। इस रियासत पर लम्बे अरसे तक उसके वंश के राजा, जिन्हें उसके नाम पर गुहिल या गुहिल-पुत्र कहते थे, शासन करते रहे, यद्यपि उनके बारे में कुछ उल्लेखनीय हमें ज्ञात नहीं है। सन् ७२५ और ७३८ ई० के बीच जब अरबों ने देश के इस भाग पर आक्रमण किया, उस समय खुम्माण प्रथम ने, जो इस वंश का नवाँ राजा था और बप्पा रावल के नाम से भी प्रसिद्ध था, अरब हमलावरों का सफलतापूर्वक मुकाबला करने में ख्याति प्राप्त की। उसकी सफलता का जितना श्रेय उसकी बहादुरी को है, उतना ही उस प्रदेश की दुर्गम पहाड़ियों को भी है, जिन्होंने आत्म रक्षा में उसकी मदद की। जो भी हो, अरब हमलों से अराजकता और अफरा-तफरी की जो स्थिति बन गयी थी, उसका लाभ उठाकर वह चित्तौड़ और शायद उसके गिर्द के क्षेत्र का स्वामी बन गया। उसने अपने खान्दान की मान-प्रतिष्ठा और राजनीतिक शक्ति इतनी बढ़ा ली कि आगे आनेवाली पीढ़ियां उसको न सिर्फ अपने खान्दान का सबसे महान् शासक मानने लगीं बल्कि उसका वास्तविक संस्थापक भी समझने लगीं। यह भी सम्भव है कि कुछ समय बाद जब चितौड़ इस खान्दान की राजधानी बना तो उस समय लोक-स्मृति अपने उस हीरो के नाम पर केन्द्रित हो गयी, जिसने सबसे पहले इस अभेद्य गढ़ को जीता था। गुहिलौतों के इतिहास में बप्पा रावल का नाम सबसे अधिक श्रद्धास्पद है, और जैसा आमतौर पर होता है, उसके नाम के गिर्द इतनी रूमानी कथाएँ बुन ली गयीं कि वह एक ऐतिहासिक राजा की बजाय पौराणिक कथा-नायक बन गया। बप्पा के नाम के साथ जुड़ी हुई इन अनुश्रुतियों को दोहराना व्यर्थ है, क्योंकि उनके आधार पर ऐतिहासिक निष्कर्ष नहीं निकाले जा सकते।

बाद में चलकर गुहिलौत अपने को सूर्यवंशी क्षत्रिय मानने लगे और महाकाव्यों के नायक राम का वंशज होने का दावा करने लगे। किन्तु प्राचीन अभिलेखों में ऐसा कोई सुराग नहीं मिलता। इसके विपरीत कुछ प्राचीन पुरालेखों में गुहिल राजाओं को स्पष्टतः ब्राह्मण बताया गया है। इस खान्दान के संस्थापक गुहदत्त और बप्पा रावल को दो अभिलेखों में, जिनकी तारीख क्रमशः ९७७ और १२७४ ई० है, **विप्र** या ब्राह्मण कहा गया है। एक अन्य अभिलेख में, जो सन् १२८५ ई० का है कहा गया है कि बप्पा ने ब्रह्म (पुरोहिताई) छोड़कर क्षत्र (सैनिक) गौरव अपना लिया था। इसके विरुद्ध पंडित ओझा और सी० वी० वैद्य के तर्कों के बावजूद, हम अनिवार्यतः इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि आरम्भ में गुहिलौत अपने को ब्राह्मण कहते थे, और बहुत बाद की शताब्दियों तक उन्होंने कभी सूर्यवंशी क्षत्रिय होने का दावा नहीं किया था।[1]

१. डा. भंडारकर का विचार है कि गुहिलौत आनन्दपुर के नागर ब्राह्मण थे, जो मूलतः किसी विदेशी कुल के थे। (ज. प्रो. ए. सो. ब., १९०९, पृ. १७०)। पंडित और सी. वी. वैद्य ने इस मत का खंडन किया है। इस बहस का सार बनर्जी ने (पू. पु. पृ. ८ प. पृ.) प्रस्तुत किया है। और भी देखिए इ. हि. क्वा. XXVI. २६३; XXVIII. ८३।

उदयपुर पर राज करने वाले गुहिलौत-वंश के अलावा शायद पड़ोस के क्षेत्रों पर इस खान्दान की अन्य शाखाएँ भी राज कर रही थीं। जयपुर से २६ मील दक्षिण में चत्सु नाम के कस्बे में मिले एक अभिलेख से ऐसी ही एक शाखा का पता चला है। गुहिलौत की इस शाखा की स्थापना सातवीं शताब्दी या छठी शताब्दी के अन्त में किसी भर्तृपट्ट ने की थी, जो इस अभिलेख के अनुसार "परशुराम के समान था, जिसमें ब्रह्म और क्षत्र दोनों गुण थे।" इससे साफ जाहिर है कि जिस तरह परशुराम जाति के ब्राह्मण थे, लेकिन उनका कर्म क्षत्रियों का था, उसी तरह भर्तृपट्ट जाति से ब्राह्मण और कर्म से क्षत्रिय था। इससे इस मत की पूरी तरह पुष्टि हो जाती है कि गुहिलौत आरम्भ में ब्राह्मण थे।

इस परिवार का सबसे पहला अभिलेख[1] गुहिल के पुत्र और भर्तृपट्ट की वंश-परम्परा के तीसरे राजा धनिक के एक अभिलेख में मिलता है। यह अभिलेख नगर के कस्बे के पास मिला था, जो ईसा की आरम्भिक शताब्दियों में मालव कबीले का केन्द्र था। यह स्थान चत्सु से करीब ५० मील दक्षिण में है और उस पर सन् ६८४ ई० की तारीख पड़ी है। यह धनिक शायद उस गुहिल-पुत्र धनिक से अभिन्न है, जिसका सन् ७२५ ई०[2] के एक अभिलेख में जिक्र हुआ है। इस सूरत में, गुहिलौतों की इस शाखा का जयपुर और उदयपुर में काफी बड़े क्षेत्र पर शासन था।

सन् ७२५ ई० के इस अभिलेख में कहा गया है कि धनिक, **परमभट्टारक महाराजाधिराज परमेश्वर श्री** धवलप्पदेव के, जो शायद मौर्य शासक धवल का ही नाम है, सामन्त की हैसियत से धवगर्त्रा पर राज करता था।[3] उदयपुर राज्य के जहाजपुर जिले के वर्तमान नगर धोर से धवगर्त्रा की पहचान की गयी है। इस अभिलेख को इस बात का प्रमाण माना जाता है कि गुहिलौतों की इस शाखा के राजा उदयपुर के मौर्य शासकों के अधीन सामन्त थे। इसलिए यह विचार किया जाता है कि शायद इस खान्दान की मुख्य शाखा के राजा भी मौर्यों के सामन्त हों और जब अरबों के आक्रमण ने मौर्यों के राज्य का खात्मा कर दिया तो बप्पा ने एक स्वतंत्र राज्य की स्थापना कर ली। लेकिन नगर में प्राप्त धनिक के अभिलेख ने इस मत को एक सीमा तक संदिग्ध बना दिया है, क्योंकि उसमें किसी अधिराज का हवाला नहीं है।

गुहिलौत-खान्दान की इस शाखा का परवर्ती इतिहास हमारे लिए यहाँ प्रासंगिक नहीं है। हम नहीं जानते कि इसे जयपुर राज्य की सत्ता कब प्राप्त हुई और सन् ७५०ई०

---

१. भारत-कौमुदी, I. पृ. २६७।

२. ई. इ., XX. १२२. डाक्टर भंडारकर ने इस तारीख को ४०७ गुप्त-संवत् (सन् ७२५ ई०) पढ़ा है। लेकिन श्री आर. आर. हालदार इसको २०७ पढ़ते हैं और इसे हर्ष संवत् की तारीख मानते हैं। डा. भंडारकर का पाठ अधिक सही लगता है। गुहिल-धनिक हर्ष-संवत् २०७ (सन् ८१३ ई०) में नहीं हो सकता था, क्योंकि उससे आगे का चौथा राजा हर्षराज प्रतिहार राजा भोज प्रथम का समकालीन था।

३. आगे देखिए 'मौर्य' के अन्तर्गत।

तक इसका गुहिलौतों की मुख्य शाखा से क्या सम्बन्ध था। इसके बाद के जमाने में इन दोनों को प्रतिहार सम्राटों की अधीनता स्वीकारनी पड़ी थी।

(IV) चाप

ये चाप शायद वे ही लोग थे, जिन्हें चापोत्कट या चावोटक कहा जाता था और जो आमतौर पर चावडा या (या चौडा, चौर या चावर) पुकारे जाते थे। गुजरात के इतिवृत्तों[1] के अनुसार सन् ७२० से ९६६ ई० तक इन लोगों ने गुजरात और कच्छ के बीच वढियार में स्थित पाँचाशर पर राज किया था।

इन इतिवृत्तों के अनुसार चापोत्कट राजा वनराज ने, जो पाँचाशर के जयशेखर का बेटा था, प्रसिद्ध नगर अणहिलपाटक (आधुनिक पटन) की सन् ७४६ ई० में नींव डाली थी। यदि इन इतिवृत्तों के अन्य वक्तव्यों को नजर अन्दाज़ कर दें, कि दसवीं शताब्दी में गुजरात के अन्दर चालुक्य-वंश की स्थापना करने वाला मूलराज एक चाप राजकुमारी का बेटा था और उसने अपने मामा की हत्या करके अणहिलपाटक पर कब्जा कर लिया था, तो भी पुरालेखों से आठवीं शताब्दी ईसवी के पूर्वार्ध में चापों की मौजूदगी साबित हो जाती है। सन् ७३८ ई० के एक अभिलेख में कहा गया है कि अरबों ने कच्छेल्ला, सौराष्ट्र, चावोटक, मौर्य और गुर्जर राजाओं को हराया था। कच्छेल्ला शायद कच्छ के लोगों को सूचित करता है और सौराष्ट्र से तात्पर्य शायद काठियावाड़ प्रायद्वीप से है। इस समय चावोटकों का निवास-स्थान कौन सा था, इसका ठीक-ठीक निर्णय नहीं किया जा सकता। लेकिन चूँकि अरब पूरब में मालव से और दक्षिण में नवसारी से आगे नहीं बढ़े थे, इसलिए चापों का इलाका राजपूताने या उसके निकट पड़ोस में ही कहीं रहा होगा। सन् ९१४ ई० में काठियावाड़ के पूर्वी भाग पर चाप राजा धरणीवराह का शासन था।[2] चूँकि उसे प्रथम राज विक्रमार्क के बाद चौथा राजा बताया जाता है, अतः यह सम्भव है कि उस स्थान पर यह खान्दान एक शताब्दी या उससे अधिक समय से राज करता आया हो। यह सुझाव दिया गया है कि चाप-वंश का राजा व्याघ्र-मुख, जो प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य ब्रह्मगुप्त का संरक्षक था, सन् ६२८ ई० में राज कर रहा था और उसकी राजधानी भिल्लमाल थी। जैसा ऊपर लिखा जा चुका है,[3] न तो यह मत और न ह्वेन-त्सांग के दिये गये गुर्जर राजधानी के नाम की भिल्लमाल के रूप में शिनाख्त ही निश्चित रूप से स्वीकारी जा सकती है। फलतः, चापों को गुर्जर समझने का कोई औचित्य नहीं है।[4] दरअसल, अरबों ने जिन देशों को हराया था, उनको उपर्युक्त सूची में गुर्जरों से अलग गिनाया गया है।

---

१. डा. हि. ना. इ., ९२५; संकालिया, **आर्क्योलॉजी ऑफ गुजरात,** ३५-३६।
२. हड्डाला प्लेट्स (इ. ऐ., XII. १९३)।
३. ऊपर देखिए पृ. १७४-७५।
४. यह जैक्सन और इन्द्र जी का मत है (ब. ग. I. भाग I, पृ. १५५)।

इस प्रकार चापों का इलाका दक्षिणी राजपूताने में या उत्तरी गुजरात और काठियावाड़ में अनुमानित किया जा सकता है, और हो सकता है कि उनकी एक से अधिक वस्तियाँ रही हों, जिनमें पांचाशर और अणहिलपाटक भी शामिल हों, जिनका गुजरात के वृत्तान्तों में हवाला दिया गया है।

(V) मौर्य

जाहिर है कि ये मौर्य वे ही लोग थे जिन्हें मोरी राजपूत कहा जाता था और जो चारणों के इतिवृत्तों के अनुसार चित्तौड़ पर राज करते थे। आज भी परमारों का एक उपकुल है, जो मोरया या मौर्य कहलाता है।[१] पुरालेखों में प्राप्त विवरणों से सातवीं शताब्दी ईसवी और बाद के काल में, उत्तरी और दक्षिणी भारत के कई स्थानों पर इस खान्दान के शासकों का होना प्रमाणित होता है।[२] इस नाम से निस्सन्देह प्राचीन भारत के मौर्य-सम्राटों के प्रसिद्ध राजवंश का स्मरण हो आता है और यद्यपि ह्वेन-त्सांग ने मगध के पूर्णवर्मन् को सम्राट अशोक का वंशज बताया है, लेकिन उसको या किसी अन्य मौर्य शासक को उस विख्यात राजवंश से सम्बन्धित मानना बहुत कठिन है।

झालरापटन के एक अभिलेख में, जिसकी तारीख सन् ६९० ई० है, मौर्य का उल्लेख है।[३] कोटा राज्य में प्राप्त सन् ७३८-३९ ई० के एक और अभिलेख[४] में कहा गया है कि स्थानीय राजा मौर्यवंश के राजा धवल का मित्र था। यह धवल शायद वही धवलप्पदेव है, जिसे साम्राज्यिक उपाधियाँ प्रदान की गयी थीं, और जिसके बारे में कहा गया है कि उदयपुर का शासक गुहिल-पुत्र धनिक उसके अधीन एक सामन्त था।[५] इसलिए हमें उस परम्परा को, जिसका उल्लेख पहले किया गया है, एक सीमा तक प्रामाणिक मानना चाहिए, जिसके अनुसार गुहिलौत शासक बप्पा ने मोरी राजा मनुराज से चित्तौड़ जीता था। टॉड ने इस राजा का नाम मान बताया है, और इस शासक की शिनाख्त चित्तौड़ में मिले एक उत्कीर्ण लेख के कर्ता से की गई है, जिस पर सन् ७१३ ई० की तारीख है। इस अभिलेख के बारे में बाद में चर्चा की जाएगी।

यह ध्यान देने की जरूरत है कि मान, जो सन् ७१३ ई० में राज करता था, अगर उदयपुर का अन्तिम मौर्य राजा था, तो हम यह नहीं मान सकते कि एक मौर्य राजा

---

१. ऊपर देखिए पृ. १८०; डा. हि. ना. इ., II. ११५४।

२. ब. ग., I, भाग II, पृ. २८४।

३. इसमें मौर्य-कुल के राजा दुर्गगण का उल्लेख है। इस अभिलेख का अभी तक सम्पादन नहीं हुआ है और इसका इ. ऐ. LVI.२१३ में केवल संक्षिप्त हवाला ही दिया गया है।

४. इ. ऐ., XIX. ५७।

५. देखिये पृ. १८२।

के रूप में धवलप्पदेव भी सन् ७३८ ई० में उदयपुर पर राज करता था। इसके अलावा, चूँकि यह धवलप्पदेव गुहिल राजा धनिक का अधिराज था, इसलिए हम यह अनुमान नहीं कर सकते कि सन् ७३८ ई० से पहले बप्पा ने चित्तौड़ पर कब्जा किया होगा। इसलिए इतनी स्वल्प जानकारी होने की वर्तमान स्थिति में मनुराज और मान को अभिन्न मानना सन्देहजनक लगता है।

जैसा ऊपर लिखा जा चुका है, मौर्य अरब आक्रमण के शिकार हो गये थे, और शायद इस तबाही के बाद ही बप्पा ने उनको हराकर चित्तौड़ पर कब्जा किया होगा।

(VI) चाहमान

सन् ७५६ ई० के एक अभिलेख में चाहमान राजाओं की छह पीढ़ियों के नाम दिये गये हैं। इस सूची का अन्तिम नाम भर्तृवड्ढ द्वितीय है, जो नागावलोक का सामन्त था। नागावलोक को आमतौर पर प्रतिहार शासक नागभट प्रथम से अभिन्न माना जाता है।[1] भर्तृवड्ढ भड़ोंच जिले पर राज करता था। और अगर उसके पाँच पूर्वजों ने भी वहीं राज किया था तो हमें मानना चाहिए कि इस क्षेत्र में लगभग ६०० ई० से चाहमान ही राज करते थे। लेकिन यह हमारी इस जानकारी के विपरीत है कि इस क्षेत्र में और इसी काल में वहाँ गुर्जर वंश का राज था। इसलिए अनुमान किया जाता है कि या तो भर्तृवड्ढ द्वितीय के पूर्वज शासक सामन्त नहीं थे या फिर यह शासक-परिवार गुर्जर राजा जयभट चतुर्थ के बाद, जिसकी अन्तिम ज्ञात तारीख ७३५ ई० है, किसी और स्थान से भड़ोंच आया था। अधिक विश्वसनीय परम्पराओं के अनुसार चाहमानों का मूल निवास-स्थान साँभर (शाकम्भरी) झील के आसपास बताया जाता है, यद्यपि चारण इतिवृत्तों में कहा गया है कि प्रथम चाहमान या चौहान राजा नमदा के तट पर माहिष्मती में शासन करता था।[2] यह नामुमकिन नहीं है कि इनमें से किसी क्षेत्र में चाहमान पहले मामूली से जागीरदार रहे हों, और नागभट प्रथम ने भर्तृवड्ढ प्रथम को अपने सामन्त की हैसियत से भड़ोंच पर शासन करने के लिए नियुक्त किया हो।

इस सम्बन्ध में, यह उल्लेखनीय है कि चित्तौड़गढ़ से प्राप्त, सन् ७१३ ई० के एक उत्कीर्ण लेख[3] में चार राजाओं के एक वंश का विवरण दिया गया है। इनके नाम हैं, त्वष्टृ जाति का महेश्वर, भीम, उसका बेटा भोज और उसका बेटा मान। विचित्र संयोग की बात है कि चाहमान शासक भर्तृवड्ढ द्वितीय के प्रथम दो पूर्वजों के नाम भी महेश्वरदाम और उसका बेटा भीमदाम हैं। दोनों के सामान्य नामान्त

---

१. ई. इ. XII. २०१।
२. डा. हि. ना. इ., II. १०५२ प. पृ।
३. भ. लिस्ट, सं. १६।

दाम को अगर छोड़ दें तो दोनों सूचियों में न सिर्फ ये नाम समान हैं, बल्कि उनकी तारीखें भी समान हैं। इसलिए यह नामुमकिन नहीं है कि वे एक दूसरे से अभिन्न भी हों। उस सूरत में हमें अनुमान करना होगा कि मूलतः चाहमान सातवीं शताब्दी ई० में चित्तौड़ के आसपास कहीं रहते थे। इस सम्बन्ध में यह ध्यान देने की बात है कि यह कुल मूलतः त्वष्टृ जाति का था और अधिक सत्ता पाने के बाद ही उसके सदस्यों ने अपने नामान्त में दाम लगाना शुरू किया जो पश्चिमी क्षत्रपों का नामान्त होता था, और वे अपने आपको चाहमान पुकारने लगे।

टॉड की व्याख्या के अनुसार चित्तौड़गढ़ के अभिलेख से यह अर्थ निकलता है कि सन् ७१३ ई० में इस क्षेत्र पर मालवेश्वर का आधिपत्य था। लेकिन इस पर सन्देह किया जा सकता है। 'मालवेश्वर' का प्रयोग प्रत्यक्षतः तारीख के सम्बन्ध में किया गया था, जो यह सूचित करता था कि यह तारीख प्रसिद्ध मालव-संवत् की थी। मान और उसके तीनों पूर्वज या तो स्थानीय शासक थे, या उच्च-पदाधिकारी। जैसा ऊपर देखा जा चुका है, कुछ विद्वान् मान को मौर्य या मोरी शासक मानते हैं, जिसे बप्पा ने हराया था। यदि इस मत को स्वीकार कर भी लिया जाए तो ऊपर जिस अभिन्नता का सुझाव दिया गया है, वह खण्डित नहीं हो जाता। क्योंकि यह असम्भव नहीं है कि चाहमान दरअसल मौर्यों की ही एक शाखा या प्रशाखा हों। लेकिन इस अटकलबाजी में पड़ने की जरूरत नहीं है। भर्तृवड्ढ द्वितीय या उसके पाँच पूर्वजों में से किसी के साथ सम्बद्ध एक भी ऐतिहासिक घटना की जानकारी हमें नहीं है।

(VII) गौण राज्य

पुरोलेखीय प्रमाणों से ज्ञात होता है कि सन् ६०० और ७५० ई० के बीच राजपूताने में और अनेक राज्य थे।

एक अभिलेख में,[1] जो सिरोही राज्य में वसन्तगढ़ के स्थान पर पाया गया है और जिसकी तारीख सन् ६२५ ई० है, एक स्वतन्त्र राजा वर्मलात और उसके सामन्त राजा राज्जिल का उल्लेख है। राज्जिल का बाप वज्रभट सत्याश्रय भी इसी राजा का सामन्त था। राज्जिल अर्बुद पर्वत (आबू पर्वत) की रक्षा करता था और उसकी राजधानी का नाम वट था जो निश्चय ही वसन्तगढ़ का पुराना नाम है। राजा वर्मलात इसी नाम के उस राजा से अभिन्न है जिसका प्रधान मंत्री प्रसिद्ध कवि माघ का पितामह था। दुर्भाग्य से इस शासक के बारे में हमें और कुछ नहीं मालूम, लेकिन यह नामुमकिन नहीं है कि ह्वेन-त्सांग ने, जो इस क्षेत्र से गुजरा था, ओ-चा-ली के नाम से उसके ही राज्य का हवाला दिया हो।

कोटा राज्य के शेरगढ़ में प्राप्त एक अभिलेख[2] में उल्लेख मिलता है कि सन् ७९० ई० में एक सामन्त देवदत्त राज करता था। चूँकि उसके तीन पूर्वजों का नामान्त

१. ई. इ. IX. १९१।
२. भ. लिस्ट. सं. १२१।

"नाग" है, अतः हम अनुमान कर सकते हैं कि आठवीं शताब्दी में, यदि उससे पहले नहीं, उस क्षेत्र में किसी नाग खान्दान का शासन था।

११. पश्चिमी सीमा पर स्थित सिन्ध तथा अन्य राज्य

पश्चिमी भारत में सौराष्ट्र और गुर्जर राज्यों के अलावा, सबसे महत्त्वपूर्ण राज्य सिन्धु का था। जैसा पहले उल्लेख किया गया है,[1] यह राज्य पुष्पभूति वंश का दुश्मन था और हर्षवर्धन ने उसको नष्ट कर दिया था। लेकिन इसमें सन्देह नहीं कि यह सातवीं शताब्दी ई० के आरम्भ से ही एक विशाल और शक्तिशाली राज्य बन गया था, और यद्यपि हर्ष ने इसके विरुद्ध कुछ सफलता प्राप्त की होगी, लेकिन वह इस पर कोई स्थायी प्रभुत्व नहीं कायम कर सका। ह्वेन-त्सांग ने न केवल इसको एक स्वतंत्र राज्य बताया है, बल्कि इसके अधीनस्थ तीन और राज्यों का भी उल्लेख किया है। इन अधीन राज्यों के स्थान का निश्चित पता करना कठिन है, लेकिन सिन्धु और उसके अधीनस्थ राज्यों के अन्तर्गत निश्चय ही मुल्तान से पश्चिम की सारी सिन्धु घाटी का क्षेत्र शामिल था।

सिन्ध का एक स्थानीय इतिवृत्त **चच-नाम**[2] है, जिसमें उसके इतिहास के कुछ दिलचस्प ब्यौरे दिये गये हैं। इस वृत्तान्त के अनुसार सिन्ध का राजा सहिरस एक विशाल क्षेत्र पर, उत्तर में जिसकी सीमा काश्मीर और पश्चिम में मकरान से मिलती थी, शासन करता था।

सिन्ध के उत्तर-पश्चिम में भारत के पश्चिमी सीमान्त पर दो और महत्त्वपूर्ण राज्य थे। उत्तर में कापिश या काबुल या काबुलिस्तान का राज्य था, जिसमें काबुल की घाटी और हिन्दूकुश तक का पहाड़ी इलाका शामिल था। काबुल के दक्षिण में जाबुल या जाबुलिस्तान था, जिसमें हेलमन्द नदी की घाटी का ऊपरी भाग और उसके पूरब और पश्चिम का काफी बड़ा इलाका शामिल था।

ह्वेन-त्सांग के अनुसार कापिश का राज्य बहुत बड़ा था, और उसके अधीन दस रियासतें थीं, जिन पर उसका आधिपत्य था। इन अधीन राज्यों में लम्पाक (लघमन), नगर (जलालाबाद) और गंधार भी थे। जाबुलिस्तान के बारे में हमें विस्तृत ब्यौरा तो उपलब्ध नहीं है, लेकिन वह भी एक अत्यन्त शक्तिशाली राज्य था। सातवीं शताब्दी ई० में ये राज्य राजनीतिक और सांस्कृतिक दोनों दृष्टियों से भारत के अंग थे। उनकी भाषा, साहित्य और धर्म भारतीय थे और उनके राजाओं के नाम भी भारतीय थे। जाबुल के राजाओं का पदनाम शाहि था और कापिश के राजा अपने आपको क्षत्रिय

---

१. देखिए, पृ. १११।

२. इस कृति तथा अन्य अधिकारी कृतियों का विवरण जानने के लिए देखिए, ज. इ. हि., X. परिशिष्टांक, पृ. ११ प. पृ.।

कहते थे । इन दोनों राज्यों की सीमाएँ समय-समय पर बदलती रहती थीं, और उनके कुछ शासक सचमुच बहुत शक्तिशाली हो गये थे। हमें उनके एक राजा वासुदेव के बारे में ज्ञात है, जिसके सिक्कों पर सशानिद् पहलवी और भारतीय लिपि में प्रशस्तियाँ अँकित हैं, जिनके अनुसार वह वहमन (ब्राह्मनाबाद ?) मुल्तान, तुकन, जाबुलिस्तान और सपरदलक्शन (सपादलक्ष ?), का शासक था। इसी क्षेत्र का, और लगभग इसी काल का, एक दूसरा राजा शाहि तिगिन था, जिसे पहलवी प्रशस्ति में ताकन और खुरासान का और भारतीय लिपि में भारत और ईरान का परमेश्वर कहा गया है। ये दोनों शायद काबुल और जाबुल के सीमान्त प्रदेशों के शासक थे, लेकिन उनके बारे में निश्चित रूप से और कुछ नहीं मालूम है।[1]

काबुल या जाबुल के इतिहास की कोई सुसम्बद्ध रूपरेखा पेश करना सम्भव नहीं है। केवल सिन्ध के बारे में ही हमें स्थानीय **चच-नाम** और अरबी कृतियों के अनुसार कुछ विस्तृत ब्यौरे उपलब्ध हैं। इनमें दिये गये ब्यौरे प्रायः विश्वसनीय नहीं हैं, लेकिन उनकी मदद से एक साधारण रूपरेखा तैयार की जा सकती है, जिसे किसी कदर विश्वसनीय समझा जा सके।

इन इतिवृत्तों के अनुसार सहसि राय का बेटा राजा सहिरस एक विशाल राज्य पर शासन करता था, जिसकी सीमाएं उत्तर में काश्मीर, पूर्व में कन्नौज और पश्चिम में मकरान तक फैली थीं। यह तथ्य कि हर्षवर्धन ने सिन्ध के राजा से युद्ध किया था, इस वृत्तान्त को सम्भाव्यता का रंग प्रदान कर देता है। इस विशाल राज्य के केन्द्र-भाग पर राजा स्वयं शासन करता था और उसकी राजधानी का नाम अलोर था। शेष राज्य चार प्रान्तों में विभाजित था; वहाँ पर एक-एक गवर्नर नियुक्त किया जाता था, जो साथ ही एक कर-द सामन्त भी होता था। यह विवरण ह्वेन-त्सांग के विवरण से काफी मिलता है।

राजा सहिरस निमरुज के, जो फारस का एक सूबा था, राजा से लड़ते-लड़ते खेत रहा, इस राजा ने सिन्ध पर आक्रमण किया था और ओकिरमन तक घुस आया था। यह घटना भी सम्भवतः सातवीं शताब्दी ई० के आरम्भ की है।

सहिरस के बाद उसका बेटा राय सहसि द्वितीय गद्दी पर बैठा। उसके राज्यकाल में चच नाम का एक बाह्मण अपने ऊँचे पद के कारण बहुत शक्तिशाली हो गया और अपने स्वामी की मृत्यु के बाद गद्दी का मालिक बन बैठा।

आरम्भ में प्रान्तीय गवर्नरों ने इस अनधिकारी राजा का प्रभुत्व स्वीकार करने से इन्कार कर दिया। लेकिन चच ने खुद फौज लेकर उन पर चढ़ाई की और उनके विद्रोह का दमन करके उन सब पर अपना प्रभुत्व जमा लिया। वह काश्मीर की पहाड़ियों की

---

१. रैप्सन, **इंडियन क्वायंस** § १०९ (पृ. ३०-३१): वी. ए. स्मिथ ने इससे कुछ भिन्न विचार प्रकट किया है (कै. क्वा. इ. म्यू. २३४), देखिए, इस वर्ग के अन्य सिक्कों की जानकारी के लिए इन विद्वानों द्वारा उल्लिखित अन्य कृतियाँ।

ओर भी फौज लेकर बढ़ा, और उसने दोनों राज्यों की स्थायी सीमाओं का भी निर्धारण करवाया। प्रत्यक्षतः अरब आक्रमण के कारण फारस में जो गड़बड़ी मची थी, उसका लाभ उठाकर, चच ने मकरान के एक हिस्से पर कब्जा कर लिया और कन्दबिल (कलात के पूरब में) के लोगों को खिराज देने के लिए मजबूर कर दिया।

इस प्रकार **चच-नाम** के अनुसार चच एक बड़ा शक्तिशाली राजा था, लेकिन इस कृति में दी गई सभी बातों को ऐतिहासिक तथ्य के रूप में स्वीकार करना कठिन है। इसमें चच के गद्दी पर बैठने की जो तारीख दी गयी है, अर्थात् सन् ६०२ ई०, वह शायद गलत है। अगर हम ह्वेन-त्सांग के वक्तव्य को सही मानें कि सिन्ध का राजा शूद्र था, तो हमें ब्राह्मण चच के गद्दी पर बैठने की तारीख सन् ६४० ई० के बाद में रखनी होगी। यद्यपि एक अरबी वृत्तान्त में चच द्वारा गद्दी पर बैठने की तारीख सन् ६२२ ई० बतायी गयी है, जो कि **चच-नाम** में दिये गये अगले शासकों के ब्यौरों से मेल खाती है, लेकिन सन् ६४० ई० से बाद की तारीख इस तथ्य के साथ और भी मेल खाएगी कि उसका बेटा सन् ७०८ ई० में गद्दी पर बैठा था।

चच ने अपने पूर्ववर्ती राजा की विधवा रानी से विवाह किया था और उससे उसके दो पुत्र हुए थे—दहरसियह और दाहर। लेकिन चच के बाद उसका भाई चन्दर गद्दी पर बैठा था। चन्दर के बाद उसका बेटा दुराज और चच का बेटा दाहर गद्दी के प्रतिद्वन्द्वी दावेदार बने। लेकिन दहरसियह ने दुराज को मार भगाया और राज्य चच के दोनों बेटों में बंट गया। फिर दहरसियह की मृत्यु के बाद अकेला दाहर इस संयुक्त-राज्य पर शासन करने लगा।

इस घटना की सम्भावित तारीख ७०० ई० मानी जा सकती है। आठ साल के बाद पड़ोसी रमल के राजा ने आक्रमण किया, लेकिन दाहर ने उसे आसानी से मार भगाया।

दाहर के राज्य-काल की सबसे महत्त्वपूर्ण घटना अरब आक्रमण थी, जिसने उसे और उसके राज्य को खत्म कर दिया। यह कोई अलग, असम्बद्ध घटना नहीं थी, न अप्रत्याशित ही थी, जैसा कि अक्सर विश्वास किया जाता है, बल्कि भारत पर कब्जा करने की अरबों की निरन्तर कोशिशों का नतीजा था। भारत के इतिहास में इसके अनन्य महत्त्व के कारण अरब-आक्रमण की इस घटना का अलग से और विस्तृत विवेचन अपेक्षित है।

१२. अरब आक्रमण

ईसा की सातवीं शताब्दी में अरबों का सबसे बड़ी सैनिक शक्ति के रूप में अचानक उत्थान विश्व के इतिहास में एक अत्यन्त उल्लेखनीय घटना है। उन एक के बाद दूसरी फौजी सफलताओं का यहाँ विस्तार से वर्णन करने की जरूरत नहीं है, जिन्होंने इस्लाम के उत्थान के बाद शीघ्र ही उन्हें विश्व की महानतम शक्ति बना दिया। लेकिन भारत पर उनके फौजी आक्रमण के स्वरूप और परिणाम को समझने के लिए उसका संक्षिप्त हवाला देना उपयोगी होगा।

सन् ६३२ ई० में पैगम्बर मोहम्मद की मृत्यु के समय उनका लौकिक प्रभुत्व अरब प्रायद्वीप तक ही सीमित था। लेकिन इसके बाद आठ वर्षों के अन्दर ही उनके उत्तराधिकारियों ने सीरिया और मिश्र पर कब्जा कर लिया। उन्होंने सन् ६४० और ७०९ ई० के बीच सारा उत्तरी अफ्रीका जीत लिया और सन् ७१३ ई० तक स्पेन भी उनके कब्जे में आ गया। पैगम्बर की मृत्यु के बाद एक शताब्दी के अन्दर ही मुसलमान पश्चिम में फ्रांस के केन्द्र तक पहुँच गये थे, जबकि सन् ७३२ ई० में तुअर्स और पोयतियर के बीच चार्ल्स मार्तेल ने पश्चिम की ओर उनकी प्रगति रोक दी।

पूर्व की दिशा में भी मुसलमानों ने उतनी ही तेजी से और उतनी ही शानदार कामयाबियाँ हासिल कीं। फारस का शक्तिशाली साम्राज्य सन् ७३७ ई० में कदेसिया के युद्ध में बुरी तरह समाप्त हो गया और पाँच वर्षों के अन्दर ही हरात तक सारा का सारा फारस बढ़ते हुए अरब-साम्राज्य में मिल गया। सन् ६५० ई० तक अरबों के साम्राज्य की उत्तरी सीमा आमू दरिया तक पहुँच गयी और उस नदी और हिन्दू-कुश के बीच के सारे देश उसमें शामिल कर लिये गये।

यह अनिवार्य था कि इसके बाद अरब अपनी लालचभरी निगाहें भारत पर भी डालते। दरअसल, सच तो यह है कि खलीफा उमर (सन् ६३४–४४ ई०) के जमाने में ही तीन बार हिन्दुस्तान के विरुद्ध समुद्री बेड़ा भेजा गया था। पहला समुद्री बेड़ा सन् ६३७ ई० में तनह, अर्थात् बम्बई के निकट थाना, के विरुद्ध भेजा गया था। अगले दो समुद्री बेड़े बरवस (भड़ोंच) और देवल के विरुद्ध, जो सिन्धु नदी के मुहाने पर एक बंदरगाह था, भेजे गये थे। ये समुद्री आक्रमण दरअसल छापामार कार्रवाई के रूप में थे, और शायद असफल रहे थे। उन्हें कम से कम कोई हैरतअंगेज कामयाबी नहीं मिली थी।

इसके बाद अरब जमीन के रास्ते आये और उनके आक्रमण का पहला आघात सीमान्त के तीनों राज्यों, काबुल, जाबुल और सिन्ध को समान रूप से सहना पड़ा। पहले प्रथम दो राज्यों पर विचार करने के बाद तीसरे राज्य पर विचार करना सुविधाजनक होगा।

(I) काबुल और जाबुल

सन् ६५० ई० में बसरा के गवर्नर ने एक फौज सिजिस्तान (सीस्तान) को भेजी। इस क्षेत्र में अरबों को शुरू में कुछ सफलता मिली और वे हेलमन्द नदी के किनारे बस्त तक बढ़ते चले आये। लेकिन जल्दी ही उन्हें वापस लौटना पड़ा और उन्होंने जो कुछ जीता था, उसे खो दिया।

खलीफा मुआवियह (सन् ६६१-८० ई०) के जमाने में इस क्षेत्र को जीतने की जी-जान से कोशिश की गयी। सिजिस्तान के गवर्नर अब्द-अर-रहमान के नेतृत्व में एक फौज काबुल की ओर बढ़ी और कुछ महीनों तक घेरा डालने के बाद उसने काबुल पर कब्जा कर लिया। अरब अब काबुल से जबुलिस्तान की ओर बढ़े और

विरोधियों को हराकर उन्होंने उस पर भी कब्जा कर लिया। इसक फौरन बाद ही अब्द-अर-रहमान को वापस बुला लिया गया। काबुल और जाबुल के राजाओं ने मौका पाते ही अरबों का जुआ उतार फेंका और अरबों को इन दोनों देशों से खदेड़ भगाया। नये अरब गवर्नर ने यह अभियान फिर से शुरू किया, लेकिन इन दोनों राजाओं के साथ, उनसे धन वसूल करके, उसने सन्धि कर ली।

सन् ६८३ ई० में काबुल ने विद्रोह कर दिया। सिजिस्तान का गवर्नर एक फौज लेकर आया और जुन्जा नामक स्थान पर भयंकर युद्ध हुआ। अरबों की फौज को पूरी तरह पछाड़ दिया गया। खुद गवर्नर और अमीर् वर्ग के सदस्यों की लाशें युद्ध-भूमि में बिछी पड़ी थीं और सैनिक भाग खड़े हुए थे।

जाबुल के राजा ने भी अरबों के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी, लेकिन कुछ प्रारम्भिक सफलताओं के बावजूद वह मारा गया और उसकी फौज के पाँव उखड़ गये (सन् ६८५ ई०), लेकिन उसके बेटे और उत्तराधिकारी ने लड़ाई जारी रखी। उसने तब तक अरबों का मुकाबला नहीं किया, जब तक वे उसके देश में काफी भीतर तक नहीं घुस आये फिर उसने सारे पहाड़ी दर्रे और मार्ग बन्द कर दिये और अरब सेनापति को सन्धि करने के लिए विवश कर दिया, जिसके अनुसार उसने धन देकर यह वादा किया कि भविष्य में वह जाबुल पर हमला नहीं करेगा। लेकिन खलीफा ने यह सन्धि नामंजूर कर दी और सेनापति को बरखास्त कर दिया।

इसके फौरन बाद ही अल-हज्जाज ईराक का गवर्नर बना (सन् ६९५ ई०)। उसके सेनापति उबेदुल्ला ने काबुल को दबाने की कोशिश की। काबुल और जाबुल के राजाओं ने मिलकर अरब सेना को कड़ी शिकस्त दी। अरबों की पीछे हटती हुई फौज के सारे रास्ते बन्द कर दिये गये, और यद्यपि वे लड़ते हुए इस घेराबन्दी से बाहर निकल गये, पर उनमें से अनेक भूख और प्यास से तड़प-तड़प कर मर गये। अपनी फौज की दुर्दशा देखकर शोक से उबेदुल्ला की मृत्यु हो गयी।

अरब फौजों को घोर विपत्ति का सामना करना पड़ा था, और कुछ लेखकों का कहना है कि रक्षा-शुल्क के रूप में एक बड़ी रकम अदा करने के बाद ही उनको घेरे से बाहर निकलने का मौका दिया गया था। इस अपमान का बदला लेने के लिए एक विशाल सेना भर्ती की गयी और बसरा और कुफा के लोगों पर भारी युद्ध-कर लगा कर सेना को लैस किया गया। उसके कमाण्डर अब्द-अर-रहमान ने सन् ६९९ ई० में जाबुल पर चढ़ाई की, उसके राजा को हरा कर देश को खूब लूटा। पिछली हार को ध्यान में रखते हुए वह सावधानी से आगे बढ़ना चाहता था। लेकिन अल्-हज्जाज ने उसको अपनी कार्रवाई तेज करने का आदेश दिया। जब कमाण्डर ने इस पर आपत्ति की तो अल्-हज्जाज ने उसके स्थान पर दूसरा कमाण्डर नियुक्त करने की धमकी दी। इसको अपना अपमान समझ कर अब्द-अर-रहमान ने अल्-हज्जाज और खलीफा के ही विरुद्ध युद्ध की घोषणा करके ईराक पर चढ़ाई कर दी और बसरा पर कब्जा कर लिया। लेकिन अन्त में शिकस्त खाकर और पीछा करती हुई गवर्नर की

फौज के हाथ गिरफ्तार होने के डर से उसने जाबुल के राजा के यहाँ आकर शरण ली। लेकिन जाबुल के राजा ने एक या दो साल के बाद उसका सर कटवा कर अल्-हज्जाज के पास तोहफे के रूप में भेज दिया। अल्-हज्जाज ने जाबुल के साथ सन्धि कर ली और वह इस शर्त पर सात या नौ साल तक जाबुल पर हमला न करने को राजी हो गया कि राजा उसको हर साल खिराज के रूप में एक निश्चित रकम अदा करता रहेगा। यह सन्धि सन् ७१४ ई० में अल्-हज्जाज की मृत्यु तक चलती रही। इसके बाद जाबुल के राजा ने खिराज देने से इन्कार कर दिया और उसके बाद लगभग चालीस वर्षों तक अरब उससे कुछ भी वसूल नहीं कर पाये।

इस प्रकार अरब पचास से अधिक वर्षों तक काबुल और जाबुल को अपने आधिपत्य में लेने की लगातार कोशिश करते रहे थे, जिसके दौरान उन्होंने कुछ महत्त्वपूर्ण सफलताएँ प्राप्त की थीं, पर इसके एवज में उन्हें भारी क्षति भी उठानी पड़ी थी। वे कोई स्थायी सफलता नहीं पा सके और आखिर में उन्हें यकीन हो गया कि इन देशों को जीतना उनके वश की बात नहीं है। इसके बाद अरबों ने इन देशों में हस्तक्षेप करना बन्द कर दिया, वे किसी न किसी रूप में अरबों का प्रभुत्व स्वीकार कर लें, बस इतना ही उन्होंने पर्याप्त समझा। लेकिन यह भी बड़ी कठिनाई से और सिर्फ थोड़े समय के लिए ही (सन् ७०० से ७१४ ई०) तक प्राप्त हो सका। इसके बाद अगले डेढ़ सौ वर्षों तक काबुल और जाबुल ने अक्षत रूप में अपनी स्वतंत्र सत्ता कायम रखी।

(II) सिन्ध

पहला अरब आक्रमण समुद्री बेड़े के जरिए सिन्धु नदी के मुहाने पर स्थित देबल बन्दरगाह पर लगभग ६४३ ई० में हुआ था। अरब इतिहासकारों ने इस आक्रमण में अरबों की विजय का उल्लेख किया है, जबकि **चच-नाम** के अनुसार अरब हार गये थे और उनके सरदार को चच के गवर्नर ने देबल की लड़ाई में कत्ल कर दिया था।

देबल की पराजय ने खलीफा उमर को दुखद रूप से आश्चर्यचकित कर दिया होगा, क्योंकि वह सारे संसार में अपनी सेनाओं से सिर्फ जीत की खबरें सुनने का आदी था। इसके बाद उसने स्थल-मार्ग से फौजें भेजने का निश्चय किया और ईराक के गवर्नर को आदेश दिया कि वह सिन्ध के बारे में उसे पूरी जानकारी पहुँचाये। गवर्नर ने रिपोर्ट भेजी कि यह राज्य बहुत शक्तिशाली है और अरबों का आधिपत्य स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। इस पर खलीफा ने सिन्ध के विरुद्ध फौज भेजने का इरादा छोड़ दिया। उससे अगले खलीफा उथ्मान ने भी अपने गवर्नर से ऐसी ही रिपोर्ट पाकर सिन्ध पर स्थल-मार्ग से चढ़ाई करने का विचार छोड़ दिया था।

खलीफा अली के समय में भारत पर आक्रमण करने के लिए सन् ६६० ई० में एक विशाल सेना भेजी गयी। अरब सेना, जिसमें बहुत से अमीर-उमरा और सरदार थे, किकान या किकनान तक बिना किसी गम्भीर विरोध का सामना किये बढ़ती चली आयी। किकान बोलान दर्रे के पास एक पहाड़ी राज्य था, जिसके बारे में ह्वेन-त्सांग

ने लिखा है कि इस राज्य में लोग विशाल पर्वतों और घाटियों के बीच बिना किसी राजा के अलग-अलग कुलों और कबीलों में बँटकर पशु-पालकों का जीवन व्यतीत करते हैं। लेकिन **चच-नाम** के अनुसार यह क्षेत्र सिन्ध के केन्द्रीय भाग का अंग था, जिस पर राजा का सीधा शासन था। जो भी हो, किकान के लोगों ने डटकर आक्रमण-कारियों का मुकाबला किया और अरब फौजों को गहरी क्षति पहुँचाते हुए मार भगाया। अरब फौज का कमाण्डर अपने अधिकांश सैनिकों समेत मारा गया (सन् ६६३ ई०)।

इसके बाद किकान ही अरब अभियानों का मुख्य लक्ष्य बन गया। अगले बीस वर्षों में सिन्ध के इस सीमान्त प्रदेश पर छः बार हमले किये गये, लेकिन वे किसी भी प्रकार का स्थायी प्रभाव डालने में असमर्थ रहे। इस बीच अरबों ने सिर्फ एक ठोस कामयाबी हासिल की कि उन्होंने मकरान जीत लिया।

इसके बाद लगभग बीस वर्षों तक सिन्ध का राज्य अपने सीमान्त प्रदेश पर अरबों के आक्रमण से मुक्त रहा। लेकिन सन् ७०८ ई० में ईराक के गवर्नर अल्-हज्जाज और सिन्ध के राजा में फिर अनबन बढ़ गयी। श्रीलंका से कुछ मुसलमान औरतों को हज्जाज ले जाने वाले एक जहाज को देबल की बन्दरगाह के पास समुद्री डाकुओं ने पकड़ लिया। हज्जाज ने सिन्ध के राजा दाहर को लिखा कि वह औरतों को रिहा कर दे, लेकिन दाहर ने अपनी असमर्थता प्रकट करते हुए बताया कि उन समुद्री डाकुओं पर, जिन्होंने औरतों को गिरफ्तार किया है, उसका कोई नियन्त्रण नहीं है।

इस बात ने अल्-हज्जाज को सिन्ध के विरुद्ध फौज भेजने का एक बहाना दे दिया। आम लोगों के इस विश्वास का, कि यह घटना ही अरबों और सिन्ध की दुश्मनी का मूल कारण थी, पर्याप्त आधार नहीं है। जैसा हम देख चुके हैं, यह दुश्मनी बहुत पुरानी थी। देबल की घटना ने तो सिर्फ अल्-हज्जाज के लिए उस देश को जीतने की खातिर बड़े पैमाने पर कोशिश करने की नई उत्तेजना प्रदान की थी, जो इतने दिनों से अरबों की महान् शक्ति का विरोध करता आया था। आरम्भ में खलीफा इस नये अभियान के लिए अपनी मंजूरी देने में टालमटोल करता रहा, लेकिन आखिर-कार अल्-हज्जाज के दुराग्रह के आगे झुककर उसने मंजूरी दे दी। इसके बाद अल्-हज्जाज ने उबेदुल्ला को देबल पर आक्रमण करने के लिए भेजा। वह लड़ाई हार गया और मारा गया। तब ओमान से समुद्री मार्ग के जरिए एक दूसरी फौज बुदेल के सेनापतित्व में भेजी गयी। बुदेल को नई कुमक दी गई और वह देबल की तरफ बढ़ा। दाहर के बेटे जयसिंह ने आगे बढ़कर उसका मुकाबला किया। सारे दिन घमासान युद्ध हुआ। अन्त में अरब सेना के पाँव उखड़ गये और बुदेल मारा गया।

इसके बाद अल्-हज्जाज ने सिन्ध पर आक्रमण करने के लिए लम्बी-चौड़ी तैयारियाँ कीं। उसने अपने भतीजे और दामाद मुहम्मद-इब्न-कासिम को नये अभियान का कमाण्डर नियुक्त किया, और उसे बड़े पैमाने पर सिपाही, हथियार और साजो-सामान देकर भेजा। खलीफा से भी उसने पूरी तरह लैस ६००० सीरियाई सैनिक उसको दिलवा दिये।

मुहम्मद देवल पहुँचा और समुद्री-मार्ग से आये घेराबन्दी के भारी साजो-सामान की मदद से उसने किला फतह कर लिया। किसी को क्षमा नहीं दी गयी और तीन दिनों तक देवल में कत्ले-आम जारी रहा। मुहम्मद ने शहर में ४००० अरब उपनिवेशियों को बसाकर, उनके लिए एक मस्जिद भी बनवा दी। देवल बन्दरगाह की इस समय ठीक शिनाख्त करना कठिन है कि वह किस स्थान पर था। कुछ विद्वानों के अनुसार वह थथह पर स्थित था, जबकि दूसरे विद्वान् उसे घरो की संकरी खाड़ी के उत्तरी तट पर, और मीरपुर सक्रो **तालुक** के घरो गाँव से साढ़े तीन मील पश्चिम में मम्बोर पर बताते हैं।

इसके बाद मुहम्मद देवल से नेरुन की ओर बढ़ा, जो वर्तमान हैदराबाद है। वहाँ के बौद्ध श्रमण पहले से ही अल्-हज्जाज के साथ पत्र-व्यवहार करते रहे थे और अब उन्होंने खुलेआम रसद-भत्ता देकर मुहम्मद की सहायता की। इसके बाद मुहम्मद ने बिना किसी विरोध का सामना किये ही कई नगरों पर कब्जा कर लिया, और सिविस्तान (सेहवान) की ओर बढ़ा। यहाँ भी, बौद्धों ने अरबों का स्वागत किया और अपने ही गवर्नर के विरुद्ध उसके साथ समझौता कर लिया, जो लड़ाई में हार कर भाग गया। कहा जाता है कि और नगरों के बौद्धों ने भी अरबों के साथ मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध स्थापित कर लिये थे। बौद्धों के इस रवैये का कारण कुछ हद तक हत्या और रक्तपात के प्रति उनकी घोर जुगुप्सा हो सकती है और कुछ हद तक एक ऐसा सार्वभौमिक धार्मिक बंधुत्व स्थापित करने का वह आदर्श, जो देश और राष्ट्र की सीमाओं से ऊपर हो। भारत पर इस्लाम की विजय होगी, शायद इस प्रकार की प्रचलित भविष्यवाणियों पर लोगों का अन्ध विश्वास भी इस व्यवहार का एक कारण हो सकता है। लेकिन यह भी स्मरण रखना चाहिए कि सारे बौद्धों ने अरबों का साथ नहीं दिया था, बल्कि कुछ ने तो उनका मुकाबला भी किया था। इसके विपरीत, अनेक अबौद्धों ने भी अपने राजा और देश के साथ विश्वासघात किया था।

कुछ प्रमुख सामन्तों ने मुहम्मद की अधीनता स्वीकार कर ली, जो सिन्धु के पश्चिमी तट के साथ-साथ आगे बढ़ता गया, और दाहर की सेना के सामने पहुँच कर अपना खेमा गाड़ दिया। यहाँ पर मोकह नाम के एक प्रभावशाली सामन्त के साथ, जो दाहर से विश्वासघात करके मुहम्मद से जा मिला था, यह समझौता हुआ कि वह मुहम्मद को सिन्धु पार करने के लिए नावों का बेड़ा देगा और मुहम्मद इसके बदले में जीते हुए राज्य का काफी बड़ा हिस्सा मोकह को इनाम के रूप में देगा।

मुहम्मद को अल्-हज्जाज से २,००० घुड़सवार सैनिकों की नई कुमक प्राप्त हो गयी थी और सिविस्तान के ४,००० जाट योद्धा भी उससे आ मिले थे, जिन्होंने पहले राजा के विरुद्ध विद्रोह किया था, जो दबा दिया गया था। फिर भी मुहम्मद दो महीनों तक सिन्धु के पश्चिमी किनारे पर पड़ाव डाले इन्तजार करता रहा। इस पर अल्-हज्जाज ने नाराजगी जाहिर की और उसे फौरन नदी पार करके दाहर से लड़ने का आदेश दिया।

सिन्धु पार करके मुहम्मद उसके पूर्वी तट पर पहुँचा। वहाँ उससे मोकह का भाई आकर मिल गया, जो पहले ही दाहर से विश्वासघात कर चुका था। इन दोनों सामन्तों की मदद और सलाह से मुहम्मद ने वह झील पार की जो उसकी और दाहर की फौजों के बीच में पड़ती थी, और फिर राओर के स्थान पर दोनों में घमासान युद्ध हुआ। **चच-नाम** के अनुसार, जिसमें इस युद्ध का विस्तार से वर्णन किया गया है, दाहर बड़ी बहादुरी से लड़ा, और दूसरे दिन अरब फौज के करीब-करीब छक्के छूट गये। इस विवरण के अनुसार "काफिर चारों ओर से अरबों पर टूट पड़े और इतनी बहादुरी और मुस्तैदी से लड़े कि इस्लाम की फौज के छक्के छूट गये और घबराहट में उसकी पांतें टूट गयीं।" भारतीय राजाओं की प्रथा के अनुसार दाहर अपने हाथी पर सवार अपनी सेना का अगली पंक्ति से संचालन कर रहा था। उसे आसानी से निशाना बनाया जा सकता था। एक तीर आकर उसकी छाती में घुस गया। राजा की मृत्यु से उसकी फौज के पाँव उखड़ गये और भगदड़ मच गयी। उसके बेटे जयसिंह ने पीछे हट कर ब्राह्मनाबाद में शरण ली, और राओर के दुर्ग की हिफाजत का भार वह विधवा रानी पर छोड़ गया। मुहम्मद ने तुरन्त किले पर हमला किया। रानी ने बहादुरी से मुकाबला किया, लेकिन जब कोई चारा न रहा तो उसने अरबों के हाथ में पड़ने के कलंक से बचने के लिए रनवास की अन्य स्त्रियों के साथ आग में कूद कर अपने आपको भस्म कर लिया।

राओर पर कब्जा करने के बाद मुहम्मद ब्राह्मनाबाद की ओर बढ़ा। जयसिंह ने ब्राह्मनाबाद और राजधानी अलोर की रक्षा के लिए जबर्दस्त तैयारियाँ कीं और फौज लेकर आगे बढ़ा ताकि दुश्मन को परेशान कर सके और उसके रसद और कुमक लाने वाले मार्ग को काट सके। यद्यपि उसका वजीर या प्रधान मंत्री भी मुहम्मद से जा मिला था, लेकिन ब्राह्मनाबाद के लोग छः महीनों तक बड़ी बहादुरी से लड़ते रहे, जब उसके कुछ प्रमुख नागरिकों ने दुश्मन से गुप्त-समझौता करके किले का फाटक खोल दिया।

और कई शहरों को जीतने के बाद मुहम्मद ने अलोर पर चढ़ाई की, जो सिन्ध की राजधानी थी। मामूली-सी लड़ाई के बाद ही नगर ने आत्म-समर्पण कर दिया। आस-पास के बाकी शहरों और किलों पर भी कब्जा करने के बाद मुहम्मद ने मुल्तान पर चढ़ाई की, जिसने दो महीनों तक डटकर मुकाबला किया, लेकिन अन्त में विश्वास-घात के कारण उसे भी आत्म-समर्पण कर देना पड़ा।

मुहम्मद-इब्न-कासिम निस्सन्देह एक महान जनरल था और उसकी उल्लेखनीय विजयों ने अरबों को भारत में पहली बार अपने कदम जमाने का अवसर दिया था। दुर्भाग्य से, बजाय इसके कि उसके देश में उसकी इन सफलताओं की प्रशंसा होती और उसे पुरस्कृत किया जाता, उसे एक क्रूर नियति का सामना करना पड़ा, और वह भी उन दिनों, जब वह और अधिक विजयें प्राप्त करने में लगा हुआ था। सन् ७१४ ई० में अल्-हज्जाज की मृत्यु ने, और उससे अगले साल खलीफा वलीद की मृत्यु ने, उसके

लिए बुरे दिन ला दिए। नया खलीफा अल्-हज्जाज का दुश्मन था और उसने उसके खान्दान के सदस्यों से बदला लिया। मुहम्मद को आदेश देकर ईराक वापस बुला लिया गया और वहाँ हज्जाज के अन्य दोस्तों और समर्थकों के साथ उसे भी यन्त्रणा देकर मार डाला गया। **चच-नाम** में दी गयी इस रोमानी कहानी का कोई आधार नहीं है कि दाहर की दो बेटियों ने, जिन्हें गिरफ्तार करके खलीफा के पास भेजा गया था, खलीफा के सामने मुहम्मद पर यह झूठा आरोप लगाकर उसके कत्ल का हुक्म निकलवाया था कि मुहम्मद ने अपने मालिक के पास उन्हें भेजने से पहले बलात्कार करके उनका कौमार्य भंग कर दिया था।

मुहम्मद के वापस बुलाये जाने और फिर कत्ल कर दिए जाने की बात ने सिन्ध के सरदारों को अरबों का जुआ उतार फेंकने के लिए फिर उकसा दिया। दाहर के बेटे जयसिंह ने ब्राह्मनाबाद पर फिर से कब्जा कर लिया। खलीफा ने सिन्ध को काबू में करने के लिए हबीब को भेजा। उसने अलोर पर कब्जा कर लिया और कुछ और छोटे-छोटे नगरों को जीत लिया।

अगले खलीफा उमर द्वितीय (सन् ७१७-७२० ई०) ने सिन्ध के सामन्तों को अपनी अधीनता में एक प्रकार से पूरी आजादी देने का प्रस्ताव किया। सिर्फ एक ही शर्त थी कि वे इस्लाम कबूल कर लें। जयसिंह समेत अनेक सामन्तों ने यह शर्त मंजूर कर ली। लेकिन हिशाम की खिलाफत (सन् ७२४-७४३ ई०) के दिनों में जयसिंह ने इस्लाम का त्याग करके सिन्ध के गवर्नर जुनैद के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी। जुनैद ने उसे हराकर कैद कर लिया। जयसिंह के साथ ही सिन्ध में हिन्दू राजवंश का अन्त हो गया।

(III) पश्चिमी भारत

जुनैद ने अब भारत के आन्तरिक भाग पर अरबों का प्रभुत्व कायम करके मुहम्मद-इब्न-कासिम का काम पूरा करने का निश्चय किया। उसने खुद जाकर "बेलमान और जुर्ज जीत लिये और उसके कमाण्डर मरमद, मंडल, दहनज, बरबस, मलिबह को रौंदते हुए उज्जैन तक बढ़ते चले गये।" इनमें से अधिकांश स्थानों की आसानी से शिनाख्त की जा सकती है। मरमद, जाहिर है, मरु-मार को कहा गया है, जो जैसलमेर और जोधपुर का क्षेत्र है। बरबस निस्सन्देह भड़ोंच को कहा गया है, और बेलमान शायद बल्लमंडल के लिए इस्तेमाल किया गया है।[1] मलिबह और उज्जैन निस्सन्देह मालव और उसकी राजधानी उज्जयिनी के लिए इस्तेमाल किये गये हैं। इससे जाहिर होता है कि अरब राजपूताने से होकर पूरब में मालवा और दक्खिन में भड़ोंच तक बढ़ते चले गये थे। एक समकालीन भारतीय अभिलेख से ज्ञात होता है कि अरबों ने सैन्धवों,

१. देखिए पृ. १७५।

कच्छैलों, सौराष्ट्र, चावोटकों, मौर्यों और गुर्जरों के राजाओं को हराया था और नवसारी[1] तक बढ़ गये थे। इन राज्यों के सम्भाव्य क्षेत्रों को दृष्टि में रखते हुए, हम पाते हैं कि दोनों विवरणों में उल्लेखनीय अनुरूपता है, फर्क सिर्फ इतना है कि अरब इतिवृत्तकार ने सौराष्ट्र को, जो वलभी राज्य को सूचित करता है, शामिल नहीं किया। अरबों के ये आक्रमण सन् ७२४ और ७३८ के बीच हुए थे।

लेकिन अरबों की सफलता अल्पकालिक साबित हुई और उन्हें प्रतिहार राजा नागभट द्वितीय[2] और लाट (दक्षिणी गुजरात) के चालुक्य राजा अवनिजनाश्रय पुलकेशिराज ने हरा दिया। चालुक्य राजा की वीरता से प्रसन्न होकर लोगों ने उसे "दक्षिणापथ-स्तम्भ" और "अजेयों का विजेता"[3] उपाधियों से मंडित किया। नान्दीपुरी के गुर्जर राजा जयभट चतुर्थ का भी दावा है कि उसने अरबों को हराया था।[4] इन दावों के अतिरिक्त, जिनकी समकालीन अभिलेखों में पुष्टि मिलती है, अनेक दूसरे भारतीय राजाओं के बारे में चारण परम्पराओं में कहा गया है कि उन्होंने मलेच्छों को हराया था, और कुछ तो शायद इस काल के अरब हमलावरों का हवाला भी देते हैं।[5] अरब इतिवृत्तों में भी यह स्वीकारा गया है कि जुनैद के उत्तराधिकारी तमिन के जमाने में अरबों के हाथ से ये सारे इलाके छिन गये थे और उन्हें सिन्ध तक ही सीमित हो जाना पड़ा था। लेकिन यहाँ भी उनकी स्थिति डाँवाडोल हो गयी। अरब इतिवृत्तों के अनुसार, "ऐसी जगह तलाश करना, जहाँ कोई मुसलमान भागकर पनाह ले सके, मुश्किल हो गया था", इसलिए सिन्ध के गवर्नर ने झील के उस पार एक शहर आबाद किया, ताकि यह मनसुरा शहर उनकी पनाह-गाह बन सके। इससे साफ जाहिर है कि उमैयदों के अन्तिम दिनों में खिलाफत के अन्दर जो गड़बड़ी का दौर चला था, उससे भारत में भी अरबों की शक्ति का ह्रास हो गया था।

(IV) उत्तर-पश्चिमी भारत

सिन्ध के उत्तर में अरबों के आक्रमणों का कोई ब्यौरा उपलब्ध नहीं है। **चच-नाम** के अनुसार मुहम्मद-इब्न-कासिम मुलतान से फौज लेकर काश्मीर की सीमा तक गया और उसने एक फौज कन्नौज की तरफ भेजी। लेकिन इसके पहले कि वह कोई सफलता प्राप्त कर पाता, खलीफा के हुक्म से उसका कत्ल कर दिया गया। अरब इतिवृत्त मुहम्मद की काश्मीर और कन्नौज पर चढ़ाई का कोई उल्लेख नहीं करते, सिर्फ किरज

---

१. ए. भ. ओ. रि. इ. X. ३१।

२. देखिए पृ. १७६-७७।

३. ए. भ. ओ. रि. इ., X. ३१।

४. देखिए पृ. १७३।

५. देखिए, इसी परिच्छेद के पिछले अनुच्छेदों में यशोवर्मन्, ललितादित्य और बप्पा का इतिहास (पृ. १४६ प. पृ., १५१ प. पृ., १७९ प. पृ.)।

पर उसकी जीत का जिक्र करते हैं। चूँकि किरज या कीर देश की कांगड़े से शिनाख्त की जाती है, इसलिए मुहम्मद अवश्य ही काश्मीर और कन्नौज की सीमाओं के करीब पहुँचा था। जुनैद ने दोबारा किरज को जीता लेकिन उसकी सफलता भी अल्पकालिक ही सिद्ध हुई। कन्नौज के राजा यशोवर्मन् और काश्मीर के राजा ललितादित्य दोनों ने ही, लगता है, इस दिशा में अरबों को आगे बढ़ने से रोक दिया था। दोनों ने चीन के सम्राट के पास अपने राजदूत भेजकर अरबों के खिलाफ मिलकर लड़ने का आग्रह किया था और यद्यपि उस ओर से कोई मदद नहीं मिली, फिर भी वे खुद अपने ही प्रयत्नों से अरबों को हराने में सफल हुए थे।"[1]

इस प्रकार आठवीं शताब्दी ई० के मध्य तक, जबकि इस्लामी जगत में होने वाली महान् क्रान्ति के परिणामस्वरूप उमैयदों के हाथ से मुख्य सत्ता निकल कर अब्बासिदों के हाथ में पहुँच गयी थी, भारत में भी इस्लाम की शक्ति और प्रतिष्ठा गिर चुकी थी और केवल सिन्ध के ही कुछ भागों में अरब किसी तरह अपने अस्तित्व को बनाये रख पा रहे थे।

(V) सिंहावलोकन

अब हम भारत के पश्चिमी सीमा-प्रदेशों में हुए अरब आक्रमणों से सम्बन्धित ऊपर वर्णित मुख्य-मुख्य घटनाओं का आलोचनात्मक दृष्टि से पुनरावलोकन कर सकते हैं। सभी जानते हैं कि पश्चिम की दिशा से भारत में प्रवेश करने के लिए विरोधी सेनाओं के सामने सिर्फ चार ही मार्ग खुले हुए हैं। एक समुद्री मार्ग है और अन्य तीन मार्ग खैबर दर्रा, बोलान दर्रा और मकरान तट से गुजरते हैं। हम देखते हैं कि शुरू से ही अरब इन चारों भागों से भारत के अन्दर घुसने की कोशिश करते आये थे। थाना, भड़ोंच और देबल के विरुद्ध सर्वप्रथम समुद्री आक्रमण और फिर इसी दिशा में होने वाले परवर्ती आक्रमणों ने समुद्री मार्ग से भारत में घुसकर कदम जमाने के उनके प्रयत्नों की व्यर्थता सिद्ध कर दी थी। स्थल-मार्गों में खैबर दर्रे की हिफाजत काबुल और जाबुल कर रहे थे और बोलान दर्रे की हिफाजत किकान या किकानान के बहादुर जाट कर रहे थे। इन राज्यों के साथ अरबों का लम्बा युद्ध, जिसका वर्णन हम ऊपर कर चुके हैं, भारत में इन दोनों महान् दर्रों के मार्ग से घुसने के उनके अनवरत किन्तु निष्फल प्रयास का सूचक है। इन इलाकों के कर्मठ पहाड़ी लोगों ने, जिन्हें अपनी दुर्गम पहाड़ियों का कुदरती लाभ प्राप्त था, विश्व के इन विजेताओं का डट कर मुकाबला किया और हालाँकि कई बार वे युद्ध में हारे भी, लेकिन उन्होंने मन से हार नहीं मानी। अगर कभी भारत का बिना पक्षपात और बिना पूर्वाग्रह के इतिहास लिखा गया होता, तो इन बहादुर लोगों के वीरतापूर्ण कारनामों को, जिन्होंने दो शताब्दियों तक अरब हमलावरों को भारत में घुसने से रोका, वह मान्यता जरूर दी गई होती, जिसके वे पात्र हैं।

---

१. ऊपर देखिए पृ. १४८, १५२।

जब ये तीनों मार्ग कारगर साबित नहीं हुए तो अरबों ने मकरान-तट वाले चौथे मार्ग का प्रयोग किया। यह बताना मुश्किल नहीं है कि अरब इस मार्ग से घुसने में क्यों सफल हुए, जबकि अन्य मार्गों से आकर पैर जमाने में वे असफल रहे थे। जिन दिनों अरब फौज को युद्ध के साजो-सामान से खूब अच्छी तरह लैस किया गया था और सुदूर सीरिया तक से कुमक मँगायी गयी थी, उन दिनों सिन्ध गृह-युद्धों, आन्तरिक झगड़ों और आधी शताब्दी से होते आने वाले विदेशी आक्रमणों के कारण बिल्कुल अशक्त हो गया था। अपने विरोधी के मुकाबले में राजा दाहर की कूटनीतिज्ञता और सैन्य-कुशलता घटिया किस्म की थी। इस बात को समझना मुश्किल है कि उसने युद्ध-सामग्री और घेराबन्दी का भारी साजो-सामान ढोकर लाने वाले अरब समुद्री बेड़े का मुकाबला क्यों नहीं किया। जाहिर है कि इस काम के लिए उसके पास पर्याप्त जहाजी ताकत नहीं थी। लेकिन इस बात को ध्यान में रखते हुए कि अरब लगातार भारत की भूमि तक पहुँचने की कोशिश कर रहे थे और इसके लिए मकरान का तट-मार्ग उनके लिए सर्वथा उपयुक्त था, सिन्ध के राजा द्वारा शक्तिशाली समुद्री बेड़ा न तैयार करना, उसमें दूरदर्शिता की कमी का सबूत देता है। सम्भवतः इसका कारण यह है कि पिछले तीस वर्षों से, सन् ६७० से ७०० ई० तक, दाहर का सिन्ध के दक्खिणी भाग पर अधिकार नहीं था; उस पर शासन करने का अधिकार अरबों के आक्रमण से कुछ साल पहले ही उसे मिला था। यह कारण आंशिक रूप से इस बात पर भी रोशनी डालता है कि नेरुन और सिविस्तान ने, जो दक्खिनी सिन्ध के सबसे ताकतवर गढ़ थे, मुकाबला किये बगैर ही अरबों के लिए अपने फाटक क्यों खोल दिये थे। बौद्धों का देशद्रोही व्यवहार, जनता के एक भाग में प्रचलित अन्ध-विश्वास और राज-परिवार के प्रति जिसने एक पीढ़ी पहले गद्दी पर अनधिकार कब्जा किया था, आम लोगों में किसी भी प्रकार के वफादारी के भाव की कमी, आदि बातें, सामन्तों तथा ज़नता के विश्वासघात और दुश्मन से जा मिलने का कारण थीं, और उन्होंने दाहर का पक्ष कमजोर कर दिया था।

इन सारे कारणों से, और शायद कुछ और अज्ञात कारणों से भी, सिन्ध का पतन हुआ था। इसलिए, सिन्ध की विजय को इस बात का सूचक नहीं समझना चाहिए कि सामान्यतः अरबों का रण-कौशल भारतीयों से अधिक उच्च कोटि का था। इस बात की पुष्टि इससे भी होती है कि सिन्ध की विजय भारत में अरबों की पहली और अन्तिम महान् सफलता थी। इसमें सन्देह नहीं कि सिन्ध के पड़ोस की छोटी-छोटी रियासतों को हराने में जुनैद को तात्कालिक सफलता मिली थी, लेकिन जब उसे उत्तर में काश्मीर और पूरब में कन्नौज या दक्षिण में प्रतिहारों और चालुक्यों के शक्तिशाली राज्यों से लोहा लेना पड़ा, तो उसकी विजयों का जादू टूट गया। यहाँ तक कि कुछ समय के अन्दर ही सिन्ध का भी अधिकांश भाग अरबों के हाथ से निकल गया। अन्ततः तीन शताब्दियों की अनवरत कोशिशों के बाद हम देखते हैं कि भारत में अरबों का प्रभुत्व सिर्फ मनसुरा और मुल्तान की दो छोटी-छोटी रियासतों तक सीमित रह गया था।

जब हम दुनिया के अन्य भागों में उनकी शानदार सैन्य सफलताओं का स्मरण करते हैं, तो भारत में अरबों की अपेक्षया इतनी नगण्य सफलता एक उल्लेखनीय वैषम्य की तस्वीर पेश करती है। इसका कारण निश्चय ही भारत की धार्मिक और सामाजिक विशिष्टताओं में निहित नहीं है, जैसा एँल्फिन्स्टन जैसे पुराने इतिहासकारों ने सिद्ध करने की व्यर्थ चेष्टा की थी। इसका कारण निस्सन्देह यह है कि उस जमाने के अन्य देशों की तुलना में भारतीयों की सैन्य शक्ति और राज-व्यवस्था अधिक ऊँचे स्तर की थी। बाद की घटनाओं की रोशनी में यह बात चाहे जितनी अविश्वसनीय लगे, लेकिन इतिहास का यही स्पष्ट निर्णय है।

सामान्य सन्दर्भ

(४) काश्मीर

कल्हण, **राजतरंगिनी** [(१) एम० ए० स्टाइन, और (२) आर० एस० पंडित द्वारा अंग्रेजी में अदूदित]।

(६) कामरूप

राय, एच० सी० **डाइनेस्टिक हिस्टरी ऑफ नॉर्दर्न इंडिया,** जिल्द I, अध्याय V.

(७) बंगाल

मजुमदार, आर० सी० (संपा०) **हिस्टरी आफ बंगाल,** अध्याय V.

(८) उड़ीसा (ओडिसा)

बसाक, आर. जी. **हिस्टरी आफ नार्थ-ईस्टर्न इंडिया,** अध्याय VIII.
मजुमदार, आर. सी. "दि शैलोद्भव डाइनेस्टी",
ज. आ. हि. रि. सो., X, १-१५ इसमें विभिन्न मतों का विद्वानों के पूर्ण उल्लेख के साथ व्यौरेवार विवेचन है।

(९) वलभी

I. आधुनिक कृतियां

बम्बे गजेटियर, जिल्द I, खंड १।

संकालिया, एच. डी. **दि आर्क्योलॉजी आफ गुजरात,** पृ० २८–३२।

II लेख

राय, एन. आर. **मैत्रिकाज आफ बलभी,** इ. हि. क्वा. IV, पृ० ४५३-७४।

(१०) राजपूताना और गुजरात

(क) गुर्जर-प्रतिहार और नन्दिपुरी के गुर्जर राज्य।

I. आधुनिक कृतियां

बम्बे गजेटियर, जिल्द I, खंड I, परि. III; खंड २, पृ० ३१२ प. पृ०

मुंशी, के. एम, **दि ग्लोरी दैट वाज गुर्जर देश**, खण्ड III, अध्याय I.

II. लेख

भंडारकर, डी. आर. ज. ब. ब्रा. रा. ए. सो, XXI, ४०५ प. पृ.; ४१३ प. पृ०।

हार्नली, ए. एफ. आर., ज. रा. ए. सो., १९०४, पृ० ६३९ प. पृ०; १९०५, पृ० १ प. पृ० ।

मजुमदार, आर. सी. ज. डि. ले., X. १ प. पृ० (इसमें इस अनुभाग (सेक्शन) में आये कथनों का पूरा निर्देश दिया हुआ है।)

स्मिथ, व्ही. ए. ज. रा. ए. सो. १९०९, पृ० ५३ प. पृ०; २४७ प. पृ० । गुर्जरों और प्रतिहारों के मूल की जानकारी के लिए देखें इ. हि. क्वा. X. ३३७, ५८२-८३, ७६२; इ. क. I. ५१०; इ. हि. क्वा. X. ६१३; XI. १६७; इ. क., IV. ११३; ज. बि. ओ. रि. सो., XXIV. २२१; ए. भ. ओ. रि. इ., XVIII. ३९६; प्रो. इ. हि का., III. ५१३।

(ख) गुहिलौत

I. आधुनिक कृतियां

टॉड, कर्नल जे. **एनॉल्स ऐंड ऐन्टिक्विटीज आफ राजस्थान,** जिल्द I; एनॉल्स आफ मेवाड़ ।

वैद्य, सी. वी. **हिस्ट्री आफ मेडीव्हल इंडिया ।**

ओझा, पंडित जी एच. **हिस्ट्री आफ राजपूताना।**

बनर्जी, ए. सी. **राजपूत स्टडीज,** अध्याय I.

राय, एच. सी. **डाइनेस्टिक हिस्टरी आफ नार्दर्न इंडिया,** जिल्द II. अध्याय XVIII.

II. लेख

भंडारकर, डी० आर० "गुहिलौत्स", ज. प्रो. ए. सो. ब., १९०९, पृ० १६७ प. पृ० ।

राय चौधरी, जी. सी. **डी. आर. भंडारकर वाल्यूम,** पृ० ३११; प्रो. इ. हि. का., III. ८१२; इ. क. III. २१९।

गांगुली, डी. सी. इ. हि. क्वा.,X. ६१३।
दत्त, एस. इ. हि. क्वा., IV. ७९७।
हलदर, आर. आर. "दि गुहिलाज किंग्स आफ मेवाड़", इ. ए., १९२७। १६९।

(१२) अरब आक्रमण

लेख

धर, एस. एन. "दि अरब कंक्वेस्ट आफ सिन्ध" इ. हि. क्वा., XVI. ५९६।
गनी, एम० ए० "दि ऐड्वेन्ट आफ दि अरब्स इन हिन्दुस्तान "प्रो०ओ०का., X.४०३।
मजुमदार, आर० सी० "दि अरब इनवेजन आफ इंडिया"
ज. इ. हि., X. पूरक अंक।

परिच्छेद : ११

गुप्त-युग में दक्षिणा-पथ

सन् ५४२ ई० के लगभग, वादामि के चालुक्यों के शक्तिशाली कुल के उत्थान से पहले, दक्षिणा-पथ के विभिन्न भागों में, शताब्दियों से, अनेक राजघराने शासन करते आ रहे थे। इन राजघरानों को उनके प्रभाव-क्षेत्रों के अनुसार मध्यवर्ती, पश्चिमी और पूर्वी दक्षिणा-पथ के राज्य-समूहों में बाँट सकते हैं।

क. मध्यवर्ती दक्षिणा-पथ

I. वाकाटक

दक्षिणा-पथ और मध्य भारत के एक भाग में विन्ध्य शक्ति और उसके बहादुर बेटे प्रवरसेन-प्रथम के नेतृत्व में एक महान् शक्ति के रूप में वाकाटकों के उत्थान का वर्णन इससे पहले के भाग में किया जा चुका है।[1] हम देख चुके हैं कि चौथी शताब्दी ई० के पहले चतुर्थांश में जब प्रवरसेन प्रथम की मृत्यु हुई थी, वह अपने पीछे एक विशाल साम्राज्य छोड़ गया था, जो उत्तर में बुन्देलखंड से लेकर दक्षिण में पुराने हैदराबाद राज्य तक फैला हुआ था।

पौराणिक आख्यानों के अनुसार प्रवरसेन प्रथम के चार पुत्र राजा बने थे। क्या इससे यह सूचित होता है कि प्रवरसेन का साम्राज्य चारों बेटों के बीच बाँट दिया गया था? इसका ठीक निश्चय नहीं किया जा सकता। लेकिन इस अनुमान के पक्ष में थोड़ा सा प्रमाण उपलब्ध है। उत्कीर्ण अभिलेखों से इस बात की पुष्टि होती है कि प्रवरसेन प्रथम का साम्राज्य कम से कम दो भागों में बाँटा गया था; एक भाग उसके पुत्र गौतमीपुत्र के वंशजों के अधिकार में था, जिसका मुख्यालय नागपुर जिले में था और दूसरा भाग उसके पुत्र सर्वसेन और उसके वंशजों को मिला था, जिसकी राजधानी अकोला जिले में वत्सगुल्म के स्थान पर थी। यह सुझाव दिया जा सकता है कि प्रवरसेन प्रथम के जीवन काल में उसके बेटे विभिन्न प्रान्तों के गवर्नर या वायसराय थे, लेकिन उसकी मृत्यु के बाद वे या उनके वंशज उन प्रान्तों पर स्वतन्त्र रूप से शासन करने लगे होंगे। पौराणिक आख्यानों में प्रवरसेन के जिन दूसरे बेटों का उल्लेख किया गया है, उनके बारे में कुछ भी ज्ञात नहीं है। हालाँकि यह नामुमकिन

---

१. जिल्द II, (अंग्रेजी संस्करण) पृ. २१७-२२१।

नहीं है कि बाद में उनके द्वारा शासित प्रान्तों को भी गौतमीपुत्र के वंशजों के राज्य में मिला लिया गया हो, जो इस राजकुल की मुख्य शाखा का प्रतिनिधित्व करता था। यह तथ्य कि प्रवरसेन प्रथम के बाद इस कुल के किसी भी राजा को **सम्राड वाकाटक** की पदवी से नहीं पुकारा गया, साम्राज्य के बँटवारे के कारण उसकी शक्ति के ह्रास का सूचक हो सकता है।

१. वाकाटक परिवार की मुख्य शाखा

ऐसा लगता है कि प्रवरसेन प्रथम का सबसे बड़ा बेटा गौतमीपुत्र था, जिसकी शायद अपने पिता के समय में ही मृत्यु हो गयी थी, क्योंकि वाकाटकों के अभिलेखों में उसको कोई राजकीय पदवी नहीं दी गयी। गौतमीपुत्र के बेटे का नाम **महाराज** रुद्रसेन प्रथम था, जो भवनाग की बेटी से उत्पन्न हुआ था और जो अपने पितामह की गद्दी पर बैठा था तथा जिसके बारे में कहा गया है कि वह महा-भैरव (शिव का भयंकर रूप) का कट्टर उपासक था। यह नामुमकिन नहीं है कि वह अपने ननसाल के रिश्तेदार कट्टर शिवोपासक भारशिव नागों के प्रभाव में आकर शैव धर्म का अनुयायी बन गया हो। वाकाटक विवरणों में भारशिव राजा भवनाग के साथ रुद्रसेन के सम्बन्ध को इतनी प्रमुखता दिए जाने से सूचित होता है कि उसे अपने पितातह के साम्राज्य के अधिकांश भाग पर अपना अधिकार सुरक्षित करने में अपने रिश्तेदारों से काफी मदद मिली थी। चूंकि रुद्रसेन के समय का कोई अभिलेख प्राप्त नहीं है,[1] इसलिए उसके राज्य-काल की घटनाओं या उसके राज्य की सीमाओं के बारे में कुछ भी ज्ञात नहीं है।

कुछ विद्वान् रुद्रसेन प्रथम को आर्यावर्त्त के राजा रुद्रसेन के अभिन्न मानते हैं, जिसे समुद्रगुप्त ने सिंहासनच्युत किया था।[2] लेकिन बुन्देलखंड के अनेक भागों में रुद्रसेन के बेटे और उत्तराधिकारी पृथिवीषेण प्रथम के समय तक वाकाटकों का आधिपत्य था। इसके अलावा, अपने उत्तराधिकारियों की तरह अगर रुद्रसेन की राजधानी भी दक्षिणापथ के नागपुर जिले में होती तो वह समुद्रगुप्त के समकालीन आर्यावर्त शासक रुद्रदेव से भिन्न होता। यह भी सम्भव है कि मध्य-भारत में समुद्रगुप्त के विजय अभियान से पहले ही वाकाटक राजा रुद्रसेन प्रथम हो चुका हो।

रुद्रसेन प्रथम के बाद उसका बेटा पृथिवीषेण प्रथम गद्दी पर बैठा, जो अपने बाप की तरह ही महेश्वर (शिव) का उपासक था। उसके वंशजों के विवरणों में उसे असामान्य धर्मात्मा पुरुष बताया गया है, और उसे न सिर्फ **धर्म-विजयी** कहा गया है, बल्कि 'युधिष्ठिर जैसा आचरण करने वाला पुरुष' भी कहा गया है। उसकी प्रशंसा

---

१. देवटेक के शिलालेख को डा. मिराशी रुद्रसेन प्रथम का अभिलेख मानते हैं (प्रो. ओ. का., १९३५, पृ. ६१३-२२)।

२. देखिए पृ. ८।

में एक और उल्लेखनीय बात कही गयी है कि "वह एसा पुरुष था जिसके पुत्र और प्रपौत्र थे और जिसे सौ वर्षों तक अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए धन, सेना और सारे साधन उपलब्ध रहे थे।" इससे यह अन्दाजा लगाया जा सकता है कि पृथिवीषेण प्रथम शायद सौ वर्ष से अधिक जिया था। लेकिन यह तथ्य, कि उसके पुत्र और उत्तराधिकारी की मृत्यु अपेक्षया छोटी उम्र में ही हो गई थी, इस अनुमान को असम्भव-सा बना देता है। इससे अधिक संगत शायद यह सुझाव है कि पृथिवीषेण के राज्य-काल में (लगभग चौथी शताब्दी का तीसरा चतुर्थांश), विन्ध्य-शक्ति द्वारा संस्थापित वाकाटक साम्राज्य की एक शताब्दी पूरी हो गयी थी।

अभी तक स्वयं पृथिवीषेण प्रथम का कोई विवरण या अभिलेख प्राप्त नहीं हुआ है, लेकिन हमें व्याघ्रदेव के दो अभिलेख मिले हैं, जिनमें उसने वाकाटक वंश के **महाराज** पृथिवीषेण का सामन्त होने का दावा किया है। उसे पृथिवीषेण प्रथम से अभिन्न मानना चाहिए, यद्यपि कुछ लेखक उसे इसी नाम के दूसरे राजा से अभिन्न मानते हैं।[1] इनमें से एक अभिलेख नचना या पुरानी जसो रियासत में नचने-की-तलाई में मिला है, और दूसरा पहले की रियासत अजयगढ़ के गंज नामक स्थान में; दोनों

---

१. लगता है कि इन पुरालेखों के अक्षरों की अन्य वाकाटक विवरणों के अक्षरों से ध्यान-पूर्वक तुलना नहीं की गयी। नचना और गंज के अभिलेखों की पुरालिपिक विशेषताएँ निस्सन्देह प्रवरसेन प्रथम के प्रपौत्र विन्ध्यशक्ति द्वितीय के बसिम में मिले ताम्र-अनुदान-पत्र से पूर्वकाल की है, अर्थात् उनमें **व** का त्रिकोण रूप है और **त** और **ज** के पुराने रूप हैं। यद्यपि ताम्रपत्रों के अक्षर समकालीन प्रस्तर-लेखों के अक्षरों से ज्यादा विकसित होते हैं, लेकिन यह आश्चर्य की बात है कि नचना और गंज के विवरणों की पुरालिपि इतनी परवर्ती मानी गयी है कि हम व्याघ्रसेन के अधिराज को पृथिवीषेण के प्रथम के बजाय पृथिवीषेण द्वितीय से अभिन्न समझें, जो दरअसल पृथिवीषेण प्रथम के प्रपौत्र का प्रपौत्र था और उससे एक शताब्दी बाद हुआ था। नचना और गंज के अभिलेखों का यह पृथिवीषेण उस नाम का प्रथम वाकाटक राजा था, इसकी पुष्टि एक और प्रमाण से होती है। जैसा रायचौधरी ने बताया है, वाकाटक पृथिवीषेण द्वितीय के पर-दादा के समय से लेकर—अगर इससे भी पहले से नहीं तो—सन् ५८० ई. तक मध्य-भारत के बुन्देलखंड प्रदेश के सामन्तगण वाकाटक राजाओं को नहीं, बल्कि गुप्त सम्राटों को अपना अधिराज मानते थे। इसलिए बुन्देलखंड में सामन्त व्याघ्रदेव और उसके वाकाटक अधिराज पृथिवीषेण का शासन मध्य-भारत में गुप्तों का आधिपत्य स्थापित होने के बाद का नहीं हो सकता, जैसा समुद्रगुप्त के ऐरन वाले और चन्द्रगुप्त द्वितीय (सन् ३७६-४१४ ई.) के उदयगिरि और साँची वाले शिलालेखों से प्रमाणित है। पृथिवीषेण द्वितीय को किसी भी सूरत में सन् ५२८ ई. के बाद नहीं रख सकते, क्योंकि विन्ध्यशक्ति प्रथम के बाद वह वाकाटकों का नवाँ राजा था, और विन्ध्यशक्ति प्रथम को चौथी शताब्दी के दूसरे चतुर्थांश में रखना सम्भव नहीं है। यह तर्कसंगत नहीं लगता कि पृथिवीषेण द्वितीय से पहले के वाकाटकों की आठ पीढ़ियों का समय दो सौ वर्ष से अधिक माना जाए।

लेकिन कुछ विद्वानों का मत इससे भिन्न है (देखिए ज. रा. ए. सो. ब. ले., XII, १ प. पृ.), कभी-कभी व्याघ्रदेव की शिनाख्त उस नाम के उच्चकल्प राजा से की जाती है, जो लगता है कि पांचवीं शताब्दी के मध्य में शासन करता था। आर्यावर्त्त में बुन्देलखंड के व्याघ्रदेव की शिनाख्त इलाहाबाद के शिलालेख में उल्लिखित दक्षिणापथ के शासक व्याघ्रदेव से करना भी असंगत है।

जगहें मध्यभारत के पुराने बुन्देलखण्ड प्रदेश में हैं, जो स्पष्ट है, वाकाटकों के राज्य का हिस्सा था। शायद गुप्त-सम्राट समुद्रगुप्त ने सन् ३७६ ई० से कुछ पहले इन क्षेत्रों पर अपना कब्जा कर लिया था।

पृथिवीषेण प्रथम के बाद उसका बेटा महाराज रुद्रसेन द्वितीय गद्दी पर बैठा। उसने चन्द्रगुप्त द्वितीय, उर्फ देवगुप्त और उसकी नागवंशी रानी कुबेरनाग की बेटी प्रभावती गुप्ता[1] से विवाह किया था। यह विवाह पृथिवीषेण के शासन-काल में हुआ था या बाद में, इसका निर्णय नहीं किया जा सकता। लेकिन यह नामुमकिन नहीं कि जब वाकाटक राजा को उसके राज्य के मध्य-भारत के क्षेत्रों से निकाल दिया गया, तब उसने दक्षिणापथ की ओर गुप्तों की प्रगति रोकने के लिए यह विवाह-सम्बन्ध किया हो। यह सम्बन्ध वाकाटकों के इतिहास में एक मोड़ का सूचक है। रुद्रसेन द्वितीय अपनी गुप्तवंशी पत्नी और श्वसुर के प्रभाव में आकर चक्रपाणि (विष्णु) का उपासक बन गया। यह मानने का भी कारण है कि इसके बाद गौतमी-पुत्र परिवार के वाकाटक गुप्त सम्राटों की अधीनता में उनके सामन्त मित्र बन गये थे। यद्यपि शुरू के वाकाटकों की **महाराज** पदवी उनकी पराधीनता की सूचक नहीं थी, लेकिन यह अत्यन्त महत्त्वपूर्ण तथ्य है कि अनेक अभिलेखों में, जहाँ वाकाटक और गुप्त शासकों का साथ-साथ उल्लेख है, वाकाटकों के नाम से पहले तो **महाराज** का साधारण विशेषण लगा है, वहाँ गुप्त शासकों के नाम से पहले **महाराजाधिराज** जैसे अधिक सम्मानित विशेषण का प्रयोग मिलता है।[2] सम्भवतः गुप्त-सम्राटों को मध्य और पश्चिमी भारत के शासकों से, विशेषकर मालव और काठियावाड़ के शकों से, युद्ध करने में अपने दक्षिणी मित्र राज्यों से प्रचुर सहायता मिली थी।

रुद्रसेन द्वितीय की मृत्यु शायद सन् ४०० ई० के कुछ पहले या कुछ बाद में ही हुई थी। लगता है कि वह अपनी पटरानी प्रभावती गुप्ता से उत्पन्न तीन नाबालिग बेटे छोड़कर मरा था। उनके नाम थे दिवाकरसेन, दामोदरसेन और प्रवरसेन।[3]

---

१. मद्रास राज्य के करनूल जिले की श्रीशैल पहाड़ी के **स्थल-माहात्म्य** की एक परम्परा है, जिसके अनुसार चन्द्रगुप्त की बेटी राजकुमारी चद्रावती के हृदय में श्रीशैल के देवता के प्रति इतनी प्रबल भक्ति उमड़ी कि वह प्रतिदिन उस पर **मल्लिका** पुष्पों का हार चढ़ाने लगी। अक्सर विश्वास किया जाता है कि यह चंद्रावती दरअसल प्रभावती गुप्ता थी। इस परम्परा का जो भी ऐतिहासिक मूल्य हो, जो प्रत्यक्षतः बहुत सन्दिग्ध है, लेकिन यह शिनाख्त बिल्कुल असंगत है, क्योंकि प्रभावती के बारे में दावा किया जाता है कि वह कट्टर वैष्णव थी, जबकि श्रीशैल का देवता शिव-मल्लिकार्जुन है। इसके अलावा, ऐसा भी कोई प्रमाण नहीं मिलता, जिससे ज्ञात हो कि कुरनूल जिला कभी भी गौतमीपुत्र वंश के वाकाटकों के राज्य का हिस्सा था।

२. यह सोचना असम्भव है कि वाकाटकों के सरकारी पदाधिकारी और प्रजागण इन दोनों पदवियों में फर्क के प्रति सचेत नहीं थे।

३. अक्सर यह माना जाता है कि प्रवरसेन द्वितीय का ही दूसरा नाम दामोदरसेन था। लेकिन यह मत इस कारण स्वीकार्य नहीं है कि हमें यह ज्ञात है कि प्रवरसेन द्वितीय प्रौढ़ अवस्था में गद्दी पर बैठा था, जब उसकी मां की आयु ८० वर्ष की थी। प्रभावती गुप्ता ने निश्चय ही इस उम्र तक पहुँचने से बहुत पहले शासन करना छोड़ दिया था।

दिवाकरसेन **युवराज** था और उसके बालिग होने तक उसकी मां १३ वर्ष तक शासन करती रही। अपर्याप्त जानकारी की वर्तमान स्थिति में यह कहना मुश्किल है कि रुद्रसेन द्वितीय के **अग्रमहिषी** प्रभावती गुप्ता से आयु में बड़ी दूसरी रानियां और **युवराज** दिवाकरसेन से उम्र में बड़े अन्य पुत्र थे या नहीं। यह बताना भी कठिन है कि प्रभावती और उसके बेटों को गद्दी गुप्त सम्राटों से उनके सम्बन्ध के कारण मिली थी। यह प्रश्न भी अनुत्तरित है कि क्या प्रभावती का सबसे बड़ा बेटा अपने बाप से पहले ही मर गया था,[१] या दिवाकरसेन से जो भी बड़ी सन्तानें थीं, वे सब बेटियाँ ही थीं। वैसे यह आम यकीन है कि रुद्रसेन द्वितीय की मृत्यु थोड़े दिन शासन करने के बाद जवानी में ही हो गयी थी। एक अभिभावक के रूप में प्रभावती गुप्ता के इतने लम्बे शासन-काल से स्पष्ट है कि दिवाकरसेन को सोलह वर्ष की उम्र के बाद भी **महाराज** नहीं बनाया गया था।[२] इसका कारण कुछ विशेष कठिनाइयां हो सकती हैं या फिर प्रभावती गुप्ता का सत्ता-मोह।[३]

पूना में प्राप्त हुए अनुदान-पत्र[४] पर खुद प्रभावती गुप्ता के शासन के तेरहवें साल की तारीख है, जैसा उस पर लगी मुहर में अंकित प्रशस्ति से निर्देशित है। यह अनुदान-पत्र उस रानी ने जारी किया था जो अपने को नन्दिवर्धन या नान्दीवर्धन के "युवराज दिवाकरसेन की मां" कहती थी। लगता है यह नन्दिवर्धन या नान्दीवर्धन यदि पहले से नहीं तो कम से कम रुद्रसेन द्वितीय के समय से वाकाटक-परिवार की इस शाखा की राजधानी थी। कुछ लेखकों ने इस स्थान की शिनाख्त नागपुर से लगभग १३ मील उत्तर में रामटेक के निकट स्थित आधुनिक नगर्धन या नन्दर्धन से की है, और कुछ ने नगर्धन से भी २१ मील उत्तर में स्थित नन्दपुर से की है।[५] अभी

---

१. जब वह सौ वर्ष से अधिक आयु की हो चुकी थी, तब उसके लिए प्रयुक्त "जीवत-पुत्र-प्रपौत्र" विशेषण इस कथा के खिलाफ जा सकता है। यह ज्ञात नहीं है कि पुरालेखों में पृथिवीषेण के जिन पुत्र और प्रपौत्रों का हवाला है उससे अभिलेखों में उल्लिखित प्रभावती गुप्ता के बेटे ही संकेतित हैं।

२. यह बात इसलिए असामान्य लगती है कि हम एक आठ वर्ष के बालक को भी वत्सगुल्म के वाकाटकों की गद्दी पर बैठा हुआ देखते हैं। किसी अज्ञात कारण से ही ऐसा हो सकता है कि दिवाकर गुप्त सोलह वर्ष की आयु के बाद भी गद्दी पर नहीं बैठ सका, जैसा कि पल्लवों के **युवमहाराज** विष्णु गोपवर्मन् के साथ हुआ था। देखिए, ज. रा. ए. सो. ब. ले., XII, ७१ प. पृ., XIII. ७५ प. पृ.।

३. इस विषय पर विभिन्न दृष्टिकोणों को समझने के लिए और वाकाटकों के कालानुक्रम के समग्र प्रश्न का जायजा लेने के लिए, देखिए ज. रा. ए. सो. ब. ले., XII, १ प. पृ.।

४. यह सुझाव कि प्रभावती गुप्ता के अनुदान-पत्रों का मसौदा "पाटलिपुत्र से बुलाये गए एक पदाधिकारी" ने तैयार किया था, गलत लगता है, क्योंकि उसमें उल्लिखित गुप्तों के वंशानुक्रम में गम्भीर त्रुटियाँ मिलती हैं। देखिए, सक्से. सात., पृ. ८८, टिप्पणी-१।

५. यह निश्चित है कि नन्दिवर्धन नागपुर से ज्यादा दूर नहीं था। देखिए राष्ट्रकूट राजा कृष्ण तृतीय के देवली में प्राप्त अनुदान-पत्र से नागपुर के गिर्द के जिले का नाम नागपुर-नन्दिवर्धन दिया गया है।

तक ऐसा प्रमाण नहीं मिला है, जिससे मालूम हो कि दिवाकरसेन कभी भी **महाराज** के रूप में अपने पिता की गद्दी पर बैठा था। प्रभावती गुप्ता के एक अन्य शिलालेख में, जिस पर प्रवरसेन द्वितीय के शासन-काल के उन्नीसवें वर्ष की तारीख पड़ी है, वह "विख्यात महाराजाओं, दामोदरसेन और प्रवरसेन की मां" कही गयी है। यह अनुदान-पत्र जारी होते वक्त यदि प्रभावती गुप्ता की आयु सौ वर्ष से अधिक हो चुकी थी तो निश्चय ही **महाराज** दामोदरसेन ने आरम्भ में अपनी मां के, और बाद में प्रवरसेन द्वितीय के शासन-कालों के बीच काफी लम्बे अरसे तक राज किया था।[१] प्रवरसेन द्वितीय के तिरोदी वाले अनुदान-पत्र से ज्ञात होता है कि उसके शासन-काल के तेईसवें वर्ष में भी प्रभावती गुप्ता जीवित थी।

प्रभावती गुप्ता का दूसरा अनुदान-पत्र भगवान रामगिरिस्वामी के चरणों से जारी किया गया था, जिसकी शिनाख्त नागपुर के निकट रामटेक के देवता से की गयी है। शायद वह उस समय रामटेक के मन्दिर की यात्रा पर गयी थी। उसके दोनों अभिलेखों में उसे भगवत (विष्णु) भक्त कहा गया है और उसके गोत्र (धारण-गोत्र) तथा कुल-नाम (गुप्त) पिता के बताये गये हैं।[२]

चूंकि प्रभावती गुप्ता की मृत्यु उसके वयोवृद्ध भाई कुमारगुप्त (सन् ४१४-४५५ ई०) के शासन के अन्त से बहुत पहले नहीं हुई थी, इसलिए प्रवरसेन द्वितीय का शासन-काल पाँचवीं शताब्दी के मध्य में माना जा सकता है। प्रवरसेन द्वितीय के शासन-काल के दूसरे वर्ष से लेकर सत्ताईसवें वर्ष तक के अनेक अनुदान-पत्र मिले हैं। ये अनुदान-पत्र वर्धा, चिंदवार, सिवनी, नागपुर, बालाघाट, अमरावती और बेतुल जिलों में प्राप्त हुए हैं और उनमें आमतौर पर अपने प्राप्ति स्थानों (जिलों) की भूमियों का ही उल्लेख है। इसलिए प्रवरसेन ने कम से कम २७ वर्ष तक, लगभग पूरे बरार पर, उसके कुछ दक्षिणी भाग को छोड़कर, लेकिन मध्य-प्रदेश के कुछ पश्चिमी जिलों को मिलाकर, शासन किया था। लगता है कि यह सारा क्षेत्र उसे अपने पूर्वजों से विरासत में मिला था। प्रवरसेन द्वितीय के प्रारम्भिक अनुदान-पत्र नन्दिवर्धन के नगर से जारी किये गये थे, लेकिन बाद के अनुदान-पत्र एक नये नगर से जारी किये गये थे जिसका नाम प्रवरसेनपुर था, जिसकी स्थापना, जाहिर है, कि उसने अपने नाम पर ही की थी। नई राजधानी शायद पुरानी राजधानी से अधिक दूर नहीं थी, हालाँकि कुछ विद्वान् वर्धा जिले के पओनर (या पौनार) से उसकी शिनाख्त करते हैं। प्रवरसेन द्वितीय का तिरोदी अनुदान-पत्र नरत्तंगवारि-स्थान से जारी किया

---

१. इस तथ्य से इस बात की कोई सम्भावना नहीं रह जाती कि दामोदरसेन और प्रवरसेन द्वितीय एक ही समय में अपने पिता के राज्य के विभिन्न भागों पर शासन करते थे।

२. यह बात प्रमाणपुष्ट है कि प्राचीन भारत में विवाह की लोक-प्रचलित प्रथा में गोत्रान्तर अनिवार्य नहीं था, शायद **सम्प्रदान** की कमी के कारण। (प्रो. इ. हि. का., १९४५, पृ. ४८ प. पृ.)।

गया था। यह शायद कोई तीर्थ-स्थान था, जिसकी उसने यात्रा की थी। प्रवरसेन के प्रशासन की विशेषता यह थी कि अधीन राज्यों में वायसराय या हाई-कमिश्नर के रूप में नियुक्त पदाधिकारी **सेनापति** कहलाते थे। इनमें से कुछ **सेनापतियों** के नाम, जैसे चित्रवर्मन, नामिदास, कात्यायन, और बप्पदेव, उसके अभिलेखों से ज्ञात हुए हैं। उसके अधीन सामन्त नरेश—शत्रुघ्नराज और उसका पुत्र कोंडराज—शायद अमरावती जिले के भोजकट-**राज्य** के शासक थे, जो **सेनापति** चित्रवर्मन के निरीक्षण में था। छिन्दवाड़ा जिले का आरम्भिक-**राज्य** सेनापति नामिदास के प्रशासन में था, जो सम्भवतः तिरोदि के अनुदान-पत्र का "राज्याधिकृत" (मुख्य मंत्री) नवमीदास ही है। एक अभिलेख में **रजुक** का जिक्र है, जो शायद सम्राट अशोक के अभिलेख का **रज्जुक** ही हो।

अक्सर वाकाटक-परिवार के प्रवरसेन द्वितीय को महाराष्ट्री प्राकृत में लिखे **सेतुबंध काव्य** के रचयिता से अभिन्न माना जाता है। यद्यपि एक दूसरे मत के अनुसार इसका लेखक इसी नाम के एक काश्मीरी राजा को बताया जाता है। कुछ विद्वानों का विचार है कि **सेतुबंध** के लेखक से सम्बन्धित कुछ साहित्यिक परम्पराएँ वाकाटक प्रवरसेन द्वितीय के इतिहास पर, विशेषकर अपने मामा के साथ उसके सम्बन्धों पर, विशेष प्रकाश डालती हैं। राजशेखर की **काव्यमीमांसा**, भोजके **श्रृंगारप्रकाश** और **सरस्वती-कंठाभरण** तथा क्षेमेन्द्र के **औचित्यविचारचर्चा** में एक श्लोक उद्धृत किया गया है, जिसका अर्थ है कि कुन्तल के राजा ने शासन का कार्य एक व्यक्ति (कुछ लोग उसे विक्रमादित्य मानते हैं) के हाथ में सौंप दिया और भोग-विलास का जीवन व्यतीत करने लगा। भोज के अनुसार इस श्लोक में कालिदास की वह रिपोर्ट है, जो उसने अपने संरक्षक विक्रमादित्य को दी थी, जिसने उसे कुन्तल के राजा के दरबार में राजदूत बना कर भेजा था। क्षेमेन्द्र का कहना है कि यह श्लोक कालिदास के **कुन्तेश्वरदौत्य** से लिया गया है, जिसे **कुन्तलेश्वरयौत्य** का गलत रूप माना जाता है। बाण के **हर्ष-चरित** में कहा गया है कि **सेतु** या **सेतुबंध** प्रवरसेन की रचना है। लेकिन बाद की एक कृति, जिसका नाम **भरतचरित** है, इसको **कुन्तलेश** (कुन्तल के राजा) की रचना बताती है। रामदास के अनुसार, जिसने **रामसेतुप्रदीप** नाम से सोलहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में **सेतुबन्ध** की टीका लिखी है, यह काव्य नये-नये गद्दी पर बैठे राजा प्रवरसेन ने लिखा था, जो भोजदेव से अभिन्न था और विक्रमादित्य के कहने पर कालिदास ने इसका संशोधन किया था। इन साहित्यिक परम्पराओं के आधार पर अक्सर बड़े भारी-भरकम निष्कर्ष निकाले जाते हैं। यह माना जाता है कि वाकाटक राजा प्रवरसेन द्वितीय **सेतुबन्ध** का रचयिता था, कि उसका राज्य कुन्तल के नाम से प्रसिद्ध था, कि उसे भोजदेव पुकारा जाता था, क्योंकि वाकाटक भोज-जनपद की एक शाखा थे, और कि अपने राज्य-काल के आरम्भिक दिनों में उसने प्रशासन का कार्य अपने नाना चन्द्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य के हाथ में सौंप दिया था, आदि। कालिदास, जो श्रुति-परम्परा के अनुसार विक्रमादित्य सम्भवतः चन्द्रगुप्त द्वितीय, की राजसभा से सम्बद्ध

था, और विदर्भ या बरार के बीच सम्बन्ध का होना सम्भावित है।[१] लेकिन इनमें से अधिकांश निष्कर्षों का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि वे वाकाटक इतिहास के ज्ञात तथ्यों से प्रतिकूल हैं। वाकाटक राजा कुन्तल का शासक था, यह इस बात से ही गलत सिद्ध हो जाता है कि प्रवरसेन द्वितीय ने अपने एक पुत्र का विवाह कुन्तल के राजा की बेटी से किया था। यह कुन्तल राज्य निस्सन्देह कन्नड़ क्षेत्र में बनवासि के गिर्द वाले जिले का नाम था।[२] कुन्तल के राजा से इस सम्बन्ध को वाकाटक कितना महत्त्व देते थे, यह इस बात से जाहिर है कि उसके बेटे के विवरण में कुन्तल राजकुमारी का प्रमुख रूप से उल्लेख किया गया है। कुन्तल की राजसभा में कालिदास के राजदूत की हैसियत से जाने वाली परम्परा की चाहे जो कीमत हो, लेकिन यह निश्चित है कि पाँचवीं शताब्दी का कुन्तल राजा कदम्ब-परिवार के अलावा और किसी परिवार का नहीं माना जा सकता। इस सम्बन्ध में यह बात स्मरणीय है कि कदम्ब राजा काकुत्स्थवर्मन् (सन् ४०५-४३५ ई०) ने अपनी एक बेटी का विवाह एक गुप्त राजकुमार से किया था। इसके अलावा, प्रवरसेन जब गद्दी पर बैठा था, उस समय उसकी मां की आयु अस्सी वर्ष से अधिक थी, इसलिए वह खुद भी नौजवान नहीं था और उसके नाना की सम्भवतः बहुत पहले ही मृत्यु हो चुकी थी। प्रवरसेन द्वितीय चन्द्रगुप्त-द्वितीय के उतने प्रभाव में नहीं था, जितना कि आमतौर पर ख्याल किया जाता है। यह इस बात से सूचित होता है कि उसके पितामह के जमाने में चन्द्रगुप्त द्वितीय के प्रभाव के कारण भागवत धर्म (वैष्णव मत) का सर्वत्र प्रसार हो गया था, लेकिन प्रपौत्र अपने लम्बे राज्य-काल में लगातार **परम-माहेश्वर** (महेश्वर या शिव का उपासक) बना रहा और उसका दावा था "कि शम्भु के वरदान से वह भी उतना ही धर्मात्मा है जितना कि कोई सतयुग का व्यक्ति होता था।" यह बात शायद असम्भव नहीं है कि **सेतुबन्ध** का रचयिता प्रवरसेन द्वितीय ही हो, लेकिन इसमें सन्देह इसलिए होता है कि इस काव्य की कथावस्तु वैष्णव है, जबकि राजा कट्टर शैव था।

प्रवरसेन द्वितीय के बाद उसका बेटा **महाराज** नरेन्द्रसेन गद्दी पर बैठा। उसका विवाह कुन्तल के राजा की बेटी अज्झित भट्टारिका से हुआ था। इस कुन्तल राजकुमारी का बाप कदम्बों का राजा काकुत्स्थवर्मन रहा होगा, जिसका कहना है कि उसने अपनी बेटियों के विवाह कई महत्त्वपूर्ण राजघरानों के राजकुमारों से किये थे। कहा जाता

---

१. कालिदास की काव्य-शैली, सातवीं शताब्दी ई. में ही **वैदर्भी-रीति** के नाम से प्रसिद्ध हो गयी थी। यह रोचक और स्मरणीय बात है कि कवि ने अपने **मेघदूत** काव्य में **रामगिरि** (नागपुर के निकट, आधुनिक रामटेक) को अमर कर दिया है।

२. देखिए, सक्से. सात., पृ. २१५-१६। यह मत कि कुन्तल मानपुर के राष्ट्रकूटों के राज्य क्षेत्र को सूचित करता है, दरअसल **कुन्तलानाम प्रशासिता** की 'कुन्तल के शासक' के रूप में व्याख्या करने पर आधारित है। लेकिन इस वाक्यांश का वास्तविक अर्थ है कुन्तलों को दण्ड देने वाला अर्थात् कदम्ब। (इ. हि. क्वा., XXII, ३०९; XXIII, ६५, ३२०)।

है कि नरेन्द्रसेन के आदेशों का पालन कोसला, मेकला और मालव के राजा करते थे, लेकिन इन राज्यों पर उसका राजनीतिक प्रभाव किस सीमा तक था, इसका ठीक-ठीक निर्णय करना कठिन है। लगता है कि कोसला और मेकला शायद दक्षिण-कोसल (रायपुर-विलासपुर-सम्बलपुर क्षेत्र) और मेकल (अमरकंटक पहाड़ियों के गिर्द का क्षेत्र) की राजधानियों के नाम थे, और जैसा **कामसूत्र** की एक टीका में संकेत किया गया है, मालव शायद पूर्वी मालवा को कहा गया है। चूँकि ये सारे क्षेत्र गुप्तों के प्रभुत्व में थे, जिनका पाँचवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में सुदूर सीमान्त-प्रदेशों और अधीन राज्यों पर प्रभाव शिथिल हो गया था, इसलिए वाकाटक राजा का दावा निस्सन्देह अपने शासन-काल की ओर ही संकेत करता है। कोसल, मेकल और मालव के राजाओं के बारे में, जो शायद नरेन्द्रसेन के सामन्त मित्र राजा थे, कुछ भी मालूम नहीं है। लेकिन दक्षिणी कोसल का शासक, लगता है, शरभपुर का राजा था और मेकल का राजा शायद पाण्डुवंशियों में से था। जिस समय ये देश गुप्त-साम्राज्य के प्रभाव-क्षेत्र में थे, उस समय, हूणों के आक्रमण से पहले तक, मालवा गुप्त-साम्राज्य का अभिन्न अंग था। नरेन्द्रसेन के बारे में उसके बेटे के विवरण में कहा गया है कि उसने अपने खानदान की प्रतिष्ठा और सम्पत्ति फिर से हासिल कर ली थी, शायद किसी दुश्मन के हाथ से। इसमें शायद गुप्त-सम्राटों के सामन्तों के विरुद्ध उसकी सफलता की ओर संकेत हो, जिनकी तरह वह और उसके पूर्वज भी गुप्तों के सामन्त मित्र राजा थे।

नरेन्द्रसेन के बाद पृथिवीषेण द्वितीय गद्दी पर बैठा, जो उसका कुन्तल रानी से उत्पन्न पुत्र था। बालाघाट में प्राप्त अभिलेख (अनुदान-पत्र) में पृथिवीषेण को **परम-भागवत** (विष्णु या भगवत का परम भक्त) कहा गया है। यह बात गुप्तों की फिर से प्रभाव-वृद्धि की सूचक है या नहीं, यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता। लेकिन यह बात ध्यान देने लायक है कि पृथिवीषेण ने दो बार खानदान की खोयी हुई सम्पत्ति को फिर से वापस कर लेने का दावा किया है। यद्यपि निश्चित रूप से कुछ पता नहीं कि इन दावों में जिन विपत्तियों की ओर संकेत किया गया है, वे किस किस्म की थीं, लेकिन शायद इनमें उन युद्धों की ओर संकेत है जो उसने वत्सगुल्म के हरिषेण और नल-वंश के भवदत्तवर्मन से लड़े थे। पृथिवीषेण का एक अनुदान-पत्र बेम्बार (जिसकी चाँद जिले के बेम्बल से शिनाख्त की गयी है) से और दूसरा शायद पद्मपुर (भंडार जिले का आधुनिक पद्मपुर) से जारी किया गया था। पृथिवीषेण द्वितीय के बाद इस परिवार के इतिहास के बारे में कुछ भी ज्ञात नहीं है।

२. वत्सगुल्म के वाकाटक

वत्सगुल्म या वत्स्यगुल्म के नगर का सबसे पहले **महाभारत** और वात्स्यायन के **कामसूत्र** में उल्लेख मिलता है, जो अपने वर्तमान रूप में वाकाटकों के युग की रचनाएँ हैं। इस नगर का मूल-स्थान बरार के अकोला जिले में आधुनिक बसिम की जगह पर निर्धारित किया गया है। वत्सगुल्म के वाकाटकों का सबसे प्राचीन पुरालेखीय

विवरण वसिम में प्राप्त हुआ **धर्म-महाराज** विन्ध्यशक्ति द्वितीय का अनुदान-पत्र है, जो **धर्म-महाराज** सर्वसेन का बेटा, प्रवरसेन प्रथम का पोता और वाकाटक-वंश के संस्थापक विन्ध्यशक्ति प्रथम का पर-पोता था। पुराणों में प्रवरसेन प्रथम के उन बेटों का उल्लेख है जो राजा बन गये थे, इससे यह अनुमान किया जा सकता है कि सर्वसेन वसिम के गिर्द वाले क्षेत्र में एक नये राज्य का संस्थापक था। **कामसूत्र** में विदर्भ और वत्सगुल्म में भेद किया गया है, जिससे शायद यह सूचित होता है कि विदर्भ का राज्य वाकाटकों की मुख्य शाखा के शासन में था और वत्सगुल्म के क्षेत्र पर इस परिवार की एक सगोत्र शाखा का राज्य था। वत्सगुल्म से जारी किये गये विन्ध्यशक्ति द्वितीय के अनुदान-पत्र से, जिस पर उनके शासन-काल के ३७वें वर्ष की तारीख है, यह ज्ञात होता है कि उसने नन्दीकट के क्षेत्र में, जिसकी पुराने हैदराबाद-राज्य के नान्दर गाँव से शिनाख्त की गई है, एक गाँव दान में दिया था। इससे जाहिर होता है कि विन्ध्यशक्ति द्वितीय ने लम्बे काल तक शासन किया था और उसके राज्य के अन्तर्गत बरार की दक्षिणी सीमा से सटे इलाके, हैदराबाद के उत्तरी जिले और शायद आस-पड़ोस के कुछ और क्षेत्र भी थे।

पुराने हैदराबाद राज्य के औरंगाबाद जिले में स्थित अजन्ता की गुफाओं में एक अभिलेख का टुकड़ा मिला है, जिसके बारे में पहले विश्वास किया जाता था कि उस पर वाकाटक राजाओं—प्रवरसेन प्रथम, उसके **पुत्र** (जो समझा जाता है कि गलती से **प्रपौत्र** की बजाय **पुत्र** अंकित हो गया है) रुद्रसेन प्रथम और उसके भी पुत्र पृथिवीषेण प्रथम के नाम दिये गये हैं। बाद में यह मत पेश किया गया कि वास्तव में यह विवरण वाकाटकों के वसिम परिवार का है और हमें रुद्रसेन प्रथम और पृथिवीषेण प्रथम की जगह इन नामों को क्रमशः सर्वसेन और विन्ध्यसेन पढ़ना चाहिए और बाद वाला नाम सम्भवतः विन्ध्यशक्ति द्वितीय के लिए प्रयुक्त हुआ है। **रुद्रसेन** का **सर्वसेन** के रूप में संशोधन करने पर सन्देह नहीं किया जा सकता लेकिन अभिलेख इतनी जर्जर अवस्था में है और **विन्ध्यसेन** और **विन्ध्यशक्ति** के रूपों में इतना फरक है कि दूसरा संशोधन संदिग्ध हो जाता है। अगर इस नये पाठ को तरजीह दी जाए, तो इसमें सन्देह नहीं कि विन्ध्यसेन को विन्ध्यशक्ति से ही अभिन्न मानना होगा, लेकिन अगर पुराने पाठ को स्वीकार किया जाए तो पृथिवीषेण को उस राजा का एक भाई मानना होगा। अजन्ता के इस अभिलेख में कहा गया है कि इस राजा ने कुन्तल के राजा को हराया था। जाहिर है कि वह बनवासि का कोई कदम्ब राजा रहा होगा जो चौथी शताब्दी ई० के मध्य में शासन करता था। इस सम्बन्ध में स्मरण रखना चाहिए कि चन्द्रवल्लि के अभिलेख[1] के अनुसार कदम्ब राजा मयूरशर्मा का आभीरों और त्रैकूटकों से युद्ध हुआ था, जो वाकाटकों के पड़ौसी थे।

---

१. प्रोफेसर शास्त्री के इस मत (न्यू. हि. इ. पी., VI. २२८) से सहमत होना कठिन है कि इस अभिलेख की प्रामाणिकता सन्दिग्ध है। मयूरशर्मा के बारे में देखिए परि. XIII, IV.

अजन्ता के अभिलेख के अनुसार कुन्तल राजा के विजेता के बाद उसका बेटा प्रवरसेन गद्दी पर बैठा, जिसे हम नन्दिवर्धन और प्रवरपुर के प्रवरसेन द्वितीय से अलग करने के लिए वत्सगुल्म का प्रवरसेन द्वितीय पुकार सकते हैं। वत्सगुल्म के इस प्रवरसेन द्वितीय की शायद जल्दी ही मृत्यु हो गयी थी, क्योंकि गद्दी पर बैठने के समय उसके पुत्र और उत्तराधिकारी की उम्र केवल आठ वर्ष की थी। अजन्ता के अभिलेख का जितना हिस्सा सुरक्षित रह गया है, उसके अन्दर इस राजा का नाम पढ़ा नहीं जा सकता, लेकिन उसमें आगे उसके बेटे और उत्तराधिकारी देवसेन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की गयी है। उसमें हस्तिभोज का भी उल्लेख किया गया है, जो घटोत्कचों के एक गुफा-लेख के अनुसार देवसेन का मंत्री था। एक अनुदान-पत्र से भी हमें **महाराज** देवसेन का पता चलता है, जो उसने वत्सगुल्म से जारी किया था।

उससे अगला शासक देवसेन का बेटा हरिषेण था, जो वाकाटक परिवार की मुख्य शाखा के राजाओं—नरेन्द्रसेन और पृथिवीषेण द्वितीय—का समकालीन लगता है। यह पाँचवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में शासन करता था। निश्चित रूप से कुछ भी ज्ञात नहीं है कि वत्सगुल्म के **महाराजों** और उनके परिवार की दूसरी शाखा के **महाराजों** में, जो नागपुर जिले से शासन करते थे, परस्पर सम्बन्ध कैसा था। अजन्ता का यह अभिलेख **वराहदेव**[1] नाम के एक कट्टर बौद्ध ने उत्कीर्ण करवाया था, जो राजा हरिषेण का **सचिव** और शायद हस्तिभोज का बेटा था।

ऐसा लगता है कि हरिषेण अपने समय का एक जबर्दस्त और परमप्रतापी राजा था। सम्भवतः अजन्ता के अभिलेख में उसके बारे में कहा गया है कि उसने कुन्तल (कदम्बों का राज्य-क्षेत्र), अवन्ति (पश्चिमी मालवा), कलिंग (श्रीकाकुलम-विशाखापट्टम क्षेत्र के कलिंगाधिपतियों का राज्य-क्षेत्र), कोसल (रायपुर-विलासपुर-सम्बलपुर क्षेत्र), त्रिकूट (उत्तरी कोंकण में त्रैकूटकों का क्षेत्र), लाट (नवसारि-भड़ौंच क्षेत्र), आन्ध्र (कृष्णा नदी के मुहाने का क्षेत्र) तथा अन्य देशों पर, जिनके नाम पढ़े नहीं जा सकते, अपना प्रभुत्व जमा लिया था। हरिषेण का इन उपर्युक्त देशों के साथ ठीक-ठीक सम्बन्ध निर्धारित नहीं किया जा सकता, लेकिन यह विश्वास करना कठिन है कि उसने इनमें से किसी को भी पूरी तरह अपने कब्जे में ले लिया था। लेकिन यह स्मरण रखना दिलचस्प होगा कि कुन्तल के राजा की, जो वाकाटकों के मुख्य परिवार का रिश्तेदार और शायद मित्र भी था, वत्सगुल्म के वाकाटकों से दुश्मनी थी। दक्षिणी कोसल और मालवा के क्षेत्रों पर दोनों घरानों के प्रभुत्व का दावा किया गया है। यह नामुमकिन नहीं है कि हरिषेण की सफलताओं ने अस्थायी रूप से मुख्य शाखा के

---

१. यह ज्ञात नहीं है कि देवसेन और हरिषेण के जमाने में हस्तिभोज और वराहदेव औरंगाबाद जिले के गवर्नर थे। अजन्ता में ही मिले एक और शिलालेख में, जो शायद हरिषेण के काल का है, सामन्त-शासकों के एक परिवार का उल्लेख मिलता है। हो सकता है कि अजन्ता की कुछ गुफाओं की खुदाई इन पदाधिकारियों और सामन्तों ने करवाई हो।

वाकाटकों की शक्ति पर ग्रहण लगा दिया हो और दोनों के आपसी संघर्ष के कारण छठी शताब्दी ई० के आरम्भ में एक साथ ही दोनों घरानों का तेज़ी से पतन हो गया हो।

उन वास्तविक घटनाओं के कारण और स्वरूप के बारे में कुछ भी ज्ञात नहीं है, जो वाकाटकों के पतन के लिए जिम्मेदार थीं। छठी शताब्दी के उत्तरार्ध में दक्षिणा-पथ पर चालुक्यों के कब्जे के सिलसिले में उन राज्यों की, जिन्होंने चालुक्यों का विरोध किया था, सूची में वाकाटकों का नाम नहीं आता। आरम्भ में चालुक्य सम्राटों को दक्षिणी मध्यप्रदेश और उससे लगे हुए क्षेत्रों के नलों, कोंकण के मौर्यों, उत्तरी महाराष्ट्र के कलचुरियों और उनसे लगे हुए अन्य प्रदेशों को हराना पड़ा था। यह नामुमकिन नहीं है कि छठी शताब्दी ई० के मध्य तक दोनों वाकाटक घरानों का अधिकांश राज्य नलों के हाथ में आ गया था, जैसा अगले अनुच्छेद में दिखाया जाएगा। एक राष्ट्रकूट राजा मानांक ने जो पाँचवीं शताब्दी ई० के मध्य में सतारा-कोल्हापुर क्षेत्र पर राज करता था, दावा किया है कि उसने अश्मक (उत्तरी हैदराबाद), विदर्भ (बरार और मध्य प्रदेश के कुछ भाग) और कुन्तल को हराया था। सम्भव है कि यह कदम्बों और दोनों घरानों के वाकाटकों के साथ उसके युद्ध का संकेत करता हो।[1]

लगता है कि वाकाटक बड़े विद्याप्रेमी और साहित्य के संरक्षक थे। श्रीधरदास के **सदुक्तिकर्णामृत** में उद्धृत कुछ श्लोक युवराज दिवाकर के रचे बताये जाते हैं। इसे युवराज दिवाकरसेन से अभिन्न माना जा सकता है। हम पहले देख चुके हैं कि नन्दि-वर्धन और प्रवरपुर के प्रवरसेन द्वितीय को **सेतुबन्ध** का रचयिता माना जाता है, यद्यपि यह बात असन्दिग्ध नहीं है। वत्सगुल्म के सर्वसेन को **हरविजय** काव्य का रचयिता माना गया है। इन मतों का जो भी मूल्य हो इसमें सन्देह नहीं है कि संस्कृत काव्य रचना की वैदर्भी-रीति या बरार शैली की ख्याति इसी कारण है कि उसका विकास विदर्भ के वाकाटकों के राज दरबार में हुआ था। इस तथ्य से भी इस बात की पुष्टि होती है कि, यद्यपि सातवीं शताब्दी में दण्डी के **काव्यादर्श** की रचना से पहले ही इस शैली का वैदर्भी-रीति नाम प्रसिद्ध हो गया था, कई शताब्दियों से लेकर छठी शताब्दी के आरम्भ तक उस देश पर लगातार वाकाटकों का शासन रहा था। इसमें कोई सन्देह नहीं है कि अजन्ता की कुछ विशाल गुफाएं वाकाटकों के काल में ही, सम्भवतः खुद

---

१. अश्मक देश की प्राचीन राजधानी का नाम पौदन्य था, जो हैदराबाद राज्य का आधुनिक बोधन नामक स्थान है। साधारणतया इसके अन्तर्गत मूलक, अर्थात् प्रतिष्ठान के गिर्द का इलाका (औरंगाबाद जिले में गोदावरी तट पर आधुनिक पैठन) और कभी-कभी कलिंग, विदर्भ और अवन्ति-दक्षिणापथ के कुछ क्षेत्र भी आ जाते थे। यह तथ्य कि वत्सगुल्म के वाकाटकों का शासन उत्तरी हैदराबाद के नान्दीकट अर्थात् नान्दर जिला तक फैला हुआ था, जो बोधन से अधिक दूर नहीं है, यह संकेत करता है कि उनके राज्य-प्रदेश को शायद अश्मक नाम से पुकारा जाता हो। देखिए, इ. हि. क्वा. XXII, २३३, ३०९; XXIII, ६५, ३२०।

उनके और उनके पदाधिकारियों की देखरेख और संरक्षण में, खोदी गयीं और उनके शानदार भित्तिचित्र अंकित किये गये।

II. नल-कुल

रिथपुर के ताम्र-पत्र अभिलेख[1] में, जो पुरालिपि-शास्त्र की दृष्टि से छठी शताब्दी के पूर्वार्ध का माना जा सकता है, महाराज भवत्त-वर्मन द्वारा कदम्बगिरि नाम के एक गाँव के दान का विवरण अभिलिखित है। यह गाँव उस समय दान किया गया था, जब वह (शायद अपनी रानी के साथ) प्रयाग (इलाहाबाद) की तीर्थयात्रा पर गया था,[2] जिस स्थान को "गंगा और यमुना के संगम पर भगवान प्रजापति का आशीर्वाद प्राप्त है।" लेकिन यह अनुदान पत्र वास्तव में उस राजा के एक उत्तराधिकारी ने नन्दिवर्धन से जारी किया था। हम जानते हैं कि प्रवरसेन द्वितीय द्वारा प्रवरपुर की स्थापना से पहले यह नगर वाकाटकों की मुख्य शाखा के राजाओं की राजधानी था। कदम्बगिरि की शिनाख्त बरार के यवतमाल जिले के कलम्ब गाँव से की गई है। इससे स्पष्ट है कि जिन क्षेत्रों पर वाकाटकों का राज था, उन पर किसी नये राजवंश का अधिकार हो गया था।

यह नाम भवत्तवर्मन या तो गलत लिखा गया है या **भवदत्तवर्मन्** का प्राकृत रूप है। इस परिवार के एक और अभिलेख और सिक्कों से इस बात की पुष्टि होती है। इस राजा को **नल-नृप-वंश-प्रसूत** कहा गया है और प्रत्यक्षतः वह निषध के प्राचीन राजा नल का वंशज होने का दावा करता था। कहा जाता है कि उसे महेश्वर (शिव) और महासेन (स्कन्द-कार्तिकेय) की कृपा के फलस्वरूप 'राज्यविभव' मिला।[3] राजा के ध्वज पर **त्रि-पताका** का चिन्ह था, जिसकी व्याख्या "तीन सीधी उँगलियाँ दिखाने वाला हाथ" या "त्रिभुजाकार" के रूप में की गयी है। इस अनुदान-पत्र पर राजा के शासन-काल के ग्यारहवें साल की तारीख है, लेकिन कहा जाता है कि यह ग्राम-दान वास्तव में अपने माता-पिता की आत्माओं की शान्ति के लिए **महाराज**

---

१. ई. इ., XIX, पृ. १०० प. पृ.।

२. यह अनुदान-पत्र इलाहाबाद के क्षेत्र की किसी राजकुमारी से नल राजा के विवाह के अवसर पर भी जारी किया गया हो सकता है।

३. **महेश्वर-महासेन-आतिसृष्ट-राज्य-विभव** का यह अर्थ भी लगाया जा सकता है कि राजा ने अपना राज्य और सम्पत्ति भगवान महेश्वर और महासेन को सर्पित कर दी थी (देखिए ज. क. हि. रि. सौ., I, २५१ प. पृ. जहाँ मैंने इस प्रकार के और उदाहरण पेश किये हैं।) एक भिट मुहर पर कुछ ऐसी ही प्रशस्ति महाराज गौतमीपुत्र विंध्यवेधन (तीसरी या चौथी शताब्दी) के लिए भी अंकित मिलती है। यद्यपि नलों के साथ विन्ध्यवेधन का रिश्ता निर्धारित नहीं किया जा सकता, लेकिन वह राजा भी दक्षिण का ही लगता है, क्योंकि उसकी मुहर पर अंकित प्रशस्ति के अक्षरों की बनावट कृष्णा-गुन्टूर क्षेत्र में मिले इक्ष्वाकुओं के उत्कीर्ण लेखों के अक्षरों की बनावट से बहुत मिलती है।

अर्थपति भट्टारक ने किया था, जो अपने **आर्यक** (पितामह) का लाड़ला था। कुछ लोग अर्थपति को भवदत्तवर्मन् की उपाधि मानते हैं लेकिन आमतौर पर उसे भवदत्तवर्मन् के बेटे और उत्तराधिकारी का नाम समझा जाता है। लेकिन यह नामुमकिन नहीं है कि भवदत्तवर्मन् वास्तव में अर्थपति का **आर्यक** (अर्थात् पितामह) रहा हो।[१]

एक और नल-अभिलेख,[२] जो पद्यबद्ध है, पुराने जेपोर राज्य (कोरापुट जिला में) पौडागढ़ के स्थान पर पाया गया है, जो मध्य-प्रदेश के बस्तर राज्य की सीमाओं से अधिक दूरी पर नहीं है। इस पर एक राजा के शासन-काल के बारहवें साल की तारीख है, जिसका नाम, लगता है, स्कन्दवर्मन् था, यद्यपि इस नाम के पहले भाग का पाठ असन्दिग्ध नहीं है। इस राजा को नलवंश के राजा भवदत्त का बेटा बताया गया है, जो सम्भवतः रिथपुर के अनुदान-पत्र का भवत्तवर्मन् ही है। स्कन्दवर्मन् के बारे में कहा गया है कि उसने परिवार की खोयी प्रतिष्ठा और सम्पत्ति वापस कर ली थी, और पुष्करी के उजाड़ (शून्य) शहर को फिर से बसाया था। यह नगर जो पौड़ागढ़ क्षेत्र में स्थित लगता है, शायद नल राजाओं की राजधानी था। अभिलेख में इस बात का उल्लेख है कि स्कन्दवर्मन् ने एक विष्णु का मन्दिर (पादमूल) बनवाया था, शायद पौडागढ़ में।

उस दुश्मन की शिनाख्त करने के लिए काफी अनुमान लगाये गये हैं, जिसने नलों को हराया था और पुष्करी को उजाड़ दिया था, लेकिन जिसे बाद में स्कन्दवर्मन् ने हरा दिया था। चूँकि नलों और मुख्य शाखा के वाकाटकों में खुली दुश्मनी थी, इसलिए पृथिवीषेण द्वितीय के रूप में इस दुश्मन की शिनाख्त की गयी है, जिसके बारे में दावा किया गया है कि उसने दो बार अपने परिवार की गिरी हुई प्रतिष्ठा पुनर्स्थापित की थी। स्कन्दवर्मन् का दुश्मन, दक्षिण कोसल का पांडुवंशी राजा नल भी हो सकता था, जिसके बारे में चाँद जिले में भंडक के स्थान पर मिले अभिलेख से सूचित होता है कि उसने सारे पश्चिमी मध्य-प्रदेश पर कब्जा कर लिया था।[३] सबसे अधिक सम्भावना इस बात की है कि वह दुश्मन शायद चालुक्य राजा कीर्तिवर्मन् प्रथम (सन् ५६७ - ५९७ ई०) रहा हो, जो यह दावा करता है कि उसने चालुक्यों के परम्परागत विरोधी नलों को हरा कर अपने अधीन किया था, और उनके घरबार (निलय) उजाड़ दिये थे।

एक तीसरा नल अभिलेख उड़ीसा की पुरानी जेपोर रियासत के उमरकोट **थाने** में स्थित केसरिवेद गाँव[४] में मिला है। इसमें **महाराज** अर्थपति-भट्टारक के ७वें वर्ष

---

१. देखिए—आगे।

२. ई. इ. XXI. पृ. १५५ प. पृ.।

३. मिराशी का विश्वास है कि इस विवरण को गलती से भंडक के साथ जोड़ दिया गया है, दरअसल यह छत्तीसगढ़ के किसी स्थान में प्राप्त हुआ होगा। (बु. डे. का. रि. इ., VIII, ४, ई. इ., XVI, २२७, एन. २)।

४. ई. इ., XXIII, १२।

में जारी किया गया अनुदान अभिलिखित है। चूँकि यह पुष्करी से जारी किया गया था, इसलिए लगता है कि अर्थपति स्कन्दवर्मन् के बाद हुआ था, जिसके बारे में कहा गया है कि उसने उजाड़ पुष्करी को फिर से बसाया था। इसलिए यह नामुमकिन नहीं है कि वह स्कन्दवर्मन् का बेटा और उत्तराधिकारी रहा हो।

बस्तर राज्य की कोंदेगाँव तहसील के एदेंग गाँव में सोने के सिक्कों का एक बड़ा जखीरा मिला था। इन सिक्कों को जारी करने वाले राजाओं के नाम भवदत्त और अर्थपति थे और एक कोई वराह भी था, जो शायद इस परिवार का ही रहा होगा। पुरालेखीय और मुद्राशास्त्रीय सामग्री से जाहिर होता है कि नलों का राज्य बस्तर-जेपोर क्षेत्र में था। छठी शताब्दी के पूर्वार्ध में उन्होंने वाकाटकों से छीन कर उत्तर की दिशा में अपने राज्य का विस्तार किया था, लेकिन लगता है कि उनके राज्य के ये उत्तरी भाग शीघ्र ही कोसल के पांडुवंशी राजाओं के हाथ में पहुँच गए थे। लेकिन ऐसा भी कुछ कुछ संकेत मिलता है कि नलों का साम्राज्य और भी बड़े क्षेत्र में फैला हुआ था।

चालुक्य विक्रमादित्य प्रथम और उसके बेटे के समय के अभिलेखों में नलवाडि-**विषय** का उल्लेख मिलता है, जो स्पष्ट है, नलों के नाम से सम्बन्धित है। चूँकि उस **विषय** में स्थित गाँवों की वर्तमान बेलेरी और करनूल जिलों के स्थानों से शिनाख्त की गयी है, इसलिए, लगता है, चालुक्यों के अन्तर्गत नलवाडि उस जिले के कुछ भागों में फैला हुआ था। हो सकता है कि यह क्षेत्र नलों का उपनिवेश रहा हो या नल-साम्राज्य का सबसे दक्षिणी प्रांत, जिस पर आरम्भ में नल राजवंश का कोई वायसराय शासन करता हो। वत्सगुल्म के वाकाटकों और मानपुर के राष्ट्रकूटों के पतन के लिए नल जिम्मेदार है या नहीं, इसका निर्णय वर्तमान स्थिति में पर्याप्त जानकारी न होने के कारण नहीं हो सकता। लेकिन यह बात बिल्कुल नामुमकिन नहीं है कि उनके पतन के लिए वे ही जिम्मेदार हों।

पूर्वी मध्य प्रदेश के रायपुर जिले में रजिम नामक स्थान पर प्राप्त एक प्रस्तर अभिलेख[1] में, जिसे पुरालिपिक आधार पर सातवीं शताब्दी के मध्य का माना जाता है, विष्णु के एक मन्दिर के निर्माण का विवरण दिया गया है, जिसे शायद विलासतुंग ने बनवाया था, और जो प्रत्यक्षतः राजा पृथ्वीराज के पुत्र राजा विरूपाक्ष का उत्तराधिकारी (बेटा) था। ये राजा निषध के राजा नल के वंशज होने का दावा करते थे और सम्भवतः भवदत्तवर्मन् के परिवार के परवर्ती सदस्य थे। ऐसा लगता है कि उन्हीं नलों ने, जिन्हें पांडुवंशियों और चालुक्यों ने बस्तर क्षेत्र में ही सीमित कर दिया था, सातवीं शताब्दी में राजा शिवगुप्त बालार्जुन के बाद, किसी समय दक्षिण कोसल को जीतकर अपनी स्थिति फिर से मजबूत बना ली थी। यह ज्ञात नहीं है कि दसवीं शताब्दी के मध्य में सोमवंशियों के उत्थान तक वे इस प्रदेश पर शासन करते रहे थे या नहीं। यदि

---

१. ई. इ., XXVI, पृ. ४९ प. पू.।

ऐसा था तो सम्भवतः विवाह सम्बन्ध के द्वारा वे बाण राजा विक्रमादित्य प्रथम (सन् ८७०-८७५ ई०) के रिश्तेदार बन गये थे, जिसने, शायद, अपने रिश्तेदार के राज्य की यात्रा के अवसर पर बिलासपुर जिले में रत्नपुर से १२ मील दूर स्थित पलि[1] में एक मन्दिर बनवाया था।

ख : पश्चिमी दक्षिणा-पथ

I. भोज

पुराणों के अनुसार, भोज लोग सम्भवतः मथुरा क्षेत्र के यदु या यादव कुल की हैहय शाखा के अंग थे। हैहयों के बारे में ज्ञात है कि वे बहुत प्राचीन काल में नर्मदा की घाटी से जाकर बस गये थे, जबकि लगता है कि भोजों ने बरार क्षेत्र में अपनी बस्तियाँ बसा ली थीं। वाकाटकों के एक अभिलेख में बरार के अमरावती जिले में भोजकट राज्य का जिक्र है, जिसका नाम स्पष्टतः भोजों पर ही रखा गया था। कालिदास के **रघुवंश** में भी भोजों को विदर्भ या बरार से सम्बद्ध बताया गया है। सम्भवतः सम्राट अशोक और खारवेल के अभिलेखों के भोजक लोग विदर्भ में जाकर बसे ये भोज ही थे। इन भोजों का एक भाग, लगता है, विदर्भ छोड़कर कोंकण के गोआ क्षेत्र में जा बसा था। कुन्तल के चुटु-सातकर्णियों के साथ जो महाभोज लोग सम्बद्ध थे, वे शायद गोआ क्षेत्र के ये भोज ही थे।[2]

सिरोद में मिला ताम्र अनुदान-पत्र[3] देवराज के, जिसके नाम के आगे राजा आदि कोई पदवी नहीं लगी है, शासन-काल के बारहवें साल में चन्द्रपुर से जारी किया था। कहा जाता है कि यह राजा भोज-परिवार का था। चन्द्रपुर की, जो शायद भोज राजाओं की राजधानी था, गोआ में आधुनिक चन्दोर से शिनाख्त की गयी है। यह क्षेत्र शायद आरम्भ में कुन्तल राजाओं के प्रभाव में रहा होगा। सिरोद के अभिलेख की पुरालिपि को देखते हुए, राजा देवराज को चौथी शताब्दी के अन्त में रखा जा सकता है। अनुमान है कि देवराज की मुहर पर हंस की आकृति है, हालांकि वास्तव में वह हाथी की आकृति भी हो सकती है।

बाद में इसी क्षेत्र में एक राजा, महाराज चन्द्रवर्मन् हुआ, जिसने अपने शासनकाल के दूसरे वर्ष में गोआ का ताम्र अनुदान-पत्र जारी किया था।[4] पुरालिपिक आधार

---

१. ई. इ. XXVI, पृ. ५३।

२. पार्जिटर, ए. इ. हि. ट्रै. पृ. १०२, २६६, आदि; रैप्सन, कैटलग, पृ. xxxii, xliii, सक्से. सात. पृ. ६४, २२०।

भोजक शब्द का प्रयोग अक्सर **जागीरदार** के अर्थ में भी किया जाता था। देखिए, जिल्द II (अंग्रेजी संस्करण), पृ. ६६।

३. ई. इ., XXIV, पृ. १४३ प. पृ.; XXVI, ३३७, प. पृ.। इस राज परिवार का नाम पहले गलती से गोमिन पढ़ लिया गया था।

४. ए. भ. ओ. रि. इ., XXIII, ५१० प. पृ.।

पर इस अनुदान-पत्र को पाँचवीं शताब्दी का माना गया है। राजा चन्द्रवर्मन् ने गोआ में सिवपुर के स्थान पर एक **महाविहार** (बौद्ध-विहार) को कुछ भूमि दान की थी। चूँकि अनुदान-पत्र के आरम्भ में लिखे गये शब्दों को अभी तक पढ़ा नहीं जा सका है, और उस पर वराह की आकृति उत्कीर्ण है, अतः यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता है कि चन्द्रवर्मन् भोजवंश का था।

गोआ और उसके गिर्द के क्षेत्र में हाल में ही अनेक भोज ताम्र-पत्र प्राप्त हुए हैं। पुरालिपि के आधार पर उन सबको सातवीं शताब्दी ई० का ठहराया गया है। इन अभिलेखों से जिन भोज राजाओं का पता चलता है, उनके नाम हैं, पृथिवीमल्ल-वर्मन्, कापाली-वर्मन् और अशंकित। अनुदान-पत्र से नत्थी अशंकित की मुहर पर एक हाथी की आकृति है। लगता है, वह पश्चिमी घाट के भोजों का राजकीय चिह्न था। पृथिवीमल्ल-वर्मन्, कापाली-वर्मन् और अशंकित का आपस में एक दूसरे के साथ क्या रिश्ता था और पहले के भोज राजाओं, देवराज और चन्द्रवर्मन् से क्या रिश्ता था, इसका कुछ पता नहीं है।[1]

II. त्रैकूटक

अपरान्त (उत्तरी कोंकण) की त्रिकूट पहाड़ी से त्रैकूटकों का कुल-नाम पड़ा था।[2] अपने अभिलेख में एक त्रैकूटक राजा को सचमुच ही अपरान्त का शासक बताया गया है। त्रैकूटक राजाओं के अभिलेखों से ज्ञात होता है कि उनका राज्य तटवर्ती क्षेत्र में दक्षिण में कान्हेरि से लेकर उत्तर में सूरत जिले तक फैला हुआ था। लेकिन उनके सिक्के सिर्फ दक्षिणी गुजरात और कोंकण प्रदेश में ही नहीं, बल्कि पश्चिमी घाटों से इस पार मराठा देश में भी पाये गये हैं। चूँकि त्रैकूट के सिक्के क्षत्रपों के सिक्कों की नकल पर ढाले गये हैं, इसलिए कहा जा सकता है कि वे उन इलाकों में चलने के इरादे से ढाले

१. ई. इ., XXVI, ३३८ प. पृ., समरी ऑफ पेपर्स सबमिटेड टु दि फिफटीन्थ सेशन ऑफ दि ए. आइ. ओ. सी:, पृ. ९९ आर. एस. पंचमुखी पृथिवीमल्ल-वर्मन् के दोनों अनुदान-पत्रों की तारीखें उसके शासन काल के १३वें और १५वें वर्ष के रूप में पढ़ते हैं, लेकिन एन. एल. राव का सुझाव है कि इन्हें उसके शासन-काल के पहले और २५वें साल के रूप में पढ़ना चाहिए। अशंकित के अनुदान-पत्र के बारे में पी. बी. देसाई का लेख ई. इ. में प्रकाशित हो रहा (चुका) है। पंचमुखी ने किसी भोज राजा अनिर्जित वर्मन् के एक और अनुदान-पत्र का जिक्र किया है, लेकिन एन. एल. राव ने सिद्ध किया है कि यह राजा कोंकण के मौर्य-वंश का था। यह विवादास्पद अनुदान-पत्र कुमार द्वीप से मौर्य **महाराज** अनिर्जित वर्मन् ने अपने शासन काल के २९वें वर्ष में जारी किया था। ऐसा लगता है कि भोजों को हराकर मौर्यों ने कब्जा कर लिया था, जिन्हें बादामि के चालुक्यों ने हराकर अपना आधिपत्य जमा लिया था। यह स्मरण रखना चाहिए कि सातवीं शताब्दी में चालुक्यों के साम्राज्य-विस्तार के मार्ग में भोज लोग बाधक नहीं बने थे, बल्कि मौर्य बाधा बनकर खड़े हुए थे।

२. पृथ्वीचन्द्र-भोगशक्ति के अंजनेरि वाले अनुदान-पत्र में (ई. इ. XXV, २२५), जिस पर सन् ७०९ ई. की तारीख है, पुरी-कोंकण **विषय** के एक भाग के रूप में एक पूर्व-त्रिकूट **विषय** का उल्लेख मिलता है।

गये थे, जहाँ पहले पश्चिमी क्षत्रपों का राज था और जहाँ के लोग उन सिक्कों से परिचित थे। लगता है, त्रैकूटकों का राज्य लगभग उसी क्षेत्र पर था, जिस पर पहले आभीरों का शासन था। दोनों के कुल-नाम भी मिलते-जुलते हैं। त्रैकूट राजा सन् २४८–४९ में प्रवर्तित उस संवत् का ही प्रयोग करते थे, जिसे शायद आभीरों ने चलाया था, जैसा हम पहले देख चुके हैं। इसलिए दोनों कुलों में किसी न किसी प्रकार का रिश्ता जरूर रहा होगा। यह नामुमकिन नहीं है कि त्रैकूटक राजा मूलतः किसी आभीर खानदान के ही थे, जो आरम्भ में आभीर राजाओं के अधीन सामन्तों की हैसियत से अपरान्त पर शासन करते हों।

चन्द्रवल्लि के अभिलेख[1] में अलग-अलग उल्लेख करके कहा गया है कि आभीरों और त्रैकूटकों का कदम्ब राजा मयूरशर्मन् से, जो चौथी शताब्दी के मध्य में शासन करता था, युद्ध हुआ था। इससे शायद यह जाहिर होता है कि त्रैकूटकों ने जो मूलतः आभीर कुल के सामन्त-शासक थे, आभीर राजाओं के आधिपत्य से निकल कर अपरान्त में स्वतन्त्र राज्य स्थापित कर लिया था। कालिदास द्वारा चौथी या पाँचवीं शताब्दी में रचित **रघुवंश** में अपरान्त के त्रैकूट राज्य का प्रच्छन्न हवाला मिलता है। पाँचवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में त्रैकूटकों के कब्जे में शायद आभीरों का उत्तरी महाराष्ट्र का क्षेत्र आ गया था, और उन्होंने सम्भवतः उत्तर में गुजरात के भी काफी हिस्सों तक अपना आधिपत्य बढ़ा लिया था।

पुरालेखीय और मुद्राशास्त्रीय प्रमाणों से ऐसे तीन त्रैकूटक **महाराजाओं** के नामों का पता चलता है, जिन्होंने पाँचवीं शताब्दी ई० में राज किया था। ये नाम हैं, इन्द्रदत्त, उसका बेटा दहरसेन, और उसका भी बेटा व्याघ्रसेन।[2] **महाराज** इन्द्रदत्त के बारे में विशेष जानकारी नहीं मिलती, यद्यपि लगता है, वह पाँचवीं शताब्दी के दूसरे चतुर्थांश में हुआ था और वह इस कुल की महानता का निर्माता था। उसके बाद उसका बेटा दहरसेन उसका उत्तराधिकारी बना। उसने आम्रका में अपने विजय-शिविर से वर्ष २०७ (सन् ४५५ ई०) में एक ताम्र-अनुदान-पत्र जारी किया था जो सूरत से पचास मील दक्षिण में पर्दि के स्थान पर मिला है। इस अनुदान-पत्र में दहरसेन को निष्ठावान् वैष्णव बताया गया है। यह भी कहा गया है कि उसने **अश्वमेध-यज्ञ** किया था, जिससे सूचित होता है कि त्रैकूटकों ने अपने पड़ौसियों पर, जिनमें आभीर भी शामिल हैं, विजय प्राप्त की थी।

दहरसेन के बाद उसका बेटा **महाराज** व्याघ्रसेन उसका उत्तराधिकारी बना। उसका सूरत वाला अनुदान-पत्र वर्ष २४१ (सन् ४८९ ई०) में अनिरुद्धपुर से जारी किया गया था। व्याघ्रसेन, जिसे अपरान्त और अन्य देशों का स्वामी बताया गया है, अपने पिता की तरह ही वैष्णव था। इस राजा के उत्तराधिकारी के बारे में कुछ भी ज्ञात नहीं है।

---

१. मै. आ. रि. १९२९, सं. १, पृ. ५० प. पृ.।

२. उनके सिक्कों पर ये नाम कभी-कभी दहरगण और व्याघ्रगण के रूप में पढ़े जाते हैं।

कान्हेरि के ताम्र-पत्र अभिलेख पर जिसमें कृष्णगिरि (अर्थात् कान्हेरि) के **महाविहार** में एक बौद्ध **चैत्य** का निर्माण अभिलिखित है, "वर्ष २४५ (सन् ४९३ ई०)" की तारीख है, जो "त्रैकूटकों के बढ़ते हुए राज्य" का वर्ष था। यह अनिश्चित है कि यह **महाराज** व्याघ्रसेन के अपने शासन-काल की तारीख है या उसके उत्तराधिकारी के शासन-काल की। धीरे-धीरे गुर्जरों[1] और कलचुरियों के आक्रमणों और अब तक उनकी अधीनता मानने वाले मौर्यों और शूरों के उत्थान के कारण त्रैकूटकों के हाथ से उनके राज्य के इलाके एक-एक कर निकलते गये।

बनारस में एक ताम्र अनुदान-पत्र[2] प्राप्त हुआ है, जिसे शूर-वंश के राजा हरिराज ने जो निष्ठुरराज का बेटा और कोभग्रहराज (क्षोमग्रहराज ?) का पोता था, शान्तनपुर (शान्तनुपुर ?) से जारी किया था। इसमें आम्रक-नगर में एक भूमि अनुदान अभिलिखित है, जिसे राजा हरिराज और उसकी रानी के आदेश पर जो उस भूमि की मालिक थी, **महामात्रों के गण** ने दान किया था। इस अभिलेख के अक्षर, जो त्रैकूटकों के अभिलेखों की लिपि से मिलते हैं, छठी शताब्दी के पूर्वार्ध के माने जा सकते हैं। इससे यह नामुमकिन नहीं लगता कि बनारस वाले ताम्रपत्र में जिस आम्रक-नगर का उल्लेख है वह दहरसेन के पर्दि में मिले अनुदान-पत्र वाला आम्रक ही हो। अगर यह सुझाव मान्य हो, तो यह अनुमान किया जा सकता है कि त्रैकूटकों के पतन के बाद सूरत पर शूर राजा शासन करने लगे थे। यह सम्भव है कि आरम्भ में शूर लोग त्रैकूटकों के नीचे **विषय-पति** रहे हों। उन्हें शायद छठी शताब्दी के उत्तरार्ध में कलचुरियों ने हरा कर अपना आधिपत्य जमा लिया था।[3]

III. कलचुरि

कलचुरियों का पुराना वंशगत नाम कटच्चुरि था, यद्यपि इसके दूसरे भेद भी प्रचलित थे, जैसे कलत्सूरि, कलचुति, कालच्चुरि, कलचुर्य और कलिचुरि आदि। स्पष्टतः यह एक अ-संस्कृत व्युत्पत्ति का शब्द था और इसका तुर्क शब्द कुलुचुर से साम्य बताया गया है, जो

---

१. गुर्जरों का सम्भवतः सबसे पुराना अभिलेख वर्ष २९२ (सन् ५४० ई०) का सुनओकल में मिला अनुदान-पत्र है, जो मरुकच्छ (भड़ोंच) से **महासामन्त महाराज** संगमसिंह ने जारी किया था। वह शायद मन्दसौर के औलिकरों का सामन्त था।

२. **भारतवर्ष** (बंगाली), १३५१, वृ. स., पृ. ४६। लगता है कि इस अनुदान-पत्र को आदाता का कोई वंशज तीर्थयात्रा पर आते समय बनारस लाया होगा। कामरूप के वैद्यदेव के अनुदान-पत्र के स्थानान्तरण की भी ऐसी ही कहानी है, जो कमौली में प्राप्त हुआ था। इस विवरण के बारे में भिन्न मत जानने के लिए देखिए, जे. यू. पी. हि. सो. XVIII, पृ. १६७।

३. साँची के एक अभिलेख में, जो पाँचवीं शताब्दी के लगभग का है, शायद इस शूर-वंश के ही एक व्यक्ति का उल्लेख है (मोनुमेंट्स आफ साँची, ले. मार्शल ऐंड फाउचर, जिल्द I, पृ. ३८७)।

एक ऊँची पदवी का सूचक है।[1] इससे शायद यह भी सूचित होता है कि कलचुरि विदेशी थे और हूणों और गुर्जरों के काफिलों के साथ भारत आये थे।[2] बाद में उनका यह दावा कि वे हैहय राजा अर्जुन के वंशज थे, जो माहिष्मती के शासक कृतवीर्य का बेटा था, यह सूचित करता है कि वे आकर नर्मदा के तट पर अनूप देश में बस गये थे। छठी शताब्दी के उत्तरार्ध में कलचुरि बड़े शक्तिशाली हो गये थे, जब कि उत्तरी महाराष्ट्र, गुजरात और मालवा के कुछ भागों पर उनका आधिपत्य था। कोंकण के मौर्य शायद उनका आधिपत्य मानते थे। उन्होंने सन् २४८-४९ ई० से अपना संवत् शुरू किया था, जो कल्चुरि-संवत के नाम से प्रसिद्ध है, लेकिन उन्होंने इस संवत का प्रयोग शायद नासिक और भड़ोंच के क्षेत्रों पर कब्जा करने के बाद ही शुरू किया था। यह इस बात से संकेतित है कि बखनि में मिले अनुदान-पत्र में, जिसे सन् ४८६ ई० में माहिष्मती प्रदेश के राजा सुबन्धु ने जारी किया था, गुप्त-संवत् का प्रयोग है। इसी तरह अनूप क्षेत्र के अन्य राजाओं, उदाहरण के लिए स्वामिदास (सन् ३८६ ई०), भुलुंड (सन् ४२६ ई०) और रुद्रदास (सन् ४३६ ई०)[3] के अभिलेखों में भी, जिनके खानदानों को इन विदेशियों ने हटाकर अपना राज कायम किया था, गुप्त संवत् का ही प्रयोग हुआ था। छठी शताब्दी के अन्त में बादामि के चालुक्यों ने दक्षिण से कलचुरियों के राज्य पर आक्रमण किया। दूसरी ओर भड़ोंच के क्षेत्र में गुर्जरों की शक्ति बढ़ गयी थी। इस उथल-पुथल के जमाने में, लगता है, कलचुरि मालवा में बस गये थे। लेकिन मैत्रकों के दबाव के कारण उन्हें पूरब की ओर प्रयाण करना पड़ा और आखिरकार वे जबलपुर के क्षेत्र में आकर बस गये, जहाँ लम्बे काल तक अपेक्षया गुमनाम स्थिति में पड़े रहने के बाद वे नवीं शताब्दी के अन्त में एक शक्तिशाली ताकत के रूप में फिर उभरे।

१. कृष्णराज और शंकरगण

पुरालेखीय प्रमाणों से तीन कलचुरि राजाओं के एक समूह का पता चलता है, जिनके नाम कृष्णराज, उसका बेटा शंकरगण और उसका भी बेटा बुद्धराज थे। ये सब के सब भगवान पशुपति या महेश्वर, अर्थात् शिव के अनन्य भक्त थे। इस राजवंश की महत्ता कृष्णराज ने कायम की थी, जिसके चाँदी के सिक्के, जिन पर **परममाहेश्वर–कृष्णराज** की प्रशस्ति और नन्दी की आकृति अंकित है, केवल नासिक में ही नहीं,

---

१. प्रोसीडिंग्स, इ. हि. का., १९४३, पृ. ४४। **ठक्कुर** (आधुनिक रूप **ठाकुर**) शब्द भी इसी प्रकार तुर्की उपाधि **तेगिन** से निकला है।

२. ऊपर देखिए पृ. ७४।

३. प्रोफेसर मिराशी से सहमत होना कठिन है, जो इन सब तारीखों को २४८-४९ के संवत् की तारीखें मानते हैं। इस प्रश्न पर विभिन्न मतों को जानने के लिए देखिए, ए. भ. ओ. हि. इ. XXV. १५९ प. पृ., इ. हि. क्वा. XXI. ८०, XXII. ६४, XXIII. १५६, XXIV. ७५।

बल्कि बम्बई और सल्सेत्ते के द्वीपों में भी मिले हैं। पृथिवीचन्द्र भोगशक्ति के अंजनेरि में मिले अनुदान-पत्र में सन् ७०९ ई० की तारीख है। उसमें इन सिक्कों का **कृष्णराज-रूपक** के नाम से हवाला दिया गया है। जाहिर है कि वे चालुक्य साम्राज्य के उत्तरी भागों में कलचुरियों की राजसत्ता की समाप्ति के बाद भी लम्बे काल तक प्रचलित रहे थे।[1] राजा कृष्णराज का बेटा शंकरगण बड़ा शक्तिशाली राजा था। इस शंकरगण का एक अनुदान-पत्र, जो नासिक जिले के अमोन स्थान पर मिला है और जो वर्ष ३४७ (सन् ५९५ ई०) की तारीख का है, उज्जयनी में स्थित उसके विजय-शिविर में राजा के वासक (निवास-स्थान) से जारी किया गया था। इसके अनुसार राजा ने भोगवर्धन **विषय** में, जो प्राचीन गोवर्धन (नासिक) जिले का ही नाम हो सकता है, भूमि दान की थी। इस अभिलेख में कल्लवन नाम के स्थान का जिक्र है जो नासिक जिले के **तालुक** आधुनिक कलवन का ही प्राचीन नाम है। इस उज्जयनी की, जहाँ से यह अनुदान-पत्र जारी किया गया था, शिनाख्त उसी जिले (नासिक) में सिन्नर के निकट स्थित उज्जनि से अक्सर की जाती है। लेकिन इस तथ्य को देखते हुए कि शंकरगण के उत्तराधिकारी ने वैदिश, अर्थात् पूर्वी मालवा में स्थित प्राचीन विदिशा, से एक अनुदान-पत्र जारी किया था, यह सम्भव है कि अमोन वाले अनुदान-पत्र के उज्जयनी को पश्चिमी मालवा के इसी नाम के विख्यात नगर से अभिन्न मान लें। इस प्रकार शंकरगण के राज्य में दक्षिण में नासिक जिला और उत्तर में मालवा का कुछ भाग रहा होगा। मन्दसौर के औलिकरों को शायद इस राजा ने हरा दिया था। यह बहुत ही दिलचस्प बात है कि शंकरगण की प्रशस्ति में जो लम्बे-लम्बे पद लिखे गये हैं, वे गुप्त सम्राटों के अभिलेखों में पायी जाने वाली समुद्रगुप्त की प्रशस्तियों की हू-ब-हू नकल हैं। इससे जाहिर होता है कि कलचुरि राजाओं ने (सम्भवतः मालवा गुजरात क्षेत्र में) जो इलाके जीते थे, वे शुरू में गुप्त सम्राटों के अधीन थे।

कलचुरि राजा शंकरगण के बारे में कहा जाता है कि उसने अपनी भुजाओं के बल से राज्य प्राप्त किया था और उसने अनेक राजाओं को, जिनकी गद्दियाँ छिन गयी थीं, फिर उनका राज-पाट वापस कर दिया था। उसने दावा किया है कि वह पूर्वी और पश्चिमी समुद्रों से घिरे सारे क्षेत्र का स्वामी था, अर्थात् बंगाल की खाड़ी से लेकर अरब सागर तक उसका राज था। यद्यपि ये दावे बिल्कुल रूढ़ किस्म के हैं, और उन्हें ज्यों का त्यों स्वीकार नहीं किया जा सकता, लेकिन इसमें सन्देह नहीं है कि शंकरगण अपने समय के सबसे शक्तिशाली राजाओं में से एक था। यह सम्भव है कि वह गुजरात और काठियावाड़ के कुछ हिस्सों तक कलचुरियों की शक्ति का विस्तार करने में सफल रहा हो।

---

१. गुर्जर दद्द प्रथम (देखिए पृ. ६६) को अभिलेखों में 'कृष्ण-हृदय-आहित्-आस्पद' कहा गया है। शायद इसमें यह संकेत निहित है कि वह कलचुरि राजा कृष्णराज के अधीन था। (इ. हि. क्वा., XXV. २९०)।

संखेद (बड़ौदा जिला) में प्राप्त हुए ताम्र अनुदान-पत्र में, जो छठी शताब्दी के अन्तिम चतुर्थांश में जारी किया गया था, एक राजा निरिहुल्लक का जिक्र है, जिसे कृष्णराज के पुत्र राजा शंकरगण का (गलती से अनुदान-पत्र में शंकरण लिखा गया है) सामंत बताया गया है। इस अभिलेख से सूचित होता है कि गुजरात पर कलचुरियों का आधिपत्य हो गया था। शंकरगण के बेटे के एक विवरण से इसकी और पुष्टि हो जाती है। हो सकता है कि निरिहुल्लक कोई गुर्जर सामन्त हो और भरुकच्छ (भड़ोंच) के राजा संगमसिंह का वंशज हो, जिसका सुनओकल वाले अनुदान-पत्र में, जो वर्ष २९२ (सन् ५४० ई०) का है, जिक्र आया है। सातवीं शताब्दी के पहले चतुर्थांश में इस क्षेत्र पर चालुक्यों का प्रभुत्व हो गया था, यह पुलकेशिन् द्वितीय के इस दावे से सूचित होता है कि उसने लाटों, मालवों और गुर्जरों को हराया था।

२. बुद्धराज

सन् ५९५ ई० के कुछ समय बाद ही शंकरगण का बेटा बुद्धराज उसका उत्तराधिकारी बना। बुद्धराज का वदनेर वाला अनुदान-पत्र, जो वर्ष ३६० (सन् ६०८ ई०) का है, वैदिश (अर्थात् विदिशा, पुराने ग्वालियर राज्य में आधुनिक बेसनगर) से जारी किया गया था, ताकि वटनगर **भोग** में भूमि दान की जा सके। यह वही स्थान है जिसे आजकल वदनेर कहते हैं और जो नासिक जिले के चान्दोर **तालुक** में है। यह सम्भव है कि बुद्धराज ने सन् ६०८ से कुछ ही पहले पूर्वी मालवा को जीत लिया हो जिसकी पुरानी राजधानी विदिशा थी। उसने पूर्वी मालवा को परवर्ती गुप्तों के राजा देवगुप्त से जीता होगा, जिसने गौड़ों से मिलकर मौखरियों और पुष्यभूतियों के साथ सन् ६०५-०६ ई० के लगभग युद्ध किया था।

चालुक्य राजा मंगलेश (सन् ५९७-९८ से ६१०-११ ई० तक) का दावा है कि उसने शंकरगण के बेटे बुद्धराज को मार भगाया था और कटच्चुरियों का राजपाट छीन लिया था। कटच्चुरी बुद्धराज के विरुद्ध मंगलेश की विजय का उल्लेख उससे पहले सन् ६०२ के महाकूट स्तम्भ लेख में मिलता है। लेकिन वदनेर वाले अनुदान-पत्र से सूचित होता है कि सन् ६०८ में नासिक जिले पर कलचुरियों का कब्जा था। इससे जाहिर है कि महाकूट के स्तम्भ लेख की तारीख तक मध्य और उत्तरी महाराष्ट्र में स्थित कलचुरि राज्य के दक्षिणी भागों पर चालुक्यों का पूरा अधिकार नहीं हो पाया था। मंगलेश के उत्तराधिकारी ने सन् ६३० ई० में नासिक जिले में एक गांव दान किया था। बड़ौदा जिले में पद्र के निकट सरस्वनी में बुद्धराज का एक और ताम्र अनुदान-पत्र मिला है। यह वर्ष ३६१ (सन् ६०९ ई०) में जारी किया गया था। इस अनुदान-पत्र के अनुसार उसने मरुकच्छ **विषय** अर्थात् भड़ोंच जिले में भूमि दान की थी।

३. नन्न और तरलस्वामिन्

बहुत दिन पहले बड़ौदा जिले के संखेद नामक स्थान पर एक और ताम्र अनुदान-पत्र मिला था, जिसमें ऐतिहासिक महत्त्व की कोई जानकारी नहीं है, सिवाय इसके कि वह वर्ष ३४६ (सन् ५९४ ई०) में जारी किया गया था। यह अनुमान स्वाभाविक था कि यह अनुदान-पत्र कलचुरि राजा शंकरगण के काल का है, यद्यपि इसके बारे में प्रायः यह सोचा जाता था कि यह किसी गुर्जर विवरण का अन्तिम भाग है। हाल में ही संखेद से कुछ ही दूरी पर मनकनि के स्थान पर एक अनुदान का पहला ताम्र-पत्र प्राप्त हुआ है, और यह सुझाव पेश किया गया है कि मनकनि और संखेद के दोनों अपूर्ण टुकड़े मिलकर एक पूरे अनुदान-पत्र की शक्ल धारण करते हैं।[1]

मनकनि वाले ताम्र-पत्र से कलचुरियों के इतिहास के बारे में कुछ मूल्यवान् जानकारी हासिल होती है। इसमें एक राजकुमार तरलस्वामी द्वारा, जिसके नाम के आगे कोई राजपदवी या उपाधि नहीं है, मणकणिका ग्राम (आधुनिक मनकनि गाँव) के दान का विवरण दिया गया है। तरलस्वामी को महाराज नन्न का (जिसे णण्ण लिखा गया है) दद्दा से उत्पन्न बेटा बताया गया है, जो स्पष्टतः नन्न की रानी और गुर्जर-वंश के **सामन्त** दद्द प्रथम का सम्बन्धी हो सकता है। तरलस्वामी को शायद **श्री-सूर्य-भावुक** कहा जाता था और यह सुझाव पेश किया गया है कि वह राजकुमार सूर्य की बहन का पति था। इस राजकुमार सूर्य की शिनाख्त सम्भव नहीं। इस तथ्य के बावजूद कि तरलस्वामी को शिव का उपासक बताया गया है, **श्री-सूर्य-भावुक** से यह अनुमान भी किया जा सकता है कि उसका झुकाव सूर्य-देव की उपासना की ओर था। बहरहाल, इस अभिलेख से सबसे महत्त्वपूर्ण जानकारी यह मिलती है कि **महाराज** नन्न को **कटच्चुरि-कुल-वेश्म-प्रदीप** अर्थात् 'कटच्चुरियों के कुल के घर का दीपक' कहा जाता था। इसका साधारण संकेत यह है कि नन्न कलचुरि कुल का सदस्य था, लेकिन यह संकेत भी हो सकता है कि नन्न की माँ कोई कलचुरि राजकुमारी थी। संखेद-क्षेत्र में नन्न या उसके बेटे तरलस्वामी के शासन की बात से यदि यह मानकर चला जाय कि उसका काल सन् ५९४ ई० था, तो ठीक उसी काल में, उसी क्षेत्र पर, कलचुरि राजा शंकरगण शासन की बात की संगति बिठाना बहुत कठिन मालूम देता है। नन्न क्या शंकरगण का प्रतिद्वन्द्वी था और कुछ समय के लिए गुर्जरों की मदद से गुजरात के इस क्षेत्र पर अपना आधिपत्य जमाने में कामयाब हुआ था? इसके बारे में ज्ञात किन्तु नगण्य तथ्यों के आधार पर कोई निर्णय नहीं किया जा सकता।

चालुक्य राजा विनयादित्य (सन् ६८३-९६ ई०) का दावा है कि उसने हैहयों को हराया था। उसके बेटे विक्रमादित्य द्वितीय (सन् ७३३-३४ से ७४६ ई० तक) ने

---

१. इम्पा. इंस. व. स्टे. १; पृ. ४ प. पृ. यह ताम्र-पत्र जॉली नहीं लगता जैसा प्रो. मिराशी का विचार है।

दो हैहय राजकुमारियों से विवाह किया था। ये हैहय, लगता है, और कोई नहीं बल्कि कलचुरि लोग ही थे, जिनका मालवा के पूर्वी जिले और उसके गिर्द के क्षेत्र पर राज था।

IV. प्रारम्भिक राष्ट्रकूट

१. उत्पत्ति

राष्ट्रकूटों के वंश-नाम की व्याख्या के सिलसिले में अनेक मत पेश किये गये हैं। लेकिन सबसे अधिक मान्य मत यह है कि प्रतिहार, पेशवा तथा ऐसे ही कई दूसरे राजकीय पदवी-सूचक नामों की तरह यह नाम भी आरम्भ में पदवी-सूचक ही रहा होगा।[1] ऐसे पदाधिकारियों का, जिन्हें **राष्ट्रकूट** कहा जाता था, यह सूचित करने के लिए कि वे एक **राष्ट्र** (जिलों) के प्रधान थे,[2] चालुक्य राजाओं के अनेक अभिलेखों में (देखिए, लोहनेर में मिला सन् ६३० ई० का अनुदान-पत्र) और कन्नड क्षेत्र के राष्ट्रकूट परिवारों के अभिलेखों में (देखिए, एलोरा में मिला सन् ७४२ ई० का अनुदान-पत्र) उल्लेख मिलता है। दक्षिणा-पथ में इस प्रकार के शासक नियुक्त करने की प्रथा बादामि के चालुक्यों के उत्थान से पहले से चली आ रही थी। चूँकि बाद में चलकर चालुक्य अपने को अक्सर खुलेआम चन्द्रवंश के क्षत्रियों से और कभी-कभी प्रच्छन्न रूप से अयोध्या के सूर्यवंशी राजाओं से सम्बद्ध करने लगे थे, इसलिए राष्ट्रकूटों के राज-परिवार ने नवीं शताब्दी में महाकाव्य-युग एक अन्य पुरातन राज-घराने का वंशज होने का दावा करना शुरू कर दिया। सन् ८०८ ई० तक जो कि बनि-दिन्दोरि अनुदान-पत्र की तारीख है, राष्ट्रकूट सम्राटों के राजकवि राष्ट्रकूट परिवार की प्राचीन यदु-कुल से यह तुलना करके ही सन्तोष कर लेते थे कि जिस तरह मुरारि (अर्थात् कृष्ण) के जन्म के कारण यदुवंशी अपराजेय हो गये थे, उसी तरह गोबिन्द तृतीय के जन्म के कारण राष्ट्रकूट भी अपराजेय हो गये थे। इसमें सन्देह नहीं कि यह तुलना इसलिए सम्भव हुई, क्योंकि राजा का नाम **'गोविन्द'** था, जो यदुवंश के वासुदेव-कृष्ण का भी नाम था, और इस तथ्य के कारण भी कि वैष्णव राजागण अक्सर अपने आपको विष्णु-रूप में कृष्ण का अवतार बताते थे। (देखिए, **श्री-पृथिवी-वल्लभ** पदवी जिसे राष्ट्रकूट राजाओं ने अपने पुराने चालुक्य अधिराजों की नकल में धारण कर लिया

---

१. प्रतिहारों और पेशवाओं के इतिहास की रूपरेखा इस पुस्तक के चौथे और आठवें भागों में क्रमशः प्रस्तुत की जाएगी। इस सम्बन्ध में देखिए, पदवियों के पुराने नाम जैसे—राष्ट्रिक (महा-राष्ट्रिक), भोजक (महाभोजक) आदि और आधुनिक कुल-नाम जैसे, देशमुख, पटेल, मजुमदार, नियोगी आदि। सरकारी पदवी का कुल-नाम के रूप में स्थिरीकरण इसलिए सम्भव होता था, कि प्राचीन भारत में पदाधिकारियों की नियुक्ति अक्सर वंशानुगत आधार पर होती थी और अक्सर शासक-परिवार स्वतन्त्र राजाओं का दरजा प्राप्त कर लेने के बाद भी पुराने पदवी-नाम का त्याग नहीं करते थे।

२. देखिए, **ग्रामकूट,** शब्द 'गाँव का मुखिया'।

था)। लेकिन सन् ८७१ ई० के संजन में मिले अनुदान-पत्र का लेखक तो इन सबसे एक कदम आगे बढ़ गया था। उसने घोषणा की कि भगवान् वीर-नारायण (अर्थात् कृष्ण) ही राष्ट्रकूट-कुल के प्रजनक थे अतः यह कुल यादवान्वय (यादव-वंश) से अभिन्न है। यादवों से अपनी सजातीयता सिद्ध करने का यह प्रयत्न आगे भी जारी रहा, जैसा राष्ट्रकूट राजा कृष्ण तृतीय के कर्हद और देवली में मिले अनुदान-पत्रों में अभिलिखित है, जिनमें राष्ट्रकूटों को मूलपुरुष रट्ट का वंशज बताया गया है, जो तुंग पदवीधारी (अर्थात् उच्चकुल का या अभिजात, देखिए, **तुङ्ग-गंग-कुल** आदि) राजाओं के कुल में पैदा हुआ था और यदुवंश की सात्यकि शाखा का था।

पुरालेखीय प्रमाणों से ज्ञात होता है कि आठवीं शताब्दी ई० के मध्य में बादामि परिवार के चालुक्यों के पतन से पहले राष्ट्रकूट पदवीधारी व्यक्ति भी थे, और राष्ट्रकूट परिवार भी, जो दक्षिणापथ के विभिन्न भागों पर शासन करते थे। ज्ञात तथ्यों से लगता है कि चालुक्य राजा विक्रमादित्य द्वितीय के अधीन सतारा-रत्नागिरि के क्षेत्र पर एक राष्ट्रकूट, जिसका नाम गोविन्दराज था और जो शिवराज का बेटा था, सन् ७४३ ई० के लगभग शासन करता था। यह ज्ञात नहीं है कि उसी क्षेत्र में इससे पहले ईसा की पाँचवीं और छठी शताब्दियों में राज करने वाले राष्ट्रकूटों से उसका कोई रिश्ता था। एक और राष्ट्रकूट परिवार के बारे में ज्ञात है, जिसने मध्य प्रदेश के बेतूल और एल्लिचपुर जिलों पर सातवीं और आठवीं शताब्दियों में शासन किया था। राष्ट्रकूट परिवारों में सबसे महत्त्वपूर्ण वह था जो प्रारम्भ में दक्षिणापथ के किसी क्षेत्र में, सम्भवतः गुजरात-क्षेत्र के चालुक्य वायसराय के अन्तर्गत शासन करता था। वह परिवार बाद में इतना शक्तिशाली हो गया था कि उसने बादामि के चालुक्यों को दक्षिणापथ पर अपने आधिपत्य से ही वंचित कर दिया। अक्सर माना जाता है कि उपर्युक्त सारे राष्ट्रकूट परिवार किसी एक ही वंश की विभिन्न शाखाएँ थे। लेकिन यह सुझाव सही नहीं लगता, क्योंकि राष्ट्रकूट नामधारी पदाधिकारियों का उल्लेख दस्तावेजों में ही नहीं मिलता, बल्कि वे बाद के राजाओं की, यहाँ तक कि चालुक्य सम्राटों और राष्ट्रकूट राजाओं की नौकरी में भी हुआ करते थे। इस अनुच्छेद में हम राष्ट्रकूटों के पुराने और अपेक्षया कम महत्त्व वाले परिवारों की चर्चा करेंगे। साम्राज्य की स्थापना करने वाले राष्ट्रकूटों की चर्चा इस पुस्तक के अगले भाग में की जाएगी।

२. मानपुर के राष्ट्रकूट

उण्डिकवाटिका के एक अनुदान-पत्र से एक शासक के बारे में पता चला है, जिसका नाम अभिमन्यु था। वह मानपुर में रहता था और भविष्य का बेटा, देवराज का पोता और राष्ट्रकूट मानांक का परपोता था। यद्यपि यह अज्ञात है कि यह अभिलेख कहाँ मिला था, पर विशेषज्ञों ने इस परिवार के शासकों के अधीन क्षेत्रों का स्थान-निर्धारण करने की दृष्टि से मानपुर की शिनाख्त करने की कोशिश की, जो

जाहिर है, उनकी राजधानी था और मानांक के नाम पर स्थापित किया गया था। कुछ लेखकों का ख्याल है कि यह नगर वही था, जिसे आजकल मानपुर कहते हैं और जो मध्यभारत में रीवाँ राज्य के अन्तर्गत बंधोगढ़ के निकट बसा है। कुछ विद्वानों ने यह भी सुझाया है कि राजा मानांक और उसका बेटा देवराज क्रमशः राजा मानमात्र और उसके बेटे सुदेवराज से अभिन्न हैं, जो दक्षिणी कोसल के शासक थे और जिनकी राजधानी शरभपुर थी। मानपुर और शरभपुर के राजाओं में अभिन्नता बताना बिलकुल बेमानी है, क्योंकि (१) शरभपुर के किसी भी राजा ने कभी राष्ट्रकूट होने का दावा नहीं किया, (२) प्रत्यक्षतः दोनों परिवार दो भिन्न क्षेत्रों पर दो भिन्न राजधानियों से शासन करते थे, (३) शरभपुरियों की मुहर पर गज-लक्ष्मी का चिह्न है तो मानपुर के राजाओं की मुहर पर सिंह का और (४) मानपुर के राजाओं के अनुदान-पत्र डिब्बानुमा शीर्षरेखा वाली लिपि में नहीं लिखे गये, जिस तरह कि शरभपुर के अनुदान-पत्र लिखे गये हैं। हाल में ही कोल्हापुर के पास मानपुर के परिवार का एक और अनुदान-पत्र मिला है, जिसे देवराज के बेटे और मानांक के पोते अविधेय ने जारी किया था। इससे स्पष्ट सूचित होता है कि मानपुर का परिवार मराठा देश के दक्षिणी भाग में शासन करता था। मिराशी ने मानपुर की सतारा जिले में स्थिति मान से शिनाख्त की है, जिसे अब आम तौर पर मान लिया गया है।[१]

इस वंश के संस्थापक राजा मानांक को उण्डिकवाटिका के अनुदान-पत्र में राष्ट्रकूटों का आभूषण बताया गया है। सम्भव है कि आरम्भ में वह किसी अन्य राजा का **राष्ट्रकूट** या प्रान्तीय गवर्नर रहा हो। लगता है कि वह पाँचवीं शताब्दी के मध्य में शासन करता था। वह कभी वत्सगुल्म के वाकाटकों के अधीन शासक था या नहीं, इसका निर्णय नहीं किया जा सकता। लेकिन उसके पोते अविधेय के पाण्डुरंगपल्ली वाले अनुदान-पत्र में मानांक को विदर्भ और अश्मक का विजेता कहा गया है।[२] यह सम्भव है कि विदर्भ और अश्मक के नामों का प्रयोग वास्तव में क्रमशः बरार के वाकाटकों और वत्सगुल्म के वाकाटकों को सूचित करने के लिए किया गया हो, जिनके बारे में ज्ञात है कि उन्होंने दक्षिण में कम से कम नान्दीकट तक, अर्थात् प्राचीन अश्मक में हैदराबाद के नान्देर जिले तक, राज किया था। इसी विवरण में मानांक को कुन्तलों को दण्ड देने वाला (**प्रशासिता**) भी कहा गया है, जो निश्चय ही कन्नड़ देश के कदम्ब राजा ही थे।[३]

---

१. ए. भ. ओ. रि. इ., XXV, ४२। यह मत कि इन राष्ट्रकूटों के आधिपत्य में एक विस्तृत क्षेत्र था, जिसके अन्तर्गत दक्षिण कोसल, मध्य-भारत और दक्षिणा-पथ के अधिकांश भाग शामिल थे, निरर्थक अटकलों पर आधारित है। देखिए, प्रो. इ. हि. का. VII, पृ. ७०, ए. भ. औ. रि. इ. XXIV. १४६-५५)।

२. ऊपर देखिए, पृ. २१४।

३. मिराशी के इस मत की पुष्टि के लिए पर्याप्त और सन्तोषजनक प्रमाण नहीं मिलते कि मानांक और उसके उत्तराधिकारी स्वयं कुन्तल देश के शासक थे, और **कुन्तलेश्वरदौत्य** में और

मानांक के बाद उसका बेटा देवराज[1] उसका उत्तराधिकारी बना। कहा जाता है कि देवराज के तीन बेटे थे। पाण्डुरंगपल्ली का अनुदान-पत्र अविधेय ने जारी किया था, जो देवराज का बेटा था। उसका दूसरा बेटा भविष्य था, जिसके बेटे अभिमन्यु ने उण्डिकवाटिका का अनुदान-पत्र जारी किया था। यह निश्चित नहीं है कि अविधेय ने अपने पिता के तुरन्त बाद शासन किया था या अपने भाई भविष्य के बाद या भतीजे अभिमन्यु के बाद।

मानपुर में रहते हुए, राजा अभिमन्यु ने उण्डिकवाटिका का गाँव, हरिवत्स किले के कमाण्डर जयसिंह की उपस्थिति में, भगवान दक्षिण-शिव के सम्मान में शैव तपस्वी जटाभार को दान किया था। चूँकि यह अभिलेख छठी शताब्दी का माना जा सकता हैं, इसलिए निस्सन्देह उण्डिकवाटिका के अनुदान-पत्र के जयसिंह को बादामि-परिवार के चालुक्य-वंश के संस्थापक जयसिंह-वल्लभ से अभिन्न मानने का लोभ संवरण नहीं किया जा सकता। फिर भी मानपुर के राष्ट्रकूटों से उसके वास्तविक सम्बन्ध का ठीक-ठीक निर्णय करना सम्भव नहीं है, विशेषकर यह देखते हुए कि प्रारम्भिक चालुक्य-विवरणों पर कदम्ब शैली का बड़ा गहरा प्रभाव है। यह ज्ञात नहीं है कि मानपुर के शासकों को अन्ततः प्रारम्भिक चालुक्यों ने हराया था या कोंकण की मौर्य आदि किसी अन्य ताकत ने। यद्यपि परवर्ती चालुक्यों के कुछ अभिलेखों में यह दावा किया गया है कि जयसिंह-वल्लभ ने कृष्ण के बेटे राष्ट्रकूट राजा इन्द्र का तख्ता उलट कर दक्षिणा-पथ पर अपना आधिपत्य जमा लिया था, लेकिन इस वक्तव्य को विद्वान जाली दस्तावेज समझते हैं, जो दसवीं शताब्दी की घटनाओं से प्रभावित होकर तैयार किया गया था जबकि, राष्ट्रकूटों की प्रभुसत्ता कृष्ण तृतीय के उत्तराधिकारियों के हाथ से निकलकर परवर्ती चालुक्य-वंश के हाथ में पहुँच गयी थी। प्रत्यक्षतः इसकी पुष्टि इस तथ्य से होती है कि बादामि के प्रारम्भिक चालुक्यों के दस्तावेजों में, विशेषकर ऐहोल के अभिलेख में, जहाँ इस परिवार के उत्थान का विस्तृत वर्णन मिला है, जयसिंह वल्लभ को एक साधारण सामन्त दिखाया गया है, जिसे किसी भी बड़ी सफलता का श्रेय प्राप्त नहीं था। यह महत्त्वपूर्ण बात है कि बादामि परिवार के प्रारम्भिक सदस्यों के विवरणों में, जिन राजाओं और देशों को उन्होंने परास्त किया था उनकी सूची में कहीं भी राष्ट्रकूटों का जिक्र नहीं आता, यहाँ तक कि महाकूट स्तम्भ पर उत्कीर्ण लेख में भी नहीं, जिसमें वस्तुतः इस परिवार की महानता स्थापित करने वाले कीर्तिवर्मन प्रथम की विजयों का अतिरंजित ब्यौरा दिया गया है। इसलिए, यह ज्यादा मुमकिन है कि मानपुर के शासकों को मौर्यों ने या नलों ने परास्त किया होगा, जिन्हें

वाकाटकों के अभिलेख में (ए. भ. ओ. रि. इ. XXV. ३६) जिस स्वामी का हवाला दिया गया है, वह स्वयं वे ही थे। कुन्तल के लिए देखिए, सक्से. सात, २१५-१६. इ. हि. क्वा. XXIII. ६५,३२०।

१. मिराशी के इस सुझाव को स्वीकार करना कठिन है कि मानपुर के देवराज को गोआ के भोज-वंश के देवराज से अभिन्न माना जाय। (पू. पु. ४३)।

आगे चलकर प्रारम्भिक चालुक्यों ने हराया होगा। राष्ट्रकूट गोविन्दराज, जो शिवराज का बेटा था और विक्रमादित्य द्वितीय के राज्य-काल में सतारा-रत्नागिरि क्षेत्र पर शासन करता था, शायद मानपुर के राष्ट्रकूटों के पुराने घराने का सदस्य रहा होगा।

३. बरार के राष्ट्रकूट

मध्यप्रदेश के बेतुल जिले में तिवरखेड और मुल्ताइ स्थानों पर मिले दो ताम्र अनुदान-पत्रों से एक परिवार के चार राजाओं का पता चलता है। दोनों अनुदान-पत्र नन्नराज, उपनाम युद्धासुर ने जारी किये थे, जो स्वामिकराज का बेटा, गोविन्दराज का पोता और दुर्गराज का पर-पोता था। उनके बारे में कहा गया है कि वे राष्ट्रकूट वंश के थे। तिवरखेड का अनुदान-पत्र अचलपुर (आजकल के अमरावती जिले में एल्लिचपुर) से जारी किया गया था, जो शायद इस परिवार के शासकों की राजधानी का नाम था। हाल में ही नन्नराज युद्धासुर के संगलूद में जो ताम्रपत्र मिले हैं, वे पद्मनगर से जारी किये गये थे, जो शायद इन राष्ट्रकूटों की उप-राजधानी का नाम रहा होगा। लगता है, उत्तरी दक्षिणापथ के बेतुल अमरावती क्षेत्र पर उनका आधिपत्य था।

नन्नराज के मुल्ताइ वाले अनुदान-पत्र की शब्दों में लिखी तारीख शक संवत् ६३१ अर्थात् सन् ७०९ ई० है। तिवरखेड वाले अनुदान-पत्र में तारीख इतने गलत शब्दों में लिखी गयी है कि उसका कोई सन्तोषजनक अर्थ नहीं निकलता, हालाँकि उसका संशोधन इस तरह कर दिया गया है कि उससे शक संवत् ५५३ सूचित होता है (सन् ६३१ ई०)। लेकिन इस तारीख की अगर दूसरे विवरण की संतोषजनक रूप से लिखी गई तारीख से तुलना करें तो लगेगा कि अपेक्षित शक संवत् ५५३ की बजाय ६५३ होना चाहिए, जो सन् ७३१ या ७३२ ई० के बराबर है। संगलूद के ताम्र-पत्रों की तारीख शक संवत् ६१५ (सन् ६९३ ई०) है। इसलिए हम मोटे तौर पर कह सकते हैं कि राष्ट्रकूट नन्नराज युद्धासुर ने लगभग सन् ६९० से ७३५ ई० तक शासन किया होगा। उसका परदादा दुर्गराज, लगता है, सातवीं शताब्दी के मध्य में शासन कर रहा होगा। हो सकता है कि पुलकेशिन द्वितीय ने दुर्गराज को राष्ट्रकूट (प्रान्तीय गवर्नर) नियुक्त किया हो, लेकिन जब पुलकेशिन द्वितीय की मृत्यु के बाद बादामि के चालुक्यों का परिवार संकटग्रस्त हो गया, उस समय वह स्वतंत्र हो गया हो। यह दिलचस्प बात है कि दन्तिवर्मन् प्रथम भी, जो राष्ट्रकूटों के शाही राजवंश का संस्थापक था, सातवीं शताब्दी के मध्य में ही शासन करता था और सम्भव है कि उसे भी पुलकेशिन द्वितीय ने दक्षिणापथ के उत्तरी भाग के किसी जिले का राष्ट्रकूट (गवर्नर) नियुक्त किया हो। बादामि के चालुक्यों के घराने के परवर्ती कमजोर सम्राटों के जमाने में, यानी आठवीं शताब्दी के पूर्वार्ध में, राष्ट्रकूटों के ये दोनों परिवार बहुत शक्तिशाली होते गये। ऐसा लगता है कि अचलपुर के राष्ट्रकूट परिवार को दन्तिदुर्ग

(दन्तिवर्मन् द्वितीय) ने, जो राष्ट्रकूटों के एक दूसरे परिवार का था, हरा कर आठवीं शताब्दी के मध्य में दक्षिणापथ में राष्ट्रकूटों का एक स्वतन्त्र राज्य कायम कर लिया था।

ग. पूर्वी दक्षिणा-पथ

I. आन्ध्र

१. आनन्द

हम देख चुके हैं कि काँची के पल्लवों ने किस प्रकार तीसरी शताब्दी के अन्त में आन्ध्र देश के केन्द्र-प्रदेश को जीत लिया था। गुन्टूर जिले के गिर्द के क्षेत्र को पल्लवों के चंगुल से मुक्त कराने का श्रेय एक नये राज-परिवार को दिया जा सकता है, जो **आनन्द-गोत्र** का या आनन्द नाम के किसी ऋषि का वंशज होने का दावा करता था। अभिलेखों से आनन्द-वंश के केवल तीन राजाओं के नाम ज्ञात हुए हैं—कंदर, अत्तिवर्मन् और दामोदरवर्मन्। इन राजाओं का शासन काल चौथी शताब्दी के उत्तरार्ध से लेकर पाँचवीं शताब्दी के पूर्वार्ध तक समझा जाता है। विद्वानों में आनन्द-वंश के राजाओं के वंशानुगत नाम और कालानुक्रम के बारे में काफी मतभेद है। ये तीनों राजा जिस राजवंश के थे, उसको कभी कभी कन्दर-परिवार का आनन्द-गोत्र परिवार कहा जाता है। लेकिन इस बात की अपेक्षा नहीं करनी चाहिए कि केवल राजा कन्दर के वंशजों को ही कन्दर परिवार का कहा जा सकता है और संस्कृत भाषा में **गोत्र** का अर्थ कुल होता है, जहाँ तक आनन्द-वंश के राजाओं के कालानुक्रम का संबन्ध है विभिन्न विद्वानों ने उन्हें विभिन्न कालों में छठी और सातवीं शताब्दियों में सन् ३७५ से ५०० ई० और सन् २९० से ६३० ई० के बीच रखने के अनुमान पेश किये हैं। इस सम्बन्ध में सबसे महत्त्वपूर्ण और विचारणीय बात यह है कि मत्तेपद वाले दामोदरवर्मन् का अनुदान-पत्र आधा संस्कृत भाषा में और आधा प्राकृत भाषा में लिखा गया है, और इसलिए वह चौथी शताब्दी के उत्तरार्ध से बाद का नहीं हो सकता, जब संस्कृत ने दक्षिण भारत के पुरालेखीय क्षेत्र से प्राकृत को अपदस्थ कर दिया था। यह विश्वास करने का भी कोई संगत कारण नहीं है कि दामोदरवर्मन् तथा कन्दर और अत्तिवर्मन् के बीच समय का लम्बा फासला रहा होगा।

कन्दर नाम संस्कृत के **कृष्ण** नाम का द्रविड़ प्रभाव में भ्रष्ट प्राकृत रूप है। ऐसा लगता है कि राजा कन्दर ने कन्दरपुर का नगर बसाया था, जो आनन्द वंश के राजाओं की राजधानी था। यह नगर शायद गुन्टूर जिले में आधुनिक **चेजर्ल** के निकट था। इस स्थान पर प्राप्त एक अभिलेख में कहा गया है कि राजा कन्दर कृष्णवेण्णा (कृष्णा नदी), त्रिकूट पर्वत, कन्दरपुर नगर और दो **जनपदों** (प्रान्तों) का स्वामी था। **चेजर्ल** अभिलेख के त्रिकूट पर्वत की अस्थायी रूप से विष्णुकुण्डिन के अभिलेख में उल्लिखित त्रिकूट-मलय और आधुनिक कोटप्पकोंड से शिनाख्त की गयी है जो कवुर के निकट

है । कन्दर के राज्य का एक **जनपद** कन्दरपुर के इर्द-गिर्द वाला जिला रहा होगा। कन्दर के ध्वज पर **गोलांगुल** की आकृति होती थी, जो बन्दरों की एक जाति है । यह अनिश्चित है कि आनन्द-राजाओं के ताम्र-अनुदान-पत्रों पर ठपी विरुपित मुहरों में भी इसी प्राणी की आकृति है या कुछ और ।

चेजर्ल का अभिलेख दरअसल सत्सभामल्ल का है, जो कन्दर की बेटी का पुत्र और शायद किसी उपराजा के वंश का था । इस अभिलेख में कन्दर को **पृथिवी-युवराट** की उपाधि और सम्भवतः धान्यकटक (अमरावती क्षेत्र) में कुछ युद्धों में विजयी होने का श्रेय दिया गया है । यह स्थान आन्ध्रपथ में पल्लवों का सदरमुकाम होने के कारण प्रसिद्ध था । यह बात नामुमकिन नहीं है कि चौथी शताब्दी के मध्य में कन्दर और उसके अधीन राजाओं ने पल्लवों को धान्यकटक से निकाल बाहर किया हो ।[1]

राजा अत्तिवर्मन् ने, जिसका नाम द्रविड़ प्रभाव में संस्कृत के हस्तिवर्मन् का भ्रष्ट प्राकृत रूप है, गोरन्त्ल का अनुदान-पत्र जारी किया था । इस विवरण में राजा अत्तिवर्मन् को शम्भु (शिव) का उपासक और हिरण्यगर्भ **महादान** यज्ञ का कर्ता बताया गया है । शिव का मन्दिर, जो इस परिवार के पहले राजाओं का भी देवता था, वाकेश्वर नाम के स्थान पर था, जो शायद राजधानी कन्दरपुर के पास में रहा होगा और सम्भव है कि आधुनिक **चेजर्ल** के स्थान पर ही रहा हो ।

आनन्द-राजा दामोदरवर्मन्, जिसने मत्तेपद का अनुदान-पत्र जारी किया था, भगवान सम्यक् सम्बुद्ध (बुद्ध) का उपासक था । दामोदरवर्मन् द्वारा बौद्धधर्म के संरक्षण के सम्बन्ध में यह संकेत कर देना जरूरी है कि चेजर्ल में इस समय जो कपोतेश्वर का मन्दिर है, उसकी संरचना को देखते हुए विद्वानों का यह विचार है कि वह मूलतः बौद्धचैत्य था, जो बाद में ब्राह्मण धर्म के प्रयोग के लिए बदल लिया गया था । आमतौर पर इस मन्दिर को चौथी शताब्दी का माना जाता है और यह तारीख आनन्द-वंश के राजाओं की तारीख से ठीक जुड़ जाती है ।

आमतौर पर माना जाता है कि कन्दरपुर की गद्दी पर दामोदरवर्मन् अत्तिवर्मन् से पहले बैठा था । लेकिन उसके बारे में यह वर्णन, कि वह एक ऐसे राजा का बेटा था, जिसने हिरण्यगर्भ **महादान** यज्ञ किया था, यह सिद्ध करता है कि अत्तिवर्मन का बेटा था, जिसने हिरण्यगर्भ **महादान** यज्ञ किया था ।

आनन्द-वंश का पतन सम्भवतः पल्लवों से उनके अनवरत संघर्ष का परिणाम था ।

---

१. चेजर्ल के अभिलेख की पुरालिपि-शास्त्रीय जाँच से यह सुझाया जा सकता है कि इस अभिलेख का कन्दर अत्तिवर्मन् और दामोदरवर्मन् के बाद हुआ था और इस वंश का संस्थापक कन्दर से भिन्न था ।

२. शालंकायन

टॉलेमी के **जुगराफिया** (भूगोल) में, जिसकी रचना सन् १४० ई० के लगभग हुई थी, सलकैनोइ नाम के लोगों का उल्लेख मिलता है जो माइसौलिया या आधुनिक मसुलिपट्टम क्षेत्र के उत्तर में बसते थे। टॉलेमी के सलकैनोई दरअसल शालंकायन ही हो सकते हैं, जो कृष्णा और गोदावरी नदियों के मुहानों के बीच बसते थे और जिनकी राजधानी वेंगी नगर में थी, जो गोदावरी जिले में एल्लोड़ के निकट आजकल पेद्द-वेंगि के नाम से ज्ञात है। टॉलेमी के अनुसार सलकैनोई का एक महत्त्वपूर्ण नगर बेनागूरॉन था, जो वेंगपुर या वेंगीपुर का ग्रीक रूप हो सकता है। शालंकायन अवश्य ही परवर्ती सातवाहनों की अधीनता स्वीकार करते रहे होंगे, लेकिन उन्हें आन्ध्रपथ के विजेता इक्ष्वाकुओं और पल्लवों के आगे भी समर्पण करना पड़ा था या नहीं, इसका ठीक-ठीक निर्णय नहीं किया जा सकता।

शालंकायनों के सारे अनुदान-पत्र वेंगी के नगर से ही जारी किये गये थे। कौल्लैर का अनुदान-पत्र **महाराज** नन्दिवर्मन ने जारी किया था, जो **महाराज** चण्डवर्मन का ज्येष्ठ पुत्र था। यह राजा प्रत्यक्षतः पेद्द-वेंगि के अनुदान-पत्र के महाराज नन्दिवर्मन् द्वितीय से अभिन्न था, जिसके बारे में कहा गया है कि वह **महाराज** चंडिवर्मन् का बेटा महाराज नन्दिवर्मन् प्रथम का पोता और **महाराज** हस्तिवर्मन् का परपोता था। इसमें कोई सन्देह नहीं कि शालंकायन राजा हस्तिवर्मन् वेंगी के इसी नाम के उस राजा से अभिन्न है, जिसे इलाहाबाद के अभिलेख के अनुसार लगभग चौथी शताब्दी के मध्य में सम्राट समुद्रगुप्त ने हराया था। हाल में ही कानुकोल्लु में जो ताम्रपत्र मिले हैं (पहला सेट),[1] उनमें प्राकृत भाषा में एक भूमि-अनुदान का विवरण दिया गया है। यह अनुदान-पत्र नन्दिवर्मन ने, जो सम्भवतः हस्तिवर्मन् का बेटा था, अपने शासन-काल के १४वें वर्ष में जारी किया था। इस नन्दिवर्मन् प्रथम का पोता नन्दिवर्मन् द्वितीय था, जिसे हम पाँचवीं शताब्दी के दूसरे चतुर्थांश में रख सकते हैं। कन्तेरु का अनुदान-पत्र (नं० १) नन्दिवर्मन् नाम के एक शालंकायन महाराज ने जारी किया था, लेकिन अनुदान-पत्र में उसके पूर्वजों का उल्लेख नहीं है। फिर भी उसे नन्दिवर्मन् द्वितीय से अभिन्न माना जा सकता है, क्योंकि दोनों के लिए समान उपाधि **परम-भागवत** का प्रयोग किया गया है।

कन्तेरु ताम्र-पत्र (नं० २) और कानुकोल्लु ताम्र-पत्र (नं० २) से एक महाराज स्कन्दवर्मन् के नाम का पता चलता है। कानुकोल्लु के अनुदान-पत्र के अनुसार वह नन्दिवर्मन् (प्रथम) का पोता और हस्तिवर्मन् (द्वितीय) का बेटा था। चण्डिवर्मन् और नन्दिवर्मन् द्वितीय के साथ उसका क्या रिश्ता था, इसका अभी तक पता नहीं चला है। इस प्रकार हम शालंकायनों की वंशावली इस रूप में पेश कर सकते हैं :—

---

१. ऐंशिएंट इण्डिया, नं. ५, पृ. ४६-४७।



एक और **शालंकायन-महाराज** देववर्मन्, जो महेश्वर (शिव) का उपासक था, एल्लोर में प्राप्त हुए अपने अनुदान-पत्र से जाने गये हैं जो उनके शासन-काल के तेरहवें साल में जारी किया गया था। एल्लौर का अनुदान-पत्र प्राकृत भाषा में है, जबकि नन्दिवर्मन् द्वितीय और स्कन्दवर्मन् के अनुदान-पत्र संस्कृत में हैं, इसलिए देववर्मन् को इन दोनों का पूर्ववर्ती मानना चाहिए। कुछ विद्वानों का मत है कि उसे हस्तिवर्मन् प्रथम का दूसरा बेटा मानना चाहिए, लेकिन इस अनुमान की पुष्टि के लिए कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं है। वह वेंगी की गद्दी पर हस्तिवर्मन् का पूर्वज भी हो सकता है और सम्भव है कि उसका काल चौथी शताब्दी का दूसरा चतुर्थांश हो। अनुदान-पत्र में कहा गया है कि **महाराज** देववर्मन् ने अश्वमेध-यज्ञ किया था। इससे सूचित होता है कि वह सम्राट समुद्रगुप्त के आक्रमण से पहले हुआ था और उसने अपने दुश्मनों को, जिनमें आन्ध्रपथ के विजेता पल्लव भी हो सकते हैं, सफलतापूर्वक हराने के बाद शालंकायन परिवार की महानता कायम की हो।

यद्यपि व्यक्तिगत रूप से शालंकायन राजाओं ने चाहे शैव या वैष्णव धर्म को अधिक पसन्द किया हो, लेकिन वे, सब के सब, भगवान चित्ररथ-स्वामी के उपासक थे, जो, जाहिर है, शालंकायन **महाराजाओं** के कुल-देवता थे। चूँकि चित्ररथ शब्द का अर्थ "सूर्य" है, यह कुल-देवता सूर्य-भगवान भी हो सकते हैं। शालंकायन राजाओं के अनुदान-पत्रों के साथ नत्थी मुहरों पर नन्दी की आकृति है, जो लगता है, उनका कुल-चिह्न था। चूँकि **शालंकायन** शब्द से नन्दी सूचित होता है, जो शिव का वाहन है, अतः यह सम्भव है कि शालंकायनों का कुल-चिह्न उनके नाम से बिल्कुल असंबद्ध नहीं हो।

पश्चिमी गोदावरी और कृष्णा के जिलों और शायद उससे मिले हुए कुछ क्षेत्रों पर शालंकायनों का आधिपत्य था। नेल्लोर-गुन्टूर क्षेत्र के पल्लव राजा सिंहवर्मन् के मंगलूर वाले अनुदान-पत्र (सन् ५०० ई०) में वेंगो (अर्थात् वेंगी) **राष्ट्र** में भूमि-दान अभिलेखित है। यह तथ्य शायद यह सूचित करता है कि वेंगी के शालंकायनों के विरुद्ध पल्लवों ने पाँचवीं शताब्दी के अन्त में सफलता प्राप्त करली थी और विष्णुकुंडिनों ने उन्हें अगली (छठी) शताब्दी के शुरू में अन्तिम रूप से हरा दिया था।

३. विष्णुकुंडी

विष्णुकुंडियों का नाम शायद उनके मूल निवास-स्थान के नाम पर पड़ा था, जो कुरनूल जिले में श्रीशैल पर्वत से ६० मील पूर्व और कृष्णा नदी से ५० मील दक्षिण में, आधुनिक विनुकोंड है। विष्णुकुंडी राजाओं की मुहर पर सिंह की आकृति होती थी और वे भगवान श्रीपर्वतस्वामी के उपासक थे, अर्थात् उस देवता के, जिसकी मूर्ति श्रीपर्वत के मन्दिर में थी (आधुनिक नल्लमलुर गिरिमाला जिसमें श्रीशैल की चोटी भी है), और जो विष्णुकुंडियों का कुलदेवता भी था। इस श्रीपर्वतस्वामी को श्रीशैल शिखर के देवता शिवमल्लिकार्जुन से अभिन्न समझना चाहिए या नहीं, इसका निर्णय करना सम्भव नहीं है।

विष्णुकुंडियों की वंशावली के बारे में विद्वानों में मतभेद है। मतभेद इस बात को लेकर है कि चिक्कुल्ल और रामतिर्थम् के ताम्र अनुदान-पत्रों में जिस राजा माधववर्मन् का उल्लेख है, उसका इपुर (पहला सेट) और पोलमुरु के ताम्र अनुदान-पत्रों में उल्लिखित समध्वनिक नाम वाले राजा से क्या रिश्ता था। इन सारे ताम्र-पत्रों में कहा गया है कि इस राजा ने ग्यारह अश्वमेध यज्ञ और एक हजार अन्य प्रकार के यज्ञ किये थे। लेकिन अन्तिम दोनों ताम्र-पत्रों में इतना और जोड़ा गया है कि उसने "हिरण्यगर्भ **महादान** भी किया था" और इससे "त्रिवरनगर की तरुणियों के हृदयों को आनन्दित किया था"। ग्यारह अश्वमेध यज्ञ और एक हजार अन्य यज्ञ करना कुछ विद्वानों की राय में इतनी अनोखी बात है कि उनका विश्वास है कि इन चारों ताम्र-पत्रों में किसी एक ही राजा का उल्लेख है। लेकिन दूसरे विद्वानों का मत है कि पहले दो ताम्र-पत्रों में जिस राजा का उल्लेख है, वह अन्तिम दो ताम्र-पत्रों में उल्लिखित राजा से भिन्न है और वह उससे बहुत पहले हुआ था।[1] दोनों में से एक या दूसरे मत को मान लेने से

---

१. जैसा मैंने संकेत किया है, (इ. हि. क्वा. IX. ६५३ प. पृ.) यह विश्वास करना कठिन है कि माधववर्मन् नाम के एक से अधिक विष्णुकुंडी राजा हुए होंगे, जिन्होंने अलग अलग ठीक एक ही संख्या में यज्ञ किये होंगे, अर्थात् ग्यारह अश्वमेध यज्ञ और **एक हजार** अग्निष्टोम (क्रतु)। लेकिन हाल में ही इ. क. XV. पृ. १३ प. पृ. में प्रकाशित एक नोट में प्रो. नीलकान्त शास्त्री ने ग्यारह अश्वमेधयज्ञ आदि करने वाले उपर्युक्त माधववर्मन् को दो बार हुआ बताया है। वह इस दावे की सचाई पर सन्देह तो करते हैं लेकिन यह सुझाव पेश करते हुए लगते हैं कि पहले माधववर्मन् ने तो शायद ये सारे यज्ञ किये थे, लेकिन बाद के दूसरे माधववर्मन् ने शायद परम्परा या प्रथा के अनुसार अपने पूर्वज के कारनामों को खुद अपने कारनामों के रूप में पेश किया हो। हालाँकि पूर्वजों के दावों को खुद अपने दावे बताकर डींग मारने की रूढ़ि के उदाहरण भारतीय इतिहास में अज्ञात नहीं हैं, लेकिन प्रो. शास्त्री का सुझाव पूरी तरह सन्तोषजनक नहीं लगता, क्योंकि इतने यज्ञों के कर्ता माधववर्मन् के किसी भी ज्ञात वंशज ने (अर्थात् इपुर ताम्र-पत्रों के दूसरे सेट को जारी करने वाले उसके पोते माधववर्मन् द्वितीय ने, रामतीर्थम् ताम्र-पत्रों को जारी करने वाले उसके दूसरे पोते इन्द्रवर्मन् ने और चिक्कुल ताम्र-पत्रों को जारी करने वाले उसके परपोते विक्रमेन्द्रवर्मन् द्वितीय ने) स्वयं अपने बारे में कभी यह दावा नहीं किया कि उसने इतने यज्ञ किये थे, बल्कि हरेक ने इसका

इस राजवंश के इतिहास और वंशावली, और साथ ही, पड़ोसी राजाओं से उसके सम्बन्धों में बहुत बड़ा फर्क पड़ जाता है। नीचे विष्णुकुंडिन राजाओं की वंशावली का जो रेखा-चित्र प्रस्तुत किया गया है, वह इस मत पर आधारित है कि चारों ताम्र-पत्रों में यज्ञ करने वाले एक ही राजा का उल्लेख हुआ है।[1]

विक्रमहेन्द्र (विक्रमेन्द्र-वर्मन् प्रथम), ल. सन् ५०० ई०

महाराज गोविन्दवर्मन् विक्रमाश्रय

महाराज माधववर्मन् प्रथम जनाश्रय ल. सन् ५३५-८५ ई०

देववर्मन्	(राजा) विक्रमेन्द्रवर्मन् द्वितीय	माव्यण्ण-भट्टारक
माधववर्मन् द्वितीय	**महाराज राजा इन्द्र** (भट्टारक) वर्मन् ल. सन् ५९०-६२० ई०	

महाराज विक्रमेन्द्रवर्मन् तृतीय ल. सन् ६२०-६३१ ई०

विष्णुकुंडी परिवार का सबसे पहला ज्ञात राजा विक्रमहेन्द्र (ल. सन् ५०० ई०) था, जिसके बारे में हमें उसके पोते के अभिलेखों से पता चलता है। विक्रमहेन्द्र के नाम का शुद्ध रूप या तो विक्रमहेन्द्र हो सकता है या विक्रमेन्द्र। चूँकि उसके वंशजों में दो अन्य राजाओं के नाम विक्रमेन्द्र वर्मन् हैं, और परिवार में पहला विक्रमेन्द्र एक प्रकार से अज्ञात व्यक्ति है, इसलिए उसे विष्णुकुंडी परिवार का विक्रमेन्द्र

श्रेय अपने उस पूर्वज माधववर्मन् को दिया है, जिसने अपने पोलमुरु ताम्र-पत्रों में यह दावा किया था कि उसने इतने-इतने यज्ञ किये थे, ठीक उसी संख्या में (जिसका प्रोफेसर शास्त्री के अनुसार दूसरों ने रूढ़िबद्ध प्रयोग किया है), और जिसने अपने पूर्वजों के नाम गिनाते समय किसी ऐसे व्यक्ति का उल्लेख नहीं किया जो उसका नामराशि हो। यज्ञों की विशिष्टता और इस दावे की विचित्रता से लगता है कि वह तथ्यों पर आधारित है, उनका वास्तविक स्वरूप चाहे जो रहा हो। प्रो. शास्त्री ने माधववर्मन् और उसके वंशजों के अभिलेखों में वर्णित अन्तर को इतना ज्यादा महत्त्व दिया है, लेकिन वे इस बात की उपेक्षा कर जाते हैं कि खुद माधववर्मन् के इपुर (नं. १) और पोलमुरु वाले अनुदान-पत्रों के वर्णनों में भी ठीक वैसा ही अन्तर है, और साथ ही उसके पोतों और पर-पोते के अभिलेखों के वर्णनों में भी फर्क है। प्रो. शास्त्री ने यह भी ध्यान नहीं दिया कि विष्णुकुंडियों की वंशावली की उन्होंने जो योजना पेश की है, उसे दरअसल उनसे पहले वी. एस. रामचन्द्रमूर्ति ने ज. आ. हि. रि. सो. X. १९३ में सुझाया था और उस पर मैंने टिप्पणी की थी (वही, XI. १२९ प. पृ.) प्रो. शास्त्री की (अर्थात् रामचन्द्रमूर्ति की) योजना के बारे में ज. रा. ए. सो., १९५२, पृ. ८३. की एक समीक्षा में कहा गया था कि वह पूरी तरह सन्तोषजनक नहीं है।

१. दूसरे दृष्टिकोण को जानने के लिए इस परिच्छेद का परिशिष्ट देखिए।

(विक्रमेन्द्रवर्मन्) प्रथम कहना चाहिए। उसके बाद उसका बेटा गोविन्दवर्मन् विक्रमाश्रय गद्दी पर बैठा था, लेकिन उसका कोई विवरण प्राप्त नहीं हुआ है।

विष्णुकुंडी परिवार की महानता का वास्तविक संस्थापक माधववर्मन् प्रथम जनाश्रय था, जो गोविन्दवर्मन् विक्रमाश्रय का बेटा और उत्तराधिकारी था और उसने सम्भवतः सन् ५३५ से ५८५ ई० तक राज किया था। उसका शासन-काल लगभग छठी शताब्दी ई० के मध्य में शुरू हुआ था; यह इस बात से सूचित होता है कि उसकी वृद्धावस्था और पूर्वी चालुक्य राजा जयसिंह प्रथम (ल. सन् ६३३-६३ ई०) के आरम्भ काल के बीच करीब एक पीढ़ी का फर्क है। गोदावरी जिले के रामचन्द्रपुर **तालुक** में स्थित पोलमुरु गाँव को माधववर्मन् प्रथम ने अपने शासन-काल के ४०वें (या सम्भवतः ४८वें) वर्ष में एक ब्राह्मण शिवशर्मा को दान किया था, जो कर्म-राष्ट्र में कुनलुर गाँव का रहने वाला था। फिर यही गाँव जयसिंह प्रथम ने अपने शासन-काल के पाँचवें साल में शिवशर्मा के बेटे रुद्रशर्मा को दान किया था, जिसके बारे में कहा गया है कि वह असनपुर **स्थान** (गोदावरी जिले में द्रक्षरम के निकट) का निवासी था और पोलमुरु के **अग्रहार** का मालिक था। इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए कि राजाओं द्वारा ब्राह्मणों को **अग्रहार** उस समय ही दिये जाते थे जब वे **गृहस्थाश्रम** में प्रवेश करते थे, तथा रुद्रशर्मा अपने पिता की मृत्यु के बाद और जयसिंह प्रथम के शासन-काल के पाँचवें वर्ष के पहले तक इस गाँव की सम्पत्ति का उपभोग करता रहा था, और विष्णुकुंडी देश पर पूर्वी चालुक्यों की विजय से उत्पन्न अशान्ति और गड़बड़ी की स्थिति से बचने के लिए भागकर असनपुर **स्थान** में जा बसा था, यह अनुमान करना उचित होगा कि दोनों अनुदानों में लगभग आधी शताब्दी के समय का फर्क था। इसलिए माधववर्मन् के शासन-काल के ४०वें (या ४८वें) वर्ष को छठी शताब्दी के अन्तिम चतुर्थांश में रखा जा सकता है।

विष्णुकुंडी परिवार के सारे अभिलेखों में सिर्फ **महाराज** माधववर्मन् प्रथम को ही ग्यारह अश्वमेध यज्ञ और एक हजार **अग्निष्टोम** (तथा अन्य यज्ञ) करने का श्रेय दिया गया है। खुद उसके अपने अनुदान-पत्र में उसे इनके अलावा हिरण्यगर्भ **महादान** करने का भी श्रेय दिया गया है। इसमें सन्देह नहीं कि ये कार्य उल्लेखनीय सफलताओं के रूप में माने गये थे।

इपुर और पोलमुरु के दोनों अनुदान पत्रों में कहा गया है कि माधववर्मन् प्रथम ने इन कार्यों से त्रिवर नगर की तरुणियों के हृदयों को आनन्दित किया था। यह निश्चय ही वह नगर रहा होगा, जिसे जीतने का दावा विष्णुकुंडी राजाओं ने किया है। नाम से लगता है कि त्रिवरनगर त्रिवर नाम के राजा की राजधानी था और इस राजा को दक्षिण कोसल के पांडुवंशी राजा तीवर से अभिन्न माना जा सकता है, जो छठी शताब्दी के अन्तिम चतुर्थांश में शासन करता था। पोलमुरु अभिलेख के अनुसार माधववर्मन् ने अपने शासन काल के ४०वें (या ४८वें) वर्ष में पूर्वी क्षेत्र को जीतने के इरादे से गोदावरी पार की थी। आमतौर पर विश्वास किया जाता है कि इस वक्तव्य में मौखरी

राजा ईशानवर्मन् से उसके युद्ध की ओर अस्पष्ट संकेत है। लेकिन ईशानवर्मन् ने दावा किया है कि उसने सन् ५५३ ई० से पहले एक आन्ध्र राजा को हराया था। माधववर्मन् प्रथम ने वाकाटक परिवार की एक राजकुमारी से विवाह किया था और उससे जो पुत्र हुआ था उसका नाम विक्रमेन्द्रवर्मन् (द्वितीय) था।

एक विष्णुकुंडी राजकुमार का, जिसका नाम माधववर्मन् (द्वितीय) था और जो देववर्मन् का बेटा और माधववर्मन् प्रथम का पोता था, उसके एक अनुदान-पत्र से पता चला है, जो इपुर में प्राप्त हुआ है। उस पर शायद उसके दादा (माधववर्मन् प्रथम) के शासन-काल के ४७वें वर्ष की तारीख है। उसमें माधव वर्मन् (द्वितीय) को त्रिकूट-मलय का स्वामी बताया गया है। सम्भव है कि यह उसके दादा के राज्य का कोई प्रान्त हो, जिस पर वह उपराजा या वायसराय की हैसियत से शासन करता हो। त्रिकूट-मलय की शिनाख्त अस्थायी रूप से गुन्टूर जिले के नरसराव पेट तालुक में कवुर के निकट आधुनिक कोटप्पकोंड से की गयी है, यद्यपि यह अनुदान-पत्र अमरपुर से जारी किया गया था, जो शायद अमरावती से अभिन्न है।

विष्णुकुंडी राजा माधववर्मन् प्रथम जनाश्रय सिर्फ एक प्रसिद्ध विजेता ही नहीं था, बल्कि एक ऐसा शासक भी था जो धार्मिक यज्ञ करता था। वह विद्या का महान् संपोषक भी था। छन्दशास्त्र की एक रचना, जिसका शीर्षक **जनाश्रयी छन्दोविचिति** है, सम्भवतः उसके ही नाम पर थी। लगता है कि अनेक परम्पराएँ भी इस विष्णुकुंडी राजा के साथ सम्बद्ध हो गयी हैं। **आर्यमंजुश्रीमूलकल्प** में माधव नाम के जिस दक्षिणी राजा का उल्लेख है, वह शायद यह माधववर्मन् प्रथम ही रहा होगा। बेजवाड़ा के एक तेरहवीं शताब्दी के अभिलेख में बेजवाड़ा के माधववर्मन् नामक राजा का जिक्र है, जिसने एक गरीब औरत के बेटे की हत्या करने के अपराध में स्वयं अपने पुत्र को प्राणदण्ड दिया था। सोलहवीं शताब्दी के एक अभिलेख में विजयनगर के राजा कृष्णदेवराय के एक सेनापति को बेजवाड़ा के राजा माधववर्मन् का वंशज बताया गया है। इसी शताब्दी के मध्य में लिखित एक काव्य में, जिसका शीर्षक **श्रीकृष्णविजय** है, माधववर्मन् के नेतृत्व में चार राजपूत कुलों के तेलंगाना में स्थानान्तरण का वर्णन है और उसमें दावा किया गया है कि यह माधववर्मन् विशाखापट्टम में विजयनगरम् के राजवंश का प्रजनक था। तेलुगु देश के रजु या रचवर लोग भी अपने आपको माधव-वर्मन् का वंशज बताते हैं। तेलुगु साहित्य में माधववर्मन् सम्बन्धी इस अनुश्रुति को पद्यबद्ध किया गया है कि वह कन्दार के राजा सोमदेव का मरणोत्तर बेटा था और एक ब्राह्मण के नाम हर उसका नाम रखा गया था। वह ब्राह्मण अनुमकोंड (वारंगल के निकट आधुनिक हन्मकोंड) का रहनेवाला था, जो बाद के जमाने में काकतीय राजाओं की राजधानी बना था। इस अनुश्रुति में कन्दार और कटक के राजाओं के युद्ध का भी उल्लेख किया गया है। इन परम्पराओं का चाहे जो ऐतिहासिक मूल्य हो, लेकिन निस्सन्देह वे इस बात की ओर तो संकेत करती ही हैं कि सर्वसाधारण के मन पर माधव-वर्मन् प्रथम के कारनामों की कितनी गहरी छाप पड़ी थी।

माधववर्मन् प्रथम जनाश्रय के बाद उसका बेटा विक्रमेन्द्रवर्मन् द्वितीय उसका उत्तराधिकारी बना। उसका जन्म माधववर्मन् की वाकाट या वाकाटक परिवार की रानी से हुआ था। सम्भवतः थोड़े दिनों के शासन के बाद ही इस राजा की जगह उसका बेटा इन्द्रवर्मन् या इन्द्रभट्टारक-वर्मन गद्दी पर बैठा। उसने **परममाहेश्वर** की उपाधि अपनायी थी, और लगता है कि उसने सन् ५९० से ६२० ई० तक राज किया था।[1] इसमें जरा भी सन्देह नहीं है कि वह एक प्रसिद्ध विजेता था, लेकिन लगता है, उसके शासन-काल के अन्तिम भाग में विष्णुकुंडी राज्य को उसके दुश्मनों से बहुत बड़ा खतरा पैदा हो गया था। पूरब की दिशा में उसे अपने दुश्मनों के विरुद्ध शानदार सफलता मिली थी, इस बात की पुष्टि रामतीर्थम् वाले उसके ताम्र अनुदान-पत्र से होती है। इस अनुदान-पत्र पर उसके शासन-काल के २७वें वर्ष की तारीख है और इसे पुरणि नदी के संगम के पास के एक स्थान से जारी किया गया था और इसमें प्लकि राष्ट्र (विशाखापट्टम जिला) में, जो कृष्णा और गोदावरी के निचले भाग में स्थित विष्णुकुंडी राज्य के केन्द्रीय क्षेत्र से काफी दूर है, भूमि-दान किया था। **महाराज** प्रभाकर के पुत्र राजा पृथिवीमूल के गोदावरी अनुदान-पत्र के अनुसार, जिसे पुरालिपिशास्त्रीय आधार पर सातवीं शताब्दी ई० के आरम्भ का माना जाता है, इन्द्र नाम के एक **अधिराज** या इन्द्राधिराज नाम के एक सामन्त ने, जिसकी प्रार्थना पर प्रत्यक्षतः यह अनुदान-पत्र विष्णुकुंडी की राज्य-सीमा के अन्दर से जारी किया गया था, अन्य सामन्तों के साथ मिलकर किसी इन्द्रभट्टारक का तख्ता उलटने के लिए युद्ध किया था। यह हवाला निश्चय ही पूर्वी राज्यों द्वारा विष्णुकुंडिन राजा इन्द्रवर्मन् या इन्द्रभट्टारकवर्मन् के विरुद्ध संयुक्त मोर्चा बनाने वाली घटना के बारे में है। यह तथ्य कि इन्द्राधिराज सुप्रतीक हाथी पर चढ़कर (जो उत्तर-पूर्वी भाग में पाया जाता है) दुश्मन के कुमुद हाथी को (जो दक्षिण या दक्षिण-पूर्वी भागों में पाया जाता है) उलट या खदेड़ दिया था, और साथ ही यह तथ्य भी कि इस अनुदान-पत्र के अनुसार विष्णुकुंडी राज्य में स्थित भूमि दान की गयी थी, विष्णुकुंडी राजा की पराजय की ओर संकेत करता है। रामतीर्थम् वाले अनुदान-पत्र में इन्द्रवर्मन् का यह दावा कि उसने अनेक **चतुर्दन्तों** (हाथियों) को, अनेक युद्धों में हराया था, इस युद्ध के ही किसी पहलू की ओर संकेत करता लगता है। इन्द्राधिराज को आमतौर पर गंग-वंश के राजा इन्द्रवर्मन् से अभिन्न माना जाता है, जिसकी सबसे पहली ज्ञात तारीख सन् ६२४ ई० है, लेकिन यह शिनाख्त तर्कसंगत नहीं है, क्योंकि इन्द्राजीत के बारे में इस अनुदान-पत्र में कहा गया है कि वह मितवर्मन् या मित्रवर्मन् का बेटा था, जो मणलकुडि का एक ब्राह्मण (द्विजाति) था। रामतीर्थम् के अनुदान-पत्र में **दायाद** लोगों का भी हवाला दिया गया

---

१. इन्द्र वर्मन् और उसके बेटे के काल के बारे में **सक्से, सात,** में जो मत प्रकट किये गये हैं, उनमें से कुछ का इन पृष्ठों में संशोधन कर दिया गया है (देखिए पू. ले. पृ. १३३-३४,३९२)। खानापुर के ताम्र-अनुदान-पत्रों के माधववर्मन् को (ई. इ. XXVII. ३१२ प. पृ.) किसी प्रकार भी विष्णुकुंडी परिवार का नहीं माना जा सकता।

है, जिससे शायद यह सूचित होता है कि विष्णुकुंडी राजा के कुछ रिश्तेदार भी उसके विरुद्ध लड़े थे।

विष्णुकुंडी राजा इन्द्रवर्मन् के बाद उसका बेटा महाराज विक्रमेन्द्रवर्मन् तृतीय (सन् ६२०-३१ ई०) उसका उत्तराधिकारी बना। उसने ही अपने शासन-काल के १०वें वर्ष में चिक्कुल्ल अनुदान-पत्र जारी किया था। यह राजा भगवान् महेश्वर (शिव) का अनन्य उपासक था। यह अनुदान-पत्र लेन्दुलूर से (एल्लोर के पास आधुनिक देन्दलुरु), राजा के **वासक** द्वारा जारी किया गया था, और इसमें कृष्ण-वेण्णा नदी के दक्षिण में स्थित एक गाँव के दान का विवरण है जो भगवान् सोमगिरीश्वरनाथ के जो सम्भवतः एक शिव-लिङ्ग है, सम्मान में किया गया था। विष्णुकुंडी राज्य को, जो इन्द्रवर्मन् की अनर्थकारी विदेशनीति के बावजूद किसी प्रकार खत्म होने से बचा रह गया था, विक्रमेन्द्रवर्मन् तृतीय के शासन-काल में एक और भयंकर विपत्ति का सामना करना पड़ा। यह विपत्ति वादामि के शक्तिशाली राजा पुलकेशिन द्वितीय के लगभग सन् ६३१ ई० के आक्रमण के रूप में आयी थी। चालुक्य राजा के ऐहोल अभिलेख के अनुसार, जो सन् ६३४ ई० का है, पुलकेशिन द्वितीय ने कुनाल (एल्लोर की कुल्लेरु झील) के पानी में स्थित एक द्वीप-दुर्ग पर कब्जा करने के लिए जिस दुश्मन को हराया था, वह विष्णुकुंडी राजा विक्रमेन्द्रवर्मन् तृतीय के अलावा और कोई नहीं हो सकता। पिष्टपुर के राज्य और विशाखापट्टम से लेकर नेल्लोर तक के सारे समुद्र-तटीय क्षेत्र पर कब्जा करके पुलकेशिन द्वितीय के छोटे भाई कुब्ज-विष्णुवर्धन को शासन करने के लिए दे दिया गया। यही पूर्वी चालुक्य वंश का संस्थापक था। कोप्परम अनुदान-पत्र, जो सन् ६३१ ई० में जारी किया गया था, और जिसमें पृथिवीयुवराज (अर्थात् विष्णुवर्धन) द्वारा कर्म-राष्ट्र (नेल्लोर जिले का उत्तरी और गुन्टूर जिले का दक्षिणी भाग) में पुलकेशिन द्वितीय की उपस्थिति में और उसकी सहमति से हुआ भूमिदान अभिलिखित है, विष्णुकुण्डियों और पल्लवों के विरुद्ध चालुक्यों की सफलता की ओर संकेत करता है। आमतौर पर विश्वास किया जाता है कि पुलकेशिन द्वितीय ने वेंगी के गिर्द का क्षेत्र पल्लवों से जीता था और कुब्ज-विष्णुवर्धन ने उस नगर को ही अपना सदरमुकाम बना कर शासन करना शुरू किया था। लेकिन पुरालेखीय प्रमाणों से सिद्ध है कि सातवीं शताब्दी के आरम्भ काल में वेंगी का क्षेत्र पल्लवों के नहीं बल्कि विष्णुकुंडियों के अधिकार में था और पूर्वी चालुक्य वंश के प्रारम्भिक राजा पिष्टपुर से शासन करते थे, न कि वेंगी से।

II. कलिंग[1]

प्राचीन कलिंग देश (मोटे तौर पर महानदी और गोदावरी नदियों के बीच का समुद्र-तट प्रदेश) खारवेल[2] द्वारा स्थापित चेदि साम्राज्य के विघटन के बाद छोटे-छोटे

१. देखिए, आर. सी. मजुमदार की पुस्तक "आउटलाइन ऑफ दि हिस्टरी ऑफ कलिंग" (ढाका युनिवर्सिटा स्टडीज, जिल्द II, नं. पृ. १ प. पृ.) जिसमें सारे अभिलेखों का पूरा हवाला दिया गया है।

२. जिल्द II (अँगरेजी संस्करण) पृ. २१३ प. पृ.।

अनेक राज्यों में बँट गया था। समुद्रगुप्त के इलाहाबाद स्तम्भ अभिलेख में जहाँ दक्षिणा-पथ के राजाओं पर गुप्त सम्राट की विजय का वर्णन है, वहाँ अनेक ऐसे राजाओं का उल्लेख है, जिनके बारे में खोज के पश्चात् पता चला है कि वे कलिंग के विभिन्न भागों में राज करते थे। ये थे, कोट्टूर का राजा स्वामिदत्त, पिष्टपुर का राजा महेन्द्रगिरि, एरण्डपल्ल का राजा दमन और देवराष्ट्र का राजा कुवेर।[1] इन राज्यों के इतिहास के बारे में कुछ भी ज्ञात नहीं है। लेकिन बाद के उत्कीर्ण लेखों से पता चलता है कि पिष्टपुर और देवराष्ट्र के राज्यों का अस्तित्व लम्बे काल तक लगातार बना रहा था। पिष्टपुर की शिनाख्त पूर्वी गोदावरी जिले में पिठापुरम और देवराष्ट्र की शिनाख्त विशाखापट्टम जिले के येल्लमंचिल्लि **तालुक** से की गयी है। इन राज्यों पर पाँचवीं और छठी शताब्दियों में शासन करने वाले राजाओं का पता उनके अनुदान-पत्रों से चलता है। एक शाही नगर, सिंहपुरम (चिक्कोल के निकट आधुनिक सिंगुपुरम) का उल्लेख इनमें से कुछ विवरणों में मिलता है, यद्यपि इलाहाबाद स्तम्भ लेख में उसका कोई उल्लेख नहीं है, और हो सकता है कि वह चौथी शताब्दी के उत्तरार्ध में बसाया गया हो।

१. पितृभक्त

उमवर्मन् नाम के एक **महाराज** ने, जिसने **कलिंगाधिपति** की उपाधि अपनायी थी, सिंहपुर, सुनगर और वर्धमानपुर (विशाखापट्टम जिले के पलकोंड **तालुक** में आधुनिक वदम) जैसे नगरों से अपने अनुदान-पत्र जारी किये थे। उसके शासन-काल के ३०वें वर्ष में जारी किये गये बृहत्प्रोष्ठ वाले अनुदान-पत्र से सूचित होता है कि **महाराज** उमवर्मन् ने दीर्घकाल तक राज किया था। कहते हैं कि उसके तेक्कलि वाले अनुदान-पत्र से नत्थी मुहर पर पितृभक्त शब्द उत्कीर्ण है। कलिंगाधिपति **महाराज** चण्डवर्मन्, जिसने अपने शासन-काल के चौथे और छठे वर्ष में क्रमशः तिरित्थन और कोर्मति वाले अनुदान-पत्र जारी किये थे, **महाराज** उमवर्मन् का बेटा और उत्तराधिकारी था। ये अनुदान-पत्र सिंहपुर नगर से जारी किये गये थे और उन सब की मुहरों पर पितृभक्त शब्द उत्कीर्ण है। ऐसा लगता है कि उम-वर्मन् और चण्ड-वर्मन् का मुख्य नगर सिंहपुर था और उन्होंने **पितृभक्त** का प्रयोग वंशनाम के रूप में किया है। ये दोनों राजा एक-दूसरे के बाद ही हुए थे, यह इस बात से सूचित होता है कि उमवर्मन् की सेवा में हरिदत्त का बेटा मातृवर नाम का जो अफसर नियुक्त था, उसका बेटा रुद्रदत्त महाराज चण्डवर्मन् की सेवा में नियुक्त किया गया था।

इसी परिवार का एक और **महाराज** नंद प्रभंजन वर्मन् था, जिसके चिक्कोल वाले अनुदान-पत्र की मुहर पर भी **पितृभक्त** शब्द उत्कीर्ण है। इस राजा को "समस्त कलिंग

---

१. ऊपर देखिए पृ. ९-१०।

देश का अधिपति" कहा गया है। उसका अनुदान-पत्र विजयी सारपल्लिका में उसके वासक से जारी किया गया था। यद्यपि नन्द-भंजनवर्मन् को सिंहपुर के पितृभक्तों से सम्बद्ध किया जाता है, लेकिन यह सुझाव देने का लोभ संवरण नहीं किया जा सकता कि उसके नाम से ऐसा सूचित होता है कि वह नन्दवंश का प्रभंजन-वर्मन् था, जिसके साथ, सम्भव है, वह मातृ-पक्ष से सम्बन्धित रहा हो। हम जानते हैं कि खारवेल के हाथिगुंफा वाले अभिलेख के अनुसार पाटलिपुत्र के नन्द वंश का एक शासक कलिंग से सम्बद्ध था। नवीं शताब्दी में उड़ीसा के अंगुल धेनकनल क्षेत्र में एक नन्द या नन्दोद्भव परिवार शासन करता था, और इस परिवार की एक दूसरी शाखा सम्भवतः बाद के काल में कोरपुट जिले के जेपोर नन्दपुर क्षेत्र पर शासन करती थी।

२. माठर

जिन दिनों सिंहपुर नगर से पितृभक्त वंश के लोग कलिंग के मध्यवर्ती क्षेत्रों पर शासन करते थे, उन्हीं दिनों माठर-वंश की राजधानी दक्षिण के पिष्टपुर नगर में थी। माठर राजा **महाराज** शक्तिवर्मन् का रगोलु वाला अनुदान-पत्र, जिसमें चिक्कोल के निकट की एक भूमि के दान का विवरण है, उसके शासन-काल के १३वें वर्ष में पिष्टपुर से जारी किया गया था। राजा की उपाधि "कलिंग का अधिपति" बतायी गयी है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि पिष्टपुर के माठरों ने कलिंग के मध्य भाग में स्थित पितृभक्तों के राज्य का केन्द्रीय क्षेत्र जीत लिया था। इस तथ्य की इस बात से भी पुष्टि होती है कि एक दूसरे माठर राजा अनन्त-शक्ति-वर्मन् ने — इसे भी "कलिंग का अधिपति" कहा गया है — अपने शासन-काल के २८वें वर्ष में सिंहपुर से शकुनक अनुदान-पत्र जारी किया था, जो पहले पितृभक्तों की राजधानी थी। **महाराज** अनन्त-शक्तिवर्मन् दरअसल रगोलु वाले अनुदान-पत्र के फौरन बाद आने वाले उत्तराधिकारियों में से था। यह इस बात से सूचित होता है कि शक्ति-वर्मन् के रगोलु अनुदान-पत्र में जिस पदाधिकारी अर्जुनदत्त को **अमात्य** कहा गया है, उसे अनन्त-शक्ति-वर्मन् के अनुदान-पत्र में और ऊँची पदवी से मंडित करके **देशाक्षपटलाधिकृत** तलवर अर्जुनदत्त कहा गया है। लगता है कि इस अमात्य को बाद में अमात्य से ऊँचा सरकारी पद दे दिया गया था। कुछ विद्वानों का मत है कि अनन्त-शक्ति-वर्मन् नाम से वस्तुतः सूचित होता है : 'अनन्त-वर्मन् का बेटा शक्ति-वर्मन्'। यह भी सुझाव पेश किया गया है कि अनन्त-शक्ति-वर्मन् और उसके उत्तराधिकारी शक्ति-वर्मन् के शासन-कालों के बीच शायद एक तीसरा अनन्त-वर्मन् नाम का राजा हुआ था।

ये सारे सुझाव निंगोडी में मिले ताम्र-अनुदान-पत्र[1] से निरर्थक सिद्ध हो जाते हैं। यह अनुदान-पत्र माठर राजा प्रभंजन-वर्मन् ने, जो शक्ति-वर्मन् का बेटा और शंकर वर्मन् का पोता था, सिंहपुर से जारी किया था। इस शक्ति-वर्मन् को हम उस

---

१. ई. इ., XXX, ११२।

शक्ति-वर्मन् से अभिन्न मान सकते है, जिसने रगोलु का अनुदान-पत्र जारी किया था, लेकिन प्रभंजन-वर्मन् का इसी परिवार के अनन्त-शक्ति-वर्मन् के साथ क्या रिश्ता था, यह निश्चित रूप से ज्ञात नहीं है। लेकिन, हाल में ही अंधवरम में जो ताम्रपत्र मिले है, उनमें तो शक्ति-वर्मन् को अनन्त-शक्ति-वर्मन् का **आर्यक**, अर्थात् पितामह बताया गया है। इस प्रकार हो सकता है कि अनन्त-शक्ति-वर्मन् प्रभंजन-वर्मन् का बेटा और उत्तराधिकारी रहा हो। निंगोडी अनुदान-पत्र के अनुसार शक्ति-वर्मन् कृष्ण-वेण्णा और महानदी के बीच बसने वाले लोगों का राजा बताया गया है, लेकिन इस दावे को अतिरंजित समझना चाहिए।

३. वासिष्ठ

परम-माहेश्वर अनन्त-वर्मन् भी, जिसने श्रृंगवरपुकोट और सिरिपुरम अनुदान-पत्र जारी किये थे, और जो शायद पाँचवीं सदी के अन्त और छठी सदी के शुरू में हुआ था, एक और "कलिंग का अधिपति" था, जिसका **अधिष्ठान** या राजधानी पिष्टपुर थी। यह राजा अनन्त-वर्मन् **महाराज** प्रभंजन-वर्मन् का बेटा था, जो वासिष्ठ वंश का चन्द्रमा और वासिष्ठ **महाराज** गुण-वर्मन् का पोता था। वह देवराष्ट्र का अधिपति था। सिरिपुरम अनुदान-पत्र देवपुर से जारी किया गया था, जो शायद विशाखापट्टम जिले में देवराष्ट्र की राजधानी था। इन तथ्यों से जान पड़ता है कि वासिष्ठ वंश के लोग शुरू में कलिंग के मध्य भाग पर शासन करते थे, लेकिन बाद में पिष्टपुर के माठरों को हराकर, उन्होंने अपनी राजधानी पिष्टपुर में कर ली थी। लेकिन पितृभक्तों से वासिष्ठों के सम्बन्ध के बारे में अभी सिर्फ अनुमान ही लगाये जा सकते हैं, हालाँकि नन्द-प्रभंजन-वर्मन् से प्रभंजन-वर्मन् को अभिन्न मानने का लोभ संवरण करना बहुत कठिन है। अगर इस अभिन्नता को मान लिया जाय तो प्रतीत होगा कि पितृभक्त दरअसल वासिष्ठ-**गोत्र** के थे। लेकिन तथ्य यह है कि अनन्त-वर्मन् के अनुदान-पत्र के साथ नत्थी उसकी मुहर पर पितृभक्त शब्द उत्कीर्ण नहीं है, जिससे यह अभिन्नता सन्देहजनक बन जाती है। कलिंग के वासिष्ठ और माठर परिवार शायद विवाह-सम्बन्धों द्वारा ऐसे अनेक दूसरे राज-परिवारों के राजाओं से सम्बन्धित थे, जो अपने मातृ नामों के अनुसार वासिष्ठीपुत्र और माठरीपुत्र कहलाते थे।

विशाख-वर्मन् नाम का एक राजा, जो "कलिंग का अधिपति" होने का दावा नहीं करता, कोरोषण्ड में मिले अनुदान-पत्र से ज्ञात हुआ है। यह अनुदान-पत्र श्रीपुर से जारी किया गया था, जिसकी शिनाख्त विशाखापट्टम जिले के आधुनिक सिरिपुरम् से की गयी है। प्रतीत होता है कि **महाराज** विशाख-वर्मन् पाँचवीं शताब्दी में हुआ था, लेकिन अपने समय के अन्य राजाओं से उसका क्या सम्बन्ध था, इसका निर्णय नहीं किया जा सकता। राजामुन्द्री से करीब २० मील दूरी पर सरभवरम में मिले एक अनुदान-पत्र से किसी "चिकुर के अधिपति" का पता चलता है, जिसका नाम नहीं दिया गया है। लगता है कि वह पिष्टपुर के राजाओं का सामन्त था।

४. नई शक्तियों का उदय

पिष्टपुर और मध्यवर्ती कलिंग, विशेषकर सिंहपुर, के शासकों की परस्पर स्पर्धा ही पाँचवीं शताब्दी में कलिंग के इतिहास की सबसे बड़ी घटना है। अधिकांश राजाओं द्वारा अपने लिए "कलिंगाधिपति" की उपाधि के प्रयोग से सूचित होता है कि यह उस समय के हरेक राजा का राजनीतिक आदर्श या लक्ष्य था, जिसे चाहे व्यावहारिक रूप में वह प्राप्त न भी कर सका हो। नंद-प्रभंजन-वर्मन् के नाम के आगे **कलिंगाधिपति** की उपाधि से सम्भवतः यह सूचित होता है कि अधिकांश **कलिंगाधिपति** वस्तुतः कलिंग के छोटे-छोटे टुकड़ों के ही शासक थे। जिन दिनों मध्य और दक्षिणी कलिंग के शासक अपनी एकछत्र प्रभुता स्थापित करने के लिए संघर्ष कर रहे थे, उन दिनों श्रीकाकुलम् जिले में एक नये राजवंश की स्थापना की गयी। इस राजवंश को पूर्वी गंगवंश कहते थे। छठी शताब्दी में गंगों ने मध्यवर्ती कलिंग के राजाओं को हरा कर उनके राज पर कब्जा कर लिया और सातवीं शताब्दी के शुरू में चालुक्यों ने पिष्टपुर के शासकों को हरा कर उस पर अपना आधिपत्य जमा लिया। इसके बारे में कुछ ज्ञात नहीं है कि पिष्टपुर के पूर्वकालीन शासकों का **महाराज** रणदुर्जय, उसके बेटे विक्रमेंद्र और उसके भी बेटे पृथिवी-महाराज से क्या रिश्ता था। पृथिवी-**महाराज** ने अपने शासन काल के ४६वें वर्ष में तन्दिवड अनुदान-पत्र जारी किया था। यह सुझाव पेश करने का लोभ होता है कि राजा पृथिवीमूल, जो **महाराज** प्रभाकर का बेटा था, और जिसने कान्दाली से गोदावरी अनुदान-पत्र जारी किया था, तन्दिवड अनुदान-पत्र के इस पृथिवी-**महाराज** का ही पोता रहा होगा। राजा पृथिवीमूल के शासन-काल में या उसके फौरन बाद ही पिष्टपुर पर चालुक्यों ने अधिकार कर लिया था।

५. पूर्वी गंग

प्रारम्भिक गंग शासकों की, जो सम्भवतः मैसूर के गंग-वंश की ही एक शाखा थे, राजधानी कलिंग-नगर थी, जो गंजाम जिले का आधुनिक मुसलिंगम् नगर है। शायद उनकी एक उप-राजधानी दन्तपुर में भी थी, जिसे कुछ विद्वान् उसी जिले के कस्बे दन्तवक्त्र से शिनाख्त करते हैं। यह चिक्कोल के निकट है। गंग-वंश के राजा गोकर्णेश्वर के उपासक थे, जिनका मन्दिर महेन्द्र की चोटी पर था। यह महेंद्र निस्संदेह वही है जिसे आजकल महेन्द्रगिरि कहते हैं और जो पूर्वी घाट में गंजाम जिले में स्थित है। गोकर्णेश्वर के रूप में शिव आरम्भ में गंग-वंश के कुल-देवता थे।

गंग-वंश का संस्थापक **महाराज** इंद्र-वर्मन् प्रथम था, जिसने **त्रिकलिंगाधिपति** होने का दावा किया है। इस त्रिकलिंग की ठीक ठीक शिनाख्त नहीं हो सकी है। कुछ विद्वानों का मत है कि यह कलिंग के तीन भागों को सूचित करता है, जबकि कुछ दूसरे विद्वानों का मत है कि इसका आशय कलिंग के साथ-साथ पड़ोस के दो और देश हैं। दसवीं और ग्यारहवीं सदियों के पूर्वी चालुक्यों के अभिलेखों में पूर्वी चालुक्यों के राज्य-

क्षेत्र का इस प्रकार वर्णन किया गया है "वेंगीदेश के साथ त्रिकलिंग" (**वेंगीदेशम् त्रिकलिंग-सहितम्**)। इसके अलावा यह भी कहा गया है : "वेंगीदेश के साथ त्रिकलिंग का जंगल भी" (**वेंगीदेशम्-त्रिकलिंगाटवी-युक्तम्**)। इससे प्रतीत होता है कि त्रिकलिंग एक वन-प्रदेश था, जो वेंगी के पूर्वी चालुक्यों के राज्य और कलिंग नगर के गंग-शासकों के राज्य के बीच में था जो सम्भवतः दक्षिणकोसल के दक्खिन में और महेन्द्रगिरि से थोड़ी दूरी पर स्थित था। यह तथ्य कि कलिंग-नगर और दक्षिण-कोसल के कुछ शक्तिशाली शासक अपने आपको "**त्रिकलिंगाधिपति**" कहलाना पसन्द करते थे, इस बात का सूचक है कि इस उपाधि से प्राचीन कलिंग या कलिंग-क्षेत्र के अनेक देशों पर उनके आधिपत्य का संकेत मिलता है।

महाराज इन्द्र-वर्मन् ने अपने अनुदान-पत्रों पर सिर्फ अपने शासन-काल के वर्ष दर्ज किये हैं। उसके उत्तराधिकारियों ने भी गणना की इस विधि को ही जारी रखा, जिससे गंग-संवत् का प्रवर्तन हुआ। इस संवत् का आरम्भ राजा इन्द्र-वर्मन् के शासन-काल के पहले वर्ष से हुआ था। जो ईसवी सन् के हिसाब से सन् ४९६ (या सम्भवतः सन् ४९६-९८ के बीच)[1] रहा होगा। राजा इन्द्र-वर्मन् ने, जिसकी अन्तिम ज्ञात तारीख गंग-वर्ष ३७ है, इस प्रकार सन् ४९६ से लेकर कम से कम सन् ५३५ ई० तक राज किया होगा। महासामन्त-वर्मन्, जिसके सौम्यवन वाले अनुदान-पत्र[2] पर गंग-वर्ष ६४ (सन् ५६० ई०) की तारीख है, राजा इन्द्र-वर्मन् का निकटतम उत्तराधिकारी था या नहीं, यह निश्चित रूप से निर्धारित नहीं किया जा सकता। अभिलेखों से ज्ञात होता है कि इससे अगला गंग-शासक महाराज हस्ति-वर्मन् था, जिसे राजसिंह और रणभीत नाम से भी पुकारा जाता था। उसने अपने अनुदान-पत्र गंग-वर्ष ७९ (सन् ५७५ ई०) और गंग-वर्ष ८० (सन् ५७६ ई०) में जारी किये थे। हस्ति-वर्मन् भी सम्भवतः इन्द्र-वर्मन् का ही बेटा था, जिसके बाद इन्द्र-वर्मन् प्रथम का पोता और हस्ति-वर्मन् का बेटा **महाराज** इन्द्र-वर्मन् द्वितीय राजसिंह उत्तराधिकारी बना था। इन्द्र-वर्मन् द्वितीय की ज्ञात तारीखें गंग-वर्ष ८७ (सन् ५८३ ई०) और गंग वर्ष ९१ (सन् ५८७ ई०) हैं। उसका **परम-माहेश्वर** और **कलिंगाधिपति** के रूप में वर्णन किया गया है। इन्द्र-वर्मन् द्वितीय राजसिंह के बाद शायद **महाराज** इन्द्र-वर्मन् तृतीय गद्दी पर बैठा था, जिसका सबसे पुराना ज्ञात दस्तावेज गंग-वर्ष १२८ (सन् ६२४ ई०) का है। इस राजा को अक्सर मित्र-वर्मन् के बेटे इन्द्राधिराज से अभिन्न माना जाता है, जिसने विष्णुकुंडी-वंश के राजा इन्द्र भट्टारक या इन्द्र-वर्मन् को हराया था और महाराज प्रभाकर के बेटे **राजा** पृथिवीमूल से गोदावरी अनुदान-पत्र जारी करने की प्रार्थना की थी। लेकिन चूँकि इन्द्राधिराज का बाप मनल-कुडि का ब्राह्मण था और वह शायद राज-वर्ग का नहीं था, इसलिए यह अभिन्नता

---

१. गंग-संवत् के युग के सम्बन्ध में विभिन्न मतों को जानने के लिए देखिए, ई. इ. XXVI, ३२६, XXVII, १९२ (तथा पहले में दिए गए हवाले)।

२. ज. आ. हि. रि. सो., XIII. ९४-९५।

अत्यन्त असम्भाव्य लगती है लगता है। अगला राजा **महाराज** इन्द्र-वर्मन् चतुर्थ था, जिसके बारे में कहा गया है कि वह दानार्णव का बेटा और महेश्वर का अनन्य उपासक था। हालाँकि यह नामुमकिन नहीं है कि इन्द्र-वर्मन् द्वितीय के बाद दानार्णव गद्दी पर बैठा हो, जिसके बेटे इन्द्र-वर्मन् ने गंग-वर्ष १२८ से लेकर गंग-वर्ष १५४ तक राज किया था, फिर भी यह सुझाव देना बेहतर होगा कि इन्द्र-वर्मन् द्वितीय के दो बेटे थे, जिनमें से एक दानार्णव था (जो शायद गद्दी पर नहीं बैठा था) और दोनों ने अपने बेटों के नाम अपने बाप के नाम पर रखे थे। इन्द्र-वर्मन् चतुर्थ, जिसने अपने को 'दानार्णव का बेटा' कहकर अपने पूर्वज और नाम-राशि से अपना अलगाव प्रकट किया है, जिन परिस्थितियों के फलस्वरूप गद्दी पर बैठा था, वे बिल्कुल अज्ञात हैं। हुल्त्श (Hultzsch) के अनुसार इन्द्र-वर्मन् तृतीय के अन्तिम अनुदान-पत्र की तारीख गंग-वर्ष १३८ (सन् ६३४ ई०) है, जबकि दानार्णव के बेटे इन्द्र-वर्मन् चर्तुथ के सबसे पहले अनुदान-पत्र की तारीख गंग-वर्ष १३७ (सन् ६३३ ई०) है। तारीखों के इन पाठों को अगर स्वीकार कर लिया जाय, तो यह अनुमान प्रस्तुत किया जा सकता है कि दानार्णव के बेटे ने गद्दी के लिए इन्द्र-वर्मन् तृतीय से संघर्ष किया होगा और आखिरकार इसमें सफल रहा होगा। इन्द्र-वर्मन् चतुर्थ की अन्तिम ज्ञात तारीख गंग-वर्ष १५४ (सन् ६५० ई०) है।

इसके बाद ज्ञात राजा का नाम है **परम-माहेश्वर** महाराज देवेन्द्र-वर्मन्, जिसने अपने को गुणार्णव का बेटा बताया है और दावा किया है कि वह स्वयं अपने भुज-बल से "सारे कलिंग का अधिपति" बना था। गंग-परिवार के पूर्ववर्ती सदस्यों से उसका क्या रिश्ता था, इसका निर्णय नहीं किया जा सकता। उसकी ज्ञात तारीखें गंग-वर्ष १८३ (सन् ६७९ ई०) से लेकर गंग-वर्ष १९५ (सन् ६९१ ई०) हैं। अपने बेटे से पहले गुणार्णव ने भी कुछ दिनों तक शासन किया था या नहीं, यह ज्ञात नहीं है, यद्यपि इन्द्र-वर्मन् चतुर्थ और देवेन्द्र-वर्मन् के बीच २९ वर्षों के अन्तराल के कारण इसकी सम्भावना स्वीकार की जा सकती है। **महाराज** देवेन्द्र-वर्मन् के बाद उसका बेटा अनन्त-वर्मन् गद्दी पर बैठा था, जिसने गंग-वर्ष २०४ (सन् ७०० ई०) में पर्लकिमेदि अनुदान-पत्र जारी किया था। ऐसा प्रतीत होता है कि राजा अनन्त-वर्मन् के बाद उसका बेटा महाराज नन्द-वर्मन् (इसे इन्द्र-वर्मन् भी पढ़िए) गद्दी पर बैठा था, जिसके बारे में उसके सन्त बोम्मलि अनुदान-पत्र से पता चलता है, जिसकी तारीख गंग-वर्ष २२१ (सन् ७१७ ई०) है। **महाराज** अनन्त-वर्मन् का दूसरा बेटा देवेन्द्र-वर्मन् द्वितीय था, जिसने अपने अनुदान-पत्र गंग-वर्ष ५१, अर्थात् २५१ (सन् ७४७ ई०) और गंग-वर्ष २५४ (सन् ७५० ई०) में जारी किये थे। कलिंग के इस गंग-वर्ष के परवर्ती इतिहास की रूपरेखा पुस्तक के अगले भाग में पेश की जायगी।

जिन दिनों प्रारम्भिक गंग-वंश की मुख्य शाखा कलिंग नगर से शासन कर रही थी, और शायद दन्तपुर में उसकी उप-राजधानी थी, उन्हीं दिनों इस परिवार की

एक गौण शाखा श्वेतक, श्वेत या श्वेत्क नाम के नगर से शासन करती थी ।[1] कभी कभी इस नगर का नाम श्चेतक भी पढ़ा जाता है, जिसकी शिनाख्त गंजाम जिले के सोमपेट तालुक में स्थित आधुनिक चिकति से की गयी है । श्वेतक का सबसे पहला ज्ञात राजा महाराज जय-वर्मन् था, जो शुरू शुरू में, शायद कलिंग नगर के राजाओं का एक राणक, अर्थात् सामन्त था । पर्लकिमेदि में मिले दो अनुदान-पत्रों में एक ऐसा है जो गंग-वर्ष १००(सन् ५९६ ई०) के अनुदान-पत्र की मूल-प्रति लगता है, जबकि गंजाम के अनुदान-पत्र की तारीख, जिसे शुरू में इस राजा ने ही जारी किया था, गंग-वर्ष १२०(सन् ६१६ ई०) मालूम देती है । इस विवरण से ज्ञात होता है कि जय-वर्मन् ने कांगोद मण्डल वर्तनि विषय में एक गांव दान किया था लेकिन बाद में भौम-कर राजा उन्मत्तकेसरिन की ओर से राणक विश्वार्णव ने इस क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था और तब राजा विश्वार्णव ने यह अनुदान-पत्र दोबारा जारी किया था ।[2] कलिंग-नगर के गंग राजाओं की तरह श्वेतक के शासक भी शिव-गोकर्णेश्वर के उपासक थे । उनका भी यह दावा है कि उन्होंने सारे कलिंग को अपनी भुजाओं का बल महसूस करवा दिया था । श्वेतक के आरम्भिक राजाओं में दूसरा महाराज सामन्त-वर्मन् था, जिसके चिदिवलस अनुदान-पत्र पर गंग-वर्ष १८५ (सन् ६८१ ई०) की तारीख है । उसका दावा है कि वह सारे कलिंग देश का अधिपति था । श्वेतक के महाराज चन्द्र-वर्मन् को, जिसका पता उसके विषमगिरि वाले ताम्र-अनुदान-पत्र से चला है, आठवीं या नवीं शताब्दी का माना जाता है । श्वेतक के इन राजाओं का कलिंग नगर के गंग-राजाओं से क्या सम्बन्ध था या श्वेतक के ही परवर्ती राजाओं से, जिनका इतिहास पुस्तक के अगले भाग में बताया जायगा, क्या सम्बन्ध था, इसका कुछ पता नहीं चला । सम्भवतः श्वेतक के प्रारम्भिक शासक कलिंग नगर के राजाओं के नीम-आजाद सामन्त थे ।

III. दक्षिण-कोसल और मेकल

कोसल (जिसे कोशल भी लिखते हैं) या दक्षिण-कोसल, जिसके अन्तर्गत मध्य-प्रदेश और उड़ीसा का रायपुर-बिलासपुर क्षेत्र आता था, आर्यों की प्रारम्भिक दक्षिणी बस्तियों में से था । यह तथ्य कि महाकाव्य वर्णित कोसल के राजा दशरथ ने कौसल्या अर्थात् कोसल देश के ही किसी अन्य राजा की बेटी से विवाह किया था, सम्भवतः दक्षिण-कोसल की प्राचीनता का सूचक है । इस देश के नाम से आभास होता है कि इक्ष्वाकु-वंश के राजाओं ने, जो उत्तर-प्रदेश के वर्तमान फैजाबाद जिले में स्थित अयोध्या के शासक थे (जो कोसल, उत्तर-कोसल या महाकोसल जनपद की राजधानी थी), इसे बसाया था । दक्षिण-कोसल की राजधानी का नाम कभी-कभी कोसला भी कहा गया है ।

---

१. इस वंश के अभिलेखों की सूची और इतिहास के लिए देखिए, ई. इ., XXVII. १०९ ।

२. इ. हि. क्वा. XII. ४९२ कर-वंश के राजाओं के बारे में देखिए, जि. IV. परि. IV.

दक्षिण-कोसल के प्रारम्भिक इतिहास के बारे में कुछ भी ज्ञात नहीं है, हालांकि कुछ पुराणों में कोसला के कुछ राजाओं का हवाला दिया गया है। चीनी यात्रियों, मुख्यकर ह्वेन-त्सांग द्वारा दर्ज की गयी कुछ परम्पराओं के अनुसार विख्यात महायान विचारक नागार्जुन, जो सम्भवतः ईसा की दूसरी शताब्दी में हुआ था, कुछ समय के लिए कोसला के पास एक बौद्ध-विहार में रहा था। उन दिनों कोसला पर एक सातवाहन राजा शासन करता था। नागार्जुन के समकालीन सातवाहन राजा को आमतौर पर गौतमीपुत्र सातकर्णि से अभिन्न समझा जाता है, यद्यपि गौतमीपुत्र सातकर्णि द्वारा शासित प्रदेशों की पुरालेखीय सूची में कोसल का कहीं उल्लेख तक नहीं मिलता। इससे तो बेहतर है कि नागार्जुन के समकालीन राजा को गौतमीपुत्र से अभिन्न माना जाय, जो ईसा की दूसरी शताब्दी के अन्तिम चतुर्थांश में हुआ था। शायद इसी शताब्दी में राजा कुमार-वीरदत्तश्री[1] भी हुआ था, जिसके बारे में उसके गुँजि अभिलेख से पता चला है। चौथी शताब्दी के मध्य में, जब समुद्रगुप्त ने दक्षिणापथ के राजाओं के विरुद्ध अभियान किया था, दक्षिण कोसल पर महेन्द्र नाम का एक राजा शासन करता था। दक्षिण कोसल में गुप्त सम्राटों के सिक्कों के प्रभाव और उनके चलाये संवत् के प्रचलन से सूचित होता है कि इस देश के राजा गुप्त सम्राटों की अधीनता स्वीकार करते थे और उनके मित्र थे। महाराज भीमसेन द्वितीय का एक ताम्र-अनुदान-पत्र, जो मध्य-प्रदेश के रायपुर जिले के आरंग नामक स्थान पर मिला है, सुवर्ण नदी (सम्भवतः सोन नदी) से गुप्त संवत् २८२ (सन् ६०१ ई०) में जारी किया गया था।[2] भीमसेन द्वितीय के इस अभिलेख के अनुसार, जिसकी मुहर पर सिंह की आकृति उत्कीर्ण है, उसके बाप का नाम दैत्यवर्मा द्वितीय, उसके बाप का नाम भीमसेन प्रथम, उसके बाप का नाम विभीषण, उसके बाप का नाम दैत्य प्रथम और उसके भी बाप का नाम शूर था और इन सबके नामों के आगे **महाराज** की उपाधि लगती थी। लगता है कि दक्षिण-कोसल के उत्तरी भाग में राजा शूर ने पाँचवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में इस राज-वंश की स्थापना की थी, जब गुप्त-वंश साम्राज्य का पतन शुरू हो गया था।

---

१. ई. इ. XXVII. ४८, जहाँ पर राजा का नाम कुमारवरदत्त पढ़ा जाता है। देखिए ज. क. हि. रि. सो. I. २१७-१८।

२. यद्यपि तारीख में तीन में से पहला अंक-चिह्न स्पष्ट रूप से २०० सूचित करता है, पर हाल में ही यह सुझाव पेश किया गया है कि यह चिह्न १०० है, इसलिए तरीख २८२ की जगह १८२ है। इन अंक-चिह्नों से पहले आने वाले शब्दों का **संवत्सर-शते** पर विशेष रूप से जोर देकर यह कहा गया है कि अगर तारीख २८२ होती तो इससे पहले **संवत्सरशतद्वये** लिखना ही वास्तव में सही होता। लेकिन यह तर्क सन्तोषप्रद नहीं है, क्योंकि तारीखों से पहले अक्सर इस प्रकार लिखा मिलता है, **संवत्सर-शते** ८७२ (नागभट द्वितीय का बुचकल अभिलेख) या **संवत्सर-शते** ५०० (वज्रहस्त द्वितीय का पोंदरु अनुदान-पत्र) आदि। देखिए, ई. इ. IX, ३४२, XXVI, २२८, इ. हि. क्वा. XXII, ६३; बु. डे. का. रि. इ. VIII, ५।

१. शरभपुरीय

राजा शूर के परिवार का समकालीन एक और राज-परिवार था, जो अपनी राजधानी शरभपुर से शासन करता था और जिसके राजा अपने आपको **परमभागवत** कहते थे। इस शहर की अभी तक सन्तोषजनक रूप से शिनाख्त नहीं हो सकी है, यद्यपि विभिन्न विद्वानों ने इसको सम्बलपुर, सारंगढ़, सरवपुर तथा अन्य स्थानों से अभिन्न मानने के सुझाव दिये हैं। लेकिन चूँकि शरभपुर से जारी किये गये सारे अनुदान-पत्र मध्य प्रदेश के सिर्फ रायपुर जिले में ही मिले हैं, इसलिए सम्भावना इस बात की है कि राजधानी का यह नगर इस जिले में ही सिरपुर, अर्थात् प्राचीन श्रीपुर के निकट या उसकी उपनगरियों में ही कहीं रहा होगा, जो बाद में चलकर शरभपुर के शासकों की राजधानी बना था।

ऐसा प्रतीत होता है कि शरभ नाम के एक राजा ने, जो सम्भवतः शरभपुरीय-वंश का संस्थापक था, अपने नाम पर शरभपुर बसाया था। हमें ज्ञात है कि शरभ नाम का सचमुच ही एक राजा हुआ था, जो शरभपुर के उस **महाराज** नरेन्द्र का पिता था, जिसने पिपरदुल और कुरुद के अनुदान-पत्र जारी किये थे।[1] इस शरभ को उस शरभराज से अभिन्न माना जा सकता है, जो गोपराज का नाना और गुप्त-सम्राट भानुगुप्त का सामन्त था तथा ऐरन की लड़ाई में सन् ५१० ई० में मारा गया था।[2] अगर इस शिनाख्त को मान्य समझा जाय तो शरभ और उसके बेटे को पाँचवीं शताब्दी के अन्तिम दशकों में रखा जा सकता है जबकि गुप्त सम्राटों का अपने अधीनस्थ सामन्तों पर अधिकार शिथिल होता जा रहा था। शरभपुरीयों के अनुदान-पत्रों से नत्थी उनकी मुहरों से ज्ञात होता है कि गज-लक्ष्मी उनका राज चिह्न था।

छठी शताब्दी के आरम्भ में शरभपुर पर प्रसन्न या प्रसन्नमात्र नाम के एक राजा का शासन था, जिसके कुछ चांदी के सिक्के मिले हैं, जिन पर गरुड़ की आकृति तथा चक्र और शंख के चिह्न उत्कीर्ण हैं। प्रसन्नमात्र के, जो शायद नरेन्द्र का उत्तराधिकारी था, बाद उसका बेटा जयराज (जिसे कभी-कभार महा-जयराज भी पुकारा जाता था) गद्दी पर बैठा। उसने आरंग का अनुदान-पत्र जारी किया था। जयराज का उत्तराधिकारी शायद उसका छोटा भाई मानमात्र था, जिसका दूसरा नाम दुर्गराज (या एक अभिलेख के अनुसार महा-दुर्गराज) था। शरभपुर के राजा मानमात्र को मानपुर के राष्ट्रकूट राजा मानांक[3] से अभिन्न मानने का अनुमान अत्यन्त कमजोर प्रमाणों पर आधारित है, इसलिए स्वीकार नहीं किया जा सकता।

राजा मानमात्र-दुर्गराज के बाद शायद उसका बेटा सुदेवराज (या महा-सुदेवराज) उत्तराधिकारी बना था, जिसकी अन्तिम ज्ञात तारीख उसके शासन-काल का वर्ष १०

---

१. कुरुद का अनुदान-पत्र उसके शासनकाल के २४वें वर्ष का है। (ई. इ. XXXI, २६३)।

२. देखिए पृ. ३७।

३. देखिए, पृ. २२७-२९।

है। अपने अन्य पूर्ववर्तियों की तरह सुदेवराज के दो[1] को छोड़कर बाकी सारे अनुदान-पत्र शरभपुर से जारी किये गये थे। ये दो अनुदान-पत्र सुदेवराज के शासन-काल के ७वें वर्ष में श्रीपुर से जारी किये गये थे, जिसे शायद सुदेवराज ही ने बसाया था, जहाँ उसकी उप-राजधानी या निवास स्थान था। इन दोनों अनुदान-पत्रों में सुदेवराज को महा-दुर्गराज का बेटा बताया गया है, जबकि उसके खरियर वाले अनुदान-पत्र से नत्थी मुहर की प्रशस्ति में उसे मानमात्र का पुत्र और प्रसन्न का प्रपौत्र बताया गया है।

शरभपुरीय वंश का अन्तिम ज्ञात राजा प्रवरराज (या महा-प्रवरराज) था, जो मानमात्र का बेटा और शायद सुदेवराज का छोटा भाई था। ठाकुरदिया का अनुदान-पत्र उसने अपने शासन-काल के तीसरे वर्ष में श्रीपुर से जारी किया था। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रवरराज ईसा की छठी शताब्दी के मध्य या तीसरे चतुर्थांश में राज करता था, जिसके उत्तरार्ध में पांडुवंशी राजा दक्षिण-कोसल के शासक बन गये थे। पांडुवंशी राजा तीवर, जिसने श्रीपुर से अपने अनुदान-पत्र जारी किये थे, या उसके बाप राजा नन्न ने खुद प्रवरराज को या उसके उत्तराधिकारी को गद्दी से उतारकर श्रीपुर पर कब्जा कर लिया था।

२. दक्षिण-कोसल के पांडुवंशी

दक्षिण-कोसल का पाण्डुवंशीय [जिसे सोमवंशी (सोम = चन्द्र) भी कहा जाता था] राजा तीवर (जिसे तीवरदेव और महाशिव-तीवरराज भी पुकारा जाता था) की तारीख के बारे में कोई सर्वसम्मत राय नहीं है।[2] कुछ विद्वानों के अनुसार उसके अभिलेख आठवीं शताब्दी के हैं। लेकिन यह विश्वास करने के कारण मौजूद हैं कि तीवर शायद विष्णुकुंडी राजा माधव-वर्मन् प्रथम (सन् ५३५-८५ ई०) और ईशान-वर्मन् के बेटे मौखरी राजकुमार सूर्य-वर्मन् (सन् ५५३ ई०) का समकालीन था, और छठी शताब्दी के उत्तरार्ध, सम्भवतः अन्तिम चतुर्थांश में राज करता था। उसने श्रीपुर से अपने शासन-काल के सातवें और नवें वर्ष में क्रमशः रजिम और बलोद अनुदान-पत्र जारी किये थे। इन विवरणों में कहा गया है कि उसने समस्त कोसल (दक्षिण-कोसल) पर आधिपत्य कायम कर लिया था, जबकि उसकी मुहर पर अंकित प्रशस्ति में उसे **कोसलाधिपति** कहा गया है। यह सुझाव देना कि तीवर को **समधिगत-पंचमहाशब्द** (अर्थात् सामन्त) कहा गया है, सर्वथा गलत है, क्योंकि अभिलेखों में स्पष्टतः इस पदवी का खुद उसके सामन्तों के लिए प्रयोग किया गया है।

तीवर, जो **परम-वैष्णव** कहलाता था, राजा नन्न का, (जिसे नन्नदेव, नन्नेश्वर और नन्न **राजाधिराज** भी पुकारा जाता था) बेटा, राजा इन्दरबल का पोता और

---

१. ई. इ. XXXI. १०३, ३१४।

२. पांडुवंशियों की मुहर पर गरुड़ का वैष्णव-धर्मी चिह्न था। उन्होंने इस बारे में शायद गुप्त-सम्राटों का अनुकरण किया हो।

राजा उदयन का परपोता था, जो सम्भवतः पाँचवीं सदी के अन्तिम चतुर्थांश में राज करता था। उत्तर-प्रदेश के बाँदा जिले में स्थित कलंजर के शिलालेख में पांडव-वंश के राजा उदयन का उस क्षेत्र के एक प्राचीन राजा के रूप में उल्लेख मिलता है। आमतौर पर उसे इसी नाम के एक शबर राजा से अभिन्न माना जाता है, जिसे पल्लव राजा नन्दिवर्मन् के एक सेनापति ने हराया था (आठवीं सदी) यह मत, जो इस अनुमान पर आधारित है कि पांडुवंशी बहुत बाद में हुए थे, इस तथ्य की उपेक्षा करता है कि शबर उदयन, जो नेलवेलि (तिन्नेवेल्लि) में पराजित हुआ था, शायद सुदूर दक्षिण का कोई राजा था।

वालार्जुन के सिरपुर अभिलेख में कहा गया है कि उदयन का बेटा इन्द्रबल था। मध्य-प्रदेश के चाँद जिले में भंडक[1] के स्थान पर मिले एक अभिलेख में कहा गया है कि इन्द्रबल के चार बेटे थे। उनमें से एक बेटे राजा नन्न ने, जो शायद शिव का उपासक था, "समस्त पृथ्वी पर विजय प्राप्त की थी।" नन्न के सबसे छोटे भाई भाव देव ने (जो रणकेसरी और चिन्तादुर्ग भी कहलाता था), जो शायद चाँद-क्षेत्र में नन्न का एक फौजी-शासक था, उस क्षेत्र के किसी प्राचीन राजा सूर्यघोष द्वारा निर्मित, लेकिन उजाड़ पड़े बौद्ध विहार का जीर्णोद्धार किया था। बिलासपुर जिले के खरोद स्थान पर मिला ईशानदेव का एक अभिलेख जो नन्न का तीसरा भाई था, सम्भवतः दक्षिण-कोसल में पांडुवंशियों का सबसे पुराना दस्तावेज है। इससे साफ जाहिर है कि मध्य भारत में दूर दूर तक के विशाल क्षेत्रों पर पाँडुवंशियों का कब्जा था और उन्होंने नन्न के शासन-काल में दक्षिण कोसल पर आक्रमण किया था और तीवर के शासन-काल में उस पर पूरा आधिपत्य जमा लिया था। लेकिन तीवर की उपाधि **कोसलाधिपति** से लगता है कि वह अपने आपको मुख्यतः दक्षिण-कोसल का ही राजा मानता था और यह विश्वास करने का कोई कारण नहीं है कि बाँदा भी उसके राज्य का एक हिस्सा था। इस सम्बन्ध में यह ध्यान देना दिलचस्प होगा कि सारंगढ़ के अनुदान-पत्र के अनुसार शरभपुर के राजा सुदेवराज का **सर्वाधिकाराधिकृत** (महामंत्री) इन्द्रबलराज नाम का **महासामन्त** था। अगर इस पदाधिकारी को तीवर के दादा से अभिन्न माना जा सके, तो यह नामुमकिन नहीं होगा कि उदयन का यह बेटा अपने बाप के राज का उत्तराधिकारी नहीं बना था, बल्कि उसने शरभपुर के दरबार में जाकर शरभपुरीयों के यहाँ नौकरी कर ली थी, जिन्हें उसने या उसकी सन्तान ने अन्ततः अपदस्थ करके राजगद्दी पर खुद कब्जा कर लिया था।

---

१. मिराशी का मत है कि भंडक अभिलेख मूलतः उस स्थान का नहीं था, बल्कि आरंग से लाया गया था (ई. इ. XXVI, २२७) अगर इस सुझाव को माना जाय तो, जाहिर है कि मध्य-प्रदेश के पश्चिमी भाग पर पांडुवंशियों की सत्ता का विस्तार नहीं हुआ था। लेकिन सूर्यघोष को भीमसेन द्वितीय के आरंग अनुदान-पत्र के शूर से अभिन्न मानने का सुझाव सन्तोषप्रद नहीं है।

तीवर के बाद उसका भाई चन्द्रगुप्त उसका उत्तराधिकारी बना।[1] इस चन्द्रगुप्त को अमोघवर्ष के संजन वाले अनुदान-पत्र में उल्लिखित इसी नाम के राजा से जिसे राष्ट्रकूट गोविन्द तृतीय (सन् ७९४-८१४ ई०) ने हराया था, अभिन्न मानना सन्दिग्ध है, विशेषतः तीवर की तारीख के बारे में उपर्युक्त सुझाव की दृष्टि से। चन्द्रगुप्त का बेटा और उत्तराधिकारी हर्षगुप्त था, जिसने सूर्य-वर्मन् की बेटी वासटा से विवाह किया था, जो सम्भवतः पूर्वी उत्तर-प्रदेश के कुछ भागों में अपने बाप मौखरी राजा ईशान्-वर्मन् का वाइसराय था। रानी वासटा विष्णु की नैष्ठिक उपासिका थी, और उसने श्रीपुर में एक विष्णु-मन्दिर बनवाया था। हर्षगुप्त के बेटे और उत्तराधिकारी बालार्जुन ने शिवगुप्त (या महा-शिवगुप्त) की उपाधि धारण की थी। उसने एक लम्बे काल तक शासन किया था, क्योंकि उसके एक अनुदान-पत्र पर उसके शासन-काल के ५७वें वर्ष की तारीख है।[2] चूँकि लगता है कि वह सातवीं शताब्दी के पूर्वार्ध में शासन करता था, उसे शायद चालुक्य राजा पुलकेशिन द्वितीय ने सन् ६३४ ई० से कुछ पहले ही हराया होगा, जो उसके ऐहोल अभिलेख की तारीख है। सिरपुर अभिलेख में किसी शिवनन्दी का उल्लेख मिलता है, जो नित्यानन्द का बेटा और वाइसराय था। इस नित्यानन्द को प्रायः राजा बालार्जुन से अभिन्न माना जाता है। इस पाँडुवंश का अन्त कब और कैसे हुआ और उनका परवर्ती सोमवंशियों से ठीक-ठीक क्या रिश्ता था, जो दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं शताब्दियों में दक्षिण-कोसल के शासक थे, इस बारे में निश्चित रूप से कुछ भी ज्ञात नहीं है। लेकिन पुरालेखीय प्रमाणों से जाहिर होता है कि बालार्जुन के शासन-काल के शीघ्र बाद ही नल-वंश के राजाओं ने दक्षिण-कोसल के पाँडुवंशियों को हराकर उनके राज पर अधिकार कर लिया था। सम्भव है कि परवर्ती सोमवंशियों[3] के उत्थान से पहले तक दक्षिण कोसल पर नलों का शासन रहा हो।

३. मेकल के पाण्डुवंशी

मेकल का प्राचीन देश वर्तमान अमरकंटक गिरिमाला के गिर्द का प्रदेश था और मेकल पर्वत-पंक्ति से उसके नाम की व्युत्पत्ति खोजी जा सकती है। इस देश के प्रारम्भिक इतिहास के बारे में कुछ भी ज्ञात नहीं है, यद्यपि पुराणों में मेकल के राजाओं का

---

१. अधभर के ताम्र-पत्रों से सूचित होता है कि तीवर के बाद उसका बेटा नन्न (द्वितीय) उसका उत्तराधिकारी बना था : ई. इ. XXXI. २१९।

२. लोधिया का ताम्र-अनुदान-पत्र। ई. इ. XXVI, ३१९, देखिए, ज. क. हि. रि. सो. I, २६५। बालार्जुन की मुहर पर, तीवर के गरुड़ की बजाय, बैठे हुए नन्दी की आकृति का राज-चिह्न है। वैष्णव तीवर से भिन्न बालार्जुन परम-माहेश्वर था।

३. हाल में ही सारंगढ़ में सुदेव का जो अनुदान-पत्र मिला है, उसको दृष्टि में रखते हुए दक्षिण कोसल पर पांडुवंशियों के कब्जे का विवेचन करने वाले 'ए न्यू हिस्ट्री आफ दि इण्डियन पीपुल' (VI, ८९ प. पृ.) के अनुच्छेद में मामूली संशोधन करने की जरूरत है।

उल्लेख मिलता है, जो शायद मेकल देश की राजधानी के नाम को सूचित करता है। पुरालेखीय प्रमाणों से संकेत मिलता है कि पाँचवीं शताब्दी के करीब पाण्डुवंश की एक शाखा मेकल पर राज करती थी। निस्सन्देह ये पाण्डुवंशी मध्य-भारत और दक्षिण कोसल से सम्बन्धित थे।

बुन्देलखंड के रीवां राज्य की सोहागपुर तहसील के बम्हनि नामक स्थान पर मिले एक ताम्र-अनुदान-पत्र[1] में मेकल के चार पाण्डुवंशीय राजाओं के नामों का उल्लेख है। ये राजा हैं : जयबल, उसका बेटा वत्सराज, रानी द्रोणभट्टारिका से वत्सराज का बेटा **महाराज** नागबल और रानी इन्द्रभट्टारिका से नागबल का बेटा **महाराज** भरत या भरतबल, जिसे इन्द्र (सम्भवतः इन्द्रबल) भी पुकारते थे। जबकि सामन्त जयबल और वत्सराज को **महाराज** की उपाधि का भी श्रेय नहीं दिया गया है, नागबल और भरतबल को **महाराज** के अलावा **परम-माहेश्वर, परम-ब्रह्मण्य** और **परम-गुरु-देवताधि-दैवत-विशेष** कहा गया है। राजा भरतबल की सिर्फ एक ही रानी थी, लोकप्रकाश, जो कोसला की राजकुमारी थी। यह मत कि लोकप्रकाश दक्षिण-कोसल के पाण्डु-वंशियों के परिवार की थी, इस दृष्टि से असंगत है कि तब तक दक्षिण-कोसल पर पाण्डुवंशियों ने कब्जा नहीं किया था। अधिक सम्भावना इस बात की है कि वह शरभपुरीय परिवार की रही हो। चूँकि पुरालिपिशास्त्रीय दृष्टि से बम्हनि अभिलेख को पाँचवीं सदी के अन्तिम या सम्भवतः छठी सदी के आरम्भ का माना गया है, इसलिए सम्भव है कि जयबल और वत्सराज गुप्त-सम्राटों के सामन्त रहे हों और नागबल और भरतबल ने पाँचवीं शताब्दी के मध्य में, जब गुप्त साम्राज्य का पतन शुरू हो गया था, गुप्तों का जुआ उतार फेंका हो। लगता है कि नागबल मध्य भारत के राजा उदयन[2] का समकालीन था, जो पाण्डुवंश की ही एक दूसरी शाखा से सम्बद्ध था।

पाँचवीं सदी के तीसरे चतुर्थांश के लगभग वाकाटक राजा नरेन्द्रसेन ने दावा किया था कि कोसल, मेकल और मालव के राजा उसके आदेशों का पालन करते थे। ऐसा प्रतीत होता है कि दक्षिण कोसल के शरभपुरीय और मेकल के पाण्डुवंशी कुछ काल के लिए वाकाटक राजा के अधीन हो गये थे। यह सुझाव कि बम्हनि अभिलेख में इस बात का प्रच्छन्न संकेत मिलता है कि वाकाटक नरेन्द्रसेन भरतबल का अधिराज था, हमें स्वीकार्य नहीं है।

परिशिष्ट

विष्णुकुण्डियों की वंशावली और तिथिक्रम

विभिन्न विद्वानों ने विष्णुकुण्डियों की वंशावली अपने-अपने ढंग से निर्धारित की है। यहाँ यह वाँछनीय है कि इस वंश के राजाओं का सम्भावित क्रम

---

१. **भारत कौमुदी**, I. पृ. २१५, ई. इ. XXVII, १३२।
२. देखिए, पृ. २५०-५१।

और हर शासक के राज-काल की निकटतम तारीख का एक वैकल्पिक मत प्रस्तुत किया जाए :[1]—



आमतौर पर यह माना जा सकता है कि शालंकायनों और पूर्वी चालुक्यों के बीच की अवधि में विष्णुकुण्डियों ने आन्ध्र देश पर शासन किया था। उनके राज्य में अधिक से अधिक विशाखापट्टम, गोदावरी, कृष्णा और गुन्टूर जिलों का क्षेत्र था। पाँचवीं शताब्दी के मध्य में उन्होंने सत्ता प्राप्त की और माधव-वर्मन् प्रथम उनका

---

१ डा. डी. सी. सरकार ने जो क्रम सुझाया है (देखिए पृ. २३५ प. पृ.), उसके बारे में उठनेवाली दो महत्त्वपूर्ण आपत्तियों को उसमें नजरअन्दाज किया गया है या उन्हें असंगत बताकर टालने की कोशिश की गयी है। चिक्कुल्ल और रामतीर्थम् के ताम्र-अनुदान-पत्रों का माधव-वर्मन् और इपुर और पोलमुरु के ताम्र-अनुदान-पत्रों के उसी नाम का राजा एक ही व्यक्ति नहीं है, यद्यपि अश्वमेध और अन्य यज्ञों का श्रेय समान रूप से दोनों को दिया गया है, लेकिन इपुर और पोलमुरु के अभिलेखों वाले माधव वर्मन् को इसके अलावा **हिरण्यगर्भ-प्रसूत** और **त्रिवर-नगर-भवन-गत युवति-हृदयनन्दन** का श्रेय भी दिया गया है। साथ ही पोलमुरु के अनुदान-पत्र को पूर्वी चालुक्यवंश की स्थापना की तारीख के अधिक निकट रखना जरूरी है, क्योंकि इस वंश के दूसरे राजा और पोलमुरु अनुदान-पत्र वाले माधव-वर्मन् के बीच एक पीढ़ी से अधिक का फर्क नही है—जैसा चालुक्य जयसिंह प्रथम के शासन काल के पाँचवें वर्ष में जारी किए जाने वाले पोलमुरु के ही एक अनुदान-पत्र से जाहिर है। देखिए, ई. इ. XXII. पृ. २०-२१, विशेष रूप से टिप्पणी सं. ३, पृ. २१), आखिर में, यह मानने का कोई संगत कारण नहीं है कि चालुक्यों की विजय के बाद भी वेंगी में विष्णुकण्डिनों का राज चलता रहा था, जैसा सरकार द्वारा सुझाये कालानुक्रम से ध्वनित होता है। चिक्कुल्ल के ताम्र-अनुदान-पत्रों की तारीखों के बारे में कीलहार्न की अटकलों पर उनकी निर्भरता (पृ. ११२, टिप्पणी २) किसी भी रूप में उन तर्कों से मेल नहीं खाती जो उन्होंने पुरालिपिशास्त्रीय आधार पर 'सक्से, सात' के पृ. ५७ पर पेश किये हैं। लगता है कि बी. वी. कृष्णराव ने 'अर्ली डाइनेस्टीज आफ आन्ध्रप्रदेश', पृ. ४२१) में विष्णुकुण्डियों की वंशावली को सही आधार पर रखा है। हर राजा के शासन-काल की जो तारीखें दी गयी हैं, वे केवल निकटतम ही कही जा सकती हैं।

पहला राजा है, जिसका विवरण हमें प्राप्त है। उसको ११ अश्वमेध और १००० अन्य यज्ञ करने का श्रेय दिया गया है। हमें चाहे इस प्रकार के वक्तव्यों को अक्षरशः सत्य मानने में संकोच हो, लेकिन इसमें कोई सन्देह नहीं है कि माधव-वर्मन् प्रथम एक बड़ा शक्तिशाली राजा था। उसकी रानी वाकाटक राजकुमारी थी और उसके पुत्र विक्रमेन्द्र प्रथम को दोनों, वाकाटक और विष्णुकुंडी, कुलों का आभूषण कहा गया है। सम्भवतः वह वाकाटकों की बसिम शाखा के परिवार की थी और अगर देवसेन की बहन नहीं थी तो शायद बेटी थी। इसमें सन्देह नहीं कि 'महाबली' देववर्मन् की मृत्यु अपने पिता से पहले ही हो गयी थी, और उसका बेटा छोटी आयु का होने के कारण गद्दी पर नहीं बैठ सकता था। इसलिए देववर्मन् का छोटा भाई विक्रमेन्द्र प्रथम पिता का उत्तराधिकारी बना। सभी अभिलेख उसके बारे में मौन हैं, लेकिन उसके बेटे इन्द्रवर्मन् को, जो इन्द्रभट्टारक भी कहलाता था, एक बड़ा शक्तिशाली शासक बताया गया है, जिसने अनेक विद्यालय खोले और काफी धन दान किया। कहा गया है कि उसके भृकुटि संकोच मात्र से उसके स्वजन डर से भाग जाते थे। शायद इसका संकेत उस घटना की ओर है, जब माधववर्मन् द्वितीय ने, बालिग होने के बाद, राज्य पर अधिकार करने के लिए अपने चचेरे भाई से लोहा लेना तय किया था। जाहिर है कि इस झगड़े का अन्त एक समझौते के रूप में हुआ, जिसके अनुसार माधववर्मन् को पश्चिम के उन पहाड़ी इलाकों के कुछ हिस्सों पर शासन करने की इजाजत दे दी गयी, जिन पर इन्द्रवर्मन् का कब्जा नाम-मात्र के लिए ही था, जैसा एक अनुदान-पत्र से ज्ञात होता है, जिसे माधववर्मन् ने अपने शासन-काल के ४७वें वर्ष में अमरपुर से जारी किया था और जिसमें माधववर्मन् को त्रिकूट मलय का अधिपति कहा गया है। इन्द्रभट्टारक के शासन-काल के २७वें वर्ष में जारी हुए रामतीर्थम् ताम्र-अनुदान-पत्रों से जाहिर है कि तब तक विशाखापट्टम जिले का अधिकांश भाग उसके कब्जे में था, क्योंकि प्लकि-राष्ट्र जहाँ से यह अनुदान-पत्र जारी हुआ था, उस जिले का उत्तरी भाग है। लेकिन जैसा हम पहले लिख चुके हैं[1] उसे अपने शासन-काल के अन्तिम दिनों में अपने विरोधियों के गुट से लड़ना पड़ा था। उसका दुश्मन, निस्सन्देह, कलिंग का गंग-वंशी राजा इन्द्रवर्मन् प्रथम था, जो इस वंश का पहला शासक था। उसने शायद वाकाटक राजा हरिषेण द्वितीय से भी सहायता प्राप्त की, जिसके अजन्ता अभिलेख में उसके जीते हुए प्रदेशों की सूची में आन्ध्र देश शामिल है। यह सम्भव है कि इस युद्ध के परिणामस्वरूप विष्णुकुंडी राजा के हाथ से उसके नामराशि कलिंग के राजा ने उसके राज्य का उत्तरी भाग छीन लिया हो। विष्णुकुंडी वंश के अगले दो राजाओं, विक्रमेन्द्र द्वितीय और गोविन्दवर्मन् विक्रमाश्रय की किसी उल्लेखनीय सफलता का जिक्र अभिलेखों में नहीं मिलता। लेकिन माधव-वर्मन् तृतीय के बारे में, जो इस वंश का अन्तिम महान् शासक था, कहा गया है कि

---

१. ऊपर देखिए, पृ. २३६।

हिरण्यगर्भ-प्रसूत था, अर्थात् ऐसा व्यक्ति था जिसने हिरण्यगर्भ का धार्मिक अनुष्ठान किया, यानी सोने के अंडे में से गुजर कर फिर उसने सोने का अंडा यज्ञ कराने वाले पुरोहितों में बांट दिया। उसने पोलमुरु का अनुदान-पत्र ठीक उस वक्त जारी किया था, जब वह गोदावरी पार करके पूरब की दिशा में दिग्विजयार्थ जा रहा था। जाहिर है कि यह सामरिक अभियान अपने राज्य के उन इलाकों को वापस जीतने के लिए शुरू किया गया था, जो कलिंग के राजा इन्द्रभट्टारक ने पहले से छीन रखे थे। यह ज्ञात नहीं है कि इस अभियान का क्या परिणाम निकला था। उसके दोनों अनुदान-पत्रों में, जो क्रमशः उसके शासन-काल के ३७वें और ४८वें वर्ष में जारी हुए थे, उसे त्रिवरनगर की युवतियों के हृदयों को आनन्दित करने का श्रेय दिया गया है। इसका अर्थ तीवर नाम के उस शहर से लगाया गया है जो महाकोसल के राजा तीवरदेव की राजधानी था, और माधववर्मन् को उस राजा पर विजय प्राप्त करने का श्रेय दिया गया है।[1] तीवरदेव का शासन-काल सन् ५३०-५५० ई० माना जाता है। लेकिन चूँकि तीवर और माधववर्मन् तृतीय की तारीखें निकटतम गणना के आधार पर निर्धारित की गयी हैं, इसलिए कालक्रम में मामूली से फरक को इस सुझाव की स्वीकृति के मार्ग में गम्भीर आपत्ति नहीं समझना चाहिए। या हो सकता है कि यह कामयाबी तीवर के बेटे और उत्तराधिकारी के खिलाफ हासिल की गयी हो, जैसा बी० वी० कृष्णराव ने सुझाया है।[2] लेकिन तीवरदेव कोसल का एक शक्तिशाली राजा था और माधववर्मन् के अनुदान-पत्रों में अतिशयोक्तिपूर्ण गुणगानों में वर्णित उल्लेखों के अलावा ऐसा एक भी प्रमाण उपलब्ध नहीं है, जिससे इस मत की पुष्टि होती हो कि माधववर्मन् ने कभी भी तीवर के सोमवंशियों पर चढ़ाई की थी। इसके अलावा, त्रिवर और तीवर एक ही नहीं हैं और **त्रिवर-नगर** का अर्थ 'तीन श्रेष्ठ नगर' भी हो सकता है। यह भी नामुमकिन नहीं है कि इस अलंकृत अभिव्यक्ति का इससे अधिक और कोई अभिप्राय हो, जैसे यह कि विष्णुकुंडी राज में तीन सम्पन्न नगर थे, जिनमें राजा बारी बारी से ठहरता था। माधववर्मन् की एक उपाधि जनाश्रय भी थी, और इस उपाधि के आधार पर ही छन्द-शास्त्र की **जनाश्रयी-छन्दोविचिति** नाम की एक पुस्तक का श्रेय उसको या उसके शासन-काल को दिया जाता है। माधववर्मन्[3] नाम के राजा का गुन्टूर जिले के वेल्पुरु में एक टूटा-फूटा प्रस्तर-अभिलेख मिला है, जो संस्कृत भाषा में है और आद्य अक्षरों में उत्कीर्ण है, सम्भव है कि वह इस राजा का ही हो। इस प्रकार का प्रमाण मिलता है कि विष्णुकुंडी राज्य के विभिन्न क्षेत्र पुलकेशिन् द्वितीय के आक्रमण से पहले ही उससे अलग होने लगे थे, क्योंकि उस आक्रमण के समय हम पाते हैं कि पिष्टपुर का शासक पृथिवी-महाराज एक स्वतंत्र राजा बना हुआ था, जबकि उसके बाप के विक्रमेन्द्र नाम से ही यह बात स्पष्ट है कि वह

---

१. ई. इ. XXII, पृ. १६ प. पृ.
२. अर्ली डाइनेस्टीज आफ आन्ध्र प्रदेश, पृ. ५२१।
३. १६२५ का ५८१।

कुछ ही दिनों पहले तक विष्णुकुंडियों का एक सामन्त मात्र था ।[1] स्वयं माधववर्मन् या उसका बेटा मण्ड्यण्ण ही वेंगी का वह राजा रहा होगा, जिसे पुलकेशिन ने कुणाल (कोलैर झील) की लड़ाई में हराया था। इस लड़ाई के बाद विष्णुकुंडी-वंश के लोग अधीन सामन्तों की हैसियत से कुछ समय तक शासन करते रहे या नहीं, यह सब ज्ञात नहीं है। अपनी ही राजधानी के पास चालुक्यों द्वारा परास्त हो जाने के बाद विष्णुकुंडियों का इतिहास में फिर कभी नाम भी नहीं सुना गया।

सामान्य सन्दर्भ

जिन पुस्तकों का पहले उल्लेख हो चुका है, उनके अलावा देखिए,
बी. मिश्रा, **ओडिसा अंडर दि भौम किंग्स;**
डी. सी. सरकार, न्यु. हि. इ. पी. का चौथा अध्याय;
ए. एस. अल्टेकर — न्यू. हि. इ. पी. का पाँचवां अध्याय।

---

१. ई. इ. XXIII, सं १५, तन्दिवड अनुदान-पत्र।

परिच्छेद : १२

चालुक्य

I. बादामि के चालुक्य

१. उत्पत्ति और प्रारम्भिक इतिहास

बादामि (बीजापुर जिला) के शाही चालुक्य, जो प्रारम्भिक पश्चिमी चालुक्य के नाम से ज्ञात हैं, दक्षिणापथ के विस्तृत क्षेत्रों पर लगभग दो शताब्दियों — छठी सदी के मध्य से लेकर आठवीं सदी के मध्य—तक अधिपति बने रहे। इसके बाद उनकी प्रभु-सत्ता राष्ट्रकूटों के हाथ में चली गयी। चालुक्य वंश की जिन अनेक शाखाओं का देश के विभिन्न भागों पर शासन था, उनमें इन्हीं चालुक्यों की शाखा सबसे पहली थी। अन्य महत्त्वपूर्ण शाखाओं में एक पूर्वी चालुक्यों की शाखा थी, जिसने सातवीं शताब्दी के पूर्वार्ध में पिष्टपुर से राज करना शुरू किया था, और दूसरी वेमुलवाड के चालुक्य की थी, जो राष्ट्रकूटों के सामन्त थे। तीसरी शाखा कल्याणी के परवर्ती चालुक्यों की थी, जिन्होंने दसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में राष्ट्रकूटों का तख्ता उलट दिया था।

लगता है कि बादामि के चालुक्य किसी स्थानीय कन्नड परिवार के थे, जो क्षत्रिय[1] होने का दावा करता था। उन्हें गुर्जरों से अभिन्न मानना सही नहीं लगता। अक्सर उत्तरापथ के चूलिक लोगों से उनका नाम जोड़ा जाता है, जिनके बारे में अनुमान है कि वे सोग्दिया (मध्य एशिया) से आये थे और जिनके नाम पर प्राकृत की एक बोली का नाम ही "चूलिका पैशाची" पड़ गया था। लेकिन इस अनुमान की पुष्टि में कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं है। सन् ५५३ ई० की तरह अभिलेख में जिन शूलिकों का उल्लेख है, और जिनकी उड़ीसा के शूल्कियों से शिनाख्त की गयी है, उनका चालुक्यों से शायद कोई सम्बन्ध नहीं था।

बादामि के चालुक्यों के अभिलेखों में उनके परिवार का नाम **चल्क्य, चलिक्य** और **चलुक्य** लिखा गया है ('चालुक्य' बहुत ही कम), जिसमें कभी कभी **ल** की जगह **ळ** अक्षर का प्रयोग किया गया है। पुलकेशिन द्वितीय के लौहनेर वाले अनुदान-पत्र में लगता है कि इस नाम का पाठ **चुलुकिकिन** है, लेकिन सम्भव है कि अभिप्राय **चलुकिक** पाठ ही हो। बाद में, अन्य शाखाओं के अभिलेखों में चालुक्य या कभी-कभी **चलुक्की**

---

१. हिउएन-त्सांग ने पुलकेशिन द्वितीय को "जन्म से क्षत्रिय" बताया है। (या. ट्रै. वा. II, २३६)।

और सालुक्की के रूपान्तर मिलते हैं जो **सोलन्की** के बहुत नजदीक हैं। अनहिलवाड के राजघराने ने इसी का संस्कृतीकरण **चौलुक्य** किया था। ऐसा प्रतीत होता है कि यह नाम किसी पूर्वज के नाम से व्युत्पन्न है, जो शायद चल्क, चलिक या चलुक कहलाता होगा। दक्षिणापथ में ऐसे नाम असामान्य नहीं थे; नागार्जुनीकोंडा के एक अभिलेख में **चलिकि** का स्कन्दचलिकिरेम्मनक नाम के अन्तर्गत एक हिस्से के रूप में प्रयोग है (जिसके अन्त में **अनक** पुंलिग प्रत्यय भी लगा हुआ है)। परवर्ती काल में जब इस वंश की उत्पत्ति के बारे में लोग भूल चुके थे, तब परिवार का यह नाम कैसे पड़ा, इसकी मनगढ़ंत व्याख्या पेश की गयी। हन्दरि के अभिलेख के अनुसार, जो विक्रमादित्य षष्ठ के जमाने का है, जब ऋषि हारिति-पाँचशिख तर्पण के लिए **चुल्क** (शब्द-कोशों का **चलुक** या **चुलुक**, अर्थात् जल-पात्र या उँगलियों को मोड़कर बनाया हुआ चुल्लु) में जल लेकर देवताओं पर चढ़ा रहे थे, उस समय उनके चुलुक से चालुक्यों का जन्म हुआ था। लेकिन **विद्यापति** (राजसभा के मुख्य कवि) बिल्हण ने अपने 'विक्रमांकदेव चरित' में लिखा है कि चालुक्यों के पूर्वज परम-स्रष्टा ब्रह्मा के के **चुलुक** से उत्पन्न हुए थे, जब इन्द्र की प्रार्थना पर ब्रह्मा ने एक ऐसा वीर (हीरो) सिरजना चाहा जो अधर्मियों के लिए आतंक हो। अनहिलवाड के चौलुक्यों या सोलंकियों का भी विश्वास था कि असुरों के उपद्रवों के डर से ब्रह्मा ने अपने चुलुक से चालुक्य नाम के राजा की सृष्टि की थी।

बादामि के चालुक्यों का दावा था कि वे हारीती-पुत्र थे, मानव्य गोत्र के थे; उन्हें सप्त मातृकाओं ने दूध पिलाया था, जो मानव-मात्र की माताएँ हैं; भगवान कार्तिकेय (स्कन्द महासेन) के वरदान और संरक्षण के कारण उन्हें सारी भौतिक सम्पदा प्राप्त हुई थी और उनके वराहलांछन (देखिए, उनकी मुहरों पर वराह की आकृति) पर दृष्टि पड़ते ही सारे राजा उनके आगे मस्तक झुका देते थे। यह **वराह-लांछन** उन्हें नारायण या विष्णु ने दिया था। लगता है कि मानव्य गोत्र मातृ-नाम **हारीतीपुत्र** (जिसे मूल अर्थ भूल जाने पर **हारितिपुत्र** में बदल दिया गया) और साथ ही कार्तिकेय और सप्त-माताओं की पूजा आदि को चालुक्यों ने कदम्बों से उधार लिया था, जिससे अनुमान किया जा सकता है कि कदम्बों के विरुद्ध चालुक्यों ने किसी पूर्ववर्ती युग में ही सफलता प्राप्त की थी। शुरू-शुरू में चालुक्यों का परिवार कदम्बों की अधीनता मानता था या नहीं, इसका वर्तमान जानकारी के आधार पर ठीक निर्णय नहीं किया जा सकता। पहले के ही अभिलेखों में चालुक्यों को स्वामिन् या स्वामी महासेन (कार्तिकेय) के पवित्र चरणों में ध्यान रमाये हुए या उनका वरदान प्राप्त करते हुए बताया गया है। लेकिन उनके वराह चिह्न और उनके हर विवरण के आरम्भ में वराह अवतार की स्तुति से स्पष्ट है कि प्रारम्भिक चालुक्यों के कुलदेवता विष्णु थे (इस परिवार में "परम-भागवत्" विशेषण का प्रयोग भी सामान्यतः किया गया है), हालाँकि वे जैनों और शैवों के बड़े उदार संरक्षक थे और बाद के कुछ चालुक्य राजाओं ने ये दोनों धर्म अपनाये भी थे। इस परिवार के राजाओं ने **श्री-पृथिवी वल्लभ**

की उपाधि धारण की थी, जिसका अर्थ है, "धन और पृथ्वी का उपभोग करने वाला" या "लक्ष्मी और पृथ्वी का स्वामी"। इससे यह भी सूचित होता है कि वे अपने को "विष्णु का अवतार" भी बताते थे।

चालुक्य परिवार के सबसे पहले प्रामाणिक नाम जयसिंह और तत्पुत्र रणराग हैं, जो छठी सदी के पूर्वार्ध में बीजापुर जिले के बादामि क्षेत्र में पनपे थे। परिवार के कुछ प्रारम्भिक दस्तावेजों में उनका उल्लेख भी हुआ है, लेकिन दोनों में से किसी को एक भी बड़ी सफलता का श्रेय नहीं दिया गया है। जयसिंह (जिसे अक्सर जयसिंह-वल्लभ भी कहा गया है) के नाम के आगे वल्लभ या बल्लभेन्द्र (या वल्लभराज) की उपाधि लगी है, जो **श्री-वल्लभ** या **पृथिवी वल्लभ** की तरह ही **श्री-पृथिवी-वल्लभ** का संक्षिप्त रूप है। ऐहोले अभिलेख (V.४) से सूचित होता है कि **पृथिवी-वल्लभ** सारे चालुक्य राजाओं की विशिष्ट उपाधि थी। कहा गया है कि चालुक्य वंश के अनेक राजाओं के गुजर जाने के बाद जयसिंह गद्दी पर बैठा था। जयसिंह और रणराज के शासन-काल की घटनाओं के बारे में कुछ भी ज्ञात नहीं है, हालांकि जब लोग वास्तविक तथ्यों को भूल गये, तब चालुक्य वंश के उत्थान और प्रारम्भिक इतिहास के बारे में अनेक किंवदंतियाँ गढ़ ली गयीं। परवर्ती चालुक्य राजा विक्रमादित्य पंचम के कौथेम अनुदान-पत्र में, जो सन् १००९ ई० का है, कहा गया है कि राजा जयसिंह ने राष्ट्रकूट वंश के राजा कृष्ण के बेटे इन्द्र को हराकर चालुक्यों की सत्ता दुबारा कायम की थी, जिसे पहले कुछ समय के लिए राष्ट्रकूटों ने हथिया लिया था।[1] बादामि परिवार के दस्तावेजों में ऐसी किसी कामयाबी का जिक्र नहीं मिलता, विशेषतः उस ऐहोल प्रशस्ति में भी नहीं, जिसमें चालुक्य राज की पहली शती की घटनाओं का विस्तृत वर्णन हो। इसलिए विद्वानों का विचार है कि कौथेम के अनुदान-पत्र में दसवीं सदी के उत्तरार्ध की घटनाओं का ही प्रतिबिम्बन है। उन दिनों राष्ट्रकूट सत्ता विक्रमादित्य के निकट-पूर्वजों के हाथ में आ गयी थी। इस मत की प्रामाणिकता में कोई सन्देह नहीं किया जा सकता। लेकिन यह नामुमकिन नहीं है कि चालुक्य परिवार के प्रारम्भिक सदस्यों के सम्बन्ध मानपुर के राष्ट्रकूटों के साथ रहे हों। शायद उनका पाँचवीं-छठी शताब्दी में दक्षिणी मराठा देश के सतारा-कोल्हापुर क्षेत्र पर भी अधिकार था। चालुक्य राजा जयसिंह-वल्लभ को उस जयसिंह से अभिन्न मानने की इच्छा होती है जो हरिवत्स क्षेत्र के किले का सेनापति (**कोट्टनिग्रह**, या **कोट्टपाल**) भी था और जिसकी उपस्थिति में मानपुर के राष्ट्रकूट राजा अभिमन्यु ने उंडिकवाटिका गाँव का दान किया था।[2] अगर इस अभिन्नता को मानें तो हरिवत्स की स्थिति बीजापुर क्षेत्र में होनी चाहिए, जो उस समय मानपुर के राष्ट्रकूटों के आधिपत्य में हो भी सकता था और नहीं भी। जैसा

---

१. साथ ही देखिए विक्रमादित्य छठे के येवूर और निलगुंड अनुदान-पत्र और जयसिंह के सोनवदे और मिरज अनुदान-पत्र आदि।

२. देखिए, पृ. २२९।

ऊपर कहा है,[1] मानपुर के राष्ट्रकूटों को सम्भवतः मौर्यों या नलों ने हराया था, न कि प्रारम्भिक चालुक्यों ने।

कल्याणी के परवर्ती चालुक्यों के पुराणेतिहास में चालुक्य वंश की उत्पत्ति मनु या चन्द्रमा से मानी गयी है, और उनका मूल-स्थान अयोध्या बताया गया है, जो उत्तर-कोसल की राजधानी थी। कौथेम के अनुदान-पत्र के अनुसार चालुक्य वंश के ४९ राजाओं ने अयोध्या पर शासन किया था। उसके बाद और सोलह राजाओं ने दक्षिणा-पथ पर राज किया। तत्पश्चात् कुछ दिनों तक उनकी सत्ता पर ग्रहण लग गया, जिससे मुक्ति दिलाकर जयसिंह ने चालुक्य वंश के प्राचीन गौरव का पुनरुत्थान किया। कल्यान अभिलेख में, जिसकी तारीख सन् १०२५-२६ ई० है, चालुक्यों की निम्न वंशावली दी गयी है : ब्रह्मा, उनका मानस-पुत्र स्वयंभुव-मनु, तत्पुत्र मानव्य, जो मानव्य **गोत्र** के सभी लोगों का प्रजनक है, उसका पुत्र हारिति, उसका पुत्र पांचशिखि हारिति और उसका पुत्र चालुक्य, जो चालुक्य वंश का प्रजनक है। इसमें सन्देह नहीं कि यह वंशावली **मानव्यसगोत्र** और **हारितिपुत्र** (हारीतीपुत्र) जैसे विशेषणों की मिथक विस्तृति मात्र है। विक्रमादित्य षष्ठ के समय के कुछ दस्तावेजों में कहा गया है कि चालुक्यों की उत्पत्ति सोम (चन्द्र) वंश में हुई थी, जिसकी सृष्टि ब्रह्मा के पुत्र अत्रि की आँख से हुई थी। इसी राजा के जमाने के हन्दरि के अभिलेख में निम्न वंशावली मिलती है : विष्णु की नाभि से निकले कमल से हिरण्यगर्भ-ब्रह्मा उत्पन्न हुआ, उसका बेटा मनु था, उसका बेटा माण्डव्य (देखिए, अन्य विवरणों का मानव्य), उसका पुत्र हारित (जिसे कुछ अभिलेखों में माण्डव्य का बाप बताया गया है), और उसका बेटा हारिति पांचशिख, जिसके **चुलुक** से चालुक्य उत्पन्न हुए। इसके बाद एक काल्पनिक चालुक्य राजा विष्णु-वर्धन विजयादित्य को पेश किया गया है, जिसने अपने दुश्मनों के राज्यों पर कब्जा जमा लिया था। उसके बाद अयोध्यापति सत्याश्रय से शुरू होकर, ५९ राजाओं ने वहाँ राज किया और तत्पश्चात् जयसिंह और उसके सोलह उत्तराधिकारियों ने (दक्षिणा-पथ पर) और फिर रट्ट या राष्ट्रकूटों ने पृथ्वी पर शासन किया। इसी पुराण-कथा के ब्यौरे, जो एक-दूसरे से पूरी तरह नहीं मिलते, पूर्वी चालुक्यों के परवर्ती अभिलेखों में भी प्रस्तुत हैं, जिनमें चालुक्यों की वंशावली ब्रह्मा से शुरू करके उनके उत्तराधिकारियों का क्रमवार उल्लेख इस प्रकार है : अत्रि, सोम (चन्द्रमा), बुध, पुरुरवा, आयु, नहुष, ययाति, पुरु, जन्मेजय ..... (इसके बाद चौदह नाम आते हैं), दुष्यन्त, भरत ..... (इसके बाद फिर नौ नाम आते हैं) शान्तनु, विचित्रवीर्य, पाण्डु, अर्जुन, अभिमन्यु, परीक्षित, जन्मेजय, क्षेमुक, नरवाहन, शतानीक और उदयन। इसके अनुसार उदयन के बाद इस वंश के ४९ राजाओं ने क्रमशः अयोध्या पर राज किया। फिर इसी वंश का विजयादित्य दक्षिणापथ की विजय के लिए आया और उसने पल्लव राजा त्रिलोचन (एक काल्पनिक व्यक्ति; देखिए, त्रिलोचन कदम्ब का पौराणिक आख्यान) पर आक्रमण किया, लेकिन वह युद्ध में मारा गया। उसकी गर्भवती पत्नी

---

१. देखिए, पृ. २२९।

ने भागकर मुदिवेमु के **अग्रहार** में संत विष्णु भट्ट सोमयाजी के आश्रम में शरण ली। वहाँ उसने एक पुत्र को जन्म दिया, जिसका नाम विष्णुवर्धन रखा गया। इस राजकुमार ने पल्लव राजा की एक बेटी से विवाह किया। उसने चालुक्यगिरि (सम्भवतः काल्पनिक पहाड़ी) पर नन्दा-गौरी की उपासना के साथ-साथ कुमार (कार्तिकेय), नारायण और सप्त-माताओं की भी उपासना की। कुछ ही दिनों में उसने अपने परिवार के सारे राज-चिह्न धारण कर लिये, जैसे श्वेत छत्र, एक शंख, पाँच **महा-शब्द**, पालिध्वज, **प्रतिढक्क** नाम का मृदंग, वराह का प्रतीक, मयूर-पुच्छ, माला, मकर, धनु, सुवर्ण-मुकुट और गंगा यमुना के चिह्न। कदम्ब, गंग तथा दूसरे राजाओं को हराकर वह राम के सेतुबन्ध से लेकर नर्मदा तक दक्षिणापथ के "साढ़ेसात-**लाख** देश" का अधिपति बन गया, (राष्ट्रकूटों के राज्य को भी "रट्टप्पाडि-साढ़े-सात-लाख-देश" कहा जाता था)। इस विष्णुवर्धन के बेटे विजयादित्य को पुलकेशिन प्रथम का पिता बनाकर ऐतिहासिक संभाव्यता का मुलम्मा चढ़ाया गया है, जबकि तथ्य यह है कि पुलकेशिन प्रथम रणराग का बेटा और जयसिंह-वल्लभ का पोता था। विद्वानों ने चालुक्यों के प्रारम्भिक इतिहास के इन अस्पष्ट पौराणिक और मिथक तत्त्वों के गड्डमड्ड से गढ़े गये मनगढ़न्त विवरणों को अप्रामाणिक और मूल्यहीन समझ कर ठीक ही खारिज कर दिया है।

२. पुलकेशिन् प्रथम और कीर्तिवर्मन् प्रथम

ऐसा प्रतीत होता है कि इस वंश का सबसे पहला स्वतन्त्र शासक रणराग का "प्रिय" पुत्र पुलकेशिन् प्रथम (ल० सन् ५३५-६६ ई०) था, जिसका नाम पोलेकेशिन, पोलिकैशिन और पुलिकैशिन आदि रूपों में भी लिखा जाता है और सम्भव है कि यह कन्नड-संस्कृत का मिश्रित शब्द हो जिसका अर्थ "व्याघ्र के बालों वाला" है। वह अपने परिवार का पहला **महाराज** था और उसे चालुक्य वंश का वास्तविक संस्थापक माना जा सकता है। पुलकेशिन प्रथम के नाम के आगे, **सत्याश्रय** और **रणविक्रम** की उपाधियाँ लगायी जाती थीं, और वह **श्रीपृथिवीवल्लभ** या **श्रीवल्लभ** या वल्लभ के नाम से भी विख्यात था। वल्लभ का प्रयोग अक्सर राजा के वास्तविक नाम की जगह भी होता था चलिक्य वल्लभेश्वर अर्थात् पुलकेशिन प्रथम के बादामि अभिलेख पर शक संवत् ४६५ (सन् ५४३ ई०) की तारीख है और उसमें उसे हिरण्यगर्भ-प्रसूत (हिरण्यगर्भ **महादान** का कर्ता) और अश्वमेध तथा अन्य श्रौत यज्ञों का कर्ता बताया गया है। उसके बेटे मंगलेश के दस्तावेजों में पुलकेशिन प्रथम को केवल हिरण्यगर्भ और अश्वमेध यज्ञों का कर्ता ही नहीं बल्कि अग्निष्टोम, अग्निचयन, वाजपेय, बहुसुवर्ण और पौण्डरीक यज्ञों का भी कर्ता बताया गया है। कहीं-कहीं उसे ययाति, दिलीप आदि पौराणिक वीरों के समकक्ष बताया गया है और कहा गया है कि वह मनु के **धर्मशास्त्र**, सारे **पुराण**, **रामायण**, **भारत** (**महाभारत**) तथा अन्य **इतिहासों** का ज्ञाता था। पुलकेशिन प्रथम ने बटपूर राजवंश की कन्या दुर्लभदेवी से विवाह किया था। उसके सन् ५४३ ई० के बादामि अभिलेख से पता चलता है (देखिए, ऐहोले अभिलेख V. ७) कि राजा ने वातापि

(यह एक असुर का नामराशि है) के किले की नींव रखी थी, जो बीजापुर जिले का आधुनिक कस्बा बादामि है। इससे सूचित होता है कि वह बादामि में अपनी राजधानी से जिस क्षेत्र पर राज करता था, वह वर्तमान बीजापुर जिले के बराबर था। हालाँकि अश्वमेध यज्ञ करने की बात से जाहिर है कि पुलकेशिन ने अपने पड़ोसी राजाओं के विरुद्ध सफलता प्राप्त की थी, जिनमें वह राजवंश भी शामिल था जिसके अधीन वह आरम्भ में था, लेकिन उसे किसी विशेष विजय का श्रेय नहीं दिया गया। इससे जाहिर है कि उसे जो भी सफलताएँ मिली थीं वे सब उसके बेटे और उत्तराधिकारी कीर्तिवर्मन् के कारण हासिल हुई थीं, जो सम्भवतः अपने बाप का प्रधान सेनापति भी था। चिप्लुन अभिलेख में तो वातापि की नींव रखने का श्रेय भी कीर्तिवर्मन् को ही दिया गया है। महाकूट स्तम्भ-लेख में पुलकेशिन प्रथम और कीर्तिवर्मन् दोनों के द्वारा बीजापुर जिले में महाकूट स्थान के देवता महाकूटेश्वर के पक्ष में धर्मस्व बाँधने का भी उल्लेख है।

"महाराज कीर्तिवर्मन् प्रथम की (सन् ५६६-६७ से ५९७-९८ ई०), जिसे कीर्तिराज भी पुकारा जाता था, उपाधियाँ थीं, 'सत्याश्रय' और 'पुरु-रण-पराक्रम' और उसे वल्लभ या पृथिवी-वल्लभ भी कहते थे। उसने सेन्द्रक परिवार के राजा श्री-वल्लभ सेनानन्द की एक बहन से विवाह किया था। उसकी उपाधि "वातापि का प्रथम निर्माता" से सूचित होता है कि उसने मन्दिर तथा अन्य भवनों से नगर की सजावट शुरू करा दी थी। इस राजा के शासन-काल के बारहवें वर्ष (सन् ५७८ ई०) का एक अभिलेख बादामि की वैष्णव गुफा के बरामदे में भित्ति-स्तम्भ पर मिला है। उसके अनुसार कीर्तिवर्मन् प्रथम के छोटे भाई मंगलेश ने इस गुफा-मन्दिर का निर्माण करने के बाद विष्णु की प्रतिमा-स्थापन के अवसर पर उसके नाम लंजीश्वर गाँव (बादामि के निकट आधुनिक नन्दिकेश्वर) दान किया था। कीर्तिवर्मन् ने बहुसुवर्ण और अग्निष्टोम यज्ञ भी किये थे।

मंगलेश के महाकूट स्तम्भ लेख के अनुसार कीर्तिवर्मन् प्रथम ने वंग, अंग, कलिंग, वट्टूर, मगध, मद्रक, केरल, गंग, मूषक, पाण्ड्य, द्रमिल, चोल्य, आलुक और वैजयन्ती के राजाओं को हराया था। इसमें कोई सन्देह नहीं कि इस दावे में परम्परागत किस्म की **दिग्विजय** या **चक्रवर्ती क्षेत्र** की विजय की एक डींगभरी अतिशयोक्ति है। कीर्तिवर्मन् के बेटे के एहोले अभिलेख में, जो निश्चय ही अपने बाप की गौरवशाली सफलताओं पर परदा नहीं डालता, कीर्तिवर्मन् के बारे में केवल यह कहा गया है कि वह नलों, मौर्यों और कदम्बों के लिए "प्रलय-रात्रि" के समान था और उसने कदम्ब-कुल के राजाओं का राज्य-संघ तोड़ दिया था। निश्चय ही दोनों में यह वर्णन अधिक विश्वसनीय है। नलों का इतिहास पहले ही बताया जा चुका है। उनका इस जमाने में सम्भवतः दक्कन के विशाल क्षेत्रों पर कब्जा था और उनकी एक बस्ती शायद कुर्नूल-क्षेत्र में भी थी। मौर्य राजा, जो जाहिर है, दक्कन के किसी जिले के मौर्य-गवर्नर के वंशज थे, उन दिनों कोंकण पर शासन करते थे और कदम्बों का राज महाराष्ट्र के उत्तर-कन्नड जिले, मैसूर राज्य के उत्तरी भाग और साथ लगे हुए बेलगाम और धारवार क्षेत्रों तक फैला

हुआ था। छठी शताब्दी के मध्य तक कदम्ब-परिवार की अनेक शाखाएँ इस कदम्ब-क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर शासन करती थीं और उसकी मुख्य शाखा की राजधानी बनवासी या वैजयन्ती में थी, जो उत्तर-कन्नड जिले का आधुनिक वनवासि स्थान है। बादामि के चालुक्यों के अनुदान पत्रों में विशेष रूप से कदम्ब राजधानी पर कब्जा करने का उल्लेख मिलता है, जिनके अनुसार कीर्तिवर्मन् प्रथम ने अपनी कीर्ति-पताका वनवासी के विरोधी राजा के देश तथा अन्य नगरों में गाड़ दी थी। नलों, मौर्यों और कदम्बों पर उसकी विजय का जिक्र परवर्ती चालुक्यों के विवरणों में किया गया है। कीर्तिवर्मन् की इन सफलताओं के कारण, जिनमें से कुछ उसने शायद अपने पिता के जमाने में ही प्राप्त कर ली थीं, चालुक्यों का राजनीतिक प्रभाव बम्बई राज्य (अब महाराष्ट्र) के दक्षिणी भाग और उससे लगते हुए मैसूर और तामिलनाडु राज्यों के कुछ क्षेत्र तक फैल गया था। ऐसा प्रतीत होता है कि कीर्तिवर्मन् ने कोंकण के कुछ हिस्सों पर भी कब्जा कर लिया था।

३. मंगलेश

सन् ५९७-५९८ में कीर्तिवर्मन् प्रथम की मृत्यु हो गयी वह शायद नाबालिग बच्चे छोड़कर मरा था, इसलिए उसका भाई या सौतेला भाई मंगलेश (सन् ५९७-५९८ से ६१०-६११ ई०) गद्दी पर बैठा। वह मंगलेश, मंगलराज, मंगलीश, और मंगलीश्वर नामों से पुकारा जाता था। नये राजा के नाम के आगे पृथिवी-वल्लभ या श्री-पृथिवी-वल्लभ के अतिरिक्त रण-विक्रान्त और उरु-रण-विक्रान्त के विशेषण या **विरुद** भी लगाये जाते थे। मंगलेश्वर को भी परम-भागवत अर्थात् भागवत (विष्णु) का परम उपासक कहा गया है। कटच्चुरियों (कलचुरियों) पर उसकी विजय और रेवती द्वीप पर कब्जा, ये उसकी दो बड़ी सफलताएँ थीं, जिनका ऐहोले अभिलेख में जिक्र है और काथेम के अनुदान-पत्र में जिसे दोहराया गया है। नेरुर के अनुदान-पत्र और महाकूट के स्तम्भ लेख के अनुसार शंकरगण के बेटे कलचुरि राजा बुद्ध को १२ अप्रैल सन् ६०२ ई० से पहले ही, जब चालुक्य राजा उत्तरी क्षेत्रों पर कब्जा करने के मंसूबे बना रहा था, हराकर उसने सारा राज-पाट और धन-सम्पत्ति हथिया ली थी। लेकिन कलचुरियों के इतिहास का वर्णन करते समय हम देख चुके हैं[1] कि बुद्धराज का नासिक जिले पर सन् ६०८ ई० तक अधिकार रहा था। इसलिए लगता है कि चालुक्यों और कलचुरियों का संघर्ष कुछ समय तक चलता रहा था, जिसके बाद कल्चुरि राज्य पूरी तरह केन्द्रीय और उत्तरी मराठा देश के आधिपत्य में चला गया था। मंगलेश के नेरुर वाले अनुदान-पत्र में चालुक्य सामन्त स्वामिराज की हत्या का भी उल्लेख है, जो शायद कोंकण पर शासन करता था और अठारह युद्धों में विजय प्राप्त करने के लिए विख्यात था। सम्भवतः इस स्वामिराज को कीर्तिवर्मन् प्रथम ने कोंकण का वाइसराय नियुक्त किया था, और

१. देखिए, पृ. २२४।

उसने मंगलेश के विरुद्ध युद्ध में पुलकेशिन द्वितीय का साथ दिया था । यह भी नामुमकिन नहीं कि पश्चिमी या अरब सागर के रेवती द्वीप में (अर्थात् रत्नागिरि जिले में स्थित रेडि का किलेबंद अन्तरीप जो वेनगुर्ल के दक्षिण में है) इस स्वामिराज की राजधानी रही हो, जिस पर कहा गया है कि, मंगलेश ने कब्जा कर लिया था और जहाँ का गवर्नर बप्पूर (अर्थात् बटपूर) वंश का इन्द्रवर्मन् बना दिया गया था, जो जाहिर है, उसकी मां का रिश्तेदार था । गोआ के अनुदान-पत्र के अनुसार सत्याश्रय-ध्रुवराज-इन्द्रवर्मन् सन् ६१० ई० या ६११ ई० में इस क्षेत्र के चार **विषयों** या **मण्डलों** पर शासन कर रहा था और उसका सदर दफ्तर रेवती द्वीप में था । यह उसके शासन-काल का २०वाँ वर्ष था और उसने बादामि के चालुक्य सम्राट की आज्ञा से खेटाहार **देश** में (रत्नागिरि जिले का खेडा **तालुक**) एक गाँव दान किया था । आमतौर पर विश्वास किया जाता है कि कीर्तिवर्मन् प्रथम ने इन्द्रवर्मन् को सन् ५९० ई० में कोंकण का वाइसराय बनाया, जो गोआ के अनुदान-पत्र के अनुसार उसके शासन का पहला साल हुआ । लेकिन यह सम्भव है कि वह एक अधीन सामन्त की हैसियत से किसी और क्षेत्र का शासक था और रेवतीद्वीप में उसकी नियुक्ति सन् ५९७-५९८ ई० में, उस स्थान पर मंगलेश का कब्जा हो जाने के बाद, हुई हो । चालुक्य सम्राट उन दिनों कठिन विपत्तियों में फँसा हुआ था, शायद इसी कारण इन्द्रवर्मन् ने खुद अपने शासन-काल की तारीख देकर गोआ का अनुदान-पत्र जारी करने का दुस्साहस किया था ।

मंगलेश के शासन के अन्तिम दिनों में उसके और उसके भतीजे और कीर्तिवर्मन् प्रथम के बेटे पुलकेशिन द्वितीय के बीच गृहयुद्ध छिड़ गया । पुलकेशिन द्वितीय के ऐहोले अभिलेख के अनुसार इस झगड़े का कारण यह था कि मंगलेश अपने बेटे को गद्दी पर बैठाना चाहता था। इस युद्ध के फलस्वरूप मंगलेश अपनी जान से गया और बादामि की गद्दी पुलकेशिन द्वितीय के हाथ लगी । आमतौर पर मंगलेश के बेटे को, जिसका ऐहोले अभिलेख में नाम नहीं बताया गया है, गोआ के अनुदान-पत्र के सत्याश्रय-ध्रुवराज-इन्द्रवर्मन् से अभिन्न माना जाता है । लेकिन इसके बावजूद, उसकी उपाधि "मूल महान् बप्पूर (बटपूर) वंश का अलंकार" की व्याख्या हम इस अनुमान से कर सकते हैं कि उसकी मां एक बप्पूर राजकुमारी थी । यह तथ्य कि इन्द्रवर्मन् ६१० या ६११ ई० में **महाराज** श्री-पृथिवी-वल्लभ की, जिसे पुलकेशिन द्वितीय से अभिन्न माना जाता है, अधीनता मानता था, इस मत को असम्भाव्य बना देता है कि इन्द्रवर्मन् मंगलेश का बेटा था । पुलकेशिन द्वितीय अपने कट्टर दुश्मन और प्रतिस्पर्धी को कोंकण जिलों के वाइसराय के महत्त्वपूर्ण पद पर शायद ही बर्दाश्त कर पाता । लेकिन पुलकेशिन द्वितीय के शासन के पहले वर्ष की तारीख शक संवत् ५३२ (**विगत**) है, जबकि गोआ के अनुदान-पत्र की तारीख शक-संवत् ५३२ (जारी या विगत) है, इसलिए सत्याश्रय-ध्रुवराज-इन्द्रवर्मन् के अधिपति **महाराज** श्री-पृथिवी-वल्लभ को मंगलेश से अभिन्न मान लेना भी सम्भावना से परे की बात नहीं है ।

४. पुलकेशिन द्वितीय

महाराज पुलकेशिन द्वितीय (सन् ६१०-६११ ई० से ६४२ ई०), जिसका नाम पोलेकेशिन और पुलिकेशिन रूपों में भी लिखा मिलता है, अपने **विरुद** "सत्याश्रय" से ही सर्वाधिक विख्यात था। उसके नाम के आगे वल्लभ (वल्लभ-राज, वल्लभेन्द्र) या पृथिवी-वल्लभ या श्रीपृथिवी-वल्लभ आदि **विरुद** भी लगते थे और उसने अपने उपनाम के रूप में परमेश्वर की साम्राज्यिक उपाधि भी अपनायी थी। बाद के जमाने में, जब बादामि के चालुक्यों ने **महाराजाधिराज परमेश्वर** और **भट्टारक** (प्रायः **परमभट्टारक** नहीं) जैसी साम्राज्यिक उपाधियाँ अपनायीं, जिनका उत्तर-भारत में गुप्त सम्राटों ने चलन शुरू किया था, तो उस समय ये सारे **विरुद** भी पुलकेशिन द्वितीय के नाम के आगे जोड़ दिये गये। लोहनेर (नासिक जिला) अनुदान-पत्र में जो सन् ६३० ई० का है, उसको परम-भागवत, अर्थात् विष्णु का अनन्य उपासक कहा गया है।

मंगलेश और पुलकेशिन द्वितीय के बीच जब गृह-युद्ध छिड़ गया तब कीर्तिवर्मन् प्रथम और मंगलेश ने अपनी भुजाओं के बल से जिन राजाओं और क्षेत्रों को अपने अधीन कर लिया था, आमतौर पर उन सभी ने बादामि के चालुक्यों की अधीनता को अस्वीकार कर दिया। अपने चाचा की मृत्यु के बाद जब पुलकेशिन द्वितीय गद्दी पर बैठा, उस समय सारे साम्राज्य में अराजकता और गड़बड़ी फैली हुई थी — ऐहोले अभिलेख की चित्रात्मक भाषा में, "सारा संसार शत्रुओं के जमघट के अंधकार से आवृत्त था"। यहाँ तक कि बीजापुर-क्षेत्र पर भी, जो चालुक्यों का अपना प्रान्त था, आक्रमण का खतरा हो चला था। दो राजा आप्पायिक और गोविन्द अपनी सेनाएँ लेकर भैमरथी (भीमा) नदी के उत्तरी तट तक पहुँच गये थे। इस प्रकार पुलकेशिन द्वितीय की स्थिति विकट संकट में पड़ गयी थी। उसके सामने दोहरा लक्ष्य था, खुद अपने प्रान्त की दुश्मनों से रक्षा और अपने आधिपत्य से निकले अधीन राज्यों पर फिर से कब्जा। यह तरुण राजा इन दोनों कार्यों को पूरा करने में समर्थ हुआ। उसने भेद-नीति से काम लिया; गोविन्द को अपनी ओर मिलाकर मित्र बना लिया और आप्पायिक को हराकर देशनिकाला दे दिया। इस गोविन्द की राष्ट्रकूट राजा दन्तिदुर्ग (सन् ७४२-७५७ ई०) के परदादा से शिनाख्त बिलकुल असंगत है, क्योंकि उस परदादा को सातवीं शताब्दी के शुरू में नहीं रखा जा सकता।

अपने गृह-प्रदेश में स्थिति मजबूत बना लेने के बाद पुलकेशिन द्वितीय ने अपने पड़ोसी देशों को हथियाने के लिए सैन्य अभियानों का सिलसिला शुरू किया। ऐहोले **प्रशस्ति** में उसकी विजयों का विस्तृत वर्णन है। सन् ६३४-३५ ई० में जैनेन्द्र की समाधि का निर्माण पूरा होने पर इस **प्रशस्ति** की रचना जैन-कवि रविकीर्ति ने की थी, जो भारवि और कालिदास से अपनी समकक्षता का दावा करता है। दक्षिण में पुलकेशिन द्वितीय ने कदम्बों की राजधानी बनवासी पर घेरा डाल कर उसे नष्ट किया। इन कदम्बों को पहले भी उसके पिता ने हराकर अपने अधीन किया था। फिर उसने दक्षिणी मैसूर के गंगों और अलूपों को, जिनके बारे में अनुमान है कि वे

मैसूर के शिमोगा जिले में हुम्ब पर शासन करते थे, हराकर अपनी अधीनता स्वीकार करने के लिए मजबूर कर दिया, क्योंकि वे शायद कदम्बों का साथ देते थे। इस युद्ध के बाद लगता है कि गंग राजा दुर्विनीत कोंगणिवृद्ध ने, जो अविनीतकोंगणि का बेटा था, चालुक्य विजेता के साथ अपनी एक बेटी का विवाह कर दिया।[१] कोंकण के मौर्यों को, जिन्हें उसके पिता ने अधीन बनाया था, हराकर पुरी के शहर पर (संकेत या तो गारापुरी, अर्थात् बम्बई के निकट का एलिफेन्टा द्वीप है, या राजपुरी से है, जो जंजीर के निकट है), जो अरब सागर में स्थित था और शायद मौर्यों की राजधानी था, पुलकेशिन के युद्ध-पोतों ने आक्रमण किया और उसे जीत लिया। उससे उत्तर में लाटों, मालवों[२] और गुर्जरों को भी काबू में कर लिया गया। गुजरात क्षेत्र पर पुलकेशिन की विजय का प्रमाण इस बात से भी मिलता है कि वहाँ एक चालुक्य वाइसराय नियुक्त किया गया था। चालुक्य **राजा** विजयराज ने, जो **राजा** बुद्धवर्मराज, उपनाम वल्लभ-रण-विक्रान्त और जयसिंह का पोता था, सन् ६४३ ई० में विजयपुर से एक अनुदान-पत्र जारी किया था, जिसमें जम्बुसरस (भड़ोंच जिले में जम्बुसर) के पुरोहितों और विद्यार्थियों को परियय (सूरत जिले में परिया) नाम के गाँव के दान का विवरण दर्ज है। सेन्द्रक सामन्त पृथिवीवल्लभ निकुम्भाल्लशक्ति (आदित्य शक्ति का बेटा और भानुशक्ति का पोता) के बगुम्र (पुराना बड़ौदा राज्य) वाले अनुदान-पत्र से, जिसकी तारीख सन् ६५५ ई० है, और जिसमें क्रेयण्णाहार **विशय** में (बारदोली में टेन के गिर्द का क्षेत्र) भूमिदान का विवरण है, यह जाहिर होता है कि गुजरात क्षेत्र के चालुक्यों का स्थान सेन्द्रक वाइसरायों ने ले लिया था जो पुलकेशिन द्वितीय की मां के रिश्तेदार थे। इन दोनों अभिलेखों में किसी अधिराज का उल्लेख न करने का कारण यह हो सकता है कि सन् ६४२ ई० में पुलकेशिन द्वितीय की मृत्यु के बाद बादामि परिवार का सितारा तत्काल के लिए डूब-सा गया था।

ऐहोले अभिलेख में, इसके बाद, कन्नौज के शक्तिशाली राजा हर्ष के विरुद्ध पुलकेशिन द्वितीय की विजय[३] का और विन्ध्य तथा रेवा (नर्मदा) के क्षेत्रों में चालुक्य राजा के आक्रमणों का वर्णन मिलता है। पुलकेशिन के नेतृत्व में महाराष्ट्र के लोगों द्वारा शीलादित्य हर्षवर्धन के आक्रमण को विफल करने का पता हिउएनत्सांग के विवरणों से भी चलता है। मध्यदेश और दक्षिणापथ के राजाओं में संघर्ष का कारण शायद यह था कि दोनों ही भारत के अपरान्त भाग में वर्तमान गुजरात क्षेत्र पर अपना आधिपत्य कायम करना चाहते थे। लेकिन लाटों, मालवों और गुर्जरों तथा साथ ही वलभी के मैत्रकों ने हर्ष के आक्रमण के डर से पुलकेशिन द्वितीय की सहायता पाने के लिए अपने आप उसकी अधीनता मान ली और इस प्रकार एक विशाल मित्र राष्ट्र-संघ बनने के कारण ही हर्ष की पराज्य हुई, इस मत की पुष्टि उपलब्ध जानकारी के आधार पर

---

१. Rut cf. pp. 242, 269।
२. ऊपर देखिए पृ. ११८ प. पृ.।
३. ऊपर देखिए पृ. ११९ प. पृ.।

निश्चित रूप से नहीं की जा सकती। जयभट तृतीय के नवसारि अनुदान-पत्र के एक अंश में कहा गया है कि गुर्जर राजा दद्द द्वितीय प्रशान्तराग ने (ज्ञात तारीखें सन् ६२९६-४१ ई०) वलभी के राजा (जाहिर है कि वह ध्रुवसेन द्वितीय ही था) को, जिसे **परमेश्वर** हर्ष ने हरा दिया था, शरण (**त्राण**) देकर ख्याति प्राप्त की थी। यह मत प्रकट किया गया है कि गुर्जर सामन्त केवल पुलकेशिन की फौजी मदद से ही हर्ष के दुश्मन की मदद कर सकता था।[1] लेकिन उत्तर भारत के सम्राट पर विजय प्राप्त करने में अगर दद्द द्वितीय का जरा भी अंशदान होता, तो नवसारि अनुदान-पत्र का लेखक इस सफलता की खूब डींगें मारता, गुर्जर राजा को सिर्फ हारकर भागे हुए वलभी के राजा को शरण देने का श्रेय देकर चुप न हो जाता। इसके अलावा वलभी के राजा ने अगर चालुक्य सम्राट से मदद ली होती तो ऐहोले प्रशस्ति का लेखक पुलकेशिन के अधिराज्य में लाटों, मालवों और गुर्जरों के साथ ही शायद मैत्रकों का भी जिक्र कर देता। जाहिर है कि काठियावाड़ के शासक मैत्रक गण, जिनकी राजधानी वलभी थी, मालवों में शामिल नहीं किये जा सकते थे, चाहे मालव पर भी उनका अधिपत्य क्यों न रहा हो।

कुछ विद्वानों का विचार है कि पुलकेशिन द्वितीय ने हर्ष को शक संवत् ५३४ (विगत) के भाद्र के नये चन्द्र दिन से पहले ही (अगस्त १२, सन् ६१२ ई०, लेकिन कुछ विद्वानों के अनुसार जुलाई २३, सन् ६१३ ई०) से पहले ही हराया था, जो चालुक्य राजा के हैदराबाद वाले अनुदान-पत्र की तारीख है।[2] इस अभिलेख के अनुसार हजार युद्धों में भाग लेने वाले राजाओं को हराकर (या एक राजा को हराकर) पुलकेशिन द्वितीय ने 'परमेश्वर' नाम प्राप्त किया था, जबकि उसके उत्तराधिकारियों के अभिलेखों में कहा गया है कि उसने 'परमेश्वर' नाम "सकल उत्तरापथ के युद्धवीर अधिपति हर्षवर्धन को हराकर" प्राप्त किया था। लेकिन पुलकेशिन द्वितीय सन् ६१०-६११ ई० में गद्दी पर बैठा था और हर्षवर्धन सन् ६०६ ई० में, और दोनों को ही आरम्भ में अपने पड़ोस के अनेक दुश्मनों से लड़ना पड़ा था। अपने गृह-प्रदेश को आप्पायिक और गोविन्द के आक्रमणों से मुक्त और कदम्बों तथा मौर्यों को काबू में किए बिना चालुक्य राजा शायद ही कन्नौज के सम्राट से लोहा लेने के लिए आगे बढ़ पाता। इसलिए यह सम्भाव्य है कि पुलकेशिन द्वितीय ने दुश्मनों से अपने मातृदेश की रक्षा और इर्द-गिर्द के क्षेत्रों पर फिर से चालुक्यों की प्रभुसत्ता कायम करने के बाद ही उपनाम के रूप में 'परमेश्वर' की साम्राज्यिक उपाधि अपनायी थी, लेकिन परमेश्वर हर्षवर्धन पर विजय के उपरान्त इस उपाधि को अतिरिक्त महत्त्व मिला था। गुजरात पर हर्ष की चढ़ाई और अन्ततः उसकी हार की तारीख निस्सन्देह सन् ६३४-६३५ से पहले की होगी, जब ऐहोले **प्रशस्ति** लिखी गयी थी; यह भी सम्भव है कि यह तारीख

---

१. ज. बि. ओ. रि. सो., IX. ३१९, साथ ही देखिए पृ. ११८, १२४ प. पृ.।
२. ऊपर देखिए, पृ. १२२।

मैत्रक ध्रुवसेन द्वितीय और गुर्जर दद्द द्वितीय के शासन-काल के आरम्भ के बाद की हो, जिसके बारे में ज्ञात सबसे पुरानी तारीख सन् ६२९ ई० है।[1] यह भी ध्यान देने लायक बात है कि पुलकेशिन द्वितीय के लोहेनेर अनुदान-पत्र में, जिसकी तारीख सन् ६३० ई० है, इस विजय की ओर संकेत नहीं किया गया।

जिन विजयों का ऊपर उल्लेख किया गया है, उनके कारण पुलकेशिन द्वितीय को तीन महाराष्ट्रकों (महान् राज्यों) की, जिनमें ९९,००० ग्राम थे (इस वाक्य का अर्थ सन्दिग्ध है) प्रभुसत्ता पाने का अवसर मिला। हम यह जानते हैं कि ह्वेन-त्सांग को चालुक्य राज्य का महाराष्ट्र नाम विदित था। पुलकेशिन के साम्राज्य में, जो गुजरात से लेकर दक्षिण में दक्षिणी मैसूर तक विस्तृत था, शामिल तीन राष्ट्रों से अभिप्राय शायद महाराष्ट्र, कोंकण और कर्नाट से है। इसके बाद ऐहोले की **प्रशस्ति** में बताया गया है कि चालुक्य राजा ने किस प्रकार पूर्वी दक्कन की ओर चढ़ाई की, जहाँ कोसलों (सम्भवतः दक्षिण-कोसल के पांडुवंशी), और कलिंगों (सम्भवतः गंजाम जिले में स्थित कलिंग-नगर के गंग-वंशी) को उसने बड़ी आसानी से हराकर काबू में कर लिया। इसके बाद चालुक्य सेना तट-मार्ग से दक्षिण की ओर बढ़ती चली गयी। उसने पिष्टपुर (गोदावरी जिले में पिठापुरम्) और कुनाल (एल्लोर के पास कोल्लेरु झील) द्वीप के किले फतह कर लिये। पिष्टपुर के राज-परिवार को गद्दी से उतार कर पुलकेशिन द्वितीय के "प्रिय छोटे भाई" युवराज कुब्ज विष्णुवर्धन को इस नये राज्य का शासक नियुक्त किया गया। वह प्रसिद्ध पूर्वी चालुक्य-परिवार का संस्थापक बना, जो सन् १०७० ई० तक राज करने के बाद चोल-वंश में समाहित हो गया। लगता है कि एल्लोर-क्षेत्र की रक्षा का प्रयत्न विष्णुकुंडी राजा विक्रमेन्द्र वर्मन् तृतीय ने किया था, लेकिन वह हार गया और आन्ध्र का हृदय-प्रदेश भी चालुक्यों के कब्जे में चला गया। इससे भी और दक्षिण में पुलकेशिन द्वितीय ने पल्लव राजा महेन्द्र वर्मन् प्रथम (सन् ६००-६३० ई०) को हराकर उसे अपनी राजधानी काँची (आधुनिक काँजीवरम्) की प्राचीर के पीछे शरण लेने के लिए मजबूर कर दिया। चालुक्य राजा पल्लव-देश के हृदय-प्रदेश तक बढ़ता चला गया था। चाहे उसने सचमुच काँची का घेरा न डाला हो, इस बात की पुष्टि पल्लव अभिलेखों से भी होती है, (उदाहरण के लिए देखिए कसकुदि का अनुदान-पत्र) जिसके अनुसार महेन्द्र-वर्मन् प्रथम ने अपने "मुख्य दुश्मनों को" अर्थात् बादामि के चालुक्यों को,[2] पल्ललूर के युद्ध में, जो काँची के निकट है, एकदम

---

१. अपने शासन-काल के आरम्भ में हर्षवर्धन अपने ही क्षेत्र में गौड़ राज शशांक जैसे शक्तिशाली दुश्मनों से जूझता रहा। यह बात कि अपने यौवन-काल में ही गद्दी पर बैठे हर्ष ने बहुत बाद में ही वलभी के राज्य पर धावा किया, जबकि वह एक विवाह योग्य बेटी का बाप बन गया था, इससे संकेतित है कि युद्ध की समाप्ति के साथ वलभी के राजकुमार से हर्ष की बेटी का विवाह किया गया। जैसा ऊपर लिखा जा चुका है, पृ. १२२-२३ ह्वेन-त्सांग के इस वक्तव्य को सही मानना कठिन है कि हर्ष ने सन् ६१२ के बाद ३० वर्ष तक शान्तिपूर्वक शासन किया था।

२. कुछ लेखकों का विचार है जिन दुश्मनों की ओर संकेत किया गया है वे गंग थे, चालुक्य

नष्ट कर दिया था। इसके बाद कहा गया है कि पुलकेशिन ने कावेरी पार करके चोलों, केरलों और पाण्ड्यों से मित्रता स्थापित की। जाहिर है कि यह मित्रता उनको अपने शक्तिशाली पड़ोसी पल्लवों के विरुद्ध तैयार करने के लिए कायम की गयी थी। हालाँकि अस्थायी तौर पर पल्लवों की शक्ति टूट गयी थी, लेकिन चालुक्य राजा को सुरक्षित वापस लौटने के लिए अपने पीछे एक बड़ी फौज छोड़े बगैर कावेरी पार करने की हिम्मत नहीं पड़ी। ऐसा लगता है कि पल्लवों ने लौटते वक्त उसका मार्ग रोक दिया था, लेकिन उन्हें फिर तितर-बितर कर दिया गया। इस प्रकार **दिग्विजय** करने के बाद पुलकेशिन द्वितीय अपनी राजधानी वातापि लौट गया। कभी-कभी ऐसा भी सोचा जाता है कि ऊपर जिन विजयों का जिक्र हुआ है, उन सब को पूरा करने के बाद ही चालुक्य राजा ने वातापि पर कब्जा किया था और चूँकि वह अपने शासन-काल के तीसरे वर्ष में, जब सन् ६१३ ई० में हैदराबाद अनुदान-पत्र जारी किया गया था, इस नगर में ठहरा हुआ था, इसलिए ये सारी सफलताएँ इस तारीख से पहले की ही मान ली जाती हैं। लेकिन यह सुझाव एकदम असंगत है। उसके कोप्परम वाले अनुदान-पत्र से सूचित होता है कि पुलकेशिन सन् ६३१ ई० में भी पूर्वी समुद्र तट के क्षेत्र में मौजूद था।[1] चालुक्य राजा ने अरब सागर और बंगाल की खाड़ी के बीच फैले हुए विशाल क्षेत्रों पर विजय प्राप्त की थी, यह संकेत सन् ६३० ई० के लोहनेर अनुदान-पत्र में दी गयी उस उपाधि से मिलता है, जिसमें उसे "पूर्व और पश्चिम के सागरों का अधिपति" कहा गया है।

चीनी यात्री ह्वेन-त्सांग ने सन् ६४१ ई० के लगभग पुलकेशिन द्वारा शासित महाराष्ट्र की यात्रा की थी। उसने जो विवरण दिया है, उसके अनुसार यह राजा एक क्षत्रिय था और उसकी प्रजा उसके आदेशों को सर आँखों पर लेती थी। उसकी योजनाएँ और उसके कार्य विविध प्रकार के थे और उसके कल्याणकारी कार्यों का प्रभाव दूर-दूर तक महसूस किया जाता था। इस देश का वृत्त लगभग ५००० ली (करीब ८३६ मील) था और राजधानी[2] का वृत्त लगभग ३० ली (करीब ५ मील) था और

नहीं। उनके अनुसार पुलकेशिन का विरोधी पल्लव महेन्द्र वर्मन् नहीं, बल्कि उसका बेटा नरसिंह-वर्मन् था। (इ. हि. क्वा. XXVIII, ६०)।

१. ई. इ., XVIII, २५७ प. पृ.।

२. इस नगर को उसने भरुकच्छ (भड़ोंच) से १,००० ली. (करीब १६७ मील) बताया है, जबकि वास्तव में भड़ोंच और बादामि के बीच का फासला करीब ४३५ मील है। इसलिए यह मत प्रकट किया गया है कि चीनी यात्री ने शायद गोदावरी के किनारे स्थित नासिक का हवाला दिया है (जो भड़ोंच से करीब १२८ मील के फासले पर है)। वह शायद उन दिनों चालुक्य राजा का अस्थायी निवास था, जबकि वह हर्षवर्धन के विरुद्ध फौजी कार्रवाइयों का संचालन कर रहा था। लेकिन यह सुझाव पूरी तरह सन्तोषप्रद नहीं है, क्योंकि हर्ष के विरुद्ध उसकी सैनिक कार्रवाइयों का उल्लेख सन् ६३४-३५ ई० के एक विवरण में किया गया है, जबकि ह्वेन-त्सांग इसके छः वर्ष बाद "महाराष्ट्र" गया था। कहीं ऐसा तो नहीं है कि चीनी यात्री ने प्रारम्भिक राष्ट्रकूटों के साम्राज्य

इसके पश्चिमी किनारे पर एक बड़ी नदी थी। जमीन नियमित रूप से जोती-बोयी जाती थी और बहुत उपजाऊ थी। वहाँ की जलवायु बहुत गरम थी और लोग, जिनके कद लम्बे थे और जो कठोर और प्रतिशोधी स्वभाव के थे, ईमानदार और सीधे-सादे थे। उन्हें विद्या का शौक था, भला करने वालों के प्रति वे कृतज्ञ थे और अपने दुश्मनों का पीछा नहीं छोड़ते थे। अगर किसी मुसीबतज़दा की मदद करने के लिए उनसे कहा जाता, तो वे मदद करने की जल्दी में अपने आपको भी भूल जाते थे। अगर कोई उनका अपमान करता, तो वे उसका बदला लेने के लिए अपनी जान भी खतरे में डालने को तैयार हो जाते थे। लेकिन बदला लेते वक्त, पहले वे अपने दुश्मन को चेतावनी देते और फिर जब दोनों हथियारों से लैस होते, वे एक-दूसरे पर भाले से वार करते। अगर दुश्मन भाग खड़ा होता तो वे उसका पीछा करते, लेकिन अगर वह आत्मसमर्पण करता तो उसकी हत्या नहीं करते थे। ह्वेन-त्सांग के शब्दों में, "अगर कोई सेनापति युद्ध में हार कर लौटता है, वे उसे दंड नहीं देते, बल्कि उसे पहनने के लिए औरतों के कपड़े भेंट करते हैं, जिससे वह युद्ध में अपनी जान पर खेलने के लिए मजबूर हो जाता है। देश सैंकड़ों सूरमाओं के एक दल का पूरा खर्च उठाता है। हर बार जब इन सूरमाओं को युद्ध के लिए रणक्षेत्र में उतरना होता है, वे शराब पीकर मत्त हो जाते हैं और तब एक-एक सूरमा दस-दस हजार सैनिकों के मुकाबले में डटकर उनको युद्ध के लिए ललकारता है। अगर इनमें से कोई सूरमा किसी व्यक्ति की हत्या कर देता है, तो देश का कानून उसको सजा नहीं देता। हर बार जब वे युद्ध पर जाते हैं, उनके आगे-आगे नगाड़े बजते चलते हैं। इसके अलावा, वे युद्धभूमि में ले जाने से पहले सैंकड़ों हाथियों को भी शराब पिलाकर मतवाला बना देते हैं और खुद भी पहले शराब पीकर एक गिरोह के रूप में दुश्मन पर झपटते हैं और हर चीज को रौंदते हुए आगे बढ़ते हैं, ताकि कोई दुश्मन उनके आगे टिक नहीं पाये। चूँकि राजा के पास ये सूरमा और हाथी हैं, इसलिए वह अपने पड़ोसी राजाओं के साथ उपेक्षापूर्ण व्यवहार करता है।"

इसमें सन्देह नहीं कि पुलकेशिन द्वितीय बादामि-परिवार के चालुक्यों का ही सबसे महान् राजा नहीं था, बल्कि प्राचीन भारत के भी महानतम राजाओं में से था। उसका नाम और यश भारत की सीमाओं से बाहर भी दूर-दूर तक फैल गया था, और फारस के प्रसिद्ध इतिहासकार टबरी के अनुसार, फारस के शाह खुसरू द्वितीय (खुसरू परवेज) ने अपने शासन-काल के ३६वें वर्ष (अर्थात् सन् ६२५-२६) में चालुक्य सम्राट के एक राजदूत का स्वागत किया था।[1] टबरी ने भारतीय राजा का नाम **प्रमेश**, अर्थात् **परमेश** या **परमेश्वर** लिखा है (पुलकेशिन नहीं लिखा, जैसा कि आमतौर पर अनुमान किया जाता है) जो पुरालेखीय प्रमाणों के अनुसार पुलकेशिन द्वितीय का उपनाम या दूसरा

की राजधानी ऐल्लोर का हवाला दिया है, जिसे बादामि के चालुक्यों ने अपनी उप-राजधानी बना लिया हो ? यह भी ध्यान रहे कि ऐल्लोर के पश्चिम में एक नदी है, जबकि नासिक में कोई नदी नहीं है।

१. विस्तृत सूचना के लिए देखिए परिच्छेद २३, अनुच्छेद ७।

नाम (देखिए, **परमेश्वर-आपर-नामधेय**) था। यह सुझाव कि परमेश (परमेश्वर) को, जिसका यहाँ पर एक नाम के रूप में प्रयोग किया गया है, सम्राटों की एक साधारण उपाधि के रूप में स्वीकार किया जाय और भारत के राजा से तात्पर्य कोई भी समकालीन भारतीय सम्राट हो सकता है, जैसे हर्ष (जिसका **नाम** परमेश्वर नहीं था), विश्वसनीय नहीं है। यही बात कुछ लेखकों के इस मत के बारे में कही जा सकती है कि अजन्ता की गुफाओं के एक भित्ति-चित्र में फारस के राजदूत को पुलकेशिन् द्वितीय के हाथ में खुसरू का उत्तर भेंट करते हुए दिखाया गया है।

पल्लव राजा महेन्द्रवर्मन् प्रथम के राज्य पर पुलकेशिन का आक्रमण दरअसल तुंगभद्रा के दोनों तटों पर स्थित इन शक्तिशाली राज्यों के परस्पर-संघर्ष का केवल एक पहलू था। भारत पर अँगरेजों के अधिकार से पहले हर युग में यह संघर्ष चलता रहा था। चालुक्यों से पहले यह संघर्ष कब और किस रूप में चला था, इसकी जानकारी उपलब्ध नहीं है। लेकिन पुलकेशिन द्वितीय और महेन्द्र वर्मन् प्रथम का यह संघर्ष बीच-बीच में अन्तराल देकर, लगातार कई शताब्दियों तक चलता रहा, इन दोनों राजवंशों के हाथ से राजसत्ता छिन जाने के बाद भी।

पल्लवों के विरुद्ध पुलकेशिन् की सफलता क्षणस्थायी ही साबित हुई। सन् ६४२ ई० के लगभग वह युद्ध में हार गया और सम्भवतः (महेन्द्र-वर्मन् प्रथम के बेटे) पल्लव राजा नरसिंह-वर्मन् प्रथम के हाथों मारा गया, जिसने पुलकेशिन् के आक्रमण का बदला लेने के लिए बादामि पर चढ़ाई की थी और उस पर कब्जा कर लिया था। पल्लवों के अनेक अनुदान-पत्रों के साक्ष्य के अनुसार, नरसिंह-वर्मन् प्रथम ने राजा वल्लभ, अर्थात् पुलकेशिन द्वितीय को बार-बार हराया था, (या, एक अभिलेख के अनुसार, उसने पुलकेशिन की पीठ पर "विजय" का शब्द लिख दिया था, जैसे मानों वह लिखने की पट्टी हो, और उल्टे पाँव भागते हुए पुलकेशिन की पीठ पर लिखा यह शब्द दूर से दिखायी देता था।) नरसिंह-वर्मन् प्रथम ने पुलकेशिन को परियल, मणिमंगल, शूरमार तथा और कई स्थानों पर शिकस्त दी थी और बादामि के नगर को नष्ट करके धूल में मिला दिया था। लंका के **महावंश** नामक इतिवृत्त के अनुसार राजकुमार मानववर्मन् ने पल्लव राजा के दरबार में शरण ली थी, जिसकी मदद उसने अपने दुश्मन, राजा वल्लभ, को कुचलने में की थी। पल्लव राजा के इस दावे में, कि उसने वातापि को नष्ट करके खंडहर बना दिया था, डींग या अतिशयोक्ति का अंश नहीं है; यह बात उसकी वातापिकोण्ड उपाधि से भी सिद्ध होती है और खुद बादामि में मिले एक उत्कीर्ण लेखांश से भी, जिसमें यह कहा गया जान पड़ता है कि इस नगर को सिंहविष्णु या नरसिंह विष्णु (अर्थात् नरसिंह-वर्मन् प्रथम) ने जीता था, जिसका उपनाम महामल्ल था।

५. विक्रमादित्य प्रथम

बादामि के चालुक्य परिवार के परवर्ती राजाओं के विवरणों से ज्ञात होता है कि पुलकेशिन द्वितीय के बाद उसका एक छोटा बेटा, विक्रमादित्य प्रथम (सन् ६५५-६८१ई०)

उसका उत्तराधिकारी बना, जिसने दावा किया कि वह अपने बाप का "प्यारा" बेटा था; लेकिन वह अपने बाप की मृत्यु के कई साल बाद गद्दी पर बैठा था। ऐसा प्रतीत होता है कि पुलकेशिन द्वितीय की मृत्यु के बाद, बादामि और उसके साम्राज्य के कुछ दक्षिणी जिले कई साल तक पल्लवों के कब्जे में रहे थे। इस बीच पुलकेशिन के कई बेटे दुश्मन को वहाँ से निकालने की बेकार कोशिशें करते रहे थे और कुछ प्रान्तों के वाइसराय बिना किसी अधिराज का हवाला दिए (लेकिन बाजाब्ता आजादी घोषित किये बगैर ही) शासन करते रहे थे; शायद इसलिए कि तब पुलकेशिन द्वितीय के अनेक पुत्र एक दूसरे के विरुद्ध गद्दी के दावेदार थे। कैर और बगुम्र के अनुदान-पत्रों से, जिनका ऊपर हवाला दिया गया है,[1] यही जाहिर होता है कि पुलकेशिन द्वितीय की मृत्यु से उत्पन्न होने वाली यह गड़बड़ी सन् ६४३ ई० में या उससे पहले ही शुरू हो गयी थी और कुछ सुदूर प्रान्तों में तो चालुक्यों की प्रभुसत्ता सन् ६५५ ई० तक भी दोबारा पूरी तरह से कायम नहीं हो सकी थी। चूँकि विक्रमादित्य प्रथम और उसके उत्तराधिकारियों की, सरकारी तौर पर जारी की गयी, वंशावलियों में पुलकेशिन द्वितीय और विक्रमादित्य प्रथम के बीच और किसी राजा का नाम नहीं दिया गया है, इसलिए आमतौर पर यही माना जाता है कि सन् ६४२ से लेकर ६५५ ई० तक चालुक्यों की गद्दी खाली रही थी। लेकिन प्रत्यक्षतः, जबकि पल्लवों ने चालुक्यों के समूचे राज्य पर कब्जा नहीं किया था, यह बात स्पष्ट नहीं होती कि पुलकेशिन द्वितीय के बड़े बेटे ने राज्य के किसी अविजित प्रदेश से, या किसी वफादार वाइसराय या मित्र राजा के दरबार से अपने आपको राजा क्यों नहीं घोषित किया था, विशेष रूप से तब जब कि कुछ वाइसरायों ने अपनी स्वतन्त्रता नहीं घोषित की थी। इसलिए, यही सम्भव है कि इस बीच गद्दी के अनेक दावेदार थे, यद्यपि उनमें से कोई भी पल्लवों को बादामि से निकाल बाहर करने में सफल नहीं हुआ था, और न सारे वाइसरायों से अपना अधिकार मनवा सका था। आखिरकार विक्रमादित्य प्रथम, जो शायद आरम्भ में अपने किसी बड़े भाई के पक्ष में लड़ रहा था,[2] और जिसे सम्भवतः अपने नाना गंग राजा दुर्विनीत की मदद भी हासिल थी, बादामि को दुश्मनों से आजाद करने में और अपने लिए राजगद्दी प्राप्त करने में सफल हो गया। गंगों के एक अभिलेख में कहा गया है कि दुर्विनीत ने जयसिंह वल्लभ के (बादामि के चालुक्य-परिवार का संस्थापक) देश में काडुवेत्ति (तात्पर्य है, पल्लव अर्थात् काँची का पल्लव राजा) को पकड़कर और अपनी बेटी के पुत्र, सम्भवतः विक्रमादित्य प्रथम को गद्दी पर बैठाकर यश प्राप्त किया था।[3] ऐसा प्रतीत होता है

---

१. देखिए पृ. २६७।

२. ऐसा प्रतीत नहीं होता कि विक्रमादित्य (प्रथम) शुरू से ही गद्दी का दावेदार था, क्योंकि यदि ऐसा होता तो वह शायद अपने शासन-काल के आरम्भ की तारीख सन् ६४२ ई० लिखवाता न कि सन् ६५५ ई०।

३. कुछ विद्वानों का कहना है कि दुर्विनीति इस समय से बहुत पहले हुआ था। (देखिए परिच्छेद १३, पृ. ३०५) दुर्विनीति की तारीख के लिए देखिए 'सक्सेसर्स ऑफ सातवाहंस', पृ. २९९-३०२। गदवल के अनुदान-पत्र में विक्रमादित्य की रानी गंगमहादेवी का जिक्र हुआ है। वह दुर्विनीत की पोती हो सकती है।

कि पुलकेशिन द्वितीय के बेटों को अपने रिश्तेदार, पूर्वी चालुक्यों से, जिन्होंने कुब्ज विष्णुवर्धन् के शासन काल के अन्तिम सालों में ही बादामि से अपने सम्बन्ध तोड़ लिये थे, कोई सहायता नहीं मिली थी। पुलकेशिन द्वितीय की मृत्यु के बाद गद्दी के विभिन्न दावेदारों में उसका एक "प्यारा" बेटा आदित्य-वर्मन् भी था, जिसके शासन काल के पहले साथ के कर्नुल अनुदान-पत्र में उसे **महाराजाधिराज-परमेश्वर** और **पृथिवी-वल्लभ** कहा गया है और उसे अपनी भुजाओं के बल से जीते हुए समस्त संसार का परम-शासक बताया गया है। विक्रमादित्य प्रथम द्वारा जारी की गई वंशावली और दूसरे विवरणों से आदित्य-वर्मन् तथा गद्दी के अन्य दावेदारों के नाम खारिज किये जाने का एक कारण यह भी हो सकता है कि वे एक ही समय में बादामि से दूर प्रान्तों में शासन कर रहे हों और गद्दी के लिए उनके दावों की विक्रमादित्य ने या तो एक उपेक्षा कर दी हो या उनको चुनौती दी हो। लेकिन परवर्ती चालुक्यों के कौथेम अनुदान-पत्र के अनुसार पुलकेशिन द्वितीय के बाद क्रमशः उसका बेटा नेडमरि, फिर उसका पोता आदित्य-वर्मन् और तत्पश्चात् उसका परपोता विक्रमादित्य प्रथम गद्दी पर बैठे थे और इस श्रुति परम्परा में गलती होने के बावजूद शायद विक्रमादित्य प्रथम के उन दोनों भाइयों की स्मृति झलकती है, जिन्होंने राजा होने का दावा किया था।

विक्रमादित्य प्रथम के एक और बड़े भाई चन्द्रादित्य का पता उसकी पत्नी विजय भट्टारिका के दो अनुदान-पत्रों[1] से चलता है। इन दोनों अनुदान-पत्रों में विक्रमादित्य को पुलकेशिन का प्यारा बेटा और विरोधी राजाओं का विजेता तथा अपने पूर्वजों की सत्ता का पुनरुत्थापक कहा गया है। इसके अलावा, चूँकि उसका नाम चन्द्रादित्य के नाम से पहले रखा गया है, इसलिए इसमें कोई सन्देह नहीं कि चन्द्रादित्य का दरजा सामन्त-राजा का था, यद्यपि दोनों भाइयों के परस्पर सम्बन्ध अच्छे थे। यह निश्चित करना कठिन है कि विजय भट्टारिका ने जब ये अनुदान-पत्र जारी किये थे, उस समय चन्द्रादित्य जिन्दा था या नहीं।

तलमंचि और नेरुर अनुदान-पत्रों के अनुसार विक्रमादित्य प्रथम सितम्बर सन् ६५४ के बाद और जुलाई ६५५ के पहले गद्दी पर बैठा था। अपने भाई आदित्य वर्मन् की तरह उसने भी दावा किया है कि वह पुलकेशिन द्वितीय का "प्यारा" बेटा था। विक्रमादित्य के नाम के आगे निम्न **विरुद** लगाये जाते थे : सत्याश्रय, रणरसिक, अनिवारित राजमल्ल। और उसकी उपाधियों में **श्री पृथिवी-वल्लभ** (**श्री-वल्लभ** या **वल्लभ**) तो थीं ही, **महाराजाधिराज, परमेश्वर** और कभी कभी **भट्टारक** जैसी साम्राज्यिक उपाधियाँ भी थीं। उसके कुछ वाइसरायों के विवरणों में उसको **परम-माहेश्वर** (शिव का परम उपासक) और नागवर्धन् के जो शायद राजा का धर्मगुरु था, चरणों में बैठकर चिन्तन-मनन करने वाला बताया गया है। लेकिन तलमंचि के

---

१. ब. ग. पृ० ३६६, एक अनुदान पत्र में प्रयुक्त "स्वराज्य" शब्द का अर्थ "अपनी (अर्थात् चालुक्यों की) प्रभुसत्ता" लगाना चाहिए। विजय भट्टारिका वस्तुतः प्रसिद्ध कवयित्री विज्जा हो सकती है, जिसका उल्लेख साहित्यिक परम्पराओं में किया जाता है।

अनुदान-पत्र में श्री मेघाचार्य को राजा का **स्वकीय गुरु** बताया गया है और इसे अन्य अभिलेखों में दिये गये नाम से अधिक प्रामाणिक मानना चाहिए। विक्रमादित्य प्रथम के बारे में, जिसने पल्लवों से साम्राज्य का दक्षिणी भाग वापस जीत लिया था, कहा गया है कि उसने अपनी तलवार और अपने घोड़े चित्रकंठ की मदद से अनेक युद्धों में अपने दुश्मनों पर विजय प्राप्त की थी। आगे कहा गया है कि तीन बार दुश्मनों द्वारा बाधा डालने के बावजूद उसने अपने पिता का राज्य अपने लिए हासिल कर लिया था, और इस प्रकार सारे साम्राज्य पर उसका प्रभुत्व हो गया था। कहा गया है कि उसने सिर्फ जबानी आदेश देकर ही उन देवताओं और ब्राह्मणों के अनुदान-पत्र वापस करवा दिये थे, जिन्हें तीन विरोधी राजाओं ने जब्त कर लिया था। इस प्रकार इस चालुक्य राजा ने अपने अनेक दुश्मनों को, जिनमें उसके कुछ भाई भी हो सकते हैं, हराकर ही अपने पूर्वजों की प्रभुसत्ता और सम्पदा पर अधिकार किया था। हैदराबाद के अनुदान-पत्र से ज्ञात होता है कि विक्रमादित्य प्रथम ने तीन पल्लव-राजाओं, नरसिंह-वर्मन् प्रथम, उसके बेटे महेन्द्र-वर्मन् द्वितीय और उसके पोते परमेश्वर वर्मन् प्रथम से युद्ध किया था। इसमें कहा गया है कि विक्रमादित्य ने नरसिंह की ख्याति धूल में मिलाकर, महेन्द्र की शक्ति नष्ट करके ईश्वर (अर्थात् परमेश्वर-वर्मन् प्रथम) को कूटनीति में मात देकर पल्लवों को पूरी तरह कुचल दिया था। यह भी कहा गया है कि उसने ईश्वरपोतराज (अर्थात् नरसिंह वर्मन् प्रथम) को जीतकर काँची पर काबू किया। गदवल के अनुदान-पत्र में कहा गया है कि उसने महामल्ल (अर्थात् नरसिंह-वर्मन् प्रथम) के परिवार और पल्लव-वंश का नाश कर दिया था। इन वर्णनों से स्पष्ट है कि अपने पिता के हाथ से छिन गये जिलों को वापस करने के लिए विक्रमादित्य प्रथम को कम से कम तीन पल्लव राजाओं से युद्ध करना पड़ा था। यह संघर्ष उसके गद्दी पर बैठने से कई साल पहले से लेकर उसके शासन-काल के आरम्भ के कई साल बाद, एक लम्बे अरसे तक, चलता रहा। बाद के दस्तावेजों में कहा गया है कि उसने पल्लव राजा को हराकर काँची का आत्मसमर्पण स्वीकार किया था, चोल, पांड्य और केरल राजाओं को परास्त किया था, और काँची के उन राजाओं को अपने आगे मस्तक झुकाकर प्रणाम करने के लिए विवश कर दिया था, जो उसके परिवार की अवमानना के जिम्मेदार थे। इस प्रकार विक्रमादित्य प्रथम तीन समुद्रों से घिरे सारे संसार का अधिपति बन गया था; तात्पर्य दक्षिण-भारत से है, जिसे बंगाल की खाड़ी, अरब सागर और हिन्द महासागर घेरते हैं, और जिसे कभी कभी दूसरे दर्जे का चक्रवर्ती-क्षेत्र माना जाता था। कुछ अभिलेखों में विक्रमादित्य प्रथम द्वारा जीते हुए लोगों की सूची में कलभ्रों का भी नाम जोड़ा गया है। पुरालेखीय सुरक्षित विवरणों से ज्ञात होता है कि इस चालुक्य राजा को अपने बेटे विनयादित्य और पोते विजयादित्य से अत्यधिक सहायता मिली थी। विनयादित्य का दावा है कि उसने अपने पिता के आदेश पर **त्रै राज्य-पल्लव पति** या **त्रै राज्य काँची पति** की शक्ति या सेनाओं को आगे बढ़ने से रोक दिया था और सारे प्रान्त में शान्ति स्थापित करके अपने पिता को प्रसन्न कर दिया था; जबकि विजयादित्य के बारे में कहा गया है कि जब उसका पितामह दक्षिण में दुश्मनों से युद्ध कर रहा था, उसने अन्य

सारे दुश्मनों के जमघटे को समूल नष्ट कर दिया था। विनयादित्य की जीत को काँची के पल्लव राजा और उसके पड़ोसियों, चोल, पाँड्य और केरल के तीनों राजाओं के विरुद्ध सफलता के रूप में पेश किया गया है।[1]

पल्लवों के विवरणों के अनुसार, राजा परमेश्वर वर्मन्-प्रथम ने वल्लभ (अर्थात् विक्रमादित्य-प्रथम) की सेना को पेरुवलनल्लुर के युद्ध में हराकर, बिना किसी की मदद के, चालुक्य राजा को, जिसके पास कई लाख सैनिकों की फौज थी, 'सिर्फ एक फटा-चिथड़ा लपेट कर' मैदान से भागने के लिए मजबूर कर दिया था। इसके अलावा, कहा गया है कि पल्लव राजा ने रणरसिक (विक्रमादित्य-प्रथम) के नगर को, अर्थात् चालुक्यों की राजधानी वादामि को,[2] बर्बाद कर दिया था। होन्नुर अनुदान-पत्र के अनुसार[3] सन् ६७१ ई० में विक्रमादित्य काँची के पश्चिम में, मल्लियूर-ग्राम में अपनी फौज का पड़ाव डालकर ठहरा था। विक्रमादित्य के **गदवल** वाले अनुदान-पत्र से ज्ञात होता है कि वह अपने पिता के विजय-अभियान का अनुकरण करके आगे बढ़ता हुआ, कावेरी के दक्षिणी तट पर स्थित चोल राजधानी उरगपुर (तिरुचिरापल्ली के निकट आधुनिक उढैयूर) तक चला गया था, जहाँ २५ अप्रैल सन् ६७४ ई० को उसने पड़ाव डाला था। इससे जान पड़ता है कि पल्लवों की शक्ति एक बार फिर अस्थायी तौर पर अवसन्न हो गयी थी। लेकिन कुछ लेखकों के अनुसार पल्लव राजा ने कुछ दक्षिणी नरेशों के साथ मिलकर, जिनमें पांड्य राजा कोच्चडैयन भी शामिल था, आखिरकार चालुक्यों को दक्षिणी भारत से निकाल बाहर करने में सफलता प्राप्त कर ली थी। लेकिन इस जमाने में पांड्य राजा पल्लवों के दुश्मन थे। इसलिए तिरुचिरापल्ली के निकट पेरुवलनल्लुर के युद्ध में चालुक्यों को हराने का पूरा श्रेय अकेले पल्लव राजा के युद्धकौशल को ही देना चाहिए।

विक्रमादित्य-प्रथम के शासन-काल में उसके छोटे भाई धाराश्रय जयसिंह वर्मन् को गुजरात क्षेत्र का वाइसराय नियुक्त किया गया था, जिसकी प्रान्तीय राजधानी शायद नवसारिक (नवसारि) में थी। नासिक के एक अनुदान-पत्र[4] के अनुसार, जिसकी

---

१. उन विद्वानों से सहमत होना कठिन है जो कहते हैं कि विनयादित्य ने काँची के उस पल्लव राजा को हराया था, जिसके शासन के अन्तर्गत तीन राज्य थे, या जिसके राज्य के तीन क्षेत्रीय भाग थे।

२. कुछ विद्वानों के अनुसार पेरियपुराणम (शिडत्तोण्डर, छन्द ६) से निर्देशित होता है कि चालुक्य राजा ने जब पल्लव देश पर चढ़ाई की थी, उस समय परमेश्वर वर्मन् ने अपने सेनापति शिडुत्तोण्ड को वातापि पर कब्जा करने के लिए भेज दिया। शायद चालुक्य राजा का पोता विजयादित्य शिडुत्तोण्ड के सेनापतित्व में आयी पल्लव सेना को तितर-बितर करके भागने में सफल रहा था। दुर्विनीत के उत्तराधिकारी गंग राजा भूविक्रम का यह दावा कि उसने पल्लव राजा (सम्भवतः परमेश्वर-वर्मन्) को मैसूर के तुम्कुर क्षेत्र में विलिन्द के युद्ध में हराया था, शायद इस चालुक्य-पल्लव संघर्ष की अवधि की ओर ही संकेत करता है। (इ. हि. क्वा. XXVIII, ६३-६४।

३. आरक्योलॉ. सर्वे मैसूर, १९३९, पृ. १३४।

४. इ. हि. क्वा. XX, ३५३ प. पृ.।

तारीख सन् ६६६ या ६८५ ई० है, जयसिंह वर्मन् ने मही और नर्मदा नदियों के बीच राजा वज्जड की समस्त सेना को नष्ट कर दिया था। वज्जड से स्पष्ट है कि यह अर्ध-संस्कृत नाम वजरट (जो शायद शुद्ध रूप में **वज्रभट** होगा) का प्राकृत अपभ्रंश है। राष्ट्रकूट अभिलेखों के अनुसार इस नाम (वजरट) के एक राजा को बादामि के चालुक्य सम्राटों की सेना ने हराया था। इस राजा की शिनाख्त अस्थायी रूप से वलभी के मैत्रक-वंश के राजा शीलादित्य तृतीय (सन् ६६२-८४ ई०) से की गयी है।[1] **युवराज** श्रयाश्रय शीलादित्य (सन् ६७०-९२ ई०) और उसके पिता धाराश्रय जयसिंह वर्मन् ने शायद विक्रमादित्य प्रथम की, पल्लव राजा महेन्द्र-वर्मन् द्वितीय के विरुद्ध युद्ध में सहायता की थी। गद्देमने अभिलेख में महेन्द्र नाम के एक राजा पर शीलादित्य की विजय का उल्लेख है और एक जेनरल पेत्तणि सत्यांक का हवाला मिलता है, जो बेड राजा के साथ युद्ध करते हुए मारा गया था।[2]

६. विनयादित्य और विजयादित्य

विक्रमादित्य प्रथम के बाद उसका "प्रिय" पुत्र विनयादित्य (सन् ६८१-९६ ई०) गद्दी पर बैठा। उसने शायद अपने पिता की मृत्यु से कुछ साल पहले ही सन् ६८१ ई० में शासन की बागडोर सँभाल ली थी। विनयादित्य के नाम के आगे श्री-पृथिवी-वल्लभ, सत्याश्रय और सम्भवतः राजाश्रय और युद्धमल्ल आदि **विरुद** लगते थे और उसने अपने पिता की साम्राज्यिक उपाधियाँ भी अपना ली थीं। अपने पिता के शासन-काल में कांची और उसके पड़ोस के तीन राज्यों के राजाओं से उसके युद्ध का हवाला पहले ही दिया जा चुका है। खुद उसके और उसके उत्तराधिकारियों के अनेक दस्तावेजों में उसको और भी बहुत सी विजयों का श्रेय दिया गया है। उसने पल्लवों, कलभ्रों, केरलों, हैहयों (कलचुरियों) बिलों, मालवों (मलनाडु के मलवरैनों), चोलों, पाँड्यों तथा अन्य लोगों को हराकर दासता की उसी निम्न श्रेणी में रख देने का दावा किया है, जिस हैसियत में आलुवों (आलुपों), गंगों तथा दूसरों को रखा गया था, जो उसके परिवार के वंशानुगत नौकर-चाकर थे। और बाद के अभिलेखों में उसको इस बात का भी श्रेय दिया गया है कि उसने कामेर या कावेर (सम्भवतः कावेरी घाटी में), पारसीक (फारस) और सिंहल (श्रीलंका) आदि **द्वीपों** के राजाओं पर खिराज बाँध दी थी। हालाँकि यह दावा अतिशयोक्तिपूर्ण लगता है, लेकिन इस जमाने में सिंहल (श्रीलंका) और फारस में जो गड़बड़ फैली हुई थी, उसको देखते हुए यह असम्भव नहीं है कि श्रीलंका के किसी राजकुमार और फारस के किसी सरदार ने चालुक्य दरबार में आकर शरण

---

१. ऊपर देखिए, पृ. १६६।

२. ऊपर देखिए, पृ. १२०. पा. टि.।

ली हो।[1] यह कहा गया है कि अपने पितामह की तरह विनयादित्य ने भी सकल उत्तरापथ के अधिपति को, जिसका नाम नहीं बताया गया, हराकर **पालिध्वज** और अन्य प्रभुसत्तात्मक चिह्न प्राप्त कर लिये थे। चालुक्य राजा के इस उत्तर-भारतीय शत्रुनृप की शिनाख्त करना कठिन है। इस दुश्मन का नाम न देने से यह भी सूचित हो सकता है कि इस पुरालेखीय वर्णनांश का वास्तविक अर्थ शायद यह हो कि चालुक्य राजा ने उत्तरभारत के कई छोटे-छोटे राजाओं पर विजय प्राप्त की थी।[2]

लगता है कि विनयादित्य के शासन-काल का अन्त दुर्भाग्यपूर्ण था। कहा जाता है कि चालुक्य राजा ने जब उत्तरापथ को जीतने का मन्सूबा बनाया, तो उसके बेटे युवराज विजयादित्य ने अपने बाप के सामने (या उसकी उपस्थिति में) विरोधी राजाओं को हराकर उनसे गंगा और जमुना के प्रतीक, **पालिध्वज**, दोनों नगाड़े, **महाशब्द** के बिल्ले, हीरे-जवाहरात, हाथी तथा अन्य वस्तुएँ ले लीं और अपने पिता को भेंट कर दीं। इस सम्बन्ध में यह भी कहा जाता है कि युवराज विजयादित्य को पीछे हटते हुए दुश्मनों ने गिरफ्तार कर लिया था। किसी प्रकार कैद से भागकर युवराज ने अपने देश में फैली अराजकता का सफलतापूर्वक दमन किया। इस विवरण से यह संकेत मिलता है कि दुश्मनों के यहाँ पुत्र की गिरफ्तारी के दिनों में राजा विनयादित्य की शायद मृत्यु हो गयी थी।

लाट क्षेत्र में वहाँ के वाइसराय धाराश्रय जयसिंह-वर्मन् की उसका बेटा युवराज श्र्याश्रय शीलादित्य एक अर्से तक प्रशासन में मदद करता रहा था। विनयादित्य का एक और वाइसराय सेन्द्रक परिवार का महाराज पोगिल्लि था, जो कन्नड़-क्षेत्र का शासक था, जिस पर पहले कदम्बों का राज था।

विनयादित्य का "प्यारा" बेटा विजयादित्य (सन् ६९६-७३३), अपने बाप के बाद गद्दी पर बैठा। उसके विरुद थे : **सत्याश्रय, समस्त भुवनाश्रय** और **श्री-पृथिवी-वल्लभ**, साथ ही जो साम्राज्यिक उपाधियाँ उसके बाप और उसके परबाबा के नाम के आगे लगायी जाती थीं वे सब भी उसके नाम के आगे लगायी जाती थीं। कभी-कभी उसे **भट्टारक** (कन्नड़ में भटारा) की जगह **परम भट्टारक** भी कहा जाता था। अब तक यह माना जाता था कि विजयादित्य का शासन-काल शान्तिपूर्ण रहा। लेकिन ऐसा

---

१. श्रीलंका में मानववर्मन, जो पल्लव राजा की शरण आया था, पुलकेशिन् द्वितीय के खिलाफ लड़ा था। पल्लवों की मदद से उसने राजा हस्तदंष्ट्र द्वितीय को मारकर गद्दी प्राप्त की थी। मानववर्मन् ने सन् ६६८ ई० से ७०३ तक राज किया। अतः यह असम्भव नहीं कि उसके ही किसी प्रतिद्वन्द्वी ने चालुक्य राजा से मदद माँगी हो। उमर की खिलाफत के जमाने में (सन् ६३४-४४ ई०) अरबों ने फारस जीत लिया था लेकिन फारस साम्राज्य के नीम आजाद क्षत्रपों का पूरा खात्मा करने में कुछ वक्त लगा था। खुरासान के पारसी उत्प्रवासियों की पहली बस्ती संजान (थाना जिला) में सन् ७३५ ई० में स्थापित बतायी जाती है। (अ. हि. इ.४, पृ. ४४४)।

२. ऊपर देखिए, पृ. १४८ जहाँ पर यह अनुमान पेश किया गया है कि विनयादित्य का दुश्मन यशोवर्मन् था।

प्रतीत होता है कि उसका पल्लवों से युद्ध हुआ था। शायद उसने ही आक्रामक नीति अपनायी थी; कारण, उल्चल में जो प्रस्तर-लेख[1] मिला है, और जिस पर उसके शासन-काल के ३५वें वर्ष की तारीख है (अर्थात् सन् ७३०-३१ ई०), उससे ज्ञात होता है कि युवराज विक्रमादित्य ने काँची जीत लेने के बाद पल्लव राजा परमेश्वर-वर्मन् (द्वितीय) पर खिराज बाँध दी थी। जाहिर है कि यह उन तीन अभियानों में से पहला था, जो कहा जाता है कि, विक्रमादित्य द्वितीय ने कांची के विरुद्ध चलाये थे।[2]

विजयादित्य ने बीजापुर में पट्टडकल के स्थान पर शिव का वह भव्य और शानदार मन्दिर बनवाया था, जिसे विजयेश्वर का नाम दिया था (आजकल उसका नाम संगमेश्वर है)। जैनों के प्रति वह बहुत सहिष्णु था और उसने जैन शिक्षकों को अनेक गाँव दान किये थे।[3] शायद उसकी एक छोटी बहन भी थी जिसका नाम कुंकुम महादेवी था, जिसने लक्ष्मेश्वर में अनेसेज्जेय–बसदि नाम का जैन-मन्दिर बनवाया था। बीजापुर जिले में महाकूट (प्राचीन मकूट) के मन्दिर पर उत्कीर्ण एक लेख में विजयादित्य की प्रेयसी विनापोटि नाम की एक राज-नर्तकी द्वारा, जिसे उसको "हृदय की रानी" कहा गया है, इस मन्दिर को दी गयी भेंटें दर्ज हैं।

विजयादित्य के शासन-काल में सन् ७३१-३२ ई० के लगभग लाट क्षेत्र का वाइसराय जयाश्रय मंगलराज था, जिसका कुल-नाम विनयादित्य और युद्धमल्ल था, जो युवराज श्र्याश्रय शीलादित्य का छोटा भाई था। ऐसा प्रतीत होता है कि राष्ट्रकूटों का वाइसराय परिवार, जिसकी चर्चा बाद में की जायेगी, चालुक्य साम्राज्य के उत्तरी भाग का शासक था।

७. विक्रमादित्य द्वितीय और कीर्तिवर्मन् द्वितीय

विजयादित्य के बाद उसका "प्यारा" बेटा विक्रमादित्य द्वितीय (सन् ७३३-३४ से ७४४-४५ ई०) उसका उत्तराधिकारी बना। उसके **विरुद** थे : सत्याश्रय और श्री-पृथिवी-वल्लभ इसके साथ ही सभी परम्परागत उपाधियाँ भी उसने धारण की थीं। कहते हैं कि उसका एक छोटा भाई भीम था। परवर्ती चालुक्य अपने आपको इस भीम का वंशज कहते थे। विक्रमादित्य की पटरानी का नाम महादेवी था। वह हैहय (कुलचरि) परिवार की लोक-महादेवी थी, जिसने पट्टडकल में लोकेश्वर नाम का महान् शिव-मन्दिर (जिसे आजकल विरूपाक्ष का मन्दिर कहते हैं) बनाया था। राजा ने मन्दिर का निर्माण करने वाले वास्तु-शिल्पी गुंड को, जिसका उपनाम अनिवारिताचार्य

---

१. देखिए, **एंसिएंट इंडिया** सं. ५, पृ. ५४।

२. इ. ऐ. X. १६४-६५।

३. दो जाली अनुदान-पत्रों (कीलहार्न की सूची में नं. २६-३७) में एक जैन गुरु को राजा के पिता का पुरोहित बताया गया है, जिससे जाहिर होता है कि विनयादित्य जैन धर्म का अनुयायी था।

था, सम्मानित करने के लिए मूमे-पेर्जेरिपु **पट्ट** और त्रिभुवनाचार्य की उपाधि प्रदान की थी। उसकी दूसरी रानी का नाम राज्ञी त्रैलोक्यमहादेवी था (जो लोक-महादेवी की सह-विपितृज छोटी बहन थी), जिसने लोकेश्वर मन्दिर के निकट ही त्रैलोकेश्वर नाम का शिव-मन्दिर बनवाया था।

विक्रमादित्य द्वितीय के जमाने में भी पल्लवों से संघर्ष जारी रहा। कहा जाता है कि उसने अपने "स्वभाव शत्रु" पल्लवों का समूल नाश करने के इरादे से तुंडक देश (अर्थात् पल्लव राज्य) पर अचानक आक्रमण किया था। यह भी कहा जाता है कि उसने परमेश्वर-वर्मन् प्रथम के पोते और परमेश्वर-वर्मन् द्वितीय के वारिस पल्लव राजा नन्दिपोत वर्मन् अर्थात् नन्दिवर्मन् द्वितीय पल्लवमल्ल को युद्धभूमि से भगा देने के बाद उसके **कटुमुख** और **समुद्रघोष** नाम के संगीत-वाद्य और खटवांग (गदा जिसके शीर्ष पर खोपड़ी का चिह्न था) **ध्वज**, हाथियों और लाल माणिकों पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद उसने कांची में प्रवेश किया, लेकिन उसे बर्बाद नहीं किया, बल्कि राजसिंहेश्वर के मन्दिर तथा अन्य मन्दिरों को जो परमेश्वर वर्मन् द्वितीय के पिता नरसिंह वर्मन् द्वितीय के बनवाये हुए थे, ढेर का ढेर सोना दान किया। इसके बाद चालुक्य राजा ने पांड्य, चोल, केरल और कलभ्र तथा अन्य राजाओं को हराकर दक्षिणी सागर के दक्षिण तट पर अपना विजय-स्तम्भ बनवाया। कांची पर विक्रमादित्य द्वितीय की विजय का उल्लेख केवल चालुक्य दस्तावेजों में ही नहीं मिलता, बल्कि कांजीवरम के राजसिंहेश्वर मन्दिर में चालुक्य सम्राट के अभिलेख के एक टुकड़े की मौजूदगी से भी प्रमाणित होता है। कहा जाता है कि लोक-महादेवी से उत्पन्न विक्रमादित्य का पुत्र कीर्तिवर्मन् द्वितीय भी इस "खान्दानी दुश्मन" के विरुद्ध अभियान में शामिल हुआ था। कांची का पल्लव राजा जब खुले मैदान में युद्ध करने में असमर्थ रहा, तो उसने भागकर किले में शरण ली। शत्रु की शक्ति नष्ट करने के बाद, चालुक्य युवराज ने अनेक हाथी, लाल-माणिक और ढेर का ढेर सोना लूट में प्राप्त किया जिसे उसने अपने पिता को भेंट किया।

विक्रमादित्य द्वितीय के नरवन अनुदान-पत्र में, जिसकी तारीख सन् ७४३ ई० है, चालुक्य राजा द्वारा रत्नागिरि जिले में एक गाँव के दान का विवरण है जिसे उसने अपने सहायक, राष्ट्रकूट शिवराज के बेटे, गोविन्दराज की प्रार्थना पर दिया था। यह अनुदान-पत्र उस समय जारी किया गया था, जब वह आदित्य वाटिका (सातारा जिले का ऐतवाड) में पड़ाव कर रहा था। यह सामन्त (गोविन्दराज) शायद सातारा-रत्नागिरि क्षेत्र का गवर्नर था। इस तरह आठवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में बादामि के सम्राटों के कमजोर शासन के कारण दक्षिणापथ के उत्तरी भाग में राष्ट्रकूटों के दो परिवार धीरे धीरे शक्तिशाली होते जान पड़ते हैं।

विक्रमादित्य द्वितीय के शासन-काल में ताजिकों या अरबों के जबर्दस्त हमले को उसके उत्तरी क्षेत्रों के वाइसराय अवनिजनाश्रय पुलकेशिन् ने, जो जयाश्रय मंगलराज

का छोटा भाई और उत्तराधिकारी था, विफल कर दिया।[1] इस सफलता के लिए राजा ने अवनिजनाश्रय पुलकेशिन् को **दक्षिणापथ-स्वाधारण** और **अनिवर्तक-निवर्तयितृ** आदि उपाधियों से विभूषित किया। इसके कुछ साल बाद लाट पर राष्ट्रकूट राजा दन्तिदुर्ग ने कब्जा कर लिया। लगता है कि उसने चालुक्यों के वाइसराय परिवार का खात्मा कर दिया था।

विक्रमादित्य द्वितीय के बाद उसका "प्यारा" बेटा कीर्तिवर्मन् द्वितीय (सन् ७४४-४५ से ७५७ ई०)[2] गद्दी पर बैठा। उसके **विरुद** थे सत्याश्रय और नृपसिंह, तथा वह चालुक्य सम्राटों की **वल्लभ** तथा अन्य सभी उपाधियाँ भी अपनाये हुए था। उसने तुंगभद्रा के तट पर स्थित रामेश्वर **तीर्थ** के लिए अनुदान दिया था।

८. बादामि के चालुक्य-राज्य का अन्त

परवर्ती चालुक्यों के विवरणों के अनुसार बादामि के चालुक्यों का साम्राज्य कीर्तिवर्मन् द्वितीय के शासन-काल में विघटित हो गया और आठवीं शताब्दी के मध्य में उनकी राजसत्ता राष्ट्रकूट राजा दन्तिदुर्ग के हाथों में चली गयी, जो दन्तिवर्मन् द्वितीय के नाम से भी प्रसिद्ध है। दन्तिदुर्ग के एल्लोर अनुदान-पत्र से, जिसकी तारीख सन् ७४२ ई० है, ज्ञात होता है कि उस समय तक यह राष्ट्रकूट शासक अपने **महासामन्ताधिपति** जैसे गौण पद और **समधिगत पंचमहाशब्द** जैसे विरुद से ही सन्तुष्ट था। लेकिन अनुदान-पत्र में अपने चालुक्य अधिराज का कोई हवाला न देने से ज्ञात होता है कि वह उस समय भी स्वाधीन बनने का आकांक्षी था। लेकिन सन् ७५४ ई० के समंगद वाले अनुदान-पत्र से स्पष्ट है कि उस तारीख तक चालुक्य साम्राज्य के उत्तरी प्रान्तों पर राष्ट्रकूटों का पूरा अधिकार हो चुका था। समंगद के तथा अन्य अभिलेखों में दन्तिदुर्ग के नाम के आगे **महाराजाधिराज परमेश्वर** और **परमभट्टारक** जैसी साम्राज्यिक उपाधियाँ ही नहीं लगाई गयीं, बल्कि उनमें कहा गया है कि उसने वल्लभ, अर्थात् चालुक्य सम्राट कीर्तिवर्मन् द्वितीय को हराकर परम प्रभुसत्ता प्राप्त की थी। दन्तिदुर्ग को उस कर्णाटक सेना का (अर्थात् चालुक्यों की सेना का) विजेता भी कहा गया है, जिसने पहले काँची के अधिपति, केरल, चोल, और पांड्य राजाओं, विख्यात हर्षवर्धन और वजरट को हराया था। दन्तिदुर्ग के इस दावे की, कि उसने काँची के पल्लव राजा को जो निश्चय ही नन्दिवर्मन् द्वितीय ही था, पराजित किया था, पुष्टि इस बात से भी होती है कि पल्लव राजा ने राष्ट्रकूट राजा के नाम पर अपने बेटे का नाम भी दन्तिवर्मन् रखा था (जो पल्लवों की वंशावली में एक अपवाद है)। इतने सुदूर दक्षिण में भी सफलता पाने से लगता है कि राष्ट्रकूटों की सत्ता चालुक्य साम्राज्य के दक्षिणी प्रान्तों तक फैली थी और कीर्तिवर्मन् द्वितीय, जिसकी सत्ता अब केवल उसके गृह-प्रदेश तक सीमित हो गयी थी, दन्तिदुर्ग का आधिपत्य मानने के लिए मजबूर

---

१. देखिए, पृ. १७६।

२. कीर्तिवर्मन् द्वितीय के राज्यारोहण की तारीख के लिए देखिए, ई. इ. IX. ०२२।

हो गया था । कीर्तिवर्मन् के वक्कलेरि वाले अनुदान-पत्र में, जिसकी तारीख २ सितम्बर सन् ७५७ ई० है, धारवार जिले के आधुनिक हंगल-क्षेत्र में एक गाँव के दान का अभिलेख है । उस समय चालुक्य राजा भीमरथी (भीमा) के उत्तरी तट पर ठहरा था, जो आधुनिक शोलापुर जिले में है । इससे यह अनुमान हो सकता है कि दन्तिदुर्ग की मृत्यु के फौरन बाद कीर्तिवर्मन् द्वितीय ने अपने परिवार के खोये हुए साम्राज्य पर पुनः अधिकार करने की कोशिश की थी । लेकिन कुछ दिनों के अन्दर ही राष्ट्रकूट राजा कृष्ण प्रथम ने उसका तख्ता उलट दिया । इसके बारे में कहा गया है कि वह "चालुक्यों की सम्पदा जबर्दस्ती छीनकर लहराते हुए पालिध्वजों की माला पहने चला गया" और "उसने विशाल वराह को (चालुक्यों का राजचिह्न) जिसने युद्ध के लिए पागल होकर उस पर आक्रमण किया था, काबू में करके हिरन के रूप में बदल दिया था ।" कुछ अभिलेखों में कहा गया है कि उसने राहप (राहप्प या राहप्य) को जीतकर परम प्रभुसत्ता प्राप्त की थी, जो असंख्य पालि-ध्वजों से अलंकृत थी । चालुक्यों और राहप, इन दोनों के सम्बन्ध में परम-प्रभुसत्ता और **पालि-ध्वज** के प्रयोग से यही निर्दिष्ट है कि चालुक्य राजा कीर्तिवर्मन् द्वितीय का ही दूसरा नाम राहप था ।

विक्रमादित्य प्रथम और उसके उत्तराधिकारियों का राज्य उत्तर में गुजरात से लेकर दक्षिण में नेल्लोर जिले तक फैला था । लेकिन पल्लवों से उनके सघंर्ष ने उन्हें दक्षिण में निरन्तर उलझाये ही नहीं रखा बल्कि उनकी शक्ति भी क्षीण कर दी और इसीलिए उत्तर के प्रान्तों पर उनका कब्जा शिथिल हो गया, जिससे वहाँ के गवर्नर धीरे-धीरे नीम आजाद या अर्ध स्वतन्त्र राजाओं की तरह शासन करने लगे । एक उत्तरी वाइसराय द्वारा चालुक्य सम्राट का तख्ता उलट दिये जाने के मुख्य कारण ये ही थे ।

११. पूर्वी चालुक्य

हम पहले देख चुके हैं कि बादामि के राजा पुलकेशिन् द्वितीय का एक छोटा भाई था, जिसका नाम विष्णुवर्धन या कुब्ज-विष्णुवर्धन् था, जिसे पृथिवी-दुवराज (अर्थात् पृथिवी युवराज या पृथिवी-वल्लभ-युवराज) भी कहते थे । वह सन् ६३१ ई० के लगभग अपने बड़े भाई के साथ पूर्वी तट के देशों के विरुद्ध लड़ने के लिए गया था । सन् ६१७-१८ ई० के सातारा अनुदान-पत्र में विष्णुवर्धन ने अपने आपको **युवराज** कहा है और बादामि के राजा का "प्यारा" छोटा भाई होने का दावा किया है । इस विवरण के अनुसार इस युवराज ने, जब वह कुरुमरथी में था, कुछ ब्राह्मणों को भीमरथी के दक्षिणी तट पर स्थित अलन्दतीर्थ नाम का गाँव (सातारा से ३५ मील उत्तर शायद अलुन्दह) दान किया था । इससे जाहिर है कि विष्णुवर्धन को पुलकेशिन् द्वितीय के शासन-काल के आरम्भ में ही **युवराज** बना दिया गया था और सन् ६१७-१८ ई० के करीब वह दक्षिणी महाराष्ट्र में वाइसराय था । **अवन्ति सुन्दरी कथासार** में दी गयी एक परम्परा में कहा गया है कि काँची का पल्लव राजा सिंहविष्णु (अर्थात् नरसिंह-

वर्मन् प्रथम), नासिक क्षेत्र का **नरेन्द्र** विष्णुवर्धन और राजा दुर्विनीत (अर्थात् इस नाम का गंग राजा) समकालीन थे। इससे यह भी सूचित हो सकता है कि **युवराज** विष्णुवर्धन ने कुछ समय तक उत्तरी महाराष्ट्र पर भी वाइसराय की हैसियत से शासन किया था, या कि उसके द्वारा शासित प्रान्त के अन्तर्गत सातारा से नासिक के बीच का सारा क्षेत्र भी था।

जैसा ऊपर लिखा जा चुका है,[1] सन् ६३१ ई० से कुछ पहले ही पुलकेशिन् द्वितीय ने पिष्टपुर के राजा और विष्णुकुंडी राजा विक्रमेन्द्र-वर्मन् द्वितीय को हराकर विष्णुवर्धन को इन नये विजित प्रदेशों का, जो समुद्र-तट के साथ साथ विशाखापट्टम जिले से लेकर नेल्लोर जिले तक फैले हुए थे, वाइसराय नियुक्त किया था लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि पुलकेशिन् द्वितीय जैसे ही लौटकर बादामि पहुँचा, विष्णुवर्धन ने **महाराज** की पदवी अपना ली और वह बादामि का हवाला दिये बगैर ही एक स्वतन्त्र शासक की तरह राज करने लगा। इस प्रकार वह आन्ध्रदेश के पूर्वी चालुक्य वंश का संस्थापक बन गया। विष्णुवर्धन को, जो विष्णुवर्धन् प्रथम के नाम से प्रसिद्ध है, मकरध्वज, विषमसिद्धि और बिट्टरस, जो संस्कृत शब्द विष्णुराज का कन्नड़ रूप है, नामों से भी पुकारा जाता था। उसका राज्य कहाँ से कहाँ तक फैला था, इसका अनुमान कोप्परम् के अनुदान-पत्र तथा उसके उत्तराधिकारियों के अनुदान-पत्रों से होता है। विष्णुवर्धन प्रथम के तिम्मपुरम् और चिपुरुपल्ले वाले अनुदान-पत्रों में, जिन्हें उसने अपनी राजधानी पिष्टपुर से जारी किया था, विशाखापट्टम जिले के प्लकि और डिमिल **विषयों** में भूमि के दान का विवरण दिया गया है। प्लकि विषय प्राचीन नगर चेरुपुर के गिर्द के क्षेत्र को कहते थे, जिसका आधुनिक नाम चितुरुपल्ले है, और जो उसी नाम के **तालुक** का मुख्य नगर है, जबकि डिमिल आजकल का गाँव दमिले है, जो सर्वसिद्धि **तालुक** में है। विष्णुवर्धन ने अपने एक सहायक को, जिसका नाम बुद्धवर्मन् था और जो **चतुर्थ आभिजन** अर्थात् शूद्र जाति का था और दुर्जय-वंश का संस्थापक था, गिरि-पश्चिम क्षेत्र या "पहाड़ी से पश्चिम" के क्षेत्र का गवर्नर नियुक्त किया था। कहते हैं कि इस क्षेत्र में ७३ गाँव थे, जिनकी स्थिति गुन्टूर जिले के सत्तेनपल्ले **तालुक** में बतायी गयी है। विष्णुवर्धन की रानी अय्यण-महादेवी ने बिजवाड, अर्थात् विजयवाड (आधुनिक बैजवाडा) में एक जैन-मन्दिर के लिए भूमि का अनुदान-पत्र जारी किया था।

विष्णुवर्धन प्रथम का एक सेनापति, जिसका नाम कालकम्प था, पट्टवर्धिनी परिवार का था और दद्दर की लड़ाई में मारा गया था। दद्दर कहाँ पर था, इसकी ठीक से शिनाख्त नहीं हो सकी है। एक श्रुति-परम्परा के अनुसार पूर्वी चालुक्य-वंश का संस्थापक बड़ा विद्याप्रेमी था और **किरातार्जनीय** का विख्यात कवि भारवि उसके आश्रय में रहता था।

---

१. देखिए पृ० २६६।

पूर्वी चालुक्य-वंश के परवर्ती शासकों के विवरणों के अनुसार विष्णुवर्धन प्रथम ने अठारह साल तक वेंगी देश पर राज किया था। सम्भवतः यह वक्तव्य उस काल की ओर संकेत करता है, जब पूर्वी चालुक्यों की राजधानी पिष्टपुर से बदलकर वेंगी में चली गयी थी, और वहाँ से भी बदलकर राजमहेन्द्री या राजमहेन्द्रपुर में, जिसे अम्म द्वितीय (सन् ९४५-७० ई०) ने बसाया था, जिसका दूसरा नाम राजमहेन्द्र था, नहीं गयी थी। चिपुरुपल्ले का अनुदान-पत्र विष्णुवर्धन ने एक चन्द्रग्रहण के अवसर पर जारी किया था, जब वह खुद एक स्वतन्त्र **महाराज** था और **बादामि** के राजा का अधीन शासक नहीं था। इस अनुदान-पत्र की तारीख उसके अपने शासन-काल के अठारहवें साल के चौथे महीने की पन्द्रहवीं तिथि है। विद्वानों का विचार है कि ईसवी सन् में यह तारीख ७ जुलाई सन् ६३२ के बराबर होगी, लेकिन हाल में यह मत भी पेश किया गया कि यह तारीख सन् ६४१ या ६५० ई० में भी पड़ सकती थी। इस प्रकार, विष्णुवर्धन के शासन-काल के इन १८ वर्षों को विभिन्न लेखकों ने सन् ६१५-३३ या ६२४-४१ या ६३३-५० ई० सुझाया है। पूर्वी चालुक्य-वंश के परवर्ती शासकों के इस वक्तव्य के बावजूद कि विष्णुवर्धन ने १८ साल तक वेंगी देश पर राज किया था, ऐसा प्रतीत होता है कि पिरुपल्ले वाले अनुदान-पत्र में उल्लिखित उसके शासन-काल के १८ वर्षों की गणना उसके **युवराज्याभिषेक** के समय से की गयी है, जिसके बारे में हमें ज्ञात है कि वह सन् ६१७-१८ से कुछ पहले ही सम्पन्न हुआ था। वाइसराय या अधीन शासक अपने अनुदान-पत्रों पर अक्सर अपने व्यक्तिगत शासन-काल की तारीख डालते थे, चाहे इस बीच उनका तबादला एक प्रान्त से दूसरे प्रान्त के लिए क्यों न हो गया हो, यही बात शायद रेवती-द्वीप के सत्याश्रय-ध्रुवराज-इन्द्रवर्मन् के गोआ वाले अनुदान-पत्र से भी निर्दिष्ट है, जिसकी तारीख शक-संवत् ५३२ (सन् ६१० या ६११ ई०) है और जो उसके शासन के २०वें वर्ष में जारी किया गया था जबकि रेवती द्वीप में उसकी नियुक्ति किसी भी प्रकार मंगलेश (सन् ५९७-९८ से ६१०-११ ई०) द्वारा उस प्रान्त पर कब्जा करने से पहले नहीं हो सकती थी।[1] जो वाइसराय या अधीन शासक बाद में चलकर स्वतन्त्र हो जाते थे, वे आमतौर पर उस दिन से अपने शासन-काल की गिनती करते थे, जबसे उनके वास्तविक प्रशासन का आरम्भ होता था, न कि अपने स्वतन्त्र-शासन की तारीख से। अक्सर इन दोनों स्थितियों के बीच कम या ज्यादा लम्बे काल तक व्यावहारिक रूप में स्वतन्त्रता या अर्ध-स्वतन्त्रता की स्थिति चलती रहती थी और स्वतन्त्र राज्य की पदवी पाने की कोई निश्चित तारीख नहीं होती थी। विष्णुवर्धन ने अपने १८ साल चाहे उस तारीख से ही गिने हों जब वह पिष्टपुर का वाइसराय नियुक्त हुआ था, तो भी यह तारीख किसी भी रूप में सन् ६२४ या ६३३ ई० से नहीं गिनी जा सकती, क्योंकि कोप्परम के अनुदान-पत्र के अनुसार, उस क्षेत्र पर सन् ६३०-३१ ई० के करीब कब्जा किया गया था। इसलिए ज्ञात तथ्यों के आधार पर यह अधिक

---

१. ऊपर देखिए पृ० २६५।

संगत लगता है कि उसका शासन-काल सन् ६१५-६३३ ई० तक माना जाय, यद्यपि इसका यह अर्थ होगा कि उसने मरने से पहले आन्ध्रदेश में सिर्फ चार साल ही राज किया था। इस बारे में तब तक कुछ भी निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता जबतक और प्रमाण उपलब्ध न हो जायें। लेकिन इस तथ्य से कि विष्णुकुंडी राजा माधव वर्मन् प्रथम (सन् ५३५-८५) की जरावस्था और विष्णुवर्धन् के उत्तराधिकारी के शासन-काल के आरम्भिक वर्षों के बीच आधी सदी का अन्तराल था,[1] पूर्वी चालुक्यवंश के संस्थापक के बारे में सन् ६२४-४१ या सन् ६३३-५० ई० की तारीखों की पुष्टि नहीं होती।[2]

विष्णुवर्धन प्रथम के बाद उसका बेटा **महाराज** जयसिंह प्रथम (सन् ६३३-६३ ई०) गद्दी पर बैठा। उसे पृथिवी वल्लभ, सर्वसिद्धि और पृथिवी-जयसिंह (अर्थात्-पृथिवी-वल्लभ-जयसिंह) भी पुकारा जाता था। बाद के दस्तावेजों में अमतौर पर कहा गया है कि उसने ३३ वर्ष तक राज किया था, लेकिन कुछ केवल ३० वर्ष ही बताते हैं। यह फर्क शायद इसलिए पैदा हुआ है कि अपने शासन-काल के अन्तिम दिनों में राज्य का प्रशासन वस्तुतः उसके भाई इन्द्रवर्मन् के हाथ में था। जैसा ऊपर लिखा जा चुका है, पल्लवों ने सन् ६४२ ई० के लगभग पुलकेशिन् द्वितीय को हराकर उसके साम्राज्य के दक्षिणी भाग पर कब्जा कर लिया था, जिसमें बादामि का राजधानी-नगर भी था। इसके बाद जो लम्बा युद्ध चला, उसमें लगता है कि जयसिंह ने अपने संकटग्रस्त रिश्ते-दारों की कोई मदद नहीं की थी।

जयसिंह प्रथम के बाद उसका भाई **महाराज** इन्द्रवर्मन् (सन् ६६३ ई०) गद्दी पर बैठा। उसे इन्द्रराज, इन्दुराज और इन्द्रभट्टारक नामों से भी जाना जाता था और उसके **विरुद** थे : सिंहविक्रम और त्यागधेनु। इस परिवार के परवर्ती दस्तावेजों के अनुसार, इन्द्र-वर्मन् ने केवल एक सप्ताह तक राज किया था, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि अपने भाई जयसिंह प्रथम के आखिरी दिनों में उसके हाथ में बहुत कुछ प्रशासनिक शक्ति थी। उसका एक सामन्त आर्याहू परिवार का एक कोंडीवर्मन् था, जो शायद राजा के बेटे का मित्र था, जिसका नाम भी इन्द्रवर्मन् था।

---

१. देखिए पृ० २३७।

२. हाल में एक अनुदान-पत्र मिला है। यह माना जाता है कि उससे कुब्ज-विष्णुवर्धन के शासन काल के आरम्भ की सन् ६२४ ई० वाली तारीख का समर्थन होता है। (देखिए एंशिएंट इण्डिया, जनवरी १९४९, पृ० ४९) डा० **वेंकटरमणयम्** ने अपनी नयी पुस्तक 'दि ईस्टर्न चालुक्याज ऑफ वेंगी', मद्रास, १९५० में इस तारीख को पूर्वी चालुक्यों के शासन-काल के आरम्भ की तारीख माना है, लेकिन उन्होंने यह बिल्कुल ठीक ही कहा है : "फिर भी वह नहीं मान लेना चाहिए कि इससे पूर्वी चालुक्यों के कालानुक्रम की समस्या अन्तिम रूप से हल हो जाती है। हालाँकि पहले के चालुक्य अभिलेख इस तारीख से आमतौर पर सहमत हैं, लेकिन कुछ तथ्य इसके विरुद्ध जाते हैं और मन में यह सन्देह पैदा करते हैं कि एक सन्तोषजनक समाधान अभी तक नहीं प्राप्त हुआ।" (पू.पु., पृ० ५६) पूर्वी चालुक्य-वंश की स्थापना की यह तारीख (सन् ६२४) सबसे पहले बी. वी. कृष्ण राव ने सुझायी थी। ज. आ. हि. रि. सो. IX, भाग ४, पृ० १-३२)।

इन्द्रवर्मन का उत्तराधिकारी उसका बेटा विष्णुवर्धन द्वितीय था (सन् ६६३-७२ ई०) जिसके **विरुद** थे : विषमसिद्धि, मकरध्वज तथा प्रलयादित्य। उसने नौ साल तक राज किया। उसके तथा उसके उत्तराधिकारियों के अधिकांश दस्तावेजों में उसे इन्द्रवर्मन् का बेटा बताया गया है। लेकिन अपने एक अभिलेख में उसने अपने आपको जयसिंह प्रथम का बेटा कहा है। ऐसा गलती से लिखा गया है, या विष्णुवर्धन द्वितीय को उसका चाचा अपने दत्तक पुत्र की तरह मानता था, यह कहना कठिन है। उसके बाद उसका पुत्र मंगी-युवराज (सन् ६७२-९६ ई०) उत्तराधिकारी बना। वह विजयसिद्धि और सर्वलोकाश्रय कहलाता था और उसने २५ साल तक राज किया।

राजा सर्वलोकाश्रय विजयसिद्धि या मंगी-युवराज के अनेक पुत्र थे, जिनमें जयसिंह द्वितीय (सन् ६९६-७०९ ई०) उसका उत्तराधिकारी बना। उसके उपनाम सर्व-लोकाश्रय और सर्वसिद्धि थे और उसने तेरह वर्ष तक राज किया था। लेकिन नये राजा के भाई विजयादित्य वर्मन् ने, जो आरम्भ में शायद मध्यम कलिंग का वाइसराय था और जिसका प्रान्तीय मुख्यालय एलमाँची (विशाखापट्टम जिले के सर्वसिद्धि तालुक में आधुनिक येल्लमंचिलि) था, **महाराज** की पदवी अपनाकर जयसिंह द्वितीय की अधीनता का जुआ उतार फेंका। विजयादित्यवर्मन् की मृत्यु के बाद मध्य-कलिंग की गद्दी पर उसका बेटा **महाराज** कोकुलि या कोकिलि वर्मन् बैठा, जिसे अनिवारित और सर्वलोकाश्रय भी कहा जाता था।

जयसिंह द्वितीय की मृत्यु के बाद उसके छोटे सौतेले भाई कोक्किलि या कोकुलि विक्रमादित्य ने गद्दी पर कब्जा कर लिया। उसका उपनाम विजयसिद्धि था और उसने कुल छः महीने तक राज किया। ऐसा प्रतीत होता है कि अपने स्वल्प शासन-काल में ही उसने अपने नामराशि भतीजे से मध्यम-कलिंग का प्रदेश जीत लिया था। लेकिन जल्द ही राजा कोकुलि विक्रमादित्य को उसके बड़े भाई विष्णुवर्धन् तृतीय (सन् ७०९-४६ ई०) ने गद्दी से उतार दिया। ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ समय तक मध्यम-कलिंग पर कोकुलि विक्रमादित्य के बेटे, अपने दादा के नामराशि मँगी-युवराज, का कब्जा बना रहा था।

विष्णुवर्धन तृतीय ने निम्न उपनाम धारण किये थे : समस्तभुवनाश्रय, त्रिभुवनांकुश और विश्वसिद्धि। उसने ३७ वर्ष तक राज किया। वह मध्यम-कलिंग को जीतकर पुनः अपने राज्य में मिलाने में सफल रहा। शक संवत् ६८४ (सन् ७६२ ई०) की तारीख के मुसिनिकोंड अनुदान-पत्र में एक जैन मन्दिर को, जिसे कुब्ज-विष्णुवर्धन की रानी अय्यण-महादेवी ने बिजवाड (आधुनिक बेजवाड) में बनवाया था, एक गांव के दान का विवरण है। यह अनुदान-पत्र राजा विष्णुवर्धन् तृतीय ने जारी किया था, लेकिन इसको कार्यान्वित उसकी रानी ने किया था। यह मत प्रकट किया गया है कि विष्णुवर्धन् प्रथम के पुराने अनुदान-पत्र को ही इस अनुदान-पत्र के रूप में दोबारा जारी किया गया था और यद्यपि विष्णुवर्धन् तृतीय ने सन् ७४६ ई० में ही गद्दी छोड़ दी थी, वह सन् ७६२ ई० तक जिन्दा रहा था। यह भी नामुमकिन नहीं है कि जिस

अनुदान-पत्र को नये सिरे से दोबारा जारी किया गया बताया जाता है, उसे दरअसल उसके उत्तराधिकारी ने जारी किया हो। एक दूसरे अनुदान-पत्र में, जो विष्णुवर्धन तृतीय के शासन-काल के २३वें वर्ष में जारी किया गया था, एक भूमि-दान का विवरण है, जो मधिनदुवराज की बेटी पृथिवीपोथी ने किया था। यह मधिनदुवराज तत्कालीन राजा के पिता मंगी-युवराज के अलावा और कोई नहीं हो सकता। मधिन-युवराज को पल्लव राजकुमार महेन्द्र वर्मन् तृतीय (परमेश्वर वर्मन् द्वितीय का भाई) से अभिन्न मानना संगत नहीं लगता। यह शब्द **दुवराज** दरअसल संस्कृत शब्द **युवराज** का द्रविड़ रूप है।

ऐसा प्रतीत होता है कि विष्णुवर्धन तृतीय के शासन-काल में पृथिवीव्याघ्र नाम के एक निषाद राजा ने, जिसने अश्वमेध यज्ञ के लिए घोड़ा छोड़ा था[1] पूर्वी चालुक्यों के राज्य के दक्षिणी भाग को, जो नेल्लोर जिले की उत्तरी सीमा से लगता है, अपने कब्जे में कर लिया था। कांची के पल्लव राजा नन्दिवर्मन् द्वितीय के उदयेन्दिरम् अनुदान-पत्र में उसके जेनरल उदयचन्द्र ने दावा किया है कि उसने निषाद राजा को परास्त कर दिया था और उसे **विषय** या विष्णुराज (अर्थात् विष्णुवर्धन तृतीय) के प्रदेश से निकालकर उस क्षेत्र को अपने मालिक के राज्य में मिला लिया था।

विष्णुवर्धन तृतीय के बाद विजयादित्य प्रथम (लगभग सन् ७४६-६४ ई०)[2] गद्दी पर बैठा, जो उसकी पटरानी विजय महादेवी से पैदा हुआ था। विजयादित्य प्रथम के **विरुद** थे : त्रिभुवनांकुश, विजयसिद्धि, शक्तिवर्मन् और विक्रमराम और उसने

---

१. इ. ए., VIII. २७३, **वेंकटरमणयम** का मत है (पू० पु०, ७५-७६) कि यह घोड़ा नन्दि-वर्मन् द्वितीय ने छोड़ा था और पूर्वी चालुक्यों के एक सामन्त ने, शायद अपने अधिराज की मदद से उसको पकड़ने की कोशिश की थी। उदयेन्दिरम अनुदान-पत्र में वस्तुतः यह लिखा है : **उत्तरस्याम-अपि दिशि प्र (पृ)थिवीव्याघ्रामिधा (ध)-निषद्पतिम् प्रबलायमानम-अश्वमेध-तुरंग अनुसरणमपतम-अनुश्रित्य**, आदि। इसमें कोई निश्चित संकेत नहीं मिलता कि अश्वमेध-यज्ञ वास्तव में किसने किया था, लेकिन मेरा विचार है कि यह व्यक्ति पृथिवीव्याघ्र या उसका अधिराज रहा होगा, न कि पल्लव राजा। अगर नन्दिवर्मन् पल्लवमल्ल ने अश्वमेध यज्ञ किया होता तो इस अनुदान-पत्र में इस तथ्य को अधिक महत्त्व देकर लिखा गया होता और उसके बाद के पल्लव राजाओं के विभिन्न दस्तावेजों में भी उसका उल्लेख किया जाता। **निषदपति** जिसका प्रयोग पृथिवीव्याघ्र के लिए किया गया है, वह **निषधपति** भी हो सकता है और **निषादपति** भी। यह देखते हुए कि द्रविड़ भाषाओं की प्रवृत्ति अ-महाप्राण उच्चारण की ओर होती है, वह नामुमकिन नहीं है कि यह शब्द **निषधपति** ही हो। उस सूरत में हमें इस राजा को उस राजपरिवार के साथ जोड़ना होगा जो अपने आपको नल का वंशज कहता था, जो निषदों या निषधों का स्वामी है। रजिम के अभिलेख में एक नल राजा पृथिवीराज का उल्लेख हुआ है, लेकिन ऐसा लगता है कि वह पल्लवमल्ल का समकालीन नहीं, पूर्ववर्ती था।

२. यह तारीख फ्लीट के बताये कालानुक्रम के अनुसार है। बी० वी० के० राव तथा अन्य विद्वानों ने सन् ७५५-७२ ई० की तारीख सुझायी है। (पू. पु., पृ. ३०-३१ के बीच दी गई तालिका)।

अठारह या उन्नीस वर्ष तक राज किया था। उसके जमाने में दक्षिण की राजनीति में महान परिवर्तन हुए। आठवीं सदी के मध्य में **बादामि** के चालुक्य सम्राटों को अपदस्थ करके राष्ट्रकूटों ने सत्ता पर कब्जा कर लिया और फिर चालुक्यों के पूर्वी परिवार पर भी हमला बोल दिया। राष्ट्रकूटों और पूर्वी चालुक्यों के बीच चलने वाले लम्बे संघर्ष की कहानी, जो पूर्वी चालुक्यों के भावी इतिहास की मुख्य घटना है, इस पुस्तक की अगली जिल्द में बयान की जायेगी।

परिच्छेद : १३

दक्षिण भारत के राजवंश

I. पल्लव

१. उत्पत्ति

पल्लवों की उत्पत्ति के बारे में लगभग आधी शताब्दी से विद्वानों में बहस चलती आ रही है। फिर भी इस विषय पर सबसे नयी पुस्तक के लेखक को खेद-पूर्वक कहना पड़ा है : "पल्लवों की उत्पत्ति का प्रश्न अभी तक एक पहेली बना हुआ है।[1] इस बारे में किसी भी मत की संगति जाँचने के लिए पहले इस समस्या के सारे पक्षों को प्रस्तुत किया जा सकता है। पल्लवों के स्मारकों और अभिलेखों में उनको तोण्ड-मण्डलम् से सम्बद्ध किया गया है, जो उत्तर पेन्नर और उत्तर वेल्लार का क्षेत्र है, जिस पर काँची का शासन था। लेकिन तमिल-परम्परा में अपनी क्षेत्रीय सीमाओं के साथ पल्लवों का राज्य उस प्रकार ज्ञात नहीं था, जिस प्रकार चोल, पाण्ड्य या केरल राज्य ज्ञात थे। अशोक के स्तम्भ लेखों में पल्लव राज्य का कहीं भी हवाला नहीं मिलता। पल्लवों ने सबसे पहले अपने विवरण प्राकृत भाषा में जारी किये थे, और फिर कुछ समय के बाद संस्कृत भाषा में; उन्होंने **धर्ममहाराज** और **अश्वमेधयाजिन** की उपाधियाँ भी अपना ली थीं। प्रारम्भ में उनकी प्रशासनिक व्यवस्था सातवाहनों की व्यवस्था के आधार पर थी, लेकिन अन्ततः वह कौटिल्य के **अर्थशास्त्र** में दी गयी व्यवस्था से सम्बद्ध हो गयी थी। आरम्भ में वे संगम युग के तमिल शासकों से, जो तमिल साहित्य को प्रोत्साहन और संरक्षण देते थे। बिल्कुल भिन्न थे। इसलिए यह अनुमान किया जाता है कि तोंड-मंडलम् के पल्लव राजा मूलतः किसी और प्रदेश के निवासी थे। अतः उनके मूल निवास और वहाँ से स्थानान्तरण करके तोंड-मंडलम् में आ बसने के बारे में अनेक मत पेश किये गये हैं।

बी० एल० राइस और बी० वेन्कय्य आदि कुछ विद्वान् पल्लवों को उन पह्लवों या पार्थियनों से अभिन्न मानते हैं, जिन्होंने सातवाहनों के पतन-काल में शकों के साथ आकर सिन्धु घाटी और पश्चिमी भारत में बसने के बाद सातवाहनों के पतन-काल में तोंड-मंडलम् पर कब्जा कर लिया था। लेकिन वे काँची क्षेत्र में कैसे आये, इसकी

---

१. राव, बी० वी० के०, ए हिस्टरी आफ दि अर्ली डाइनेस्टीज ऑफ आन्ध्रदेश, पृ० १३५।

कोई वस्तुनिष्ठ व्याख्या नहीं की जा सकती। साथ ही, कन्नौज के गुर्जर प्रतिहार दरबार के महान् कवि और नाटककार राजशेखर ने, जो दक्षिण का निवासी था, और जिसकी कृतियों का इसलिए भी अत्यधिक मूल्य है कि उनसे प्राचीन भारत के भूगोल पर काफी प्रकाश पड़ता है, पल्लवों को दक्षिण भारत का और पह्लवों को सिन्धु पार के क्षेत्र का निवासी बताया है। इसके अलावा, पल्लवों के विवरणों में पह्लवों का कहीं जिक्र नहीं आता। शक आदि विदेशी शासक अश्वमेध यज्ञ नहीं करते थे, और यह विश्वास करना भी कठिन है कि पल्लव नाम धारण करके पह्लव लोग ही अश्वमेध के शौकीन बन गये। हाल में पल्लवों की पार्थियन उत्पत्ति का समर्थन इस आधार पर किया गया है कि [illegible]री के वैकुंठ पेरुमाल मन्दिर की एक मूर्ति के सिर पर हाथी के शिरोवल्क जैसा मुकुट है, वैसा ही, जैसा हिन्द-बैक्ट्रिया के राजा दमित्रियस के सिक्कों पर है। लेकिन इस तरह के तर्क से तो नागार्जुनीकोंडा के इक्ष्वाकुओं को भी शक कबीले का सिद्ध किया जा सकेगा, क्योंकि उस स्थान के स्मारकों) में भी एक "शक-योद्धा" की मूर्ति मिली है। जूवो दूब्रियो (Jouveau-Dubreuil) के अनुसार रुद्रदाम प्रथम का पह्लव मन्त्री सुविशाख काँची के पल्लवों का पूर्वज था। इस विषय पर लिखने वाले नवीनतम विद्वान् ने भी आमतौर पर इस मत का ही समर्थन किया है: "पल्लव उत्तर के आप्रवासी थे, या ठीक ठीक शब्दों में कहें, दक्षिणा-पथ के कोंकण और आनर्त, प्रदेश से आये थे। कुन्तल और वनवास के मार्ग से दक्षिण भारत में पहुँचे थे।[1] के० पी० जायसवाल का विचार है कि पल्लव दरअसल वाकाटकों की एक शाखा थे, क्योंकि दोनों ही भारद्वाज गोत्र के ब्राह्मण थे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि भारशिव नागों के एक सामन्त वीरकूर्च के साथ एक नाग राजकुमारी का विवाह हुआ था।[2] इस विवाह-सम्बन्ध को जूवो द्रब्रियो (Jouveau-Dubreuil) ने भी रेखांकित किया है। लेकिन क्या वीरकूर्च सचमुच काँची के पल्लव-वंश का संस्थापक था? यह मत कि [illegible] चोल राजकुमार ने, जिसकी मां नागी थी, पल्लव राज्य की नींव डाली थी, ऊपर बयान की गई समस्या के आधार-वाक्यों को ही खंडित कर देता है। एस० कृष्णास्वामी आयंगर का विचार है कि पल्लव वास्तव में सातवाहनों के सामन्त थे — उनके साम्राज्य के दक्षिणी भाग के पदाधिकारी और गवर्नर आदि। वे पल्लव शब्द को तोण्डय्यर और तोण्डमान (तोण्ड-मण्डलम् के लोग और शासक) के बराबर मानते हैं, और उनका कहना है कि सातवाहन साम्राज्य के पतन के बाद, इन सामन्तों ने पुराने तोण्डमान सामन्तों से अलग पल्लवों के एक नये वंश की स्थापना की।"[3]

विद्वानों ने यह मानकर कि काँची के पल्लव तोण्ड-मण्डलम् के लिए विदेशी थे, जहाँ आकर उन्होंने इतनी ख्याति और प्रभुता प्राप्त की थी, पल्लवों के मूल निवास स्थान की खोज में फारस से लेकर लंका तक के चक्कर काटे हैं। लेकिन प्रस्तुत लेखक

---

१. वही, पृ. १७३।
२. हि. इ. जा., पृ. १७९-८३।
३. हि. इ. जा., II. पृ. २५।

की राय में वे मूलतः तोण्डमण्डलम् के ही थे। यह स्थान अशोक के साम्राज्य का एक प्रान्त था और लगभग पचास साल तक इसने मौर्य-प्रशासन की सुव्यवस्था का उपभोग किया था और पुलिन्दवंशी जिसका नाम मौर्य-साम्राज्य के अधीन विभिन्न जातियों की सूची में मिलता है, शायद तोंड-मंडलम् के कुटुम्बों से अभिन्न थे। उनका नाम इस क्षेत्र के दो प्राचीन प्रादेशिक भागों, पुलिनाडु और पुलियूरकोट्टम में प्रतिबिम्बित है। राजसिंह के पायलूर स्तम्भ अभिलेख में ब्रह्मा से लेकर अश्वत्थामा तक के सात मिथिक पूर्वजों के नामों के बाद और अशोक के नाम से पहले पल्लव नाम का उल्लेख हुआ है। इसलिए यह तर्क दिया जा सकता है कि अशोक से पहले वहाँ एक पल्लव राजा मौजूद था। साथ ही, पल्लव शब्द को पलद का रूप-भेद मान सकते हैं। (अशोक के आदेश-पत्रों में कहीं कहीं पुलिन्द को पलद लिखा गया है) और हम उन्हें मौर्य-साम्राज्य के दक्षिणतम प्रदेश के निवासी मान सकते हैं।[1] अशोक की मृत्यु के बाद अपनी स्वतन्त्रता के काल में उन्होंने उसकी परम्परा को अवश्य ही जारी रखा था। ईसा पूर्व की दूसरी शताब्दी से लेकर ईसा की पहली शताब्दी तक तोंड-मंडलम् के महत्त्व की साक्षी पतंजलि और पन-कोउ और मणिमेखलइ के लेखक हैं। तमिल भाषा में पल्लव का रूपान्तर तोंडय्यर किया गया है। ईसा की दूसरी शताब्दी में करिकाल चोल ने तोंड-मंडलम् का पालार से दक्षिण का एक भाग जीत लिया था, लेकिन इससे काँची में मौर्यों द्वारा स्थापित शासन-व्यवस्था नष्ट नहीं हो सकी। उस शताब्दी में सातवाहनों का तोंडमंडलम् पर आधिपत्य हो जाने से यह व्यवस्था और मजबूत ही हुई। पल्लव सरदार सातवाहनों के सामन्त बन गये और जब सन् २२५ ई० के लगभग सातवाहनों की सत्ता का अन्त हुआ तो पल्लवों ने अपने गवर्नर के पद को स्वतन्त्र राजा के पद के रूप में परिवर्तित कर लिया। शिवस्कन्द वर्मन् पल्लव के मयिडवोलु और हीरहडगल्लि वाले प्राकृत भाषा में लिखे ताम्र-अनुदान-पत्रों से सिद्ध है कि उनकी सत्ता का काँची से लेकर कृष्णा नदी तक विस्तार हो गया था, और सातवाहनों से शिवस्कन्द-वर्मन् पल्लव के निकट सम्बन्धों को देखते हुए यह आश्चर्यजनक बात नहीं लगती कि उसने भी प्राकृत भाषा में ही अपने अनुदान पत्र जारी किये और धर्ममहाराज की उपाधि धारण की। काँची के पल्लव मूलतः तोंड-मंडलम के ही थे, इस मत के आधार पर ही उनके मूलनिवास की समस्या से सम्बन्धित तथ्यों की सबसे प्रामाणिक व्याख्या की जा सकती है। और वे तथ्य ये हैं कि उनके सबसे पहले दस्तावेज प्राकृत और संस्कृत भाषाओं में हैं, तमिल में नहीं, और उनकी परम्पराएँ और प्रशासन-व्यवस्था, कम से कम आरम्भिक-काल में, दक्षिण भारतीय या तमिल प्रकृति की नहीं थी।

२. प्रारम्भिक इतिहास

पल्लवों के अभिलेख तीन प्रकार के हैं। प्राकृत भाषा में ताम्र-पत्र, जो पुरालेखीय आधार पर सन् २५०-३५० ई० के काल के माने जाते हैं; संस्कृत भाषा में ताम्र-पत्र

---

१. भिन्न मतों के लिए देखिए, पा. हि. ऐं, इ., २५८-५९।

जो सन् ३५०-६०० ई० के बीच के हैं; तथा आश्मिक और ताम्र-पत्र जो सातवीं सदी के हैं। प्राकृत के स्थान पर संस्कृत का, और ताम्र-पत्रों के साथ-साथ पत्थर की पटियों का प्रयोग किसी वंश-परिवर्तन के कारण नहीं किया गया है।

पल्लवों की प्रारम्भिक वंशावली और कालानुक्रम के प्रश्नों को लेकर विद्वानों में काफी तीव्र मतभेद है और इस परिच्छेद के परिशिष्ट में इस पर विस्तार से विचार किया गया है। यहाँ केवल इतना बताना ही पर्याप्त होगा कि प्राकृत-भाषा[1] के अनुदान-पत्रों में शिवस्कन्द-वर्मन् समेत ऐसे कई राजाओं का नामोल्लेख है, जिन्होंने शायद चौथी सदी के आरम्भ में राज किया था। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रारम्भिक पल्लवों में शिवस्कन्द-वर्मन् ही सबसे महान शासक था और उसका राज्य कृष्णा से लेकर दक्षिण पेन्नर और वेल्लेरी जिले तक फैला हुआ था। उसने **अश्वमेध** जैसे अनेक ब्राह्मण-धर्मी यज्ञ किये थे और उसकी प्रशासन-व्यवस्था मौर्यों के ढंग की थी; ये तथ्य उसके हीरहडगल्लि ताम्र-अनुदान-पत्र से स्पष्ट हैं।

विष्णुगोप प्राकृत अनुदान-पत्रों और संस्कृत अनुदान-पत्रों वाले राजाओं के बीच की कड़ी है। वह दक्षिणा-पथ के उन बारह राजाओं में था, जिन्हें समुद्रगुप्त ने हराया था। **जूवो दूब्रियो** (Jouveau Dubreuil) के इस मत को फिर से स्थापित करने की निरर्थक कोशिश की जा रही है कि विष्णुगोप ने अन्य राजाओं से मिलजुल कर समुद्रगुप्त को हराया था। यह मानने के लिए पर्याप्त कारण मौजूद हैं कि समुद्रगुप्त का अभियान केवल दण्डस्वरूप था और उसे पूरी सफलता मिली थी। विष्णुगोप का समय सन् ३५०-३७५ ई० अनुमानित किया जा सकता था।

संस्कृत-भाषा में लिखे अनुदान-पत्रों में सन् ३५०-५७५ ई० के बीच होने वाले सोलह से अधिक राजाओं के नाम दिये गये हैं। इनमें से कुछ **युवमहाराज** थे, जो कभी राजा नहीं बन सके। अपेक्षया कुछ बाद के उत्कीर्ण अभिलेखों से ज्ञात होता है कि वीरकूर्च ने एक नाग राजकुमारी से विवाह किया था और गद्दी पर बैठा था; और इस तथ्य का कुछ विद्वानों ने यह अर्थ लगाया है कि वीरकूर्च ने पल्लव-वंश की स्थापना की थी। लेकिन इस बात का केवल यही अर्थ हो सकता है कि उसने इस विवाह-सम्बन्ध के जरिए अपनी स्थिति मजबूत की, जो सम्भवतः समुद्रगुप्त के दक्षिणापथ में अभियान के बाद कठिन हो चली थी। उससे अगला राजा स्कन्दशिष्य था, जिसके बारे में कहा जाता है कि उसने राजा सत्यसेन से काँची के ब्राह्मणों की **घटिका** छीन ली थी। इस सत्यसेन को पश्चिमी क्षत्रप सत्यसिंह से अभिन्न माना जाता है, जो सन् ३८८ ई० के लगभग शासन करता था। लेकिन वह पलक्क के उग्रसेन का वंशज भी हो सकता था, जो समुद्रगुप्त का विरोधी था। सन् ४३६ ई० में सिंह-वर्मन् प्रथम गद्दी पर बैठा। उसने करीब ४५० ई० में हरि-वर्मन्[2] (पश्चिमी गंग) का अभिषेक

---

१. हिस्ट्री, इ. पृ. ३७४-७५।

२. उसे अय्य (या आर्य)-वर्मन् भी पुकारा जाता था।

किया, ताकि वाणों को हराया जा सके। सिंह-वर्मन् के अनुदान-पत्र काँची से नहीं बल्कि विभिन्न शिविरों से जारी हुए थे। यह तथा इसके साथ वह पुरालेखीय आधार-सामग्री ही, जिसके अनुसार उसके भाई कुमारविष्णु ने काँची पर पुनः कब्जा कर लिया था, उस मत के लिए जिम्मेदार है जो चोल अन्तराल की कल्पना करता है। लेकिन इस पर हम बाद में विचार करेंगे। सिंह-वर्मन् प्रथम के शासन के अन्त से लेकर सिंह-वर्मन् द्वितीय के शासन के अन्त (सन् ५७५ ई०) तक के काल की कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। इस काल की सारी गड़बड़ी का मुख्य कारण यह था कि कलभ्रों ने आक्रमण करके तमिल देश पर अधिकार कर लिया था। फिर भी हम जानते हैं कि काँची ने, जो दक्षिण भारतीय बौद्ध-धर्म का आध्यात्मिक और बौद्धिक महानगर था, अदवण, अड़िगल, आर्यदेव, दिङ्नाग और धर्मपाल को जन्म दिया था। अवश्य ही बुद्ध-वर्मन् और अशोक-वर्मन् जैसे प्रारम्भिक पल्लव राजाओं ने वह राज-विहार स्थापित किया था, जिसका उल्लेख महेन्द्र-वर्मन् प्रथम के **मत्तविलास प्रहसन** में मिलता है।

३. सिंहविष्णु तथा महेन्द्र-वर्मन् प्रथम

सिंह-वर्मन् द्वितीय के पुत्र सिंहविष्णु **अवनिसिंह** (पृथ्वी का सिंह) को हम छठी शताब्दी के अन्तिम चतुर्थांश में रख सकते हैं। उसके साथ महान् पल्लव युग शुरू होता है, और उसे इस बात का श्रेय प्राप्त है कि उसने पल्लवों को राजनीतिक और सांस्कृतिक विकास के शानदार पथ पर अग्रसर किया था। उसे चोल मंडलम् की विजय का श्रेय प्राप्त है। इस सफलता का दावा उसके बेटे और उत्तराधिकारी महेन्द्र-वर्मन् ने नहीं किया। सिंहविष्णु ने अपने अनेक दुश्मनों को हराया था, जिसमें से कलभ्र भी थे। दो अभिलेखों से इस बात की पुष्टि होती है कि मद्रास से लेकर कुम्भकोणम् तक उसकी प्रभुसत्ता का विस्तार था। उसके पुत्र ने अपनी कृति **मत्तविलास-प्रहसन** में उसका गुण-गान किया है। वह **किरातार्जुनीय** के रचयिता महान् संस्कृत कवि भारवि का आश्रय-दाता था। महाबलिपुरम् और पत्थर पर उभारी उसकी और उसकी दो रानियों की आकृतियाँ मिलती हैं, और सम्भव है कि इस स्थान को कला का महान् केन्द्र बनाने के लिए उसने ही पहला कदम उठाया हो।

महेन्द्र-वर्मन् प्रथम **विचित्रचित्त** (ल. सन् ६००-६३०), जो सिंहविष्णु का पुत्र था, पल्लव-वंश के महानतम राजाओं में से था। उसके शासन-काल में ही पल्लव-चालुक्य संघर्ष का वह लम्बा दौर शुरू हुआ, जिसके कारण वे एक दूसरे को अपना जन्मजात शत्रु समझने लगे।[1] लगातार चलने वाली यह दुश्मनी उनके आक्रामक इरादों के कारण नहीं थी। प्रत्यक्षतः तो चालुक्य राजा पुलकेशिन् द्वितीय (सन् ६१०-४२ ई०) ही आक्रामक था, लेकिन पल्लवों पर उसके आक्रमण का कारण आसानी से

---

१. ऊपर देखिए, पृ. २६९।

समझा जा सकता है। उसके सन् ६३४ ई० के ऐहोले उत्कीर्ण लेख में कहा गया है कि पल्लवों ने उसकी सत्ता में अभिवृद्धि का विरोध किया था। पल्लवों और कदम्बों के निकट-सम्बन्धों के कारण और कदम्बों को उनके भूतपूर्व सामन्तों द्वारा अपदस्थ कर देने के फलस्वरूप, जो पुलकेशिन् द्वितीय के पूर्वज थे, पल्लवों और चालुक्यों की स्थायी दुश्मनी के बीज पड़ गये थे। वेंगी पर चालुक्यों की विजय के बाद महेन्द्र-वर्मन् युद्ध में हार गया। ऐहोले अभिलेख में कहा गया है कि पुलकेशिन् द्वितीय ने पल्लवों के राजा की सारी शान अपनी फौज की उड़ायी धूल से ढँक दी और उसे काँचीपुर की प्राचीर के पीछे गायब होने के लिए मजबूर कर दिया।[1] यह विवरण महेन्द्र-वर्मन् के उस विवरण का खण्डन नहीं करता, जिसमें उसने पूल्ललूर (काँजीवरम् के पास पुल्लुर) के युद्ध में विजय प्राप्त करने का दावा किया है। तो भी, पल्लव राज्य के कुछ उत्तरी क्षेत्र ही चालुक्यों के हाथ में चले गये थे। तिरुचिरापल्ली के गुफा-अभिलेखों से सूचित होता है कि दक्षिण में महेन्द्र-वर्मन् का राज्य कावेरी तक फैला हुआ था, जिसे "पल्लवों की प्रिय" नदी कहा गया है।

अपने परिवार के कुछ अन्य सदस्यों की तरह महेन्द्र-वर्मन् को भी उपाधियों का बड़ा शौक था। उसके कुछ उपनाम इस प्रकार थे : **चेत्थकारि** (मन्दिर निर्माता), **मत्तविलास** (शौक-मौज में रमने वाला) **चित्रकारप्पुलि** (चित्रकारों में शेर) और **विचित्रचित्त**। महेन्द्र-वर्मन् ने संत अप्पर के प्रभाव में आकर अपना जैन धर्म त्याग दिया और शैव धर्म अपना लिया। उसने अनेक शैलकृत्त मन्दिर बनवाये। उसका मंडगपत्तु (दक्षिण अकात जिला) अभिलेख इस प्रकार शुरू होता है : "यह बिना ईंट, बिना लकड़ी, बिना धातु और बिना चूने का मन्दिर, जो ब्रह्मा, ईश्वर और विष्णु का भवन है, राजा विचित्र-चित्त ने बनवाया।"[2] तिरुचिरापल्ली वाले उसके अभिलेखों में कहा गया है कि लिंग पूजा का समर्थक था और शैलकृत्त मन्दिर बनवाने का शौकीन था। उसके बनवाये इस तरह के मन्दिर तिरुचिरापल्ली, वल्लभ (चिंगलपुत के निकट), महेन्द्रवाडि (अर्कोणम् के निकट) और दलवानूर (दक्षिण अकोत जिला) में आज भी मौजूद हैं। महेन्द्रवाडि में उसने एक प्रसिद्ध जलाशय (तालाब) खुदवाया था। यद्यपि वह शिव और विष्णु की उपासना को प्रोत्साहन देता था, लेकिन उसने पाटलिपुत्र (कुड्डलूर, दक्षिण अकोत जिला) में एक जैन मन्दिर को तुड़वा दिया था; जब वह जैन धर्म का अनुयायी था, तब अन्य धर्मों के अनुयायियों का दमन करता था।

महेन्द्र-वर्मन् ने अपना **मत्तविलास प्रहसन** शैव और बौद्ध संन्यासियों की मूर्खताओं का मजाक उड़ाने के लिए लिखा था। शित्तण्णवाशल (पुदुकोत्तई राज्य) में शैलकृत गुफाओं के जैन-चित्रों[3] में नृत्यों के दृश्य हैं, और यह आमतौर पर माना जाता है कि

---

१. ई.इ., VI ११।

२. वही. XVII, १७।

३. के. आर. श्रीनिवासन इन चित्रों को कुछ बाद के समय का बताते हैं। (प्रो. इ. हि. का. VII. १६८-७३)।

महेन्द्र-वर्मन् नृत्य कला का संरक्षक ही नहीं था, बल्कि उसने संगीत कला पर एक पुस्तक भी लिखी थी। उसके **चित्रकारप्पुलि** उपनाम से ही जाहिर है कि वह चित्र कला का संरक्षक था। संगीत से सम्बन्धित कुडिमियामलइ (पुदुकोहइ राज्य) का संस्कृत अभिलेख उसके आग्रह पर ही उट्टंकित गया था और ऐसा अनुमान किया जाता है कि वह खुद भी एक निपुण संगीतकार था। इसके अलावा, उसकी उपाधि **विचित्रचित्त** उसकी बहुमुखी प्रतिभा और महानता का प्रतीक है। तिरुचिरापल्ली में उसकी जो मूर्ति स्थापित की गयी थी, वह अब नहीं मिलती, लेकिन महाबलिपुरम् में शिला पर तक्षित उसकी और उसकी दो रानियों की आकृति मौजूद है।

४. नरसिंह-वर्मन् प्रथम और परमेश्वर-वर्मन् प्रथम

महेन्द्र-वर्मन् प्रथम के बेटे नरसिंह-वर्मन् महामल्ल ने सन् ६३० से ६६८ ई० तक राज किया। उसके उपनाम से जाहिर होता है कि वह या तो बड़ा पहलवान था या बड़ा योद्धा। पल्लवों में वह सबसे महान् राजा हुआ है और उसकी सफलताओं ने उसे दक्षिण भारत में अपने समय का सबसे महत्त्वपूर्ण शासक बना दिया था। उसने काँची के निकट मणिमंगलम् की लड़ाई समेत तीन युद्धों में बादामि या वातापि के सबसे विख्यात चालुक्य राजा पुलकेशिन् द्वितीय को हराया था। इसके बाद उसने आक्रामक नीति अपनाकर चालुक्य राज्य पर चढ़ाई के लिए अपने जेनरल शिडुतोंड नायनार को (जिसे कुछ विद्वान परवर्ती काल में रखते हैं) भेजा। सन् ६४२ ई० में चालुक्यों की राजधानी वातापि पर कब्जा कर लिया गया। पुलकेशिन् द्वितीय की मृत्यु हो गयी और उसके बाद १३ वर्षों तक वहाँ राजनीतिक अराजकता फैली रही। इस बीच लगता है कि चालुक्य साम्राज्य के दक्षिणी भाग पर पल्लवों का कब्जा था।[१] **बादामि** के मल्लिकार्जुन मन्दिर के पीछे एक शिला पर अपनी सफलताओं का विवरण उत्कीर्ण करवाकर पल्लव जेनरल लूट का अपार सामान लेकर वातापि से लौट गया। इस प्रकार नरसिंह-वर्मन् ने खुद अपने पिता को, और थानेश्वर तथा कन्नौज के सम्राट हर्षवर्धन को, हराने वाले चालुक्य सम्राट पर इतनी शानदार विजय प्राप्त की थी। उसने वातापिकोण्ड (वातापि का विजेता) की उपाधि धारण की, जो सर्वथा उचित थी।

नरसिंह-वर्मन् की दूसरी उल्लेखनीय सफलता थी, सिंहली राजकुमार मानवर्मा को गद्दी पर बैठाने के लिए लंका पर समुद्री बेड़े से चढ़ाई। **महावंश** में इस राजकुमार के दुर्भाग्य की कहानी का वर्णन किया गया है — सन् ६४० ई० के लगभग उसका भागकर काँची आना, चालुक्यों के विरुद्ध अभियान में उसका भाग लेना, काँची में उसके कार्यकलाप, लंका के विरुद्ध पल्लवों के बेड़े के पहले अभियान की असफलता, और अन्त में उनके दूसरे विशाल अभियान की सफलता, जो महाबलिपुरम् से चला था।

---

१. देखिए पृ. २७३।

नरसिंह वर्मन् ने मल्लइ या महाबलिपुरम् (मद्रास के निकट, सात पगोडे) में कुछ एकाश्मी पुण्यस्थान (मन्दिर) बनवाये थे जिन्हें रथ कहते हैं। उसने इस स्थान को प्रसिद्धि दी, यद्यपि वह इस नगर का प्रतिष्ठापक नहीं माना जा सकता।

नरसिंह-वर्मन् प्रथम के शासन-काल में ६४० ई० के लगभग, चीनी यात्री ह्वेन-त्सांग काँची गया था, और उसने तोंड-मंडलम् का जो विवरण लिखा है, वह अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। काँची नगरी करीब छः मील के वृत्त में बसी थी। वहाँ करीब सौ बौद्ध विहार थे, जिनमें १०,००० थेरापंथी भिक्षु रहते थे। करीब अस्सी अ-बौद्ध मन्दिरों में अधिकांश-दिगम्बर जैनों के थे। यद्यपि दक्षिण भारत में बौद्ध धर्म का ह्रास हो रहा था, तोंड-मंडलम् में उसकी स्थिति विशिष्ट थी। ता-तो-पि-तु अर्थात् तोंड-मंडलम् के लोग विद्या का आदर करते थे। ... राजधानी के दक्षिण में कुछ दूर पर ही एक विशाल बौद्ध-विहार था जो देश के माने जाने लोगों का मिलन स्थल था। जाहिर है कि यह वह राज-विहार था, जिसका उल्लेख **मत्तविलास प्रहसन** में भी है। चीनी यात्री के अनुसार, नालन्दा के विश्वविद्यालय का धर्मपाल काँची निवासी था। हम काँची के अन्य प्रसिद्ध व्यक्तियों का जिक्र पहले ही कर चुके हैं।

नरसिंह-वर्मन् प्रथम के बाद, उसके बेटे महेन्द्र-वर्मन् द्वितीय ने शायद दो साल, सन् ६६८ से ६७० ई० तक ही शासन किया था, जिसके बाद उसका बेटा परमेश्वर-वर्मन् प्रथम (सन् ६७०-६९५ ई०) गद्दी पर बैठा। उसका सबसे बड़ा शत्रु चालुक्य राजा विक्रमादित्य प्रथम था, जिसने अपने पिता की हार के बाद परिवार की खोयी प्रतिष्ठा पुनः स्थापित करके पल्लव राज्य पर आक्रमण किया था। उसके सन् ६७४ ई० के गदवाल ताम्र-पत्र अभिलेखों से ज्ञात होता है कि उसने काँची पर कब्जा करके महामल्ल के परिवार का सफाया कर डाला और इस अनुदान-पत्र को जारी करते समय चालुक्यों का शिविर कावेरी के दक्षिणी तट पर उरगपुर या उडय्यूर में था। इसके विपरीत, पल्लवों के विवरणों में दावा किया गया है कि अपने दुश्मनों, विशेषकर विक्रमादित्य पर, परमेश्वर-वर्मन् विजयी हुआ था। और हालाँकि विक्रमादित्य की फौज में कई लाख सिपाही थे, लेकिन उसको लालगुडी के निकट (तिरुचिरापल्ली जिला) पेरुवलनल्लुर की लड़ाई में हार कर सिर्फ एक फटाचीथड़ा लपेटे भागना पड़ गया था। यद्यपि चालुक्यों के अभिलेखों में दिये गये वक्तव्य[1] को अक्षरशः सत्य नहीं माना जा सकता, लेकिन यह तथ्य कि विक्रमादित्य तिरुचिरापल्ली के निकट तक पहुँच गया था, प्रमाणित करता है कि उसने काँची पर कब्जा कर लिया था और अपने पिता की हार का बदला लेने के अभियान में आमतौर पर सफल रहा था। परमेश्वर-वर्मन् शिव का भक्त था और उसने काँची के निकट कूरम में एक शिवमन्दिर बनवाया था। उसने महाबलिपुरम् की इमारतों में भी कुछ नई इमारतें जोड़ी थीं।

---

१. देखिए पृ. २७४-७५, पा. टि.।

५. नरसिंह-वर्मन् द्वितीय और परमेश्वर-वर्मन् द्वितीय

परमेश्वर वर्मन् प्रथम के बाद उसका बेटा नरसिंह वर्मन् द्वितीय राजसिंह (लगभग सन् ६९५-७२२ ई०) गद्दी पर बैठा। उसका शासन-काल शान्तिपूर्ण था। उसने काँची में कैलासनाथ मन्दिर और महाबलिपुरम् में तट-मन्दिर बनवाया और लगभग २५० उपाधियाँ धारण कीं। उसके मुख्य विरुद थे : राजसिंह (राजाओं में सिंह), शंकरभक्त और आगमप्रिय (प्राचीन वेद-शास्त्रों का प्रेमी)। वह बहुविध रुचियों का आदमी था। उसने अपना राजदूत चीन भेजा था, जिससे उसकी तारीख निश्चित हो जाती है। परिशिष्ट में इस पर विचार किया जायेगा। कुछ विद्वानों का मत है कि संस्कृत का महान गद्यलेखक और अलंकार-शास्त्री दण्डी राजवर्मा के दरबार या राजसिंह के दरबार से सम्बद्ध था, और जो नाटक भास के नाम पर आजकल प्रचलित हैं, वे दरअसल काँची में खेले जाने वाले नाटकों के रंगमंचीय रूप हैं, क्योंकि पुष्पिका में राजसिंह के नाम का उल्लेख है। नरसिंह वर्मन् द्वितीय के बेटे और उत्तराधिकारी परमेश्वर वर्मन् द्वितीय ने शायद सन् ७२२ से ७३० ई० तक राज किया था। अपने शासन-काल के अन्तिम दिनों में उसे चालुक्य युवराज विक्रमादित्य द्वितीय के आक्रमण का सामना करना पड़ा था। (देखिए परिशिष्ट)

६. नन्दि-वर्मन् द्वितीय पल्लवमल्ल (सन् ७३०-ल. ८००)

अगला राजा नन्दि-वर्मन् द्वितीय पल्लवमल्ल दरअसल सिंहविष्णु के भाई भीम-वर्मन् का वंशज और हिरण्य-वर्मन् का बेटा था। हालाँकि गद्दी पल्लव-परिवार के छोटे भाई के वंशजों के हाथ में चली गयी थी, लेकिन इससे क्रम-भंग नहीं हुआ था और यह कहना उचित नहीं होगा कि नन्दि-वर्मन् नये राजवंश का संस्थापक था। ऐसा अनुमान किया जाता है कि परमेश्वर-वर्मन् का एक बेटा था, जिसका नाम चित्रमाय था, जो पल्लवों की गद्दी का दावेदार था। इसलिए कुछ विद्वान् सोचते हैं कि परमेश्वर-वर्मन् द्वितीय ने गद्दी पर अनधिकार कब्जा कर लिया था। नन्दि-वर्मन् जिन परिस्थितियों में गद्दी पर बैठा था, उनका विवेचन-परिशिष्ट में किया गया है। काँची के बैकुंठ पेरुमाल मन्दिर की मूर्तियाँ और उनकी व्याख्या करने वाले अभिलेखों तथा कुछेक अन्य पुरालेखीय विवरणों से यह सिद्ध हो जाता है कि बारह वर्ष के किशोर बालक नन्दि-वर्मन् को वहाँ के जन-साधारण ने अपना राजा चुना था। हालाँकि उसके बाप हिरण्य-वर्मन् की वैधानिक स्थिति स्पष्ट नहीं है, लेकिन नन्दि-वर्मन् निश्चय ही जबरदस्ती कब्जा करके राजा नहीं बना था। महाबलिपुरम् में उसका एक अभिलेख उसके शासन-काल के पैंसठवें वर्ष का है। इसलिए उसने कम से कम सन् ७३० से ७९५ ई० तक राज किया होगा।

पल्लवों, चालुक्यों और पांड्यों के अनेक अभिलेखों से नन्दि-वर्मन् के बहुविध कार्य-कलापों पर गहरा प्रकाश पड़ता है। सन् ७४० ई० के लगभग विक्रमादित्य द्वितीय

चालुक्य ने पल्लव राज्य पर आक्रमण किया, और अपने 'प्रकृत शत्रु' को हराकर काँची पर कब्जा कर लिया। नगर को लूटने और उजाड़ने की वजाय उसने वहाँ के मन्दिरों को वे सारी कीमती चीजें लौटा दीं, जो लूट ली गयी थीं। लेकिन नन्दि-वर्मन् ने शीघ्र ही काँची वापस जीत लिया। अवश्य ही चालुक्यों ने उस समय विजय प्राप्त की होगी जव पल्लवों और पांड्यों में युद्ध चल रहा था। गद्दी पर वैठने के फौरन वाद ही उसे पांड्यों द्वारा संगठित एक विरोधी गुट का सामना करना पड़ा था, जो चित्रमाय के समर्थक थे। पांड्य राजा राजसिंह प्रथम का दावा है कि उसने नन्दि-वर्मन् के विरुद्ध तंजौर क्षेत्र में अनेक सफलताएँ प्राप्त की थीं। नन्दिपुर (कुम्भकोनम के निकट) में नन्दि-वर्मन् को घेरकर गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन उसके जेनरल उदयचन्द्र ने आकर उसे छुड़ा लिया, और उसने चित्रमाय का कत्ल करके तंजौर जिले में अनेक विजयें प्राप्त कीं। इस जेनरल को चालुक्य राज्य के पूर्वी क्षेत्र के एक भाग को जीत लेने का श्रेय भी प्राप्त है। राष्ट्रकूटों की सत्ता कायम करने वाले दन्तिदुर्ग ने आक्रमण करके काँची पर कब्जा कर लिया, लेकिन वह नन्दि-वर्मन् से समझौता करके और उसके साथ अपनी वेटी रेवा की शादी करके वापस लौट गया। वह दन्ति-वर्मन् पल्लव की माँ वनी। पश्चिमी गंगों के अभिलेखों में पल्लवों पर उनके राजा श्रीपुरुष की शानदार विजय का वृत्तान्त दर्ज है, जो उसके जीवन की सबसे वड़ी सफलता थी—लेकिन पल्लव विवरणों में कहा गया है कि नन्दि-वर्मन् ने एक गंग राजा से जवरन एक हार वसूल किया था, जिसमें एक विशाल रत्न जड़ा था।

नन्दि-वर्मन् ने काँची में मुक्तेश्वर का मन्दिर और शायद वैकुंठ-पेरमाल का मन्दिर भी वनवाया था। उसने कुछ मन्दिर अन्य स्थानों पर भी वनवाये थे। वह एक धर्मनिष्ठ वैष्णव था। उसके शासन-काल के पुरालेखीय और साहित्यिक अभिलेखों से स्पष्ट हो जाता है कि साहित्य और धर्म के इतिहास में उसके शासन काल का कितना-महत्त्व है। तिरुमंगइ आलवार जैसा सन्त और विद्वान उसी के शासन-काल में हुआ था। नन्दि-वर्मन् स्वयं एक वड़ा विद्वान था, यद्यपि उसके विवरणों में उसकी उपलब्धियों को अतिरंजित करके लिखा गया है। नन्दि-वर्मन् पल्लवमल्ल के उदयेन्दिरम के ताम्र-अनुदान-पत्र में एक **अश्वमेध** यज्ञ का भी हवाला दिया गया है। कहा गया है कि उसके जेनरल उदयचन्द्र ने उत्तरी क्षेत्र में एक सामन्त को हराया था। "जो शक्तिशाली शासक वनने की आकाँक्षा से प्रेरित होकर अश्वमेध के घोड़े के पीछे भाग रहा था।" लेकिन इस हवाले के आधार पर नन्दि-वर्मन् को **अश्वमेधयाजिन** मानना उचित नहीं है। उसके अपने इतने सारे विवरणों में **अश्वमेध** का कहीं भी कोई स्पष्ट हवाला नहीं मिलता। उसके वाद सन् ७९५ ई० के करीब उसका वेटा दन्तिदन्दि-वर्मन् गद्दी पर वैठा।

II. उड़य्यूर और रेनाण्डु के चोल

उड़य्यूर (तिरुचिरापल्ली) के चोलों का चौथी से नवीं सदी तक का इतिहास विल्कुल अस्पष्ट है, मुख्यतः इस कारण कि इस बीच उनके देश पर कलभ्रों का कब्जा

था। पाली का महान् लेखक बुद्धदत्त उड़य्यूर का निवासी था। उसने अपने समकालीन राजा अच्चुतविक्कान्त के बारे में, जो कलभ्रकुल का था, लिखा है कि वह कावेरिपटनम् से चोल देश पर राज करता था। वह बौद्ध मत का अनुयायी था। तमिल परम्परा में एक अच्चुत का वर्णन आता है जिसने चेर, चोल और पांड्य राजाओं को कैद कर लिया था। इस आधार पर कि बुद्धदत्त और बुद्धघोष समकालीन थे, हम अच्चुत को पाँचवीं शताब्दी में रख सकते हैं। इस प्रकार संगम-युग के बाद करिकाल चोल के वंशजों को कलभ्रों ने महत्त्वहीन स्थिति में डाल कर तमिल देश के शान्त राजनीतिक वातावरण को क्षुब्ध कर दिया था।

प्रारम्भिक पल्लवों के संस्कृत अनुदान-पत्र काँची से नहीं, बल्कि कृष्णा के दक्षिण में तेलुगु देश के विभिन्न स्थानों से जारी किये गये थे। इसलिए, यह तर्क पेश किया गया है कि करिकाल चोल ने काँची पर कब्जा कर लिया था और पल्लवों को उत्तर की ओर हट जाना पड़ा था। संस्कृत अनुदान-पत्रों का काल इस तरह चोल मध्यावकाश का समय था, यह मत तर्कसंगत नहीं है। इस बात के प्रमाण नगण्य हैं कि पल्लवों से काँची छिन गया था और उनके अभिलेखों में ऐसी कोई बात नहीं है, जो इस धारणा का समर्थन करती हो। नन्दि-वर्मन् तृतीय के वेलूरपालय्यम वाले ताम्रपत्रों में कुमारविष्णु द्वारा काँची पर पुनः कब्जा कर लेने का वक्तव्य शायद उत्तराधिकार सम्बन्धी किसी घटना की ओर संकेत करता है या पल्लवों और कलभ्रों के युद्ध के बीच की किसी घटना की ओर। इसके अलावा करिकाल की तारीख संस्कृत अनुदान-पत्रों के काल से बहुत पहले की मानी जाती है।

यद्यपि पल्लवों और पांड्यों ने आखिरकार कलभ्रों को हराकर अपनी स्वतन्त्र सत्ता स्थापित कर ली थी, लेकिन चोल अगली कई शताब्दियों तक अँधेरे में पड़े रहे। पल्लवों, पाँड्यों और चालुक्यों के अभिलेखों में चोलों, उनकी फौज और उनके देश आदि का, और तमिल साहित्य तथा उनके राजकुमार-राजकुमारियों का जिक्र है। पांड्यों और पल्लवों की शक्तिशाली राजनीतिक सत्ताओं के बीच उडय्यूर के चोल अपने पूर्वजों के स्थान के गिर्द मँडराते रहे। विवाह-सम्बन्धों के जरिए वे अपनी शक्ति धीरे धीरे बढ़ाते गये और जैन और बौद्ध जैसे शास्त्र-विरुद्ध मतों की बजाय दृढ़तापूर्वक शैव और वैष्णव मतों का समर्थन करते रहे। यह जानना महत्त्वपूर्ण है कि तंजौर के चोल-वंश के संस्थापक विजयालय ने उड़य्यूर के निकट एक सामन्त की हैसियत से शुरुआत की थी, तेरुनेडुंगलम (त्रिचनापल्ली जिला) के एक अभिलेख में परकेसरि विजयालय चोलदेव के आदेशानुसार एक भूमि अनुदान-पत्र का विवरण दर्ज है।

अपने ह्रास के जमाने में चोल सिर्फ कावेरी क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहे थे। लगता है कि कुछ चोल राजकुमार अन्य क्षेत्रों में जा बसे थे, जिसके परिणामस्वरूप हमें तेलुगु और कन्नड़ देशों में भी छोटे छोटे चोल घराने देखने को मिलते हैं। इनमें सबसे महत्त्वपूर्ण घराना कुड्डपह, अनन्तपुर और कुर्नूल जिलों में फैले रेनांड देश के

चोलों का था। उनके आग्मिक अभिलेख तथा साथ ही मालेपाडु (कुड्डपह जिला) के ताम्र-पत्र जो पुण्यकुमार ने जारी किये थे ईसा की सातवीं शताब्दी के माने जाते हैं। इन ताम्र-पत्रों में राजाओं की चार पीढ़ियों का उल्लेख मिलता है, अर्थात् नन्दि-वर्मन्, उसके बेटे सिंह-विष्णु, सुन्दरनन्द और धनंजय-वर्मन् का बेटा महेन्द्रविक्रम-वर्मन् और उसके बेटे गुणमुदित और पुण्य कुमार, जिसका उपनाम पोरमुखराम था। ये लोग अपने को चोल महाराज कहते थे और करिकाल चोल के वंशज होने का दावा करते थे। उनके नाम और उनकी उपाधियाँ पल्लवों और चालुक्यों का स्मरण दिलाती हैं और उनकी मुहर पर केसरी सिंह की आकृति पल्लवों और विष्णु-कुंडियों की मुहरों पर बनी आकृति से मिलती है। पुण्यकुमार के वंश ने अनुमानतः एक सौ साल तक राज किया। कुडपह जिले में अपनी स्थिति के कारण उन्होंने अवश्य ही पल्लव-चालुक्य संघर्ष में प्रमुख भाग लिया। उनकी स्वतन्त्रता, एक प्रकार से, नाममात्र की रही होगी। पुण्यकुमार के बाद शायद कुडपह पर से उसके वंश का अधिकार छिन गया और उसका परिवार दक्षिण भारत के विभिन्न क्षेत्रों में बिखर गया।

चोल-महाराजों द्वारा शासित यह रेनांडु देश सम्भवतः ह्वेन-त्सांग द्वारा उल्लिखित **चु-लि-या** देश है, जो धान्यकटक से १,००० **ली** (२०० मील) दक्षिण-पश्चिम में था : "इस देश का वृत्त लगभग २,००० ली (४०० मील) था, और उसकी राजधानी करीब १० ली के वृत्त में बसी हुई थी। यह जंगलों से भरा प्रदेश था, जिसमें बहुत थोड़ी बस्तियाँ थीं और वहाँ लुटेरों के गिरोह खुले आम घूमते थे। आबोहवा गरम और नम थी। लोग खूंखार और लम्पट स्वभाव के थे और 'तीर्थिकों' में विश्वास करते थे। बौद्ध-मठ उजाड़ और खंडहर पड़े थे और उनमें से कुछेक में ही भिक्षु रहते थे। वहाँ दसियों देव-मन्दिर थे और दिगम्बरों की बड़ी संख्या थी।"[1]

III. कलभ्र

हम पहले कई बार कलभ्रों और उनके राजा अच्चुतविक्रान्त का हवाला दे चुके हैं। नेडुंजडय्यन पांड्य (सन् ७६५-८१५ ई०) के शासन-काल के तीसरे साल में जारी हुए वेल्विकुडि अनुदान-पत्र में कहा गया है कि पल्यागमुदुकुडुमि-पेरुवलुदि पांड्याधिराज ने **ब्रह्मदेय** के रूप में वेल्विकुडि गाँव एक ब्राह्मण को दान किया था जो काफी दिनों तक उसका उपभोग करता रहा। फिर कलभ्रण नाम के एक कलि राजा ने उस विशाल भूमि पर कब्जा कर लिया और वहाँ से अधिराजों को निकाल बाहर करके उस गाँव को अपने राज्य में मिला लिया। इसके बाद ... पाण्ड्याधिराज कुंडगोण[2] ने कलभ्रों से यह क्षेत्र फिर वापस छीन लिया। इस संक्षिप्त विवरण से ऐसा प्रतीत होगा कि मुदुकुडुमि के बहुत बाद कलभ्रों ने पांड्य देश पर कब्जा किया था। उन्होंने कई

---

१. या, ट्रै. वा., II, २२४।
२. ई. इ., XVII, ३०६।

अधिराजों का तख्ता उलट दिया, यहाँ तक कि ब्रह्मदेय जमीनों पर भी कब्जा कर लिया। इस प्रकार ये लोग बड़े खूंखार और क्रूर विजेता थे। उनकी सत्ता का कडुंगोण ने, जिसका काल अनुमानतः सन् ५९० से ६२० ई० तक है, खात्मा कर दिया। पल्लवों और चालुक्यों के अभिलेखों में कलभ्रों के बारे में और भी हवाले मिलते हैं। कहा गया है कि उन पर सिंहविष्णु और नरसिंह-वर्मन् प्रथम और विक्रमादित्य प्रथम और द्वितीय ने विजय प्राप्त की थी।

कलभ्रों की शिनाख्त करना दक्षिण भारत के इतिहास की एक बड़ी कठिन समस्या रही है। उनकी शिनाख्त कोडुम्बालूर के मुत्तरय्यरों से की गयी है (आठवीं से ग्यारहवीं शताब्दी)।[1] दूसरे विद्वान उन्हें कर्नाट मानते हैं, क्योंकि तमिल साहित्य में एक कर्नाट राजा के मदुरा पर शासन करने का जिक्र आया है। तीसरा मत यह है कि कलभ्र दरअसल वेल्लाल जाति के कलप्पलर लोग थे, जिनका तमिल साहित्य और अभिलेखों में उल्लेख मिलता है।[2] लेकिन सबसे सन्तोषजनक अनुमान वह है जिसके अनुसार कलभ्रों को कलवरों[3] से अभिन्न माना जाता है। संगम साहित्य में इस कबीले के जिन सामन्तों का जिक्र आता है उनके नाम हैं : पवत्तिरि का तिड़य्यन, वेंगम या तिरुपति का पुल्लि, जिसे सीमान्त के पशु-चुराने वाले लुटेरों का सरदार कहा गया है। तिरुपति के निकट अपनी बस्तियों से कलवरों को तीसरी सदी की राजनीतिक उथल-पुथल के जमाने में खदेड़ दिया गया होगा; अर्थात् सातवाहनों के पतन और पल्लवों के उत्थान के जमाने में, तथा साथ ही अगली शताब्दी में दक्षिणा-पथ पर समुद्रगुप्त के आक्रमण के समय, जब तोंड-मंडलम् में राजनीतिक अराजकता फैल गयी थी उस समय कलभ्रों के आक्रमण ने पल्लवों, चोलों और पांड्यों को पराभूत किया होगा।

ऊपर दी गयी विविध व्याख्याओं के बावजूद, कलभ्रों को एक रहस्यमय जाति ही मानना चाहिए, जिसने कुछ शताब्दियों तक तमिल देश की राजनीति में खलल डाला था। अच्चुतविक्कांन्त के कारण चोल-परिवार को विभिन्न स्थानों में बिखर जाना पड़ा। पाण्ड्य देश में ब्रह्मदेय भूमि को भी इन कलभ्र हमलावारों ने धार्मिक नियम-रक्षित नहीं समझा। अन्त में कडुंगोण पांड्य और सिंहविष्णु पल्लव ने उनकी शक्ति नष्ट कर दी। उनके विरुद्ध सातवीं और आठवीं सदी के पल्लव और चालुक्य अभियानों का जिक्र पहले ही किया जा चुका है।

एक मत के अनुसार कलभ्र-वंशी सरदार मुत्तरय्यर और कोडुम्बालूर क्रमशः पल्लवों और पाण्ड्यों के सामन्त थे और जब इन दोनों शक्तियों में संघर्ष छिड़ा तो इन दोनों सरदारों ने विरोधी पक्षों की ओर से युद्ध में भाग लिया था। मुत्तरय्यर परिवार ने पल्लवों के सामन्तों की हैसियत से तंजौर और पुदुकोत्तइ पर आठवीं से

---

१. ज. इ. हि, VIII, ७४-८०, ई. इ. XV, ४९।
२. ज. इ. हि., VIII, ७५।
३. जिल्द II, अंगरेजी संस्करण, पृ. २३३।

ग्यारहवीं सदी तक शासन किया था। एक हवाले से ज्ञात होता है कि पेरुम्बिडुगु-मुत्तरय्यन द्वितीय ने नन्दि-वर्मन् पल्लवमल्ल के राज्याभिषेक के उत्सव में भाग लिया था। मुत्तरय्यर की उपाधियों में से एक उपाधि तंजोराधिपति भी थी। विजयालय चोल, जिसने नवीं शताब्दी में एक मुत्तरय्यन से तंजौर जीता था, पल्लवों का सामन्त था। इस प्रकार कलभ्रों ने जिस चोल राज्य को एक जमाने में नष्ट कर दिया था, उसके ही एक वंशज चोल-सामन्त ने आगे चलकर कलभ्रों के राज्य का खात्मा कर दिया।

IV. पाण्ड्य

संगम-युग के बाद, सातवीं से दसवीं सदी के पांड्यों की वंशावली और तिथिक्रम अभी तक निश्चित नहीं हैं। उनके बारे में हमारी जनकारी केवल कुछ ताम्रपत्रों और प्रस्तर लेखों पर आधारित है, जिनमें नेडुंजडय्यन का वेल्विकुडि अनुदान-पत्र, राजसिंह का जारी किया हुआ एक बड़ा और छोटा ताम्र-पत्र और मद्रास म्यूजियम में रखे जटिल वर्मन् के ताम्र-पत्र हैं: आनैमलइ में मिले दो प्रस्तर लेख हैं, एक माड्न्जडय्यन का और दूसरा परान्तक का, जिस पर सन् ७७० ई० की तारीख है, और एक अभिलेख वरगुण द्वितीय का है, जिसकी तारीख सन् ८७० ई० है। क्रमबद्ध वंशावली तैयार करने के लिए कुछ शिनाख्तें करनी पड़ेंगी, विशेषकर नेडुंजडय्यन, मारंजडय्यन, परान्तक, जटिल वर्मन् और वरगुण प्रथम आदि की। आनैमलइ के ७७० ई० वाले प्रस्तर-लेख को तेडुंजडय्यन के शासन के आरम्भ काल का माना जा सकता है, जिसने शायद सन् ७६५ से ८१५ ई० तक राज किया होगा। उसके छः पूर्वजों का शासन-काल, यदि प्रत्येक का पच्चीस-पच्चीस साल का रहा हो, कुल १५० वर्ष का होता है। इस प्रकार पांड्य वंश की शुरुआत सन् ६०० ई० के लगभग मानी जा सकती है। और हम अस्थायी रूप से पांड्य राजाओं का कालानुक्रम इस प्रकार नियत कर सकते हैं: कडुंगोण (५९०-६२०), माडवर्मा अवनिशूलामणि (६२०-६४५), शैन्दन (६४५-६७०), अरिकेसरि माड़वर्मन् (६७०-७१०), कोच्चडय्यन रणधीर (७१०-७४०) और माड़वर्मन् राजसिंह (७४०-७६५)।[1]

कलभ्र-मध्यावकाश से पांड्य देश को कडुंगोण ने छठी सदी के अन्त में आजाद किया होगा और उसके उत्तराधिकारियों ने इस कार्य को पूरा किया होगा। ह्वेन-त्सांग ने मलकूट या पांड्य देश का इस प्रकार वर्णन किया है: "यह देश समुद्री मोतियों काआगार था। इसके निवासी काले रंग के ... रूखे और उतावले स्वभाव के हैं, विभिन्न धर्मों के हैं, संस्कृति के प्रति उदासीन हैं और केवल व्यापार में कुशल हैं।" वहाँ अनेक बौद्ध मठों के खंडहर थे और कुछेक ही बौद्धभिक्षु थे। मदुरा की प्राचीन सांस्कृतिक परम्परा का नाश सम्भवतः देश पर कलभ्रों के कब्जे के कारण हुआ होगा।

---

१. शास्त्री, के. ए. नीलकण्ठ, दि पाण्डयन किंगडम, पृ. ४१।

तीसरे राजा शैन्दन को एक योद्धा और निष्पक्ष व्यक्ति होने का श्रेय दिया गया है और उसकी वाणवण उपाधि से सूचित होता है कि उसने चेरों पर विजय प्राप्त की थी।

अरिकेसरि परांकुश माड़वर्मन् ने नेलवेलि में एक महान् विजय प्राप्त की थी। कुछ विद्वानों ने नेलवेलि को तिन्नैवेल्ली से अभिन्न माना है। उसकी अन्य जीतें, विशेषकर चेर राजा पर उसकी जीत, अभिलिखित है। कहा जाता है कि उसने समुद्र-तट के परवों और कुरुनाडु के निवासियों का "उन्मूलन" कर दिया था। इन सब स्थानों की शिनाख्त करने में कठिनाई होने के बावजूद, यह निश्चित है कि अरिकेसरि के जमाने में पांड्यों ने साम्राज्य निर्माण की ओर कदम उठाया था और पल्लवों के साथ उनका संघर्ष शुरू हुआ था। अरिकेसरि को परम्परागत कूण पांड्य से अभिन्न माना जाता है। संत सम्बन्दर ने उसका जैन-धर्म छुड़वाकर उसे शैव धर्म में दीक्षित किया था और फिर उसने जैनों पर क्रूर अत्याचार किये थे — इस कहानी के अनुसार उसने ८००० जैनियों को शूली पर चढ़ा कर मारा था—निस्सन्देह यह अतिरंजना है। दरअसल इस पांड्य राजा की चोल-वंशी रानी ने संत सम्बन्दर को मदुरा बुलाया था। उससे अगले राजा कोच्चडय्यन रणधीर ने भी आक्रमण नीति जारी रखी और उसने एक आइ सामन्त को मरदूर (तिन्नवेल्ली जिले में अम्बासमुद्रम) की लड़ाई में हराया था। उसकी उपाधि कोंगरकौमान से जाहिर होता है कि उसने कोंगुदेश जीत लिया था और कहा जाता है कि उसने मराठों को मंगलपुरम् या मंगलोर से अपदस्थ कर दिया था।

माड़वर्मन् राजसिंह प्रथम भी बड़ा शक्तिशाली राजा था। नन्दिवर्मन् पल्लवमल्ल से उसके युद्ध तथा अन्य घटनाओं का पहले हवाला दिया जा चुका है।[1]—जैसे कावेरी क्षेत्र पर पांड्यों का कब्जा, नन्दिपुर का घेरा और उस पल्लव राजा की उसके महान् जेनरल उदयचन्द्र द्वारा रक्षा, आदि। इसीलिए राजसिंह ने **पल्लवभंजन** की उपाधि अपनायी थी। कोंगुदेश पर उसकी जीत में कोडुमुडि भी शामिल था। उसने पश्चिमी गंगों की एक राजकुमारी से शादी की थी और चालुक्यों को, सम्भवतः कीर्तिवर्मन् द्वितीय को, हराया था। वेल्विकुडि अनुदान-पत्र में कहा गया है कि राजसिंह ने कूडल (मदुरा), वाँजी (चेरों की राजधानी) और कोली (उड़य्यूर) के राज-प्रासादों और किलों की मरम्मत करवाई थी। कहा गया है कि इस शक्तिशाली पाण्ड्य ने अनेक **महादान** किये थे, जैसे **गोसहस्र, हिरण्यगर्भ** और **तुलाभार** आदि। उसके बाद नेडुंजड्य्यन उसका उत्तराधिकारी बना, जिसने वेल्विकुडि अनुदान-पत्र जारी किया था।

V. पश्चिमी गंग

पूर्वी गंग, अर्थात् कलिंगनगर के गंग, पश्चिमी गंगों या मैसूर के गंगों से अपनी वंश-परम्परा का मूल बताते थे, जो सम्भवतः नागार्जुनीकोंड के इक्ष्वाकु-परिवार के होने का

१. देखिए, पृ. २९८।

दावा करते थे। यह सुझाव पेश किया गया है कि जिस तरह मयूरशर्मन् कदम्ब ने समुद्रगुप्त के दक्षिणी अभियान से उत्पन्न राजनीतिक उथल-पुथल का लाभ उठाया था, उसी तरह कोलार के गंग-वंश की स्थापना करने वाले ने भी। पश्चिमी गंगों की उत्पत्ति के बारे में उनके विवरणों में जिन परिस्थितियों का ब्योरा दिया गया है, ऐतिहासिक दृष्टि से उनका कोई मूल्य नहीं है। इस वंश के गंग नाम का भी कोई सन्तोषजनक कारण नहीं बताया जा सकता। प्राचीन विवरणों में गंगरिडे या गंगा की घाटी के लोग, और गंगरिडे कलिंगे, या कलिंग के गंग का उल्लेख हुआ है। लेकिन दोनों गंग-वंशों का गंगा नदी से क्या सम्बन्ध था, यह स्पष्ट नहीं है। काण्वायन **गोत्र** के पश्चिमी गंगों के प्रदेश को गंगवाडि कहते थे और उनकी उपाधियाँ कोंगुनिवर्मा और धर्ममहाराजाधिराज थीं। उनके अभिलेख ताम्रपत्रों और प्रस्तर लेखों के रूप में मिलते हैं, जिनमें सन् ६८० ई० से पहले ताम्रपत्रों की अधिकता है और बाद में प्रस्तर लेखों की। इनसे उनकी वंशावली की तालिका तैयार करने में आसानी होती है, यद्यपि प्रारम्भिक गंगों के बारे में कुछ कठिनाइयाँ रहती हैं। फिर भी ताम्र-पत्रों पर आधारित उनके कालक्रम की तालिका कई दृष्टियों से दोषपूर्ण है, 'यद्यपि कुछ ताम्र-पत्रों से निश्चित ऐतिहासिक काल-चिह्न प्राप्त होते हैं, जिनमें श्रीपुरुष के शासन-काल के पच्चीसवें वर्ष की तारीख सन् ७५० ई० दी गयी है। हमने हरि-वर्मन् और पल्लव-राजा सिंह-वर्मन् प्रथम की, जो काँची की गद्दी पर सन् ४३६ ई० में बैठा था, समकालिकता का भी उल्लेख किया है। इसलिए हम यह मान सकते हैं कि पश्चिमी गंगों की सत्ता चौथी शताब्दी के उत्तरार्ध में कायम हुई थी।

पश्चिमी गंग-वंश का संस्थापक कोंगुनिवर्मन् या माधव प्रथम था, जिसने शायद ३५० से ४०० ई० तक शासन किया था। कहा जाता है कि एक जैन आचार्य सिंहनन्दि ने उसकी मदद की थी। माधव द्वितीय (सन् ४००-४३५ ई०) न केवल नीति-शास्त्र का विद्वान् ही था, बल्कि उपनिषदों का भी ज्ञाता था। उसने राज-नर्तकियों के बारे में कामसूत्रकार वात्स्यायन से पहले के सूत्रकार दत्तक के सूत्र की वृत्ति लिखी थी।[1] हरि वर्मन् के शासन-काल में (ल० सन् ४५०-४६० ई०) गंगवाडि की राजधानी तलकाड (तल्काड, तलवनपुर) थी, जो शिव समुद्रम् के निकट कावेरी के किनारे थी। उसका राज्याभिषेक पल्लव राजा सिंह-वर्मन् प्रथम ने किया था, ताकि मिलकर बाणों को कुचला जा सके। अवश्य ही वह पल्लवों का सामन्त था। उसने एक ब्राह्मण को, जिसने शास्त्रार्थ में एक बौद्ध विद्वान् को हराया था, एक गाँव पुरस्कार में दिया था। अधिकाँश गंग जैन धर्म के अनुयायी थे, लेकिन विष्णुगोप, जिसका कुछ अभिलेखों में उल्लेख नहीं किया गया है, वैष्णव था और राजा से अधिक संत था। माधव तृतीय (लगभग सन् ४६०-५०० ई०) एक बलिष्ठ राजा था। उसने एक कदम्ब राजकुमारी से

---

१. दत्तक-सूत्र दरअसल कामशास्त्र की पुस्तक है, जिसे कभी भी गलती से दत्तक-ग्रहण का आचार-ग्रन्थ माना गया है। (देखिए न्यू. हि. इ. पी. IV २४८-४९)

विवाह किया था। वह शिव का उपासक था और उसने ब्राह्मणों, जैनों और बौद्धों को ग्राम दान किये थे। एक पल्लव राजा के द्वारा उसके अभिषेक का अर्थ है कि गंगवाडि पर पल्लवों की प्रभुसत्ता उसके समय तक चली आयी थी। अविनीत (लगभग सन् ५००-५४०) बचपन में ही राजा बना दिया गया। उसकी शिक्षा-दीक्षा प्रकांड जैन विद्वान् विजयकीर्ति द्वारा हुई थी। अविनीत जैनों और ब्राह्मणों को खूब दान देता था। जैन होकर भी वह शिव को पूजता था।

दुर्विनीत (लगभग सन् ५४०-६०० ई०) को गद्दी पर बैठने में कुछ कठिनाइयों से जूझना पड़ा था। उसने पुन्नाड (दक्षिणी मैसूर) और कोंगुदेश जीत लिये और चालुक्यों के साथ अच्छे सम्बन्ध बनाये, न कि पल्लवों के साथ। कहा जाता है कि उसने काँची के काडुवेट्टि को हराया था। वह वैष्णव धर्म को पसन्द करता था, यद्यपि जैनों, ब्राह्मणों तथा अन्य धर्मों के लोगों को भी दान देता था। वह कन्नड भाषा का लेखक ही नहीं, बल्कि संस्कृत का प्रसिद्ध विद्वान भी था। वह जैन व्याकरणाचार्य और **शब्दावतार** के लेखक पूज्यपाद[1] का शिष्य था और प्रसिद्ध कवि भारवि का आश्रयदाता भी। दुर्विनीत को अपने आश्रित कवि भारवि के महाकाव्य **किरातार्जुनीय** के १५वें सर्ग की टीका का यशस्वी लेखक माना जाता है लेकिन ए. बी. कीथ जैसे विद्वान् इस टीका को साहित्यिक जॉलसाजी कहते हैं। कहा जाता है कि दुर्विनीत ने स्वयं **शब्दावतार** नामक व्याकरण ग्रन्थ की रचना की थी, और प्राकृत के ग्रन्थ **बृहत्कथा** का संस्कृत में अनुवाद भी किया था। संक्षेप में वह पश्चिमी गंग-वंश का सबसे महान् शासक था। वह एक वीर योद्धा ही नहीं, वरन् विद्वान राजा भी था, जिसने संस्कृत और कन्नड़ में विद्या का प्रसार करने में योग दिया था। उसके उत्तराधिकारी, मुश्कर, श्रीविक्रम, भूविक्रम और शिवमार-प्रथम सातवीं शताब्दी के हैं। चालुक्यों और पल्लवों के संघर्ष में वे कहाँ तक शामिल रहे, यह स्पष्ट नहीं है। लेकिन चालुक्यों के साथ उनका मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध था और पल्लवों के साथ शत्रुतापूर्ण। सातवीं शताब्दी के सारे गंग राजा जैन धर्म के अनुयायी थे।

शिवमार प्रथम ने, जो दुर्विनीत का पोता था, शायद सन् ६७० से ७१३ ई० तक राज किया। उसके बाद उसके उत्तराधिकारी शासक का नाम अनिश्चित है। फिर श्री पुरुष गद्दी पर बैठा, जो शिवमार का पोता (कुछ के अनुसार बेटा) था। उसने कुछ समय तक एक वाइसराय (उपराजा) की तरह भी शासन किया।[2] अपने वाइसराय-काल में उसने बाण राजा जगदेकमल्ल या मल्लदेव को हराया, जो विक्रमादित्य प्रथम का बेटा था। कोंगुदेश के लिए पल्लवों और पांड्यों में संघर्ष चल रहा था। उस पर पांड्य राजा राजसिंह प्रथम ने कब्जा कर लिया था। उसका विवाह एक गंग राजकुमारी से हुआ था जो सम्भवतः श्रीपुरुष की ही बेटी थी। श्रीपुरुष ने अपनी सबसे बड़ी

---

१. एस. एस. शास्त्री इसे असम्भव प्राय मानते हैं (अर्ली गंगाज ऑफ तलकांड), पृ. ४५।
२. एम. वी. कृष्णराव—गंगाज ऑफ तलकुड, पृ. XI, ४९, राइस—मैसूर ऐंड कूर्ग, पृ.३८।

विजय नन्दि-वर्मन् पल्लवमल्ल के विरुद्ध प्राप्त की थी, लेकिन जिस काडुवेट्टि का कत्ल किया था, उसकी हम शिनाख्त नहीं कर पाते। सन् ७६० ई० से लेकर श्रीपुरुष के शासन (सन् ७२५-७८८ ई०) के अन्त तक कृष्ण प्रथम के नेतृत्व में राष्ट्रकूट लगातार गंगवाडि पर आक्रमण करते रहे, लेकिन इससे वह अनेक नई उपाधियाँ अपनाने से नहीं रुका। इन में **कोण्गुणि राजाधिराज परमेश्वर** जैसी साम्राज्यिक उपाधि भी थी। उसने अपनी राजधानी बदलकर बंगलौर के निकट मान्यपुर या माण्णे में स्थापित की। उसने हाथियों पर **गजशास्त्र** नामक ग्रंथ लिखा। गज-युद्ध के बारे में उसकी बहुत अच्छी जानकारी थी। कहा जा सकता है कि श्रीपुरुष के लम्बे शासन-काल में गंग-राज्य सम्पन्नता के शिखर पर जा पहुँचा था जिसे उसके समय में लोग श्री-राज्य भी कहते थे।

VI. कदम्ब

काकुत्स्थ-वर्मन् के तालगुण्ड स्तम्भ-लेख में कदम्ब-वंश की उत्पत्ति बताते हुए कहा गया है कि उनका नाम कदम्ब-वृक्ष के नाम पर पड़ा है, जो उनके पूर्वजों के मूल-प्रदेश में बहुतायत से उगता था। कुन्तल प्रदेश (पश्चिमी दक्षिणापथ और उत्तरी मैसूर) में चूटु-वंश के लोग सातवाहनों के उत्तराधिकारी बने थे। उनकी राजधानी वैजयन्ती या वनवासि थी। उनके बाद कुन्तल पर पल्लवों ने राज किया और पल्लवों के बाद कदम्बों ने। उनके उद्भव के पौराणिक विवरण हंगल और गोआ के परवर्ती कदम्बों के उत्कीर्ण लेखों से भी मिलते हैं। ये कदम्बों को उत्तर भारत से सम्बद्ध करते हैं, लेकिन वनवासि के कदम्ब कुन्तल प्रदेश के ही देशज लोग प्रतीत होते हैं। यह बात उनके नाम और नागों के वंशज होने के दावे से भी स्पष्ट है। उनकी वंशावली तो निश्चित है, लेकिन कालक्रम अनिश्चित है।

तालगुंड अभिलेख में बताया गया है कि मयूर शर्मन् ने, जो मानव्य **गोत्र** का एक शास्त्रनिष्ठ, विद्वान ब्राह्मण था, किन परिस्थितियों में कदम्बों की सत्ता कायम की थी। वह आपने **गुरु** वीरशर्मा के साथ **प्रवचनम् निखिलम्** (सारे वेदों) का अध्ययन करने के लिए पल्लवेन्द्रपुरी (काँची) गया था और वहाँ **घटिका** में दाखिल हो गया था। वहाँ एक **पल्लवाश्वसंस्थ** से सख्त झगड़ा हो जाने पर उसे क्रोध आ गया और उसने क्षत्रियों के मुकाबले में ब्राह्मणों की शारीरिक हीनता और इस तथ्य पर, कि ब्रह्मसिद्धि (पूर्ण पावनता) भी राजा की खुशी पर निर्भर है, अपनी अफसोस भरी प्रतिक्रिया व्यक्त की। इस कहानी का आमतौर पर यह अर्थ लगाया जाता है, मयूर शर्मन् काँची गया था, जो उच्च विद्या का प्रसिद्ध केन्द्र था (सम्भवतः वहाँ एक ब्राह्मण-धर्मी विश्वविद्यालय था), लेकिन वहाँ किसी पल्लव-घुड़सवार से झगड़ा हो जाने के कारण उसका उद्देश्य विफल हो गया। लेकिन यह सन्दिग्ध है। पहली बात तो यह कि **प्रवचनम् निखिलम्** का मतलब वेदों का सम्पूर्ण अध्ययन है, जबकि वह एक हिस्से का अध्ययन पहले ही कर चुका था। दूसरी बात यह है कि **घटिका** से कोई कालेज या

उच्च-विद्या का केन्द्र संकेतित नहीं होता बल्कि लगता है कि घटिका काँची के ब्राह्मणों की बस्ती को कहते थे, जिसमें उसने **गुरुकुलवास** के लिए प्रवेश किया था, और इसके प्रबन्ध के लिए ही उसके पुराने गुरु साथ गये थे। तीसरी बात यह कि **अश्वसंस्थ** का अर्थ घुड़सवार नहीं है, बल्कि घुड़सवार जासूस है, और शायद मयूर शर्मन् द्वारा पार-पत्र (पासपोर्ट) सम्बन्धी नियमों का उल्लंघन करने के कारण झगड़ा हुआ होगा; क्योंकि दक्षिणापथ पर समुद्रगुप्त के अभियान के दिनों में, सम्भव है, काँची में ये नियम सख्ती से लागू हुए हों।[१]

लेकिन जो भी हो, मयूर शर्मन् के क्रोध का यह परिणाम निकला कि जिस हाथ से वह कुशलता पूर्वक कुश, समिधा, पत्थर, कलछी, घी, हवन सामग्री और स्रवा (आहुति छोड़ने का पात्र) उठाता था, उस हाथ से उसने लपलपाती तलवार उठा ली जो 'पृथ्वी की विजय के लिए लालायित थी'। इसके बाद युद्ध हुआ जिसमें उसने पल्लवों के **अन्तपालों** (सीमा के रक्षक सैनिकों) को हराकर श्रीपर्वत तक (इसे त्रिपर्वत भी पढ़ें)[२] के जंगल प्रदेश, या श्रीशैलम् (कुर्नूल जिला) पर कब्जा कर लिया। फिर उसने महान् बाण को हराया और स्वयं को हराने की पल्लवों की सारी कोशिशें नाकाम कर दीं। पल्लवों ने मजबूर होकर उससे समझौता कर लिया, जिसके अनुसार वह पल्लवों का एक सामन्त शासक बन गया और इस पद पर रहकर उसने पल्लवों की बहुमूल्य सेवा की। अन्त में पल्लवों से उसे पश्चिमी सागर और अपरान्त की नदी प्रेहरा[३] के बीच का इलाका मिला। मयूर शर्मन् के चन्द्रवल्लि प्राकृत भाषा में उत्कीर्ण अभिलेख में उसे अनेक विजयों का श्रेय दिया गया है; तदनुसार उसने आभीर, त्रैकूट, पल्लव, पारियात्रिक शाकस्थान, सेइन्दक, पुनाट और मोकरि पर विजय प्राप्त की थी। उसकी इन विजयों को ध्यान में रखते हुए, बाद के उत्कीर्ण अभिलेखों में किये गये इस दावे में कुछ सच्चाई मानी जा सकती है कि उसने अठारह अश्वमेध यज्ञ किये थे, हलाँकि तालगुंड के पुरालेख में ऐसा कोई दावा नहीं किया गया। पुरालिपिक आधार पर उसके इस अभिलेख की तारीख सन् २५० से ३०० ई० के बीच निश्चित की गयी है। अगर यह मत निर्णीत माना जाय तो मयूर शर्मन् की तारीख के बारे में अब तक स्वीकृत धारणाएँ बदलनी पड़ेंगी। हाल में उसको सन् २५० और ३५० ई० के बीच में या इससे भी पहले रखने की कोशिशें की गयी हैं। लेकिन जैसा ऊपर कहा जा चुका है,[४] कुछ विद्वान चन्द्रावल्लि अभिलेख की प्रामाणिकता सन्दिग्ध मानकर उसे जाली समझते हैं। हर सूरत में इस बात की सम्भावना अधिक है कि मयूर शर्मन् ईसा की चौथी सदी के मध्य में हुआ था। इस प्रकार हम यह अनुमान कर सकते हैं कि

---

१. आर. साधिया नाथय्यर, स्टडीज इन दि ऐंसिएंट हिस्टरी ऑफ टोण्डमण्डलम्, पृ.४८-५०।
२. ज. इ हि., XII., ३५७।
३. ए. ओ. रि. V. भाग २, पृ. ३।
४. देखिए, पृ. २१२, टि. १।

दक्षिणापथ पर समुद्रगुप्त के आक्रमण से जो राजनीतिक अराजकता फैली थी, उसका लाभ उठाकर मयूर-शर्मन् ने अपने लिए एक रियासत बना ली थी, जिसकी राजधानी वनवासि में थी। शायद उसने लगभग सन् ३४० से ३७० ई० तक राज किया था।

मयूर शर्मन् के बाद उसका बेटा कंग वर्मन् (इसे स्कन्द वर्मन् भी पढ़ा गया है)[१] गद्दी पर बैठा, जिसने शायद सन् ३७० से ३९५ ई० तक राज किया था। उसने **धर्ममहाराजाधिराज** की उपाधि धारण की और वंशगत उपाधि शर्मन् से बदलकर वर्मन् कर दी। लगता है कि उसे विन्ध्यसेन वाकाटक ने हराया था; जिसका दावा है कि उसने कुन्तल राज्य को अपने राज्य में मिला लिया था।[२] ऐसा प्रतीत होता है कि कंग-वर्मन् का बेटा भगीरथ (सन् ३९५-४२०) ई० उन दिनों कुन्तल का शासक था, जबकि बाद की एक श्रुति-परम्परा के अनुसार, चन्द्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य ने सम्भवतः एक विवाह सम्बन्ध तय करने के लिए कवि कालिदास को उसके दरबार में राजदूत बनाकर भेजा था।[३] भगीरथ का एक बेटा रघु (लगभग सन् ४२०-४३० ई०) था और दूसरा काकुत्स्थ वर्मन् (लगभग ४३०-४५० ई०)[४] काकुत्स्थ-वर्मन् **युवमहाराज** के नाम से प्रसिद्ध था। तालगुंड अभिलेख में गुप्तों तथा अन्य राजाओं के यहाँ उसके विवाह सम्बन्धों का उल्लेख किया गया है। लगता है कि उसके शासन-काल में उसका राज्य सुखी और समृद्ध था। तालगुंड उत्कीर्ण लेख में उसकी महानता का विस्तृत वर्णन है और बताया गया है कि उसके राज्य में यात्री बेखटके आ जा सकते थे, पड़ोसी देशों में उसका बड़ा आदर सम्मान था, और उसने तालगुंड का महान् जलाशय खुदवाया था।

शायद काकुत्स्थ वर्मन् की मृत्यु के बाद उसका राज्य उसके दोनों बेटों शान्ति वर्मन् (सन् ४५०-४७५ ई०) और कृष्ण वर्मन् के बीच बँट गया। शान्ति वर्मन् का बेटा और उत्तराधिकारी मृगेश वर्मन् (लगभग सन् ४७५-४९० ई०) वनवासि से राज करता था। कहा जाता है कि उसने पश्चिमी गंगों और पल्लवों को हराया था। जैन-धर्म के प्रति उसका झुकाव था, इसलिए कदम्ब राज्य में जैन धर्म का खूब प्रसार हुआ। सन् ४७५ ई० के लगभग कुमार वर्मन् जो शायद शान्ति वर्मन् का भाई था, उच्चंगि पर राज करता था। कुमार वर्मन् का बेटा मानधात्रि वर्मन् (लगभग ४९०-४९७ ई०) थोड़े समय तक अपनी अनधिकृत सत्ता का उपभोग करता रहा। मृगेश वर्मन् के बेटे रवि वर्मन् (लगभग सन् ४९७-५३७ ई०) ने अपने दुश्मनों को हराकर, जिनमें कदम्बों की छोटी शाखा का शासक विष्णु वर्मन् भी था, फिर से गद्दी पर कब्जा कर लिया। रवि वर्मन् विख्यात और लोकप्रिय शासक था और उसने पश्चिमी गंगों पर विजय प्राप्त की थी। लेकिन उसका बेटा और उत्तराधिकारी हरि-वर्मन् बेहद कमजोर

---

१. ज. इ. हि, XII, ३६१।
२. ऊपर देखिए पृ. २११-१२।
३. ऊपर देखिए, पृ. २०९-१०।
४. इस राजा की तारीख के बारे में भिन्न मत जानने के लिए देखिए पृ. २०९-१०।

राजा था, और उसने थोड़े दिनों तक ही राज किया (लगभग सन् ४३७-४४७ ई० तक)। उसके शासन-काल में ही उसके चालुक्य सामन्त पुलकेशिन् प्रथम ने विद्रोह करके वादामि[1] में अपने वंश की स्थापना की थी। हरि-वर्मन् की अपने परिवार की छोटी शाखा के साथ लड़ाई छिड़ गयी जिसमें वह मारा गया। उसके साथ ही कदम्बों के राजवंश की बड़ी शाखा का अन्त हो गया।

कृष्ण वर्मन् प्रथम, (लगभग सन् ४७५-४८५ ई०) जो शांति-वर्मन् का भाई और कदम्बों की छोटी शाखा का संस्थापक था, कदम्ब राज्य के दक्षिणी भाग में स्वतंत्र राजा बन गया था। उसकी राजधानी त्रिपर्वत शायद हलेबिड में थी। उसने अश्वमेध यज्ञ किया था, लेकिन अन्त में उसे पल्लवों ने हरा दिया। उसके बेटे विष्णु-वर्मन् (लगभग सन् ४८५-४९७ ई०) का अभिषेक एक पल्लव राजा ने किया था, जिसका वह शायद सामन्त था। पल्लवों की मदद से बनवासि की गद्दी पर कब्जा करने की कोशिश में वह असफल रहा और युद्ध में मारा गया। उसका उत्तराधिकारी सिंह-वर्मन् (लगभग ४९७-५४० ई०) शायद बड़ी शाखा के कदम्बों का सामन्त था। कृष्ण-वर्मन् द्वितीय (लगभग सन् ५४०-५६५ ई०) ने वनवासि वाली बड़ी शाखा का तख्ता उलटकर एक अश्वमेध यज्ञ किया। उसने एक गंग राजकुमार से अपनी बहन की शादी करके अपनी स्थिति मजबूत बना ली। कृष्ण-वर्मन् द्वितीय के बेटे अज-वर्मन् (लगभग सन् ५६५-६०६ ई०) को चालुक्य राजा कीर्ति-वर्मन् प्रथम का, जो कदम्बों के लिए "प्रलय की रात" के समान था, सामन्त बनना पड़ा। अज-वर्मन् के बेटे भोगि-वर्मन् (लगभग सन् ६०६-६१० ई०) ने फिर अपनी स्वतन्त्रता स्थापित करने की कोशिश की लेकिन पुलकेशिन द्वितीय ने बनवासि पर घेरा डालकर उसे दबा दिया। इस घटना का पुलकेशिन् द्वितीय के ऐहोले अभिलेख में जिक्र हुआ है। शायद युद्ध में भोगि-वर्मन् और उसके बेटे की मृत्यु के साथ ही कदम्ब-वंश का अन्त हो गया। लगता है कि कदम्बों ने सन् ६४२ ई० में पुलकेशिन् द्वितीय की मृत्यु के बाद उत्पन्न होने वाली गड़बड़ी के दौर में पुनः अपनी स्वतन्त्र सत्ता कायम करने की कोशिश की थी, लेकिन सन् ६५५ ई० में विक्रमादित्य प्रथम के गद्दी पर बैठते ही परिस्थिति उनके प्रतिकूल हो गयी। फिर भी दसवीं शताब्दी के अन्त में एक बार फिर कदम्बों की शक्ति का पुनरुत्थान हुआ।

VII. बाण

बाणों का वंश दक्षिण-भारत के सामन्तों में सबसे महत्त्वपूर्ण था। उनका नाम महाबली से सम्बद्ध है जो एक असुर राजा था और बाण उसका बेटा था। उनके पुरा-लेखीय अभिलेख कोलार और उत्तरी अर्काट जिलों में मिले हैं। ये लोग विशेष रूप से कोलार जिले के नन्दगिरि (नन्दि दुर्ग) और अनन्तपुर जिले के पड़िविपुर (परिगि,

---

१. देखिए, पृ. २६३ प. पृ.।

हिन्दुपुर के निकट) से सम्बद्ध थे। उनका राजचिह्न नन्दी था। हम देख चुके हैं कि मयूर शर्मन् ने "महान् बाण" को परास्त किया था और पल्लव राजा सिंह-वर्मन् प्रथम ने गंग-राजा हरि वर्मन् का राज्याभिषेक किया था, ताकि बाणों को कुचला जा सके। विक्रमादित्य द्वितीय[1] के उदयेन्दिरम् और गुडिमल्लम् ताम्रपत्रों में बाणों की वंशावली दी गयी है। उदयेन्दिरम् ताम्रपत्रों में जयनन्दि-वर्मन् को बाणों का प्रथम शासक बताया गया है, यद्यपि साथ ही यह भी कहा गया है कि उससे पहले भी कई बाण राजकुमार हुए थे। उसका वर्णन करते हुए कहा गया है कि वह "महान् बलशाली और अद्भुत सूरमा था" जो 'आन्ध्र देश के पश्चिम में राज करता था'। उससे पहले के बाण राजा का गुणगान करते हुए कहा गया है कि वह बोधिसत्व की तरह दयालु था।[2] नन्दि-वर्मन् पल्लवमल्ल के शासन के तेईसवें वर्ष के गुडिमल्लम् अभिलेख में विक्रमादित्य नाम के एक बाण राजा का उल्लेख है, जो अवश्य ही गुडि-मल्लम् के ताम्रपत्रों में उल्लिखित पहले विक्रमादित्य से भिन्न था और जयनन्दि-वर्मन् का उत्तराधिकारी भी।[3] बाण वंशधर दरअसल पल्लवों के सामन्त थे, लेकिन बाणों के अभिलेखों में उनके बारे में पर्याप्त सूचनाएँ नहीं मिलतीं। आगे चलकर बाणों ने सीमान्त के युद्धों में प्रमुख भाग लिया था।

VIII. आलुप

तुलुव-देश (दक्षिण कन्नड़) पर **आलुप** राजाओं का शासन था और उडिपि से दक्षिण उनकी राजधानी उदयवर में थी। उनका राज्य एक ६,००० प्रान्त था और वे शिव के उपासक थे। सम्भव यही है कि उनकी सत्ता ईसा की प्रारम्भिक शताब्दियों में अस्तित्व में आयी, क्योंकि टॉलेमी (दूसरी शताब्दी) ने ओलोइखोर (आलुवखेड) का उल्लेख किया है। पाँचवीं शताब्दी के एक अभिलेख से इस अनुमान की पुष्टि हो जाती है कि दक्षिणी तट पर **आलुपों** का शासन था। कीर्ति-वर्मन् प्रथम और पुलकेशिन द्वितीय के काल में पश्चिमी चालुक्यों ने उनको जीत लिया था। चालुक्यों के मातहत गुणसागर (लगभग सन् ६५० ई०) बनवासि का गवर्नर था। उसका बेटा चित्रवाहन प्रथम (लगभग सन् ६७५-७०० ई०) सबसे पहला महान् **आलुप** शासक था। उदयवर में गृह-युद्ध छिड़ गया और यद्यपि चित्रवाहन उसको दबाने में सफल रहा, पर वह युद्ध सन् ७५० ई० तक चलता रहा।

IX. कोंगुदेश और केरल

कोंगुदेश की, (आनैमलइ से लेकर शेवराय पहाड़ियों तक का प्रदेश, अर्थात् कोयम्बटोर का पूरा और सालेम जिले का अधिकांश भाग) जिसे कुछ विद्वान् अशोक

---

१. ई. इ., III. ७८-७९, XVII, ६-७।
२. राइस, पू. पु., पृ. २०।
३. ज. इ. हि., XXIX, १६८।

के सतियपुत्र से अभिन्न मानते हैं, शंगम-युग में अपनी एक अलग राजनीतिक हैसियत थी, और रोम-साम्राज्य से उसके सक्रिय व्यापारिक सम्बन्ध थे। जिस काल की हम चर्चा कर रहे हैं, उस काल में कोंगुदेश पर पश्चिमी गंगों, पल्लवों और पाण्ड्यों के बराबर आक्रमण होते रहे। अशोक और शंगम कालों के बाद, केरल का इतिहास एक प्रकार से अज्ञात है, हालाँकि हम इतना जानते हैं कि उस पर पेरुमलों का शासन था। क्रिस्चियन टोपोग्राफी[1] के लेखक कॉस्मस इन्दिकोप्ल्यूस्तीज (Cosmas Indicopleustes) ने छठी शताब्दी में मालाबार में ईसाई धर्म के अस्तित्व का उल्लेख किया है।

परिशिष्ट

पल्लवों की वंशावली और तिथिक्रम

१. पल्लवों का उत्थान

ऐसा प्रतीत होता है कि कदम्बों की तरह पल्लवों के नाम की व्युत्पत्ति भी गण-चिह्न या टोटम से है। तालगुंड अभिलेख में, जो ईसा की पाँचवीं शताब्दी का है, उनको क्षत्रिय कहा गया है। लेकिन सम्भवतः उनके अन्दर उत्तर भारत के भारद्वाज गोत्र के ब्राह्मण कुल और दक्षिण के आदिवासी नागकुल का मिश्रण था। इस नाग-कुल का काँची (मद्रास राज्य के चिंगलपेट जिले में आधुनिक काँजीवरम्) के क्षेत्र पर शासन था। उत्तरी और दक्षिणी पेन्नेर के बीच का यह क्षेत्र अरुवानाडु कहलाता था, जिसे टोलमी के भूगोल (Geography, ल. सन् १४० ई०) में शायद अरुआरनोइ लिखा गया है। इस यूनानी भूगोलशास्त्री के अनुसार, उसके समय में अरुआरनोइ पर एक बसरोनाग नाम के राजा का शासन था, जो निस्सन्देह आदिवासी नागकुल का था। एक पुरालेखीय सन्दर्भ उपलब्ध है, जिसके अनुसार पल्लवों के गोत्रर्षि (भरद्वाज) और इस परिवार के ब्राह्मण प्रजनक के एक वंशज अश्वत्थामा का विवाह मदनी नाम की एक अप्सरा से हुआ था, जबकि वेलूर पालय्यम के अभिलेख में स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि वीरकूर्च ने, जो पल्लव परिवार के प्रारम्भिक सदस्यों में से था, राजचिह्न के साथ-साथ एक नाग राजकुमारी का पाणिग्रहण किया था। हालाँकि ये सब पुराणकथाएँ हैं, लेकिन नागों और पल्लवों के सम्बन्ध का अनुमान टालेमी की साक्षी से लगाया जा सकता है। सम्भव है कि सातवाहनों के अन्तर्गत पल्लव आरम्भ में प्रान्तीय गवर्नर रहे हों और फिर नागों को अपदस्थ करके काँची के क्षेत्र में उन्होंने अपनी सत्ता कायम कर ली हो। काँची क्षेत्र पर पल्लवों का स्वामित्व दूसरी शताब्दी के दूसरे चतुर्थांश के बाद ही हो सकता है जबकि, टोलमी के अनुसार वहाँ पर नागों का राज

---

१. ऊपर देखिए पृ. ४१।

था। लेकिन स्वतन्त्र सत्ता के रूप में पल्लवों का उत्थान, बहुत सम्भव है, चौथी शताब्दी के मध्य से काफी पहले ही हो चुका हो जब समुद्रगुप्त से "काँची के विष्णुगोप" का संघर्ष हुआ था, जो निस्सन्देह पल्लव-वंश का ही था। इस परिवार के प्रारम्भिक अभिलेख प्राकृत भाषा में उत्कीर्ण लेख हैं, जो सिंह-वर्मन्, शिवस्कन्द वर्मन् और स्कन्द वर्मन् आदि पल्लव राजाओं के हैं। इन अभिलेखों की भाषा और पुरालिपिक आधारों पर तीसरी सदी के अन्तिम चतुर्थांश और चौथी सदी के पूर्वार्ध का मान सकते हैं। चौथी सदी के उत्तरार्ध में संस्कृत ने प्राकृत को दक्षिण भारतीय पुरालेखन के क्षेत्र से बहिष्कृत कर दिया था। प्राकृत अभिलेखों की जो तारीख बतायी गयी है, पल्लव वंश ने उससे पहले ही, लेकिन शायद बहुत पहले नहीं, काँची में अपनी सत्ता कायम कर ली थी। कुछ पूर्व मध्यकालीन अभिलेखों में इस परिवार को **गोत्रर्षि** भरद्वाज के माध्यम से ब्रह्मा का वंशज बताया गया है; लेकिन इस वंश के जिन आदि पुरुषों के नाम गिनाये गये हैं, वे सब मिथकीय हैं, इसलिए अविश्वसनीय हैं। "त्रिनेत्र पल्लव" का आख्यान स्पष्टतः लोकवार्ता का अंग है। लेकिन उन परम्पराओं में सत्य के बीज निहित हैं, जिनमें कहा गया है कि स्कन्दशिष्य ने सत्यसेन को हराया था, कुमारविष्णु ने काँची पर कब्जा कर लिया था और बुद्धवर्मन् ने चोलों से युद्ध किया था, हालाँकि इन सबको उन पल्लव राजाओं से पहले की तारीख में नहीं रखा जा सकता, जिनका प्राकृत उत्कीर्ण लेखों में जिक्र आया है। बाद के अभिलेखों में वंशावली की जो सूचियाँ दी गयी हैं, उनमें, लगता है, पल्लव राजवंश की एक से अधिक वंशावलियों के नामों को गड्डमड्ड कर दिया गया है।

२. प्राकृत अभिलेखों के पल्लव

मायिडवोलु अनुदान-पत्र में पल्लव युवराज शिवस्कन्द-वर्मन् के पिता के शासन-काल के दसवें वर्ष में काँचीपुर से अन्ध्रापथ के गवर्नर के नाम, जो धान्यकटक (कृष्णा जिले का अमरावती) में रहता था, जारी एक आदेश है। हीरहडगल्लि का अनुदान-पत्र भी उसी नगर से स्वयं शिव स्कन्दगुप्त के शासन के आठवें वर्ष में जारी हुआ था। वह तब तक अपने परिवार की स्वतन्त्र सत्ता कायम हो जाने के उपलक्ष में एक **अश्वमेध** यज्ञ कर चुका था। उस समय काँची के पल्लवों के राज्य में कृष्णा-तुङ्ग-भद्रा की घाटियों के विशाल क्षेत्र के साथ ही कुन्तल प्रदेश या कन्नड़ देश और सम्भवतः दक्षिण मैसूर का गंग-प्रदेश भी शामिल था। लगता है कि उन्होंने कृष्णा गुन्टूर का क्षेत्र इक्ष्वाकुओं से जीता था, जो सातवाहनों के पतन के बाद शक्तिशाली बन गये थे और उन्होंने करीब तीन पीढ़ियों तक राज किया था।

शिव-स्कन्द-वर्मन् ने अपने पिता का **बप्प** कहकर हवाला दिया है। इसे प्राकृत का शब्द मानना चाहिए, जिसका अर्थ "पिता" होता है, न कि व्यक्ति-नाम के रूप में क्योंकि पिता के अर्थ में इस शब्द का अनेक अनुदान-पत्रों में प्रयोग हुआ है और बाद के

अभिलेखों में निर्दिष्ट पल्लवों की परम्परागत वंशावली में दिये गये सभी नामों से यह नाम बिल्कुल भिन्न है। सिंह-वर्मन् नाम के पल्लव राजा का प्राकृत अभिलेख अभी हाल में ही गुन्टूर जिले में मिला है। उसकी पुरालिपि इक्ष्वाकुओं के अभिलेखों की पुरालिपि से बहुत ज्यादा मिलती जुलती है, और वह शिवस्कन्द-वर्मन् के अनुदान-पत्रों से पहले का है। यह नामुमकिन नहीं है कि यह सिंह-वर्मन् ही शिवस्कन्द-वर्मन् का पिता हो। जो भी हो, ऐसा लगता है कि सिंह-वर्मन् तीसरी सदी के अन्तिम चतुर्थांश में शासन करता था, और शिवस्कन्द वर्मन् चौथी सदी के पहले चतुर्थांश में।

ऐसा प्रतीत होता कि सिंह-वर्मन् का उत्तराधिकारी राजा स्कन्द-वर्मन् था, जो श्रीविजय-स्कन्द-वर्मन् कहलाता था। उसका जिक्र ब्रिटिश म्यूजियम में रखे गुन्टूर जिले में प्राप्त अनुदान-पत्र में मिलता है। कुछ विद्वानों का मत है कि शिवस्कन्द-वर्मन् नाम में **शिव** एक आदरसूचक विशेषण है, उसी तरह जैसे **श्रीविजय** पूर्वपद है, जो स्कन्द-वर्मन् के नाम के आगे लगाया जाता था, अतः **शिव** स्कन्द-वर्मन् और **श्रीविजय** स्कन्द-वर्मन् एक दूसरे से अभिन्न हैं। लेकिन इस बात को ध्यान में रखते हुए कि दक्षिण भारत में, प्राचीन काल में, शिवस्कन्द और भावस्कन्द जैसे नाम आमतौर पर प्रचलित थे (मिलाइए, आधुनिक तमिल नाम शिवपण्मुखम्) तथा अनुदान-पत्र का मसौदा तैयार करने के जिम्मेदार कर्मचारी इस बात के प्रति कि राजा के नाम के आगे एकमात्र आदरसूचक पूर्वपद शिव लगाने से संदिग्धता उत्पन्न हो सकती है, शायद ही लापरवाह हो सकते थे यह बेहतर लगता है कि हम शिवस्कन्द-वर्मन् और स्कन्द-वर्मन् को एक दूसरे से भिन्न राजा मानें। चूँकि ब्रिटिश म्यूजियम में रखे अनुदान-पत्र में संस्कृत भाषा का प्रभाव अधिक गहरा दिखाई देता है, इसलिए स्कन्द-वर्मन् को शिवस्कन्द-वर्मन् से कुछ बाद की तारीख में रखना ठीक होगा। लेकिन यह स्वीकार करना होगा कि पूर्व-मध्यकालीन विवरणों ने शिवस्कन्द-वर्मन् को पल्लव-परिवार के अन्य कितने ही स्कन्द-वर्मनों के साथ गड्डमड्ड कर दिया है। ब्रिटिश म्यूजियम के अनुदान-पत्र में स्कन्द-वर्मन् के अलावा युवराज बुद्ध वर्मन् का निर्देश है (जिसका स्कन्द-वर्मन् से क्या रिश्ता था, यह स्पष्ट नहीं है) और बुद्ध वर्मन् के एक बेटे बुद्धयंकुर का भी जिक्र है। यह निश्चित करना संभव नहीं है, कि यह युवराज भी कभी गद्दी पर बैठा था उसके बेटे की तो चर्चा ही क्या।

इससे अगला पल्लव राजा, जिसके बारे में हमें ज्ञात है, विष्णुगोप था, जो चौथी सदी के तीसरे चतुर्थांश में समुद्रगुप्त से लड़ा था। लेकिन प्राकृत अभिलेखों के राजाओं से इस विष्णु गोप का क्या रिश्ता था, यह अनिश्चित है। (देखिए, इस परिच्छेद के अन्त में वंशावली की तालिका सं० १)।

३. संस्कृत सनदों से ज्ञात काँची के पल्लव

बाद की तारीख में काँची से जारी किये गए पल्लव राजाओं के संस्कृत में लिखे दो अनुदान-पत्र उपलब्ध हैं — कुमारविष्णु द्वितीय का चेन्दलुर अनुदान-पत्र और नन्दि-वर्मन् तृतीय उदयेन्दिरम अनुदान-पत्र। इन्हें जारी करनेवाले शासकों के नामों के

साथ-साथ उनके तीन-तीन पूर्वजों के भी नाम दिये गये हैं। इन दोनों में चेन्दलुर का अनुदान-पत्र, जिसे कुमारविष्णु द्वितीय ने जारी किया था, अधिक प्राचीन जान पड़ता है। इसके अनुसार कुमार विष्णु द्वितीय, बुद्ध-वर्मन् का बेटा, कुमारविष्णु प्रथम का नाती या पोता और स्कन्द-वर्मन् का परपोता था। यह ज्ञात नहीं है कि चेन्दलुर अनुदान-पत्र का स्कन्द-वर्मन् ब्रिटिश म्यूजियम वाले अनुदान-पत्र का पल्लव राजा स्कन्द-वर्मन् है या कोई दूसरा। यह भी मुमकिन है कि चेन्दलुर अनुदान-पत्र, के कुमारविष्णु प्रथम और बुद्ध-वर्मन् बाद के एक अभिलेख में सूचित किये गये कुमारविष्णु से, जिसने काँची-विजय की थी, और बुद्ध-वर्मन् से, जिसे 'चोल सेना के लिए बड़वानल के समान' कहा गया है अभिन्न हों। लेकिन कुमार-विष्णु ने काँची को अपने ही परिवार के किसी सदस्य से जीता था या चोलों से, जिन्होंने शायद उस पर अस्थायी अधिकार कर लिया था, यह भी अनिश्चित है। कुमारविष्णु किसी भी सूरत में, पाँचवीं सदी के पहले चतुर्थांश के बाद में काँची का शासक नहीं हो सकता था।

उदयेन्दिरम् का अनुदान-पत्र नन्दि-वर्मन् ने जारी किया था। वह स्कन्द-वर्मन् तृतीय का बेटा, सिंह-वर्मन् प्रथम का पोता और स्कन्द-वर्मन् द्वितीय का परपोता था। पल्लव राजा सिंह-वर्मन् प्रथम और उसके बेटे स्कन्द-वर्मन् तृतीय का गंगों के पेनकोंड वाले अनुदान पत्र में यह उल्लेख हुआ है कि उन्होंने क्रमशः गंग राजाओं' हरि-वर्मन्[1] और उसके बेटे माधवसिंह-वर्मन् (प्रत्यक्षतः उसका नामकरण उसके पिता के पल्लव अधिराज के नाम पर किया गया है, जो उसका नाना भी हो सकता है।) का राज्याभिषेक किया था। लगता है कि इस पल्लवसिंह-वर्मन् का उल्लेख जैनकृति **लोकविभाग** में भी हुआ है। इस पुस्तक के लेखन की तारीख पल्लवों के स्वामी, सिंह-वर्मन् के शासन-काल का बाईसवाँ वर्ष है, जो शक संवत् के हिसाब से ३८० (सन् ४५८ ई०) होता है। इस प्रकार सिंह-वर्मन् ने सन् ४३६ से लेकर कम से कम सन् ४५८ ई० तक राज किया था। इस प्रकार उदयेन्दिरम् अनुदान-पत्र में काँची के पल्लव राजाओं की जिन चार पीढ़ियों का जिक्र है, उनका समय हम पाँचवीं सदी के पहले चतुर्थांश से लेकर छठी सदी के पहले चतुर्थांश तक मान सकते हैं।

छठी सदी के पहले चतुर्थांश में काँची के पल्लव राजा चंडदंड और कदम्ब राजा रवि-वर्मन् में युद्ध हुआ था। चंडदंड उदयेन्दिरम् वाले अनुदान-पत्र के नन्दि-वर्मन् का **विरुद** था या उसके तुरन्त बाद वाले उत्तराधिकारियों का, यह ज्ञात नहीं है। लेकिन शान्ति वर्मन् नाम के पल्लव राजा के बारे में मालूम है कि वह कदम्ब राजा विष्णु-वर्मन् का अधिराज था, जिसका रवि-वर्मन् ने कत्ल किया था।[2] यह बिल्कुल सम्भव है कि चंडदंड इस शान्ति-वर्मन् का ही **विरुद** रहा हो।

महत्तर पल्लव राजा महेन्द्र वर्मन् प्रथम के बारे में, जो सातवीं शताब्दी के शुरू में गद्दी पर बैठा था, ज्ञात है कि उससे पहले उसके बाप सिंहविष्णु और दादा सिंह-वर्मन्

---

१. ऊपर देखिए, पृ. २६४-६५।

२. ऊपर देखिए, पृ. ३०६।

ने राज किया था। यह सिंह-वर्मन् काँची का राजा था और उदयेन्दिरम् अनुदान-पत्र के नन्दि-वर्मन् का वंशज था या नहीं, इसका निर्णय नहीं किया जा सकता। पल्लव राजाओं की जो सूची वायलूर वाली वंशावली में मिलती है, वह आरम्भ के राजाओं के बारे में तो बिल्कुल व्यर्थ है लेकिन महत्तर पल्लवों से तुरन्त पहले आने वाले नामों के बारे में उपयोगी हो सकती है; तीन राजाओं के नाम, अर्थात् सिंह-वर्मन् (उदयेन्दिरम वाले अनुदान-पत्र के) नन्दि-वर्मन् और सिंह-वर्मन् के बीच जो महेन्द्रवर्मन् प्रथम का दादा था, सिंह वर्मन् और विष्णुगोप को रखा गया है। लेकिन शान्ति-वर्मन् चंडदंड का नाम न होने से इस सूची का यह हिस्सा भी बेहद सन्दिग्ध बन जाता है। (देखिए, इस परिच्छेद के अन्त में वंशावली की तालिका, सं० २)।

४. पल्लवों की सगोत्री शाखा

प्राकृत अभिलेखों से पता चलता है कि काँची के पल्लव घराने के साथ-साथ उनके राज्य के उत्तरी भाग में पल्लव-परिवार की एक गौण शाखा भी राज करती थी। इस शाखा के शासकों ने, जिनके बारे में उनके संस्कृत अभिलेख से ज्ञात होता है, मोटे तौर पर सन् ३७५ से ५७५ ई० तक राज किया था।

दरसी अनुदान-पत्र, जिसका एक टुकड़ा ही मिल सका है, किसी पल्लव राजा ने दशनपुर (नेल्लोर जिले का दरसी) से जारी किया था। इस राजा के बारे में सिर्फ इतना ही मालूम है कि वीरकूर्च वर्मन् उसका परदादा था। तिथिक्रम से इसके बाद का ओमगोदु अनुदान-पत्र (नं० १) है, जिसे राजा स्कन्द-वर्मन् द्वितीय ने अपने शासन के ३३वें वर्ष में ताम्राप से जारी किया था। वह वीर-वर्मन् का बेटा, स्कन्द-वर्मन् प्रथम का पोता और कुमारविष्णु का परपोता था, जिसने शिवस्कन्द-वर्मन् की तरह **अश्वमेध** यज्ञ किया था। यह नामुमकिन नहीं लगता कि उत्तरी पल्लवों के इस वंश की स्थापना काँची के राजा के किसी पल्लव वाइसराय ने उस समय की हो जब समुद्रगुप्त ने काँची के राजा को हरा दिया था। अगर यह ठीक हो तो कुमार विष्णु का **अश्वमेध** यज्ञ परिवार की खोई हुई सत्ता की, कम से कम पल्लव-साम्राज्य के उत्तरी भाग में ही सही, पुनः स्थापना का सूचक हो सकता है।

स्कन्द वर्मन् द्वितीय का बेटा विष्णुगोप या विष्णुगोप-वर्मन्, शायद अपने बेटे सिंह-वर्मन् के शासन-काल में भी, जब उसने पलक्कड से अपना उरुवुपल्लि अनुदान-पत्र जारी किया था, युवराज के पद पर ही रहा था। **धर्ममहाराज** सिंह-वर्मन्, जिसकी सबसे बाद की ज्ञात तारीख उसके शासन का १०वाँ वर्ष है, आमतौर पर अपने अनुदान-पत्र मेन्मातुर और दशनपुर से जारी करता था। इस परिवार का अन्तिम ज्ञात राजा विष्णुगोप वर्मन् द्वितीय, सिंह-वर्मन् का बेटा था, जिसने चुर या नरसरावपेट वाला अनुदान-पत्र पालोत्कट (पलक्कड) से जारी किया था। छठी शताब्दी के अन्तिम

चतुर्थांश में इस परिवार की जगह शायद महत्तर पल्लव-वंश का राजा सिंहविष्णु जम गया था। ऐसा प्रतीत होता है कि इस वंश के राजाओं के नामों को पूर्व मध्य-कालीन अभिलेखों में दी गयी काँची के पल्लव राजाओं की परम्परागत सूची से गडमडा दिया गया है। (इस परिच्छेद के अन्त में देखिए, वंशावली सं० ३)।

५. महेन्द्र-वर्मन् और उसके उत्तराधिकारी

यद्यपि महेन्द्र-वर्मन् प्रथम और उसके उत्तराधिकारियों ने अपने समकालीन अन्य राजाओं की प्रथा के प्रतिकूल, अपने विवरणों पर किसी भी प्रचलित संवत् की तारीख नहीं डाली, लेकिन बादामि के चालुक्य राजाओं से, जिनकी तारीखें ज्ञात हैं, इनके सम्बन्धों के आधार पर इनका कालानुक्रम सही-सही जाना जा सकता है। जैसा ऊपर लिखा जा चुका है, महेन्द्र वर्मन् प्रथम और उसका बेटा नरसिंह-वर्मन् दोनों ही चालुक्य राजा पुलकेशिन द्वितीय के समकालीन थे।

नरसिंह वर्मन् ने बादामि पर कब्जा कर लिया। वहाँ एक अभिलेख है, जिसकी तारीख अनुमानतः उसके शासन का तेरहवाँ वर्ष है। उसने वातापिकोण्ड, अर्थात् "बादामि का विजेता" की उपाधि धारण की थी। सन् ६४२ ई० के लगभग वल्लभ राजा, अर्थात् पुलकेशिन द्वितीय को हराने में लंका के राजकुमार मान-वर्मन् ने पल्लव राजा नरसिंह वर्मन् की सहायता की थी और फिर सन् ६६८ ई० के लगभग नरसिंह वर्मन् की मदद से वह लंका की गद्दी प्राप्त करने में सफल रहा था।

विक्रमादित्य प्रथम के गदवल अनुदान-पत्र से जाहिर होता है (चालुक्यों के अन्य अभिलेख भी इस तथ्य की पुष्टि करते हैं) कि पल्लवों को हराने और काँची पर कब्जा कर लेने के बाद उसने २५ अप्रैल सन् ६७४ ई० को उरगपुर (तिरुचिरापल्ली के निकट आधुनिक उडययूर) में पड़ाव डाला था। यह भी कहा गया है कि अपने पिता का खोया हुआ साम्राज्य वापस करने के लिए विक्रमादित्य प्रथम को नरसिंह वर्मन् प्रथम, उसके बेटे महेन्द्र वर्मन् द्वितीय और उसके पोते ईश्वर या परमेश्वर वर्मन् प्रथम से युद्ध करना पड़ा था। चूँकि नरसिंह वर्मन् सन् ६४२ ई० से कुछ समय (शायद १३ साल) पहले अपने बाप की गद्दी पर बैठा था और उसका पोता परमेश्वर वर्मन् सन् ६७४ ई० में राजा था, और चूँकि मान-वर्मन् का लंका की गद्दी पर सन् ६६८ ई० से पहले बैठना सम्भव नहीं दीखता, इसलिए नरसिंह वर्मन् प्रथम और महेन्द्र वर्मन् द्वितीय का शासन-काल मोटे तौर पर क्रमशः सन् ६३०-६८ ई० और सन् ६६८-७० ई० समझा जा सकता है।

परमेश्वर-वर्मन् प्रथम का दावा है कि उसने विक्रमादित्य (चालुक्य राजा विक्रमादित्य प्रथम) को हराकर रणरसिक (विक्रमादित्य प्रथम) के नगर अर्थात् चालुक्य राजधानी बादामि को नष्ट कर दिया था, अतः उसने ये सफलताएँ अवश्य ही अप्रैल ६७४ ई० के बाद ही प्राप्त कीं। परमेश्वर वर्मन् प्रथम के बाद उसका बेटा नरसिंह वर्मन् गद्दी पर बैठा था, जिसके शासन की निश्चित तारीख हमें मालूम है। एक चीनी

विश्व-कोश Tsǒ-fou-yuan Kouei के अनुसार, जो लगभग सन् १०१३ ई० में संकलित किया गया था, चे-ली-ना-लो-सेंग-किया (अर्थात् श्री नरसिंह वर्मन्) ने सन् ७२० ई० में अपना एक राजदूत चीन भेजा था। उसने चीन के सम्राट से ता-चे (ताजिक या अरबों) और तोऊ-पो (तिब्बतियों) आदि को दण्ड देने के लिए प्रस्ताव किया था कि वह अपनी गजसेना और घुड़सेना भेजने को तैयार है। इसके अलावा, उसने चीन के सम्राट से आग्रह किया था कि वह उसकी सेना का कोई उपयुक्त नाम रख दें। कहा जाता है कि चीनी सम्राट इससे बहुत प्रसन्न हुआ था और उसने नरसिंह वर्मन् की सेना को "सद्गुणाकांक्षी सेना" का नाम दिया था।[1] एक और वाक्य-पद के अनुसार कुछ महीनों के बाद चीन के सम्राट ने अपना राजदूत भेज कर एक सनद (ब्रैवे) के द्वारा नरसिंह-पोत वर्मन् को (नाम का यह रूप पल्लवों की एक विशेषता थी। चीनी भाषा में इस का रूपान्तर चे-लि-न-लो-सेंग-किआ-पओ-तो-यमो लिखा है) "दक्षिण भारत के राज्य का राजा" की उपाधि प्रदान की थी। किउ तांग-चाउ (Kieou-Tâng Chou) के अनुसार दक्षिण भारत के राजा चे-ली-ना-लो-सेन्ग-किया-तो-पा (श्रीनरसिंह पोत वर्मन्) ने उसी साल चीनी यात्रियों के लिए एक बौद्ध विहार का निर्माण करवाया, और चीन के सम्राट ने प्रसन्न होकर उस विहार का नाम "जो सद्गुणों की ओर उन्मुख करे" रखा। इन चीनी हवालों से जाहिर होता है कि पल्लव राजा नरसिंह वर्मन् द्वितीय कम से कम सन् ७२० ई० तक राज करता रहा था। लेकिन इसके बाद शायद वह अधिक दिनों तक जीवित नहीं रहा। उसका बेटा और उत्तराधिकारी परमेश्वर वर्मन् द्वितीय भी कम से कम सन् ७३० ई० तक राज करता रहा, क्योंकि चालुक्य विक्रमादित्य द्वितीय का, जो उस समय तक **युवराज** था, दावा है कि उसने विजयादित्य के शासन के २५वें साल में, या उससे कुछ पहले ही, काँची के राजा पर खिराज बांध दिया था।[2] इसलिए मोटेतौर पर परमेश्वर वर्मन् प्रथम, नरसिंह वर्मन् द्वितीय और परमेश्वर वर्मन् द्वितीय के शासन-काल क्रमशः सन् ६७०-९५ ई० सन् ६९५-७२२ ई० और सन् ७२२-३० ई० अनुमानित किये जा सकते हैं।

सम्भव है कि परमेश्वर-वर्मन् द्वितीय ही काँची का वह राजा हो, जिसका गंग राजा श्रीपुरुष ने विलर्दे के युद्ध में कत्ल किया था। (श्रीपुरुष सन् ७२५ ई० में गद्दी पर बैठा था, लेकिन वह सन् ७८८ ई० में भी राज कर रहा था।) इस गंग राजा का दावा है कि उसने पल्लव छत्र (राज-चिह्न) और परमानड़ि की उपाधि अपने लिए जीत ली थी। बैकुंठ पेरुमाल मन्दिर पर उत्कीर्ण लेख के अनुसार परमेश्वर वर्मन् की मृत्यु के साथ ही पल्लव राज्य नष्ट हो गया और ऐसी अराजकता फैल गयी कि वहाँ का शासन-भार उठाने के लिए कोई राजी नहीं होता था। तब मात्रों, मूलप्रकृतियों और

---

१. के. ए. एन. शास्त्री, फॉरेन नोटिसेज ऑफ साउथ इंडिया, पृ. ११६-१७।

२. विजयादित्य के उल्चल वाले अभिलेख के अनुसार, जो हाल में ही प्राप्त हुआ है, उसके शासन का ३५वाँ वर्ष। (ऐंशिएंट इण्डिया, सं. ५, पृ. ५४)।

दूसरे लोगों का एक शिष्टमंडल **महाराज** हिरण्य-वर्मन् (पल्लव-परिवार का एक सामन्त शासक) से मिला। उसने अन्य जागीरदारों और सामन्तों तथा खुद अपने बेटों से पूछा कि क्या उनमें से कोई काँची का सिंहासन स्वीकारने को तैयार है, लेकिन सबने इन्कार कर दिया; सिर्फ हिरण्य वर्मा के १२ वर्षीय बेटे नन्दि-वर्मन् पल्लवमल्ल ने ही काँची की गद्दी पर बैठने की इच्छा प्रकट की। इस पर हिरण्य-वर्मन् को राजी किया गया कि वह अपने बेटे को इस खतरनाक काम के लिए उत्सर्ग कर दे और इस प्रकार पल्लवमल्ल गद्दी पर बैठा। ये तथ्य श्रीपुरुष के दावे की सचाई की ओर भी संकेत करते हैं। (देखिए, इस परिच्छेद के अन्त में वंशावली की तालिका सं० ४)

६. नन्दि-वर्मन् पल्लवमल्ल

हम देख चुके हैं कि सन् ७२० ई० में नन्दि-वर्मन् द्वितीय काँची का शासक था और उसके बेटे और उत्तराधिकारी परमेश्वर-वर्मन् द्वितीय ने कम से कम सन् ७३० ई० तक राज किया था, और वह शायद गंग राजा श्रीपुरुष (राजतिलक तिथि सन् ७२५ ई०) के हाथों युद्ध में मारा गया था। इसलिए नन्दि-वर्मन् पल्लवमल्ल का किसी भी सूरत में सन् ७३० ई० से पहले शासन शुरू करना नहीं हो सकता।

नन्दि-वर्मन् पल्लवमल्ल के राज्याभिषेक की सही-सही तारीख विजयादित्य के बेटे विक्रमादित्य द्वितीय (सन् ७३३-४५ ई०) से उसके सम्बन्धों को दृष्टि में रखकर ही निर्धारित की जा सकती है, जिसका दावा है कि उसने तुंडक देश (पल्लव राज्य) पर आक्रमण किया था, और अपने प्रकृत शत्रु पल्लव राजा नन्दिपोत-वर्मन् को हराकर काँची पर कब्जा कर लिया था। चालुक्य राजा विक्रमादित्य द्वितीय द्वारा पल्लवों की राजधानी पर किये कब्जे की पुष्टि काँजीवरम् (पुराना काँची) के राजसिंहेश्वर मन्दिर में मिले एक अभिलेख से भी होती है। नेल्लोर जिले में एक अभिलेख मिला है, जिसकी तारीख नन्दिपोतरशर (नन्दिपोतराज, अर्थात् नन्दि-वर्मन् पल्लवमल्ल) के शासन का पन्द्रहवाँ वर्ष है, और जिसके अनुसार कुछ व्यक्तियों ने **आज्ञपतियों** या चालुक्यरशर (चालुक्यराज) के निष्पादकों की हैसियत से आलुपरशर (आलुपराज) के आदेश पर तिरुवान्बूर के सुब्रह्मण्य मन्दिर को सोना दान किया था। इसमें कोई सन्देह नहीं कि यह चालुक्य राजा विक्रमादित्य द्वितीय के अलावा और कोई नहीं था, और आलुप के राजा बादामि के शासकों के सामन्त थे। इस प्रकार नन्दि-वर्मन् के शासन का पन्द्रहवाँ साल सन् ७३३-४५ ई० में किसी समय पड़ता है जो विक्रमादित्य द्वितीय का शासन-काल है। इससे जाहिर होता है कि पल्लव मल्ल के गद्दी पर बैठने की तारीख सन् ७३०-३१ ई० के बाद की नहीं हो सकती। इससे स्पष्ट है कि नन्दि-वर्मन् पल्लवमल्ल सन् ७३० ई० में गद्दी पर बैठा था। और चूँकि उसकी सबसे अन्तिम ज्ञात तारीख उसके शासन का ६५वाँ साल है, इसलिए उसने कम से कम

सन् ७९५ ई० तक राज किया था, शायद उससे भी कुछ बाद तक। जो भी हो, नन्दि वर्मन पल्लवमल्ल का शासन-काल ८०४ ई० से कुछ पहले ही समाप्त हो गया लगता है, जबकि एक राष्ट्रकूट अभिलेख के अनुसार काँची की गद्दी पर उसका बेटा दन्तिग या दन्ति-वर्मन आसीन था।

वंशावली

१. प्राकृत अभिलेखों के पल्लवों की प्रास्ताविक वंशावली

१. सिंह-वर्मन् (तीसरी शताब्दी के अन्त में)
२. शिवस्कन्द-वर्मन् (चौथी शताब्दी के आरम्भ में)
३. स्कन्द वर्मन् (चौथी शताब्दी के दूसरे चतुर्थांश के लगभग)
- बुद्ध-वर्मन्
  - बुद्ध्यंकुर
- ४. विष्णुगोप (चौथी शताब्दी का तीसरा चतुर्थांश)

२. संस्कृत अनुदान-पत्रों से ज्ञात काँची के पल्लवों की प्रास्ताविक (tentative) वंशावली

३. स्कन्द-वर्मन् प्रथम
- बुद्ध-वर्मन्
  - (बुद्ध्यंकुर)
- ४. विष्णुगोप (चौथी शताब्दी का तीसरा चतुर्थांश)
- ५. कुमारविष्णु प्रथम
  - ६. बुद्धवर्मन्
    - ७. कुमार विष्णु द्वितीय (पाँचवीं शताब्दी का आरंभ)
      - ८. स्कन्द-वर्मन् द्वितीय
        - ९. सिंह-वर्मन् (सन् ४३६-५८)
          - १०. स्कन्द-वर्मन् तृतीय
            - ११. नन्दि-वर्मन् प्रथम

१२. शान्ति वर्मन् चंडदंड
(छठी शताब्दी का आरंभ)
१३. सिंह-वर्मन् (लगभग सन् ५५०-५७५ ई०)
१४. सिंहविष्णु (लगभग सन् ५७५-६००)
१५. महेन्द्र-वर्मन् प्रथम
(लगभग सन् ६००-६३० ई०)

३. नेल्लोर-गुन्टूर क्षेत्र के पल्लवों (लगभग सन् ३७५-५८५ ई०) की प्रास्ताविक वंशावली

१. वीरकूर्च वर्मन्
२. कुमारविष्णु
३. स्कन्द-वर्मन् प्रथम
४. वीर-वर्मन् प्रथम
५. स्कन्द-वर्मन् द्वितीय
विष्णुगोप-वर्मन्
६. सिंह-वर्मन्
७. विष्णुगोप-वर्मन् द्वितीय

४. बृहत्तर पल्लवों की प्रास्ताविक वंशावली

१. सिंह वर्मन् (लगभग ५५०-५७५ ई०)
२. सिंहविष्णु (लगभग ५७५-६०० ई०)
३. महेन्द्र वर्मन् प्रथम (लगभग ६००-६३० ई०)
४. नरसिंह-वर्मन् प्रथम (लगभग ६३०-६८ ई०)
५. महेन्द्र वर्मन् द्वितीय (लगभग ६६८-७० ई०)

६. परमेश्वर-वर्मन् प्रथम (लगभग ६७०-६७५ ई०)

७. नरसिंह-वर्मन् द्वितीय (लगभग ६९५-७२२ ई०)

८. परमेश्वर-वर्मन् द्वितीय (लगभग सन् ७२२-७३० ई०)

९. नन्दि-वर्मन् द्वितीय पल्लवमल्ल (लगभग सन् ७३०-७९६ ई०)

सामान्य सन्दर्भ

आर. गोपालन—**हिस्टरी ऑफ दि पल्लवाज ऑफ काँची ।**
के. ए. नीलकंठन—**फॉरेन नोटिसेज ऑफ साउथ इण्डिया,** न्यू हि. इ. पी., अ. XII ।
एन. वेंकटरामनय्या—ज. ओ. रि., VIII,१–८; XV. ११७-२८ ।
जे. एफ. फ्लीट—**डाइनेस्टीज ऑफ दि कनारीज डिस्ट्रिक्ट्स इन बम्बे, गजे** I. ii. ।
आर. सेवेल—**हिस्टारिकल इस्क्रिप्शंस ऑफ सदर्न इण्डिया ।**
डी. सी. सरकार—**दि सक्सेसर्स ऑफ दि सातवाहन्स इन दि लोवर डेक्कान ।**
पी. शेषाद्रि शास्त्री—ज. आ. हि. सो., II. ६८-६९ ।
एफ. कीलहार्न—**इंस्क्रिप्शंस ऑफ सदर्न इंडिया.** ए. इ. VII ।
ए. एस. अल्तेकर—**द राष्ट्रकूटाज ऐंड देयर टाइम्स ।**

परिच्छेद : १४

श्रीलंका

लम्बकर्ण-कुल के राजा महासेन (सन् ३३४-३६२ ई०)[1] की मृत्यु के बाद, जिसके इतिहास का वर्णन पहले[2] किया जा चुका है, उसका बेटा श्रीमेघवर्ण श्रीलंका का राजा बना। नये राजा ने, जो बड़ा पुण्यशील था, बौद्धों को सन्तुष्ट करने की

---

१. इस परिच्छेद में कालानुक्रम की जिस योजना का पालन किया गया है, उसके बारे में कुछ तफसील जरूरी है। पाली इतिवृत्त **महावंश** (और उसके पूरक **चूलवंश**) और सिंहली इतिवृत्त जैसे **राजावलिय, पूजावलिय, निकायसंग्रह्य** और **राजरत्नाकरय** तथा साथ ही **नरेन्द्र-चरितावलोकन-प्रदीपिका** आदि के विवरणों में अक्सर परस्पर विरोधी तथ्य मिलते हैं, और उनमें दी गई प्रारम्भिक राजाओं की तरीखों पर ५४४ ई. पू. के बुद्ध-निर्वाण का सम्वत् लागू करना, जो उन दिनों लंका में प्रचलित थे, सन्तोषजनक नहीं साबित होता और चीनी आदि अन्य स्रोतों से प्राप्त सूचनाएँ और प्रमाण भी उनसे मेल नहीं खाते हैं। गीगर (Geiger) तथा अन्य विद्वानों के अनुसंधानों से इस सम्बन्ध में उठने वाली कुछ कठिनाइयाँ दूर हो गयी हैं और फ्लीट (Fleet) का यह सुझाव आमतौर पर स्वीकार कर लिया गया है कि आदिकालीन लंका-द्वीप में बुद्ध-निर्वाण की तारीख ४८३ ई. पू. मानी जाती थी। लेकिन फिर भी किसी राजा के शासन काल को वर्षों की पूर्णीकृत संख्या में ठीक ठीक न बताना या उसकी मृत्यु का उल्लेख शासन-काल के किसी विशिष्ट वर्ष में (महीने और दिन का जिक्र किए वगैर ही) करना, इन इतिवृत्तों में उल्लिखित राजाओं के निश्चित कालानुक्रम की तालिका तैयार करने के मार्ग में बाधक सिद्ध होते हैं। अगले पृष्ठों में हमने महानाग के शासन-काल तक गीगर द्वारा निर्धारित कालानुक्रम का अनुसरण किया है, और लमनि सिंगाना के राज्य-काल (नौ वर्ष) का जिक्र नहीं किया है, क्योंकि **चूल-वंश** में उसका उल्लेख नहीं किया गया और सम्भव है कि वह किसी गौण शाखा का सामन्त राजा रहा हो। यह इसलिए भी किया गया है कि गीगर की तालिका में मानवर्मन् के राज्यारोहण के बारे में नौ वर्ष की जो गलती आ गयी है, वह सुधारी जा सके। गीगर के अनुसार मानवर्मन् सन् ६७६ ई० में गद्दी पर बैठा था, हालाँकि किसी भी सूरत में उसका राज्यारोहण सन् ६६८ ई० से बहुत बाद में नहीं हो सकता था। इस राजा के शासन-काल के बाद हमने हूल्त्श (Hultzsch) द्वारा प्रस्तावित तथा अधिक विश्वसनीय कालानुक्रम का अनुकरण किया है। हमें यहाँ यह भी बता देना चाहिए कि गीगर ने राजा जगतीपाल की जो तारीख बतायी है, वह निश्चय ही गलत है। दूसरी ओर, हमने हूल्त्श (Hultzsch) द्वारा प्रस्तावित कालानुक्रम में राजा महेन्द्र प्रथम और अग्रबोधि छठे के शासन-काल से आगे के कालाक्रम में सिर्फ एक साल का मामूली संशोधन किया है। यह इसलिए किया है कि महेन्द्र पंचम और विजयबाहु के राज्यारोहण की गीगर द्वारा बतायी तारीखें अगर दो साल नहीं तो एक साल अवश्य पहले लगती हैं।

२. जिल्द II, पृ. २४१।

कोशिश की और पिता ने जिन बौद्ध-मठों और विहारों को तुड़वा दिया था, उनकी उसने मरम्मत करवाई या उनको नये सिरे से बनवाया। कहा जाता है कि उसके शासन के नवें साल में बुद्ध का दन्त-अवशेष कलिंग से लाकर श्रीलंका के एक बौद्ध विहार में स्थापित किया गया। निस्सन्देह श्रीमेघवर्ण ही चि-मी-किया-पो-मो (गुणजलद) है जिसने वांग-हिउएन-त्से के विवरण हिन्ग-त्चोअन के अनुसार भारतीय राजा सान-मियोड्-तो-लो-क्यु-तो या समुद्रगुप्त के दरबार में दो बौद्धभिक्षु भेजकर गया में एक बौद्ध-विहार बनाने की अनुमति माँगी थी।[1] श्री मेघवर्ण के बाद ज्येष्ठतिष्य गद्दी पर बैठा। वह या तो उसका छोटा भाई था या भाई का सबसे छोटा बेटा, और हाथी दाँत पर नक्काशी के काम में बहुत निपुण था। उससे अगला बुद्धदास था, जो ज्येष्ठतिष्य का बेटा था। वह बड़ा धर्मनिष्ठ राजा था और अपनी प्रजा का अपने बच्चों की तरह पालन करता था। इतिवृत्तों में बुद्धदास को रोगों से मुक्ति दिलाने वाले एक बड़े वैद्य के रूप में पेश किया गया है और कहा गया है कि उसने अपने राज्य के विभिन्न भागों में आम लोगों की चिकित्सा के लिए वैद्य तैनात किये थे। उसके शासन-काल में बौद्ध श्रमण महाधर्मकथिन् ने बौद्ध सूत्रों का सिंहली भाषा में अनुवाद किया था। शायद उसी को चीनी यात्री फा-हिएन ने, जो लंका में सन् ४११-१२ ई० में ठहरा था, अपना सम-कालीन बताया है और उसका नाम ता-मो-क्यु-ती लिखा है। इन पृष्ठों में जिस कालानुक्रम को अपनाया गया है, उससे तो ऐसा प्रतीत होता है कि यह बौद्ध भिक्षु राजा बुद्धदास की मृत्यु के बाद तक जिन्दा रहा था। बुद्धदास का उत्तराधिकारी उसका सबसे बड़ा बेटा उपतिष्य बना, जिसके शासन-काल में एक भयंकर अकाल पड़ा और महामारी फैली थी।[2] उपतिष्य की हत्या खुद उसकी रानी ने की जिसने बाद में उसके भाई और उत्तराधिकारी महानामन् (सन् ४०९-३१ ई०) से शादी कर ली। महानामन् के शासन-काल में विख्यात मगध निवासी बौद्ध लेखक बुद्धघोष, श्रीलंका गया था, जहाँ वह कई साल तक रहा। श्रुति-परम्परा के अनुसार बुद्धघोष सन् ४१२-१३ में लंका के तट पर उतरा था। चीनी स्रोतों के अनुसार त्सा-ली-मो-हो-नान (लंका का महानामन्) ने चीन सम्राट के दरबार में सन् ४२८ ई० में एक पत्र भेजा था।

महानामन् ने अभी २२ वर्ष तक राज किया था कि उसके बेटे स्वस्तिसेन ने उसकी हत्या कर दी। लेकिन उसी दिन उसकी सौतेली बहन ने स्वस्तिसेन की हत्या करके

---

१. देखिए पृ. ११ जहाँ गीगर के आधार पर मेघवर्ण की तारीख दी गई है — महावंश पृ. XXXIX.

२. गीगर का विचार है कि पुराने ४८३ ई. पू. वाले संवत् को त्याग कर नये ५४४ ई. पू. वाले संवत् का प्रयोग **चूलवंश** के आरंभिक काल में ही होने लगा था, जिसमें श्रीमेघवर्ण से लेकर उपतिष्य प्रथम के शासन-काल तक का वर्णन है। चारों राजाओं, अर्थात् श्रीमेघवर्ण ज्येष्ठतिष्य द्वितीय, बुद्धदास और उपतिष्य प्रथम ने **चूलवंश** के अनुसार २८,९,२९,४२ वर्ष (कुल मिलाकर १०८ वर्ष) तक राज किया था। लेकिन गीगर का विचार है कि इन चारों राजाओं ने कुल मिलाकर ४७ साल तक ही राज किया था, और उनके शासन-काल को ६१ साल ज्यादा बढ़ा दिया गया है, ताकि पुराने ४८३ ई. पू. वाले संवत् को ५४४ ई. पू. वाले संवत् से मिलाया जा सके।

अपने पति को गद्दी दिलवा दी। यह नया राजा भी जल्दी ही मर गया और एक मंत्री की मदद से मित्रसेन राजा बना। गद्दी पर बैठने के कुछ दिनों के बाद ही पांड्य नाम के दमिल (द्रविड़ या तमिल) ने, जो दक्षिण भारत के समुद्र तट से आया था और शायद मदुरा के पांड्य राजवंश का सदस्य था, मित्रसेन की हत्या कर दी। जिस समय लंका के उत्तरी भाग को जीतकर दमिलों ने अपना कब्जा जमा लिया, उस समय लंका के सामन्त भागकर द्वीप के दक्षिण भाग के रोहण नगर में चले गये। पांड्य और उसके पांच दमिल उत्तराधिकारियों ने २७ साल (सन् ४३७ से ४६० ई०) तक राज किया। इसके बाद लंका का एक सामन्त धातुसेन (सन् ४६०-४७८ ई०), जो मोरिय (मयूर) कुल का था, विदेशियों को निकालकर सारे द्वीप का शासक बन गया। लगता है कि दमिल राजाओं ने बौद्ध धर्म को संरक्षण नहीं दिया था, लेकिन धातुसेन ने आकर पुनः पुरानी व्यवस्था कायम कर दी। उसने अनेकानेक बौद्ध विहार और मठ बनवाये, तालाब खुदवाये और कई किस्म की अन्य संस्थाएँ स्थापित कीं। उसके सबसे बड़े बेटे काश्यप (सन् ४७८-४९६ ई०) ने अपने पिता से विद्रोह करके उसको गिरफ्तार कर लिया और गद्दी पर अनधिकार कब्जा कर लिया।[1] १८ साल तक शासन करने के बाद बूढ़े राजा की हत्या कर दी गयी। फिर खुद काश्यप के शासन-काल के १८वें वर्ष में, उसका भाई मौद्गल्यायन, जो भागकर चला गया था, भारतीय सैनिकों का एक दस्ता लेकर श्रीलंका-द्वीप लौट आया और लंका के अनेक लोग उसके झंडे के नीचे आकर जमा हो गये। फिर जो युद्ध हुआ, उसमें काश्यप मारा गया और उसका भाई मौद्गल्यायन (सन् ४९६-५१३ ई०) श्रीलंका का राजा बना। एक चीनी विवरण में राजा किया-चे काई-लो-हा-ली-या का जिक्र हुआ है, जिसने सन् ५२७ ई० में चीन के दरबार में अपना राजदूत भेजा था। किया-चे से निस्सन्देह काश्यप का नाम सूचित होता है, लेकिन यह सुझाया गया है कि यहाँ पर श्रीलंका के जिस राजा का उल्लेख है, वह बाद के एक राजा शिलाकाल से अभिन्न है।

कहा जाता है कि मौद्गल्यायन ने भारत की ओर से होने वाले आक्रमणों से लंका-द्वीप को मुक्त करने के लिए समुद्री तट की सीमा-रक्षक सेना तैनात की थी। वह एक धर्मनिष्ठ शासक था, जिसने अपना छत्र और राजचिह्न बौद्धमठ को भेंट करके संघ में अपनी आस्था प्रकट की थी। अपने शासन-काल के १७वें वर्ष में मौद्गल्यायन की मृत्यु हो गयी और उसका बेटा कुमारदास या कुमारधातुसेन (सन् ५१३-२२ ई०) गद्दी पर बैठा। कुछेक लेखकों का विश्वास है कि कुमारदास ने सन् ५१५ ई० में अपना राजदूत चीन के दरबार में भेजा था, लेकिन यह एक गलतफहमी पर आधारित है। श्रीलंका की एक परवर्ती परम्परा, जिसकी प्रामाणिकता सन्दिग्ध है, इस राजा को **जानकी-हरण** काव्य के प्रसिद्ध लेखक कुमारदास से अभिन्न बताती है। लेकिन, कीथ

---

१. गद्दी पर काश्यप का कोई अधिकार नहीं था, क्योंकि उसकी माँ उसके बाप की पटरानी नहीं थी। दरअसल, मौद्गल्यायन गद्दी का वैध दावेदार था।

ने बताया है कि यह काव्य **काशिकावृत्ति** से बाद की रचना है, जो सातवीं सदी के मध्य में रची गयी थी। नौ वर्ष के लगभग राज करने के बाद कुमारदास का बेटा कीर्तिसेन उसका उत्तराधिकारी बना, जिसे कुछ दिनों के अन्दर ही गद्दी से उतारकर उसका मामा राजा बन बैठा। गद्दी पर अनधिकार कब्जा कर लेने वाले इस व्यक्ति का शीघ्र ही उपतिष्य ने (सन् ५२२-२४ ई०) वध किया, जो मौद्गल्यायन का बहनोई था और लम्बकर्ण खानदान का था। दो साल बाद उपतिष्य का विद्रोही बेटा शिलाकाल (सन् ५२४-५३७ ई०) गद्दी पर बैठा। **राजरत्नाकरय** में दी गई एक परम्परा के अनुसार शिलाकाल बुद्ध-निर्वाण से १०८८ वर्ष बाद और लङ्का में बौद्ध धर्म की शुरुआत से ८५२ वर्ष बाद गद्दी पर बैठा था। इस प्रकार प्रतीत होगा कि शिलाकाल बुद्ध-निर्वाण संवत् के १०८९वें वर्ष में राजा बना था, जो सन् ५४५ ई० के बराबर हुआ। कुछ लेखकों का मत है कि एक परम्परा के अनुसार यह तारीख दरअसल वेतुल्ल के धर्म-विधान को (वस्तुतः यह एक वेतुल्ल कृति है जिसका नाम सम्भवतः **धम्मधातु** था) लागू करने की तारीख है, जब शिलाकाल को राज करते हुए १२ साल बीत चुके थे। लेकिन इस संशोधन के बाद भी यह तारीख गीगर के कालानुक्रम के अनुकूल नहीं पड़ती। इसलिए गीगर ने यह अनुमान किया है **राजरत्नाकरय** की परम्परा में ही कोई गलती है। शिलाकाल ने अपने बड़े बेटे मौद्गल्यायन को पूर्वी प्रान्तों का गवर्नर नियुक्त किया और छोटे बेटे दंष्ट्राप्रभूति को मध्य लंका के पहाड़ी क्षेत्र (जिसे मलय कहते हैं), और दक्षिणी प्रान्त का गवर्नर नियुक्त किया। शिलाकाल की जब अपने शासन-काल के तेरहवें वर्ष में मृत्यु हुई तो दंष्ट्राप्रभूति ने जबरन गद्दी पर कब्जा कर लिया, लेकिन शीघ्र ही मौद्गल्यायन के हाथों मारा गया, जो फिर अगला राजा बना।

मौद्गल्यायन द्वितीय (सन् ५३७-५५६ ई०) एक प्रतिभाशाली कवि और धर्मनिष्ठ शासक था, जो अपनी प्रजा में बेहद लोकप्रिय था। लगभग २० वर्ष राज करने के बाद उसकी मृत्यु हो गयी और उसका बेटा कीर्तिश्रीमेघ गद्दी पर बैठा। उसने कुछ दिनों तक ही राज किया जिसके दौरान राजमाता ने राज्य का प्रबन्ध गड़बड़ा दिया। इस बात से शह पाकर दक्षिणी श्रीलंका में रोहण नगर के एक विद्रोही अफसर महानाग ने राजा के विरुद्ध चढ़ाई कर दी। कीर्तिश्रीमेघ को मारकर महानाग (सन् ५५६-५९ ई०) राजा बना और उसने अपनी बहन के बेटे अग्रबोधि को **उपराजा** नियुक्त किया। लगभग तीन साल के बाद महानाग की भी मृत्यु हो गई और अग्रबोधि (सन् ५५९-९२ ई०)[1] गद्दी पर बैठा। अग्रबोधि ने अनेक मठ और विहार बनवाये और कुरुन्दुवव और मिहिन्तले के प्रसिद्ध तालाब खुदवाये। उसने अनेक धार्मिक संस्थाएँ और दान-संस्थान भी स्थापित किये। अग्रबोधि ने सिंहल भाषा में काव्य-रचना को

---

१. सिंहल भाषा के कुछ विवरणों में महानाग और अग्रबोधि के शासन-कालों के बीच नौ वर्षों में एक राजा लमनि सिंगाना का शासन बताया गया है, हमने पादटिप्पणी सं. १ (पृ. ३२२) में दिए गये कारणों से इस राजा का नाम छोड़ दिया है और दोनों के शासन-कालों के बीच के समय को उससे मिला दिया है।

प्रोत्साहन दिया। उसने अपनी बहन के बेटे को, जिसका नाम भी अग्रबोधि था, **महादिपाद** (गद्दी के उत्तराधिकारी की उपाधि) से विभूषित किया। अपने शासन-काल के ३४वें वर्ष में उसकी मृत्यु हो गयी। अग्रबोधि द्वितीय (सन् ५९२-६०२ ई०) ने कन्तलइ और गिरितले के तालाब खुदवाये थे। उसके शासन काल में कलिंग का एक राजा और उसकी रानी श्रीलंका गये और वहाँ विख्यात बौद्ध दार्शनिक ज्योति पाल से संसार-त्याग की दीक्षा ली। कलिंग के राजा का श्रीलंका जाना चालुक्य राजा पुलकेशिन द्वितीय द्वारा दक्षिणी कलिंग पर कब्जा कर लेने की घटना का नतीजा नहीं था, क्योंकि पुलकेशिन का आक्रमण सन् ६३०-३१ ई० में हुआ था। कहते हैं कि अग्रबोधि ने अपना राज्य और अपने आपको बुद्ध के स्मृति चिह्न वाले विहार को समर्पित किया था। अपने शासन-काल के दसवें साल में उसकी मृत्यु हुई।

अगला राजा संघतिष्य था, जो कुछ स्रोतों के अनुसार अग्रबोधि द्वितीय का छोटा भाई था, यद्यपि यह भी संम्भव है कि वह अग्रबोधि की रानी का रिश्तेदार रहा हो। संघतिष्य के गद्दी पर बैठते ही, अग्रबोधि द्वितीय के एक जेनरल मौद्गल्यायन ने दक्षिण लंका के रोहण नगर में उसकी सत्ता के प्रति विद्रोह कर दिया। युद्ध में संघतिष्य मारा गया और मौद्गल्यायन तृतीय (सन् ६०२-०८) गद्दी पर बैठा। संघतिष्य का बेटा ज्येष्ठतिष्य अपनी जान बचाकर भाग निकला। छः साल राज करने के बाद मौद्गल्यायन तृतीय भी एक अन्य विद्रोही के हाथों मारा गया, जिसका नाम शिलामेघ-वर्ण (सन् ६०८-१७ ई०) था, जिसने राजधानी समेत लंका के उत्तरी भाग पर कब्जा जमा लिया। हरेक के प्रति उदारता की नीति अपना कर उसने सब वर्गों के लोगों के दिल जीत लिए। लेकिन श्रीनाग नाम का एक जेनरल, जो राजा संघतिष्य की रानी का भाई था, भागकर दक्षिण लंका चला गया और वहाँ से दमिलों (तमिलों) की एक बड़ी सेना जमा करके शिलामेघवर्ण द्वारा शासित उत्तरी प्रान्त को जीतने के लिए लौटा। लेकिन राजा इस सेना को पूरी तरह कुचलने में सफल रहा। किसी अन्य अपराध के लिए शिलामेघवर्ण ने बौद्ध श्रमणों की एक बड़ी तादाद को कठोर सजा दी और उनमें से सौ को देश निकाला देकर भारत भेज दिया। नौ साल राज करने के बाद उसकी मृत्यु हो गई, और उसके बाद उसका छोटा बेटा अग्रबोधि तृतीय (सन् ६१७-३२ ई०) गद्दी पर बैठा। उसका उपनाम श्रीसंघबोधि था। यह दिलचस्प बात स्मरणीय है कि परवर्ती काल में लंका के राजाओं में एक दूसरे के बाद शिलामेघवर्ण और श्रीसंघबोधि उपनाम धारण करने की प्रथा चल पड़ी थी। अग्रबोधि तृतीय के गद्दी पर बैठने के शीघ्र बाद ही ज्येष्ठतिष्य ने, जो अपने बाप संघतिष्य की मृत्यु के बाद से पुनः गद्दी प्राप्त करने की योजना बनाता रहा था, लंका के दक्षिणी और पूर्वी जिलों पर कब्जा कर लिया और वह राजधानी—नगर अनुराधपुर की ओर फौज लेकर बढ़ा। अग्रबोधि तृतीय को हराकर ज्येष्ठतिष्य तृतीय राजा बन गया। अग्रबोधि तृतीय भागकर दक्षिण भारत चला गया, लेकिन कुछ महीनों के अन्दर ही वह दमिल सैनिकों का एक दस्ता लेकर फिर श्रीलंका वापस पहुँचा। युद्ध में ज्येष्ठतिष्य तृतीय मारा

गया और अग्रबोधि को पुनः उसकी सत्ता मिल गयी। लेकिन ज्येष्ठतिष्य तृतीय का एक जेनरल दंष्ट्राशिव, जिसे उसने किराये के दमिल सैनिक लाने के लिए भारत भेजा था, दक्षिण भारतीय सैनिकों की एक फौज लेकर लौटा और राजधानी पर हमला करने के लिए आगे बढ़ने लगा। अब दंष्ट्राशिव के लिए गद्दी छोड़कर अग्रबोधि तृतीय के भागने की बारी थी और वह भारत चला गया। दंष्ट्राशिव ने दंष्ट्रोपतिष्य का नाम धारण कर लिया। लेकिन अग्रबोधि तृतीय फिर नयी कुमक लेकर वापस लौटा और दोनों प्रतिद्वन्द्वी एक लम्बे अरसे तक लगातार संघर्ष करते रहे, जिससे आम जनता को कठोर दुख झेलने पड़े। अग्रबोधि तृतीय की सन् ७३२ ई० में मृत्यु हो गयी, लेकिन दंष्ट्रोपतिष्य के विरुद्ध उसके छोटे भाई काश्यप द्वितीय (सन् ६३२-४१ ई०) ने संघर्ष जारी रखा। उसने दंष्ट्रोपतिष्य को भागकर भारत जाने के लिए मजबूर कर दिया और फिर भी श्रीलंका में अपनी स्थिति मजबूत बनाने में जुट गया। दंष्ट्रोपतिष्य जब दोबारा दक्षिण भारतीय सैनिकों की एक बड़ी फौज लेकर लौटा तो काश्यप द्वितीय ने उसको युद्ध में मार डाला, यद्यपि दंष्ट्रोपतिष्य का एक बेटा हस्तदंष्ट्र जान बचाकर भारत भाग गया। तदनन्तर काश्यप द्वितीय एक असाध्य बीमारी से ग्रस्त हो गया और उसने प्रशासन का सारा भार अपनी बहन के बेटे मान को सौंप दिया। यह मान रोहण के इक्ष्वाकु परिवार का था। नौ वर्ष के शासन के बाद राजा की मृत्यु हो गयी। उस समय मान दंष्ट्रोपतिष्य द्वारा भारत से लाये गये किराये के दमिल सैनिकों से, जो एक अनुशासनहीन भीड़ की तरह लूटमार कर रहे थे, युद्ध कर रहा था। मान ने अपने पिता दप्पुल को, जो इस बीच रोहण के राज्य का स्वतन्त्र शासक बन गया था, श्रीलंका का राजा बनाकर गद्दी पर बैठाया। लेकिन शीघ्र ही हस्तदंष्ट्र दमिलों का एक नया सैनिक दस्ता लेकर लौट आया। दप्पुल ने भाग कर रोहण में शरण ली, और मान ने पूर्वी प्रान्त में। हस्तदंष्ट्र या दंष्ट्रोपतिष्य द्वितीय ने नौ साल (सन् ६४१-५० ई०) तक राज किया, और उसके बाद उसका छोटा भाई अग्रबोधि चतुर्थ (सन् ६५०-६६ ई०) गद्दी पर बैठा। उसका उपनाम श्रीसंघबोधि था। इस राजा के दरबार में अनेक दमिल सामन्तों को ऊँचे पद प्राप्त थे। वह धार्मिक स्वभाव का आदमी था। वह और उसके पदाधिकारी अपने परोपकारी कार्यों के लिए प्रसिद्ध थे। सोलह साल राज करने के बाद उसकी मृत्यु हो गयी और एक दमिल अफसर ने, जिसका नाम पुस्तकुष्ठ था, हुकूमत पर कब्जा करके दत्त (सन् ६६६-६८ ई०) नाम के एक व्यक्ति को, जो राज-परिवार का था, गद्दी पर बैठा दिया। जब दो साल बाद दत्त की मृत्यु हो गयी तो पुस्तकुष्ठ ने हस्तदंष्ट्र नाम के एक व्यक्ति को गद्दी पर बैठाया। लेकिन इस नये राजा को कुछ महीनों बाद ही मान, मानक या मानवर्मन् (सन् ६६८-७०३ ई०)[1] ने,

---

१. गीगर ने मानव वर्मन् के गद्दी पर बैठने की तारीख सन् ६७६ ई. बतायी है। लेकिन ऊपर लिखित तथ्य पृ. ३१६ को ध्यान में रखें तो यह बात असंभव मालूम देगी, क्योंकि उसकी सहायता करने वाला नरसिंह वर्मन् प्रथम अप्रैल सन् ६७४ ई. से काफी पहले ही गुजर गया होगा।

जो राजा काश्यप द्वितीय का ज्येष्ठ पुत्र था, कत्ल कर दिया। हस्तदंष्ट्र या दंष्ट्रोपतिष्य द्वितीय (सन् ६४१-५० ई०) के शासन-काल में वह भागकर कंडुवेठि (अर्थात् काडुवेट्टि या पल्लव) राजा नरसिंह-वर्मन् के दरबार में भारत चला गया था। यह नरसिंह-वर्मन् निश्चय ही काँचीपुर के पल्लव-वंश का नरसिंह-वर्मन् प्रथम ही था, जिसने चालुक्य राजा पुलकेशिन द्वितीय को सन् ६४२ ई० के लगभग हराया था और जिसने सन् ६७४ ई० (जबकि उसका पोता परमेश्वर-वर्मन् प्रथम राज गद्दी पर विद्यमान था) से कुछ पहले तक राज किया था। मानव-वर्मन् जिन दिनों नरसिंह-वर्मन् के दरबार में ठहरा हुआ था, उन दिनों, कहा जाता है कि वल्लभ (अर्थात् चालुक्य), सम्भवतः पुलकेशिन् द्वितीय, पल्लव राजा से युद्ध करने के लिए आया था। इस प्रकार लगता है कि मानव-वर्मन् सन् ६४२ ई० से पहले ही, और अपने पिता काश्यप द्वितीय की मृत्यु के फौरन बाद ही भागकर पल्लव दरबार में पहुँच गया था। कहा गया है कि मानव-वर्मन् ने वल्लभ या चालुक्य राजा के विरुद्ध नरसिंह-वर्मन् के युद्ध में, जिसमें चालुक्य राजा की पूर्ण हार हुई थी, अपनी अद्भुत वीरता का परिचय दिया था। इस बात से नरसिंह वर्मन् बहुत प्रसन्न हुआ था और उसने मानव-वर्मन् को एक सेना दी, जिसकी मदद से उसने श्रीलंका पर आक्रमण किया। लेकिन इसके बावजूद कि दंष्ट्रोपतिष्य की सेना पर उसने विजय प्राप्त की थी, यह अभियान असफल रहा और मानव-वर्मन् को एक बार फिर भागकर पल्लव राजा नरसिंह-वर्मन् के दरबार में शरण लेनी पड़ी। वह लंका के चार राजाओं, अर्थात् दंष्ट्रोपतिष्य द्वितीय या हस्तदंष्ट्र प्रथम (सन् ६४१-५० ई०), अग्रबोधि-चतुर्थ (सन् ६५०-६६ ई०), दत्त (सन् ६६६-६८ ई०) और हस्तदंष्ट्र द्वितीय (सन् ६६८ ई०) के शासन-काल के दौरान, पल्लव दरबार में ही बना रहा। अन्त में नरसिंह वर्मन् द्वारा उसे सेना देकर श्रीलंका भेजने के लिए राजी हो गया। इस बार मानव-वर्मन् श्रीलंका के नाम-मात्र के राजा हस्तदंष्ट्र द्वितीय और वहाँ के प्रशासक पुस्तकुष्ठ को पूरी तरह हराने में कामयाब हुआ और वह सन् ६६८ ई० के लगभग लंका की गद्दी पर बैठा। कुछ प्राचीन स्रोतों के अनुसार मानव-वर्मन् ने ३५ वर्ष तक राज किया। उसके उत्तराधिकारी उसके बेटे थे—अग्रबोधि पंचम (सन् ७०३-७०९ ई०) जिसने छः साल तक राज किया और काश्यप तृतीय (सन् ७०९-१६ ई०) जिसने शायद सात साल तक राज किया। काश्यप तृतीय के जमाने में उसका भाई **आदिपाद** की हैसियत से राज्य का शासन चलाता था। महेन्द्र (सन् ७१६-१९ ई०) बाद में राजा बना[1] और उसने तीन साल तक राज किया। उसके

---

१. चूँकि महेन्द्र ने **अभिषेक** का निषेध कर दिया, इसलिए उसे आजीवन "**आदिपाद** महेन्द्र" ही समझा जाता रहा। **आदिपाद** की उपाधि गद्दी के वारिस को दी जाती थी। अगर कई आदिपाद होते थे तो राजा का सबसे ज्यादा नजदीकी रिश्तेदार **महादिपाद** पुकारा जाता था। यह उपाधि **युवराज** के समान थी। अक्सर युवराज को **उपराज** की पदवी दी जाती थी, जो अत्यन्त विश्वस्त हैसियत की सूचक थी और उसके साथ अनेक अधिकार भी जुड़े हुए थे, अर्थात् हुकूमत में हिस्सेदारी आदि। लङ्का का उत्तरी भाग राजराष्ट्र (राजा का प्रान्त) कहलाता था, लेकिन दक्षिणी

बाद उसका बेटा अग्रबोधि षष्ठ शिलामेघवर्ण (सन् ७१९-५९ ई०) गद्दी पर बैठा। एक चीनी विवरण के अनुसार एक भारतीय श्रमण वज्रबोधि समुद्री मार्ग द्वारा चीन से लौटते समय लंका के तट पर पहुँचा, जहाँ सन् ७१८-१९ ई० में वहाँ के राजा ची-ली-ची-लो, अर्थात् श्रीशिला ने, जो प्रत्यक्षतः श्रीशिलामेघवर्ण का संक्षिप्त रूप है, उसको निमन्त्रित किया। इन पृष्ठों में कालानुक्रम की जो योजना अपनायी गयी है, उसके अनुसार यह राजा अग्रबोधि षष्ठ शिलामेघ भी हो सकता है, यद्यपि गीगर उसे काश्यप तृतीय से, जिसने भी यह उपाधि धारण की थी, अभिन्न मानता है। चीनी स्रोतों से यह भी ज्ञात होता है कि राजा ची-ली-भी-किया, अर्थात् शिलामेघ या शिलामेघवर्ण ने सन् ७४२ ई० और ७४६ ई० में दो बार चीन के दरबार में अपने राजदूत भेजे थे। इसमें कोई सन्देह नहीं कि राजा अग्रबोधि छठा शिलामेघवर्ण था।

सामान्य सन्दर्भ

डब्ल्यू. गीगर—**महावंश** (अनुवाद) : **चूलवंश** (अनुवाद)
एच. डब्ल्यू. कॉड्रिंगटन — **ए शार्ट हिस्टरी ऑफ सीलोन**
जी. सी. मेन्डिस — **दि अर्ली हिस्टरी ऑफ सीलोन**
हुल्त्श—**कंट्रीब्यूशंस टु सिंहालीज क्रोनोलॉजी**, ज. रा. ए. सो., १९१३, पृ. ५१७

प्रान्त को अक्सर युवराज-राष्ट्र कहा जाता था, जबकि **माया-राष्ट्र** का क्षेत्र (उत्तरी प्रान्त के दक्षिण का प्रदेश) शायद **महादिपाद-राष्ट्र** का नाम था। राजा के छोटे बेटे को अक्सर **मलयराज** (अर्थात् मध्यलङ्का के पहाड़ी इलाके मलय का स्वामी) की पदवी प्रदान की जाती थी।

परिच्छेद : १५

साहित्य

१. संस्कृत

गुप्त-सम्राटों के अन्तर्गत भारत की राजनीतिक एकता और आर्थिक सम्पन्नता के वातावरण में उन्होंने संस्कृत को जिस दृढ़ता से अपना संरक्षण प्रदान किया, उसके परिणाम स्वरूप संस्कृत साहित्य ने अपनी समस्त विधाओं और शाखाओं में उन्नति की। विवेच्य-काल में पुराणों और स्मृति-साहित्य का पूर्ण विकास हुआ। सम्भवतः इस काल में ही महाकाव्यों का भी अन्तिम रूप से परिष्कार करके उन्हें वर्तमान रूप दिया गया। लेकिन सबसे महत्त्वपूर्ण विकास लौकिक साहित्य के क्षेत्र में हुआ। यह कहना उचित ही होगा कि इस काल ने साहित्य के हर क्षेत्र में श्रेष्ठतम लेखक पैदा किये, यहाँ तक कि खगोल-विद्या और गणित आदि वैज्ञानिक क्षेत्रों में भी। यह बात इस तथ्य से प्रमाणित है कि कालिदास, भवभूति, भारवि और माघ जैसे नाटककार और कवि; दण्डी, सुबन्धु और बाण जैसे गद्य-लेखक; भामह जैसे अलंकार-शास्त्री; चन्द्र, वामन और भर्तृहरि जैसे व्याकरणाचार्य; अमर जैसे कोशकार; गौड़पाद, कुमारिल और प्रभाकर जैसे दार्शनिक और आर्यभट, वराहमिहिर और ब्रह्मगुप्त जैसे ज्योतिषाचार्य आदि सब इस काल में ही हुए थे और इसलिए इसे संस्कृत साहित्य का "स्वर्ण युग" कहना सर्वथा उपयुक्त होगा। एक समय था जब कुछ विद्वानों का मत था कि गुप्तकाल में संस्कृत साहित्य का पुनरुत्थान या पुनर्जागरण हुआ था। इस मत को अब शास्त्रीय दृष्टि से सही नहीं माना जा सकता। क्योंकि संस्कृत साहित्य किसी भी युग में पिछड़ा नहीं था, और गुप्तकाल से पहले की शताब्दियों में भी सस्कृत का प्रभाव लगातार बना रहा था। यह बात भास और अश्वघोष की रचनाओं से प्रमाणित हो जाती है, जिनका पहले उल्लेख किया जा चुका है।[1] गुप्तकाल के अभिलेख, विशेषकर समुद्रगुप्त का इलाहाबाद स्तम्भ-लेख और वत्सभट्टि (सन् ४३७ ई०) का मन्दसौर अभिलेख, स्पष्टतः जाहिर करते हैं कि चौथी और पाँचवीं शताब्दी जैसे प्राचीन काल में भी अलंकृत काव्य शैली का प्रौढ़ विकास हो चुका था। गुप्तकाल में संस्कृत साहित्य का प्रस्फुटन अवश्य हुआ था, लेकिन पुनर्जागरण नहीं। अब हम संक्षेप में साहित्य के विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले विकास का विवरण प्रस्तुत करेंगे।

---

१. जिल्द II (अँगरेजी संस्करण), पृ. २५८ पृ. पृ.।

१. पुराण

प्राचीन वैदिक साहित्य में आमतौर पर **पुराण** शब्द का प्रयोग **इतिहास** के सम्बन्ध में किया गया है और ऐसा प्रतीत होता है कि आरम्भ में इस शब्द का तात्पर्य 'प्राचीन आख्यान' होता था; यह आख्यान किस किस्म का था, इस बात को कोई विशेष महत्त्व नहीं दिया जाता था। लेकिन शास्त्रीय परिभाषा के अनुसार पुराण से अपेक्षा की जाती है कि उसमें पाँच विषयों की चर्चा होगी (पंचलक्षण); अर्थात् (१) **सर्ग** या सृष्टि की उत्पत्ति की कहानी, (२) **प्रतिसर्ग** या प्रलय के बाद पुनः सृष्टि की कहानी, (३) **वंश** या वंशावली, (४) **मन्वन्तर** अर्थात् कालसूचक युगों-महायुगों का क्रम, जिनके आरम्भ में आदि पुरुष मनु मानव-जाति के प्रजनक के रूप में प्रकट हुए थे, तथा (५) **वंशानुचरित** या सूर्यवंश और चन्द्रवंश दोनों के राजवंशों का इतिहास। लेकिन पुराणों के नाम पर हमें जो कृतियाँ उपलब्ध हैं, उनमें इस परिभाषा का शायद ही पालन किया गया है, क्योंकि उनमें या तो इस निर्धारित सीमा से बाहर की बातें आ गयी हैं या उससे बहुत कम सामग्री है। अगर यह मान लिया जाय कि यह परिभाषा कृतियों के वास्तविक पाठों पर आधारित थी, तो स्पष्ट ही ऐसा प्रतीत होगा कि पुराणों के वर्तमान पाठ कटे-छँटे या संशोधित हैं।

पुराणों में ही कहा गया है कि उनकी संख्या अठारह है। आमतौर पर उनके नाम इस प्रकार बताये गये हैं : **ब्रह्म, पद्म, विष्णु, शिव** या **वायु, भागवत, नारद, मार्कण्डेय, अग्नि, भविष्य, ब्रह्मवैवर्त, लिंग, वराह, स्कन्द, वामन, कूर्म, मत्स्य, गरुड़** और **ब्रह्माण्ड**। पद्म-पुराण में इनका तीन गुणों के आधार पर वर्गीकरण किया गया है और उन्हें तीन प्रमुख देवताओं में से किसी एक से सम्बद्ध बताया गया है। इस प्रकार **विष्णु, नारद, भागवत, गरुड़, पद्म** और **वराह, वैष्णव-धर्मी सात्विक पुराण** हैं और उनका पाठ करने से मनुष्य को मोक्ष प्राप्त होता है; **ब्रह्माण्ड, ब्रह्मवैवर्त, मार्कण्डेय, भविष्य, वामन** और **ब्रह्म पुराण** ब्रह्म-सम्बन्धी राजस पुराण हैं, और उनका पाठ करने वाले को केवल स्वर्ग प्राप्त होता है; और अन्त में **मत्स्य, कूर्म, लिंग, शिव स्कन्द** और **अग्नि पुराण शैव-धर्मी तामस पुराण** हैं। आश्चर्यजनक बात यह है कि कहा गया है, इन पुराणों का पाठक सीधे नर्क में जाता है।

सूचियों में प्रथम नाम होने के कारण **ब्रह्म-पुराण** को **आदि-पुराण** माना जाता है। इसकी कथा सूत ने नैमिषारण्य में एकत्र ऋषियों को सुनायी थी। इसके अधिकाँश भाग में पवित्र स्थानों और तीर्थों की महिमा का वर्णन है और एक बड़ा भाग कृष्ण-कथा से सम्पूरित है। इसके अन्दर बहुत कुछ वह सामग्री भी है, जो सभी पुराणों में सामान्यतः मिलती है — सृष्टि निर्माण का आख्यान, मनु और उसके वंशजों का आख्यान, सूर्य और चन्द्र राजवंशों के आख्यान और पृथ्वी और नर्क के वर्णन आदि। अन्त में कुछ अध्यायों में श्राद्धों, विभिन्न जाति-धर्मों, आश्रमों तथा विष्णु की उपासना से प्राप्त फलों का वर्णन है।

पद्म-पुराण के दो पाठ उपलब्ध हैं, जिनमें से बंगाली पाठ, जो पाँच खंडों में है, आन० सं० सी० सं० २८ से अपेक्षया पुराना है, जिसमें छः खंड हैं। सृष्टि-निर्माण, वंशावलियों और महिमा-वर्णनों आदि के सामान्य विवरणों के अलावा, इस पुराण में अनेक दूसरी मिथक कथाएँ और जनश्रुतियाँ भी दी गयी हैं, जिनमें शकुन्तला, पुरुरवा, राम और ऋष्यश्रृंग की कथाएँ भी शामिल हैं। इस पुराण में दी गयी वंशावली **मत्स्य-पुराण** में दी गयी वंशावली से मिलती है। अन्तिम खंड में विष्णु के विभिन्न अवतारों का वर्णन है। वृहद् संस्करण वाली कुछ पुस्तकों में गणेश और शिव सम्प्रदायों की प्रशस्ति में लिखे अध्याय भी मिलते हैं।

लगता है कि इन तमाम पुराणों में से सिर्फ विष्णु-पुराण में ही मूलपाठ सुरक्षित रह पाया है, क्योंकि इसमें एक प्रकार से पुराण की शास्त्रीय परिभाषा का पालन किया गया है। इसमें घोषणा की गयी है कि विष्णु ही सर्वोच्च देवता है, वह जगत का एक मात्र स्रष्टा और पालक है। पहले खंड में सृष्टि के निर्माण तथा देवताओं और दानवों का प्रथानुसारी विवरण है। इस खंड में जो आख्यान और मिथक-कथाएँ हैं, उनमें से समुद्र-मंथन की कथा और ध्रुव और प्रह्लाद की कथाएँ विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। अगले खंड में इस संसार और अपर-संसारों और स्वर्ग-लोकों के विचित्र और अनोखे काल्पनिक वर्णन किये गये हैं। तीसरे खंड में मनु और **मन्वन्तरों** का विवरण है। चौथे खंड में सूर्य और चन्द्रवंशी राजाओं की वंशावलियाँ हैं, जो वायु-पुराण में दी गयी वंशावलियों से मिलती हैं और कलियुग के बारे में एक भविष्यवाणी दी गयी है, जिसका वर्णन अन्तिम खंड में है। पाँचवें खंड में अलौकिक कृष्ण और उसकी अद्भुत लीलाओं की चर्चा है।

वायु-पुराण में भी जिसका उल्लेख बाणभट्ट ने अपने **हर्षचरित** में किया है, मूल पाठ बहुत कुछ सुरक्षित लगता है। सामान्य सामग्री के अलावा, उसमें शिव की महिमा का बखान करने वाली अनेक कथाएँ हैं, जिससे इसको **शिव-पुराण** भी कहा जाता है। इसके विपरीत **नारद-पुराण** में विष्णु-भक्ति का प्रतिपादन है और वह बिल्कुल साम्प्रदायिक रचना है। इसमें सृष्टि-निर्माण या वंशावलियों का सामान्य विवरण भी नहीं है।

इस वर्ग के साहित्य में, **भागवत-पुराण** सबसे ज्यादा लोकप्रिय है, यद्यपि कालक्रम की दृष्टि से यह बहुत बाद की रचना है। भारत में, तथा बाहर भी, इस पुराण की प्रामाणिकता पर सन्देह प्रकट किया गया है, और कुछ विद्वान् इसे बोपदेव नाम के एक वैयाकरण की रचना मानते हैं। इसमें बारह स्कन्ध हैं, जिनमें से दसवें स्कन्ध में कृष्ण का जीवन-चरित है, जो सबसे ज्यादा पढ़ा जाता है। अन्य खंडों में पुराणों की प्रथानुसारी सामग्री है। यह ध्यातव्य है कि सांख्य दर्शन के प्रवर्तक कपिल और गौतम बुद्ध इस पुराण में विष्णु के अवतार बताये गये हैं।

मार्कण्डेय-पुराण, जिसमें मार्कण्डेय ऋषि स्वयं वक्ता की भूमिका पूरी करते हैं, सबसे प्राचीन पुराणों में है। उसके कुछ भागों में विष्णु या शिव किसी की भी महिमा का बखान नहीं किया गया है, प्रत्युत वैदिक देवताओं, इन्द्र, अग्नि और सूर्य का बखान

है। यह सारा पुराण प्रधानतः एक वर्णनात्मक रचना है और अपेक्षया उन साम्प्रदायिक तत्त्वों से मुक्त है, जो अन्य पुराणों में प्रमुख जान पड़ते हैं।

अग्नि-पुराण का यह नाम इसलिए पड़ा कि ऐसी परम्परा है कि स्वयं अग्नि ने ऋषि वशिष्ठ को यह पुराण सुनाया था। मूलतः यह एक शैव-धर्मी रचना है, जिसमें लिंग, दुर्गा और गणेश-भक्ति की चर्चा है। इसमें अन्य विविध विषयों की भी चर्चा है — ज्योतिष और खगोल-विद्या, भूगोल और राजनीति, कानून और चिकित्सा शास्त्र, छन्दशास्त्र और व्याकरण, विवाह और मृत्यु सम्बन्धी रीति-रिवाज — अतः प्रकृत्या यह पुराण एक प्रकार का विश्वकोश जैसा है।

भविष्य-पुराण के शीर्षक से शायद कोई सोचे कि इसमें विभिन्न प्रकार की भविष्य-वाणियाँ हैं। लेकिन दरअसल इसमें ब्राह्मणधर्मी कर्मकाँडों, उपासना-विधियों, जाति विशेष के धर्मों या कर्त्तव्यों आदि का ही अधिकतर वर्णन है। इसमें शाकद्वीप में प्रचलित सूर्योपासना के सिलसिले में, जो जरतुष्त्र के सूर्य और अग्निपूजक सम्प्रदाय से सम्बन्धित है, भोजक और मग नामके दो सूर्य-पुरोहितों का उल्लेख है।[1] इसकी जो प्रति उपलब्ध है, वह इस नाम का मूल पुराण नहीं है। और जैसा कि टामस आउफरेख्त (Thomas Aufrecht) ने सिद्ध किया है, सन् १८९७ ई० में बम्बई के श्रीवेंकट प्रेस से **भविष्य-पुराण** का जो पाठ प्रकाशित हुआ था, वह एक 'साहित्यिक धोखा' था।[2] **आपस्तंब धर्मशास्त्र**[3] में **भविष्य-पुराण** का उल्लेख है, इसलिए मूल पुराण चौथी शताब्दी ईसापूर्व की रचना हो सकती है। लेकिन बाद का **भविष्य-पुराण**, जिससे मत्स्य, वायु और ब्रह्माण्ड पुराणों ने अपने विवरण नकल किये हैं, ईसा की तीसरी सदी में ही अस्तित्व में आया था।[4] **ब्रह्मवैवर्त-पुराण** में ब्रह्मा को इस जगत् का स्रष्टा बताया गया है। दूसरे खंड में दिखाया गया है कि **प्रकृति** पंच देवियों—दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, सावित्री और राधा — के रूप में परिवर्तित हो जाती है। यह पुराण कृष्ण भक्ति से सम्बन्धित है, इसका पता अन्तिम खंड में जाकर ही लगता है, जहाँ कृष्ण का जीवन-चरित दिया गया है। इसका कुछ पता तीसरे खंड से भी चलता है, जहाँ गणेश को कृष्ण का अवतार माना गया है।

पुराण के मूल अर्थ से **लिंग** और **वराह** पुराणों में कोई साम्य नहीं है, और लगता है कि ये बाद के किसी युग की रचनाएँ हैं। **लिंग-पुराण** तान्त्रिकों के प्रभाव में रचा गया प्रतीत होता है और उसमें **लिंग** के रूप में शिवोपासना का उपदेश दिया गया है। **वराह-पुराण** मुख्य रूप से विष्णु की उपासना-विधि का ग्रन्थ है, यद्यपि उसमें शिव, दुर्गा और गणेश सम्बन्धी आख्यान भी मिलते हैं।

प्राचीन **स्कन्द-पुराण** शायद हमेशा के लिए विलुप्त हो चुका है। अब केवल उसका

---

१. डी. आर. भंडारकर, ई. इ., IX. पृ. २७९।
२. त्सां, डवा मो. गे. LVII, पृ. २७६ प. पृ.।
३. II ९, २४२-४६।
४. पार्जीटर, ए. इ. हि. ट्रं., पृ. ५०-५१।

नाम ही बाकी है, जिससे अनेक वृहद् ग्रन्थ, जिन्हें उसके विभिन्न खंडों की संहिताएँ कहा जाता है, और अनेक माहात्म्य अपने को सम्बद्ध बताते हैं। इनसे ज्ञात होता है कि मूल **स्कन्द-पुराण** में छः संहिताएँ थीं, जिनमें शिवोपासना की शिक्षा दी गयी थी। इसके प्रसिद्ध काशी खण्ड में बनारस शहर की पवित्रता का वर्णन है और उसके इर्द-गिर्द के मन्दिरों और तीर्थों की उत्पत्ति से सम्बन्ध रखनेवाले आख्यानों का समाकलन है। गुप्त-लिपि में लिखी हुई इस पुराण की एक मात्र प्राचीन पाण्डुलिपि, जो सातवीं शताब्दी ई० की है, हर प्रसाद शास्त्री को प्राप्त हुई है, लेकिन वह भी पुराण के पाँच तत्त्वों के अनुसार नहीं है।

इसी प्रकार **वामन-पुराण** भी अपने मूल रूप में नहीं है। इसके काफी बड़े हिस्से में लिंगपूजा का वर्णन है, तथा शिव और उमा, गणेश और कार्तिकेय सम्बन्धी अनेक आख्यान हैं। कूर्म-पुराण की चार संहिताओं में केवल एक ही उपलब्ध है। इसमें कछुवे (कूर्म) के रूप में विष्णु ने राजा इन्द्रद्युम्न को यह पुराण सुनाया है। इसमें सन्देह नहीं कि इसमें पुराण के पाँचों तत्त्व मिलते हैं, लेकिन साथ ही अनेक प्रथानुसारी मिलावटें भी हैं।

मत्स्य-पुराण उन विरल पुराणों में है, जिसमें मूल सामग्री का अधिकांश भाग सुरक्षित है। यह पुराण मत्स्य (मछली) और मनु के बीच एक वार्तालाप के रूप में लिखित है। प्रलय के समय इस मत्स्य ने मनु की रक्षा की थी। अन्य पुराणों की तरह, इसमें भी अनेक अनुश्रुतियाँ और आख्यान वर्णित हैं। उनमें ययाति और सावित्री के आख्यान भी हैं। इनके अलावा इसमें विभिन्न मेलों, उत्सवों, धर्म-विधियों और तीर्थों की महिमा का वर्णन है।

गरुड़-पुराण में विष्णु की उपासना की विभिन्न विधियों पर विशेष जोर दिया गया है। **अग्नि-पुराण** की तरह इसका भी एक तरह से विश्वकोश जैसा रूप है। इसमें "**रामायण, महाभारत** और **हरिवंश** की विषयवस्तु संक्षेप में दोहराई गयी है, और इसके विभिन्न खंडों में विश्व-रचना, खगोल-शास्त्र और ज्योतिष, शकुन-अपशकुन, हस्त-सामुद्रिक, चिकित्सा, छन्द-शास्त्र, व्याकरण, रत्नपरीक्षा और राजनीति आदि विषयों का परिचय है। याज्ञवलक्य-धर्मशास्त्र का काफी हिस्सा भी इसमें शामिल कर लिया गया है।"[१] अन्त्येष्टि-क्रिया-विधि और पितर-पूजा तथा साथ ही सती के लिए अन्त्येष्टि यज्ञ आदि की विधियाँ भी बतायी गयी हैं।

मत्स्य-पुराण के अनुसार ब्रह्माण्ड की महिमा का बखान करने के लिए ब्रह्मा ने ब्रह्माण्ड पुराण सुनाया था। अनुमान किया जाता है कि इसमें भावी कल्पों का भी विवरण था। लेकिन इस पुराण की जो पाण्डुलिपियाँ उपलब्ध हैं, वे इस वर्णन से मेल नहीं खातीं, क्योंकि उनमें केवल पवित्र स्थानों की महिमा का वर्णन और स्तुतियाँ हैं। **अध्यात्मरामायण** को इस पुराण का ही एक अंग माना जाता है। इसमें वेदान्तिक अद्वैतवाद की शिक्षा दी गयी है और रामभक्ति को मोक्षप्राप्ति का मार्ग माना गया है।

---

१. विंटरनिट्स, हि. इ. लि., I ५७६-७७।

इन पुराणों के अलावा और भी अनेक पुस्तकें हैं, जिन्हें उपपुराण कहा जाता है। उनकी संख्या भी अठारह बतायी जाती है। ये उपपुराण एक प्रकार से स्थानीय धार्मिक-सम्प्रदायों और उपासना-विधियों के परिणामस्वरूप अस्तित्व में आये हैं। इस वर्ग की पुस्तकों में एक **विष्णुधर्मोत्तर** का उल्लेख करना उचित होगा, क्योंकि अल्बरूनी ने अक्सर उसका हवाला दिया है। वह वैष्णव-मत सम्बन्धी एक काश्मीरी रचना है और इसमें प्रथानुसारी सामग्री के अलावा नृत्य, गायन, चित्रकारी और मूर्तिकला आदि ललित कलाओं तथा अन्य अनेक विषयों की चर्चा मिलती है। अन्य बातों के साथ साथ **बृहद्-धर्म-पुराण** में कपिल और बुद्ध के अलावा वाल्मीकि और व्यास भी विष्णु के अवतार कहे गये हैं। **कल्कि-पुराण** में कलियुग की समाप्ति के समय विष्णु की लीलाओं का वर्णन है।

महाकाव्यों की तरह पुराणों के भी मूल लेखक सूत या चारण थे।[1] इसलिए हम देखते हैं कि प्रायः सभी पुराणों का वक्ता या तो सूत लोमहर्षण है या उसका बेटा उग्रश्रवस् (सौति)। बाद में यह कार्य पुजारियों के हाथ में आ पड़ा, जो ढंग से शिक्षित नहीं होते थे, और मन्दिरों या तीर्थों में पूजा-पाठ करके जीविका कमाते थे। मन्दिरों के इन पुजारियों ने पुराणों में जी भर कर ऐसी सामग्री भर दी जिससे उनका स्वार्थ-साधन होता था। इस मिलावटी सामग्री में कुछ का तो बिल्कुल स्थानीय रंग है, जिससे सम्भव है कि "**ब्रह्म-पुराण** दरअसल मूल पुराण का उड़ीसाई रूपान्तर हो, जिस तरह **पद्म-पुराण** उसका पुष्करी रूपान्तर है और **अग्नि-पुराण** में गया, **वराह-पुराण** में मथुरा, **वामन-पुराण** में थानेश्वर, **कूर्म-पुराण** में बनारस और **मत्स्य-पुराण** में नर्मदा तट के ब्राह्मणों का रंग मिलता है।"[2] इस प्रकार पुराणों के नाम पर इस समय जो कृतियाँ उपलब्ध हैं, वे किसी हद तक साम्प्रदायिक हैं और किसी खास देवता या उसके पवित्र स्थान के पक्ष में प्रचार करती हैं।

परवर्ती काल में हिन्दू-धर्म के विकास में पुराणों ने जो योग दिया उसका महत्त्व किसी भी प्रकार अतिरंजित करके नहीं बताया जा सकता है। सच तो यह है कि इन

---

१. पुराणों के मूल रूप के बारे में पार्गिटर (Pargiter) का कहना है कि अधिक सम्भावना इस बात की है कि इनमें (अर्थात् पुराणों में) पहले-पहल प्राचीन कथाएँ, वंशावलियाँ, गाथाएँ आदि होती थीं, जो प्राचीन साहित्य का लोकप्रिय पक्ष था, और जो सम्भवतः मूलरूप में प्राकृत भाषा में थीं। दरअसल मुझे तो ऐसा लगता है कि वे अधिकतर उस प्राचीन साहित्यिक प्राकृत में थीं, जिसका प्रयोग उच्च वर्गों में किया जाता था। किन्तु राजनीतिक प्रत्यावर्तनों के फलस्वरूप जब बोलचाल की भाषाएँ समय के साथ संस्कृत से अधिक दूर होती गयीं तो साहित्यिक प्राकृत भी दुर्बोध हो गयी और संस्कृत ही ब्राह्मणवादी हिन्दू धर्म की एकमात्र परिमार्जित भाषा रह गयी। इसलिए इस साहित्य को सुरक्षित रखने के लिए उसका संस्कृतीकरण जरूरी हो गया ..... डा. का. ए. भूमिका, पृ. XVII, पा. टि. २। इस मत को जानने के लिए कि पुराण पहले-पहल प्राकृत भाषा में रचे गये थे और बाद में उनका संस्कृत रूपान्तर किया गया था, देखिए पू. पु. पृ. x-xi तथा परिशिष्ट I तथा पुसलकर, आचार्य ध्रुव कमेमोरेशन वाल्यूम भाग III, पृ. १०१-१०४।

२. ज. ब. ब्रा. रा. ए. सो., सेंटेनेरी मेमोरियल वॉल्यूम, पृ. ७३.

पुराणों से "हमें हिन्दू धर्म के सभी पहलुओं और रूपों के—उसकी देवमाला या मिथक कल्पनाओं, मूर्तिपूजा, ईश्वरवाद और सर्वेश्वरवाद, धार्मिक मेलों और अनुष्ठानों तथा उसके आचार-शास्त्र आदि के बारे में जितनी गहरी अन्तर्दृष्टि प्राप्त होती है, उतनी अन्य कृतियों से नहीं।"[1] ऐतिहासिक दृष्टि से प्राचीन **राज-कुलों** की वंशावलियाँ प्रस्तुत करने वाले **वायु, ब्रह्माण्ड, मत्स्य** और **विष्णु** पुराण[2] सबसे ज्यादा महत्त्वपूर्ण हैं। इसके अलावा कुछ पुराणों में—और विशेषकर **ब्रह्माण्ड, वायु** और **मत्स्य** में प्रमुख **ब्राह्मण**, कुलों की वंशावलियाँ भी हैं, लेकिन जो काफी दोषपूर्ण भी हैं। राजाओं और ऋषियों की ये वंशावलियाँ ही प्राचीन संस्कृत साहित्य में उपलब्ध एकमात्र ऐतिहासिक सूचनाएँ हैं, जैसा पहले उल्लेख किया जा चुका है।[3]

शास्त्रीय परम्परा के अनुसार, **अथर्ववेद** और **बृहदारण्यक उपनिषद्** में दर्ज है, पुराण दिव्य रचनाएँ हैं। कहा गया है कि पुराणों के मुख्य वक्ता (नेरेटर) ने, जो प्रायः लोमहर्षण या उसका पुत्र उग्रश्रवस् है, यह सारी सूचना व्यास के द्वारा स्वयं जगत् के स्रष्टा से प्राप्त की थी।

यद्यपि वैदिक साहित्य में भी पुराणों का उल्लेख है, लेकिन वास्तविक पुराणों के अस्तित्व का पता सूत्रकाल और उसके बाद से ही चलता है। कछ धर्म-सूत्र, जैसे गौतम का धर्म-सूत्र, पुराणों को धर्मशास्त्रों का स्रोत बताते हैं, जबकि **अपस्तंब** ने **भविष्यत् पुराण** का हवाला दिया है। ये तथा **महाभारत** में दिये गये हवालों से सूचित होता है कि ईसवी सन् से बहुत पहले के काल में भी पुराणों का अस्तित्व था।

यह निष्कर्ष, कि पुराणों का वर्तमान पाठ मूल पुराणों से भिन्न है, इस बात से भी निकाला जा सकता है कि पुराण की शास्त्रीय परिभाषा और वर्तमान पुराणों की विषय-वस्तु में काफी अन्तर है। एक ओर तो, कुछ पुराणों में, परिभाषा में बताये गये पाँच लक्षणों की अधिकांशतः उपेक्षा की गयी है, दूसरी ओर, परिभाषा से भी सारे पुराणों में प्राप्त होने वाले एक सामान्य तत्त्व की — अर्थात् शिव या विष्णु और उनके पवित्र स्थानों की महिमा और जाति-विशेष के भिन्न धर्मों और **आश्रमों** आदि के वर्णन आदि की — उपेक्षा की गयी है।

कुछ विद्वानों का मत है[4] कि आरम्भ में केवल एक ही पुराण था, जिससे वर्तमान पुराणों का विकास हुआ है। यह बात यद्यपि सन्दिग्ध है, तथापि यह अनुमान शायद तर्कसंगत होगा कि ईसवी सन् से पहले पुराण के कई-कई पाठ प्रचलित रहे होंगे, जो बाद के कालों में संशोधित, परिवर्धित होकर अपने वर्तमान रूप में हम तक पहुँचे हैं। इस संशोधन का मुख्य उद्देश्य उनमें साम्प्रदायिक मतों का परिचय देना था, जिन्होंने इस बीच प्रमुखता प्राप्त कर ली थी; साथ ही उनमें हिन्दू कर्मकांड और रीति-रिवाज

---

१. विंटरनित्स, हि. इ. लि. I, ५२९।

२. ए. इ. हि. ट्रै. पृ. ७७। ३. जिल्द I पृ. ४७. प. पृ. (अंगरेजी संस्करण)।

४. जैक्सन, ज. ब. ब्रा. रा. ए. सो. सेंटीनरी मेमोरियल वॉल्यूम, पृ. ६७ प. पृ.; ब्लाउ. त्सा. ह्वा. मो. गे. ६२, पृ. ३२७; पार्गीटर, ए. इ. हि. ट्रै. पृ. ३३ प. पृ., ४९ प. पृ.।

सम्बन्धी विस्तृत परिच्छेद जोड़ने थे, ताकि धर्मशास्त्रों की तरह उन्हें भी प्रामाणिक माना जाए। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि इस संशोधन का उद्देश्य वैदिक कर्मकांड, रीति-रिवाज और विश्वासों से नये मतों का संयोग करके, सनातन परम्परा के अन्तर्गत वैष्णव और शैव जैसे ईश्वरवादी धर्मों को मिलाना था — विशेषकर जात-पाँत और वर्णाश्रम सम्बन्धी रूढ़िवादी विचारों के साथ। नये साम्प्रदायक धर्मों के उत्थान के साथ इन आचार-विचारों की या तो व्यवहार में उपेक्षा की जाने लगी थी या लोग उनको भूलने लगे थे, क्योंकि ये सारे नये धर्म मूलतः न्यूनाधिक मात्रा में वेद-विरोधी और ब्राह्मण धर्मतत्त्व के विरोधी थे। और यह इसलिए भी किया गया कि यवनों, पार्थियनों, शकों और कुशाणों के, एक के बाद दूसरे, हमलों के कारण हिन्दू आबादी में विदेशी तत्त्वों और लोगों का प्रवेश होता जा रहा था। इसलिए एक नये किस्म के लोकप्रिय धार्मिक साहित्य की आवश्यकता महसूस हुई थी, जो वैष्णव और शैव जैसे नरमपन्थी धर्मों को, जहां तक व्यावहारिक हो, पुराने रीति-रिवाजों और धार्मिक विधियों से एकमेल कर सके। इसलिए पुराणों को संशोधित और परिवर्धित किया गया, ताकि वे जनसाधारण के उस बड़े वर्ग के लिए धर्मग्रन्थों का काम दे सकें, जो शिव और विष्णु का अनन्य भक्त था, किन्तु साथ ही वेदों, स्मृतियों या धर्मशास्त्रों के प्रति भी उतना ही आस्थावान् था; विशेषकर वर्णाश्रम व्यवस्था के प्रति जिसे नये धर्मों के प्रभाव में पड़कर बिल्कुल त्यागने के लिए तैयार नहीं था। इस तरह एक नये प्रकार के सम्प्रदायवादियों का वर्ग पैदा हो गया, जिसे स्मार्त शैव या स्मार्त वैष्णव पुकार सकते हैं। उन्होंने ही उस चीज को जन्म दिया था जो आजकल 'हिन्दू धर्म' कहलाता है और उनकी संख्या जितनी ही बढ़ती गयी पुराणों के पाठों में भी उतने ही हेरफेर होते गये और उनकी संख्या भी बढ़ती गयी।

डॉक्टर हाजरा[1] ने बड़ा परिश्रम-साध्य विवेचन करके दिखाया है कि विभिन्न पुराणों में, विभिन्न कालों में, किस प्रकार रूढ़िसम्मत कर्मकांडों और रीति-रिवाजों से सम्बन्ध रखने वाले विभिन्न अध्याय जोड़े गये हैं। यद्यपि उनके निष्कर्षों को अन्तिम नहीं माना जा सकता, लेकिन फिलहाल उन्हें सबसे अधिक कामचलाऊ अनुमान के रूप में स्वीकार किया जा सकता है। उनके मतानुसार महत्त्वपूर्ण पुराणों में इस प्रकार के जोड़े गये अध्यायों की सबसे पहली और सबसे बाद की सम्भावित तिथियाँ इस प्रकार हैं :

१. मार्कण्डेय पुराण — ईसवी की तीसरी से पांचवीं सदी। (कुछ हिस्से बहुत बाद के भी हो सकते हैं)।

२. ब्रह्माण्ड और
३. वायु पुराण } — ईसवी तीसरी से पाँचवीं सदी।

---

१. **स्टडीज इन दि पुराणिक रेकर्ड्स आफ हिन्दू राइट्स एण्ड कस्टम्स**, परि. II-IV इसमें पुराणों में स्मृति-अध्यायों की कालानुक्रमित तालिका पृ. १७४-१८९ में दी गयी है।

४. विष्णु पुराण — ईसवी की तीसरी से चौथी शताब्दी ।
५. भागवत पुराण—ईसवी की छठी शताब्दी ।
६. मत्स्य पुराण —ईसवी की छठी से सातवीं शताब्दी (कुछ भाग सन् १,००० ई० के लगभग या उसके बाद में भी जोड़े गये हो सकते हैं) ।

जैसा डॉ० हाजरा ने संकेत किया है "पौराणिक स्मृति विषयक सामग्री के विकास के दो चरण थे।" पहले चरण में, जो ईसवी की तीसरी से पांचवीं शताब्दी के बीच का है, "पुराणों में हिन्दू कर्मकांड के उन्हीं विषयों की चर्चा होती थी, जो प्रारम्भिक स्मृतियों के विषय थे, जैसा मनु और याज्ञवल्क्य की स्मृतियों में है । दूसरे चरण में, जो ईसा की छठी शताब्दी से शुरू होता है, उनमें नये नये विषय भरती किये गये, जिनका सम्बन्ध दान-दक्षिणा, तीर्थ स्थानों की महिमा, व्रत, पूजा, मूर्ति-विसर्जन, नक्षत्रों को शान्त करने के लिए बलिदान-यज्ञ आदि से था।"

ऊपर जो कुछ कहा गया है, उससे ऐसा प्रतीत होता है कि सारे पुराण हमें **आज जिस रूप में प्राप्त** हैं, वे विभिन्न कालों में लिखे गये थे । उनके लेखन का सही-सही काल-क्रम निश्चित करना कठिन है । जिन छह पुराणों की तारीखों का ऊपर विवेचन किया गया है वे सम्भवतः और पुराणों की अपेक्षा अधिक प्राचीन हैं, लेकिन चूँकि **वायु, ब्रह्माण्ड, विष्णु** और **भागवत पुराणों** में राजवंशों की सूची के अन्तर्गत गुप्तवंश का भी उल्लेख है, अतः उनका अन्तिम परिवर्तित संशोधित रूप ईसा की चौथी सदी से पहले का नहीं हो सकता । लेकिन **वायु पुराण** का बाण के **हर्ष चरित** में उल्लेख हुआ है, इसलिए वह ईसा की सातवीं सदी से पहले की रचना है । यही बात शायद मार्कण्डेय-पुराण के बारे में भी सही है, क्योंकि बाण के **चण्डीशतक** और भवभूति के **मालती माधव** की प्रेरणा शायद इस पुराण के देवी **माहात्म्य** या **चण्डी माहात्म्य** वाले प्रसिद्ध खंड से ही ली गयी थी । और चूँकि अल्बरूनी ने अठारह पुराणों का जिक्र किया है, इसलिए सारे पुराणों का सन् १,००० ई० से पहले ही अस्तित्व रहा होगा, हालाँकि बाद में भी उनमें काट-छाँट और जोड़-तोड़ होती रही होगी ।

२. धर्मशास्त्र और अर्थशास्त्र

कुछ धर्मशास्त्रों का हवाला[1] पहले भी दिया जा चुका है, जो विवेच्य काल में या उससे कुछ पहले ही संकलित किये गये थे । जिस सबसे महत्त्वपूर्ण धर्मशास्त्र को निश्चित रूप से इस काल की रचना कहा जा सकता है, वह कात्यायन का रचा हुआ है, जिसकी विस्तारपूर्वक चर्चा आगे चलकर कानून और कानूनी संस्थाओं से सम्बन्धित परिच्छेद में की जायेगी । यह कृति, जिसकी तारीख ४०० से ६०० ई० मानी जा सकती, है उपलब्ध नहीं है, और हमारी जानकारी केवल उद्धरणों पर ही आधारित है ।

---

१. देखिए, जिल्द II, पृ. २५४ प. पृ. (अँगरेजी संस्करण) ।

यही स्थिति देवल स्मृति की भी है। देवल शायद कात्यायन का समकालीन था। महत्त्व की दृष्टि से इनके बाद का धर्मशास्त्र वह है जिसे व्यासकृत बताया जाता है, और जिसे सन् २०० से ५०० ई० के बीच की रचना माना जा सकता है। इस धर्मशास्त्र में २५० श्लोक हैं, जो चार अध्यायों में बांटे गये हैं। अपरार्क और दूसरे लेखकों ने जो उद्धरण दिये हैं, उनसे प्रतीत होता है कि व्यास क्रिया-विधि के नियम और **व्यवहारपद** भी लिखते थे और उनका मत आमतौर पर नारद, कात्यायन और बृहस्पति से मिलता था। **पराशर स्मृति** की जो प्रति उपलब्ध है, और जो किसी पुराने पाठ का संशोधित रूप है, उसके कई श्लोक मनु के श्लोकों से अभिन्न हैं, और उसमें अक्सर मनु के उद्धरण दिये गये हैं। नवीं शताब्दी तक इस धर्मशास्त्र को पर्याप्त मान्यता और प्रामाणिकता प्राप्त हो गयी थी, इसलिए इसे ५०० ई० से पहले की रचना माना जा सकता है। लेकिन **बृहत्पराशर** केवल पराशर की स्मृति का ही बाद में परिवर्धित रूप है। पुलस्त्य, पितामह और हारीत ने भी सन् ४०० और ७०० ई० के बीच अपने ग्रंथ रचे थे। लेकिन इन लेखकों के बारे म भी हमारा ज्ञान अन्य **धर्मशास्त्रों** में उनके ग्रन्थों से उद्धृत अवतरणों से अधिक नहीं है।

बड़े पैमाने पर भाष्यकारों के व्याख्यात्मक कार्य की शुरुआत इस काल के अन्तिम-चरण में ही हो गयी थी, जिसे कम से कम एक महत्त्वपूर्ण भाष्यकार पैदा करने का श्रेय प्राप्त है। इस भाष्यकार का नाम असहाय था, जिसका नारद-स्मृति पर भाष्य प्रकाशित हो चुका है। अन्य लोगों की कृतियों में मिलने वाले उसके उद्धरणों से ज्ञात होता है कि उसने गौतम और मनु की भी टीकाएँ लिखी थीं। मेधातिथि ने असहाय को उद्धृत किया है, इसलिए उसे सन् ६०० और ७०० ई० के बीच का माना जा सकता है। इस काल में लिखा गया अर्थशास्त्र का एकमात्र उल्लेखनीय ग्रंथ कामन्दक का **नीतिसार** है। कामन्दक सम्भवतः ईसा की आठवीं शताब्दी के पूर्वार्ध में हुआ था।[1]

३. दर्शन

प्रमुख दर्शनों और उनके सिद्धान्तों का परिचय अठारहवें परिच्छेद में दिया गया है। **सांख्य-दर्शन** का प्रतिपादन करने वाला सबसे प्राचीन उपलब्ध-ग्रन्थ ईश्वरकृष्ण की **सांख्यकारिका** है। ईश्वरकृष्ण को विन्ध्यवास से अभिन्न मानने की कोशिश की गयी है, जिसने अपने गुरु के उन विचारों का संशोधन किया था, जो **षष्टितन्त्र** के सत्तर श्लोकों में व्यक्त किये गये थे, और जिनकी वसुबन्धु ने अपने ग्रन्थ **परमार्थसप्तति** में आलोचना की थी।[2] इससे तो ईश्वरकृष्ण को वसुबन्धु का समकालीन सिद्ध किया जा सकता है, जो ईसा की चौथी या पाँचवीं शताब्दी में हुआ था।[3] जो भी हो, वह सन् ५५७-५६९ ई०[3]

---

१. विंटरनित्स, गे. इ. लि. III, ५२६। इस ग्रन्थ के बारे में विवेचन के लिए देखिए परि. १६।

२. कीथ, हि. सं. लि., पृ. ४८८।

३. देखिए पृ. १५ **तथा टिप्पणी २।**

के बाद का नहीं हो सकता (बल्कि काफी पहले का होना चाहिए) जब एक टीका के साथ **कारिका** का चीनी भाषा में अनुवाद हुआ था। इस कृति का भाष्य गौड़पाद ने लिखा था, जिसे **माण्डूक्य उपनिषद** की **कारिकाओं** के लेखक से अभिन्न मानना सन्दिग्ध प्रतीत होता है। इस कृति का भाष्य वाचस्पति ने भी लिखा है, जो एक बहुमुखी प्रतिभा का विचारक था और ईसा की नवीं शताब्दी के मध्य में हुआ था।

पतंजलि के **योगसूत्र** का सबसे प्राचीन भाष्य व्यास का है, जिसने उसमें योग-सिद्धान्त की प्रामाणिक व्याख्या प्रस्तुत की है। वह शायद माघ से पहले हुआ था। नवीं शताब्दी के मध्य में वाचस्पति ने व्यास के **भाष्य** पर अपनी **तत्त्ववैशारदी** लिखी थी इन सूत्रों का एक और महत्त्वपूर्ण भाष्य भोजकृत **राजमार्तण्ड** है (सन् १,००० ई०)।

न्यायसूत्र का सबसे प्राचीन व्याख्याकार पक्षिलस्वामिन् वात्स्यायन था, जिसे ईसा की चौथी शताब्दी के मध्य का मान सकते हैं, क्योंकि यद्यपि उसने नागार्जुन के विचारों का खण्डन किया था, स्वयं उसके विचारों का खण्डन बौद्ध दृष्टिकोण से दिङ्नाग ने किया है। प्रारम्भिक बौद्ध नैयायिकों के प्रधान प्रवक्ता इस दिङ्नाग की कृतियाँ यद्यपि मूलरूप में उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन उनमें से अधिकांश तिब्बती भाषा में अनूदित हुई थीं, इसलिए आज भी सुरक्षित हैं। दिङ्नाग की तारीख एक प्रकार से सही-सही निर्धारित की जा सकती है, क्योंकि कहा जाता है कि उसने बौद्ध-धर्म के **महायान** सम्प्रदाय के सिद्धान्तों की शिक्षा वसुबन्धु से ली थी। इसलिए दिङ्नाग ४०० ई० से कुछ पहले हुआ होगा। वात्स्यायन के विचारों का समर्थन उद्योतकर ने किया, जो भारद्वाज **गोत्र** का कट्टर **पाशुपत** था और सातवीं सदी में हुआ था। अपने ग्रन्थ **न्यायवार्त्तिक** में उद्योतकर ने दिङ्नाग के आक्रमणों के विरुद्ध वात्स्यायन का समर्थन किया है। उद्योतकर के विरुद्ध दिङ्नाग के समर्थन में धर्मकीर्ति ने अपना ग्रन्थ **न्यायबिन्दु** लिखा। वह शायद उद्योतकर का समकालीन था।[1] **न्यायबिन्दु** की टीका धर्मोत्तर ने लिखी और फिर इस टीका की टीका मल्लवादिन् ने लिखी। इस काल के साहित्य में जैन विचारकों ने भी भाग लिया। दिवाकर ने,[2] जो एक महान् कवि था और जिसने जैन न्याय पर सबसे पहले सुसम्बद्ध रूप में लिखा है, इस काल में अन्य कृतियों के अलावा बत्तीस पद्यों में **न्यायावतार** नाम का एक अत्यन्त मूल्यवान् प्रबन्ध लिखा। वह एक ओर हरिभद्र और दूसरी ओर धर्मकीर्ति के बीच हुआ था, इसलिए हम उसे सातवीं शताब्दी के अन्तिम चतुर्थांश में रख सकते हैं। लगभग एक शताब्दी के बाद माणिक्यनन्दी ने **परीक्षामुखसूत्र** की रचना की, जो अकलंक के **न्यायविनिश्चय** पर आधारित है।

प्रशस्तपाद का **पदार्थधर्मसंग्रह** केवल कणाद् के **वैशेषिकसूत्र** का भाष्य ही नहीं है बल्कि उसमें विषय की एक नयी दृष्टि से व्याख्या की गयी है और मूलग्रन्थ में अनेक नये निकाय जोड़े गये हैं। प्रशस्तपाद पर वात्स्यायन या दिङ्नाग का प्रभाव लक्षित

---

१. कीथ. हि. स. लि. पृ. ३०८ तथा भूमिका. पृ. xxii।

२. सिद्धसेन दिवाकर के नाम से प्रसिद्ध। उसकी तारीख और उसकी कृतियों के लिए देखिए डा. पी. एल. वैद्य द्वारा पूना से प्रकाशित **न्यायावतार** में उनकी भूमिका।

होता है, इसलिए हम उसे पाँचवीं शताब्दी में रख सकते हैं। प्रशस्तपाद के सारे टीकाकार दसवीं शताब्दी या उसके बाद के हैं। यहां पर चन्द्र का नाम भी उल्लेखनीय है, जिसका ग्रन्थ **दशपदार्थ-शास्त्र** केवल सन् ६४८ ई० के चीनी रूपान्तर में ही सुरक्षित है।

जैमिनि का **मीमाँसा-सूत्र**[1] और शबर का लिखा उसका सबसे पुराना भाष्य, जो उपलब्ध है, क्रमशः चौथी सदी ई० पू० और पहली सदी ई० पू० के माने जाते हैं। लेकिन कुछ विद्वान् उन्हें बाद की रचनाएँ मानते हैं। शबर के बाद हम देखते हैं कि यह दार्शनिक सिद्धान्त दो मतों में बँट गया, जिनके प्रतिपादक और समर्थक क्रमशः प्रभाकर और कुमारिल थे। आगे चलकर इसमें एक और सम्प्रदाय जुड़ गया, जिसका प्रवर्त्तक मुरारिमिश्र था। कुमारिल आमतौर पर भट्ट के नाम से प्रसिद्ध है और उसकी **श्लोकवार्त्तिका, तन्त्रवार्त्तिका** और **टुप्टीका** तथा शबर के भाष्य पर उसकी टीका शंकर से पहले की रचनाएँ हैं, इसलिए हम उसको सातवीं शताब्दी में रख सकते हैं।

दूसरे निकाय का समर्थक प्रभाकर था, जो आमतौर पर **गुरु** के नाम से प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि वह कुमारिल से पहले हुआ था और उसने अपनी **बृहती** की रचना, जो शबर के भाष्य की टीका है, ६०० ई० के लगभग की थी। उसके शिष्य शालिकनाथ ने अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ **प्रकरण-पंजिका** में, जो प्रभाकर-मत का लोकप्रिय गुटका है, धर्मकीर्ति का उल्लेख किया है। **बृहती** पर उसकी टीका का नाम **ऋजुविमला** है।

वेदान्त-दर्शन के केवल तीन बड़े लेखक इस काल में हुए। गौड़पाद,[2] शंकर के विख्यात परमगुरु (गुरु का गुरु), अद्वैतवादी वेदान्त के प्रथम सुव्यवस्थित प्रतिपादक थे। आमतौर पर माना जाता है कि वे सातवीं सदी के अन्त में या आठवीं सदी के आरम्भ में हुए थे। लेकिन वालेसर (Walleser)[3] ने उसे सन् ५५० ई० के लगभग रखा है, क्योंकि गौड़पाद के ग्रन्थ की एक **कारिका** का उद्धरण भवनाथ की **तर्कज्वाला** के तिब्बती अनुवाद में मिलता है। **माण्डूक्योपनिषत्-कारिका** के इस लेखक को ईश्वर-कृष्ण की सांख्यकारिका के अपने नामराशि भाष्यकार से अभिन्न मानना सन्देहजनक है।[4] इन **कारिकाओं** में प्रतिपादित विचार-दृष्टि, उनमें प्रयुक्त शब्दावली, बौद्धमत के विशिष्ट पारिभाषिक शब्दों के प्रयोग और अपने सिद्धान्त के प्रतिपादन के लिए अलात-चक्र द्वारा किये गये स्पष्टीकरण से मन पर यह गहरा प्रभाव पड़ता है कि **कारिकाओं** का लेखक बौद्ध सिद्धान्तों और कृतियों से प्रभावित था। फिर भी, यह तो

---

१. राधाकृष्णन, इ. फि., II, पृ. ३७६।

२. उसकी तारीख और कृतियों के बारे में देखिए, विधुशेखर भट्टाचार्य की पुस्तक, **आगमशास्त्र** की भूमिका।

३. देखिए, राधाकृष्णन, इ. फि., पृ. ४५२, टि. २।

४. **उत्तर-गीता** के टीकाकार तथा **दुर्गासप्तशती** के लेखक के साथ माण्डूक्य-उपनिषद् कारिका के लेखक को भी अभिन्न नहीं माना जा सकता।

सुनिश्चित है कि वह बौद्ध नहीं था। भर्तृहरि के **वाक्यपदीय** का पहले ही जिक्र किया जा चुका है। इस कृति से प्रतीत होता है कि उसके विचार शंकर से मिलते थे, यद्यपि उसकी बौद्ध प्रवृत्तियाँ भी अक्सर उभरकर सामने आ जाती हैं ।

४. कालिदास

लौकिक साहित्य का विवरण हम कालिदास से शुरू कर सकते हैं, जो गुप्तकाल के साहित्याकाश का सबसे चमकीला प्रकाशपुंज था, और जिसके प्रकाश से सारा संस्कृत साहित्य आलोकित है। सर्वसम्मति से उसे भारत का सर्वश्रेष्ठ कवि और नाटककार माना जाता है, और उसकी कृतियों को हर काल में उच्चकोटि की लोकप्रियता और ख्याति प्राप्त रही है। फिर भी, आश्चर्य की बात यह है कि उसके जीवन के बारे में हमें एक प्रकार से कुछ भी मालूम नहीं है, और न कोई निश्चित ज्ञान है कि वह कब हुआ था। जैसा प्रायः होता है, अनेक किंवदन्तियाँ और कहानियाँ उसके नाम के साथ जुड़ गयी हैं, लेकिन उनका कोई ऐतिहासिक मूल्य नहीं है। उनके अनुसार वह अपने प्रारम्भिक जीवन में एक नितान्त मूर्ख व्यक्ति था, जो काली के वरदान से एक महान् कवि बन गया था और उसकी मृत्यु लंका में एक गणिका के घर में हुई थी। कहा जाता है कि वह राजा विक्रमादित्य (धार का राजा भोज) के दरबार के नवरत्नों में से था। लेकिन यह बिल्कुल निश्चित है कि जिन दूसरे विद्वानों को उसके साथ नवरत्नों में गिनाया जाता है, वे सब उसके समकालीन नहीं हो सकते। अधिकांश विद्वान् उज्जैन के विक्रमादित्य से उसके सम्बन्ध को एक ऐतिहासिक तथ्य मानते हैं और **विक्रमोर्वशीयम्** के नायक पुरुरवा का नाम जानबूझकर बदल कर विक्रम कर देने की बात ने इस विचार को रंगीन बना दिया है। कुछ लोग इस विक्रमादित्य को उस राजा से अभिन्न मानते हैं, जिसने प्रचलित परम्पराओं के अनुसार ५८ ई० पू० में शकों को हराकर, विजय की स्मृति में एक नया संवत् — विक्रम संवत् — चलाया था। लेकिन अधिकांश आधुनिक विद्वान् इस बात पर विश्वास नहीं करते कि ५८ ई० पू० में कोई विक्रमादित्य नाम का राजा हुआ था, या कि कालिदास इतने प्राचीन काल में हुआ था। आधुनिक विद्वानों की आम धारणा यह है कि वह किसी गुप्त सम्राट के दरबार में था, सम्भवतः चन्द्रगुप्त द्वितीय के दरबार में, जो विक्रमादित्य के नाम से भी प्रसिद्ध है और जिसने शक क्षत्रपों को हराया था और इस प्रकार शकारि की उपाधि का अधिकारी था, जो विक्रमादित्य की परम्परा से सम्बद्ध है। कालिदास की तारीख के बारे में केवल इतना ही निश्चित तथ्य ज्ञात है, कि वह अग्निमित्र (१५० ई० पू०) के बाद हुआ होगा, जो उसके एक नाटक का नायक है, और सन् ६३४ ई० से पहले हुआ होगा, जो एहोल के प्रसिद्ध अभिलेख की तारीख है, जिसमें एक महान् कवि के रूप में उसका उल्लेख किया गया है। और अगर, जैसा कि अधिकारी विद्वानों का कहना है, मन्दसौर के अभिलेख (सन् ४७३ ई०) से यह सूचित होता है कि उसका मसौदा तैयार करनेवालों को कालिदास की कृतियों का

ज्ञान था, तो उसकी तारीख की निम्न सीमा सन् ४५० ई० रखी जा सकती है। यह अनुमान कि कालिदास गुप्तकाल में हुआ था, अब सर्वमान्य हो गया है और अनेक तर्कों द्वारा इसका समर्थन किया जाता है; मसलन कि उसने अश्वघोष के नाटकों और वात्स्यायन के कामसूत्र से काफी कुछ उधार लिया है और वाकाटक राजा प्रवरसेन द्वितीय के काव्य **सेतुबन्ध** का उसने परिष्कार और परिमार्जन किया था, और यह कि उसकी कृतियों में गुप्त सम्राटों के संकेत मिलते हैं।[1] लेकिन ये केवल अटकलें हैं और सन्तोषजनक नहीं लगतीं। यह तर्क तो संगत हो सकता है कि "प्रमाणों की तुलना से जाहिर होता है कि ईसवी की चौथी शताब्दी के अन्त में ही इस कवि की सम्भाव्य तिथि हो सकती है,[2] लेकिन हमें यह स्वीकार करना होगा कि इस अनुमान के पक्ष में जो प्रमाण पेश किये गये हैं, वे न तो निश्चित हैं, न प्रत्यक्ष और न निर्णयात्मक। सबसे निरापद यह मानकर चलना है कि कालिदास १०० ई० पू० और सन् ४५० ई० के बीच कभी भी हुआ होगा।

कालिदास की कृतियों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने से जाहिर होता है कि वह उज्जैन निवासी ब्राह्मण और ऐसा उदार दृष्टि संपन्न शैव था, जिसे ब्राह्मण-धर्मी ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों की पूर्ण जानकारी थी और जो दूर-दूर तक भारत के विभिन्न भागों में भ्रमण करके अपार अनुभव का संग्रह कर चुका था। उसकी कृतियों से लगता है कि उसे सम्पूर्ण वैदिक साहित्य, विभिन्न दर्शन, विशेषत: सांख्य और योग-दर्शन **धर्मशास्त्र, कामशास्त्र, नाटचशास्त्र, व्याकरण, ज्योतिःशास्त्र** के विभिन्न ग्रन्थ, यहाँ तक संगीत और चित्रकला आदि ललित-कलाओं की भी पूरी जानकारी थी। उसकी सर्वतोमुखी प्रतिभा, राज-सभागत आचरण का पूर्ण परिचय, उसकी सूक्ष्म दृष्टि, उसकी विनम्रता, जिसमें आवश्यक आत्म-सम्मान की भावना की कमी नहीं थी और उसकी काव्य-प्रतिभा उसकी कृतियों में प्रतिबिम्बित हुई है। ये कृतियाँ सहजता और संतृप्ति की भावना से ओतप्रोत हैं, उनमें जीवन की तत्कालीन व्यवस्था के प्रति पूर्ण संतोष का भाव व्यक्त हुआ है।"

कालिदास की सबसे प्रसिद्ध कृति उसका नाटक **शाकुन्तल** है। सामान्य-रूप से माना जाता है कि यह नाटक केवल संस्कृत साहित्य ही नहीं, बल्कि विश्व-साहित्य के भी सर्वश्रेष्ठ नाटकों में है। कालिदास ने महाभारत में दी गई शकुन्तला की कहानी के आधार पर इस नाटक की रचना की है, लेकिन उसने मूल-कहानी में साधारण किन्तु

---

१. इस समस्या के विस्तृत विवेचन और सम्बद्ध हवालों के लिए देखिए (मराठी में) मिराशी की पुस्तक, **कालिदास**, नागपुर १९३४, पृ.९-४१, (इस पुस्तक का हिन्दी में भी अनुवाद हो गया है। दे. **कालिदास**, अनु. पं. हृशीकेश शर्मा, बम्बई द्वि. सं. १९५६) पहली शताब्दी ई. पू. वाले अनुमान के समर्थन में देखिए, प्रो. के. एम. शेम्बनेकर का निबन्ध ज. मु. ब., १, ४ पृ. २३२-४२। डा. के.सी. राजा का कहना है कि विक्रमादित्य से कालिदास का कोई सम्बन्ध नहीं था। उनके अनुसार वह अग्निमित्र का समकालीन था। (ई. हि. क्वा. XVIII. १२८)।

२. न्यू. हि. ई. पी. VI, पृ. ४०५।

प्रभावोत्पादक परिवर्तन करके और श्रेष्ठ नाटकीय शक्ति के कुछ नये पात्र और घटनाओं का सन्निवेश करके नयी जीवनशक्ति ला दी है। उदाहरण के लिए, महाभारत में जबकि कण्व को सिर्फ फूल लाने के लिए बाहर गया हुआ दिखाया गया है, कालिदास ने उन्हें एक युक्ति-युक्त कारण से दूर गया हुआ दिखाया है, ताकि उनका आश्रम में लौटना अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो सके। इसी प्रकार मूल-कथा में हम देखते हैं कि शकुन्तला स्वयं ही अपने जन्म की कहानी राजा को सुनाती है और बाद में उसका प्रणय स्वीकार करने के बदले में उससे कुछ शर्तें मनवाती है। कालिदास ने अपनी नाटकीय सूझबूझ से शकुन्तला की सखी अनुसूया द्वारा शकुन्तला के अतीत की कहानी कहलवाई है (और वह भी शिष्टतापूर्वक), और शर्तें मनवाने वाली बात बिलकुल ही निकाल दी है, ताकि एक अबोध तरुणी के हृदय में प्रेम की जागृति का सूक्ष्म, मनोहारी चित्रण किया जा सके। क्रोधी दुर्वासा का शाप, अँगूठी का खो जाना, मछुआरे का दृश्य और नाटक का अन्तिम भाग — ये सब दृश्य जो कालिदास की प्रतिभा की सर्जनाएँ हैं, दर्शकों के हृदय में बारी-बारी से द्विधा और राहत के भाव पैदा करके उनका मन मोह लेते हैं। इन नाटकीय संस्पर्शों से कालिदास ने महाभारत से प्राप्त ईंट-गारे से कला का एक महान् और शानदार प्रासाद खड़ा किया है। उसने न केवल नायक और नायिका को उन भोंडे या असंगत प्रसंगों से मुक्ति दिलायी, जिनके मध्य मूलकथा में उनको अपना कार्य-कलाप पूरा करना पड़ता है, और उनके अन्दर उन शालीन और उदात्त गुणों की प्रतिष्ठा की है, जो एक नायक और नायिका में अपेक्षित होते हैं, बल्कि साथ ही उसने हमें दुष्यन्त के रूप में एक आदर्श भारतीय राजा और शकुन्तला के रूप में एक सच्ची भारतीय कन्या के जीवन के तीन महत्त्वपूर्ण चरणों की सूक्ष्म और अपने सम्मोहन द्वारा नयी भाव भूमि में ले जानेवाली तस्वीर पेश की है। प्रकृति के प्रति एक सस्नेह सहानुभूति इस नाटक की पृष्ठभूमि का मूल स्वर है, जिसमें कालिदास ने मनुष्य की भावनाओं के सूक्ष्मतर अंकन, चरित्र-चित्रण, कथानक की संयोजना तथा नाटकीय परिस्थितियों की सर्जना में अद्भुत नैपुण्य दिखाने के साथ साथ अपनी महान् प्रगीतात्मक काव्य-प्रतिभा का परिचय दिया है। सम्पूर्ण विश्व के विद्वानों ने इस अपूर्व कृति की नाट्य-शक्ति और उसके काव्य-सौन्दर्य की भूरि भूरि प्रशंसा की है।

शाकुन्तल से पहले कालिदास दो और नाटकों **मालविकाग्निमित्र** और **विक्रमोर्वशीयम्** की रचना कर चुके थे। **मालविकाग्निमित्र** दरबारी-जिन्दगी का एक सुखान्त नाटक है। इसमें राजा अग्निमित्र अपनी रानीकी एक सेविका मालविका से प्रेम करने लगता है, और अनेक बाधाओंका सामना करने के बावजूद अपने विदूषक मित्र की सहायता से अपने उद्देश्य में सफल होता है। इसमें जरा भी सन्देह नहीं कि कालिदास का यह सबसे पहला नाटक[1] था, जैसा इसकी प्रस्तावना से स्पष्ट है, जिसमें कवि ने **"नव काव्य"**

---

१. लेकिन डॉ. दे. इससे सहमत नहीं हैं। देखिए, इ. हि. क्वा. XVI, पृ. ४०३; हि. सं. लि., पृ. १३६।

का पक्ष-समर्थन किया है। अनेक दोषों के होते हुए भी, इस नाटक की संरचना पर कालिदास की काव्य-प्रतिभा और उसके नाट्य-शिल्प की छाप है और इसमें सन्देह नहीं किया जा सकता कि वह कालिदास की ही रचना है। **विक्रमोर्वशीयम्** में एक अप्सरा उर्वशी और राजा पुरुरवा की प्रणय-कथा प्रस्तुत की गयी है। मदाम द विल्मन ग्राबोव्स्का (Mme de Willman-Grabowska) का विचार है कि यह कालिदास का अन्तिम नाटक है और "इसमें उसकी कला के ह्रास चिह्न प्रकट होने लगे हैं।"[१] कुछ लोगों का विचार है कि यह नाटक कालिदास ने उस अवसर पर लिखा था जब कुमार गुप्त को युवराज-पद दिया गया था।[२] **ऋग्वेद** और **शतपथ ब्राह्मण** में वर्णित इस प्राचीन आख्यान और उसके **विष्णु** और **भागवत**-पुराणों में मिलने वाले संस्करणों, तथा सम्भवतः **बृहत्कथा** में दी गयी कहानी को भी एक सूत्र में जोड़ कर कालिदास ने उसके अन्दर अपनी कल्पना से निर्मित कुछ घटनाएँ और दृश्य भी सन्निविष्ट किये हैं। इस नाटक में उन्होंने विशेष रूप से चरित्र-चित्रण पर ध्यान केन्द्रित किया है, कथानक पर नहीं, जैसा **मालविकाग्निमित्र** में किया था। लेकिन इस नाटक का सबसे विवादास्पद भाग उसका चौथा अंक है, जहाँ नायक वियोग से व्याकुल होकर छोटे-छोटे मधुर और करुण गीतों में अपनी भावनाएँ व्यक्त करता है। ये गीत अपने आप में अत्यन्त सुन्दर हैं, लेकिन वे नाटकीय कार्य से दर्शक का ध्यान बँटाते हैं और रचना के सम्पूर्ण प्रभाव को कम कर देते हैं। लेकिन यह दोष ही, परवर्ती पीढ़ियों की दृष्टि में, उसका अपूर्व सौन्दर्य है, जिससे कालिदास को इतनी व्यापक लोकप्रियता प्राप्त हुई है।[३]

कालिदास की प्रतिभा का चरमोत्कर्ष नाटक और काव्य दोनों क्षेत्रों में समान रूप से प्रदर्शित है। उसके दो महाकाव्य **रघुवंश** और **कुमारसम्भव** और गीत-काव्य **मेघदूत** सामान्यतः संस्कृत काव्य के श्रेष्ठतम रत्न माने जाते हैं। **कुमारसम्भव** के अठारह सर्गों में शिव-पार्वती के पुत्र कुमार (कार्तिकेय) के जन्म तथा तारकासुर की कथा का वर्णन है। मल्लिनाथ जैसे टीकाकारों ने इस काव्य के केवल आठ सर्गों की ही टीका लिखी है, और उनमें से एक ने स्पष्ट शब्दों में यह विश्वास प्रकट किया है कि पार्वती के शाप के कारण, जो आठवें सर्ग में दिये गये वर्णनों से क्रुद्ध हो गयी थीं, यह काव्य अधूरा ही छोड़ दिया गया था। यह भी साफ जाहिर है कि अगले दस सर्ग काव्य-शक्ति की दृष्टि से काफी निम्नकोटि के हैं, इसलिए उन्हें कालिदास कृत नहीं माना जाता।

---

१. देखिए, ए. इ. इ. सि. पृ. ३१२, हिलेब्रांट भी विक्रमोर्वशीय को कालिदास का अन्तिम नाटक मानता है। देखिए हिलेब्रांट, **कालिदास**, आइन, फेसुर्ख त्सुसाइनेर लिटरारिशेन वुर्दियुआना, ब्रेसलन, १९२१, पृ. ८७।

२. देखिए म. म. मिराशी, **कालिदास**, पृ. ११६।

३. ए. इ. इ. सि., पृ. ३१३

अतः ऐसा प्रतीत होता है कि कालिदास ने इस काव्य को अधूरा छोड़ दिया था, क्योंकि **कुमारसम्भव** नाम से ही सूचित होता है कि उसमें कम से कम कुमार के जन्म का वर्णन अवश्य होगा। प्रमुख पात्रों के चरित्र-चित्रण में कालिदास ने बड़े कौशल का परिचय दिया है और काव्य के कुछ स्थल तो अपने सौन्दर्य से मुग्ध कर लेते हैं, जैसे रति-विलाप का दृश्य, जटिल के छद्मवेश में प्रकट होने वाले शिव से पार्वती का संवाद, पहले सर्ग में हिमालय का वर्णन और तीसरे सर्ग में अचानक वसन्त का आगमन आदि। लेकिन आठवें सर्ग में अपावन (अश्लील) वर्णनों के कारण आनन्दवर्धन जैसे काव्यशास्त्रियों द्वारा कवि को कठोर आलोचना का भी शिकार बनना पड़ा है।

रघुवंश में कवि ने अनेक राजाओं के जीवन की घटनाओं के वर्णन का दुष्कर कार्य सम्पन्न किया है, क्योंकि इन राजाओं में यद्यपि कुछ सामान्य गुण थे, किन्तु फिर भी उनमें अपना विशिष्ट व्यक्तित्व भी अपेक्षित था, और यह स्वीकार करना होगा कि उनके सामान्य और विशिष्ट गुणों का वर्णन करने में कालिदास ने अपूर्व सफलता प्राप्त की है। महाकाव्य के रूप में **रघुवंश** की श्रेष्ठता सर्वमान्य है और भारतीय दृष्टि में इस काव्य की महत्ता इस बात में प्रतिबिम्बित है कि कालिदास को मुख्यतः **रघुकार** (रघुवंश का लेखक) के रूप में याद किया जाता है। इस काव्य में, जो **रामायण** तथा कुछ पुराणों पर आधारित है, सूर्यवंश के कुल तीस राजाओं का वर्णन किया गया है, जिनमें रघु विशेष रूप से भाग्यवान प्रतीत होता है, क्योंकि केवल उसके पूर्वज ही सुविख्यात राजा नहीं थे, बल्कि, कम से कम अगली तीन पीढ़ियों के वंशज भी यशस्वी राजा हुए थे। शायद इसी कारण कालिदास ने अपने महाकाव्य का नाम रघु के नाम पर रखा है। यह काव्य भी, हमें जिस रूप में प्राप्त है, अधूरा है और लम्पट और कामुक राजा अग्निवर्ण के वर्णन के साथ ही हठात् समाप्त हो जाता है। यद्यपि कहा जाता है कि इसके कुछ सर्ग खो गये हैं, पर यह भी सम्भव है कि कालिदास ने केवल उन्नीस सर्ग ही लिखे हों और बीमारी या मृत्यु के कारण आगे के अंश न लिखे गये हों। **कुमारसम्भव** की तरह इस काव्य में भी अनेक रमणीय और मुग्धकारी स्थल हैं, जिनमें अज-विलाप सबसे अधिक हृदयस्पर्शी है।

कालिदास के खंड काव्यों में **ऋतुसंहार** उसकी सबसे पहली रचना मानी जाती है, यद्यपि हाल में कुछ विद्वानों ने उसके कालिदास की रचना होने में सन्देह प्रकट किया है।[1] किन्तु काव्यशास्त्रियों और टीकाकारों की उपेक्षा तथा अनेक दृष्टियों से उसकी हीनता के कारण उसकी प्रामाणिकता पर सन्देह नहीं करना चाहिए। उसका विषय

---

१. कीथ, ज. रा. ए. सो., पृ. १०६६-७०; १६१३, पृ. ४१०-१२; मैकडॉनल, हि. सं. लि., पृ. ३३७, हिलेब्रांट, **कालिदास**, पृ. ६६ प. पृ. तथा कीलहार्न, बुलर, हुल्त्स और फॉन श्रोएडेर आदि कालिदास को ही "ऋतुसंहार" का लेखक मानते हैं। वाल्टर, इंडिका, पृ. ६ प. पृ.; नोवेल, त्सा-ड्वा. मो. गे. ६६, पृ. २७५-८२, ज. रा. ए. सो., १६१३. पृ. ४०१-६, हरिचाँद **कालिदास एंटल आर्ट पोएटि के डि ल' इंडे**, प. २४० प. पृ. तथा अन्य विद्वानों का कहना है कि "ऋतुसंहार" का लेखक कालिदास नहीं था।

इतना सादा है और उसमें चरित्र-चित्रण आदि के अवसर इतने कम हैं कि स्वाभाविक है कि उसके प्रति लोगों ने विशेष दिलचस्पी नहीं दिखायी। इस काव्य में छह सर्ग हैं, जिनमें षट्ऋतुओं का वर्णन किया गया है और यह वर्णन कवि के सूक्ष्म अवलोकन और प्रकृति प्रेम का प्रमाण प्रस्तुत करता है।

लेकिन मेघदूत सारे संस्कृत साहित्य में सबसे सुन्दर और मार्मिक लघुकाव्य है। केवल १२१ पद्यों में रचे गये इस काव्य में कवि ने अपनी प्रतिभा की विलक्षण शक्ति और बहुज्ञता का परिचय दिया है। इसमें एक काल्पनिक यक्ष, जिसे उसके स्वामी ने निर्वासित करके अपनी प्रेमिका से दूर कर दिया था, वर्षा के आरम्भ में मेघ पर दृष्टि पड़ते ही विरह से पागल हो उठता है। वह इस मेघ से निवेदन करता है कि वह रामगिरि से उसका संदेश ले जाकर अलकापुरी में उसकी प्रिया तक पहुँचा दे। वह अपने निर्वासन के दिन रामगिरि में व्यतीत कर रहा था। रामगिरि से अलकापुरी तक के मार्ग में आनेवाले विशिष्ट स्थानों का कवि ने विशद वर्णन किया है। कालिदास ने यह काव्य मन्दाक्रान्ता छन्द में लिखा है, जिससे हर पद्य में उसने एक-एक पूर्ण चित्र अंकित कर दिया है। इस काव्य को गीति, शोकगीत, यहाँ तक कि एक-स्वरगीत भी कहा गया है। यद्यपि स्थिरदेव ने इसे महाकाव्य मानने का आग्रह किया है, लेकिन वल्लभदेव ने इसे केवल एक खंडकाव्य माना है। रामगिरि की, जहाँ यक्ष निर्वासित था, अब नागपुर के निकट रामटेक की पहाड़ी से शिनाख्त की गयी है। आषाढ़ कृष्ण-एकादशी, योगिनी-माहात्म्य की कहानी इस काव्य के कथानक का आधार बतायी जाती है। हर युग में साहित्यालोचकों ने इस छोटे से काव्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। योरुप के एक आधुनिक लेखक के शब्दों में "मेघ की यात्रा के वर्णन-सौन्दर्य और दुःखी और एकाकी पत्नी के करुण चित्रण की कोई भी प्रशंसा अतिरंजित नहीं कही जा सकती।"[१]

कालिदास की काव्य-कृतियों का तुलनात्मक मूल्यांकन करते हुए इसी आलोचक का कहना है कि "भारतीय साहित्यालोचना कालिदास के काव्यों में अभिव्यंजना की संक्षिप्तता, वस्तु-वैभव, और भावोद्रेक की क्षमता के कारण **मेघदूत** को उसकी सर्वश्रेष्ठ रचना मानती आयी है, और यह तारीफ नाजायज नहीं है। ... आधुनिक रुचि **कुमारसम्भव** को उसके वैविध्य, उसके कल्पना-वैचित्र्य और उसके भावों की हार्दिकता के कारण ज्यादा पसन्द करती है ... यद्यपि **कुमारसम्भव** से किंचित् हीन होने के बावजूद **रघुवंश** को काव्यशास्त्र द्वारा परिभाषित महाकाव्यों के सर्वश्रेष्ठ भारतीय नमूने के रूप में पेश किया जा सकता है।"[२]

कालिदास "निर्विवाद रूप से भारतीय काव्य-शैली के सर्वश्रेष्ठ रचनाकार हैं" और "उपमा" के प्रयोग में वह अद्वितीय हैं, जिससे कहावत ही बन गयी है—उपमा

---

१. कीथ, हि. सं. लि., ८६।
२. वही, ८६, ८७, ९२।

कालिदासस्य ।" उनकी लालित्ययुक्त और सौष्ठवपूर्ण शैली, भाषा का सूक्ष्म परिष्कार, उनकी सहज सौन्दर्य भावना, उपमा और उत्प्रेक्षा का कुशल प्रयोग, विचार को गरिमा और औदात्य प्रदान करने की क्षमता और व्यंजनापूर्ण अभिव्यक्ति ने उन्हें एक अमर कवि बना दिया है और जैसा उचित ही कहा गया है, उनकी कृतियाँ तब तक जीवित रहेंगी, जब तक लोगों में श्रेष्ठ-साहित्य के प्रति अभिरुचि बनी रहेगी ।

नाटक और कविता, दोनों में कालिदास सर्वश्रेष्ठ ही नहीं हैं, बल्कि अद्वितीय भी हैं । बहरहाल, विवेच्यकाल में और भी अनेक कवि और नाटककार हुए, और उनमें कुछ तो निश्चय ही इस महाकवि के अयोग्य उत्तराधिकारी नहीं थे । अब हम संक्षेप में उनका उल्लेख करेंगे ।

५. नाटक

(i) भवभूति

नाटक के क्षेत्र में, कालिदास के उत्तराधिकारियों में निस्सन्देह भवभूति, उपनाम श्रीकण्ठ, कुल-नाम उदुम्बर, सर्वश्रेष्ठ नाटककार है । वह नीलकण्ठ और जातुकर्णी का पुत्र था । उसका जन्म विदर्भ के पद्मपुर नामक नगर में हुआ था । उसके पितामह भट्टगोपाल ने वाजपेय यज्ञ किया था । उसके **गुरु** का नाम ज्ञाननिधि था । कल्हण की **राजतरंगिणी**[1] के अनुसार भवभूति कान्यकुब्ज के राजा यशोवर्मन् का, जिसे सन् ७३६ ई० में काश्मीर के राजा मुक्तापीड ललितादित्य ने हराया था, दरबारी कवि था । **गौड़वहो**[2] से जाहिर होता है कि भवभूति ने अपने आश्रयदाता का पतन नहीं देखा था। इसलिए वह आठवीं शताब्दी ईसवी के आरम्भ से पहले का नहीं हो सकता । अपने नाटकों में भवभूति ने अपने आपको "पद-वाक्य-प्रमाणज्ञ" कहा है, जिससे स्पष्ट है कि वह **व्याकरण, मीमांसा** और **न्याय** का पारंगत विद्वान् था । ऐसा प्रतीत होता है कि वह **वेदान्त** और **वेद** का भी ज्ञाता था । एक पांडुलिपि में उसे उम्बेक से अभिन्न दिखाया गया है और कहा गया है कि वह प्रसिद्ध मीमांसक कुमारिल भट्ट का शिष्य था । लेकिन श्री कणे इस अभिन्नता को स्वीकार नहीं करते और वे उसका रचना-काल सन् ७०० और ७३० ई० के बीच बताते हैं ।[3]

भवभूति के तीन नाटकों में दो **रामायण** की कथा पर आधारित हैं और तीसरा एक सामाजिक नाटक — दस अंकों का एक **प्रकरण** है । **महावीर-चरित** के सात अंकों

---

१. IV, १४४ ।

२. श्लोक ७९९ ।

३. देखिए कणे (Kane) का. हि. ध. शा. I, पृ. २६३. लेकिन इससे विपरीत पढ़िए **शंकर-गुरुकुल-पत्रिका**, जिल्द II, भाग ६; "प्रॉब्लेम्स आफ आइडेंटिटी—मंडनमिश्र सुरेश्वर" ले. पी. पी. एस. शास्त्री, साथ ही फेस्टश्रिफ काने में उनका लेख, पृ. ४०५-७ । कीथ (सं. ड्रा. पृ. १८७) ने भवभूति को "सन् ७०० ई. के लगभग" का बताया है ।

में राम के प्रारम्भिक जीवन का चित्रण किया गया है। वहां राम एक वीर योद्धा के रूप में हैं जबकि **उत्तररामचरित** में, जो उसका अन्तिम नाटक था और जिसमें भी सात अंक हैं, **रामायण** के **उत्तरकांड** की कथा का वर्णन किया गया है। उसके तीसरे नाटक **मालती-माधव** में माधव और मालती के प्रेम का, उसके विभिन्न विकास-चरणों में, वर्णन किया गया है। इस नाटक को अक्सर भारत का सुखान्त रोमियो-जूलियट कहा जाता है।[1]

यद्यपि भाषा के लालित्य और सौष्ठव, प्रसाद गुण और प्राञ्जलता में कालिदास अद्वितीय हैं, लेकिन भावाभिव्यंजना, विशेषकर करुण-रस की अभिव्यक्ति में भवभूति उनसे बढ़कर हैं। यद्यपि उसकी शैली ऊबड़ खाबड़ है और उसकी कृतियाँ लम्बे-लम्बे चित्रणों और जरूरत से ज्यादा समस्त पदों से भरी पड़ी हैं, लेकिन यह स्वीकार करना पड़ेगा कि करुण-रस के चित्रण में उस तक कोई लेखक नहीं पहुँच पाता। वह जिस प्रेम का चित्रण करता है, वह शारीरिक की अपेक्षा आध्यात्मिक अधिक है,[2] और उसकी कृतियों में हास्य का प्रायः अभाव है। संस्कृत-नाटकों में हास्य का परम्परागत स्रोत **विदूषक** होता है। भवभूति एक प्रकार से अकेला नाटककार है, जिसने अपने नाटकों से विदूषक को निर्वासित कर दिया है। उसके नाटकों के गद्य-वार्तालापों में यौगिक वाक्यों की बहुलता के कारण यह अनुमान किया गया है कि उसने अपने नाटक पढ़ने के लिए लिखे थे, खेलने के लिए नहीं।[3] लेकिन यह अटकल निराधार भी हो सकती है।

करुण रस की अभिव्यञ्जना में भवभूति का अग्रगामी अरालपुर का धीरनाग था, जिसने **उत्तररामचरित** की कथावस्तु को लेकर एक छह अंकों का नाटक लिखा था। कहा जाता है कि वह सन् ५०० ई० से पहले हुआ था।

(ii) श्री हर्ष

कालक्रम के अनुसार भवभूति के बाद कन्नौज के सम्राट श्री हर्ष या हर्षवर्धन का नाम आता है, जिसकी जीवन-यात्रा का वर्णन पहले किया जा चुका है।[4] वह स्वयं भी अच्छा कवि था और विद्वानों और साहित्यकारों का महान् आश्रयदाता था। उसके दरबार में बाण, मयूर और दिवाकर जैसे महान् विद्वान् और कवि रहते थे। तीन नाटक, अर्थात् **रत्नावली, प्रियदर्शिका** और **नागानन्द** उसके लिखे हुए बताये जाते हैं। लेकिन खासकर **काव्यप्रकाश** में मम्मट की मात्र एक उक्ति तथा अन्य टीकाकारों द्वारा उसकी व्याख्या के आधार पर सन्देह प्रकट किया गया है कि हर्ष इन

---

१. क्लिम, **गेशिख्ते डेस ड्रामाज**, III, पृ. १३५; विंटरनित्स, गे. इ. लि.।
२. देखिए, पृ. २३५, गे. इ. लि. III, पृ. २३६।
३. वही, पृ. २३२।
४. देखिए, परिच्छेद ९।

नाटकों का रचयिता था। इस प्रकार हाल (Hall) और ब्युलर (Bühler) इन तीनों नाटकों को बाण लिखित मानते हैं, जबकि पिशेल उन्हें हर्ष के समकालीन धावक की कृतियां मानते हैं। इसके विपरीत कावेल (Cowell) इन नाटकों को एक ही लेखक का लिखा हुआ मानने से इन्कार करता है। उसके अनुसार **रत्नावली** का लेखक बाण है, **नागानन्द** का लेखक धावक, और **प्रियदर्शिका** का रचयिता कोई अज्ञात लेखक है।[1] लेकिन ये तीनों नाटक एक ही लेखक की रचना हैं, यह बात उनकी प्रस्तावनाओं और उनमें मिलने वाली अन्य सामान्य विशेषताओं से प्रकट है। और न ऐसा कोई ठोस आधार है, जिस पर उन्हें हर्ष के लिखे नाटक न माना जाय, क्योंकि हर्ष आरम्भ से ही — अपने आरम्भिक जीवन-काल से ही — एक श्रेष्ठ कवि के रूप में प्रसिद्ध रहा है। स्वयं बाण ने भी अपने आश्रयदाता हर्ष की प्रशंसा में लिखा है कि उसमें विलक्षण काव्य-प्रतिभा थी। ई-त्सिंग (सातवीं शताब्दी ई० का अंत) ने अपने विवरण में लिखा है कि राजा शीलादित्य (अर्थात् हर्ष) ने बोधिसत्व जीमूतवाहन की कहानी पद्यबद्ध करके रंगमंच पर अभिनीत करवाई थी। दामोदरगुप्त ने अपने **कुट्टनीमत** में कहा है कि **रत्नावली** का लेखक एक राजा था।

नागानन्द पाँच अंकों का नाटक है और उसमें जीमूतवाहन की कहानी चित्रित की गई है। हालाँकि इसमें बौद्ध रंग मुखर है, लेकिन अगर हम इसके अन्दर गरुड़ और गौरी की भूमिका को ध्यान में रखें तो ऐसा लगेगा कि इसका उद्देश्य बौद्ध और हिंदू धर्मों में सामंजस्यपूर्ण सम्बन्ध कायम करना है। साधारणतया सभी मानते हैं कि यह हर्ष का अन्तिम नाटक है। पहले दो नाटक एक-दूसरे से मिलते-जुलते हैं और कालिदास के **मालविकाग्निमित्र** का अनुकरण करके लिखे गये हैं, और उनका कथानक भी उससे मिलता है। लेकिन जाहिर है कि **प्रियदर्शिका** लिखते समय तक हर्ष में इतना आत्म-विश्वास आ गया था कि उसने उसके अन्दर गर्भ-नाटक के रूप में एक नया टेकनीक इस्तेमाल किया, अर्थात् नाटक के अन्दर नाटक की टेकनीक, जो संस्कृत नाटकों के इतिहास में पहली बार प्रयोग में लायी गयी थी, और हर्ष के बाद भी उसका विरल प्रयोग ही किया गया है। दरअसल, समस्त संस्कृत नाटकों में हर्ष के बाद केवल दो और नाटककारों ने इस टेकनीक का प्रयोग किया है — भवभूति ने अपने **उत्तररामचरित** नाटक में और राजशेखर ने अपने **बालरामायण** नाटक में। इसके विपरीत **रत्नावली** को शास्त्रीय नाट्य-विधान की दृष्टि से संस्कृत का सबसे पूर्ण नाटक माना जाता है, इसलिए इसको दोनों में से पहला नाटक कहा जा सकता है, और इसकी खूबियों और इसके सौन्दर्य का कारण यह हो सकता है कि यह कालिदास की शैली के अधिक निकट है और इसमें उसका सफल अनुकरण किया गया है। इसलिए संस्कृत के नाटककारों में हर्ष का स्थान **नागानन्द** से जाँचना चाहिए, क्योंकि वह सर्वथा मौलिक है और उसमें किसी का अनुकरण नहीं किया गया है। लेकिन यह नाटक, लगता है

---

१. कोनो, इं. ड्रा., पृ. ७४।

कि, तीन हिस्सों को जोड़-जाड़ कर तैयार किया गया है,[१] और दूसरे भाग में हास्य का स्तर बहुत ऊंचा नहीं है। फिर भी, हर्ष को इस बात का श्रेय देना चाहिए कि वह इस नाटक की कथा को सजीवता प्रदान कर उसे अपने पाठकों के लिए हृदयग्राही बना सका। हर्ष की काव्य-प्रतिभा की शक्ति इन नाटकों के पद्यों से भी परिलक्षित होती है।

(iii) भट्ट नारायण तथा अन्य

शाँडिल्य गोत्र का भट्ट नारायण भी इसी काल का नाटककार है। उसका उपनाम मृगराज था। विल्सन ने उसकी शिनाख्त इसी नाम के एक ब्राह्मण से की है, जिसे कन्नौज से आदिशूर ने बंगाल बुलाया था। चूँकि आदिशूर सम्बन्धी अनुश्रुति का कोई ऐतिहासिक आधार नहीं है, इसलिए भट्टनारायण के समय की जो प्रस्तावित तिथियाँ, राजा आदिशूर की इस या उस व्यक्ति से अभिन्नता के आधार पर, सातवीं शताब्दी के उत्तरार्ध से नवीं शताब्दी के बीच रखी गयी है, उनको कोई महत्त्व नहीं दिया जा सकता। भट्ट नारायण शायद आठवीं शताब्दी ई० से कुछ पहले हुआ था, क्योंकि आनन्दगुप्त और अभिनवगुप्त ने उसके नाटक से उद्धरण दिये हैं। उसका नाटक **वेणीसंहार** छह अंकों में है और वह महाभारत में दी गयी भीम की कहानी पर आधारित है, जिसमें दुर्योधन द्वारा द्रौपदी का अपमान किये जाने पर भीम ने उसका बदला लेने का प्रण किया था। यह वीर रस प्रधान नाटक है और लेखक ने **महाभारत** से लिये गये अनगढ़ प्रसंगों से एक अत्यन्त सुन्दर नाटक की रचना करने में अपूर्व कौशल दिखाया है। यह स्मरण रखना चाहिए कि **रत्नावली** की तरह **वेणीसंहार** में भी नाट्य-रचना सम्बन्धी शास्त्रीय नियमों का आद्यन्त पालन किया गया है, और इस कारण उसे एक श्रेष्ठ नाटक माना जाता है।[२]

इस काल का एक दूसरा नाटक **रामाभ्युदय** है, जिसकी कोई प्रति अब तक उपलब्ध नहीं हुई है। यह नाटक छह अंकों में था और इसे यशोवर्मन् ने लिखा था। इसमें राम की कहानी वर्णित है। आनन्दवर्धन ने अपने **ध्वन्यालोक** में इसका उल्लेख किया है और **दशरूपक, नाट्य-दर्पण, नाटक-लक्षण-रत्नकोश, शृंगार प्रकाश** तथा **साहित्य दर्पण**[३] आदि ग्रंथों में भी इसका उल्लेख मिलता है। श्री हर्ष की तरह यह कवि यशोवर्मन् भी एक राजा था, और सम्भवतः यह भवभूति के आश्रयदाता यशोवर्मन् से अभिन्न था। एक अन्य कवि, पल्लव-राजा महेन्द्र वर्मन् था (सन् ६००-६३० ई०) जिसने **मत्तविलास प्रहसन** लिखा है।[४] इसके कुछ बाद के काल में कल्चुरि

---

१. देखिए, विंटरनित्स, गे. इ. लि., II, पृ. २२८।
२. देखिए शूयलेर, बि. स. ड्रा. भूमिका, पृ. १२।
३. ऊपर देखिए, पृ.२९४।
४. श्लोक ७७७।

राजा अनंगहर्ष मात्रराज हुआ, जो नरेन्द्रवर्धन का बेटा था। उसे प्रायः मायुराज भी कहा गया है। वह निश्चय ही आठवीं सदी ई० के अन्त में हुआ था, क्योंकि दामोदरगुप्त ने अपने **कुट्टनीमत** में उसकी मृत्यु पर शोक प्रकट किया है। अभिनवगुप्त के उल्लेखों से पता चलता है कि इस राजा ने दो नाटक रचे थे — **उदात्तराघव** जो **रामायण** पर आधारित है और **तापस-वत्सराज** जिसमें उदयन, वासवदत्ता और पद्मावती की कहानी वर्णित है। हम पहले ही कौमुदी-महोत्सव[1] का हवाला दे चुके हैं, जिस पर लेखक का नाम नहीं है। विज्जका को इस नाटक की लेखिका माना जाता है, जिसकी शिनाख्त विजय-भट्टारिका से, जो पुलकेशिन द्वितीय के सबसे बड़े बेटे और विक्रमादित्य प्रथम के भाई चन्द्रादित्य की पत्नी थी, की गयी है।[2] इस नाटक के रचनाकाल की अनेक तारीखें सुझायी गयी हैं, जो चौथी सदी से लेकर "आठवीं सदी से बाद" तक की हैं, और जो हमारे विवेच्य काल में ही आती हैं, यह नाटक साधारण कोटि का है।

६. काव्य

प्रसिद्ध पाँच महाकाव्यों में से दो — **किरातार्जुनीय** और **शिशुपालवध** इस काल की ही रचनाएँ हैं। इनमें से प्रथम के रचयिता भारवि का कालिदास के साथ ही ऐहोल अभिलेख (सन् ६३४ ई०) में, और **काशिका-वृत्ति** लगभग (सन् ६५० ई०) में भी उल्लेख हुआ है। वह शायद बाण से अधिक पहले नहीं हुआ था, लेकिन बाण ने उसका कहीं जिक्र तक नहीं किया। इसलिए हम उसे छठी शताब्दी के उत्तरार्ध का मान सकते हैं। अठारह सर्गों के इस महाकाव्य में उसने महाभारत की उस कहानी का वर्णन किया है, जिसमें अर्जुन का किरात वेषधारी भगवान् शिव से युद्ध हुआ था। भारवि की इस रचना में विचार और भाषा की ओजस्विता तथा उदात्त अभिव्यंजना के दर्शन होते हैं। इसके साथ ही भारवि ने इसमें चित्रकाव्य की कृत्रिमता उत्पन्न करने की कोशिश की है, और अनेक प्रकार के उक्ति-वैचित्र्य भर दिये हैं, जिनकी, दुर्भाग्य से, परवर्ती कवियों ने खुलकर और उत्साहपूर्वक नकल की। दूसरे महाकाव्य **शिशुपालवध** का रचयिता माघ था, जो दत्तकसर्वाश्रय का बेटा और सुप्रभदेव का पोता था। उसने अपने काव्य में हर प्रकार से भारवि का समकक्ष बनने का प्रयत्न किया। सुप्रभदेव को एक राजा का मन्त्री बताया जाता है, जिसका नाम अनेक रूपों में पढ़ा गया है — वर्मलात, वर्मलाख्य, धर्मनाम और धर्मलाभ आदि।

एक राजा वर्मलात का एक अभिलेख (सन् ६२५ ई०) प्राप्त है, जिससे कि हम माघ को सातवीं शताब्दी के उत्तरार्ध का मान सकते हैं। यह तारीख इस तथ्य के भी अनुकूल पड़ती है कि माघ ने अपने **शिशुपालवध**[3] में **काशिकावृत्ति** और उस पर

---

१. देखिए, पृ. ६।

२. देखिए, **कौमुदी-महोत्सव** (शकुन्तला राव द्वारा सम्पादित, बम्बई, १९५२), पृ. ११-१२।

३. II. ११२.

न्यास का स्पष्ट उल्लेख किया है और उसे हर्ष के नाटक **नागानन्द** का भी ज्ञान था।[१] उसकी कृति में बुद्ध और उनके उपदेशों की चर्चा से जाहिर होता है कि वह बौद्धों के संसर्ग में काफी समय तक रहा था।[२] माघ के काव्य-कौशल के बारे में परम्परागत मत इन शब्दों में भली प्रकार व्यक्त हुआ है कि "माघ में तीनों गुणों की अवस्थिति है।"[३] माघ की शब्दावली अत्यन्त समृद्ध है और वह काव्य-रचना की विभिन्न युक्तियों का प्रयोग करने में पारंगत था। साथ ही उसकी कविता से उसका गहन पांडित्य भी झलकता है। फिर भी यह कहना पड़ेगा कि काव्य में कृत्रिमता के जिस युग का भारवि ने सूत्रपात किया था, उसे माघ ने एक कदम आगे बढ़ाने में योग दिया।

कम ख्याति के अन्य कवियों में बुद्धघोष का उल्लेख किया जा सकता है, जिसे इसी नाम के प्रसिद्ध पालि विद्वान् बुद्धघोष से अभिन्न नहीं माना जा सकता।[४] उसके महाकाव्य **पद्यचूड़ामणि** के दस सर्गों में बुद्ध के जीवन-चरित्र का वर्णन किया गया है। कल्हण की **राजतरंगिणी** से पता चलता है कि राजा मातृगुप्त के दरबार में एक कवि मेण्ठ था, जिसके काव्य **हयग्रीववध** का एक श्लोक राजशेखर और क्षेमेन्द्र ने उद्धृत किया है और एक राघव ने **शाकुन्तल** की टीका में। मेण्ठ की तारीख मातृगुप्त की तारीख पर निर्भर है, जो प्रवरसेन का पूर्वाधिकारी होने के कारण छठी शताब्दी ई० के उत्तरार्ध में हुआ प्रमाणित किया जा सकता है। लगभग एक शताब्दी के बाद (लगभग सन् ६७५ और ७७५ ई० के बीच) कुमारदास हुआ, जिसने बीस सर्गों के अपने महाकाव्य **जानकीहरण** में रावण द्वारा सीता हरण की कहानी बयान की है।

उससे कुछ समय पहले भट्टि हुआ था, जिसने वलभी के राजा श्रीधरसेन के आश्रय में अपना **भट्टिकाव्य** रचा था। इसलिए भट्टि की समापक तारीख सन् ६४८ ई० है, जो वलभी के चार श्रीधरसेनों में अन्तिम की ज्ञात तारीख है, या फिर यह तारीख सन् ६५० ई० हो सकती है, जो उसके उत्तराधिकारी की सबसे पहली ज्ञात तारीख है। यह काव्य इस दृष्टि से दिलचस्प है कि इसमें भट्टि ने पाणिनि की **अष्टाध्यायी** में दिये गये व्याकरण के नियमों को दृष्टान्त देकर स्पष्ट किया है और पूरा एक सर्ग **अलंकारों** की व्याख्या में लगाया है। भट्टि और वत्सभट्टि को अभिन्न मानना, या उसे भर्तृहरि से अभिन्न मानना (भर्तृ का प्राकृत रूप भट्टि होता है) बिलकुल निराधार है। वह निश्चय ही माघ से कुछ पहले हुआ था और भामह उसके नाम से परिचित था। इसी परम्परा में, उसके कुछ बाद ही, काश्मीर के कवि भौमक ने अपने काव्य **रावणार्जुनीय** की रचना की थी। सत्ताइस सर्गों के इस काव्य में अर्जुन कार्त्तवीर्य और रावण की कहानी का वर्णन किया गया है, और साथ ही लगभग पूरी **अष्टाध्यायी** को उदाहृत कर दिया गया है। यहाँ पर एक काव्य **घटकर्पर** का उल्लेख भी कर देना चाहिए।

---

१. देखिए कीथ, हि. सं. लि., पृ० १२४।
२. देखिए, कृष्णमाचारियर, हि. क्ला. सं. लि., पृ. १५६।
३. अर्थात् उपमा, अर्थ-गौरव, और पद-लालित्य।
४. कीथ, हि. सं. लि., पृ. १४३।

इस कविता के २२ पदों में उस सन्देश का वर्णन है जो एक तरुण विरहिणी वर्षा के आरम्भ में मेघ के द्वारा अपने प्रवासी पति के पास भेजती है। इस प्रकार इसमें कालिदास के मेघदूत से विपरीत स्थिति का वर्णन है, और कुछ लोग इस कविता को मेघदूत से पुरानी मानते हैं। लेकिन आमतौर पर इस मत को स्वीकार नहीं किया जाता। कुछ लोग इस कविता को, तथा **नलोदय** और **शृंगारतिलक** को भी, कालिदास-कृत ही बताते हैं, लेकिन इसकी सम्भावना बहुत कम है।

अन्त में हम एक नये वर्ग के काव्यों का जिक्र करेंगे, जिन्हें शतक कहते हैं, अर्थात् सौ पदों का काव्य। इनमें सबसे प्रसिद्ध भर्तृहरि के तीन शतक हैं। विभिन्न संस्करणों में इनके पाठ एक-दूसरे से भिन्न हैं। कवि भर्तृहरि[1] को **वाक्यपदीय** के लेखक से अभिन्न माना गया है, जिसकी सन् ६५० ई० में मृत्यु हुई थी। हम जानते हैं कि **वाक्यपदीय** का लेखक एक बौद्ध था, जबकि **शतकत्रय** में बौद्धमत की छाया भी नहीं दिखाई देती। लेकिन कहा गया है कि अनिश्चय के कारण कवि भर्तृहरि की आस्थाएँ लगातार बदलती रहती थीं, इसलिए वैयाकरण से कवि भर्तृहरि की अभिन्नता असम्भाव्य नहीं है। उसके **शृंगार शतक, नीति शतक** और **वैराग्य शतक** तीनों ही सूक्ष्म, सुन्दर और शक्तिशाली काव्य के श्रेष्ठ नमूने हैं। उनमें इन तीनों विषयों (अर्थात् प्रेम, विवेकपूर्ण आचरण और सांसारिक सुखों के प्रति विरक्ति) के सामान्य पक्षों का प्रतिपादन हुआ है, तथा स्मरणीय शब्दों में उपदेश दिया गया है कि जीवन में किस प्रकार व्यवहार करना चाहिए। इसके बाद अमरु का नाम आता है, जो **अमरु-शतक** का प्रसिद्ध लेखक है। **अमरु-शतक** के भी चार भिन्न संस्करण मिलते हैं, जिनमें केवल ५१ श्लोक ही सामान्य हैं। इन श्लोकों में अमरु या अमरुक ने प्रेम के विभिन्न पहलुओं का, और विशेष रूप से दो प्रेमियों के परस्पर सम्बन्ध का, चित्रण किया है। इस शतक में विभिन्न प्रकार की नायिकाओं या कुछ शब्दालंकारों की व्याख्या प्रस्तुत की गयी है।[2] लेकिन लगता है कि अमरु को इन दोनों में से किसी के प्रति विशेष रुचि नहीं थी। बाण के समकालीन कवि मयूर ने भी एक **मयूर शतक** लिखा है, जिसे **सूर्य शतक** के नाम से भी पुकारते हैं। इसके मुकाबले में बाण ने भी **देवी शतक** की रचना की थी। लगभग इसी समय में मातंग दिवाकर नाम का कवि हुआ था, जिसके बारे में हमें केवल काव्य-संकलनों से ही पता चलता है, और जिसे **भक्तामर-स्तोत्र** के जैन लेखक मानतुंग और शायद **कल्याणमन्दिर-स्तोत्र**[3] के लेखक सिद्धसेन दिवाकर से भी अभिन्न माना जाता है।

---

१. वही, १७६।

२. यह बात रोचक लग सकती है कि ज्ञानानन्द की व्याख्या के अनुसार इस शतक के शृंगारिक अथवा दार्शनिक दोनों ही अर्थ निकाले जा सकते हैं।

३. यह संदेहजनक है कि यह शतक **न्यायावतार** के प्रसिद्ध लेखक की कृति हो सकता है (सातवीं सदी ई. का अन्तिम चतुर्थांश)। **न्यायावतार** के इस लेखक (सिद्धसेन दिवाकर) ने ३२ स्तोत्र रचे हैं, जिनमें से हरेक में ३२ पद हैं। इसके लेखक और उसकी तारीख आदि के बारे में, देखें डा. पी. एल. वैद्य द्वारा सम्पादित **न्यायावतार** में उनकी भूमिका।

७. नीति कथाएँ और प्रेमाख्यान

हम आसानी से साहित्य के रूप में नीति-कथाओं के विकास क्रम का निर्धारण कर सकते हैं। सबसे पहले कहानियाँ या किस्से मिलते हैं, जो मनोरंजन के लिए कहे जाते थे। फिर उन्हें नैतिक शिक्षा देने या उपयोगी ज्ञान प्रेषित करने के लिए निश्चित रूप से एक साँचे में ढाला जाता है। अन्त में वे एक साहित्यिक रूप में ढाल दी जाती हैं, जिनमें कहानी गद्य में कही जाती है, और पद्यों का प्रयोग केवल कहानी के मन्तव्य को उभारने या उसके नैतिक आदर्श को स्मृति में अंकित करने के लिए किया जाता है। ऐसी नीति-कथा को कहानी-दर-कहानी की प्रक्रिया से क्रमशः बढ़ाकर संश्लिष्ट बना दिया जाता है। कहानी के विभिन्न पात्रों द्वारा अपने दृष्टिकोण का समर्थन, अन्य नीति-कथाओं की ओर संकेत करने की पद्धति से, सरलता-पूर्वक पूरा किया जाता है, क्योंकि फिर उनसे यह कहना स्वाभाविक हो जाता है कि वे अपने संकेत को स्पष्ट करके बताएँ।

यद्यपि इस प्रकार के साहित्य के विभिन्न तत्त्व भारत में आरम्भ से ही मौजूद थे, लेकिन पंचतन्त्र से पहले संस्कृत में इस तरह की कोई मिसाल नहीं मिलती। इस कृति की मूलप्रति ई० सन् की आरम्भिक सदियों की रही होगी, जो खो चुकी है। यह रचना सारे भारत में लोकप्रिय हो गयी थी और दुनिया की अधिकांश भाषाओं में इसका अनुवाद किया गया था। इसकी चर्चा हम तेईसवें परिच्छेद में करेंगे। भारत में **पंचतंत्र** के तीन संस्करण उपलब्ध है — (१) उत्तर-पश्चिमी संस्करण, जिसका स्रोत **बृहत्कथा-मंजरी** और **कथासरित्सागर** में खोजा जा सकता है; (२) **तंत्राख्यायिका** नाम से दो काश्मीरी संस्करण और उस पर आधारित दो जैन रूपान्तर; (३) दक्षिण-भारतीय संस्करण जिससे नेपाली **पंचतंत्र** निकला है और **हितोपदेश** की प्रसिद्ध कहानियां ली गयी हैं। **तन्त्राख्यायिका** को छोड़कर, जिसकी तारीख का पता नहीं चल सका है, पंचतंत्र के बाकी सारे वर्तमान संस्करण उस काल के बाद के हैं, जिसका विवरण इस जिल्द में पेश किया जा रहा है। इस प्रकार की एक रचना और है — गुणाढ्य की **बृहत्कथा**, जो इस काल की मानी जाती है। **बृहत्कथा** शायद पैशाची प्राकृत में लिखी गयी थी। यह सन् ५०० ई० से पहले की रचना नहीं है, यद्यपि कुछ लोग इसे बहुत पहले की बातते हैं — यहाँ तक कि ईसवी की पहली सदी तक की। लेकिन यह कोरी अटकलबाजी है।[1] यह कृति खो चुकी है और इसके प्राप्त होने की कोई सम्भावना नहीं है।

लघु-कथाओं के बाद दण्डी और बाण जैसे महान् लेखकों की अधिक लम्बी, संश्लिष्ट और कृत्रिम ढंग से वर्णित कथाएँ आती हैं। ये प्रेमाख्यान या तो ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित हैं, या बिल्कुल कल्पित हैं। अमर ने[2] इस भेद को ध्यान में रख

---

१. कीथ, हि. सं. लि., पृ. २६८।
२. देखिए, अमरकोश, I, vi. ५-६.

कर ही आख्यायिका और कथा को दो वर्गों में रखा था, यद्यपि दोनों ही प्रेमाख्यान के अन्तर्गत आती हैं। भामह[1] ने इन दोनों में भेद के जो अन्य नुक्ते बताये थे, उनको मानने से दण्डी ने साफ इन्कार कर दिया और उसने तो यहां तक दावा किया कि ये एक ही वर्ग की कृतियों के सिर्फ दो भिन्न नाम हैं।[2] इसके बाद रुद्रट ने इन दोनों में भेद करने की कोशिश की और अन्त में साहित्य-दर्पण[3] के लेखक विश्वनाथ ने इन्हें विभिन्न वर्गों की रचनाएँ बताया। विश्वनाथ ने अपने मत के लिए बाण के विचार को आधार बनाया, जिसने अपने हर्षचरित को आख्यायिका और कादम्बरी को कथा कहा है। लेकिन ये प्रयत्न भी व्यर्थ थे, क्योंकि उन्होंने दोनों में फर्क करने के लिए जो तर्क दिये, वे इतने सतही थे कि बाद के लेखकों ने इन दोनों में कोई वास्तविक भेद नहीं माना। इसलिए इस प्रसंग में अमर का मत ही सबसे गम्भीर है। और लगता है कि बाण ने भी उसके मत की ही पुष्टि की थी जब उसने आख्यायिका की तुलना "सुखद शैया" से और कथा की तुलना 'उस प्रेयसी वा प्रेमपूर्ण तरुणी से जो उस शैया की ओर बढ़ रही है' की थी।[4]

इस क्षेत्र के साहित्य में दण्डी[5] का नाम सबसे पहला है। यह मत कि दण्डी काँची का रहने वाला था, वह पल्लव राजाओं के आश्रय में रहता था, और उसने जिस रत्नवर्मन् (या राजवर्मन्) का उल्लेख किया है, वह एक पल्लव राजकुमार था, केवल एक प्राक्कल्पना है और उसका कोई ठोस आधार नहीं है। क्योंकि जिस श्लोक[6] के आधार पर यह मत व्यक्त किया गया है, वह प्रहेलिका है, इसलिए बिना किसी निश्चित प्रमाण के इस तरह का कोई भी समाधान एक अटकल से ज्यादा महत्त्व नहीं रखता।

काव्यादर्श और **दशकुमारचरित** का लेखक दण्डी बाण या सुबन्धु से भी पहले हुआ होगा, इसका अनुमान उसकी अपेक्षाकृत सरल शैली से लगाया जाता है। **दशकुमारचरित** में जिस भौगोलिक स्थिति के ब्यौरे मिलते हैं, वे भी हर्षवर्धन् के साम्राज्य से पहले की स्थिति का संकेत देते हैं।[7] उसका **काव्यादर्श**, बहुत सम्भव है, कि भामह से पहले की रचना है। परम्परा के अनुसार दण्डी तीन ग्रंथों का लेखक माना जाता है; उनमें से **दशकुमारचरित** शायद युवा दण्डी की रचना है, और **काव्यादर्श** शायद उसके प्रौढ़ काल की। तीसरी रचना के बारे में पिशेल (Pischel)

---

१. देखिए, उसका **काव्यालंकार**, I. २५-२९।

२. देखिए **"तत्कथाख्यायिकेत्येका जातिः संज्ञाद्वयांकिता"—काव्यादर्श**, I, २८ ए।

३. देखिए, रुद्रट **काव्यालंकारसूत्र** XI, २०-२७; **साहित्य-दर्पण**, VI, ३३२-३६।

४. पढ़िये बाण की **कादम्बरी** की प्रस्तावना के श्लोक ८ और ९।

५. पढ़िए, डा. दे. का निबंध 'फेस्टश्रिफ्ट कानें' में, पृ. ११२-४४।

६. **काव्यादर्श**, III. ११४।

७. कॉलिन्स, **दि ज्याँग्राफिकल डाटा आफ दि रघुवंश ऐंड दशकुमारचरित**, पृ. ४६।

का मत है कि वह **मृच्छकटिक** है, जबकि कुछ दूसरे विद्वानों का ख्याल है कि वह **छन्दोविचिति** है, जिसका **काव्यादर्श** में उल्लेख है। **काव्यादर्श** में एक और कृति, **कलापरिच्छेद** का उल्लेख हुआ है। लेकिन सम्भव है कि **छन्दोविचिति** और **कलापरिच्छेद** दोनों ही किन्हीं पुस्तकों के नाम नहीं हैं, बल्कि उन परिच्छेदों के शीर्षक हैं, जिन्हें वह अपने **काव्यादर्श** में शामिल करना चाहता था। यह मत कि दण्डी **मृच्छकटिक** का लेखक था, अत्यन्त सन्दिग्ध है, क्योंकि जिस श्लोक के आधार पर यह मत प्रकट किया गया है, वह न केवल **मृच्छकटिक** और **काव्यादर्श** में मिलता है, बल्कि **चारुदत्त** में भी, जो असन्दिग्ध रूप से भास की कृति है। भोज के शृंगार-प्रकाश[1] में दिये गये उद्धरणों से लगता है कि दण्डी की तीसरी कृति का नाम **द्विसंधान काव्य** था जिसमें एक साथ ही भारत के दोनों वीरचरित्रकाव्यों या महाकाव्यों की कथाएँ वर्णित हैं। हमारे यहाँ इस **द्विसन्धान-काव्य** की नकल में लिखे गये काव्यों के, जिन्हें **विलोमकाव्य** कहते हैं और जिनमें कृत्रिम शब्दाडम्बर की उससे भी ज्यादा भरमार रहती है, अनेक उदाहरण मिलते हैं। कुछ विद्वानों का विचार है कि **दशकुमार-चरित** दण्डी की रचना नहीं है, बल्कि वह **अवन्ति सुन्दरी-कथा** का लेखक है। लेकिन यह मानना कठिन है[2] कि वह पहली कृति का लेखक नहीं है और दूसरी कृति का है। यह सच है कि **दशकुमारचरित** के तीन भागों में से **पूर्वपीठिका** (भूमिका) और **उत्तर-पीठिका** (उपसंहार), ये दो भाग दण्डी की कलम से नहीं लिखे गये। लेकिन इससे अनिवार्यतः यह निष्कर्ष नहीं निकलता कि **दशकुमारचरित** का मुख्य भाग भी दण्डी का रचा नहीं होगा।

जैसा नाम से ही जाहिर है, **दशकुमारचरित** में नायक (राजकुमार राजवाहन) और उसके नौ साथी, जो एक दूसरे से बिछुड़ कर भाग्य के विचित्र उलट-फेरों में से गुजरे थे, फिर से मिलने पर, एक दूसरे को अपने अपने विचित्र अनुभव सुनाते हैं। यह तकनीक उन विभिन्न कहानियों को एक सूत्र में पिरो देती है, जिनमें सभी वर्गों और विभिन्न कार्यों में लगे तरह-तरह के स्त्री-पुरुषों का चित्रण हुआ है। यह कृति से दण्डी की चरित्र-चित्रण और जीवन के यथार्थ चित्र खींचने की अद्भुत शक्ति का पता चलता है। उसकी शैली अत्यन्त सरल, सहज और अकृत्रिम है और उसमें व्यंग्य और हास्य की पर्याप्त मात्रा है।

दण्डी के बाद और बाण से पहले सुबन्धु का समय है, जो **वासवदत्ता** का लेखक है। यह रचना सन् ६०८-९ ई० से पहले की है, क्योंकि जिनभद्र का भाष्य इसी वर्ष समाप्त हुआ था, जिसमें **वासवदत्ता** का उल्लेख है।[3] इस प्रकार लगता है कि सुबन्धु बाण का वयोवृद्ध समकालीन था। उसकी **वासवदत्ता** एक बड़ी सुन्दर और मधुर कथा है — प्रेम और रोमांस की कहानी — जिसकी तुलना बाण की **कादम्बरी** से की जा सकती है। गद्य के

१. देखिए, कृष्णमाचारी, हि. क्ला. सं. लि., पृ. ४६१, टि. ५।
२. देखिए, कीथ, हि. सं. लि., भूमिका, पृ. xvi।
३. प्रो. ओ. का. XIII, भाग II, पृ. ११३-१४।

सभी गुण और दोष दोनों में समान रूप से मिलते हैं। लम्बे, जटिल वाक्य, अप्रचलित शब्दों का मोह, अत्यधिक विशेषणों का प्रयोग, जिसमें क्रियापद कई कई पृष्ठों तक स्थगित होता चला जाता है, असामान्य रूप से लम्बे लम्बे समास, ब्यौरों और वर्णनों में इतना रम जाने की प्रवृत्ति कि मुख्य कथा और कार्यव्यापार ही उपेक्षित हो जाए, ये कुछ दोष हैं जो बाण की शैली में बताये जाते हैं। लेकिन हमें याद रखना चाहिए कि बाण ने मुख्यतः उच्च वर्ग के लिए ही लिखा था और वह भी उस जमाने में जब ओज (परिभाषा के अनुसार समास-युक्त शैली का परिणाम) अच्छी गद्य-रचना का प्रधान गुण माना जाता था। सरल, प्रसाद-गुण युक्त अंशों की भी बाण की रचनाओं में कमी नहीं है। ब्यौरों में रम जाने की प्रवृत्ति तो एक सामान्य भारतीय कमजोरी है। मूर्ति-कला, चित्र-कला, संगीत और यहाँ तक कि प्रकृति के बारे में भी पूर्व और पश्चिम के दृष्टिकोणों में जमीन-आसमान का अन्तर है। ब्यौरों की सम्पूर्णता पूर्व का स्वाभाविक गुण है। और अगर वेबर (Weber) ने बाण की कृति की तुलना "एक भारतीय जंगल" से की है तो ग्रे (Gray) ने गम्भीर अध्ययन के बाद सुबन्धु की कृति को "भारत के अपने वास्तुशिल्प" के समान बताया है, "जहाँ इमारत का सारा ढाँचा सूक्ष्म ब्यौरों से इतना आवेष्ठित होता है कि आँख इमारत की रूपरेखा को भूलकर उस पर की गयी सूक्ष्म और कोमल नक्काशी में ही आश्चर्यचकित होकर रम जाती है।"[१]

बाण की महानता का अनुमान इस तथ्य से लगाया जाता है कि बाद के आलोचकों को अपने सिद्धान्त-निरूपण के लिए उसकी कृतियों से पर्याप्त सामग्री उपलब्ध हुई। इस प्रकार, उसकी कृतियों के आधार पर ही रुद्रट तथा अन्य काव्यशास्त्रियों ने **कथा** और **आख्यायिका** का भेद निरूपित किया था। उसकी ही रचनाओं से मिसाल देकर गद्य की अनेक किस्मों जैसे **कलिका, मुक्तक, चूर्णक** और **पद्यगंधि** आदि का निर्णय किया गया, जबकि दण्डी को इन किस्मों का कोई पता नहीं था। मंजूषा-पद्धति का प्रयोग यद्यपि पुराना था, लेकिन बाण ने उसको नया जीवन प्रदान किया और मंजूषाओं को एक अविच्छेद्य इकाई में संयोजित कर दिया, जैसा **पंचतन्त्र** आदि में नहीं है। जहाँ तक इस टेकनीक का सम्बन्ध है, वह निश्चय ही दण्डी से एक कदम आगे है, जिसने **दशकुमारचरित** में पुरानी टेकनीक का विकास करने की ओर कोई ध्यान नहीं दिया था।

कादम्बरी और **हर्षचरित**, के अलावा जिनमें उसने अपने आश्रयदाता, कन्नौज के श्री हर्ष के जीवन का चित्रण किया है, दो ग्रंथ और हैं, जिनका लेखक बाण को बताया जाता है — **पार्वती-परिणय**[२] और **चण्डी शतक**। **नलचम्पू** के टीकाकार के

---

१. ग्रे, वासवदत्ता, भूमिका, पृ. २७।

२. लेकिन **पार्वती परिणय** दरअसल अभिनव बाण की रचना है, जिसका असली नाम वामन भट्ट बाण था और जो वेमभूपाल का आश्रित कवि था (पन्द्रहवीं शताब्दी ई.)—डे, हि. सं. लि. पृ. २९९. कृष्णमाचारी, हि. क्ला, सं. लि., पृ. २१५, ५४२।

एक मात्र हवाले के आधार पर बाण को एक नाटक **मुकुटताडितक** का लेखक होने का भी श्रेय दिया जाता है ।

८. काव्यशास्त्र और छन्दशास्त्र

काव्यशास्त्र के क्षेत्र में सबसे पहला लेखक, जिसकी कृति हमें उपलब्ध है, भट्टि था । उसने काव्यशास्त्र पर अलग से कोई ग्रंथ नहीं लिखा, लेकिन उसने अपने प्रसिद्ध काव्य **रावणवध** का एक पूरा सर्ग **काव्यालंकारों** की सोदाहरण व्याख्या में लगाया है । उसके **रावण-वध**[1] और भामह के **काव्यालंकार**[2] मे जो निकट साम्य[3] मिलता है, उससे पहली कृति को ही दूसरी कृति से पूर्व की रचना मानना उचित है । यह बिल्कुल निश्चित है कि भट्टि, दण्डी से पहले हुआ था और उसे भर्तृहरि से अभिन्न मानना गलत है । उसे वत्सभट्टि से अभिन्न बताने के प्रयत्न भी व्यर्थ हैं, क्योंकि इसकी पुष्टि के लिए कोई निश्चित आधार नहीं मिलता । भट्टि ने काव्यालंकारों की जो व्याख्या की है, उसकी तुलना अगर भामह और दण्डी से करें तो ज्ञात होगा कि उसने स्वतंत्र रूप से कार्य किया था और वह इन दोनों महान् लेखकों का जरा भी ऋणी नहीं था ।[4]

दण्डी का **काव्यादर्श** और भामह का **काव्यालंकार** ये दोनों ही काव्यशास्त्र के महान् ग्रंथ हैं, जिन्होंने परवर्ती लेखकों को बड़ी सीमा तक प्रभावित किया है । दोनों में से कौन पहले हुआ और कौन बाद में, इसके बारे में तीखा विवाद चलता आया है । कुछ लोग भामह को दण्डी से पहले का मानते हैं, और कुछ दण्डी को भामह से पहले का । भामह की तिथि सन् ७०० ई० के लगभग निश्चित की जा सकती है और वह शायद दण्डी के बाद हुआ था ।[5]

ऐसा अनुमान किया जाता है कि दण्डी और भामह दोनों ने ही छन्दशास्त्र पर भी लिखा था, लेकिन इसका कोई विश्वसनीय प्रमाण उपलब्ध नहीं है ।

वराहमिहिर (मृत्यु सन् ५६७ ई०) स्वयं एक बड़ा पद्यकार था और उसने अपनी **बृहत्संहिता** और **बृहज्जातक** में प्राचीन संस्कृत के अनेक छन्दों का प्रयोग किया था । उसने **बृहत्संहिता** के एक पूरे परिच्छेद[6] में ऐसे लगभग ६० छन्दों के दृष्टान्त पेश किये हैं । इसमें उसने उदाहरणात्मक पदों में ही छन्दों के नाम दिये हैं, लेकिन उसने किसी छन्द की परिभाषा नहीं की । प्राकृत के गाथा, स्कन्धक, मागधी और

---

१. XXII. ३४ ।

२. II. २० ।

३. देखिए, कणे, हि. अ. लि., पृ. xxxix; हि. सं. पो., पृ. ११६; दासगुप्त, हि. सं. लि. पृ. ५२९ ।

४. देखिए, कणे, दण्डी हि. अ. लि., पृ. xiv प. पृ.; हि. सं. पो. पृ. ७१ ।

५. भामह और दण्डी की कालानुक्रमिक स्थिति के बारे में देखिए, कणे हि. सं. पो. पृ. ९६-१२५ दासगुप्ता, हि. सं. लि. पृ. ५३०-३३; दै., सं. पो. I, पृ. ६४-७०; कीथ, हि. सं. लि. ३७५-७६ ।

६. परिच्छेद १०३ ।

गीतक जैसे छन्दों का उसे पूर्ण ज्ञान था और वह उनके मूल संस्कृत नाम बताता है, जो क्रमशः इस प्रकार हैं : आर्या, आर्यागीति, वैतालीय और नरकुटक।

छन्दशास्त्र का इससे बाद का ग्रन्थ विरहांक का वृत्तजातिसमुच्चय है, जिसमें संस्कृत, प्राकृत (और कहीं कहीं अपभ्रंश) के छन्दों का विवेचन है। इस ग्रन्थ का अधिकांश भाग प्राकृत में लिखा गया था।[1] चार-चार पंक्तियों की द्विपदियों की परिभाषा करते समय विरहांक ने बड़ी सावधानी बरती है। हेमचन्द्र के समय तक द्विपदियाँ काव्य में लुप्तप्राय हो चुकी थीं। जयदेव की तरह और करीब करीब उन्हीं शब्दों में उसने भी अल्पप्राण और महाप्राण अक्षरों द्वारा ध्वनि-लेखा-चित्रण का जिक्र किया है। इसके अतिरिक्त उसने प्रस्तार के सभी प्रकारों का उल्लेख किया है और वैदिक छन्दों को बिल्कुल छोड़ दिया है।

६. कोश-कला

तकनीकी क्षेत्र में भी क्लासिकी युग ने विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर साहित्य की समृद्धि में योग दिया है, हालांकि यह दावा नहीं किया जा सकता कि इस युग में किसी नयी और मौलिक दिशा का उद्घाटन हुआ था। इस प्रकार कोश-रचना की परम्परा भी वैदिक निघंटुओं से जोड़ी जा सकती है, यद्यपि अमर के नामलिंगानुशासन से पहले, जिसे साधारणतया अमरकोश कहा जाता है, हमें सही अर्थों में कोई कोश नहीं मिलता। इसके टीकाकारों, क्षीरस्वामी और सर्वानन्द से ज्ञात होता है कि इस क्षेत्र में व्याडि, धन्वन्तरि, वररुचि, कात्यायन और वाचस्पति आदि लेखक उसके अग्रज कोशाकार थे और त्रिकाण्ड, उत्पलिनी और माला पूर्ववर्ती कोश थे। अमर ने अपनी सामग्री केवल नाममात्रतन्त्रों और लिंगमात्रतन्त्रों से ही नहीं ली, बल्कि धन्वन्तरि आदि के चिकित्सा-कोशों से भी ली है। लेकिन उसकी महानता का अनुमान तब हो सकता है, जब हम यह ध्यान में रखें कि पाणिनि के अष्टाध्यायी की तरह उसके अमरकोश ने भी अपने क्षेत्र की सभी पूर्ववर्ती रचनाओं को तिरोहित कर दिया। लोक-परम्परा के अनुसार अमर राजा विक्रमादित्य के दरबार के नवरत्नों में से था। विद्वान् अभी तक इस राजा विक्रमादित्य की असन्दिग्ध रूप से शिनाख्त नहीं कर सके हैं। उसके बारे में कहा जाता है कि अमर "एक कवि था, और निश्चय ही एक बौद्ध था और महायान का ज्ञाता था जिसने कालिदास का भी इस्तेमाल किया है।"[2] उसकी तारीख अनिश्चित है, लेकिन वह शायद आठवीं सदी ई० से पहले हुआ था।

टीकाकार प्रायः अमरकोश को उद्धृत करते आये हैं और उस पर इतनी भारी संख्या में टीकाएँ लिखी गयी हैं जिससे अमरकोश की लोकप्रियता स्वतः सिद्ध हो जाती है। सबसे पुरानी और उपलब्ध टीका क्षीरस्वामी की उद्घाटन है। क्षीरस्वामी ने

---

१. ज. ब. ब्रा. रा. ए. सो., १९२९,१९३२ में प्रकाशित।

२. विन्टरनित्स, गे. इ. लि. III, पृ. ४११; कीथ, हि. सं. लि. पृ. ४१३.

राजशेखर और भोज को उद्धृत किया है और फिर वर्धमान ने अपनी टीका **गणरत्न-महोदधि** में क्षीरस्वामी को उद्धृत किया है। इसलिए उसे ग्यारहवीं शताब्दी ई० में रखना चाहिए। उसने अपने से पहले के जिन टीकाकारों का उल्लेख किया है, उनके नाम हैं गौड़ उपाध्याय और गिरिभोज। अमरकोश के अन्य महत्त्वपूर्ण टीकाकारों में एक बंगाल का सर्वानन्द वन्द्यघटीय है, जिसने सन् ११५९ ई० में अपनी **टीकासर्वस्व** लिखी थी और दूसरा सुभूति (या सुभूतिचन्द्र) है, जिसकी टीका **काम्धेनु**[1] केवल तिब्बती संस्करण में ही उपलब्ध है, और तीसरा बृहस्पति रायमुकुटमणि (या केवल रायमुकुट) है, जिसने अपनी टीका **पदचन्द्रिका** सन् १४३१ ई० में लिखी थी। बाद की शताब्दियों में भी **अमरकोश** के टीकाकारों में कमी नहीं हुई। इस प्रकार सत्रहवीं सदी में नारायणशर्मा (सन् १६१९ ई०), विद्यावाचस्पति (सन् १६३३ ई०) और मधुरेश विद्यालंकार (सन् १६६६ ई०) ने अमरकोश की टीकाएँ लिखीं, जबकि महादेव, महेश्वर तथा अन्य टीकाकार इससे भी बाद में हुए हैं।

अमर ने वैदिक **निघंटुओं** का अनुकरण करते हुए ग्रन्थ के मुख्य भाग के बाद, जिसमें पर्याय प्रस्तुत किये गये हैं, समध्वनिक शब्दों का एक अनुच्छेद रखा है, हालाँकि इसके अलावा दोनों में और किसी प्रकार का साम्य नहीं मिलता। शायद शाश्वत भी अमर का समकालीन था, जिसके **अनेकार्थ-समुच्चय**[2] में समध्वनिक शब्दों का संयोजन इस प्रकार किया गया है "कि व्याख्या एक पद तक चलती है, आधे पद तक चलती है या चौथाई पद में ही समाप्त हो जाती है और अन्त में अव्यय आते हैं। **अग्नि-पुराण** में दिया गया कोश वस्तुतः **अमरकोश** का ही संक्षिप्त और पुनर्नियोजित रूप है।

धन्वन्तरि का **निघंटु** अपने मूल रूप में निश्चय ही अमरकोश से पहले रचा गया होगा, लेकिन वह जिस रूप में उपलब्ध है, वह बाद की रचना है।"

१०. व्याकरण

संस्कृत व्याकरण[3] की विभिन्न पद्धतियों में से चान्द्र और जैनेन्द्र पद्धतियों का विकास इस युग की देन है। चन्द्र या चन्द्रगोमी, जो चन्द्र पद्धति का संस्थापक है, केवल पाणिनि निकाय के महान् आचार्यों का शिष्य ही नहीं था, बल्कि उसने उनके ग्रन्थों का भरपूर उपयोग करके एक ऐसी पद्धति का विकास करने की कोशिश की जो परम्परागत ब्राह्मणी-प्रभाव से मुक्त हो। वह बौद्ध था और उसका व्याकरण

---

१. इस टीका की पांडुलिपि प्रो. पी. के. गोडे ने देखी है, ए. भ. ओ. टि. इ., XVI, पृ. ३१३ प. पृ.। सुभूति की तारीख के लिए उनका निबन्ध पढ़िए जो कुप्पूस्वामी शास्त्री कमेमोरेशन वाल्यूम, पृ. ४७-५१ में प्रकाशित हुआ है। साथ ही, देखिए न्यू इ. ए., II, पृ. ४१४.।

२. आर. शर्मा (कल्पद्रुकोश, भूमिका, पृ. xxv) का तर्क है कि यह अमरकोश से पुराना है।

३. इनका सामान्य परिचय प्राप्त करने के लिए देखिए डा. एस. के. बेल्वाल्कर की पुस्तक—**सिस्टम्स आफ संस्कृत ग्रामर**।

काश्मीर, तिब्बत, नेपाल और लंका में खूब लोकप्रिय हुआ। इस निकाय का सर्वप्रथम भर्तृहरि ने अपने **वाक्यपदीय** में और सबसे बाद में मल्लिनाथ ने कालिदास के **मेघदूत** के पच्चीसवें पद की टीका में हवाला दिया है। **काशिका-वृत्ति** (लगभग सन् ६५० ई०) में चन्द्रगोमी की कृति का आभार स्वीकार किये बिना ही अनेक सूत्र उधार ले लिये गये हैं। इसके अलावा, वसुरात ने, जो भर्तृहरि का गुरु था और जिसकी मृत्यु शायद सन् ६५० ई० में हुई थी, चन्द्राचार्य को अपना गुरु माना है। इससे चन्द्र की संभाव्य तारीख सन् ६०० ई० के लगभग मानी जा सकती है। लेकिन यह तारीख एक सौ साल पीछे हटायी जा सकती है, क्योंकि चन्द्र ने अपनी पुस्तक में हूणों पर किसी जर्त (गुप्त?) की विजय का उल्लेख किया है, जो सम्भवतः हूणों पर स्कन्द गुप्त की विजय की ओर संकेत करता है।[1] इस पुस्तक में ३१०० सूत्र हैं, जो चार-चार भागों के छह अध्यायों में संयोजित किये गये हैं। जैनेन्द्र व्याकरण में, जिसके आधार पर दूसरे निकाय का जन्म हुआ था, कोई नयी बात नहीं है। उसमें पाणिनि की **अष्टाध्यायी** और उस पर कात्यायन के **वार्त्तिकों** को यथासम्भव संक्षिप्त कर दिया गया है और बीच-बीच में कुछ विचक्षण परिवर्तन किये गये हैं। हालाँकि जैनेन्द्र को इसका लेखक माना जाता है, लेकिन इस कृति का असली लेखक पूज्यपाद देवनन्दी था, जिसने सम्भवतः सन् ६७८ ई० में यह व्याकरण लिखा था।

व्याकरण के क्षेत्र में विवेच्य काल की सारी पुस्तकें टीकाओं के रूप में हैं। भर्तृहरि ने, जिसकी ई-त्सिंग के अनुसार सन् ६५० ई० में मृत्यु हुई थी, कहा जाता है, पातंजलि के महाभाष्य की टीका लिखी थी, लेकिन यह टीका आज उपलब्ध नहीं है। उसकी **वाक्यपदीय** व्याकरण-दर्शन पर तीन खंडों में एक छन्दोबद्ध रचना है। जयादित्य और वामन ने पातंजलि के ग्रन्थ की प्रसिद्ध **वृत्ति-काशिकावृत्ति** लिखी और जिस समय ई-त्सिंग भारत आया (सातवीं शताब्दी का अन्तिम चतुर्थांश), उस समय चीनी विद्वान् संस्कृत का अध्ययन करने के लिए आमतौर पर इस पुस्तक का ही इस्तेमाल करते थे। इसके एक से चार तक के खंड जयादित्य के रचे हुए लगते हैं, जो शायद पुस्तक को पूरा करने से पहले ही मर गया था और जिसे बाद में वामन ने पूरा किया था। बौद्ध विद्वान् जितेन्द्रबुद्धि ने **न्यास** नाम से इस **काशिका** की टीका लिखी। माघ ने अपने महाकाव्य **शिशुपालवध** में इस न्यास का स्पष्ट उल्लेख किया है, इसलिए इसे सन् ७०० ई० की कृति मान सकते हैं।[2]

११. चिकित्सा-शास्त्र[3]

इस काल में चिकित्सा-शास्त्र का एकमात्र महान् लेखक वाग्भट है, जो चरक

१. ऊपर देखिए, पृ. २६ प. पृ.।

२. यहाँ पर एक नाम और नोट कर सकते हैं — भीमसेन। प्रो. गोडे ने दिखाया है कि वह सन् ६०० ई से पहले हुआ। वह काफी प्रसिद्ध है और अक्सर उसको उद्धृत किया जाता है। देखिए, न्यू. इ. ए., II, पृ. १०८-१०।

३. इस विषय की विस्तृत जानकारी के लिए देखिए, जॉली, **मेडिसिन**, स्त्रास्सबर्ग, १९०१

और सुश्रुत के बाद इस क्षेत्र का सबसे महत्त्वपूर्ण लेखक है। शायद इस नाम के दो लेखक थे, जिनके दो प्रसिद्ध ग्रन्थ हमें उपलब्ध हैं — एक **अष्टांग-संग्रह** और दूसरा **अष्टांग-हृदय-संहिता**। पहला ग्रन्थ सुश्रुत की तरह गद्य में है, जिसके बीच में कहीं-कहीं पद्य का भी प्रयोग किया गया है और उस पर **वृद्ध वाग्भट** का नाम है। इसके विपरीत दूसरा ग्रन्थ आद्यन्त पद्यबद्ध है और उसके लेखक के रूप में केवल **वाग्भट** का नाम दिया गया है। इस कहावत से कि **वाग्भट** कलियुग के लिए उपयोगी है, जबकि चिकित्सा-शास्त्र के अन्य विद्वान् इससे पूर्व के युगों के लिए उपयोगी थे (लेकिन कलियुग के लिए नहीं), जाहिर होता है कि **वाग्भट** के नाम से जो ग्रन्थ प्रचलित हैं, वे चरक और सुश्रुत के बाद रचे गये थे। इसमें सन्देह नहीं कि दोनों वाग्भटों में से **अष्टांग-हृदय-संहिता** के लेखक ने दूसरे वाग्भट से बहुत अधिक ग्रहण किया है। वृद्ध वाग्भट, सिंहगुप्त का बेटा और वाग्भट का पोता था और बौद्ध अवलोकित का शिष्य था। ई-त्सिंग ने शायद उसके ग्रन्थ का ही हवाला दिया था, इसलिए उसे सातवीं शताब्दी के आरम्भ का माना जा सकता है। यह निश्चित नहीं है कि छोटा वाग्भट किसी रूप में वृद्ध वाग्भट से सम्बन्धित था, और सम्भवतः वह उससे एक शताब्दी बाद हुआ था, अर्थात् आठवीं शताब्दी के आरम्भ में। यह स्मरणीय है कि इस छोटे वाग्भट ने भी अपने पिता और पितामह का वही नाम बताया है, जो वृद्ध वाग्भट ने। ये दोनों ही बौद्ध मत के थे, और इसलिए स्वाभाविक है कि **अष्टांग-हृदय-संहिता** का भी तिब्बती भाषा में अनुवाद हुआ था।

पशुओं की बीमारियों पर भी अनेक ग्रन्थ लिखे गये थे। इनमें सबसे प्रसिद्ध **हस्त्यायुर्वेद**[1] है, जो पालकाप्य ऋषि और अंग के राजा रोमपाद के बीच संवाद के रूप में लिखा गया है। इसमें हाथियों की विशिष्ट बीमारियों का विस्तार से विवेचन किया गया है। कुछ विद्वान् इसको ईसा-पूर्व पाँचवीं या छठी सदी का ग्रन्थ बताते हैं, लेकिन अधिकतर विद्वान् इसे बहुत बाद का मानते हैं। शायद कालिदास को इस ग्रन्थ का पता था, लेकिन यह निश्चित नहीं है। इसी प्रकार का, घोड़ों की बीमारियों से संबन्धित, एक ग्रन्थ **अश्वशास्त्र** है, जिसका लेखक शालिहोत्र ऋषि को बताया जाता है। इससे बाद के और इसी वर्ग के और भी अनेक ग्रन्थ उपलब्ध हैं, लेकिन उनकी तारीख बिलकुल निश्चित नहीं है।

१२. खगोल शास्त्र

वराहमिहिर ने, जो छठी शताब्दी ईसवी में हुआ था, अपने ग्रंथ **पंचसिद्धान्तिका** में खगोल-विज्ञान सम्बन्धी उन पाँच ग्रंथों का कुछ विवरण सुरक्षित रखा है, जो उसके

(अंगरेजी अनुवादक — सी.जी. काशीकर, पूना, १९५१); त्सिमेर, **हिन्दू मेडिसिन,** बाल्टीमोर, १९४८; Filliozat, *La Doctrine Classique de la Médicine Indienee; Ses origines et ses parallèles Grecs* Paris, 1949.

१. हि. ब. ग्रार., I, २९५.

जमाने में प्रामाणिक माने जाते थे। इन पाँच ग्रंथों या सिद्धान्तों के नाम इस प्रकार हैं: पैतामह, रोमक, पौलिश, वासिष्ठ और सूर्य। इनमें से पहला पूर्व वैज्ञानिक काल का है, लेकिन अन्य चार सिद्धान्तों में विचार और दृष्टि का अधिक विकसित रूप दिखाई देता है। कुछ विद्वानों का मत है कि इन चारों सिद्धान्तों से सूचित होता है कि वे अगर यूनानी खगोल-विज्ञान पर आधारित नहीं थे, तो कम से कम उसकी जानकारी से लाभान्वित अवश्य थे। यह बात दूसरे और तीसरे सिद्धान्त के बारे में निश्चय ही सही मालूम देती है, क्योंकि यद्यपि रोमक से रोमनगर का हवाला चाहे न स्वीकार किया जाए, लेकिन इससे व्यापक अर्थ में रोमन साम्राज्य का संकेत अवश्य मिलता है। पौलिश शब्द भी सम्भवतः पाउलस अलेक्जान्द्रिनस के नाम से ही बनाया गया है। यह ध्यान देने की जरूरत है कि इन दोनों में यवनपुर की याम्योत्तर-रेखा का हवाला दिया गया है। कहा गया है कि **सूर्य सिद्धान्त** को अपने संशोधित रूप में भी, जो हमें उपलब्ध है, रोमक में सूर्य ने असुर मय को उद्घाटित किया था। इस बात को उसके पाश्चात्य मूल या यूनानी प्रभाव का प्रमाण माना जा सकता है। इस प्रकार, इसमें कोई संगत सन्देह नहीं किया जा सकता कि भारतीयों को यूनानी खगोल-विज्ञान का ज्ञान था और वे उससे काफी प्रभावित हुए थे। इन ग्रंथों की विषय-वस्तु की ध्यान पूर्वक छानबीन करने से तथा अन्य तथ्यों को भी दृष्टि में रखने से इस मत की पुष्टी होती है।

यद्यपि इन पाँच सिद्धान्तों के नाम के कुछ और ग्रंथ भी हमें उपलब्ध हुए हैं, लेकिन वे सारे वराहमिहिर के बाद के हैं और जाहिर है कि अगर ये सचमुच पुराने नाम से एकदम नये ग्रंथ नहीं हैं तो वे पुराने ग्रंथों के बदले हुए और संशोधित संस्करण अवश्य हैं। उनके मूलपाठ, जिनमें वराहमिहिर ने संकलन किया है, ईसवी की तीसरी और पाँचवीं सदी के बीच के हो सकते हैं, यद्यपि कुछ विद्वान् उन्हें इससे पहले की रचनाएँ मानते हैं।

वराहमिहिर ने और भी कई खगोल-शास्त्रियों का उल्लेख किया है, जैसे लाट, सिंह, प्रद्युम्न विजयनन्दी; और अन्त में आर्यभट् का जिक्र किया है, जो इन सबसे अधिक विख्यात है। इन सबके ग्रंथों में केवल आर्यभट् के ही कुछ ग्रंथ-**आर्यभटीय दशगीतिकासूत्र** और **आर्याष्टशत**—इस समय बचे हैं। आर्यभट् शक संवत् ३९८ (सन् ४७६ ई०) में संभवतः कुसुमपुर या पाटलिपुत्र में पैदा हुआ था। उसका ग्रंथ **आर्यभटीय,** सन् ४९९ ई० में लिखा गया था। वह पहला विद्वान था, जिसने गणित का विशिष्ट विषय के रूप में अध्ययन प्रस्तुत किया था, और मूल क्रिया और घात क्रिया, क्षेत्र और आयतन, श्रेढियों और बीजीय सर्वसमिकाओं और एकघातिक अनिर्धारित समीकरणों का निरूपण किया था। आर्यभट् ही पहला विद्वान् था, जिसने कहा कि पृथ्वी गोल है। और अपनी धुरी पर घूमती है और चन्द्र और सूर्यग्रहण राहुग्रस्त होने के कारण नहीं, बल्कि चन्द्रमा पर पृथ्वी की छाया पड़ने के कारण होते हैं। इन दोनों मतों को आगे चलकर वराहमिहिर और ब्रह्मगुप्त ने अमान्य ठहराया और उनकी

कठोर आलोचना की । आर्यभट् ने π अर्थात् ३ : १४१६ का 'सही-सही मूल्य निकालने में' भी सफलता पायी थी ।[१]

आर्यभट् के गणित का सबसे महत्त्वपूर्ण अंग उसकी अनोखी अंकन पद्धति है। यह दशमलव स्थानाई पद्धति पर आधारित है, जो प्राचीनकाल के अन्य लोगों को अज्ञात थी, किंतु अब सारे सभ्य-जगत् में प्रचलित है । आर्यभट् ने इस पद्धति का आविष्कार किया था या किसी प्रचलित पद्धति का संशोधन किया था, यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता । बख्शली की पाण्डुलिपि को छोड़कर, जिसे कुछ लोग २०० ई० की मानते हैं, इस पद्धति का सबसे प्राचीन प्रयोग **आर्यभटीय** में ही मिलता है, और उसके बाद ही गणित शास्त्र के अन्य सभी ग्रंथों में। सामान्यत: विज्ञान के लिए और विशेषकर गणितशास्त्र के लिए इस पद्धति का आत्यन्तिक महत्त्व है । कुल मिलाकर भारतीय ज्योतिर्विदों में आर्यभट् का बहुत ऊँचा स्थान है और उसके अनेक अनुयायी और टीकाकार हुए हैं ।[२]

कालक्रमानुसार अगला प्रसिद्ध ज्योतिर्विद वराहमिहिर था। उसने शक संवत् ४२७ को गणना का आधार बनाया था, इसलिए हम कह सकते हैं कि वह पाँचवीं शताब्दी के अन्तिम दशक में हुआ होगा । यह मत कि उसकी मृत्यु शक संवत् ५०९ (सन् ५८७ ई०) में हुई थी, एक पद में दी गई सूचना पर आधारित है,[३] जिसकी प्रामाणिकता सन्दिग्ध है । उसने ज्योतिष-शास्त्र को तीन शाखाओं में बाँटा, अर्थात् तंत्र (खगोल-विज्ञान और गणित), होरा (जन्म पत्री) और संहिता (फलित ज्योतिष) । इन तीनों शाखाओं के बारे में उसके छह ग्रंथ उपलब्ध हैं । उसके खगोल-विज्ञान संबन्धी ग्रंथ **पंचसिद्धांतिका** का पहले जिक्र किया जा चुका है । फलित-ज्योतिष सम्बन्धी उसकी **बृहत्संहिता** ज्ञान-विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों की उपयोगी जानकारी का विश्वकोश है, जैसे ग्रहों-उपग्रहों की आकाशीय गति और मनुष्यों पर उनका प्रभाव, भूगोल, वास्तुशिल्प, मूर्ति निर्माण, जलाशय खोदना, बाग लगाना, विभिन्न वर्गों की स्त्रियों और पशुओं की चारित्रिक विशेषताएँ, आभूषण, शकुन, विवाह आदि । विवाह के लिए शुभ-घड़ी का निर्णय करने के सम्बन्ध में उसने अपनी दो कृतियों, **बृहद्विवाहपटल** और **स्वल्पविवाहपटल** में विशेष रूप से विस्तृत विवेचन किया है और एक तीसरी कृति **योगयात्रा** में राजाओं के युद्धों से सम्बन्धित शकुनों का विवेचन किया है। होरा

---

१. भारतीय ज्योतिष विज्ञान के लिए देखिए, हि. सं. लि., पृ. ५१६ प पृ.। साथ ही देखिए **भारतीय-ज्योतिष शास्त्र**, ले. एस. बी. दीक्षित, द्वितीय संस्करण, पूना, १९३१. आर्यभट् और उसके पूर्ववर्तियों के लिए देखिए — कीथ, पू. पु. ५१७ प. पृ.।

२. दशमलव प्रणाली की मूल-स्थापना के बारे में विभिन्न मतों को जानने के लिए देखिए 'हिस्टरी आफ हिन्दू मैथेमेटिक्स,' ले. डा. दत्त और ए. सिंह (लाहौर, १९३५) तथा साथ ही इ. हि. क्वा. III, ९७ प. पृ.; ३५६ प. पृ.।

३. **"नवाधिकपंचशतसंख्यशाके वराहमिहिराचार्यो दिवंगत:"** दीक्षित द्वारा पू. पु. पृ. २११ में उद्धृत।

सम्बन्धी उसके ग्रंथ की चर्चा बाद में की जाएगी। अगला लेखक, जिसकी कृतियाँ उपलब्ध हैं, ब्रह्मगुप्त है, जिसने शक संवत् ५५० (सन् ६२८ ई०) में अपने ब्रह्मसिद्धान्त की रचना की थी। उसका एक और सुविदित ग्रंथ **खण्डखाद्य**, बहुत सम्भव है, शक संवत् ५८७ में रचा गया था। इसी को गणनाओं के लिए आधार बनाया जाता है। लगता है कि उसने ७२ पदों में **आर्या** छन्द में **ध्यानगर्भ** नाम का ग्रंथ भी रचा था। "ब्रह्मगुप्त के ग्रंथ में गणित के अत्यन्त साधारण रूप ही मिलते हैं, जैसे वर्गमूल, घनमूल, तीन का नियम, ब्याज, श्रेढ़ियाँ, ज्यामिति, जिसमें परिसेय समकोणिक त्रिभुज और वृत्त के मूल-तत्त्व भी शामिल हैं, ठोस पदार्थों के विस्तार-कलन, छाया-सम्बन्धी समस्याएँ अथवा निर्मेय सकारात्मक और नकारात्मक राशियाँ, परिमाण, मात्राएँ, शून्य, करणी, साधारण बीजीय सर्वसमिकाएँ (नियम) और पहले और दूसरे घात के अनिर्धार्य समीकरणों का विस्तारपूर्वक और पहले और दूसरे घात के साधारण या सामान्य समीकरणों का संक्षेप में विवेचन। इसमें समकेन्द्रिक चतुर्भुजों पर विशेष ध्यान दिया गया है।"

इस बीच जन्म-कुण्डलियों से सम्बन्धित होरा-शास्त्र के अनेक ग्रंथ रचे गये। इस प्रकार, लघु और वृहद् **पाराशरी, मलाबार** में प्रचलित जैमिनि का **जातक-सूत्र, भृगु संहिता, नाड़ी ग्रंथ, मीनराज-जातक,** जो **यवन जातक** के नाम से भी प्रसिद्ध है, वराहमिहिर के **लघु** और **बृहज्जातक** और उसके बेटे पृथुव्यास का **शतपंचाशिका** आदि ग्रंथ हमें उपलब्ध हैं। लेकिन इनमें से अन्तिम दो ग्रंथों को छोड़कर और किसी की तारीख ज्ञात नहीं है। वराहमिहिर के इन दोनों ग्रंथों पर यूनानी प्रभाव स्पष्ट लक्षित होता है।

१३. विविध

उपर्युक्त विषयों के अलावा, लगता है, और भी अनेक विषयों पर इस काल में ग्रंथ रचे गये थे, लेकिन बाद के जमाने में उन विषयों पर अधिक प्रामाणिक ग्रंथ रचे गये, जिससे उनका कोई उपयोग नहीं रहा और वे काल के गर्त में विलीन हो गये। विशेष रूप से, वस्तुशिल्प, संगीत, नृत्य, चित्रकला जैसे विविध विषयों पर भी अनेक और सम्भवतः चौर-कला पर भी पुस्तकें लिखी गयीं।

इस अनुमान की पुष्टि वात्स्यायन मल्लनाग के **कामसूत्र** से भी होती है। इस ग्रंथ की भूमिका से प्रतीत होता है कि कामशास्त्र के विषय पर पहले भी कई लेखकों ने लिखा था, जिनके नाम हमें अन्य स्रोतों से भी ज्ञात हैं, लेकिन जिनके ग्रंथ बिलकुल गायब हो चुके हैं। वात्स्यायन की तिथि अनिश्चित है, लेकिन वह शायद ईसवी की चौथी या पाँचवीं शताब्दी में हुआ था, यद्यपि कुछ विद्वान् उसे इससे पहले का अनुमानित करते हैं। इस पुस्तक में विषय का अत्यन्त व्यापक ढंग से विवेचन मिलता है और वह समाज के शिष्टाचार और रीति-रिवाजों पर गहरा प्रकाश डालती है।[१]

१. देखिए, परिच्छेद : २०।

कामसूत्र जिस शैली में लिखा गया है, उसे सूत्र और भाष्य के बीच की शैली कह सकते हैं और यशोधर (तेरहवीं सदी ई०) की टीका **जयमंगला** के बिना आज भी वह आंशिक रूप से दुर्बोध बना रहता।

उपसंहार

क्लासिकी युग में रचे गये संस्कृत साहित्य के इस व्यापक सिंहावलोकन से स्पष्ट है कि साहित्य के हर क्षेत्र में महान् प्रगति हुई थी। कुछ महत्त्वपूर्ण विज्ञान, जैसे व्याकरण, गणित, खगोल-विज्ञान और फलित ज्योतिष आदि तो इस सृजनात्मक युग में अपने पूर्ण विकास की उस मंजिल तक पहुँच गये थे कि उसके बाद इन क्षेत्रों में स्थायी मूल्य का कोई रचनात्मक कार्य हुआ हो नहीं। इसी प्रकार, इस युग का सौभाग्य था कि ललित साहित्य के क्षेत्र में श्रेष्ठतम रचनाकार पैदा हुए और श्रेष्ठतम ग्रन्थ रचे गये। इस युग में ही कालिदास हुआ, जो कवि और नाटककार के रूप में उत्कृष्ट प्रतिभा का लेखक है। वह न केवल संस्कृत के सर्वश्रेष्ठ पाँच महाकाव्यों में से दो का रचयिता है, बल्कि उसने संस्कृत का सर्वश्रेष्ठ नाटक और एक लघुकाव्य भी रचा, जिसकी सर्वत्र प्रशंसा हुई है और जिसका अनेक परवर्ती कवियों ने अनुकरण किया है। **उत्तर-रामचरित** नाटक भी, जो 'शाकुन्तल' के बाद संस्कृत का सर्वश्रेष्ठ नाटक माना जाता है, इस युग में ही रचा गया था। भारवि और माघ जैसे कवियों ने भी इस युग को ही आलोकित किया था। इस युग में ही दण्डी, सुबन्धु और बाण जैसे प्रतिभाशाली और कुशल लेखकों ने संस्कृत की गद्य शैली का भी पूर्ण विकास किया था। पर यह ध्यान देने की जरूरत है कि यद्यपि इस युग ने हर क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ रचनाएँ पैदा की थीं, पर उसकी समाप्ति तक पहुँचते पहुँचते साहित्य में कृत्रिमता का बोलबाला हो गया था, जिससे साहित्य का ह्रास तो हुआ ही, उसने सच्ची कला का दम भी घोंट दिया। व्यापक रूप से कहा जा सकता है कि यह हिन्दू ज्ञान-विज्ञान और साहित्य का **क्लासिकी** या स्वर्ण युग था, जिसकी कलात्मक और वैज्ञानिक साहित्य के विभिन्न क्षेत्रों में गौरवपूर्ण देन है।

II. प्राकृत

अर्ध-मागधी प्राकृत में श्वेताम्बर जैनों के सिद्धान्त-ग्रन्थ, उनके भाष्य और टीकाएँ, महाराष्ट्री और शौरसेनी प्राकृतों में दक्षिण के दिगम्बर जैनों के धर्मग्रन्थ और पालि में बौद्धग्रन्थों की टीकाएँ — विवेच्य काल में प्राकृत और पालि भाषाओं में बस इतने ही महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ रचे गये। इनका विवेचन परिच्छेद १८ में किया गया है, इसलिए यहां पर हम केवल उन कतिपय रचनाओं का जिक्र करेंगे, जो धर्म-सिद्धान्त-ग्रन्थों से बाहर की हैं।

सबसे पहले धर्मदास और संघदास की **वसुदेवहिण्डि** जैसी स्वतंत्र धार्मिक कथाओं

का उल्लेख करना उचित होगा। अल्सडोर्फ (Alsdorff)[१] ने दिखाया है कि इस रचना में गुणाढ्य की **बृहत्कथा** के अनेक प्रभाव मिलते हैं। इसी प्रकार एक धार्मिक प्रेमकथा **तरंगवती-कथा** है, जो अत्यन्त प्राचीन रचना है। **अनुयोगद्वार-सूत्र** में उसका उल्लेख मिलता है, जिसे वलभी की सभा ने आगम-साहित्य का अंग घोषित किया था। पादलिप्त को इस प्रेमकथा का लेखक बताया जाता है, जिसे **ज्योतिष्करण्डक** नाम से एक प्रकीर्णक का प्राकृत भाष्य लिखने का भी श्रेय दिया जाता है। मलयगिरि ने इस ग्रन्थ पर अपनी टीका में इस भाष्य का जिक्र किया है। प्राकृत भाषा में जैन-न्याय और जैन-दर्शन पर भी इस काल में ग्रन्थ रचे गये थे। ऐसा एक ग्रन्थ सिद्धसेन का **सम्मति-तर्कसूत्र** है। इसमें १६७ गाथाएँ हैं, जिन्हें तीन परिच्छेदों में बाँटा गया है। यह प्राचीन जैन-न्याय का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। **निशीथ-सूत्र** पर लिखे गये अपने ग्रन्थ **विशेषचूर्णि** में जिनदास ने इसका उल्लेख किया है। एक दिगम्बर कृति **षट्खण्डागम** पर अपनी टीका **धवला** में वीरसेन ने भी इसका जिक्र किया है।

जब धीरे धीरे साहित्य-रचना के लिए पालि और प्राकृत का अधिकाधिक प्रयोग होने लगा, तो स्वाभाविक है कि उनको अपने शुद्धतर रूप में सुरक्षित रखने की प्रवृत्ति भी पैदा हुई और इस प्रकार उनके व्याकरण लिखे गये। वररुचि का **प्राकृतप्रकाश** और चण्ड का **प्राकृतलक्षण** सम्भवतः प्राकृत भाषाओं के व्याकरणों में सबसे प्राचीन ग्रन्थ हैं। ये ग्रन्थ संस्कृत में हैं और पाणिनि की पद्धति का अनुकरण करके लिखे गये हैं। इसके विपरीत पालि भाषा का व्याकरण **कात्यायनप्रकरण** पालिभाषा में ही लिखा गया है। उसी कात्यायन को इस ग्रन्थ का लेखक माना गया है, जो पाणिनि की **अष्टाध्यायी** पर **काशिका-वृत्ति** और **कातन्त्र व्याकरण** के लेखक के रूप में ज्ञात है। लेकिन पाँचवीं सदी ई० के बुद्धघोष ने **कात्यायन-प्रकरण** का उल्लेख नहीं किया है, जिससे हो सकता है कि वह काफी बाद की रचना हो।

संस्कृत भाषा और साहित्य के भक्त भी कभी कभी प्राकृत में गीति और प्रबन्ध दोनों प्रकार के काव्य लिखते थे। स्वयम्भू की छन्द-शास्त्र पर लिखित पुस्तक में विभिन्न प्राकृत कवियों की रचनाओं के उद्धरणों में गीतिकाव्य के अनेक नमूने प्राप्त होते हैं।[२]

प्राकृत काव्यों में दो विशेष रूप से विचारणीय हैं, अर्थात् **सेतुबन्ध** और **गौड-वहो**। **सेतुबन्ध** महाराष्ट्री प्राकृत में लिखा एक बृहत् काव्य है। यह **रावणवह** (रावण-वध) के नाम से भी प्रसिद्ध है और इसमें लंका पर चढ़ाई के समय से लेकर रावण-वध और सीता को वापस लाने तक की घटनाओं का वर्णन है। सबसे पहले पेटर्सन (Peterson) ने **हर्षचरित** के पन्द्रहवें पद से यह अनुमान पेश किया था कि यह काव्य प्रवरसेन का रचा हुआ है। लेकिन यह नामुमकिन नहीं है कि राजा प्रवरसेन

---

१. अपभ्रंश-स्तुदीन, लाइप्त्सिग, १९३७.

१. ज. ब. ब्रा. रा. ए. सो., १९३५ और ज. यु. ब., नवम्बर, १९३६ में प्रकाशित।

इस काव्य के असली लेखक का आश्रयदाता मात्र हो । अगर राजा प्रवरसेन ही इसका लेखक मान लिया जाए तो भी उसको शिनाख्त करना सम्भव नहीं है । कुछ विद्वान् उसकी कश्मीर के राजा प्रवरसेन द्वितीय से शिनाख्त करते हैं, तो कुछ इसी नाम के वाकाटक राजा से ।[1] कुछ लोगों ने इसे कालिदास की रचना बताया है, लेकिन यह गलत है । संस्कृत काव्यों की तरह **सेतुबन्ध** भी कृत्रिम शैली में लिखा गया है और उसमें संस्कृत-काव्यों की सारी विशेषताएँ मिलती हैं ।[2]

गौड-वहो के लेखक वाक्पतिराज ने अपने आपको भवभूति का शिष्य लिखा है । वह कन्नौज के राजा यशोवर्मन् का राजकवि था । यह काव्य सन् ७२५ ई० में लिखा गया था और इसे ऐतिहासिक काव्य के बजाय प्रशस्ति काव्य कहना ज्यादा उचित होगा । इसमें नायक यशोवर्मन्[3] के कार्यों और उसकी वीरता का वर्णन किया गया है । बीच-बीच में कहीं-कहीं प्राकृतिक दृश्यों, ऋतुओं सूर्योदय और सूर्यास्त, गिरि-पर्वतों नदियों, मन्दिरों आदि का संस्कृत-महाकाव्यों की शैली में चित्रण है, यद्यपि उसमें अनेक मिथिक अनुश्रुतियों का सम्मिश्रण भी है । आमतौर पर वाक्पतिराज की शैली कृत्रिम श्लेषों और शब्द-चमत्कारों से मुक्त है, यद्यपि लम्बे समासयुक्त वाक्यों की उसमें कमी नहीं है । ग्राम्य-जीवन का चित्रण करने में वह अद्वितीय है, जिसका चित्रण पुराने काव्यों में बहुत कम मिलता है । इस काव्य का वर्तमान रूप, जिसमें १२०० पद हैं, शायद मूलकाव्य का सारांश मात्र है, जिसमें से कोरे ऐतिहासिक अंशों को जिनका काव्यात्मक मूल्य नगण्य था, निकाल दिया गया है; या संभवत: यह एक बड़े काव्य का संक्षिप्त रूप है, जो कभी अपने सम्पूर्ण रूप में लिखा ही नहीं गया ।

III. तमिल

इस काल का तमिल साहित्य पूरी तरह से दक्षिण भारत के धार्मिक आन्दोलनों से प्रभावित था, जिनका विवेचन परिच्छेद १८ में किया जाएगा । यहाँ पर केवल इतना कह देना ही पर्याप्त होगा कि इस काल के आरम्भ में यद्यपि जैन और बौद्ध धर्मों का जबर्दस्त प्रभाव था, लेकिन आखिरकार उन्हें शैव और वैष्णव धर्मों के सामने, जिन्हें संयुक्त रूप में सनातन हिन्दूधर्म कहा जाता है, हार माननी पड़ी ।

छठी और सातवीं सदी से लेकर परवर्ती काल में लगातार हिन्दुओं को अनेक शैव नायन्मारों और वैष्णव आलवारों में अपने धर्म के प्रतिपादक मिलते गये । हिन्दू धर्म को पुनरुज्जीवित करने वाली ये प्रबल शक्तियाँ जैन प्रभावों को मिटाने और ठोस बुनियादों पर शैव तथा वैष्णव धर्मों के जगमगाते प्रासाद खड़े करने में सफल हुईं । जैन प्रभाव कन्नड़ देश में काफी दिनों तक जिन्दा रहा और उसने कन्नड़ साहित्य के

---

१. ऊपर देखिए, पृ. २०९ प. पृ. ।
२. विंटरनित्स, गे. इ. लि., III ६३ ।
३. देखिए, पृ. १४६ प. पृ. ।

इतिहास में गौरवशाली अध्याय जोड़ा। यहाँ तक कि तमिल में भी इक्के दुक्के जैन लेखक उसे अपनी रचनाओं से समृद्ध करते रहे; कभी एक व्याकरण से तो कभी धार्मिक कविता या कभी पद्यबद्ध उपदेशात्मक निबन्ध के जरिए। लेकिन साहित्य के क्षेत्र में हमेशा के लिए शैव और वैष्णव कवियों का ही प्राधान्य हो गया था।

१. नायन्मार और आलवार

शैव नायन्मार और वैष्णव आलवार, दरअसल सरल हृदय **भक्त** थे, न कि दर्शन और धर्मशास्त्र के पंडित। परमात्मा, चाहे उसे शिव के रूप में पाने की कोशिश की जाय या विष्णु के रूप में, एक प्रेमी है, जिसे प्रेम और भक्ति से रिझाया जा सकता है; वह एक राजा है, जिसकी आज्ञा का पालन सरल श्रद्धा और स्नेह से करना चाहिए। यह परमात्मा स्वयं को दम्भपूर्ण तर्कबुद्धि के आगे प्रकट नहीं करता, बल्कि उस अतृप्त आत्मा के आगे प्रकट होता है, जो अनुभव करती है कि उसकी कृपा के बिना वह जीवित नहीं रह सकती। इस प्रकार धर्म ने एक निमिष में ही द्वन्द्वात्मक तर्कवाद के सारे आवरण उतार कर फेंके और निराशावादी आत्मविश्लेषण का दयनीयता से भरा दृष्टिकोण त्याग दिया। धर्म एक सरल और मर्मस्पर्शी अनुभव बन गया तथा जीव और परमेश्वर दोनों ने एक दूसरे को खोजने की कोशिश की, ताकि दोनों एक दूसरे के साथ हो सकें। अबतक आनन्द के जो द्वार बंद पड़े थे, एकदम खोल दिये गये और नीच से नीच और अधम से अधम मर्त्यों ने आश्चर्यचकित नेत्रों से देखा कि वे पवित्र चहारदीवारी के भीतर निर्भय दाखिल हो सकते थे और भगवान् के पितृत्व के भागीदार हो सकते थे। ये नायन्मार और आलवार, चाहे वे समान रूप से उत्प्रेरित गायक हों या नहीं, पर यह निश्चित है कि वे सभी भगवद्भक्ति की सुरा से उन्मत्त प्राणी थे, जिन्होंने अपने करोड़ों समकालीनों के हृदय में भी दिव्य प्रणयोन्माद की लग्न जगा दी थी। उनमें से कुछ उच्च कोटि के कवि और गायक थे और वे अपनी अक्षय विरासत के रूप में ऐसी भक्ति कविता छोड़ गये हैं जिसकी बराबरी, परिमाण और गुण दोनों ही दृष्टियों से, समस्त मानव इतिहास के क्रम में शायद ही कभी हो सकी हो, उससे आगे जाने की बात तो अलग है।

शैव और वैष्णव सन्तों के भक्ति-गीतों के संकलन और सुरक्षण के लिए हम दो धार्मिक नेताओं के आभारी हैं — नम्बि-आंडार-नम्बि और श्री नाथमुनि। पहले ने सारे उपलब्ध शैव प्रार्थना-गीतों को ग्यारह **तिरुमुड़यों** में संकलित किया, जिनमें से पहले सात संकलनों में (जिन्हें संयुक्त रूप से **तेवारम** पुकारा जाता है) संबन्दर, अप्पर और सुन्दरर के गीत हैं, आठवें संग्रह में (जिसे **तिरुवाचकम्** कहते हैं) माणिक्कवाचकर के गीत हैं, नवें संग्रह में (जिसे तिरु-इशैप्पा पुकारते हैं) फुटकर गीत हैं, दसवें संग्रह में छठी शताब्दी के एक शैव योगी तिरुमूलर के रहस्यात्मक उद्गारों को एकत्र किया गया है, और ग्यारहवें और अन्तिम **तिरुमुड़य** में नक्कीरर से लेकर नम्बि-आंडार-नम्बि तक के फुटकर भक्ति-गीतों का संग्रह किया गया है। इसी प्रकार श्री नाथमुनि ने

अपने समय तक उपलब्ध सारे वैष्णव प्रार्थना-गीतों को एक विशाल संग्रह में जमा किया, जिसका नाम **नालायिरप्रबन्धम्** है । यह भक्तिकाव्य का विशाल खजाना है। इसमें संकलित चार हजार गीत बारह आलवारों के रचे हुए हैं (जिनमें से एक रहस्यवादी भक्त स्त्री है, जिसका नाम आंडाल है) । इन गीतों में अधिकतर तिरुमंगय-आलवार, नम्मालवार, पेरियालवार, तिरुमलिशइ-आलवार और श्री आंडाल द्वारा विरचित हैं ।

२. शैव संत

दसवें **तिरुमुड़य** के लेखक तिरुमूलर ने अपने काव्य-ग्रंथ में (जिसका नाम **तिरुमन्दिरम्** है) शैव मत का पति-पशु-पाशम् सिद्धान्त प्रतिपादित किया है। तिरुमूलर का विश्वास था कि पदार्थ को ही नहीं बल्कि आत्मा को भी यथार्थ मानना चाहिए, क्योंकि दोनों की एक दूसरे से बिलकुल स्वतंत्रसत्ताओं के रूप में कल्पना करना असंभव है। इसी प्रकार प्रेम और शिवम् दो भिन्न कोटि के अनुभव नहीं हैं : प्रेम की परिणति शिवम् में होती है और वह उस आनन्दावस्था में विश्राम करता है। मोक्ष पाने के लिए यह जरूरी है कि भक्त अपने लिए एक विश्वसनीय पथ-प्रदर्शक चुन ले :

अन्धा जो ज्ञानी के पद-प्रदर्शन को ठुकराता है
उसे अन्धा पथ-प्रदर्शक ही मिलेगा
अन्धा अन्धे के साथ अन्धा नाच नाचेगा
और दोनों अन्धे एक साथ खाई में गिर जायेंगे।

तिरुमन्दिरम् में ३००० मन्त्र हैं और तमिल के शैवों में उसका बड़ा आदर है।

लगभग एक शताब्दी के बाद माणिक्कवाचकर और वे तीनों महान् शैव समयाचार्य—अप्पर, सम्बन्दर और सुन्दरर—तमिल देश में पैदा हुए जिन्होंने आत्मज्ञान प्राप्त करने और परमेश्वर के चरणों में सच्चे मन से आत्म-समर्पण के लिए आह्वान किया था । अब यह आमतौर पर स्वीकार कर लिया गया है कि अप्पर और सम्बन्दर समकालीन थे और सन् ६६० ई० में सम्बन्दर की मृत्यु के बाद अप्पर दो-तीन दशकों तक जीवित रहा था । लेकिन यह विवादग्रस्त है कि माणिक्कवाचकर इन तीनों **तेवारम** गायकों से पहले हुआ था या बाद में। इस प्रश्न पर अन्तहीन बहस चलती आयी है, लेकिन प्रस्तुत लेखक को ऐसा लगता है कि शायद माणिक्कवाचकर भी अप्पर का समकालीन था । सी. बी. नरायन अय्यर ने जो तारीखें सुझायी हैं, वे कुल मिलाकर सन्तोषप्रद जान पड़ती हैं: अप्पर (सन् ६००-६८१); सम्बन्दर (सन् ६४४-६६०); माणिक्कवाचकर (सन् ६६०-६९२); और सुन्दरर, जो सन् ७१० और ७३५ ई० के बीच कभी भी १८ साल तक रहा होगा।"[१]

---

१. ओरिजिन ऐंड अर्ली हिस्टरी आफ शैविज्म इन साउथ इंडिया, पृ. ४६२।

(i) अप्पर या तिरुनावुक्करशु नायनार

अप्पर को उसके वेल्लाळ मां-बाप मरुनीक्कियार के नाम से पुकारते थे। पहले उसने शैवमत छोड़कर जैन मत अपना लिया, लेकिन फिर वह कट्टर शैव बन गया। उसने अनेक मित्रताएँ कायम कीं, जो आजीवन चलती रहीं। उसने बड़ी शालीनता से जैनियों के ताने-उलाहने बर्दाश्त किये, और एक बार उसने पल्लव राजा को, जो जैन था, यह सन्देश भेजा :

हम किसी के दास नहीं, हम मृत्यु से नहीं डरते;
पापहीन, हम नरक की यातनाएँ नहीं झेलेंगे;
गौरवशाली हैं हम कि हमें किसी रोग, किसी बन्धन का पता नहीं,
पीड़ा का ज्ञान नहीं, हम सदा सुखी हैं।

तेवारम में अप्पर के लिखे ३१३ भक्ति-गीत हैं। उनका स्वर और उनकी संरचना उनकी विचार-वस्तु और उनका बिम्ब-विधान उसके जीवन की दो घटनाओं से अनुकूलित हैं। चार महान नायनारों में से केवल अप्पर ही अपनी वृद्धावस्था तक जीवित रहा था, बाकी तीनों की उम्र कुल मिलाकर भी उससे कम थी। उसकी दीर्घायु ने सोफोक्लीज की तरह उसे भी जीवन को अधिक स्थिरता पूर्वक और समग्र रूप में देखने का अवसर दिया था। इसलिए अप्पर के प्रौढ़तम भक्ति-गीतों में उसकी प्रौढ़ावस्था की स्निग्धता का रंग घुला हुआ है। इसमें एक ऐसा हृदयग्राही सौम्य है, जो केवल परिपक्व अनुभूति से ही आता है। अप्पर अपने अनुयायियों को शान्त भाव से आश्वस्त करता है:

वह हमारी मां है, हमारा बाप है
वह हमारी बहन है, हमारा भाई है
त्रिलोकी का स्रष्टा है वह,
फूलों की नगरी में बसता है वह,
वह हमारी सहायता करेगा, वह अदृष्ट परमेश्वर।

दूसरी बात यह कि वह जन्म से वेल्लाळ था जिसका खान्दानी पेशा खेती-बाड़ी है। इसलिए अप्पर ने उन निम्नवर्गीय दीन-दुखियों के दिल में फौरन जगह बना ली, जो अधिकतर हमारे गाँवों में बसते हैं। वह प्रकृति की विचार-प्रक्रियाओं को खुली किताब की तरह पढ़ सकता था। सारे पशु और पक्षी जैसे उसके सगे सम्बन्धी थे। समुद्र, पहाड़ियाँ, जंगल, हरी फसल और घास से लहलहाते खेत, लहराती-बलखाती नदियाँ, शेर, चीते, बाघ, गीदड़, हरी टाँगों वाले मेढक, कुमुद, नीलपुष्प, चमेली और कमल, पौधे, लताएँ, पेड़, झरने और बाढ़ें, पूर्णिमा का शुभ चन्द्रमा, जिससे गेहुअन साँप तक भय खाता है—अप्पर के विदग्ध भक्ति-गीतों के विषय हैं। ऐसी पंक्तियों में भक्त ही नहीं किसान भी बोल उठता है :

अगर तुमने सच से जुताई कर बोया है इच्छा का बीज,
अगर तुमने झूठ की छँटाई कर सींचा है सकौशल धीरज।

अगर तुमने भलमनसाहत बर्ती है, दिया है लोगों को प्यार,
तो तुम निश्चय ही शिव-लोक पहुँच कर करोगे शिव जी से भेंट,

निश्चय ही, 'सुन्दर वाणी के सम्राट्" अप्पर के स्वरों में हेमन्त के वैभव का गुण है, जो हमें साहस और चिर आशा के साथ भविष्य का सामना करने की शक्ति देता है।

(ii) सम्बन्दर

सम्बन्दर "एक अद्भुत बालक था, जो अपनी तरुणाई में ही चल बसा।" उसने अपनी कुल सोलह साल की अल्प आयु में ही, कहते हैं, १०,००० भक्ति-गीत रचे थे, यद्यपि उनमें से केवल ३८४ ही अब तक ज्ञात हैं। सम्बन्दर के गीतों के अकृत्रिम सौन्दर्य और उनके मृदु-माधुर्य को सबने सराहा है। नीचे दिया हुआ गीत, जो उसके उद्गारों में शायद सबसे ज्यादा प्रसिद्ध है, कहते हैं, उसके मुंह से, जब वह केवल तीन साल का बालक था, अपने आप फूट पड़ा था :

सर्प है कुंडल उसका, नन्दी है बाहन
मस्तक पर विराजता है शुभ्र बाल-चन्द्र
देह पर मले भभूत दावानल में भस्म वनों की
पूरे खिले फूलों की माला से अलंकृत है वह
बहुत पहले बुलाया था जब उसको भक्तों ने
वह दौड़ा आया था जगमगाते पिरमपुर में
सबको भेंट दी थी उसने अपनी कृपा
वही तो चोर है जो चुरा ले गया मेरा हिया।

उसके दो और पद हैं जिनको अक्सर उद्धृत किया जाता है। उनका मुक्त अनुवाद इस प्रकार है :

वह उनके लिए नहीं बाट तकेगा जो नहीं करते उसका गुणगान
हम भी उस ईश्वरहीन संगत से रहेंगे दूर
बाप भी मर जाता है, मां भी मर जाती है, फिर अपना भी
आयेगा-समय,
यमराज अपना दंड पकड़े हरेक को उठा ले जाने के लिए
पूर्व-निश्चित घड़ी जोह रहा है,
अभागे प्राणी ! आशा है तुमको यहाँ सदा रहने की, किन्तु
उठा ले जायेगा यमराज तुझे भी
आनन्दातिरेक के भागी हो सकते तुम यदि
चलो तिरुवारूर के पीछे — मृत्यु से डरो नहीं कभी!

(iii) माणिक्कवाचकर

इस महान् सन्त का जीवन-चरित **तिरुविलैयाडल पुराणम्** और **बादुवूरर पुराणम्** दोनों में दिया गया है। सम्बन्दर की तरह माणिक्कवाचकर के मां-बाप भी ब्राह्मण थे। बाद में वह एक पांड्य राजा का प्रधान मंत्री बना, लेकिन शीघ्र ही उसका विश्वास खो बैठा। धीरे धीरे उसे ज्ञान प्राप्त हुआ और उसने अलौकिक जीवन के लिए अपने आपको उत्सर्ग कर दिया। **तिरुवाचकम्** नाम से उसके भक्ति-गीतों का संग्रह दरअसल उसकी अपनी आध्यात्मिक आत्मकथा है, और यह आत्मकथा हमें जैसे रहस्यवाद की प्रयोगशाला में पहुँचा देती है। इसे पढ़ते हुए, लगता है, जैसे हम इस महान् भक्त के अन्तस्तल में झांक रहे हों। डा० जी० यू० पोप ने अत्यन्त मार्मिक अँगरेजी पद्य में समूचे **तिरुवाचकम्** का अनुवाद किया है, जिसका निम्नगीत, जिसमें माणिक्कवाचकर का आध्यात्मिक उत्साह प्रकट हुआ है, यहाँ उद्धृत किया जा रहा है।

घास था मैं, झाड़ी भी, कीट, वृक्ष,
भाँति-भाँति के पशु, पक्षी, सर्प,
पत्थर, मानव और दानव था मैं ही।
तेरी जमात में रह सेवा करता रहा।
बलशाली असुरों, योगियों और देवों के रूप धारण कर।
जीवन के इन चल और अचल रूपों में
जन्मा हूँ प्रत्येक योनि में, तंग आ गया हूँ अब, मेरे प्रभु!
डर नहीं है मुझे जोरदार भाले का, टपकते लहू का;
गहनों से सजी बाहों वाली युवतियों की चितवन का,
डर है केवल उनका जो कृतज्ञ होकर चखना नहीं चाहते उसकी कृपा
जिसकी दृष्टि पिघला देती है आत्मा का अन्तरतम
जो पवित्र प्रांगण में नृत्य करता है—मेरा अपरूप रत्न
अकलंकित और शुद्ध — उसका जो नहीं करते नाम-संकीर्तन
ऐसे प्रेमहीन हृदयों को जब देखते हैं हम,
बाप रे! इतना कभी नहीं डर जाते हम।

कहा गया है कि **तिरुवाचकम्** हृदय को पिघला देता है और सारे पाप धो देता है; जो इसकी प्रेम-धुनों से विगलित नहीं होता उसका दिल सचमुच पत्थर का है। लगता है कि **तिरुवाचकम्** में तमिल देश के शैवमत का सारतत्त्व व्यक्त हुआ है — विशेषकर उसका परमेश्वर के आगे आत्म-समर्पण का सिद्धान्त — जो कि उस हद तक **तेवारम** में भी अभिव्यक्त नहीं हो पाया, यद्यपि वह वैविध्यपूर्ण और श्रेष्ठ भक्ति-गीतों का एक आश्चर्यजनक समुच्चय है। सम्बन्दर के अकृत्रिम और विदग्ध स्वर, सुन्दरर की रह-रह कर याद आनेवाली प्रेमोच्छल लोरियाँ, अप्पर की घरेलू उपमाएँ और बिम्ब, जो प्रौढ़ बुद्धि और अनुभव की साक्षी देते हैं, ये सारे गुण **तिरुवाचकम्** के कुल इक्यावन गीतों में एक ऐसी इकाई में ढल गये हैं, कि वे दोपहर के सूरज की तरह

चमकते हैं और रात की तरह गहन और गम्भीर लगते हैं; और निश्चय ही माणिक्क-वाचकर, अपनी गम्भीर विनम्रता और सर्वव्यापी मानवता के कारण हमारे सबसे बड़े और निश्रान्त "परमशक्ति के राजदूतों" में से एक हैं।

(iv) सुन्दरर

सुन्दरर—या सुन्दरमूर्ति नायनार—महान् शैव समयाचार्यों में चौथा और अन्तिम था। अपने कुल अठारह साल के अल्प जीवन में उसने दिव्य या अलौकिक की सेवा में जितना काम किया वह आश्चर्यचकित कर देता है। कहा जाता है कि उसने दसियों हजार भक्ति-गीत रचे थे, लेकिन उनमें से केवल सौ के करीब ही सुरक्षित बचे हैं। अपूर्व सौन्दर्य और रंगों की दीप्ति के प्रति सहज वृत्ति से लिखे गये सुन्दरर के भक्ति गीत आज भी हर निष्ठावान् तमिल भक्त की जबान पर हैं और गायकों द्वारा मन्दिरों और मठों में गाये जाते हैं। उनमें से एक का मुक्त अनुवाद इस प्रकार है :

मैं उसके सच्चे भक्तों का दास हूँ,
आत्मा के तमाम राजकवियों का दास हूँ,
उन सब का दास हूँ जिनके मन भगवान में बसते हैं,
उन सब का दास हूँ जो तिरुवारूर में निवास करते हैं,
उन पुजारियों का दास हूँ जो दिन में तीन बार भगवान की
पूजा करवाते हैं,
उन योगियों का दास हूँ जो सारे शरीर पर भभूत रमाते हैं,
उन भक्तों का दास हूँ जो तमिलकम की सीमाओं से बाहर हैं,
सदा-सदा के लिए भगवान तिरुवारूर का दास हूँ।

इस प्रकार के उद्गार कि "ओ बाल-चन्द्र मुकुटधारी के पागल", "मैं मरूँगा नहीं, न फिर पैदा होऊंगा, न पैदा होकर फिर बूढ़ा होऊंगा", "मैंने जब तेरे कुसुम कोमल चरणों में प्रेम-विभोर होकर ध्यान किया तो मेरे बंधन सदा के लिए टूट गये," तथा उसके गीतों में प्राप्त ऐसे दर्जनों उद्गार, सुनने पर, स्मृति में हमेशा गूंजते रहते हैं।

(v) अन्य शैव सन्त

ग्यारह तिरुमुड़यों के अलावा, जिनमें केवल नायनारों के भक्ति-गीत संकलित किये गये हैं, एक **पेरियपुराणम्** भी है, जिसमें उन तिरसठ शैव सन्तों की जीवनियाँ संकलित हैं, जो आज भी श्रद्धा और आदर की दृष्टि से देखे जाते हैं। यह एक विशालकाय ग्रन्थ है, जिसमें चार हजार से अधिक पद हैं। इसके पृष्ठों में तथ्यों और अनुश्रुतियों का मुक्त भाव से सम्मिश्रण किया गया है। ये तिरसठ सन्त उस समय की सभी महत्त्वपूर्ण तमिल जातियों से — राजा, ब्राह्मण, सामन्त, व्यापारी, किसान, गडेरिये, कुम्हार, जुलाहे, शिकारी, मछुए और अछूत आदि से — आये थे। **पेरियपुराणम्** ने इस प्रकार तमिल जनता को पुनः स्मरण दिलाया कि भगवान का प्रेम और मोक्ष जाति-पाँति,

पेशे या जीवन की भौतिक परिस्थितियों से बिल्कुल स्वतंत्र चीजें हैं। इस सन्तचरित में तिलकवतियार, पुनितवतियार और मंगैयरक्करशियार जैसी भक्त नारियों के भी अनेक स्मरणीय चित्र प्राप्त होते हैं। शेक्किळार को **पेरियपुराणम्** का लेखक बताया जाता है, जो स्वयं उमापति के **पुराणम्** का विषय है।

३. आळवार

अब हम आळवारों की चर्चा करेंगे। आळवार का अर्थ है : 'ज्ञानी व्यक्ति'। इस प्रकार 'आळवार' ज्ञानी सन्त थे, जो लोगों के हृदय पर आध्यात्मिक शासन करते थे। परम्परा के अनुसार आळवारों को क्रमानुसार निम्नलिखित तीन समूहों में बाँटा गया है।

(१) **प्राचीन**	पोयकइ आळवार	४२०३ ई० पू०
	भूतत्तार	४२०३ ई० पू०
	पेयाळवार	४२०३ ई० पू०
	तिरुमळिशइ आळवार	४२०३ ई० पू०
(२) **मध्य**	नम्माळवार	३१०२ ई० पू०
	मधुरकवि आळवार	३१०२ ई० पू०
	कुलशेखर आळवार	३०७५ ई० पू०
	पेरियाळवार	३०५६ ई० पू०
	आंडाल	३००५ ई० पू०
(३) **अन्तिम**	तोण्डरदिप्पोडि आळवार	२८१४ ई० पू०
	तिरुप्पान आळवार	२७६० ई० पू०
	तिरुमंगइ आळवार	२७०६ ई० पू०

चूंकि ये परम्परागत तिथियाँ हमें पांच या छह हजार साल पीछे ले जाती हैं, अतः वे चाहे जितनी सुनिश्चित दिखाई देती हों, ऐतिहासिक तथ्य के रूप में इनका कोई भी मूल्य नहीं है। साथ ही, जैसा डा० एस० कृष्णस्वामी आयंगर ने सुझाया है, "फिर भी इस परम्परागत क्रम को काफी हद तक ऐतिहासिक कालानुक्रम माना जा सकता है।"[1] हमें जो भी तथ्य उपलब्ध हैं, उनके आधार पर चूंकि आळवारों की सही सही तिथियों का निर्धारण असम्भव है, इसलिए हमें इस व्यापक अनुमान से ही संतोष करना होगा कि आळवार, जहाँ तक सम्भव है, सन् ५०० और ८५० ई० के बीच हुए होंगे, इससे पहले या बाद में नहीं, और यह नामुमकिन नहीं है कि कुछ महान् शैव नायनार संत और वैष्णव आळवार वास्तव में समकालीन रहे हों।

---

१. **ऐन्सिएंट इंडिया ऐंड साउथ इंडियन कल्चर,** II, पृ. ७३८।

आळवार तमिल देश के विभिन्न भागों में पैदा हुए थे। इस सूची में दिये गये पहले चार आळवार पल्लव देश के थे और अन्तिम तीन चोल देश के। कुलशेखर आळवार चेर देश का था और बाकी आळवार पाण्ड्यनाडु के थे, जिनमें से नम्माळवार आळवारों में सबसे महान् माना जाता है और आंडाल को संसार की महानतम नारी रहस्यवादियों में गिना जाता है। इस विभाजन से अक्सर यह नतीजा निकाला जाता है कि वैष्णव आन्दोलन सबसे पहले उत्तर में, पल्लव देश से, शुरू हुआ था और फिर चोल देश में पहुँचा और अन्त में दक्षिण की ओर बढ़कर तिन्नेवेल्ली (तिरुनेल्वेलि जिला), जो महान् नम्मालवार का निवास-स्थान था, तक जा पहुँचा। यह भी उल्लेखनीय है कि तिरसठ नायनारों की तरह ये बारह आलवार भी विभिन्न जातियों और पेशों से आये थे और भगवद्भक्ति में सहयोगी होना ही उनकी सामान्य पहचान थी। अप्पर की तरह नम्मालवार भी जाति का वल्लाल था, तिरुमंगई कल्ल (लुटेरा) परिवार का था, कुलशेखर राजकुमार तापस (योगी) था, पेरियालवार ब्राह्मण था। इससे प्राचीन काल के तमिलों की उदात्त और उदार परम्परा का परिचय मिलता है।

नालायिर प्रबन्धम् में चार हजार पद हैं। उन्हें लगभग बराबर के चार भागों में बाँटा गया है। प्रथम एक हजार पद पेरियाल्वार, आंडाल, कुलशेखर, तिरुमलिशइ, तोण्डर दिप्पोडि, तिरुप्यान और मधुरकवि के लिखे हुए हैं। इस भाग को तिरुमोलि कहा जाता है। दूसरे भाग का नाम पेरियतिरुमोलि है, जिसमें केवल तिरुमंगई के पद ही संकलित हैं। तीसरे भाग का नाम इयाल्पा है, जिसमें प्रथम तीन आलवारों के पद हैं और साथ ही तिरुमलिशइ, नम्मालवार और तिरुमंगइ के पद हैं; चौथे और अन्तिम भाग में, जिसका नाम तिरुवायमोलि है, नम्मालवार के पद हैं। इन चार हजार पदों की अनेक टीकाएँ और व्याख्याएँ मिलती हैं और तमिल वैष्णव आज भी उन्हें रट कर याद करते हैं और मन्दिरों में गाते हैं।

(i) प्रथम चार आलवार

प्रथम तीन आलवारों—पोयकइ, भूतत्तार और पेयालवार ने तिरुमाल की प्रशंसा में वेण्वा छन्द में सौ-सौ पद लिखे हैं। ये कविताएँ विष्णु के विभिन्न अवतारों की लीलाओं के हवालों से अलंकृत हैं, लेकिन आमतौर पर इन कविताओं का मूल स्वर प्रेम है, जिसमें भगवान से मिलन की रहस्य भावना का उद्रेक है। परम्परागत कहानी यह है कि पोयकइ, भूतत्तार और पेयालवार ने, घोर अँधेरे में, संयोगवश एक ही स्थान में शरण ली थी। अचानक उन्होंने एक चौथे व्यक्ति की — एक भास्वर इन्द्रियातीत शक्ति की — उपस्थिति का अनुभव किया जिसने उन्हें अपनी साधारण चेतना से ऊपर उठाकर उन्हें सरस्वती का स्वर प्रदान कर दिया। और जब सुबह हुई तो उन्होंने अपने आनन्दातिरेक को वाणी दी। इनमें से हरेक का एक-एक पद स्वतन्त्र अनुवाद के रूप में दिया जा रहा है।

पोयकइ :

नदी काले उद्वेलित सागर की ओर बहती है,
कमल उगते हुए सूरज की ओर टकटकी बाँधे देखता है,
जीवन मृत्यु के देवता की ओर आकर्षित होता है,
ज्ञान मनोहर कमल से उत्पन्न लक्ष्मी के दिव्य संगी को पाने के लिए उमड़ घुमड़ उठता है।

भूतत्तार :

वेद के ज्ञान से तुम्हें पता चलता है कि उसका सार
पुरुषोत्तम-कीर्त्तन है;
अगर तुम वेद नहीं पढ़ सकते, ऐ गरीब लोगो, तो जान लो,
वेदों का नवनीत और कुछ नहीं माधव नाम-कीर्त्तन है।

पेयाळवार :

आज मैंने उस दिव्य पत्नी को अपने नीलवर्ण पति के साथ देखा,
मैंने उसकी भव्य, सुनहरी दीप्ति देखी, तपते सूरज की तरह,
मैंने उसका स्वर्ण-निर्मित चक्र देखा, युद्ध में अप्रतिरोध्य है जो,
मैंने उसका शंख देखा जो दर्शकों का प्यार जीत लेता है।

पहले समूह का चौथा और अंतिम आळवार तिरुमलिशइ, लगता है, बड़ा कट्टर और लड़ाका वैष्णव था, जो बौद्ध, जैन या शैव किसी को भी बर्दाश्त नहीं कर सकता था। वह अपने एकेश्वरवाद में किसी से समझौता करने को तैयार नहीं था। उसने भगवान् को प्राप्त करने के लिए आत्मानुशासन की निम्न व्याख्या पेश की है :

जब हमारी ज्ञानेन्द्रिय-प्रणालियाँ रोकी और सील-बन्द कर दी जाती हैं,
जब ज्ञान का राजमार्ग विवेक के दीपक से जगमगा उठता है,
जब घनीभूत करुणा हृदय को पिघला देती है और हड्डियों को देती है आराम
तभी पावन चक्रधारी विष्णु के दर्शन हो पाते हैं।

उसकी अनन्य भक्ति और दृढ़ आस्था उसके निम्न दावे से प्रकट होती है :

आज हो, कल हो या भविष्य का कोई दिन,
तुम्हारी कृपा मुझे मिलेगी अवश्य,
तुम्हारे सिवा मैं और किसी के यहाँ नहीं ले सकता शरण,
न तुम ही मुझे छोड़ सकते हो, ओ नारायण !

(ii) नम्माळवार

दूसरे समूह के पाँच आळवारों में नम्माळवार और मधुरकवि की एक साथ चर्चा की जा सकती है। नम्माळवार एक उच्चकोटि का रहस्यवादी था; भगवद्प्रेम के नशे

में चूर अग्रणी भक्तों में से एक । ब्राह्मण, विद्वान् और संत मधुरकवि ने नम्माळवार को खोज निकाला था, और वह तब तक उस महान् रहस्यवादी कली को अपने स्नेह और निष्ठा से सींचता रहा, जबतक कि उसकी एक एक पंखुड़ी खिलकर संपूर्ण प्रस्फुटित फूल में परिणत नहीं हो गयी और उसने अपना अलौकिक सौन्दर्य भगवान् पर उत्सर्ग नहीं कर दिया । नम्माळवार ने विष्णु के गीत गाये, क्योंकि उसके गुणगान की प्रेरणा एक दुर्दमनीय झंझा की तरह उसके हृदय में उमड़ पड़ी थी, और मधुरकवि उसके कंठ से निकले गीतों को लिखता गया तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित करता गया । नम्माळवार के गीतों की मधुरता, उनकी भावनात्मक गहराई और उनके प्रदीप्त बिम्ब-चित्रों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी है, लेकिन इस प्रशंसा में अतिशयोक्ति नहीं है । उसके गीतों में अपने आपको तुच्छ सिद्ध करने से लेकर अन्तिम आनन्द-मिलन की स्थिति तक के सभी रहस्-संवेदनों का तीखा और मार्मिक स्वर व्यक्त हुआ है । चाहे वह घर लौटने की भावना से पीड़ित आत्मा की तरह चीत्कार कर रहा हो, या अपने परमपिता के पास लौटने के लिए व्याकुल हो, या ऊँचे, गूंजते स्वरों में अपनी भक्ति का उद्घोष कर रहा हो, या उन्मादी की तरह अपना प्रेम-निवेदन कर रहा हो या सिर्फ अलौकिक से अपने आत्म-मिलन के अपूर्व सौन्दर्य का वर्णन कर रहा हो, नम्माळवार हर भाव को समान रूप से मार्मिक वाणी देने में समर्थ और आत्मा का सर्वश्रेष्ठ राजकवि था । उद्धरण उसके काव्य के साथ न्याय नहीं कर सकते, लेकिन निम्न पद नम्माळवार की आस्था का मर्म व्यक्त करता है :

अन्तर्यामी भगवान् सब चीजों में,
मनुष्य के सब परिपालित धर्मों में है,
उस तक ज्ञानेन्द्रियों की मदद से पहुँचने की कोशिश व्यर्थ है,
और वह सिर्फ बुद्धि की पकड़ में कभी नहीं आता;
उसे अपनी आत्मा के मन्दिर में ढूँढो, जो सारे जीवन
का स्रोत है,
उसे अविचल ध्यान से पाने की कोशिश करो, जो सांसारिक
चिन्तनों से मुक्त हो,
तभी भगवान् सदा के लिए पाये जा सकते हैं ।

नालायिर प्रबन्धम् में नम्मालवार की देन इतनी बड़ी है कि उसका चौथा भाग सारा का सारा उसके पदों का ही संग्रह है । इस भाग को **तिरुवायमोळि** कहा जाता है । और **तिरुविरुत्तम, तिरुवाशिरियम** और **पेरियतिरुवन्तादि** तीसरे भाग में शामिल किये गये हैं । **तिरुवायमोळि** को दस अनुभागों में बाँटा गया है और हर भाग में दस कविताएँ हैं । इन एक सौ कविताओं में ११०२ पद हैं । नम्माळवार की कविता रहस्यवादी अनुभूति की विविध स्थितियों का विश्वकोश है, जो अदृष्ट की खोज के मार्ग में मिलने वाले धुँधलके, गलत मार्ग और अन्धकारभरी रातों के बाद सूर्य की

किरणों के फूट पड़ने और आनन्द के अनन्त उद्रेक का वर्णन करता है। जीव ईश्वर को पाना चाहता है और वह उसे प्राप्त करेगा, क्योंकि ईश्वर ने अपने भक्त को पहले ही चुन लिया है और वह उसके साथ है। कहीं-कहीं जीव की तुलना प्रेम-पीड़ित युवतियों से की गयी है, जो अपने स्वामी के प्रेम का अमृत पान करने के लिए कामातुर हैं। प्रेम का प्रतीक बड़े सूक्ष्म तन्तुओं से विशद रूपों में बुना गया है और सारा का सारा **तिरुविरुत्तम** एक प्रेम काव्य के रूप में ढाला गया है। निश्चय ही **तिरुविरुत्तम** रहस्यवादी काव्य का ज्वलंत शिखर है, और इसके सौ पदों में शृंगारिक प्रतीकवाद की प्रत्येक छटा को निर्दोष ढंग से, काव्यात्मक रूप में, उभारा गया है। इस पूरी कविता का जे. एस. एम. हूपर (J. S. M. Hooper) ने अँगरेजी में अनुवाद किया है, जिसमें से निम्न उदाहरण दिया जा रहा है। नम्माळवार एक दासी है, जो अपने स्वामी भगवान् विष्णु की भक्ति में विभोर है। वह उसे छोड़कर चला गया है और दासी इस समय "आत्मा की अँधेरी रात" में भटक रही है :

"प्रेम की ज्योति बुझने लगी है और उसकी जगह, एक अँधेरा
और रुग्ण पीलापन छाने लगा है;—और रात
एक युग बन गयी है ! यही वह अद्वितीय ऐश्वर्य है,
जो मेरे नेक दिल ने मुझे दिया था, जब उसने चाही और खोजी थी
चक्रधारी कण्णन की तुलसी की शीतल छाँह !...
मैंने उड़ते हुए हंसों और बगुलों से नाक रगड़ कर
अनुरोध किया : "भूलना मत, तुम जो सबसे पहले आये हो,
अगर तुम्हें वहां कण्णन के पास मेरा हृदय दीखे,
ओह, उससे मेरा जिक्र करना और पूछना, "श्रीमान्, अभी तक
तुम अपनी दासी के पास लौट कर नहीं गये ? क्या यह उचित है ?...
उपासना के अनेक मार्ग हैं
और विद्वानों के अनेक मत हैं जो आपस में टकराते हैं
और इन अनेक मतों में अनेक भगवानों को पूजा जाता है
जो तूने ही रचे हैं, अपने रूप का विस्तार करके। ओ तू
मेरे अद्वितीय प्रियतम, मैं तुझसे ही प्रेम की घोषणा करती हूँ।"

मधुरकवि तो जैसे उसका जन्मजात शिष्य और अनुयायी था। उसने अपना सारा जीवन नम्माळवार पर उत्सर्ग कर दिया था। अपने **गुरु** की प्रशंसा में उसने जो गीत रचा था, उसे सारे वैष्णव भक्त आज भी गाते हैं। यह केवल ग्यारह पदों का अत्यन्त मार्मिक गीत है, जिसका अन्तिम पद इस प्रकार है :

उसने (नम्माळवार ने) वेदों का क्षीरसार अपने गीतों में उड़ेल दिया,
और उसकी करुणा के सहस्रों गीत गाये,

भक्तों की भूख भगवत्प्रेम से मिटाने के लिए :
भगवान की अनुपम कृपा के लिए उनका संकीर्तन करो ।

(iii) पेरियाळवार और आंडाल

पेरियाळवार (जो विष्णु-चित्तर और भट्टर्पिरान के नामों से भी प्रसिद्ध है) एक ब्राह्मण था, जिसे परम्परा के अनुसार, अपने बाग में जमीन खोदते वक्त एक पेड़ के नीचे शिशु आंडाल पड़ी मिली थी । वह उसे घर उठा ले गया और एक पिता की तरह स्नेहपूर्वक उसका लालन पालन किया । पेरियाळवार का सबसे प्रसिद्ध गीत **तिरुपल्लांडु** है, जिसे उसने भगवान् विष्णु की आनन्दमयी छवि का साक्षात्कार करने पर लिखा था :

अनेक वर्षों तक, अनेक वर्षों तक,
हजारों हजारों वर्ष तक,
करोड़ों करोड़ों, अरबों अरब वर्ष तक,
ओ मेरे स्वामी, मल्लों के विजेता,
नीलम के वर्ण वाले वृष स्कन्ध,
देदीप्यमान, अतुल बलशाली परमात्मा,
तुम्हारे दीप्त, गुलाबी चरण,
सदा सदा धन्य बने रहे हैं ।

यह बात कि भक्त उस सर्वद्रष्टा, सर्वशक्तिमान, अनादि अनन्त, ईश्वर के लिए चिन्तातुर रहे, उस परम सत्ता के प्रति उसके सकल मानवीय प्रेम का द्योतक है । चार हजार में से लगभग पाँच सौ भक्ति-गीत पेरियाळवार के हैं । ये गीत अपनी हार्दिकता, पांडित्य, वर्णन-शक्ति और छन्द-प्रयोगों की दृष्टि से अनोखे हैं । **पेरियाळवार** का अधिकांश जीवन श्रीविल्लिपुतुर (रामनाद जिला) में, स्थानीय देवता की सेवा में और **तिरुमोळि** की, जिसमें कल्पना से भगवान् कृष्ण के जीवन का कलात्मक चित्रण किया गया है, रचना में ही बीता था ।

पेरियाळवार की बेटी आंडाल या कोदइ बचपन से ही उस अलौकिक सत्ता की कामना से विभोर रहने लगी थी और उसने अपने अलौकिक प्रेम की वेदना ऐसे मधुर गीतों में व्यक्त की है, जिन्हें तमिल भाषा की सर्वश्रेष्ठ कविता में गिन सकते हैं । वह अपने आपको कृष्ण की एक गोपी के रूप में देखती थी, विदग्ध हृदय और पक्की लग्न से उसकी खोज में निरन्तर लगी रहती थी और अंत में श्रीरंगम् पहुँच कर वह उनके साथ मिलन में सफल हुई थी । उसकी दो काव्य-कृतियाँ हैं—"**नाच्चियार तिरुमोळि** और **तिरुप्पावइ** । इनमें से दूसरी कृति अधिक प्रसिद्ध है । यह कृति उसे सन्त तेरेसा, रबिया और मीरा जैसी विश्व की महान् रहस्यवादी नारियों की पंक्ति में बिठा देती है । **तिरुप्पावइ** प्रेम की गत्यात्मक ऊर्जा की शोभा-यात्रा है, उस पर

न्योछावर की गयी सुमनांजलि है, उस पर लिखा एक गीति-निबंध है, अद्‌भुत संगीत का प्रीतिभोज है, तमिल के वैष्णव भक्तों, विशेषकर औरतों के हृदय में सँजोकर रखी हुई एक अविनश्वर निधि है। आंडाल और उसकी सखियाँ पौ फटते ही आकाश से बरसे ताजे पानी में नहाती हैं और जलूस बनाकर कृष्ण के घर जाती हैं; घनी कल्पना से वे फिर एक बार वे ही व्रज की **गोपियाँ** बन जाती हैं, जो कृष्ण के हाथों अलौकिक प्रेम का अमृत पीने के लिए आतुर रहती थीं। गीत की लय का इस जुलूस की लय से, और इस भव्य कथावस्तु से, पूरा सामंजस्य है और यह सौन्दर्यमयी लय हमारे हृदयों को आन्दोलित कर डालती है। प्रेम-पीड़ित भक्त कृष्ण के प्रेम की राहत से भलीभाँति परिचित है :

जब हम पवित्र देह और मन से आती हैं, सुन्दर पुष्पों को वर्षातीं
हृदय में भक्ति और ओठों पर गीत लिये
उसके चरणों में ध्यान लगातीं—

मायन, उत्तर की मथुरा का बालक
महिमामयी जमुना की पवित्र धारा का शासक;
गोपकुल में उत्पन्न जगमगाता दीपक :
दामोदरन, जिसने अपनी मां का गर्भ
किया आलोकित—अतीत और भविष्य के दुष्ट सन्दर्भ
सब मिट गये तब, जैसे रुई आग की
लपटों में भस्म हुई राख बन जाती।[१]

और उनकी आस्था और भक्ति कोई अनित्य वस्तु नहीं है, वह चिरकाल तक स्थायी बनी रहेगी :

"··· केवल आज भर के ही लिए नहीं
हम तेरे दास बन आये हैं; बल्कि ओ गोविन्द,
सदा सदा के लिए, सात सात जनमों के लिए। केवल तेरी ही
सेवा करेंगे हम : हमसे निकाल दो प्रभु,
दूसरे सभी स्नेह-प्रेम ··· ।"[२]

(iv) कुलशेखर

आलवारों के दूसरे समूहों का अन्तिम सदस्य कुलशेखर तिरुंबांकुर (ट्रावनकोर) का राजा था, जिसकी भगवद्‌भक्ति ने उसे धीरे धीरे संसार से विमुख कर दिया और

---

१. पू. पु., पृ. ५१।
२. पू. पु., पृ. ५७।

अन्ततः उसने गद्दी त्याग कर भगवान् की सेवा में अपना जीवन उत्सर्ग कर दिया। "चार हजार पदों में उसकी देन **पेरुमाल तिरुमोलि** है, जिसमें १०३ पद हैं। उनमें से एक का मुक्त अनुवाद इस प्रकार है :

वे सब (सांसारिक लोग) मुझे पागल लगते हैं,
और मैं भी पागल हूँ (वे सोचते हैं)
इस चर्चा से किसको लाभ है ?
मैं तुम्हें टेर रहा हूँ, ओ कृष्ण, ओ रंगनाथ !
तुम्हारे प्रेम में मैं पागल हो गया हूँ !

(v) तिरुप्पान, तोण्डरडिप्पोडि और तिरुमंगई

अन्तिम समूह के तीन आळवारों में, तिरुप्पान ने केवल दस पद लिखे हैं और तोण्डरडिप्पोडि ने कुल पचपन। लेकिन तिरुमंगई ने १३५१ पद लिखे हैं, जो संख्या में नम्माळवार के पदों से भी कुछ ज्यादा हैं। तिरुप्पान 'अछूत' जाति का था, लेकिन भगवान् रंगनाथ के प्रति उसकी भक्ति इतनी प्रबल थी कि भगवान् रंगनाथ ने मन्दिर के पुजारी को आदेश दिया कि वह तिरुप्पान को अपने कन्धे पर उठाकर उसके सामने लाये। भगवान् के सामने पहुँचते ही तिरुप्पान के कंठ से एक गान फूट पड़ा और **अमलनादिप्पिरान** इसका नतीजा था। इस कविता का पाँचवाँ पद इस प्रकार है :—

मेरे युग युग के पापों की बोझिल गठरी का नाश करके
उसने मुझे प्रेम में अपनी ओर मोड़ा, और स्वयं मेरे
हृदय में घुस आया,
मैंने यह प्रेम पाने के लिए कोई संयम, साधना नहीं की,
बल्कि मुझे तो रंगनाथ की करुणा ने उबारा है,
जो गले में मोतियों की माला पहने
अपने शुभ्र अंक में लक्ष्मी को बैठाए विराजमान हैं।

तोण्डरडिप्पोडि, जिसका मूलनाम विप्र नारायण था, कुछ दिनों तक एक राज-नर्तकी के साथ रहा था और मुसीबत में फंस गया था, लेकिन रंगनाथ ने अन्त में उसकी रक्षा की। इसके बाद उसने अपने जीवन को भगवान् पर उत्सर्ग कर दिया और **तिरुमालइ** और **तिरुप्पल्लि** ये लुच्चि नाम से दो भक्ति-काव्य रचे। निम्न गीत **तिरुमालइ** से लिया गया है :

अगर मनुष्य सौ वर्ष तक जीवित रहे, जैसा वेदों ने कहा है,
तो आधा निद्रा में गँवा देगा, और बाकी पचास भी व्यर्थ जायेंगे—

बचपन, किशोरावस्था, लम्पटता, भूख, बीमारी और बुढ़ापे में,
ओ श्रीरंगम् मन्दिर के वासी ! मैं फिर जन्म नहीं चाहता !

अन्तिम आळवार तिरुमंगई का जीवन लगता है, बड़ा रंगीन और घटनामय था। उसका जीवन-चरित सन्त पाल जैसा ही था और उसका मिशनरी उत्साह भी उतना ही अपनी ओर बरबस खींचनेवाला था। एक अत्यन्त उर्वर सर्जना का कवि और कुशल पद्यकार होने के साथ-साथ तिरुमंगई के गीतों में निर्झर की गति और उद्वेलन तथा शब्दों की कुशल सजावट है, किन्तु एक रहस्यवादी कवि के रूप में उसे नम्माळवार की कोटि में नहीं रखा जा सकता। यहाँ पर तिरुमंगई के एक पद का अनुवाद दिया जा रहा है :

(जब तुम केवट गुह से मिले) तुमने उसे निपट
अनाड़ी, अजनबी या नीच नहीं समझा
बल्कि उस पर दया की, और उस पर अपनी दिव्य कृपा की
वर्षा की,
और कहा : "यह मेरी सहयोगिनी (सीता), हिरन जैसे
नमित नेत्रोंवाली, तुम्हारी भी सहयोगिनी है,
मेरा भाई (लक्ष्मण) तुम्हारा भाई है।" जब वह
(गुह) पीछे रहने को राजी न हुआ तो
तुमने कहा : "तुम मेरे मित्र हो, यहीं निवास करो।"
ये शब्द युगों से गूंजते आये हैं और मेरे हृदय को ले आये हैं।
तेरे नीले सागर के रंग वाले चरणों में, ओ,
वृक्षों से आच्छादित श्रीरंगम् के भगवान !

गुरुपरम्परइ में इन आळवारों के जीवन सम्बन्धी जो विवरण दिये गये हैं, उनमें तथ्य और कल्पना का इतना मुक्त सम्मिश्रण है कि एक इतिहासकार के लिए उनका मूल्य नगण्य है। इसके बावजूद, **नालायिर प्रबन्धम्** की कविताओं में आध्यात्मिक उत्साह और उच्चकोटि की काव्यात्मकता के बारे में दो रायें नहीं हो सकतीं।

(vi) इड़ैयनार तथा अन्य

अब हम कुछ ऐसे लेखकों का प्रासंगिक रूप में उल्लेख करके, जिन्हें संगम काल या उत्तर-संगमकाल के कवियों में शामिल नहीं किया गया है, हम इस परिच्छेद को समाप्त कर सकते हैं। इन अ-वर्गीकृत कवियों में एक का नाम इडइक्काडर था, जिसने ५४ गीतों का एक काव्य रचा, जो शाब्दिक-चमत्कार के लिए प्रसिद्ध है। एक कवि का नाम कल्लाडर है, जो **कल्लाडम** नाम के एक काव्य का लेखक है। एक कवि का नाम पेरुन्देवनार है, जिसने **तमिल-महाभारत** की रचना की थी, लेकिन जिसकी कुछ पंक्तियां ही सुरक्षित बची हैं। एक दिवाकर था और उसका बेटा पिंगलर, जिन्होंने अपने अपने नाम से शब्द-कोश तैयार किये थे। फिर इड़ैयनार हुआ, जो **अहप्पोरुल**

का प्रसिद्ध लेखक है। वह अपने समय का सबसे बड़ा वैयाकरण था। इसी जमाने में ऐयन-आरितनार हुआ, जो **पुड़प्पोरुलवेण्वामालइ** का सम्पादक था। इनके अलावा वामनाचारियर भी हुआ, जो लम्बी जैन कविता का लेखक है, जिसमें दो भाइयों की कथा वर्णित है। इस बीच अनेक कवयित्रियाँ भी हुईं, जिनकी कविताएँ तीसरे संगम के कुछ महान् संकलनों में संगृहीत हैं।

सामान्य सन्दर्भ

(१) आयंगर, एस० कृष्णस्वामी, **ऐन्सिएन्ट इंडिया ऐण्ड साउथ इंडियन हिस्टरी ऐण्ड कल्चर,** जिल्द-II।

(२) अय्यर, सी० व्ही० नारायण, **ओरिजिन ऐण्ड अर्ली हिस्टरी आफ शैविज्म इन साउथ इंडिया**

(३) हूपर, जे० एस० एम०, **हिम्न्स आफ दि आलवार्स**।

(४) आयंगर, एम० श्रीनिवास, **तमिल स्टडीज**।

(५) किंग्सबरी ऐण्ड फिलिप्स, **हिम्न्स आफ दि तमिल शैवाइट सेन्ट्स**।

(६) नम्मालवार, ए **स्केच आफ हिज लाइफ ऐण्ड टीचिंग्स** (नटेसन)।

(७) पिल्लै, एम० एस० पूर्णलिंगम, **तमिल लिटरेचर**।

(८) पोप, जी० यु०, तिरुवचकम् (अँगरेजी पद्य में)।

परिच्छेद : १६

राजनीतिक सिद्धान्त और प्रशासनिक व्यवस्था

I. राजनीतिक सिद्धान्त

इस जिल्द में जिस काल का विवरण दिया गया है, उसके राजनीतिक विचार हमारे प्राचीन साहित्य के विभिन्न क्षेत्रों की कृतियों में बिखरे मिलते हैं। ये कृतियाँ हैं :

१. परवर्ती काल की छन्दोबद्ध स्मृतियाँ, विशेषकर नारद, बृहस्पति और कात्यायन की।

२. उपलब्ध पुराण-साहित्य के पहले दौर की कृतियाँ, विशेषकर **वायु-पुराण ब्रह्माण्ड-पुराण** और **विष्णु-पुराण**।

३. आर्यदेव, आर्यशूर और वसुबन्धु जैसे बौद्ध कवियों और दार्शनिकों की कृतियाँ। इस सूची में हम बुद्धघोष का नाम भी जोड़ सकते हैं।

४. शास्त्रीय संस्कृत साहित्य के इस स्वर्ण-युग के कवियों, नाटककारों और गद्य-लेखकों की कृतियाँ। इस सूची में विशाखदत्त, कालिदास, बाण और माघ के नामों का उल्लेख किया जा सकता है।

५. राजनीति-विज्ञान सम्बन्धी शास्त्रीय कृतियाँ, जिनका प्रतिनिधित्व एकमात्र ग्रन्थ कामन्दक का **नीतिसार** करता है।

इस काल के मुख्य राजनीतिक विचारों का सारांश भी प्रस्तुत करना असम्भव है। हम यहाँ केवल उनकी चार शाखाओं पर विचार कर सकते हैं: (क) सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था का उद्गम, (ख) सामाजिक व्यवस्था का कानून और राज्य-कानून, (ग) लौकिक शासक का अपनी प्रजा से सम्बन्ध और (घ) राजनीति और आचार-शास्त्र का सम्बन्ध।

(क) सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था का उद्गम

नारद और बृहस्पति ने राज्य और उसकी संस्थाओं की उत्पत्ति का संक्षिप्त विवरण दिया है। नारद का कहना है कि अतीत काल में जब कुलपति मनु के हाथ में सत्ता थी लोग पूरी तरह धर्मनिष्ठ थे और सच बोलते थे। लेकिन जब लोगों में धर्म उठ गया, तब कानून और कानूनी **व्यवहार** के नियम बनाये गये और उनको लागू करने के लिए, और साथ ही दण्ड-व्यवस्था के लिए, राजा उत्पन्न किया गया।

बृहस्पति ने इससे भी संक्षिप्त विवरण दिया है। इस विवरण में एक ऐसे आदिम राज्य की कल्पना की गयी है, जिस पर कुलपति शासन करता था और चूंकि प्रजा पूरी तरह धर्मनिष्ठ थी, इसलिए नियम-कानून नहीं होते थे; लेकिन जब मानवी शासक के अन्तर्गत आदमी ने पाप करने शुरू किये, तो पुराना समाज एक कानूनी राज्य के रूप में परिवर्तित हो गया। **वायु** और **ब्रह्माण्ड पुराणों** में सामाजिक व्यवस्था की उत्पत्ति की दो समानान्तर कहानियाँ मिलती हैं। पहली कहानी में बताया गया है कि वर्तमान मन्वन्तर के अरम्भ में ब्रह्मा ने किस प्रकार ऐसे मनुष्यों की सृष्टि की थी जो पूरी तरह से बराबरी और सुख का उपभोग करते थे, लेकिन जब मनुष्य अपने धर्म से गिरा तो देवताओं ने स्वयं अपने हित में न सिर्फ अपने भरण-पोषण के लिए फसलें उगाना जरूरी समझा, बल्कि इन्सानों को भी चार वर्णों में बांट कर उनके लिए अलग धर्मों और पेशों का विधान करना जरूरी समझा। दूसरा विवरण एक प्रकार से पहले विवरण का पूरक मात्र है। इसमें बताया गया है कि ब्रह्मा द्वारा वेदों और स्मृतियों में दिये गये अलग अलग वर्णों के धर्मों की व्यवस्था और आदेशों की, किस प्रकार, दूसरे सृष्टि-चक्र के आरम्भ में, सप्त-ऋषियों ने घोषणा की और किस प्रकार जब लोग अपने कर्तव्यों की अवहेलना करके आपस में झगड़ने लगे तो मनु ने दो राजा उत्पन्न किये। इसका तात्पर्य यह है कि समाज और राज्य की स्थापना दैवी सत्ता या अर्ध-दैवी प्राणियों ने की थी, ताकि वे मनुष्य के क्रमशः आत्म-पतन और ह्रास के साथ निर्वाह कर सकें। तीसरी जगह, हमें वसुबन्धु के **अभिधर्मकोश** और बुद्धघोष के **विसुद्धिमग्ग** में विश्व और मानव तथा उसकी संस्थाओं के विकास की कहानियाँ मिलती हैं। ये पालि के मूल धर्मग्रंथों में दी गयी कहानियों पर आधारित हैं, किन्तु अपेक्षया अपूर्ण। इन विवरणों में कहा गया है कि ब्रह्माण्डीय युग के आरम्भ में जो 'प्राणी' बसते थे, उनमें देवों जैसे गुण थे, किन्तु वे 'मानवों' में परिवर्तित हो गये। जब उनके पापों के कारण धान्य (चावल) में अपने आप पकने का गुण समाप्त हो गया, तो उन्होंने अपने अपने खेतों की मेंड़ें बांध लीं। जब उनके बीच चोरी तथा बुराइयाँ पैदा हुईं तो उन्होंने एक राजा बनाया जो उनके चावल का एक हिस्सा लेकर, बदले में, उनके खेतों की रक्षा करने लगा। इस विवरण के अनुसार आरम्भ में एक प्राकृतिक अवस्था थी, जिसमें प्राणी पूर्ण सुख का उपभोग करते थे। फिर बताया गया है कि किस प्रकार आत्म-पतन और ह्रास के कारण सामाजिक अनुबन्ध और सरकारी संविदाओं की प्रक्रियाओं के द्वारा उत्तरोत्तर सम्पत्ति और राज्य की संस्थाएँ पैदा होती गयीं।"[१]

---

१. नारद, भूमिका, पृ. २; बृहस्पति I, १.१ (राज्य की उत्पत्ति की कहानियाँ) = **वायु** VIII १-१७१। **ब्रह्माण्ड,** VIII १-१७२। **वायु,** श्लोक ७-८ = ब्रह्माण्ड ६२ (सामाजिक व्यवस्था के निर्माण की कहानियाँ)। वसुबन्धु का **अभिधर्मकोश** III ९८, **बुद्धघोष** का **विसुद्धिमग्ग,** परिच्छेद XIII (सृष्टि के विकास की कहानियाँ)। मूल स्थापनाओं के लिए देखिए **दीघनिकाय** भाग III, पृ. ८४-९५।

(ख) समाज-व्यवस्था का कानून और राज्य का कानून

जहाँ तक समाज-व्यवस्था का संबन्ध है, बाद की स्मृतियों में धर्म के उद्गम और उसकी प्रामाणिकता सम्बन्धी मनु और याज्ञवल्क्य के विचारों को दोहराया गया है और उनकी व्याख्या की गयी है। हम कुछ उद्धरण देकर इस बात का स्पष्टीकरण कर सकते हैं। पराशर का कहना है कि वेदों की किसी ने रचना नहीं की, बल्कि ब्रह्मा ने वेदों को याद किया था, जिस प्रकार हर सृष्टि-काल में मनु ने स्मृतियाँ याद कीं। इसमें एक प्रकार से वह विचित्र सिद्धान्त-रूढ़ि अन्तर्निहित है, जिसके अनुसार हर काल-चक्र की पूर्ति के बाद देवताओं और ऋषियों द्वारा पवित्र धर्मसूत्रों की पुनर्घोषणा की जाती है ताकि प्राचीन धर्म-सिद्धान्तों की शाश्वतता का पुराणों और स्मृतियों के उस सिद्धान्त से सामंजस्य किया जा सके जो सृष्टि के बार-बार निर्माण और विसर्जन का मत पेश करता है। बृहस्पति और पराशर ने पुनः मनु के उस कथन को दोहराया है (I, ८५-८६) जिसके अनुसार तप, ज्ञान, बलि और दान क्रमशः **कृत, त्रेता, द्वापर** और **कलि** युगों के धर्म हैं। और तो और, इन लेखकों ने हर नये युग-चक्र के लिए अलग-अलग धर्म-सिद्धान्तों का प्रमाण पेश किया है। आगे बताया गया है कि **कृत, त्रेता, द्वापर** और **कलि** युगों में **धर्म** की प्राप्ति क्रमशः एक वर्ष, तीन ऋतुओं, तीन पखवारों और एक दिन में होती है। **कृत** युग में धर्म सम्पूर्ण था, **त्रेता** में तीन चौथाई रह गया, **द्वापर** में आधा हो गया और **कलि-युग** में केवल एक चौथाई बच गया है। इन मिसालों से एक ऐसे सिद्धान्त का प्रतिपादन होता है जो धर्म के विभिन्न प्रमाणों और मापदंडों की कल्पना पेश करता है, साथ ही यह विचार पेश करता है, कि हर युग में धर्म की जिस अनुपात से हानि होती जाती है, उसी अनुपात से उसको प्राप्त करने की सुविधा भी बढ़ती जाती है, ताकि उत्तरोत्तर अपनी कम होती हुई क्षमताओं के बावजूद मनुष्य धर्म प्राप्त कर सके। अब एक और बात की ओर ध्यान दें। विश्वामित्र का कहना है कि **आगमों** के ज्ञाता आर्य जिस कार्य का समर्थन करें वही धर्म (कानून) है और जिस कार्य को दोषी ठहरायें, वह उसके विपरीत है। इसमें यह महत्त्वपूर्ण सिद्धान्त अन्तर्निहित है कि अन्ततः आप्त लोक-मत ही कानून का मापदंड है।[1] उपर्युक्त विचार के साथ ही हमें यह भी जोड़ देना चाहिए कि इस काल की स्मृतियों में उन कार्यों की छोटी या लम्बी सूचियाँ भी दी गयी हैं जो कलि-युग में वर्जित (कलिवर्ज्य) बताये गये हैं। नियोग की प्राचीन प्रथा की मिसाल देकर बृहस्पति ने कहा है कि इसका प्रयोग दूसरे लोग नहीं कर सकते, क्योंकि परवर्ती युगों में पुंसत्व का क्रमशः ह्रास होता आया है। लेखक ने स्पष्टीकरण करते हुए कहा है कि कृत और त्रेता युगों में लोग तप करते थे और उन्हें ज्ञान प्राप्त था, जबकि द्वापर और कलि युगों में उनकी शक्ति क्षीण हो गयी है। **स्मृतिचन्द्रिका** में

---

१. पराशर, I २०-२४, बृहस्पति, II ४ और १४, विश्वामित्र, **कृत्यरत्नाकर** में उद्धृत, **पृ.** ७ (धर्म के प्रमाण और स्रोत)।

उद्धृत एक अज्ञात प्रामाणिक व्यक्ति का कहना है कि ये कार्य इसलिए वर्जित किये गये थे, ताकि विद्वान् और उच्चकोटि के चरित्रवान् व्यक्तियों द्वारा, जिन्होंने यह व्यवस्था बनायी थी, आम लोगों की रक्षा की जा सके, क्योंकि लेखक साहसपूर्वक यह स्वीकार कर सकता है कि अच्छे लोगों की रूढ़ियाँ (समय) वेदों की तरह ही प्रामाणिक होती हैं । पहले उद्धरण में किसी पुरानी स्मृति का तर्क दोहराया गया है, जो प्राचीन काल के लोगों में अधिक पुंसत्व होने के काल्पनिक बहाने के आधार पर अतीत की अनैतिक प्रथाओं को त्यागने का औचित्य संगत मानता है । दूसरे उद्धरण में एक मौलिक सिद्धान्त अन्तर्निहित है; वह यह कि सर्वसाधारण के हित में पुरानी प्रथाओं को वर्जित करने वाली अच्छे या नेक लोगों द्वारा स्थापित रूढ़ियाँ (समय) उसी प्रकार लागू हैं, जिस प्रकार आगमों के आदेश ।[1]

जहाँ तक राज्य के कानून का सम्बन्ध है, यह उल्लेखनीय है कि बाद की स्मृतियों ने उसकी उत्पत्ति और उसके अधिकार-क्षेत्र के बारे में पुराने विचारों को ही दोहराया और उनका विकास किया। मिसाल के लिए बृहस्पति ने ऐसे राजा की भूरि भूरि प्रशंसा की है जो धर्म-सिद्धान्तों के अनुसार मुकदमों की जाँच पड़ताल करता है । उसका कहना है कि **प्रतिलोम** जातियों ने आपस में जो प्रथा चला रखी है, साथ ही दुर्गम स्थानों में रहने वालों, विभिन्न क्षेत्रों, जातियों और कुटुम्बों आदि में जो प्रथाएँ चलती हैं, उनको ज्यों का त्यों कायम रखना चाहिए, नहीं तो प्रजा में असन्तोष फैल जाएगा, लोग प्रतिकूल हो जाएँगे और राजा को अपनी सेना और राजस्व दोनों से हाथ धोना पड़ जाएगा । लेखक ने अन्त में कहा है कि जो लोग बेहद दकियानूसी और कट्टर प्रथाओं का पालन करते हैं, उनको इस कारण ही राजा प्रायश्चित्त करने के लिए मजबूर नहीं कर सकता, न दंड दे सकता है । इसी भावना से प्रेरित होकर कात्यायन ने कहा है, रीति-रिवाज चाहे जो भी हो, उसका किसी विशेष क्षेत्र के लोगों द्वारा समर्थन होने से ही प्रचलन होता है । अतः उसकी लिखित रूप में सदा रक्षा की जानी चाहिए और उस पर राजकीय मुहर लगानी चाहिए; पवित्र धर्मशास्त्रों की तरह उसको निरन्तर मान्यता देनी चाहिए । **नारद-स्मृति** के टीकाकार ने एक अज्ञात अधिकारी व्यक्ति के मत का उद्धरण दिया है । उसके अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में प्रचलित रीति-रिवाजों को, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलते आये हैं, धर्म सिद्धान्तों के आगम ग्रन्थों के आधार पर भंग नहीं करना चाहिए ।[2] पहले उद्धरण में बृहस्पति ने अनुमोदित सामाजिक समूहों में प्रचलित रीति-रिवाजों और विभिन्न क्षेत्रों और कुलों में प्रचलित प्रथाओं को वही दरजा दिया है जो कानून को हासिल है, साथ ही

---

१. बृहस्पति, II २६७-६९; **स्मृति-चन्द्रिका** में दिया गया उद्धरण, पृ. ३०-३१ (कलिवर्ज्य)। अन्य हवालों के लिए देखिए **ए हिस्टरी ऑफ इंडियन पॉलिटिकल आइडियाज़** पृ. ३०९ ।

२. बृहस्पति, I १, १२६-३१ । कात्यायन श्लोक ४६-५०, नारद पर असहाय की टीका, भूमिका, ३७ (राज्य के कानून की उत्पत्ति और स्रोत) ।

उसने बिल्कुल विपरीत किस्म के रीति-रिवाजों का पालन करने वालों को भी पूर्ण आजादी दी है। दूसरे उद्धरण में कात्यायन ने प्रचलित, विशेषकर व्यापारिक परंपराओं को पूरी कानूनी मान्यता दी है, और उनके राजकीय अभिलेखन के लिए भी पूरी गुंजाइश रखी है। अन्तिम उद्धरण में तो लेखक ने यहाँ तक प्रतिपादित किया है कि धर्मशास्त्रों और आगमों में चाहे जो भी आदेश दिये गये हों, प्रचलित रीति-रिवाज अलंघनीय हैं।

(ग) लौकिक शासक का अपनी प्रजा से सम्बन्ध

पुरानी स्मृतियों में लौकिक शासक के अधिकारों और कर्त्तव्यों के बारे में जो विचार प्रकट किये गये हैं, इस काल की स्मृतियों में उन्हीं को दोहराया गया है और उनका विकास किया गया है। इस प्रकार सत्ता और अधिकारों के मामले में नारद ने राजा को विष्णु से और कात्यायन ने इन्द्र से अभिन्न माना है। बृहस्पति का कहना है कि राजा के शरीर का निर्माण सात देवताओं के आभामंडलों से एक एक भाग लेकर किया गया था। नारद का कहना है कि अपने विशिष्ट कर्त्तव्यों का पालन करने के दौरान राजा पाँच देवताओं के रूप धारण करता है। उपर्युक्त सन्दर्भ में ही बृहस्पति ने कहा है कि सारे प्राणी, अगर उन्हें राजा का डर न हो, भोग-विलास में डूब जाएंगे और अपने कर्तव्यों का पालन करना छोड़ देंगे; ऐसे देश में जहाँ राजा नहीं होता, खेती-बारी, व्यापार और साहूकारी के पेशों का भी अस्तित्व नहीं होता और इसीलिए प्राचीन काल में राजा की सृष्टि की गयी कि वह पृथक् पृथक् वर्णाश्रम-धर्म आदि का नियम करने वाले नेता का काम करे। इस प्रश्न पर सबसे अतिवादी दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए नारद ने प्रजा को उपदेश दिया कि राजा चाहे गलत करे या सही, प्रजा का कर्त्तव्य है कि वह उसके आदेशों का पालन करे और अगर राजा अयोग्य भी हो तो उसका आदर करे।[1] इन उद्धरणों में लेखकों ने अपने पूर्ववर्ती लेखकों के आधार पर राजा की सत्ता और उसके अधिकारों की व्याख्या, उसकी उत्पत्ति, उसके पद और उसके कार्यों के सन्दर्भ में की है और फिर उससे सही निष्कर्ष निकाला है कि प्रजा को हर सूरत में राजा की आज्ञा माननी चाहिए।

जहाँ तक इसके पूरक सिद्धान्त, अर्थात् प्रजा के प्रति लौकिक शासक के दायित्व का सम्बन्ध है, नारद के अनुसार राजा को धर्मशास्त्रों में निर्धारित नियमों के मुताबिक सारी व्यवस्थाओं और आश्रमों की रक्षा करनी चाहिए। लोगों की रक्षा के लिए वह पैदावार का जो हिस्सा लेता है, उसे नारद ने राजा का **वेतन** बताया है। कात्यायन के अनुसार राजा की सृष्टि तीन कार्य सम्पन्न करने के लिए की गयी थी — लोगों की निरन्तर रक्षा करने, कंटक दूर करने और ब्राह्मणों को आदर सम्मान देने के लिए।[2]

---

१. नारद, XVIII १३, २४-३९; कात्यायन, श्लोक ८, बृहस्पति, I १, ६-८ (लौकिक शासक के अधिकार)।

२. नारद, XVIII ५ तथा १७; कात्यायन १५ (लौकिक शासक के दायित्व)।

आरम्भिक पुराणों में राजा की सत्ता के तिहरे आधार और उसके दायित्व को सैद्धान्तिक स्तर पर और विशिष्ट राजाओं की कहानियों की मिसाल देकर दोहराया गया है।[१] इस प्रसंग में निरंकुश अत्याचारी राजा वेन और उसके विख्यात पुत्र और उत्तराधिकारी पृथु की पौराणिक कहानियों का विशेष रूप से उल्लेख किया जा सकता है, जो एक प्रकार से समानान्तर तीन पाठों में उपलब्ध है।[२] इनमें कहा गया है कि राजा के बिना प्राकृत अवस्था वन्य अराजकता का पर्याय है : इसमें क्रूर और निरंकुश राजा वेन तक को अतिमानवीय क्षमताओं का धनी बताया गया है, जबकि उसके बेटे पृथु के शारीरिक चिह्नों से स्पष्टतः सूचित किया गया है कि वह विष्णु भगवान् का अंश था। इसके विपरीत वेन के मुख से यह भी कहलवाया गया है कि केवल राजा ही दैवी सम्मान का अधिकारी है और प्रजा का कर्त्तव्य है कि वह हर सूरत में राजा की आज्ञा का पालन करे, ताकि ऋषियों के द्वारा उसे गद्दी से उतार कर उसकी हत्या को उचित ठहराया जा सके।

जहाँ तक राजनीति-विज्ञान के लेखकों का सम्बन्ध है, हमें कामन्दकीय **नीतिसार** में निम्न वक्तव्य मिलता है : प्रजा की रक्षा राजा पर निर्भर है और उसकी आजीविका इस सुरक्षा पर निर्भर करती है। राजा के बिना कानून गायब हो जाता है और कानून के बिना यह संसार नष्ट हो जाता है। इसका तात्पर्य यह है कि राजा का होना प्रजा के लिये सुरक्षा की शर्त है और साथ ही धर्मशास्त्रों के अनुसार राजा सामाजिक व्यवस्था की स्थिरता की भी शर्त है। अन्य उद्धरणों में भी लेखक ने अपने मत का स्पष्टीकरण किया है। जिस राजा को वयोवृद्ध लोगों का समर्थन प्राप्त है, उसे इस संसार की समृद्धि का कारण बताया गया है। राजा अगर अच्छा पदप्रदर्शक नहीं है तो लोग उसी तरह नष्ट हो जायेंगे, जिस तरह बिना केवट की नाव डूब कर नष्ट हो जाती है। जो राजा सन्मार्ग पर चलता है, वह जीवन के तीन लक्ष्यों के साथ स्वयं अपने को और अपनी प्रजा को एकाकार कर लेता है, लेकिन जो इससे विपरीत मार्ग पर चलता है, वह दोनों के नाश का कारण बनता है।[३] दूसरे शब्दों में जहाँ यह माना गया है कि आवश्यक गुणों वाला राजा प्रजा को पूरा संरक्षण और सुख-सुविधा प्रदान करने और राज्य को समृद्ध बनाने में समर्थ होता है, वहाँ यह भी माना गया है कि इन गुणों से विहीन राजा प्रजा के सर्वनाश का कारण होता है।

राजा के दायित्व के सिद्धान्त का बौद्ध विचारकों ने अधिक मौलिक ढंग से विवेचन किया है। आर्यशूर की **जातकमाला** की एक कहानी का नायक कहता है कि चूँकि उसके अनुयायियों ने, जो उसके आदेशों का पालन करने के लिए हमेशा तैयार रहते

---

१. देखिए, **वायु पुराण** ८८, ४९ और ६९ (राजा कुवलाश्व और मान्धाता की कहानियाँ), **मार्कण्डेय पुराण** २७, २१-५ (रानी मदालसा की कहानी)।

२. **वायु पुराण** ६२, १०४-९३ = ब्रह्माण्ड पुराण, ६८, १०४-९३ (पहला संस्करण), **विष्णु पुराण** I १३-११-८ (दूसरा संस्करण) **भागवत** IV १३, १६-२३ (तीसरा संस्करण)।

३. **नीतिसार** I, ९-१७, II ३४।

हैं, उसके कन्धों पर शासन का भार डाल दिया है, इसलिए उसने उनके प्रति उसी स्नेह से प्रेरित होकर, जो वह अपने बेटों के प्रति महसूस करता है, यह भार उठाना स्वीकार किया है। उपर्युक्त सिद्धान्त में यह तर्क निहित है कि शासितों की रक्षा करना शासक का नैतिक कर्त्तव्य है, जिसके बदले में उसकी आज्ञा का पालन करना प्रजा का कर्त्तव्य है। आर्यदेव ने अपने ग्रन्थ **चतुःशतक** में इससे भी ज्यादा निर्भीक मत पेश किया है। एक काल्पनिक राजा से संवाद करते हुए लेखक पूछता है कि तुम किस बात पर गर्व कर सकते हो — तुम जो केवल एक गणदास हो, जो (प्रजा द्वारा दिये गये पैदावार के) छठे भाग पर पलते (भृत) हो ?[1] उपर्युक्त उद्धरण में लेखक ने जनता की प्रभुसत्ता का सिद्धान्त प्रतिपादित किया है, जो राजा और प्रजा के बीच अर्ध-अनुबंधित सम्बन्ध जैसे एक पुराने स्मृति-सिद्धान्त पर आधारित था।

यहां पर शास्त्रीय संस्कृत साहित्य के महान् लेखकों के विचारों के बारे में भी कुछ कह देना उचित होगा। **मुद्राराक्षस** नाटक के अन्तिम पद में विशाखदत्त ने राजा को विष्णुभगवान का रूप कहा है। इसके विपरीत बाण ने दूसरा ही मत प्रकट किया है। **कादम्बरी** में एक बुद्धिमान मन्त्री एक नौजवान राजकुमार से कहता है कि चालाक और मक्कार धूर्त्तों से अपनी प्रशंसा सुनकर कुछ राजा धोखे में आ जाते हैं और यद्यपि वे भी मर्त्य प्राणी हैं, लेकिन वे अपने बारे में सोचने लगते हैं कि उनका निर्माण दैवी तत्त्वों से हुआ है और अलौकिक प्राणियों की तरह व्यवहार करने की कोशिश में वे सब लोगों की दृष्टि में हास्यास्पद बन जाते हैं।[2] ज्ञातव्य है कि यहाँ मूर्ख राजाओं को धोखा देने के लिए उनके धूर्त प्रशंसकों की ईजाद के रूप में राजा के ईश्वरत्व की अवधारणा के प्रति तिरस्कार व्यक्त किया गया है।

(च) राजनीति और आचार-शास्त्र का सम्बन्ध

राजनीति और आचार-शास्त्र के परस्पर सम्बन्ध पर बहस कौटिल्य के **अर्थशास्त्र** और प्रारम्भिक स्मृतियों के समय से चली आ रही थी और उसे इस काल के लेखकों ने भी दोहराया। हम आर्यशूर की **जातकमाला** की कहानियों से कुछ उद्धरण पेश करके इस बहस का विवरण शुरू कर सकते हैं। इसमें लिखा है कि **धर्म** का मार्ग अर्थ के लक्ष्य की ओर दौड़ने से **राजशास्त्र** में जाकर खो जाता है; लोग राजनीति से सम्बन्धित छल-कपट से अपवित्र हुए मार्ग में **काम** की इच्छा लेकर प्रवेश करते हैं; **क्षात्रविद्या** में आचरण के जो नियम बताये गये हैं, वे धर्म से विपरीत हैं, राजनीति के कुटिल मार्ग के अनुगामी हैं और निरंकुशता से कलुषित हैं; राजनीति का सबक यह है कि मन्त्रियों तथा दूसरे लोगों का अस्तित्व राजा की खातिर होता है, न कि राजा का अस्तित्व लोगों की खातिर; जो लोग राजनीति में निपुण हैं उनका कहना है कि

---

१. **जातकमाला,** पद १५, **चतुःशतक,** श्लोक ७७।

२. **मुद्राराक्षस** VII १९; **कादम्बरी,** पृ. १७७-७८।

राजा के लिए धर्म के मार्ग पर चलना अनय और व्यसन मात्र है, क्योंकि धर्म स्पष्ट ही अर्थ और काम का विरोधी है।[१] उपर्युक्त उद्धरणों में बौद्ध-धर्म के प्रारंभिक सिद्धान्त को दोहराया गया है, जिसके अनुसार राजनीति और आचरणशास्त्र को परस्पर-विरोधी माना जाता है। स्थापना यह है कि राजनीति धर्म के विपरीत अर्थ और काम के लक्ष्यों से संचालित होती है और वह दरअसल शासकों के हित में शासितों के निरंकुश और निर्लज्ज शोषण पर आधारित है।

इस सम्बन्ध में हम बाण की प्रसिद्ध प्रेमकथा **कादम्बरी** से एक उद्धरण दे सकते हैं, जिसमें एक नौजवान राजकुमार को, जो गद्दी पर बैठने वाला है, एक बुद्धिमान मन्त्री की नेक सलाह दी गयी है। इस अवतरण में वह मंत्री उन राजाओं की कठोरतम शब्दों में निन्दा करता है, जो कौटिल्य के **अर्थशास्त्र** को, उसकी निर्मम और क्रूर शिक्षाओं के बावजूद, प्रमाण मानते हैं और विशेषकर जो अर्थ की ही उपासना करते हैं, संहारक विज्ञानों को बढ़ावा देते हैं और धर्मनिष्ठ भाइयों का नाश करने की नीति पर चलते हैं। आगे वह मन्त्री जादू-टोने का पेशा करने वाले उन पुरोहितों की भी कड़ी खबर लेता है, जो ऐसे राजाओं के गुरु और शिक्षक होते हैं; फिर वह उन धोखेबाज मंत्रियों की निन्दा करता है, जो ऐसे राजाओं के सलाहकार बन जाते हैं। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि कौटिल्य के **अर्थशास्त्र** में राजनीति का जो रूप बयान किया गया है, और दुनियादार और क्रूर राजा तथा उनके निर्मम और चालाक सलाहकार व्यवहारतः जिस राजनीति पर चलते हैं, वह घोर भौतिक स्वार्थ, हृदयहीन क्रूरता और अधम अन्धविश्वासों पर आधारित है। इसके साथ हम कवि माघ की एक उक्ति की तुलना कर सकते हैं, जिसमें उसने राजनीति और नग्न आत्म-स्वार्थ की नीति को एक दूसरे से अभिन्न कहा है। अपनी हित-साधना और विरोधी को नुकसान पहुँचाना, उसके अनुसार राजनीति की यही दोहरी विषय-वस्तु है।[२]

नीतिसार से कामन्दक के विचारों का उद्धरण देकर हम इस विषय का समापन कर सकते हैं। आन्तरिक प्रशासन की व्यवस्था का विवेचन करते हुए वह कहता है कि दुष्टों की हत्या करने से राजा को पाप नहीं लगता और इसे वह केवल ऋषिवत् राजाओं की मिसाल देकर ही उचित नहीं ठहराता, बल्कि इस आधार पर भी उचित ठहराता है कि आगमों के ज्ञाता आर्यों का मत ही धर्म का प्रमाण है। फिर, युद्ध और शान्ति सम्बन्धी नीति का स्पष्टीकरण करते हुए वह राजा को अपने शत्रु पर विश्वास करने के विरुद्ध चेतावनी देता है, क्योंकि राजा इन्द्र ने क्या सन्धि-काल में ही अपने शत्रु वृत्रासुर की हत्या नहीं की थी? आगे तर्क दिया गया है कि बेटा हो या बाप,

---

१. जातकमाला IX, पद १०, XIX, पद २७, XXIII पद २१, XXVII, पद १७, XXXI, पूर्ववर्ती हवालों के लिए देखिए, **ए हिस्टरी ऑफ इंडियन पॉलिटिकल आइडियाज**, पृ. ४६, १५०-५३।

२. कादम्बरी, पृ. १७७-७८, शिशुपालवध II, ३०।

गद्दी पर बैठते ही उसमें परिवर्तन हो जाता है (एक दूसरे के प्रति उनकी साधारण भावना में), इसलिए राजाओं का व्यवहार साधारण लोगों के व्यवहार से भिन्न होता है। इसके साथ ही लेखक ने, यह घोषणा करते हुए कि राजा युद्ध में ईमानदारी की नीति पर चले या विश्वासघात की नीति पर, इसका निर्णय तात्कालिक राजनीतिलाभ को दृष्टि में रखकर किया जाना चाहिए, महाभारत के अश्वत्थामा की मिसाल देकर दुश्मन की हत्या करने के सिद्धान्त को भी उचित ठहराया है।[1] यहाँ पर लेखक ने कौटिल्य की इस नीति का कि राजनीतिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए नैतिकता का बलिदान कर देना चाहिए, कई दृष्टियों से विकास किया है। वह इस नीति को राजा या समाज के हित में ही उचित नहीं ठहराता बल्कि व्यापक सन्दर्भ में रखकर मानव-प्रकृति की मूलभूत स्वार्थपरता और राजनीतिक आवश्यकता के आधार पर भी उचित ठहराता है। इसके साथ ही देवताओं और महाकाव्यों के नायकों के आचरण को मिसाल बनाकर इसे नैतिक औचित्य भी प्रदान किया गया है। कामन्दक के लिए यह दावा किया जा सकता है कि उसने अपने गुरु कौटिल्य के इस सिद्धान्त की कि राजनीति से नैतिकता को अलग रखना चाहिए, जिस पर **अर्थशास्त्र** के जमाने से ही अमल होता आया था, खूब जोरदार हिमायत की है।"[2]

(II) प्रशासनिक संगठन—उत्तरी भारत

(१) गुप्त सम्राट्, उनके समकालीन और परवर्ती

गुप्तों ने, जिनके इतिहास का विवरण ऊपर[3] दिया जा चुका है, **राजन्** (राजा) की सीधी-सादी पदवी, जिसे प्राचीन काल से भारतीय वंशों के शासक सन्तोषपूर्वक धारण करते आये थे, छोड़ दी और ऐसी भड़कदार उपाधियाँ अपनायीं, जिनका प्रचलन अतीत के विदेशी शासकों ने किया था। इन उपाधियों में सबसे प्रमुख **महाराजाधिराज** की उपाधि थी, जो चन्द्रगुप्त प्रथम और उसके बाद के सभी गुप्त राजाओं ने इस्तेमाल की और जिसका उन्होंने अपने अभिलेखों, अनुदान-पत्रों, सिक्कों और मुहरों में प्रयोग किया था। गप्तों के सिक्कों और अभिलेखों में इस उपाधि के अनेक रूप मिलते हैं: जैसे **राजाधिराज, परमराजाधिराज, राजाधिराजर्षि** और **राजराजाधिराज**[4]। इनके अलावा गुप्त राजाओं ने अपने नामों के आगे और अनेक **विरुद** लगाये, जिनमें अपने

---

१. नीतिसार, IX ५-७, XIV ५४-५५, XXXI ५४ तथा ७१।

२. इस परिच्छेद की विषय-वस्तु का हवालों सहित पूरा विवरण जानने के लिए देखिए, लेखक की पुस्तक **हिस्टरी ऑफ इण्डियन पॉलिटिकल आइडियाज़,** बम्बई, १९५९ के भाग ५, परि. XVII-XXII।

३. देखिए, परिच्छेद १-६।

४. विभिन्न रूपों के बारे में देखिए, एलेन **कैटलग**, इन्ट्रोडक्शन, cxi, cxv; *CII* III, ३५, ५९, ई. इ. XXI, ८ प. पृ.।

लिए ऐसे अतिमानवीय गुणों का दावा किया गया था, जो उनको देवताओं की कोटि में पहुँचा देते थे। इलाहाबाद स्तम्भलेख में समुद्रगुप्त के बारे में उल्लेख है कि वह एक देवता है जो पृथ्वी पर निवास करता है, और केवल इस हद तक ही एक मर्त्य है कि वह मनुष्यों के रीति-रिवाजों का पालन करता है। वंशानुक्रम सम्बन्धी परवर्ती विवरणों में भी उसे हमेशा धनद (कुबेर), वरुण, इन्द्र और अन्तक (यम) आदि देवताओं के बराबर कहा गया है जिसके समान शक्तिशाली इस संसार में और कोई नहीं था", और "जो कृतान्त (यम) का परशु था"।[1] उत्तरी बंगाल के अभिलेखों में गुप्त सम्राटों को तिहरी उपाधियाँ दी गयी हैं (**परमदेवता, परमभट्टारक, महाराजाधिराज**)। जरा सा हेरफेर करके **परम देवता** बाद में **परमेश्वर** बन गया, जो परवर्ती काल के सम्राटों की विशिष्ट उपाधि थी। अति-मानवीय गुणों का दावा करने के इसी उद्देश्य से समुद्रगुप्त के जमाने से गुप्त सम्राटों के सिक्कों पर अंकित प्रशस्तियों में यह लिखा जाने लगा कि पृथ्वी पर अपनी विजयों के साथ ही उन्होंने (अपने नेक कामों से) स्वर्ग का साम्राज्य भी प्राप्त कर लिया था।[2]

सम्राट के बाद ठीक दूसरी श्रेणी में युवराज पदवी मानी जाती थी। गुप्त साम्राज्य में उत्तराधिकार का नियम पुत्र के माध्यम से वंशानुगत होता था, जिसकी प्रथा वैदिक काल तक में प्रचलित थी। लेकिन जैसा हम पहले देख चुके हैं,[3] सम्राट् अक्सर अपने उत्तराधिकारी का चुनाव करने के अधिकार का भी प्रयोग करते थे।

गुप्त सम्राटों ने प्रशासन की परम्परागत, नौकरशाही द्वारा चालित, व्यवस्था जारी रखी थी और नाम-पद्धति भी पूर्ववर्ती कालों से या तो ज्यों की त्यों उधार ले ली थी या उसमें थोड़ा परिवर्तन करके उसे अपने समय के अनुकूल बना लिया था। मन्त्री, जिसकी पदवी का उल्लेख कौटिल्य के **अर्थशास्त्र**[4] में भी हुआ है, नागरिक प्रशासन का अध्यक्ष होता था। अन्य उच्च अधिकारियों में **महाबलाधिकृत** (प्रधान-सेनापति), **महादंडनायक** (जेनरल) और **महाप्रतिहार** (मुख्य द्वारपाल या संभवतः राजप्रासाद की रक्षक-सेना का प्रधान) होते थे। **महाबलाधिकृत** का पद शायद सातवाहन राजाओं के **महासेनापति** जैसा था, और उसके नीचे **महाश्वपति** (घुड़सवार सेना का प्रधान अफसर), **भटाश्वपति** (नियमित घुड़सवार सेना का प्रधान अफसर), **महापीलुपति** (हाथियों की सेना का अफसर) **सेनापति** और **बलाधिकृत** जैसे अफसर थे। **महादंडनायक** का पद कुषाण सम्राटों और तेलुगु देश के इक्ष्वाकु राजाओं के यहाँ भी होता था। **दंडनायकों** का नियन्त्रण उसके हाथ में होता था। इसी प्रकार **महाप्रतिहार** के नियन्त्रण में प्रतिहारों का दल होता था। गुप्त सम्राटों के अभिलेखों

---

१. इलाहाबाद स्तम्भलेख (*CII*, III, ८) देखिए, वही, पृ. २६, ४३, ५३।

२. एलेन, **कैटलग**, इन्ट्रोडक्शन cviii प. पृ.।

३. देखिए पृ. ७।

४. श्लोक ३।

में पहली बार एक नये और ऊँचे राज-पदाधिकारी का नाम आता है, जिसका पद बाद में भी जारी रहा। वह है, **सांधिविग्रहिक** का पद (शान्ति और युद्ध का मन्त्री, या व्यापक रूप से 'विदेश मन्त्री')।[1]

गुप्त साम्राज्य में केन्द्रीय और प्रान्तीय प्रशासनों के बीच **कुमारामात्य** और **आयुक्त** नामक पदाधिकारियों द्वारा सम्बन्ध-सूत्र नियमित होता था। **अर्थशास्त्र** और **जातकों** में **अमात्य** का प्रयोग राज-पदाधिकारियों के लिए सामान्यतः किया गया है और **आयुक्त** (या आयुक्तक) को हम अशोक-स्तम्भलेखों में आये **युतों** या **अर्थशास्त्र** के **युक्तों** से जोड़ सकते हैं। **अमात्य** वर्ग के अफसरों में गुप्तों ने एक नये वर्ग या पद की स्थापना की, जिन्हें **कुमारामात्य** पुकारा जाता था। इस वर्ग में केवल साम्राज्य के उच्चाधिकारी ही नहीं होते थे बल्कि सम्राट् और युवराज के व्यक्तिगत स्टाफ के अफसर और जिलाधीश आदि भी होते थे।[2] इसी तरह, गुप्त साम्राज्य के **आयुक्तों** (या आयुक्तकों) को कभी सम्राट द्वारा दूसरे राजाओं से जीती हुई धन-सम्पत्ति की वापसी के लिए नियुक्त किया जाता था[3] तो कभी उन्हें जिलों या **केन्द्रीय नगरों** का शासन-प्रबन्ध सौंपा जाता था।"[4]

प्रान्तीय शासन के क्षेत्र में गुप्तों ने पुरानी व्यवस्था का ही अनुकरण किया, केवल नामावली में परिवर्तन कर दिया और कुछ साहसपूर्ण सुधार भी किये। आमतौर पर

---

१. देखिए, ई. इ., X, ७१ प. पृ. (मन्त्री और **महाबलाधिकृत** के लिए), फ्लीट, कॉ. इ. इ. III, १०, ब्लाख की सूची में बसाढ़ की मुहर नं. १७, और मार्शल की सूची में (**महादंडनायक** के लिए) भीट मुहर नं. ३२, ४३-४४, (**महाप्रतिहार** के लिए) ब्लाख की सूची में, बसाढ़ मुहर नं. १६ और १८, (**भटाश्वपति** के लिए) ब्लाख की सूची में बसाढ़ मुहर नं. १८, (**बलाधिकृत** के लिए) स्पूनर की सूची में बसाढ़ मुहर नं. ५७२ डी, (**महाश्वपति** के लिए), भीट मुहर नं. ३२, (**महापीलुपति** के लिए) इ. हि. क्वा. VI, ५३ प. पृ. (**सेनापति** के लिए), भीट मुहर नं. ३१, (**दंडनायक** के लिए), वही नं. ४४-५१, (**प्रतिहार** के लिए) वही नं. ५२, (**सांधिविग्रहिक** के लिए) का. इ. इ. III, १०; सातवाहन वंश के **महासेनापति** का उल्लेख ई. इ. VIII, ६७, ८९; XIV १५३, प. पृ. में हुआ है, जबकि कुषाण और इक्ष्वाकु राजाओं के **महादंडनायक** का ई. इ. IX, २४२; XX १४-१८; XXIV २०६ में जिक्र हुआ है। टी. ब्लाख और डी. बी. स्पूनर द्वारा बसाढ़ मुहरों का (सूची समेत) विवरण आ. स. इ., १९०३-४ और १९१३-१४ में क्रमशः दिया गया है, जबकि जे. एच. मार्शल द्वारा भीट मुहरों (और सूची) का विवरण आ. स. इ. १९११-१२ में दिया गया है।

२. देखिए (**कुमारामात्य** के लिए) ब्लाख की सूची में कॉ. इ. इ. III, १०, ई. इ. ७१ प. xv, पृ. १३० प. पृ., XXI, ८१, प. पृ. बसाढ़ मुहरें नं. ४, ५, ६, ७, ८, १०, २०, २२ (**आयुक्तकों** के लिए) ई. इ. XV, १३८, XX, १। **महादंडनायक** और **कुमारामात्य** की उपाधियों का अर्थ जानने के लिए देखिए, इस लेखक की पुस्तक **स्टडीज इन इंडियन हिस्टरी ऐंड कल्चर,** परि. XIII पृ. ४४५ प. पृ.।

३. कॉ. इ. इ. III, ८।

४. ई. इ., XV, १३८; XX, ६१।

प्रान्त को भुक्ति कहा जाता था, जिसके शासक अफसर को **उपरिक** कहा जाता था। अगर सम्राट् का कोई राजकुमार **भुक्ति** का शासक नियुक्त किया जाता था, तो **महाराजपुत्र देव भट्टारक** कहा जाता था। **उपरिक** एक प्रकार से अशोक के साम्राज्य के **प्रादेशिकों** और सातवाहन राज्य के **अमात्यों** के समान होते थे। जबकि **महाराजपुत्र देवभट्टारक** अशोक के समय के **कुमार** वायसरायों के समान थे। प्रान्त (भुक्ति) आमतौर पर जिलों में बँटा होता था जिन्हें प्रायः **विषय** कहते थे। इन **विषयों** पर शासन करने वाले अफसरों को **कुमारामात्य, आयुक्त** या **विषयपति** कहा जाता था।[१] गुप्त सम्राटों की प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण की नीति की यह विशेषता थी कि आमतौर पर प्रान्तीय गवर्नर ही जिला अधिकारी की (इस काल के उत्तरी बंगाल में प्राप्त अभिलेख के अनुसार) नियुक्ति करता था, हालाँकि इस विवरण में ऐसे किसी अफसर का हवाला नहीं दिया गया।

उत्तरी बंगाल के उपर्युक्त अभिलेखों से हमें ज्ञात होता है कि सरकारी भूमि की बिक्री का बुनियादी काम **कुमारामात्य** (या **आयुक्तक** या **विषयपति** या राजकुमार-वायसराय) म्युनिसिपल बोर्ड (**अधिष्ठानाधिकरण**) के सहयोग से करता था, या कभी-कभी जिला कार्यालय (**विषयाधिकरण**) के सहयोग से। वह यह काम कभी कभी **अष्टकुलाधिकरण** गाँव के मुखिया (ग्रामिक), गाँव के परिवारों (कुटुम्बियों) आदि के सहयोग से करता था। जहाँ पूरी मिसालें उपलब्ध हैं, उनसे ज्ञात होता है कि नगरपालिका के मुख्यतः चार सदस्य होते थे; गिल्ड प्रेजीडेन्ट (**नगरश्रेष्ठी**), मुख्य व्यापारी (**सार्थवाह**), मुख्य शिल्पी (**प्रथमकुलिक**) और मुख्य मुंशी (**प्रथमकायस्थ**)।[२] **अष्टकुलाधिकरण** का ठीक-ठीक क्या मतलब था, इसका पता नहीं चलता, लेकिन एक उदाहरण में कहा गया है कि वह गाँव के प्रमुख (महत्तर) जनों की समिति का नाम था, जिसे हम साधारणतया रूरल-बोर्ड के रूप में समझ सकते हैं। खैर, इसका चाहे जो अर्थ हो, उपर्युक्त विवरण से सूचित होता है कि जिला, नगर और गाँव तक के प्रशासन में जनता के प्रतिनिधियों को सम्बद्ध किया जाता था। विशेष रूप से यह सोचने का कोई कारण नहीं है कि म्युनिसिपल बोर्ड के सदस्य, **प्रथमकायस्थ** को छोड़कर, **सार्थवाहों** और **कुलिकों** के संघों के प्रतिनिधियों (या अध्यक्षों) के अलावा कोई और होता था। उन दिनों ऐसे शिल्पि-संघ (गिल्ड) सारे उत्तर-बिहार में होते थे। स्थानीय प्रशासन के साथ जनता के प्रतिनिधियों को सम्बद्ध करने का यह प्रयत्न गुप्त सम्राटों

---

१. गुप्त सम्राटों के राज्य में **उपरिकों** (जो भुक्तियों के शासक थे) और **विषयपतियों** (जो विषयों के शासक थे) के बारे में जानने के लिए देखिए, इ. इ. XV, १३० प. पृ.; ३४७; XX, ६१ प. पृ., XXI, ८ प. पृ.।

तीरभुक्ति के **उपरिक** का अपना दफ्तर (अधिकरण) था, जिसका लाख की सूची में दी गयी बसाढ़ की मुहर नं. २० में जिक्र हुआ है।

२. इनके हवाले देखिए, ऊपर पा. टि. २, पृ. ३८९ में।

का सबसे साहसपूर्ण प्रशासनिक प्रयोग था। दुर्भाग्य से हमारे पास इसका कोई विस्तृत ब्यौरा नहीं है कि गुप्त साम्राज्य के अन्य प्रान्तों में स्थानीय प्रशासन किस प्रकार चलता था। लेकिन प्राचीन वैशाली[1] से प्राप्त मुहरों पर अंकित प्रशस्तियों में **तीर-कुमारामात्याधिकरण** और **वैशाल्याधिष्ठानाधिकरण** का जो हवाला दिया गया है, उनसे शायद यह सूचित होता है कि गुप्तों के राज्य में डिस्ट्रिक्ट और म्युनिसिपल बोर्ड दोनों ही काम करते थे। उत्तरी बंगाल के म्युनिसिपल बोर्ड जिस आधार पर संगठित थे, उनकी मिसाल से हम अनुमान कर सकते हैं कि उत्तरी बिहार के म्युनिसिपल बोर्डों आदि का संगठन भी **श्रेष्ठियों, सार्थवाहों** और **कुलिकों** के प्रतिनिधियों को लेकर किया गया होगा।

राजनीतिक उदारता और शास्त्रों में निर्धारित साम्राज्य सम्बन्धी नीति की श्रेष्ठतम परम्पराओं के अनुकूल, गुप्तों ने अनेक विजित राज्यों को (जिनमें राजतन्त्रीय और गणतन्त्रीय दोनों प्रकार के राज्य थे) अपने अधीन स्वतंत्रता की स्थिति में छोड़ दिया था। हमारे पास सीमा-प्रदेशों के ऐसे राजाओं (**प्रत्यन्त नृपतियों**) और गणों की सूची है, जिन्हें समुद्रगुप्त ने हराकर अपने अधीन किया था।[2] परवर्ती काल में आधुनिक बघेलखंड के क्षेत्र में शासन करने वाले परिव्राजक **महाराजा**[3] आमतौर पर अपने अनुदान-पत्र "गुप्त-सम्राटों के अधिराजत्व में" कहकर जारी करते थे। सामन्त शासकों की स्थिति परम शासक की तुलना में उनकी अपनी शक्ति पर निर्भर करती थी। समुद्रगुप्त के शक्तिशाली राज्य-काल में सीमान्त-प्रदेशों के शासकों के सामने गुप्त सम्राट को खिराज देने, आमतौर पर उसके प्रति अपनी आज्ञाकारिता प्रदर्शित करने और उसके दरबार में हाजिर होकर उसका अभिनन्दन करने के सिवा और कोई चारा नहीं था। इसके विपरीत, यह आश्चर्य की बात है, परिव्राजक-**महाराजों** ने अपने विवरणों में अपने समय के सम्राट् का एक बार भी उल्लेख नहीं किया,[4] और कुछ दूसरे सामन्त-शासकों[5] ने तो अपने राजकीय अभिलेखों में गुप्तों की प्रभुसत्ता का हवाला तक नहीं दिया।

चीनी यात्री फा-हिएन[6] के विवरण में गुप्त-सम्राटों के प्रशासन की व्यापक प्रवृत्तियों और विशेषताओं की अत्यन्त संक्षिप्त, किन्तु मूल्यवान् झलक मिलती है। फा-हिएन ने चन्द्रगुप्त द्वितीय के शासन-काल में उत्तर भारत की यात्रा की थी। उसके विवरण से हमें मालूम होता है कि गुप्तों की शक्तिशाली भुजा सारे 'मध्य राज्य' में ऐसी शान्ति और व्यवस्था कायम करने में समर्थ थी कि उस अकेले विदेशी यात्री को रास्ते में कहीं भी लुटने-पिटने का डर नहीं था। इन सम्राटों को इस बात का श्रेय

१. ब्लाख की सूची में बसाढ़ मुहर नं. २२ और २५।
२. ऊपर देखिए, पृ. १ प. पृ.।
३. ऊपर देखिए पृ. ३३।
४. ऊपर देखिए, पृ. ३३।
५. ऊपर देखिए, पृ. ३३ प. पृ.।
६. फा-हिएन, लेगे द्वारा अनूदित, पृ. ४२-४३, ५२, ७९।

प्राप्त है कि उन्होंने अपनी प्रजा की 'गुप्तकालीन शान्ति' का उपभोग करने का अवसर दिया, और इस शान्ति-स्थापना के लिए उन्हें पुलिस-नियन्त्रण और दंड-न्याय के क्रूर तरीकों का इस्तेमाल नहीं करना पड़ा, जिन्होंने मौर्यों के प्रशासन को कलुषित कर दिया था। 'मध्य-राज्य' का विवरण पेश करते हुए फा-हिएन ने कहा है : "उन्हें अपनी घर-गृहस्थी की सूचना दर्ज नहीं करवानी पड़ती, न मजिस्ट्रेटों के सामने जाना पड़ता है, न उनके नियमों का पालन करना पड़ता है··· वे अगर जाना चाहते हैं तो जाते हैं, अगर रहना चाहते हैं तो रहते हैं। उसने फिर आगे लिखा है : "राजा बिना किसी का सर काटे या किसी का अंग-भंग किए ही शासन करता है। अपराधियों पर जुर्म के मुताबिक सिर्फ हल्के या भारी जुर्माने किये जाते हैं। जब हम याद करते हैं कि अतीत काल से हमारे यहाँ जासूसी की प्रथा चलती आयी है और लोगों को कितना कठोर अपराध-निवारक दंड दिया जाता था, तो हम यह स्वीकार किए बिना नहीं रह सकते कि गुप्त सम्राटों के प्रशासन ने प्राचीन भारत की दंड विधि में मानव-वादी सुधारों के एक नये युग का सूत्रपात किया था। फा-हिएन के विवरण में गुप्त-प्रशासन के अन्य तत्त्व भी प्रतिबिम्बित हुए हैं। वह कहता है : "राजा के अंग-रक्षकों और परिचारकों आदि सबको नियमित वेतन मिलता है।" इससे साबित होता है कि गुप्त सम्राटों ने अपने सैनिकों को नियमित रूप से निश्चित वेतन देने की मौर्यों की दूरन्देश नीति का अनुसरण किया था। गुप्त प्रशासन के अन्य तत्त्वों के बारे में परवर्ती अभिलेखों से कुछ पता चल सकता है। स्कन्द-गुप्त के गिरनार वाले शिलालेख से हमें ज्ञात होता है कि जब उस प्राचीन सुदर्शन झील का, जिसे चन्द्रगुप्त मौर्य के गवर्नर ने खुदवाया था और अशोक के एक अफसर ने जिसके बाँध का पुनर्निर्माण करवाया था, सन् ४५५ ई० में फिर बाँध टूट गया, तो सौराष्ट्र के मुख्य नगर के गवर्नर चक्रपालित ने एक मजबूत और पक्का बाँध बनवाया। गुप्त सम्राट् विद्या और धर्म के प्रसार के लिए कितनी उदारता पूर्वक दान करते थे, यह इस बात से ही प्रमाणित है कि इस वंश के एक के बाद दूसरे राजा ने नालन्दा विश्वविद्यालय में अनेक मठ स्थापित किये थे।[१]

गुप्त सम्राटों के परोपकारी प्रशासन का ही यह परिणाम था कि उनके शासन काल में लोग खुशहाल और समृद्ध थे। हमारे पास फा-हिएन की बहुमूल्य साक्षी है कि 'मध्य-राज्य' में लोगों की संख्या बहुत बड़ी थी और वे सुखी थे। साम्राज्य के कुछ भागों में, विशेषकर मगध और सांकाश्य में खुशहाली, अपेक्षया अधिक थी। अपनी उदारता के कारनामों पर और प्रजा के नैतिक और भौतिक स्तर को ऊँचा करने में अपनी सफलताओं पर गुप्त सम्राटों को अकारण ही गर्व नहीं था।[२]

गुप्त साम्राज्य के ह्रास और पतन के साथ ही नये राजवंशों का उत्थान भी हुआ, लेकिन उनमें से कोई भी स्थायी रूप से टिकने वाले साम्राज्य का निर्माण नहीं कर

---

१. या. ट्रै. बा., II १६४-६५।

२. तुलना कीजिए, समुद्रगुप्त (कॉ. इ. इ. १११, ८) और स्कन्दगुप्त (वही, ५९) के वर्णनों की।

सका। आमतौर पर इन नये राज्यों में गुप्तों की प्रशासनिक परम्पराओं को ही जारी रखा गया। हूण राजा तोरमाण[१] के नीचे, जिसने **महाराजाधिराज** की उपाधि धारण की थी, एक वाइसराय था, जिसका नाम धन्यविष्णु था, जो एरिकिण **विषय** (मध्य प्रदेश में वर्तमान सागर जिला) पर शासन करता था। इस तथ्य से कि **महाराज** मातृविष्णु धन्यविष्णु का बड़ा भाई था और यमुना और नर्मदा के बीच के क्षेत्र का गुप्तों के अधीन प्रान्तीय गवर्नर था,[२] हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि खूंखार हूण विजेता भी अक्सर पुराने प्रान्तीय प्रशासन को सिर्फ बदस्तूर कायम ही नहीं रखते थे, बल्कि प्राचीन पदाधिकारियों और उनके परिवारों को भी अपने पदों पर कायम रहने देते थे। पश्चिमी मालवा पर **राजाधिराज परमेश्वर** की उपाधि धारण करके शासन करने वाले विष्णुवर्धन[३] ने एक विवरण में एक अभयदत्त का उल्लेख किया है, जो (पूर्वी) विन्ध्य और पारियात्र (पश्चिमी विन्ध्य) तथा समुद्र से घिरे क्षेत्र का राजस्थानीय (वाइसराय) था। अपने अन्तर्गत अनेक जिलों (देशों) का शासन-कार्य वह स्वयं अपने मन्त्रियों (**सचिवों**) की सहायता से चलाता था। इससे जाहिर है कि उत्तर बंगाल में गुप्तों के प्रान्तीय गवर्नरों की तरह विष्णुवर्धन का गवर्नर भी अपने अधीन जिलों के शासक नियुक्त करने के लिए स्वतन्त्र था।[४]

गुप्त साम्राज्य के पतन के बाद आनेवाले गौण राजवंशों में से **वलभी**[५] के मैत्रकों का उल्लेख किया जा सकता है। गुप्त साम्राज्य के उच्च पदाधिकारियों की विनयपूर्ण उपाधियों से शुरू करके, मैत्रकों ने अन्त में सम्राट की पूरी उपाधियाँ धारण कर लीं। मैत्रकों के प्रशासन में, जहाँ उस समय की अन्य भारतीय सरकारों के आम तत्त्व मौजूद थे, वहाँ कुछ अपने विशिष्ट रूप भी थे। केन्द्रीय सरकार के पदाधिकारियों[६] में, जिनका नाम उनके विवरणों में दिया गया है, एक **दिविरपति** (जिसके नाम के आगे कभी कभी **संधिविग्रहाधिकृत महासामन्त** की उपाधि भी जोड़ी जाती थी), एक

---

१. कॉ. इ. इ. III, १५९ प. पृ.; सले. इंस्क्रि. ३९६-९७ ऊपर देखिए, पृ. ३९ प. पृ.।

२. कॉ. इ. इ. III, ८९, सले. इंस्क्रि. ३२७; देखिए, ऊपर, पृ. ३५।

३. कॉ. इ. इ. III, १५२ प. पृ.; सले. इंस्क्रि, ३८६-९२—विष्णुवर्धन **बनाम** यशोधर्मन के बारे में ऊपर देखिए .पृ. ४४ प. पृ.।

४. **राजस्थानीय** की एक वाइसराय के रूप में व्याख्या बूलर ने (इ. ए. V, २०७) क्षेमेन्द्र के **लोकप्रकाश** का प्रमाण देकर सुझायी थी। प्रस्तुत सन्दर्भ में इसका समर्थन अभयदत्त द्वारा स्वयं अपने मन्त्रियों की सहायता से शासित अनेक देशों के बहुत से उल्लेखों से होता है किंचित् असम्भाव्य व्याख्याएँ हैं—"विदेश सचिव" (त्रिपाठी, हिस्टरी आफ कन्नौज, १३८) तथा "राजनीतिक प्रतिनिधि" (पायर्स, दि मौखरीज, १७०)।

५. देखिए पृ. ६८ प. पृ.।

६. मैत्रकों के पदाधिकारियों की उपाधियों और उनके प्रशासनिक क्षेत्रों में, जिनका उल्लेख नीचे किया गया है, देखिए, ई. इ., I, ८७,; VIII, १०८; XI, ८१ प. पृ.; १७४ प. पृ.; XVI, १७ प. पृ., XVII, १०५, प. पृ.; XXI, १७९ प. पृ.; XXII, ११४ प. पृ.; का इ. इ., III, १६६, इ. ए. XV, १८६ प. पृ.।

विग्रहाक्षपटलाधिपति और **प्रमातृ** होता था। इसके अलावा, मैत्रकों के अनुदान-पत्रों में जिन अफसरों की सूची दी गयी है, उनमें **आयुक्तक, कुमारामात्य, द्रांगिक, ध्रुवाधिकरणिक, चौरोद्धरणिक, दंडपाशिक, राजस्थानीय** और **अनुत्पन्नदान-समुद्ग्राहक** शामिल हैं। इस सूची में सांधिविग्रहिक को तो पहचानना आसान है, क्योंकि गुप्तों के विवरणों में भी इसी नाम के पदाधिकारी का उल्लेख मिलता है। **दिविरपति**, जैसा नाम से ही जाहिर है, दिविरों (क्लर्कों) का प्रधान था। इस पद की सूचना उच्चकल्प **महाराज** जयनाथ[1] के विवरण से भी प्राप्त होती है, जिनकी तारीख सन् ४९६ ई० है। गुप्तों के समय से केन्द्रीय तथा स्थानीय प्रशासनों में **आयुक्तों** और **कुमारामात्यों** के पद भी प्रसिद्ध हैं। उतना ही प्रसिद्ध **द्रांगिकों**, अर्थात् फौजी चौकियों के कमांडर का पद भी है। **चौरोद्धरणिकों** और **दण्डपाशिकों** का पद भी प्रसिद्ध है; ये पुलिस के अफसर होते थे। **राजस्थानीय** शायद वायसराय होते थे। नये नामों में एक नाम **प्रमातृ** है जिसका तात्पर्य शायद उन अफसरों से है जिनका सम्बन्ध जमीन की पैमाइश करनेवाले विभाग से था। **ध्रुवाधिकरणिक** प्रत्यक्षतः उन अफसरों को कहते थे, जो किसानों से कर-वसूली के काम का निरीक्षण करते थे। और **अनुत्पन्नदान-समुद्ग्राहक** शायद उन अफसरों को कहते थे, जिन्हें प्रजा से जबर्दस्ती भेंट वसूल करने का काम सौंपा जाता था।[2] इससे जाहिर होता है कि मैत्रकों की केन्द्रीय सरकार काफी सुगठित थी, जिसमें विदेश मन्त्री मुख्य सचिव और चीफ अकाउन्टेन्ट के अलावा पुलिस और कर-विभागों के भी अफसर थे। मैत्रकों के अन्तर्गत प्रान्तीय प्रशासन भी नियमित आधार पर संगठित था, इसका अनुमान निश्चित **पेठों (स्थलियों)** में दान की गयी जमीनों की अवस्थिति से होता है। ये **पेठ विषयों** (या **आहरणियों** या **प्रावेश्यों**) के **अन्तर्गत** संगठित थे और **विषय, भुक्तियों** के अन्तर्गत। लेकिन इन जिलों और क्षेत्रों के अफसरों के नामों का उल्लेख नहीं किया गया। मैत्रकों के शासन में यह राज्य खूब सम्पन्न और समृद्ध था, जिसकी पुष्टि ह्वेन-त्सांग ने की है। उसने कहा कि यह राज्य "बहुत धनी और सम्पन्न है।"

(२) हर्ष, उसके समकालीन और उत्तराधिकारी

सातवीं सदी के पूर्वार्द्ध में थानेश्वर के राज-परिवार का राजा हर्षवर्धन अपने सफल युद्धों और विजयों के कारण उत्तर भारत का सबसे शक्तिशाली शासक बन गया था।[3] उसने (अपने बाप और दादा की तरह) सम्राट् की **परमभट्टारक महाराजाधिराज** वाली उपाधि धारण की। हर्ष के साम्राज्य के विस्तार और उसकी सेना की

---

१. देखिए पृ. ३३।

२. **प्रमातृ** का अर्थ आध्यात्मिक सलाहकार भी लगाया गया है (बूलर, ई. इ. I, ११८) और "जज" भी (त्रिपाठी, **हिस्टरी आफ कन्नौज**, १४०), **ध्रुवाधिकरणिक** और **अनुत्पन्नदान समुद्ग्राहक** के बारे में देखिए, **हिन्दू रेवन्यू सिस्टम**, २२१-२२२।

३. देखिए, परिच्छेद ९।

तादाद से परखा जाए तो प्रतीत होता है कि उसका प्रशासन अत्यन्त सुगठित था, लेकिन हमें इसके बहुत कम ब्यौरे प्राप्त हैं। हर्ष के गद्दी पर बैठने से पहले की घटनाओं का वर्णन करते हुए ह्वेन-त्सांग ने बताया है कि किस प्रकार राज्यवर्धन की हत्या के तुरन्त बाद "कन्नौज के राजनेताओं ने" अपने "प्रमुख नेता बनी (भण्डी?)" की सलाह पर हर्ष को राजगद्दी पर बैठने के लिए निमंत्रित किया और किस प्रकार राज-मन्त्रियों ने इस प्रार्थना को स्वीकार करने के लिए उस पर पूरा जोर डाला। इस वक्तव्य से संकेत मिलता है कि हर्ष के राज्यारोहण के समय एक छोटी और एक बड़ी राज-सभा काम कर रही थी। **हर्ष-चरित** में उसके दरबार के जिन प्रमुख पदाधिकारियों का उल्लेख मिलता है, उनमें एक **महासंधिविग्रहाधिकृत**, एक **महाबलाधिकृत** और एक **महाप्रतिहार** था। इनसे नीचे के अफसरों में एक **सेनापति** (जेनरल), **बृहदश्ववार** (घुड़सवार सेना का मुख्य अफसर), एक कटुक (शायद दण्ड न्याय का प्रबन्ध करने वाला अफसर)[1] और एक **ग्रामाक्षपटलिक** (अर्थात् ग्राम लेख्य-प्रमाणक) था। हर्ष के अपने भूमि-अनुदान पत्रों में उनके लेखकों के रूप में एक **महाक्षपटलाधिकरणाधिकृत-सामन्तमहाराज** और एक **महाक्षपटलिक-सामन्त महाराज** था, और इन अनुदानों को कार्यान्वित करने वाले (दूतक) एक **महाप्रमातार-महासामन्त** का उल्लेख मिलता है।[2] उपर्युक्त सूची में **महासंधिविग्रहाधिकृत महाबलाधिकृत** और **महाप्रतिहार** की पदवियों से हम प्राचीन काल से परिचित हैं। उनका क्रमशः अर्थ है, विदेश-मंत्री, प्रधान सेनापति और सम्भवतः राजप्रासाद के रक्षक-सैनिकों का प्रधान। **महाक्षपटलिक** लेखा कार्यालय (अकाउन्ट्स दफ्तर) का प्रधान था। कौटिल्य के **अर्थशास्त्र** के समय से **अक्षपटल** का पद चला आ रहा था। **महाप्रमातार** से जाहिर है कि वह प्रमात्रियों का प्रधान होता था। यह पद वलभी के मैत्रकों के यहां भी होता था। इनमें से कुछ पदाधिकारियों के नाम के साथ **महासामन्त** (या **सामन्त महाराज**) की उपाधि लगी होने से सूचित होता है कि हर्षवर्धन अपने साम्राज्य का प्रशासन-कार्य चलाने में अपने सामन्तों की सेवाओं का भी उपयोग करता था। **सेनापति** और **बृहदश्ववार** के पदों से स्पष्ट है कि उसकी सेना अलग-अलग कमानों के अन्तर्गत संगठित थी। प्रान्तीय प्रशासन के क्षेत्र में हमें उसके भूमि अनुदान-पत्रों में दिए गये वर्णनों से पता चलता है कि उसका साम्राज्य विभिन्न **भुक्तियों** (प्रान्तों) में बँटा हुआ था, जो **विषयों** (जिलों) में बँटे हुए थे। **हर्षचरित** के एक पद में स्थानीय प्रशासन-व्यवस्था के अनेक पदाधिकारियों का उल्लेख मिलता है, जिनकी उपाधियाँ थीं— **भोगपति, आयुक्तक** और **प्रतिपालकपुरुष**। इससे सूचित होता है कि उसकी ग्राम-प्रशासन की व्यवस्था में काफी अफसर होते थे। **हर्षचरित**[3] में एक **ग्रामाक्षपटलिक**

---

१. **कटक** का अर्थ समझने के लिए देखिये **स्टडीज इन इंडियन हिस्टरी ऐंड कल्चर** ४५३।

२. **ई. इ.** I, ६७ प. पृ०; IV, २०८ प. पृ.।

३. **हर्षचरित,** कावेल और टामस का अनुवाद, पृ० २०६।

का भी जिक्र है, जिससे जाहिर होता है कि गाँव के आय-व्यय का खाता रखने के लिए नियमित प्रबन्ध किया गया था। हर्ष के शासन की विशेषताओं और मूल प्रवृत्तियों की आन्तरिक जानकारी हमें ह्वेन-त्सांग और बाण के समकालीन विवरणों में मिलती है, यद्यपि ये विवरण एक सीमा तक पक्षपातपूर्ण हैं। हर्ष की दृढ़ न्यायप्रियता, उसका अविराम अध्यवसाय और उसके शासन की वदान्यता का चीनी यात्री ने निम्न शब्दों में शानदार वर्णन किया है :[1] "वह (हर्ष) एक न्यायी शासक था और अपने दायित्वों के निर्वाह में हमेशा मुस्तैद रहता था। नेक कार्यों में पड़कर वह भूख-प्यास और नींद तक भूल जाता था।···राजा का दिन तीन हिस्सों में बँटा हुआ था। इनमें से एक हिस्सा वह राज-कार्यों में लगाता था, और दो हिस्से धार्मिक कार्यों में। वह काम से कभी थकता नहीं था और दिन तो उसके लिए बहुत छोटा पड़ता था।" एक दूसरे सन्दर्भ में चीनी यात्री ने हर्ष के बारे में कहा है कि वह अत्यन्त "नेक और देशभक्त" व्यक्ति था और "सर्वसाधारण अपने गीतों में उसका गुणगान करते थे।" अपने साम्राज्य की सरकारी व्यवस्था को अच्छा बनाने के प्रति उसकी सतर्कता की मिसाल देते हुए ह्वेन-त्सांग ने बताया है कि वह निरीक्षण के लिए अपने राज्य का दौरा करता था, कभी एक स्थान पर अधिक समय तक नहीं टिकता था, और बरसात के तीन महीनों में भी कभी विदेश यात्रा पर नहीं जाता था। इतनी सतर्क देखभाल के बावजूद वह उतनी पूर्ण शान्ति और सुरक्षा स्थापित करने में असमर्थ रहा, जितनी गुप्त सम्राट कायम करने में सफल हुए थे। अस्सी अन्य यात्रियों के साथ गंगा के मार्ग से एक बड़ी नाव में सफर करते हुए ह्वेन-त्सांग को अयोध्या के पूरब में लुटेरों के एक दल ने कैद कर लिया था और संयोगवश उसी समय भयंकर तूफान आ जाने के कारण ही वह उनके चंगुल से अपने को बचा सका था। इसी विवरण में ह्वेन-त्सांग ने बताया है कि अनेक **स्तूपों** और **मठों** के निर्माण के अलावा हर्ष ने अपने साम्राज्य के हर भाग में यात्रियों के लिए विश्राम गृहों का निर्माण करवाया था। इन मठों में सबसे प्रसिद्ध शायद हर्ष का बनवाया नालन्दा का वह मठ रहा होगा, जो ह्वेन-त्सांग के अनुसार पीतल की चद्दरों से मढ़ा हुआ था और करीब सौ फुट ऊँचा था। हर्ष की वदान्यता और उसके परोपकारी शासन का सबसे शानदार प्रमाण उसकी पंचवर्षीय सभाएँ थीं, जिनका आयोजन वह प्रयाग में अपना खजाना लोगों में बाँटने के उद्देश्य से करता था। इनमें से छठी और अन्तिम सभा का वर्णन ह्वेन-त्सांग ने एक दर्शक के रूप में किया है।

हर्ष के समकालीन राजाओं में कामरूप के योग्य और भाग्यशाली शासक भास्कर-वर्मन् से अधिक शानदार व्यक्ति और कोई नहीं था।[2] उसके अभिलेख[3] में जिन

---

१. इस अनुभाग में दिए गए चीनी विद्वानों के उद्धरणों के लिए देखिए, **या. ट्रै. वा.**, I, १४०, १६८-७७, १९९, ३४० प. पृ., ३६४; II. १६४-६५, २४६, बील, **लाइफ**, पृ. ८३, ८६-८९, १८४-८७।

२. देखिए, पृ० १३९ प. पृ०।

३. **ई. इ.**, XII. ६५; XIX. ११८ प. पृ.।

पदाधिकारियों का नाम लेकर उल्लेख किया गया है, उनमें एक **आज्ञाशतम्-प्रापयिता** (राजा की आज्ञाओं को कार्यान्वित करने के लिए जिम्मेदार अफसर), एक **सीमाप्रदाता** (दान की हुई जमीनों की सीमाएँ निर्धारित करने वाला अफसर), एक **न्यायकरणिक** (अदालती अफसर), एक **कायस्थ** (कातिब या मुंशी), एक **शासयिता** (अनुदान-पत्रों को कार्यान्वित करने का जिम्मेदार अफसर), एक **भाण्डागाराधिकृत** (स्टोर-सुपरिन्टेन्डेन्ट) और एक **उत्खेटयिता** (कर-वसूली के लिए जिम्मेदार अफसर) शामिल है। दान की हुई जमीनों के इस वर्णन से कि वे चन्द्रपुरी **विषय** (जिले) में हैं, और इसी विवरण में उस अफसर (नायक) के नाम से, जो उनके लिए जिम्मेदार था, सूचित होता है कि उसका राज्य भी जिलों में बँटा हुआ था। यह उल्लेख कि **विषयपति** और **अधिकरण** ने राजा का अनुदान-पत्र प्राप्त किया था सूचित करता है कि जिस तरह गुप्त सम्राटों के समय में उत्तर बंगाल में जिला अधिकारी के साथ जिला (या म्यूनिसिपल) बोर्ड सम्बद्ध होते थे, उसी प्रकार भास्करवर्मन् के राज्य में भी होता था।

हर्ष के समय में प्रशासन-व्यवस्था का भारत में क्या रूप था, इसका एक सुसंबद्ध विवरण हमें विख्यात चीनी यात्री ह्वेन-त्सांग की कलम से लिखा हुआ उपलब्ध है, जिसने सन् ६३० और ६४४ ई० के बीच, सुदूर दक्षिण को छोड़कर, भारत के प्रायः सभी भागों की यात्रा की थी। भारत का सामान्य परिचय देते हुए ह्वेन-त्सांग ने लिखा है कि देश राजनीतिक रूप से लगभग सत्तर राज्यों में बँटा हुआ था। स्पष्ट है कि उत्तर में हर्ष और दक्षिण में पुलकेशिन् द्वितीय के महान् साम्राज्यों के उत्थान के बावजूद देश राजनीतिक दृष्टि से एक नहीं था। ह्वेन-त्सांग के समय में यह परम्परागत धारणा प्रचलित थी कि शताब्दियों से राजसत्ता क्षत्रियों के हाथ में रही और इक्की-दुक्की जो मिसालें इसके विपरीत मिलती थीं, उनको संवैधानिक कानून के विरुद्ध माना जाता था। क्षत्रियों का उद्देश्य "परोपकार और दया" समझा जाता था। न्याय-व्यवस्था के क्षेत्र में दण्ड-न्याय का गुप्त सम्राटों ने जो सुधार किया था, वह अब भी काफी हद तक लागू किया जाता था। स्वीकृत कानून भंग करने पर या राजा के विरुद्ध षड्यन्त्र करने पर आजीवन कारावास का दंड दिया जाता था, और यद्यपि अभियुक्त का "सर नहीं काटा जाता था, लेकिन उसे समाज से बहिष्कृत कर दिया जाता था।" स्पष्ट है कि राजद्रोह की सजा सातवीं सदी में गुप्त काल से ज्यादा कठोर थी, जबकि फाह्यान के अनुसार "विद्रोह की दूसरी कोशिश के बाद भी सजा दाहिना हाथ काट देने से ज्यादा नहीं थी। ह्वेन-त्सांग का कहना है कि सामाजिक आचार और पुत्रोचित कर्तव्यों का उल्लंघन करने पर या तो अंग-भंग की, या निर्वासन की, सजा दी जाती थी। बाकी अन्य अपराधों के लिए केवल जुर्माना भरना पड़ता था। अर्थ-व्यवस्था के क्षेत्र में ह्वेन-त्सांग यह देखकर प्रभावित हुआ था कि राज्य बहुत साधारण कर ही वसूल करता था और प्रजा की आजादी पर कठोर नियंत्रण नहीं था, जिससे हर आदमी की सम्पत्ति को पूरा संरक्षण प्राप्त था। वह लिखता है : "चूंकि सरकार उदार है, इसलिए सरकारी जरूरतें बहुत थोड़ी हैं। परिवारों को रजिस्टर में

दर्ज नहीं किया जाता और न व्यक्तियों से बेगार ली जाती है।" वह फिर आगे कहता है : "कराधान चूंकि हल्का है और बेगार बहुत कम ली जाती है, इसलिए हर व्यक्ति अपने खान्दानी पेशे में लगा रहता है और अपनी पैतृक जायदाद की देखभाल करता है।" देश के विभिन्न भागों में पाई जाने वाली तत्कालीन स्थिति के ह्वेन-त्सांग द्वारा दिये गये विस्तृत विवरण को हम एक प्रकार से भारतीय प्रशासन का सामान्य लेखा-जोखा मान सकते हैं। उसके विवरण से ज्ञात होता है कि एक ओर यदि गम्भीर और सरस्वती से लेकर कपिलवस्तु तक के क्षेत्र उजाड़ और वीरान पड़े थे, तो दूसरी ओर कान्यकुब्ज, वाराणसी, चन-चु (सम्भवतः गाजीपुर जिला) पुण्ड्रवर्धन और कर्णसुवर्ण (जो अधिकांशतः हर्ष के साम्राज्य में थे) अत्यन्त सम्पन्न और खुशहाल थे।

सातवीं सदी के अन्तिम चतुर्थांश में परवर्ती गुप्तों के शासन में मगध के राज्य ने एक बार फिर साम्राज्य की महत्ता प्राप्त कर ली।[1] आदित्यसेन से लेकर जीवितगुप्त द्वितीय तक हम देखते हैं कि इन राजाओं की चार पीढ़ियों ने पुनः सम्राट् की तमाम उपाधियाँ धारण कर ली थीं। राजाओं की इन उपाधियों के समकक्ष ही **परमभट्टारिका** महादेवी जैसी उपाधि उनकी रानियाँ भी धारण करती थीं। उनके विवरणों में इन राजाओं के अपने कार्यों या दायित्वों का कोई सीधा हवाला नहीं मिलता, लेकिन इसमें सन्देह नहीं कि वे परम्परागत रूप से अपने सिविल और मिलिटरी प्रशासन के अध्यक्ष का कार्य सम्पन्न करते थे।[2] जीवितगुप्त द्वितीय के अभिलेखों में पदाधिकारियों की जिस सूची का उल्लेख किया गया है, उनमें **दूतों** (राजदूतों), **सीमाकर्मकारों** (सीमाएँ निर्धारित करने वालों) तथा अन्य ज्ञात पदाधिकारियों के नाम हैं। **भुक्तियों** और **विषयों** के हवालों से सूचित होता है कि प्रान्तों और जिलों के नाम उन्होंने गुप्तों की प्रशासनिक परम्परा के अनुकूल जारी रखे थे।

III. प्रशासनिक संगठन—दक्षिण भारत

१. दक्षिणापथ के राजवंश

विदर्भ के क्षेत्र (बरार और उससे लगने वाले इलाके) में वाकाटकों के विख्यात परिवार का तीसरी सदी के उत्तरार्ध में ही उत्थान हो गया था और उनकी सत्ता छठी सदी के मध्य तक अक्षुण्ण रही थी।[3] इन राजाओं की शासन-व्यवस्था की कुछ उल्लेखनीय विशेषताएँ थीं। प्रवरसेन प्रथम ने **धर्माधिराज** की उपाधि अपनायी थी, जो उचित ही थी; उसने अनेक वैदिक यज्ञ किये थे, जिनमें एक अश्वमेध यज्ञ भी था। उसके पुत्र और पोते ने भी उसकी मिसाल का अनुकरण किया। प्रवरसेन प्रथम ने

---

१. देखिए पृ० १४४ प. पृ.।

२. पायर्स का यह वक्तव्य (**द मौखरिज,** १६९) कि कानून बनाने का अधिकार राजा में निहित होता था, बिलकुल गलत है और प्राचीन भारतीय राजतंत्र की ज्ञात परम्पराओं से विपरीत है।

३. ऊपर देखिए, पृ० २०५ प. पृ.।

सम्राट की उपाधि भी धारण की थी, जबकि उसके उत्तराधिकारियों ने **महाराज** की विनम्र उपाधि से ही सन्तोष किया। उनके यहाँ एक राजमाता (प्रभावती गुप्ता) की भी मिसाल मिलती है, जिसने अपने किशोर पुत्र के लिए राजप (रीजेन्ट) का काम किया था। वाकाटकों की केन्द्रीय सरकार के अफसरों में **सेनापति** (जेनरल) और **राज्याधिकृत** (मुख्य मन्त्री ?) के नाम मिलते हैं। इनमें सेनापति को हमेशा भूमि-अनुदान पत्रों का लेखक दिखाया गया है। सरकारी पूर्व-परम्परा के प्रति इन राजाओं की एकान्त निष्ठा का प्रमाण इस बात से मिलता है कि उनके हर अनुदान पत्र में सामान्य रूप से यह लिखा पाया गया है कि आदाताओं को वे सब छूटें और सुविधाएँ दी जाएँगी, जो पूर्ववर्ती राजाओं द्वारा अनुमोदित हैं। वाकाटकों में अपने वंशानुगत-उत्तराधिकार के अधिकार पर कितना गर्व था, यह उनकी मुहरों पर अंकित प्रशस्ति से सूचित होता है,—"उत्तराधिकार के मार्ग से राजपद प्राप्त किया।" उनके एक अभिलेख[1] में कहा गया है कि दान की हुई भूमि का क्षेत्र "सरकारी माप" के अनुसार है, इससे जाहिर होता है कि भूमि-कर निश्चित करने के लिए जमीन की पैमाइश का कोई सरकारी मान निश्चित किया गया था। अपने धर्मदाय पर वाकाटक कठोर नियन्त्रण रखते थे, यह बात इसी विवरण में दी गयी एक धारा से स्पष्ट हो जाती है। इस धारा के अनुसार एक हजार ब्राह्मणों को एक गांव और उससे लगनेवाली भूमि दान करते हुए राजा ने आदाताओं द्वारा कुछ गम्भीर किस्म के अपराध करने पर इस अनुदान को खारिज कर देने का अधिकार अपने पास रखा था।

वातापी के चालुक्य सम्राटों की प्रशासन-व्यवस्था में सामान्यतः उस काल की सारी विशेषताएँ मिलती हैं, लेकिन उसमें कुछ नये उल्लेखनीय तत्त्व भी थे। इस वंश के परवर्ती राजाओं ने अधिराज की उपाधियां, जैसे **परमेश्वर** (या **अधिराज परमेश्वर**), **महाराज** आदि धारण कर ली थीं और किसी-किसी ने तो और भी महत्त्वशाली **महाराजाधिराज परमेश्वर परमभट्टारक** जैसी उपाधियाँ भी धारण की थीं। चालुक्यों की केन्द्रीय सरकार के पदाधिकारियों में **महासान्धिविग्रहक** का उल्लेख मिलता है। यह गुप्त सम्राटों के **सांधिविग्रहक** का अधिक अलंकृत रूप है। चालुक्यों के भूमि अनुदान-पत्रों में दिये गये नामों **विषयपति** (डिस्ट्रिक्ट अफसर) **ग्रामकूट** (गांव का मुखिया) और **महत्तराधिकारी** (जो शायद महत्तरों—गांवों के प्रमुख परिवारों—की समिति का कार्यवाही प्रतिनिधि होता था) का उल्लेख मिलता है। एक बुरी तरह से टूटे-फूटे अभिलेख में, जिसकी तारीख सन् ७२५ ई० है, युवराज विक्रमादित्य द्वारा महाजनों और **नगरों** तथा अठारह **प्रकृतियों** के पक्ष में विधानों के अनुदान का विवरण है।[2] सम्भव है, अन्य नगरों को भी राजसत्ता या उसके प्रतिनिधि से स्वाधीनता के अनुदान-पत्र प्राप्त हों। इस अभिलेख में सिर्फ सरकारी अफसरों के कर्त्तव्यों का ही

---

१. का. इ. इ. III, २३६ प. पृ.।

२. ई. इ., XIV, १९० प. पृ. बार्नेट ने **महाजनों, नगरों** और **प्रकृतियों** का अनुवाद क्रमशः ब्राह्मण परिवारों, नागरिकों और प्रजा के निम्न वर्गों के रूप में किया है।

विस्तृत वर्णन नहीं किया गया है, बल्कि उन करों और शुल्कों की (मुद्रा और वस्तुओं के रूप में) निश्चित मात्रा भी बतायी गयी है, जो हर परिवार राज्य को और अपने यहाँ के तेलियों के संघ को देने के लिए बाध्य था। स्थानीय कर कितनी सावधानी से निश्चित किये जाते थे, इसका प्रमाण यह है कि उपर्युक्त कर और शुल्क परिवार की ऊँची, मध्यवित्त या निम्नतम कोटि के क्रमिक अनुपात से लगाये जाते थे।

२. तेलुगु, तमिल और कन्नड क्षेत्रों के राजवंश

सातवाहनों के पतन के बाद दक्षिण भारत में जो राजवंश पैदा हुए, उनकी प्रशासन-व्यवस्था उसी प्रकार की थी, जैसी उत्तर भारत में समकालीन राज्यों की, लेकिन उसमें कुछ विशिष्ट तत्त्व भी थे। जबकि बृहत्फलायन, शालंकायन और विष्णुकुण्डी राजवंशों[1] के शासक **राजा** और **महाराजा** की उपाधियों से ही संतुष्ट रहे, प्रारम्भिक पल्लवों के कुछ राजाओं[2] ने अपने आपको **धर्ममहाराजाधिराज** (या **धर्ममहाराज**) कहना शुरू किया जो उनकी ब्राह्मणवादी कट्टरता का सूचक है। उत्तर भारत की तरह ही वहाँ भी राजा से नीचे युवराज होता था। प्रारंभिक पल्लवों के अन्तर्गत युवराज (जिसे **युवमहाराज** कहा जाता था) और उसकी पत्नी तक का इतना ऊंचा पद था कि वे अपने अधिकार से भूमि-अनुदान-पत्र जारी कर सकते थे और राजपदाधिकारियों को इस आशय के आदेश भेज सकते थे।[3] यह सम्भव है कि अनुदान-पत्र जारी करते समय युवराज राजा की ओर से राजप (रीजेन्ट) का काम कर रहा हो। शालंकायन नन्दिवर्मन् के एक अभिलेख में राज्य के उच्च पदाधिकारियों में एक **महादण्डनायक** (कमाण्डर इन चीफ) का उल्लेख किया गया है। राजा द्वारा भूमि-अनुदान की सूचना जिन अफसरों को दी जाती थी, शालंकायनों के अभिलेखों के अनुसार उनमें **देशाधिपति, विषयपति** और **आयुक्तक** होते थे। इनके अलावा **राजपुरुष** भी होते थे, जिनके बारे में निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि वे कौन थे। माधव-वर्मन् प्रथम के एक विवरण में **विषयमहत्तरों** और **अधिकारपुरुषों** का भी उल्लेख मिलता है। इसी सन्दर्भ में, प्रारंभिक पल्लवों के अभिलेखों में **अधिकृतों, आयुक्तों, अध्यक्षों, शासनसंचारियों** (संदेशवाहकों) और **नैयोगिकों** का भी उल्लेख मिलता है। सबसे बड़ी सूची पल्लव राजा शिवस्कन्द-वर्मन् के अभिलेख[4] में मिलती है। इसी सूची में राजकुमारों के अलावा, सेनापति (जेनरल), **राष्ट्रिकों** (जिलों के गवर्नर ?), **देशाधिकृतों, ग्रामभोजकों** (गांव के जमींदार ?), **अमात्यों, आरक्षाधिकृतों** (संरक्षक-सैनिक), **गौल्मिकों** (फौजी चौकियों के प्रधान), **तैथिकों** (बाँधों के

---

१. देखिए, परिच्छेद ९।
२. देखिए, परिच्छेद १३।
३. ई. इ. VI, ८६ प. पृ.; VII. १४५ प. पृ.।
४. ई. इ., I. ५, प. पृ.।

ओवरसियर) **नैयोगिकों, भटमनुष्यों** (सैनिक) और **संचरन्तकों** (जासूस) के नाम मिलते हैं। इस सूची में दिये गये नामों में **आयुक्त, अध्यक्ष, नैयोगिक** और **अमात्य** आदि तो, जाहिर है, केन्द्रीय तथा स्थानीय दोनों प्रशासनों के पदाधिकारी होते थे।[१] इसके विपरीत **देशाधिपति** (या **देशाधिकृत**) और **विषयपति** (या **राष्ट्रिक**) लगता है कि क्रमशः प्रान्त (**देश**) और जिले के शासक अफसर होते थे। दरअसल, बृहत्फलायनों के विवरणों में जिले को **आहार**, शालंकायनों के विवरणों में **विषय** और प्रारम्भिक पल्लवों के विवरणों में **राष्ट्र** कहा गया है। इसके अलावा, सातवाहनों के विवरणों की तरह, कभी कभी, प्रान्तीय मुख्यालय के अधिकारी अफसर का नाम **व्यापृत** दिया गया है।[२] दक्षिण-भारत के विवरणों में अब पहली बार **विषय महत्तरों** का उल्लेख हुआ है, जो प्रत्यक्षतः जिले के गण्य मान्य लोगों को सूचित करता है, लेकिन उनका ठीक ठीक विधान और कार्य अज्ञात है। शालंकायनों के अभिलेखों में **मुटुद** (कुछ प्रभेदों के साथ) का हवाला दिया गया है, जिससे संकेत मिलता है कि गाँव का प्रशासन परम्परागत मुखिया के द्वारा ही चलता आ रहा था। कदम्बों[३] की प्रशासन-व्यवस्था भी अपने समय में प्रचलित प्रशासन-व्यवस्था के समान ही थी। पल्लवों का अनुकरण करके उनके राजा भी अक्सर (**धर्ममहाराज**) (या अधिक महत्त्वाकांक्षी हुए तो **धर्ममहाराजाधिराज**) की उपाधि लेगा लेते थे। कदम्बों के केन्द्रीय पदाधिकारियों में **सेनापति** (जेनरल) और **रहस्याधिकृत** का उल्लेख मिलता है। **युक्तों** का भी उल्लेख किया गया है, जो केन्द्रीय और स्थानीय दोनों सरकारों के सदस्य होते थे।[४] प्रान्तों को **विषय** कहा जाता था। कुछ विवरणों में दान की गयी भूमि के वर्णन से अनुमान होता है कि जमीन की पैमायश के लिए वित्तीय सुधार के रूप में **राजमान** का प्रयोग शुरू किया गया था।

---

१. उदाहरण के लिए यह बताया जा सकता है कि पल्लवों के एक विवरण (ई.इ. VIII, १४३ प. पृ) में **आयुक्तों** का ग्रामवासी के रूप में हवाला दिया गया है।

२. ई. इ., VI. ८६ प. पृ.।

३. देखिए, परिच्छेद १३.

४. कदम्ब **धर्ममहाराजाओं** और **धर्ममहाराजाधिराजों** के बारे में देखिए, इ. ए. VII, ३७-३८; XVI, २९४ आदि। कदम्बों के **सेनापति** और **रहस्याधिकृत** के बारे में देखिए, इ. ए. VI. २४; VII, ३७-३८; ई. इ., VI. १४।

परिच्छेद : १७

विधि और विधि-संस्थाएं[1]

प्राचीन भारतीय विधिशास्त्र के इतिहास में ईसवी की चौथी सदी के आरम्भ से लेकर आठवीं सदी के मध्य तक का काल अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। एक ओर तो इस काल में अन्तिम छन्दोबद्ध स्मृतियों के साथ ही न्याय-शास्त्र के अधिकारी प्रवर्तकों की उस दीर्घ परम्परा की समाप्ति हो गयी, जो गौतम और वसिष्ठ की सूक्तियों से शुरू होकर लगभग एक हजार साल तक विकास करती आयी थी, दूसरी ओर इस काल में ही **नारद-स्मृति** पर असहाय ने अपनी टीका लिखी जिसने **स्मृतियों** के टीकाकारों की उस परम्परा का आरम्भ किया जो अगली शताब्दियों में अपनी चरम सीमा पर पहुँच गयी। इस परिवर्तन को हम इस रूप में व्यक्त कर सकते हैं कि इस काल में हिन्दू न्याय का रचनात्मक दौर समाप्त हो गया था और वह अपने आलोचनात्मक दौर में प्रवेश कर रहा था।

इस काल के तीन महान् ग्रन्थ, जो "हिन्दू न्याय और कार्यविधि के क्षेत्र में त्रिक-न्याय" के नाम से प्रसिद्ध हैं, बृहस्पति, नारद और कात्यायन की **स्मृतियाँ** हैं। इनमें केवल **नारद-स्मृति** ही सम्पूर्ण रूप में सुरक्षित है। अन्य दोनों स्मृतियाँ विद्वानों द्वारा परवर्ती ग्रन्थों में दिये गये उद्धरणों को एकत्र करके संकलित की गयी हैं। परवर्ती ग्रन्थों से उद्धरण जमा करके संकलित की गयी स्मृतियों की कोटि में ही व्यास, पाराशर तथा अन्य लेखकों की **स्मृतियाँ** भी आती हैं। व्यापक रूप से इन ग्रन्थों के आधार पर हम विधि और विधि-संस्थाओं के विकास की रूपरेखा तीन शीर्षकों के अन्तर्गत प्रस्तुत कर सकते हैं :

(१) न्यायाधिकरण
(२) न्यायिक कार्य-विधि
(३) कुछ चुनी हुई शाखाओं में अर्थ (दीवानी) और दंड (फौजदारी) विधि।

(१) न्यायालय (अदालतें)

राजा की कचहरी को, जो देश की सर्वोच्च अदालत होती थी, **सभा, धर्मस्थान**

---

१. स्मृति-साहित्य में प्राप्त विधि और विधि-संस्थाओं के पूरे हवालों के साथ विस्तृत वर्णन के लिए देखिए का. हि. ध. शा. खंड. III में **व्यवहार** अनुभाग के अन्तर्गत (वही, परिच्छेद XI-XXXI), इस परिच्छेद में इस पुस्तक से ही उद्धरण दिये गये हैं।

और **धर्माधिकरण** आदि नामों से पुकारा जाता था। कात्यायन ने इस कचहरी के विधान का पूरा विवरण दिया है। एक स्थान पर उसने राजा से अपेक्षा की है कि वह विद्वान् ब्राह्मणों, प्रमुख नागरिकों और राजतन्त्र के ज्ञाता मन्त्रियों के सहयोग से मुकदमों का फैसला किया करे। एक दूसरे स्थान पर उसने कहा है कि राजा को न्यायाधीश, मन्त्रियों, ब्राह्मणों, पुरोहित और कर-निर्धारकों के संग बैठकर मुकदमों का फैसला करना चाहिए। बृहस्पति ने **सभा** के "दस-अंगों" का वर्णन किया है। इस सूची में राजा, मुख्य न्यायाधीश, कर-निर्धारक, लेखाअधिकारी (अकाउन्टेन्ट), मुन्शी और कारिन्दा शामिल किये गये हैं। स्पष्टीकरण करते हुए कहा गया है कि "मुख्य न्यायाधीश विधि की घोषणा करता है, राजा दंड का फैसला सुनाता है, करनिर्धारक झगड़े की जाँच-पड़ताल करते हैं, लेखा-अधिकारी (अकाउन्टेन्ट), रकम गिनता है या झगड़े के कारण का लेखा तैयार करता है, मुन्शी दोनों की ओर की दलीलों, बयानों और फैसलों को दर्ज करता है और कारिन्दा, वादी-प्रतिवादी (मुद्दई-मुद्दालेह), साक्षियों (गवाहों) और कर-निर्धारकों को कचहरी में हाजिर होने के लिए आह्वान पत्र (सम्मन) जारी करता है।" व्यास ने राजा की कचहरी के उपकरणों का वर्णन करते हुए बताया है कि उसमें निम्न व्यक्ति होते हैं : ब्राह्मण, राजा, न्यायाधीश, लेखा-अधिकारी (अकाउन्टेन्ट) मुन्शी, कारिन्दा, बैठने के स्थानों का प्रबन्धक और कर-निर्धारक। इन विवरणों से स्पष्ट है कि राजा, न्यायाधीश (जज), कर-निर्धारक और ब्राह्मणों को लेकर राजा की कचहरी बनती थी, बाकी और लोगों की हैसियत केवल सहायकों की होती थी, इससे अधिक कुछ नहीं। विद्वान् ब्राह्मणों की हैसियत यह थी कि उन्हें राजा ने नियुक्त किया हो या न किया हो, लेकिन उन्हें मुकदमे के बारे में अपनी राय देने का अधिकार था। कात्यायन ने एक नया सुझाव पेश किया कि राजा की कचहरी में कर-निर्धारकों और विद्वान् ब्राह्मणों के साथ-साथ कुछ व्यापारियों को भी शामिल करना चाहिए, क्योंकि व्यापारियों को भी (निस्सन्देह व्यापार सम्बन्धी मुकदमों में) झगड़े का कारण सुनने और न्याय की व्यवस्था करने का अधिकार है। नारद का कहना है कि राजा को न्यायाधीश (जज) के फैसले को स्वीकार करना चाहिए, जबकि कात्यायन ने बड़ी गम्भीरता से सभ्यों (**सभाइयों**) को बताया है कि सही फैसला करने और राजा को गलत फैसला करने से रोकने का दायित्व उनका है। पूर्ववर्ती **स्मृतियों** की भावना के अनुसार परवर्ती **स्मृतियों** ने भी न्याय-व्यवस्था में कानून के साथ साथ नैतिक और आध्यात्मिक प्रतिबन्ध भी लागू किये हैं। उनके अनुसार, अन्यायपूर्ण फैसले के पाप में वादी-प्रतिवादी (मुद्दई-मुद्दालेह), साक्षी (गवाह), कर-निर्धारक और राजा, सब समान रूप से भागी होते हैं। इसके विपरीत कात्यायन ने आश्वासन दिया है कि कर-निर्धारक पाप से मुक्त रहते हैं, क्योंकि वे कानून के मुताबिक न्याय का प्रबन्ध करते हैं। इन लेखकों ने जज और कर-निर्धारकों पर जो कानूनी प्रतिबन्ध लागू किये हैं, उनके बारे में अन्यत्र विचार करना अधिक सुविधाजनक होगा।

बृहस्पति ने राज्य के न्यायालयों (अदालतों) को चार वर्गों में बांटा है : अर्थात् एक तो वे जो स्थायी रूप से एक ही स्थान पर स्थापित रहते हैं, दूसरे वे जो भ्रमणशील होते हैं; एक, जिनके पदाधिकारी राजा द्वारा नियुक्त होते हैं और राजा की मुहर का प्रयोग करते हैं और दूसरा वह जिसका संचालन स्वयं राजा करता है। नीचे से ऊपर तक के न्यायालयों (अदालतों) की क्रमिक सूची नारद के अनुसार यह थी ; **कुल** (ग्राम परिषद्), **श्रेणी** (निगम या शिल्पि-संघ), **गण**, एक व्यक्ति जिसे राजा नियुक्त करता था, और स्वयं राजा। ऊपर की सूची से यह ज्ञात होता है कि इनमें से पहले तीन व्यवहारतः पंच-फैसला या मध्यस्थ निर्णय वाले न्यायालय (अदालतें) थे, और केवल आखिरी दो ही राज्य न्यायालय थे।[1]

२. न्याय प्रणाली

न्याय प्रणाली की दृष्टि से इस काल में हिन्दू विधिशास्त्र अपने सर्वोच्च शिखर तक पहुँच गया था। सबसे पहले, नारद के अनुसार कानूनी कार्रवाई चार चरणों में सम्पन्न होती है। ये चरण हैं : "किसी व्यक्ति से अपराध की सूचना प्राप्त होना, फिर यह देखना कि यह सूचना कानून की किस धारा में आती है, वादी-प्रतिवादी (मुद्दई और मुद्दालेह) दोनों के तर्कों (दलीलों) और प्रमाणों पर विचार और अन्त में निर्णय।" इसके विपरीत, बृहस्पति के अनुसार कानूनी कार्रवाई के चार चरण इस प्रकार हैं : अर्जीदावा, बयान, सबूत पेश करना और फैसला। व्यास ने मुकदमे के क्रमशः ये चरण बताये हैं : अर्जीदावा, बयान, फैसले से पहले गिरफ्तारी, सबूत और फिर फैसला।[2]

अर्जीदावे से शुरू करके कात्यायन ने माँग की है कि "जज के सामने पेश होने वाले मुद्दई से झगड़े के स्वरूप और उसे जो क्षति पहुँची है उसके बारे में सवाल पूछने चाहिए। उसके बयान पर गौर करने और कर-निर्धारक तथा ब्राह्मणों की राय सुनने के बाद जज अगर सोचे कि कानून के सामने उसका दावा ठहर सकता है तो उसको चाहिए कि वह मुद्दई को एक मुहरबंद आदेश दे, या मुद्दालेह को अदालत में हाजिर

---

१. कात्यायन, श्लोक ५५-५९, व्यास श्लोक, ४-५, (राजा के न्यायालय का विधान) बृहस्पति पृ. ९, श्लो० ५७-५८ (४ प्रकार की **सभाएँ**)। बृहस्पति पृ० ७४, श्लो० ८७, पृ० ७५, श्लो. ९० **सभा** के अंगों के कार्य)। कात्यायन ७१-८१ (**सभ्यों या सभासदों** के कर्त्तव्य)। मूल में दिये गये पारिभाषिक शब्द इस प्रकार हैं : **प्राड्विवाक** (जज) **सभ्य** (कर-निर्धारक) **गणक** (अकाउन्टेन्ट), **लेखक** (मुंशी) और **स्वपुरुष या साध्यपाल** (कारिन्दा)।

२. नारद, भूमिका, I ३६ (कानूनी कार्रवाई के चार चरण)। बृहस्पति, पृ० २८, श्लो० १-३ (चार-चरण)। व्यास (५ चरण)। मूल पारिभाषिक शब्द इस प्रकार हैं : **आगम, व्यवहारपद, चिकित्सा** और **निर्णय** (नारद); **भाषापाद, उत्तरपाद, क्रियापाद** और **प्रत्याकलित** या **निर्णय** (बृहस्पति अपरार्क और गा. ओ. सी. संस्करण में पृ० २९); **पूर्वपक्ष, उत्तर प्रत्याकलित** और **क्रिया-वाद** (कात्यायन) काणे ने **प्रत्याकलित** का अनुवाद "सभ्यों के बीच सबूत पर बहस या विचार" (पू. पु०, पृ० २९८) किया है।

करने के लिए कारिन्दे को आदेश दे। दावे का मसौदा पहले जमीन पर या पट्टी पर लिखना चाहिए और फिर आवश्यक संशोधनों के बाद उसे अन्तिम रूप में भोज-पत्र या कागज पर लिखना चाहिए।" कात्यायन का यह भी कहना है कि दावा सुसंगत और सुस्पष्ट होना चाहिए। कोई दावा अगर सार्वजनिक नीति के विरुद्ध है या अगर कानून की कई धाराओं का मिश्रण हो और इसलिए उसको एक निश्चित धारा के अन्तर्गत लाना सम्भव न हो, तो उसे खारिज कर देना चाहिए। अगर मुद्दालेह (प्रतिवादी) जानबूझकर सम्मन की उपेक्षा करे तो वह जुर्म की संगीनी के मुताबिक जुर्माने का सजावार होता है। लेकिन जैसा नारद ने कहा है, कुछ वर्गों के लोगों को (जिनमें मृत व्यक्ति, कुलीन घर की स्त्री या गरीब स्त्री आदि शामिल हैं), तथा उन व्यक्तियों को जो विशेष परिस्थितियों में हैं (जैसे चराई के मौसम में ग्वाले, बुवाई के मौसम में किसान और काम में लगे हुए शिल्पकार आदि) व्यक्तिगत तौर पर अदालत में हाजिर होना जरूरी नहीं है। कात्यायन का कहना है कि किसी भी पक्ष के मान्य एजेन्ट या रिश्तेदार अदालत के सामने उसका प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। नारद, बृहस्पति और कात्यायन का कहना है कि मुद्दई एक कानूनी प्रक्रिया के द्वारा, जिसे **आसेध** कहते थे, मुद्दालेह को राजा के कारिन्दे के आगमन तक हिरासत में रख सकता है। कात्यायन के अनुसार मुकदमें के आरम्भ में दो पक्षों से सन्तोषजनक फैसले के लिए जमानतें वसूल करनी चाहिएँ। कात्यायन का यह भी कहना है कि अगर मुकदमा चलाने वाला मुद्दई का निकट रिश्तेदार न हो या उसके द्वारा नियुक्त न किया गया हो तो उसे सजा देनी चाहिए।[1]

नारद और पितामह के अनुसार मुद्दई को तो अपना अर्जीदावा पेश करने के लिए समय नहीं दिया जाता, लेकिन मुद्दालेह (प्रतिवादी) को झगड़े में लगे समय, मुकदमें के दोनों पक्षों की आर्थिक क्षमता और झगड़े के कारण की गम्भीरता के अनुपात में उत्तर तैयार करने के लिए समय दिया जा सकता है। लेकिन संगीन मामलों में तुरन्त उत्तर की माँग की जानी चाहिए। नारद, बृहस्पति और कात्यायन के अनुसार उत्तर चार प्रकार का हो सकता है: अर्थात् स्वीकार, अस्वीकार, विशेष रियायत की प्रार्थना या पुराने निर्णय को बहाल करने की प्रार्थना। कात्यायन का कहना है कि दुरूह, आत्म-विरोधी और अपूर्ण जैसे दोषपूर्ण उत्तरों से मुकदमा हारा जा सकता है। एक कठोर नियम यह था कि मुकदमा शुरू हो जाने पर मुद्दई-मुद्दालेह अगर व्यक्तिगत रूप से अपने झगड़े का निबटारा कर लें तो उन्हें दुगुना जुर्माना अदा करना पड़ता था।

नारद और हारीत के अनुसार इन्कार के उत्तर में सबूत पेश करने का जिम्मा मुद्दई का होता है और विशेष रियायत या पुराने फैसले को बहाल करने की प्रार्थना करने वाले उत्तर में यह जिम्मा मुद्दालेह का होता है। सारे विद्वान् इस पर सहमत

---

१. बृहस्पति, पृ० २९, श्लो० ९. कात्यायन ८१-९१ [प्रतिभू (एजेन्ट) या रिश्तेदारों द्वारा प्रतिनिधित्व], बृहस्पति पृ० २२, १३६ प. पृ०, कात्यायन १०४ प. पृ०, (**आसेध**)।

हैं कि सबूत दो प्रकार का होता है, अर्थात् मानवीय और दिव्य। मानवीय सबूत में गवाह, दस्तावेज और सम्पत्ति आदि आते हैं और दिव्य में विभिन्न प्रकार की **सत्य-परीक्षाएँ** शामिल हैं। लेकिन नारद और कात्यायन दोनों ने यह चेतावनी दी है कि सत्य-परीक्षाओं का प्रयोग तभी करना चाहिए, जब मानवीय सबूत के साधन उपलब्ध न हों। कात्यायन की एक उल्लेखनीय उक्ति है कि मुद्दई अगर कमजोर आधार पर दावा दायर करने के कारण मुकदमा हार जाए तो फिर वह दुबारा मजबूत आधार पर उसी प्रश्न को नहीं उठा सकता है।[१]

मुकदमे का फैसला लिखित दस्तावेज के रूप में दिया जाता था, जिसे **जयपत्र** (सफलता का दस्तावेज) कहते थे। बृहस्पति ने राज्य के दस्तावेजों (**राजकीय** लेख्य) की एक लम्बी सूची में **जयपत्र** को भी शामिल किया है। लेकिन कात्यायन ने **जयपत्र** का अर्थ उन लोगों के मामलों के फैसलों तक ही सीमित रखा है, जिनके दावे किन्हीं कारणों से मुकदमें के बगैर ही खारिज कर दिये जाते थे। इसके बजाय उसने उन फैसलों के लिए, जो न्यायिक कार्य-विधि के चारों चरण पूरे करने के बाद दिये जाते थे, एक विशिष्ट शब्द **पश्चात्कार** (खंडन) का प्रयोग किया है। इस **पश्चात्कार** किस्म के फैसले में दोनों पक्षों के वक्तव्य, गवाहों के बयान, अदालत के विचार और फैसला लिखा जाता था। यह फैसला राजा को स्वयं अपने हाथ से लिखना पड़ता था और उस पर अदालत के अन्य सदस्यों के दस्तखत लिए जाते थे।[२]

३. दीवानी और फौजदारी कानून

स्थानाभाव के कारण दीवानी और फौजदारी कानूनों की चर्चा हम मुख्य मुख्य शीर्षकों तक ही सीमित रखेंगे। पुराने स्मृति-कानूनों की तरह ही इस काल में भी आगमों और मान्य रीति-रिवाजों को कानून की दृष्टि से प्रमाण माना जाता था। कात्यायन ने सुझाव दिया कि जन-साधारण के समर्थन से जो रीति-रिवाज और प्रथाएँ प्रचलित हैं तथा जो वेदों के प्रतिकूल नहीं हैं, उन्हें लिखित रूप देकर राजा की मुहर लगा देनी चाहिए। पुरानी स्मृतियों में कानून १८ शीर्षकों के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया था। नारद ने इन विभागों को बढ़ाकर १३२ कर दिया। लेकिन बृहस्पति और कात्यायन दोनों इस बात पर सहमत हैं कि कानूनी कार्रवाई के दो स्रोत हैं; किसी को क्षति पहुँचाना या जो देना है, वह अदा न करना। यह व्यापक रूप से दीवानी और फौजदारी कानूनों के विभाजन का आधार प्रस्तुत करता है।[३]

---

१. नारद, भूमिका II ४३, बृहस्पति, पृ० ४५, श्लो० १ प. पृ० कात्यायन २११ प. पृ० (सबूत पेश करने के बारे में)।

२. नारद, भूमिका II ४३; बृहस्पति, पृ० ६४, श्लोक २६, प. पृ०; कात्यायन २५९-६५ (निर्णय)। **राजकीय लेख्यों** के बारे में देखिए काणे, पू० पु०, पृ० ३१०।

३. कात्यायन ४८ (रीति-रिवाजों को लिखित रूप देकर राजा की मुहर लगाना)। नारद I, २०-२५ (कानून के १३२ विभाग)। बृहस्पति, पृ. २ श्लो. ९ प. पृ.; कात्यायन २९ (**व्यवहार** के दो पक्ष)।

अब हम स्मृति-कानून के अधिक महत्त्वपूर्ण विषयों पर विचार कर सकते हैं। ये विषय उत्तराधिकार, **स्त्री-धन**, गाली-गलौज और मारपीट, चोरी और हिंसा के शीर्षकों के अन्तर्गत आते हैं। जहाँ तक उत्तराधिकार के कानून का सम्बन्ध है, इस काल में जो सबसे उल्लेखनीय विकास हुआ, वह था विधवा को अपने पुत्रहीन पति की सम्पत्ति का अधिकार देने की दिशा में। स्मरण रहे कि आपस्तम्ब, बौधायन और मनु जैसे पूर्वकालीन स्मृतिकारों ने पुत्रहीन व्यक्ति के मरने पर उसके उत्तराधिकारियों की सूची में उसकी विधवा का नाम छोड़ दिया था। नारद ने भी इसी मत को दोहराया है। लेकिन शंख ने उत्तराधिकार का अधिकार पहले भाइयों को, उसके बाद पिता या विधवा को देने का विकल्प स्वीकार किया है। इस बात की स्पष्ट स्वीकृति, कि पुत्रहीन व्यक्ति की विधवा उसकी सबसे प्रमुख उत्तराधिकारी है, याज्ञवल्क्य और विष्णु के कारण ही सम्भव हुई। उनको प्रमाण मानकर बृहस्पति और कात्यायन ने पुत्रहीन व्यक्ति की मृत्यु के तुरन्त बाद उसकी विधवा को सारी सम्पत्ति की अधिकारिणी स्वीकार किया है। उसके बाद यह उत्तराधिकार क्रमशः बेटियों (अविवाहित बेटियों को तरजीह दी जाती है), पिता, माता, भाई और भाई के बेटों को मिलता है।[१]

स्मृतियों में स्त्री-धन का प्रयोग उसके व्युत्पत्तीय अर्थ में स्त्री की समस्त सम्पत्ति के लिए नहीं किया गया, बल्कि "स्त्री को कुछ खास अवसरों पर जीवन के विभिन्न चरणों में दी गई कुछ खास किस्म की सम्पत्ति" के पारिभाषिक अर्थ में किया गया है। **स्त्री-धन** के सम्बन्ध में स्मृति-कानून के पूर्ण विकास का श्रेय कात्यायन को है। वह सर्वप्रथम पुराने लेखकों द्वारा निर्धारित **स्त्री-धन** के छह वर्गों की व्याख्या करता है; अर्थात् जो स्त्री को **अध्यग्नि** (विवाह-वेदी) के सामने दिया जाता था, जो स्त्री को **अध्यावाहनिक** (विदाई या डोली) के समय दिया जाता था, जो **प्रीतिदत्त** था, और जो स्त्री को भाई, मां या बाप से मिलता था। उपर्युक्त छह प्रकार के **स्त्री-धनों** में कात्यायन ने कुछ और प्रकार के स्त्री-धन जोड़ दिये; जैसे वधू मूल्य या **शुल्क**, शादी के बाद अपने पति या अपने मां-बाप से प्राप्त होने वाला धन (**अन्वाधेय**), विवाहित स्त्री को अपने पति के घर में प्राप्त होने वाला या अविवाहित अवस्था में अपने पिता के घर में प्राप्त धन (**सौदायिक**)। परिणामतः "वह सारी सम्पत्ति (चल या अचल) जो स्त्री को विवाह से पहले, विवाह के समय या विवाह के बाद अपने मां-बाप, परिवार या मां-बाप के रिश्तेदारों और पति और उसके परिवार से (पति द्वारा दी गयी अचल सम्पत्ति को छोड़कर) मिलती है, **स्त्री-धन** के अन्तर्गत आती है।" लेकिन कात्यायन ने स्त्री द्वारा अपने रिश्तेदारों से प्राप्त होने वाला धन अधिक से अधिक दो हजार **पणों** (चाँदी के सिक्कों) तक सीमित कर दिया है, और साथ

---

१. नारद xiii, ३०. याज्ञवल्क्य की टीका में विज्ञानेश्वर द्वारा शंख का उद्धरण, II १३५ (विधवा के अधिकारों की लुप्ति या परिसीमा) बृहस्पति, पृ. २११, श्लोक ९२ प. पृ.; कात्यायन ९२१, ९२६ (मुख्य उत्तराधिकारी के रूप में विधवा का अधिकार)।

साथ ही स्त्री को भेंट के रूप में अचल सम्पत्ति देना वर्जित कर दिया है। इसके अलावा, कात्यायन ने कहा है कि दस्तकारी आदि के काम से या किसी अजनबी व्यक्ति से भेंट के रूप में स्त्री जो धन प्राप्त करती है, वह **स्त्री-धन** के अन्तर्गत नहीं आता, बल्कि वह उसके पति की मिल्कियत है। स्त्री को अपनी **सौदायिक** सम्पत्ति को (जिसमें अचल सम्पत्ति भी शामिल है), और पति द्वारा दी गई प्रेम-भेटों को भी (अचल सम्पत्ति को छोड़कर) बेचने आदि का पूरा अधिकार है। पति, पुत्र, पिता या माता किसी को भी **स्त्री-धन** लेने या किसी अन्य को देने का अधिकार नहीं है। अगर कोई जबर्दस्ती **स्त्री-धन** हथिया ले तो उसे वह मय सूद के साथ लौटाना पड़ेगा और जुर्माना भी भरना पड़ेगा। जहाँ तक **स्त्री-धन** के उत्तराधिकार का प्रश्न है, नारद ने याज्ञवल्क्य को दोहराते हुए कहा है कि यह उसकी बेटियों का हक है, और अगर बेटियां न हों तो **स्त्री-धन** का उत्तराधिकारी यथा-स्थिति उसका पति या स्त्री के मां-बाप होते हैं। बृहस्पति के अनुसार **स्त्री-धन** की उत्तराधिकारी उसकी सन्तान होती है, जिसमें अविवाहित लड़कियों को तरजीह दी जाती है और विवाहित लड़कियों को केवल नाम-मात्र का हिस्सा दिया जाता है। कात्यायन के अनुसार मां का **स्त्री-धन** उन बहनों को मिलता है, जिनके पति भाइयों के साथ रहते हैं, और बेटियों के अभाव में उसके उत्तराधिकारी बेटे होते हैं।[१]

पुरानी स्मृतियों की तरह बाद की स्मृतियों में भी फौजदारी कानून में नुकसान का हर्जाना वसूल करने की अपेक्षा जुर्म की सजा देने पर अधिक जोर दिया गया है। दूसरे शब्दों में यह वस्तुतः जुर्म का कानून है और इसमें हानि या क्षति के कानून को केवल गौण स्थान ही प्राप्त है।[२]

गाली-गलौज और मानहानि शीर्षक (**वाक्पारुष्य**) के अन्तर्गत नारद और कात्यायन दोनों ने उसके तीन प्रकार बताये हैं: **निष्ठुर, अश्लील,** और **तीव्र** (निर्दय)। बृहस्पति ने इसी प्रकार इसके तीन वर्ग बताये हैं; निम्नतम, मध्यम और उच्चतम। इस कोटि के जुर्मों के लिए जुर्माने की राशि उपर्युक्त भेदों पर और दोनों पक्षों की जातियों पर निर्भर करती है। बड़े दुष्कर्मों या पापों का लांछन लगाने वालों को इन लांछनों को सच्चा साबित कर देने पर ही अपराध मुक्त किया जाता है। अन्यथा, वह भी उसी तरह अपराधी माना जाता है, जिस तरह वह आदमी जिसको वह लांछित करता है, और दोष गलत सिद्ध होने पर उसे अधिकतम जुर्माना देना पड़ सकता है।[३]

मारपीट या प्रहार शीर्षक (**दंडपारुष्य**) के अन्तर्गत न सिर्फ किसी व्यक्ति को मारना या उसके अंगों को चोट पहुंचाना ही शामिल है, बल्कि उसके शरीर पर विष्टा

---

१. कात्यायन, श्लो. ५९४-९२० साथ ही, नारद xiii ८-९, बृहस्पति, पृ. ३००, श्लोक ३१ (स्त्री-धन)।

२. देखिए, प्रियनाथ सेन, **जनरल प्रिंसिपल्स आफ हिन्दू जूरिस्प्रुडेंस,** ३३५-३३६।

३. नारद XV-XVI, श्लोक १-३; बृहस्पति, पृ० १६९ श्लो. २-१०; कात्यायन ७६९-७७ (लांछन)।

आदि गंदी चीजें फेंकना भी शामिल है। कात्यायन के अनुसार, इस शीर्षक के अन्तर्गत ऐसे अपराध भी आते हैं, जैसे पालतू जानवरों की पीठ पर बेवक्त या भूखे और थके होने पर सामान ढोना, पवित्र जानवरों से बोझ ढोने का काम लेना और पेड़ काटना आदि। इस प्रकार के अपराधों की सजा, शरीर का कौन सा हिस्सा आहत हुआ है, चोट कितनी गहरी है और अपराधी किस जाति का है, इन बातों के अनुपात में दी जाती है। जिस व्यक्ति का नुकसान हुआ है, उसको हरजाना देने की बात इस धारा में संकेतित है कि अगर कोई किसी के जानवर की हत्या करता है तो वह उसके मालिक को या तो उसी प्रकार का जानवर लाकर दे या उसकी कीमत अदा करे।[1]

हमारे स्मृतिकारों के अनुसार चोरी (**स्तेय**) दो प्रकार की होती है: 'प्रत्यक्ष' और 'प्रच्छन्न'। मनु का अनुकरण करते हुए नारद और बृहस्पति ने "प्रत्यक्ष" चोरों की कोटि में उन व्यापारियों को, जो झूठे बाटों और तराजुओं का इस्तेमाल करते हैं, जुआड़ियों और नीम हकीमों, जाली वस्तुएँ बनाने वालों, और उन लोगों को भी शामिल किया है जो जादू-टोने या हाथ देखकर लोगों का भाग्य और शकुन-अपशकुन बताने के जरिये जीविका कमाते हैं। कात्यायन ने इस सूची में उन अपढ़-अज्ञानी पुरोहितों का नाम भी जोड़ दिया है, जो यज्ञों में ऋत्विक् बन जाते हैं, और उन अयोग्य शिक्षकों को भी जो शास्त्रों के प्रतिपादक होने का झूठा दावा करते हैं। चोरी की सजा के अन्तर्गत अंग-भंग करना, कैद में डालना, जमीन, जायदाद जब्त कर लेना, देश निकाला देना या मृत्यु-दंड तक आते हैं। पुरानी स्मृतियों की इस धारा को इस काल के स्मृतिकारों ने भी दोहराया है कि राजा का कर्तव्य है कि वह चोरी की हुई सम्पत्ति उसके मालिक को लौटा दे, या अगर ऐसा न कर सके तो उसकी कीमत उसको अदा करे। इतना ही नहीं, इस काल के स्मृतिकारों ने इस धारा का क्षेत्र बढ़ाकर पदाधिकारियों के विभिन्न वर्गों और साधारण जनता तक को उनके क्षेत्र में होने वाली चोरी के लिए जिम्मेदार ठहराया है।[2]

हिंसात्मक अपराधों (साहस) को हमारे स्मृतिकारों ने चोरी से भिन्न माना है, क्योंकि हिंसात्मक अपराधों की विशेषता जानबूझकर हिंसा का प्रयोग करना है, जबकि चोरी का सार उसके छिपाने में है। नारद और बृहस्पति ने साहस की तीन कोटियाँ मानी हैं। "निम्नतम कोटि का **साहस** वह है जिसके अन्तर्गत खेती के औजारों को नष्ट करना, पौधों की जड़ों और फलों को रौंदना शामिल है। बीच की कोटि का **साहस** वह है, जिसके अन्तर्गत कपड़ों, खाने-पीने की वस्तुओं और घर के बर्तनों को नष्ट करना शामिल है। सबसे ऊंची कोटि का **साहस** वह है, जिसके अन्तर्गत हथियार या जहर के जरिए हत्या करना दूसरों की स्त्रियों के साथ बलात्कार करना आदि

---

१. नारद, XV-XVI, श्लो. ४-५; बृहस्पति पृ. १७३ प. पृ.; कात्यायन, श्लोक ७७९-९३ (मारपीट)।

२. नारद परि. V.I.P. बृहस्पति, पृ. १७८, श्लो. १ प. पृ.; कात्यायन श्लो. ८१०-२५ (चोरी)।

शामिल हैं।" कात्यायन के अनुसार साहस के अन्तर्गत हत्या, हिंसा के साथ डकैती, दूसरे की स्त्री के साथ बलात्कार, कीमती वस्तुओं को क्षति पहुंचाना, देवताओं की मूर्तियों को तोड़ना और मन्दिरों को नुकसान पहुँचाना, नगर की प्राचीर को क्षति पहुँचाना और नालियों के पानी के बहाव में रुकावट डालना आदि शामिल हैं। नारद के अनुसार साहस की सजा उसकी कोटि के अनुसार भिन्न भिन्न प्रकार की होती है। जुर्म और क्षति दोनों का मिश्रण कात्यायन की इस धारा में मिलता है कि कीमती वस्तुओं को क्षति पहुँचाने या नष्ट करने वाले को केवल जुर्माना ही नहीं देना पड़ता, बल्कि उसके मालिक को उसी प्रकार की वस्तु लाकर देनी होती है या उसकी कीमत चुकानी पड़ती है।[1]

इस सम्बन्ध में हम देखते हैं कि बाद की स्मृतियों में अपराधों के एक और वर्ग का विवेचन किया गया है, जो सार्वजनिक न्याय-व्यवस्था के विरुद्ध किये जाते थे। कात्यायन का कहना है कि जो गवाह पूछे हुए प्रश्नों का उत्तर नहीं देते, उन पर जुर्माना किया जाना चाहिए। जो किसी मामले में साक्षी होने पर भी गवाही देने से इन्कार करता है, उसे वह सारा कर्ज चुकाना होगा, जिसके बारे में झगड़ा है और उतनी ही रकम जुर्माने के रूप में अदा करनी पड़ेगी। जो व्यक्ति झूठा गवाह पेश करे, उसे देश निकाला दिया जाय। जज और विशेषकर कर-निर्धारक अगर किसी पार्टी के साथ व्यक्तिगत रूप से बातचीत करें, तो उन्हें सजा दी जा सकती है। अगर कोई कर-निर्धारक मुकदमे के सब पहलुओं को समझे बगैर ही अपना निर्णय देता है तो उसे दुगना जुर्माना देना होगा। कोई कर-निर्धारक अगर अपनी गलती से मुद्दई को नुकसान पहुँचाता है तो उसे वह नुकसान पूरा करना होगा, यद्यपि कानून की शान कायम रखने के लिए, उसका निर्णय बहाल माना जाएगा।[2]

---

१. नारद XV-XVI, ६ प. पृ.; बृहस्पति, पृ. १८६, श्लो. ३ प. पृ.; कात्यायन श्लो. ७९५-८०९ (हिंसा)।

२. कात्यायन, श्लोक ४०२-०७ (गवाह), वही श्लोक ७०-७९, ८१ (जज और कर-निर्धारक)।

परिच्छेद : १८

धर्म और दर्शन

(क) सामान्य समीक्षा

अनेक साम्प्रदायिक धर्मों के उदय और प्रसार ने, जिनमें बौद्ध, जैन, वैष्णव और शैव धर्म उल्लेखनीय हैं—जिनकी चर्चा हम इससे पहले की जिल्द में कर चुके हैं—भारत के सम्पूर्ण धार्मिक दृष्टिकोण को मूलतः बदल दिया। वैदिक देवकुल और बलियज्ञात्मक उपासना-विधि धीरे धीरे विस्मृत होती गयी और वैदिक देवताओं की विशिष्ट आकृतियाँ धुंधली पड़ती गयीं। इन देवताओं में अनेक तो विस्मृति में खो गये हैं, कुछ के रूप इतने बदल गये हैं कि उनको पहचानना असम्भव हो गया और जो थोड़े से बचे हैं, वे केवल आदर और श्रद्धा के पात्र हैं, मन में आध्यात्मिक भावना या धार्मिक उत्साह नहीं जगाते। पुराने विचार बहुत मुश्किल से मरते हैं, और इनमें से कुछ वैदिक देवताओं की पूजा करने वाले थोड़े से कट्टरपन्थी लोग आज भी हैं, लेकिन उनकी संख्या दिन-ब-दिन कम होती जा रही है। दीर्घ काल से ये देवता सार्वजनिक रूप से धार्मिक क्रियाशीलता के केन्द्र नहीं हैं। धार्मिक आन्दोलन निसर्गतः अमूर्त्त से मूर्त्त की ओर अग्रसर होता है। असंख्य मन्दिरों में, जिनमें से कुछ तो भव्य और विशाल आकार के हैं, स्थापित विष्णु, शिव और दूसरे देवताओं की आनुष्ठानिक उपासना अस्पष्ट व्यक्तित्व के अगोचर वैदिक देवताओं की बलि-पूजा का स्थान ले लेती है। यहाँ तक कि बौद्धों और जैनों की कठोर और आडम्बरहीन नैतिकता भी बुद्ध और महावीर के मूर्त्त व्यक्तित्व की उपासना में परिवर्तित हो जाती है। अवश्यम्भावी शीघ्र ही घटित होती है और इन मुख्य प्रतिमाओं के गिर्द छोटे-छोटे दिव्य पुरुषों का एक समूह जमा हो जाता है।

ये सारे परिवर्तन अपने आप में बहुत बड़े थे, लेकिन ब्राह्मण-प्रधान धर्म में जो परिवर्तन हुए, वे इन दोनों नास्तिक धर्मों से कहीं ज्यादा बड़े थे। वैष्णव और शैव मतों को अपने अन्दर समाहित करके सनातन धर्म ने एकदम नये देवगणों का विकास किया, जिनका इतिहास और जिनके शानदार क्रियाकलापों का गुणगान नये साहित्य, यानी पुराणों में किया गया। इन धर्म ग्रन्थों ने, जिनकी संख्या समय के साथ बढ़ती गयी है, प्रमुखता प्राप्त कर ली और धीरे धीरे उन्होंने वैदिक संहिताओं और ब्राह्मण ग्रन्थों की जगह आम जनता के हृदय में मुख्य धार्मिक साहित्य का दरजा प्राप्त कर लिया।

पुराणों के रूप और उनके विस्तार का विवेचन १५वें परिच्छेद में किया गया है। यहाँ पर इतना बताना ही काफी होगा कि हालांकि इन पुराणों में पुरानी सामग्री भी मिलती है, लेकिन उनमें रूढ़िवादी वर्ग में प्रचलित नये धार्मिक विचारों को प्रतिबिम्बित करने के लिए उनके संशोधित और विस्तृत संस्करण तैयार किये गये। फलतः, ब्रह्मा, विष्णु, महेश की त्रिमूर्ति को ऐसी मान्यता मिली कि वे अन्य सभी देवताओं से बड़े मान लिए गये। हालांकि सैद्धान्तिक रूप से ब्रह्मा को मनुष्यों और यहाँ तक कि देवताओं का भी स्रष्टा माना गया है, लेकिन आम लोगों की धार्मिक उपासना में उसको वस्तुतः कोई बड़ा स्थान नहीं दिया जाता। आरम्भ से ही विष्णु और शिव को उस पर तरजीह मिलती रही है, जो उन दोनों ईश्वरवादी पद्धतियों के केन्द्रीय देवता हैं, जिनके उद्गम और विकास का हम पहले विवेचन कर चुके हैं। जैसे-जैसे उनकी शक्ति बढ़ती गयी, अन्य देवताओं पर विष्णु और शिव की निर्विवाद महत्ता स्थापित होती गयी, यहाँ तक कि अन्य छोटे बड़े देवता उनमें से एक या दूसरे के गौण रूप या सहकारी बनते गये और उनकी प्रतिबिम्बित आभा में चमकने लगे। लोक-मानस में उनकी छवि को अंकित करने के लिए, और लोगों की भावना को जगाने के लिए, पुराणों में इन दोनों महान् देवताओं का गुणगान करने वाली अनन्त कहानियाँ हैं, जिनमें और बातों के अलावा बताया गया है कि किस प्रकार इन्द्र और दूसरे वैदिक देवता असुरों से अपनी रक्षा के लिए इनकी शरण में आते हैं। अक्सर जब असुरगण सारे देवताओं को देवलोक से खदेड़ कर बाहर निकाल देते हैं और वहाँ अपना एकछत्र अधिकार जमा लेते हैं, उस समय विष्णु या शिव ही उन असुरों को मार कर वैदिक देवताओं को देवलोक में बहाल करते हैं। पुराणों में छोटे देवताओं की कहानियाँ भी शामिल हैं, नये देवताओं से सम्बद्ध पवित्र स्थानों के वर्णन हैं, और उनमें धूमधाम से उनकी उपासना की विधियाँ भी बतायी गयी हैं तथा **व्रत, तीर्थ-यात्रा, पुण्य-स्नान** और ब्राह्मणों को **दान-दक्षिणा** आदि लोकप्रिय धार्मिक क्रियाएँ सम्पन्न करने के नियम बताये गये हैं। यहाँ तक कि सामाजिक कर्तव्यों और सुविधाओं की, जिनमें नैतिक किस्म के विचार भी शामिल हैं, लोक-प्रचलित धार्मिक पद्धतियों के अन्तर्गत देवताओं की कहानियों के माध्यम से, पूरी शृंखला पेश की गयी है, जिनमें अन्योक्तियाँ और नैतिक सूक्तियाँ आद्यन्त ताने-बाने की तरह गुंथी हुई हैं। इन लोकप्रिय बातों के अलावा, पुराणों में नये धर्म के बुनियादी दार्शनिक विचारों का भी विवेचन मिलता है।

लेकिन, साथ ही, यह भी कहना जरूरी है कि पुराण कहीं भी वेद की प्रामाणिकता से इन्कार नहीं करते, उनका विरोध करने का तो प्रश्न ही नहीं उठता। दरअसल वे श्रुति या वेदों को सदा ही अपौरुषेय (ईश्वर-कृत) मानते हैं—ये ही धर्म के शाश्वत और भ्रमातीत स्रोत हैं। यद्यपि वास्तविक जीवन में वैदिक धर्म का ज्ञान और उसका व्यवहार धीरे धीरे कुछ लोगों तक ही सीमित होता गया, लेकिन वेदों की परम श्रेष्ठता की स्वीकृति पुराने और नये के बीच एक सम्बन्ध-सूत्र का काम करती रही। वैदिक ग्रन्थों का पठन-पाठन उसी श्रद्धा और लगन से जारी रहा

और वैदिक यज्ञ सनातन ब्राह्मण प्रधान धर्म के हमेशा अंग बने रहे। सच तो यह है कि विवेच्य काल में समस्त भारत में विभिन्न राजवंशों के राजाओं ने विभिन्न वैदिक यज्ञ करने का दावा किया है। विशेष रूप से **अश्वमेध-यज्ञ** सबको प्रिय था और कुछ राजाओं ने तो दस या उससे भी ज्यादा **अश्वमेध-यज्ञ** करने का दावा किया है।

गौण कोटि के अधिकांश वैदिक कर्मकाण्ड, जैसे संस्कार[1] आदि नये धर्म के आज भी अभिन्न अंग बने हुए हैं। इससे स्पष्ट है कि ब्राह्मण-प्रधान धर्म के उस पक्ष की बुनियादें, जिसे आज हम हिन्दू धर्म कहते हैं प्रस्तुत विवेच्यकाल में ही पड़ी थीं। हालांकि सारे पुराण इस नये विकास का मूलाधार हैं, लेकिन वे उसको समग्र रूप में प्रतिबिम्बित नहीं करते। वैष्णवों और शैवों की अपनी शुद्ध साम्प्रदायिक भावना अन्य प्रकार के साहित्य में प्रतिबिम्बित हुई है और उनके अपने विशिष्ट दर्शनों का विकास हुआ है, जो पुराणों की तरह ही हिन्दू धर्म के अभिन्न अंग हैं। मिसाल के लिए **भगवद्गीता** का नाम लिया जा सकता है, जिसमें भागवत मत की (जो आगे चलकर वैष्णव-धर्म के रूप में विकसित हुआ) सबसे प्राचीन और सबसे उत्कृष्ट व्याख्या मिलती है। दूसरी जिल्द के परिच्छेद १९ में गीता में निहित विचारों का विवेचन करने के लिए, जिन्हें अब सर्वसम्मति से हिन्दू-जीवन और चिन्तन का सर्वोच्च आधार माना जाता है, यथेष्ट स्थान दिया गया है। संक्षेप में, हिन्दू धर्म विभिन्न आकृतियों (पैटर्न) की एक ऐसी पच्चीकारी के रूप में विकास कर चुका है, जिसमें पुराने और नये, उत्कृष्ट और निकृष्ट, धार्मिक और आध्यात्मिक **विचारों का संयोजन** है, जिसमें से कुछ भी निकाला नहीं जाता, बल्कि समाज में प्रवेश करने वाले नये नये तत्त्वों को लगातार जोड़ा ही जाता है।

न्यूनाधिक मात्रा में यही बात बौद्ध धर्म के बारे में भी सच है। उतना ही आश्चर्य-जनक उसका एक कठोर और अपरिग्रही नैतिकता की प्रारंभिक सरलता से विकास करके महायान का अत्यन्त संश्लिष्ट रूप धारण कर लेना है, जो आगे चलकर वज्रयान की उससे भी अधिक संश्लिष्ट पद्धति में परिवर्तित हो गया। यहाँ भी पुराना रूप जीवित है, लेकिन परवर्ती रूप उस पर छा गये, जो धीरे धीरे हिन्दू धर्म के नये रूप के निकटतर आते गये; यहाँ तक कि अन्ततः बौद्ध धर्म हिन्दू धर्म के विस्तृत आंचल में समा गया और उसके अस्तित्व का कोई चिह्न भी बाकी नहीं रहा।

इस नियति से जैन धर्म अपनी कट्टरता के कारण ही रक्षा कर पाया। अन्य धार्मिक पद्धतियों के विपरीत जैन धर्म के विचारों और सिद्धान्तों में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। नये विचारों और नई परिस्थितियों के अनुकूल अपने को बदलने की असमर्थता का ही परिणाम था कि जैन धर्म कभी भी उतना लोकप्रिय नहीं हो सका, जितना बौद्ध धर्म इस देश में और इसके बाहर हुआ। लेकिन इस संरक्षणशील कट्टरता के कारण

---

१. जिल्द I पृ. ४७४ प. पृ. (अंग्रेजी संस्करण)।

ही जैन धर्म अपने अधिक प्रसिद्ध प्रतिद्वन्द्वी के मुकाबले में, चाहे एक सीमित क्षेत्र में ही सही, इतनी लम्बी उम्र पा सका।

अब हम विवेच्य काल के धार्मिक जीवन की कुछ विशेषताओं का उल्लेख कर सकते हैं। सबसे पहली और सबसे बड़ी विशेषता देवताओं की मूर्तियों का व्यापक प्रचलन है। इस विषय पर तत्कालीन विचारधारा का सारांश **विष्णुधर्मोत्तर** में इस प्रकार पेश किया गया है :—"(परमेश्वर) की उपासना और उसका ध्यान करना तभी सम्भव है (जब उसका) कोई रूप हो। परमेश्वर जिस रूप में अपने को प्रकट करे, उस रूप की ही धार्मिक रीतियों के अनुसार उपासना करनी चाहिए। चूंकि शरीरधारी मनुष्यों के लिए अदृष्ट को मन में धारण करना अत्यन्त कठिन होता है, अतः परमेश्वर ने स्वयं अपनी इच्छा से वह (रूप) दिखाया और अन्य देवताओं ने (भी) उसके विभिन्न रूपों में प्रकट होकर उसके (उस) रूप का ही प्रकाश किया। इस कारण मूर्त्तरूपधारी भगवान की ही पूजा होती है। उस रूप में गहरा अर्थ छिपा है।" मुख्य देवताओं, यहाँ तक कि गौण देवताओं का मूर्तिकरण इस काल के धार्मिक विकास की एक विशिष्टता है।

दूसरी विशेषता विभिन्न धार्मिक सम्प्रदायों के अनुयायियों के बीच सहिष्णुता की भावना है। इसमें सन्देह नहीं कि कुछ राजाओं के धार्मिक अत्याचारों और दमन के हवाले भी मिलते हैं। लेकिन आवश्यक नहीं कि ये कहानियाँ ऐतिहासिक दृष्टि से हमेशा सच ही हों, जैसा शशांक की मिसाल से सिद्ध है।[1] अगर हम कुछ कहानियों को सच मान भी लें, तो वे इतनी कम हैं कि उन्हें अपवाद ही कहा जा सकता है। सहिष्णुता की इस भावना का एक पक्ष यह था कि विष्णु और शिव जैसे विभिन्न देवताओं की एकता स्थापित करने की कोशिश की गयी और एक ही मूर्ति के आशय में विभिन्न देवताओं के गुणों की अवस्थिति की गयी। ब्रह्मा, विष्णु और शिव की त्रिमूर्ति की धारणा के मूल में यही भावना काम कर रही थी, और बुद्ध को विष्णु का अवतार मानने के मूल में भी यही भावना थी। ऐसे कई राजवंशों की मिसाल हमारे सामने है, जिनके विभिन्न सदस्य विभिन्न धार्मिक सम्प्रदायों के अनुयायी थे और ऐसे भी अनेक राजाओं की मिसालें हैं जो सभी धर्मों के प्रति श्रद्धा और आदर दिखाते थे। कन्नौज के हर्षवर्धन और उसके पूर्ववर्तियों[2] को इस उदार भावना की बेहतरीन मिसाल के रूप में पेश किया जा सकता है। परिव्राजक और मैत्रक शासकों में भी हमें विभिन्न मतों के अनुयायी मिलते हैं। अन्य राजवंशों में देखें तो, गुप्त सम्राट यद्यपि एक ही मत के अनुयायी थे, लेकिन वे सभी मतों को अपना संरक्षण देते थे और विभिन्न धर्मों के सदस्यों से अपने उच्च पदाधिकारियों का चुनाव करते थे।

इस काल की धार्मिक स्थिति का परिचय देना इसलिए भी कठिन है कि विभिन्न धार्मिक विचारों का इस जमाने में बहुत तेजी से और बहुत ही संश्लिष्ट विकास हुआ और वे सब इस प्रकार एक साथ फले-फूले और एक दूसरे को प्रभावित करते रहे कि उसे समझना

---

१. देखिये, पृ. ९० प. पृ.।
२. देखिये. पृ. १३३-१३६ प. पृ०।

आसान काम नहीं है। लेकिन अगर हम उपर्युक्त तात्त्विक विशेषताओं को ध्यान में रखें और यह भी याद रखें कि पूर्वकाल के पुराने रूप नये रूपों के लिए स्थान खाली करने पर भी पूरी तरह गायब नहीं हो गये थे, तो आगामी अनुच्छेदों की सहायता से, जिनमें सारा विषय पिछली जिल्द में प्रयुक्त पद्धति के अनुसार बांटा गया है, हम उस व्यापक तस्वीर का अनुमान कर सकेंगे।

(ख) बौद्ध धर्म

I. हीनयान

पहले एक अनुच्छेद में[1] यह दिखाया जा चुका है कि बौद्ध धर्म की हीनयान शाखा अनेक सम्प्रदायों में बंट गयी थी। गुप्त काल में इस प्रकार के तीन या चार सम्प्रदाय ही जीवित थे, जो देश के विभिन्न भागों में सक्रिय थे। पुराने अवशेषों की खुदाई के दौरान अनेक मुहरें, मूर्तियां तथा गुप्तलिपि में लिखित पाण्डुलिपियाँ और अभिलेख मिले हैं, जिनसे पुराने हीनयान सम्प्रदायों, विशेषकर सर्वास्तिवादी, साम्मितीय या वात्सी-पुत्रीय, और थेर या स्थविरवादी निकायों के अपने पूरे उत्साह से जारी रहने का स्पष्ट प्रमाण मिलता है। ये सम्प्रदाय अपनी विशिष्ट विचारधारा के व्यापक प्रचार पर उतना जोर नहीं देते थे, जितना अपने मठों को शानदार शैक्षिक विहार या केन्द्र बनाने पर। इस प्रयत्न में वे राजाओं और अपने धनी अनुयायियों का संरक्षण प्राप्त कर लेते थे। हर सम्प्रदाय के श्रमण अपने विशिष्ट सिद्धान्तों की व्याख्या या अपनी धार्मिक-रीतियों और अनुष्ठानों का विस्तरण करने में लगे हुए थे। संक्षेप में युग की भावना सिद्धान्तों के प्रचार से हट कर साहित्यिक कार्यों की ओर उन्मुख हो गयी थी। गुप्त-काल में अनेक ऐसे विख्यात लेखक पैदा हुए, जिनकी भारतीय टीका-साहित्य और दर्शन शास्त्र को देन देश के साहित्यिक इतिहास में महत्त्वपूर्ण स्थान रखती है। खेद की बात है कि ये अमूल्य ग्रन्थ अपने मूल रूप में सुरक्षित नहीं हैं और हमें उनके तिब्बती या चीनी अनुवादों से ही सन्तोष करना पड़ता है।

II. महायान

हीनयान लेखकों की श्रेष्ठता और हीनयान मठों की सम्पन्नता और शान-शौकत के बावजूद बौद्ध धर्म के इस प्राचीन रूप का लोगों पर प्रभाव घटता जा रहा था और वह उस महायान के नये आन्दोलन के आगे पृष्ठभूमि में पड़ता जा रहा था, जिसने अपने परार्थवादी सिद्धान्तों के कारण, तथा अपने धर्म के द्वार सब के लिए, चाहे वे एकान्तवासी हों या गृहस्थ, खोल कर, लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर लिया था। हीनयान की तरह महायान ने यह मांग नहीं की कि व्यक्ति जब तक भिक्षु या भिक्षुणी नहीं बनेगा तब तक उसे धर्म की शरण प्राप्त नहीं होगी, बल्कि उन्होंने हरेक को, यहां तक कि पशुओं

---

१. देखिये. जिल्द II. पृ. ३७९ प. पृ. (अंग्रेजी संस्करण)।

तक को बोधिसत्त्व का जीवन आरम्भ करने की इजाजत दी। इस नयी दृष्टि ने हीनयान के पाँव उखाड़ दिये और महायान को एक अखिल भारतीय ही नहीं, बल्कि अखिल एशियाई धार्मिक आन्दोलन बना दिया। इस नये आन्दोलन के इतिहास का वर्णन करने से पहले जरूरी है कि हम उसके नैतिक, सैद्धान्तिक और धार्मिक पक्षों पर विहंगम दृष्टि डाल लें।

१. महायान का आचार-शास्त्र

महायान के आचार-शास्त्र का मूल सिद्धान्त उसका अति-परार्थवाद है, जिसे **बोधि-चित्त** के विकास और छह **पारमिताओं** (सद्गुणों की पूर्णता) की पूर्ति द्वारा हासिल किया जाता है। अपने अहं को मिटाना सभी भारतीय धर्मों का मूलस्वर रहा है, और यह सिद्धान्त बुद्ध के बुनियादी उपदेशों में से एक था। हीनयानियों ने अपने संघ-जीवन में इस उपदेश को व्यावहारिक रूप दिया था। इसका उद्देश्य मठों और विहारों में रहने वाले भिक्षुओं को अपने प्रकृत आत्म-कल्याण के लिए 'मैं-पन' की सारी चिन्ताओं और परेशानियों से ऊपर उठाना था। अहंमुक्ति की यह भावना ध्यान की साधना द्वारा पैदा की जाती थी, जो उनके मन को यह प्रतीति करने में योग देती थी कि व्यक्ति का शरीर अनेक कलुषों का भंडार है। ये क्रियाएँ हीनयानियों को अपने 'मैं' के बारे में निस्संग बना देती थीं और उन्हें अस्मिता-त्याग की शिक्षा देती थीं। महायानियों को अहं को मिटाने या छोड़ने का यह मार्ग गलत और बिलकुल अपर्याप्त लगा। उन्होंने इस समस्या का बिलकुल नये दृष्टिकोण से समाधान खोजने का प्रयत्न किया। उन्होंने कहा कि अपने अहं को मिटाना तभी सम्भव है, जब व्यक्ति अपने आपको कई जन्मों तक दूसरों की सेवा में उत्सर्ग करता रहे। एक महायानी के लिए यह शपथ लेना अनिवार्य था कि वह उस समय तक अपने व्यक्तिगत सुख की, व्यक्तिगत रूप से स्वर्ग-प्राप्ति की, यहाँ तक कि व्यक्तिगत निर्वाण की भी कामना नहीं करेगा, जब तक कि वह अन्य तमाम लोगों को सुखी बनाने, उन्हें स्वर्ग-प्राप्ति कराने और अन्ततः निर्वाण प्राप्त कराने के लिए अपना पूरा योगदान नहीं दे देता। यह परार्थवादी दृष्टिकोण ही एक महायानी की मूल-भावना थी। व्यक्तिगत लाभ का त्याग करके निर्वाण प्राप्त करने की हीनयानियों की पद्धति में महायानी को स्वार्थ की गन्ध आती थी, इसलिए वह उसे स्वीकार नहीं थी।

एक महायानी को सबसे पहले तो यह शर्त पूरी करनी पड़ती थी कि वह दूसरों की सेवा के लिए अपना जीवन उत्सर्ग करने की शपथ लेता था, जिसे उनके धर्म-ग्रन्थों में **बोधि-चित्त** का विकास कहते हैं। जब उसमें **बोधि-चित्त** का सम्यक् विकास हो जाता था, तो उसे **बोधिसत्त्व** पुकारते थे। इसके बाद उसका कर्त्तव्य **बोधि-प्रस्थान** करना होता था, ताकि वह छह **पारमिताओं** को पूरा कर सके—अर्थात् **दान** (उदारता), **शील** (नैतिक विचार), **क्षान्ति** (सहिष्णुता), **वीर्य** (मनःशक्ति), **ध्यान** (मन की एकाग्रता) और **प्रज्ञा** (सत्य का ज्ञान)।[१] इन छह सद्गुणों में एक का भी अपने अन्दर पूरी तरह विकास करने

१. इनकी व्याख्या जिल्द II, पृ. ३८६ (अंग्रेजी संस्करण) में की गयी है।

के लिए महायानी से सर्वोच्च त्याग, यहां तक अपने जीवन तक का त्याग, करने की अपेक्षा की जाती थी। एक ही जीवन में इन सारे सद्गुणों को प्राप्त कर लेना सम्भव नहीं था, इसलिए व्यक्ति को ये सारी **पारमिताएं** पूरी करने के लिए अनेक बार जन्म लेना पड़ता था। गौतम बुद्ध ने भी अनेक जन्मों में ये सारी **पारमिताएँ** पूरी की थीं, उनमें से कुछ का वर्णन **जातकों** और **अवदानों** में किया गया है। **पारमिताएँ** पूरी करने के साथ साथ एक बोधिसत्त्व से अध्ययन और मनन की भी अपेक्षा की जाती थी, ठीक हीनयान भिक्षुओं की तरह ही। फर्क सिर्फ इतना था कि अध्ययन-मनन से वह जो भी गुण प्राप्त करेगा वे सब, और उसका जीव-प्रेम, उसकी करुणा, उसकी धर्मनिष्ठा उसके व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं थी, बल्कि असंख्य विश्वों के समस्त प्राणियों के लिए थी। यह सार्वभौम परमार्थ-भावना ही हीनयान से महायान के आचार-शास्त्र को अलग करती है।

२. विहार का जीवन

महायान के धर्म-ग्रन्थों में एक भी विनयपिटक, अर्थात् महायान भिक्षु के जीवन का नियमन करने वाली आचरण-संहिता नहीं है। **शिक्षासमुच्चय, बोधिचर्यावतार** और **बोधिसत्त्व-प्रातिमोक्ष-सूत्र** आदि बाद के ग्रन्थों में साधारण किस्म के कुछ नियम अवश्य मिलते हैं, लेकिन भिक्षु और भिक्षुणियों द्वारा उनका कठोरतापूर्वक पालन करना अनिवार्य नहीं किया गया है। इन ग्रन्थों में अधिकतर बुद्ध और उनके उपदेशों में दृढ़ विश्वास रखने और दूसरों की भलाई के लिए आत्म-त्याग पर जोर दिया गया है। बोधिसत्त्वों को अपना आध्यात्मिक मार्ग-दर्शक (**कल्याणमित्र**) चुनने और धर्मग्रन्थों का अध्ययन करने की सलाह दी गयी है। उन्हें ध्यान का अभ्यास करने के लिए, विशेष रूप से चार प्रकार के **स्मृत्युपस्थान** के लिए कहा गया है और यह भी सलाह दी गयी है कि वे जंगल में जाकर शव की विभिन्न अवस्थाओं पर ध्यान (अशुभ-भावना) करें। उनसे लाभ, यश, भोजन-वस्त्र की कामना आदि सभी **लोक-धर्मों** का परित्याग करने की अपेक्षा की गयी है और उनको सलाह दी गयी है कि वे **मैत्री** और **करुणा** का पालन करें, **भद्रचर्या** की **शिक्षा** ग्रहण करें और **वन्दना** और **साधना** का अभ्यास करें। बाद के ग्रन्थों में वस्त्र, भोजन, व्यवहार और महायानियों द्वारा विशेष रूप से माने गये अपराधों के प्रायश्चित्त के सम्बन्ध में भी कुछ आदेश दिये गये हैं।[१] इन ग्रन्थों से यह साफ जाहिर है कि अपने संघ-जीवन के लिए महायानियों ने हीनयानियों के अनुशासन-नियम अपना लिये थे, केवल उनकी कुछ विधियों का संशोधन किया था, जिनका महायान के आदर्शों से मेल नहीं था।

ह्वेन-त्सांग ने लिखा है कि कुछ बौद्ध-मठों में हीनयानी और महायानी दोनों ही साथ साथ रहते थे। यह सम्भव नहीं होता अगर चैत्य या विहार में रहने वाले सारे भिक्षु आचार की एक ही धार्मिक नियमावली का पालन न करते होते। ई-त्सिंग ने हीन-यान और महायान भिक्षुओं में मांस खाने की बात को लेकर परस्पर-विरोध की ओर

---

१. एन. दत्त, **आस्पेक्ट्स आफ महायान बुद्धिज्म,** परिच्छेद ५।

संकेत किया है। **लंकावतार-सूत्र** में मांस-भक्षण की बुराइयों के वर्णन में एक पूरा परिच्छेद जोड़ा गया है। सम्भवतः ऐसी एक-दो बातों को छोड़कर विनयपिटक के परम्परागत नियमों का महायानी उसी रूप में पालन करते थे, जिस रूप में प्राचीन हीनयानी सम्प्रदायों ने उनको सुरक्षित रखा था और शायद इसी कारण ह्वेन-त्सांग ने कुछ भिक्षुओं को स्थविर निकाय का महायानी कहा है। महाबोधि संघाराम (गया) के भिक्षुओं के बारे में उसका कथन विशेष रूप से दिलचस्प है। वह लिखता है : "इस संघाराम में लगभग १,००० भिक्षु हैं, वे सारे स्थविर स्कूल के महायानी हैं और सभी विनयपिटक के नियमों का पूरी तरह पालन करते हैं।"[१] कलिंग, लंका के अभयगिरि मठ और सुराष्ट्र के बारे में भी इसी प्रकार के वक्तव्य हैं। ह्वेन-त्सांग ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि उद्यान के सारे भिक्षु महायानी हैं, लेकिन वे हीनयानी विनयपिटक का पालन करते हैं।[२] ई-त्सिंग ने भी कहा है कि हीनयानी और महायानी दोनों किस्म के बौद्ध अनुशासन की एक ही नियमावली का पालन करने पर सहमत हैं। यह तथ्य कि तिब्बतियों ने, जो महायानी हैं, मूलसर्वास्तिवाद स्कूल के विनय-ग्रन्थ सुरक्षित रखे हैं, इस बात को सिद्ध करता है कि हीनयान के विनय को वे कितने आदर की दृष्टि से देखते थे। **क्रिया-संग्रहपंजिका**[३] में एक महायानी भिक्षु को दीक्षित करने के बारे में जो नियम बताये गये हैं, वे बिलकुल हीनयानी नियमों की तरह हैं। महायानी विनय में बोधि-चित्त लेने के औपचारिक कृत्य या तत्सम्बन्धी रीतियां, अर्थात्—(१) बुद्धों और चैत्यों की उपासना, (२) त्रिरत्न की शरण लेना और अपने पाप स्वीकारना, (३) दूसरों के गुणों का हार्दिक अनुमोदन, तथा (४) अपने अज्ञान को स्वीकार करके बुद्धों से पथ-प्रदर्शन की प्रार्थना और अपने गुणों का **बोधि** के लिए उत्सर्ग आदि ही जोड़े गये थे।

३. महायान सिद्धान्त

यद्यपि हीनयानियों और महायानियों ने संघ-जीवन के सामान्य नियमों को स्वीकार कर लिया था, लेकिन दोनों निकायों के सिद्धान्तों और आदर्शों में बहुत बड़ा अन्तर था। हीनयानी न्यूनाधिक मात्रा में यथार्थवादी या अर्ध-यथार्थवादी थे, जबकि महायानी शुद्ध नकारवादी या आदर्शवादी थे। यह अन्तर **शून्यता** या **अनात्मता** की व्याख्या पर आधारित था। इस शब्द का प्रयोग बुद्ध ने बार बार किया था, पर कभी उसकी स्पष्ट परिभाषा नहीं की थी। **शून्यम्** या **अनात्मन्** जैसे शब्दों से हीनयानियों का अभिप्राय **आत्मा** या व्यक्तिकता जैसे किसी वास्तविक पदार्थ का अनस्तित्व था, (**पुद्गल-शून्यता**) जबकि महायानियों की दृष्टि में इनका अर्थ व्यक्तिकता (**पुद्गल या आत्मा**) और साथ ही वस्तु-जगत् (धर्म) का अनस्तित्व है। महायानियों का विश्वास है कि सच्चे ज्ञान या सत्य की उपलब्धि तब तक सम्भव नहीं है, जबतक दोनों **शून्यताओं** अर्थात् पुद्गल (व्यक्तिकता) और **धर्म** (प्रतीयमान या विचारणीय अस्तित्व) का बोध

---

१. या, ट्रै. वा., II, १३६।
२. या, ट्रै. वा. I, २२७।
३. रा. ए. सो. ब., पाण्डुलिपि-पत्र १६०a।

या परिज्ञान नहीं हो जाता। उनका दावा है कि दोनों **शून्यताओं** का बोध उन दोनों **आवरणों** को हटाने के बाद ही सम्भव है जो **क्लेशावरण** (अपद्रव्यों का पर्दा) और **ज्ञेयावरण** कहलाते हैं। हीनयानी **अर्हत** (पूर्ण साधक) **पुद्गल-शून्यता** की उपलब्धि से ही **क्लेशावरण** को हटा पाते हैं। वे संसार के नाना पदार्थों में अभेद और भेद की धारणा से ऊपर उठकर उन्हें एक पुंज के रूप में देखते हैं। इसको एक उपमा देकर इस प्रकार समझा सकते हैं कि हीनयानी (**श्रावक**) एक मिट्टी के घड़े और मिट्टी के घोड़े में कोई भेद नहीं मानते और दोनों को एक ही वस्तु मानते हैं। महायानी (बोधिसत्त्व) इससे एक कदम और आगे बढ़कर दावा करता है कि केवल इतना ही नहीं है कि घड़े और घोड़े में किसी भेद का अस्तित्व नहीं है, बल्कि पदार्थ, अर्थात् **धर्म** (इस प्रसंग में मिट्टी) का भी अस्तित्व नहीं है। इस **धर्म-शून्यता** का बोध प्राप्त करने से ही **ज्ञेय** (सत्य) को ढकने वाला **आवरण** (पर्दा) हटता है और पूर्ण ज्ञान की उपलब्धि होती है।

इस सिद्धान्त की **प्रज्ञा-पारमिता-समाधिराज, सद्धर्मपुण्डरीक** तथा अन्य महायान ग्रन्थों में इस प्रकार व्याख्या की गयी है: हीनयानियों का विश्वास है कि केवल भिक्षु बन जाने और **बोधिपक्षियधर्म, अष्टांगिकमार्ग** आदि बौद्ध क्रिया (कर्म) कांड, में दक्षता प्राप्त कर लेने से ही अपने लक्ष्य को पा सकते हैं। लेकिन महायानियों के अनुसार तथ्य इससे विपरीत है। **बोधिपक्षियधर्म** और **अष्टांगमार्ग** केवल काम-चलाऊ व्यवस्थाएँ हैं, जिन्हें बुद्ध ने साधारण और सामान्य बुद्धि के लोगों को धार्मिक जीवन के प्रति आकर्षित करने के लिए बनाया था और फिर जब एक सीमा तक उनका आध्यात्मिक विकास हो जाए तब बुद्ध का उद्देश्य उन्हें यह बोध कराना था कि ये सारे कार्य और अभ्यास भी काल्पनिक हैं, और अस्तित्वहीन (शून्यम्) हैं, उसी प्रकार जैसे सांसारिक व्यक्ति का यह सोचना कि यह उसका बेटा है और यह उसकी सम्पत्ति है। एक महायानी के दृष्टिकोण में किसी भिक्षु का अपने काषाय वस्त्रों या अपनी ध्यान-प्रक्रियाओं के प्रति मोह या निर्वाण की भी इच्छा करना, सत्य की उपलब्धि के मार्ग में बाधक है, उसी प्रकार जैसे सांसारिक व्यक्ति के लिए बेटा, धन या शक्ति की इच्छाएँ बाधक हैं। इन ग्रन्थों में यह शिक्षा दी गयी है कि महायानी निश्चय ही हीनयानी कर्मों और अभ्यासों का पालन करे लेकिन वह अपने मन में सदा इस बात के प्रति भी सचेत रहे कि उसे इन सबको उसी प्रकार छोड़ देना है, जिस प्रकार एक व्यक्ति नदी पार करने के लिए बनाये अस्थायी बेड़े को छोड़ देता है। महायान सिद्धान्तों का सार-तत्त्व यह है कि इस संसार का प्राणी, वह दुनियादार हो या एकान्त साधक, अपनी छह अपूर्ण ज्ञानेन्द्रियों से प्राप्त भ्रमों की दुनिया में विचरण करता है, और उसकी मुक्ति इस बात का बोध प्राप्त करने में निहित है कि ये भ्रम उतने ही अवास्तविक हैं, जितनी अवास्तविक मृग-मरीचिका या स्वप्न में देखी गयी चीजें। उसे जिस क्षण इस बात का बोध होता है, उसी क्षण वह अज्ञान के उस परदे (**ज्ञेयावरण**) को फाड़ कर बाहर निकल जाता है जो सत्य को ढके हुए है, और वह सत्य का साक्षात्कार करता है। **ज्ञेयावरण** को हटाने के लिए, उसे इससे पहले ही **क्लेशावरण**, मोह, घृणा और भ्रम जैसे विकारों के परदे को हटा देना चाहिए।

४. बुद्ध की अवधारणा

महायान के अनुसार सत्य**शून्यता** (गुणहीन, अस्ति और नास्ति का निषेध), या **तथता** (एकरूपता अर्थात् परासत्ता), या **धर्मधातु** (प्रतीयमान रूपों की समग्रता, विश्व या सार्वभौमिक तत्त्व) है, जो निर्वाण या बुद्ध से अभिन्न है। हीनयानियों ने पहले बुद्ध की सर्वज्ञ मानव प्राणी के रूप में कल्पना की थी, फिर कालान्तर में उन्होंने बुद्ध में अतिमानवी यहां तक कि अतिअलौकिक शक्तियों और गुणों का दावा किया, और उनको समस्त प्राणियों से, यहाँ तक कि ब्रह्मलोक के देवताओं से भी श्रेष्ठ मानने लगे। महायानी बुद्ध को शाश्वत मानते थे, जन्म-मरण से परे, सत्य, अस्तित्व का अंत (भूतकोटि) के रूप में इसलिए अवर्णनीय है। कालान्तर में महायानियों ने भी बुद्ध के "शरीर" के बारे में कुछ कल्पनाएँ कीं, और इस प्रकार **त्रिकाय** (तीन शरीर) अवधारणा प्रचलित हुई। इसके अनुसार बुद्ध का वास्तविक काय **धर्म-काय** अर्थात् विश्व या सार्वभौमिक तत्त्व है, जिसका कोई रूप नहीं है, जो अनन्त और अनित्य है; जिसका न आविर्भाव होता है, न तिरोभाव। कभी कभी अपने अत्यन्त विकसित भक्तों, विशेषकर आत्मोन्नति की उच्चतर अवस्थाओं में पहुँचे हुए बोधिसत्त्वों के सन्तोष के लिए बुद्ध महान् पुरुषों के समस्त चिह्नों में मंडित अत्यन्त दीप्तिमान् और अलंकृत रूप धारण कर लेते हैं। इस शरीर को **संभोग-काय** इसलिए कहते हैं कि अपने अनेक जन्मों में एकत्र पुण्यों और गुणों के परिणाम-स्वरूप यह काय बुद्ध को विशेषरूप से प्राप्त होता है। आमतौर पर, साधारण सांसारिक मनुष्यों और प्राणियों का पथ-प्रदर्शन करने के लिए बुद्ध पार्थिव शरीर धारण करते हैं, जो समस्त मानवीय कमजोरियों का शिकार होता है। इसे **रूप-काय** (भौतिक शरीर) या **निर्माण-काय** (उत्पन्न शरीर) कहते हैं। महायानियों के अनुसार गौतम बुद्ध वास्तविक बुद्ध के **निर्माण-काय** हैं। इस प्रकार के अनगिनत **निर्माण-काय** हैं, जो अखिल विश्व के असंख्य संसारों की अध्यक्षता करते हैं। गौतम बुद्ध इस **सहा-लोकधातु** संसार के **निर्माण-काय** हैं।

त्रिकाय की इस धारणा ने साधारण लोगों को उपासना और भक्ति के लिए विस्तृत क्षेत्र प्रदान कर दिया है। इसलिए महायान के अत्यन्त दुरूह सिद्धान्तों के बावजूद, आम जनता पर उसका जबर्दस्त प्रभाव पड़ा और समय के साथ साथ महायान के अनुयायियों की संख्या हीनयानियों से कहीं ज्यादा हो गयी।

मिथक कल्पनाओं के विकास के साथ पाँच ध्यानी बुद्धों, अर्थात् वैरोचन, अक्षोभ्य, रत्नसंभव, अमिताभ और अमोघसिद्धि के रूप में एक महायान देवकुल का विकास हो गया। इन पाँच ध्यानी बुद्धों के बारे में कहा जाता है कि वे समनुध्यान द्वारा आदि-बुद्ध से उद्भूत हैं। इनमें से हर बुद्ध एक बोधिसत्त्व और एक देवी से, जिसे तारा पुकारते हैं, सम्बद्ध है।

५. बोधिसत्त्व की अवधारणा

महायान सिद्धान्त के अनुसार कोई भी व्यक्ति, जो अपने अन्दर **बोधि-चित्त** का विकास कर लेता है, **बोधिसत्त्व** है, अर्थात् ऐसा व्यक्ति जो **बोधि** (ज्ञान) प्राप्त कर

सकेगा और अन्ततः बुद्ध बन जाएगा। वस्तुतः हर महायानी बोधिसत्त्व होता है और इस प्रकार वह एक हीनयानी से भिन्न होता है, जो श्रावक कहलाता है। बोधिसत्त्व और श्रावक में यही फर्क है कि बोधिसत्त्व की कामना अन्ततः बुद्धत्व प्राप्त करने की होती है, जबकि श्रावक का लक्ष्य केवल अर्हत्व तक पहुँचना ही होता है।

अपने पूर्ण अहं के त्याग की भावना के कारण बोधिसत्त्व धीरे धीरे आम जनता की निगाहों से ऊपर चढ़ते गये, यहां तक कि उनमें से कुछ तो लोगों के पूज्य बन गये। इनमें सर्वोच्च ख्याति-प्राप्त देवताओं की कोटि में गिने जाने लगे, जिनके नाम हैं : अवलोकितेश्वर, मंजुश्री, वज्रपाणि, समन्तभद्र, आकाशगर्भ, महास्थानप्राप्त, भेषज्यराज और मैत्रेय। ये सारे बोधिसत्त्व आध्यात्मिक पूर्णता की दृष्टि से अत्यन्त उच्चकोटि के और पहुंचे हुए व्यक्ति थे और बड़ी आसानी से बुद्ध-पद को प्राप्त कर सकते थे, लेकिन उन्होंने अपने आपको लक्ष्य तक पहुँचने से रोक कर बोधिसत्त्व बने रहना ही पसन्द किया, क्योंकि उनका कहना था कि क्योंकि बुद्ध सब गुणों से मुक्त (निर्गुण) होते हैं, इसलिए वे जीवित प्राणियों की सेवा करने में असमर्थ होते हैं, जबकि बोधिसत्त्वों के रूप में वे प्राणियों के दुख दूर करने, उन्हें सुख, मोक्ष और निर्वाण या बुद्ध-पद प्राप्त कराने में सहायता कर सकते हैं। कालान्तर में इनमें से कुछ बोधिसत्त्वों के गिर्द उसी प्रकार की मिथक कल्पनाएँ जोड़ दी गयीं, जैसी ब्राह्मण-धर्म के देवताओं के गिर्द मिथक कल्पनाओं के जाल बुने गये हैं।

अवलोकितेश्वर करुणा का मूर्ति रूप है। वह दयानिधान है और उन सब लोगों की सहायता करता है जो मुसीबत में फंसकर उसकी खोज करते हैं।[१] चीनी यात्रियों के अनुसार भारत में चौथी सदी से लेकर सातवीं सदी तक अवलोकितेश्वर की उपासना व्यापक रूप से प्रचलित थी। पुरातत्त्वीय प्राप्तियों में अवलोकितेश्वर की मूर्तियां आमतौर पर हर जगह मिली हैं। इन मूर्तियों की सजावट बड़ी भव्य है और उनमें अमिताभ बुद्ध को शिरोवस्त्र धारण किए हुए दिखाया गया है। कुछ मूर्तियों में इस बोधिसत्त्व के साथ देवी तारा भी दिखाई गई है। देवी तारा ज्ञान (**प्रज्ञा**) का मूर्त रूप है। उसको तारा इसलिए कहते हैं कि लोग उनकी सहायता से ही दुख के इस संसार को पार कर सकते हैं। उसे देवी **प्रज्ञापारमिता** भी पुकारते हैं, क्योंकि **पारमिता** की पूर्ति करने के बाद ही बोधिसत्त्व अपने लक्ष्य तक पहुँच सकता है।

दूसरा सबसे लोकप्रिय बोधिसत्त्व चिर-किशोर (कुमारभूत) मंजुश्री है। वह बुद्धि-विवेक का मूर्तरूप है और कभी कभी उसे लक्ष्मी (=श्रीमहादेवी)[२] या सरस्वती[३] या दोनों के साथ जोड़ा जाता है। वह लोगों को विद्या सिखाता है, बौद्ध-धर्म की शिक्षा

---

१. सद्धर्मपुण्डरीक, परिच्छेद २४।

२. सुवर्णप्रभास, परिच्छेद ९, उसका कार्य भिक्षुओं को भोजन, वस्त्र तथा अन्य आवश्यक वस्तुएँ प्रदान करना था।

३. सुवर्णप्रभास, परिच्छेद ८, सरस्वती देवी का कार्य धर्मोपदेशकों को, जो धारणि, निरुक्त और स्मृति जगाने की शिक्षा देते थे, स्वर विन्यास देना था।

देता है और भावी बुद्ध मैत्रेय का शिक्षक है। भारत में उसकी पूजा भी उन्हीं दिनों में प्रचलित थी, जब अवलोकितेश्वर की पूजा होती थी।

III. उपासना के रूप

चीनी यात्रियों ने समकालीन भारत में प्रचलित उपासना के विविध रूपों का ब्यौरा प्रस्तुत किया है। फाह्यान ने लिखा है कि बौद्ध भिक्षु सारिपुत्र, मौद्गल्यायन, आनन्द और अभिधर्म, विनय और सूत्रों के ज्ञाताओं के लिए **स्तूपों** का निर्माण करते थे। भिक्षुणियाँ आनन्द के **स्तूप** पर चढ़ावा चढ़ाती थीं, क्योंकि उन्हीं के आदेश पर भिक्षुणियों का (धर्म) संघ बनाया गया था। विनय के विद्यार्थी और शिक्षक राहुल के स्तूपों पर पूजा करते थे। महायानी बौद्ध **प्रज्ञापारमिता** (तारा), मंजुश्री और अवलोकितेश्वर पर चढ़ावा चढ़ाते थे। ह्वेन-त्सांग ने इससे अधिक ब्यौरे दिये हैं। वह कहता है, "मथुरा में अशोक के तीन **स्तूप** थे और साथ ही सारिपुत्र, मुद्गलपुत्र, पूर्ण मैत्रायणीपुत्र, उपालि, आनन्द और राहुल के अवशेष-चिह्नों पर निर्मित **स्तूप** भी थे। इनके अतिरिक्त मंजुश्री तथा अन्य बोधिसत्त्वों की स्मृति में भी **स्तूप** बनाये गये थे। अभिधर्म के अनुयायी सारिपुत्र की समाधि के साधक मुद्गलपुत्र की, सूत्रपिटक के ज्ञाता पूर्ण मैत्रायणीपुत्र की, विनय के ज्ञाता उपालि की, भिक्षुणियाँ आनन्द की, विद्यार्थी (श्रामणेर) राहुल की और महायानी विभिन्न बोधिसत्त्वों की पूजा करते थे। इन दोनों चीनी यात्रियों के विवरणों से जो दो शताब्दियों के अन्तर से भारत आये थे, यह साफ जाहिर है कि समूचे गुप्त-काल में बुद्धों और हीनयानी संतों की पूजा हीनयानियों में और बोधिसत्त्वों और प्रज्ञापारमिता या तारा की पूजा महायानियों में व्यापक रूप से प्रचलित थी। ह्वेन-त्सांग ने कुछ स्थानों पर मैत्रेय की पूजा होते भी देखी थी।

फाह्यान और ह्वेन-त्सांग दोनों ने एक और महत्त्वपूर्ण बौद्ध उत्सव देखा था, अर्थात् मूर्तियों का जलूस। फाह्यान ने यह जलूस खोतान और पाटलिपुत्र में देखा था। खोतान के जलूस का वर्णन उसने इन शब्दों में किया है: "चार पहियों के एक रथ पर बीच में बुद्ध की मूर्ति बैठी हुई थी, जिसके दोनों ओर दो बोधिसत्त्व खड़े थे। रथ को सात कीमती रत्नों, रेशमी पताकाओं और छत्रों से सजाया गया था। गोमती के महायान भिक्षु जलूस की अगुवाई कर रहे थे। राजा मूर्ति के आगे साष्टांग प्रणत था और रानियाँ तथा अन्य स्त्रियाँ मूर्ति पर पुष्पवर्षा कर रही थीं। यह अनुष्ठान चौथे महीने की पहली तारीख को शुरू और चौदह तारीख को समाप्त हुआ।" ह्वेन-त्सांग ने भी इससे मिलता जुलता ब्यौरा दिया है। ई-त्सिंग ने किसी ऐसे जलूस का तो उल्लेख नहीं किया, लेकिन मूर्तियों को स्नान कराने के दैनन्दिन अनुष्ठान का विस्तृत वर्णन किया है। वह कहता है, प्रतिदिन बुद्ध की प्रतिमा को सुगंधित जल तथा अन्य आवश्यक द्रव्यों से स्नान कराना भिक्षुओं का अनिवार्य कर्त्तव्य था।

IV. हीनयान और महायान का भौगोलिक विभाजन

यद्यपि महायान सम्प्रदाय के उत्कर्ष के साथ जनता पर हीनयान सम्प्रदाय का प्रभाव खत्म हो गया, लेकिन उसके अनुयायियों की संख्या बहुत कम नहीं हुई। कुछ हीनयान मतवादों, विशेषकर सर्वास्तिवाद, का अब भी एक विशाल क्षेत्र पर गहरा प्रभाव था। सर्वास्तिवादी, जिन्हें बाद में वैभाषिक के नाम से पुकारा जाने लगा, सारे उत्तर भारत में फैले हुए थे, यहां तक कि उत्तर-पश्चिमी सीमाप्रान्त, कश्मीर, फारस, मध्य एशिया, चीन, जावा, सुमात्रा और कोचीन, चीन में भी। स्थविरवादी, जिनमें महिशासक भी शामिल हैं, उज्जयिनी, वलभी, कांची तथा लंका, स्याम और बर्मा में फैले हुए थे। कुछ क्षेत्रों में उनकी जगह पर सम्मितियों का प्रभाव बढ़ गया था। यह एक बौद्ध सम्प्रदाय था, जिसने सातवीं सदी में हर्षवर्धन का संरक्षण पाकर प्रमुखता प्राप्त कर ली थी। महासांधिक गुन्टूर जिले के अपने प्राचीन स्थान में प्रमुख बने रहे, लेकिन उनकी संख्या कम होती जा रही थी, क्योंकि शायद बुद्धों और बोधिसत्त्वों के बारे में महायानियों से विचार-साम्य होने के कारण वे महायान सम्प्रदाय में शामिल होते जा रहे थे।

सारे हीनयान और महायान सम्प्रदायों का परस्पर विरोध इतना कटु नहीं था, कि उन्हें मजबूर होकर एक दूसरे से अलग रहना पड़ता। अनेक विहारों और चैत्यों में वे साथ साथ रहते थे, विशेषकर मगध में नालन्दा, विक्रमशिला और पाटलिपुत्र के प्रसिद्ध विद्या-केन्द्रों में।

फाह्यान ने, जो पाँचवीं सदी के आरम्भ में भारत आया था, हीनयान और महायान दोनों सम्प्रदायों के बौद्ध भिक्षुओं की मौजूदगी का उल्लेख किया है। उसने लोबनोर, दरद, उद्यान, गन्धार, बन्नू, कन्नौज और कोशाम्बी में हीनयान (सम्भवतः सर्वास्तिवाद) का और लंका में हीनयानी स्थविरवाद का एकछत्र प्रभाव देखा था, जबकि अफगानिस्तान, भिंड (पंजाब), मथुरा और पाटलिपुत्र आदि स्थानों में उसने हीनयान और महायान दोनों के अनुयायी देखे थे। केवल खोतान के बारे में उसका कहना है कि वहां सारे भिक्षु महायानी थे। बौद्ध सम्प्रदायों के बारे में फाह्यान की सूचना अत्यन्त छिट-पुट है लेकिन पाँचवीं सदी में बौद्ध धर्म की तस्वीर पेश करने की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।

फाह्यान के विवरण में जो कमी थी, उसकी पूर्ति ह्वेन-त्सांग के विवरण से हो जाती है। उसने सिर्फ इतना ही नहीं बताया कि किसी स्थान विशेष के बौद्ध हीनयानी थे या महायानी, बल्कि यह भी बताया है कि वे किस विशेष बौद्ध सम्प्रदाय के थे। उसके विवरण से पता चलता है कि अनेक स्थान, जो फाह्यान के समय हीनयानी बौद्धों के मिलन-स्थल थे, कुछ अपवादों को छोड़कर उसके समय में भी उनके आवास बने हुए थे। भारत की उत्तरी सीमा से बाहर के देश और साथ ही भारत की निचाट उत्तरी सीमा पर स्थित देश, जैसे तेंकी, कुची, पोह-लू-का, बल्ख, का-ची, बामियान, कश्मीर (गिलगित सहित), तमसावन और उनके साथ ही स्थानेश्वर, श्रुघ्न, प्रयाग और कौशाम्बी एकान्ततः हीनयानियों के केन्द्र थे, विशेषकर सर्वास्तिवादी हीन-यानियों के। केवल

बामियान ही एक अपवाद था, जहाँ के बौद्ध लोकोत्तरवादी सम्प्रदाय के थे, जो महासांधिकों की एक शाखा है। कपिशा, जालन्धर, मथुरा, साकेत, नेपाल, पुण्ड्रवर्धन, अभयगिरि मठ (श्रीलंका), कोंकणपुर, महाराष्ट्र उज्जयन, पो-फा-तो और फारस में उसने हीनयान और महायान दोनों मतों के अनुयायी देखे थे। जिन देशों में उसने केवल महायानी बौद्ध ही देखे, उनके नाम हैं, लम्प, तक्षशिला, कुल्लू, मगध, उड़ीसा और विदर्भ।

ह्वेन-त्सांग के समय में सांमितीय सम्प्रदाय (हीनयान) का महत्त्व अत्यधिक बढ़ गया था। उसने विशोक, अहिच्छत्र, संकास्य, श्रावस्ती, कपिलवस्तु, वाराणसी, वैशाली, कर्णसुवर्ण, मालव, वलभी, ह्यमुख, आनन्दपुर, सिंध, कच्छ, पि-तो-शि-लो और अ-फन-तु (अवन्त) में इस सम्प्रदाय के अनुयायी देखे थे। ये सारे स्थान पहले स्थविरवादियों के प्रिय संगमस्थल थे और सम्भव है कि ये स्थविरवादी **पुद्गल** का अस्तित्व स्वीकार करने के बाद सांमितीय बन गये हों। समतट और द्रविड़ (राजधानी कांचीपुर) में उसने स्थविर स्कूल के क्रमशः ३० और १०० चैत्य तथा २००० और १०,००० भिक्षु देखे। उसका यह वक्तव्य कि उसने बोधगया, कलिंग (राजमहेन्द्री), यहां तक कि श्रीलंका में भी महायानी स्थविर देखे थे, कुछ उलझन में डालता है। जैसा ऊपर कहा जा चुका है, यह सम्भव है कि उसकी दृष्टि में ऐसे भिक्षु रहे हों, जो यद्यपि महायान के सिद्धान्तों को स्वीकारते थे, लेकिन स्थविरवादियों के विनय नियमों को भी मानते थे। उसने महासंघिकों के बारे में कहा है कि यह सम्प्रदाय धीरे धीरे मिटता जा रहा था और केवल अन्दरब और धनकटक (अमरावती) जैसे अपने प्राचीन केन्द्रों में ही मिलता था। यह स्पष्ट है कि भारत में बौद्ध सम्प्रदायों की भौगोलिक अवस्थिति के बारे में फाह्यान और ह्वेन-त्सांग के विवरण काफी मिलते हैं, केवल ह्वेन-त्सांग का विवरण अधिक व्यापक है।[१]

५. चार दार्शनिक सम्प्रदाय

हीनयान और महायान चार दार्शनिक सम्प्रदायों में बंटे हुए थे। इनमें से दो, वैभाषिक और सौत्रान्तिक, हीनयानी थे तो दो, माध्यमिक और योगाचार, महायानी। **शांकरभाष्य, श्लोकवार्त्तिक** और **सर्वदर्शनसंग्रह** जैसे ब्राह्मणवादी दर्शन की पुस्तकों में केवल इन चार बौद्ध सम्प्रदायों की ही चर्चा की गयी है, पहले के स्कूलों की नहीं।

१. वैभाषिक

कश्मीर और गन्धार के सर्वास्तिवादियों को वैभाषिक नाम दिया गया है, क्योंकि उन्होंने मूल सूत्रों की अपेक्षा सर्वास्तिवादियों के मुख्य अभिग्रन्थ, कात्यायनीपुत्र

---

१. ज. रा. ए. सो., १८९१, पृ० ४१८ प. पृ. ह्वेन-त्सांग के आंकड़े इस प्रकार है :
३२,००० महायानी भिक्षु
९६,००० हीनयानी भिक्षु जिनमें ४४,००० साम्मितीय भिक्षु हैं।
५४,००० हीनयान और महायान दोनों भिक्षु।

के **ज्ञानप्रस्थान** सूत्र (ई० पू० दूसरी सदी) की **विभाषाओं** (भाष्यों) को अधिक प्रामाणिक मान लिया था। ये **विभाषाएं** ई० की दूसरी सदी में संकलित की गयी थीं, और कहा जाता है कि अश्वघोष ने उन्हें साहित्यिक संस्कृत में लिखा था। इन **विभाषाओं** का चीनी भाषा में सन् ३८३-४३४ ई० में अनुवाद किया गया। **विभाषा** के दो संस्करण हैं, एक बृहद् संस्करण जो २०० भागों में है और एक छोटा संस्करण, जो केवल १४ भागों में है। प्रो० तकाकुसु के अनुसार बृहद् संस्करण काश्मीरी **विभाषा** का अनुवाद हो सकता है और छोटा संस्करण गान्धारी **विभाषा** का।

विभाषाओं का मुख्य रूप से कश्मीर में ही अध्ययन किया जाता था और वहाँ उनको सुरक्षित भी रखा गया। **वैभाषिक** सम्प्रदाय के अनेक विख्यात शिक्षक हैं, जैसे धर्मोत्तर, धर्मत्रात, घोषक, वसुमित्र और बुद्धदेव, जिनमें से हरेक का इस सम्प्रदाय के बाह्यप्रत्यक्षवाद के बारे में अपना-अपना विचार या मत था।[1]

वसुबन्धु (ई० की पांचवीं सदी)[2] गान्धार निवासी था। उसने कश्मीर में संघभद्र के साथ **विभाषाओं** का गम्भीर अध्ययन किया और **अभिधर्मकोश** और उसके भाष्य की रचना की जिसमें उसने **विभाषाओं** में विवेचित विषयों का संक्षेपण किया है। यह **कोश** और उसके **भाष्य** बौद्ध धर्म के शास्त्रीय ग्रन्थ माने जाने लगे और हीनयान और महायान दोनों के भिक्षु सामान्य रूप से उनका अध्ययन करते थे। **कोश** इतना महत्त्वपूर्ण माना गया कि इसके अध्ययन के लिए चीन में स्कूल (कोश-स्कूल) शुरू किये गये, और इसका आज भी चीन और जापान में गम्भीर अध्ययन किया जाता है। चीनी भाषा में इसका अनुवाद परमार्थ ने सन् ५६३-५६७ ई० में किया, फिर दूसरा अनुवाद ह्वेन-त्सांग ने सन् ६५१-६५४ ई० में किया। परमार्थ ने वलभी में इसका अध्ययन किया और ह्वेन-त्सांग ने नालन्दा में।

वसुबन्धु के जीवनकाल में, अर्थात् पाँचवीं सदी ई० के लगभग, वार्षगण्य ने विन्ध्यावास को साँख्य-शास्त्र समझाया, जिसने अयोध्या जाकर सारे विरोधियों को शास्त्रार्थ करने की चुनौती दी। राजा विक्रमादित्य ने बौद्ध भिक्षुओं को यह चुनौती कबूल करने के लिए निमंत्रित किया, लेकिन दुर्भाग्य से उस समय मनोरथ और वसुबन्धु दोनों ही देश से बाहर थे। इसलिए वसुबन्धु के एक वृद्ध गुरु बुद्धमित्र को यह चुनौती कबूल करनी पड़ी, लेकिन विन्ध्यावास ने उसे हरा दिया। जब वसुबन्धु को अपने आदरणीय गुरु की हार का पता चला तो उसने अपने आपको अत्यन्त अपमानित महसूस किया और उसने सांख्य मत के खंडनार्थ **परमार्थ-सप्तति** की रचना की। उसके इस ग्रन्थ से राजा विक्रमादित्य इतना प्रभावित हुआ कि उसने न केवल वसुबन्धु को पुरस्कृत, किया, बल्कि युवराज बालादित्य की शिक्षा का भार भी उसे सौंप दिया।[3]

---

१. तारा., पृ. ६७; एन. दत्त, **अर्ली मोनास्टिक बुद्धिज्म**, II., १४५।
२. आगे देखिये, पृ. ४३९।
३. ऊपर देखिये, पृ. ४३-४९।

तारनाथ ने केवल एक ही वैभाषिक शिक्षक, गुणप्रभ का जीवन-चरित्र लिखा है, जो वसुबन्धु का शिष्य था। गुणप्रभ मथुरा के एक ब्राह्मण परिवार में जन्मा और उसने वेदों और ब्राह्मण ग्रन्थों को पढ़ा था। फिर उसने त्रिपिटक और महायान ग्रन्थों का गम्भीर अध्ययन किया। लगता है कि उसने **विनयपिटक** में विशेष रुचि दिखायी थी और कहा जाता है कि अग्रपुरी-विहार में रहते हुए, उसने वहां के भिक्षुओं से विनय के नियमों का कठोर पालन करवाया था। वह उस समय के शासक सम्राट हर्षवर्धन का आध्यात्मिक गुरु था। ह्वेनत्सांग ने लिखा है कि गुणप्रभ जो मतिपुर के बिहार में रहता था, महान् बौद्धिक प्रतिभावान् भिक्षु और प्रगल्भ लेखक था। वह महायान के प्रति अपना झुकाव त्याग कर कट्टर वैभाषिक बन गया और आजीवन वैभाषिक बना रहा।[१]

२. सौत्रान्तिक

वैभाषिकों के बाह्यप्रत्यक्षवाद के विरोध में सौत्रान्तिक सम्प्रदाय का गन्धार और कश्मीर में विकास हुआ। इस नाम की व्युत्पत्ति सूत्र या सूत्रान्त से है। ये लोग सूत्र-पिटक या सूत्रान्तों को ही अन्तिम प्रमाण मानते थे, जिनमें विभाषाओं और यहां तक कि अभिधर्मों तक को शामिल नहीं किया जाता था। **कोश**[२] में कहा गया है कि यह स्कूल **विनयपिटक** का समर्थक (विनयवादी) था और साथ ही दार्ष्टान्तिक भी था, क्योंकि वे हर अनुमान के प्रमाण के लिए दृष्टान्त मांगते थे। वैभाषिकों से विपरीत, जो बाह्य वस्तुओं का अस्तित्व प्रत्यक्ष ज्ञान के आधार पर स्वीकार करते थे, सौत्रान्तिकों का कहना था कि बाह्य वस्तुएँ केवल भ्रम (प्रज्ञप्ति) हैं और उनका अस्तित्व केवल अनुमान (बाह्यार्थानुमेयत्व) द्वारा ही सिद्ध किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक व्यक्ति के मोटापे का अर्थ है कि वह पौष्टिक भोजन करता रहा है, उसी प्रकार विचारणा के अस्तित्व में सत्य (ज्ञेय) का अस्तित्व भी अन्तर्निहित है, जिसकी उपलब्धि जरूरी है। कोश[३] में कहा गया है कि **असंस्कृत,** मिसाल के लिए आकाश या निर्वाण, कोई वास्तविक पदार्थ (द्रव्य) नहीं है—वह तमाम यथार्थ तत्त्वों का केवल अभाव है। तकाकुसु ने अपने ग्रन्थ "बौद्ध-दर्शन के मूल तत्त्वा" (Essentials of Buddhist Philosophy)[४] में लिखा है कि सौत्रान्तिकों के अनुसार "कोई पदार्थ नहीं है (अनात्म), कोई काल नहीं है (अनित्य), कोई सुख नहीं है (दुःख), केवल निर्वाण है (सुख)।" सैद्धान्तिक शाखा के हीनयानी यह मत स्वीकार करते हैं कि—**स्कन्धमात्र** (तत्त्वों के सूक्ष्मतम रूप) एक अस्तित्व से दूसरे अस्तित्व में बदल जाते हैं, लेकिन उसका दावा है कि निर्वाण में स्कन्धमात्रों का अस्तित्व भी समाप्त हो जाता है।

---

१. या. ट्रे. वा., I, ३२३।
२. VIII, ३२।
३. II, १२७।
४. डब्ल्यू० टी० चाउ और सी. ए. मूर द्वारा सम्पादित, **होनोलुलु १९४७,** पृ० ७४।

इस मत का मूल प्रतिपादक तक्षशिला-निवासी कुमारलब्ध[1] था। वह एक प्रसिद्ध शिक्षक था और चार "भारत-मार्तण्डों" में गिना जाता था। अन्य तीन के नाम हैं; अश्वघोष, नागार्जुन और आर्यदेव। कालक्रमानुसार कुमारलब्ध को आर्यदेव और वसुबन्धु के बीच में कहीं रखना चाहिए।

सौत्रान्तिक मत का दूसरा महान् प्रतिपादक श्रीलाभ था, जिसका वसुबन्धु ने अपने **कोश-भाष्य** में उल्लेख किया है। वह कश्मीर का रहने वाला था और महान् शास्त्रज्ञ था। ह्वेन-त्सांग ने अयोध्या में एक चैत्य देखा था जहाँ कुछ दिनों तक श्रीलाभ रहा था। अवश्य ही वह वसुबन्धु से कई वर्ष पहले हुआ था।

तिब्बती इतिहासकार इस स्कूल के अस्तित्व के बारे में बिल्कुल खामोश रहे हैं। प्रो० तकाकुसु का विचार है कि सौत्रान्तिकों का विकास हरिवर्मन् के सत्यसिद्धि स्कूल से हुआ था, जो सन् २५०-३५० ई० में भारत में प्रचलित था। लेकिन किसी भी भारतीय ग्रन्थ में हरिवर्मन् या सत्यसिद्धि स्कूल का कोई हवाला नहीं मिलता, इसलिए यह सन्दिग्ध है कि इस स्कूल का कभी भी भारत में अस्तित्व था।

३. माध्यमिक

माध्यमिक-दर्शन का मान्य प्रवर्तक नागार्जुन था,[2] जो ईसा की पहली शताब्दी के लगभग हुआ। उसने अपने ग्रन्थ **मूलमध्यमकारिका** में यह स्थापना की कि एक मात्र यथार्थ **शून्यता** है और यथार्थ का कोई भी लौकिक वर्णन सम्भव नहीं है। अधिक से अधिक इस सीमा तक ही जाया जा सकता है कि यथार्थ का विचार प्रस्तुत करने के लिए हर ज्ञात या अनुमेय वस्तु का निषेध किया जाय। उसका कहना था कि यह प्रत्यक्ष-जगत् यथार्थ या वास्तविकता पर मिथ्यावधारित अध्यारोपण है, इसलिए प्रत्यक्ष या बाह्यजगत् (संसार) और यथार्थ या वास्तविकता (**शून्यता** या **निर्वाण**) में बिल्कुल कोई भेद नहीं है।

नागार्जुन के मत को विकसित करने का भार उसके शिष्य आर्यदेव ने उठाया, जिसके बारे में पहले कहा जा चुका है कि वह भारत के चार विख्यात विचारकों में से है। आर्यदेव सिंहल के एक राजा का दत्तक पुत्र था और वह नागार्जुन के बाद नालन्दा के संघाराम का संघाध्यक्ष और माध्यमिक स्कूल का आध्यात्मिक गुरु बना। विरोधी धर्म-शिक्षकों के तर्कों का बार-बार सफलतापूर्वक खंडन करने से उसे अपार ख्याति मिली थी। उसने अनेक प्रबन्ध लिखे, जिनमें से केवल एक ही, **चतुःशतक,** अपने मूल संस्कृत रूप में सुरक्षित है। वह एक लम्बे अरसे तक नालन्दा में रहा, फिर अपने जीवन के अन्तिम काल में कांची चला गया, जहाँ ईसा की दूसरी सदी के लगभग उसकी मृत्यु हो गयी।

---

१. आर्यदेव के समकालीन उत्तर को भी सौत्रान्तिक स्कूल के संस्थापकों में अन्यतम मानते हैं। देखिये, या. ट्रै. वा. II, पृ० २२४।

२. जिल्द II. पृ० ३८८ प. पृ. (अंग्रेजी संस्करण)।

उसका शिष्य मातृचेत उत्तर भारत के एक ब्राह्मण परिवार में जन्मा था। वह वेदों और वेदांगों का प्रकांड विद्वान् तो था ही, तन्त्रों और मन्त्रों का भी ज्ञाता था। वह महेश्वर का उपासक था और उसकी प्रशंसा में स्तोत्र रचता था। उसने द्वन्द्वात्मक विचार पद्धति या तर्कशास्त्र का विशेष अध्ययन किया था। उसका असली नाम काल था, लेकिन उसे मातृचेत या पितृचेत इसलिए पुकारते थे, क्योंकि वह अपने मां-बाप का अत्यधिक आदर करता था। अपनी असाधारण प्रतिभा और शास्त्रार्थों में प्राप्त सफलताओं के कारण वह दुर्धर्ष काल के नाम से भी प्रसिद्ध था। लेकिन आर्यदेव से शास्त्रार्थ में हारने और बौद्ध-धर्म अपना लेने के बाद, वह एक बड़ा उत्साही बौद्ध उपदेशक बन गया। उसने अनेक प्रबन्ध लिखे और हीनयान और महायान दोनों का प्रतिपादन किया। जिन दिनों राहुलभद्र नालन्दा का संघाध्यक्ष था, उसने वहाँ चौदह गन्धकुटियां (मंदिर) और चौदह विहार बनवाये। उसने तेरह ग्रन्थ रचे हैं, जिनमें से दो स्तोत्र-संग्रह—**वर्णार्ह-वर्णस्तोत्र**[१] (४०० पद) और **शतपंचाशत्कनामस्तोत्र**[२] (२५० पद) आज भी प्रसिद्ध हैं। नालन्दा में इनका गायन हीनयानी और महायानी दोनों प्रकार के भिक्षु करते थे।

राहुलभद्र, जो आर्यदेव का शिष्य था, अपने शिक्षक के बाद नालन्दा का संघाध्यक्ष बना। वह शूद्र जाति का था और उसके पास अपार धन था। वह अमिताभ बुद्ध का उपासक था।

यह ज्ञात नहीं है कि राहुलभद्र के बाद नालन्दा का संघाध्यक्ष कौन बना। तारनाथ के कथनानुसार राहुलभद्र ने माध्यमिक सिद्धान्त की शिक्षा का कार्य अपने शिष्य राहुलमित्र[३] को सौंपा था, जिसने अपने बाद यह कार्य अपने शिष्य नागमित्र को सौंपा। नागमित्र का शिष्य संघरक्षित था, जिसे असंग[४] का समकालीन बताया जाता है, और जो सम्भवतः पाँचवीं सदी के आरम्भ में हुआ था। आर्यदेव और संघरक्षित के बीच लगभग दो शताब्दियों का अन्तर है। लगता है कि इन दो शताब्दियों में माध्यमिक दर्शन के विकास में किसी ने कोई उल्लेखनीय योगदान नहीं किया।

इसी प्रसंग में यह उल्लेखनीय है कि बौद्ध-धर्म के ग्रन्थों का संस्कृत से चीनी[५] भाषा में अनुवाद करने वाला प्रसिद्ध विद्वान् कुमारजीव माध्यमिक स्कूल का अनुयायी

---

१. तिब्बती भाषा में इस स्तोत्र के १५० पद सबसे पहले प्रो० एफ० डब्ल्यू० टॉमस ने १९०५ में **इंडियन ऐक्टिक्वेरी**, १९०५ पृ० १४५ प. पृ० में प्रकाशित किये थे, डॉ० हॉर्नली ने अपनी पुस्तक '**मैनुस्क्रिप्ट रीमेन्स इन ईस्टर्न तुर्किस्तान** पृ० ७५ प. पृ० में मूल संस्कृत पाठ के कुछ अंश प्रकाशित किये थे।

२. इस स्तोत्र का राहुल सांकृत्यायन ने ज. वि. ओ. रि. तो, १९३७ में सम्पादन और प्रकाशन किया था। हाल में डी० आर० शाकलेटन बेली ने इसका सम्पादन किया है। कैम्ब्रिज, १९५१।

३. तारनाथ, पृ० १०२, ई-त्सिंग (पृ० ६४) ने अपने समय के एक प्रसिद्ध भिक्षु का उल्लेख किया है, जिसका नाम भी राहुलमित्र था, और जो पूर्वी भारत के भिक्षुओं के प्रधान के रूप में सम्मानित हुआ था।

४. तारनाथ, पृ० १०४.।

५. देखिये, परिच्छेद २३।

बन गया था और पाँचवीं शताब्दी में उसने चीन में इस विचारदर्शन का व्यापक प्रचार किया था।[1]

माध्यमिक दर्शन के दो महान् प्रतिपादक बुद्धपालित और भावविवेक संघरक्षित के शिष्य थे। उन्हें पाँचवीं सदी के अन्त में रखा जा सकता है, और वे योगाचार स्कूल के स्थिरमति और दिङ्नाग के वयस्क समकालीन थे।

बुद्धपालित दक्षिण के किसी देश में पैदा हुआ था। वह दंतपुर (कलिंग की राजधानी) में रहता था और उस क्षेत्र में माध्यमिक दर्शन का प्रचार करता था। उसने नागार्जुन के **मूल-मध्यमक-सूत्र** का भाष्य लिखा और **शून्यता** का अनुमान सिद्ध करने के लिए नागार्जुन और आर्यदेव की **प्रासंगिक** पद्धति का प्रयोग किया।

भावविवेक दक्षिण में मलयगिरि के एक क्षत्रिय परिवार में पैदा हुआ था। वह मध्य देश आया और संघरक्षित का शिष्य बन गया। उसने महायान ग्रन्थों का, विशेष रूप से नागार्जुन के सिद्धान्तों का, गम्भीर अध्ययन किया। वह फिर दक्षिण लौट गया और वहाँ उसने पचास बौद्ध मठों के संचालन का कार्य-भार उठा लिया। उसके शिष्यों की संख्या काफी बड़ी थी। बुद्धपालित की मृत्यु के बाद, उसने नागार्जुन के **मूल-मध्यमक-सूत्र** पर **प्रज्ञाप्रदीप** नाम से एक व्याख्यात्मक प्रबन्ध लिखा। उसने बुद्धपालित की **प्रासंगिक** पद्धति त्याग दी और उसके कुछ तर्कों का भी खंडन किया, और नागार्जुन के **शून्यता** सिद्धान्त को **स्वातन्त्रिक** (सीधे तर्क) पद्धति से प्रमाणित किया। उसने एक स्वतन्त्र ग्रन्थ भी लिखा, जिसका नाम **माध्यमिकहृदय** है। इसके साथ ही उसने **तर्कज्वाला** नाम से एक टीका लिखी, जिसमें उसने **स्वातन्त्रिक पद्धति** की व्याख्या की और **बोधिसत्त्व**[2] के कार्यों का विवेचन किया। ह्वेन-त्सांग ने लिखा है कि इस पुस्तक में भावविवेक ने न केवल माध्यमिक विरोधी दर्शनों का, बल्कि ब्राह्मणवादी दर्शनों का भी, खंडन किया है भावविवेक के जमाने में ही माध्यमिकों और योगाचारियों में एक तीखी दरार पड़ी थी, और दोनों पद्धतियाँ महायान की दो भिन्न विचारधाराओं में बंट गयी। दोनों मतों के अनुयायियों में तीखी बहस चल पड़ी, विशेषकर भावविवेक और स्थिरमति के शिष्यों में।

माध्यमिक दर्शन का अगला महान् प्रतिपादक चन्द्रकीर्ति था। उसने बुद्धपालित की **प्रासंगिक** पद्धति का इतना निकट अनुसरण किया कि कुछ परम्पराओं में उसे बुद्ध-पालित का दूसरा अवतार कहा गया है। नागार्जुन के **मूलमध्यमक** पर उसकी टीका **प्रसन्नपदा** एक उत्कृष्ट कृति है और मूल संस्कृत में उपलब्ध है। वह दक्षिण के समन्त में पैदा हुआ था और उसने बुद्धपालित के शिष्य कमलबुद्धि से माध्यमिक दर्शन का अध्ययन किया था। फिर वह नालन्दा का संघाध्यक्ष बना और उसने अनेक टीकाएँ लिखीं और छन्दबद्ध प्रबन्ध लिखा, जिसका नाम **समन्तभद्र** है। वह दक्षिण गया और वहाँ उसने

---

१. तकाकुसु **एसेंशियल्स आफ बुद्धिस्ट फिलॉसॉफी,** पृ० ९९।
२. तारनाथ, पृ० १३६।

शास्त्रार्थ में कोंकण के कुछ धर्म-शिक्षकों को हराया, एक बड़ी संख्या में ब्राह्मणों और गृहस्थों को बौद्धधर्म की दीक्षा दी और बड़े-बड़े बौद्ध विहारों की स्थापना की । चन्द्र-गोमिन् के साथ बहुत दिनों तक उसकी बहसें चलती रहीं, जो उसका समकालीन था और योगाचार-दर्शन का प्रतिपादक था । उसने चन्द्रगोमिन् के विशाल अध्ययन और विविध विषयों की जानकारी की प्रशंसा की और उसे नालन्दा के संघाराम में एक सम्मानित पद पर प्रतिष्ठित करने का प्रस्ताव किया ।

चन्द्रकीर्ति के बाद धर्मपाल (सन् ६३५ ई०) नालन्दा का संघाध्यक्ष बना । वह योगाचारी मत का था । फिर कुछ समय के लिए जयदेव[1] संघाध्यक्ष बना । जयदेव का शिष्य शान्तिदेव था, जो चन्द्रकीर्ति के बाद माध्यमिक स्कूल का सबसे प्रसिद्ध लेखक था ।

शान्तिदेव (जिसका मूल नाम शान्तिवर्मन् था) सौराष्ट्र के राजा कल्याणवर्मन् का बेटा था। वह भुसुकु के नाम से भी ज्ञात है । उसने विभिन्न विज्ञानों का अध्ययन किया और एक भिक्षु का जीवन व्यतीत करने के लिए अपनी राजगद्दी त्याग दी । वह मंजुश्री का उपासक था ।

वह भी मध्यदेश गया और नालन्दा के जयदेव का शिष्य बन गया । उसने मगध के पश्चिम में रहनेवाले विधर्मियों की एक बड़ी संख्या को बौद्ध बनाया, जिनमें एक राजा और दक्षिण में श्रीपर्वत के अनेक शिव-भक्त भी थे । उसने तीन ग्रन्थ रचे : **शिक्षासमुच्चय, बोधिचर्यावतार** और **सूत्र-समुच्चय** । इनमें से दो मूल संस्कृत में उपलब्ध हैं । **शिक्षासमुच्चय** में उसने उन आचार-नियमों का संग्रह किया, जिनका एक बोधिसत्त्व को पालन करना चाहिए, जबकि **बोधिचर्यावतार** में उसने इस बात का चित्रण किया कि एक बोधिसत्त्व किस प्रकार धीरे-धीरे आध्यात्मिक प्रगति करता हुआ **प्रज्ञापारमिता**, अर्थात् शून्यता की माध्यमिक अवधारणा प्राप्त करता है ।

शान्तिदेव के बाद कश्मीर के राजा का भतीजा सर्वज्ञमित्र (आठवीं सदी), नालन्दा का एक प्रसिद्ध शिक्षक बना । वह रविगुप्त का शिष्य था । उसने कश्मीर और मगध में काम किया था और जयदेव का समकालीन था । वह **स्रग्धरास्तोत्र** का लेखक है, जो मूल संस्कृत में उपलब्ध है ।

४. योगाचारी

आमतौर पर धारणा यह है कि नागार्जुन के माध्यमिक दर्शन के प्रवर्तन के बाद ही, अर्थात् तीसरी सदी के लगभग, योगाचार दर्शन का उद्भव हुआ था । इस दर्शन का प्रवर्त्तक मैत्रेयनाथ था, जिसका इतिहास तारनाथ, बु-स्टॉन और दूसरे विद्वानों ने भावी बुद्ध मैत्रेय के साथ अभिन्न मानकर अस्पष्ट बना दिया है । प्रो० तकाकुसु[2] के अनुसार

---

१. तारनाथ, पृ० १६२ ।

२. **एसेंशियल्स आफ बुद्धिस्ट फिलॉसॉफी**, पृ० ९८.

योगाचार दर्शन का सबसे पहला ग्रन्थ अश्वघोष का **श्रद्धोत्पादसूत्र** है, जो ईसवी की पहली शताब्दी के लगभग रचा गया था। लेकिन इस सूत्र की प्राचीनता के बारे में आमतौर पर अन्य विद्वान् प्रो० तकाकुसु से सहमत नहीं हैं। कुछ विद्वानों का विचार है कि **पंचविंशतिसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता**[1] योगाचार का प्रथम ग्रन्थ है। बाद में इसको मैत्रेय के **अभिसमयालंकारकारिका** के अनुकूल परिवर्तित कर लिया गया। इन मूल ग्रन्थों के बाद **दशभूमिक-सूत्र, काश्यप-परिवर्त** और **लंकावतार-सूत्र** आदि योगाचार के अन्य ग्रन्थ रचे गये। इन ग्रन्थों के भी बाद **संधिनिर्मोचन-सूत्र** रचा गया, जिसने धर्म-सूत्रों के अस्पष्ट आदर्शवाद और असंग द्वारा विकसित विज्ञानवाद में सम्बन्धसूत्र का काम किया, जिसके अनुसार चित्त ही एक मात्र सत्ता है, उसके अलावा और किसी चीज का अस्तित्व नहीं है। बाह्य जगत् मन या चित्त की ही सृष्टि है। माध्यमिकों की तरह योगाचारी भी सिद्ध करते हैं कि शून्यता ही एक मात्र यथार्थ या वास्तविकता है जो न उत्पन्न होती है, (अनादि या अज), न विसर्जित होती है (अनन्त), और जो वर्णनातीत (अनिर्वचनीय) है। माध्यमिक दर्शन से इसका अन्तर केवल यह है कि योगाचार के अनुसार यह वास्तविकता शुद्ध चेतना **(विज्ञप्तिमात्र)** है, जो माध्यमिक निरपेक्षतावाद के विरुद्ध है, क्योंकि वह **शून्यता** का कोई **गुण,** शुद्ध चेतना का गुण भी, स्वीकार नहीं करता।

मैत्रेयनाथ सन् २७०-३५० ई० के लगभग अयोध्या में रहता था। उसने विज्ञानवादी विचारों को संगुफित करते हुए कई ग्रन्थ रचे। उसके **अभिसमयालंकार-कारिका, मध्यान्तविभाग** और **बोधिसत्त्व-भूमि** मूल संस्कृत भाषा में उपलब्ध हैं। इसलिए सबसे पहले विज्ञानवादी दर्शन के प्रतिपादन का श्रेय मैत्रेयनाथ को देना चाहिए, न कि असंग को, जैसा कि कुछ परम्पराओं में किया गया है।

असंग पुरुषपुर (पेशावर) के राज-पुरोहित का पुत्र था। वह पहले महिशासक सम्प्रदाय में शामिल हुआ, जहां पिण्डोल नाम के एक भिक्षु ने **पुद्गल-शून्यता** की हीनयानी विचारधारा से उसका परिचय कराया। क्योंकि इस सिद्धान्त से उसे पूरा सन्तोष नहीं हुआ, इसलिए वह महायान के सत्यों की जानकारी प्राप्त करने के लिए मैत्रेयनाथ के पास गया। मैत्रेयनाथ से वह बहुत प्रभावित हुआ, और उसे जबर्दस्त प्रेरणा प्राप्त हुई। मैत्रेयनाथ ने उसे अध्ययन के लिए **सप्तदशभूमिशास्त्र** (सन् ४१३-४२९ ई० में चीनी भाषा में अनूदित), **महायानसंग्रह, अभिधर्मसमुच्चय** तथा कुछ अन्य ग्रन्थ दिये। असंग ने फिर मैत्रेयनाथ की सूक्तियों का संग्रह किया, और उन कार्य-विधियों का ब्यौरा तैयार किया, जिनका एक योगाचारी भिक्षु को पालन करना चाहिए, तथा अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उसे जिन आध्यात्मिक चरणों से गुजरना पड़ेगा। असंग सन् ३१०-३९० ई० के बीच अयोध्या में रहा था। उसने इस सिद्धान्त को एक दृढ आधार प्रदान किया और इसका भविष्य सुरक्षित करने के लिए अपने छोटे भाई वसुबन्धु, को, जो एक महान् बौद्धिक प्रतिभा का विचारक था, अपना सर्वास्तिवाद का पुराना मत त्याग कर योगाचार मत का प्रतिपादन करने के लिए राजी कर लिया।

---

१. एन० दत्त द्वारा सम्पादित और कलकत्ता ओरिएंटल सीरीज में प्रकाशित।

वसुबन्धु आरम्भ में सर्वास्तिवादी था।[1] उसके बड़े भाई असंग ने उसे योगाचार मत की ओर आकृष्ट कर लिया। नये मत को अपनाने के बाद उसने विज्ञानवाद के दार्शनिक सिद्धान्तों के विकास में महत्त्वपूर्ण योग दिया। उसका **विज्ञप्तिमात्रतासिद्धि** विज्ञानवाद का एक महान् ग्रन्थ है। बीस या तीस कारिकाओं में, जो **विंशतिका** और **त्रिंशिका** के नाम से प्रसिद्ध हैं, उसने अपने दृष्टिकोण से विज्ञानवाद का प्रतिपादन किया है। वह केवल एक टीकाकार और दार्शनिक ही नहीं था, बल्कि एक महान् तर्कशास्त्री भी था। उसके समय में तर्कविज्ञान दरअसल शास्त्रार्थ या बहस (वाद) का एक अंग था, इसलिए तर्क-विज्ञान पर लिखी उसकी सभी पुस्तकों के शीर्षक "वाद" शब्द से शुरू होते हैं, जैसे **वादहृदय, वादविधि, वादविधान।** इस बात का श्रेय वसुबन्धु के शिष्य दिङ्नाग को है कि उसने तर्क-विज्ञान को वाद से अलग करके **वाद** के स्थान पर **न्याय** शब्द का प्रयोग चालू किया।

नालन्दा के संघाध्यक्ष के पद पर दीर्घकाल तक रह कर वसुबन्धु ने अत्यन्त महत्त्वपूर्ण कार्य किया। उसके शिष्यों की काफी बड़ी तादाद थी, जिनमें गुणमति, स्थिरमति, दिङ्नाग, संघदास, धर्मदास, धर्मपाल और विमुक्तसेन के नाम उल्लेखनीय हैं।

गुणमति वलभी का रहने वाला था और उसने अपने जीवन के अधिकांश दिन वहीं पर गुजारे थे। वह नालन्दा आया और वहाँ के प्रसिद्ध शिक्षकों में से एक हो गया। उसका नाम अक्सर स्थिरमति के साथ लिया जाता है, जो उसका समकालीन ही नहीं था, बल्कि वलभी में उसके साथ एक ही चैत्य में रहा था। गुणमति ने **अभिधर्मकोश**[2] की एक टीका लिखी और मध्व के द्वैतवाद और साथ ही भाव्य (=भावविवेक) सम्बन्धी माध्यमिकों के मतों का खंडन किया। उज्जयिनी का महान् विद्वान् परमार्थ इस गुणमति का ही शिष्य था। उसने गुणमति के ग्रन्थ **लक्षणानुसारशास्त्र** का चीनी भाषा में अनुवाद किया।

स्थिरमति दंडकारण्य का रहने वाला था। वह गुणमति का शिष्य बना और उसने गुणमति के **शास्त्रों** का अध्ययन किया। उसने हीनयान और महायान दोनों के दार्शनिक सिद्धान्तों का अध्ययन किया और वसुबन्धु के **अभिधर्मकोश, अभिधर्मसमुच्चय** और दूसरे ग्रन्थों की टीकाएँ लिखीं। उसने सारे **राष्ट्रकूट-सूत्रों** को कंठस्थ कर लिया और उसके एक ग्रन्थ **काश्यप-परिवर्त** की टीका लिखी। उसने **मध्यान्तविभाग** और वसुबन्धु के **त्रिंशिका** पर प्रबन्ध रचे, जो अपने मूल संस्कृत रूप में प्राप्त हो गये हैं।[3]

वसुबन्धु का एक और प्रतिभाशाली शिष्य दिङ्नाग था। वह कांची (कांजीवरम्) के एक ब्राह्मण परिवार में जन्मा किन्तु वस्तिपुत्रीय (=साम्मितीय) सम्प्रदाय का भिक्षु बन गया। वसुबन्धु का शिष्य बनने के बाद उसने अपना पुराना मत त्याग

---

१. ऊपर देखिए, पृ० ४३२, एक वैभाषिक शिक्षक के रूप में।

२. वाटर्स (II, पृ० १०८) का विचार है कि **कोश** का टीकाकार गुणमति, योगाचारी गुणमति से भिन्न था। **कोश** क्योंकि एक बुनियादी ग्रन्थ था और हीनयानी और महायानी दोनों ही उसका अध्ययन करते थे, इसलिए **कोश** का टीकाकार एक योगाचारी भी हो सकता है।

३. ज. रा. ए. सो., १९४७, पृ. ५३ प. पृ.।

दिया और विज्ञानवादी बन गया। वह तर्क-विज्ञान का विशेषज्ञ था। इस विषय पर उसने अनेक प्रबन्ध लिखे, जिनमें से **प्रमाणसमुच्चय** सर्वश्रेष्ठ है। उसके दो ग्रन्थ **न्याय-प्रवेश** और **प्रज्ञापारमितापिण्डार्थ** मूल संस्कृत भाषा में उपलब्ध हैं। उसके कुछ ग्रन्थों का सन् ५०० ई० में चीनी भाषा में अनुवाद हुआ। ई-त्सिंग ने उसके आठ ग्रन्थों की सूची दी है, जिनका विद्यार्थी तर्क-विज्ञान की पाठ्य पुस्तकों की तरह प्रयोग करते थे। उसने अपने जीवन का अधिकांश भाग बौद्धिक खंडन-मंडन में व्यतीत किया, और उद्योतकर, कुमारिलभट्ट और पार्थसारथी मिश्र आदि ब्राह्मणवादी नैयायिकों ने उसके विचारों की कड़ी आलोचना की। दिङ्नाग दरअसल मध्यकालीन न्यायशास्त्र का प्रवर्तक था। उससे पहले के विद्वानों, नागार्जुन, असंग और वसुबन्धु ने, अपने सिद्धान्तों के प्रतिपादन के लिए तर्कशास्त्र का प्रयोग किया था, लेकिन दिङ्नाग पहला विद्वान् था, जिसने तर्क या न्याय के स्वतन्त्र विज्ञान के मूल सिद्धान्तों और पद्धतियों का निर्धारण किया। वह ओडिविस गया और वहां उसने राजा के कोषाध्यक्ष भद्रपालित को बौद्ध-धर्म की दीक्षा दी, जिसने सोलह चैत्यों का निर्माण करवाया। वह शायद पाँचवीं सदी के अन्त में या छठी शताब्दी में हुआ था। दिङ्नाग के भी अनेक शिष्य थे, जिनमें से शंकर-स्वामी और धर्मपाल विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

शंकरस्वामी दक्षिण भारत का था और वह **न्यायप्रवेश-तर्कशास्त्र** का लेखक है जिसका ह्वेन-त्सांग ने सन् ६४७ ई० में चीनी भाषा में अनुवाद किया।

धर्मपाल कांची का रहनेवाला था। ह्वेन-त्सांग ने लिखा है कि वह राजा के एक उच्चपदाधिकारी का बेटा था, जबकि तारनाथ का कहना है कि वह एक स्तोता या मंत्रपाठी का बेटा था और छोटी उमर में ही बौद्ध और ब्राह्मणवादी ग्रन्थों के काफी बड़े हिस्सों का स्मृति से पाठ कर सकता था। वह मध्यदेश आया और दिङ्नाग का शिष्य बन गया। वह अपनी स्मृति से सौ बड़े-बड़े सूत्रों को जबानी सुना सकता था। उसने **स्तोत्र** और **स्तव** रचे। कुछ समय तक वह गया में धर्म की शिक्षा देता रहा, जहाँ उससे भावविवेक मिलना चाहता था, लेकिन इसमें सफल नहीं हुआ। धर्मपाल ने विशोक (कौशाम्बी के निकट) में शास्त्रार्थों में अनेक हीनयानी शिक्षकों को हराया था। फिर वह नालन्दा का संघाध्यक्ष बना और उसने योगाचार-दर्शन पर कुछ ग्रन्थ लिखे। उसने ही धर्मकीर्ति को बौद्ध भिक्षु की दीक्षा दी थी। वह सातवीं सदी के आरम्भ में हुआ था और उसके बाद उसका शिष्य शीलभद्र नालन्दा का संघाध्यक्ष बना, जिससे ह्वेन-त्सांग ने बौद्धग्रन्थों का अध्ययन किया था।

शीलभद्र समतट के एक राजपरिवार से आया था। वह धर्मपाल का शिष्य था और कुछ ही दिनों में उसने शास्त्रार्थ करने में महान् ख्याति प्राप्त कर ली। उसने दक्षिण भारत के अनेक विद्वानों को दार्शनिक विवादों में हराया और देश के राजा ने पुरस्कार के रूप में उसे एक गांव का राजस्व दान किया था। इस राजस्व से उसने चैत्यों का निर्माण किया और उसमें रहने वाले भिक्षुओं के खर्च का प्रबन्ध किया। ह्वेन-त्सांग ने अपने इस मित्र और शिक्षक की खुले दिल से तारीफ की है। चीनी यात्री उससे सातवीं

सदी के मध्य में मिला था। नालन्दा का वह अन्तिम संघाध्यक्ष था, जिसका नाम हमें ज्ञात है। उसके बाद विज्ञानवाद का अगला प्रसिद्ध लेखक हरिभद्र था, जो पाल राजा धर्मपाल के शासन-काल में हुआ था। वह विरोचनभद्र का शिष्य था। यह ज्ञात नहीं है कि शीलभद्र और हरिभद्र के बीच विज्ञानवाद के और कितने शिक्षक हुए थे।

दिङ्नाग का एक शिष्य ईश्वरसेन था, जो शीलादित्य हर्षवर्धन के कुछ बाद हुआ था। उसने धर्मकीर्ति को दिङ्नाग का **प्रमाणसमुच्चय** समझाया था।

धर्मकीर्ति दक्षिण के एक ब्राह्मण परिवार से आया था और सम्भवतः प्रसिद्ध कुमारिल भट्ट का भतीजा था। सोलह या अठारह साल की उम्र में ही वह नास्तिकों के सभी शास्त्रों में पारंगत हो गया था। तब उसे बोध हुआ कि उसके अपने सिद्धान्तों में अनेक त्रुटियां थीं और सारे शास्त्र अपूर्ण थे, जबकि बुद्ध के महान् उपदेश इसके ठीक विपरीत थे। उसको बुद्ध की शिक्षा पसन्द आयी और वह एक **उपासक** बन गया। बुद्ध के प्रति अपनी अनन्य भक्ति के कारण उसे ब्राह्मणों ने धर्म से निकाल दिया। वह मध्यदेश आया जहाँ धर्मपाल ने उसे बौद्ध धर्म में दीक्षित किया। उसने अपने शिक्षक ईश्वरसेन से दिङ्नाग के **प्रमाणसमुच्चय** का अध्ययन किया, लेकिन वह कुछ मामलों में अपने शिक्षक से सहमत नहीं हो सका, इसलिए उसने इस ग्रन्थ की एक नयी टीका लिखी। उसने सांख्य-दर्शन के जटिल विषयों का गम्भीर अध्ययन किया और फिर शास्त्रार्थ में नास्तिक शिक्षकों को परास्त किया। कहते हैं कि न्यायशास्त्र के क्षेत्र में उसका योगदान दिङ्नाग से भी अधिक महत्त्वपूर्ण है। उसका ग्रन्थ **न्यायबिन्दु** मूल संस्कृत में प्राप्त है। उसका दूसरा महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ **प्रमाणवार्त्तिक** है, जिसकी टीका **प्रज्ञाकारगुप्त**[1] ने लिखी है। शान्तरक्षित ने अपने ग्रन्थ **तत्त्वसंग्रह** में उसके विचारों की आलोचना की है। क्योंकि ई-त्सिंग ने अपने विवरण में धर्मकीर्ति का उल्लेख किया है, इसलिए उसे सातवीं सदी में ही रखना चाहिए।

स्थिरमति के सबसे अधिक प्रतिभाशाली शिष्यों में से एक चन्द्रगोमी था, जिसने भारतीय व्याकरण-शास्त्र के विकास में उल्लेखनीय योगदान किया है। वह वरेन्द्र में पैदा हुआ था जो पूर्व में है। उसने सारे विज्ञानों का अध्ययन किया था, जिनमें व्याकरण और द्वन्द्वात्मक पद्धति भी थी। स्थिरमति से उसने **सूत्र** और **अभिधर्मपिटक** का अध्ययन किया और दूसरे शिक्षकों से मन्त्र और तन्त्र सीखे। वह तारा और अवलोकितेश्वर का उपासक था। उसने वरेन्द्र के राजा की बेटी से विवाह किया, जिसका नाम तारा था। एक दिन अचानक उसे लगा कि उसकी पत्नी तारा उसकी आराध्यदेवी तारा से भिन्न नहीं है, और वह घर छोड़कर चला गया। वह एकान्तवासी बनकर गंगा पार कर ऐसे निर्जन स्थान में जाकर रहने लगा, जो बाद में चन्द्रदीप के नाम से प्रसिद्ध हुआ। इस स्थान पर उसने तारा और अवलोकितेश्वर के मन्दिर बनवाये। वह विज्ञानवादी था और इस प्रकार वह चन्द्रकीर्ति का प्रतिद्वन्द्वी था, जो माध्यमिक दर्शन के बुद्धपालित स्कूल का अनुयायी था। ये दोनों विद्वान् कई वर्षों तक सैद्धान्तिक बहसें करते रहे थे। चन्द्रगोमी ने चिकित्सा,

---

१. राहुल सांकृत्यायन द्वारा सम्पादित।

वास्तु-कला, कोश-कला, व्याकरण, द्वन्द्वात्मक पद्धति, छन्दशास्त्र और काव्यशास्त्र आदि विविध विषयों पर अनेक प्रबन्ध रचे। उसके ग्रन्थ **चान्द्र-व्याकरण** का विद्वानों में बहुत सम्मान हुआ। उसने **दशभूमिक, समाधिराज, लंकावतार** और **प्रज्ञापारमिता** आदि ग्रन्थों का अध्ययन करके उनके सारांश तैयार किये। वह **प्रदीपमाला-शास्त्र, संवर-विंशक, कायत्रयावतार, तारासाधनशतक, अवलोकितेश्वरसाधनशतक** तथा **शिष्यलेख** आदि ग्रन्थों का रचयिता है। उसने दक्षिण के देशों का भ्रमण किया और सिंहल द्वीप तक गया। उसने अपने जीवन के अन्तिम दिन समुद्र में स्थित धनश्री द्वीप के पोटल स्थान में बिताये, जहां उसने तारा और अवलोकितेश्वर के मन्दिर बनवाये।

VI. ऐतिहासिक सर्वेक्षण

ऊपर दिखाया जा चुका है कि विभिन्न शिक्षकों की देखरेख में महायान का आन्दोलन किस प्रकार आगे बढ़ता गया और किस प्रकार अनुयायियों की संख्या अधिक होने के बावजूद हीनयानी सम्प्रदाय को धीरे-धीरे भारत के सीमान्त प्रदेशों में धकेल दिया गया और अन्त में उसे अपने उद्भव के देश की सीमाओं से बिलकुल बाहर चला जाना पड़ा। क्योंकि गुप्त-काल में बौद्ध धर्म की स्थिति की पूरी तस्वीर पेश करना सम्भव नहीं है, इसलिए चीनी विद्वानों ने जो छिटपुट सूचनाएँ छोड़ी हैं, और तिब्बतियों की परम्पराओं और पुरावशेषों से थोड़ा-सा जो कुछ ज्ञात हुआ है, हमें उसी से सन्तोष करना पड़ेगा।

फा-हिएन भारत में ईसा की पाँचवीं सदी में आया था और उसने बौद्ध-मत की स्थिति का संक्षिप्त सर्वेक्षण किया था। उसने अपनी यात्रा मध्य एशिया के देशों से आरम्भ की थी, जहां उसने बौद्ध धर्म का व्यापक प्रचार देखा था। मथुरा तक पहुँचने के मार्ग में उसने असंख्य बौद्ध भिक्षु और बौद्ध चैत्य देखे और यह भी पाया कि अधिकांश जगहों के राजा बौद्ध धर्म के कट्टर अनुयायी थे और भिक्षुओं का समुचित आदर-सम्मान करते थे। कुछ राजाओं ने बौद्ध चैत्यों और विहारों का खर्च उठाने के लिए गांव अनुदान रूप में दे रखे थे। फाहिएन ने इस बात की भूरि-भूरि प्रशंसा की है कि यहां के भिक्षु अनुशासन के सभी नियमों का कठोरता से पालन करते थे और गृहस्थ उपासक बौद्ध-धर्म-स्थानों और स्तूपों को गहरी श्रद्धा की दृष्टि से देखते थे तथा भिक्षुओं को उदारतापूर्वक दान देते थे। उसने देखा कि गृहस्थी लोग अपने खर्च से चैत्यों और स्तूपों का निर्माण करते थे और उनकी पूजा करते थे।

फा-हिएन के विवरण से ऐसा लगता है कि ईसा की पाँचवीं सदी में भी सारे उत्तर भारत में बौद्ध धर्म की हीनयान शाखा का प्रभाव पूरी तरह से व्याप्त था और महायान शाखा सिर्फ कहीं कहीं अपना सिर उठाने लगी थी। केवल गया और कपिलवस्तु में ही उसने देखा था कि बौद्ध मठ और विहार वीरान और खाली पड़े थे।

फा-हिएन से लगभग दो शताब्दी बाद ह्वेन-त्सांग भारत आया। हमारे पास ऐसा कोई विश्वसनीय स्रोत नहीं है जिससे हम बीच की इन दो शताब्दियों के शून्य को

तथ्यों से भर सकें। **मंजुश्रीमूलकल्प,** तारनाथ की **'हिस्टरी आफ बुद्धिज्म'** (बौद्ध धर्म का इतिहास)—और ह्वेन-त्सांग के विवरणों में कुछ परम्पराओं को सुरक्षित रखा गया है, लेकिन उनको पूर्णतः विश्वसनीय नहीं कहा जा सकता।

तारनाथ[१] ने लिखा हैं कि राहुलभद्र के कुछ दिनों बाद बौद्ध धर्म को बुरे दिनों का शिकार होना पड़ा। एक तुरुष्क राजा ने मगध को हरा दिया और अनेक चैत्य और विहार नष्ट कर दिये। नालन्दा के भिक्षुओं को विभिन्न दिशाओं में भाग जाना पड़ा। मगध का राजा तुरुष्क विजेता का जागीरदार बन गया और इस योग्य नहीं रहा कि बौद्ध धर्म की सहायता कर पाता। बाद का एक राजा, जिसे बुद्धपक्ष नाम दिया गया है, बौद्धों का मित्र था। बौद्ध दूतों के जरिए उसने चीन के सम्राट से गठबन्धन किया और चीन के सम्राट से प्राप्त कोश से उसने फारसी आक्रमणकारी की हत्या करके पुनः स्वतन्त्रता प्राप्त कर ली। उसने पुनः नालन्दा के मठ और चैत्यों का निर्माण करवाया।

मंजुश्रीमूलकल्प,[२] में यह परम्परा मामूली से अन्तर के साथ दी गयी है। विदेशी हमलावर का नाम "गोमी" बताया गया है। वह उत्तर से काश्मीर होता हुआ आया था और उसने बहुत से बौद्ध चैत्य और विहार नष्ट कर दिये थे और अनेक भिक्षुओं को मरवा दिया था। फिर राजा बुद्धपक्ष ने, जो बौद्ध धर्म का कट्टर भक्त था, पुनः स्तूपों और चैत्यों का निर्माण करवाया। उसके बेटे गम्भीर यक्ष ने भी अनेक स्तूप और चैत्य बनवाये, तथा अनेक जलाशय और कुएँ खुदवाये। चूंकि फा-हिएन ने इस विदेशी हमलावर की ओर संकेत नहीं किया, इसलिए बौद्ध धर्म के दमन का यह काल ईसा की छठी शताब्दी रहा होगा, या पांचवीं शताब्दी का अन्त। ह्वेन-त्सांग ने दमन करने वाले केवल एक ही हमलावर मिहिरकुल का उल्लेख किया है, जिसे बालादित्य ने गिरफ्तार किया था।[३] वह विदेशी शासक जिसने बौद्ध मन्दिरों को तुड़वाया था, मिहिरकुल का बाप तोरमाण हो सकता है। ह्वेन-त्सांग ने लिखा है कि शक्रादित्य नालन्दा के चैत्य का संस्थापक था और उसके बेटे बुधगुप्त और राजा तथागतगुप्त ने वहाँ दो चैत्य और बनवाये थे। ह्वेन-त्सांग की इस साक्षी से प्रमाणित है कि कुछ स्थानीय राजाओं का बौद्ध-धर्म के प्रति झुकाव था। उनके नाम बुध और तथागत भी बौद्ध-धर्म में उनकी आस्था के सूचक हैं। गुप्तों के अनेक अभिलेखों में उनके राजाओं और सामान्य लोगों के बौद्ध धर्म के प्रति झुकाव का प्रमाण मिलता है।[४]

ह्वेन-त्सांग के विवरण में हमें सातवीं सदी के भारत में बौद्ध-धर्म की स्थिति का सही-सही ब्योरा प्राप्त होता है। उसने सन् ६३० से ६४४ ई० तक भारत की यात्रा की थी। कश्मीर में वहाँ के राजा ने उसका भव्य स्वागत किया था और बौद्ध ग्रन्थों की

---

१. तारनाथ, पृ० ९५; बुस्टन II, ११९।

२. त्रि. सं. सी. सं० ८४, भाग III, पृ० ६२०।

३. देखिए, पृ० ४१-४३।

४. गुप्तकाल के राजाओं की ओर से बौद्ध धर्म को प्रदत्त संरक्षण के बारे में अन्य प्रमाणों के लिए देखिये, पृ० ४९, ७२, १५८, १६१ प. पृ।

प्रतिलिपियाँ तैयार करने के लिए उसे बीस पंडित दिये थे, और कुछ भिक्षु भी उसकी सहायता के लिए साथ कर दिये थे। दो साल तक वहाँ अध्ययन करने के बाद उसने शाकल (स्यालकोट) के निकट जाकर भिक्षु विनीतप्रभ से, जो एक राजकुमार का बेटा था, दो साल तक **अभिधर्म पिटक** का अध्ययन किया। फिर ह्वेन-त्सांग कुछ दिनों तक भिक्षु जयगुप्त के साथ श्रुघ्न में और कुछ दिनों मतिपुर में मित्रसेन के साथ रहा, जो गुणप्रभ का शिष्य था। वहाँ उसने **विभाषाओं** और **गुणप्रभ** के **तत्त्वसन्देश शास्त्र** का अध्ययन किया। कन्नौज में वह तीन महीनों तक आचार्य वीरसेन के साथ रहा। फिर हयमुख जाकर उसने आचार्य बुद्धदास द्वारा लिखे **विभाषा** के प्रबन्ध का अध्ययन किया। अन्त में वह नालन्दा के संघाध्यक्ष का शिष्य बन गया। उसने विभिन्न राज्यों में, जहाँ-जहाँ वह गया था, रहने वाले भिक्षुओं और बौद्ध चैत्यों की संख्या दी है, और कहीं-कहीं बौद्ध धर्म के बारे में दिलचस्प ब्योरे और चुटकुले भी जोड़ दिये हैं। वह अपने साथ बौद्ध साहित्य के हीनयान सूत्रों, टीकाओं और अनुशासन नियमों, महायान ग्रन्थों और टीकाओं तथा न्यायशास्त्र और निरुक्त के कुछ प्रबन्धों समेत ६५७ 'पू' (भाग) लेकर लौटा था।

ह्वेन-त्सांग ने बौद्ध धर्म के प्रति सम्राट हर्षवर्धन[1] के उत्साह का विस्तृत वर्णन किया है। हर्ष की विधवा बहन राज्यश्री साम्मितीय सम्प्रदाय की भिक्षुणी बन गयी थी, और सम्राट हर्ष के संरक्षण की वजह से साम्मितीय सम्प्रदाय शीघ्र ही पश्चिमी भारत और पूर्वी भारत के कुछ स्थानों में फैल गया था। हर्षवर्धन की आस्था हीनयान में थी, इसका सबूत इस बात से भी मिलता है कि उसने मालवा में श्रेष्ठ वास्तु कला का एक मन्दिर बनवाया था और उसमें उन सात बुद्धों की मूर्तियां स्थापित की थीं, जिन्हें हीनयानी भी मानते थे।

यद्यपि ह्वेन-त्सांग ने भारत में बौद्ध-धर्म की स्थिति की बड़ी उज्ज्वल तस्वीर पेश करने की कोशिश की है, लेकिन उसके विवरण से ऐसा प्रतीत होता है कि इस धर्म का विकास रुक गया था और कुछ स्थानों में तो सर्व-साधारण के मन से इसका प्रभाव ही खत्म हो गया था। दरअसल वहाँ से यह धर्म गायब होता जा रहा था। भारत के उत्तर-पश्चिमी भाग में, विशेषकर नगरकोट, गन्धार, उद्यान और तक्षशिला में उसने देखा कि अधिकतर चैत्य और विहार वीरान और उजाड़ पड़े थे और वहाँ के लोग आमतौर पर अबौद्ध थे। तक्षशिला के पास सिंहपुर में उसने एक ऐसा स्थान देखा जो श्वेताम्बर जैनों का तीर्थ था। इसी प्रकार श्रावस्ती और वैशाली में भी उसने देखा कि बौद्ध धर्म का प्रभाव कम होता जा रहा था, चैत्यों और विहारों में कोई नहीं रहता था और न उनकी देखभाल की जाती थी, जबकि वैशाली में दिगम्बर जैन सम्प्रदाय खूब फल-फूल रहा था, भारत के पूर्वी भागों, चम्पा और पुण्ड्रवर्धन में भी यही दशा थी। पुण्ड्रवर्धन, समतट और कलिंग में बहुत से दिगम्बर जैन थे। दक्षिण में धनकटक, चोल देशों और मलकूट में, वहाँ के अनेक चैत्यों में केवल थोड़े से बौद्ध ही रहते थे, जबकि दिगम्बर जैनियों और दूसरे धर्म

---

१. ऊपर देखिए पृ० १३२ प. पृ.।

मानने वालों की तादाद ज्यादा थी। ह्वेन-त्सांग ने जिन राजाओं का उल्लेख किया है, उनमें केवल हर्षवर्धन और ध्रुवभट (वलभी का राजा) ही सबसे गृहस्थ बौद्ध थे और धर्म की उन्नति के लिए सक्रिय रूप से काम करते थे। बाकी सारे राजा ब्राह्मण धर्म मानने वाले थे, यद्यपि वे बौद्ध धर्म के प्रति, जो उनके राज्य में दीर्घकाल से चला आ रहा था, यथेष्ट सहिष्णु थे और कभी-कभी उसके प्रति काफी सहानुभूति भी दिखाते थे। उपर्युक्त विवरण से यह साफ जाहिर है कि ह्वेन-त्सांग के समय में बौद्ध धर्म का प्रभाव-क्षेत्र काफी संकुचित हो गया था और अबौद्धों, विशेषकर शिव के उपासकों और दिगम्बर सम्प्रदाय के अनुयायियों की संख्या और उनका प्रभाव बढ़ रहा था। लेकिन ह्वेन-त्सांग के विवरण से यह भी स्पष्टतः सिद्ध है कि बौद्ध धर्म अपने ह्रास के बावजूद अभी भी कश्मीर और गन्धार से लेकर द्रविड़ देश तक और गंजाम और समतट से लेकर सिन्ध और वलभी तक सारे भारत के प्रमुख स्थानों में प्रचलित था।

अन्त में संघ-जीवन के बारे में कुछ कहना जरूरी है। गुप्त काल से बहुत पहले ही बौद्ध और जैन भिक्षुओं और भिक्षुणियों ने ऐसे महत्त्वपूर्ण और शक्तिशाली संघ-जीवन का विकास कर लिया था, जिसमें रहनेवाले अपने-अपने धर्मों के अनुशासन-नियमों का कठोरतापूर्वक पालन करते थे। उस काल में आने वाले चीनी यात्रियों के विवरणों से हमें ज्ञात होता है कि सातवीं सदी में बौद्ध बिरादरी अपने धर्म-सिद्धान्तों द्वारा लागू किये गये बौद्धिक और नैतिक मानदंडों को ऊँचे स्तर पर कायम रखने में पूरा उत्साह दिखाती थी। ह्वेनत्सांग ने भारत का सामान्य विवरण देते हुए लिखा है, "बौद्ध भिक्षु और भिक्षुणियाँ अक्सर सभाओं में एकत्र होते थे, जहाँ बौद्धिक क्षमता की परीक्षा करने और नैतिक चरित्र को अधिक प्रमुखता देने, अयोग्य व्यक्तियों को निकालने और तीक्ष्ण बुद्धि वाले व्यक्तियों को आगे बढ़ाने के लिए बहसें होती थीं।" "उन लोगों को, जो दर्शन के सूक्ष्म विचारों को अलंकृत भाषा में अभिव्यक्त कर सकते थे, प्रमुख स्थान दिया जाता था, और बहसों में हारने वाले व्यक्तियों को व्यर्थ समझकर निकाल दिया जाता था।" इसके अलावा विभिन्न प्रकार के अपराधों के लिए भिक्षु-भिक्षुणियों को विभिन्न प्रकार के दंड दिये जाते थे। ई-त्सिंग ने, जो अपने देश (चीन) में भिक्षुओं की अनुशासनहीनता से तंग आकर भारत में आने के लिए विवश हुआ था, खान-पान, वस्त्र, चिकित्सा, व्यक्तिगत स्वच्छता और सामान्य आचरण के बारे में भारतीय भिक्षुओं द्वारा पालन किए जाने वाले कठोर नियमों की भूरि-भूरि प्रशंसा की है।[1] फिर भी मुमकिन है कि कभी-कभी व्यक्तिगत रूप से ही नहीं, बल्कि सामान्य रूप से भी भिक्षुओं का आचरण पुराने मान-दंडों से कुछ नीचे गिर जाता हो। इसका प्रमाण उस काल के ब्राह्मण-धर्मी साहित्य में

---

१. या. ट्रै. वा. I. १६२। संघ-जीवन के कठोर अनुशासन के उदाहरण स्वरूप ई-त्सिंग ने उन कठोर नियमों का उल्लेख किया है (तकाकुसु, ६३) जिनका पालन ताम्रलिप्ति के एक संघाराम में बौद्ध भिक्षुओं और भिक्षुणियों को एक दूसरे से भेंट करते समय करना पड़ता था। उसी संघाराम में एक बहुत समादृत भिक्षु रहता था, जिसने बौद्ध धर्म में दीक्षित होने के बाद कभी एक बार भी स्त्री से आमने-सामने बात नहीं की थी, यद्यपि विनय नियमों के अनुसार यह वर्जित नहीं था। (वही, ६४)।

मिलने वाले कुछ संकेतों से ही नहीं, बल्कि स्वयं बौद्ध ग्रन्थों में सीधे उल्लेखों से भी मिलता है।[१] साहित्यिक कृतियों से भी यह स्पष्ट है कि विशेष रूप से बौद्ध और जैन भिक्षुणियों को आरम्भ से ही दो प्रेमियों के बीच दूतियों के काम के लिए इस्तेमाल किया जाता था। गुप्तकाल में भी इस स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।[२]

गुप्तकाल के नाटकों और प्रेम-कथाओं में बौद्ध और जैन भिक्षुओं के प्रति सनातनी ब्राह्मणों की तीव्र घृणा का काफी संकेत मिलता है, जो इन विधर्मियों को वेदों और पशु-बलि द्वारा सम्पन्न होने वाले वैदिक यज्ञों का मजाक उड़ाने वाले नास्तिक समझते थे।[३] फिर भी, जैसा ऊपर बताया जा चुका है, गुप्त काल में सभी प्रचलित धर्म आमतौर पर एक दूसरे के प्रति सहिष्णुता का व्यवहार करते थे।

VII. प्रतिमा-निर्माण कला

विभिन्न मुद्राओं में बुद्ध की मूर्तियों का हम पहले उल्लेख कर चुके हैं।[४] उनसे जाहिर होता है कि बुद्ध की प्रतिमाओं की पूजा कितनी लोकप्रिय थी। कसिया में शयान बुद्ध की विशाल प्रतिमा का गुप्तकाल के आरम्भ में मथुरा के दिन्न ने तक्षण किया था। इस प्रतिमा का विशेष महत्त्व है, क्योंकि उस काल की, या उसके बाद की, इस प्रकार

---

१. भास के नाटक **चारुदत्त** (अंक ४, पृ० ७४) में ब्राह्मण विदूषक मैत्रेय एक बौद्ध भिक्षु की मुस्कान का उल्लेख करता है, जो रात भर एक परिचारिका से अपने एकान्त मिलन की बात सोच कर जागता रहा था। लेकिन **मृच्छकटिक** से यह निन्दात्मक उल्लेख निकाल दिया गया था। इतना ही नहीं, इस नाटक में एक ऐसे बौद्ध भिक्षु का सहज रूप में उल्लेख मिलता है जो कुछ समय पहले तक सिर की मालिश का काम करता था और जुआरी था, लेकिन अब नायिका को सुरक्षित स्थान तक ले जाने में मदद करने के लिए उसके शरीर का स्पर्श करने तक से संकोच करता है। **मत्तविलास** प्रहसन में एक दुष्कर्मी बौद्ध भिक्षु का जो चरित्र-चित्रण किया गया है, उसको अधिक महत्व देने की जरूरत नहीं है, लेकिन इसके विपरीत यह महत्त्व-पूर्ण है कि **राष्ट्रपालपरिपृच्छा** में (फिनॉट सं० पृ० २८-३३) एक भविष्यवाणी की गयी है कि बौद्ध धर्म का ह्रास हो जाएगा, क्योंकि बौद्ध भिक्षु निर्लज्ज, दुनियादार और पाखंडी बन जाएंगे। और झूठे सिद्धान्तों की शिक्षा देंगे। इस ग्रंथ का सन् ५८५ और ५९२ ई० के बीच चीनी भाषा में अनुवाद हुआ था और सम्भवतः वह इस तारीख से बहुत पहले नहीं रचा गया था।

२. दश.; पृ० ८५, १६८ (नि. सा. प्रे., १९५१, पृ० ११२, २३२); मालती में कामन्दकी।

३. देखिए, **मृच्छकटिक,** अंक ९ (एक सार्वजनिक उद्यान में बौद्ध भिक्षु से भेंट हो जाने को सद्गुणी (धीरललित नायक) चारुदत्त भी अपशकुन समझता है)। हर्ष V. मुद्रा. IV, (एक दिगम्बर जैन पर दृष्टि पड़ना अपशकुन माना गया है।) जैन साधुओं के प्रति ब्राह्मणों की घृणा का **दशकुमारचरित,** पृ० ७५, (नि. सा. प्रे, १९५१, पृ० ९४) के एक दिलचस्प चुटकुले में बड़ी अच्छी तरह वर्णन किया गया है। कहा गया है कि एक गणिका की चालाकी से अपनी सारी धन सम्पत्ति खोकर एक ब्राह्मण व्यापारी संसार से विरक्त हो जाता है और जैन साधु बन जाता है। बाद में वह पश्चात्ताप करता है कि उसने ऐसा जीवन अपना लिया था, "जिसमें पहनने वाले वस्त्र निन्दनीय थे, जो अत्यधिक दुख और यातना झेलने का जीवन है, जिसका फल मृत्यु के बाद सीधा **नरक** में जाना है, क्योंकि इस जीवन में हर समय विष्णु, शिव, ब्रह्मा तथा दूसरे देवताओं की निन्दा ही सुननी पड़ती है।"

४. जिल्द II, पृ० ३९१ प. पृ० (अंग्रेजी संस्करण)।

की बहुत कम प्रतिमाएँ ज्ञात हैं। मनकुवर (इलाहाबाद जिला) में बैठे हुए बुद्ध की प्रतिमा में, जो सन् ४४८-४९ ई० की है, केश-विन्यास आंशिक रूप से मथुरा की परम्परागत शैली में तक्षित है।[1] कुंडलीकृत केश-विन्यास की शैली का इस्तेमाल नहीं किया गया है। गुप्तकाल की बुद्ध प्रतिमा, जिसके अनेक नमूने सारनाथ और उसके आसपास प्राप्त हुए हैं, पूर्ण रूप से विकसित हैं। इसकी विशेषता उसकी सूक्ष्मता, अंगों का स्पष्ट रूपायन, घुंघराले बाल, ऊर्णा की अनुपस्थिति, मुद्राओं का वैविध्य, परिष्कृत रूप से अलंकृत प्रभा-मण्डल, एक या दोनों कन्धों को ढकने वाले किन्तु पारदर्शी अंग-वस्त्र, जिससे शरीर का पूरा सौन्दर्य झलकता है, और कमल या सिंह की पीठिका, जिस पर अक्सर दान करने वाले व्यक्तियों की आकृतियाँ होती हैं, आदि हैं। इसमें ग्रीक मूर्तियों की सुरम्यता का शायद ही कोई चिह्न दिखायी देता है। बुद्ध-प्रतिमा का यह शास्त्रीय प्रकार, जिसका मथुरा के "पशु" प्रकार से उदात्तीकरण किया गया था, बाद में इस देश में तथा विदेशों में भी बुद्ध की प्रतिमा बनाने का प्रमुख आधार बन गया।

सारनाथ के म्यूजियम में गुप्तकाल के अनेक बोधिसत्त्वों की प्रतिमाएँ भी हैं। उनकी आकृतियों से उनकी पहचान की गयी है कि वे अवलोकितेश्वर, मैत्रेय और मंजुश्री की प्रतिमाएँ हैं। अवलोकितेश्वर की मूर्तियाँ अन्य दोनों की अपेक्षा संख्या में कहीं ज्यादा हैं। गुप्तकाल के इन बोधिसत्त्वों के प्रतिमांकन में एक दिलचस्प नवीनता स्पष्टतः देखी जा सकती है। उनके मुकुटों पर उनके आध्यात्मिक पिताओं—**ध्यानी बुद्धों, अमिताभ, अमोघसिद्ध** और **अक्षोभ्य**—आदि की सूक्ष्म आकृतियां तराशी गयी हैं। यह विशेषता उनके मध्यकालीन प्रतिरूपों में सामान्यतः पायी जाती है। मथुरा और गन्धार की प्रतिमाओं में यह विशेषता नहीं पायी जाती, हालांकि गन्धार की एक या दो परवर्ती उभार-शैली में अंकित प्रतिमाओं में मिलती है। प्रतिमा-निर्माण सम्बन्धी एक और नवीनता गुप्तकाल में बनी मैत्रेय की प्रतिमाओं में मिलती है, क्योंकि यहां हम उसे अमृत-घट की बजाय हाथ में नागकेसर के फूल पकड़े हुए देखते हैं।

प्रतिमा-निर्माण कला सम्बन्धी इन नवीनताओं से सूचित होता है कि गुप्तकाल के आरम्भ में महायान सिद्धान्तों के अन्दर दूरगामी कोटि के परिवर्तन हो रहे थे—ऐसे परिवर्तन जो उसे शीघ्र ही वज्रयान में परिवर्तित करने वाले थे, जिसने मध्यकालीन बौद्ध धर्म को प्रतिमा-निर्माण कला में आश्चर्यजनक विकास करने की प्रेरणा दी। आरम्भकाल के कुछ भाव, जैसे गौतम बुद्ध के पूर्ववर्ती बुद्धों को अंकित करना, अपेक्षया धीरे-धीरे कम होता जा रहा था, और अपने विविध रूपों में **ध्यानी बुद्धों** और **ध्यानी बोधिसत्त्वों** का अंकन प्रमुख होता जा रहा था। इनका तथा बौद्धदेव-मण्डल में शामिल होने वाले अनेक नये देवताओं का सामान्यतः मध्यकालीन बौद्ध-कला में अंकन किया गया है, और इन प्रतिमांकित टाइपों का महत्त्व धर्म के मुख्य प्रतिपादकों की आकृतियों के बाद ही माना जाता था। लेकिन यह ध्यान में रखना चाहिए कि **ध्यानी बुद्धों** की आकृतियों का केवल सहायकों के रूप में इस्तेमाल होता था, क्योंकि वे या तो मुकुट में अंकित की

१. जि० II, पृ० ३९४ (अंगरेजी संस्करण)।

जाती थीं या **ध्यानी बोधिसत्त्वों** और उनके विभिन्न रूपों के **प्रभा-मंडल** के ऊपरी सिरे में, यहां तक कि अन्य बोधिसत्त्वों—नर और नारी दोनों—के **प्रभा-मंडलों** में अंकित की जाती थीं। बाद में पांच **ध्यानी-बुद्धों** की पंक्ति में वज्रसत्त्व की भी आकृति जोड़ दी गयी। उसका बोधिसत्त्व घंटापाणि था।[1] महायान-वज्रयान की सुविस्तृत देव श्रेणियों में काफी देर के बाद आदि बुद्ध का नाम जोड़ा गया, जिससे कालान्तर में अन्य ध्यानी बुद्धों को उत्पन्न हुआ माना जाने लगा। महायानी देवकुल की इन तमाम प्रतिमाओं के बारे में इस पुस्तक की अगली जिल्द में विस्तार से विवेचन किया जाएगा।

VIII. धर्मेतर, पालि साहित्य

बौद्ध-धर्म के सूत्र-ग्रन्थों की रचना के बाद व्याख्यात्मक या टीका ग्रन्थों की रचना का दौर शुरू हुआ। धर्मग्रन्थों को ठीक से समझने में कठिनाई के कारण उनकी रचना की जरूरत पड़ी थी। विवेच्य काल में अधिकांश ग्रन्थ श्रीलंका के विद्वान् **थेरों** (भिक्षुओं) ने रचे थे। भारत के विद्वानों का योगदान अपेक्षया नगण्य था। इस काल को लंका के पालि साहित्य का एक ज्वलन्त युग कह सकते हैं।

व्याख्यात्मक कार्य का आरम्भ **सुत्तों** (सूत्रों) से ही शुरू हो गया था, और मूल ग्रन्थों में भी कुछ टीकाएं मिलती हैं। भारत और लंका के भिक्षुओं ने मूल धर्मग्रन्थों का गम्भीरतापूर्वक अध्ययन किया और उनकी व्याख्याएँ लिखीं। श्रीलंका के रूढ़िवादी बौद्धों के अनुसार **अट्ठकथाएँ** (अर्थों की व्याख्या या भाष्य, टीकाएँ) बौद्धों की प्रथम संगीति के समय से ही चली आ रही हैं। फिर धर्मग्रन्थों की व्याकरणात्मक और शब्द-कोशीय-व्याख्याएँ प्रस्तुत की गयीं। कहानियों और अनुश्रुतियों द्वारा मिसालें देकर उन्हें समझाया गया और पुरानी सामग्री के नमूनों पर नयी सामग्री जोड़कर उसे समृद्ध किया गया। इन कृतियों में संघ-जीवन के उद्भव और विकास के बारे में भी अनुश्रुतियाँ दी गयी हैं, जिनसे लंका में चैत्यों और संघारामों के प्रारम्भिक इतिहास की रूपरेखा तैयार करने में काफी सहायता मिलती है।

१. निदान कथा

धर्म-ग्रन्थों में हमें बुद्ध के वास्तविक जीवन, बुद्ध सम्बन्धी अनुश्रुति और बुद्ध-महाकाव्य के विकास का विवरण प्राप्त होता है। लेकिन विभिन्न ग्रन्थों में दी गयी इन छिटपुट सूचनाओं को एकत्र करके बुद्ध का सुसम्बद्ध जीवन-चरित्र सबसे पहले **निदान-कथा** (आरम्भ की कथा) में मिलता है, जो **जातकट्ठवण्णना** से पहले लिखी गयी थी और उसका एक अंग थी। **निदान-कथा** में तीन खंड हैं—**दूर-निदान** ((सुदूर अतीत में आरम्भ), **अविदूर निदान** (अधिक अतीत में नहीं) और **सान्तिक निदान**

---

१. बी०टी० भट्टाचार्य, **इंडियन बुद्धिस्ट इकॉनाग्रॉफी**, पृ० XXIV-XXIX, २; ए. गेट्टी, **गाइड्स आफ नार्दर्न बुद्धिज्म**।

(वर्तमान में)। **दूर निदान** में, जहाँ बुद्ध के पूर्वजीवनों का विवरण दिया गया है, गद्य का प्रवाह बार-बार **बुद्धवंश** और **चरियापिटक** के पद्यों से खंडित होता चलता है, जिनसे वह सीधे तौर पर सम्बन्धित है। **अविदूर निदान** में वर्णन किया गया है कि किस प्रकार तुसित देवताओं ने बार-बार बोधिसत्त्व से पृथ्वी पर पुनः जन्म लेने के लिए आग्रह किया। उसमें बोधिसत्त्व के गर्भ में आने से लेकर बोधि प्राप्त करने तक की सारी अनुश्रुतियों का उल्लेख है, जो अनेक चमत्कारिक घटनाओं से गुम्फित हैं। **सान्तिक निदान** में मुख्य रूप से धर्म में सर्वप्रथम दीक्षित होने वालों का विवरण है। इन तीनों खंडों में दीपंकर बुद्ध से लेकर, जिसको भावी बुद्ध के रूप में श्रद्धांजलि अर्पित की गयी है, अनाथ पिण्डिक द्वारा बौद्ध चैत्य को जेतवन का दान करने तक की बुद्ध की कहानी मिलती है। **निदान-कथा,** जो जातक टीका का अभिन्न अंग है, **ललितविस्तर** और संस्कृत की कृतियों से पहले के बौद्ध आख्यान का प्रतिनिधित्व करती है।

२. टीकाएँ

(I) बुद्धघोष :

महावंश[1] में प्रदत्त जीवन-चरित्र के अनुसार बुद्धघोष बोधगया के निकट एक ब्राह्मण परिवार में जन्मा था। उसे एक भिक्षु (**महामात्र**) रेवत ने बुद्ध-धर्म में दीक्षित एवं श्रीलंका जाकर उन प्रामाणिक और रुढ़िग्रस्त टीकाओं का अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया था, जो भारत में उपलब्ध नहीं थीं। बुद्धघोष राजा महानामन् (सन् ४०९-३१ ई०) के शासन काल में लंका पहुँचा, जहाँ उसने महाविहार केमहापदान कक्ष में संघपाल से टीका और थेरवाद की परम्परा सुनी। वहाँ उसने **बिसुद्धिमग्ग** की रचना की, जिसके फलस्वरूप उसे मैत्रेय बोधिसत्त्व घोषित किया गया। फिर उसने **अट्ठकथा** का सिंहली भाषा से मगधी में अनुवाद किया और उसकी कृति को थेरवाद के शिक्षकों ने एक धर्मग्रन्थ के रूप में सम्मानित किया। श्रीलंका में अपना कार्य समाप्त करके बुद्धघोष बोधि-वृक्ष को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए फिर अपने जन्म-स्थान को लौट आया।

अब तक इस विवरण को पालि साहित्य के विद्वान्[2] प्रायः सही मानते आये हैं। लेकिन धर्मानन्द कोसाम्बी इस मत को नहीं मानते कि बुद्धघोष गया का निवासी था, या कि वह ब्राह्मण था। उनका विचार है कि वह दक्षिण-भारत के तेलुगु देश के तेलंग क्षेत्र में जन्मा था, और बर्मा के तेलंग परिवार का नहीं था, जैसा कि बर्मा की परम्पराओं में अभिलिखित है।[3]

---

१. महावंश, परिच्छेद ३७।
२. हि. इ. लि., II, १९०-९१।
३. विसुद्धिमग्ग, बम्बई १९४०, भूमिका पृ० xiii प. पृ. में लॉ ने बुद्धघोष के जन्मस्थान मयूरसुत्तपट्टन की मयवरम् से शिनाख्त की है। (बुद्धघोष, पृ० ३४) कोसाम्बी इस स्थान का पता नहीं कर सके। (पू० पु०, पृ० xv)।

बुद्धघोष की कृतियों के बारे में विभिन्न मत प्रचलित हैं। उसने स्वयं अपनी कृतियों के इन नामों का उल्लेख किया है: **विसुद्धिमग्ग, समन्त-पासादिका, सुमंगल-विलासिनी, पपंचसूदनी, सारत्थप्पकासिनी,** और **मनोरथपूरणी**। **गंधवंश** में इनके अलावा **कंखावितरणी, परमत्थकथा** और **जातक, धम्मपद, खुद्दकपाठ, सुत्तनिपात** और **अपदान** की टीकाओं का भी लेखक कहा गया है। विन्टरनित्ज़ (Winternitz) को इसमें जरा भी सन्देह नहीं है कि **अत्थसालिनी, सम्मोहविनोदिनी** और **पट्ठानपकरण** की टीका का लेखक **बुद्धघोष** ही है। उसका विचार है कि **कंखावितरणी** और **परमत्थजोतिका** टीकाओं का लेखक भी शायद बुद्धघोष है, लेकिन **जातक** और **धम्मपद** की टीकाओं की भाषा उसकी अन्य कृतियों की भाषा और शैली से इतनी भिन्न है कि बुद्धघोष को उनका लेखक मानना कठिन है।[1]

विसुद्धिमग्ग, जिसमें विशुद्धता प्राप्त करने का मार्ग समझाया गया है, बुद्धघोष का सब से पहला महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ था। उसमें बुद्ध की सम्पूर्ण शिक्षा को व्यवस्थित और सुसम्बद्ध ढंग से प्रस्तुत किया गया है। **बुद्धघोष** ने अगर केवल **विसुद्धिमग्ग** ही लिखा होता, तो भी उसका नाम अमर रहता।[2] यह कृति तीन खंडों में विभक्त है: आचरण, सान्द्रता (मन को एकाग्र करने की प्रक्रिया) तथा ज्ञान। इसकी शैली स्पष्ट और प्रसाद गुण से युक्त है और अनेक शुष्क सैद्धान्तिक विवेचन प्रासंगिक नीतिकथाओं और आख्यानों से सजीव हो उठे हैं। पिटकों की पुराकालीन सरलता की तुलना में **विसुद्धिमग्ग** की शब्दावली आश्चर्यजनक रूप से समृद्ध है। यह दिखाते हुए अनेक चमत्कारों का उल्लेख किया गया है कि चिन्तन-मनन से किस प्रकार सन्तों को दिव्य और चमत्कारिक शक्तियाँ प्राप्त हो जाती हैं।

बौद्धज्ञान के विकास में बुद्धघोष का सबसे महान् योगदान त्रिपिटकों के प्रायः सभी ग्रन्थों पर विद्वत्तापूर्ण टीकाएँ हैं। विनय ग्रन्थों का विवेचन करने वाली उसकी **समन्तपासादिका** एक बृहद् पुस्तक है, जिसमें टीका के अतिरिक्त प्राचीन भारत के सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक और दार्शनिक जीवन का चित्रण करने के लिए प्रभूत सामग्री जुटायी गयी है। लेकिन डॉ० लॉ० (Law) ने इस पुस्तक और **कंखावितरणी** (पातिमोक्ख की टीका) को इस आधार पर **विसुद्धिमग्ग** के लेखक से भिन्न एक और बुद्धघोष की कृति बताया है, कि **समन्तपासादिका** में न केवल अधिक प्रौढ़ निर्णय-बुद्धि और बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन मिलता है, बल्कि उसमें **विसुद्धिमग्ग** में प्रतिपादित विचारों के परवर्ती विकसित रूप की झलक भी मिलती है।[3] लेकिन ये तर्क इतने सन्तोषजनक नहीं हैं कि एक भिन्न लेखक का अनुमान किया जाय। चार निकायों पर उसकी टीकाओं

---

१. देखिए विन्टरनित्ज़ हि. इ. लि. II, १९२, किन्तु लॉ ने इन अन्तिम दो कृतियों को बुद्धघोष और चुल्ल बुद्धघोष के एक परवर्ती नामराशि का लिखा हुआ बताया है। (बुद्धघोष, पृ० ७१ प. पृ०; ६३ प. पृ).

२. ग्रे. बुद्धघोसुप्पट्टि, भूमिका, पृ० ३१।

३. बुद्धघोष, पृ. ७५।

में से—**दीघनिकाय** पर **सुमंगलविलासिनी, मज्झिम-निकाय** पर **पपंचसूदनी, संयुत्त-निकाय** पर **सारत्थप्पकासिनी** और **अंगुत्तर-निकाय** पर **मनोरथपूरणी**—पहली में बुद्धघोष के विश्वकोशीय अपार ज्ञान के श्रेष्ठतम रूप का परिचय मिलता है। इसमें विविध विषयों की जानकारी दी गयी है—सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, भौगोलिक, धार्मिक और दार्शनिक—और अपने समय के खेलों और मनोरंजनों का सजीव चित्र पेश किया गया है। इसमें एक भिक्षु की दिनचर्या के भी कुछ तथ्य दिये गये हैं। प्रथम बौद्ध संगीति (कौंसिल) के विवरण से जाहिर होता है कि वह **चुल्लवग्ग** और पाली के विवरणों को मिलाकर तैयार किया गया है। बुद्धघोष ने **पपंचसूदनी** में उल्लेख किया है कि वैदिक शिक्षक अपनी शिक्षा को आसानी से बोधगम्य बनाने के लिए दमिल (तमिल), अन्धक (तेलुगु) या अन्य स्थानीय बोलियों में तीनों वेदों की शिक्षा देते थे। **सारत्थप्पकासिनी** उस समय के भारत और लंका के दैनन्दिन जीवन पर काफी प्रकाश डालती है। खुद्दक की टीकाओं में हमारे पास बुद्धघोष की **परमत्थजोतिका** (**खुद्दकपाठ** और **सुत्तनिपात** पर), **अत्थसालिनी** (**धम्मसंगणि** पर), **सम्मोहविनोदनी** (**विभंग** पर) और **परमत्थदीपनी** या **पंचप्पकरणत्थकथा** (खुद्दक के पाँच ग्रन्थों, अर्थात् **धातुकथा, पुग्गलपंजत्ति, कथावत्थु, यमक** और **पट्ठान** पर) टीकाएँ हैं। बौद्ध मनोविज्ञान के पारिभाषिक शब्दों की व्याख्या के अलावा **अत्थसालिनी** में कुछ ऐतिहासिक और भौगोलिक सूचनाएँ भी प्राप्त होती हैं। भूमिका में **अभिधम्म** के ग्रन्थों की विषयसूची दी गयी है और पाठ सम्बन्धी कुछ समस्याओं का विवेचन किया गया है। **अत्थसालिनी** के विवेचन में अधिक ताजगी और मौलिकता के दर्शन होते हैं, यद्यपि **विसुद्धिमग्ग** की तुलना में उसकी शैली इतनी पंडिताऊ नहीं है।[१]

बुद्धघोष **जातकट्ठवण्णना** (जातक की टीका) का लेख कथा, इस बात को राइस डेविड्स[२] (Rhys Davids), ला[३] (Law) और मालालशेखर[४] (Malalsekera) आदि विद्वान् नहीं मानते। फाउसब्योल (Faus boll) के संस्करण वाली जातक टीका में ५४७ कथाएँ हैं, जिनमें से हर कथा में (i) एक धर्म-सिद्धान्त से सम्बन्ध रखने वाली **गाथा** है, (ii) कुछ **अतीतवत्थूनी** या अतीत सम्बन्धी कहानियाँ हैं, अर्थात् गद्य-कथाएँ (iii) कुछ **पच्चुप्पन्नवत्थूनी** या वर्तमान सम्बन्धी कहानियां हैं, जिनमें उस अवसर का उल्लेख किया गया है, जब कोई विशेष जातक सुनाया गया था; साथ में **समोधानानि** भी दिया गया है, जिसमें बताया गया है कि जातक के पात्रों में से कौन वर्तमान पात्रों की भूमिका अदा कर रहे हैं तथा (iv) कुछ **व्याकरणानि** या टीकाएँ हैं, जो पद के एक शब्द की व्याख्या करती हैं। यद्यपि **गाथाएँ** और कथाएँ दोनों ही प्राचीन **अट्ठकथा** पर आधारित

---

१. "शैली, विषय-वस्तु और भूमिका" को दृष्टि में रखते हुए कोसाम्बी ने सन्देह प्रकट किया है कि बुद्धघोष **अत्थसालिनी** का लेखक है। (पू० पु०, पृ० xiv)।

२. बुद्धिस्ट बर्थ स्टोरीज, भूमिका, पृ० LX।

३. बुद्धघोष, पृ० ६९ प. पृ.।

४. पा० लि० सी०, पृ० १२६।

थीं पर वे भिन्न-भिन्न तरीकों से प्रेषित हुईं; परिणामतः **गाथाएँ** तो ज्यों की त्यों, अपरिवर्तनीय बनी रहीं, लेकिन गद्य भाग का प्रयोग कथकों की मर्ज़ी पर छोड़ दिया गया, कुछ उसी प्रकार जैसे वैदिक आख्यानों के साथ हुआ था।[१] अतीत और वर्तमान की कहानियों के कार्य-व्यापार जिस पृष्ठभूमि में चलते हैं, उनका अन्तर उल्लेखनीय है। अतीत की कहानियाँ अधिकांशतः पश्चिमी और उत्तर भारत (गंधाररत्थ) आदि का हवाला देती हैं, जबकि वर्तमान कहानियों में अधिकतर पूर्वी भारत (मगधरत्थ, कोसलरत्थ आदि) का हवाला मिलता है।

यद्यपि विन्टरनित्ज़ (Winternitz), बर्लिनगेम (Burlingame), गीगर (Geiger) तथा अन्य विद्वान् बुद्धघोष को **धमपदट्ठकथा** (धम्मपद की टीका) का लेखक नहीं मानते, लेकिन डा० ला (Law) ऐसा कोई कारण नहीं देखते कि उस पुष्पिका पर अविश्वास किया जाय, जिसमें बुद्धघोष[२] को इस टीका का लेखक बताया गया है। मालालशेखर ने चुल्ल बुद्धघोष को इस ग्रन्थ का लेखक बताया है, यद्यपि उनका सुझाव है कि सिंहली ग्रन्थ **पूजावलीय**[३] की साक्षी पर उसको महान टीकाकार बुद्धघोष की कृति भी माना जा सकता है। **धम्मपद** की टीका एक बृहद् ग्रन्थ है, जिसमें **धम्मपद** के पदों की व्याख्या की गयी है, और जिसमें **जातकट्ठवण्णना** की तरह अनेक लोकप्रिय प्राचीन कथाएँ, छोटे-छोटे उदात्त आख्यान और मनोरंजक परी-कथाएँ शामिल हैं। उसमें जातककथाओं के बार-बार हवाले दिये गये हैं, जातकों के अनेक-पद भी उद्धृत हैं और उसकी अनेक कहानियाँ अनेक जातक कहानियों से मिलती हैं। इससे सिद्ध होता है कि जातक की टीका पहले रची गयी थी।[४] **धम्मपद** की टीका में प्रदत्त हर कथा के निम्न आठ भाग हैं : (१) गाथा (पद) जिसका कहानी में हवाला है, (२) व्यक्ति या समूह जिसको कहानी सुनायी गयी है, (३) **पच्चुप्पन्नवत्थु** या वर्तमान की कहानी जो (४) एक या अनेक पदों में जाकर खत्म होती है, (५) पद की शब्दानुशब्द टीका, (६) सुनने वाले या सुनने वालों को जो आध्यात्मिक लाभ प्राप्त हुए, (७) **अतीतवत्थु** या अतीत की कहानी और (८) **अतीतवत्थु** के लोगों की **पच्चुप्पन्नवत्थु** के लोगों से शिनाख्त।[५]

विसुद्धिमग्ग तथा टीकाओं से साफ जाहिर है कि बुद्धघोष असाधारण कोटि का विद्वान् था और उसका अध्ययन विशाल था। उसके बारे में यह नहीं कहा जा सकता कि वह एक दार्शनिक था, जिसने कोई नया मार्ग ढूंढ निकाला और बौद्ध दर्शन के विकास में मौलिक योगदान किया।[६] वह एक आलोचनात्मक प्रतिभा का विद्वान् था. यह इस बात

---

१. ऊपर देखिए, जि० I, पृ० ३४० (अंगरेजी संस्करण)।
२. हि. पा. लि. II, पृ० ४५०।
३. पा. लि. सी., पृ० ९६।
४. **बुद्धिस्ट लीजेंड्स,** भाग १, पृ० ५७ प. पृ.।
५. देखिए लॉ, हि. पा. लि. II, पृ० ४४९-५०; साथ में देखिए बर्लिनगेम, **बुद्धिस्ट लीजेंड्स,** भाग I, पृ० २८-२९।
६. देखिए, लॉ **लाइफ एंड वर्क ऑफ बुद्धघोष,** पृ० १३५ प. पृ०, विंटरनित्ज़ हि. इ. लि., II, पृ० २०४।

से भी जाहिर है कि अनेक दार्शनिक सम्प्रदायों की पांडुलिपियों को देखकर वह बड़ी ईमानदारी से विभिन्न पाठों को दर्ज करता था। विरल शब्दों के बारे में उसके नोट्स अत्यन्त मूल्यवान् हैं और प्राचीन परम्पराओं को दर्ज करने के कारण वह हमारी गहरी कृतज्ञता का पात्र है। पालि भाषा के विकास में बुद्धघोष का योगदान अद्वितीय है। "सुत्तों की पुरानी, अस्वाभाविक, प्रवाहहीन भाषा के स्थान पर...बुद्धघोष अपनी विभिन्न कृतियों में एक समृद्ध शब्दावली वाली भाषा दे गया, जो प्रयोग में अत्यन्त लोचदार, विन्यास में अत्यन्त शालीन, कभी-कभी संश्लिष्ट और प्रगल्भ, किन्तु मानव मस्तिष्क द्वारा उस समय तक कल्पित समस्त विचारों और धारणाओं को व्यक्त करने में पूरी तरह सक्षम थी।"[१]

(II) बुद्धदत्त

कालक्रमानुसार बुद्धघोष का सबसे पहला उत्तराधिकारी बुद्धदत्त ज्ञात होता है। कुछ विद्वान् उसे बुद्धघोष का वरिष्ठ समकालीन मानते हैं।[२] लेकिन विन्टरनित्ज़ उसे बहुत बाद का लेखक मानता है।[३] उसके सारे ग्रन्थ कावेरी तट पर कह्लदास द्वारा स्थापित प्रसिद्ध चैत्य में रचे गये थे। उसे **विनय-विनिच्चय, उत्तर-विनिच्चय, अभिधम्मावतार, रूपा-रूप-विभंग, मधुरत्थविलासिनी** और **जिनालंकार** का लेखक बताया जाता है, किन्तु गीगर के अनुसार **मधुरत्थविलासिनी** के अलावा उसको किसी और ग्रन्थ का लेखक मानना संदिग्ध है।[४]

इनमें से पहली चार पुस्तकों में अधिकांशतः बुद्धघोष की टीकाओं का सारांश दिया गया है। **मधुरत्थविलासिनी** (या **मधुरत्थप्पकासिनी**) **बुद्धवंश** की टीका है। **जिनालंकार** २५० पदों की एक कविता है, जिसमें शानदार, लययुक्त और उदात्त भाषा में बुद्ध के जीवन के शब्दचित्र खींचे गये हैं। इसमें कुछ पद आन्तरिक लय से युक्त हैं, कुछ में अनुप्रास तथा अन्य अलंकारिक युक्तियों की छटा देखने को मिलती है और शब्दाडम्बरपूर्ण काव्यशैली और कृत्रिम रचना-पद्धति के दर्शन होते हैं। **जिनालंकार** की रचना-तिथि और उसके लेखक के नाम के बारे में विद्वानों में तीव्र मतभेद है।[५]

अभिधम्म के सारांश के चार भागों, अर्थात् मन, मानसिक तत्त्व, भौतिक गुण और **निब्बान** द्वारा व्याख्या करने की बुद्धदत्त की योजना बुद्धघोष की योजना से बेहतर नजर आती है, जिसके अनुसार पाँच खंडों में यह व्याख्या की गयी है। स्पष्ट है कि बुद्धदत्त ने अपने अग्रणी के प्रयत्नों का पूरा लाभ उठाया था। उसकी शैली उतनी

---

१. मालालशेखर, पा. लि. सी., पृ० १०३।

२. देखिए, विनयविनिच्चय, बुद्धघोसुप्पट्टि, ग्रे द्वारा सम्पादित, पृ० ४९-५१। देखिए, मालालशेखर, पा० लि० सी०, पृ० १०५ प., पृ०; लॉ, हि. पा. लि., II, पृ० ३८४ प. पृ०।

३. हि. इ. लि. II. पृ० २२०।

४. **पालि लिटरेचर एंड लैंग्वेज,** पृ० ३३।

५. गंधवंस, पृ० ६९, ७२; ग्रे. जिनालंकार, भूमिका, पृ० ७ प. पृ०; हि० इ० लि०, II, पृ. २२३ प० पृ०; पा० लि० सी०, पृ० १११-१२।

विवेचनात्मक नहीं है, लेकिन अधिक सजीव और सुचित्रित है, उसका वाक्य-विन्यास उतना उलझा हुआ, संश्लिष्ट और अस्पष्ट नहीं है और उसकी शब्दावली बुद्धघोष से कहीं ज्यादा समृद्ध है ।

(III) आनन्द

आनन्द भी बुद्धदत्त की तरह भारत का ही निवासी था । लगता है कि वह भी बुद्धघोष का समकालीन था, क्योंकि उसने उसी बुद्धमित्त के कहने पर अपनी टीका लिखी थी, जिसने पहले बुद्धघोष को **पपंचसूदनी** लिखने के लिए राजी किया था । आनन्द की **मूलटीका** या **अभिधम्म-मूलटीका** अभिधम्म की **अट्ठकथाओं** की सबसे पुरानी टीका है।

(IV) धम्मपाल

कहा जाता है कि धम्मपाल ने, जो भारत के दक्षिण तट पर स्थित पदरतित्थ का निवासी था, चौदह टीकाएँ लिखी हैं। विचारों में समानता और लेखन-पद्धति में साम्य देखते हुए लगता है कि वह बुद्धघोष से बहुत बाद में नहीं हुआ था । उसकी **परमत्थदीपनी** (वास्तविक अर्थ का विवेचन) **खुद्दनिकाय** के सात ग्रन्थों की टीका है, जिसकी बुद्धघोष ने व्याख्या नहीं की थी । धम्मपाल की अन्य टीकाएँ इस प्रकार हैं (८) **नेत्ति** पर, **टीका,** (९) **विसुद्धिमग्ग पर परमत्थमंजूषा** (१०-१३) चार निकायों की बुद्धघोष की टीका पर **लीनत्थवण्णना** या **लीनत्थप्पकासिनी** और (१४) **जातकट्ठकथा** पर इसी नाम की (**लीनत्थप्पकासिनी**) एक और टीका । अपनी टीकाओं में धम्मपाल ने आद्यन्त एक नियमित योजना का पालन किया है । आरम्भ में दी गई भूमिका में परम्परागत विवरण दिया गया है कि कविताओं का वह विशिष्ट संग्रह किस प्रकार किया गया था । वह बताने के बाद कि हर कविता किस प्रकार, कब और किसके द्वारा रची गयी, एक-एक वाक्यांश की व्याख्या करके उसका दार्शनिक अर्थ समझाया गया है ।

धम्मपाल का अधिकांश कृतित्व इस बात में निहित है कि उसने पूर्वकालीन सिंहली या तमिल टीका-साहित्य को पंडिताऊ, पालि भाषा में रूपान्तरित कर दिया । इसमें सन्देह है कि बुद्धघोष का समकालीन, किन्तु उससे उम्र में कम, धम्मपाल इन सारे ग्रन्थों का लेखक हो । सम्भव है कि उसके नामराशि परवर्ती लेखकों की कृतियां उस धम्मपाल की रचनाएँ मान ली गयी हों, जिसने बुद्धघोष की टीकाओं को पूर्ण करना अपने जीवन का लक्ष्य बनाया था । अगर उसे नालन्दा के संघाराम के अध्यक्ष धर्मपाल से अभिन्न माना जाए, जो ह्वेन-त्सांग के गुरु का गुरु था, तो उसकी कालतिथि बुद्धघोष के एक शताब्दी बाद रखनी होगी, पर हार्डी (Hardy) और गीगर (Geiger) मानते हैं कि यह अभिन्नता अभी तक अप्रमाणित है ।[१]

---

१. त्सा, ड्वा. मी. गे. ५१, पृ० १०३ प. पृ. **पालि लिटरेचर ऐंड लेंग्वेज,** पृ० ३४ ।

धम्मपाल के ग्रन्थों से उसके अपार ज्ञान, व्याख्या-विवेचन की प्रभूत क्षमता और ठोस निर्णय करने की योग्यता का आभास मिलता है। बुद्धघोष के मुकाबले में उसकी शैली अधिक सरल और कम विस्तृत है। यद्यपि धम्मपाल का अध्ययन विशाल था और उसकी जानकारी भी काफी विस्तृत थी, किन्तु बुद्धघोष का अध्ययन अधिक व्यापक और उसकी जानकारी विश्वकोशीय थी। धम्मपाल टीकाकार और निरुक्तशास्त्री की अपेक्षा अधिक बड़ा वैयाकरण और विद्वान् था।

(V) उपसेन

विक्रमसिंघे के अनुसार इसी काल में उपसेन भी हुआ था, जो **महानिद्देस** की टीका (जिसका नाम **सद्धम्मप्पजोतिका** है) का लेखक था। यह वास्तव में सिंहली में प्राप्त टीकाओं का पालि में अनुवाद मात्र है।[1] इसमें मौलिकता का कोई प्रयत्न नहीं किया गया, और यह ग्रन्थ बुद्धघोष या धम्मपाल के ग्रन्थों से निम्न कोटि का है। बोधगया के एक अभिलेख[2] में लंका के शिक्षकों में महानाम से पहले के एक उपसेन और उसके बाद के एक उपसेन का उल्लेख मिलता है। महानाम का हवाला शायद **महावंस** के लेखक से है और उससे पहले के उपसेन का हवाला शायद हमारे इस उपसेन से है। इस सूरत में इस उपसेन की कालतिथि पाँचवीं सदी होगी। और अगर उसे दूसरे उपसेन से अभिन्न माना जाय, तो भी वह हमारे विवेच्य काल में ही आएगा।

(VI) कस्सप

अनागतवंस (भविष्य का इतिहास, अर्थात् भावी बुद्ध) १५० पदों का काव्य है, जो विषय-वस्तु की दृष्टि से **बुद्धवंस** की उत्तर-कथा है। इसमें भावी बुद्ध मैत्रेय और उसके समकालीन चक्रवर्ती शंख का विस्तृत विवरण पेश किया गया है। **गंधवंस** के अनुसार इस काव्य का लेखक कस्सप था, जो **बुद्धवंस** का भी लेखक था, और उसकी टीका (**अनागतवंस-अट्ठकथा**) का लेखक उपतिस्स था। विभिन्न कालों में अनेक कस्सप और उपतिस्स हुए हैं, इसलिए इस काव्य की तारीख निश्चित रूप से तय नहीं की जा सकती। विन्टरनित्ज़ (Winternitz) का कहना है कि यह रचना "शायद किसी पूर्ववर्ती काल की है, हालाँकि अनेक विद्वानों का ख्याल है कि **अनागतवंश** एक जाली रचना है।[3] मालालशेखर (Malalsekara) का विश्वास है कि उपतिस्स की **टीका** किसी पूर्ववर्ती कृति पर आधारित है।[4] यह निश्चित नहीं है कि **अनागतवंस** का लेखक **मोहविच्छेदनी, विमतिच्छेदनी** (या **विमति-विनोदिनी**) और **बोधिवंस** के लेखक

---

१. **केटलग,** पृ. XII, पा० लि० सी०, पृ० ११६ प. पृ. में निर्देशित।

२. का. इ. इ., III. २४४।

३. हि. इ. लि., II, पृ० १२०, डी ज्वायसा, **कैटलग ऑफ पालि, सिंहली एंड संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि टेम्पुल लाइब्रेरीज आफ सीलोन,** पृ० ५।

४. पा० लि० सी०, पृ० १६१।

से अभिन्न है, यद्यपि गंधवंस[1] में कहा गया है कि इन सब ग्रन्थों का लेखक एक ही व्यक्ति था। **मोहविच्छेदनी, अभिधम्म** पर प्रबन्ध है और **विमतिच्छेदनी, विनय** पर प्रबन्ध है।

(VII) धम्मसिरि और महासामि

धम्मसिरि की लिखी **खुद्दसिक्खा** और महासामि की लिखी **मूलसिक्खा** में विनय के नियमों का संक्षेप दिया गया है। ये दोनों पुस्तकें अधिकांश में पद्यबद्ध हैं, किन्तु कुछ अनुच्छेद गद्य में भी हैं। उनकी भाषा सरल और आडम्बरहीन है। परम्परा इन दोनों पुस्तकों को बुद्धघोष से पहले की बताती है। राइस डेविड्स इस परम्परा का समर्थन करता है, किन्तु इस प्रश्न पर विद्वानों में बहुत मतभेद है।[2]

३. पालि वृत्त

जहां एक ओर बुद्धघोष और उसके उत्तराधिकारी अनुश्रुतियों के संग्रह और धर्मग्रन्थों की व्याख्या में लगे हुए थे, वहाँ दूसरी ओर एक दूसरे ही प्रकार की साहित्यिक क्रियाशीलता जारी थी जो इतिवृत्तों के रूप में लंका के इतिहास और बौद्धों के संघ के विकास की मुख्य-मुख्य घटनाओं को दर्ज करने में लगी थी। लंका में इतिहास-लेखन का प्रथम प्रयास सिंहली भाषा में **अट्ठकथाएँ** लिखने के रूप में सामने आया, जिनमें ऐसे अनुभाग हैं, जिनके अन्दर धार्मिक इतिहास, अर्थात् लंका-द्वीप में बौद्ध धर्म के आगमन और विकास की कहानी कही गयी है, जो **बुद्धवंस, चरियापिटक** और **जातकों** में प्रदत्त आख्यानों पर आधारित है। इन अनुभागों में मिथक आख्यानों, अनुश्रुतियों, कथाओं, और ऐतिहासिक घटनाओं का सम्मिश्रण है और वे लंका में बौद्ध धर्म को सीधे गौतम बुद्ध से सम्बद्ध कर देती हैं। जब हम ऐतिहासिक काल में पहुँचते हैं, तो वहां ऐतिहासिक तथ्यों के भी चिह्न मिलने लगते हैं। धार्मिक परम्पराओं के अलावा इन **अट्ठकथाओं** में लोक-कथाएँ और चुटकुले भी शामिल किये गये हैं, जिससे वे सूचनाओं का भंडार बन गयी हैं।

(I) दीपवंस

दीपवंस (द्वीप, अर्थात् लंका का इतिहास) में पहली बार सिंहली **अट्ठकथाओं** में उपलब्ध परम्पराओं को महाकाव्य का रूप देने की कोशिश की गयी। इसके लेखक का नाम अज्ञात है। लगता है कि उसे पालि भाषा बहुत कम आती थी। साहित्यिक दृष्टि से भी **दीपवंस** एक निम्नकोटि की रचना है। पद्यों के बीच गद्य के अंश भरे गये हैं और व्याकरण की गलतियों और छन्ददोषों की तो भरमार है। पुनरावृत्ति दोष के अलावा अनेक महत्त्वपूर्ण प्रसंग छोड़ दिये गये हैं और सारी रचना एक प्रकार से आंशिक है।

---

१. ज. पा. टे. सो., १८८६, पृ० ६१।

२. ज. पा. टे. सो., १८८३, पृ० xiii प. पृ० ८६-८७; **पालि लिटरेचर एंड लैंग्वेज**, पृ० ३५-३६; हि. इ. लि., II, पृ० २२१।

लेखक अचानक एक विषय से उछल कर दूसरे विषय का वर्णन करने लगता है; उसके वर्णन में अनेक बातें छूट जाती हैं और अक्सर वर्णनों के बीच भाषण शुरु हो जाते हैं, जिससे वर्णन का प्रभाव नष्ट हो जाता है। **दीपवंस** चौथी सदी के मध्य में राजा महासेन के बाद ही रचा गया था, क्योंकि इस राजा के शासन-काल के साथ ही उसका विवरण समाप्त होता है। इस प्रकार **दीपवंस** बुद्धघोष से पहले की रचना है, जिसने अपने ग्रन्थ **कथावत्थु** में **दीपवंस** से बार-बार उद्धरण दिये हैं।

(II) महावंस

दीपवंस की तुलना में, जिसमें एक महाकाव्य रचने का बड़ा शिथिल और कमजोर प्रयत्न दिखाई पड़ता है, **महावंस** सचमुच उच्चकोटि का महाकाव्य है। इसके अन्दर "प्राचीनों की रची हुई ऐतिहासिक कृति को", जिसमें "कहीं तो कोरी लफ्फाजी थी और कहीं जरूरत से ज्यादा संक्षिप्तता थी, और कुछ बातें बार-बार दोहराई गयी थीं", सचेतन रूप से पुनर्गठित करके और उसमें से इन दोषों को निकालकर प्रस्तुत किया गया है।[1] महानाम को इसका लेखक बताया जाता है, जिसे हम ईसा की पाँचवीं सदी में रख सकते हैं। लेखक ने एक अलंकृत काव्य रचने का प्रयास किया है और उसने बड़े कौशल से अपनी सामग्री, भाषा और छन्द का प्रयोग किया है। महावंस ने विजय और उसके निकट उत्तराधिकारियों की कहानी का विस्तार किया है और दुट्ठगामणी की कहानी का एक स्वतन्त्र महाकाव्य के रूप में विकास किया है। **दीपवंस** की तरह **महावंस** का विवरण भी ३७वें कांड में राजा महासेन की मृत्यु (सन् ६६२ ई०) के साथ ही समाप्त हो जाता है। **महावंस** से आगे की कथा **चूलवंस** में मिलती है, जो सुसम्बद्ध रचना नहीं है। वह विभिन्न समयों पर लिखी हुई विभिन्न लेखकों की रचना है। थेर धम्मकित्ति (तेरहवीं सदी) **चूलवंस** की परम्परा जारी रखने वाला पहला लेखक था।

भारतीय धारणाओं के अनुसार **महावंस** दरअसल **दीपवंस** की टीका है। ओल्डेनबर्ग (Oldenberg) का विचार है कि **दीपवंस** और **महावंस** एक ही कहानी के दो पाठान्तर हैं। दोनों में विवरण गौतम की कहानी से शुरु होता है और दोनों एक ही सामान्य स्रोत, महाविहार के **अट्ठकथा महावंस** पर आधारित हैं। चमत्कारी घटनाओं, अन्धविश्वासों और अतिरंजनाओं तथा साथ ही ऐतिहासिक चेतना और आलोचनात्मक क्षमता के अभाव के बावजूद, हम यह नहीं कह सकते कि इन दोनों कृतियों में ऐतिहासिक मूल्य की कोई सामग्री नहीं है, जैसा कुछ विद्वानों का विचार है। यह बात कि इन लेखकों द्वारा प्रस्तुत की गयी सूचनाएँ कोरी काल्पनिक नहीं हैं, इससे प्रमाणित है कि वे अक्सर भारतीय परम्पराओं का समर्थन करती हैं। इन विवरणों का बाहरी स्रोतों से भी समर्थन

---

१. देखिये, विन्टरनित्ज़, हि. इ. लि. II, पृ० २११-१२ गीगर (Geiger) के विचार से यह कृति **दीपवंस** है, किन्तु विन्टरनित्ज (पू. ले.) को इसमें सन्देह है। फ्लीट (ज. रा. ए. सो., १९०९, पृ० ५) **महावंस** को **दीपवंस** की "टीका" बताता है, और गीगर (Geiger) ने महावंस, अनु० पृ० xi प० पृ०; **पालि लिटराटर उंड स्प्राखे**, (पृ० २४) में उसका समर्थन किया है।

होता है और उनमें दिया गया कालानुक्रम काफी सही है। लेखकों ने उन्हीं बातों को दर्ज किया है, जिन्हें वे ऐतिहासिक तथ्य समझते थे; उनका ऐतिहासिक कालों का विवरण और उससे पूर्ववर्ती काल का विवरण विश्वसनीय कहा जा सकता है।

४. व्याकरण

कच्चायन द्वारा लिखित **कच्चायन व्याकरण** या **कच्चायनगंध** को पालि का सबसे प्राचीन व्याकरण माना जाता है। बुद्धघोष ने क्लासिकी पालि व्याकरण के इस लेखक की व्याकरण सम्बन्धी पारिभाषिक शब्दावली का प्रयोग नहीं किया, इससे सिद्ध होता है कि बुद्धघोष उससे पहले हुआ था। फ्रान्क (Franke) ने सूचित किया है कि बुद्धघोष और धम्मपाल ने व्याकरण के बिलकुल भिन्न नियमों का पालन किया था, जो सम्भवतः बोधिसत्त्व के व्याकरण पर आधारित थे।[1]

कच्चायन ने **काशिकावृत्ति** (सातवीं सदी) के साथ-साथ पाणिनि की अन्य टीकाओं और शर्ववर्मन् के **कातंत्र** का इस्तेमाल किया था। इसे हम कच्चायन की कालतिथि की ऊपरी सीमा मान सकते हैं। कच्चायन को दो अन्य व्याकरिणक ग्रन्थों, **महानिरुत्तिगंध** और **चुल्लुनिरुत्तिगंध** का भी लेखक बताया जाता है। कच्चायन के व्याकरण का सबसे बड़ा दोष यह है कि वह पालि और संस्कृत के ऐतिहासिक सम्बन्ध की उपेक्षा करता है, और अपने आप में एक स्वतन्त्र भाषा के रूप में पालि का विवेचन करता है। भाषामूलक सामग्री का भी उसमें विस्तारपूर्वक विवेचन नहीं किया गया।

५. सामान्य पुनरीक्षण

कहा जा सकता है कि पालि साहित्य का "आगस्टन काल" उन टीकाओं के साथ शुरू हुआ था, जिनका ऊपर जिक्र किया गया है और आरम्भिक इतिवृत्तों—**दीपवंस** और **महावंस**—की पूर्ति के साथ ही खत्म हो गया था। टीकाओं से सूचित होता है कि कांचीपुर, कावेरीपट्टण, मदुरा, उरगपुर, और अनुराधपुर पालि बौद्ध-धर्म के प्रसिद्ध केन्द्र थे। पालि विवरणों के परवर्ती काल में साहित्यिक रचनात्मकता के विशेष दर्शन नहीं होते। कभी-कभी संस्कृत ग्रन्थों की नकल में एकाध उपयोगी नियम-संहिताओं के संकलन किये गये और कुछ काव्य-रचनाएँ भी प्रकाश में आयीं। हमने पालि साहित्य का जो विवरण दिया है, उससे स्पष्ट है कि विविध क्षेत्रों में लौकिक रुचि के साहित्य की इसमें सर्वथा कमी थी। उदाहरण के लिए कथा-साहित्य और नाटक तो बिलकुल रचा ही नहीं गया। न उसमें ज्योतिष, नक्षत्र-विज्ञान, चिकित्साशास्त्र, गणित, तर्क-शास्त्र और राजनीति आदि पर ही कोई ग्रन्थ लिखा गया और इनमें से कुछ विषयों पर जो थोड़े से ग्रन्थ मिलते हैं, वे बहुत बाद के लिखे हुए हैं।

---

१. गेओख उंड क्रित, **डेर आइन हाइम, पालि-ग्रामाटिक**, पृ० २-३।

(ग) जैन धर्म

I. जैन धर्म का प्रसार

१. उत्तर भारत

ईसा की तीसरी सदी के अन्त तक समस्त भारत में जैन धर्म की जड़ें मजबूत हो गयी थीं। मगध में अपने मूल जन्म-स्थान से शुरू होकर यह धर्म विभिन्न देशों में फैल गया था, अर्थात् दक्षिण-पूरब में कलिंग तक, पच्छिम में मथुरा और मालवा तक, दक्षिण में दक्षिणपथ और तमिल देश तक। साथ ही ऐसा लगता है कि स्वयं मगध में इसका प्रभाव खत्म हो गया था और वह पश्चिम और दक्षिण के देशों में शक्तिशाली होता गया था। उत्तर में भी कुछ राजाओं का आश्रय पाने में आरम्भिक सफलता हासिल करने के बाद, जो आंशिक रूप से उसके तीव्र प्रसार का कारण था, वह उसे खो बैठा, किन्तु मध्यवर्ग के लोगों, विशेषकर व्यापारियों और बैंकरों पर उसका प्रभाव बहुत दिनों तक बना रहा। उत्तर के राजाओं का समर्थन और आश्रय खोने से इस धर्म को जो नुकसान हुआ, उसकी पूर्ति दक्षिणपथ के अनेक राजाओं का समर्थन और आश्रय पाकर हो गयी। विवेच्य काल में विन्ध्यपर्वतमाला से दक्षिण के भारत को जैन धर्म का गढ़ कहा जा सकता है।

किन्तु जैन-धर्म के प्रसार उसके मूल केन्द्र के परिवर्तन के साथ-साथ इसके धर्म-संघ के संगठन में भी परिवर्तन हुए। जैनियों का श्वेताम्बर और दिगम्बर इन दो सम्प्रदायों में बँटवारा तब तक पक्का हो गया था और इस बंटवारे का असर केवल जैन मुनियों पर ही नहीं पड़ा, बल्कि साधारण गृहस्थ अनुयायियों पर भी पड़ा। यापनीयों[1] जैसे समझौतावादी दृष्टिकोण और विचारों के स्कूल अभी तक मौजूद थे, किन्तु उनको इन दोनों सम्प्रदायों जैसा महत्त्व कभी प्राप्त नहीं हो सका। ये दोनों बड़े सम्प्रदाय भी अनेक छोटे-छोटे समूहों—जैसे संघों और गणों के रूप में दक्षिण में और कुलों, शाखाओं और बाद में गच्छों के रूप में उत्तर में बँट गये थे। यह इस धर्म के एक विशाल भूभाग में फैल जाने और जैन साधुओं की घुमक्कड़ प्रवृत्ति का स्वाभाविक परिणाम था। धर्म-संगठन में इस विभाजन का उसके साधारण अनुयायियों पर भी एक सीमा तक प्रभाव पड़ा और वे भी शायद इन दो सम्प्रदायों के अलावा उनके उप-विभाजनों के अनुसार बँट गये थे।

गुप्त साम्राज्यवाद का युग, जिसमें हिन्दूवाद और संस्कृत के क्लासिकी साहित्य का पुनरुत्थान हुआ था, जैन और बौद्ध दोनों धर्मों के ह्रास का काल साबित हुआ। जैन-धर्म के सम्बन्ध में इस काल के पुरालेखीय विवरणों की कमी और जैन विद्वानों में साहित्यिक रचना के प्रति उदासीनता से साफ जाहिर है कि उन दिनों जैन धर्म कुछ ज्यादा फलफूल नहीं रहा था। इस बात की पुष्टि इससे भी होती है कि चीनी यात्री फाहियान ने अपने विवरण में जैन धर्म का एक बार भी उल्लेख नहीं किया है। इस ह्रास का

---

१. उपाध्ये, ज. यु. ब., I भाग VI पृ० २२४-३१।

कारण राज्याश्रय का अभाव था। किन्तु ऐसे संकेत मिलते हैं, जिनसे अनुमान होता है कि यह धर्म मध्यवर्गों के बीच पहले की तरह ही लोकप्रिय था। ये संकेत गुप्तकाल के दो अभिलेखों से प्राप्त होते हैं।

कुमारगुप्त के शासन-काल के दो अभिलेख हैं; पहला मथुरा में (सन् ४३२ ई०) है, जिसमें एक महिला द्वारा एक जैन-मूर्ति के दान का उल्लेख है, और दूसरा मालवा के उदयगिरि में (सन् ४२६ ई०), जिसमें एक व्यक्ति द्वारा पार्श्व की मूर्ति स्थापित करने का जिक्र है। स्कन्दगुप्त काल के कहोम अभिलेख (सन् ४६१ ई०) में भी उस गाँव में पाँच जैन पैगम्बरों की मूर्तियों की स्थापना का उल्लेख है। इन विवरणों से जाहिर है कि गुप्त साम्राज्य में मथुरा, उदयगिरि और ककुभ जैसे दूर-दूर तक बसे स्थानों में भी आम जनता जैन धर्म की अनुयायी थी। इन विवरणों से यह भी जाहिर होता है कि जैन धर्म पूरब की अपेक्षा पश्चिम में ज्यादा लोकप्रिय था। इसके अलावा, हम देखते हैं कि इस धर्म में उपासना का सामान्य रूप जैन पैगम्बरों की मूर्तियों की स्थापना करना होता था, और जैनमुनियों का संघ पहले की तरह ही गणों और शाखाओं में बँटा हुआ था।

अपने जन्म-प्रदेश बिहार और उससे पूरब बंगाल में जैन धर्म का प्रभाव प्रायः समाप्त हो गया था। इसके बाद, पहाड़पुर में मिले ताम्रपत्रों[1] में, जिनकी तिथि सन् ४७८ ई० है, एक व्यक्ति और उसकी पत्नी द्वारा वट गोहाली के जैन-विहार के खर्च के लिए भूमि-अनुदान का विवरण दिया गया है। इस जैन-विहार का प्रबन्ध बनारस पंचस्तूप-निकाय के निर्ग्रन्थ गुरु गुहनन्दी के शिष्यों के हाथ में था। चौथी-पाँचवीं सदी का यह जैन-विहार शायद उसी स्थान पर था, जहाँ पहाड़पुर (राजशाही जिला) में अब एक विशाल मन्दिर के अवशेष खुदाई में निकले हैं। यह उल्लेखनीय है कि इस विहार का संस्थापक एक जैनमुनि था, जो बनारस से पूरब की ओर गया था।

गुप्त साम्राज्य के विघटन के बाद के काल की सूचनाएँ हमें ह्वेन-त्सांग के विवरण में प्राप्त होती हैं, जो सातवीं सदी में भारत आया था। उसने लिखा है कि श्वेताम्बर और दिगम्बर दोनों सम्प्रदायों के जैनमुनि पश्चिम में तक्षशिला और पूरब में विपुल तक मिलते थे, और पूरब में पुंड्रवर्धन और समतट के क्षेत्रों में निर्ग्रन्थ दिगम्बरों की काफी बड़ी तादाद थी। ब्राह्मण लेखक उस समय जैन मुनियों को जिस हिकारत की नजर से देखते थे, इसका अन्दाज बाण के **हर्षचरित** में नंगे क्षपणक के उल्लेख और दण्डी के **दशकुमारचरित** में एक गरीब द्वारा जैन धर्म अपना लेने का मजाक उड़ाने वाले प्रसंग से लगाया जा सकता है।

सातवीं और आठवीं सदी के जैनमुनियों और साहित्यकारों के कार्य पर कुछ प्रकाश उद्योतन की प्रेम-कथा **कुवलयमालाकहा**[2] से पड़ता है, जो सन् ७७९ में रची गयी थी। उसका कहना है कि भारत के उत्तरी भाग में चन्द्रभागा (चिनाब) नदी के निकट

---

१. ई. इ., XX. ६१ प. पृ.।

२. ए. भ. ओ. रि. इ., XVI, पृ० ३४-३५।

पव्वैया नाम का एक नगर था, जो यवन राजा तोरमाण की राजधानी थी। इस राजा का आध्यात्मिक गुरु गुप्त-परिवार का हरिगुप्त था। इसका एक शिष्य देवगुप्त था, जो गुप्त-सम्राटों के वंश का राजकुमार था। देवगुप्त का भी एक शिष्य था, जिसका नाम शिवचन्द्र था और जिसकी उपाधि महत्तर थी। अपनी यात्राओं के दौरान शिवचन्द्र भिन्नमाल में जाकर रहने लगा, जो श्रीमाल के नाम से प्रसिद्ध है। उसका एक शिष्य दूर दूर तक प्रसिद्ध, जैन विद्वान् यक्षदत्त था और बाकी शिष्यों के जत्थों ने घूम घूम कर प्रचार करके सारे गुजरात को जैन धर्म का अनुयायी बना लिया था। उसका एक शिष्य वातेश्वर था, जिसने आकाशवप्र में जिन का एक विशाल और भव्य मन्दिर बनवाया था। उसका शिष्य तत्त्वाचार्य था जो इस प्रेमकथा के लेखक उद्योतन का गुरु था। उद्योतन ने जैन धर्मग्रन्थों की शिक्षा वीरभद्र से ग्रहण की थी, और न्यायशास्त्र तथा अन्य विज्ञानों की शिक्षा प्रसिद्ध विद्वान् हरिभद्र से प्राप्त की थी। यद्यपि इतिहास से हमें यह जानने में कोई सहायता नहीं मिलती कि ये गुप्तराजा कौन थे, और हूण राजा तोरमाण ने किस हद तक जैन धर्म अपना लिया था, लेकिन हम यह आसानी से मान सकते हैं कि उन दिनों के छोटे-छोटे राजा और सामन्त जैन धर्म को राजाश्रय देते थे और जैनमुनियों के जत्थे घूम घूम कर पश्चिमी भारत के विभिन्न भागों में जैन धर्म का प्रचार करते थे।

मध्यकाल के आरम्भ में काठियावाड़ और गुजरात के क्षेत्र में जैनों की उपस्थिति की पुष्टि साहित्यिक, पुरालेखीय और पुरातत्त्वीय खुदाई से प्राप्त प्रमाणों से भी होती है। लेकिन आगे चलकर राजाओं का संरक्षण और आश्रय पाकर इस धर्म ने ग्यारहवीं और बारहवीं शताब्दियों में जो प्रतिष्ठा प्राप्त की, उसके मुकाबले में इस समय वह व्यापारी वर्गों का ही धर्म बना रहा और इन देशों के प्रारम्भिक राजवंशों का उसे विशेष आश्रय नहीं प्राप्त हुआ। जैन धर्म के प्रचार का अधिकतर कार्य उसके मुनियों ने ही किया और उन्होंने काफी साहित्य-सृजन भी किया, जो आगे चलकर उनके धर्म-संघ के लिए अत्यन्त महत्त्वपूर्ण साबित हुआ।

सातवीं सदी के दो गुर्जर राजाओं, जयभट प्रथम और दद्द द्वितीय को, उनके अनुदान-पत्रों में "वीतराग" और "प्रशान्तराग" की उपाधियाँ दी गयी हैं—इन शब्दों से सूचित होता है कि वे शायद जैन-धर्म के समर्थक थे, चाहे उन्होंने स्वयं वह धर्म न भी अपनाया हो। उत्तरी गुजरात में अणहिल्लपुर के चापोत्कट-वंश के संस्थापक वनराज को भी जैन परम्परा में जैन धर्म का अनुयायी और संरक्षक माना गया है।

२. दक्षिणापथ

उत्तर भारत में यदि जैन धर्म को राज्याश्रय प्राप्त नहीं हुआ, तो विवेच्य काल में दक्षिणापथ के विभिन्न राजवंशों की ओर से उसे अपेक्षया अधिक समर्थन और सहायता प्राप्त हुई। फलतः कन्नड़ भाषी क्षेत्रों में जैन धर्म का प्रसार हुआ। दक्षिणापथ के कई राजपरिवारों, मन्त्रियों और सामन्तों ने जैन धर्म के प्रति झुकाव दिखाया। यद्यपि इनमें से कई के बारे में यह साबित करना मुश्किल है कि इन राजाओं ने सचमुच जैन धर्म

अपना लिया था, किन्तु इस बात के प्रचुर प्रमाण मौजूद हैं कि वे बड़ी उदारतापूर्वक इस धर्म को सहायता और संरक्षण देते थे। देश के इस भाग में जैन धर्म की सम्पन्नता और प्रसार का यही मुख्य कारण था।

मैसूर के गंग राजा[1] जैन धर्म से अंतरंग रूप से सम्बद्ध थे।[2] एक परवर्ती परम्परा में, जिसमें समय के साथ अधिकाधिक ब्यौरे जुड़ते गये, गंगवंश के संस्थापक को जैन आचार्य सिंहनन्दी का शिष्य बताया गया है और दावा किया गया है कि उसके सारे उत्तराधिकारी जैनधर्मावलम्बी थे। बाद के एक शासक अविनीत के बारे में कहा जाता है कि जैन आचार्य विजयकीर्ति ने उसका पालन-पोषण किया था। प्रसिद्ध दिगम्बर लेखक पूज्यपाद का नाम इसी परिवार के एक दूसरे राजा दुर्विनीत से जोड़ा जाता है। इन परम्पराओं को हम चाहे जितना मूल्य दें, लेकिन अविनीत, शिवमार और श्रीपुरुष जैसे गंग राजाओं के अभिलेख प्राप्त हैं, जिनमें ब्राह्मणों के मन्दिरों को दान देने के साथ-साथ जैन-मुनियों और जैन-मन्दिरों के निर्माण के लिए प्रदत्त अनुदानों के विवरण भी दिये गये हैं। इन राजाओं का व्यक्तिगत धर्म चाहे जो भी रहा हो, जैन धर्म को उनका संरक्षण और समर्थन प्राप्त था, यह साफ जाहिर है।

वैजयन्ती या वनवासी के कदम्ब राजाओं[3] को अक्सर जैनधर्मावलम्बी माना जाता है। लेकिन इस वंश के संस्थापक मयूरशर्मा के बारे में परम्परा और कदम्बों के अनेक विवरणों में अश्वमेध यज्ञ करने और हिन्दू देवताओं के लिए दान करने के संकेतों से यह ज्यादा सम्भव मालूम पड़ता है कि वे सनातन धर्म के अनुयायी थे।[4] साथ ही यह भी जाहिर है कि उन्होंने जैन धर्म के प्रति असाधारण पक्षपात दिखाया था, जो सम्भवतः उनकी प्रजा के अधिकांश लोगों का धर्म था। जो भी हो, हमारे पास ऐसे अनेक विवरण प्राप्त हैं जिनसे मालूम होता है कि अनेक राजाओं ने जैनमुनियों को, और जैन मन्दिरों के निर्माण के लिए, अनुदान किया था और जैन-धर्मी विभिन्न सम्प्रदायों की अन्य प्रकार से भी सहायता की थी। कदम्ब राजाओं के इन सारे विवरणों से स्पष्ट हो जाता है कि उनका उदार आश्रय पाकर जैन धर्म खूब फल-फूल रहा था और देश के अनेक सम्पन्न जमींदार और उच्च पदाधिकारी जैन धर्म के कट्टर अनुयायी थे। जैनों के अनेक सम्प्रदाय थे, जैसे निर्ग्रंथ, जो दक्षिण का दिगम्बर सम्प्रदाय था, यापनीय, जो सम्प्रदाय बाद में खत्म हो गया, कूर्चक, जो कम विख्यात था, और वैसे ही श्वेतपट भी। मन्दिरों का निर्माण करना, जैन यतियों और मुनियों को भोजन कराना, जिन की मूर्तियों की पूजा करना और जैन-उत्सवों का आयोजन करना, धार्मिक उत्साह दिखाने के ये ही परम्परागत रूप थे।

इस प्रकार का कोई विश्वसनीय प्रमाण नहीं मिलता कि बादामि के चालुक्यों ने भी कभी जैन धर्म के प्रति झुकाव दिखाया था। दो अप्रामाणिक अनुदान-पत्रों में पुलकेशिन

---

१. देखिए पृ० ३०४ प. पृ.।
२. सालेतोर—**मेडीवल जैनिज्म** पृ० ७ प. पृ०।
३. देखिए, पृ० ३०६ प. पृ.।
४. शर्मा, **जैनिज्म ऐंड कर्नाटक कल्चर,** पृ० ९ प. पृ.।

प्रथम और कीर्तिवर्मन् के दान दर्ज किये गये हैं और कुछ जैन आचार्यों का जिक्र भी है। लेकिन, हमारे पास चालुक्यों के सबसे महान् शासक पुलकेशिन् द्वितीय का एहोल अभिलेख है, जहां पुलकेशिन् के आश्रित रविकीर्त्ति ने जिनेन्द्र का मेगुति नामक मन्दिर बनवाया था। इसके अलावा लक्ष्मेश्वर में ऐसे कई जाली अनुदान-पत्र मिले हैं, जो विनयादित्य, विजयादित्य और विक्रमादित्य जैसे चालुक्य राजाओं द्वारा जारी होने का दावा करते हैं और जिनमें उनके द्वारा जैन आचार्यों को और जैन-मन्दिरों के निर्माण के लिए दान देने के विवरण हैं। जैसा डॉ० अल्तेकर[1] ने संकेत किया है उन दिनों ऐसे जाली अनुदान-पत्र तैयार करना तभी सम्भव हुआ होगा जबकि कोई न कोई परम्परा प्रचलित रही होगी कि ये राजा जैन धर्म के प्रति उदार थे। बादामि में एक जैन गुफा मिली है और एक एहोल में, जिनमें तीर्थंकरों की मूर्तियां प्राप्त हुई हैं। ये गुफाएं चालुक्य काल के प्रारम्भिक दिनों की हैं।

३. दक्षिण भारत

ईसा की आरम्भिक शताब्दियों में दक्षिण भारत में जैन धर्म की क्या स्थिति थी, इसके बारे में निश्चित जानकारी प्राप्त करना कठिन है। **महावंश** के इस वक्तव्य का कि पाण्डुकाभय के समय में श्रीलंका में भी निर्ग्रंथ जैन रहते थे, अथवा रामनाद और तिन्नवेल्ली जिलों की गुफाओं में मिले ब्राह्मी-लिपि के अस्पष्ट विवरणों का तमिल देश में जैन धर्म के इतिहास की रूपरेखा तैयार करने में कोई महत्त्व नहीं है।[2] किन्तु प्रारम्भिक तमिल रचनाओं में प्राप्त सूचनाओं से इसमें कोई सन्देह नहीं रह जाता कि जैन का दक्षिण में व्यापक प्रसार था। यद्यपि विद्वान् इस साहित्य की तारीख के बारे में एक मत नहीं हैं, किन्तु इसमें सन्देह नहीं कि इस साहित्य का काफी भाग जैन लेखकों के प्रयासों का परिणाम है और इससे स्वभावतः यह सूचित होता है कि जैन धर्म के अनुयायियों की काफी बड़ी संख्या रही होगी, जिनके लिए यह साहित्य रचा गया था। अन्य धर्मों की तरह जैन धर्म का भी दावा है कि **तोल्काप्पियम** और **कुरल** के लेखक उसके अनुयायी थे। इससे अधिक मूल्यवान् बौद्ध महाकाव्य **मणिमेखलइ** की साक्षी है, जिसमें जैन मुनियों, विशेषकर दिगम्बर जैनों और उनके सिद्धान्तों का काफी सही उल्लेख मिलता है। अन्य प्रसिद्ध ग्रन्थ, जैसे **जीवकचिन्तामणि, सिलप्पदिकारम्, नीलकेसि, यशोधरकाव्य** तथा अन्य, निश्चय ही विषय-वस्तु की दृष्टि से जैन ग्रन्थ हैं, किन्तु उनकी रचना की तिथियाँ अनिश्चित हैं। मोटे तौर पर हम कह सकते हैं कि वे उस काल में रचे गये थे, जब जैन धर्म का तमिल देश में व्यापक प्रसार था, और यह काल सातवीं सदी से पहले ही रहा होगा, जब दक्षिण भारत में जैन धर्म को गम्भीर संकट का सामना करना पड़ा था।

जैन परम्परा भी इस बात का समर्थन करती है कि दक्षिण भारत में जैन-धर्म का व्यापक प्रसार था। प्रसिद्ध जैन लेखक समन्तभद्र का सम्बन्ध कांची नगर से था।

---

१. **द राष्ट्रकूटाज ऐंड देयर टाइम्स,** पृ० ३१०।
२. आयंगर और राव—**स्टडीज इन साउथ इंडियन जैनिज्म,** पृ० ३२ प. पृ०।

दक्षिण का सबसे पहला प्राकृत लेखक कुंदकुंद है, जिसका दिगम्बर साहित्य में ऊँचा स्थान है। उसे एक राजा शिवकुमारमहाराज से सम्बद्ध बताया जाता है, जो परम्परा के अनुसार उसका शिष्य था और यह अनुमान किया गया है कि वह प्राकृत के अनुदान-पत्रों वाला एक पल्लव राजा था। परवर्ती काल के एक संस्कृत अनुवाद से पता चलता है कि एक जैन विद्वान् सर्वनन्दी ने अपना प्राकृत ग्रन्थ **लोकविभाग** सन् ४६८ ई० में लिखा था, जिस समय कांची का शासक सिंहवर्मन् था। कुछ लोगों के अनुसार, जिन विदेशियों ने दक्षिण पर आक्रमण किया था और जो कलभ्र[1] कहलाते थे, कर्नाटक से आये थे और जैन धर्म के अनुयायी थे।

दक्षिण में जैन धर्म के बारे में कुछ अधिक प्रामाणिक और अंतरंग तथ्य उसके धर्म-संगठन के इतिहास से प्राप्त हो सकते हैं।[2] दक्षिण के जैन अनुयायी मूल-संघ (प्रारम्भिक दल) के सदस्य माने जाते थे। देवसेन ने लिखा है कि पूज्यपाद के शिष्य वज्रनन्दी ने सन् ४७० ई० में मदुरा में द्रविड़-संघ की स्थापना की थी, जिसने अहिंसा के पालन में अधिक व्यापक स्वतन्त्रता दी थी। बाद की एक परम्परा के अनुसार भद्रबाहु द्वितीय के शिष्य अर्हद्बलि के चार शिष्यों, माघनन्दी, जिनसेन, सिंह और देव ने मूलसंघ के चार गण स्थापित किये, जिनके नाम थे, क्रमशः नन्दिगण, सेनगण, सिंहगण और देवगण। अभिलेखों से प्राप्त तथ्य इस परम्परा से पूरी तरह मेल नहीं खाते, और गणों का भी बँटवारा जिन छोटी-छोटी शाखाओं में हुआ था, जैसे अन्वय और गच्छ (जिनके नाम गणों और संघों के साथ ही दिये गये हैं) उनको पदानुक्रम से संयोजित करना बहुत मुश्किल है। जो भी हो, जैन यतियों-मुनियों का संघ दक्षिण में व्यापक रूप से संगठित था और उसमें स्थान तथा आचार पर आधारित भेद भी थे, जिससे जैन धर्म के व्यापक प्रसार का अनुमान किया जा सकता है। इसकी पुष्टि ह्वेन-त्सांग के इस वक्तव्य से भी होती है कि पांड्यों के देश में निर्ग्रन्थ जैनों की एक बड़ी संख्या रहती थी।

शैव और वैष्णव सन्तों के उपदेशों के परिणामस्वरूप, जिन्हें नायनार और आलवार कहा जाता था, जैन-धर्म से राजाश्रय छिन गया और सातवीं सदी में जैन धर्म का ह्रास शुरू हो गया। परम्परा के अनुसार, प्रसिद्ध पल्लव राजा महेन्द्रवर्मन्, जो आरम्भ में जैन धर्मी था, सन्त अप्पर के उपदेशों से प्रभावित होकर शैव बन गया था। अप्पर के भक्तिगीतों में जैन धर्म के विरुद्ध तीव्र घृणा की भावना है। इसी प्रकार एक दूसरे प्रसिद्ध धर्मोपदेशक तिरुज्ञान सम्बन्दर ने पांड्य राजा अरिकेसरी मारवर्मन् को शैव बनाया, जो परम्परा के अनुसार नेडुमरन, सुन्दर पांड्य, और कूण पांड्य भी कहलाता था। इसके बाद स्वभावतः जैन धर्म को पांडच राजाओं का समर्थन मिलना बन्द हो गया।

इस काल में जैन धर्म की जो तस्वीर हमें देखने को मिलती है, उसका परवर्ती कालों में मिलने वाली तस्वीर से विशेष फर्क नहीं है। जैन समाज मठवासी यती-मुनियों और साधारण गृहस्थ अनुयायियों में बंटा था। विशेषतः मठवासियों या संघ के सदस्यों

---

१. देखिए, पृ० ३०० प. पृ.।

२. Guerinot—Repertoire d' E'pigraphie Jaina, p. 4. fall.

की और भी कई श्रेणियाँ थीं। मन्दिरों का निर्माण, संघों या मठों की स्थापना, जैन धर्म के पैगम्बरों की उपासना और सार्वजनिक रूप से बड़े बड़े धार्मिक उत्सव मनाना, ये ही लोगों के धार्मिक जीवन के साधारण व्यापार थे। परिस्थिति-वश शायद कुछ जैन मुनियों की आदतों में परिवर्तन आया था, जिससे चैत्यवासियों (चैत्यों में रहने वाले) और वनवासियों (वनों में रहने वाले) जैनियों में फर्क हो गया था। चैत्यवासियों ने अपेक्षया अधिक सुगठित संगठन का विकास किया, जिससे हर स्थानीय जैन समाज का एक आध्यात्मिक नेता पैदा हो गया, जिसे भट्टारक कहते थे तथा जिसके उत्तराधिकारियों की सूचियाँ, जिन्हें पट्टावलियाँ कहते थे, अक्सर लम्बे काल तक के लिए बनायी जाती थीं। इस जमाने के कई धार्मिक विवरणों में सल्लेखना की शपथ का पालन करने का जिक्र आया है। यह आमरण अनशन की विशिष्ट जैन विधि थी, जिसका यति-मुनि (चैत्यवासी) और गृहस्थ धार्मिक (श्रावक) भी पालन करते थे। हम देखते हैं कि इस काल में लगातार ऐसे धर्म-स्थान या तीर्थ बनते चले गये, जहाँ अपने जीवन के अन्तिम दिनों में जैन मुनि और श्रावक दोनों ही चिन्तन-मनन या विश्राम का जीवन बिताते थे।

II जैन आगम

जैन धर्म के बाह्य इतिहास से अधिक महत्त्वपूर्ण उसके धार्मिक संगठन का आन्तरिक इतिहास है, जिसके अन्दर इस काल में बड़े बड़े परिवर्तन हुए। हम देख चुके हैं कि महावीर की मृत्यु के दो शताब्दी बाद किस तरह पाटलिपुत्र में जैन धर्म के नेताओं की एक सभा हुई थी, जो पवित्र धर्मग्रन्थों में दिये गये नियमों का पुनः सम्पादन करने में सफल रही थी, हालांकि इस सभा को समूचे जैन सम्प्रदाय की मान्यता प्राप्त नहीं हुई थी। इस घटना के बाद भी इन धर्मग्रन्थों का विकास नहीं रुका, बल्कि समय समय पर उनमें महान् जैन आचार्यों की कृतियाँ जुड़ती ही गयीं। यह एक ऐसी प्रक्रिया थी, जिसके विकास के साथ पुरानी सामग्री का महत्त्व बढ़ता गया। लेकिन वीर-निर्माण की नवीं सदी के बाद (अर्थात् ईसा की चौथी-पाँचवीं सदी) ऐसा लगता है कि जैन धर्म के पवित्र ग्रन्थों को किसी असामान्य खतरे का सामना करना पड़ा। परम्परा में बार-बार दुहराया गया है कि दीर्घकालीन अकाल और भुखमरी के कारण पवित्र ग्रन्थों के ज्ञान को सुरक्षित रखना कठिन से कठिनतर होता गया। यह कठिनाई उन महान् आचार्यों की मृत्यु से और ज्यादा बढ़ गयी थी, जिन्होंने इन रचनाओं को कंठस्थ कर रखा था। यह दोनों कारण सम्भव नजर आते हैं, और अर्ध-मागधी में रचे गये धर्म ग्रन्थों के इतिहास में आये महान् परिवर्तन के लिए जिम्मेदार ठहराये जा सकते हैं। परम्परा के अनुसार वीर-निर्वाण की नवीं शताब्दी के आरम्भ में धर्मग्रन्थों के पुनरुद्धार के लिए दो प्रयत्न किये गये। एक प्रयत्न मथुरा में स्थण्डिल ने किया, और दूसरा वलभी में नागार्जुन ने। इनकी कृतियाँ यद्यपि सुरक्षित नहीं हैं, लेकिन बाद के टीकाकारों द्वारा दर्ज किये गये उनके विभिन्न पाठ मिलते हैं (विशेषकर नागार्जुन के नाम पर) जिनमें धर्मग्रन्थों या आगमों के पाठ को निश्चित करने के उसके प्रयत्नों का कुछ आभास मिलता है।

आगमों के पाठ-निर्धारण के इन पूवकालीन प्रयत्नों से अधिक लाभदायक परिणाम वलभी में होने वाली दूसरी जैन-सभा के वाद निकले। यह सभा देवर्धिगणि के कुशल निर्देशन में वीर-निर्वाण के ९८० या ९९३ वर्ष बाद (सन् ५१२ या ५२५ ई० में) हुई थी। यह सुझाया[1] गया है कि यह सभा वलभी के मैत्रक राजवंश के राजा ध्रुवसेन प्रथम के शासनकाल में और सम्भवतः उसके संरक्षण में हुई थी। यह राजा बाद की परम्परा में भी जैन मतावलम्बी के रूप में ही प्रदर्शित है। लेकिन सभा के साथ इस राजा का सम्बन्ध सन्दिग्ध है। वलभी के मैत्रक राजाओं के बहुत से अभिलेख उपलब्ध हैं। निश्चय ही उन दिनों वलभी में मैत्रकों का ही राज्य था। लेकिन उनके इन अभिलेखों में कहीं भी इस सभा का जिक्र नहीं है; न ही उनमें जैन-धर्म के प्रति किसी प्रकार के झुकाव का संकेत मिलता है। स्वयं जैन-परम्परा भी इस घटना को किसी विशेष राजा या राजवंश के साथ सम्बद्ध नहीं करती। इन सारे तथ्यों से स्वभावतः यह अनुमान किया जा सकता है कि जैन सम्प्रदाय को वलभी के राजाओं का विशेष आश्रय प्राप्त नहीं था और यह भी कि दूसरी सभा का आयोजन मुख्यतः जैन धर्म-संघ ने ही किया था। यह स्थान आरम्भ से ही जैन साहित्यिक क्रियाशीलता का केन्द्र रहा था, इसकी पुष्टि जैन परम्परा से होती है। हाल में ही नवीं शताब्दी के दिगम्बर सम्प्रदाय के जो ग्रन्थ मिले हैं, उनमें धरसेन की प्राचीन कृतियाँ भी हैं, जिसने गिरिनगर (जूनागढ़) में रहने वाले अपने शिष्यों—पुष्पदन्त और भूतबलि—को धर्मग्रन्थों की शिक्षा दी थी। बाद में जिनभद्र क्षमाश्रमण ने वलभी में बैठकर ही सन् ६०९ ई० में अपना प्रसिद्ध ग्रन्थ **विशेषावश्यकभाष्य** लिखा था।

वलभी की दूसरी जैन-सभा में ही जैन आगमों को उनका वर्तमान रूप दिया गया था। यद्यपि इनकी अधिकांश सामग्री और इनके अधिकतर ग्रन्थों का बहुत पहले से अस्तित्व था, और वे धर्मग्रन्थों के अभिन्न अंग माने जाते थे, लेकिन उनका विशिष्ट संयोजन और वर्गीकरण इस सभा ने ही किया था। आजकल जो संयोजन प्रचलित है, उसके अनुसार जैन आगमों को छह वर्गों में बाँटा गया है, जिनके नाम हैं: अंग, उपांग, प्रकीर्णक, छेदसूत्र, मूलसूत्र तथा छठा वर्ग नामहीन है। आगम साहित्य के अनेक ग्रन्थों में इस वर्गीकरण के कुछ शीर्षकों को स्वीकार नहीं किया गया और वे अपने भूमिका भाग में उनको सम्मिलित नहीं करते। इसका तात्पर्य है कि वे ग्रन्थों की रचना के बाद कभी प्रक्षिप्त अंश की तरह जोड़े गये होंगे।

इनमें से केवल एक नाम, अर्थात् "अंग" ही प्राचीन है। पुराने वर्गीकरण में भी आगमों के इस भाग का उतना ही महत्त्वपूर्ण स्थान था, जितना अब है, कम से कम अंग-ग्रन्थों के नाम श्वेताम्बरों और दिगम्बरों दोनों के यहाँ सामान्य हैं। लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि इन ग्रन्थों की विषय-वस्तु या संरचना में संशोधन-परिवर्तन की सम्भावना नहीं रही थी। इसकी सबसे बड़ी मिसाल **पण्हावागरनाई** है, जिसके बारे में

---

१. कारपेंटियर, **उत्तराध्ययन** की भूमिका।

परवर्ती टीकाकारों की परम्परा तक स्वीकार करती है कि उसकी विषय-वस्तु में आमूल परिवर्तन हो गया है; दरअसल पुराने ग्रन्थ की, जो नष्ट हो गया था, जगह एक बिलकुल नये ग्रन्थ ने ले ली है।

शेष अन्य नामों में सबसे प्राचीन "उपांग" (अर्थात् गौण अंग) है। यह नाम इस वर्ग के अन्तिम पाँच ग्रन्थों (८ से १२) की, जिन्हें सम्मिलित रूप से **निरयावलियाओ** पुकारते हैं, भूमिका में आया है। इससे यह जाहिर होता है कि किसी समय इस वर्ग में केवल वे ग्रन्थ ही थे, जो "अंग" वर्ग के सदृश ग्रन्थों से सम्बद्ध थे। इनसे तथा अन्य ग्रन्थों से, जो सारे के सारे **अंग-बाहिर** अनुभाग में मिलते थे, एक नया वर्ग तैयार किया गया, जो 'अंग' ग्रन्थों के अनुरूप था और जिसमें १२ ग्रन्थ थे। इन दोनों वर्गों में एक ही योजना का पालन किया गया है। पहले वे ग्रन्थ आते हैं, जिनमें सिद्धान्तों का विवेचन है, फिर वे ग्रन्थ हैं, जिनमें वर्णनात्मक सामग्री है। दोनों में एक ही संख्या के ग्रन्थ होने के कारण यह कल्पना की गयी कि हर 'उपांग' अपने सदृश एक "अंग" से सम्बद्ध है।

इन दोनों वर्गों से विपरीत, जिनके ग्रन्थों की निश्चित संख्या है, प्रकीर्णकों के अगले वर्ग की संख्या अनिश्चित है, जैसा कि उनके नाम से ही सूचित होता है; लेकिन इन ग्रन्थों की विभिन्न सूचियों से उनके निश्चित और स्थायी मूल ग्रन्थों को चुना जा सकता है, जिनमें केवल वे प्रकीर्णक ही शामिल हैं, जो अनुशासन-व्यवस्था से सम्बन्ध रखते हैं। बाद में इन पुराने प्रकीर्णकों में नये प्रकीर्णक जोड़ दिये गये, ताकि दस की परम्परा-सम्मत सूची से मेल खा सके। अधिकांश प्रकीर्णक छन्दोबद्ध हैं, और परवर्ती काल में प्रचलित आर्या छन्द के प्रयोग और भाषा के आधुनिक रूप से सूचित होता है कि वे बहुत बाद की रचनाएँ हैं।

प्रकीर्णकों से प्राचीन उस वर्ग के ग्रन्थ हैं, जिन्हें छेद-सूत्र कहते हैं। उनमें जैन मुनियों के जीवन का नियमन करने वाले, विशेषकर जब वे चैत्यों में सम्मिलित रूप से रहते हों, अनुशासन-नियमों का सबसे प्राचीन रूप मिलता है। इनमें भी जो अधिक पुराने हैं, वे गद्य में लिखे गये हैं और संघ-जीवन के नियमों का उल्लंघन करने वालों को किस किस प्रकार के दंड दिए जाने चाहिएँ, इसकी व्याख्या करते हैं। **आवश्यक निर्युक्ति**[1] को इस वर्ग का नाम छेयग्गन्थ के रूप में ज्ञात था, और निश्चय ही यह नाम उस प्रकार के दंड का हवाला देता है, जिसे **छेद** कहते थे, जिसके अनुसार जैनमुनियों का उनके विभिन्न पापों के कारण **पर्याय** घटा दिया जाता था।

इससे भी कठोर दंड को "मूल" कहा जाता था, जिसके अनुसार जैनमुनि का मुनित्व छीन लिया जाता था। उन ग्रन्थों को, जिनमें जैन धर्म के बुनियादी सिद्धान्तों की व्याख्या की गयी थी और जिन्होंने आगम-साहित्य के अध्ययन का सूत्रपात किया था, एक साथ संकलित करके, मूल सूत्रों का नाम दिया गया। आमतौर पर इन ग्रन्थों की संख्या चार बतायी जाती है। अन्ततः दो और ग्रन्थ 'नन्दी' और 'अनुयोगद्वार',

---

१. VIII, ५५।

धर्म विधान में जोड़े गये। वे एक प्रकार से आगम-साहित्य के अध्ययन की विधि का विवेचन करने वाली भूमिकाएँ हैं और इनका कोई सम्मिलित वर्ग-नाम नहीं है।

आगमों को रूप देने और सम्पादित करने की प्रक्रिया के साथ-साथ, जैन मुनियों के बीच साहित्यिक सरगर्मी भी पूरे उत्साह से जारी रही, जिसके परिणामस्वरूप एक विशाल और समृद्ध साहित्य की रचना हुई, जो पर्याप्त उच्चकोटि का है। पूर्ववर्ती छन्दोबद्ध टीकाओं को, जिन्हें निरुक्तियाँ कहते थे, संघदास, जिनदास और सिद्धसेन जैसे विद्वानों ने नये सिरे से लिखकर और काफी परिवर्धित करके भाष्यों का रूप दिया। इसके साथ ही अनेक महत्त्वपूर्ण धर्म ग्रन्थों (आगमों) की गद्य-टीकाएँ, जिन्हें "चूर्णियाँ" कहते थे, प्राकृत भाषा में लिखी गयीं। हम यह भी देखते हैं कि जैन विद्वानों में प्राकृत के स्थान पर संस्कृत भाषा में लिखने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही थी, क्योंकि अन्य मतों के विद्वानों से शास्त्रार्थ करने में संस्कृत अधिक उपयोगी सिद्ध होती थी और उसमें लिखने से प्रतिष्ठा भी अधिक मिलती थी। पुरानी प्राकृत टीकाओं की जगह जल्द ही संस्कृत में लिखी टीकाओं ने ले ली, और इस काल के अन्त में, हम देखते हैं, प्रसिद्ध जैन विद्वान् हरिभद्र ने केवल संस्कृत में ही अपनी टीकाएँ लिखीं और इस प्रकार एक ऐसी प्रवृत्ति को प्रोत्साहन दिया, जो आगे चलकर अत्यन्त फलदायी सिद्ध हुई। इस काल में जैन-दर्शन के तर्क-पक्ष के विकास पर अधिक जोर दिया गया। और हम जानते हैं कि सिद्धसेन, अकलंक, पूज्यपाद जैसे सूक्ष्मद्रष्टा विद्वानों ने इस बीच जैन-सिद्धान्तों को अधिक व्यवस्थित और तर्कसंगत रूप देने, प्रतिद्वन्द्वी दार्शनिक सम्प्रदायों के मतों के विरुद्ध उनकी जोरदार वकालत करने और स्याद्वाद और नयवाद के सिद्धान्तों का विकास करने में कितनी आश्चर्यजनक सूक्ष्मवत्ता और तर्क-कौशल का परिचय दिया था।

दक्षिण में दिगम्बर जैनों ने प्राकृत और संस्कृत दोनों ही भाषाओं का पूरे उत्साह से विकास किया। उनके पुराने लेखकों ने जिस प्राकृत बोली का प्रयोग किया था, उसे आमतौर पर जैन शौरसेनी का नाम दिया जाता है, जो शौरसेनी प्राकृत की बोली थी। इसमें प्राप्त होने वाली कुछ विशेषताएँ अन्य जैन-प्राकृतों में भी सामान्य हैं। अपने आगम-ग्रन्थों के नष्ट हो जाने के बाद दिगम्बरों को ऐसे प्रामाणिक धर्मग्रन्थों की तीव्र आवश्यकता महसूस हुई जो आगमों का स्थान ले सकें। इस आवश्यकता की पूर्ति जैन-दर्शन और जैन धर्म पर स्वतन्त्र प्रबन्धों की रचना करके की गयी। दिगम्बरों में सबसे प्रसिद्ध लेखक कुंदकुंद हुआ है, जो ईसा की आरम्भिक शताब्दियों में पैदा हुआ था। उसे अनेक ग्रन्थों का रचयिता होने का श्रेय प्राप्त है, जिनमें **पंचास्तिकाय, प्रवचन-सार, समयसार** और **षट्प्राभृत** विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। ये सारे ग्रन्थ उन दिनों प्रचलित गाथा छन्द में लिखे गये हैं। अन्य दिगम्बर लेखकों के, जिन्होंने प्राकृत में लिखा है और जो अधिकतर इस काल में ही हुए थे, नाम इस प्रकार हैं : वट्टकेर, जो **मूलाचार** का लेखक है, जिसमें जैन मुनियों के लिए आचरण-नियमों की व्याख्या की गयी है; स्वामी कार्त्तिकेय, जो **द्वादशानुप्रेक्षा** का लेखक है, जिसमें सांसारिक जीवन की बारह प्रमुख बुराइयों का विवेचन किया गया है; यतिवृषभ जो **तिलोयपण्णत्ति** का लेखक है, जिसमें जैन दृष्टि

से विश्व-रचना का विस्तृत सर्वेक्षण किया गया है। इनके अलावा पुष्पदन्त, भूतबलि और गुणधर जैसे जैन कुलपतियों ने सिद्धान्त-ग्रन्थों की रचना की। दिगम्बर विद्वानों में, जिन्होंने संस्कृत में लिखा, हम समन्तभद्र, पूज्यपाद, अकलंक, मानतुंग आदि के नाम पेश कर सकते हैं। यह ज्ञातव्य है कि दिगम्बरों में भी हम प्राकृत के ऊपर संस्कृत को तरजीह देने की प्रवृत्ति देखते हैं, विशेषकर दार्शनिक ग्रन्थों की रचना के क्षेत्र में, यद्यपि कुछ समय तक कर्म-सिद्धान्त जैसे रूढ़ सिद्धान्त-विषय के प्रतिपादन के लिए प्राकृत का प्रयोग जारी रहा।

III मूर्ति-निर्माण कला

भुवनेश्वर की खंडगिरि गुफाओं में परवर्ती गुप्त-काल और प्रारम्भिक मध्यकाल की खड़ी और बैठी स्थितियों वाली जिन-मूर्तियाँ बनी हुई हैं, जो मूर्ति-कला की दृष्टि से दिलचस्प हैं। सबसे उत्तर की गुफा में, जिसे सातघरा या सातबखरा पुकारते हैं, पिछली दीवार पर उत्कीर्ण मूर्तियों की दो पंक्तियाँ हैं। ऊपरवाली पंक्ति में सात तीर्थंकरों की मूर्तियाँ हैं। वे सभी **समाधि-मुद्रा** में दिखायी गयी हैं और उनकी कमल-पीठिका के नीचे खुदे उनके विशिष्ट व्यक्तिगत प्रतीक-चिह्नों से उनकी अलग-अलग पहचान की जाती है। निचली पंक्ति में सात स्त्रियों की आकृतियाँ हैं, जिनका संरक्षण करते हुए गणेश को दिखाया गया है। यह ब्राह्मणधर्मी सप्तमातृका का जैन रूपान्तर है, जिसमें गजानन देवता को रक्षक-दूत दिखाया गया है।[1] इस गुफा के एक दूसरे भाग में उत्कीर्ण आकृतियों की दो पंक्तियां और हैं। ऊपर वाली पंक्ति में २४ तीर्थंकरों की मूर्तियाँ हैं और निचली पंक्ति में २४ नारियों की आकृतियाँ हैं, जो सम्भवतः इन तीर्थंकरों की अनुकूल शासन-देवियाँ हैं। जिनों की पहचान उनके अपने विशिष्ट प्रतीकों से होती है, जो धर्म ग्रन्थों के अनुसार अंकित किये गये हैं, लेकिन यक्षिणियों की मूर्तियों में बहुत ज्यादा वैविध्य है; उनमें से कुछ की आठ, दस, बारह यहाँ तक कि बीस भुजाएँ भी हैं। धर्म ग्रन्थों में उनके वर्णन इससे शायद ही मिलते हैं। खण्डगिरि गुफा में प्राप्त होने वाली इन मध्यकालीन तथा अन्य भित्ति-मूर्तियों से यह पूरी तरह सिद्ध हो जाता है कि परवर्ती गुप्त और मध्ययुग के आरम्भिक काल में जैनों के बीच मूर्ति-कला का पर्याप्त विकास हो चुका था।

---

१. इन नारी आकृतियों को विविध रूपों में अंकित किया गया है: दस–भुजाओं, चार भुजाओं और दो भुजाओं वाली नारियों के रूप में। उनकी पहचान के लिए उनके साथ निम्न प्रतीक चिह्न अंकित हैं—(१) गरुड़ और हंस, (२) हाथी (३) नन्दी (४) आकृति अस्पष्ट है (५) मोर, (६) कुम्भ और कमल, (७) सिंह। हाथों में पकड़े चिन्हों से पहली पाँच आकृतियों का साम्य ब्राह्मी, वैष्णवी इन्द्राणी, महेश्वरी और कुमारी से लगता है। छठी और सातवीं पद्मावती और अम्बिका जैसी महत्त्वपूर्ण देवियाँ हैं (जो सर्प-देवी मनसा और दुर्गा की जैन प्रतिरूप हैं), उनमें से कुछ (चौथी, पाँचवीं और सातवीं) की गोद में एक एक शिशु है। पहली को छोड़कर, जो कमल-पीठिका पर बैठी है, बाकी सब अर्धपर्यंक या ललितासन में बैठी हैं। बी. सी. भट्टाचार्य ने पहली, दूसरी, तीसरी, पांचवीं, छठी और सातवीं की चक्रेश्वरी, अजितादेवी, दुरितारि या प्रज्ञप्ति, गौरी या मानवी, पद्मावती और अम्बिका के रूप में शिनाख्त की है। पाँचवीं की वे शिनाख्त नहीं कर पाये हैं।

(घ) वैष्णव धर्म

गुप्त-सम्राट चन्द्रगुप्त द्वितीय भागवत धर्म का कट्टर अनुयायी था, जो वैष्णव धर्म का ही एक नाम है। उसने **परम-भागवत** की उपाधि ग्रहण की, जिसे बाद में उसके उत्तराधिकारी भी धारण करते रहे। यद्यपि समुद्रगुप्त के नाम के आगे यह उपाधि नहीं लगी है, लेकिन यह ज्ञात है कि इस सम्राट ने गरुड़ध्वज को अपना राजचिह्न बनाया था और अपने आपको "रहस्यमय देवता का अवतार" घोषित किया था, जो सम्भवतः विष्णु को सूचित करता है। इन तथ्यों से जाहिर है कि समुद्रगुप्त भी वैष्णव था, यद्यपि लगता है, उसके धर्म और उसके परम-भागवत उत्तराधिकारियों के धर्म में थोड़ा सा सैद्धान्तिक अन्तर था।[1] वैष्णव धर्म को गुप्त सम्राटों ने जो संरक्षण और आश्रय दिया था, वह गुप्त काल में इस धर्म के बढ़ते हुए प्रभाव का कारण हो सकता है, न कि परिणाम। इसमें कोई सन्देह नहीं कि चौथी शताब्दी के अन्त से इस धर्म की लोकप्रियता सारे भारत में उत्तरोत्तर बढ़ती गयी और हम देखते हैं कि अन्य राज-परिवारों ने भी **परम-भागवत,** और कुछ ने तो **परम-वैष्णव** की उपाधियां भी ग्रहण कर लीं।

१. विष्णु के अवतार

गुप्तकाल में भागवतधर्म का एक महत्त्वपूर्ण अंग सर्वसाधारण द्वारा **अवतारों** अर्थात् विष्णु के उत्तराधिकारियों या **अवतारों** की पूजा थी। इस काल के पुरालेखीय और साहित्यिक विवरण अवतारवाद के विकास पर प्रकाश डालते हैं, जिसके बीज परवर्ती वैदिक साहित्य में ही पड़े जा चुके थे। विष्णु से सम्बद्ध वामन **अवतार** की धारणा और वराह, मत्स्य तथा कूर्म अवतारों की धारणा, जिसका तब तक विष्णु के साथ सम्बन्ध नहीं जोड़ा गया था, **शतपथ** तथा अन्य **ब्राह्मण** ग्रन्थों में मिलती है। **शतपथ ब्राह्मण** में देवताओं और असुरों के बीच यज्ञ-स्थान के चुनाव के प्रश्न पर हुए झगड़े की कहानी दी गयी है, जिसमें असुरों ने वामन के आकार के बराबर जमीन देना स्वीकार कर लिया। विष्णुरूपी वामन को पृथ्वी पर लिटा दिया गया लेकिन आकार इतना बढ़ गया कि उससे उसने सारी पृथ्वी नाप ली और इस प्रकार सारी पृथ्वी देवताओं को मिल गयी। इसी ग्रन्थ के अनुसार "कूर्म का रूप धारण करके प्रजापति ने सन्तानोत्पत्ति की थी" और "वराह के रूप में उसने (प्रजापति ने) पृथ्वी को समुद्रतल से ऊपर उठाया था।" **तैत्तिरीय-आरण्यक** के अनुसार पानी में से पृथ्वी को एक काले वराह ने ऊपर उठाया था, जिसकी सौ भुजाएँ थीं। इसी ग्रन्थ में नृसिंह का भी संकेत है। **शतपथ ब्राह्मण** में दी गयी महा-प्रलय की कहानी में जिस मछली ने मनु की नाव को सुरक्षित किनारे पर लगाया था, उसे प्रजापति ब्रह्मा का अवतार बताया गया है और इस बात का समर्थन कहीं कहीं पुराण साहित्य में भी किया गया है। लेकिन परवर्ती पौराणिक कल्पनाओं में वराह,

---

१. भा० वि०, VIII. १०९ प. पृ।

मत्स्य और कूर्म को प्रजापति ब्रह्मा का अवतार न कह कर विष्णु का अवतार कहा गया है, जो सभी देवताओं से अधिक कल्याणकारी है। गीता और महाभारत के अन्यान्य भागों में विष्णु एक आदर्श देवता और सर्वशक्तिमान उद्धारक के रूप में प्रदर्शित है, जो मानवजाति के मोक्ष के लिए काम करते हैं और अपनी नैतिक अच्छाई और पवित्र आचरण से लोगों के हृदय को आनन्द देते हैं और समय समय पर मनुष्य या पशु के रूप में **अवतार** धारण करके संसार में धर्म की पुनःस्थापना करते हैं। लेकिन महाभारत में अवतारवाद का सिद्धान्त विकास का केवल एक चरण प्रस्तुत करता है। महाभारत के शुरू के पर्वों में अवतारों की कोई सूची नहीं दी गयी। अवतारों की संख्या के बारे में परम्पराओं में काफी अन्तर था और बाद में तैयार की गयी दस अवतारों की सूचियों में अक्सर उनके भिन्न-भिन्न नाम दिये गये हैं। जाहिर है कि अवतारवाद का सिद्धान्त अपने विकास की कई मंजिलों से गुजरा है। ऐसा लगता है कि यह सिद्धान्त ऐसे विचित्र पशुओं की प्राचीन कथाओं पर आधारित है, जिनमें मनुष्य की सहायता करने की रहस्यमय शक्तियाँ थीं। लेकिन अपने मूल रूप में इनमें से अधिकांश पशुओं का विष्णु से कोई सम्बन्ध नहीं था। प्रत्येक-बुद्ध की बौद्ध अवधारणा ने, सम्भव है, अवतारवाद के सिद्धान्त के विकास को प्रभावित किया हो।

महाभारत के नारायणीय पर्व के अन्तिम भाग में केवल चार अवतारों, अर्थात् वराह, वामन, नृसिंह और वासुदेव कृष्ण का ही उल्लेख हुआ है। इसी पर्व के एक अन्य श्लोक में देवत्व प्रदान करके राम भार्गव और राम दाशरथि के नाम भी इस सूची में जोड़ दिये गये हैं, जिससे कुल मिलाकर छह **अवतार** हो गये। फिर एक तीसरे श्लोक में हंस, कूर्म, मत्स्य और कल्कि, ये चार नाम और जोड़ कर दस **अवतारों** की सूची दी गयी है। **मत्स्य पुराण** के अनुसार, जिसके अन्दर भी दस **अवतारों** की सूची है, तीन अलौकिक या दैवी **अवतार** थे, अर्थात् नारायण, नरसिंह तथा वामन और सात मानव **अवतार** अर्थात् दत्तात्रेय, मान्धातृ, जमदग्निपुत्र राम, दशरथ-पुत्र राम, वेदव्यास, बुद्ध और कल्कि। **वायु-पुराण** में भी यही सूची दी गयी है, फर्क सिर्फ इतना है कि बुद्ध का नाम हटा कर कृष्ण का नाम रख दिया गया है। **हरिवंश पुराण** में दस **अवतारों** की जो सूची दी गयी है, उसमें से मत्स्य, कूर्म, दो रामों में से एक राम और बुद्ध को निकाल दिया गया है, लेकिन कमल, दत्त (दत्तात्रेय), केशव और व्यास को सूची में जोड़ दिया गया है। **भागवतपुराण** में अवतारों की तीन सूचियाँ दी गयी हैं, लेकिन वे एक दूसरे से भिन्न हैं। एक सूची में तो, जिसके अनुसार **अवतार** वास्तव में असंख्य हैं (देखिये, **गीता** का **अवतार** सिद्धान्त) २४ **अवतारों** के नाम गिनाये गये हैं। **अहिर्बुध्न्य** संहिता में, जो सम्भवतः आठवीं सदी से पहले की रचना है, परमात्मा के ३९ **विभवों** (प्रकटीकरणों) का उल्लेख है। **विश्वक्सेन-संहिता** आदि अन्य पांचरात्र ग्रन्थों में बुद्ध, अर्जुन तथा अन्य लोगों को **गौण अवतारों** में गिनाया गया है। कश्मीरी कवि क्षेमेन्द्र (सन् १०५० ई०) के **दशावतार-चरित** में और पूर्वी भारत के कवि जयदेव (सन् १२०० ई०) के **गीतगोविन्द**

में बुद्ध को एक अवतार स्वीकार किया गया है। जयदेव ने अपने गीतों में कृष्ण का गुणगान किया है, जो स्वयं विष्णु ही था, और उसके दस **अवतारों**, अर्थात् मत्स्य, कूर्म, वराह, नरसिंह, वामन, राम-भार्गव, राम दाशरथि, राम हलधर, बुद्ध और कल्कि का भी गुणगान किया है। एक प्रसिद्ध पौराणिक श्लोक में भी दस अवतारों के ये नाम गिनाये गये हैं, जिसको लगभग आठवीं सदी के मामल्लपुरम् (मद्रास के निकट) वाले अभिलेख[1] में उद्धृत किया गया है। बेलाव अनुदान-पत्र (सन् ११२५ ई०) में कृष्ण को हरि का "आंशिक अवतार" कहा गया है।[2]

चौथी और आठवीं सदी के पुरालेखीय विवरणों में इस बात के प्रचुर प्रमाण मिलते हैं कि इनमें से कुछ अवतारों को पूजा जाता था। ईसा की दूसरी सदी के एक अभिलेख से सूचित होता है कि पश्चिमी भारत में परशुराम की पूजा होती थी, यद्यपि यह सम्भव है कि इतने पहले उन्हें विष्णु का अवतार मानने की कल्पना शायद पैदा नहीं हुई थी। शक राजा ऋषभदत्त (सन् ११९-२४ ई०) के नासिक अभिलेख में रामतीर्थ का जिक्र है, जो **महाभारत** के अनुसार जमदग्नि के पुत्र राम का पवित्र निवास था और शूरपारक के निकट और वर्तमान बम्बई से उत्तर में था। यह सामान्य धारणा[3] कि गुप्त काल में दाशरथि राम की पूजा नहीं होती थी, गलत है। **अवतारवाद** के सिद्धान्त के बारे में यह स्मरण रखने की जरूरत है कि अवतारों का दैवीकरण करके उनकी उपासना बहुत पहले ही शुरू हो गयी थी और काफी बाद में चलकर विष्णु से उनकी अभिन्नता स्थापित की गयी। कवि कालिदास (सन् ४०० ई०) ने रघुवंश के दसवें सर्ग में वर्णन किया है कि किस प्रकार विष्णु ने, जो क्षीरसागर में शेषनाग की शैया पर लेटे हुए थे और लक्ष्मी उनके पांव दबा रही थी, रावण का नाश करने के लिए दशरथ के पुत्र के रूप में जन्म लिया था। इसी जमाने में, सम्राट् चन्द्रगुप्त द्वितीय की बेटी, वाकाटक रानी प्रभावती गुप्ता (पाँचवीं सदी), जो **अत्यन्तभगवद्भक्त** कहलाती थी, भगवत्-रामगिरिस्वामी (रामगिरि अर्थात् नागपुर के निकट वर्तमान रामटेक) की उपासक थी, जो दशरथ-पुत्र राम के अलावा और कोई नहीं हो सकता था। इस अनुमान की पुष्टि कालिदास के **मेघदूत** में रामगिरि पर रघुपति (राम दाशरथि) के पदचिह्नों के हवाले से होती है और इस बात से भी कि वर्तमान काल में भी रामटेक के मन्दिरों में राम-लक्ष्मण-सीता की पूजा होती है। छठी शताब्दी में इक्ष्वाकु वंश के राजा की पूजा होती थी,

---

१. मे. आ. स. इ., सं० २६, पृ. ५. दस **अवतारों** में बुद्ध का नाम आठवीं सदी से पहले ही सम्मिलित किया जाने लगा होगा। ईसा की आरम्भिक शताब्दियों में मत्स्य देवता की लोकप्रियता का संकेत केवल मत्स्य-पुराण के नाम से ही नहीं मिलता (जो सबसे प्राचीन पुराणों में से है) बल्कि कनिष्क संवत् २३ (सन् १०१ ई०) के मथुरा में मिले अभिलेख में उल्लिखित एक राजा मत्स्य-गुप्त के नाम से भी मिलता है। (देखिए ई. इ. XXVIII, पृ० ४३)।

२. ई. इ., XII, ३७-४३ **महाभारत** में कृष्ण को सौ गोपियों के साथ रास रचाते हुए भी दिखाया गया है।

३. वै. शै., ४६-४७; अ. हि. वै. से., १७४।

इसका संकेत वराहमिहिर ने भी दिया है, जिसने राम की मूर्तियाँ बनाने के नियम निर्धारित किये थे। दक्षिण भारत का प्रसिद्ध संत कुलशेखर जो मलाबार तट पर स्थित केरल का राजा था, राम का उपासक था। गुप्त काल के पुरालेखीय विवरणों से तीसरे राम अर्थात् बलराम-संकर्षण की उपासना की पुष्टि नहीं होती। वामन-अवतार विष्णु की उपाधियों—**इन्द्रानुज** (इन्द्र का छोटा भाई) और **उपेन्द्र** (गौण इन्द्र)—में ध्वनित है, जिनका प्रयोग पांचवीं सदी के बिहार के स्तम्भलेख और समुद्रगुप्त के जूनागढ़ वाले अभिलेख में विष्णु के सम्बन्ध में किया गया है, "जिसने देवताओं के राजा इन्द्र की खातिर बलि से धन और वैभव की देवी फिर छीन ली थी।" विष्णु के साथ कृष्ण की अभिन्नता विष्णुगोप[1] नाम में संकेतित है, जो चौथी सदी के प्रारम्भिक पल्लवों के परिवार में प्रचलित था। उनके पुरालेखीय विवरणों में भी विष्णु की मधुप से तुलना की गयी है जो "जाम्बवती रूपी कमलिनी पर बैठा है (तुशम का अभिलेख), और उसे "माधव" के नाम से पुकारा है, "जिसके चरणों का श्री (लक्ष्मी) ध्यान करती है और जो वासुदेव का पुत्र है" (अफसद का अभिलेख)। पाँचवीं सदी में मौखरि राजा अनन्तवर्मन् ने बराबर पहाड़ी की एक गुफा में कृष्ण की मूर्ति स्थापित की थी। सन् ७६६ई० के अलिन में मिले अनुदान-पत्र में नरसिंह अवतार का उल्लेख किया गया है। लेकिन सबसे अधिक महत्वशाली अवतार, जिसकी पूजा गुप्तकाल में भारत के विभिन्न भागों में प्रचलित थी, वराह था, जिसकी अनुश्रुति शायद आरम्भ में महा-प्रलय की कहानी से सम्बद्ध रही होगी, जिसका उल्लेख परवर्ती वैदिक साहित्य में मिलता है। एरन में वराह की एक प्रस्तर मूर्ति मिली है, जिस पर हूण-राजा तोरमाण के समय (सन् ५०० ई०) का अभिलेख है, जिसमें "वराह के रूप में नारायण" का मन्दिर निर्मित करने का विवरण अंकित है। बुधगुप्त के काल के एक अभिलेख में, जो दामोदरपुर में प्राप्त हुआ है, श्वेतवराहस्वामी और कोकामुखस्वामी नाम के देवताओं का जिक्र है, जो दोनों ही **वराह अवतार** का प्रतिनिधित्व करते हैं और जिनके मन्दिर **हिमवच्छिखर** (हिमालय के शिखर) पर थे—सम्भवतः नेपाल में कौशिकी और कोका नदियों के संगम से लगे वराहछत्र (वराहक्षेत्र) पर्वत पर। उत्तर भारत के एक निवासी ने, जिसने, लगता है, हिमालय में कोकामुख तीर्थ या वराहक्षेत्र की यात्रा की थी, लौटकर इसी नाम के दो देवताओं की मूर्तियाँ स्थापित करने के लिए बंगाल के दिनाजपुर जिले के दामोदरपुर गाँव के पास जंगल में दो मन्दिर बनवाये थे।[2] सुदूर दक्षिण में वराह अवतार की लोकप्रियता तगरे में मिले छठी सदी के एक कदम्ब अभिलेख से सूचित होती है। आरम्भिक चालुक्यों का पारिवारिक राजचिह्न वराह था, जिसके बारे में कहा जाता था कि वह उन्हें नारायण से वरदान के रूप में प्राप्त हुआ था। चालुक्यों और उनके सामन्तों के अधिकांश विवरण विष्णु के अवतार वराह की स्तुति से आरम्भ होते हैं।

गुप्तकाल के अभिलेखों में व्यूहों, संकर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध की स्वतन्त्र

---

१. देखिए, कालिदास का मेघदूत, छन्द १५।

२. इ. हि. क्वा. XXI. ५६ प. पु.

रूप से पूजा होने का कोई हवाला नहीं मिलता, यद्यपि इस काल के पांचरात्र साहित्य में व्यूह वाद को काफी अधिक महत्त्व दिया गया है। श्रोदेर (Schroder) के अनुसार इनमें से कुछ संहिताएँ चौथी और आठवीं सदी के बीच कश्मीर में रची गयी थीं। **अमरकोश** में, जो आठवीं सदी से बहुत पहले लिखा गया था, सारे व्यूहों का जिक्र आया है। लेकिन गुप्तकाल के साधारण उपासकों में यह सिद्धान्त लोकप्रिय नहीं था। व्यूहवाद का किंचित् बदला हुआ रूप हमें बलदेव, कृष्ण और सुभद्रा या एकानंशा की, जिसे कभी सुभद्रा से अभिन्न माना जाता है और कभी नन्दगोप की बेटी के रूप में देवी से, सम्मिलित पूजा में दिखायी देता है। वराहमिहिर ने बलदेव और कृष्ण की संयुक्त मूर्ति का जिक्र किया है, जिनके बीच में एकानंशा को खड़ा दिखाया गया है। भुवनेश्वर के एक अभिलेख में, जो बाद के जमाने का है, बल, कृष्ण और सुभद्रा की सम्मिलित पूजा का उल्लेख है। कश्मीर में जो व्यूह-सम्प्रदाय का महान् केन्द्र था, विष्णु के वैकुंठ-चतुर्मुखी रूप की उपासना का विकास हुआ, जिसमें चार व्यूह थे। खजुराहो (सन् ९५४ ई०) के एक अभिलेख में इस वर्ग की एक मूर्ति का दिलचस्प इतिहास मिलता है। यह मूर्ति आरम्भ में कैलाश क्षेत्र (हिमालय का ऊपरी भाग) में प्राप्त हुई थी और बाद में कश्मीर के निकट कीर देश में उसकी पूजा होने लगी। इन तथ्यों से तथा प्रसिद्ध श्वेतद्वीप और नर-नारायण की परम्पराओं से, हिमालय-क्षेत्र के देशों में पांचरात्र मत की व्यापक लोकप्रियता का संकेत मिलता है।

कुछ विद्वानों के अनुसार, भागवत-वाद और पांचरात्र, जो सम्भवतः शुरू शुरू में परस्पर सम्बन्धित थे, गुप्त काल में आकर एक दूसरे से एकदम भिन्न हो गये।[१] यह भी सुझाया जाता है कि पांचरात्र से पूरी तरह सम्बद्ध व्यूहवाद सैद्धान्तिक आधार पर अवतारवाद से भिन्न था। इनमें से पहले सुझाव को वर्तमान जानकारी के आधार पर सिद्ध नहीं किया जा सकता, जबकि दूसरे को **अहिर्बुध्न्य** संहिता और **विश्वक्सेन** संहिता जैसे पाँचरात्र ग्रन्थों की साक्षी एकदम निर्मूल सिद्ध कर देती है। इसमें कोई सन्देह नहीं कि व्यूह-वादी विचारक प्रथम पांचरात्र संहिता के समय से ही **अवतार** सिद्धान्त से बहुत ज्यादा प्रभावित थे, जबकि लगभग इसी काल से वैष्णव साहित्य में भी कृष्ण और बलराम को **अवतार** माना गया था। लेकिन यह स्वीकार करना चाहिए कि गुप्त काल में वैष्णवों के बीच कुछ सैद्धान्तिक मतभेद थे, जिनकी ओर हम पहले संकेत कर चुके हैं। इस मत-भेद का ठीक ठीक स्वरूप क्या था, यह कहना तो मुश्किल है, लेकिन इसकी मिसाल **हर्षचरित** के उस वर्णन में मिलती है, जहाँ भागवतों और पांचरात्रों का अलग अलग उल्लेख किया गया है। टीकाकारों ने इसकी व्याख्या करते हुए लिखा है कि भागवत लोग विष्णु-भक्त थे और पांचरात्र वैष्णव-भेद थे (विष्णु के उपासकों का एक सम्प्रदाय) यद्यपि **पद्म-तन्त्र** जैसे पांचरात्र ग्रन्थों में सूरि (देखिये ऋग्वेद जिसमें इस शब्द का प्रयोग उस वर्ग के लोगों के लिए किया गया है जो विष्णु को प्रिय हैं) सुहृत्, भागवत, सात्वत,

---

१. हि. ब. आर., ४०२; ज. रा. ए. सो. बु. ले. IX, २३२ प. पृ.।

पंचकालवित्, ऐकान्तिक, तन्मय और पांचरात्रिक शब्दों का प्रयोग किया गया है । जैसा पहले संकेत किया जा चुका है, ऐसा लगता है कि पांचरात्रिक लोग आरम्भ में दैवीकृत ऋषि नारायण के और भागवत लोग दैवीकृत वृष्णि नायक वासुदेव के भक्त थे। बाद में नारायण और वासुदेव को अभिन्न बनाने की चेष्टा के फलस्वरूप दोनों सम्प्रदाय संयुक्त हो गये, लेकिन भागवत और वैष्णव नामों का प्रयोग कभी कभी सामान्य रूप से विष्णु-भक्तों के लिए किया जाता था। भागवतवाद के आदिमजातीय रूप से, जो केवल वासुदेव-कुल के लोगों तक ही सीमित था, गुप्त-काल में नव्य-भागवतवाद का विकास हुआ।

२. श्री या लक्ष्मी : विष्णु की पत्नी

गुप्तकाल में ही वैष्णव धर्म के अन्तर्गत लक्ष्मी या श्री के रूप में विष्णु की पत्नी की कल्पना का विकास हुआ। लक्ष्मी के प्रारम्भिक इतिहास का विवेचन पहले किया जा चुका है,[1] लेकिन उसको विष्णु की पत्नी मानने की धारणा बहुत बाद की है। स्कन्दगुप्त के जूनागढ़ अभिलेख में विष्णु का लक्ष्मी के चिर आश्रय के रूप में उल्लेख किया गया है और प्रकटादित्य के सारनाथ अभिलेख में लक्ष्मी को वासुदेव की पत्नी कहा गया है। आदित्यसेन के अफ्सद अभिलेख में दानवों की हत्या करने वाले दामोदर और वासुदेव के पुत्र माधव का उल्लेख है, जिसके चरणों का ध्यान श्री करती है। कुछ प्राचीन सिक्कों और मूर्तियों में गजलक्ष्मी की जो आकृति मिलती है, उसको शरभपुर और समतट के राजाओं ने अपना राजचिह्न बना लिया था। सन् ५०० ई० का एक कदम्ब अभिलेख भगवत् (भगवान्) के गुणगान से शुरू होता है, जिसके वक्ष पर लक्ष्मी विराजमान है और जिसकी नाभि से निकले कमल पर ब्रह्मा है। पृथ्वी को विष्णु की दूसरी पत्नी माना जाता था। उसे कुछ पुरालेखों में, उदाहरण के लिए शरभपुर के राजाओं के विवरणों में, **वैष्णवी** कहा गया है। विष्णु को अपने **ध्यान** में **इन्दिरा-वसुमती-संशोभि-पार्श्वद्वय** कहा गया है, और आरम्भिक चालुक्य सम्राट और उनके उत्तराधिकारी, जो अपने आपको **परमभागवत** और साथ ही **श्री-पृथ्वी-वल्लभ** (श्री और पृथ्वी का स्वामी) कहते थे, प्रत्यक्षतः विष्णु का अवतार होने का दावा करते थे।

श्री-लक्ष्मी की उपासना का सम्भवतः यूनानी देवियों की पूजा से विशेषकर पल्लस अथीन से सम्बन्ध है, जिसकी पूजा इस देश में भारतीय-यूनानी राजाओं ने शुरू करवाई थी, जैसा ईसा-पूर्व दूसरी सदी के उनके सिक्कों से जाहिर होता है। यह सम्भव है कि पुरुष और प्रकृति के सांख्य सिद्धान्त ने केवल विष्णु की पत्नी लक्ष्मी की ही नहीं, बल्कि शिव की पत्नी देवी की कल्पना को भी प्रभावित किया हो।

---

१. जि. II, पृ० ४६९-७१ (अंग्रेजी संस्करण)।

३. पुरालेखीय अभिलेखों में विष्णु सम्बन्धी पुराण कथाएँ

अनेक पुरालेखीय अभिलेखों में, जिनमें कुमार-गुप्त प्रथम का गध्व अभिलेख भी शामिल है, विष्णु को केवल भगवत् (भगवान) कहा गया है और उसके नाम (विष्णु) का उल्लेख नहीं किया गया है। सन् ४८४ ई० के एरान अभिलेख में इस देवता को जनार्दन नाम से पुकारा गया है और उसका वर्णन करते हुए कहा गया है कि वह "चार भुजाओं वाला स्वामी है, जिसकी शैया चार महासागरों का विस्तार है, जो इस संसार का पालनकर्त्ता, स्रष्टा और संहारकर्त्ता है और जिसकी सवारी गरुड़ है।" छठी सदी के एक कदम्ब अभिलेख में हरि को **जगत्प्रवृत्ति-संहार-सृष्टि-मायाधर** कहा गया है। राजा मानदेव के सन् ४६४ ई० के अभिलेख से पहले नेपाल में दोलपर्वत के एक मन्दिर में चांगु-नारायण अर्थात् चांगु या गरुड़ पर सवार नारायण की मूर्ति का अस्तित्व था। विभिन्न विवरणों में इस देवता को पुण्यजन नामक दानव का दलन करने वाला, तीनों भुवनों को स्तम्भ की तरह पीठ पर धारण करने वाला (वराह या कूर्म रूप में), मधु और मुर की हत्या करने वाला, और चक्रधारी, गदाधारी, विषाण-चापधारी नन्दनक नामक खड्गधारी और कमल की माला पहनने वाला कहा गया है। सन् ४२३ ई० के गंगधर अभिलेख में संकेत किया गया है कि पावस ऋतु के चार महीने मधुसूदन निद्रावस्था में रहता है। सन् ७६६ ई० के अलिन अनुदान-पत्र में शायद **पारिजात-हरण** की घटना का हवाला दिया गया है। स्कन्दगुप्त के भितारी अभिलेख में अपने दुश्मनों को मारकर कृष्ण किस प्रकार अपनी मां देवकी के पास जाते हैं, यह कथानक वर्णित है। मन्दसौर के एक अभिलेख में, जिसकी कालतिथि ४०४ ई० है, शायद शक्र-उत्सव का जिक्र है, कि वह कृष्ण को बहुत प्रिय था। इसी अभिलेख में वासुदेव को ऐसा प्रभु बताया गया है जो **शरण्य, जगद्वास, अप्रमेय** और **अज** है (मिलाइये, मौखरियों के जौनपुर अभिलेख में आत्मभू से) और उसकी तुलना एक विशाल वृक्ष से की गयी है, जिसके फल देवता हैं, कोंपले स्वर्ग की अप्सराएँ हैं, शाखाएँ स्वर्गीय भवन और प्रासाद हैं और जिस पर होने वाली वर्षा की बूंदें शहद की धाराएँ हैं। यहाँ पर हमें विष्णु के विश्वरूप का शायद एक अपूर्ण सा संकेत मिलता है।

विष्णु-सम्बन्धी मिथक कल्पना का प्रभाव भारत के विभिन्न भागों में पाये जाने वाले पुरातत्त्वीय अवशेषों में भी देखा जा सकता है। बादामि की नक्काशियों में, जो चालुक्य-वंश के आरम्भिक राजाओं के काल की हैं, विष्णु को शेषनाग की शैया पर लेटे हुए और लक्ष्मी को उनके पाँव दबाते हुए दिखाया गया है और साथ ही उसके वराह और नरसिंह रूपों और हरि-हर को भी अंकित किया गया है। उदयगिरि और मामल्लपुरम् की शैलकृत (शिलाओं को काटकर निर्मित) गुफाओं में बनी मूर्तियों में वराह, नरसिंह और वामन अवतारों की मूर्तियाँ मिलती हैं। उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में स्थित देवगढ़ के एक मन्दिर में, जो सम्भवतः छठी सदी का है, अनादि विष्णु को अनन्त के सहारे खड़े हुए और सारे देवताओं को ऊपर से उन्हें देखते हुए प्रस्तुत किया गया है। वहाँ नर और नारायण की मूर्तियाँ भी हैं। मध्य भारत के पथरी स्थान की एक प्रतिमा में, जो शायद

छठी सदी की ही है, अनुमानतः नवजात कृष्ण को अपनी मां की बगल में लेटे हुए दिखाया गया है, जहाँ पाँच सेविकाएँ खड़ी उन्हें देख रही हैं। मथुरा और सारनाथ की प्रतिमाओं में कृष्ण गोवर्धन पहाड़ी उठाते हुए प्रदर्शित हैं। एलोरा के दशावतार और कैलाशनाथ मन्दिरों में भी, जो आठवीं शताब्दी के माने जाते हैं, विष्णु देवकुल के **अवतारों** तथा अन्य देवताओं की मूर्तियाँ मिलती हैं।

४. वैष्णव धर्म तथा अन्य मत

कुछ लेखकों के अनुसार सन् ४४१ ई० का खोह अभिलेख, जिसमें भगवत् और आदित्य-भट्टारक के नाम भूमि-अनुदान का विवरण दिया गया है, पांचवीं सदी में सूर्योपासना से वैष्णव धर्म के सम्बन्ध की ओर संकेत करता है। लेकिन यह अनुमान निराधार है। इस अभिलेख की भाषा से ऐसा सूचित होने लगता है कि विष्णुनन्दी नाम के एक व्यक्ति ने भगवान् का एक मन्दिर बनवाया था, और उसके राजा की ओर से भगवान् के लिए आधा गाँव दिया गया था, जबकि शक्तिनाग, कुमारनाग और स्कन्द नाग नाम के तीन व्यापारियों को, जिन्होंने सूर्यदेवता का मन्दिर बनवाया था, बाकी का आधा गाँव दिया गया था। ऐसा कोई सबूत नहीं मिलता कि एक ही व्यक्ति विष्णु और सूर्य-देवता दोनों की पूजा करता था। पाँचवीं सदी में वैष्णव लोग सूर्य की उपासना नहीं करते थे इसका पता इस बात से लगता है कि वैष्णवों की दृष्टि में साम्ब को, जो सूर्य मत का समर्थक था और जिसे अक्सर सूर्य-देवता से अभिन्न माना जाता, नीचा समझा जाता था। इसके अलावा सन् ४२३ ई० के गंगधर अभिलेख के २१-२२वें श्लोकों से भी इस तिरस्कार भावना की पुष्टि होती है। लेकिन इस विवरण में इस बात का भी उल्लेख है कि विष्णु के एक भक्त ने एक मन्दिर बनवाया था, जो डाकिनियों की मूर्तियों से भरा हुआ था। यह मन्दिर उन दैवी माताओं के सम्मान में था, "जो हर्ष से गगनभेदी चीत्कार करती हैं और अपने धर्म के अनुसार जादू-टोने से भयंकर आंधियाँ पैदा करके सारे समुद्रों में तूफान पैदा कर देती हैं। निस्संदेह इससे वैष्णवों पर मातृदेवियों के तान्त्रिक सम्प्रदाय के प्रभाव की सूचना मिलती है। इस सम्बन्ध में यह ध्यान देने की जरूरत है कि पाँचवीं सदी में मौखरी राजा अनन्तवर्मन् ने नागार्जुनी पहाड़ी की एक गुफा में कृष्ण की मूर्ति स्थापित की थी और साथ ही इसी पहाड़ी की एक और गुफा में भूतपति (शिव) और देवी (दुर्गा) की मूर्तियाँ भी (या सम्भवतः उनकी युग्म-मूर्ति जो **अर्धनारीश्वर** के नाम से प्रसिद्ध है) स्थापित की थीं। इसमें सन्देह नहीं कि यह तथ्य एक ओर वैष्णव धर्म और दूसरी ओर शैव और शक्ति उपासना के बीच सम्पर्क के आरम्भिक दौर की सूचना देता है। बादामि के प्रारम्भिक चालुक्य भी, जो विष्णु के उपासक थे, कार्त्तिकेय (जो शिव से सम्बद्ध है) और सात मातृदेवियों की पूजा करते थे। इस सम्बन्ध में हरि-हर सम्प्रदाय (विष्णु और शिव की संयुक्त पूजा) का, नन्दगोप की बेटी के रूप में देवी की भूमिका का (देखिए, **हरिवंश** और **बाल-चरित** जिनका लेखक भास को बताया जाता है) और ब्रह्मा, विष्णु और शिव की त्रिमूर्ति कल्पना का उल्लेख भी जरूरी है। छठी सदी के एक

चालुक्य गुफा-मन्दिर में हरि-हर की मूर्ति मिलती है। पाँचवीं और छठी सदी के कदम्बों के अनेक अभिलेखों में हरि-हर हिरण्यगर्भ या हर-नारायण-ब्रह्मा की स्तुति की गयी है।

५. सुदूर दक्षिण में विष्णु-पूजा

इस बात का पहले ही जिक्र किया जा चुका है कि ईसा की दूसरी सदी के अन्त के चिन्न (कृष्णा जिला) में पाये गये एक अभिलेख में वासुदेव की स्तुति की गयी है और चौथी सदी के अभिलेखों में गुन्टूर जिले के एक नारायण मन्दिर और साथ ही एक पल्लव राजा के नाम, विष्णु-गोप, का उल्लेख मिलता है। गुप्त काल के अभिलेखों में भारत में सर्वत्र, उत्तर में नेपाल और व्यास के उत्तरी क्षेत्रों में, पूरब में बंगाल, पश्चिम में काठिया-वाड़ और दक्षिण में कृष्णा नदी से पार के क्षेत्र में, जहाँ शासन करने वाले आरम्भिक पल्लव और आरम्भिक गंग राजा कट्टर भागवत थे, विष्णु-नारायण-वासुदेव के मन्दिरों या ध्वज-दण्डों का उल्लेख मिलता है। आरम्भिक कदम्बों के राज्य में भी विष्णु-पूजा प्रचलित थी, लेकिन वहाँ शायद सबसे लोकप्रिय जैन धर्म था। आरम्भिक कदम्बों के कुछ राजा, जो अपने आपको **परम-ब्रह्मण्य** कहते थे, शायद वैष्णव रहे हों। दक्षिण भारत के अनेक राजाओं ने, जो **कलियुग-दोषावसन्नधर्मोद्धरण-नित्य-सन्नद्ध** होने का दावा करते थे, शायद ब्राह्मणवादी धर्म का पुनरुद्धार करने के लिए बौद्ध और जैन जैसे नास्तिक धर्मों का दमन करने की कोशिश की थी, और शायद साथ ही, उत्तर के समुद्रगुप्त की तरह वे अपने आपको लोगों के सामने विष्णु का अवतार कहकर पेश करते थे, जो उसके वराह-रूप का कार्य सम्पन्न कर रहे थे। सुदूर दक्षिण में वैष्णवधर्मी ब्राह्मणवाद के प्रभाव का एक प्रमाण इस बात से भी मिलता है कि पल्लवों और कदम्बों के कुछ अभिलेखों में **गो-ब्राह्मण** को ठीक उसी तरह विशेष महत्त्व दिया गया है, जिस प्रकार एरन के वैष्णव अभिलेखों में। **महाभारत** के अन्तिम भाग में विष्णु को गौ और ब्राह्मण का हितकारक (देखिए, **गो-ब्राह्मण-हित**) बताया गया है। इससे केवल इतना ही सूचित नहीं होता कि विष्णु-पूजा से ब्राह्मणों का गहरा सम्बन्ध था, बल्कि यह भी सूचित होता है कि हमारे विवेच्य-काल में समाज की दृष्टि में ब्राह्मणों का पद कितना ऊँचा उठ गया था।

आरम्भिक भागवत-मत के जन्म-स्थान मथुरा के नाम पर पाण्ड्यों की राजधानी का मदुरा नाम पड़ने का शायद इस बात से भी सम्बन्ध है कि यह तमिल देश भागवत-धर्म का सबसे मजबूत गढ़ बन गया था और इसने तमिल में **आळवार** सन्तों और उनके प्रसिद्ध कृष्ण भक्ति के गीतों को जन्म दिया था। गुप्तकाल के लगभग तमिल देश में कृष्ण और बलदेव की उपासना व्यापक रूप से प्रचलित थी, इसका प्रमाण तमिल साहित्य में प्रचुर मात्रा में मिलता है। **शिलप्पदिकारम** में मदुरा, काविरिपट्टिनम तथा अन्य नगरों में स्थित इन दोनों देवताओं के मन्दिरों का उल्लेख मिलता है। और काविरिपट्टिनम के कवि करि-कन्नम् ने इन दोनों देवताओं का वर्णन करते हुए एक को श्याम-वर्ण, चक्रधारी देवता और दूसरे को श्वेत-वर्ण देवता बताया है, जिसके हाथ में तालवृक्ष या ताड़ की पंखियां (ध्वज) हैं।

सुदूर दक्षिण, विशेषकर तमिल देश में वैष्णव धर्म के प्रभाव का श्रेष्ठतम प्रमाण आळवार सन्तों के भक्ति-गीतों में मिलता है, जिनका संक्षिप्त परिचय पहले दिया जा चुका है।[1] उन्होंने अपने गीतों में नारायण और कृष्ण, राम और वामन **अवतारों** का गुण-गान किया है। वे गोपियों के साथ कृष्ण की लीलाओं से भी परिचित थे। उनमें एक सन्त कवयित्री अपने आपको कृष्ण की गोपी मानती थी और उसी भावना से अपने प्रियतम देवता को अपना निवेदन पहुँचाती थीं। वेदों में इन आळवार सन्तों की अपार श्रद्धा थी और वे मुख्य पुराणों के भी ज्ञाता थे, लेकिन उन्होंने अपने देवता के नाम का जाप करने, उसके विभिन्न रूपों का ध्यान करने और श्रीरंगम्, तिरुपति और अलगरकोइल जैसे मन्दिरों में उसकी मूर्ति की पूजा करने पर जोर दिया। प्रत्यक्षतः आळवार संतों और उनके उत्तराधिकारी वैष्णव आचार्यों की सफलता के कारण ही भागवत-पुराण में कहा गया कि इस कलियुग में जबकि भारत के अन्य भागों में वासुदेव-नारायण के भक्त इतने विरल हो गये हैं, द्रविड़ देश में उनकी बहुत बड़ी संख्या मिलती है।

६. मूर्ति-निर्माण कला

इस काल में पूजा की मूर्तियों की संख्या और विविधता बढ़ती गयी। इन मूर्तियों को तीन व्यापक वर्गों में बाँटा जा सकता है—मुख्य विष्णु-मूर्तियाँ (**ध्रुवबेर**) **व्यूह** (उद्भूत या संभूत रूप), तथा **विभव** (अवतारी रूप)। इन मूर्तियों को गढ़ने के बाद या तो उन्हें मन्दिर के मुख्य गर्भगृह में स्थापित किया जाता था, या संलग्न छोटे मन्दिरों और उनके आलों में रखा जाता था। इनमें पहले (ध्रुवबेर) प्रकार की मूर्तियों का तीन शीर्षकों के अन्तर्गत वर्गीकरण किया जा सकता है; **स्थानक** (खड़ी हुई) **आसन** (बैठी हुई) और **शयन** (लेटी हुई)। इनमें से हरेक नमूने प्राप्त हुए हैं।[2] इनमें सबसे सामान्य प्रकार की प्रतिमाएँ वे हैं, जिनके साथ उत्तर भारत में श्री और पुष्टि को और दक्षिण भारत में श्री और भूमि को सहकारी के रूप में दिखाया गया है। विष्णु की इन प्रतिमाओं के चार हाथों में चार प्रतीक, अर्थात् पद्म (विरले ही, प्रायः पद्म-चिह्न होता है) गदा, चक्र और शंख होते हैं। इन चारों प्रतीकों का विभिन्न हाथों में विभिन्न क्रम से होने के अनुसार विष्णु के २४ रूप निर्धारित किये गये। इनमें से उसका त्रिविक्रम रूप सबसे अधिक लोकप्रिय था, जिसमें ये चारों प्रतीक क्रमशः नीचे के दाहिने, ऊपर के दाहिने, ऊपर के बायें और नीचे के बायें हाथों में धारण किए हुए दिखाये गये हैं। विष्णु की प्राचीनतम **स्थानक** मूर्ति भोपाल राज्य में उदयगिरि के गुफा-मन्दिर के अग्रभाग पर उत्कीर्ण है, यद्यपि उसका उभार काफी टूट-फूट गया है, लेकिन उसमें इतना कुछ शेष है कि विष्णु के कुछ प्रतीक, शंख और चक्र मूर्तिमान नजर आते हैं और विष्णु के पिछले हाथ इन **आयुध-**

---

१. देखिए, पृ. ३७६ प. पृ०।

२. विष्णु के ध्रुव-बेरों का विस्तृत **वैखानसागम** वर्गीकरण स्पष्टतः गुप्तकाल की मूर्तियों पर लागू नहीं होता, यद्यपि यह विश्वास करने के पर्याप्त कारण हैं कि परवर्ती गुप्त काल तक इनमें से कुछ मूर्ति-समूहों का निर्माण हो गया था।

पुरुषों के ऊपर अवस्थित हैं, जो सामान्यतः दोनों परिचारिकाओं, श्री और पुष्टि, का स्थान लिये हैं।

विष्णु की **आसन** कोटि की प्रतिमाएँ उतनी संख्या में नहीं मिलीं, जितनी **स्थानक** कोटि की, जिनका हमने ऊपर जिक्र किया है; और इस कोटि की जो भी प्रतिमाएं मिली हैं, उनमें बहुत थोड़ी सी ही इतनी प्राचीन हैं कि गुप्त काल की हों। इनमें से सबसे प्राचीन प्रतिमा देवगढ़ के मन्दिर के गर्भगृह के मुख स्थान के केन्द्रीय भाग में उत्कीर्ण है। इस मूर्ति में विष्णु को आदिशेष की कुंडली पर **अर्धपर्यंक** मुद्रा में बैठा हुआ दिखाया गया है और उसकी दोनों पत्नियाँ उसकी सेवा में रत हैं, जिनमें से एक उसका चरण प्रक्षालन कर रही है। देवता के सिर पर एक चौकोर **किरीट** है और आदिशेष के सात फन उसके सर पर छत्र की तरह फैले हैं। फूलों की मालाएँ लिए हुए विद्याधर दोनों दिशाओं में पंक्तिबद्ध उसकी ओर उड़कर आते हुए दिखाये गये हैं। इस रचना का संयोजन अत्यन्त भव्य है और गुप्तकला की[1] विशिष्ट श्रेष्ठता प्रदर्शित करता है। लगता है, विष्णु की प्रतिमा का यह रूप-प्रकार उसकी मूर्तियों के उन अन्य विविध प्रकारों का प्राक्-रूप था, जिनका **वैखानसागम** के पृष्ठों में वर्णन किया गया है।[2] गरुड़ासन विष्णु की सबसे प्राचीन प्रतिमा, जो संगतराशी का एक विशिष्ट नमूना है और जो ६ फुट ४ इंच लम्बी और धूसर, काले रंग के पत्थर से बनी है, बंगाल के लक्ष्मनकाटि स्थान पर (बाकरगंज जिला में) मिली है। इस प्रकार की मूर्ति की विशिष्टताओं का वर्णन किसी भी ज्ञात प्राचीन मूर्तिकला सम्बन्धी ग्रन्थ की सहायता से नहीं किया जा सकता। इनमें से कुछ विशिष्टताओं पर तो निश्चय ही महायान प्रभाव लक्षित है, और इस विशिष्टता तथा अन्य बातों को दृष्टि में रखकर इस मूर्ति को आठवीं सदी[3] की कृति मान सकते हैं। मथुरा के कर्जन **म्यूजियम**[4] में रखी पांडुर-वर्णी बलुआ-पत्थर में उत्कीर्ण मूर्ति नं० डी-३७ से योगासन विष्णु के एक रोचक प्रकार का पता चलता है। उभार कर बनायी गयी यह मूर्ति सहायक आकृतियों से घिरी हुई है; जैसे तीन लघु मन्दिरों में त्रिमूर्ति, **शंख, चक्र** और **गदा** के मानवीकृत रूप, **प्रभावली** के विभिन्न भागों में गंगा और यमुना देवियों तथा गरुड़। केन्द्रीय आकृति **बद्धपद्मासन** की मुद्रा में है और उसके अगले हाथ **योगमुद्रा** में हैं तथा पिछले दाहिने और बायें हाथों में वह क्रमशः **गदा** और **चक्र** थामे हुए है। सारी रचना बड़ी निपुणता से उत्कीर्ण की गयी है और मुख्य देवता के सहायकों को बड़े सुन्दर, व्यवस्थित और प्रशंसनीय ढंग से सजाया गया है।

---

१. आ. स. क. X. प्लेट XXXVI; वत्स **दि गुप्ता टेम्पुल ऐट देवगढ़** (मे. आ. स. इ. सं. ७०), पृ. १४ प्लेट X (बी).

२. टी.ए. जी. राव **एलिमेंट्स आफ हिन्दू इकॉनॉग्राफी**, जिल्द I, पृ० २६१-६३, प्लेट LXXVIII.

३. इस मूर्ति के ब्यौरेवार वर्णन और उस पर टिप्पणी के लिए देखिए, हि. ब. आर. I, पृ० ४३१, प्लेट LXI-१४९.

४. फोगेल, कैट, मैनु., पृ. १०२-०३। उसका यह कहना कि यह मूर्ति 'बुद्ध रूप में विष्णु' है, गलत है। अग्रवाल का वर्णन अधिक संगत है।

उत्तर भारत में विष्णु की शयनमूर्ति अपेक्षया विरल है, लेकिन दक्षिण भारत के वैष्णव मन्दिरों के मुख्य गर्भ-वक्ष में विष्णु की शयन-मूर्तियाँ ही प्रायः स्थापित की गयी हैं और उन्हें रंगस्वामी या रंगनाथ का नाम दिया जाता है। आमतौर पर इस मूर्ति में विष्णु को आदिशेष पर लेटे हुए दिखाया जाता है, जहाँ उसकी एक या दोनों पत्नियाँ उसकी सेवा में संलग्न हैं और ब्रह्मा को कमल के फूल पर बैठा हुआ दिखाया गया है, जिसकी नाल विष्णु की नाभि से निकलती है। उसके गिर्द अनेक सहायक देवताओं और दानवों को भी दिखाया जाता है। इस शयनमूर्ति में अन्तर्निहित विचारधारा का मूल स्रोत **ऋग्वेद** के दसवें मण्डल में खोजा जा सकता है और महाकाव्यों और पुराणों में व्यक्त नारायण के विश्व-रूप की कल्पना में इसका ही विकास लक्षित होता है। इस प्रकार की मूर्ति में प्रलय की स्थिति की कल्पना की गयी है, जिसमें सृष्टि का बीज केवल एक ही परम सत्ता में निहित रहता है, जिससे पुनः सृष्टि का निर्माण आरम्भ होता है। देवगढ़ के दशावतार मन्दिर (झांसी, मध्य भारत) के एक पार्श्ववर्ती आले में पत्थर पर उभार कर उत्कीर्ण की गयी एक मूर्ति में इस कल्पना को साकार किया गया है। गुप्तकाल की विष्णु-मूर्तियों में इस मूर्ति के ही सबसे अधिक प्रतिरूप तैयार किये जाते हैं। वी० ए० स्मिथ ने इस मूर्ति के निर्माण पर स्टाकहोम के म्यूजियम में रखी यूनानी देवता एन्डीमियन की मूर्ति का प्रभाव खोजने की जो चेष्टा की है, उसे युक्तिसंगत मानना कठिन है।[१]

विष्णु की मूर्तियों के एक वर्ग में विष्णु के विभिन्न अवतारों को अंकित किया गया है। इस प्रकार की मूर्तियाँ सारे भारत में मिलती हैं। ऐसी मूर्तियाँ अक्सर पत्थर की उन सिलों पर उत्कीर्ण हैं, जो वैष्णव मन्दिरों की सजावट के लिए लगायी जाती हैं, और जो पूर्वी भारत में अक्सर चौकोर पत्थरों या धातु के विष्णु-पट्टों के उलटी तरफ दिखाई जाती हैं। देवगढ़ मन्दिर के एक पार्श्ववर्ती आले में उभार-शैली में नर-नारायण की बड़ी खूबी से उत्कीर्ण मूर्ति विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि प्राचीन या मध्य कालीन भारत में इस अभिप्राय को व्यक्त करने वाली मूर्तियाँ बहुत कम थीं। इसमें चतुर्भुज मूर्ति नारायण की है, दो भुजाओं वाली मूर्ति नर की है और दोनों को प्रशान्त मुद्रा में दिखाया गया है।[२] उदयगिरि (भोपाल राज्य), बादामि और मामल्लपुरम् के शैलकृत्त मन्दिरों में वराह, नर-सिंह और वामन की कुछ बहुत सुन्दर मूर्तियाँ मिलती हैं, जो क्रमशः गुप्त-काल, चालुक्य और पल्लव कालों की हैं।[३] वराह को अक्सर उसके पशु रूप में ही अंकित किया गया है। नर-सिंह को, जैसा कि उनके नाम से ही सूचित है, हमेशा नर और सिंह के मिश्रित रूप में ही अंकित किया जाता था, और वामन को वामन और

---

१. बनर्जी—डे. हि. इ., पृ० ३०२-०३.

२. आ. ओ., xii, पृ० ११६-२५; इ. हि. क्वा. xxvii, पृ० १९१-९६, फलक I; वत्स, पू० पु०, पृ० १४ तथा फलक xi.

३. उभार-शैली की उपर्युक्त मूर्ति के बारे में देखिए, टी० ए० जी० राव की पुस्तक **एलिमेंट्स आफ हिन्दू इकानॉग्राफी,** I, पृ० १२८-८० तथा फलक xxxvi-liii.

विराट या त्रिविक्रम रूपों में प्रस्तुत किया जाता था। मत्स्य और कूर्म अवतारों को भी आमतौर पर उनके पशु-रूपों में ही दिखाया जाता था, यद्यपि उनके मिश्रित रूप भी कभी कभी प्रस्तुत किये जाते थे। विष्णु के पुराने मानव-अवतारों का, अर्थात् परशुराम, राम दशरथ, बलराम तथा बुद्ध का कभी अतिदैवीकरण नहीं किया गया, उनकी आकृतियों में कभी दो से अधिक भुजाएँ नहीं जोड़ी गयीं। उनकी मूर्तियों की किस्में भी बहुत कम संख्या में हैं। भावी अवतार कल्कि को, जिसे खुली तलवार हाथ में उठाये घोड़े पर सवार दिखाया गया है[1] हमेशा दशावतारों की मूर्ति में अन्तिम स्थान पर रखा गया है। कृष्ण की कथा को अंकित करने वाली अनेक मूर्तियाँ मिलती हैं और मथुरा और सारनाथ की उन मूर्तियों को मिसाल के रूप में सामने रखा जा सकता है, जिनमें कृष्ण को ऊंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाये दिखाया गया है। मथुरा की मूर्ति में, जो लाल छींटों वाले बलुआई पत्थर में उत्कीर्ण हैं, दो भुजाओं वाले देवता को द्विभंग मुद्रा में खड़ा दिखाया गया है। उसका बायाँ हाथ कटचवलम्बित मुद्रा में है और उसने दाहिने हाथ पर गोवर्धन पर्वत को उठा रखा है, जिसके नीचे ब्रज के लोग और पशु शरण लिए खड़े हैं। सारनाथ की मूर्ति का निचला भाग टूट-फूट गया है, लेकिन वह गुप्त कला का श्रेष्ठतम नमूना है और देवता के मुख पर झलकने वाले सुख और शान्ति के भाव से लगता है कि वह कितने सहज रूप से, बिना प्रयास किए ही, इतना भार उठाने का अतिमानवीय कार्य सम्पन्न कर रहा है। वासुदेव-विष्णु के चार व्यूह-रूपों, अर्थात् वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध को अक्सर विचित्र प्रकार से मिश्रित आकृतियों में प्रस्तुत किया जाता है, जिनमें चार मुख और आठ हाथ दिखाये जाते हैं, तथा जिनमें वैष्णवों के सारे प्रतीक भी होते हैं। इनमें से केन्द्रीय मुख सौम्य, मानवी चेहरा होता है और अगर मूर्ति पूरी तरह से गोलाकृति है तो उससे ठीक विपरीत चेहरा एक कुरूप दानव का होता है, तथा पार्श्ववर्ती चेहरे सिंह और वराह के रहते हैं। कश्मीर के मध्यकालीन मन्दिरों के ध्वंसावशेषों में इस किस्म की मूर्तियाँ बड़ी तादाद में मिली हैं, और उन्हें विष्णु-चतुर्मूर्ति के वर्ग में रखा जाता है। उनके अन्दर पांचरात्र मत के एक प्रमुख या आधारभूत सिद्धान्त को बड़े प्रभावशाली ढंग से साकार किया गया है।

(ङ) शैव मत

१. उत्तर भारत और दक्षिणापथ

सन् ३२० ई० में गुप्तों के हाथ में सत्ता आ जाने से हिन्दू धर्म को जबर्दस्त प्रोत्साहन मिला। गुप्त सम्राटों में से अधिकतर विष्णु के उपासक थे, लेकिन वे साम्प्रदायिक नहीं थे और हिन्दू धर्म के अन्य रूपों की तरह उनके अन्तर्गत शैव मत भी फलने फूलने लगा। उदाहरणार्थ लगता है कि कुमारगुप्त (सन् ४१५-४५५ ई०) वैष्णव

१. अवतारों की विभिन्न मूर्तियों के विस्तृत वर्णन के लिए देखिए, टी० ए० जी० राव, पू० पु०, I, पृ० ११९ प. पृ. तथा तत्समान फलक।

धर्म का अनुयायी होने के बावजूद स्कन्द-सम्प्रदाय का समर्थक था और उसने अपने बेटे का नाम भी शायद इसीलिए 'स्कन्द' रखा था। संस्कृत का सर्वश्रेष्ठ कवि और नाटककार कालिदास भी शिव का उपासक था और उसने स्कन्द के जन्म की पौराणिक कथा को अपने महाकाव्य **कुमारसंभव** में सदा के लिए अमर कर दिया है। एक दूसरे श्रेष्ठ कवि भारवि ने, जो छठी शताब्दी में हुआ था, **किरातार्जुनीय** नाम का एक महाकाव्य रचा, जिसमें एक आखेटक के वेश में शिव के साथ अर्जुन के युद्ध का वर्णन है, जिसका अन्त यह हुआ कि अर्जुन को भगवान शिव से वरदान प्राप्त हुए। शिव से सम्बन्धित दो पुराण **वायु** और **मत्स्य** गुप्त-काल में ही रचे गये थे। एक बड़ी तादाद में शिव के मन्दिरों का निर्माण इसी युग में हुआ इसका उल्लेख पहले किया जा चुका है।

अगर राजाओं और उनके राज-परिवारों के धार्मिक विश्वासों को किसी धार्मिक सम्प्रदाय की लोकप्रियता का सूचक माना जा सकता है तो निश्चय ही इस काल में शैव मत का अभूतपूर्व प्रसार हुआ होगा। विदेशी शासकों में तो इस मत की लोकप्रियता पूर्ववत् जारी रही और आरम्भिक कुषाण राजाओं की तरह हूण राजा मिहिरकुल भी शिव का कट्टर भक्त था। बंगाल का राजा शशांक, और कन्नौज के पुष्पभूतिराजवंश और वलभी के मैत्रक राजवंश के कुछ शासक भी शैव मत के अनुयायी थे।

दक्षिणापथ में, बृहत्फलायन, आनन्द और विष्णुकुंडी राजवंशों के शासक शैवमत के अनुयायी थे और वाकाटक, शालंकायन, कदम्ब और पश्चिमी गंग वंशों के अनेक राजा भी शिव के अनन्य भक्त थे।

२. दक्षिण भारत

दक्षिण भारत में शैव मत जैन और बौद्ध दोनों धर्मों का महान् प्रतिद्वन्द्वी बनकर उभरा। क्योंकि किसी भी धर्म का भविष्य राजा को अपना समर्थक बना लेने पर निर्भर करता था, इसलिए विभिन्न धर्मों के प्रतिपादकों में राजा को अपने अपने धर्म का अनुयायी बनाने की होड़ लगी रहती थी। इस प्रकार पल्लव राजा महेन्द्रवर्मन् प्रथम (सन् ६००-६३० ई०) शुरू में तो जैन धर्म का अनुयायी था, लेकिन सन्त अप्पर के प्रभाव में आकर उसने शैव धर्म अपनाया और लगता है, वह जैन मत के विरुद्ध हो गया, जिससे उसके प्रमुख प्रतिपादक उसकी नजर से गिर गये। संस्कृत में लिखे **मत्तविलास-प्रहसन** में, जिसका लेखक महेन्द्र को बताया जाता है, बौद्ध भिक्षुओं का विद्रूप बनाया गया है और कापालिक और पशुपति जैसे शैव सम्प्रदायों का भी उल्लेख मिलता है। शैव धर्म अपना लेने के बाद महेन्द्र ने अपनी राजधानी कांची को इस धर्म का गढ़ बनाया। उसने अपने राज्य में जगह जगह पर महान् शिव-मन्दिरों का निर्माण करवाया और उनमें शिव तथा त्रि-देवों में से अन्य देवताओं की मूर्तियाँ स्थापित कीं। उसके उत्तराधिकारियों ने भी शैव धर्म के उत्थान का कार्य पूरे जोश से जारी रखा।

शैव धर्म के प्रति लोगों में इतनी तेजी से आस्था पैदा होने का मुख्य कारण वह भक्ति काव्य था, जो एक प्रबल धारा के रूप में उस युग के प्रमुख शैव सन्तों के कंठ से

फूट निकला था। तिरसठ **नायन्मारों** या **आडियारों** (शैव-धर्म के प्रतिपादक संतों) में से अधिकतर इस काल में ही पैदा हुए थे। उनकी सर्वप्रसिद्ध साहित्यिक कृतियों का विवेचन ऊपर किया जा चुका है।[1] यहाँ पर हम इन सन्तों के बारे में चन्द और ब्यौरे पेश करेंगे और संक्षेप में सूचित करेंगे कि दक्षिण भारत में शैव मत के विकास में उनका क्या योगदान है।

अपने रहस्यात्मक अनुभवों की रोशनी में लिखा हुआ तिरुमूलर का **तिरु-मन्दिरम्** (या **तिरुमन्तिरम्**) शैव-सिद्धान्त की व्याख्या करने वाला काफी संश्लिष्ट और दुरूह ग्रन्थ है। लगता है कि इस ग्रन्थ की रचना में तिरुमूलर का उद्देश्य आगमों को वेदों के अनुकूल बनाना था। क्योंकि उसने कहा कि, "वेदों की तरह आगम भी ईश्वर की वाणी हैं; एक सामान्य है, दूसरा विशेष, यद्यपि कुछ लोग ईश्वर के इन शब्दों को, इन दो **अन्तसों** को, एक दूसरे से भिन्न मानते हैं।" तिरुमूलर ने अनेक बार **वेदान्त-सिद्धान्त** इस सामासिक पद का प्रयोग इसी अर्थ में किया है कि वेद और शैव सिद्धान्तों का **अन्त** एक ही चीज है। एक स्थान पर उसने घोषणा की है: "शिव बनना **वेदान्त--सिद्धान्त** है। बाकी चारों (अन्त, अर्थात् नादान्त, बोधान्त, योगान्त और कालान्त) व्यर्थ (शिक्षाएँ) हैं। अगर सदाशिव, जो शिव बनता है, एकत्व सिद्धि कर लेता है तो वेदान्त का ज्ञान स्वतः ही सिद्धान्त बन जाता है।" तिरुमूलर ने शैव धर्म के चार रूप बताये हैं: **शुद्ध, अशुद्ध, मार्ग** और **कडुमशुद्ध**। शैव धर्म का **अशुद्ध** रूप वह है, जिसमें वेदान्त का ज्ञान नहीं होता। इसके विपरीत, वेदान्त **शुद्ध-शैव-सिद्धान्त** है। जबकि **अशुद्ध** रूप शैव धर्म की बाहरी बातों में ही खो जाता है, उसका **शुद्ध रूप** शैव धर्म के मूल तक में प्रवेश कर जाता है। **मार्ग** शैव वे होते हैं, जो **सन्मार्ग** पर चलते हैं। यद्यपि वे शैव धर्म के बाह्य चिन्हों को धारण करते हैं, लेकिन वे यहीं पर रुक नहीं जाते। उनके लिए सच्चा मार्ग ज्ञान-मार्ग है। **साधना** के चार चरण हैं—**चर्या, क्रिया, योग** और **ज्ञान**। साधक जिस समय चौथे चरण में पहुँच जाता है, उस पर ईश्वर की कृपा से **शक्ति-निपात** होने लगता है और वह मुक्त हो जाता है। तिरुमूलर की इस **शक्ति-निपात** वाली अवधारणा का आगे चलकर शैव-सिद्धान्त के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। अन्तिम, **कडुम-शुद्ध,** शैवों का वह वर्ग है, जिसे शैवों के बाह्य चिह्नों की जरूरत नहीं है, जिन्हें किसी बाहरी दिखावे की जरूरत नहीं पड़ती उनकी पद्धति अद्वैत वेदान्त के **सदचो-मार्ग** से मिलती है। सहज अनुमेय है कि इस मार्ग में निपुण व्यक्ति विरल ही हो सकते हैं। तिरुमूलर के अनुसार, लक्ष्य ईश्वर के साथ, जिसे वह नन्दी या शिव का नाम देता है, एकाकार होना है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक के रूप में वह **योग** और **मन्त्रोपासना** जैसे कुछ प्रचलित तरीकों को स्वीकार करता है, किन्तु वह सिद्धान्त-सन्मार्ग को सर्वोपरि मान्यता देता है। तिरुमूलर के अनुसार जहां कुछ मत बाह्य प्रकार के हैं (**पुरच्चमय**) वहाँ कुछ आन्तरिक प्रकार के हैं (उट्चमय)। लेकिन

---

१. देखिए पृ० ३७५ और आगे।

उसने इन मतों की स्पष्ट व्याख्या नहीं की। सम्भवतः आन्तरिक मत शैव मत की ही विभिन्न किस्में हैं, और उनमें से वेदान्त-सिद्धान्त (जिस अर्थ में तिरुमूलर इसका प्रयोग करता है) सर्वोत्कृष्ट है। इस प्रकार यह आसानी से समझा जा सकता है कि तिरुमूलर ने अपने ग्रंथ **तिरुमन्दिरम्** में दक्षिण भारत में प्रचलित शैव मत की स्थापना किस प्रकार की थी।

अप्पर, तिरु-ज्ञान-सम्बधर (या सम्बन्दर्), सुन्दर मूर्ति (या सुन्दरर) और माणिक्कवाचकर शैव मत के चार महान् प्रतिपादक हैं और क्रमशः चार भक्ति-मार्गों के —अर्थात् **दास-मार्ग, सत्पुत्र-मार्ग, सखा-मार्ग** और **सन्मार्ग** या सच्चा मार्ग—पथ-प्रदर्शक शिक्षक हैं। चारों भक्ति से उत्प्रेरित सन्त थे, जिन्होंने अपने भक्तिगीतों की लहर से देश को आप्लावित कर दिया था और इस प्रकार लोगों के मन में आध्यात्मिकता की ओर अग्रसर होने की आकांक्षा जगा दी थी।

माणिक्कवाचकर ने मदुरा के निकट वादवूर में एक ब्राह्मण के घर में जन्म लिया था। अपने कस्बे के नाम पर उसे तिरुबादवूरर भी पुकारा जाता है। वह विलक्षण प्रतिभा का व्यक्ति था और उसने किशोरावस्था में ही सारे शास्त्रों में दक्षता प्राप्त कर ली थी। उसके एक महान् विद्वान् और निष्कलंक चरित्र का नौजवान होने की ख्याति पांडच राजा के कान तक पहुँची और उसने माणिक्कवाचकर को तुरन्त बुला भेजा। नौजवान की बुद्धि और योग्यता के बारे में सन्तुष्ट हो जाने के बाद राजा ने उसको अपना प्रधान मंत्री नियुक्त कर दिया। माणिक्कवाचकर ने बड़ी बुद्धिमानी और वफादारी से अपने राजा और पांडच देश के लोगों की सेवा की। इसके बदले में उसे राजा का विश्वास और सम्मान प्राप्त हुआ। उसे एक राज-दरबार के सारे सुख-साधन उपलब्ध थे। लेकिन उसका मन सुख और वैभव की वस्तुओं में नहीं लगता था। शैव मार्ग पर चलने के लिए उसमें तीव्र उत्कंठा पैदा हो गयी थी। प्राचीन काल के शाक्य राजकुमार की तरह, माणिक्कवाचकर भी सांसारिक वैभवों की व्यर्थता का अनुभव करने लगा। वह एक गुरु की तलाश में था, "जो उसे "पंचाक्षरों" (शिवाय नमः) का रहस्य समझा सके और "मुक्ति का मार्ग" दिखा सके।" एक बहु-प्रचलित अनुश्रुति के अनुसार उसकी इस कामना की पूर्ति तिरुप्पेरुन्तुरइ में जाकर हुई, जहाँ वह राजा के लिए घोड़े खरीदने गया था। नगर के बाहर उसे एक गुरु मिला। अनुश्रुति के अनुसार, यह गुरु स्वयं भगवान शिव थे, जो अपने भक्त के रक्षार्थ अपने दिव्यधाम (कैलाश) से उतर कर आये थे। उनके दर्शन करते ही माणिक्कवाचकर का मन इस संसार से ऊपर उठकर भक्ति के आनन्द-लोक में पहुँच गया। घोड़े खरीदने के बजाय, माणिक्कवाचकर ने अपने साथ लाया सारा धन गुरु के चरणों में रख दिया और उसके आदेश पर मदुरा लौटकर राजा से कहा कि घोड़े कुछ दिनों में पहुँच जायेंगे। निश्चित दिन पर घोड़े आ गये, जिन्हें घोड़े के सौदागर के वेश में स्वयं शिव लेकर आये थे। लेकिन घोड़े वास्तविक नहीं थे, बल्कि दिव्य जादूगर (मायी) के जादू से घोड़ों के वेश में बदले हुए शृगाल थे। इसलिए जब सौदा पूरा हो गया, तो शृगाल रात में अपने असली रूप में आ गये और जंगल में भाग

गये। यह देखकर कि उसे धोखा दिया गया है, राजा को बड़ा क्रोध आया और उसने अपने प्रधानमंत्री को यंत्रणाएँ देने का आदेश दिया। लेकिन ये यंत्रणाएँ उस सन्त को बिल्कुल महसूस नहीं हुईं। भगवान् का हाथ इन यन्त्रणाओं से उसकी रक्षा कर रहा था। राजा को अपनी गलती महसूस हुई और उसने इस गायक को मुक्त कर दिया और जहाँ चाहे जाने की इजाजत दे दी। इन घटनाओं का संकेत स्वयं माणिक्कवाचकर के भक्ति गीतों में मिलता है। सांसारिक सम्बन्धों से नाता तोड़ कर माणिक्कवाचकर ने अपना बाकी जीवन आध्यात्मिक उपदेशों और अपने देवता की आराधना में व्यतीत किया। वह पहले तिरुप्परुन्तुरइ गया, जहाँ उसे प्रकाश मिला था और वह उस समय तक अपने स्वामी के साथ रहा, जब तक कि वह पुनः अपने दैवी निवास पर लौट कर नहीं गये। इसके बाद उसने सारे दक्षिण भारत के मन्दिरों की तीर्थयात्रा की और हर मन्दिर में उसने अपने भक्ति गीत गाये। अन्त में उसने चिदम्बरम् को अपना आश्रम बनाया। इस स्थान पर ही उसकी लंका के कुछ बौद्ध शिक्षकों से भेंट हुई थी, जिनको उसने शास्त्रार्थ में हराया था। और जब इस संसार में उसका कार्य पूरा हो गया तो, कहा जाता है, चिदम्बरम् के देवता ने उसे अपने से एकाकार कर लिया।

माणिक्कवाचकर के ग्रन्थ **तिरुवाचकम्** का तमिल के धर्म साहित्य में वही स्थान है, जो संस्कृत के धर्मग्रन्थों में उपनिषदों का है। अज्ञान के अन्धकार से निकलकर मनुष्य की आत्मा को दैवी ज्ञान के प्रकाश में पहुँचने के लिए किन किन मंजिलों को पार करना होता है, **तिरुवाचकम्** में इसका वर्णन अत्यन्त मार्मिक शब्दों में किया गया है। माणिक्कवाचकर के लिए सबसे बड़ा देवता शिव है, जो राजाओं का राजा और सब प्राणियों का स्वामी है। इस सन्त ने शिव का वर्णन निम्न विशेषणों के द्वारा किया है : प्रकाश, अमृत, करुणा-नद तथा अन्तर्ज्योति। शिव केवल मन्दिर में ही निवास नहीं करता, वह सब जगह है, हरेक प्राणी के हृदय में उसका निवास है। वह उन आत्माओं की रक्षा के लिए गुरु के रूप में भी प्रकट होता है, जो उसकी अवस्था को प्राप्त करने के लिए तड़पते रहते हैं। माणिक्कवाचकर का कहना है : "ऐ सर्वोच्च सत्य, तुम पृथ्वी पर आये और मुझे अपने चरणों का दर्शन कराया और करुणा की साकार मूर्ति बन गये।" कवि और रहस्यवादी की हैसियत से उसका स्थान अमरों में है। उसका यह नाम (माणिक्कवाचकर) उसके अनुरूप ही है, क्योंकि इसका अर्थ है, "वह जिसके शब्द मणियाँ हैं।

अप्पर महान पल्लव राजा महेन्द्र-वर्मन् प्रथम (सन् ६००-६३०) ई० का समकालीन था। वह दक्षिण अर्काट के एक गाँव में एक धनी वल्लाल परिवार में पैदा हुआ था और उसका नाम तिरुनावुक्करशु रखा गया था। जैन धर्म त्याग कर उसने शैवधर्म कैसे अपनाया, इसके बारे में एक चमत्कार पूर्ण कहानी प्रचलित है। इसके बाद अप्पर ने तमिल देश के सभी मन्दिरों की तीर्थ-यात्रा की। उसके हाथ में एक फावड़ा रहता था ताकि मन्दिरों में जमा कूड़े-कचरे को उठा कर फेंक सके। इस यात्रा में उसने बड़े बड़े जनसमूहों के सामने शिव की महत्ता पर व्याख्यान दिये। उसकी बढ़ती हुई लोकप्रियता से घबराकर जैन गुरुओं ने पल्लव राजा महेन्द्र प्रथम को उसे दंड देने के लिए उकसाया;

और राजा ने, जो स्वयं जैन था, सन्त अप्पर की कठोर से कठोर परीक्षाएँ लीं। शिव में अपनी सरल और अटूट भक्ति के कारण अप्पर ने सहज भाव से सारी यातनाएँ झेल लीं। और उसका एक बाल भी बाँका न हुआ। सन्त की उदात्त आध्यात्मिकता से राजा इतना प्रभावित हुआ कि उसने शैवधर्म अपना लिया। इसके बाद अप्पर फिर अपनी धार्मिक यात्रा पर निकल पड़ा। चिदम्बरम् में उसने सुना कि बालक-सन्त सम्बन्दर को किस प्रकार शिव ने दर्शन दिया था। कुछ दिनों बाद, उसी स्थान पर दोनों सन्तों की भेंट हुई, जबकि सम्बन्दर ने अपने बड़े को प्यार से "अप्पा" (अर्थात् "पिता") कह कर सम्बोधित किया। उस समय से तिरुनावुक्करशु के नाम के आगे सदा के लिए "अप्पर" शब्द जुड़ गया। दोनों सन्तों ने साथ साथ यात्राएँ कीं। जहाँ जहाँ वे गये, भक्ति के मार्मिक गीतों से शिव की उपासना करते गये और एक दूसरे को अपने आध्यात्मिक अनुभवों से मालामाल करते गये। अप्पर ने अपने जीवन के अन्तिम वर्ष तिरुप्पुगलुर में काटे। परम्परा के अनुसार उसकी आयु इक्यासी वर्ष की थी, जब उसका देहान्त हुआ था।

अप्पर के गीत ज्ञान और भक्ति से ओतप्रोत हैं। उनमें कवि के मन की प्रौढ़ता और गहरी धर्मनिष्ठा प्रतिबिम्बित है। उसे सिद्धान्त का पूरा ज्ञान था और उसने अन्य विचार-पद्धतियों का भी गम्भीर अध्ययन किया था। एक गीत में उसने कहा है कि शिव पच्चीस तत्त्वों (सांख्य के) से परे हैं। एक दूसरे गीत में उसने शैवमत के छियानवे वर्गों का उल्लेख किया है। उसके अनुसार शिव सर्वव्यापी और लोकोत्तर वास्तविकता है। वह शायद शिव के तीन रूप स्वीकार करता था: (१) सबसे निम्न रूप शिव है, जो त्रि-देवों में से एक है और जिसे विश्व का संहार करने का कार्य सौंपा गया है; (२) दूसरे रूप को वह **परापर** का नाम देता है। यह **परापर** शिव और शक्ति का सम्मिलित रूप है, जिसे **परंजोति** भी कहा जाता है; (३) शिव का तीसरा और अन्तिम रूप **स्तम्भ** या प्रकाश-स्तम्भ कहलाता है, जो पूर्ण (निरपेक्ष) चेतना है। दरअसल, इस रूप की कल्पना नहीं की जा सकती, यह अवर्णनीय और अनिर्वचनीय है। इस रूप की प्राप्ति ही आध्यात्मिक जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य है। इसको प्राप्त करने का एक मात्र मार्ग शिव का निरन्तर ध्यान और उसके प्रति अटूट श्रद्धा है। अप्पर कहता है, "**कदम्ब** युवाओं के स्वामी (शिव) के चरणों के दर्शन हो सकते हैं, अगर शरीर रूपी घर में रखे मन के दीपक में चिन्तन और ध्यान के घी से जलने वाली जीवन की बाती से उठी ज्ञान की लौ की रोशनी लेकर उसको ढूँढा जाए।" उपनिषदों के स्वर में इस सन्त का कथन है: "ईश की इस प्रकार उपासना करने का हमने मार्ग दिखाया है, अपने शरीर को मन्दिर और मन को उपासक दास बनने दो; सत्य को पवित्रता (पूजा के लिए आवश्यक स्थिति) का मानदंड बनाओ और **लिंग** को हृदय का माणिक, और प्रेम को ही घी, दूध और पानी बनाओ (जो पूजा के लिए सहायक वस्तुएँ होती हैं)।" अप्पर शिव के नाम का निरन्तर जाप करने की आवश्यकता पर जोर देने से कभी थकता नहीं था। "ब्राह्मण के पास सबसे अद्वितीय हीरा उसका वेद है, जिसकी व्याख्या करने वाले छह शास्त्र हैं, लेकिन हमारे

पास सबसे अद्वितीय हीरा **पंचाक्षर** है।" यद्यपि वह शिव मार्ग को सर्वोच्च मार्ग मानता था, लेकिन इतना संकीर्णमना भी नहीं था कि कहता कि और कोई मार्ग हो ही नहीं सकता। उसका कहना है कि शिव के चरण छह **समयों** के हर अनुयायी को सान्त्वना और शान्ति प्रदान करने में समर्थ हैं।

सम्बन्दर अप्पर का समकालीन था। वह शीरकाळि (शियाळि) के एक ब्राह्मण परिवार में पैदा हुआ था। कहते हैं कि उसके मां-बाप ने एक पुत्र का वरदान पाने के लिए शिव की सच्ची लगन से आराधना की थी, जिसके फलस्वरूप उसे यह पुत्र प्राप्त हुआ था। तीन साल की उम्र में वह एक बार अपने पिता के साथ निकट के तालाब तक गया। अनुश्रुति के अनुसार बाप जिस समय तालाब में नहा रहा था, बालक यकायक चीख पड़ा। इसी समय एक सोने के प्याले से शिव और पार्वती प्रकट हुए और उन्होंने बालक को ज्ञान का दूध पिलाया। तभी से वह एक "ज्ञान-सम्बन्ध", अर्थात् वह जो ज्ञान के द्वारा ईश्वर से सम्बन्धित है, हो गया, और भक्ति के उन्माद से अभिभूत होकर वह अपने गीतों में विश्व-पिता और विश्व-माँ का गुणगान करने लगा। जब उसके निष्ठावान् बाप को पता चला कि स्वयं पार्वती ने उसके पुत्र को अनुमन्वित किया है, तो वह खुशी से फूला नहीं समाया और अपने प्यारे बच्चे को कन्धे पर बैठाए एक तीर्थ स्थान से दूसरे तीर्थ स्थान की यात्रा करने लगा। इस प्रकार सम्बन्दर ने विभिन्न मन्दिरों में जाकर शिव की महानता के गीत गाये। जिस समय वह मदुरा नगर के पास ठहरा हुआ था, वहाँ की रानी मंगैयर्क्करशिऔर मन्त्री कुलच्चिड़ै ने उसे बताया कि राजा पर जैनों का प्रभाव बहुत बढ़ गया है। इस पर इस संत ने पाण्डच राजा को पुनः शैवधर्म का अनुयायी बना लिया। मदुरा में अपना शिक्षणकार्य पूरा करके वह फिर अपने चोल देश में लौट आया और फिर उत्तर का दौरा करने के लिए निकल पड़ा। **पुराण** में सम्बन्दर के अनेक चमत्कारों का विवरण दर्ज है। इस सन्त के जीवन की अन्तिम घटना भी एक चमत्कार के समान ही है। उस समय उसकी आयु सोलह वर्ष की थी और उससे विवाह का प्रस्ताव किया गया। वह इस प्रस्ताव पर राजी हो गया और उसके लिए एक दुल्हन चुन ली गयी। लेकिन विवाह की रस्म पूरी होने से पहले वह अपनी वाग्दत्ता को नल्लूर-पेरुमणम् के मन्दिर में ले गया और उसकी प्रार्थना पर देवता की मूर्ति से एक दीप्ति निःसृत हुई और वे दोनों अपने अन्य साथियों समेत इस दीप्ति में समाहित हो गये। इस प्रकार शीरकाळि के विख्यात बालक सन्त के गौरवशाली जीवन का समापन हुआ।

तेवारम संग्रह में सम्बन्दर के **पदिगमों** (पदों) को प्रथम स्थान दिया गया है, और इससे जाहिर होता है कि शैव-धर्मोपासना में उसके भक्ति-गीतों को कितना महत्वपूर्ण स्थान दिया जाता है। इस सन्त के भक्ति-गीतों में एक लक्षण जो सबसे प्रमुख नजर आता है, वह जैनियों के प्रति उसकी घृणा है। लगता है कि वह ईमानदारी से विश्वास करता था कि जैनी साधारण जनता को गुमराह कर रहे थे। एक पद में उसने कहा है: "अरे तुम लोग जो जैनियों और बुद्धों के उपदेश सुनकर उद्विग्न हो जाते हो, आओ, नल्लूर पेरुमणम के स्वामी के चरणों की पूजा करने से तुम्हारे लिए **मोक्ष** प्राप्त करना सरल हो

जाएगा।" शैवधर्म के अन्य प्रतिपादकों की तरह, सम्बन्दर भी एक सन्देश लेकर पैदा हुआ था, और यह सन्देश नास्तिक धर्मों के विरुद्ध शैव ईश्वरवाद के धर्म सिद्धान्त का प्रचार था। उसे तमिल देश में जैनधर्म के पतन का मुख्य कारण माना जाता है।

सम्बन्दर शिव को सर्वोच्च देवता मानता है; सब प्राणियों एवं वस्तुओं का आदि, मध्य और अन्त। त्रि-देवों में से एक होने के कारण वह "प्रथम रूप" (**मुदल-उरु**) है। लेकिन, वास्तव में, वह अरूप है, जिसके कारण न ब्रह्मा और न विष्णु ही उसे देख सकते हैं। शिव चेतना और ज्योति है। सम्बन्दर का कहना है: "तुम **ज्योतियों** के अन्त हो, **ज्योतियों** के अन्दर एक ज्योति।" शिवत्व की प्राप्ति ही **मोक्ष** है। आत्मा को **मल** या अपवित्रता से मुक्त करना चाहिए। इसके लिए शिव की कृपा जरूरी है। उसकी कृपा पाने के लिए पंचाक्षर ही सबसे प्रभावशाली साधन है, और इस प्रकार **शिव-मुक्ति** प्राप्त की जा सकती है। सम्बन्दर का कहना है: "**पंचाक्षर** ही वह अन्तिम **मन्त्र** है, जिसका जाप करके शिव को प्राप्त किया जा सकता है।" इस सन्त के उपदेशों का सार यह है कि "सर्वात्मना शिव की पूजा करो, रक्षित रहोगे।"

यहाँ विवेचित सन्तों में से अन्तिम, सन्त सुन्दरमूर्ति, दक्षिण अर्काट जिले के शैव मन्दिर के पुजारियों के परिवार में पैदा हुआ था। कहा जाता है कि उसके विवाह के दिन शिव एक बूढ़े ब्राह्मण के रूप में प्रकट हुए और उन्होंने दावा किया कि वह उनका क्रीत दास है। उन्होंने सुन्दरमूर्ति को उस अवस्था में विवाह करने से रोक दिया और उसे अपने साथ लेकर चले गये। फिर उन्होंने उसके आगे अपना शिव रूप प्रकट किया, जो सारे ब्रह्माण्ड का सर्वोपरि स्वामी है। इस प्रकार सुन्दर को सन्तपद प्राप्त हो गया और वह घूम-घूम कर अपने उद्धारक शिव का गुणगान करने लगा। उसने दो बार विवाह किया और अपनी आंखों की ज्योति गंवा दी और शिव की कृपा से भी वंचित हो गया। कुछ समय के बाद उसकी आंखों की ज्योति भी लौट आयी और शिव की कृपा भी मिल गयी और उसे केरल के राजा चेरमान पेरुमाल की मित्रता भी प्राप्त हुई। एक दिन जब वह इस राजा के साथ तिरुवंजिक्कलम में ठहरा हुआ था, वह देह त्याग कर ईश्वर के पास चला गया। सुन्दर के गीत **सखा**-मार्ग का स्पष्टीकरण करते हैं। लेकिन ईश्वर से उसकी घनिष्ठता ने उसके मन में अपने आराध्य के प्रति भक्ति और शिव की उपस्थिति में रहने की उत्कंठा में कोई कमी नहीं आने दी थी। अपने युग के अन्य सन्तों के समान ही उसे भी इस बात का श्रेय प्राप्त है कि उसने अपने भक्ति-गीतों से लोगों के मन में धार्मिक भावनाओं का उद्रेक किया था और शैवधर्म के नवजागरण के युग का सूत्रपात किया था।

३. मूर्ति-निर्माण कला

गुप्तकाल के शिवलिंगों से स्पष्ट हो जाता है कि किस प्रकार उनका वास्तविक चरित्र धीरे-धीरे गौण होता जा रहा था, और कुमारगुप्त प्रथम के समय के उत्कीर्ण करमदांडा लिंग से रूढ़ीकरण की एक सजग चेष्टा सूचित होती है। लेकिन यह अनुमान

करना गलत होगा कि गुप्तकाल के शिवलिंगों से यथार्थवाद का बहिष्कार कर दिया गया था; भीटा में मिली अनेक मुहरों पर शिवलिंग अपने प्राचीन रूप में ही अंकित है।[1]

ऊपर शिव की मूर्तियों के एक विशिष्ट रूप, अर्थात् लिंगोद्भव मूर्तियों और मुखलिंगों के विकास का उल्लेख[2] किया जा चुका है। लिंगोद्भव मूर्तियाँ उस वर्ग की हैं, जिनमें एक साम्प्रदायिक पक्षपात लक्षित होता है। उनसे सम्बद्ध मिथक-कल्पना यह है कि एक बार ब्रह्मा और विष्णु में इस दावे को लेकर झगड़ा हुआ कि विश्व का स्रष्टा कौन है, ब्रह्मा या विष्णु। इस झगड़े के दौरान किस प्रकार शिव उनके बीच एक ज्वलंत अग्नि-स्तम्भ के रूप में प्रकट हुए और किस प्रकार ब्रह्मा और विष्णु अग्नि-स्तम्भ के निचले या ऊपर वाले छोरों का पता लगाने में असमर्थ रहे। ब्रह्मा ने झूठ बोल दिया कि उसने इस अग्नि-स्तम्भ की चोटी का पता कर लिया है। इस पर शिव ने ब्रह्मा को शाप दिया कि उसके नाम पर कभी कोई मत नहीं चलेगा। लेकिन विष्णु ने ईमानदारी से स्वीकार कर लिया कि वह अग्नि-स्तम्भ का तला खोजने में असमर्थ रहा, इस पर ईश्वर (शिव) ने प्रसन्न होकर उसे वरदान दिया कि विष्णु के नाम पर मत चलेगा, जो महत्त्व में केवल शिव के मत से ही द्वितीय होगा। एलोरा की दशावतार गुफा में इस कहानी के सारांश को लिंगोद्भव-मूर्तियों में अंकित किया गया है। इसमें बगल से शिखाएँ निकलते स्तम्भ के सामने के भाग पर तीन-चौथाई अंश में शिव चन्द्रशेखर की मूर्ति जड़ी हुई दिखाई गयी है। बांयें कोने में ब्रह्मा ऊपर की ओर उड़ते हुए प्रदर्शित हैं और विष्णु वराह के रूप में दाहिने कोने में जमीन में मुँह गड़ा कर ज़मीन खोदते हुए दिखाये गये हैं। इन दोनों की आकृतियाँ अपने सहज रूप में बायीं और दायीं ओर अंजलि मुद्रा में भी दोहरयी गयी हैं। एक लगातार कहानी को एक ही फलक में आकृतियों को बार बार दोहराकर अंकित करने की यह भारतीय शैली एलोरा के इस मूर्ति-शिल्प में बड़ी खूबी से व्यक्त हुई है। भारत के विभिन्न भागों में मिलने वाली उभारकर बनायी गयी मध्यकालीन मूर्तियों के अनेक नमूने हैं, जिनमें कथावस्तु का मूर्तिकरण इसी शैली में किया गया है, यद्यपि कहीं कहीं कुछ परिवर्तन अवश्य किये गये हैं। शिव का स्तम्भाकार रूप भी उल्लेखनीय है, क्योंकि मध्यकाल के अनेक शिवलिंग इसी प्रकार के हैं।

शिव के मानवीकृत रूपों में व्यामोहक वैविध्य मिलता है। कलकत्ते के इंडियन म्यूजियम के संग्रह में इस प्रकार की एक प्राचीन मूर्ति मिलती है, जो कोसम में मिली थी। इस पर स्कन्दगुप्त के समय का एक उत्कीर्ण लेख भी है। इसमें शिव और उमा अगल बगल खड़े हैं। "दोनों अपने अपने दाहिने हाथ उठाये हुए हैं, जिनकी खुली हथेलियाँ सामने की ओर हैं। शिव के बायें हाथ में एक कमण्डल (जल-पात्र) है, जबकि पार्वती के बायें हाथ में त्रिशूल (?) है। पार्वती के शिरोवस्त्र की रचना अत्यन्त अलंकृत किस्म

---

१. बनर्जी, डे. हि. इ., फलक, X, चित्र ४।

२. जि. II, पृ० ४६०-६१ (अंग्रेजी संस्करण)।

की है।" इस मूर्ति के बारे में ब्लाख (Bloch) ने कहा है: "इस प्राचीन मूर्ति के कठोर और रूढ़िगत निरूपण की तुलना मूर्तियों में व्यक्त दिव्य-दम्पति की भावपूर्ण मुद्रा से करना शिक्षाप्रद होगा।" "एलोरा की शैलकृत्त गुफाओं में, जो समग्र रूप से आठवीं सदी की हैं, उभार-शैली की कुछ बड़ी दिलचस्प मूर्तियाँ हैं, जिनमें शिव की मानवीकृत आकृति के विभिन्न रूप दिखाये गये हैं। एक दो फलकों में वहाँ शिव और पार्वती को बैठे हुए दिखाया गया है, जिनके दोनों ओर अनुचरों का जमघट है, नीचे नन्दी है जो **गणों** से परिवृत है। इन मूर्तियों से बस एक कदम हटकर ही उमा-महेश्वर की मूर्तियाँ हैं, जिनमें पार्वती अपने संगी की बाईं जांघ पर बैठी हुई है और वह अपने हाथों से पार्वती के अंगों को सहला रहा है। ब्लॉख (Bloch) ने इसी अभिव्यंजक या भावपूर्ण मुद्रा की ओर संकेत किया है, और पूर्वी भारत में इस प्रकार की भावपूर्ण मूर्तियों की बहुतायत का कारण निश्चय ही इस क्षेत्र में शक्ति-पूजा का व्यापक प्रचलन है। त्रिपुरसुन्दरी के, जो उमा और पार्वती का ही दूसरा नाम है, तान्त्रिक उपासकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे देवी के उस रूप का ध्यान करें जिसमें वह महापद्मवन में शिव की गोद में बैठी है,[1] और ये मूर्तियाँ उनके विशेष **ध्यानयोग** में साधनों की तरह काम आती थीं। उपर्युक्त वर्ग की मूर्तियों में शिव और उमा को अलग अलग दिखाया जाता है, लेकिन अर्धनारीश्वर वर्ग की मूर्तियों में उन्हें एक दूसरे में समाहित दिखाया जाता है। इस संयुक्त मूर्ति के दाहिने अर्ध-भाग में शिव की आकृति अंकित होती है और बायें अर्ध-भाग में उमा की। भीटा में मिली गुप्तकाल की एक मुहर में प्रस्तुत लेखक ने इस दिलचस्प किस्म की संयुक्त आकृति पहचानी थी। गुप्तकाल से लेकर मध्यकाल तक की देश के विभिन्न भागों में मिलने वाली मूर्तियों में यह प्रसंग अंकित किया गया है, जो इस सम्प्रदाय की देशव्यापी लोकप्रियता का सूचक है। बादामि के अर्धनारीश्वर की आकृतियों के प्रस्तर-फलक को इस प्रकार की मूर्तियों का प्रतिनिधि मान सकते हैं, यद्यपि उसमें कुछ विशेषताएँ जोड़ी गयी हैं, जैसे इस उभयलिंगी देवता के कुदरती हाथों में एक **वीणा** दिखायी गयी है, नन्दी को एक साँड के रूप में प्रस्तुत किया गया है और कृशकाय भृंगी को पुरुष-भाग के पास और एक सेविका को नारी-भाग के पास खड़ा दिखाया गया है; नीचे अनेक गणों को नृत्य की तथा अन्य मुद्राओं में अंकित किया गया है। शिव की हरि-हर या हरिअर्धमूर्तियाँ उतनी सामान्य नहीं थीं, जितनी उस वर्ग की मूर्तियाँ, जिनका अभी वर्णन किया गया है। हरि-हर की सबसे प्राचीन और सबसे सुन्दर मूर्ति बादामि के निचले गुफा मन्दिर के एक फलक में अंकित है। दाहिनी ओर, या केन्द्रीय मूर्ति के आधे हर-भाग में शैवमत के प्रतीक और चिह्न अंकित हैं और बाईं ओर, या मूर्ति के आधे हरि-भाग में वैष्णव मत के प्रतीक और चिह्न अंकित हैं। इस देवता के दायीं ओर पार्वती और बायीं ओर लक्ष्मी है, साथ ही नन्दी और गरुड़ के मुखों वाली मानव आकृतियाँ हैं। इस देवता

---

१. **सौन्दर्यलहरी** —श्लोक ४० प. पृ०।

के नीचे बादामि की सामान्य शैव-मूर्तियों की तरह, अनेक गण नाचते और बाजे बजाते हुए अंकित हैं।

(च) गौण धार्मिक सम्प्रदाय

१. ब्रह्मा

ब्राह्मणवादी धर्म में होने वाले उन व्यापक परिवर्तनों का पहले उल्लेख किया जा चुका है, जिनके दौरान विष्णु और शिव को छोड़कर पुराने अन्य सारे देवताओं का स्थान गौण होता गया और वे इन दो देवताओं के अधीन हो गये। इस प्रकार की क्षति जिस बड़े देवता को उठानी पड़ी, वह ब्रह्मा था। वेदों के पूरक साहित्य में जिन अद्भुत-कारनामों का श्रेय ब्रह्मा को दिया गया था, वह सारा श्रेय धीरे धीरे विष्णु ने अपने लिए हथिया लिया। यद्यपि ब्रह्मा को स्वयंभू पुकारा जाता था, लेकिन अब उसे अंडे से पैदा हुआ या विष्णु की नाभि में उगे कमल से पैदा कल्पित किया जाने लगा, जिसकी विष्णु ने मधु नाम के दानव से रक्षा की थी। ऋग्वेद में वर्णित अगम्यागमन की मिथक-कल्पना ब्रह्मा पर आरोपित कर दी गयी और दिखाया गया कि इस नैतिक पतन के लिए शिव ने ब्रह्मा को दंड दिया। इन अनुश्रुतियों से सूचित होता है कि लोगों के मन में ब्रह्मा के प्रति जो आस्था थी, उसका रुख बदल कर किस प्रकार त्रिदेवों में से बाकी दो देवताओं की ओर मोड़ा गया। इसके बावजूद, ब्रह्मा के थोड़े से अनुयायी बाकी रह गये, और **पद्म-पुराण** में उसको पुनः सर्वोच्च देवता का गौरव प्रदान करने की कोशिश की गयी। हमारे विवेच्य काल में ब्रह्मा का काफी महत्त्व था, इसका अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि **बृहत्संहिता** और **विष्णुधर्मोत्तर**, इन दोनों ग्रन्थों में उसकी मूर्तियों के निर्माण करने की विधि बतायी गयी है और बाद में रचित **पद्म-पुराण** में उसकी उपासना की विधि भी निर्धारित की गयी है।

जब ब्रह्मा का महत्त्व घटने लगा, उस समय भी एक गौण देवता के रूप में लोगों का उपास्य होने का उसका अधिकार स्वीकार किया गया और विष्णु और शिव के मन्दिरों में उसकी मूर्ति के लिए अलग से एक आला रखा जाने लगा। त्रिमूर्ति में भी उसका स्थान सुरक्षित रहा यद्यपि उसकी मूर्ति को कभी केन्द्रीय स्थान नहीं दिया गया। यह स्थान हमेशा विष्णु या शिव के लिए ही सुरक्षित रहा। प्रयाग और पुष्कर जैसे कुछ पवित्र स्थान (तीर्थ) उसके नाम के साथ विशेषतया संबद्ध रहे। यद्यपि कालान्तर में ब्रह्मा के नाम का सम्प्रदाय-विशेष तो एकदम खत्म हो गया, पर उसकी पूजा का प्रचलन एकदम बन्द नहीं हुआ। सिन्ध से लेकर बंगाल तक उसकी मूर्तियों की संख्या अधिक नहीं है और वे विविध प्रकार की भी नहीं हैं। इन मूर्तियों में ब्रह्मा को त्रिमुख (अधिकांश मूर्तियाँ उभार शैली की हैं, जिनमें चौथा मुख नहीं दिखाया जाता, केवल चन्द गोलाकार मूर्तियों में ही चौथा मुख दिखाया गया है), तुन्दिल (बड़े पेट वाला), चतुर्भुज (चार

भुजाओं वाला), हाथों में स्रुक्, स्रुव, **अक्षमाला** और **पुस्तक** धारण किए या तो खड़ा दिखाया गया है, या अपने वाहन हंस पर बैठा हुआ। ब्रह्मा की एक प्राचीनतम कांस्यमूर्ति, जो पूरी तरह गोल है, सिंध के मीरपुर खास में प्राप्त हुई थी। यह मूर्ति कराँची के म्यूजियम में रखी है और मूर्ति-कला की दृष्टि से उसका विशेष महत्त्व है, क्योंकि वह इस देवता की अन्य मूर्तियों से बिल्कुल नहीं मिलती। इस मूर्ति में ब्रह्मा चार मुखों वाला है, लेकिन उसकी केवल दो ही भुजाएँ हैं; दाहिना हाथ झुका हुआ है, जिसकी हथेली अन्दर की ओर मुड़ी हुई, मानो एक पुस्तक पकड़े हुए हो (ग्रन्थों में हाथ की इस मुद्रा का कहीं उल्लेख नहीं मिलता), बायें हाथ में वह या तो अक्षमाला या कमण्डलु (जल-पात्र) पकड़े है, जो टूटकर खो गया है और (उसकी सिर्फ हत्थी ही मूर्ति के हाथ में रह गयी है), उसके सरों पर गुंथी हुई बालों की लटें हैं और वह अपने शरीर पर शायद **उपवीती** ढंग से मृगछाला लपेटे हुए है। भारतीय धातु-विज्ञान कला का यह एक श्रेष्ठ मध्यकालीन नमूना है।[१]

स्मार्तों ने जब अपनी पंच-देवता (**पंचायतन**) वाली कल्पना का विकास किया तो ब्रह्मा का रहा सहा महत्त्व भी खत्म हो गया और उसे एक सेवा-निवृत्त (या पेन्शन-याफ्ता) देवता की कोटि में डाल दिया गया। आज सारे भारत में स्वतन्त्र रूप से ब्रह्मा के करीब आधे दर्जन मन्दिर ही शेष रहे हैं। उसे विष्णु और शिव, यहाँ तक कि कार्तिकेय के मन्दिरों के गर्भगृहों से निकाल कर बाहर, **परिवार-देवताओं** की पंक्ति में खड़ा कर दिया गया है। अगर उसे त्रि-देवों में रखा भी जाता है तो केवल औपचारिक रूप से परम्परा-पालन की खातिर; या दक्षिण भारत में केवल सूर्य के रूप में उसकी पूजा होती है, जिससे जाहिर होता है कि सूर्य-सम्प्रदाय ने भी कुछ क्षेत्रों में ब्रह्मा के प्रभाव की जड़ काटी थी।

२. सूर्य

ब्रह्मा के विपरीत, सूर्य ने अपना पद सुरक्षित ही नहीं रखा, बल्कि अपने प्रभाव-क्षेत्र का विस्तार भी कर लिया। सूर्य-सम्प्रदाय के उत्तर-भारतीय रूप की सूचना हमें **भविष्य-पुराण** से मिलती है, जिसमें इस सम्प्रदाय के जन्म की कहानी, सूर्य देवता और उसके सहायक देवताओं, सूर्य के पुजारियों (भोजक, मग और सोभक आदि) और सूर्योत्सवों का वर्णन किया गया है। इसी प्रकार के विवरण **शाम्ब, वराह** तथा कुछ और पुराणों में भी मिलते हैं। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि इस काल के अधिकांश सूर्य-मन्दिर पश्चिमी भारत में मिलते हैं, विशेषकर वर्तमान राजस्थान के दक्षिण में जहाँ शाकद्वीप ब्राह्मण बड़ी तादाद में आकर बस गये थे।[२] मूलस्थान या मुल्तान (आदि में शाम्ब के नाम पर शाम्बपुर) के मन्दिर के अलावा, जहां सोने की मूर्तियों को देखकर लोगों में आश्चर्य और समादर की भावना जगती थी, पुरालेखीय अभिलेखों में अन्य उल्लेखनीय सूर्य-मन्दिरों का हवाला भी मिलता है। यहाँ कुमारगुप्त के काल के मन्दसौर अभिलेख का जिक्र किया जा सकता है, जिसमें इस बात का हवाला दिया गया है कि

---

१. टी. ए. जी. राव—**एलिमेंट्स आफ हिन्दू इकानॉग्राफी**, II, पृ० ५०९-१०, फ. cxlviii.

२. जि० II, पृ० ४६५-६६ (अंगरेजी संस्करण)।

बुनकरों की श्रेणी ने सन् ४३६ ई० में एक सूर्य-मन्दिर का निर्माण कराया था और सन् ४७३ ई० में उसकी मरम्मत करवायी थी। इन्दौर (मध्य प्रदेश) में मिले एक ताम्रपत्र में कहा गया है कि सन् ४६५ ई० में देवविष्णु ने सूर्य-मन्दिर में लगातार दीपक जलाने के खर्च के लिए भूमि का अनुदान किया था। सन् ५११ ई० के एक अनुदान-पत्र में एक और सूर्य-मन्दिर को भूमि देने का विवरण है और मिहिरकुल के राज्य-काल के पन्द्रहवें वर्ष में जारी हुए ग्वालियर अभिलेख में एक सूर्य-मन्दिर के निर्माण का विवरण है। सूर्योपासना को राजाओं के समर्थन की भी कमी नहीं थी। कुछ राज-परिवार तो कट्टर सूर्योपासक थे। हर्ष के अभिलेखों में उसके तीन पूर्वजों को **परमादित्य-भक्त** कहा गया है। यद्यपि हर्ष आरम्भ में शैव था और बाद में निश्चित रूप से उसका झुकाव बौद्ध धर्म के प्रति हो गया था, लेकिन उसने अपने पूर्वजों के देवता का पूरी तरह परित्याग नहीं किया था, क्योंकि उस पंचवर्षीय सभा में, जिसमें ह्वेन-त्सांग-सम्मिलित हुआ था, उसने बुद्ध और शिव की प्रतिमाओं के साथ ही सूर्य की प्रतिमा भी स्थापित की थी। आन्ध्रप्रदेश के शालंकायनों का एक अधिष्ठाता देवता सूर्य (चित्ररथ) भी था, और वलभी का कम से कम एक राजा (पाँचवां) भी सूर्योपासक था। यहाँ पर आदित्यसेन (सन् ६७२ ई०) के शाहपुर मूर्ति-लेख और जीवितगुप्त के देव बरणार्क अभिलेख का उल्लेख किया जा सकता है। दोनों ही सूर्य-पूजा का हवाला देते हैं। कश्मीर का मार्तण्ड-मन्दिर, जिसे मुक्तापीड या ललितादित्य ने बनवाया था, लगभग इसी काल की समाप्ति के समय का है। सूर्य-सम्प्रदाय, जो किसी समय पश्चिमी भारत में ही प्रचलित था, जल्द ही पूर्वी भारत में भी फैल गया था, इसकी पुष्टि बंगाल में मिलने वाली सूर्य की बहुसंख्यक मूर्तियों से होती है।

इसमें सन्देह नहीं कि उत्तर भारत में शाकद्वीपी ब्राह्मणों ने सूर्य-सम्प्रदाय के प्रसार में बहुत बड़ा योग दिया था। इस बात का स्पष्टीकरण उत्तर भारत और दक्षिण भारत में प्रचलित दो भिन्न प्रकार की सूर्य-मूर्तियों से हो जाता है। उत्तर भारत के विभिन्न स्थानों पर मिली गुप्त-काल की सूर्य-प्रतिमाओं के नाक-नक्श और पहनावा, चाहे वे खड़ी मुद्रा में हों या मथुरा की मूर्तियों की तरह बैठी हुई मुद्रा में, विदेशी नजर आते हैं। भुमर के शिव मन्दिर की चैत्य-खिड़की के भीतरी पत्थर पर उभारी हुई सूर्य-प्रतिमा में सूर्य एक लम्बा बेलनाकार शिरोवस्त्र धारण किये है और लम्बा लबादा पहने है, जिस पर कमर में गुलूबन्द लपेट कर बँधा हुआ है, उसकी टाँगें घुटनों तक के मुलायम-चमड़े के जूतों में ढँकी हुई हैं और वह अपने हाथ में गुलाब की दो कलियाँ पकड़े हुए है। उसके साथ लगभग इसी लिबास में दो अनुचर हैं। सम्भवतः स्थानाभाव के कारण सूर्य देवता के रथ और घोड़ों को नहीं दिखाया गया। इन अपेक्षया प्राचीन मूर्तियों में सूर्य और उसके अनुचरों की पोशाकें हमें स्पष्टतः उत्कीर्ण कनिष्क की मूर्ति और कुषाण सम्राटों के पुतलों का स्मरण दिलाती हैं, जो उनके सिक्कों की उलटी तरफ अंकित हैं। सूर्य की अन्य, अधिक बड़ी गुप्तकालीन मूर्तियों में रथ, घोड़े, तीर चलाती हुई देवियाँ, घोड़ों को हांकने वाला बिना टांगों का अरुण आदि निरपवाद रूप से दिखाये गये हैं।

सूर्य की दक्षिण भारतीय प्रतिमाओं में टाँग और पैर हमेशा नंगे होते हैं और लम्बे कोट की जगह केवल **उदरबन्ध** होता है। और भी अनेक छोटे-मोटे अन्तर, मध्यकाल में जाकर अधिक तीखेपन से उभरने लगे थे। उनका उल्लेख इस पुस्तक की अगली जिल्द में किया जाएगा। सब पुराणों ने ईरानी प्रभाव ग्रहण नहीं किया और उनमें से कुछ ने तो, जैसे कूर्म पुराण ने, केवल सूर्य के कार्य का वर्णन करने तक ही अपने को सीमित रखा है; अर्थात् एक नक्षत्र पिंड की हैसियत से वह किस प्रकार काल और ऋतुओं का नियमन करता है, ग्रहों को अपनी कक्षा में बाँध रखता है, पेड़-पौधों और पशु-पक्षियों के जीवन की रक्षा करता है। इस पुराण में सूर्य-परिवार की ओर एक प्रासंगिक संकेतमात्र है। **विष्णु-पुराण** आदि में सूर्यदेवता के पारिवारिक जीवन के इतिहास में प्रवेश करने की कोशिश की गयी है, जबकि **मत्स्य-पुराण** में सूर्य देवता की मूर्तियों का किस प्रकार निर्माण करना चाहिए, इसकी हिदायतें देते हुए कहा गया है कि उसके पैर अदृश्य होने चाहिएँ। इस प्रकार उत्तर भारतीय सूर्य प्रतिमा का हमें पूरा ब्यौरा मिल जाता है; यहाँ तक कि उसमें जरथुष्ट्र और ईरानी धार्मिक विश्वासों और उपासना-पद्धतियों का भी हवाला दिया गया है। लेकिन रूढ़िवादी परम्परा ने **शतपथ-ब्राह्मण** के आधार पर सूर्य-प्रतिमा के निर्देश की यह विधि बतायी है कि उसमें सौर मंडल का प्रतीक एक सुनहरा चक्र हो और उपनिषद् के सिद्धान्त के अनुसार एक हिरण्यपुरुष। इसी प्रकार जिन लोगों का दार्शनिक झुकाव था, वे "लोहित" (आरक्त) देवता का ध्यान न करके परमसत्तात्मक ब्रह्म का ध्यान करते थे, जिसकी सूर्य से अभिन्नता मानी जाती थी। इसलिए **कूर्म-पुराण** में आदेश है कि राजाओं को तो विष्णु और इन्द्र की पूजा करनी चाहिए, लेकिन ब्राह्मणों को विशेष रूप से अग्नि, आदित्य, ब्रह्मा और शिव की उपासना करनी चाहिए। इस पुराण में ही वह "सूर्य हृदय स्तोत्र" भी मिलता है, जिसमें सूर्य की प्रशंसा में कहा गया है कि वह परमेश्वर है, जिसमें अन्य सभी देवता समाहित हैं। ऐसा लगता है कि कुछ समय तक ब्रह्मा, विष्णु और शिव के साथ सूर्य को शामिल करके देव-चतुष्टय की एक कल्पना का प्रचलन रहा था, क्योंकि दान-भेंट सम्बन्धी अनेक अनुष्ठानों में चारों का नाम एक साथ लिया जाता है। परवर्ती काल की आश्मिक मूर्तियों में चारों को सम्मिलित रूप से अंकित भी किया गया है, उदाहरणार्थ चिदम्बरम् के मन्दिर में और देलमल (उत्तरी गुजरात) के लिम्बोजी माता मन्दिर में। जब धीरे धीरे ब्रह्मा को उपासना के क्षेत्र से बाहर कर दिया गया, तब केवल विष्णु-शिव-सूर्य की त्रिमूर्ति-कल्पना बाकी रह गयी। लेकिन यह कल्पना भी अधिक टिकाऊ सिद्ध नहीं हुई, क्योंकि शक्ति के रूप में सूर्य की एक जबर्दस्त प्रतिद्वन्द्विनी जल्दी ही प्रकट हुई और एक साम्प्रदायिक उपासना का केन्द्र बन गयी।

३. शक्ति

वैष्णव और शैव जैसे सर्वप्रमुख ब्राह्मणवादी सम्प्रदायों के बाद प्रमुख सम्प्रदाय शक्ति का था, जो नारी का शक्ति-रूप सिद्धान्त है। इस देवी की धारणा कैसे पैदा हुई,

जो उमा, पार्वती, दुर्गा आदि विभिन्न नामों से प्रसिद्ध है, इसका विवेचन पहले किया जा चुका है।[1] इस काल में किस प्रक्रिया से इस देवी ने इतना महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर लिया, यह कहना कठिन है। साथ ही यह बताना भी कठिन है कि अन्ततः उसको शिव के साथ क्यों सम्बद्ध किया गया। लेकिन कुछ महत्त्वपूर्ण कारणों पर ध्यान दिया जा सकता है। सम्भवतः रुद्र और अग्नि की अभिन्नता स्थापित हो जाने के बाद, शक्ति को अग्नि की जिह्वाओं से अभिन्न मान कर वैसा ही नाम रख दिया गया—संहारक रूप में ऐसे नाम दिये गये जैसे, काली (संहार), कराली (विकराल), भीमा (भयानक), चण्डी, चण्डिका या चामुण्डा (क्रुद्ध) आदि। दूसरा कारण है सरस्वती से उसकी अभिन्नता स्थापित करना। क्योंकि सरस्वती और वाक् (वाणी) की अभिन्नता स्थापित की गयी थी, और ब्राह्मणों के साहित्य में वाणी शक्ति का स्रोत मानी गयी है, इसलिए सर्वोच्च देवी स्वभावतः शक्ति का स्रोत बन गयी। किन्तु सरस्वती तो विद्या या ज्ञान एवं शिक्षा की देवी है, दिव्यज्ञान का प्रकाश भी करने वाली है। जब देवी की मुक्तिस्वरूपा सरस्वती से अभिन्नता स्थापित कर ली गयी, तब उसका नाम केवल सरस्वती ही नहीं रहा, बल्कि सरस्वती के अन्य **विरुद** भी उसी से जुड़ गये—जैसे, वेदमाता, सर्ववर्णा और छन्दसांमाता। यह असम्भव नहीं है कि परवर्ती काल में जिन लोगों ने देवी को निगम साहित्य का रचयिता घोषित किया था, उनके ध्यान में देवी के ज्ञान की वह परम्परा थी, जो, मिसाल के लिए, **केन उपनिषद्** में अभिलिखित है, या फिर वे हर मामले में शिव के साथ देवी की बराबरी मनवाना चाहते थे, यहाँ तक कि श्रुति-ज्ञान के मामले में भी। कुछ अमूर्त्त गुणों, धर्मों एवं शक्तियों की साकारता देवी में मान लेने से उसकी प्रतिष्ठा और भी अधिक बढ़ गयी।

एक और प्रतिकारक, जिसने देवी को शक्तिसम्पन्न कर दिया, शायद दर्शन से आया। सांख्य-दर्शन ने इस विचार का प्रतिपादन किया था कि पुरुष स्वभावतः निष्क्रिय है और प्रकृति सक्रिय है (यद्यपि पुरुष के सहचर्य से ही)। अद्वैत दर्शन के रूप में वेदान्त ने भी अपनी इस अवधारणा का औपनिषदिक उद्भव बताया कि ब्रह्म दरअसल माया के साहचर्य में ही स्रष्टा बनता है, जो बाद में ब्रह्म की **नित्या-शक्ति** (शाश्वत क्षमता या क्रिया एवं वृत्ति) मान ली गयी। कहीं यह न समझ लिया जाय कि यह शक्ति परमात्मा की सक्रिय चेष्टा के बिना ही काम करती है, अतः एक ईश्वरवादी सम्प्रदाय ने शीघ्र यह बात और जोड़ दी कि माया प्रकृति से अभिन्न ही है, जबकि मायिन् स्वयं महेश्वर है। अपने वैकल्पिक अर्थों में माया ही प्रज्ञा (अन्तर्दृष्टि) और स्वप्न (भ्रान्ति) को व्यक्त करने लगी—और देवी, एक साथ ही, सरस्वती और मोहरात्रि बन गयी। इस प्रकार सर्जनात्मक क्रिया के साथ शक्ति, ज्ञान और सम्मोहनकारी क्षमता जोड़ने से एक ऐसी देवी की सम्मिश्रित कल्पना की गयी, जिसने महालक्ष्मी (जिसे बाद में चलकर तान्त्रिक साहित्य में शक्ति का नाम दिया गया) के रूप में देवताओं की भी सृष्टि की, दुर्गा के रूप में असुरों का संहार किया और देवी के रूप में शाक्त साहित्य को सिरजा तथा योगनिद्रा के रूप में सारी सृष्टि को सुलाया।

---

१. जिल्द II, पृ. ४६६-६७ (अंगरेजी संस्करण)

हरिवंश पुराण में पहाड़ी और जंगली जन-जातियों द्वारा देवी-पूजा का सन्दर्भ है। इसी पुराण में उसको विष्णु और इन्द्र की (कौशिकी रूप में) बहन भी बताया गया है। जबकि **रामायण** उसे उमा के नाम से ही पुकार कर सन्तोष कर लेती है, जो हिमवान् की बेटी और गंगा की बहन थी। बाद के लेखकों ने इन दोनों को शिव की सपत्नियाँ भी कहा है। इसका **हरिवंश** पुराण में इस रूप में वर्णन है कि हिमवान् की तीन बेटियों में से (अपर्णा नाम की) एक बेटी ने पति के रूप में महादेव को पाने के लिए कठोर तपस्या की तो उसकी माँ मैना ने उसका नाम उमा रख दिया। महाभारत में दुर्गा को कभी नारायण तो कभी शिव की पत्नी कहा गया है। लेकिन बाद में उसका सम्बन्ध शिव से ही जोड़ा जाने लगा, यद्यपि पूरी तरह नहीं, क्योंकि **विष्णु पुराण** में आद्याशक्ति को महादेवी नहीं बल्कि महालक्ष्मी ही माना गया है। अन्त तक पहाड़ी क्षेत्रों से उसके सम्बन्ध अधिक प्रमुख हो जाते हैं और उमा हेमवती (और बाद में, पार्वती, शैलपुत्री, गिरिजा आदि) गिरीश (शिव) की विवाहिता पत्नी बन जाती है। इसीलिए शिव को उमापति और उसको महेश्वरी, ईशानी, शर्वाणी, महादेवी, महाकाली, शिवा या शिवानी आदि कहते हैं। गौरी जो मूलतः वरुण की पत्नी है और पार्वती की सहेली भी है, धीरे धीरे उमा से अभिन्न मान ली जाती है और इस प्रकार गिरीश गौरीश भी हो जाता है। महाभारत में भी भूतों का सन्दर्भ है, जो शिव के सहचर हैं, और प्रेत, दानव और पिशाच रुद्र या शिव के परिजन हैं। इनके अनुरूप ही उसकी पत्नी की परिचारिकाएँ भी हैं, या सम्भव है कि दोनों के जंगली और पिशाच परिजनों के कारण ही उनके बीच विवाह सम्बन्ध स्थापित हुआ हो। यह कहना कठिन है कि भारत की पूर्व-वैदिक संस्कृति का, जिसका अब सिन्ध की घाटी में पता चला है, माता-देवी की कल्पना के विकास में, जिसे अब हम शक्ति के नाम से जानते हैं, कितना योगदान है, लेकिन बाद के काल में उसके अन्दर जिन गुणों की अवधारणा की गयी, उनको ध्यान में रखते हुए इतना तो निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि स्थानीय तथा आदिवासी लोगों के धार्मिक विश्वासों से ही मातादेवी की पूजा का प्रचलन हुआ। सम्भव है कि उसके साथ जो बहुत सी चण्डिकाएँ सम्बद्ध थीं, उन्होंने बाद में ग्राम देवियों के रूप में दक्षिण भारत में यत्र-तत्र अपनी प्रतिनिधि देवियाँ छोड़ दी थीं और उन्हें माताओं (मातरः) का तथाकथित नाम केवल उनके पैशाचिक स्वभाव पर परदा डालने के लिए दिया गया था, जिसकी पुष्टि सप्तमातृका फलकों में विनायक और वीरभद्र के साथ उनके सम्बन्ध से होती है। अन्धकासुर के शरीर से टपकते हुए रक्त की हर बूँद को बीच में ही चाट लेने के लिए (क्योंकि पृथ्वी पर हर बूँद के गिरने से अन्धक जैसे दानव उत्पन्न हो जाते) शिव ने जिन चंडिकाओं की सृष्टि की थी, उनकी एक बड़ी सूची और इन चंडिकाओं को काबू में रखने के लिए नर-सिंह से पैदा होने वाली चंडिकाओं की एक छोटी-सूची **मत्स्य पुराण** में दी गयी है।

इस देवी को सर्वोच्च पद कैसे प्राप्त हुआ, इसका कारण **मार्कण्डेय पुराण** के चण्डी सम्बन्धी परिच्छेदों में वर्णित वे अद्भुत कारनामे थे, जिनका श्रेय लोक-वार्ता में उसको दिया गया था। महिषासुर, रक्तबीज, शुम्भ और निशुम्भ, चण्ड और मुण्ड

आदि राक्षसों की संहारिका होने के नाते, वह दरअसल अपने बल पर ही परम्परागत देवगणों की पंक्ति में आ बैठी, जिस प्रकार रुद्र ने दक्ष के यज्ञ को भंग करके देवताओं की पंक्ति में प्रवेश किया था। और इस देवी की इस प्रतिज्ञा से कि वह राक्षसों का नाश करने के लिए बार बार आती रहेगी, लोगों को हठात् कृष्ण की वह प्रतिज्ञा याद आ जाती है, जो उन्होंने अर्जुन के सामने की थी।

यह कहना पर्याप्त होगा कि जब शैव और शक्ति सम्प्रदायों में एक बार अनुकूल सम्बन्ध स्थापित हो गये, तो दोनों मतों के एक दूसरे में समाहित होने में अधिक समय नहीं लगा। ऐसी कहानियाँ मिलती हैं कि शिव की पहली पत्नी (दक्ष की बेटी सती) का किस प्रकार उमा के रूप में पुनर्जन्म हुआ, किस प्रकार उसने अपने पति को पुनः प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की और किस प्रकार शिव और पार्वती का विवाह हुआ; और कैलाश पर्वत पर उनका दाम्पत्य जीवन कितना आनन्दमय था, और जो भी उनके प्रणय-जीवन में झाँकने की कोशिश करता था, जिसका कला में चित्रण उमामहेश्वर, उमालिंगन और अर्धनारीश्वर की मूर्तियों में हुआ है, तो उसको कैसे भयंकर परिणाम भुगतने पड़ते थे। शिव-शक्ति सम्प्रदाय के भँवर में केवल गणेश और कार्त्तिकेय ही नहीं खिंच आये, जो आगे चलकर इस दम्पति से पुत्रों के रूप में प्रस्तुत किये जाने लगे, बल्कि तारा का सम्प्रदाय भी खिंच आया, जो सम्भवतः बौद्ध-धर्मी था। कालान्तर में शक्ति-धर्म अत्यन्त जटिल हो गया और अनेक निम्न कोटि के धार्मिक विश्वासों और पद्धतियों का उसमें प्रवेश हो गया।

शिव और शक्ति के सम्प्रदायों के बारे में एक बात स्पष्ट नजर आती है कि शिव और शक्ति दोनों ही अपने कृपालु और भयंकर दोनों रूपों में पूजे जाते थे, और इससे दोनों में आसानी से रिश्ता कायम करने में सहायता मिली। शिव के आठ रूपों में से कुछ **घोर** (विकराल) हैं, और कुछ **अघोर, सौम्य** या दक्षिण (दयालु) हैं; उसी प्रकार देवी के उमा, गौरी, पार्वती, भवानी, अन्नपूर्णा, ललिता आदि रूप सौम्य-कृपालु प्रकृति के हैं और चामुण्डा, दुर्गा, (परवर्ती काल की नौ प्रकार की दुर्गाओं में से अधिकांश), तथा काली और रात्रि से अन्त होने वाले नाम, जिनमें चण्डा भी शामिल है, साथ ही कात्यायनी, भैरवी आदि रूप उससे ठीक विपरीत हैं। हमेशा की तरह नाग-सम्प्रदाय ने भी शिव-भक्ति की उपासना-पद्धति में प्रवेश करके अपना स्थान बना लिया, क्योंकि हमें बताया गया है कि दुर्गा के वक्ष पर सर्प की केंचुकी बंधी है, और रस्सी के जिस फन्दे से वह भैंसासुर को बाँधती है, वह भी सर्प है। इसमें कोई सन्देह नहीं कि सम्भवतः पुरानी कल्पना के अनुसार वह सारी शक्तियों (सप्त मातृकाओं) से मिलकर बनी एक देवी थी या उस काल में जिन प्रमुख देवताओं की पूजा होती थी, उनकी शक्तियों—ब्रह्मा (ब्राह्मी), महेश्वर (माहेश्वरी), कुमार (कौमारी), विष्णु (वैष्णवी), वराह (वाराही), इन्द्र (इन्द्राणी) और यम (यमी या चामुण्डा) और साथ ही शिव (योगेश्वरी) का संयुक्त रूप थी, लेकिन परवर्ती कल्पना इससे बिलकुल उल्टी थी, क्योंकि यह विश्वास किया जाने लगा कि वह अपने में ही इन सारे रूपों को समाहित करके अपना परमेश्वरी

का ऐकिक रूप धारण करने में समर्थ थी, जिससे सारी सृष्टि में उसके पालन और संहार की प्रक्रियाएँ जारी होती हैं। इस विश्वास से तन्त्र-सम्प्रदाय का जन्म हुआ, जिसका विवेचन अगली जिल्द में किया जायेगा।

परमेश्वरी का पद प्राप्त कर लेने के बाद देवी या दुर्गा का विकराल रूप (जो सम्भवतः उसके निर्माण की आदि सामग्री थी)—स्वयं अपने नारी-स्वभाव के कारण धीरे-धीरे समाप्त हो गया। माता देवी (अम्बा) के पास, उसके दयालु स्वभाव और सब माताओं की तरह अपने पुत्रों का भरण-पोषण का प्रबन्ध करने के कारण, उसके भक्त अधिक आत्मविश्वास के साथ जाते हैं। इसलिए जब उसके कृपालु स्वभाव का महत्त्व बढ़ने लगा और इस देवी का रंगहीन, विकराल व्यक्तित्व, जिसके साथ केवल नाम-मात्र के लिए नारीत्व जोड़ा गया था, समाप्त हो गया, तो उसकी आकृति को अधिक रक्त-मांस से आवृत किया जाने लगा और उसे फौरन एक नर देवता के साथ उसकी पत्नी के रूप में सम्बद्ध कर दिया गया। और जब एक विवाहित नारी के रूप में उसकी कल्पना कर ली गयी तो उसके मातृत्व की अवधारणा स्वाभाविक बात थी, और कार्त्तिकेय तथा गणेश उसके पुत्र मान लिये गये।

इस देवी के विभिन्न रूपों की मूर्तियाँ सारे भारत में मिली हैं। बंगाल, या आम-तौर पर पूर्वीभारत, शक्ति सम्प्रदाय का गृह-प्रदेश था, इसलिए यह स्वाभाविक है कि इस क्षेत्र में देवी के विभिन्न रूपों की मूर्तियाँ अधिक संख्या में प्राप्त होतीं। मिथक कल्पना की दृष्टि से ये मूर्तियाँ मुख्यतः शिव से सम्बद्ध हैं, लेकिन उनमें कुछ वैष्णव-धर्मी विशेषताओं वाली मूर्तियाँ भी हैं। उमा, हैमवती, पार्वती, अम्बिका आदि नामों से प्रसिद्ध दुर्गा मुख्यतः शिव की संगिनी थी; लेकिन अपने कुछ रूपों में, जैसे एकानंशा या भद्रा रूप में, वह वासुदेव कृष्ण की बहन भी मानी जाती थी। हिन्दुओं के अनेक देवताओं, जैसे ब्रह्मा, महेश्वर (शिव), विष्णु आदि की देव-कल्पनाओं के पीछे देवी एक संचालक शक्ति के रूप में विद्यमान है और उसे सामूहिक रूप से दिव्य मातृकाएँ या "सप्तमातृकाएँ" पुकारा जाता था, जिनके ब्रह्माणी आदि व्यक्तिगत नामों का ऊपर उल्लेख किया जा चुका है। शिव की तरह उसकी मूर्तियों को भी दो वर्गों में बांटा जा सकता है—**उग्र** और **सौम्य**। अपने **उग्र** रूप में वह मुख्यतः महिषासुरमर्दिनी के रूप में प्रसिद्ध है। इस कहानी के गिर्द एक बड़ी मिथक कल्पना गुंथती चली गयी और उसके विकराल रूप की अधिकांश मूर्तियों में पुराणों में वर्णित कहानी को रूपायित किया गया है। महिषासुर-मर्दिनी की जो मूर्तियाँ उपलब्ध हैं, उनमें से किसी को भी गुप्तकाल से पहले की तारीख में नहीं रखा जा सकता। भिटा में पत्थर की जो लघु-मूर्तियाँ प्राप्त हुई हैं, उन्हें देवी के इस रूप की सबसे प्राचीन मूर्तियाँ कहा जा सकता है। इनमें वह दो या चार भुजाओं वाली है और उसको बिना किसी अनुचर के, अकेले, महिषासुर से युद्ध करते हुए दिखाया गया है। आगे चलकर उसकी मूर्तियों में एक सिंह भी दिखाया जाने लगा, जिस पर वह सवार होती है और जो भैंसे की टूटी हुई पीठ पर उभरते हुए महिषासुर पर हमला करता हुआ दिखाया जाता है। साथ ही बाद की इन मूर्तियों में

विभिन्न प्रकार के हथियार (प्रहरण) पकड़े दुर्गा की भुजाओं की संख्या बढ़ती गयी। लेकिन भुजाओं में अभिवृद्धि करते जाने की यह कल्पना भी प्राचीन है, और उसकी इस प्रकार की सबसे प्राचीन मूर्ति उदयगिरि के गुफा-मन्दिर के पुरोभाग पर मिलती है, जिसमें उसकी बारह भुजाएँ हैं। इस प्रकार की साम्प्रदायिक मूर्तियों में भुजाओं की संख्या समान रूप से नहीं बढ़ायी जाती थी, इसका पता लक्षणा की सुन्दर कांस्य-मूर्ति की पीठिका पर खुदे हुए लेख से लगता है, जो फोगेल (Vogel) को उत्तरी भारत के एक पहाड़ी राज्य चम्बा में मिली थी। इस मूर्ति में देवी को महिषासुर की गर्दन में त्रिशूल भोंकते हुए दिखाया गया है, जिसे देवी ने अपने एक पाँव के नीचे दबा रखा है और जिसकी पूंछ उसने अपने एक हाथ से पकड़ रखी है। इस मुद्रा का जो शिटा की एक उभार-मूर्ति में आंशिक रूप से देखने को मिलती हैं, **चण्डी** (मार्कण्डेय पुराण के सात सौ श्लोकों में इस घटना का वर्णन करने वाली **दुर्गा-सप्तशती**) में हू-ब-हू इसी प्रकार वर्णन किया गया है: **समुत्पत्य सारूढा तं महासुरम्। पादेनाक्रम्य कंठे च शूलेनैनमताडयत्** अर्थात् (देवी) फुर्ती से कूद कर उस विशाल दानव के शरीर पर चढ़ गयी और उसकी गर्दन में पाँव की ठोकर मारकर वहाँ अपना त्रिशूल भोंक दिया (या, एक पाँव के नीचे उसे दबाकर उसकी गर्दन में त्रिशूल भोंक दिया)।[1] मामल्लपुरम् की उभार-मूर्तियों में देवी और असुर के युद्ध की विभिन्न अवस्थाओं को बड़े मार्मिक ढंग से अंकित किया गया है। उनमें एक उभार-मूर्ति में आठ भुजाओं वाली देवी, अपने अनेक अनुचरों के साथ (ये हू-ब-हू शिवगणों की शक्ल के हैं, ठिंगने, और बड़े पेट वाले) भैंसे के सिर वाले असुर और उसके अनुचरों से मल्ल-युद्ध करती हुई दिखाई गयी है। दूसरी उभार-मूर्तियों में देवी को असुर के कटे हुए सिर पर खड़ा दिखाया गया है, कुछ में उसके अनुचर साथ हैं, कुछ में वह अकेली है और वह अपने आठों हाथों में युद्ध के विभिन्न अस्त्रशस्त्र पकड़े हुए है, जिनमें **चक्र** और **शंख** भी हैं, जो वैष्णवी लक्षण दर्शाते हैं।

शिव की अपेक्षा देवी के उग्र रूप की मूर्तियाँ संख्या में बहुत कम हैं, लेकिन उनके **सौम्य** रूप की मूर्तियाँ विविध प्रकार की हैं, जिनमें से कुछ का संक्षिप्त उल्लेख जरूरी है। उसकी एक प्राचीनतम **सौम्य** मूर्ति मामल्लपुरम् के एक फलक में देखने को मिलती है, जिसमें उसे एक छत्र के नीचे खड़ा दिखाया गया है। उसकी चार भुजाएँ हैं—उसके पिछले हाथों में शंख और चक्र है तथा अगले हाथ **अभय** और **कटिहस्त** मुद्राओं में हैं—और उसे घेर कर **गण** खड़े हैं, साथ ही दो मानव आकृतियाँ बैठी हुई दिखायी गयी हैं, जिनमें से दाहिनी ओर की आकृति को अपना सिर काट कर उसको भेंट करने की मुद्रा में दिखाया गया है। इस उभार-मूर्ति का यह विशिष्ट अंश बहुत दिलचस्प है, क्योंकि यहाँ इतनी पुरानी मूर्ति में भी एक तान्त्रिक तत्त्व का प्रवेश दिखाई देता है।[2]

दुर्गा की लोकप्रियता का कुछ हिस्सा उसके दोनों पुत्रों, कार्त्तिकेय और गणेश

---

१. मार्कण्डेय पुराण, ८३, ३७।

२. टी. ए. जी. राव—**एलिमेंट्स आफ हिन्दू आइकोनोग्राफी**, I, प्लेट. सी.।

को भी प्राप्त हुआ। सन् ४१४ ई० के अभिलेख में कार्त्तिकेय के लिए बनाये गये एक मन्दिर में, जिसका नाम स्वामी महासेन था, एक गैलरी (प्रतोलि) जोड़ने का उल्लेख किया गया है। कदम्ब राजा इस देवता के परम भक्त थे, जबकि यौधेयों ने उसको **कलश** और शंख के प्रतीक प्रदान कर दिये थे, जो लक्ष्मी के स्मारक प्रतीक हैं। यह भी ध्यान देने लायक बात है कि गुप्त-सम्राट कुमारगुप्त ने गरुड़ के स्थान पर मयूर के प्रतीक का प्रयोग शुरू किया था, जो उसके नामराशि देवता का वाहन है। दक्षिण भारत में कार्त्तिकेय की पूजा सुब्रह्मण्य के नाम से होती थी। यह देवता प्रत्यक्षतः एक पुराने देवता ब्रह्मण्यदेव से सम्भूत माना जाता है। दक्षिणापथ में कार्त्तिकेय की व्यापक लोकप्रियता का एकमात्र कारण शिव के साथ उसका सम्बन्ध था और जिसके समान ही उसके अनुचर भी उपद्रवी और विकृत आकृतियों वाले कुमारक थे, जो बच्चों को दुख और व्याधियाँ देते थे। कार्त्तिकेय के मन्दिर अक्सर पहाड़ी की चोटी पर होते थे और विभिन्न आयाम वाले नगरों के लिए उसकी मूर्तियाँ भी विभिन्न प्रकार की बतायी गयी हैं। उत्तर भारत में मिलने वाली परवर्ती गुप्तकाल और मध्ययुग की कार्त्तिकेय की मूर्तियों में अधिक वैविध्य नहीं मिलता। इन मूर्तियों में उसको अक्सर दो हाथों वाला और अपने वाहन मयूर (शिखी परवाणी) पर सवार दिखाया गया है, उसके एक हाथ में तुरंज (मातुलुंग) और दूसरे में भाला (शक्ति ?) होता है।[१] किसी किसी मूर्ति में उसको अपनी दोनों पत्नियों, देवसेना और वल्ली के साथ दिखाया गया है और उसकी चार भुजाएँ हैं।

कार्त्तिकेय से विपरीत, कालान्तर में गणेश का एक अपना सम्प्रदाय पैदा हो गया, जिसे गाणपत्य सम्प्रदाय कहते थे। इस काल में उसकी महत्ता बढ़ती गयी। यद्यपि **याज्ञवल्क्य संहिता** में प्रदत्त गणपतिप्रकरण की प्रामाणिकता पर कभी कभी सन्देह किया गया है, लेकिन इसमें सन्देह नहीं कि गणेश का सम्प्रदाय उसके दोनों **गणेश्वर** और **विनायक** रूपों में **मानव-गृह्य-सूत्र** में प्रतिपादित किया गया था। वहाँ उसके चार नाम दिये गये हैं—उस्मित, देवयजन, शालकटंकट और कूष्माण्डराजपुत्र—और इस उपद्रव को खड़ा करने वाले देवता को प्रसन्न रखने की सलाह दी गयी है। **याज्ञवल्क्यसंहिता** में पहले दो नामों के स्थान पर मित और सम्मित नाम दिये गये हैं, और तीसरे और चौथे नामों को दो-दो हिस्सों में बांट दिया गया है, अर्थात् शाल और कंटक, कूष्माण्ड और राजपुत्र। **बृहत्संहिता** अभी भी उपद्रवी गणों और विनायकों से ही परिचित लगती है। बाद में चलकर गणेश एक अकेला व्यक्तित्व बन गया और रुद्र के उपद्रवी अनुयायियों (गणों) का नेता मान लिया गया। लेकिन उसके रूपों की अनेकता फिर भी प्रचलित रही—बाद में उसके पचास रूपों का भी सन्दर्भ मिलता है। यह उसके सम्प्रदाय के उत्साह का सूचक है। कहा जाता है कि अद्वैतवाद के महान् प्रतिपादक शंकराचार्य ने शास्त्रार्थ में उस मत के छह अनुभागों के समर्थकों को हराया था। ये लोग गणपति के

---

१. भूमरा शिव-मन्दिर की "चैत्य खिड़की" में कार्त्तिकेय की बिलकुल ऐसी ही मूर्ति मिलती है। (मे. आ. स. इ., १६, फ. xiii डी.)।

महा, हरिद्रा, स्वर्ण, सन्तान, नवनीत और उन्मत्त-उच्छिष्ट रूपों के उपासक थे। अपेक्षया बाद के मूर्तिकला सम्बन्धी ग्रन्थों में इस गज-मुख और घटोदर-देवता के विभिन्न रूपों का वर्णन ही नहीं मिलता, बल्कि उनमें अनेक नये रूपों की सूची और उनका वर्णन भी दिया गया है। लेकिन इनमें से अधिकांश मूर्ति-समूहों का केवल किताबी महत्त्व है, क्योंकि उनमें से बहुत कम को ही कला में रूपायित किया गया है। गुप्त और परवर्ती गुप्त कालों की उपलब्ध गणेश-प्रतिमाओं को हम व्यापक रूप से तीन वर्गों में बांट सकते हैं; **स्थानक** (खड़ी हुई), **आसीन** (बैठी हुई) और **नृत्य** (नाचती हुई)। एक बड़ी संख्या में, भारत के विभिन्न भागों में, मध्य युग के आरम्भिक और अन्तिम काल की, इनमें से एक या दूसरे वर्ग की, गणेश-प्रतिमाएँ प्राप्त हुई हैं। इन प्रतिमाओं की व्यापक लोकप्रियता का कारण यह था कि सारी बाधाएँ दूर करने और सफलता प्राप्त कराने वाले इस देवता की पूजा केवल ब्राह्मण-प्रधान सम्प्रदाय ही नहीं करते थे, बल्कि बौद्ध और जैन जैसे नास्तिक धर्मों के अनुयायी भी करते थे। दरअसल बौद्ध-धर्मावलम्बी ही इस देवता की मूर्ति को सुदूर पूर्व के देशों और हिन्देशिया में प्रचलित करने के लिए जिम्मेदार थे। गणपति की प्राचीनतम मूर्तियों में मथुरा की बलुआई पत्थर की प्रतिमा है, जिसमें गणेश को नग्नावस्था में खड़ा दिखाया गया है। उसकी एक और प्राचीन मूर्ति भीटरगाँव के ईटों वाले मन्दिर पर पक्की मिट्टी के फलक पर बनी है, जिसमें उसे एक असामान्य मुद्रा में दिखाया गया है—हवा में उड़ते हुए, उसके चार में से एक हाथ में मिठाइयों की हंडिया है, जिसमें उसकी सूंढ़ घुसी हुई है, जो उसकी अन्य आकृतिमूलक विशेषताओं की शिनाख्त में मदद करती है।[1] गणपति की ये दोनों मूर्तियाँ गुप्तकाल के प्रारम्भिक जमाने की हैं और इन दोनों मूर्तियों से, छठी सदी ई० में बनाये गये भूमरा के शिव-मन्दिर के ध्वंसावशेषों में मिली गणपति की दो बैठी हुई प्रतिमाओं की, जिनमें से एक दो भुजाओं वाली और दूसरी चार-भुजाओं वाली है, तुलना लाभकर होगी। इनमें से बाद वाली मूर्तियों में उनका सम्प्रदाय से सम्बन्ध साफ नजर आता है, जबकि पहले की मूर्तियों में उस पर कतई जोर नहीं दिया गया। दुर्भाग्य से ये मूर्तियाँ बुरी तरह टूटी फूटी अवस्था में हैं।[2] गणेश की अनेक प्राचीन पत्थर, धातु और पक्की मिट्टी से बनी प्रतिमाएँ पाहारपुर में मिली हैं। उनमें से एक धूसर बलुआई पत्थर की मूर्ति गुप्तकाल के अन्तिम समय की है। उसमें गणेश को बैठे हुए दिखाया गया है। उसके चार हाथों में अलग अलग एक सुमिरनी, एक मूली, एक त्रिशूल और शरीर पर जनेऊ की तरह लिपटे एक साँप की पूंछ है। एक चूहे की आकृति, जो इस देवता का विचित्र वाहन है, बड़े फूहड़ ढंग से पीठिका पर बनायी गयी है और गणेश के मस्तक पर लाजेन्ज की शक्ल के तिलक से उसकी तीसरी आँख का संकेत दिया गया है।[3] उसके

---

१. मथुरा और भीतरगांव की गणेश प्रतिमाओं के बारे में देखिए, ए. गेट्टी—गणेश तथा आ. स. इ., १९०८-०९, चित्र. २।

२. मे. आ. स. इ., १६, फ. xii (ए), xv (ए, बी)।

३. मे. आ. स. इ., ५५, फ. xxxii (d)।

हाथों में लगे हुए प्रतीकों में कहीं कहीं अन्तर भी देखने को मिलता है, और उसके हाथों में अक्सर लड्डुओं (मोदक) की हंडिया, पाण्डुलिपि, कलम, हाथी का टूटा हुआ दांत, कुल्हाड़ी आदि भी होते हैं।

४. वैष्णव देवता

दुर्गा, कार्त्तिक और गणेश जैसे नये देवताओं के पैदा हो जाने के बाद कुछ पुराने देवताओं की प्रतिष्ठा खत्म हो गयी। इनमें से एक उल्लेखनीय मिसाल संकर्षण है। वह व्यवहारतः कृष्ण के भाई बलराम के साथ अभिन्न हो गया; और यद्यपि उसका कुछ-कुछ महत्त्व बाकी रह गया था, लेकिन अब वह केवल विष्णु के एक **अवतार** या वासुदेव-कृष्ण की व्यूह-आकृतियों में ही दिखाया जाने लगा। इसके साथ ही प्रद्युम्न और अनिरुद्ध को रखा जाता है, जो कृष्ण के बेटे और पोते थे और जिन्होंने आपस में वासुदेव के **गुणों** को बांट लिया था।[१]

पाँचरात्र स्कूल के विकास के साथ साथ समुद्भूत देवताओं को भौतिक और आध्यात्मिक जगत् की विकास-प्रक्रिया, यहाँ तक कि परमात्मा के विभिन्न **अवतारों** के सिलसिले में और अधिक व्यापक और जटिल कार्य सौंप दिये गये। इस योजना में लक्ष्मी के लिए भी एक अलग स्थान सुरक्षित रखा गया, क्योंकि उसे विष्णु की शाश्वत संगिनी मान लिया गया था, यद्यपि कभी कभी उसके साथ विष्णु की अन्य सपत्नियों, भूमि और नीला को भी रखा जाता था, सृष्टि की योजना में जिनके अपने निश्चित कार्य थे। इसी प्रकार बलदेव सृष्टि का सर्वव्यापी तत्त्व बन गया, जबकि वासुदेव एक लोकोत्तर देवता बना, ऐसा कि जो हेगल के शब्दों में सृष्टि से पहले था। पुरुष सूक्त में यदि यह माना गया है कि परमात्मा में चार अंश हैं तो स्वाभाविक है कि दो अन्य अंशों को भी भर दिया जाय और शायद इसीलिए वासुदेव और संकर्षण के साथ प्रद्युम्न और अनिरुद्ध जोड़े गये। संकर्षण अब तापस सम्प्रदाय का देवता नहीं रहा, क्योंकि यह माना जाने लगा कि वह निरन्तर मतवालेपन की अवस्था में रहता है और इतने भयंकर क्रोधी स्वभाव का है कि उसने ब्राह्मण की हत्या का पाप कर डाला। **ताल** शायद इसीलिए बलराम के लिए चुना गया था, क्योंकि वह हमेशा मद्य के नशे में चूर रहता है; सम्भव है कि **ताल** के साथ **सम्बन्धित** होने के कारण उसे मद्यपायी माना गया हो। उसे पहले की तरह ही वासुदेव के साथ पेश किया जाता है; सिर्फ एक नयी बात हुई कि मूर्तियों में उसके साथ एक नारी को भी दिखाया जाने लगा। **बृहत्संहिता** में इस नारी को एकानंशा का नाम दिया गया है, और दोनों पुरुषों के साथ मिलाकर पुरी के मन्दिर की जगन्नाथ-सुभद्रा-बलराम वाली त्रिमूर्ति का मॉडल तैयार किया गया। लेकिन बलराम निश्चित रूप से धार्मिक क्षेत्र से गायब हो गया, और यद्यपि उत्तरी बंगाल के पाहारपुर की खुदाई में बलराम की बहुत सारी मूर्तियाँ मिली हैं, लेकिन वह देखने में देवता नहीं मालूम देता, सिर्फ कृष्ण

---

१. ऊपर देखिए, जि. II, पृ. ४४७ प. पृ. (अंगरेजी संस्करण)।

का भाई ही नजर आता है। वैसे पाल-वंश के जमाने तक उसे चार भुजाओं वाला दिखाया जाता था, जो शायद उसकी असाधारणता का सूचक था। इसके बाद **विष्णु-धर्मोत्तर** पुराण में प्रतीकात्मकता पैदा करने की कोशिश की गयी, जहाँ वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध को विष्णु के चार मुखों के रूप में प्रस्तुत किया गया और कहा गया कि वे क्रमशः विष्णु के **बल, ज्ञान, ऐश्वर्य** और **शक्ति** के प्रतीक हैं। आगे चलकर कहा गया है कि बलराम के अस्त्र अर्थात् **लांगल** (हल) और **मूसल** क्रमशः **काल** और **मृत्यु** का प्रतिनिधित्व करते हैं।

इस काल में आकर लक्ष्मी भी निश्चित रूप से एक साम्प्रदायिक देवी बन गयी, यद्यपि उसके एक अमूर्त्त नाम **श्री** के कारण उसके नाम को अन्य अमूर्त्त गुणों की सूची में रखने में सहायता मिली, जैसे ह्री (शील), मेधा (प्रतिभा), धृति (सन्तोष), पुष्टि (विकास), क्षान्ति (क्षमा), लज्जा, कीर्ति, भूति (सम्पन्नता), रति (प्रेम) आदि। यह कोई नयी चारित्रिक विशेषता नहीं थी, क्योंकि वेदों और महाकाव्यों में अमूर्त्त गुणों का देवीकरण करने की प्रथा साधारण थी; लेकिन देवताओं और असुरों के नामकरण के लिए अमूर्त्त गुणों के प्रयोग की प्रथा ब्राह्मणों में उतनी हद तक प्रचलित नहीं हो सकी, जितनी जरथुष्ट्र के अनुयायियों में थी, और श्री कभी भी उतनी अमूर्त्त नहीं बन सकी, जितनी कि मिसाल के लिए श्रद्धा या उपर्युक्त अन्य देवियाँ थीं। राजाओं की संरक्षण-देवी (**राजलक्ष्मी**) नगरों की संरक्षक-देवी (नगरलक्ष्मी) और राजलक्ष्मी (या कमला) की भूमिका व्यक्त करने वाले उसके रूप प्रचलित रहे, जैसा भिटा और बसाढ़ की खुदाइयों, हिन्द शक (पखलवदि देवता) और गुप्त सम्राटों के सिक्कों से जाहिर होता है।

कुछ देवियों को प्रमुख देवताओं की अनिवार्य पत्नी मानने की प्रवृत्ति का परिणाम यह हुआ कि श्री और सरस्वती जैसी देवियों के अनेक विवाह-सम्बन्ध कर डाले गये। जैसा ऊपर लिखा जा चुका है,[१] श्री और लक्ष्मी (दो अलग व्यक्तियों के रूप में मानने पर) **वाजसेनयी संहिता** में आदित्य की दो पत्नियों के रूप में सामने आती हैं। बाद की परम्परा में श्री और महाश्वेता को सूर्य की प्रतिमा की दूसरी तरफ उसकी दो पत्नियों के रूप में दिखाया गया। इसके भी बाद, उत्तरी भारत ((विशेषकर बंगाल) में कल्पना की गयी कि लक्ष्मी और सरस्वती विष्णु की दो पत्नियाँ हैं, जिन्हें मूर्ति के अन्दर विष्णु की आकृति के दोनों ओर दिखाया जाने लगा। दुर्गा, अम्बा, देवी या एकानंशा से भी लक्ष्मी की अभिन्नता स्थापित की गयी। यहाँ तक कि स्कन्द की पत्नी देवसेना का एक नाम लक्ष्मी भी है और बाद में चलकर कुबेर ने भी दावा किया कि वह उसकी पत्नी है। लेकिन लोगों का आमतौर पर यही विश्वास था कि वह विष्णु की पत्नी है और कुछ पुराणों में उसे विष्णु की सर्जनात्मक क्रिया भी माना गया। **विष्णुधर्मोत्तर** में कहा गया है कि लक्ष्मी पर चढ़ाने के लिए भेंट केवल उसको ही देनी चाहिए जो पांचरात्र सिद्धान्त का पूर्ण ज्ञाता

---

१. जि० II, पृ० ४७० (अंगरेजी संस्करण)।

हो। बादामि और एहोल में विष्णु-मन्दिरों की सरदलों (सोहावटियों) पर उसकी आकृति अंकित की गयी है और बाद में तो उसका पद इतना नीचे गिर जाता है कि विश्वकर्मा रूप में ब्रह्मा के मन्दिर में उसे **परिवार-देवताओं** की पंक्ति में खड़ा कर दिया गया है। यदि अभी तक उसके प्रति पुरुषों की श्रद्धा कायम है तो इसलिए कि वह एक ऐसी आज्ञाकारिणी नारी का प्रतिनिधित्व करती है, जिसे अपने पति से गहरा प्रेम है और पूरी निष्ठा से पति की सेवा में संलग्न रहती है; साथ ही, उसे ऐश्वर्य की देवी माना जाता है, जिसकी प्राप्ति के लिए सभी धार्मिक सम्प्रदाय समान रूप से प्रयत्नशील रहते हैं।

५. अन्य फुटकल देवता

भारत के विभिन्न भागों में फुटकर देवताओं की मूर्तियाँ, जो थोड़े बहुत रूप में ब्राह्मण प्रधान सम्प्रदायों से सम्बद्ध हैं, काफी बड़ी तादाद में मिली हैं। उनमें से कुछ देवता तो निस्सन्देह केवल क्षेत्रीय या स्थानीय हैं, लेकिन कुछ अखिल भारतीय कोटि के हैं। दिक्पाल, जो अखिल भारतीय कोटि के देवता हैं, चार बड़ी और चार छोटी दिशाओं के संरक्षक हैं। मामूली स्थान-भेद के साथ, इन दिक्पालों में पूर्व का संरक्षक इन्द्र, दक्षिण का संरक्षक यम, पश्चिम का संरक्षक वरुण और उत्तर का संरक्षक कुबेर है तथा दक्षिण पूरब का संरक्षक अग्नि, दक्षिण-पश्चिम का संरक्षक निर्ऋति, उत्तर-पश्चिम का संरक्षक वायु और उत्तर-पूरब का संरक्षक ईशान है। इन नामों पर एक नजर डालते ही स्पष्ट हो जायेगा कि कुबेर और ईशान के अलावा, जिनका वैदिक साहित्य के अन्तिम भाग में जमकर ही उल्लेख मिलता है, बाकी सारे प्रमुख वैदिक देवता हैं, जिन पर वैदिक ऋषियों की अत्यधिक श्रद्धा थी। इन्द्र या शक्र की प्राचीनतम मूर्तियाँ मध्य-भारत, उत्तर-पश्चिमी दक्षिणापथ और उत्तर-भारत के सीमान्त प्रदेश के बौद्ध-स्मारकों में ही मिलती हैं। शुंग वंश के आरम्भ काल के भाजा-चैत्य के बरामदे में उत्कीर्ण एक हार पहने हुए राजपुरुष की मूर्ति को, जिसके हाथ में कमल का फूल है और जो एक विशाल हाथी पर बैठा है, और जिसके साथ उसका चोबबरदार है, अधिकांश विद्वान् इन्द्र की सबसे प्राचीन मूर्ति मानते हैं। गन्धार प्रदेश के यूनानी शैली के इन्द्र के सिर पर एक विचित्र प्रकार की टोकरीनुमा टोपी है (सम्भवतः वह भारतीय किरीट-मुकुट का विदेशी रूपान्तर है), और उसके एक हाथ में एक विचित्र प्रकार का वज्र है।[1] इन्द्र की मूर्तिगत विशेषताएँ हैं, एक हाथ में वज्र और उसका वाहन हाथी। **बृहत्संहिता** और **विष्णुधर्मोत्तरपुराण** में उसकी एक विशेषता का वर्णन किया गया है—ललाट के बीच में रखी तीसरी आँख। पाहारपुर के मुख्य टीले के तहखाने में मिली धूसर पत्थर पर उभार-शैली में अंकित मूर्ति सं० २९ इन्द्र की है, जिसमें वह हाथी पर सवार है और उसकी विचित्र ढंग से मस्तक

---

१. भाजा की उभार-मूर्ति के लिए देखिए, हि. इ. इ. आ., फ. viii. लेकिन जॉन्स्टन का सुझाव है कि यह मूर्ति **मार** की है, जो अपने गिरिमेखल हाथी पर सवार है (ज. इ. सो.ओ. आ. vii, १-७)। यूनानी शैली के शक्र या इन्द्र के लिए देखिए, **ग्रूनवेडेल ऐंड वर्गेस-बुधिस्ट आर्ट** चित्र-४०, ९।

के बीच में रखी तीसरी आँख भी बनी है। तहखाने की अन्य मूर्तियों में अग्नि, यम, वरुण या कुबेर को भी आसानी से पहचाना जा सकता है। उन्हें अपनी मूर्तिगत विशिष्टताओं के साथ दिखाया गया है, जिनकी आकृतियाँ परवर्ती काल में भी अधिक नहीं बदलीं।[1] अच्छी अवस्था में सुरक्षित भारत के वैष्णव या शैव मन्दिरों में अष्टदिक्पालों की मूर्तियां बाहरी दीवारों के विभिन्न भागों में उत्कीर्ण मिलती हैं।

यहां पर संक्षेप में भी उन असंख्य दूसरे देवताओं की मूर्तियों का उल्लेख करना सम्भव नहीं है, जो किसी न किसी रूप में ब्राह्मण प्रवर्तित देवकुल से सम्बन्धित हैं। इनमें से बहुत से देवताओं और देवियों की भरती जन-जातियों के लोक-सम्प्रदायों से की गयी थी और यद्यपि उनको रूढ़िवादी दृष्टिकोण से व्यन्तर-देवता (अर्ध-देवता) माना जाता था, लेकिन इन मूर्तियों को भारत के अधिकांश लोग कम श्रद्धा और भक्ति से नहीं पूजते थे। यक्षों, नागों, गन्धर्वों, विद्याधरों और अप्सराओं की अपनी विशिष्ट मूर्तीकृत आकृतियाँ थीं और स्थापत्यकला में इनका विशिष्ट उपयोग था, अर्थात् धार्मिक मन्दिरों के विभिन्न भागों में उनको प्रदर्शित किया जाता था। यक्षों और नागों की मूर्तियाँ ईसा-पूर्व काल में या ईसा की प्रारम्भिक शताब्दियों में बनायी जाती थीं, और निस्सन्देह प्रारम्भ में ये मूर्तियाँ ही एक वर्ग के भारतीयों की उपास्य वस्तुएँ थीं। लेकिन वैदिक देवकुल की तरह धीरे-धीरे यक्षों और नागों को भी मुख्य ब्राह्मण प्रधान सम्प्रदायों के देवताओं और देवियों के मातहत गौण देवता बना दिया गया। शैव मन्दिरों में यक्षों का इस्तेमाल द्वारपालों के रूप में किया गया। नागों को एक या दो की जोड़ी के रूप में मन्दिरों की सजावट के काम में लाया गया और एक नाग का विशेष रूप से वैश्विकदेव नारायण की शैया के रूप में इस्तेमाल किया गया। गन्धर्वों, विद्याधरों और अप्सराओं का इस्तेमाल मुख्य देवताओं की **प्रभावली** के ऊपर सुन्दर अलंकरण में किया गया। गुप्तकाल में पहले तो नदी-देवियों, गंगा और यमुना, की आकृतियाँ गुप्त-विनिर्मित मन्दिरों के द्वार-पाखों पर सबसे ऊपर उत्कीर्ण की जाती थीं, लेकिन बाद में उनको निचले भागों में दिखाया जाने लगा। लेकिन उनकी अलग मूर्तियाँ भी बनती थीं और पाहारपुर के तहखाने में मिली यमुना की उभार-शैली की मूर्ति और ईश्वरीपुर और देवपारा में मिली गंगा की असाधारण मूर्तियों का सन्दर्भ यहाँ उल्लेखनीय है।[2] नागदेवी मनसा की मूर्तियाँ, जिसकी गोद में एक बालक है और ऊपर सर्प-फनों का छत्र है; फूहड़ देवी ज्येष्ठा की मूर्तियाँ, जिसके साथ उसके गोजातीय बेटे और काकध्वज है; लेटी हुई मातृदेवी की उभार शैली की मूर्तियां, जिसकी बगल में लेटा बच्चा उसका दूध पी रहा है और देवताओं का समूह ऊपर से दर्शक के रूप में देख रहा है, भारत के विभिन्न भागों में प्राप्त हुई हैं, और उनमें से अनेक को स्पष्टतः क्षेत्रीय किस्म की मूर्तियाँ कहा जा सकता है। हिन्दुओं ने अपनी उपास्य वस्तुओं को मूर्त्त रूप देने में हमेशा आनन्द का अनुभव किया है और

---

१. हि. ब. आर., I, पृ० ४६२-६४ और फलक।

२. वही, पृ० ४६१-६२ और फलक।

मूर्तिकरण के प्रति उनके मन में इतना गहरा प्रेम रहा है कि उन्होंने अपने देवताओं के हाथों में धारण किए हुए प्रतीकों को भी मानवीरूप प्रदान कर दिया। लेकिन धार्मिक जीवन में मूर्त्त के प्रति इस प्रेम को कोरी और पक्की मूर्ति-पूजा का नाम देना भारी गलती होगी। ब्राह्मणधर्मी हिन्दुओं और उनके बौद्ध और जैन भाइयों ने दरअसल अपनी देवियों और देवताओं की अनुभवगम्य और इन्द्रियगोचर मूर्तियाँ बनाकर तर्क-संगत प्रतीकात्मकता का श्रेष्ठतम प्रयोग किया था।

(छ) पाश्चात्य देशों से आने वाले नये धार्मिक सम्प्रदाय

पाश्चात्य जगत् के साथ भारत के अन्तरंग समागम का एक परिणाम यह भी था कि उस क्षेत्र से विभिन्न धार्मिक सम्प्रदायों के लोग भारत में आकर बस गये। अन्य अनेक विदेशी आप्रवासियों से इन नये धर्मों के अनुयायियों में अन्तर यह है कि इन्होंने यहाँ बस कर भी लगातार अपनी अलग हस्ती कायम रखी, जबकि पहले किस्म के विदेशी भारतीय जनता में पूरी तरह विलीन हो गये और उनके पूर्व-अस्तित्व का कोई चिह्न भी शेष नहीं रहा। आठवीं सदी से पहले ऐसे तीन समुदाय आकर भारत में बसे थे : सीरियाई ईसाई, मुसलमान और पारसी। इस जिल्द में जिस काल के इतिहास को समेटा गया है, पारसी शायद उसके बाद ही बड़ी संख्या में आकर बसे थे। लेकिन सन् ७५० ई० से पहले ही ईसाई और मुसलमान भारत की आबादी का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा बन चुके थे। इस जिल्द में उनकी प्रारम्भिक बस्तियों का संक्षिप्त विवरण दिया जाएगा और अगली जिल्द में पारसियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया जाएगा।

१. मुसलमान

विवेच्य काल में भारतीय जीवन में एक नये धार्मिक तत्त्व का प्रवेश हुआ। यह नया धर्म इस्लाम था, जिसका प्रवर्त्तन यद्यपि पैगम्बर मुहम्मद ने सन् ६१० ई० में किया था, लेकिन अरब की भूमि में वह सन् ६३० ई० तक गहरी जड़ें नहीं पकड़ सका था। इस धर्म के प्रारम्भिक इतिहास में दो ऐसी विशेषताएँ थीं, जो उसको इतिहास में पैदा होने वाले अन्य धर्मों से विशिष्ट बना देती हैं। पहली विशेषता तो स्वयं पैगम्बर का युयुत्सु जीवन-चरित है, जिन्हें अन्य धर्मों के संस्थापकों से विपरीत, कई बार अपने ही लोगों के विरुद्ध सैन्य अभियान चलाने पड़े थे, जब तक कि उन्होंने उनका धर्म स्वीकार नहीं कर लिया। दूसरी विशेषता थी, अन्य तत्कालीन धर्मों के विरुद्ध उनकी घोर असहिष्णुता। सन् ६३० में मक्का पर अन्तिम विजय प्राप्त करने के बाद उन्होंने उसके महान् मन्दिर में प्रवेश किया और उसमें रखी सारी मूर्तियाँ तोड़ दीं, जिनकी संख्या तीन सौ साठ बतायी जाती है और चिल्लाकर कहा : "सच प्रकट हो गया और झूठ गायब हो गया।"[१]

---

१. पी. के. हिट्टी, **हिस्ट्री आफ दि अरब्स**, पृ० ११८।

इस्लाम की (युयुत्सु) प्रवृत्ति और दूसरे धर्मों के प्रति, विशेषकर जिनमें मूर्तिपूजा चलती है, उसकी घोर असहिष्णुता ने एक-एक कदम पर उसके परवर्ती इतिहास का रूप निर्धारित किया, खास तौर पर भारत में।

खलीफाओं द्वारा—जैसा पैगम्बर के उत्तराधिकारियों को पुकारा जाता था—चलाये गये विभिन्न युद्धों के कारणों का विवेचन करना या उनके औचित्य और अनिवार्यता की चर्चा करना, इस पुस्तक की विषय-सीमा से बाहर है। लेकिन इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि इस्लाम का प्रसार कम से कम उसके इतिहास की प्रारम्भिक शताब्दियों में, अनिवार्यतः सैन्य विजयों के बाद ही हुआ था। जहाँ तक ऐतिहासिक प्रमाणों का सम्बन्ध है, एशिया, अफ्रीका और योरप के देशों में इस्लाम को अपने पाँव जमाने की जगह तभी मिल सकी, जब खलीफा की फौजों ने उन्हें पहले राजनीतिक रूप से जीत लिया, और इस सीमा से बाहर उसका प्रसार नहीं हो सका। निस्सन्देह यह क्षेत्र बहुत बड़ा था, लेकिन जो बात ध्यान देने की है वह यह कि अन्य धर्मों के विपरीत, जिनके इतिहास से हम परिचित हैं, इस्लाम का धर्मप्रचारकार्य प्रायः उस सारे क्षेत्र तक फैला होता था, जिस पर वह सैन्य बल से अपना राजनीतिक आधिपत्य जमा लेता था। ऐसा नहीं हुआ कि किसी देश में पहले धर्म-प्रचारक गये फिर फौजें गयी हों, वस्तुतः धर्म-प्रचारक फौजों के पीछे पीछे गये। यह विश्वास करने का कोई कारण नहीं है कि भारत इसका अपवाद था।[१]

जैसा ऊपर दिखाया जा चुका है, बहुत प्राचीन काल से भारत और पाश्चात्य जगत् के बीच समुद्री मार्ग से समागम होता आया था, जिसमें अरब और फारस भी शामिल थे; और हमारे पास निश्चित प्रमाण मौजूद हैं कि इन देशों में इस्लाम के फैल जाने के

---

१. जनाब एम० ए० गनी ने यह दिखाने की कोशिश की है (प्रो. ओ. का., X, ४०३) कि मुसलमान भारत में सन् ६३७ ई० में ही आ गये थे, और एक बड़ी संख्या में आकर बस गये थे, हमलावर सैनिकों के रूप में नहीं, बल्कि व्यापारियों और धर्म प्रचारकों के रूप में। उनके अनुसार भारत के निवासी उनकी जीवन-पद्धति की पवित्रता, नये धर्म के प्रति उनके उत्साह और सारी दुनिया के लोगों के साथ एक इन्सारी बिरादरी कायम करने के सिद्धान्त से बहुत प्रभावित हुए थे और उन्होंने बड़ी तादाद में खुशी-खुशी और उत्सुकतापूर्वक नया धर्म अपना लिया था, हर साल लगभग पचास हजार लोग इस्लाम कबूल करते थे। आगे चलकर हम इस बात का हवाला देंगे कि सन् ७१२ ई० में सिन्ध की विजय के बाद भारतीयों के मन पर इस्लाम का क्या प्रभाव पड़ा था, और हमारे पास इस सम्बन्ध में निश्चित निष्कर्ष पर पहुँचने के लिए पर्याप्त प्रमाण मौजूद हैं। रही इस घटना से पूर्ववर्ती काल की बात तो मिस्टर एम० ए० गनी ने भारत में मुसलमानों के उपनिवेशों की और हिन्दुस्तानियों के साथ उनके सुखद सम्बन्धों की एक बड़ी सुन्दर तस्वीर खींची है। दुर्भाग्य से उन्होंने जिस विद्वान् की पुस्तक के आधार पर अपने प्रमाण जुटाये हैं वह है बुजुर्ग बिन शहरयार की पुस्तक **अजायब-उल-हिन्द,** जो दसवीं सदी में लिखी गयी थी और जो इस्लाम के विश्व-कोश (Encyclopaedia of Islam) के अनुसार मात्र एक जहाजी की कहानियाँ है, जिनमें "हैरतअंगेज अतिरंजना से काम लिया गया है, हालांकि उनमें कुछ-कुछ सच्चाई का अंश भी हो सकता है।" इस प्रकार की पुस्तक पर आधारित विवरण को विचारणीय नहीं माना जा सकता। और कुछ चुटकुले, जिनको मिस्टर गनी ने विश्वसनीय मान लिया है, निश्चय ही बहुत बाद के हैं।

बाद भी पुराने सम्बन्ध बरकरार रहे थे। इसलिए बहुत सम्भव है कि मुसलमान व्यापारी, जो भारत के समुद्र-तटीय क्षेत्रों में आते थे, वहाँ थोड़े या लम्बे अरसे के लिए ठहरते हों, और उनमें से कुछ शायद वहाँ स्थायी रूप से बस भी गये हों।[१] लेकिन इस कथन के लिए कोई विश्वसनीय प्रमाण नहीं मिलता, जैसा कुछ लोगों का दावा है, कि मुसलमान बड़ी तादाद में आकर सातवीं सदी में ही मलाबार के तट पर बस गये थे। इस प्रकार का अनुमान मुख्य रूप से दक्षिण भारत के मोपला, नवयत और लब्बे लोगों के बीच प्रचलित परम्पराओं पर आधारित है;[२] लेकिन ये परम्पराएँ उसी कोटि की हैं, जिस कोटि की परम्पराएँ उस क्षेत्र के ईसाइयों में प्रचलित हैं, जिन्हें इतिहास के लगभग सभी विद्यार्थियों ने अमान्य ठहराया है।

आठवीं सदी के आरम्भ में पहुँच कर ही हमें सिन्ध में मुसलमानों के बड़ी तादाद में बसने के कुछ कुछ प्रमाण मिलते हैं। **चच-नामा** में कहा गया है कि राजा दाहर के पास ५०० अरब सैनिक थे। वे मुसलमान थे और कहा जाता है कि खलीफा के दण्ड से बचने के लिए भागकर भारत में आये थे।[३] यद्यपि **चच-नामा** के इस वक्तव्य की पुष्टि

---

१. श्री लंका से हज्जाज के लिए जाने वाले जहाज में (ऊपर देखिए पृ० १९३) कुछ मुसलमान लड़कियाँ थीं, उन व्यापारियों की बेटियाँ, जिनकी लंका में मृत्यु हो गयी थी। (**बलाधुरी, चच-नामा**, I, ६९-७०)।

२. मोपलाओं की उत्पत्ति के बारे में परम्परागत विवरण परस्पर भिन्न हैं। उनमें से कुछ को, जो सातवीं सदी में पश्चिमी तट पर आकर बसे थे, उस हाशेम की सन्तान बताया जाता है, जिसे पैगम्बर ने अरब से निर्वासित कर दिया था। कहा जाता है कि मलिक मदीना नाम का एक मुसलमान व्यापारी, कुछ मुल्लाओं के साथ आकर, मंगलोर में बस गया था। नवयतों में एक कहानी प्रचलित है कि उनके पूर्वज सातवीं सदी के अन्त में ईरान के गवर्नर के जुल्मों से बचने के लिए फारस की खाड़ी से भाग कर आये थे। सोलहवीं सदी की रचना **तुहफत-उल-मुजाहिदीन** में कंगानोर के एक राजा के बारे में अनुश्रुति मिलती है, जिसने इस्लाम कबूल किया था फिर वह अरब गया था और वहीं पर उसका देहान्त हुआ था। कहा जाता है कि उसकी मौत के बाद मलाबार के सभी हिस्सों में इस्लाम फैल गया, २०० हजिरा अर्थात् नवीं सदी में (एम० जे० रॉलैंडशन कृत अनुवाद, पृ० ४७)। ये सारी परम्पराएँ बहुत बाद के काल की हैं और इनको यह सिद्ध करने के लिए, कि सातवीं सदी में मलाबार में मुसलमानों की बड़ी-बड़ी बस्तियाँ थीं, प्रमाण के रूप में पेश नहीं किया जा सकता, जैसा कुछ विद्वानों ने **स्टराक, साउथ कनारा, मद्रास डिस्ट्रिक्ट मैनुअल्स**, पृ० १८०-८१; डॉ० ताराचंद, **इन्फ्लुएंस आफ इस्लाम ऑन इंडियन कल्चर**, पृ० ३२) किया है। फ्राँसिस डे की, जिसने मलाबार में प्रचलित कुछ परम्पराओं को दर्ज किया तथा मोपला लोगों के इतिहास का अध्ययन किया है, राय है कि वहाँ पर "नवीं शताब्दी से पहले मुसलमान पाँव नहीं जमा सके थे।" (**दि लैंड आफ दि पेरुमाल्स**, पृ० ३६५)

३. **चच-नामा**, I, ५५-५६. यह ध्यान देना दिलचस्प होगा कि अरब सैनिकों की इस टुकड़ी को यद्यपि नियमित रूप से दाहर से वेतन मिलता था, लेकिन उन्होंने अपने समानधर्मी अरबों से लड़ने से साफ इन्कार कर दिया था (वही, १२७)। दाहर के सचिव बजिल (वही ७१) को भी कुछ लोग मुसलमान ही मानते हैं (इ. हि. क्वा. xvi. ५९७), लेकिन यह पूरी तरह निश्चित नहीं है। कुछ लोगों का विचार है कि अमीर-उद-दौला भी, जिसे चच ने सिक्क के किले का गवर्नर नियुक्त किया था, जैसा ईलियट (Elliot) द्वारा अनूदित (हि. इ. ई. डा., I. १४२) **चच-नामा** के एक पैरा से जाहिर

करने वाले अन्य प्रमाणों के अभाव में उसको प्रामाणिक नहीं माना जा सकता, फिर भी इसे अस्थायी रूप से स्वीकार किया जा सकता है और भारत में मुसलमानों के आकर बसने का एक सबूत समझा जा सकता है।

सन् ७१२ ई० में दाहर की हार और मुहम्मद-इब्न-कासिम द्वारा सिन्ध की विजय ने, जिसका पहले उल्लेख किया जा चुका है,[1] मानो भारत के इस सुदूर कोने में मुसलमानी उपनिवेशीकरण के द्वार खोल दिये। चूंकि हमारे पास सिन्ध पर अरबों की इस विजय का कोई समकालीन इतिहास नहीं है, इसलिए बड़े पैमाने पर मुसलमानों की पहली बस्तियाँ कायम होने की कोई निश्चित तस्वीर खींचना हमारे लिए सम्भव नहीं है। लेकिन अल्-बलाधुरी के विवरण और **चचनामा** में जो इक्के-दुक्के तथ्य दर्ज हैं, उनमें से हम एक आम अन्दाज लगा सकते हैं।[2]

इन विवरणों के आधार पर तर्कसंगत अनुमान यही हो सकता है कि आठवीं सदी के आरम्भ में सिन्ध के अन्दर मुसलमान अगर बसे भी हुए थे तो उनकी तादाद नगण्य थी। मुहम्मद-इब्न-कासिम के, सिन्ध में, एक सिरे से दूसरे सिरे तक चलने वाले फौजी अभियानों के दौरान कहीं भी वहाँ के निवासियों में मुसलमान तत्वों का जिक्र नहीं आता, हालांकि कुछ ऐसे व्यक्तियों और कई धार्मिक सम्प्रदायों का जिक्र आया है, जिनमें बौद्ध और ब्राह्मण-प्रधान मत दोनों शामिल हैं, और जिन्होंने इन अरबी हमलावरों की मदद की थी। इसी तरह उन्हीं विवरणों से यह भी स्पष्ट है कि विजेताओं की यह सुविचारित नीति थी कि सिन्ध में बस्तियाँ बसाकर या लोगों का धर्म-परिवर्तन कर इस्लाम को वहाँ पर दबदबे की ताकत बना दिया जाए। आरम्भ से ही ये दोनों प्रक्रियाएं काम करती हुई दीख पड़ती हैं। बलाधुरी[3] ने यह तथ्य दर्ज किया है कि देबल पर कब्जा करने के बाद, मुहम्मद ने मुसलमानों के लिए एक स्थान चुना, जहाँ उसने एक मस्जिद बनवायी और चार हजार मुसलमानों को बसा दिया।

मुसलमान विजेताओं ने जानबूझकर गैर-मुसलमानों को अपमानित और आतंकित करने की नीति अपनायी थी और साथ ही लोगों को नया मजहब स्वीकारने पर

है, मुसलमान था। लेकिन इस पुस्तक में जिस कालानुक्रम का अनुसरण किया गया है उसके अनुसार चच हिजरी से २४ साल पहले गद्दी पर बैठा था, इसलिए यह संभव नहीं कि उसके यहाँ किसी मुसलमान ने आकर नौकरी की हो। इसके अलावा, इसी पैरा के **फ्रेन्डुनबेग** द्वारा किये गये अधिक विश्वसनीय अनुवाद में (I. २८) कहा गया है कि "चच ने राज्य के सबसे बड़े सामन्त को" न कि अमीर अली-उद-दौला नाम के किसी शख्स को "सिक्क के किले का आरजी तौर पर गर्वनर नियुक्त किया था।'

१. देखिए, पृ० १९४।

२. इनके लिए तथा अन्य प्रामाणिक विवरणों के लिए देखिए, आर. सी. मजुमदार की पुस्तक **अरब इन्वेजन इन इंडिया,** परि. II बलाधुरी की पुस्तक एक ऐतिहासिक विवरण के रूप में नवीं शताब्दी में लिखी गयी थी और उसे काफी विश्वसनीय माना जा सकता है। वर्तमान रूप में जो चच-नामा मिलता है, वह बारहवीं सदी की रचना है। इसमें सिन्ध का अधिक विस्तृत ब्यौरा दिया गया है, लेकिन वह उतना विश्वसनीय नहीं है। मैंने एफ. एफ. मरगाटेन द्वारा किये बलाधुरी के अनुवाद, जि. II का इस्तेमाल किया है।

३. II. २१८।

सामाजिक दरजा और आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने का प्रलोभन भी दिया था; फलतः सिन्ध के लोगों ने इस्लाम कबूल किया था। हमारे पास इसका तो कोई प्रमाण नहीं है कि किसी भी वक्त या हालत में सिन्ध के विजित लोगों को 'तलवार' या 'कुरान' में से कोई एक चुनने का विकल्प दिया गया था, लेकिन मुहम्मद के नाम हज्जाज के पत्र में, जिसका उल्लेख **चच-नामा** में किया गया है, यह भावना जरूर झलक पड़ती है। राओर में मुहम्मद की महान् विजय का समाचार पाकर हज्जाज ने उसको लिखा—"कुरान में अल्लाह ताला ने फरमाया है : ऐ मोमिनो, अगर तुम्हारा काफिरों से मुकाबला हो तो तुम उनके सिर काट दो। खुदा ताला का यह फरमान एक जबर्दस्त फरमान है और इसकी इज्जत करना और इस पर अमल करना बहुत जरूरी है। तुम्हें रहम दिखाने का इतना शौकीन नहीं बनना चाहिए कि इस कौम की अच्छाई या नेकी ही खत्म हो जाये। आगे से अपने किसी दुश्मन को माफ न करना और न किसी की जान बख्शना, नहीं तो सब लोग तुम्हें कमजोर दिल का आदमी समझेंगे।"

अल-बलाधुरी और **चच-नामा** से हमें पता चलता है कि मुहम्मद ने काफिरों के साथ किस प्रकार का रहम दिखाया था, जिसके लिए उसे हज्जाज ने इतनी सख्त डाँट पिलायी थी। जब उसके सैनिक देबल के किले की दीवार पर चढ़ गये तो घिरे हुए भारतीयों ने किले का फाटक खोल दिया और रहम की फरियाद की। मुहम्मद ने कहा कि उसे शहर के एक भी आदमी को बख्श देने का हुक्म नहीं है, और इसलिए किसी को पनाह नहीं दी गयी और तीन दिनों तक बेरहमी से लोगों को जिबह किया गया। वहाँ का मन्दिर भ्रष्ट किया गया और ७०० सुन्दर युवतियाँ जिन्होंने उस मन्दिर में शरण ली थी, सारी की सारी गिरफ्तार कर ली गयीं। राओर पर कब्जा करने के बाद भी यही कांड दोहराया गया। मुहम्मद ने उस किले में मिले ६००० सैनिकों को कत्ल करवा दिया, और उनके अनुचरों, आश्रितों और साथ ही उनके बीबी-बच्चों को कैद कर लिया।[१] साठ हजार लोगों को गुलाम बनाकर, जिनमें शाही खून की ३० जवान औरतें भी थीं, दाहर के सर के साथ हज्जाज के पास भेज दिया गया। इससे हम अच्छी तरह समझ सकते हैं कि मुस्लिम फौजों के द्वारा किसी किले पर कब्जा होने के बाद जौहर की भयानक रस्म क्यों अपनायी जाती थी (जिसमें स्त्रियाँ खुद आग जलाकर उसमें कूद पड़ती थीं)। **चच-नामा** में ही इसका सर्वप्रथम वृत्तान्त दर्ज किया हुआ मिलता है।[२] यह भी ध्यान देने की बात है कि, इसी ग्रन्थ के अनुसार, सिन्ध में मुसलमान कैदियों ने—मर्द, औरत दोनों ने ही अपने आप मुहम्मद को सूचित किया कि जेल में उनके साथ

---

१. मुहम्मद के कत्लो-गारद का जो विवरण **चच-नामा** में दिया गया है, अल बलाधुरी ने भी उसकी पुष्टि की है। उपर्युक्त दो मिसालों के अलावा और भी कुछ मिसालें दी गयी हैं—ब्राह्मनाबाद में कत्ल किए जाने वालों की तादाद ६००० से २६,००० तक बतायी गयी है। **चच-नामा** के अनुसार (I. १६४) मुहम्मद "वहाँ गया जहाँ कैदियों को मौत की सजा दी जाने वाली थी, और उसने अपनी मौजूदगी में सैनिक वर्ग के तमाम लोगों के सिर तलवार से काटने का हुक्म दिया।"

२. **चच-नामा** I. १५४, १६३।

बहुत अच्छा सलूक हुआ था। यह रिपोर्ट सुनने के बाद मुहम्मद ने उस व्यक्ति को, जो इन कैदियों का इन्चार्ज था, एक ऊंचे पद पर तैनात करने का फैसला किया, पर तभी जब कि उसने इस्लाम कबूल किया।[1] आगे चलकर बताया गया है कि जब सिन्दन के हिन्दुओं ने वहाँ के मुसलमान शासक के विरुद्ध अपने विद्रोह में सफलता प्राप्त कर ली, तब उन्होंने उसको तो मार डाला, लेकिन "मस्जिद को मुसलमानों के लिए जमा होकर नमाज पढ़ने के लिए सुरक्षित छोड़ दिया।"[2] मन्दिरों को भ्रष्ट करने और कैदियों के साथ क्रूर व्यवहार करने की मुसलमानों की नीति को यह कह कर क्षम्य नहीं माना जा सकता कि उन दिनों भारत में सर्वत्र यही प्रथा थी।[3]

उपलब्ध विवरणों पर दृष्टि डालने के बाद इस बात में कोई सन्देह नहीं रह जाता कि इस्लाम की सामान्य नीति और हज्जाज के आदेश के बावजूद मुहम्मद ने किसी मानववादी भावना से प्रेरित होकर ही सिन्ध के सारे काफिरों का कत्ल करने से अपने को रोका था। शायद वक्त की जरूरत और व्यावहारिक कठिनाइयों के कारण ही वह इस्लामी कानून का अक्षरशः पालन नहीं कर पाया, लेकिन उसने उसकी भावना का अनुसरण अवश्य किया था। ब्राह्मनाबाद की विजय के सिलसिले में इस नीति का विस्तृत स्पष्टीकरण किया गया है। विजित कौमों के साथ बर्ताव करने के इस्लामी सिद्धान्त के स्पष्ट वक्तव्य के रूप में, जो भारत में अरब विजेताओं की नीति का आधार बन गया था, यह अंश ज्यों का त्यों उद्धृत किया जा सकता है। मुहम्मद-इब्न-कासिम ने किस प्रकार कुछ ब्राह्मणों को इस शर्त पर माफी देने का प्रस्ताव किया था कि वे उसके सामने दाहर की रानी को पेश कर दें, **चच-नामा** का लेखक कहता है :—

"बाकी लोगों पर **जजिया** लगा दिया गया; शरियत के उन कानूनों के अनुसार जो अल्लाह के पाक पैगम्बर ने (वह और उसके वंशधर हमेशा खुदा के फरम पायें) जारी किए थे। जो इस्लाम की इज्जत कबूल कर लेता था और नव-मुसलमान बन जाता था उसे गुलामी और जजिया दोनों से बरी कर दिया जाता था। उसे कोई तकलीफ भी नहीं दी जाती थी। लेकिन जो सच्चे मजहब को कबूल नहीं करते थे, उन्हें जजिया देना पड़ता था। ऐसे लोगों को तीन वर्गों में बाँटा गया था। पहले और सर्वोच्च वर्ग के लोगों को प्रति व्यक्ति ४८ **दिरमों** के वजन की चाँदी देनी पड़ती थी। दूसरे या मध्य वर्ग को २४ दिरमों के वजन की चाँदी देनी पड़ती थी और निम्न वर्ग के लोगों को कुल १२ दिरम के वजन की।" उसने फिर इन शब्दों के साथ उनको बर्खास्त किया : "आज मैं तुम लोगों को बरी कर रहा हूं। तुम में से जो लोग मुसलमान बनकर इस्लाम की शरण में आ जाएँगे, मैं उनकी जजिया माफ करवा दूंगा, लेकिन जो लोग अपने मजहब पर कायम रहना चाहेंगे, उन्हें अपने बाप-दादों के मजहब का पाबन्द रहने के लिए तकलीफें (**गजन्द**)

---

१. वही, ८४-८५ तथा पृ. १५७।

२. **बलाधुरी**, II, २३३।

३. योरप के कुछ ईसाई शासक भी दूसरे धर्मावलम्बियों के प्रति इतनी ही या इससे भी अधिक क्रूरता बरतने के गुनहगार कहे जाते हैं।

बर्दाश्त करनी पड़ेंगी और जजिया देना पड़ेगा।" इस पर कुछ लोगों ने तो अपनी जन्म-भूमि में रहने का फैसला किया, लेकिन बाकी अपने पूर्वजों के धर्म पर कायम रहने के लिए घरबार छोड़कर भाग गये और उनके घोड़े, घर की चीजें और पालतू जानवर वगैरह तथा सम्पत्ति जब्त करली गयी।[१]

एक पेचीदा सवाल उठ खड़ा हुआ कि हिन्दुओं को अपने मन्दिर बनाने और उनकी देखभाल करने और पहले की ही तरह मन्दिरों में पूजा करने का हक है या नहीं। मुहम्मद ने मन्दिरों के स्थान पर मस्जिदों का निर्माण करने की प्रथा शुरू की थी।[२] लेकिन जब सारे सिन्ध पर उसका कब्जा हो गया, तो मन्दिरों के पुजारियों ने उसके सामने यह प्रश्न रखा। उन्होंने फरियाद की कि "मन्दिर उजाड़ और ध्वस्त हो गये हैं," और उन्होंने दरखास्त की कि "उन्हें मन्दिरों में जाने और वहाँ पहले की तरह पूजा करने की इजाजत दी जाए।" मुहम्मद ने इस सवाल के बारे में हज्जाज को लिखा, जिसका फैसला उसके पहले पत्रों की भावना से विपरीत, अधिक सहिष्णु भावना से प्रेरित था। "क्योंकि ये लोग अब हमारे जिम्मी (संरक्षित प्रजा) बन गये हैं, इसलिए हमें उनकी जिन्दगी या उनकी सम्पत्ति में दखल देने का कोई हक नहीं है। जिनकी वे पूजा करते हैं, उनके मन्दिर बनाने की इजाजत उन्हें दे दो। किसी को अपने मजहब का पालन करने से न रोका जाए, न सजा दी जाए, और न किसी को ऐसा करने से रोको, ताकि वे लोग अपने घरों में सुखपूर्वक रह सकें।"[३]

अपनी सामान्य नीति के अनुसार मुहम्मद ने सभी शासकों को पत्र लिखकर फर्माया कि वे आत्मसमर्पण कर दें और इस्लाम कबूल कर लें।[४] जिन्होंने नया मजहब अपना लिया उनको उसने ऊँचे-ऊँचे पदों पर नियुक्त कर दिया।[५] मुहम्मद की मृत्यु के बाद भी यह नीति बदस्तूर चालू रही। खलीफा उमर द्वितीय (सन् ७१७-७२० ई०) ने सिन्ध के राजाओं को पत्र लिखकर उन्हें मुसलमान बन जाने का न्योता दिया और इस बात पर रजामन्दी जाहिर की कि उस सूरत में उन्हें अपनी गद्दियों पर रहने दिया जायेगा और उन्हें वे सारे अधिकार और सुविधाएँ प्राप्त रहेंगी, जो मुसलमानों को मिली हुई थीं। अनेक राजाओं ने, जिनमें दाहर का बटा जयसिंह भी था, इस्लाम कबूल करके अपने अरब नाम रख लिए।[६] इन लोगों ने माली फायदों के लिए नया मजहब अपनाया था, न कि अपने जज़्बाती यक़ीन के कारण, यह बात इससे स्पष्ट है कि मुसलमान बनने

---

१. चच-नामा I, १६४-६५।
२. वही, I. १०५।
३. वही, I, १६८-६९।
४. वही, I, १५७।
५. वही, I. ८५, १५८।
६. हि. इ. ई. डा., I. ४४०।

के कुछ साल बाद ही जयसिंह ने सिन्ध के गवर्नर से झगड़ा करके इस्लाम त्याग दिया और उसके विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी।[१]

इस्लाम कबूल करने के लिए जिन कारणों ने राजाओं और पदाधिकारी वर्ग को प्रेरित किया था, अवश्य ही आम जनता को भी इस दिशा में प्रेरित करने में उन्हीं कारणों का हाथ था। लेकिन यह नया धर्म, जिसे कबूल करने के लिए उन्हें मजबूर किया गया था या फुसलाया गया था, उसका जज्बाती यकीन नहीं बन सका। उमय्यद-वंश के अन्तिम काल में, जब मुस्लिम सत्ता काफी कमजोर हो गयी थी, भारतीय राजाओं ने मुस्लिम घुसपैठ का डट कर विरोध किया, "कस्साह के लोगों को छोड़कर अल-हिन्द (अर्थात् हिन्दुस्तान) के बाकी लोगों ने इस्लाम छोड़कर अपना पहला मजहब मंजूर कर लिया।[२] इस प्रकार सन् ७५० ई० तक सिन्ध में इस्लाम के पैर उखड़ गये।

आठवीं सदी के पूर्वार्ध में सिन्ध में मुसलमानों के इतिहास को केवल चलताऊ महत्त्व का नहीं समझना चाहिए। सबसे पहले, इससे जाहिर होता है कि अन्य देशों के मुकाबले में, भारत के अन्दर इस्लाम की प्रगति कितनी धीमी गति से सम्भव हो सकी। दूसरे, इससे उस सामान्य नियम की सच्चाई स्पष्ट हो जाती है, जिसका ऊपर उल्लेख किया जा चुका है, कि इस्लाम के धर्म-प्रचार की सफलता लगभग पूरी तरह उसकी सैन्य विजयों पर निर्भर थी। तीसरे, इससे यह भी स्पष्ट हो जाता है कि आरम्भ में लोगों ने अगर बड़ी तादाद में धर्म-परिवर्तन करके इस्लाम कबूल किया था, तो केवल व्यावहारिक मजबूरी से ही न कि स्वयं अपनी मरजी से, जिससे सिद्ध होता है कि इस्लाम के मजहब ने लोगों के मन और हृदय को कितना कम छुआ था। सिन्ध के लोगों ने अगर मुस्लिम सत्ता कमजोर होते ही इस्लाम को त्याग कर अपना पहला धर्म स्वीकार कर लिया था तो यह विश्वास करना कठिन है कि सिन्ध में या भारत के किसी और भाग में इस्लाम ने लोगों के मन पर कोई गहरा प्रभाव डाला था।

सिन्ध के मुस्लिम विजेताओं ने अपनी प्रजा के प्रति जो दृष्टिकोण अपनाया था, परवर्ती युगों में वही दृष्टिकोण सामान्यतः अन्य मुसलमान विजेताओं ने भी अपनी हिन्दू प्रजा के प्रति अपनाया। इसमें सन्देह नहीं कि बहुत कुछ विभिन्न बादशाहों और शासकों की व्यक्तिगत प्रवृत्तियों पर भी निर्भर करता था; उनमें से कुछ ने अधिक उदार नीति से काम लिया और कुछ ने कठोर और असहिष्णु नीति अपनायी। लेकिन कुल मिला कर उनकी नीति का ढाँचा वही बना रहा, क्योंकि वह इस्लामी धर्म-तन्त्र के बुनियादी सिद्धान्तों पर आधारित था। उनमें केवल एक ही धर्म, एक ही कौम और एक ही खुदा को स्वीकारा जाता था। हिन्दू काफिर या एक खुदा में विश्वास न करने वाले होने के कारण एक नागरिक के पूरे अधिकारों का दावा नहीं कर सकते थे। अधिक से अधिक एक **जिम्मी** के रूप में उन्हें सिर्फ बर्दाश्त किया जा सकता था। यह एक अपमानजनक संज्ञा थी,

---

१. वही, I. ४४१।
२. बलाधुरी, II. २२८।

जिसका अर्थ था राजनीतिक दृष्टि से निम्नकोटि का होना, एक नाबालिग की तरह किसी अभिभावक की देखरेख में रहना।

इस्लामी राज्य समस्त गैर-मुसलमानों को अपना दुश्मन मानता था, उनकी शक्ति और संख्या को बढ़ने से रोकने में ही उसकी खास दिलचस्पी रहती थी। बड़े-बड़े हाकिम भी जिस आदर्श का उपदेश देते थे, वह विधर्मियों को पूरी तरह नेस्तनाबूद करने का आदर्श था,[१] लेकिन व्यावहारिक रूप में ऐसा लगता है कि उन्होंने **कुरान**[२] में बताये गये एक दूसरे मार्ग का अनुसरण किया था, जिसमें कहा गया है कि काफिरों से मुसलमानों को उस समय तक लड़ना चाहिए, जब तक वे विनम्रतापूर्वक **जजिया** देना कबूल न कर लें।[३] यही वह कर (टैक्स) था, जो एक मुसलमान शासक के अन्तर्गत हिन्दुओं को अपने पूर्वजों की भूमि या पुरखों के घरों में रहने की इजाजत के लिए देना पड़ता था।

ऊपर जो कुछ कहा गया है, उससे यह जाहिर है कि मुहम्मद-इब्न-कासिम ने हिन्दुओं के साथ अपने बर्ताव में इस्लामी धर्म-तन्त्र के खास उसूलों को ही बरता था। उसकी नीति का सिर्फ एक ही अच्छा पक्ष था कि उसने हिन्दुओं को स्वतन्त्रतापूर्वक अपने मन्दिरों में पूजा करने की इजाजत दे दी थी। यह बात इसलिए और भी स्मरणीय है, कि बाद के युगों में कई मुसलमान शासकों ने इस नीति की भी घोर उपेक्षा कर दी थी।

२. ईसाई बस्तियाँ

यह बात पहले ही लिखी जा चुकी है[४] कि ईसाई मिशनरी (धर्म-प्रचारक) शायद ईसा की दूसरी शताब्दी में ही भारत आ गये थे और उन्होंने छोटी-छोटी ईसाई बस्तियाँ कायम कर ली थीं। **रोमांस हिस्टरी आफ अलेक्जांडर** के आधार पर यह मत भी पेश किया गया है कि अगली दो शताब्दियों में दक्षिण भारत में ईसाई चर्च खूब मजबूती से स्थापित हो गया था।[५] लेकिन इस विषय में हमारी जानकारी अस्पष्ट और आकस्मिक

---

१. इस आदर्श का उपदेश हज्जाज ने मुहम्मद के नाम अपने खत में दिया था, जिसका ऊपर जिक्र किया जा चुका है। कुरान (ix. ५) में इस प्रसंग में कहा गया है: "और अब रमजान शरीफ के महीने गुजर जाएँ तो तुम्हें जहाँ कहीं ऐसे लोग मिलें जो खुदा के साथ दूसरे देवताओं को मिलाते हों, उन्हें कत्ल कर दो।" (जे. एम. रॉडवेल कृत अनुवाद **एवरी मैन्स लाइब्रेरी एडीसन,** पृ० ४७१)।

२. IX. २९।

३. "उन लोगों के खिलाफ...जो खुदा में यकीन नहीं करते...तब तक जंग करते जाओ जब तक कि वे जजिया नहीं देते और हार नहीं मान लेते।" (वही, पृ०. ४७३) इसके अन्तिम पद की व्याख्या में थोड़ा मतभेद है, लेकिन इसका सामान्य अर्थ बिलकुल स्पष्ट है (वही, पा. टि. ६ और ७)। कुरान के इस अंश से और मुहम्मद-इब्न-कासिम के उपर्युक्त वक्तव्य से इस मत का समर्थन नहीं होता कि जजिया, एक प्रकार से, फौज में भरती होने से जो बचना चाहता था, उस पर ही लगाया गया टैक्स था। (देखिए, सैयद अमीर अली **हिस्टरी आफ दि सारासेन्स;** १९५१, पृ० ३३) इसी विषय पर और भी देखिए **हिन्दुस्तान स्टैंडर्ड** के पूजा विशेषांक (१९५०) में प्रकाशित सर जदुनाथ सरकार का लेख।

४. जि० II, पृ० ६२८ (अंगरेजी संस्करण)।

५. यह वक्तव्य स्यूडोकालिस्थेनीज के **रोमांस हिस्टरी आफ अलेक्जांडर** में शामिल 'भारत के राष्ट्र' विषय पर पाँचवीं सदी के एक पैम्फलेट पर आधारित है। लेखक का कहना है कि उसने दक्षिण

साक्षियों पर आधारित है, जिनकी प्रामाणिकता प्रायः सन्दिग्ध है। जो भी हो, हमें ऐसी कोई जानकारी नहीं है कि ये ईसाई-बस्तियाँ कहाँ थीं और क्या काम करती थीं।

भारत और श्रीलंका में ईसाई धर्म के अनुयायियों के बारे में सबसे पहली निश्चित सूचना **कॉरमस इंडिकोप्ल्यूस्टस** के, जिसका हम पहले उल्लेख कर चुके हैं, दो नीचे लिखे वक्तव्यों से मिलती है :

(१) "यहां तक कि टैब्रोबेन (अर्थात् श्रीलंका) में भी, जो सुदूर भारत का एक द्वीप है, जहां भारत का सागर है, ईसाइयों का एक गिरजाघर है, जिसमें पादरी और ईसाई मत के कुछ अनुयायी रहते हैं, लेकिन वहाँ से आगे के हिस्सों में ईसाई हैं या नहीं, यह मैं नहीं जानता। जिस प्रदेश को साले (मलाबार) कहा जाता है, जहाँ काली मिर्च पैदा होती है, वहाँ भी एक गिरजाघर है, और कालियाना नाम के एक स्थान में एक बिशप भी है, जिसकी नियुक्ति फारस से हुई है।[१]

(२) उस द्वीप (श्रीलंका) में फारस के ईसाइयों का एक गिरजाघर भी है, जो वहाँ आकर बस गये हैं, फारस से नियुक्त एक '**प्रेसबाईस्टर**' और एक '**डीकन**' भी है और, सारी धार्मिक विधियाँ वहाँ सम्पन्न होती हैं। लेकिन स्थानीय लोग और उनके राजा मूर्तिपूजक हैं।[२]

उपर्युक्त वक्तव्यों से यह बिल्कुल स्पष्ट है कि "श्रीलंका और दक्षिण भारत के पश्चिमी समुद्रतट के गिरजाघरों का संविधान और कार्यक्षेत्र दोनों पारसीक थे।" और ऐसा लगता है कि "दोनों में से किसी ने अभी तक देश के मूलवासियों को चर्च की सदस्यता नहीं दी थी।[३] दरअसल मालूम होता है कि श्रीलंका के चर्च ने कभी भी ऐसा नहीं किया, शायद इसी वजह से, उसका अस्तित्व कम ही दिनों तक कायम रह सका। इसके विपरीत मलाबार के चर्च ने स्थानीय लोगों को शामिल कर अपनी सदस्य-संख्या में अभिवृद्धि की और शायद उसके स्थायी होने की भी यही वजह है; हालांकि, सम्भव है, इसके पीछे अनेक दूसरे कारण भी रहे हों।[४]

भारत की यात्रा की थी। वहाँ पर वह अडचूल के बिशप मौजेज का मेहमान था। (रॉलिसन—**इंटरकोर्स बिट्वीन इंडिया एंड दि वैस्टर्न वर्ल्ड,** पृ० १४७) मेक्रिंडल के अनुसार यह "पैम्फलेट पैलेडियस के **दि लाजिएक हिस्टोरिक्स** का एक हिस्सा है, जो उसने सन् ४२० ई० के लगभग लिखा था।" **एंसिएंट इंडिया,** पृ० १७८) अगर हम इस तारीख को स्वीकारें तो रॉलिसन के इस मत को स्वीकार नहीं कर सकते कि वह बिशप एक नेस्टोरियन गिरजा का अध्यक्ष (प्रिलेट) था।

१. मिस्र के पादरी कोज्मास की **द क्रिश्चियन टोपोग्राफी** में, जिसका अनुवाद जे. डब्ल्यू. मॅक्रिन्डल ने १८९७ में किया, पृ० ११८-१९ पर। कोष्ठक में दिये गये शब्द मूल-प्रति के नहीं हैं, बाल्क पहचान के लिये जोड़े गये हैं।

२. वही, पृ० ३६५।

३. जी. एम. रे का **द सीरियन चर्च इन इंडिया,** पृ० ११७।

४. **वही।**

कोज्मास के वक्तव्य से छठी शताब्दी (ईसवी) के दूसरे चतुर्थांश में —जिस समय यह पुस्तक लिखी गयी थी—भारत में ईसाई धर्म की स्थिति का पता चलता है। स्पष्ट है कि भारतीय समाज में ईसाई मत के अनुयायियों का महत्त्व बहुत कम था और इस अनुमान का कोई आधार नहीं कि कोज्मास के जमाने से पहले ईसाई धर्म की शक्ति अथवा प्रतिष्ठा अधिक रही होगी। इस सम्बन्ध में कुछ उन तथ्यों का भी हवाला दिया जा सकता है, जिनसे बहुतेरे विद्वानों ने इसके विपरीत निष्कर्ष निकाले हैं।

सन् ३२५ ईसवी में निकेआ की काउन्सिल में उन तीन सौ बिशपों ने भाग लिया था, जो ईसाई जगत् के सभी धर्म-प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करते थे। उनमें से एक बिशप ने, जो वैसे मशहूर नहीं था, अपने दस्तखत यूं किये हैं "जॉन दि बिशप आफ पर्शिया एंड ग्रेट इंडिया" (फारस और बृहद् भारत का बिशप जॉन)।" 'बृहद्' विशेषण, चर्च की बजाय देश पर ज्यादा लागू होता है, अतः हम सिवा इसके और कोई निष्कर्ष नहीं निकाल सकते कि सम्भवतः भारत के पश्चिमी तटवर्ती प्रदेशों में ईसाई सम्प्रदाय का अस्तित्व था।[१] चौथी सदी ईसवी में थेयोफीलस और फ्रूमेन्टिअस की भारत-यात्रा की कहानियाँ अविश्वसनीय हैं, और सम्भवतः भारत से उनका कोई सम्बन्ध नहीं था।[२]

इससे साफ जाहिर है कि छठी सदी (ईसवी) में भारत के पश्चिमी तटवर्ती प्रदेश के ईसाई नेस्टोरियन थे, जो फारस के चर्च के अधीन थे। १५४७ में सेंट टामस माऊंट से प्राप्त सलीब से यह निष्कर्ष लगाया गया है कि कोरोमंडल समुद्र-तट पर स्थित मायलापुर में नेस्टोरियन ईसाईयों की एक बस्ती रही होगी। उस पर खुदे पहलवी अभिलेख से अनुमान लगाया गया है कि वह सातवीं या आठवीं सदी का है। इस अभिलेख का मतलब तो पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है, लेकिन कुछ इतिहासकारों का कहना है कि इसका सामान्य अभिप्राय भारतीय नेस्टोरीवाद की विशेषता से सम्बन्धित है।[३] इस बारे में हमारा मत चाहे जो भी हो, इस सलीब और उत्तरी त्रावणकोर के कोट्टायम से प्राप्त इसी किस्म की अन्य सलीबों से स्पष्ट होता है कि आठवीं सदी ईसवी की समाप्ति

---

१. श्री रे ने इस प्रश्न पर विस्तार से विचार किया है (वही पृ० ७९ प. पृ.)।

२. वही, परि. vii. मलाबार की परम्पराएँ विशेषकर "रौरवं देवराज्यम्" और "भूवि-भाग" या "चेरमानदेशम् प्राप" जैसे तिथि-बंध, जो दक्षिण-भारत में ईसाई धर्म से संबंधित महत्त्वपूर्ण घटनाओं की क्रमशः सन् ३१७, ३४४ और ३४३ ई० की तारीखें सूचित करते हैं, किसी भी गंभीर इतिहास में सुविचारणीय नहीं हो सकते। यही बात तिरुवांकुर (ट्रावनकोर) की उन परम्पराओं के बारे में कही जा सकती है, जिनके अनुसार सन् २९३ ई० में ईसाई क्विलोन में आकर बसे थे। इनमें से कुछ परम्पराओं और तिथि-बंधों के लिए देखिए, इ. क. xii. १९।

३. रे (पू. पु. १२१) का यह अनुमान बर्नेल के उस अनुवाद पर आधारित है. (इ ऐ. III, ३०८-१६), जो इस प्रकार है: "सलीब द्वारा दंड देने में यंत्रणा इस एक की (थी)। वह जो सच्चा यीशु है, और ऊपर गॉड और पथ-प्रदर्शक, चिर-पवित्र।" लेकिन तिरुवांकुर (ट्रावनकोर) के मिस्टर टी. के. जोजेफ ने मुझे सूचित किया है कि कैम्ब्रिज के प्रोफेसर डॉ० डब्ल्यू. बी. हन्निंग ने एक पत्र (जिस पर ६ सितम्बर १९४८ की तारीख है) में उनको निम्नलिखित अनुवाद पेश किया था: "मेरे स्वामी ईसामसीह, गिवागिर्स के बेटे चहरबख्त के बेटे आफ्रस पर रहम कर, जिसने इसका आयोजन किया (या जिसने इसे खड़ा किया)।' इस अनुवाद के अनुसार रे का अनुमान बिल्कुल निराधार मालूम हो सकता है।

से पहले दक्षिण भारतीय प्रायद्वीप के पूर्वी तथा पश्चिमी तट पर कितनी ही ईसाई बस्तियाँ बसी हुई थीं।

इस प्रदेश में बहुप्रचलित एक कहानी से संकेत मिलता है कि बगदाद, निनेवा और येरुजालेम से आये ईसाइयों ने नयी बस्तियाँ कायम की थीं। कहा जाता है कि ये लोग ७४५ ईसवी में व्यापारी टामस के साथ आये थे। मालूम होता है कि कना के इस टामस (कनये टामस) का स्थानीय लोगों पर इतना गहरा प्रभाव पड़ा था, कि कुछ लोगों के अनुसार लोगों ने इसी टामस को सेंट टामस समझ कर सेंट टामस की अनुश्रुति चलायी थी। लेकिन इस कहानी का ऐतिहासिक मूल्य अनिश्चित है और इसके आधार पर कोई भी महत्त्वपूर्ण निष्कर्ष निकालना असंगत होगा।[१]

कोट्टायम् से प्राप्त वीरराघव चक्रवर्ती के ताम्रपत्र के आधार पर भी मलाबार में ईसाई समुदाय के महत्त्व को साबित करने का प्रयत्न किया गया है। इस समय यह ताम्रपत्र त्रावणकोर में कोट्टायम् के सीरियन ईसाइयों के पास है। पूर्ववर्ती लेखकों के अनुसार "यह ७७४ ई० का है और इसमें राजा वीरराघव चक्रवर्ती द्वारा क्रान्डानोर के ईरवी कोर्त्तन को दिया गया अनुदान दर्ज है, जिसके अनुसार उसे वहाँ के ईसाई सम्प्रदाय के मुख्य प्रतिनिधि होने की हैसियत से मणिग्रामम् की छोटी सी जागीर प्रदान की गयी थी।[२] लेकिन श्री वेन्कय्य,[३] जिन्होंने इस ताम्रपत्र का सम्पादन किया है, इसे चौदहवीं सदी ईसवी का बताते हैं और कहते हैं, "इस अनुदान-पत्र का ईसाई मत से कोई सम्बन्ध नहीं है, सिवा इसके कि इन दिनों यह ताम्रपत्र जिनके पास है वे ईसाई हैं।" उन्होंने इस बात की ओर भी संकेत किया है कि मणिग्रामम् किसी रियासत का नाम नहीं बल्कि एक व्यापारिक संघ का नाम था। इसलिए इस ताम्रपत्र द्वारा मलाबार में ईसाई सम्प्रदाय के बारे में किसी बात का सबूत नहीं मिलता। इस दृष्टिकोण से स्थाणु रवि के कोट्टयम-ताम्रपत्र का भी, जिसे बर्नेल ने बाद के काल का बताया है, कोई विशेष महत्त्व नहीं है।

ज. दर्शनशास्त्र का सामान्य विकास

दार्शनिक विकास का ब्यौरा पहले प्रस्तुत किया जा चुका है। बौद्धमत, जैनमत, वैष्णव और शैवमत के प्रसंग में भी इसका जिक्र आया है। दर्शनशास्त्र के प्रमुख लेखकों का हवाला भी पन्द्रहवें परिच्छेद में दिया जा चुका है। यहाँ हम छह प्राचीन दार्शनिक पद्धतियों का जिक्र करेंगे, जो तीन स्पष्ट युग्मों में विभक्त हैं, और जिनके उद्गम की चर्चा हम पहले कर चुके हैं।[४]

---

१. इस कहानी, तथा ऐसी ही अन्य कहानियों के लिए देखिए, रे, पू पु: (पृ० १६२ प. पृ)।

२. वही, पृ० १५५।

३. ई. इ., iv. २९०. सन् ७७४ ई० की तारीख मूलतः बर्नेल ने सुझाई थी (इ. ए. I, २२९), और भी देखिए इ. ए. xx. २८९; xxii. १३९।

४. जि० II, पृ० ४७५ प. पृ. (अंगरेजी संस्करण)।

I-II. न्याय-वैशेषिक

ये दोनों पद्धतियाँ अपक्व चिंतन के पुंज से एक साथ शुरू हुईं या एक दूसरे से स्वतन्त्र रूप में, इस बारे में विद्वानों में मतभेद है। यह भी सम्भव है कि वैशेषिक दर्शन का उद्भव न्याय दर्शन से बहुत पहले हुआ हो। प्रोफेसर एस. एन. दासगुप्त का विचार है कि प्रारम्भ में यह मीमांसा के प्रकार का दर्शन था, जिसका उद्देश्य अध्यात्मदर्शन के सहारे वेदों की प्रामाणिकता की पुष्टि करना था। इन दोनों धाराओं के उद्गम का स्रोत चाहे एक न रहा हो, किन्तु उनकी समानताएँ इतनी सुस्पष्ट हैं कि परम्परा में उन्हें संयुक्त युग्म के रूप में देखा गया है।

शास्त्र-विरोधी दार्शनिक पद्धतियों के विपरीत इन दोनों में ज्ञान के स्रोत का सिद्धान्त भी एक ही था (वेद ऐसे ही स्रोत हैं) और वे आत्मा, परमात्मा और बाह्य जगत् की वास्तविकता में विश्वास करते थे।

इस दर्शन-पद्धति के अनुसार संसार ससीम तथा विभिन्न गुणधर्मी पदार्थों का पुंज है। इन पदार्थों को सूक्ष्म से सूक्ष्म भागों में विभक्त किया जा सकता है, जिसमें सबसे सूक्ष्म परमाणु अथवा वस्तुओं के अविभाज्य अवयव हैं। जिन तत्त्वों के ये अवयवी हैं उनमें से हर तत्त्व के अलग-अलग किस्म के परमाणु होते हैं। ये तत्त्व हैं; पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। संसार अन्तरिक्ष और घटना-शृंखलाओं में फैलता रहता है। जो काल में होती हैं। अंतरिक्ष और काल को विचार में विभक्त किया जा सकता है, किन्तु परमाणुओं में नहीं।

संसार की सारी वस्तुएँ स्वतः व्यष्टियाँ हैं। हर पदार्थ एक दूसरे से अपने उस निजी गुण के कारण अलग है, जिसे विशेष कहते हैं। किन्तु इन गुणों की भी अलग श्रेणियाँ या वर्ग हैं। इन समान गुणवाली श्रेणियों या वर्गों को सामान्य कहा जाता है। एक व्यक्ति और दूसरे व्यक्ति की तरह इन श्रेणियों में भी अन्तर होता है, उसे भी विशेष अथवा गुण-विशेष कहते हैं।

वस्तुजगत् में परिवर्तन होते हैं, एक घटना के बाद दूसरी घटना होती रहती है। इसका तात्पर्य यह है कि इन घटनाओं के पीछे कारणता है, अर्थात् कुछ नया अस्तित्व ग्रहण करता है। ये वस्तुएँ उनके गुण, तथा काल और स्थान में उनके सारे सम्बन्ध यथार्थ हैं—इन्हीं से सारा संसार बना है।

इस संसार में, जो ज्ञेय है, आत्मा (स्व) ज्ञाता है। दुख और मुक्ति की चर्चा की जाती है। लेकिन जब कोई दुखी नहीं है तो फिर दुख का अस्तित्व कैसे हो सकता है, और मुक्ति कैसे हो सकती है जब मुक्त होने के लिए कोई आत्मा नहीं है? एक आत्मा या स्व है जो जानता है, दुख झेलता है और जीवन की बुराइयों से छुटकारा चाहता है।

इस दार्शनिक विचारधारा के अनुसार संसार का अस्तित्व है, जिसे जाना जा सकता है, एक आत्मा है जो जानती है और इसका अनुभव करती है, किन्तु एक ऐसा ईश्वर भी है जिसने शाश्वत अस्तित्वशील परमाणुओं में से इस विश्व की रचना की है। ईश्वर के अस्तित्व का अनुमान विश्व के कारण रूप में करना पड़ता है। इस ईश्वर ने

न केवल विश्व की रचना की है, बल्कि वेदों को भी सिरजा है। इस तरह वेद ज्ञान के अच्युत स्रोत हैं। ईश्वर ने ही शब्दों को वह शक्ति दी है जिससे वह अभिप्रेत अर्थ व्यक्त कर पाते हैं।

न्याय दर्शन ने अपने ज्ञान-सिद्धान्त पर विशेष जोर दिया है, यहाँ तक बाद में बिहार और बंगाल में, इस दर्शन के विचारकों का मुख्य, यदि एकमात्र नहीं तो, काम ही यही रह गया था। ज्ञान के स्रोतों को महत्त्व देने के फलस्वरूप इस दार्शनिक विचारधारा ने अनुमिति के लिए हेत्वनुमान पद्धति (Syllogism) का आविष्कार किया। योरप में इस पद्धति का पूर्वाभास सुकरात के प्रवचनों में मिलता है, जिसका अन्तिम रूप अरस्तू के दर्शन में बना था। भारतीय चिन्तकों को इस बात का श्रेय अवश्य मिलना चाहिए कि उन्होंने शायद यूनानियों से पहले, और इसलिए स्वतन्त्र रूप से, हेत्वनुमान का आविष्कार किया था। भारतीय हेत्वनुमान में पाँच तर्क-वाक्य होते हैं, जबकि यूनानी पद्धति में तीन।

शास्त्रीय भारतीय हेत्वनुमान इस प्रकार है:

उस निचले पहाड़ में आग लगी है, क्योंकि वहाँ धुँआ उठ रहा है, जहाँ धुँआँ होता है, वहाँ आग होती है, जैसे रसोईघर में, पहाड़ से धुँआँ उठ रहा है, इसलिए वहाँ आग भी जरूर होगी।

शास्त्रीय विचारकों ने स्वतन्त्र रूप से ही इस हेत्वनुमान का आविष्कार नहीं किया। जैन और बौद्ध चिन्तकों ने भी तर्कशास्त्र पर बहुत कुछ लिखा है और उसके विकास में सहायता दी है।

अनुमिति का आधार हेत्वनुमान है। इस न्याय दर्शन के अनुसार अनुमिति के अतिरिक्त ज्ञान के तीन अन्य स्रोत भी हैं। वे हैं प्रत्यक्ष या सविकल्पप्रत्यक्ष, साम्यानुमान या तुलना (उपमान) और आप्त वाक्य या आप्तप्रमाण (शब्द), विशेषकर वेदों के आप्तवचन। ज्ञान के इन स्रोतों पर हुए वाद-विवाद पर प्रचुर साहित्य लिखा गया।

III-IV. सांख्य-योग

ये दोनों दार्शनिक विचारधाराएँ एक दूसरे की पूरक हैं। **सांख्य** से तत्त्व मीमांसा मिलती है तो योग से उस मनस्तात्त्विक अनुशासन की रूपरेखा बनती है जिसके द्वारा दार्शनिक चिन्तन के निष्कर्षों को वास्तविक जीवन में प्राप्त किया जा सके। सांख्य दर्शन का आधार-वाक्य है कि जीवन तीन प्रकार के कष्ट (पाप) एवं यातनाओं के वश में है। पहली तो मनुष्य की स्वयं अपनी शारीरिक और मानसिक व्याधियाँ,उपद्रवों और पीड़ाओं से पैदा होती हैं। दूसरी किस्म की यातनाएँ पशुओं की हरकतों से पैदा होती हैं, मच्छर के काटने से लेकर शेर के हमले तक, घर में चोरी हो जाने से लेकर सार्वजनिक निन्दा तक, बहुत से तरीकों से जानवर और दूसरे मनुष्य हमें दुःख और पीड़ा पहुंचाते हैं; तीसरे प्रकार की यातनाएँ भी हैं, जो प्राकृतिक शक्तियों, आग, हवा और पानी के प्रकोप से होती हैं। आग लगने से मकान और सम्पत्ति नष्ट हो सकती है, तूफान में सारी चीजें उड़ सकती हैं और बाढ़ में मवेशियों को बहाकर ले जा सकती हैं। यह भी दुख का कारण है। इस प्रकार जीवन में बहुत सी यातनाएँ हैं। लेकिन सच्चे ज्ञान से इन सबसे बचा जा सकता है।

वह कौन सा सत्य है, जिसे जानने का हमें प्रयत्न करना चाहिए ? संसार की रचना और उसमें मनुष्य का स्थान। संसार एक पुरातन सिद्धान्त से, शाश्वत नारीत्व अर्थात् प्रकृति से, विकसित होता है। इसमें तीन गुण होते हैं : **सत्त्व, रज (रजस्)** और **तम (तमस्)** जो एक साथ गुंथे हुए तीन सूत्र, एक में मिश्रित तीन गुण, एक साथ जुड़ी हुई तीन परतों का नाम है; इसे चाहे जिस ढंग से वर्णित करें, प्रकृति के ये तीनों अवयवी तत्त्व हैं। आमतौर पर सृष्टि के साँचे में ये तीन गुण हैं जो हर चीज में व्याप्त हैं—मनुष्यों, पशुओं, जड़-पदार्थों, यहाँ तक कि मनुष्य के कर्मों में भी। प्रकृति के अतिरिक्त असंख्य विशिष्ट आत्माएँ अथवा पुरुष हैं जो क्रियाशील नहीं हैं, लेकिन कुछ परिस्थितियों में वे अनुभव करते हैं और विभ्रान्त होते हैं। **प्रकृति** और **पुरुष** के संयोग से—यह क्यों और कैसे होता है, यह एक रहस्य है—विभिन्न अवस्थाओं : बुद्धि, आत्म-चेतना, मानसिक शक्ति अथवा मनोयोग, संसार, पाँच ज्ञानेन्द्रियां और पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पाँच-तन्मात्राएँ अर्थात्, "क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर" तथा इन्हीं नामों से पुकारे जाने वाले अधिक स्थूल पंचभूत द्वारा संसार अपने आपको अनेक चरणों में उद्घाटित करने लगता है। इस प्रकार **प्रकृति** के प्रथम और **पुरुष** के अन्तिम तत्त्व को मिलाकर हमारे पास २५ तत्त्वों (या सत्यों) की सूची तैयार हो जाती है।

पुरुष हमेशा निष्क्रिय होता है। प्रकृति उस समय सक्रिय हो जाती है, जब **पुरुष** के संसर्ग में आती है। **प्रकृति** की तुलना नारी से की गयी है, जिसका स्वभाव ही निष्क्रिय नर को अपने हाव-भाव से रिझाना होता है। **प्रकृति** की तुलना नर्तकी से भी की गयी है जो अपने स्वामी को खुश करने के लिए अपनी कला का प्रदर्शन करती है, और जैसे ही उसे महसूस होता है कि अब उसकी जरूरत नहीं रही, अपना नृत्य बन्द कर देती है। **पुरुष** और **प्रकृति** क्यों एक-दूसरे के संसर्ग में आते हैं, यह एक अव्याख्यात रहस्य है। दुखद बात यह है कि **प्रकृति**, जो सक्रिय है, अचेतन होती है, और पुरुष, जो चेतन है, वह निष्क्रिय है। वही वह महान् सत्य है, जिस पर मनन करके जीवन की बुराइयों से बचाव किया जा सकता है।

योग के लिये भी यही वह सत्य है जिसका मनुष्य को मनन करना चाहिए। लेकिन योग में इस मनन के लिये अपेक्षित मानसिक प्रयत्न और शारीरिक अनुशासन का अधिक विस्तार से वर्णन है। परवर्ती कालों में, योग का अर्थ अपेक्षया शारीरिक अनुशासन लगाया जाने लगा : किस आसन में व्यक्ति को बैठना चाहिए, किस ढंग से अपने हाथ और पाँव रखने चाहिएँ, और विभिन्न प्रकार के आसन क्या हैं, श्वास पर नियन्त्रण करने की विधियाँ आदि। इन आसनों और मुद्राओं के अभ्यास और विभिन्न प्रकार के ध्यान से, अनेक असाधारण, यहाँ तक कि अलौकिक शक्तियाँ, प्राप्त की जा सकती हैं। **योग** में इन शक्तियों का विवेचन भी किया गया है। लेकिन ये सब किसी साध्य के साधन-मात्र हैं, और साध्य हमेशा जीवन के कष्टों से छुटकारा पाना है।

क्या कोई ईश्वर है, जिसके आशीर्वाद की याचना की जाए ? **सांख्य** कहता है, 'नहीं', क्योंकि ईश्वर के अस्तित्व का कोई प्रमाण नहीं मिलता। योग केवल अप्रत्यक्ष

रूप से उसका जिक्र करता है, जो केवल मनन की वस्तु है, ताकि ध्यान करते समय मन को स्थिर रखा जा सके। ईश्वर दोनों में ही नहीं है। लेकिन योग उसका जिक्र इस रूप में करता है, जैसे उसका अस्तित्व हो और जो मनुष्य से अत्यधिक श्रेष्ठ हो, क्योंकि मनुष्य जिन दुखों और बुराइयों से घिरा हुआ है, वे उसको नहीं छू पातीं। योग और सांख्य में अन्तर इसी बिन्दु पर है।

V-VI. मीमांसा-द्वय

सैद्धान्तिक समानताओं के आधार पर हमने न्याय-वैशेषिक और **सांख्य-योग** को दो युग्मों के रूप में प्रस्तुत किया है। लेकिन दोनों **मीमांसाएँ-पूर्व-मीमांसा** और **वेदान्त**—न सिर्फ एक दूसरे से मिलते-जुलते दर्शन हैं, बल्कि व्यावहारिक रूप से एकात्म व्यवस्था (एक ही दार्शनिक विचारधारा) के अंग हैं; केवल इस कारण ही नहीं कि उनके सिद्धान्तों में समानता है, बल्कि इस कारण भी कि उनका मूल सैद्धान्तिक आधार एक ही है। दोनों में वेदों की व्याख्या करने की कोशिश की गयी थी—सम्पूर्ण वैदिक साहित्य की, जिसमें सारे वैदिक **मन्त्र, ब्राह्मण** और उपनिषद् शामिल हैं। वेदों की व्याख्या प्रस्तुत करने की कोशिश के रूप में, दोनों मीमांसाएँ मूलतः एक ही पद्धति का अंग मालूम देती हैं।[1] लेकिन उनकी दार्शनिक समानताएँ उतनी अधिक नहीं थीं, जितनी अन्य दोनों युग्म पद्धतियों में, और बाद में चलकर वे आसानी से दो विचारधाराओं में बँट गयीं। सातवीं और आठवीं सदी के लगभग **पूर्व-मीमांसा** दो स्कूलों में विभक्त हो गयी; एक का प्रतिपादक प्रभाकर था, दूसरे का कुमारिल। वेदान्त या **उत्तर-मीमांसा** भी कई न्यूनाधिक महत्त्व के स्कूलों में बँट गयी। लेकिन आरम्भ में दोनों मीमांसाएँ एक ही विचारधारा या दार्शनिक पद्धति का प्रतिनिधित्व करती थीं।

दोनों दर्शनों का मूल आधार यह था कि ज्ञान के स्रोत के रूप में वेदों की स्थिति अकाट्य है, और इसलिए सच्चे दर्शन के आधार के रूप में भी। इस तर्क वाक्य से दो महत्त्वपूर्ण अभ्युक्तियाँ निकलती हैं : पहली यह कि शब्दों और उनके अर्थों का सम्बन्ध शाश्वत, स्थायी और अपरिवर्त्य है। वेद शब्दों का ऐसा समूह था, जो किसी मानव या दैवी लेखक के मस्तिष्क से नहीं उपजे थे, इसलिए वे शाश्वत थे। वे जिन अर्थों को व्यक्त करते थे, वे भी शाश्वत और अपरिवर्त्य थे। दूसरा नियम यह था कि ज्ञान स्वयं ही अपना प्रमाण है। अगर तुम किसी चीज को जानते हो, तो बस जानते हो, और कोई कारण नहीं है कि तुम्हें उसके समर्थन में किसी और प्रमाण की जरूरत हो। वस्तुएँ हमारे आगे ज्ञान के मार्ग से प्रकट होती हैं, लेकिन हमारे पास यह सोचने का कोई कारण नहीं है कि ज्ञान उनसे उत्पन्न होता है। अगर उसमें कोई त्रुटि है, तो वह हमारी ज्ञानात्मक मनःशक्ति में किसी तात्कालिक या स्थायी कमी के कारण हो सकती है। लेकिन ऐसी

---

१. झा, **पूर्व मीमांसा,** बनारस, १९४२, पृ० ४-१०; इ. हि. क्वा., १९२८, पृ० ६१२।

त्रुटि की संभावना ज्ञान की आत्म संपूर्णता और प्रामाण्य के लिए कोई चुनौती नहीं है। वेदों के शब्द हमें ज्ञान प्रदान करते हैं और उनकी सच्चाई पर सन्देह करने का कोई कारण नहीं है।

क्या वेद के पाठों में अर्थ-भेद नहीं मिलते ? प्रत्यक्षतः कुछ पाठों में ऐसा सम्भव है। लेकिन सभी ईमानदार और निष्ठावान व्याख्याकारों का यह प्रयत्न होना चाहिए कि वे इन विभिन्न अर्थों में अनुकूलता और सामंजस्य लाएँ। जहां तक वेदों के **ब्राह्मण** भाग या धार्मिक कर्मकांड के नियमों का सम्बन्ध है, **पूर्व-मीमांसा** ने ऐसा ही किया है, और **उत्तर-मीमांसा** या **वेदान्त** ने यही बात वेदों के **उपनिषद्** भाग के सम्बन्ध में की है। उन्होंने जो परिणाम निकाला है, उसके अनुसार वेद एक ही स्वर में बोलते हैं, एक ही भाषा में बोलते हैं और एक ही सत्य बोलते हैं।

इस व्याख्या के परिणाम स्वरूप जो दार्शनिक सिद्धान्त सामने आते हैं, वे इस प्रकार हैं :

(i) एक आत्मा है। यह आत्मा शाश्वत और अन्ततः वास्तविक या यथार्थ है या नहीं, यह प्रश्न अवान्तर है। लेकिन यज्ञ सम्पन्न करने के लिए एक अभिकर्ता जरूरी है, जिसे इन धार्मिक अनुष्ठानों के समादेश सम्बोधित किये जा सकें। यहाँ तक कि **मोक्ष-शास्त्र** या उपनिषदों के आदेशों की शिक्षा भी किसी न किसी को सम्बोधित करनी पड़ेगी। इसलिए आत्मा है, अर्थात् एक व्यक्ति सत्ता है। आत्मा अवश्य ही है, जिसे मोक्ष-प्राप्ति होनी है। आत्मा अज या असृष्ट संज्ञा है, और मोक्ष-प्राप्ति होने पर परमानन्द प्राप्त करती है। मोक्ष-प्राप्ति के बाद भी आत्मा अपना विशिष्ट व्यक्तित्व कायम रख सकती है या नहीं, यह प्रश्न बाद के विचारकों में विवाद का विषय रहा है। आत्मा कार्य कर सकती है और करती है और अपने कार्यों का फल-भोग करती है। और प्रत्यक्षतः कुछ लोगों के अनुसार, पर वास्तव में **पूर्व-मीमांसा** के अनुसार, आत्मा एक ही नहीं है, बल्कि अनेक आत्माएँ हैं।

(ii) एक संसार भी है, वस्तुओं और गुणों का संसार जिसका अनुभव हम करते हैं। यह तथ्य कि हम एक संसार का अनुभव करते हैं, कोई झुठला नहीं सकता। लेकिन यह संसार वैसा ही है, जैसा हम जानते हैं या इसके बारे में हमारा ज्ञान केवल एक भ्रान्ति है ? इस प्रश्न पर आगे चलकर **उत्तर-मीमांसा** या वेदान्त में काफी गरमागरम बहसें चली थीं।

(iii) लेकिन ईश्वर आवश्यक नहीं है, और इसलिए नहीं है। संसार परिवर्तनशील है, लेकिन इसकी सृष्टि नहीं की गयी थी। यहाँ तक कि शब्द और उसके अर्थ के बीच के सम्बन्ध की भी सृष्टि नहीं की गयी। कर्म अपना फल स्वयं परिणाम के रूप में साथ लाता है, और इसके लिए किसी न्यायकर्त्ता की जरूरत नहीं—जो पुरस्कार और दंड का फैसला करे। फिर भी, वेदान्त के अनुसार एक परम तत्त्व है, जिससे हर वस्तु उद्भूत है, और वह परम तत्त्व ब्रह्म है।

(vi) **कर्म**—वेदों ने कुछ कर्म करने का आदेश दिया है। कर्म अनेक प्रकार के हैं। कुछ कर्म ऐसे हैं, जो हर स्थिति में करने चाहिएँ। वे अनिवार्य आवश्यक कर्त्तव्य हैं। कुछ दूसरे प्रकार के कर्म ऐसे हैं जो तभी करने चाहिएँ जब किसी वस्तु की कामना हो और वे उसकी प्राप्ति के निमित्त ही किये जाएं। उदाहरणार्थ, अगर किसी व्यक्ति को पुत्र की कामना हो तो उसे एक विशेष प्रकार का अनुष्ठान करना चाहिए। लेकिन इस कामना के अभाव में, वह ऐसा अनुष्ठान करने के लिए मजबूर नहीं है। फिर कुछ ऐसे कर्म हैं जो कभी नहीं करने चाहिएँ, या जिनका करना पाप है। कर्म का एक चौथा वर्ग है, जिसे वर्जित कर्म के पाप से मुक्त होने के लिए प्रायश्चित स्वरूप करना चाहिए।

मीमांसा ने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी व्यक्ति जिस वर्ण (जाति) और **आश्रम** (जीवन की अवस्था) का है, उसके जो धर्म या कर्तव्य हैं, उनका पालन उसे मृत्युपर्यन्त करते जाना चाहिए। लेकिन क्या इन धर्मों का पालन उस समय भी करना चाहिए जब मनुष्य ने संसार से संन्यास ग्रहण कर लिया हो और सत्य का ज्ञान प्राप्त कर लिया हो और मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर हो? समय के साथ यह प्रश्न उठकर प्रमुख बन गया और उसने अन्ततः **पूर्व-मीमांसा** और **उत्तर-मीमांसा** या वेदान्त की कुछ शाखाओं में विभेद पैदा कर दिया।

पूर्व-मीमांसा की सबसे बड़ी उपलब्धि यह थी कि उसने व्याख्या के नियमों का विकास किया। क्रिया-पदों के काल और क्रियार्थ तथा ऐसी ही अन्य व्याकरणिक सूक्ष्मताओं की ध्यानपूर्वक जांच-परख करके उसने किसी पाठ का अर्थ समझने के लिए नियमों की एक विस्तृत संहिता का विकास किया। उसने जिन सामान्य सिद्धान्तों का विकास किया था, उनका एक लम्बे अरसे तक कानूनी और धार्मिक ग्रन्थों के अर्थ-निर्णय के लिए प्रयोग होता रहा। बल्कि आज भी हिन्दू न्याय-विधान और धर्म के आदेशों का अर्थ-निर्णय करने में ये नियम साधारणतया उपयोगी सिद्ध होते हैं।

सामान्य सन्दर्भ

(ख) VIII. पालि का व्याख्यात्मक साहित्य

गाइगेर, डब्ल्यू. **पालि लितरातूर उंद स्प्राखे,** स्त्रासवर्ग, १९१६ (बी. के. घोष कृत अंगरेजी अनुवाद, कलकत्ता, १९४३)।

लॉ, बी. सी. **हिस्टरी आफ पालि लिटरेचर,** २ जिल्द, लन्दन, १९३३. **बुद्धघोष,** बम्बई १९४६।

मालालशेखर जी. पी. **पालि लिटरेचर आफ सीलोन,** लन्दन, १९२८ विंटरनित्ज़, एम. **हिस्टरी आफ इंडियन लिटरेचर** जिल्द II. कलकत्ता, १९३३ (श्रीमती एस० केतकर कृत अंगरेजी अनुवाद)।

(ङ) शैवमत

१. अय्यर सी. वी. नारायण, **ओरिजिन ऐंड अर्ली हिस्टरी आफ शैविज्म इन साउथ इंडिया,** मद्रास, १९२१ ।

२. किंग्सबरी, पी. और फिलिप्स, जी. ई., **हिम्न्स आफ दि तामिल शैवाइट सेन्ट्स,** कलकत्ता, १९२१ ।

३. पिल्लै, एस. सच्चिदानन्दम्, **"दि शैव सेन्ट्स आफ सदर्न इंडिया"**, कल्च. हेरि. (Cult. Heri) II पृ. २३५-४७ ।

४. पोप, जी. यु. **तिरुवाचगम** ।

५. शास्त्री के. ए. नीलकंठ **"ए हिस्टारिकल रिसर्च आफ शैविज्म"** कल्च. हेरि. II, पृ० ८-३४ ।

(छ) १. मुसलमान

अध्याय १० अनुभाग १२ में दिये गये सन्दर्भ के अनुसार ।

परिच्छेद : १९

कला

क. वास्तुकला :

भारतीय वास्तुकला के इतिहास में ३२० ईसवी से ७५० ईसवी तक के काल में पुरानी परम्पराओं के स्थान पर नयी परम्पराएँ स्थापित की गयीं। एक दृष्टि से इस काल में पहले की वास्तु शैलियाँ, प्रवृत्तियाँ और गतिविधियाँ अपनी चरम सीमा तक पहुँच गयीं तथा उनके और अधिक विकास की गुंजाइश नहीं रही। दूसरी दृष्टि से इसी समय एक नये युग का आरम्भ हुआ, जिसका मंदिरों के विकास और उत्थान से विशेष सम्बन्ध है। यह एक ऐसा सृजनात्मक और निर्माणात्मक युग है, जिसमें भविष्य के लिए असीम सम्भावनाएँ निहित थीं और जिसमें भारतीय मन्दिर की प्रतिनिधि वास्तु शैली की नींव रखी गयी।

I. गुफा वास्तुशिल्प

चट्टानों को काटकर खुदाई करना, भारतीय वास्तुशिल्प का एक ऐसा पहलू है, जो इससे पूर्वकालीन युग की विशेषता थी। निस्सन्देह यह पूर्ववर्ती शैली इसलिए चलती रही, कि बहुत अरसे से लोग इस शैली से परिचित थे। इसके अलावा इस शैली में कोई संरचनात्मक समस्या नहीं पैदा होती थी। इस किस्म की अधिकांश गुफाएँ बौद्धों ने बनवायी थीं, हालांकि ब्राह्मण-प्रधान तथा जैन प्रतिष्ठानों में भी यह शैली दुर्लभ नहीं है।

पूर्ववर्ती काल की तरह इस काल में भी चट्टान खोद कर बनायी गयी बौद्ध वास्तुकला की इमारतें दो परम्परागत किस्म की हैं—चैत्य हॉल, अर्थात् मुख्य आराधना स्थल, और **संघाराम** या **विहार** अर्थात् मठ। इनमें से सबसे अधिक विख्यात गुफाएँ, अजन्ता, एलोरा और औरंगाबाद में (जो पुराने हैदराबाद और आधुनिक आन्ध्र राज्य में हैं) तथा मध्यभारत (मध्य प्रदेश) के बाग नामक स्थान में हैं। इनमें अजन्ता का इतिहास बहुत पुराना है। इसकी कुछ गुफाएँ ईसा पूर्व काल की हैं। अजन्ता की अट्ठाइस गुफाओं में से पाँच पूर्ववर्ती काल की हैं, और बाकी तेईस लगता है कि हमारे विवेच्य काल में ही खोदी गयी थीं। इनमें से दो, अर्थात् गुफा नम्बर १९ और २६, चैत्य हैं और शेष **विहार** हैं।

१. चैत्य हॉल

गुफा नम्बर २९ इन दोनों चैत्य हालों से पूर्ववर्ती मालूम होती है। पुरानी चैत्य गुफाओं, नम्बर ९ और १० से काफी बाद की होने के बावजूद, इसके नक्शे में प्रारम्भिक

चैत्यों के आदिरूपों की संरचना को कायम रखा गया है, लेकिन अग्रभाग के अलंकरणों और भीतर के स्तम्भों के नमूनों में बहुत से परिवर्तन किये गये हैं। यह चैत्य बहुत से मठों की मिल्कीयत था, जिनमें से गुफाएँ नम्बर १६ और १७ क्रमशः वाकाटक राजा हरिषेण[1] के एक मन्त्री और एक सामन्त की भक्तिपूर्ण भेंट थीं। इसलिए इन गुफाओं का काल पाँचवीं सदी के अन्त और छठी सदी के शुरू में निर्धारित किया जा सकता है।

गुफा नम्बर १९ (फ. I, १) आकार में सबसे छोटी है। इसमें एक समकोणिक आयताकार हॉल है, जिसके अन्त में अर्धवृत्ताकार कक्ष है। चारों ओर हाल में नक्काशी कृत स्तम्भों की कतार है, जिन्होंने हॉल के मध्य भाग को, पार्श्वभागों से अलग कर दिया है। यह कतार अर्द्धवृत्ताकार कक्ष के अन्त में स्थित मन्नती चैत्य के गिर्द तक चली गयी है। इन स्तम्भों के ऊपर ब्रैकेट बने हैं, जो मध्यभाग तक फैले एक चौड़े और अलंकृत गलियारे को सहारा देते हैं। इसके ऊपर गुम्बदाकार छत है, और प्रारम्भिक गुफाओं की लकड़ी की पट्टियों की यहाँ पत्थर में नकल की गयी है। मन्नती **स्तूप** एक लम्बे एकाश्म का बना है, जिसकी आधारभूमि एक ऊपर उठा हुआ चबूतरा है, जो चौकोर नमूने का है, लेकिन दोनों तरफ, बीच के हिस्से का सहारा लेकर बाहर की तरफ निकला हुआ है। उसके ऊपर और गढ़ंत द्वारा उससे पृथक्कृत स्तूप का ढोल या बेलनाकार पत्थर लगाया गया है, जिसपर बुद्ध की खड़ी हुई मुद्रा में आकृति उभारी गयी है, जो सामने मेहराब की शक्ल के आले में बनी है। बेलनाकार ढोल के सिरे पर अलंकृत गढ़न है जो अर्द्धवृत्तीय गुम्बद से इसे अलग करती है; बुद्ध की मूर्ति वाला वह आला या मेहराब ऊंचाई में इसके मध्य भाग तक ही गया है। चौकोर **हर्मिका** के हर हिस्से के बीचोबीच उभार है, जिस पर सीढ़ियों की शक्ल में एक उलटा पिरामिड बना है और उसके ऊपर **छत्रावलि** का गोलाकार स्तम्भ है, जिसमें एक के ऊपर संकेन्द्रित तीन चक्र हैं, जो क्रमशः छोटे होते जाते हैं। अन्त में सबसे ऊपर एक कलश है।

मालूम होता है कि अजन्ता की गुफा नम्बर १९ में, मूल रूप से, भीतर दाखिल होने के लिए एक आँगन का स्थान भी रखा गया था, जिसके दोनों तरफ उपप्रार्थनालय बनाये जाने वाले थे। हॉल में सिर्फ एक दरवाजा है, प्रवेश के लिए तंग डयौढ़ी है, जिसकी चपटी छत के नीचे सहारा देने के लिए बड़े सुन्दर नमूने के स्तम्भ बने हैं।

अजन्ता की **चैत्य** गुफा नम्बर १६ (फ. I, २) का, जो कुछ बाद के काल की है, सामान्य नक्शा, विन्यास और वास्तु-शिल्प गुफा नम्बर १९ जैसा है। लेकिन इसके अलंकरण अधिक समृद्ध और सूक्ष्म हैं, हालाँकि पहली गुफा की अपेक्षा ये खुरदुरे हैं और उनमें अनुपात और लयात्मक सन्तुलन का अभाव है। मन्नती स्तूप नक्काशी के काम से भरपूर हैं। उसके सामने एक अलंकृत आले में **प्रलम्बपाद** आसन में बुद्ध की एक विशाल आकृति उभरी हुई है। मालूम होता है कि सामने की तरफ हाल की पूरी चौड़ाई तक फैली, एक चौड़ी डयौढ़ी रही होगी, जिसमें तीन प्रवेश द्वार हैं, जबकि गुफा नम्बर १९ में एक ही प्रवेश-द्वार है।

---

१. देखिए, ऊपर पृ० २१३।

अगर अजन्ता की गुफा नम्बर १९ और २६ की तुलना अजन्ता की ही तथा अन्य स्थानों की गुफाओं से की जाए तो फौरन पता चल जाएगा कि हालाँकि उनके आदि रूप, सामान्य विन्यास और नक्शे में अधिक अन्तर नहीं है, लेकिन अलंकरण की शैलियों में गहरी असमानता है, जिससे पता चलता है कि जिन उपासकों के लिये गुफाएँ बनायी गयी थीं, उनके दृष्टिकोण में बड़ा और महत्त्वपूर्ण अन्तर आ गया था। न सिर्फ नक्काशी और अलंकरणों के नमूनों और निर्माण में अधिक प्रचुरता है बल्कि उनके पीछे काम करने वाली चिन्तन-पद्धतियाँ भी अलग हैं। एक और महत्त्वपूर्ण परिवर्तन यह दिखाई देता है कि हालाँकि कुछ दृष्टियों से इन हालों के मूल काष्ठरूप अभी तक चले आ रहे हैं, लेकिन काष्ठ की शैलियों और प्रविधि (तकनीक) पर इतना जोर नहीं रहा। जिस ठोस चट्टान से इन गुफाओं की खुदाई की गयी थी, उनमें आकार, वजन और आयतन की सम्भावना थी। कारीगरों ने इसका पूरा फायदा उठाया। नक्काशी की बहुलता सिर्फ सजावट के लिए नहीं, बल्कि पूरे ढांचे को उद्भासित करने के लिए है।

इन गुफाओं में सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण नवीनता मूर्तियों की प्रचुरता है। हर सम्भव स्थान को, अग्रभाग तथा भीतरी भाग को, मूर्तियों से भरा गया है। प्रारम्भिक गुफाओं के वास्तुशिल्प में अपेक्षाकृत अधिक सादगी थी। लेकिन अग्रभाग में, निस्सन्देह, प्रारम्भिक नमूनों का विकसित रूप दिखाई देता है। समूचे अग्रभाग की लम्बाई में फैली पटरी का नमूना छोड़ कर दोहरी गोल कॉर्निस दी गयी है, जिसकी पूरी सतह में छोटे-छोटे चैत्य-गवाक्ष उभरे हुए हैं। इन गवाक्षों का आकार बहुत कम कर दिया गया है और ये सिर्फ सिर बाहर निकालने के लिए चौखटों का काम देते हैं। ऊपरी कॉर्निस पर बनी घोड़े के नाल के आकार की विशाल-चैत्य-खिड़की बहुमंजिला पर्दे के आगे उभरी हुई है। इस सामान्य और परम्परागत विशिष्टता के सिवा अग्रभाग का प्रारम्भिक गुफाओं की शैली से बहुत कम सम्बन्ध है। ऊपर और नीचे, दायें और बायें, खुदाई किये गये प्रांगण (फ. I, १) में, गैलरी के वीथिका स्तम्भों पर बनी चित्रवल्लरी में (फ. III, ५), और अन्त में, जो सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण बात है, मन्नती चैत्य में श्रद्धास्पद बुद्ध की प्रतिमाएँ खड़ी या बैठी मुद्रा में——उभार-शैली में अंकित की गयी हैं। दरअसल इस प्रकार के पूर्ववर्ती चैत्यों से विपरीत, जहाँ प्रतिमाएँ नहीं होती थीं, इन गुफाओं में प्रतिमाओं की भरमार है। इन गुफाओं के बारे में फरगूसन ने ठीक ही लिखा है, "विशुद्ध अनीश्वरवाद से गुजर कर हम अत्यधिक मूर्तिपूजा के युग में प्रवेश करते हैं।"[1]

एलोरा की गुफा नम्बर १० (फ. II, ३.४), जो विश्वकर्मा गुफा के नाम से प्रसिद्ध है, खोद कर बनाये गये चैत्य हॉल के नवीनतम नमूनों में से एक है। यह चैत्य अजन्ता के उन दोनों चैत्यों से मिलता है, जिनका जिक्र हम अभी कर चुके हैं। भीतर का विन्यास करीब एक सा है, लेकिन नक्काशी के अलंकरणों में उतनी समृद्धि या प्रचुरता

---

१. हि. इ. ई. आ. I, पृ. १५१।

नहीं है। कुछ दृष्टियों से यह चैत्य इस प्रकार के बौद्ध मन्दिरों में एक महत्त्वपूर्ण विकास चरण का प्रतिनिधित्व करता है। हाल के अर्द्धवृत्ताकार **कक्ष** का कोना पूरी तरह से मन्नती चैत्य ने घेर रखा है, जो आकार और रूप में दूसरेचैत्यों से भिन्न नहीं है, लेकिन जिसे बुद्ध की एक विशाल मूर्ति की स्थापना के लिए पूरी तरह से पृष्ठभूमि में डाल दिया गया है। इस मूर्ति में बुद्ध को दो खड़े हुए सेवकों के बीच प्रलम्बपाद आसन में दिखाया गया है। यह मूर्ति अग्रभाग का काम देती है और उपासना की मुख्य वस्तु है।

इस **चैत्य** की बाहरी अग्रभाग (फ. II, ३) में एक उल्लेखनीय परिवर्तन साफ नजर आता है। यहाँ पर सामने के प्रांगण का अधिकांश भाग निकाल दिया गया है। खुद अग्रभाग को भी दो अनुभागों में बाँट दिया गया है; निचला अनुभाग एक द्वार-मंडप (पोर्टिको) है, जिसमें स्तम्भ की पंक्ति है। ऊपर के अनुभाग में एक ऐसी-संरचना के दर्शन होते हैं, जो इस सन्दर्भ में एकदम असामान्य है। घोड़े की नाल वाली आकृति का विशाल द्वार, जो इस प्रकार के **चैत्यों** के अग्रभाग को विशिष्टता प्रदान करता था, उसका अभाव यहां पर पहली बार देखने को मिलता है। यह डिजाइन एकदम त्याग नहीं दी गयी, लेकिन उसका आकार छोटा कर दिया है, और जैसा हम इस **चैत्य** के छोटे से, लगभग वृत्ताकार, द्वार को देखकर अनुमान कर सकते हैं, इससे उसका विशिष्ट अर्थ ही नहीं लुप्त हुआ, बल्कि प्रत्यक्षतः उसका परम्परागत महत्त्व भी खत्म हो गया है। सम्भवतः यह परिवर्तन आने वाले परिवर्तनों का पूर्वाभास है। प्रतिमा-प्रचलन और उसकी लोकप्रियता के बाद **चैत्य** पूर्ववर्ती कालों की तरह श्रद्धा का सर्वाधिक महत्वपूर्ण केन्द्र नहीं रह सकता था। अजन्ता और एलोरा में चैत्य की बेदी पर बुद्ध की प्रतिमाएं स्थापित करना ही इस बात का सूचक है कि अब **चैत्य** अपने आपमें इतना पुनीत नहीं माना जाता था कि उन बौद्ध उपासकों की श्रद्धा और उपासना का केन्द्र बना रहता, जिनके दृष्टिकोण में इस बीच महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हो गये थे। **चैत्य** को यह पुनीत गौरव प्रदान करने के लिए "श्रद्धास्पद बुद्ध" की प्रतिमा की जरूरत पड़ गयी थी। एलोरा की विश्वकर्मा गुफा में **चैत्य** एक प्रकार से प्रतिमा की पृष्ठभूमि बन कर (फ. II, ४) अपनी पुरानी मन्नती विशेषता पूरी तरह खो देता है। हालाँकि इस प्रक्रिया में काफी समय लग गया, लेकिन प्रतिमा ने चैत्यों में प्रवेश पा लिया और बौद्ध उपासना में अपना सही स्थान बना लिया। इस प्रकार **चैत्य** की उपयोगिता समाप्त हो गयी और इसमें आश्चर्य की बात नहीं कि कालान्तर में भारतीय वास्तुशिल्प की दुनिया से इस प्रकार के मन्दिर जल्दी ही गायब हो गये।

२. संघाराम

संघाराम या विहार की योजना स्वभावतः बीच के प्रागंण के चारों ओर कोठरियों की कतारों के रूप में होती थी। चट्टानों को खोदकर बनाये गये विहारों में यह प्रांगण एक केन्द्रीय हाल का रूप धारण कर लेता था, जिसमें एक ओर भीतर जाने का रास्ता होता था, और उसके तीनों तरफ कोठरियां होती थीं। अजन्ता की अनेक विहार-गुफाओं

में लगभग बीस विवेच्यकाल की हैं। गुफा नम्बर ११ सबसे बाद की मालूम होती है और पूर्ववर्ती काल की १२ और १३ नम्बर की गुफाओं की तुलना में अधिक उन्नत वास्तुशिल्प की सूचक है। पुरानी गुफाओं में केन्द्रीय हाल बिना स्तम्भों का है। यद्यपि गुफा नम्बर ११ का हाल १२ नम्बर की गुफा के मुकाबले में क्षेत्रफल में छोटा है, लेकिन उसके बीच में चार स्तम्भ लगाये गये हैं (चित्र-१)। जाहिर है कि वे छत का भार संभालने के लिए हैं। हाल के गिर्द टेढ़ी-मेढ़ी शक्ल की कुछ कोठरियां हैं। हाल में



चित्र नं० १ अजन्ता

दाखिल होने से पहले एक बरामदा है, जिसमें स्तम्भों की एक कतार है और जो गुफा का अग्रभाग है। हाल की पिछली दीवार के पास तीन कोठरियों में से बीच की कोठरी को काटकर बुद्ध की बैठी हुई प्रतिमा तराशी गयी है। यह मन्दिर सम्भवतः मूलगुफा की खुदाई के बाद की तारीख का है। यह तारीख भी अनिश्चित है, लेकिन नासिक की श्रीयज्ञ गुफा से तुलना करने पर ऐसा लगता है कि इसके लिए सन् ४०० ईसवी की तारीख निर्धारित करना बहुत गलत नहीं होगा।

गुफा नम्बर ११, शायद, चट्टान काटकर बनाये गये विहारों में स्तम्भों के प्रयोग की सबसे पुरानी मिसाल है, लेकिन ऐसा लगता है कि कुछ काल तक दुविधा और संकोच की स्थिति बनी रही। उसके बाद ही इस प्रणाली को पूरी तरह सुसम्बद्ध अभिव्यक्ति

मिली, जिससे उसमें रंजनकारी और उपयोगी तत्त्वों का सामंजस्य हो सका, और जिसने हाल के आन्तरिक सौन्दर्य में अभिवृद्धि करके उसे प्रभावशाली बना दिया। गुफा नम्बर ७ में चार-चार स्तम्भों के दो समूह हैं, जो अगल-बगल में रखे गये हैं, जबकि गुफा नम्बर ७ की निचली मंजिल में, जो अजन्ता में दुमंजिली गुफा की एक मात्र मिसाल है, चार स्तम्भ बीच में हैं और फिर हाल के चारों ओर स्तम्भों की एक माला है। इन दोनों में से कोई भी संयोजना सन्तोषजनक नहीं समझी गयी; पहली तो इसलिए कि हाल की वर्गाकार योजना में वह अनुपयुक्त थी और दूसरी इसलिए कि स्तम्भों के दो समूहों के कारण, जो एक दूसरे के साथ लगे थे, सारा हाल अति संकुलित दिखाई देता था। लेकिन इन प्रयोगों से अन्ततः हाल के चतुर्दिक् बनी स्तंभावलि का एक सामंजस्यपूर्ण और एकीकृत अभिकल्प (डिजाइन) बना, जैसा हमें गुफा नम्बर ६ की ऊपर वाली मंजिल और उसके बाद की सभी मिसालों में देखने को मिलता है। स्तम्भों के प्रयोग का यह अधिक भव्य तरीका था, क्योंकि छत को सहारा देने के साथ-साथ, वे आन्तरिक सजावट को भी प्रभावशाली बनाते थे। इन स्तम्भों के नियमित अभिकल्प (डिजाइन) और उन पर तक्षण करके प्रचुर मात्रा में बनाये गये अलंकरण ने उनको अपार सौन्दर्य-वैभव प्रदान कर दिया है, जो कुछ गुफाओं में भित्तिचित्रों के कारण और भी बढ़ गया है।

अजन्ता की अन्य विहार गुफाओं में सबसे महत्त्वपूर्ण गुफाएं नम्बर १६, १७, १ और २ हैं। इनमें से पहली दो वाकाटक राजा हरिषेण के शासन-काल में सन् ५०० ई० के लगभग खोदी गयी थीं और अन्तिम दो, इससे लगभग एक शताब्दी बाद। इन गुफाओं का अपने शानदार भित्तिचित्रों के कारण भी अत्यधिक महत्त्व है। नम्बर १६ की गुफा का चौकोर हाल लगभग ६५ फुट लम्बा और ६५ फुट ही चौड़ा है, जिसमें चतुर्दिक् बीस खम्भों की स्तम्भावलि है, पृष्ठ-भाग में अन्दर की ओर खोद कर बनाये गये गर्भगृह में बुद्ध की **प्रलम्बपाद आसन** में प्रतिमा है और एक बरामदा है, जिसकी छत सामने के पाँच स्तम्भों पर टिकी है। बरामदे और हाल की दोनों बगलों में खोद कर बनायी गई चौदह कोठरियाँ हैं, जबकि गर्भगृह के दोनों ओर भी एक-एक कोठरी है। इस प्रकार उसमें कुल सोलह कोठरियाँ हैं। गुफा नम्बर १७ का अभिकल्प (डिजाइन) भी इससे बहुत कुछ मिलता-जुलता है। भित्ति चित्रों के अलावा ये गुफाएँ विभिन्न प्रकार की गढ़न के स्तम्भों और उनके असाधारण सौंदर्य के लिए भी उल्लेखनीय हैं। हालांकि गढ़न में कोई भी स्तम्भ दूसरे से नहीं मिलता, फिर भी, जैसा फर्गुसन (Fergusson) ने कहा है, उनमें "अभिकल्प (डिजाइन) और रूपाकार (फार्म) का एक व्यापक सामंजस्य है, जो उनके वैविध्य को अप्रिय नहीं होने देता।"[१] गुफा नम्बर १६ की विशेषता उसके अनुलम्बित या सर्पिल लम्बी धारी वाले स्तम्भ हैं, जिनके शीर्ष गोलाकार हैं और उन पर अनुप्रस्थ पट्टियाँ बनी हुई हैं। गुफा नम्बर १७ के स्तम्भों के तले और शीर्ष आमतौर पर चौकोर हैं और बीच में धारीदार हैं। आड़ी कड़ियों को थामने वाले ब्रैकटों की शक्ल

---

१. हि. इ. ई. आ. I, पृ० १९१.

पल्थी मारकर बैठे वामनों की है, जिनके मुख नीचे की ओर हैं। यह डिजाइन यद्यपि लकड़ी में खुदाई किये गए डिजाइनों की याद दिलाती है, लेकिन अद्‌भुत रूप से सामंजस्य-पूर्ण और सन्तोषजनक है।



चित्र नं० २ अजन्ता

अजन्ता की गुफा नम्बर १ भी लगभग इतनी ही बड़ी है और बहुत कुछ इसी अभिकल्प (डिजाइन) पर खोदी गयी है (चित्र २)। उसका अग्रभाग (फ. IV. ७) अपने वर्ग के स्थापत्य में सबसे अधिक अलंकृत और सुन्दर है। उसके खम्भों पर की गयी नक्काशी और मूर्तियों से बनी चित्रवल्लरियाँ उदात्त और भव्य प्रभाव उत्पन्न कर देती हैं। गुफा नम्बर २ भी उतनी ही अलंकृत है, लेकिन उसके अभिकल्प (डिजाइन) में सम्मितता और एकरूपता होने के कारण स्थापत्य में एक उच्चतर धारणा निहित है (चित्र ३)। इन दोनों गुफाओं से, जो लगभग ६०० ई० की हैं, जाहिर होता है कि गुप्त युग की कला की समृद्ध परम्परा, जो उत्तर भारत में गुप्त साम्राज्य के विघटन के कारण ह्रासोन्मुखी हो चली थी, दक्षिणापथ में श्रेष्ठ कला के निर्माण में प्रेरक शक्ति का काम कर रही थी।



चित्र नं० ३ अजन्ता

नम्बर १ और २ की गुफाएँ पूरी होने के बाद अजन्ता में कुछ और गुफाएँ खोदी गई थीं, लेकिन ऐसा लगता है कि उनमें से कोई भी पूरी नहीं की जा सकी। इनमें गुफा नम्बर ४ और २४ विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं, क्योंकि अगर अपने अभिकल्प (डिजाइन) के मुताबिक उनको पूरा करके अलंकृत किया गया होता तो वे अजन्ता की गुफाओं में सबसे श्रेष्ठ और सुन्दर होतीं। नम्बर ४ की गुफा का चौकोर हाल ८७ फुट लम्बा और चौड़ा है, अर्थात् अजन्ता की गुफाओं में सबसे बड़ा है। उसकी छत २८ स्तम्भों पर टिकी हुई है। भिक्षुओं की कोठरियों को छोड़कर वैसे यह गुफा पूरी हो चुकी है। गुफा नम्बर २४ (चित्र ४), जिसका हाल ७५ फुट लम्बा और चौड़ा था, और जिसमें शायद २० स्तम्भ होते, बहुत अधबनी हालत में है, सिर्फ उसका बरामदा और उसके अग्रभाग के स्तम्भ ही पूरे हो सके थे। दुर्भाग्य से एक को छोड़कर (फ. IV., ८) बाकी सारे स्तम्भ नष्ट हो चुके हैं। लेकिन अभिकल्प (डिजाइन) की भव्यता और छत के प्रस्तरपादों से जुड़े हुए शीर्षों की कुशल कारीगरी से अनुमान होता है कि इसे अजन्ता के विहारों में सबसे सुन्दर बनाने का इरादा रहा होगा। जो शीर्ष "कलश और पर्णावली" के नाम



चित्र नं० ४ अजन्ता

से प्रसिद्ध हैं और जो बाद में चलकर भारतीय वास्तुकला में इतने लोकप्रिय हुए, उनका वास्तु-शिल्प अजन्ता की गुफा नम्बर २४ में अपनी पूर्णता को पहुँचा हुआ लगता है। यह कहा जा सकता है कि इसके द्वारा अजन्ता की परम्परा अन्य स्थानों पर जारी रही, जबकि कुछ विद्वानों के अनुसार सन् ६४२ ई० में नरसिंह-वर्मन् पल्लव के हाथों पुलकेशिन् द्वितीय की पराजय और उसके परिणामस्वरूप दक्षिणापथ में अराजकता की स्थिति पैदा हो जाने के कारण अजन्ता में निर्माण-कार्य बन्द हो गया था।

अजन्ता से करीब १५० मील उत्तर-पश्चिम में, मध्य प्रदेश में, स्थित बाघ की विहार गुफाएँ योजना और संरचना की दृष्टि से अजन्ता की गुफाओं से निकट साम्य रखती हैं। लेकिन वे अपेक्षया अधिक सीधे-सादे किस्म की हैं और अजन्ता से उनका मौलिक भेद इस बात में नजर आता है कि वहाँ हाल के अन्तरतम भाग के अन्त में बने गर्भ-गृह के अन्दर चैत्य होता है न कि बुद्ध की प्रतिमा। एक फर्क यह भी है कि बाघ के एक बड़े विहार में एक शाला भी बनी हुई है, जिसका क्या प्रयोजन था, इसका ठीक से निर्णय नहीं किया जा सकता। इन गुफाओं की बनावट में एक और दिलचस्प तत्त्व यह है कि बीच के हाल में सामान्यतः जो स्तम्भावलि होती है, उसके मध्य में एक और स्तम्भावलि खड़ी की गयी है, जो निस्सन्देह छत को सहारा देने के लिए जरूरी समझी गयी थी, क्योंकि बाघ की शिला पर्याप्त मात्रा में समांग और बढ़िया नहीं है।

बाघ में नौ गुफाएँ हैं। अब तक प्राप्त प्रमाणों से जाहिर होता है कि ये गुफाएँ ५०० ई० और ६०० ई० के बीच खोदी गयी थीं। लेकिन मुलायम किस्म की शिला होने के कारण अधिकांश गुफाएँ ह्रास और स्खलन की शिकार हो गयी हैं। इनमें से नम्बर २ की गुफा (चित्र ५) अजन्ता की विहार गुफाओं से बिल्कुल मिलती है, सिर्फ उसके हाल के बीच में भी चार स्तम्भ जोड़े गये हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण गुफा नम्बर ४ है, जो एक विशाल विहार है और जिसका स्थानीय नाम रंगमहल है (चित्र ६)। इसका केन्द्रीय हाल करीब ९६ फुट लम्बा और चौड़ा है और अग्रभाग को छोड़कर बाकी तीनों पार्श्वों में भिक्षुओं की कोठरियों की पाँत है। अजन्ता की गुफा नम्बर ४ की तरह इसे भी अट्ठाईस स्तम्भों वाली गुफा कह सकते हैं, जिसके बीच में चार स्तम्भ और जोड़े गये हैं, जो बाघ की गुफाओं की सामान्य विशेषता है। इस गुफा की सबसे दिलचस्प विशेषता यह है कि इसके आगे एक अत्यन्त अलंकृत नक्काशी से युक्त द्वारमंडप (पोर्च) है (फ. V, १०)। एक विशाल प्रस्तर खंड बाहर निकला हुआ है, जो दो गोलाकार स्तम्भों पर टिका है और सामने की बगल को छोड़कर दोनों बगलों के मध्य से अन्दर की ओर प्रक्षेपित होता है। विहार में ऐसा अलंकृत द्वारमंडप (पोर्च) इस गुफा की ही विशेषता है जो अन्यत्र कहीं नहीं मिलता। इसी से लगा हुआ एक समकोणिक हॉल है जो लगभग ९६ फुट लम्बा और ४४ फुट अन्दर की ओर चौड़ा है, जो २२० फुट लम्बे बरामदे (चित्र ७) के द्वारा पहले की गुफा से जुड़ा है। बरामदे की छत को सहारा देने वाले २० स्तम्भों की पंक्ति निश्चय ही बहुत शानदार लगती होगी, लेकिन उनमें से अधिकांश अब नष्ट हो चुके हैं। इस समकोणिक हाल को आमतौर पर शाला का नाम दिया गया है, जो मुख्य



चित्र नं० ५ बाघ


SECTION on E F.
A
B
C
D
D1
E
F
G
H
J
K
CEILING NO 3
CEILING NO 2
49·0
ODEON.
FRONT VERANDAH WALL NO 1

चित्र नं० ६ बाघ



चित्र नं० ७ बाघ

विहार के साथ सम्बद्ध थी, और दोनों गुफाएँ कभी भित्ति-चित्रों से अजन्ता की तरह ही और शायद उससे भी श्रेष्ठ चित्रों द्वारा सजायी गयी होंगी।

औरंगाबाद[1] के निकट शिला काटकर बनायी गई, तीन समूहों में बंटी हुई, बारह गुफाएँ हैं। इनमें सिर्फ एक ही **चैत्य** गुफा है, बाकी सब विहार हैं। **चैत्य** गुफा की शैली से अनुमान होता है कि वह ईसा की दूसरी या तीसरी शताब्दी की है, लेकिन विहारों को किसी भी प्रकार ईसा की छठी सदी से पहले का नहीं माना जा सकता। सम्भावना इस बात की है कि ये विहार सातवीं सदी के हैं और उनमें से जो अधिक महत्त्व के हैं, वे सातवीं सदी के अन्तिम काल के हैं। उनके अभिकल्प (डिजाइन) और अलंकरण अजन्ता की सबसे बाद में खोदी हुई गुफाओं का स्मरण दिलाते हैं; यद्यपि यहाँ पर अजन्ता के मूल-अभिप्रायों की बड़ी कुशलता और सूक्ष्मता से नकल की गयी है, लेकिन वे यान्त्रिक और निर्जीव हो गये हैं (फ. V. ९)। उनमें वास्तु-शिल्प के उस सन्तुलन और संसक्ति का अभाव है जो अजन्ता की विशेषता है। **विहार**-गुफाओं में सबसे महत्त्वपूर्ण तीन और सात नम्बर की गुफाएँ हैं। तीन नम्बर की गुफा की योजना (प्लान) सामान्य प्रकार की है, जिसमें हॉल के अन्त में बने गर्भ-गृह के अन्दर बुद्ध की एक विशाल प्रतिमा स्थापित है। इस प्रतिमा के आगे पुरुष और स्त्री भक्तों के दो समूह उपासना के भाव में झुके हुए दिखाये गये हैं। इन आकृतियों में हर व्यक्ति का चारित्रिक वैशिष्ट्य इतनी खूबी के साथ अंकित किया गया है कि उन्हें औरंगाबाद के कलाकारों की सर्वश्रेष्ठ कृतियाँ माना जाता है। इसमें सन्देह नहीं कि मानव-आकृति के तक्षण में औरंगाबाद के कलाकार अद्वितीय थे। ये प्रतिमाएँ विशाल आकार की ही नहीं थीं, बल्कि निर्भीकता से उभारे हुए अंग और सजीवता का आभास उनकी विशेषता थी, विशेषकर उन प्रतिमाओं की, जो धार्मिक रूढ़ियों में बंधकर नहीं गढ़ी गयी थीं। गुफा नम्बर ७ एक प्रकार से असाधारण डिजाइन की है। इसमें गर्भ-गृह हाल के पीछे की दीवार में कक्ष के रूप में नहीं है, जैसा प्रायः होता था, बल्कि उसे हाल के बीचों-बीच बनाया गया है और उसके गिर्द परिक्रमा के लिए मार्ग रखा गया है और भिक्षुओं के कक्ष उसके गिर्द हैं। चूंकि ऐसा गर्भ-गृह गुफा खोदकर बनाये गये ब्राह्मण-प्रधान मन्दिरों की विशेषता है, इसलिए यह सुझाव असंगत नहीं लगता कि बौद्ध चैत्य के निर्माण में यहाँ ब्राह्मण-प्रधान मन्दिरों की नकल की गयी है। इस गुफा में भी अनेक मूर्तियाँ तराशी गयी हैं, यहाँ तक कि गर्भगृह के अन्दर भी मूर्तियों में नृत्य का एक दृश्य अंकित है। अपनी स्वाभाविक मुद्राओं, सुन्दर आकृतियों और उदात्त कल्पना की दृष्टि से इन मूर्तियों को भारत में बौद्धकला के श्रेष्ठतम नमूनों में गिना जा सकता है।

एलोरा में खोदी हुई गुफाएँ एक नीची पहाड़ी के लगभग एक मील लम्बे भाग में फैली हुई हैं। इस पहाड़ी के आगे एक विशाल मैदान है। यहाँ तीन वर्ग की गुफाएँ हैं—बौद्ध ब्राह्मण-प्रधान और जैन धर्मावलम्बियों की। दक्षिणी कोने पर स्थित १२ गुफाएँ बौद्ध

---

१. इ. आ. ले., xi, १९३७, पृ० १ प. पृ।

की हैं जिन्हें खोदने में दो सौ वर्ष लगे थे, सम्भवतः सन् ५५० से ७५० तक। इन बौद्ध गुफाओं को दो वर्गों में बाँटा जा सकता है। नम्बर १ से लेकर ५ तक की गुफाएँ, जो पहाड़ी के बिलकुल दक्षिणी कोने में स्थित हैं, पहले के समय की हैं। नम्बर ५ की गुफा को छोड़कर, जो गहनवाड के नाम से ज्ञात है, बाकी चार गुफाएँ अजन्ता के चैत्यों से अधिक भिन्न नहीं हैं। वे सब सिर्फ एक मंजिल की हैं और उनमें एक केन्द्रीय हाल है, जिसमें जाने के लिए बाहर के बरामदे से होकर जाना पड़ता है। भीतरी हाल की पिछली दीवार में अन्दर की ओर खोदकर बनाये मन्दिर या गर्भ-गृह हैं और दोनों बगलों में भिक्षुओं के लिए कोठरियाँ हैं। इनमें से गुफा नम्बर २ का विशेष रूप से उल्लेख जरूरी है, क्योंकि इसमें हाल की दोनों बगलों में खोद कर बनायी गई भिक्षुओं की कोठरियों के स्थान पर पार्श्वीय गैलरियाँ हैं, जो खानों में बंटी हुई हैं और हर खाने में बुद्ध की प्रतिमा उसी तरह तराशी गयी है, जिस तरह हाल के अन्त में बने मुख्य गर्भ-गृह में।

गुफा नम्बर ५, अर्थात् महनवाड, एक असाधारण गुफा है। भारत के विविध गुफा-मन्दिरों में उसकी कोई और मिसाल नहीं मिलती। विशाल आकार (दो गहरी और



चित्र नं० ८ एलोरा

बड़ी कोटरिकाओं के बीच ११७×७० फुट) की इस गुफा में एक लम्बा समकोणिक हाल है। जो मध्यभाग और स्तम्भों की पंक्तियों से पार्श्व की गैलरियों में बंटा हुआ है और जिसके अन्त में मन्दिर या गर्भ-गृह के कक्ष हैं, जिनके द्वार पार्श्वों की ओर से हैं (चित्र ८)। मध्यभाग की लम्बाई में दो चबूतरे समानान्तर शुरू से अन्त तक बने हुए हैं। यह एक विशेषता है जो केवल कान्हेरि की दरबार-गुफा में ही मिलती है। इस असाधारण संरचना का ठीक-ठीक प्रयोजन निश्चित रूप से मालूम करना कठिन है। कुछ विद्वानों के अनुसार यह व्यवस्था शायद इसलिए की गयी थी कि इस हाल का प्रयोग प्रीति-भोज[1] आदि के लिए भी किया जाता था, लेकिन सिक्किम की गुम्फाओं में लामाओं की प्रार्थना-विधियों की मिसाल देकर दूसरे विद्वानों का कहना है कि यह व्यवस्था धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न करने के विचार से की गयी होगी।[2]

दूसरे वर्ग में नम्बर ६ से १२ तक की गुफाएँ आती हैं। ये गुफाएँ अनुमानतः उन गुफाओं से बाद में खोदी गयी थीं, जिनका वर्णन अभी किया गया है। इनमें से विश्वकर्मा गुफा (नम्बर १०) एक **चैत्य** हाल है और उसका उल्लेख ऊपर किया जा चुका है। बाकी गुफाएँ भिक्षुओं के **विहार** हैं और अजन्ता के परवर्ती विहारों से मिलती-जुलती हैं। विश्वकर्मा के बगल की नम्बर ८ की गुफा इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि उसमें मन्दिर स्वतन्त्र है और उसके गिर्द परिक्रमा का मार्ग बना है, (चित्र ९) जैसा औरंगाबाद की कुछ गुफाओं में है।

लेकिन इस वर्ग की सबसे महत्त्वपूर्ण दो मंजिली गुफाएँ नम्बर ११ और १२ हैं, जो क्रमशः 'दोन थल' और 'तीन थल' के नामों से प्रसिद्ध हैं। ये दोनों गुफाएँ तीन-तीन मंजिलों की हैं; दोनों का नक्शा काफी कुछ एक जैसा है और उनके सामने बड़े-बड़े आँगन हैं। दोन थल वास्तव में गलत नाम है, क्योंकि यह गुफा तीन मंजिलों की है। लेकिन इसकी पहली मंजिल लम्बे काल तक दृष्टि से ओझल रही, क्योंकि उसमें मलबा भरा हुआ था, और ऊपर की दो मंजिलें ही दिखाई देती थीं, जिससे शायद इसका दोन थल नाम पड़ गया था। इन दोनों गुफाओं में नम्बर १२ की गुफा अर्थात् तीन थल अपेक्षया अधिक विस्तृत है। शिला काट कर बनाये गये द्वार के भीतर एक खुला आँगन है, जिससे आगे जाकर गुफा का अग्रभाग तीन अलंकृत मंजिलों में सामने उभरता है (फ. vii, १३)। इनमें से हर मंजिल पर आठ चकोर स्तम्भों वाला एक-एक बरामदा है, लेकिन भीतर की सजावट हर मंजिल की अलग-अलग है। निचली मंजिल का बरामदा तीन वीथियों में बँटा हुआ है और उसमें से गुजर कर स्तम्भों वाले एक हाल में प्रवेश करते हैं जिसका गर्भगृह हाल की सबसे पीछे वाली दीवार में है और उसके दोनों ओर छोटे-छोटे चौकोर कक्ष बने हैं। एक कक्ष का ज़ीना दूसरी मंजिल पर जाता है। वहां भी स्तम्भों वाला विशाल हाल है (चित्र १०), जिसकी पिछली दीवार में खोदकर गर्भगृह बनाया गया है

---

१. हि. इ. ई. आ. I, पृ० २०३।
२. ब्रा. इ. आ., पृ० ६९।



चित्र नं० ९ एलोरा



चित्र नं० १० एलोरा

और उसके दोनों तरफ मूर्तियों के लिए एक गैलरी बनी है जो प्रतिमा कक्ष का काम देती है, जैसा हमने पहले वर्ग की गुफा नम्बर २ में देखा। सबसे ऊपर की तीसरी मंजिल में हाल का नक्शा सलीबनुमा है जिसमें अक्षीय रूप में चबूतरा शिला से जाकर जुड़ता है और उसकी दोनों तरफ एक और चबूतरा समकोण पर आड़ा बना है। लम्बे और आड़े चबूतरे में छत की शिला को सहारा देने के लिए स्तम्भों की एक जैसी पंक्तियों का प्रयोग किया गया है। चबूतरे के अन्त में गर्भगृह है, जबकि भिक्षुओं के कक्ष सलीबाकार के गिर्द बने हैं।

इन दोनों तिमंजिली गुफाओं में अधिक शानदार तीन थल गुफा है जो सारे भारत में इस किस्म की गुफाओं में सबसे ज्यादा दिलचस्प है। इसका अग्रभाग (फ. vii, १३) लगभग पचास फुट ऊंचा है। हालाँकि उसकी बनावट बहुत सादी है लेकिन वह गुफा के बाह्य रूप को महान् भव्यता प्रदान करती है। अग्रभाग की इस सादगी की पूर्ति गुफा के अन्तर्भाग से होती है, जिसकी हर मंजिल को प्रचुर संख्या में मूर्तियों से सजाया गया है। हर मंजिल में सजावट और अलंकरण अलग-अलग ढंगों से किया गया है, लेकिन यह बात अभिकल्प (डिजाइन) की समान कलात्मकता और उसके संतुलित विन्यास को ही सूचित करती है। इसके अलावा उसके वास्तु-शिल्प में एक ऐसी शालीन और संयत कल्पना है, जिससे, फर्गूसन के शब्दों में,[१] "श्रेष्ठतर कल्पना गुफाओं की वास्तु-कला में अन्यत्र खोज पाना कठिन होगा।"

३. ब्राह्मण-धर्मी गुफाएँ

शिला काटकर बनाये गये ब्राह्मण धर्मी देवस्थानों की संख्या भी कम नहीं थी। इनमें सबसे पुराने गुफा-मन्दिर भोपाल राज्य में भिलसा के निकट उदयगिरि[२] के हैं। उदयगिरि में इस प्रकार के अनेक देवस्थान हैं, जिनका कुछ भाग गुफा खोद कर बनाया गया है और कुछ भाग पत्थरों से निर्मित है। इनमें से दो में चन्द्रगुप्त द्वितीय के शासन-काल के अभिलेख उत्कीर्ण हैं। एक अभिलेख (गुप्त) संवत् ८२ का है, जो सन् ४०१ ई० में पड़ेगा। इन देवस्थानों की, जो एक धार्मिक आन्दोलन का प्रतिनिधित्व करते हैं, तारीख पाँचवीं सदी के आरम्भ में रखी जा सकती है।

इनमें सबसे पुराने देवस्थान की पहचान यह है कि वे "बनावटी गुफा" (नम्बर १) पुकारे जाते हैं, क्योंकि एक कुदरती शिला-फलक के आगे खम्भेदार पोर्टिको जोड़कर मन्दिर बना लिया गया है। बाकी मन्दिरों में भी इस बनावटी गुफा का विकास ही मिलता है। उनमें शिला के अन्दर सादे चौकोर गर्भगृह खोदकर उनके आगे पत्थरों से कम गहराई वाले बरामदे या पोर्टिको जोड़ दिये गये हैं। ये देवस्थान, जिनका कुछ भाग शिला खोदकर और कुछ भाग इमारती है, उस काल के इमारती मन्दिरों की संरचना से सम्बद्ध हैं, जिसका विवेचन बाद में किया जायेगा। नम्बर ९ की गुफा, जो 'अमृत-गुफा'

---

१. हि. इ. ई. आ. ।, पृ० २०४.

२. आ. स. क. —, ४१ प. पृ.



चित्र नं० ११ बादामि

के नाम से प्रसिद्ध है, सम्भवतः इनमें सबसे बाद की है और उसे इस शैली के विकास का अगला चरण आरम्भ करने का श्रेय दिया जा सकता है। इसका गर्भगृह अपेक्षया अधिक बड़ा है, लगभग औरों से दुगुना, और इस विस्तार ने शायद चार स्तम्भों का प्रयोग आवश्यक बना दिया, जो शिला में से काटकर बनाये गये हैं और हाल के बीच में है तथा देवस्थान की छत की विशाल शिला का भार वहन करते हैं। यही विशेषता है, जिसने परवर्ती शताब्दियों में गुफा-मन्दिरों की परम्परा को और भी विकसित करने में योग दिया।

शैलकृत्त ब्राह्मण-धर्मी गुफा-देवस्थानों का दूसरा चरण हमें बीजापुर जिले के बादामि में मिलता है, जो महाराष्ट्र के दक्षिण-पूर्वी भाग में स्थित है। यह वातापीपुर का प्राचीन स्थान है, जो प्रारम्भिक चालुक्यों की राजधानी था। यहाँ पर शिला काट कर बनाये गये तथा इमारती दोनों प्रकार के देवस्थान हैं जो अपनी वास्तुशिल्पीय कारीगरी के लिए विशेष महत्त्व रखते हैं। यहाँ की गुफाओं[1] में बहुत कुछ एक जैसी तीन गुफाएँ ब्राह्मण-धर्मी सम्प्रदाय की हैं। इनमें तीसरे नम्बर की गुफा का विशेष महत्त्व है, क्योंकि इसमें शक संवत् ५०० (सन् ५७८ ई०) की तारीख का एक अभिलेख मिलता है, जो अन्य गुफाओं के निर्माण-काल का निर्णय करने में सीमाचिह्न का काम देता है।

उदयगिरि के पूर्वकालीन देव-मन्दिरों की तुलना में बादामि में मन्दिर-निर्माण की कला काफी विकसित नजर आती है। सम्भवतः हर देवस्थान के आगे एक खुला आँगन होता था (चित्र ११), जिससे गुजरकर स्तम्भों वाले एक बरामदे में पहुँचा जाता था, फिर स्तम्भों पर टिके एक हाल में और तत्पश्चात् हाल के अन्त में उस छोटे से चौकोर गर्भगृह के सामने, जो शिला में गहरा काटकर बनाया जाता था। इनका अग्रभाग अपेक्षया सादा है और बरामदे के स्तम्भों (फ. viii, १५) और सोपान-आधार पर बनी मूर्तियों की चित्रावलि के अलावा और किसी प्रकार की वास्तुशिल्पीय या मूर्तिकृत सज्जा का प्रभाव उत्पन्न करने की कोशिश नहीं की गयी है। लेकिन इन मन्दिरों का अन्तर्भाग बहुत समृद्ध है; इनके स्तम्भों के डिजाइन विविध प्रकार के हैं और बगल की सारी दीवारों की मूर्तियों और नक्काशी से खूब सजाया गया है।

शैलकृत्त गुफाएँ, जिनका दक्षिणापथ में व्यापक प्रचलन था, द्रविड़ देश में पूर्वी समुद्र तट को छोड़कर कहीं नहीं मिलतीं। पूर्वी समुद्र तट पर इस प्रकार की गुफाओं का प्रचलन शायद पल्लव राजा महेन्द्रवर्मन् ने ईसा की सातवीं शताब्दी के प्रथम चतुर्थांश में किया था।[2] दरअसल, यह राजा, जिसे 'तमिल सभ्यता के इतिहास में महानतम व्यक्तियों में से एक' कहा गया है, इस प्रकार के गुफा-देवस्थानों का विशेष रूप से शौकीन था, जो

---

१. ब्रा. इ. आ., पृ० ६२-६३ : हि. इ. ई. या II, १२६-१२७।

२. राजा महेन्द्रवर्मन् ने बड़े गर्व से वर्णन किया है कि उसके बनवाये शिला-मन्दिरों में ईंट, चूना धातु या लकड़ी (अनिष्ठकं असुधं अलौहं अद्रुमं निर्मापितम्-मन्दपगत्तु अभिलेख) का प्रयोग नहीं हुआ। इस वक्तव्य से जाहिर होता है कि ऐसे गुफा-मन्दिर दक्षिण के लिए नवीनता थे और राजा महेन्द्रवर्मन् पल्लव ने शायद वहाँ उनका प्रचलन किया था।

पूर्वी समुद्र-तट पर काफी संख्या में मिले हैं।[1] ये गुफा देवस्थान आमतौर पर अत्यन्त अपरिष्कृत आद्यरूप के हैं, जिससे सूचित होता है कि शिला काटने के तरीकों और तकनीक से इस क्षेत्र के कारीगर अपरिचित थे। इनमें से हर देवायतन में एक उथला-सा आयताकार स्तम्भों वाला हाल या मण्डप है और अन्दर की दीवार में गहरे काट कर बनाये हुए एक या दो कक्ष हैं। गर्भगृह के दोनों ओर के दरवाजों पर एक द्वारपाल की मूर्ति है जो उभार शैली में तराशी गयी है। ऐसी मूर्तियाँ मण्डप हाल के प्रवेश द्वारों पर भी कहीं कहीं मिलती हैं। द्वारपाल की मूर्तियाँ बादामि की एक गुफा में भी हम देख चुके हैं। और परवर्तीकाल के ब्राह्मण-धर्मी गुफामन्दिरों में द्वारपालों की मूर्तियाँ सामान्यतः पायी जाती हैं। गुफाओं के अग्रभाग में स्तम्भों की एक पंक्ति है, जो ऊपर और नीचे तो चौकोर हैं लेकिन उनका मध्य भाग अठपहलू है। इन स्तम्भों के शीर्ष टोडा की शक्ल के ब्रेकेटों के हैं, जिन पर प्रस्तरपाद टिके हैं। आरम्भकालीन गुफाएं इतनी सादी और अनलंकृत थीं कि उनमें स्तम्भों के ऊपर कपोत या कॉर्निस तक नहीं थे, जो ऊपर की शिला के खुर-दुरेपन को छिपा सकते। लेकिन बाद में एक उत्ताल ढंग के कार्निस बनाये जाने लगे, जिसे **चैत्य** खिड़की जैसे छोटे-छोटे आलों में रखे मानव सिरों की मूर्तियों से अलंकृत किया जाता था। इस कला-अभिप्राय को स्थानीय भाषा में **कुडु** पुकारा जाता है।

महेन्द्रवर्मन् के शासन-काल के अन्त में एक से अधिक मंजिलों की गुफाओं की खुदाई होने लगी, जैसा उन्दवल्ली और भैरवकोण्ड की गुफाओं से जाहिर है। लेकिन विस्तारण के बावजूद डिजाइन में कोई उल्लेखनीय विकास नहीं हुआ। वैसे, भैरवकोण्ड में गुफा के अग्रभाग के स्तम्भों के डिजाइन में एक महत्त्वपूर्ण परिवर्तन दिखायी देता है। यहाँ के स्तम्भ पतले और अठपहलू हैं, जिनके निचले भाग की आकृति बैठे हुए शेर की है। यह नयी डिजाइन पल्लव वर्ग के स्तम्भों की है और वे **याली** स्तम्भों के पूर्वरूप हैं जो पूर्णतः विकसित द्रविड़ शैली के स्तम्भों का विशेष नाम है।

महेन्द्रवर्मन् प्रथम के उत्तराधिकारी नरसिंहवर्मन् महामल्ल ने भी गुफा-मन्दिरों का निर्माण जारी रखा और साथ ही मामल्लपुरम् में कणात्मक गोलाश्मों में तराश कर बनाये अखंडित और बिना सहारे के स्वतंत्र रूप से खड़े रथों का निर्माण करवाया। इस समुद्री बन्दरगाह के नगर को उसने ही बसाया था। इसमें सन्देह नहीं कि ये रथ इमारती देवस्थानों की अनुकृति थे, इसलिए इनका वर्णन उनके साथ ही करना उचित होगा।

---

१. लौंगहर्स्ट, ए. एच.; **पल्लव आर्चिटेक्चर** (मे. आ. स. इ. सं० १७ तथा ३३)। पूर्व-कालीन गुफाओं की यहाँ सूची दी गयी है :—दल्वनूर (दक्षिण आर्कोट जिला) त्रिचिनापल्ली का "गुफा मन्दिर", मन्दपगहु (दक्षिण आर्कोट जिला, मल्लवरम् (चिंगलपेट जिला)। मलचेरी (दक्षिण आर्कोट जिला), वेजवाड (कृष्ण जिला), तिरुक्कलुक्कुन्नम् (चिंगलपेट जिला)। मलचेरी (दक्षिण आर्कोट जिला), वेजवाड (कृष्ण जिला), मोगलराजपुरम् (कृष्णा जिला), उन्दवल्ली (गुन्टूर जिला) तथा भैरवकोंड (वेलपोट जिला) कृष्णा जिले में बेजवाड और मोगलराजपुरम् की गुफाओं और गुन्टूर जिले में उन्दवल्ली की गुफाओं को कुछ विद्वान् विष्णुकुंडी वंश के राजाओं द्वारा बनवायी मानते हैं। लेकिन उनकी शैली से जाहिर होता है कि उन्हें पल्लव राजाओं ने खुदवाया था और वे गुफा-मन्दिरों के निर्माण की दिशा में सबसे पहली कोशिशों का परिणाम है।



चित्र नं० १२ मामल्लपुरम्



चित्र नं० १३ एलोरा

उस काल की गुफाओं में, जिनके नमूने मामल्लपुरम् में भी देखे जा सकते हैं, वराह (चित्र १२), त्रिमूर्ति, महिषमर्दिनी और पांडव-मंडप सबसे महत्त्वपूर्ण हैं। उनका नक्शा तो महेन्द्र-ग्रुप की गुफाओं के जैसा ही है, लेकिन अग्रभाग आमतौर पर अधिक अलंकृत हैं, उनके स्तम्भों की डिजाइन और उनकी कार्निस दोनों ही अधिक सूक्ष्म कारीगरी का परिचय देते हैं। इनमें पल्लव वर्ग के स्तम्भों का शिल्प अपनी पूर्णता को प्राप्त हुआ है। उनकी बनावट बड़े सन्तुलित अनुपात में हुई है और वे देखने में अत्यन्त मनोहर लगते हैं। स्तम्भ बैठे हुए शेर के सिर पर टिका है और आमतौर पर अठपहलू या लंबी धारियों वाला है। स्तम्भों के शीर्ष प्रायः कन्दीय शक्ल के होते हैं और उन पर एक चौड़ा शीर्ष-फलक रहता है (स्थानीय भाषा में उसे **पलगइ** कहते हैं) जिनके साथ टोडा की शक्ल के ब्रैकेट लगे होते हैं जो प्रस्तरपादों को थामते हैं। सूक्ष्म नक्काशी किये हुए दिलहों के अलावा इन स्तम्भों के लिए ही मामल्लपुरम् के **मण्डप** विशेष रूप से विख्यात हैं, और इनके सबसे सुन्दर नमूने वराह और महिषमर्दिनी मंडपों में देखने को मिलते हैं।

एलोरा की ब्राह्मण-धर्मी गुफाएँ, जो शिला के पश्चिमी भाग में स्थित हैं, लगभग सन् ६५० ई० से बाद की हैं। यहाँ कुल सोलह गुफाएं हैं, जिनमें दशावतार (गुफा नम्बर १५), रावन-का-खइ (नं० १४), रामेश्वर (नं० २१), धुमर लेण (नं० २९), और दूर दूर तक विख्यात कैलास (नं० १६) सबसे महत्त्वपूर्ण हैं। यह कैलास गुफा एक विशाल प्रतिष्ठान है, जो कांचीपुरम् के प्रसिद्ध कैलासनाथ और राजसिंहेश्वर मन्दिरों की अनुकृति में पूरा का पूरा शिला काट कर बनाया गया है। इन गुफाओं को तीन भिन्न कोटियों में बाँटा जा सकता है। पहली कोटि की गुफा में, जिसका सर्वश्रेष्ठ नमूना दशावतार गुफा (चित्र १३) है, एक स्तम्भों वाला हाल है, जिसके अन्त में भीतर की ओर खोदकर गर्भगृह बनाया गया है। इस गुफा का नमूना बौद्ध विहारों से मिलता जुलता है और इस स्थान पर वह ब्राह्मण धर्मी गुफाओं में सबसे पुरानी मालूम देती है। बौद्ध गुफाओं की तरह दोनों बगलों में भिक्षुओं के कक्षों की बजाय यहाँ पर मूर्ति-कक्ष[1] हैं, दीवारों को बाँटकर बराबर बराबर दूरी पर पार्श्वीय गैलरियाँ बनायी गयी हैं, जिनमें भित्ति-स्तम्भों के बीच अन्दर को धंसे हुए विशाल फलकों पर उभार शैली में मूर्त्तियां तराशी गयी हैं। यद्यपि इस गुफा को बौद्ध विहार के नमूने के अनुसार बनाया गया है, लेकिन गुफा के बाहर आँगन के बीच में खड़ी शिला को काट कर अलग से बनाये गये मंडप में स्पष्टतः ब्राह्मण धर्मी कला का स्पर्श नजर आता है।

दूसरी कोटि की गुफाएँ यद्यपि ऊपर वर्णित गुफाओं जैसी ही हैं, लेकिन उनके अन्दर के वास्तविक देवस्थान की एक अलग हैसियत है जिसके चारों ओर परिक्रमा की दालान बनी हुई है। गर्भगृह की कोठरी, जिसके चारों ओर मार्ग है, हाल के अन्त में शिला के एक विशाल आयताकार टुकड़े में खोद कर बनायी गयी है। गर्भगृह की ऐसी

---

१. बौद्ध विहारों में इसी प्रकार की संरचना के लिए देखिए एलोरा की गुफा नम्बर २ और तीन थल गुफा की दूसरी मंजिल।



चित्र नं० १४ एलोरा



चित्र नं० १५ एलोरा

व्यवस्था बौद्ध गुफाओं में भी कहीं कहीं मिलती है, जैसे एलोरा की गुफा नं० ८ में तथा औरंगाबाद की कुछ गुफाओं में, जिससे सूचित होता है कि बौद्ध और ब्राह्मणधर्मी गुफाओं का विकास समानान्तर रेखाओं में हुआ था। इस दूसरे टाइप की गुफाओं में सबसे श्रेष्ठ रावन-क-खाइ और रामेश्वर की गुफाएँ हैं (चित्र १४) जिनके गर्भगृहों की स्थिति दोनों में एक जैसे स्थान पर है, लेकिन अन्य छोटे छोटे ब्यौरों में उनके अन्दर काफी फर्क है। इन दोनों में निश्चय ही रामेश्वर की गुफा अधिक महत्त्वपूर्ण है, केवल इस कारण ही नहीं कि उसमें शिव के वाहन नन्दी का मन्दिर गुफा के द्वार पर, आँगन के बीचों बीच, स्थित है, बल्कि इस कारण कि उसके सभी भागों में प्रचुर मात्रा में अत्यन्त शानदार मूर्तियां तराशी गयी हैं और उसके विशाल स्तम्भों का डिजाइन अत्यन्त भव्य और कलात्मक है, साथ ही उनके ब्रैकेटों पर अत्यन्त मनोहर आकृतियाँ खोदी गयी हैं (फ. viii, १६)।

तीसरी कोटि की गुफाओं की मिसाल, जो आठवीं सदी के बाद की है, एलोरा की ब्राह्मण-धर्मी गुफाओं में सबसे अन्तिम धुमर लेणा की गुफा है। इसमें सलीबनुम एक हाल है जिसमें प्रवेश के एक से अधिक द्वार और आँगन हैं और जिसके भीतर मन्दिर सबसे अलग बना हुआ है (चित्र १५)। हाल की सलीबनुमा शक्ल कई हालों या आड़े कटे हुए हालों के मिलने से बनी है जिनको अनुप्रस्थ ढंग से संयोजित किया गया है, जिसकी शुरुआत नम्बर ६ की गुफा में या तीन थाल की सबसे ऊपर वाली मंजिल में पहले ही देखी जा सकती है। आमतौर पर इनमें तीन प्रवेश-द्वार हैं, लेकिन मुख्य द्वार मन्दिर के सामने है, और बाकी दोनों द्वार दोनों बगलों की तरफ से हैं। यह शैली गुफा-निर्माण की वास्तुकला में एक नये प्रकार की सूचक है और उसकी भव्यता में एक अपूर्व उत्कर्ष पैदा कर देती है। निश्चय ही इस प्रकार की संरचना उन शैलों पर निर्भर करती है, जिनमें गुफाएँ खोदी जाती हैं। लेकिन इस तथ्य से कि इस शैली की गुफाएँ अन्यत्र भी मिलती हैं (एलिफेन्टा और सल्सेट्टी में) यह जाहिर होता है कि यह डिजाइन पहले से निश्चित करके फिर उसके लिए स्थान और शैल का चुनाव किया गया था। यह सम्भव है कि इस वर्ग के गुफा मन्दिर कालानुक्रम की दृष्टि से प्रस्तुत पुस्तक के दायरे में नहीं आते हों, लेकिन हम संक्षेप में उन पर विचार कर सकते हैं, ताकि इस किस्म के वास्तुशिल्प का व्यापक चित्र मिल सके।

एलोरा की धुमर लेणा गुफा में एक सलीबनुमा शक्ल का हाल है जिसमें तीन प्रवेश द्वार हैं। इनमें से हर द्वार के आगे तीनों ओर आँगन है। मन्दिर हॉल की पिछली दीवार के पास है और भीमकाय चट्टान पर स्थित है जिस पर चढ़ कर गर्भगृह तक पहुँचने के लिए चारों ओर से काटकर सीढ़ियाँ बनायी गयी हैं। चारों ओर सीढ़ियों के रक्षकों के रूप में विशाल मूर्तियाँ खड़ी हैं। हाल की छत वाली शिला को भीमकाय स्तम्भों की पंक्तियाँ थामे हुए हैं और तीनों ओर के चौड़े प्रवेश-द्वारों की स्तम्भ-पंक्तियाँ अन्तर्भाग को एक सुखद और मनोहर दृश्य का रूप देती हैं, जिसमें एकान्तर रूप से छाया और प्रकाश का समाँ रहता है। स्तम्भ विराट आकार के हैं। तले में वे चकोर हैं लेकिन ऊपर गोल और धारीदार हैं तथा उनके शीर्ष धारीदार 'तोषक' की शैली के हैं। अपनी वास्तुकला और संरचना की दृष्टि से और साथ ही भीमाकार स्तम्भों और मूर्तियों के कारण यह

गुफा ब्राह्मणधर्मी गुफाओं में सम्भवतः सर्वोत्कृष्ट है, केवल एलोरा में ही नहीं बल्कि अन्य स्थानों की गुफाओं की तुलना में भी।

बम्बई के निकट एलीफेन्टा के द्वीप पर स्थित ब्राह्मण धर्मी गुफा की संरचना यद्यपि धुमर लेणा की गुफा के समान है, लेकिन वह अपेक्षया छोटी है और उसका नक्शा उतना सम भी नहीं है (चित्र १६)। इसमें भी तीनों ओर से तीन प्रवेश-द्वार हैं, जिनके आगे एक एक आँगन है। लेकिन अनुलग्न हालों की आड़ी व्यवस्था के बावजूद यहाँ पर हाल की शक्ल धुमर लेणा की तरह स्पष्ट नहीं है। मुख्य हाल में यद्यपि लिंग का मन्दिर अलग है और किसी से जुड़ा हुआ नहीं है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि गुफा का मुख्य गर्भगृह आड़े बाजू में स्थित है, जहाँ महेश के रूप में शिव की मूर्ति है, जो सारे भारत की मूर्तियों में सबसे सुन्दर मानी जाती है (फ. xxxv, ८५)। इस गुफा के स्तम्भ शैली, आकार और व्यवस्था की दृष्टि से धुमर लेणा से मिलते हैं। दरअसल यह कहा जा सकता है कि "तोषक" शैली के स्तम्भशीर्षों ने, जिनका प्रयोग छठी सदी से ही होने लगा था, इन दोनों गुफाओं में अपने रूप-सौन्दर्य में कलात्मक पूर्णता प्राप्त कर ली है। धुमर लेणा की तरह इस गुफा में भी गर्भगृह के चारों ओर रक्षकों की विशाल मूर्तियाँ हैं, और गुफा की सारी दीवारों को विशाल फलकों में बाँट कर उन पर मूर्तियाँ तराशी गयी हैं। सौन्दर्य और श्रेष्ठता की दृष्टि से एलीफेन्टा की ये मूर्तियाँ, जिन्हें प्लास्टिक कला के अद्भुत नमूने कहा गया है, एलोरा की धुमर लेणा गुफा से श्रेष्ठतर हैं, क्योंकि वास्तु शिल्प की दृष्टि से उनका निर्माण अधिक सन्तुलित और आंगिक कला का परिचय देता है।

सलसेट्टि के द्वीप में जोगेश्वर के मन्दिर[1] को ब्राह्मण-धर्मी की गुफा-वास्तुकला का सबसे बाद का उदाहरण माना जा सकता है। इसका वास्तुशिल्प अपेक्षया काफी निम्नस्तर का है। अब तक प्राप्त पुराने मन्दिरों के अवशेषों को देखते हुए कहा जा सकता है कि ब्राह्मण प्रधान धर्मों के अनुयायियों ने चौथी सदी ईसवी के अन्त या पाँचवीं सदी के आरम्भ में गुफाएँ खोदकर मन्दिरों का निर्माण करना शुरू किया था, लेकिन अधिक महत्त्व के ब्राह्मण-धर्मी देवस्थानों का छठी सदी के अन्त से लेकर आठवीं सदी के बीच निर्माण किया गया। इसके अलावा गुफाओं के अन्दर भी वास्तविक देवस्थानों की संरचना में इमारती मन्दिरों की ही नकल की गयी है। गुफाएँ खोदकर मन्दिर बनाने की प्रथा ब्राह्मण-धर्मी उपासना के लिए अधिक उपयोगी नहीं थी, इसलिए इस बात पर जरा भी आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि भारत में मिलने वाले बारह सौ गुफा-मन्दिरों में से सिर्फ सौ गुफा-मन्दिर ही ब्राह्मण-धर्मी हैं। सम्भव है कि यह प्रथा बौद्धों की देखादेखी शुरू हुई हो। लेकिन ब्राह्मण प्रधान धर्मों की उपासना के लिए ऐसे गुफा-मन्दिरों की अनुपयुक्तता उत्तरोत्तर अनुभव की जाने लगी। यह तथ्य इस बात से जाहिर है कि धीरे धीरे इमारती मन्दिरों की शक्ल पर ही गुफाओं के अन्दर भी एकाश्म शैलकृत देवायतन भी अलग से बनाये जाने लगे थे।

---

१. ब्रा. इ. आ., पृ० ८५-८६।



चित्र नं० १६ एलीफेन्टा

४. जैन गुफाएं

विवेच्य-काल में खोदी गयी जैन-गुफाओं की संख्या बहुत थोड़ी है। यहाँ पर बादामि की एक जैन-गुफा[1] और ऐहोल की जैन-गुफा का उल्लेख किया जा सकता है। दोनों ही सातवीं सदी ईसवी के मध्य की प्रतीत होती हैं। उनका नक्शा मूलतः एक-सा है और वे उस काल की अन्य बौद्ध धर्मी या ब्राह्मण धर्मी गुफाओं से पूरी तरह भिन्न प्रकार की नहीं हैं। इन दोनों में स्तम्भों वाला एक चौकोर हाल है, जिसके अन्त में दीवार में खोदकर गर्भगृह बनाया गया है, जिसकी दोनों बगलों में प्रार्थनालय बने हुए हैं।



चित्र नं० १७ एलोरा

१. वही, पृ. ६४।

जैन गुफाओं में सबसे अधिक उल्लेखनीय गुफाएँ एलोरा में पहाड़ी के उत्तरी शृंग में हैं। यद्यपि वे आठवीं सदी से पहले की नहीं हैं और इस प्रकार पुस्तक के प्रस्तुत भाग की सीमा से बाहर पड़ती हैं, लेकिन गुफाओं के वास्तुशिल्प का पूरा चित्र देने के लिए यहाँ पर उनका विवेचन किया जा सकता है। इस वर्ग के पाँच गुफा-मन्दिरों में से केवल तीन ही एक सीमा तक महत्त्वपूर्ण हैं, जिनके नाम छोटा कैलास (नं० ३०), इन्द्रसभा (नं० ३२) और जगन्नाथ सभा (नं० ३३) हैं। इनमें से पहली गुफा, जैसा नाम से ही सूचित है, प्रसिद्ध कैलास गुफा का छोटा रूप है। दूसरी गुफा भी आंशिक रूप में इमारती मन्दिर की ही अनुकृति है। आँगन में एकाश्म शैलकृत्त देवस्थान (चित्र १७) और आँगन का प्रवेश-द्वार मूलतः द्रविड़ शैली के हैं, जो प्रसिद्ध कैलास मन्दिर में मिलती है। एकाश्म देवस्थान के पीछे दो मंजिली गुफा का अग्रभाग है (फ. vii, १४)। इनमें से हर गुफा के अन्दर स्तम्भों वाला एक हाल है, जिसकी पिछली दीवार में गर्भगृह है और दोनों ओर कक्षों की पाँत है। ऐलोरा की इन्द्रसभा गुफा, विशेष रूप से उसकी ऊपरवाली मंजिलें (चित्र १८), इस स्थान के गुफा मन्दिरों में सर्वश्रेष्ठ हैं। जगन्नाथ सभा एक प्रकार से इन्द्र सभा की ही नकल है, लेकिन उसमें उतना सन्तुलित और आंगिक कला का रूप-विन्यास देखने को नहीं मिलता।

एलोरा में जैन गुफाओं के निर्माण के साथ ही भारत में गुफा वास्तुशिल्प की परम्परा का अंत हो गया। इस पुरानी और सुदीर्घ परम्परा के अन्त का पूर्वाभास तो



चित्र नं० १८ एलोरा

तभी से मिलने लगा था, जब से पहाड़ी के अन्दर अक्षीय रूप से हाल और मन्दिर खोद कर बनाने की बजाय एकाश्म शैल को तराश कर संरचनात्मक (इमारती) शैली के मन्दिर बनाने की प्रथा चल पड़ी थी, जिसकी परिणति मामल्लपुरम् के पल्लव रथों से शुरू होकर एलोरा के महान् कैलास मन्दिर में दिखाई पड़ती है। इस नयी प्रथा का प्रचलन उत्तरोत्तर बढ़ता गया, जो इस बात का सूचक था कि शैलकृत्त गुफा-मन्दिर बनाने की तकनीक का, जिसकी परम्परा भारतीय वास्तु-शिल्प में इतनी पुरानी थी, अन्त समीप था। संरचनात्मक (इमारती) शैली ने, अपनी विशाल सम्भावनाओं और व्याप्ति के कारण, उन निर्माताओं को सृजन का असीम क्षेत्र प्रदान किया जो शैल काट कर देवस्थान-निर्माण की शैली की अपेक्षा इसके अधिक फायदों से परिचित थे। इसलिए, इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है कि इमारती भवन-निर्माण कला के तीव्र विकास के साथ ही शैलकृत्त गुफाएँ और देवायतन बनाने की शैली अन्ततः एक लम्बी परंपरा और विशेष सुविधाओं के बावजूद, पुरानी पड़ गयी और अप्रचलित हो गयी।

II. इमारती भवन

१. मन्दिर

गुप्तकाल ने भारतीय वास्तु कला में एक नये युग का सूत्रपात किया था। उस समय तक देवस्थान और विहार आमतौर पर लकड़ी, बाँस आदि शीघ्र नष्ट हो जाने वाली सामग्री के बनाये जाते थे; इस कारण इनके रूपाकार अथवा संयोजना में वास्तुशिल्प के सिद्धान्तों के ठीक ठीक प्रयोग की गुंजायश बहुत कम थी। अब एक नयी दृष्टि लेकर भारतीय शिल्पकार स्थायी सामग्री, विशेष ईंटों और तराशे हुए पत्थरों का प्रयोग करने लगे। उनका उत्पादन भी प्रचुर था। समकालीन शिलालेखों में न केवल इस काल में निर्मित बहुत से मन्दिरों का विवरण दिया गया है, बल्कि ऊँचे मन्दिरों और विशाल इमारतों से सुशोभित सुन्दर वैभवशाली नगरों का भी उल्लेख किया गया है।[१] ह्वेन-त्सांग के विवरण से यह स्पष्ट प्रमाणित होता है कि कैसे अपेक्षया कम अवधि में यह देश किस्म-किस्म की इमारतों से अक्षरशः जड़ दिया गया था। लेकिन इनमें से अधिकांश इमारतें नष्ट हो चुकी हैं। जो विनाश से बची हैं वे शिल्प की दृष्टि से अपूर्ण और अपरिष्कृत हैं। लेकिन स्थापत्य के ये प्रारम्भिक प्रयास भी कम दिलचस्प नहीं हैं। भावी विकास पर उनका जो प्रभाव पड़ा, उसके कारण वे भारतीय वास्तुशिल्प (स्थापत्यकला) के अध्ययन के लिये बहुमूल्य हैं।

मूर्तिपूजा से सम्बन्धित आनुष्ठानिक आवश्यकताओं के लिए शैलकृत्त गुफाएँ उपयुक्त नहीं होतीं। देवमूर्ति की विधिपूर्वक प्रतिष्ठापना के लिए इमारती शैली में बने

---

१. मन्दसौर के शिलालेख की तुलना कीजिए, vv. १०-१२ (cii II III सं० xviii; सरकार : सले. इंस्कि. २९१)।

मन्दिरों की जरूरत पड़ती है इसलिए इस प्रकार के मन्दिर-निर्माण के लिए स्थापत्य की इस नयी प्रवृत्ति में मंदिरों के सामान्य रूप-रंग और ढाँचे की दृष्टि से विविधता लाने की अनेक शैलियाँ अपनायी गयी हैं। रूपाकार और शैलियों के इसी वैविध्य के कारण इस काल की स्थापत्य कला विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण है। इस काल में अनेक शैलियों और रूपों के परीक्षण हुए और अन्त में कुछ निश्चित शैलियों को चुनकर उनमें भी और अधिक अलंकरण तथा क्रिस्टलीकरण की चेष्टा की गयी। इस काल के मंदिरों को निम्न सुपरिभाषित श्रेणियों में बाँटा जा सकता है[1]—

१—चपटी छत वाले चौकोर मन्दिर—जिनके सामने एक संकरा द्वार-मण्डप (पोर्च) है।

२—चपटी छत वाला चौकोर मन्दिर, जिसमें गर्भगृह के गिर्द ढंका हुआ प्रदक्षिणापथ है और सामने की ओर एक द्वार-मंडप (पोर्च) है। कई बार ऐसी श्रेणी के मन्दिर दो मंजिले भी होते हैं।

३—चौकोर मन्दिर जिसके ऊपर एक झुका हुआ और नाटा **शिखर** होता है।

४—आयताकार मन्दिर, जिसका पिछला भाग अर्द्धवृत्ताकार है और ढोलकाकार छत है।

५—गोलाकार मन्दिर जिसके चारों दिशाबिन्दुओं में छोटे छोटे प्रक्षेपण हैं।

चौथी और पाँचवीं श्रेणी के मन्दिर प्रारम्भिक शैलियों के अवशेष रूप में पहचाने जा सकते हैं। चौथी श्रेणी विख्यात बौद्ध **चैत्य** शैली की और पाँचवीं श्रेणी **स्तूप** के नमूने की है; विशेषकर इन श्रेणियों के मन्दिर दूसरी, तीसरी और चौथी सदी ईसवी में आन्ध्र में बने स्तूपों की अनुकृतियों जैसे हैं। तेर का मन्दिर[2] (शोलापुर जिला) और चेजार्ला का कपोतेश्वर मन्दिर (कृष्णा जिला) (चित्र १६)[3], जो चौथी-पाँचवी सदी के लगते हैं, चौथी श्रेणी के मन्दिर हैं। अपेक्षया इन दोनों मन्दिरों की संरचनाएँ छोटी हैं, जो वास्तु शिल्प की किसी खूबी का दावा नहीं करतीं। लगता है कि वे पहले संरचनात्मक चैत्य-हाल थे, जिन्हें बाद में प्रधान ब्राह्मण धार्मिक रीतियों के लिए हथिया लिया गया, इसीलिए वे अब तक सुरक्षित भी रह सके हैं।

ऐहोल का दुर्गा-मन्दिर,[4] जो सम्भवतः छठी सदी ईसवी का है, स्पष्टतः ऊपर की श्रेणी के मन्दिरों से सम्बन्धित है। लेकिन उसकी छत चपटी है और उसके गर्भगृह के ऊपर एक शिखर है। स्तम्भों की एक परिरेखा अनुप्रस्थ मार्गों वाले ऊँचे आधार पर स्थित मन्दिर के चारों ओर बनी हुई है।

---

१. ज. इ. सो. ओ. आ., viii, पृ० १४६-५८।

२. हि. इ. इ. आ. पृ० ४७।

३. वही, चित्र १४७।

४. वही। चित्र १५२ : कॉसेन्स, एच. : ऐंशिएंट टेम्पुल्स आफ ऐहोल (आ. स. इ. १९०७-०८, पृ० १९४); कॉसेन्स, एचः : **चालुक्यान आर्चिटेक्चर आफ दि कनारीच डिस्ट्रिक्ट्स,** पृ० ३८-४०, फलक ix-xi.



चित्र नं० १९ चेजार्ला

इसमें सन्देह नहीं कि ये इमारती मन्दिर बौद्धों के चैत्य-हालों की नकल पर बनाये गये थे, जो उन दिनों वास्तुकला का पूर्वकालीन नमूना था। लेकिन मूर्तियों की बढ़ती हुई लोकप्रियता के कारण मन्नती उपासना गृह के रूप में चैत्य-हाल का इस्तेमाल धीरे धीरे समाप्त हो गया।

पाँचवीं श्रेणी के मन्दिर की मिसाल ईटों की उस बेलनाकार इमारत में मिलती है जो मणियार मठ के नाम से प्रसिद्ध है—मनि नाग का देवस्थान जो राजगृह (राजगिर) के प्राचीन नगर के बीचोबीच स्थित है।[१] इस स्थान की सुव्यवस्थित खुदाई से पता चला है कि यहाँ पर कई युगों की सामग्री जमा होती रही है और उनमें से एक स्तर निश्चित रूप से हमारे विवेच्य काल का है। इस विशेष स्तर में एक वृत्ताकार दीवार है जिसमें चार दिशा-बिन्दुओं पर छोटे छोटे प्रक्षेपण हैं, जिन्हें चारों ओर आलों में बनी गचकारी की मूर्तियों से सजाया गया है (फ. x, १९)। यह मन्दिर एक पूर्वकालीन इमारत पर टिका हुआ है, जो खोखली बेलनाकार शक्ल की थी और आन्ध्रदेश के पूर्वकालीन स्तूपों के आयक प्रक्षेपणों से काफी मिलती जुलती थी। उत्तर दिशा में इसका एक प्रवेश-द्वार है और उसके गिर्द की दीवार, जो अब चौकोर है, लगता है कि आरम्भ में वृत्ताकार थी। विवेच्यकाल की जो संरचना है, उसमें बेलनाकार शक्ल नीचे की पूर्वकालीन इमारत के विन्यास के अनुसरण से ही बन गयी है न कि जानबूझकर एक नये रूप का विकास करने की खातिर उसे इस तरह वृत्ताकार बनाया गया है। चौथी और पाँचवीं श्रेणी के मन्दिरों के रूपकारों का, लगता है, परवर्ती वास्तुकला पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा, यद्यपि इस श्रेणी के इक्के दुक्के मन्दिर बाद के कालों में भी बनते रहे।

(१) पहली श्रेणी के मन्दिर

लेकिन इसी युग में बने अन्य तीन प्रकार के मन्दिरों को मध्यकालीन भारतीय वास्तु-शैलियों का अग्रगामी माना जा सकता है। पहली श्रेणी का मन्दिर, जिसकी छत चौकोर और सपाट होती थी, एक प्रकार से बुनियादी रूप प्रतीत होता है, जिसके परिष्कृत रूप दूसरी ओर तीसरी श्रेणी के मन्दिर हैं। पहली श्रेणी के मन्दिर की एक प्रतिनिधि मिसाल साँची के मन्दिर नं० १७ में मिलती है (फ. x, २०)[२] जो एक छोटा, सादा सा मन्दिर है, जिसमें एक छोटे से चौकोर कक्ष के अलावा, जिसके आगे एक स्तम्भों वाली दालान है, और कुछ नहीं है (चित्र २०-२१)। यद्यपि यह मामूली आकार का देव-स्थान है, पर इसकी संरचनात्मक उपयुक्तता, प्रति साम्यता और आनुपातिक सुडौलपन, सादे फलकों की खूबी और अलंकरण में संयमित सन्तुलन ग्रीस की शास्त्रीय वास्तुकला के किसी भी नमूने की तुलना में रखे जा सकते हैं। इस श्रेणी के अन्य मन्दिर तिगावा

---

१. कुरैशी, एम. एच. तथा घोष: **ए गाइड टु राजगिर,** पृ२३-२४, फ-V।

२. आ. स. क. X, ६०-६२; फलक XVI, XX; हि. इ. इ. आ., पृ० ७८, चित्र १५१; मार्शल, जे., **गाइड टु साँची,** पृ० ११७-११९, फ. VII।



चित्र नं० २० सांची





चित्र नं० २१ सांची

(फ. xi, २१)[१] और एरन[२] में मिलते हैं। एक बड़ी तादाद में इस काल की मूर्तियाँ और वास्तुशिल्प के अवशेष नाचना कुठारा[३], गढ़वा[४], बिल्सद,[५] खोह[६] आदि स्थानों पर मिले हैं, लेकिन उनकी इमारतें, जो शायद ईंटों की थीं, बिल्कुल नष्ट हो चुकी हैं।

साँची, तिगावा और एरन के मन्दिर इस श्रेणी के मन्दिरों के सबसे सुरक्षित मन्दिरों की मिसाल हैं। कनिंघम ने बहुत पहले ही प्रस्ताव किया था कि पोर्टिको के स्तम्भों के "घंटाकार" शीर्षों के व्यास और उनकी ऊँचाई के सापेक्ष अनुपात के आधार पर इन मन्दिरों का कालानुक्रम निश्चित करना चाहिए। यद्यपि इस बात के अनावश्यक विस्तार में जाने की जरूरत नहीं है, फिर भी इस तथाकथित "घंटाकार शीर्ष" पर की गयी नक्काशी से इन मन्दिरों की सापेक्ष तिथि का अनुमान किया जा सकता है। तिगावा के मन्दिर में (फ. xi, २१) हमें उलटे हुए अलंकरण की कला का प्रारम्भिक रूप देखने को मिलता है और नक्काशियों की रूढ़ शैली से जाहिर होता है कि यह मन्दिर एरन के मन्दिर से पहले का है। सांची में हमें 'साँदे नरकुली घंटाकार' शीर्ष मिलते हैं, जिनमें किसी प्रकार के भी उलटे हुए अलंकरण नहीं हैं और इसलिए इसे इमारती किस्म का सबसे प्राचीन मन्दिर[७] कहना शायद ठीक ही हो। स्मिथ[८] ने तिगावा के मन्दिर को समुद्रगुप्त के काल का बताया है। यह तारीख सम्भवतः बहुत गलत नहीं है। लेकिन यह दावा कि एरन का विष्णु मन्दिर भी समुद्रगुप्त के काल का है, स्वीकार नहीं किया जा सकता। घंटाकार शीर्ष की रूढ़ शैली के अतिरिक्त विष्णु मन्दिर के तीन मुखों के बीच में पुश्ता-प्रक्षेपणों से भी, जो सामने के मुख्य द्वार पर बनाये गये प्रक्षेपण से मिलते हैं, यही अनुमान करना चाहिए कि ये बाद की ईजाद हैं, क्योंकि यह मुख्य द्वार का प्रक्षेपण स्वयं बाद की वस्तु है। सादी और नंगी दीवारों में इस प्रकार एक वैविध्य उत्पन्न कर दिया गया है। बाद में चलकर मन्दिरों के वास्तुशिल्प में छाया और प्रकाश को बाँटने में इस प्रकार की संरचना ने, न केवल भारत में ही बल्कि भारत के बाहर दक्षिण-पूर्व एशिया में भी, अत्यन्त महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की।[९]

इस काल के मन्दिरों के विभिन्न वास्तु-रूपों में इस श्रेणी के मन्दिरों का विशिष्ट स्थान है, क्योंकि उन्हीं के आधार पर मन्दिरों की भावी वास्तु-कला का विकास हुआ। जमीन पर गर्भगृह का नक्शा आमतौर पर हमेशा ही वर्गाकार होता है, यद्यपि कहीं कहीं

---

१. आ. स. क., ix, ४२, ४५-४६, फ. x. xi; बनर्जी, आर. डी.; ए. इ. गु., चित्र vi; ब्राउन, पर्सी : **इंडि. आर्क्यो. बुद्धि. एंड हिन्दु,** फ. xxxiv।

२. आ. स. क. x, ८२-८९, फ xxv-xxx।

३. प्रो. आ. स. इ., वे. स. १९१९, पृ० ६१।

४. आ. स. क. x. १. १९. फ. vi-vii।

५. वही, xi, १७-१८, फ. v-vi।

६. वही, x, ६ : प्री. आ. स. इ., वे. स. १९२०, पृ० १०५-०६ और फलक।

७. आ. स. क. x, ६२।

८. स्मिथ, वी० ए० : **इंडियन स्कल्प्चर ऑफ दि गुप्ता पीरियड,** (ओत्सा. III, ४)।

९. आ. स. क. x, फल xxv।

आयताकार गर्भगृह भी मिलते हैं, जैसे एरन के विष्णु और वराह मदिरों में। गर्भ-गृह से पहले एक छोटा सा द्वार-मंडप (पोर्च) होता है, जिसके चार स्तम्भों पर छत के प्रस्तर-पाद टिके होते हैं। पार्श्व की बजाय मध्य का स्तम्भीकरण अपेक्षया अधिक है। कनिंघम इसे इस शैली की एक गौण विशेषता मानता है।[1] द्वारमण्डप (पोर्च) में सीढ़ियाँ चढ़कर जाना होता है। मन्दिर की दीवारें सपाट होती हैं, सिर्फ पोर्च की छत के प्रस्तरपादों की सीध में चारों ओर एक गढ़न होती है—कनिंघम के अनुसार यह भी इस शैली की एक विशेषता है। छत पत्थर की आयताकार पटियों से बनी होती है जो दीवारों पर एक दूसरे से सटाकर रखी जाती हैं और उनमें अक्सर खाँचे बने होते हैं, जैसा तिगावा के मन्दिर में देखा जा सकता है। बारिश का पानी निकालने के लिए सबसे ऊपर फुहारे बने होते हैं। सपाट दीवारों की सादगी स्तम्भों और दरवाजों की चौखटों की सजावटी नक्काशी की तुलना में आकर्षक वैषम्य प्रस्तुत करती है।

इमारती मन्दिरों के आद्य-रूप वाली श्रेणी में गर्भगृह, जिसका एक ही प्रवेश द्वार और मंडप होता है, पहली बार देखने को मिला। उदयगिरि में शिला काटकर बनाये गये हू-ब-हू एक जैसे मन्दिर नजर आते हैं, जिनके सामने संरचनात्मक (इमारती) मंडप है। इनमें से दो मन्दिर, जैसा हम ऊपर बता चुके हैं, चन्द्रगुप्त के काल के हैं। सम्भवतः इसी तरह के गुफा मन्दिर पहले भी रहे होंगे, और यह भी सम्भव है कि इस श्रेणी की आद्य इमारतों के प्रारम्भिक रूप पूर्वकाल के शैलकृत्त मन्दिरों के इमारती रूपान्तर मात्र हों। चपटी छत, सपाट चौकोर या आयताकार शक्ल और दीवारों की कठोर सादगी, इस अनुमान के सम्भावित आधार हैं। साँची, तिगावा, एरन, तथा अन्य स्थानों के मन्दिरों का संरचनात्मक प्रकार और इसी काल में अंशतः गुफा खोदकर और अंशतः इमारती ढंग पर बनाये गये उदयगिरि के मन्दिर भी इसी शैली की जुड़वाँ प्रतिध्वनियाँ मानी जा सकती हैं।

(२) दूसरी श्रेणी के मन्दिर

इस श्रेणी के उदाहरण नाचना कुठारा में स्थित तथाकथित पार्वती मन्दिर (चित्र २२),[2] भूमरा का शिवमन्दिर (चित्र २३),[3] एहोल[4] में लाद खान (चित्र २४),

---

१. वही, ix, ४५।

२. वही, xxi, ९६-९७, फलक xxv-xxvi; प्रो. आ. स. इ, वे. स., १९१९, पृ० ६१, फ. xv-xvi; मा. रि. xlv, ५४-५६; ए. इ. गु., पृ. १३७-३९, फ. III।

३. आर. डी. बनर्जी—**शिव टेम्पुल्स एट भूमरा** (मे. आ. सा. इ., सं० १६); मा. रि. xlv, ५७-५८; ए. इ. गु., पृ० १४२-४५, फ. II और iv।

४. कॉजेन्स, एच : **ऐंशिएंट टेम्पुल्स आफ एहोल** (आ.स.इ. १९०७-०८, पृ० १९०, १९२, १९५-९६); कॉजेन्स, एच. **चालुक्यान आर्चिटेक्चर,** पृ० ३२-३८, २९-३२, फ. v-vii, III, iv; हि. इ. इ. आ. ,पृ० ७९ चित्र १४८।



चित्र नं० २२ नाचना कुठारा

कौंतुगुडि और मेगुती के मन्दिर हैं। इनमें से पहले दो मन्दिर मध्य भारत में हैं और बाकी दक्षिणापथ में। बैग्राम (दिनाजपुर जिला, बंगाल)[1] में ईंटों से बने मन्दिर के अवशेष का, जो सम्भवतः भगवान गोविन्दस्वामी का मन्दिर है और जिसे ४४७-४८ ईसवी में भूमि का अनुदानपत्र दिया गया था, नक्शा भी इसी तरह का है और शायद यह भी इसी श्रेणी का मन्दिर रहा होगा।

इस श्रेणी के मन्दिरों में समतल छत वाला वर्गाकार गर्भगृह वैसी ही छतों के एक पुंज के भीतर होता है।[2] इसलिए नक्शे के अन्दर गर्भ-गृह एक बड़े वर्ग के भीतर, जो उसके गिर्द प्रदक्षिणा के लिए होता है, एक छोटा-सा वर्ग होता है। बड़े वर्ग से पहले एक छोटा और खुला, स्तम्भों वाला, आयताकार पोर्च होता है, जिसके आगे नीचे उतरने को सीढ़ियाँ होती हैं। प्रदक्षिणा की बन्द गैलरी के अन्दर रोशनी के लिए तीनों बगलों में जाफरी या जालियां बनी होती हैं और नाचना कुठारा के मन्दिर में तो अंधेरे गर्भगृह में थोड़ी सी रोशनी पहुँचाने के लिए पार्श्व की दो दीवारों में भी दो जालियाँ बनी हैं। प्रदक्षिणा की गैलरी और गर्भगृह तक पहुँचने के द्वार सामने एक सीध में होते हैं, बाहर जिनके आगे सीढ़ियाँ होती हैं। इस संरचना में एक भेद गर्भगृह पर दूसरी मंजिल बनाकर पैदा किया गया है, जैसा हम नाचना कुठारा (फ. xi, २२) के पार्वती मन्दिर में या

---

१. आ. स. इ. १९३४-३५, पृ. ४२, फ. xix बी. सी. डी.।

२. ये सारे मंदिर एक जैसे हैं, यद्यपि कुछ मामूली फर्क ब्योरों में देखे जा सकते हैं। लेकिन ये फर्क ऐसे नहीं हैं जो इस श्रेणी के मन्दिरों के आम नक्शे या उनकी संरचना में किसी बुनियादी भेद के सूचक हों।


PRADAKSHIṆĀ-PATHA
PRADAKSHIṆĀ-PATHA
EKAMUKHALINGA
GARBHAGRIHA
PRADAKSHIṆĀ-PATHA
PRADAKSHIṆĀ-PATHA
MANDAPA
SMALL SHRINE
SMALL SHRINE
OLD PAVEMENT

चित्र नं० २३ भूमरा



SECTION



चित्र नं० २४ ऐहोल

ऐहोल के मन्दिरों में देखते हैं (फ. xii, २४)। दूसरी मंजिल चूंकि गर्भगृह पर बनी है, जिससे वह अनिवार्यतः बाहर के बड़े वर्ग से पीछे हट कर है और ऐसे मन्दिरों की ऊँचाई प्रदान करने की एक निश्चित योजना का परिणाम है। भूमरा के मन्दिर में, जिस पर की गयी प्रचुर नक्काशी से सूचित होता है कि वह बाद की तिथि का है, सीढ़ी के दोनों ओर एक-एक देवस्थान बना हुआ है। इस डिजाइन का आगे चलकर पूर्ण विकास हुआ जिसकी मिसाल नालन्दा में खुदाई करके निकाले गये मन्दिरों में मिलती है।[१] मुख्य मन्दिर के चारों कोनों पर बने लघु देवस्थानों के अवशेषों से सूचित होता है कि भूमरा में जिस नयी तरतीब की शुरुआत हुई थी, नालन्दा के इन मन्दिरों में उसकी तर्कसंगत परिणति देखने को मिलती है। शास्त्रों में इस तरतीब को **पंचायतन** का नाम दिया गया है और परवर्ती काल के मन्दिरों में उनकी वास्तु-शैली की भिन्नता के बावजूद वहाँ इस **पंचायत** संयोजना का प्रयोग देखा जा सकता है।

नाचना कुठारा के पार्वती मन्दिर की डिजाइन और अलंकरण की सादगी को देखते हुए उसकी तारीख पहली श्रेणी के आरम्भकालीन मन्दिरों के साथ रखी जा सकती है। मन्दिर के अग्रभाग पर शैल-कृत्त गुफाओं के अग्रभागों जैसी नक्काशी की गयी है। बाहर की दीवारों को भी गुप्तकाल की मूर्तिकला के नमूनों से सजाया गया है। ऐहोल के लाद खान और कोंतगुडि के मन्दिर क्रमानुसार शायद इसके तत्काल बाद के हैं। उनके हाल-स्तम्भों के बीच जालीदार परदे लगाये गये हैं। इन स्तम्भों का भीम आकार और उनकी डिजाइन और साथ ही उनकी बनावट की निपट सादगी के कारण इन मन्दिरों की तारीख बादामि के गुफा मन्दिर नं० तीन से पहले की है, जिसकी तारीख ५७८ ईसवी है। भूमरा के शिव मन्दिर पर, जिसके अब अवशेष बचे हैं, गणों और **कीर्तिमुखों** की आकृतियों की भव्य सजावट है और चैत्य शैली की खिड़कियों के आलों में बनी देव-मूर्तियों की कारीगरी बहुत शानदार है। यह नक्काशी और कारीगरी गुप्तकाल की कला की सर्वश्रेष्ठ परम्परा का एक अंग है। स्तम्भों और आलों पर बने शानदार अरबस्कों से इनकी तारीख छठी सदी ईसवी के पूर्वार्ध के आसपास निश्चित की गयी है हालांकि स्वर्गीय श्री आर. डी. बनर्जी के अनुसार, जिन्होंने यह मन्दिर खोज निकाला था, इसकी तारीख इससे पहली सदी के मध्य की है। ऐहोल में मैगुंती का जैन-मन्दिर (फ. xiii, २६), जिसका निर्माण ५५६ शक संवत् (६३४ ईसवी) में पश्चिमी चालुक्य राजा पुलकेशिन् तृतीय के काल में रविकीर्ति द्वारा हुआ था, उपर्युक्त श्रेणी के मन्दिरों की सबसे ताजा मिसाल है। इसके परिणामस्वरूप, जैसा विकास-काल में स्वाभाविक ही है, अपनी खंडित अवस्था में भी यह मन्दिर आयोजन और विन्यास की दृष्टि से इस अनुक्रम के मन्दिरों का आदर्श नमूना है। इसमें न केवल चिनाई और तकनीक में सुधार दिखाई देता है, बल्कि समूचे तौर पर अलंकरणों में भी एक कोमलता और परिष्कृति दिखाई देती है। छोटे-छोटे टेक शीर्षों वाले परिमित भित्ति-स्तम्भों से बाहरी दीवारों की सजावट,

---

१. घोष, ए.—**ए गाइड टु नालन्दा,** पृ० १७, नक्शा अन्त में दिया गया है।

जिसमें भित्ति स्तम्भों के बीच के खाली स्थानों में मूर्तियाँ बनी हैं, या बनाये जाने का इरादा था, इसी प्रकार के पूर्व कालीन मन्दिरों में उस तरह की दीवारें बनाने की आद्य प्रक्रिया जारी थी, लेकिन इस मन्दिर से एक ऐसे परिपक्व मन का पता चलता है, जिसने प्रक्षेपणों और आलों का विकास किया। मन्दिर की परियोजना से भी एक सन्तुलित और आंगिक दृष्टि का परिचय मिलता है। नक्शे के अनुसार मन्दिर की इमारत आयताकार है, जिसके दो भाग हैं। एक भाग गर्भगृह का है, जिसके चारों ओर प्रदक्षिणा की गैलरी है और दूसरा भाग उसके आगे एक स्तम्भों वाला हाल है जो आरम्भ में चारों ओर से खुला हुआ था। दोनों भागों को एक संकरी डचोढ़ी प्रकोष्ठ के द्वारा जोड़ दिया जाता है। इस संयुक्त परियोजना का, जो पूर्वकालीन प्रयत्नों का संगत परिणाम थी, परवर्ती वास्तु-कला के इतिहास में महत्त्वपूर्ण योगदान है।

ऐहोल में मेगुति का जैन मन्दिर जिस काल का है, लगभग उसी काल के मामल्लपुरम् के रथ भी हैं। मद्रास से ३३ मील दक्षिण में पलार नदी के मुहाने पर इस समुद्री बन्दरगाह के नगर को नरसिंह-वर्मन् महामल्ल ने बसाया था और वहाँ बालुई तट पर खड़े दानेदार शैल-खंडों को तराश कर स्वतन्त्र रूप से अलग-अलग खड़े एकाश्म मन्दिरों का निर्माण करवाया था (फ. xiii, २५)। यद्यपि ये शैल-कृत्त 'रथ' हैं, लेकिन उनके वास्तु में समसामयिक संरचनात्मक भवनों की नकल की गयी है, जिससे उनमें एक बिल्कुल नये ही प्रकार की अभिव्यंजना दिखाई पड़ती है। विभिन्न प्रकार के इन रथों में अन्यतम प्रकार, विशेषरूप से, मन्दिरों की उस श्रेणी से सम्बद्ध है, जिसका विवेचन यहाँ किया जा रहा है। दूसरा प्रकार ऊपर विवेचित श्रेणी के मन्दिरों से सम्बद्ध है।

आठ **रथों** में सबसे छोटे रथ का नाम द्रौपदी के नाम पर रखा गया है, जो पाँच पांडवों की संयुक्त पत्नी थी। इस रथ का नक्शा वर्गाकार है, जिस पर एक वर्गाकार वक्ररेखीय छत है, जिससे साफ जाहिर है कि वह सीधे सादे छप्पर वाली संरचना की अनुकृति है। दूसरे **रथों** में आमतौर पर ऊपर की मंजिलों की परियोजना पिरामिड की शक्ल की है। हर मंजिल में एक गोलाकार कार्निस बना है और लघु **चैत्य** मेहराबें हैं, जिनमें से हरेक में मनुष्य के सिर की मूर्ति बनी है। इस सामान्य विशेषता के बावजूद इन सभी शैलकृत्त मन्दिरों की शक्ल और रूप-योजना में काफी अन्तर है, क्योंकि वे निचली मंजिल के गर्भ-गृहों के नक्शे और परियोजना से निबद्ध हैं। नकुल और सहदेव नाम के रथों की मेहराबी छतें और पृष्ठभाग के अर्धवृत्त-कक्ष, बौद्ध-**चैत्यों** की वास्तु-कला की अनुकृति प्रस्तुत करते हैं। इमारती मन्दिरों में इस प्रकार की मिसालें चौथी श्रेणी के उन मन्दिरों में मिलती हैं, जिनका ऊपर जिक्र किया गया है (जैसे चेज़र्ला में कपोतेश्वर का मन्दिर और तेरा का मन्दिर)। जैसा पहले बताया जा चुका है, मन्दिरों की ऐसी परियोजना का कालान्तर में प्रयोग बन्द हो गया। लेकिन मामल्लपुरम् के रथों में दो ऐसी भी मिसालें मिलती हैं, जिन्होंने देश के इस भाग में परवर्ती काल के वास्तु-शिल्प की धारा को प्रभावित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की है। भीम और गणेश नाम के रथों का नक्शा आयताकार है। इन दोनों में ऊपर की मंजिलें क्रमशः पीछे

की ओर झुकती जाती हैं, जिनके ऊपर की ढोकलनुमा मेहराबी छत दोनों ओर से तिअंकी है। अर्जुन और धर्मराज नाम के रथ (फ. viv, २७) चौकोर किन्तु इससे मिलती डिजाइन के हैं और उनका सबसे ऊपर का भाग गुम्बदाकार है, जिसे **स्तूपी** या **स्तूपिका** कहते हैं। यह अनुमान करना कठिन नहीं है कि यहाँ पर हम जिस श्रेणी के मंजिलों वाले मन्दिरों का विवेचन कर रहे हैं, रथों की यह रूप-योजना भी उनका ही रूपान्तर है। दरअसल इन दोनों रथों और गुप्तकालीन मन्दिरों के वास्तुशिल्प का अन्तःसम्बन्ध इतना स्पष्ट है कि उसे लक्षित किये बिना नहीं रहा जा सकता। इसी शक्ल और परियोजना के इमारती मन्दिर की मिसाल मामल्लपुरम् में ही समुद्रतट पर बने उस मन्दिर में देखी जा सकती है, जो नरसिंहवर्मन् के उत्तराधिकारी राजसिंह पल्लव के शासन-काल का है। इसके साथ ही इमारती या संरचनात्मक स्मारकों का एक अटूट सिलसिला शुरू हो जाता है, जो परवर्ती काल की दक्षिण भारतीय वास्तु-कला को आलोकित करता है। आयताकार किस्म के मन्दिरों का विकास भी आगे चलकर एक विशाल प्रवेश द्वार के रूप में होता है, जिसे **गोपुरम्** कहते हैं और जो दक्षिण भारतीय मन्दिरों का अनिवार्य और सम्भवतः सबसे शानदार अंग है। शिला काट कर बनाये गये इन **रथों** में अनेक प्रयोग किये गये। अन्त में उन्होंने एक निश्चित चौकोर और आयताकार रूप धारण कर लिया। इन दोनों ने बाद में द्रविड़ देश के स्थापत्य पर बहुत गहरा प्रभाव डाला। इन रथों की किस्मों का विस्तृत विवरण हमने इस इतिहास के अगले भाग के लिए सुरक्षित रख छोड़ा है।

(३) तीसरी श्रेणी के मन्दिर

मालूम होता है कि तीसरी श्रेणी के मन्दिर पहली श्रेणी के मन्दिरों के ही विस्तृत और अलंकृत रूप हैं। सामान्य योजना और विन्यास की दृष्टि से दोनों में अधिक अन्तर नहीं है। लेकिन इसका अत्यधिक महत्त्व इस कारण है कि इसमें एक शिखर की नवीनता जोड़ी गयी है, जो गर्भगृह के ऊपर बनाया जाता है। धार्मिक वास्तु-कला के मूल में हमेशा एक ऊर्ध्वारोही आकांक्षा रहती है, और इसमें आश्चर्य की बात नहीं है कि जल्द ही शिखरों का प्रचलन हो गया, जो पुराने ढंग के समतल छतों वाले मन्दिरों से बिलकुल भिन्न थे। अभिलेखों से ज्ञात होता है कि पाँचवीं सदी ईसवी में ही ऊँचे और भव्य शिखरों का निर्माण किया जाने लगा था और आलंकारिक भाषा में उनकी ऊंचाई की तुलना कैलाश पर्वत[१] से की जाने लगी थी या उन्हें गगनचुम्बी कहा जाता था।

लेकिन जो भी प्राचीन स्मारक इस समय मौजूद हैं, उनमें से कोई शिखर मन्दिर सम्भवतः छठी शताब्दी से पहले का नहीं है। प्राचीन शिखर मंदिरों में सबसे अधिक

---

१. यह स्पष्ट नहीं है कि इन पुरालेखीय वक्तव्यों में कहीं उस वर्ग की इमारतों का हवाला तो नहीं दिया गया, जिन्हें वराहमिहिर की **बृहत्संहिता** या **मत्स्यपुराण** आदि विभिन्न ग्रन्थों में **कैलास** का नाम दिया गया है।

प्रतिनिधि और सबसे विख्यात मन्दिर देवगढ़ (झाँसी जिला, उत्तर प्रदेश) का दशावतार मन्दिर है।[१] इस प्रकार के अन्य मन्दिरों में नाचना कुठारा[२] के महादेव मन्दिर, पठारी[३] के एक मन्दिर, भीतरगाँव (कानपुर जिला) के ईंटों के मन्दिर[४] और गया के महान् महाबोधि का उल्लेख किया जा सकता है, जिसे ह्वेन-त्सांग[५] ने देखा था। ऐहोल के दुर्गा और हुक्चिमल्लिगुडि[६] के मन्दिरों में गर्भ गृह की चपटी छत के ऊपर एक एक शिखर है, लेकिन इन मन्दिरों का नक्शा और दूसरी परियोजनाएँ उन मन्दिरों से बिलकुल भिन्न हैं, जिनका जिक्र अभी किया गया है, और जो अपने आप में एक वर्ग हैं।

इस वर्ग के विभिन्न मन्दिरों की मिसालों में देवगढ़ और भीतरगाँव के दो मन्दिरों का वर्णन ही काफी होगा, ये ही उनका प्रतिनिधित्व करते हैं। इनमें से पहला मन्दिर पत्थर का है और दूसरा ईंट का। देवगढ़ का दशावतार मन्दिर (फ. xiv, २८) एक ऊंचे और चौड़े चबूतरे पर बना हुआ है (चित्र २५) जिस पर चढ़ने के लिए हर ओर बीच में सीढ़ियाँ बनी हुई हैं। मन्दिर का चबूतरा, जो बुलन्दी और भव्यता की आकांक्षाओं की मिसाल है, चारों ओर बने आलों में रखी मूर्तियों की माला से सजा हुआ है। गर्भगृह की दीवारों की सादगी के प्रभाव को भी तीन दिशाओं में बनी मूर्तियों से अंकित आलों द्वारा कम किया गया है। हर आला दो भित्ति-स्तम्भों के बीच अन्दर की ओर दबा कर

---

१. आ. स. क., x, १०५-१०, फ. xxxiv-xxxvi; हि. इ. इ. आ., पृ० ८०; मा. रि. xlv, ५८-५९; ए. इ. गु. पृ. १४६-५२; वत्स **दि गुप्ता टेम्पुल एट देवघर,** (मे. आ. स. ई., सं. ७०)।

२. आ. स. क. xxi, ९८; प्रो. आ. स. इ. वे. स., १९१९, फ. xvi, ब; मा. रि. xlv, ६०; आ. इ. गु. पृ. १५४-५५।

३. आ. स. क. x, ७०-७१।

४. वही, xi, ४०-५०; आ. स. इ. १९०८-०९, पृ. ६-१६, फ. i-v; हि. इ. इ. आ., पृ. ८०; ए. इ. गु., पृ. १३३-३५।

५. हि. त्सा. वी. II, ११८।

६. कॉजेन्स, एच. **ऐंशिएंट टेम्पुल्स आफ ऐहोल** (आ. स. इ. १९०७-०८, पृ. १९४,९६-१९७); कॉजेन्स, एच : **चालुक्यान आर्चिटेक्चर,** पृ० ३८-४१, फ. ix-xiii। जैसा पहले बताया जा चुका है, दुर्गा मन्दिर का नक्शा आयताकार है, जिसके आखिर छोर अर्धवृत्ताकार हैं। और हुक्चिमल्लिगुडि के मन्दिर का नक्शा ऊपर वर्णित द्वितीय श्रेणी के मन्दिरों से मिलता-जुलता है। आर. डी. बनर्जी शंकरगढ़ के मन्दिर को भी (प्रो० आ० स० इ० वे० स० १९२०, पृ. १०४, फ. xxvii; आ. इ. गु., पृ. १४६) गुप्तकालीन वास्तुकला के नमूनों में ही शामिल करते हैं, लेकिन उनका विचार है कि उसका **शिखर** मध्यकाल में जोड़ा गया था। लेकिन इस मन्दिर की चौखट पर की गयी नक्काशी तथा अलंकरण के अन्य अभिप्रायों का अध्ययन करने से, जो निश्चय ही बाद की तारीख के हैं, इसमें कोई सन्देह नहीं रह जाता है कि इमारत के दोनों भाग, निचला और ऊपर वाला, एक साथ ही बनाये गये थे और वे दसवीं या ग्यारहवीं सदी ई० से पहले के हर्गिज नहीं हो सकते।



चित्र नं० २५ देवगढ़

रखे मूर्ति-फलकों से बनाया गया है, और चौथी दिशा में, अर्थात् सामने की ओर, एक अलंकृत द्वार है।[१]

दीवारों के ऊपरी भाग में दोहरे कार्निस के बीच छोटे-छोटे मेहराबी आलों की मूर्ति-वल्लरी है, जिसके ऊपर से शिखर उठता है (किन्तु जो अब टूटी-फूटी हालत में है), जो क्रमशः पीछे हटते हुए पत्थरों की पंक्तियों से चिना गया है। इसकी रूपरेखा से लगता है कि यह सीधी सतह वाला एक पिरामिड था और गर्भ-गृह की दीवारों पर आलों के प्रक्षेपण शिखर पर भी, ऊपर तक, बनाये गये थे, जिसके अलंकरण का प्रमुख भाव चैत्य की खिड़कियों से लिया गया है। सम्भव है कि कोनों पर कोण-आमलक भी बने थे,[२] लेकिन इस मन्दिर का शीर्ष भाग, उसके शिखर या कलश का स्वरूप चाहे जो भी रहा हो वह पूरी तरह गिर कर नष्ट हो चुका है।

भीतरगांव के ईंटों से बने मन्दिर में (प्ले. xv, ३०) एक वर्गाकार गर्भगृह है और एक वैसा ही वर्गाकार किन्तु छोटा प्रकोष्ठ है, जो एक मार्ग द्वारा उससे जुड़ा है। अन्दर के इस मार्ग और बाहर के प्रवेश द्वार की छतें अर्ध-वृत्ताकार मेहराबों की बनी हैं, जबकि गर्भगृह और प्रकोष्ठ पर गुम्बदाकार छतें हैं। इन दोनों में डाट के पत्थर आमने-सामने नहीं बल्कि कोने से कोने तक रखे गये हैं। निर्माण की इस विधि को कनिंघम ने हिन्दू-शैली कहा है। गर्भगृह के ऊपर सम्भवतः एक ऊपरी कक्ष था और उसके ऊपर भी शायद ऐसा ही गुम्बद था।[३]

मन्दिर की जमीन का नक्शा वर्गाकार है, जिसके कोनों में दो-दो आले हैं, अर्थात् तीनों तरफ, और आगे के बरामदे के सामने एक उभार है। दीवारों की गढ़न मोटी है, जिनके ऊपरी हिस्सों में कहीं मृण्मूर्तियों के फलक हैं, कहीं अलंकृत भित्ति-स्तम्भ हैं, जिनके अंत में नक्काशीदार ईंटों की दोहरी कार्निस है, जिनके आलों में मूर्ति-वल्लरियों के छोटे फलक बने हैं। यह दोहरी कार्निस गर्भगृह को मीनार से अलग करती है, जिसमें सीधे पार्श्वों और उत्कीर्ण तहों की रूपरेखा स्पष्ट दिखाई देती है। इन पर आलों की पंक्तियों

---

१. मन्दिर के चबूतरे पर पड़े हुए स्तंभों से कनिंघम ने अनुमान लगाया था कि मन्दिर के चारों ओर चार-चार स्तम्भों वाले ओसारे (पोर्टिको) थे, जिनमें से सामने वाले ओसारे को (पोर्टिको) मन्दिर के प्रवेश द्वार का रक्षक माना जाए तो बाकी ओसारे (पोर्टिको) बगल की दीवारों में बने मूर्ति-मंडित आलों की रक्षा के लिए थे, यह सोचा जा सकता है। लेकिन आर० डी० बनर्जी का विचार है कि गर्भगृह और **शिखर** के गिर्द सारा चबूतरा स्तम्भों पर टिकी एक चपटी छत से ढका हुआ था। मन्दिर की वर्तमान टूटी-फूटी हालत में यह निश्चित करना सम्भव नहीं है कि पूरा चबूतरा खुला हुआ था या ढका हुआ था अथवा द्वार की नक्काशी और मूर्तिमंडित आलों की रक्षा के लिए केवल संकरे ओसारे (पोर्टिको) बने हुए थे। लेकिन कनिंघम का अनुमान अधिक संगत दीखता है।

२. बर्गेस, जे., **ऐंशिएंट मोनुमेंट्स, टेम्पुल्स, स्कल्प्चर्स आफ इंडिया,** चित्र २४८, २५२.

३. पर्सी ब्राउन द्वारा मन्दिर के ऊपरी भाग के अनुमानित नक्शे में उसे एक ढोलकनुमा मेहराबदार हिस्सा दिखाया गया है (ब्रा. इ. आ., प्ले. xxxiii, ५) लेकिन मन्दिर के चौकोर नक्शे में यह हिस्सा फिट नहीं बैठता।



चित्र नं० २६ भीतरगांव

की सजावट है, जिनमें आवक्ष प्रतिमाएँ, शीर्षभाग और पूरे आकार की प्रतिमाएँ उभरी हुई हैं। ज्यों-ज्यों तहें कई इंच कम होती जाती हैं, त्यों-त्यों धीरे धीरे मीनार का ऊपरी भाग छोटा होता जाता है। गर्भगृह का उभार मीनार तक चला गया है, लेकिन चूँकि इसका ऊपरी हिस्सा गिर चुका है इसलिए इसके शीर्षभाग के बारे में निश्चित अनुमान लगाना सम्भव नहीं है। यही स्थिति देवगढ़ के मन्दिर की है। जैसा हाल की खुदाई से ज्ञात हुआ है, देवगढ़ और नाचना कुठारा के मन्दिरों की तरह यह मन्दिर भी कक्षों जैसी बुनियाद वाले एक ऊँचे चबूतरे पर बना था।

उभार-शैली की मूर्तियों और नक्काशी की शैली के आधार पर देवगढ़ के मन्दिर को छठी सदी ई० में रख सकते हैं। लेकिन भीतरगांव के मन्दिर के बारे में विद्वानों में ऐकमत्य नहीं है। कनिंघम का, जिसने सबसे पहले इस मन्दिर का वर्णन किया, यह मत था कि इस मन्दिर को सातवीं या आठवीं सदी के बाद की तारीख में रखना सम्भव नहीं है, और हो सकता है कि यह उससे भी पहले का हो। फ़ोगेल (Vogel) ने कसिया के परिनिर्वाण मन्दिर से मिलते जुलते इसके भित्तिस्तम्भों और कार्निसों की मिसाल के आधार पर इसे कनिंघम की बतायी तारीख से कम से कम तीन शताब्दी पहले का बताया है। आर. डी. बनर्जी का विचार है कि यह मन्दिर मध्यकाल से पहले का नहीं हो सकता। मृण्मूर्तियों के फलकों पर जितनी भावपूर्ण और ओजस्वी नक्काशी की गयी है, और शिखर का जो रूप है, उससे साफ जाहिर है कि यह मन्दिर दरअसल गुप्तकाल की कृति है, और यद्यपि फ़ोगेल की सुझाई तारीख जरूरत से ज्यादा पहले की मालूम पड़ सकती है, लेकिन वह देवगढ़ के मन्दिर की निर्माण-तिथि से काफी निकट की है।

बोधगया के महान् महाबोधि मन्दिर की इतनी बार मरम्मत और जीर्णोद्धार किया गया है कि उसके मूल वास्तुरूप का निर्णय करना कठिन है। आज वह जिस रूप में खड़ा है, उसमें एक ऊँचा, सीधे किनारों वाला पिरामिडनुमा शिखर है जिसके ऊपर एक **हूटि** (hti) है जिसके नीचे एक धारीदार आमलकनुमा भाग है और साथ ही चारों किनारों पर कोणीय आमलक भी बने हैं, जो विभिन्न स्तरों का सीमांकन करते हैं। प्रवेश द्वार का मण्डप (पोर्च) जो प्रत्यक्षतः मूल मन्दिर के बाद का है, पूरब की दिशा में है। **शिखर** के चारों ओर की सतहों पर आलों की अनेक मंजिलें हैं, जिनमें से हरेक में निस्सन्देह शुरू में बौद्ध प्रतिमाएँ रही होंगी। **शिखर** के सामने वाली सतह में गर्भगृह को प्रकाशित करने के लिए एक नोकदार मेहराब है। शिखर के मूल में, उसके चारों कोनों पर, एक एक कँगूरा है, जो मुख्य शिखर की हू-ब-हू लघु अनुकृति हैं। सातवीं सदी में ह्वेन-त्सांग ने बोधगया के मन्दिर का महाबोधि विहार के नाम से विस्तार पूर्वक बड़ा सूक्ष्म वर्णन किया था। चीनी यात्री ने मन्दिर की लम्बाई चौड़ाई और सामान्य आकृति का जो विवरण दिया है, वह आज हमारे सामने जो मन्दिर मौजूद है, उससे बिलकुल मिलता है, और यह सुझाव कि यह मन्दिर अपने वर्तमान रूप में सातवीं शताब्दी में भी मौजूद था, काफी संगत है। ईंटों की चिनाई करके निर्माण करने की टेकनीक, शिखर की सीधी परिरेखा, आगे की ओर खुलने वाली लम्बी नोकदार मेहराब, शिखर के चारों पार्श्वों में

बने हुए चैत्य आले, जिनमें ह्वेन-त्सांग के अनुसार बुद्ध की प्रतिमाएँ रखी हुई थीं, इन सबका भीतरगाँव के मन्दिर के वास्तु-शिल्प से निकट साम्य है, और दोनों ही मन्दिर लगभग एक ही समय के हैं। ह्वेन-त्सांग ने नालन्दा के उस महान् मन्दिर का भी वर्णन किया है, जिसका निर्माण नरसिंह-गुप्त ने करवाया था। उसके अनुसार यह मन्दिर ३०० फुट ऊँचा था और इसका शिखर बोधगया के शिखर से मिलता था।[1] इस ऊंचे मन्दिर का अब केवल विशाल चबूतरा ही शेष रहा है। इसमें कोई सन्देह नहीं कि अपनी पूर्ण अवस्था में यह मन्दिर उस काल के शिखर मन्दिरों के समान ही रहा होगा।

इस श्रेणी के मन्दिरों की विशेषता उनका शिखर है, जो गर्भगृह के ऊपर खड़ा किया जाता है और इस प्रकार वह पूर्वकालीन मन्दिरों की नीची और सपाट छतों से बिलकुल भिन्न रूप है। ऐसे मन्दिरों में लगभग सभी के शिखर या तो बुरी तरह टूट-फूट चुके हैं या बिलकुल ही नष्ट हो गये हैं, लेकिन जो मिसालें सुरक्षित रह गयी हैं, उनकी परिरेखाओं से अनुमान होता है कि उनका विन्यास सीधे किनारे वाले पिरामिड के रूप में होता था, जो बोधगया के वर्तमान महाबोधि मन्दिर से अधिक भिन्न नहीं था। पठारि का शिखर मन्दिर, जो निकट के अवशेषों के आधार पर छठी सदी ईसवी के लगभग का कहा जा सकता है, अपेक्षया अधिक सुरक्षित अवस्था में है। इसकी ऊंचाई इमारत की चौड़ाई से ठीक दोगुनी है, जो कि वराहमिहिर द्वारा निर्धारित नियम के अनुसार है। (यो विस्तारो भवेद् यस्य द्विगुणा तत् समुन्नतिः)[2] शिखर की सीधी परिरेखा कालान्तर में चोटी के समीप किंचित् अन्दर की ओर गोलाई के रूप में बदल गयी, जैसा हम नाचना कुठारा के महादेव मन्दिर में, जो सम्भवतः सातवीं सदी का है, और सिरपुर के लक्षण मन्दिर में (फ. xvi, ३२), जो लगभग इसी काल का या किंचित् बाद के समय का है,[3] देख सकते हैं। महादेव के मन्दिर में, जो पूरी तरह सुरक्षित है, कोणीय **आमलक** बने हुए हैं, जो **शिखर** के विभिन्न स्तरों का सीमांकन करते हैं, और एक पूर्ण **आमलक** है जो शिखर का शीर्ष है। लक्ष्मण मन्दिर में, जो प्रारम्भिक शिखर मन्दिरों का एक सुन्दर उदाहरण है, ऐसे अन्य मन्दिरों की तरह एक चौकोर गर्भगृह है, जिसके सामने बाहर की ओर निकला हुआ एक पोर्च या बरामदा है और सारा मन्दिर एक ऊँचे चबूतरे पर बना है। भीतरगाँव के मन्दिर के नक्शे में एक अन्तर यह है कि उसमें गर्भ-गृह के चारों ओर प्रक्षेपणों की तादाद अधिक है, और उसकी दीवारों के फलक अन्दर की ओर धंसे हुए हैं, जिन पर प्रकाश और छाया के आकर्षक प्रभाव पड़ते हैं। इसमें अलंकरण भी प्रचुर मात्रा में है और उनकी नक्काशी अधिक सूक्ष्म एवं लालित्यपूर्ण है, जो वास्तुकला का विशाल अनुभव दरशाती है। गर्भ-गृह की तीनों दीवारों के बीच बनी गहरी धंसी, लेकिन कृत्रिम खिड़कियाँ इसकी मुख्य विशेषता हैं। दुर्भाग्य से इस मन्दिर

---

१. हि. त्सा. बी., II, १६७ प. पृ.।

२. बृहत्संहिता (वाराणसी संस्करण), परिच्छेद ५६।

३. आ. इ. इ. आ. पृ. ९३-९४, चित्र १८६। हाल में ही इस मन्दिर को, पर्याप्त कारणों के बिना ही, नवीं सदी ई० में रखा गया है (आ. स. इ. १९२३-२४, पृ० २८)।

का ऊपरी भाग गिर चुका है, पर निस्सन्देह इसका शीर्ष भाग नाचना कुठारा के महादेव मन्दिर जैसा रहा होगा। इसके विभिन्न अंगों का समन्वित विन्यास, अलंकरण की प्रचुरता और लालित्य ने सिरपुर के इस छोटे से मन्दिर को शिखर शैली के भारतीय मन्दिरों में एक अपूर्व स्थान प्रदान किया है।

(४) नागर और द्रविड़ शैलियाँ

ये गुप्तकालीन मन्दिर, जिनका उल्लेख हम ऊपर कर चुके हैं, वास्तुकला की दो महत्त्वपूर्ण शैलियों के—नागर और द्रविड़—अग्रदूत कहे जा सकते हैं, जो मध्यकालीन भारतीय मंदिरों का प्रतिनिधित्व करते हैं और जिनका वर्णन पुस्तक की अगली जिल्दों में किया जाएगा। सलीबनुमा नक्शा और **रेखा** शिखर, जो नागर शैली की विशेषता है, देवगढ़ और भीतरगाँव के मन्दिरों में इस काल में ही पैदा हो चुके थे। इसके कुछ समय बाद नाचना कुठारा के महादेव मन्दिर और सिरपुर के लक्ष्मणमन्दिर में शिखर का वक्ररेखीय रूप भी अस्तित्व में आ गया था। दशावतार मन्दिर में तीन दीवारों पर तराशकर बनाये गये आले और भीतरगाँव के मन्दिर के प्रक्षेपण वर्गाकार मन्दिर की चारों दीवारों के बीच वाले भाग को आगे की ओर निकाल कर बनाने की पद्धति का पूर्वाभास देते हैं, जो नागर शैली के मन्दिरों की विशेषता है।

इसी प्रकार दूसरी श्रेणी के गुप्तकालीन मन्दिरों में भी द्रविड़ शैली की अनेक विशेषताएँ अपनायी गयी हैं। गर्भगृह के ऊपर एक दूसरी मंजिल उस छत का पूर्व संकेत देती है, जो क्रमशः पीछे की ओर हटती हुई मंजिलों से बनती है और उभार शैली की कुछ गुप्तकालीन मूर्तियाँ तो और भी निकट साम्य की सूचक हैं। अन्दर के गर्भगृह का नक्शा, जिसके चारों ओर प्रदक्षिणा की छतदार गैलरी, दीवारों को भित्ति स्तम्भों और आलों में बाँटने की परियोजना, और गोल कार्निसों का प्रयोग, जिन पर **चैत्य** मेहराबनुमा सुन्दर नक्काशी की गयी है, ये सब जो हमें गुप्तकालीन मन्दिरों की इस श्रेणी में मिलते हैं, द्रविड़ शैली की ही विशेषता है।

इससे जाहिर होता है कि परवर्ती काल में नागर और द्रविड़ नाम से जो शैलियाँ प्रसिद्ध हुईं, उनका विकास गुप्तकाल में ही हो चुका था। इस काल में भावी मन्दिरों की भारतीय वास्तु-कला की बुनियाद रखी गयी थी, जिसका इतिहास इन दो नागर और द्रविड़ शैलियों और उनके विभिन्न अलंकरणों और शाखा-प्रशाखाओं के विकास की कहानी है। इस दृष्टि से इस काल की वास्तु-कला की तस्वीर इस काल की मूर्ति कला की तस्वीर से विपरीत है। वास्तविक तथ्य यह है कि भारतीय मूर्तिकला के इतिहास में इस काल में पूर्वकालीन धाराओं का पूर्ण प्रस्फुटन देखने को मिलता है। लेकिन वास्तुकला के इतिहास में यह काल अभी उसके प्रारम्भिक विकास और उसकी रचनात्मक यात्रा का विकास युग था, जिसके अन्दर भावी युगों में अपरिसीमित विकास और अलंकरण की सम्भावनाएँ रूप ग्रहण कर रही थीं।

२. मठ और स्तूप

यद्यपि मन्दिर ही इस काल के सबसे महत्त्वपूर्ण स्मारक हैं पर स्तूपों और मठों का भी संक्षिप्त हवाला देना जरूरी है, क्योंकि इस काल में उनका भी बड़ी संख्या में निर्माण हुआ था। मठों या विहारों का, जो आमतौर पर ईंटों से बनाये जाते थे, नक्शा पहले की तरह ही, वर्गाकार होता था, जिसमें एक आन्तरिक प्रांगण के चारों ओर कक्षों की पंक्तियाँ होती थीं, और सम्भवतः पिछली पंक्ति के बीच में मन्दिर होता था। आमतौर पर ये मठ या विहार प्रसिद्ध बौद्ध स्थानों से सम्बन्धित धार्मिक संस्थानों के पुंज होते थे, लेकिन अब उनमें से अधिकांश नष्ट हो गये हैं। उनमें कुछ के खंडित ध्वंसावशेष खुदाई करके खोजे गये हैं, लेकिन उन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत नहीं है।

इस काल में बने स्तूपों में कम-से-कम दो उल्लेखनीय हैं: एक मीरपुर खास (सिंध) का स्तूप[1] (प्ले. xv, २९) और दूसरा सारनाथ का धामेख स्तूप[2] (प्ले० xvii, ३३)। मीरपुर खास का स्तूप ईंटों से बनाया गया है, जिसके वर्गाकार चबूतरे पर एक वृत्ताकार गुम्बद है। इसमें दिलचस्प बात यह है कि चबूतरे के पश्चिमी भाग में तीन प्रार्थना-कक्ष बने हुए हैं (चित्र २७), जिनमें से बीच के प्रार्थना-कक्ष में विकिरणकारी सिद्धान्त पर बनी एक मेहराब है। अलंकरण-योजना के शैलीगत संकेतों से इसके निर्माण का समय चौथी सदी के लगभग माना जा सकता है, जो किसी भी सूरत में पाँचवीं सदी के बाद का नहीं हो सकता और इस काल में सच्ची मेहराबों के अविर्भाव से यह स्पष्टतः संकेतित है कि भारतीयों को यह सिद्धान्त मुसलमानों के आगमन से बहुत पहले से ज्ञात था।[3] सारनाथ का धामेख स्तूप तीन स्तरों पर ऊपर उठता है: आधार, ढोल और गुम्बद, जो सामान्यतः अर्धगोलाकार आकृति का न होकर बेलनाकार है। आधार-ठोस रूप में पत्थर का बना है और बाहर की ओर आठ प्रलम्बित मुखाकृतियों पर उभरा हुआ है जिनमें से प्रत्येक में मूर्ति की प्रतिष्ठा के लिए (जो अब नहीं हैं) एक आला बना हुआ है, तथा जिनपर उत्कृष्ट रूप में उत्कीर्ण ज्यामितिक और पुष्पीय अलंकरण की चौड़ी पट्टी है (प्ले० xvii, ३४)। ऊपरी स्तर, वास्तविक गुम्बद, ईंटों का बना था, जो सम्भवतः मूलरूप में प्रस्तर-मंडित था। अलंकरण योजना की समृद्ध और ललित आकृतियाँ इस स्मारक का मुख्य सौन्दर्य है, जिसका बेलनाकार आकार सम्भवतः इसकी तिथि छठी शताब्दी ईसवी के आसपास संकेतित करता है। राजगृह में "जरासन्ध की बैठक" के दो स्तूपों में एक इसी प्रकार की आकृति का है और सम्भवतः

---

१. ब्रा० इ० आ०, पृ० ५२, प्ले. xxxii, ९।

२. साहनी, डी० आर०, **गाइड टु दि बुद्धिस्ट रूयन्स आफ सारनाथ**, पृ. ३६-३७।

३. प्राक्-मुस्लिम काल की भारतीय वास्तुकला में सच्ची प्रस्तर-मेहराब के अनेक छिटपुट उदाहरण मिलते हैं। पिप्राव का उदाहरण (ज० रा० ए० सो०, १८९८, पृ० ५७३ प० पृ०) और सम्भवतः मौर्यकाल का मेहराबी प्रस्तर (आ० स० इ०, १९२१-२२, प्ले. xxxvi) इसके उपयोग के दो प्राचीनतम उदाहरण हैं।


NORTH
WEST
A
B
C
SUN-DRIED BRICK IN MUD
RELIC CHAMBER
PROBABLE PLAN OF WALL OF TOPE
BURNT BRICK IN MUD

चित्र नं० २७

इसी काल का है। अपने आकार के कारण वे बुर्ज (टावर) की तरह दीखते हैं और चूंकि ह्वेन-त्सांग ने इस स्तूप को "बुर्ज" (टावर) कहा है अतः लगता है कि यह आकार उस समय प्रचलित था।

ख. मूर्तिकला

I मूलभूत विशेषताएँ

गुप्तकालीन मूर्तिकला का केन्द्र-बिन्दु मानव आकार है। पहले ही हम देख चुके हैं कि मथुरा और अमरावती में पुरुषों और स्त्रियों की ऐसी आकृतियाँ अंकित की जा चुकी थीं, जो पशु और वनस्पति जगत् से अलग और स्वतंत्र हैं। भारहुत और साँची में वे पशु और वनस्पति-जगत् से घिरी रहती थीं। अब पशु और वनस्पति के नमूने (पैटर्न) मूर्ति-कथा के हाशिये में या अलग फलकों पर अंकित किये जाने लगे, जहाँ वे अपने विशिष्ट जगत् में ही एकान्ततः सीमित हो गये। गहरी तिरछी रेखाओं में तक्षित वनस्पति के कुंडलित रूप प्रचुरता से एक दूसरे के साथ कहीं प्रकाश और कहीं छाया का खेल खेलने लगे। लेकिन वनस्पति के इतने प्रचुर नमूनों (पैटर्नों) की सजावट दरअसल मानव-आकृतियों की महत्ता को रेखांकित करने के लिए थी। मथुरा और अमरावती में हम देख चुके हैं कि वनस्पति की प्रचुरता किस प्रकार मानव-आकृतियों की प्रचुरता में बदल गयी है। इस काल की कला ने मानव आकृति में एक गुणात्मक और अर्थगर्भित परिवर्तन किया और इस परिवर्तन का कारण वानस्पतिक जीवन का अंकन ही था। इस प्रकार मानव-आकृति स्वयं उस निरन्तर प्रवाहमयी गति की अभिव्यक्ति या उसका वाहक बन गयी जो हर वानस्पतिक अंकन, विशेषकर लताओं और मृणालों के अंकन में निहित थी; इनमें से मृणाल तो, ऐसा प्रतीत होता है, मानो मानव जगत् से अलग हटकर मानव आकृति को ही मोड़ों और गोलाइयों के रूप में अपनी सजीव लय और अबाध प्रवाह प्रदान कर गये।

चूँकि तरुणाई में ही जीवन की आन्तरिक गति की पूर्णाभिव्यक्ति होती है, इसलिए इस काल के कलाकारों की कल्पना अनिवार्यतः तरुणाई की ओर आकृष्ट हुई और उसके रूप-सौन्दर्य में ही रमती रही। उनकी कृतियों में शरीर अपनी चिकनाहट और संरचना की पारदर्शी दीप्ति से जैसे चमकता है। यद्यपि यह प्रदीप्ति, वास्तव में, कलाकार की कल्पना की वस्तु है, लेकिन इसे एक प्रतिमा-विधायकरूप की मदद से, जो अपनी नैसर्गिकता और विरलता में भारतीय कला के इतिहास में बेमिसाल है, इन्द्रियगोचर रूप दे दिया गया है। इस युग में एक उदात्त और विशाल परिकल्पना मानव आकृति को ऐसे मानसिक और शारीरिक अनुशासन से समृद्ध कर देती है, जो मथुरा की कला की मांसलता और वेंगी की कला की ऐन्द्रियता को त्यागकर उसे एक सूक्ष्म आध्यात्मिक अनुभव या गहरे बौद्धिक अनुभव अथवा अधिक सबल और जीवन्त अस्तित्व की अनुभूति के ऊंचे स्तर पर उठा देती है। इन मानव-आकृतियों के चेहरे उस अनुभूति से उद्भासित हैं, जो अपने

आप में 'ज्ञान' ही है। उनकी आँखें, जिनकी पलकें झुकी हुई हैं, बाहर के दृश्यमान जगत् को देखने की बजाय, लगता है, जैसे अपने भीतर देख रही हैं, जहाँ हर वस्तु ध्यान-मग्न अवस्था में शान्त और निश्चल है।

यह बात न केवल बौद्ध और ब्राह्मण धर्मों के देवताओं के बारे में ही, बल्कि साधारण मर्त्य प्राणियों की मूर्तियों के बारे में भी सही है, चाहे वे पुरुष हों या स्त्रियाँ। मूलतः यह प्रवृत्ति संयमित शरीर और विजित मन की उस धारणा से पैदा हुई थी, जिन्हें शताब्दियों से सजग शारीरिक और बौद्धिक चेष्टा द्वारा अनुशासित किया गया था। एक बार शारीरिक संयम प्राप्त कर लेने के बाद उन शारीरिक-स्नायविक तनावों के लिए कोई गुंजाइश नहीं रहती, जो भावोद्रेक से प्रतिबन्धित या शारीरिक ऊर्जा के निर्देशक होते हैं। इस अवस्था में शरीर, चाहे बैठी हुई स्थिति में हो या खड़ी या झुकी स्थिति में, उसके अन्दर एक सन्तुलन और सधापन आ जाता है और लगता है कि सम्बद्ध मांसपेशियाँ त्वचा के नीचे निरन्तर प्रवाहित जीवन-शक्ति की धड़कन से प्रतिभासित हो रही हैं। गुप्तकाल का प्रतिमाविधायक मुहावरा इस धारणा के तीव्र शारीरिक अनुभव से ही पैदा हुआ है। धीरे-धीरे इस सत्य का उद्‌घाटन हुआ कि अतिमानवीय शक्ति केवल विशाल शरीर और पुंजीभूत ऊर्जा में ही निहित नहीं होती, बल्कि स्वयं मन को जीतने में होती है। इस प्रकार खुली विस्फारित आँखें धीरे धीरे सघन पलकों के नीचे मूँदने लगीं और अन्दर की ओर देखने लगीं, ओठ शान्त संकल्प और सुदृढ़ पूर्णता के भाव से जुड़ने लगे, शरीर विश्रान्ति के भाव से तनावहीन हो गया और उसका अन्दर से ही पूर्ण गोलाई के रूप में प्रस्फुटन होने लगा।

अस्तित्व की ऐसी गहरी अनुभूति को, स्पष्ट है, प्रचुर वस्त्र-विन्यास या अलंकृत आभूषणों की आवश्यकता नहीं होती। और तथ्य यह है कि इस काल की कला में वस्त्रों और अलंकारों का न्यूनतम और विरल प्रयोग ही देखने को मिलता है। और जहाँ भी उनका प्रयोग किया गया है, वह प्रतिमाविधायक सतह पर सूक्ष्म दृष्टि रख कर ही, क्योंकि वस्त्र और अलंकार ऐसी अपरिहार्य फालतू चीजें हैं जो शरीर को, जो परम उल्लास और आनन्द का नैसर्गिक पात्र है, ढँक लेती हैं और उसे अपने भार से दबा देती हैं।

और न इस कोटि की अनुभूति में, जिसका ऊपर वर्णन किया है, किसी प्रकार की उत्तेजनापूर्ण, शारीरिक या भावनात्मक, क्रिया या समूह के रूप में उत्कीर्ण आकृतियों में गतियों की पारस्परिकता के विवाद के लिए ही गुंजाइश है। हर आकृति की, उसकी चाहे जो स्थिति या मुद्रा हो, अपनी एक स्वतंत्र हैसियत है, जो जीवन की अधिक गहरी चेतना से समृद्ध अस्तित्व की सूक्ष्म रूप से संघटित लय-ताल से एकात्म है। उन मुद्राओं और आसनों में भी, जहाँ दो आकृतियों को भावनात्मक रूप से परस्पर सम्बद्ध दिखाया गया है, वे जिस वातावरण में साँस लेते हैं, वह वातावरण पूर्ण निस्संगता का है, वे केवल मूर्ति-फलक की सतह पर ही एक-दूसरे के सान्निध्य में अंकित हैं।

II. गुप्तकालीन मूर्तिकला का विकास

मथुरा और सारनाथ

गुप्त-काल के आरम्भिक दिनों की ऐसी मूर्तियाँ संख्या में बहुत थोड़ी और दूर-दूर स्थानों पर प्राप्त हुई हैं, जिनकी तारीखें निश्चित की जा चुकी हैं या निश्चित की जा सकती हैं। लेकिन ऐसी जो भी मूर्तियाँ उपलब्ध हैं, उनसे हम, मोटे तौर पर ही सही, गुप्त-काल की प्रतिमाविधायक धारणाओं के आरम्भ और विकास का निर्धारण कर सकते हैं।

अब तक के उपलब्ध नमूनों से अनुमान होता है कि गुप्तकालीन प्रतिमा-विधायक कल्पना का जन्म मथुरा में हुआ था, जहाँ ईसवी सन् की प्रारम्भिक सदियों में असाधारण शक्ति और ऊर्जा के विशाल आकार वाले बोधिसत्त्वों का निर्माण किया गया था। मथुरा की प्रयोगशाला अपने यहाँ से प्रशिक्षित कलाकार श्रावस्ती, प्रयाग, सारनाथ तथा शायद अन्य स्थानों को भी भेजा करती थी। यह प्रथा चौथी सदी में भी जारी रही और हम कसिया, बोधगया और सारनाथ में मथुरा के कलाकारों और अभिलेख उत्कीर्ण करने वाले कारीगरों को काम करते हुए पाते हैं। बोधगया का एक बोधिसत्व,[1] जो एक महाराज त्रिकमल की ६४वीं साल का है (फ. xviii, ३५) शायद इस मूर्तिकला की सबसे पुरानी कृति है, जिसे गुप्तों के सांस्कृतिक काल में रखा जा सकता है। संरचना और मूर्ति-शिल्प की दृष्टि से यह कृति स्पष्टतः मथुरा की पहली और दूसरी सदी वाली परम्परा की है, लेकिन इसमें पूर्वकाल की विशालता और भारीपन को एक कठोर और अनुशासित गढ़न के अनुसार तराशा गया है और एक स्पष्ट परिरेखा तथा कठोर ज्यामितिक संयोजना एक ओजस्वी और भरे-पूरे अंगोंवाले भीमाकार शरीर के तक्षण पर प्रतिबंध बन गयी है।

इस काल की बुद्ध या बोधिसत्त्वों की मूर्तियों में शरीर को अनुशासित करने और मन को जीतने की प्रतिमाविधायक कल्पना के स्पष्ट दर्शन होते हैं। शरीर को पूरी तरह अनुशासन के अन्दर ले आया गया है, लेकिन अभी तक अन्तर्जगत् पर पूर्ण विजय नहीं प्राप्त की जा सकी। उन्हें अभी तक परमानन्द का अनुभव प्राप्त नहीं हुआ और न भार-हीन अस्तित्व का उल्लास और दीप्ति ही। मथुरा की प्रतिमांकन-परम्परा के इस चरण के त्रिनेत्र-शिव के दो असाधारण सिर उपलब्ध हैं; एक मथुरा के म्यूजियम[2] में है और दूसरा लन्दन[3] की कल्मान गैलरी में (प्लेट. xix, ३८, ३९), जो अपेक्षया श्रेष्ठतर कलात्मक कृति है।

लेकिन अगले एक सौ पचास वर्षों तक इस परमानन्द की अनुभूति को प्रतिमा की शक्ल में मूर्त कलात्मक रूप देने का श्रेय सारनाथ को प्राप्त हुआ, जहाँ बुद्ध ने पहली

---

१. कन्निघम **महाबोधि,** फ. xxx; का. इ. स्क., चित्र ५४.
२. कै. आ. म्यू. म.
३. ज. इ. सो. ओ. आ., vi, २०२, प्ले. xlix.

बार **धर्म-चक्र-प्रवर्त्तन** किया था। बुद्ध और बोधिसत्त्व की असंख्य बैठी और खड़ी प्रतिमाओं और कुछ ब्राह्मण प्रधान धर्मों की प्रतिमाओं में (उदाहरण के लिए भारत कला परिषद्, बनारस में रखी कार्त्तिकेय की मूर्ति) शरीर अपनी तमाम कड़ाई त्यागकर पूर्ण गोलाई और कोमलता प्राप्त कर लेता है और वह पूर्ण शान्ति और नैसर्गिकता की सुरभि विकीर्ण करता है। यह उपलब्धि कोमल और सूक्ष्म प्रतिरूपण का परिणाम है, जिसमें पिघलती हुई, फिसलती हुई रेखा का मसृण प्रवाह और प्रतिमाविधायक विशिष्टीकरण का मितव्यय प्रयोग देखने को मिलता है। समय के साथ आकृति लम्बी होती गयी, सिर अपेक्षया छोटा और हल्का होता गया, प्रतिमा-विधायक माध्यम का प्रयोग सूक्ष्मतर और संवेदनशील होता गया और इससे मूर्ति में एक ऐसी अतीन्द्रिय, अलौकिक, उदात्त भव्यता पैदा हो गयी मानो प्रतिरूपण और रेखा किसी कोमलतर संवेदना से धड़क रही हो। मूर्तिकरण की ऐसी पूर्णता, परमानन्द के अनुभव से उत्पन्न हृदयोल्लास की ऐसी तीखी और मूर्त्त अभिव्यक्ति कल्पनातीत लगती है और इसका अर्थ है कि यह अभिव्यक्ति या तो धारा ही बदल देगी या निराकार में विलीन हो जायेगी। इसका एक श्रेष्ठ नमूना सारनाथ से प्राप्त बुद्ध की वह प्रसिद्ध मूर्ति है जिसमें उन्हें **धर्म-चक्र-प्रवर्त्तन** की मुद्रा में दिखाया गया है (प्लेट. xviii, ३७)[१] लेकिन सारनाथ के म्यूजियम में यदि अधिक नहीं तो इतनी ही श्रेष्ठ अन्य कई मूर्तियाँ हैं।

सारनाथ में ही बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था। बौद्ध धर्म के ग्रन्थों में इस तथ्य को **धर्म चक्र प्रवर्त्तन** कहते हैं। इसमें बुद्ध को बैठी हुई मुद्रा में दिखाया गया है और उनके दोनों हाथों की उंगलियाँ एक विशेष मुद्रा में हैं। सारनाथ की यह मूर्ति ध्यान-मग्न और करुणाकर बुद्ध की, जो प्रथम बार संसार को मुक्ति या निर्वाण का सन्देश दे रहे हैं, प्रस्तर के माध्यम में एक अत्यन्त कलात्मक अभिव्यक्ति है। **चक्र** जो **धर्म** का प्रतीक है, पीठिका के मध्य में है और उसके दोनों ओर उनके पाँच शिष्यों की आकृतियाँ हैं, जिनको बुद्ध ने पहला उपदेश दिया था। एक शिशु के साथ स्त्री की आकृति, जो बायें कोने में है, सम्भवतः इस प्रतिमा की दाता थी। यह प्रतिमा प्राचीन भारत की मूर्तिकला के सर्वोच्च नमूनों में से है।

इस काल में मथुरा भी इन सब अनुभवों के मध्य से गुजरी होगी, लेकिन वहाँ की प्रतिमा-विधायक परिकल्पनाएँ किंचित् भिन्न प्रकार की थीं। उनमें रूपाकार का भारीपन काफी समय तक चलता रहा, और सारनाथ से सौन्दर्य-बोधी और प्रतिरूपण सम्बन्धी प्रभावों को ग्रहण करने के बावजूद आकृतियों के शरीर की सतह में वह मसृणता नहीं आ पायी वरन् एक तरह की रुक्षता-सी बनी रही। वस्त्रों की तहों, भौहों और आँखों की गोल किनारेवाली पलकों का प्रतिरूपण भी परम्परागत मथुरा-शैली में ही हुआ है। कुल मिलाकर देखा जाए तो बैठे हुए महावीर की सिरहीन प्रतिमा (सन् ४३२-३३ ई०) या बाद की तारीखों की बनी बुद्धों (फ. xviii, ३६) और बोधिसत्त्वों की मथुरावाली

---

१. हि. इ. इ. आ. चित्र १६१, फा. आ. स्मि, पृ. १६८-६९, प्लेट xxxviii.

प्रतिमाओं में वह अतीन्द्रियता, भव्यता, संवेदनशीलता और उच्चस्तरीय आध्यात्मिकता लक्षित नहीं होती, जो सारनाथ की प्रतिमाओं में है। मथुरा की परम्परा का प्रभाव सुदूर स्थानों तक की कला में भी देखने को मिलता है, उदाहरण के लिए देखिये इलाहाबाद जिले के मुन्कुवार स्थान पर मिले सन् ४४८-४९ ई० की बैठे हुए बुद्ध की प्रतिमा। (प्लेट xx, ४३)[१] इस प्रतिमा का शिरोवस्त्र एक अनोखे प्रकार का है और कपड़े की जाली में लिपटा बुद्ध का हाथ भी विचित्र ढंग का है, जो बुद्ध का परम्परागत चिह्न है।

III. मूर्ति-कला के प्रारम्भिक निकाय

(चौथी से सातवीं सदी)

१. उत्तर भारत

पाँचवीं और छठी शताब्दी के बीच मथुरा और सारनाथ मूर्ति-कला के विकास की जिस प्रक्रिया और अनुभव के बीच से गुजरे थे, अपनी स्थानीय परिस्थितियों—जातीय, सामाजिक, धार्मिक—के अनुसार अन्य सांस्कृतिक केन्द्र भी, गहराई और तीव्रता की भिन्न कोटियों में, उस अनुभव के बीच से गुजर रहे थे।

सारे आर्यावर्त (गंगा-जमुना की घाटी) और मालवा में सारनाथ या मथुरा जैसे उदात्त आध्यात्मिक अनुभव की कला के उदाहरण विरलता से ही मिलते हैं। ऐसी छिटपुट मिसालें, जैसे कार्तिकेय की मूर्ति (प्लेट. xx, ४४), (भारत कला भवन, बनारस)[२], लोकेश्वर या शिव की मूर्ति (प्लेट. xxi, ४६) (सारनाथ म्यूजियम)[३], ग्वालियर में मिली एक या दो मूर्तियाँ (प्ले. xxii, ५१)[४], नागोद राज्य के खोह स्थान से मिली एकमुख लिंग की मूर्ति (प्ले. xxi, ४८)[५] आदि, जो सारनाथ की प्रतिमाविधायक परिकल्पना के निकट तक पहुंचती हैं, उनमें व्यक्त आध्यात्मिक अनुभूति अपेक्षया झीने किस्म की है और इसीलिए उनका प्रतिरूपण भी किंचित् भिन्न कोटि का है। आमतौर पर कह सकते हैं कि ये आकृतियाँ अपेक्षया अधिक भारी भरकम हैं और अधिक विस्तार घेरती हैं। उनका प्रतिरूपण अधिक संक्षिप्त और उनकी परिरेखा अधिक गतिहीन और परिष्कृत है, फिसलती और पिघलती नहीं है। बेसनगर की उभारशैली में बनी गंगा की मूर्ति (प्ले. xxii, ४९)[६], मूमरा की दुर्गा-महिषमर्दिनी और शिव की आवक्ष मूर्ति में सारनाथ की परम्परा का शान्त सन्तुलन तो है, लेकिन उनमें भी छोटी

---

१. फा. आ. स्मि., पृ. १७३, चित्र ११९.
२. हि. इ. इ. आ., चि. १७५.
३. वही, चि. १७१.
४. हि. इ. इ. आ., चि. १७३; का. इ. स्क., चि. ६०.
५. मे. आ. स. इ. सं. १६, पृ. ५; प्रो. आ. स. इ., वे. स., १९२०, पृ. १०६-७. प्लेट xxix.
६. हि. इ. इ. आ., चि. १७७.

और भारी आकृति, संक्षिप्त प्रतिरूपण और मन्दगति परिरेखा के गुण मौजूद हैं। उभारशैली की अनन्तशायिनी मूर्तियाँ (प्लेट. xxii, ५०), जो दशावतार मन्दिर, देवगढ़ में हैं और संभवतः कुछ बाद की तारीख की हैं, अपेक्षया और भी ज्यादा भारी-भरकम हैं; उनका प्रतिरूपण अर्थहीन ढंग से शिथिल है और उनकी परिरेखा तो इतनी कठोर है कि लगता है, आकृतियाँ अपनी ही शक्लों में बन्दी हो गयी हैं। इन सब उदाहरणों में सम्भवतः अनुभव का अपेक्षया निम्न स्तर व्यक्त हुआ है—यद्यपि है वह उसी कोटि का—जो उनके सौन्दर्य-बोधी रूपायण और उपलब्धि में इस अन्तर के लिए जिम्मेदार है।

गुप्तकालीन कला के सामान्य स्वर इलाहाबाद के निकट गढ़वा की उभार शैली की मूर्तियों (प्ले. xix, ४०-४२) पर अंकित हैं (लखनऊ म्यूजियम)। इन मूर्तियों में जो सन्तुलन, अस्तित्व की सहजता, स्वाभाविकता, प्रतिरूपण की सूक्ष्मता और कोमलता तथा आकृतियों में जिस गर्वपूर्ण किन्तु निस्संग और आत्म-संयमित भाव की अभिव्यक्ति है वह मूलतः उस युग और स्थान की भावना की अभिव्यक्ति है, जिसमें वे तराशी गयी थीं। भले ही कुछ आकृतियों में वेंगी से सीखा हुआ प्रतिस्थापन का ग्रीक अभिप्राय दिखाई देता हो या वस्त्र-विन्यास मथुरा से लिया गया हो।

लेकिन आर्यावर्त में भी कुछ दूसरी ही शक्तियाँ और परम्पराएँ काम कर रही थीं।

कोसाम से प्राप्त शिव-पार्वती की उभार-शैली की मूर्ति (प्ले. xxiii, ५३)[१] और दशावतार मन्दिर (देवगढ़ झांसी) के रामायण के प्रसंगों को अंकित करने वाले फलक (प्लेट xxiii, ५२)[२] में वर्णनात्मक मूर्ति-अंकन की एक पुरानी परम्परा का विकास हुआ है, और वे अपनी मूल अवधारणा और अभिव्यक्ति में सारनाथ की उभार शैली की मूर्तियों से सर्वथा भिन्न हैं। जबकि सारनाथ की आकृतियाँ केवल संयोजनात्मक दृष्टि से ही एक-दूसरे से असम्बद्ध नहीं हैं, बल्कि भावनात्मक और आध्यात्मिक दृष्टियों से भी एक दूसरे से निस्संग हैं, कोसाम और देवगढ़ की आकृतियाँ संयोजनात्मक रूप से एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं, बल्कि उनमें एक प्रकार की अश्लीलता भी है, जो एक भिन्न स्तर के सामाजिक अनुभव से पैदा होती है। निश्चित रूप से इन मूर्तियों में, सारनाथ की तुलना में, अपेक्षया बहुत कम शालीनता, भव्यता और आध्यात्मिकता है, अपेक्षया बहुत कम सूक्ष्म और प्रतिभासित रूप की अभिव्यक्ति है, यद्यपि उनमें अधिक घरेलूपन और आत्मीयता है, जो शायद दैनंदिन जीवन से निकटतर सम्बन्ध के फलस्वरूप है।

सामाजिक-धार्मिक अनुभव की दृष्टि से इन मूर्तियों की सजातीय और इनकी तरह ही वर्णनात्मक मूर्ति-अंकन की एक अन्य प्राचीन परम्परा का विकास करने वाली मूर्तियों की मिसालें मन्दोर के कृष्ण-गोवर्धन-धारण वाले फलक (प्लेट xxi, ४७)[३]

---

१. आ. स. इ. १९१३-१४, प्ले. lxxb.
२. हि. इ. इ. आ., चि. १६७.
३. हि. इ. इ. आ., चि. १६६.

और नागरी के द्वार-फलक[१] में मिलती हैं। ये दोनों स्थान राजपूताने में हैं और ये मूर्तियाँ पाँचवीं सदी के आरम्भ की हैं। यद्यपि देवगढ़ और कोसाम की मूर्तियों की भाव-मुद्राओं और कोमलतर शरीर-तल के प्रतिरूपण में सारनाथ का प्रभाव लक्षित होता है, पर राजपूताने की इन मूर्तियों की कठोर परिरेखा, शरीर की बलिष्ठ, चौड़ी काठी, शरीर के उभारों की अत्यन्त मुखर अभिव्यक्ति और आमतौर पर एक कठोर भावना कुषाण-कालीन मथुरा की मूर्तिकला की विरासत है। लेकिन इन दोनों स्थानों की आकृतियों में जो शान्त सन्तुलन देखने को मिलता है, वह उस युग की देन है, जिसमें उनका निर्माण हुआ था, जबकि उनमें व्यक्त घरेलू आत्मीयता का भाव और उनकी बलिष्ठता एक ऐसे सामाजिक और धार्मिक अनुभव का परिणाम है, जो उस अनुभव से भिन्न था, जिसने सारनाथ की प्रतिभासित बौद्ध प्रतिमाओं का निर्माण किया था। यह वही फर्क है जो अत्यन्त सूक्ष्म महायान-योगाचार दर्शन को पुराणों के घरेलू दर्शन से भिन्न बताता है। यह अन्तर केवल प्रतिमा-विधायक संरचना और परिकल्पना में ही नहीं, बल्कि उनकी विषय और कथा-वस्तुओं में भी प्रतिबिम्बित हुआ, जैसा उपर्युक्त उदाहरणों से स्पष्ट है।

बलिष्ठ और घरेलू शरीर-रचना का यह नमूना और उसकी कलात्मक परिकल्पना —जो साँची के दिनों से विरासत के रूप में चली आ रही थी—मालवा में एक दूसरे ही सन्दर्भ में ग्रहण की गयी। वहाँ बलिष्ठ शरीर-रचना को, जो अपेक्षया और अधिक चौड़ी और भरकम काठी की है, अधिक घनीभूत गोलाई और सख्त प्रतिमा-विधायक मुहावरे में व्यक्त किया गया। मालवा के विभिन्न स्थानों से प्राप्त स्त्रियों की आवक्ष मूर्तियों [गंगा की मूर्ति, बेसनगर (प्ले. xxii, ४६)[२], ग्वालियर म्यूजियम की अप्सरा (प्ले. xxi, ४५)[३], पवाया के तोरणद्वार के लिंटल, ग्वालियर म्यूजियम][४] के साथ बनारस, राजगिर और तेजपुर की मूर्तियों से तुलना करने से यह बात स्पष्ट हो जाती है। मालवा की मूर्तियाँ निरपवाद रूप से अधिक भारी-भरकम, गोल और कठोर हैं, जबकि पूर्वी क्षेत्र की मूर्तियाँ अधिक कोमल, छरहरी और मृदु हैं। पर हृष्ट-पुष्ट शरीर की भारी-भरकम एकरसता और सघन गोलाई जितनी उन मूर्तियों में मिलती है, जो सीधे शिला में उत्कीर्ण की गयी हैं, उतनी अन्यत्र नहीं मिलती, जैसा भिलसा के निकट उदयगिरि की गुफाओं में देखा जा सकता है। (उदाहरण के लिए गुफा नम्बर २ में विष्णु की मूर्ति) अनन्तशायी विष्णु की मूर्ति, वराहावतार मूर्ति-फलक में भूदेवी की मूर्ति, मन्दसौर में खड़े शिव की मूर्ति, मन्दसौर में ही यशोधर्मन् के स्तम्भ पर उत्कीर्ण

---

१. Ind. Sc., पृ. १७२, चि. ६१.
२. हि. इ. इ. आ. चि. १७७.
३. वही, चित्र १७५.
४. आ. स. इ. १९२४-२५, पृ. १६५, प्ले. xliii (c) तथा (d).

मूर्तियाँ और ग्वालियर के म्यूजियम में रखी नरसिंह की मूर्ति)।[१] यहाँ तक कि बाघ की गुफाओं की बौद्ध मूर्तियाँ भी इस भारी भरकम एकरसता तथा लम्बाई और गोलाई की सघनता के प्रभाव से मुक्त नहीं रह सकीं। यह शायद असम्भव नहीं है कि ये गुण एक ओर तो परोक्ष रूप से हर स्थान के जातीय जीवन की परिस्थितियों से निर्धारित हुए हों और दूसरी ओर पौराणिक एकता की प्रबल सामाजिक विचारधारा से।

लेकिन उदयगिरि का विराट वराहावतार मूर्ति-फलक (प्लेट xxiv, ५५) अपने आप में एक बेजोड़ चीज है। यद्यपि उसमें उदयगिरि की मूर्तियों के सामान्यतः सभी प्रतिमा-विधायक गुण मौजूद हैं, लेकिन उसकी विराटता एक ओर तो उस ब्रह्माण्डीय मिथक कल्पना से उत्पन्न है, जिसको उसमें अभिव्यक्ति दी गयी है, दूसरी ओर वह उस विशाल शिलाखंड से भी उत्पन्न है, जिसने उसके धड़कते हुए, प्रभावशाली मूर्ति-पुंज को, जो धीमी गति की भारी भरकम और हृष्ट-पुष्ट आकृतियों में उत्कीर्ण है, गहन प्रभविष्णुता प्रदान कर दी है। मालवा में स्थित वराहावतार की यह मूर्ति (पाँचवीं सदी) अपना एक हाथ परम्परागत और मनोवैज्ञानिक रूप से भाजा के सूर्य (ईसा पूर्व दूसरी सदी) की ओर बढ़ाती है तो दूसरा हाथ बादामि, एलोरा और एलिफेन्टा (छठी, सातवीं और आठवीं सदियाँ) के भारी-भरकम किन्तु गत्यात्मक मूर्ति-पुंजों की ओर।

२. पूर्वी भारत

सारनाथ का कोमल और सूक्ष्म संगीत पूर्वी भारत में पूरे मनोयोग से सुना गया। लेकिन प्राच्य देश ने, जिसे विरासत में एक ऐसी संस्कृति और जातीय चरित्र मिला था जो आर्यावर्त से भिन्न था, सारनाथ की सूक्ष्म कोमलता और आध्यात्मिक उदात्तता में भावना की गरमाई और ऐन्द्रिय आकर्षण भर दिया। यह न सिर्फ भागलुर के सुलतानगंज में मिली खड़े बुद्ध की विशाल ताम्र-प्रतिमा (प्ले. xxv, ५८; बरमिंघम म्यूजियम)[२] और नालन्दा से प्राप्त बुद्ध की विशाल धातु-प्रतिमा (नालन्दा म्यूजियम) से ही जाहिर है बल्कि बिहारैल में मिली बुद्ध की प्रस्तर-मूर्ति (प्ले. xxx, ५७; राजशाही म्यूजियम), मणियार मठ की गचकारी की उभारी हुई मूर्तियों (प्ले. xxx, ५९) और तेजपुर[३] के दहपरवतिया स्थान में मिली गंगा और यमुना की दो प्रस्तर मूर्तियों (प्ले. xxvi, ६०, ६२) से भी स्पष्ट है। सुलतानगंज और नालन्दा की मूर्तियों में अभी भी वस्त्रों की तहों और चुन्नटदार झालरों के रूप में मथुराशैली के प्रति आग्रह व्यक्त होता है, लेकिन राजगिर, बिहारैल और तेजपुर की मूर्तियों में सारनाथ की परिदृष्टि और मुहावरे का काफी हद तक अनुकरण किया गया है; इसके बावजूद हर जगह सारनाथ के अलौकिक उदात्तीकरण में ऐसे आकर्षण और भाव-सौन्दर्य का

---

१. हि. इ. इ. आ., चि. १७०; का. इ. स्क.

२. हि. इ. इ. आ., चि. १६०.

३. आ. सा. इ., १९२४-२५, पृ. ९८, प्ले. xxxii (a) तथा (b).

स्पर्श ला दिया है जो सर्वथा मानवीय है। मुखाकृति में सूक्ष्म रूपगत परिवर्तन करके और शरीर के प्रतिरूपण में भी थोड़ा-सा अन्तर पैदा करके यह प्रभाव पैदा किया गया है।

चंडीमऊ से प्राप्त स्तम्भों पर की गयी ब्राह्मण-धर्मी देवमूर्तियों की नक्काशी (प्ले. xxiv, ५६) में, जो इसी काल की सारनाथ की नक्काशी की यान्त्रिकता के मुकाबले में निश्चित रूप से अधिक घरेलू और वैविध्यपूर्ण ढंग की है, ऐसा लगता है, जैसे एक बिल्कुल भिन्न प्रकार का सौन्दर्य बोध और सामाजिक अनुभूति काम कर रही हो। प्रतिमा-विधायक दृष्टि से आकृतियाँ ऊँचाई और गोलाई में घनीभूत हैं और उनमें यदि अलंकरण एक लययुक्त स्वेच्छाचारिता से स्तम्भों पर वर्तुलाकार गति से बढ़ते हैं, तो आकृतियाँ भी एक सजीव और उत्साहभरी गति में प्रस्तुत की गयी हैं। इसमें सन्देह नहीं कि उभारशैली की इन मूर्तियों में छाया और प्रकाश के प्रदर्शन के प्रति, एक मनोरंजक और सजीव वर्णन के प्रति तथा एक आत्मीय भावना और वातावरण के प्रति विशेष अभिरुचि का परिचय मिलता है, जो सारनाथ की मूर्तियों में अज्ञात, या उपेक्षित है।

३. दक्षिणापथ

दक्षिणापथ में प्राचीन कला के ऐसे बहुत कम नमूने प्राप्त हुए हैं जिन्हें निश्चित रूप से पाँचवीं सदी में रखा जा सके या जिन्हें उस काल की प्रवृत्तियों को साफ-साफ समझने के लिए प्रतिनिधि माना जा सके। लेकिन छठी सदी में दक्षिणापथ की कला में ऐसी प्रवृत्तियाँ उभरीं जो अत्यन्त जीवन्त और वैविध्यपूर्ण थीं।

ऐहोले की उभारशैली की मूर्तियाँ (प्ले. xxvii, ६३) आमतौर पर साधारण कोटि की हैं, संरचना और संयोजना की दृष्टि से भी और प्रतिरूपण की दृष्टि से भी। उनमें एक झीनी-सी लयकारिता है, जो देवताओं और उनके उड़ते हुए सहकारियों में नारीसुलभ कान्ति पैदा कर देती है, जिसका दक्षिणापथ की समकालीन, परेल या बादामि, अजन्ता या कान्हेरी की मूर्ति-शैलियों से कोई सम्बन्ध नहीं है। सारनाथ की मूर्तियों में अभिव्यक्त उदात्तीकरण, ऊर्जा, गहरे विवेक और आध्यात्मिक आनन्द का परिचय इन उभारी हुई मूर्तियों को है, लेकिन उन्होंने उनका अनुभव शायद बहुत ही कम किया है। फिर भी सारनाथ ने अपना शान्त सन्तुलन और कोमल तथा मुलायम प्रतिमा-विधायक कला ऐहोले के विलम्बित और लोचदार शरीरों में भर दी है। लेकिन यह लोच और लम्बाई दक्षिण भारतीय कला की देन है। इस प्रकार वे एक ओर तो ऐहोले को मूर्तिकला की आन्ध्र-पद्धति से सम्बद्ध कर देते हैं और दूसरी ओर पल्लव-पद्धति से भी।

कान्हेरी गुफाओं की समकालीन उभारी हुई बौद्ध-मूर्तियाँ (प्ले. xxvii, ६४)[१] एक सीमा तक सारनाथ की प्रतिध्वनियां अंकित करती हैं, लेकिन अत्यन्त क्षीण

---

१. हि. इ. इ. आ., चि. १६३.

स्वर में और वह भी अन्तःप्रकाश के किसी भी चिह्न या प्रसुप्त ऊर्जा का संकेत दिये बिना ही। कठोर मुद्रा और कठोर प्रतिरूपण आकृतियों को अपनी परिरेखाओं के अन्दर बांधे रखते हैं, और लगता है, जैसे वे अपना भार मूक संवेदनहीनता से वहन कर रही हैं। संरचनात्मक एवं संयोजनात्मक रूप से एक दूसरे से असम्बद्ध और मूल भाव या बाह्य-लय में कोई आन्तरिक परस्परता न होने के कारण, आकृतियों की इस संवेदनहीन कठोरता से जाहिर होता है कि जहाँ तक दक्षिणापथ में बौद्ध कला का सम्बन्ध है, उसके प्रवाहमय और अन्तःप्रकाशी मूल विचार के अर्थ और महत्त्व को, जिसने गंगा-यमुना घाटी की भारहीन मूर्तियों को जन्म दिया था, वहाँ न तो समझा गया और न अनुभव ही किया गया।

एक दूसरे रूप में यही बात बुद्ध की उन तमाम बैठी या खड़ी मूर्तियों (प्ले. xxviii, ६६) और अन्य दैवी आकृतियों में देखी जा सकती है, जो उस काल की अजन्ता-गुफाओं की दीवारों और अग्रभागों को अलंकृत करती हैं। वहाँ पर आकृतियों की लम्बाई को संक्षिप्त कर दिया गया है और एक प्रकार की स्पंजी गोलाई उनकी सामान्य विशेषता है। देखने में यद्यपि वे भारी वजनदार लगती हैं, लेकिन उनमें शारीरिक या आध्यात्मिक ऊर्जा और शक्ति का न कोई संकेत मिलता है और न कोई भावना ही। यद्यपि सतह का अंकन उनमें अधिक संवेदनशील ढंग से किया गया है और मूर्तियों में एक शान्त-सन्तुलन है फिर भी वे मूक और निद्रालु सी नजर आती हैं। आध्यात्मिक अन्तःप्रकाश से वे बिल्कुल अपरिचित हैं और उनके अन्दर जितना कुछ भी शारीरिक उत्साह है, वह लगता है कि एक उनींदी श्रान्ति के भार से विघटित होता जा रहा है।

युग के सामान्य मापदंड से, और विशेषकर उत्तर भारत के मापदंड से, हम दक्षिणापथ की उपलब्धियों का मूल्यांकन नहीं कर सकते, क्योंकि लगता है कि जातीय और भौगोलिक पूर्व-स्थितियों ने इस क्षेत्र को जैसे भारतीय कला में एक भिन्न प्रकार का, एक भिन्न दृष्टि और परिकल्पना का, एक भिन्न प्रकार की कला का विकास करने के लिए चुना था, जिसके सामाजिक और मनोवैज्ञानिक मूल-स्रोत भिन्न थे और जिसकी संरचना और प्रतिरूपण पद्धति भी भिन्न थी। जहाँ तक छठी सदी का सम्बन्ध है, इस वैशिष्ट्य को रूपायित करने वाली कला के श्रेष्ठतर नमूने बादामि और परेल में मिलते हैं, जो भाजा और कार्लि में काम करनेवाली प्रवृत्तियों और परम्पराओं के समकालीन विकसित रूप हैं।

परेल के उभार शैली के शानदार मूर्ति-फलक (प्ले. xxviii, ६५)[१] की आकृतियाँ विशाल और भारी-भरकम आकार और अनुपात की हैं। तीन खड़ी हुई मूर्तियाँ जैसे पृथ्वी के तल की निराकार ब्रह्माण्डीय गहराइयों से धीरे-धीरे ऊपर को उठ रही हों। तले में अंकित **गणों** की आकृतियों से इस निराकार के अवशेष अभी तक चिपके हुए हैं। अपने परम ध्यान में गहरे भाव से मग्न ये आकृतियाँ अपनी गत्यात्मक, किन्तु प्रसुप्त ऊर्जा और शक्ति से, जो पृथ्वी के श्वास का अंग है, जैसे भीतर से भारी

---

१. क्रा. इ. स्क., चि. ६६.

ठोसपन के साथ उठती हुई नजर आती हैं। अन्य गौण आकृतियाँ भी, जो एक अत्यन्त गत्यात्मक संयोजना में प्रस्तुत की गयी हैं, और एक अन्तःसम्बन्ध से परस्पर जुड़ी हैं, गतिशील मुद्राओं में है, लेकिन फिर भी अत्यन्त गहरे ध्यान में डूबी हुई हैं, उन मुख्य आकृतियों की तरह ही, जिनकी वे अभिव्यक्तियाँ हैं। वे अपनी गत्यात्मकता को जैसे अपने सीने में दबाकर रोके हुए हैं, जिससे उनके सीने चौड़ाई और गोलाई में फूल गये हैं, लेकिन इससे शरीर के अन्य अंगों में भी आन्तरिक दबाव के कारण विस्तारण होता है और वहाँ ठोस मांसपेशियाँ रूप धारण करने लगती हैं। इस सारे फुलाव को स्पष्ट किन्तु प्रवाहमयी परिरेखा के अन्तर्गत नियंत्रित किया गया है। इतनी सशक्त प्रतिमा-विधायक परिकल्पना और शरीर की सतह का तक्षण, इतनी अन्तर्भूत गत्यात्मकता और प्रवाह, ऊर्जा का ऐसा विकिरण सारनाथ के समकालीन कलाकारों को अज्ञात था। फिर भी, और यह आश्चर्यजनक पहेली है, दोनों स्थानों की कला मन की अन्तरतम एकाग्रता या **योग** से उत्पन्न हुई थी।

इसी दृष्टि और रूप की परिकल्पना ने बादामि की गुफाओं की शिला में तक्षित मूर्तियों और उनकी संयोजनाओं को जन्म दिया। परेल की मूर्तियों में, या बादामि की गुफा नं० ३ की अनन्तशायी विष्णु की मूर्ति में जो बात अन्तर्भुक्त है, वही बादामि की गुफाओं की उभार शैली की मूर्तियों में सशक्त और गत्यात्मक मुद्राओं के रूप में फूट पड़ी (प्ले. xxix, ६८-७१) है।[१] यहाँ पर भी मुख्य दैवी आकृतियों के शरीर अनुपात में भारी-भरकम और विशाल हैं, उनके अंग भरे हुए और ठोस हैं, लेकिन परेल की तुलना में उनकी कला किंचित् अपरिष्कृत और अधिक साधारणीकृत है। लेकिन महत्त्वपूर्ण बात यह है कि यहाँ पर भी प्रतिमाविधायक परिकल्पना और प्रच्छन्न या अन्तर्भूत किन्तु गत्यात्मक ऊर्जा पर विशेष जोर दिया गया है, जिसे शरीर के ढाँचे में केन्द्रीभूत करने की चेष्टा की गयी है। यह ऊर्जा जीवन के अधिक गहरे और प्राणदायी स्रोतों से उठती हुई नजर आती है। ये मुख्य आकृतियाँ जैसे अपने अपने मूर्ति-चित्रों पर आच्छादित हो जाती हैं। उनके शरीरों और अंगों की वास्तविक सीमा-रेखाएँ उनके गत्यात्मक विस्तरण की सूचक नहीं हैं। दरअसल, उनकी अन्तर्भुक्त गत्यात्मकता उनके शरीर ही नहीं, पूरे फलक की सीमाओं से भी बाहर तक फैलती जाती है और सारी गौण आकृतियों को भी अपने आलिंगन में लपेट लेती है। चूंकि ये गौण आकृतियाँ मुख्य आकृतियों के महत्त्व में कोई अभिवृद्धि नहीं करतीं, इसलिए उन्हें अधिक मुक्तभाव से और प्रचुर अलंकारिक ढंग से गढ़ा गया है। लेकिन गौण आकृतियाँ और मुख्य देवताओं की प्रचुर वेश-भूषा, ये सब मुख्य आकृतियों की विशाल और विस्तरणशील संयोजना के उपलक्ष्य मात्र हैं। उनके विशाल शरीरों का भरकमपन और उनमें अन्तर्निहित घनीभूत ऊर्जा संयोजना के गत्यात्मक विस्तरण के साथ मिलकर बादामि के मूर्ति-फलकों को एक ऐसा अर्थ और महत्ता प्रदान कर देते हैं, जो सारनाथ की मूर्तियों में अज्ञात है।

---

१. क्रा. इ. स्क. चि० ६७.

उन्होंने जीवित शिला को अपनी परम मानवीय ऊर्जा और आदिम जीवनी शक्ति का पालना बना दिया है ।

IV. मूर्ति-कला के परवर्ती निकाय

(सातवीं सदी)

१. मध्य और पूर्व भारत

सातवीं सदी की तिथियुक्त किसी मूर्ति का अभी तक पता नहीं चला है लेकिन शैली तथा अन्य आधारों पर अनेक मूर्तियों को सातवीं सदी में रखा जा सकता है । सातवीं सदी के पूर्वार्ध में पुष्यभूति साम्राज्य के अन्तर्गत एक प्रकार की शिथिल राजनीतिक एकता मौजूद थी, लेकिन हर्षवर्धन की मृत्यु के बाद राजनीतिक ताना-बाना बिखर गया और अनेक परस्पर-विरोधी और छोटी-छोटी स्वतन्त्र रियासतें पैदा हो गयीं और आठवीं सदी के मध्य से पहले तक उत्तर भारत फिर से अपेक्षया अधिक सुरक्षित सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों में चैन की सांस नहीं ले सका । क्षेत्रीय मनोभावना में डूबी एक पूरी शताब्दी ने, जिसे राजनीतिक और भौगोलिक एकान्तिकता ने और भी प्रोत्साहन दिया था, धीरे-धीरे स्थानीय रुचियों और पूर्वग्रहों को सामने लाने में मदद की और क्षेत्रीय कोटि के सामाजिक और सौन्दर्यबोधी आदर्शों को धीरे धीरे कला में मूर्तरूप ग्रहण कर लेने का मौका दिया, और इस प्रकार कला के क्षेत्रीय स्कूलों का जन्म हुआ । यद्यपि यह प्रक्रिया सातवीं सदी से ही चालू हो गयी थी, लेकिन आठवीं सदी के मध्य से पहले यह प्रवृत्ति विशेष मुखर नहीं हो पायी थी ।

गंगा यमुना की पूरी घाटी में, जिसका प्रतिनिधित्व सारनाथ करता था, तथा बंगाल और बिहार में पाँचवीं और छठी सदी की प्रतिमा-विधायिनी गुप्तकालीन परिकल्पना असह्य सुकुमारता और भव्यता की पुनरावृत्ति से थक कर अपने आप विघटित होने लगी थी । इस दिशा में नये प्रयोग और नये आविष्कार जैसे असंभव हो गये थे और एक पिघलती हुई परिरेखा तथा आश्चर्यजनक रूप से संवेदनशील प्रतिरूपण ने जिस कोमल आर्द्रता और प्रवाही अन्तःप्रकाश को सँजोया था, वह निश्चित रूप से मिट रहा था । नतीजा यह हुआ कि प्रतिरूपण में एक अपरिष्कृत गँवारुपन और अर्थहीन भारी-भरकमपन आ गया ।

सातवीं सदी के मध्यभारत की अधिक महत्त्वपूर्ण मूर्तियाँ मुख्यतः सारनाथ (प्ले. xxviii, ६७) और उसके आध्यात्मिक क्षेत्र में आने वाले नालन्दा में ही बनती रहीं । रूप का एक अर्थहीन भारी-भरकमपन और उनींदापन, जो एक पीढ़ी के अवशेषों पर लगातार निर्भर करने और उसका अनुकरण करने से पैदा हुआ था, सारी आकृतियों पर भार बन जाता है । जो कभी एक सृजनात्मक प्रक्रिया थी वह अब फार्मूलों में बंध गयी थी, जिसका कोई महत्त्व नहीं होता । प्रतिमा की सतह रुखड़ी और अपरिष्कृत होती गयी, जबकि परिरेखा ने अपना प्रवाही गुण खो दिया । फिर भी, अगली सदी में

नालन्दा में प्रतिरूपण पर विशेष ध्यान देकर और परिरेखा की स्पष्टता पर जोर देकर विघटन की प्रक्रिया पर रोक लगा दी। मूर्तियों का शारीरिक प्रारूप लगातार गुप्तकालीन आदर्श और गंगा-यमुना की घाटी की परम्परा की विरासत बना रहा। परवर्ती काल में क्या हुआ, उसकी यहाँ चर्चा व्यर्थ होगी, क्योंकि उसका पूर्वक्षेत्रीय स्कूल की मूर्ति-कला के प्रसंग में विवेचन पुस्तक की अगली जिल्द में किया जाएगा।

बंगाल से प्राप्त धातु की दो मूर्तियों से भी (रानी प्रभावती की 'सर्वाणी' मूर्ति ढाका के म्यूजियम में[1] और शिव की कांस्य-मूर्ति, कलकत्ते में अजित घोष के संग्रह में) जिन्हें सातवीं सदी में रखा जा सकता है, जाहिर होता है कि गुप्त-कला की पूर्वी शैली का ज्वार भी उतार पर था और इन मूर्तियों में उस कला की परिष्कृत ऐन्द्रियकता और संवेदनशील निस्संगता का लेश भी नहीं रहा था। सर्वाणी की कठोर और रूक्षमूर्ति परवर्ती काल की साम्प्रदायिक मूर्तियों की पूर्वगामिनी दिखायी देती है। लेकिन पाहारपुर[2] से प्राप्त कुछ प्रस्तर मूर्तियाँ, जो मोटे तौर पर इसी काल की या कुछ बाद की हैं, अभी भी सारनाथ की पूर्वी शैली की परम्परा से जुड़ी हुई हैं। पाहारपुर की तथाकथित राधा-कृष्ण की मूर्ति के प्रतिमाविधायक वैशिष्ट्य में (प्ले. xxx, ७२) और भागलपुर की उस नारी-मूर्ति में जिनके बाजू पर एक चिड़िया (प्ले. xxxi, ७४) है, मनियार मठ (राजगिर)[3] की नारी नागिनी और दहपरवतिया[4] (तेजपुर) की गंगा और यमुना की मूर्ति की पूरी शालीनता, सन्तुलन, ऐन्द्रिय उष्णता और मानवीय सौन्दर्य-सम्मोहन है।

लेकिन पाहारपुर के इसी स्मारक से प्राप्त उभार शैली की अनेक दूसरी प्रस्तर-मूर्तियों का (प्ले. xxx, ७३) बहुत गहरा सौन्दर्य-बोधी और सामाजिक महत्त्व है। उभार-शैली की इन मूर्तियों में, जिनके भारी भरकम और रूक्ष अंग तथा आकृतियों में अनुपात के प्रति उदासीनता दिखाई देती है, परिष्कृत संवेदनशीलता या सांस्कृतिक बनावट का लेश भी नहीं है। ये सादी और गँवारु मूर्तियाँ बड़े निर्द्वन्द्व भाव और खुले दिल से तराशी गयी हैं। उनका प्रतिमा-विधायक गुण उनकी गति, गत्यात्मक संयोजना और सशक्त लय में है। फार्मूलों के बन्धनों से मुक्त इन मूर्तियों की कला सीधे अपने चारों ओर के दैनन्दिन जीवन से प्रेरणा ग्रहण करती है। दैनन्दिन जीवन के प्रत्यक्ष अनुभव की गत्यात्मकता और सोद्देश्य लय ही इन मूर्तियों में प्रतिबिम्बित हुई हैं। बेहद सजीव, सशक्त और मानवीय, ये मूर्तियाँ उस धारा का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो बंगाल के जन साधारण की प्रच्छन्न कला थी, जिसे उत्तर मध्यकाल से पहले प्रकाश में आने का अवसर नहीं मिला था, जबकि साहित्य और कला में स्थानीय और लोकप्रिय तत्त्वों को पुनः उभारने के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ पैदा हो गयी थीं।

---

१. हि. ब. आर. चित्र १४७.
२. के. एन. दीक्षित, दिल्ली; मे. आ. स. इ., सं० ५५, १९३८, पृ० ३७-५५.
३. हि. इ. इ. आ., चित्र. १७६.
४. देखें, पृ. ५८५.

२. मालवा और राजपूताना

सातवीं शताब्दी में मालवा और राजपूताना की कला का क्या हश्र हुआ, इसका निश्चित पता नहीं चलता। कुछ ऐसी छिटपुट मिसालें[1] अवश्य मिलती हैं, जिन्हें शैली के आधार पर इस काल में रखा जा सकता है, लेकिन वे इतनी कम हैं कि उससे कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता।

आमतौर पर कहा जा सकता है कि संक्षिप्त प्रतिरूपण, सघन गोलाई और सुगठित बनावट इस काल की मूर्तियों की विशेषता है। मिसाल के लिए साँची में (प्ले. xxxii, ७७) ये विशेषताएँ अनेक प्रस्तर-मूर्तियों में देखने को मिलती हैं, जो सातवीं और आठवीं सदी की हैं। दक्षिणापथ ने मालवा की कला के इस पहलू को किस सीमा तक प्रभावित किया था, यह कहना कठिन है, लेकिन एक न एक रूप में दक्षिणापथ की समकालीन कला की छाप उस पर अवश्य दिखाई देती है।

मालवा-राजपूताने की कला के इस प्रचलित व्यवहार के साथ हम शायद ब्रह्मोर मन्दिर[2] की कुछ काष्ठ-मूर्तियों और चंबा[3] की कुछ बड़ी धातु-मूर्तियों को भी सम्बद्ध कर सकते हैं, जो सातवीं या आठवीं सदी के आरम्भ में रखी जा सकती हैं। मालवा की कला में विशेषतः मिलने वाली परिरेखा की वह दृढ़ता और रूपण की सहजता, जो ठोस शरीर को अपनी पकड़ में रखती हो, इन मूर्तियों में भी मिलती है और उनकी शालीनता आर्यावर्त के पूर्वकालीन आदर्श का स्मरण दिलाती है।

सातवीं सदी की नालन्दा, बंगाल और उड़ीसा की मूर्तियों से तुलना करने पर यह तथ्य आश्चर्यजनक रूप से स्पष्ट हो जाता है कि सारे मध्य और पूर्वी भारत में प्रतिरूपण सम्बन्धी परिकल्पना में धीरे-धीरे किन्तु क्रमशः एक परिवर्तन हो रहा था।

३. दक्षिणापथ

जब कि आर्यावर्त एक पुरानी परम्परा के विघटन और नयी कला के जन्म की पीड़ा से गुजर रहा था, दक्षिणापथ उस समय भाजा और कार्लि, परेल और बादामि की प्राचीन परम्परा को सृजनात्मकता में पूर्णता-प्राप्ति की लक्ष्य-पूर्ति में लगा था। इसकी सबसे महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों के परिणाम एलोरा, पट्टडकल, औरंगाबाद और एलिफेन्टा की गुफाओं में देखे जा सकते हैं।

एलोरा की सातवीं सदी की मूर्तियाँ (रावण-क-खइ, दशावतार, रामेश्वर और धुमरलेणा गुफाएँ (देखिए प्ले० xxxii, ७९; xxxiii, ८०; viii, १६ तथा ix, १७) भी उसी तरह भारी-भरकम और चौड़ी काठी की हैं तथा उनमें ऐसी घनीभूत ऊर्जा

---

१. देखिए, साँची की अवलोकितेश्वर की मूर्ति (प्ले० xxxii, ७७) और ग्वालियर की एक आवक्ष नारी-मूर्ति (प्ले० xxxi, ७५) और एक नारी-आकृति का अधोभाग (प्ले. xxxi, ७६)।

२. फोगेल, ऐंटिक्विटीज आफ चम्बा स्टेट, पृ. ७, चित्र २।

३. वही, देखिए, फथयपुर और कांगड़ा की बुद्ध की धातु मूर्तियाँ (प्ले. xxxii, ७८)।

और शक्ति है जो विकीर्ण होकर उन्हें शरीर की सीमाओं से ऊपर उठा देती है, जो पूर्वकालीन पीढ़ी की बादामि की मूर्तियों में थी। लेकिन जबकि एक साधारणीकृत प्रतिरूपण-पद्धति कुल ऊर्जा और शक्ति को शरीर के सभी अंगों में बिखेर देती थी, ऐलोरा में विशिष्टीकृत प्रतिरूपण-पद्धति बिखरी हुई ऊर्जा को शरीर के विशिष्ट अंगों में, उसके आकुंचनों, मुद्राओं और हरकतों के अनुसार घनीभूत कर देती है और वहीं पर वह संघनित और संकेन्द्रित हो जाती है। इस विशिष्टीकृत प्रतिरूपण और संघनित ऊर्जा में सामंजस्य रखने के लिए बादामि की स्पष्ट और प्रवाही परिरेखा की जगह ऐसी परिरेखा का प्रयोग किया गया है जो विक्षुब्ध आत्म-संयम के बीच तनावपूर्ण और संक्षिप्त है। बादामि और परेल में जो मूर्तियाँ गंभीरतम ध्यान और एकाग्रता में डूबी हुई थीं, और इस प्रकार अपने में अनन्त शक्ति और ऊर्जा का संग्रह कर रही थीं, वे अब यहाँ की मूर्तियों के रूप में जैसे प्रसरण और कर्म के आवेश में आ गयी हैं। जो आँखें एक समय बन्द और अन्दर की ओर देखती थीं, वे अब खुल गयी हैं और आकृतियाँ जैसे धीरे धीरे बाहर निकल कर सर्जनात्मक मुद्राओं और गतियों के संसार में आ गयी हैं। प्रतिरूपित मुद्राओं और शारीरिक गतियों से बादामि की मूर्तियाँ अपरिचित नहीं थीं, लेकिन वहाँ ये मुद्राएँ और गतियाँ गम्भीर ध्यानावस्था में निमग्न थीं।

गति, तनाव और विशिष्टीकरण के इस जीवन का धीरे धीरे उभर कर ऊपर आना उभार-शैली के उन मूर्ति-फलकों के कारण भी सम्भव हो सका, जिनका यहाँ प्रयोग किया गया है। ये उभार-शैली के मूर्ति-फलक निरपवाद रूप से गुफा के सबसे अंधेरे और निचले भागों में जमाये गये हैं, जहाँ से प्रतिमाओं को प्रकाश और आकाश की ओर किंचित् विकर्ण दिशा में बहिर्गमन करते हुए दिखाया गया है। उनके बाहर निकलने और गतिमान होने का भाव प्रक्षेपित भित्ति-स्तम्भों द्वारा तथा शरीर के ऊपरी भाग को बगल की ओर आकुंचित करके और कन्धों को समस्तर रखकर रेखांकित किया गया है। मूर्तियों के प्रतिरूपित आयतन को इस प्रकार छाया और प्रकाश के सजीव खेल के लिए मौका मिलता है और आकाश की ओर विकर्ण दिशा में होने से प्रतिमा-विधायक कल्पना और संरचना को अधिक गहन और व्यापक अर्थवत्ता प्राप्त हो गयी है। आकाश, जिसकी अवस्थिति अलग है, इस प्रकार मूर्त्ति-फलक का एक अन्तरंग भाग बन जाता है और उसके कला-सौन्दर्य की अभिवृद्धि करता है।

आयतन और संरचनात्मक गति की यही परिकल्पना औरंगाबाद की गुफाओं की उभार-शैली की मूर्तियों (प्ले. xxxiii, ८१) में भी साकार हुई है, जहाँ पर विशिष्टीकृत प्रतिरूपण का आयतन दो भित्ति-स्तम्भों के बीच के अन्धकार और शून्य तथा असीम आकाश के प्रकाश का और भी भरपूर उपयोग करता है।

आठवीं सदी के मध्य के लगभग पट्टडकल के मन्दिरों में लगे उभार शैली के मूर्ति-फलकों पर मामल्लपुरम् (जिसे महाबलिपुरम् भी पुकारा जाता है) और कांची-पुरम् की दक्षिण भारतीय पल्लव-परम्परा की छाप दिखायी देती है, लेकिन उनमें

दक्षिणापथ की विरासत और दक्षिण भारत की परम्परा का पूरी तरह रचनात्मक समन्वय नहीं हो पाया है। आकृतियों में एक क्षीण सुनम्यता और लालित्य आ गया है, जो दक्षिण की पूर्वकालीन कला की विशेषता थी। सहज, मौन और लालित्यपूर्ण गति इनमें से अधिकांश मूर्ति-फलकों को एक सौन्दर्य और वस्तु-शिल्पीय गरिमा प्रदान कर देती है, जो ऊँची उभार-शैली में उत्कीर्ण किये गये हैं। दरअसल, पट्टडकल के उभार शैली के मूर्ति-फलक इतनी उन्नत सुरुचि और सघन भावना का परिचय देते हैं कि वे दक्षिण की हलकी और सूक्ष्म प्रतिमा-विधायक परिकल्पना को एक बहुत ही ऊँचे स्तर पर उठा देते हैं।

लेकिन एलोरा में आठवीं सदी के कैलाशनाथ मन्दिर के शानदार और शक्त मूर्ति-फलकों की लम्बी पंक्ति में वह प्रक्रिया, जो पट्टडकल में काम कर रही थी, अपने चरम उत्कर्ष और प्रौढ़त्व को प्राप्त हो गयी है। उनमें दक्षिणापथ की मूर्ति-कला की सहजता, लालित्य और सुनम्यता रचनात्मक समन्वय में संयुक्त हो गयी है और इसके परिणाम स्वरूप यहाँ की मूर्तियों में शक्तिशाली गति और उदात्त, गरिमामय लालित्य का सुन्दर संयोग देखने को मिलता है। एलोरा की सातवीं सदी की मूर्तियों की मन्द गति इन मूर्तियों में तीव्र गति प्राप्त कर लेती है और सक्रियता के तीव्र क्षणों में फूट पड़ती है, जिनमें शरीर और आत्मा उन्मुक्त हो जाते हैं। चिरवर्तमान ऊर्जा और अन्तर्निहित शक्ति का केन्द्रीकरण उन्हें एक शक्तिशाली दिशा में स्फुटित कर देता है, जिससे आकृतियाँ विकर्णित होकर, आगे की ओर प्रचंड गति से बढ़ने की चेष्टा में, धनुषाकार झुक जाती हैं (महिष-मर्दिनी मूर्ति-फलक, प्ले. xxxv, ८४)[१] या उन्हें एक उन्मादपूर्ण और उत्कट आलिंगन में आबद्ध कर देती हैं (मिथुन मूर्ति-फलक) अथवा उन्हें हिंस्र मुद्राओं और प्रचंड क्रियाओं में भाग लेने के लिए प्रेरित[२] करती हैं (रावण द्वारा कैलाश को झकझोरने का दृश्य : प्ले. xxxiv, ८२) उस समय भी, जब ये आकृतियाँ आरामपूर्वक बैठी या खड़ी होती हैं, (शिव पार्वती का दृश्य,[३] जल-देवियों के मूर्ति-फलक) उनके छरहरे शरीरों में एक गरिमामय आत्मनियंत्रण का भाव मुखर रहता है और भागते समय तो तेज रफ्तार पाने के लिए एक सक्रिय और सचेतन चेष्टा व्यक्त होती है।

यह सब प्रभाव पूरी निपुणता से आयतन के ब्यौरेवार और विशिष्टीकृत प्रतिमांकन द्वारा सम्भव हुआ है। अंगों में स्थानीय तनावों और शक्ति के केन्द्रीकरण की सीमा स्वयं चेष्टा की गति और प्रबलता पर निर्भर करती है। आगे बढ़ने की विकर्ण दिशा इसमें बहुत कारगर सिद्ध हुई है, और मुख्य तथा गौण आकृतियों में इस मुद्रा का सबसे मुखर रूप वहाँ देखने को मिलता है, जहाँ वे कमान

---

१. का. इ. रक. चित्र ७५।
२. वही, रक. चित्र ७८।
३. हि. ह. ह. आ., चित्र १९३।

की तरह झुक जाते हैं। अनेक मूर्ति-फलकों में सारी आकृतियाँ इस विकर्ण दिशा में ही बढ़ती हुई दिखायी गयी हैं, जिससे उनके वक्ष कुछ तिरछे मुड़े हुए हैं और कंधे अनुप्रस्थ अवस्था में नजर आते हैं (शिव, विष्णु-नरसिंह, महिष-मर्दिनी आदि के नृत्यों के दृश्य आदि)। प्रकाश और छाया के प्रभावों का भरपूर उपयोग किया गया है; न केवल खुले आकाश की ओर बढ़ने की गति के अनुपात में ही, बल्कि कथावस्तु की आवश्यकताओं और मंच पर कार्य करने वाले अभिनेताओं की मनोदशा के अनुरूप भी। ये प्रभाव मूर्ति-फलक में पीछे हटते हुए कटावों द्वारा क्रमिक ढाल पैदा करके या गुफा की शिला में गहरी और अंधेरी कोटरिकाएँ खोदकर पैदा किये गये हैं।

अगर पट्टडकल और एलोरा क्रमशः भाजा, कार्ले, परेल और बादामि में पुंजीभूत शक्ति और ऊर्जा को शक्ति और आत्म-नियन्त्रण से भरी प्रबल और उत्कट गति के रूप में मुक्त कर देते हैं, तो एलिफेन्टा[1] में आदिम ऊर्जा की परिकल्पना साकार हो गयी है, जो अपना ओज सृष्टि के मूल से प्राप्त करके हजारों वर्षों तक मानव शरीर के ढाँचे के भीतर जमा करती आयी है, जिससे सघन आवेग और अन्तर्निहित शक्ति उस शरीर को फुला कर उन्हें विशाल आकार के सुडौल और ठोस रूपों में ढाल देती है (प्ले. xxxv, ८५)। वहाँ यह ऊर्जा अपनी आदिम भव्यता में चिरकाल के लिए निवास करती है और गहरे ध्यान में मग्न रहती है। बादामि में लम्बे और भारी मुकुट, जिन पर प्रचुर नक्काशी की गयी थी, देवताओं के सिर पर नीचे को दबाने वाले भार लगते है; लेकिन यहाँ पर मुकुट हल्के हैं और ऊपर की दिशा में उठने के भाव को मुखर करते हैं तथा बालों की घुँघराली लटें और प्रचुर अलंकार, जो शक्तिशाली देवताओं के गम्भीर और निर्वैयक्तिक चेहरों को जैसे फ्रेम में जड़ देते हैं, सुन्दर और सारगर्भित वैषम्य प्रस्तुत करते हैं। आयतन की अत्यन्त सरल और प्रतिरूपण की साधारणीकृत टेकनीक उनको अद्वितीय शक्ति और गरिमा प्रदान कर देती है। केन्द्रित तथा अन्तर्निहित शक्ति और ऊर्जा की दृष्टि से, गत्यात्मक चेष्टा की उदात्त चेतना की दृष्टि से, प्रतिरूपण में सन्तुलन और भव्यता की दृष्टि से, विशाल आकारों की दृष्टि से और संरचना की शक्ति तथा सन्तुलन की दृष्टि से, एलिफेन्टा के मूर्ति-फलक शिला काट कर बनायी गयी दक्षिण की मूर्तिकला में सर्वश्रेष्ठ हैं। यहाँ पूर्णता की चरम सीमा प्राप्त कर ली गयी है और नयी खोज तथा प्रयोग के लिए कुछ भी बाकी नहीं रहा है।

सारनाथ के **धर्म-चक्र-प्रवर्त्तन** बुद्ध (प्ले. xviii, ३७) और एलिफेन्टा के शैव मूर्ति-फलक अध्यात्म के क्षेत्र में भारत की खोज के दो चरम शिखरों और विस्तारों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो उसने प्रतिमाविधायक कल्पना और रूप की साकारता में प्राप्त किये, जबकि तमिल देश की प्रतिभा ने परवर्तीकाल में कांस्य की जिस नटराज-मूर्ति का निर्माण किया, वह तीसरे चरम शिखर की प्रतिनिधि है। लेकिन पहला और दूसरा शिखर ही वास्तविक अर्थों में शास्त्रीय है, और उनमें परम शास्त्रीय कला का सर्वोच्च स्तर देखने को मिलता है।

---

१. हि. ह. ह. आ., चित्र १९४-५।

अजन्ता के एक अभिलेख में, जो अनुमानतः पाँचवीं या छठी सदी का है, लेखक ने अपने आत्म-प्रवंचित उल्लास के क्षण में दर्ज किया है कि बुद्ध के सिद्धान्त के प्रसार के आगे कृष्ण, शंकर और दूसरे देवता हड़बड़ा कर पीछे हट गये। छठी और सातवीं सदी में बौद्ध धर्म की दक्षिण में चाहे जो स्थिति रही हो, दक्षिणा-पथ में बौद्ध कला, जिसका प्रतिनिधित्व अजन्ता और कान्हेरि के नमूने करते हैं, स्पष्टतः इस समय तक विघटन और ह्रास के किनारे पहुँच चुकी थी। लोनद की लगभग इसी काल की बौद्ध गुफाओं के मूर्ति-फलकों में, जो बम्बई के निकट हैं, हमें प्रतिरूपण की एक निर्जीव और स्पंजी शैली के दर्शन होते हैं, यद्यपि उनके शरीर भारी-भरकम और लालित्यपूर्ण हैं। लेकिन आठवीं सदी में नासिक के शैलकृत्त उभारवाले मूर्ति-फलकों में (गुफा नं० १६) हमें ऐसी आकृतियाँ देखने को मिलती हैं, जिनकी प्रवाही और नियन्त्रित रूपरेखा दुर्बल और बिखरे आयतन वाले शरीर में व्यर्थ ही सूक्ष्मता भरने की चेष्टा करती है। कुल मिलाकर अगर एलोरा, औरंगाबाद, पट्टडकल और एलिफेन्टा की समकालीन ब्राह्मण-धर्मी मूर्तियों से तुलना करके देखें, जो एक पुनर्जात संस्कृति की प्रबल ऊर्जा और व्यक्त या अव्यक्त गत्यात्मकता से भरी हुई है, तो लगता है कि ये निर्जीव बौद्ध-कृतियाँ अपनी सम्भावनाएँ समाप्त करके ह्रासोन्मुखी हो गयी हैं। हम देख चुके हैं कि उत्तर में ह्रास की यह प्रक्रिया एक नयी परिकल्पना और जीवन-दृष्टि से संयुक्त हो जाने के कारण रुक गयी थी।

४. दक्षिण : मामल्लपुरम् और कांचीपुरम्

मामल्लपुरम् की समुद्रतटवर्ती शिलाएँ सातवीं सदी में, महान् पल्लवों के शासन-काल में एक शालीन और लालित्यपूर्ण पुष्पांजलि के रूप में प्रस्फुटित हो उठीं। इस बीच आर्यावर्त, मालवा और दक्षिणापथ के अनुभवों से सम्पन्न होकर उन्होंने आंध्र-स्कूल की विरासत को अधुनातन रूप दिया और उसके विकास में अपने युग के ज्ञान और अनुभव का योग दिया।

उभार-शैली में उत्कीर्ण गंगावतरण (?) का विशाल मूर्ति-फलक (प्ले. xxxiv, ८३)[१] जिसे एक विराट पैमाने पर, विराट् किन्तु सरल और सीधे रूप में पूरे शिखर के मुख पर तराशा गया है, स्वयं शिला-खंड द्वारा प्रेरित है। उसकी कथावस्तु जैसे शिला-खंड का ही अन्तरंग भाग है और शिला की कुदरती बनावट, उसकी दरारों और तरेड़ों का, उसके आयताकार और गोलाकार फलकों का, उभार-शैली के प्रतिरूपण के लिए इस्तेमाल किया गया है। भाजा और उदयगिरि में भी ऐसे मूर्ति-फलक तराशने की कोशिश की गयी थी लेकिन मामल्लपुरम् के अलावा और कहीं भी ये मूर्ति-फलक शिला के

---

१. क्र. इ. स्क., चि. ७१. श्री रामचन्द्रन् ने हाल में ही मामल्लपुरम् के मूर्ति-फलकों की शिनाख्त करके बताया है कि उनमें महाकाव्यों और पुराणों में दी गयी अर्जुन और किरात (किरातार्जुनीयम्) के युद्ध की कहानी चित्रित की गयी है। देखिए ज. इ. सो. ओ. आ., XVIII, ५४ प. पू.)।

साथ इस तरह अन्तरंग रूप से सम्बन्धित नहीं हैं । मूर्ति-फलक के विशाल और असीम विस्तार के भीतर और आकाश से पृथ्वी पर उतरती हुई गंगा के दोनों ओर मनुष्यों, पशुओं, देवताओं, योगियों, सर्प-देवताओं और अर्धदैवी प्राणियों का एक पूरा संसार उत्कीर्ण है । समस्त संवेदनशील प्राणियों के प्रति सहानुभूति और उनकी भावनाओं का अहसास तथा प्रकृति के प्रति गहरा और ताजा अनुराग, जो साँची के प्रारम्भिक अवशेषों में देखने को मिलता है, मामल्लपुरम् के इस मूर्ति-फलक में भी एकबार फिर मुखर हुआ है, और सारे प्राणी अपने अस्तित्व के सबसे उल्लासपूर्ण और प्रेमोन्मत्त भाव में नदी की जीवनदायी धारा के गिर्द जमा हुए हैं । वह संन्यासिनी बिल्ली, जो इतनी यथार्थ और परिहासपूर्ण है, हिरनों की वह सजीव जोड़ी, जरावस्था से झुकी कमर वाला वह जर्जर ब्राह्मण संन्यासी या साथ लगी हुई दूसरी शिला में उत्कीर्ण गाय दूहने का वह अत्यन्त सजीव ग्रामीण दृश्य या एक बन्दर परिवार का दृश्य प्रस्तुत करने वाला शैलखंड—ये सब सूचित करते हैं कि इस कला में जीवन के छोटे-छोटे सुखों और छोटे-छोटे प्रसंगों के प्रति कितना गहरा लगाव था और उसमें प्रकृति के प्रति कितना गहरा प्रेम और प्रकृति-निरीक्षण कितना सूक्ष्म था।

यहाँ पर इस बात को स्वीकार करके कला की सृष्टि की गयी है कि जीवन का अस्तित्व सुखमय और अनायास है। यहाँ पर हर चीज क्षीण, हल्की और प्रत्यक्ष है और स्पष्ट बात तो यह है कि यहाँ किसी भी अतीन्द्रिय अथवा आध्यात्मिक खोज का चिन्ह नहीं मिलता । इन मूर्तियों को जो बात खूबी, सन्तुलन और गरिमा प्रदान करती है, वह है उनकी चेष्टाओं में व्यक्त आत्म-नियन्त्रण की भावना। ये आकृतियाँ जैसे शिला में फूलों की तरह अनायास प्रस्फुटित होकर प्रकाश में प्रकट हो गयी हैं, और वहाँ वे एक सपाट पृष्ठभूमि पर निवास करती हैं और एक भीड़-भाड़ वाले संसार में एक-दूसरे से टकराती रहती हैं, जहाँ न वनस्पति है और न किसी प्रकार की सजावट ही । चूँकि ये सारी आकृतियाँ शिला की सपाट सतह पर अपने आमोद-प्रमोद में संलग्न दिखाई गयी हैं, इसलिए प्रकाश और छाया की आँख-मिचौनी अनावश्यक हो गयी है । इस प्रकार यहाँ किसी प्रकार की रहस्यात्मकता या उत्कट कार्य-व्यापारों से भरा लोमहर्षक नाटक देखने को नहीं मिलता, जैसा हम एलोरा या बादामि में देखते हैं । यहाँ पर हर चीज स्पष्ट और प्रत्यक्ष है । एक सरल, स्पष्ट और निश्चित अनुभव, जिसके बीच से सुसंस्कृत निस्संगता और अनुशासित शक्ति से गुजरा जाता है, उसे अभिव्यक्ति देने के लिए कल्पना और रूप की सूक्ष्मता और गहराई की अपेक्षा नहीं होती है।

मामल्लपुरम् में कुछ और भी उभार-शैली के मूर्ति-फलक हैं (प्ले. xxxvi, ८७) जो जिन्दा शिला में से काट कर बनाये गये मन्दिरों में लगे हुए हैं। आम तौर पर इन मूर्तियों को लम्ब रूप में जड़े, नीचे दबे आयताकार फलकों में से, जो भित्ति-स्तम्भों के बीच जड़े हुए हैं और देखने में वास्तुशिल्पीय लगते हैं, बाहर निकलते हुए दिखाया गया है। ये आकृतियाँ आन्ध्र-किस्म की लम्बे और छरहरे बदन की हैं, जिनका प्रति-रूपण अपेक्षया अधिक सरल, साधारणीकृत, अनुशासित और संयमित है। उनकी

ऊँचाई को भित्ति-स्तम्भों और फलकों की अनुलम्ब दिशा तथा उनकी लम्बी और पतली बाँहों, टाँगों और नुकीले, लम्बे मुकुट से रेखांकित किया गया है । आकांक्षित लालित्य और सुचारुता की भंगिमाओं के बावजूद ये आकृतियाँ, नारी-आकृतियाँ तक, एक बार भी अपना वास्तुशिल्पीय अनुशासन नहीं त्यागतीं । यह बात वहाँ भी देखने को मिलती है जहाँ किसी प्रकार की वास्तुशिल्पीय टेकनीक का प्रयोग नहीं किया गया, जैसा कि गंगावतरण शैलकृत्ति से जाहिर है ।

सरलीकृत और साधारणीकृत प्रतिरूपण शैली के कारण आकृतियों से आन्ध्र-स्कूल की ऐन्द्रियकता तो जैसे पिघलकर लुप्त हो गयी, लेकिन उसकी नम्यता सुरक्षित रही, जिसमें अब एक सुसंस्कृत भव्यता और निस्संगता के भाव की अभिवृद्धि हो गयी। अपनी आन्तरिक शक्ति की चेतना, जिसे पुरुष-आकृतियों के चौड़े कंधों ने और भी तीव्र कर दिया है, और अनुशासित बल ने देवताओं और मनुष्यों के आचरण में एक उदात्त और अभिजात ढंग पैदा कर दिया है । देवताओं की आकृतियों का तो अनिवार्यतः फार्मूला-बद्ध अंकन करना ही था, लेकिन राजा और रानियाँ—जैसा पुरालेखों में कहा गया है कि वे समकालीन लोगों की प्रतिकृतियाँ हैं —यहाँ तक कि साधारण जनों की आकृतियाँ भी, अपनी शान्त मुद्राओं के बावजूद, अपने अभिजात और उदात्त तौर-तरीकों की अभिव्यक्ति करने में नहीं चूकतीं । नारी-आकृतियाँ अपेक्षया अधिक पतले और छरहरे बदन की हैं और उनके कंधे और सीने सँकरे हैं, उरोज छोटे हैं और उनके बदन पर कम से कम आभूषण और वस्त्र हैं तथा आमतौर पर उनके अन्दर अत्यधिक निर्भरता और विनम्रता का भाव है। अनिवार्यतः वे अपने संगी पुरुष की ओर स्वस्थ नितम्बों पर टिकी एक लालित्यपूर्ण भंगिमा में झुकी हुई, या उसका सहारा लिए हुई, दिखायी गयी हैं । लेकिन चाहे पुरुष हो या नारी, देवता हो या राजा (अभिलेखों की मदद के बिना उनमें अन्तर करना सम्भव नहीं है), दैवी पुरुष हो या साधारण मर्त्य, एक अनुशासित और निस्संगभाव उन सबके मुख और शरीर पर लक्षित होता है। यह भाव, जैसे पहले संकेत किया जा चुका है, किसी आन्तरिक अनुभूति या मननशील सिद्धान्त या जीवन के गहरे अनुभव से नहीं उपजा है । इसमें केवल एक संस्कृत और अभिजात निस्संगता से जीवन की औपचारिक स्वीकृति का भाव है। दरअसल, दक्षिणापथ या आर्यावर्त के अर्थ में अनुभव की सूक्ष्मता या गहराई के प्रति मामल्लपुरम् बिल्कुल उदासीन है ।

कांचीपुरम् के कैलासनाथ मन्दिर के आठवीं सदी के उभार-शैली के मूर्ति-फलकों में मामल्लपुरम् का पतला और हल्का प्रतिमाविधायक सन्दर्भ और भी पतला और हल्का हो गया है। लेकिन उत्तर भारत की तरह यहाँ भी पूर्ण विघटन और ह्रास को केवल अधिक सुस्पष्ट रूपरेखा द्वारा रोका जा सका है।

वानस्पतिक और ज्यामितीय सजावटी नक्काशी

इस काल की वानस्पतिक और ज्यामितिक ढँग की आलंकारिक नक्काशी के बारे में एक-दो शब्द कहना जरूरी है । इस ओर पहले संकेत किया जा चुका है कि मानव

आकृतियों ने सारे आलंकारिक नक्शों (पैटर्नों) को, चाहे वे पशु या वनस्पति जगत् से लिये गये हों या शुद्ध अमूर्त ज्यामितिक डिजाइन हों, मूर्ति-फलकों से हटा कर हाशिये पर अथवा मूर्ति-शिल्पीय और वास्तु-शिल्पीय पट्टियों या फलकों पर धकेल दिया, जहाँ ये आलंकारिक पैटर्न अपनी ऐकान्तिकता में बन्द हो गये थे वहाँ वे अपनी समृद्धि और उल्लास में सजीव, उर्वर और लबालब किन्तु हमेशा अकृत्रिम और लालित्य-पूर्ण दिखायी देते हैं। सुस्पष्ट रेखाओं में खचित माणिक गुलाब, मनोहर बेलबूटों का मिश्रण (अराबस्क) और दन्तावलियाँ, पूर्ण रूप से प्रतिरूपित वृन्त और बेल-बूटे, ऐंठकर बंटी हुई रस्सी के डिजाइन, जिनमें मोतियों के फुंदके लटके हैं, एक दूसरे से लिपटी हुई लताएँ और **गणों** और पुरुषों, स्त्रियों और विलक्षण जीवों की आकृतियाँ...ये सब पत्थर में गहरे और तिर्यक् ढंग से, स्पष्ट और सूक्ष्म रूप में तराशे गये हैं और वे अपने लहरदार और स्वेच्छाचारी ढंग से आगे बढ़ते हैं तथा प्रकाश और छाया के खेल में डूबे रहते हैं। इनमें सर्वत्र उस युग की श्रेष्ठ कारीगरी और कल्पना की उर्वरता का परिचय मिलता है।

इन शानदार और प्रचुर वानस्पतिक नक्शों (पैटर्नों) के अलावा हमें और प्रायः उनके साथ साथ, ज्यामितिक नक्शों (पैटर्नों) के अलंकरण भी मिलते हैं, जिनमें मिसाल के लिए स्वस्तिक के मूल-भाव की आवृत्ति होती है या उसे अन्य नक्शों के संयोजन में प्रस्तुत किया गया है; हीरे की शक्ल के अलंकार मिलते हैं, जिन्हें समानान्तर रेखाओं को आड़े काट कर बनाया गया है; शतरंज के बोर्ड के पैटर्न आदि भी मिलते हैं। ये सब सपाट या कोणिक सतह पर उत्कीर्ण किये गये हैं। यह सजावटी नक्काशी सबसे ज्यादा सारनाथ के धार्मिक स्तूप में और उस काल के कुछ मन्दिरों के द्वार की पाटियों में मिलती है। यहाँ भी प्रकाश और छाया का अत्यन्त मनोहर प्रदर्शन होता है, लेकिन सामान्य प्रभाव अपेक्षया कम रंग-बिरंगा है। अब तक भारतीय कला में ज्यामितिक पैटर्न बहुत विरल थे। गुप्तकाल ने उनका प्रचलन करके उन्हें लोकप्रिय बनाया और फिर इसके बाद, अर्थात् आठवीं शताब्दी से सम्पूर्ण उत्तर भारत में उनका बहुत प्रयोग होने लगा।[१]

भौगोलिक सन्दर्भ में इस काल के इन आलंकारिक, वानस्पतिक और ज्यामितिक नक्शों (पैटर्नों) का अध्ययन करने से मालूम होता है कि गंगा-यमुना की घाटी और प्राच्य देश में इन आलंकारिक नक्शों (पैटर्नों) का प्रचुर प्रयोग हुआ है। मालवा तक पहुँचते-पहुँचते उनका प्रयोग विरल हो जाता है, जबकि दक्षिणापथ और दक्षिण के शैलकृत्त उभार-शैली के मूर्ति-फलकों में तो जैसे उनका बहिष्कार ही कर दिया गया है। हो सकता है, कि मूलतः जातीय कारणों से ऐसा हुआ हो, लेकिन यह नामुमकिन नहीं है कि यह उस काल की उन दो विचारधाराओं के कारण हुआ हो जिनका विशेषकर आर्यावर्त्त और दक्षिणापथ में क्रमशः प्रभुत्व था। आर्यावर्त्त की सूक्ष्म और रहस्यवादी

---

१. फा. आ. स्मि., चि. ११५, प्ले. xxxvii.

विचार-प्रक्रियाओं ने एक उदात्त और आध्यात्मिक कोटि की प्रतिमा-विधायक परिकल्पना और संरचना को जन्म दिया, जिसमें मानव-आकृति ही केन्द्रीय तत्त्व थी और काल्पनिक और मनमानी आलंकारिक नक्काशियों के लिए शायद ही कोई स्थान था। इसी लिए आलंकारिक नक्काशी को हाशियों में और वास्तुशिल्पीय फलकों पर स्थान खोजना पड़ा। और चूँकि वानस्पतिक सिद्धान्त स्वयं मानव-आकृति में जीवित और प्रभावी था, इसलिए वह तो वहाँ था ही, और उसे स्वयं अपने लिए अन्यत्र स्थान खोजना पड़ा। दक्षिणापथ में शैलकृत्त मूर्तियों द्वारा अभिव्यक्त कथा-वस्तुएँ स्वयं मौलिक गहराइयों और आयामों में प्रवेश करती हैं और ऐसे क्षितिजों में निवास करती हैं, जहाँ चिरन्तन अंधकार है; जहाँ न कोई वनस्पति है, न गति है, न प्रकाश है और न विशिष्टीकरण के लिए कोई गुंजाइश है; न ही उत्तर-भारत की तरह वहाँ मानव आकृति की अवधारणा में वानस्पतिक सिद्धान्त कहीं भी जीवित और सक्रिय है।

सामान्य समीक्षा

पाँचवीं और छठी सदी के सारनाथ वाले बुद्ध और बोधिसत्त्व उस प्रतिमा-विधायिनी प्रक्रिया और एक अत्यन्त सूक्ष्म और रहस्यात्मक, प्रवाही और ज्योतिर्मयी विचारधारा की अन्तिम उपलब्धि का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो महायान-योगाचार के नाम से प्रसिद्ध है और जिसे समकालीन बौद्ध विचारकों ने युगानुकूल रूप देकर विकसित किया था। वे उस आध्यात्मिक खोज की अन्तिम परिणति हैं, जो ईसवी सन् की प्रारम्भिक शताब्दियों में शुरू हुई थी। इस समय के उपलब्ध नमूनों से जाहिर है कि इस खोज के सबसे महत्वपूर्ण केन्द्र मथुरा और सारनाथ थे, जो मोटे तौर पर गंगा-यमुना की घाटी का प्रतिनिधित्व करते हैं, यद्यपि मथुरा और सारनाथ की प्रतिध्वनियाँ पूरब में आसाम से लेकर उत्तर-पश्चिम तक और कश्मीर से लेकर विन्ध्याचल तक सुनायी देती थीं। इन शताब्दियों के बीच आर्यावर्त्त में हमें जो कुछ देखने को मिलता है, वह, कम से कम जहाँ तक बौद्ध-धर्मी मूर्तिकला का सम्बन्ध है, इस सुदीर्घ खोज का ही प्रतिफलन था। समकालीन ब्राह्मण-प्रधान धर्मों की मूर्तियाँ भी, कम से कम उनमें से काफी कुछ, और वे भी आर्यावर्त में ही, इस खोज से प्रेरित हैं। इस सिलसिले में बनारस की कार्त्तिकेय की मूर्ति ओर नागोद राज्य में खोह के एकमुख लिंग की मूर्ति का हवाला देना पर्याप्त है। लेकिन अधिकांश ब्राह्मण-धर्मी मूर्तियों में, यद्यपि वे गुप्त-काल की सामान्य प्रतिमा-विधायक परिकल्पना के अन्तर्गत आती हैं, इस मूल विचार और खोज का संस्पर्श नहीं मिलता; एक शब्द में योगाचार के सांस्कृतिक दृष्टिकोण का उनमें अभाव है। इसके लिए पाठकों को रजोना, देवगढ़, उदयगिरि, मन्दसौर और बेसनगर के मूर्ति-फलकों का हवाला देना ही पर्याप्त है।

इस काल के बौद्ध और ब्राह्मण दोनों के धार्मिक-दार्शनिक साहित्य का अध्ययन करने से ज्ञात होता है कि लगभग तीसरी चौथी सदियों से आर्यावर्त में एक महान् विचार-मन्थन चल रहा था और बड़े- बड़े दिमागों और विचारों की बड़े-बड़े दिमागों

और विचारों से टक्कर हो रही थी । अगली शताब्दियों में ये प्रतिद्वन्द्वी मोटे तौर पर दो पक्षों में बंट गये थे । एक पक्ष न गार्जुन, आर्यदेव, असंग, वसुबन्धु दिङ्नाग द्वारा प्रतिपादित विचारों का समर्थन और प्रतिनिधित्व करता था और दूसरा पक्ष योगसूत्रों और न्यायसूत्रों का था जिनका प्रतिनिधित्व वात्स्यायन, उद्योतकर और कुमारिल ने किया था । इस विचारोत्तेजना और हलचल ने एक ऐसे नव-ब्राह्मण वाद के विकास में योग दिया, जो क्रियाशीलता में दृढ़ और प्रबल था; जिसकी कल्पनाशक्ति पुष्ट और प्रखर थी तथा जिसकी रचनाशक्ति अत्यन्त उर्वर और व्यापक रूप से जातीय चेतना से उत्पन्न थी। इस नव-ब्राह्मणवाद ने पुराणों और महाकाव्यों के सम्पादन-परिशोधन में लोकप्रिय अभिव्यक्ति प्राप्त की और इस प्रकार उसने सृष्टि के आरम्भ और जीवन के पालन और संहार के बारे में मूल भारतीय धारणाओं को युगानुकूल रूप दिया । इस काल के अधिक महत्त्वपूर्ण ब्राह्मण-धर्मी मूर्ति-फलक मुख्यत: इन धारणाओं और उनकी मूर्त कलात्मक अभिव्यक्ति से ही सम्बन्धित हैं । जब कहा जाता है कि पुराण में, अन्य बातों के अलावा[1] अपने भौतिक कारणों से सृष्टि के आरम्भ और विकास तथा प्रत्येक मन्वन्तर की समाप्ति पर जिन तत्त्वों में उसका विसर्जन हो जाता है, उनसे उसकी पुन:सृष्टि की कथा दी जानी चाहिए तब हमें उस परिकल्पना और विचार-दृष्टि का कुछ-कुछ आभास दिखाई देने लगता है, जिसने मालवा में उदयगिरि की गुफाओं या बदामि, एलोरा, औरंगाबाद और एलिफेन्टा, यहाँ तक कि एक निम्नस्तर मामल्लपुरम् में भी मूर्ति-फलकों के निर्माण की प्रेरणा जगायी थी । उस समय ही हमें पूरी तौर पर, और गहराई से, इन शानदार मूर्तियों की ध्यान-मग्न मुद्राओं में निहित, या उत्कट कर्म में व्यक्त, आन्तरिक शक्ति और आवेग के सच्चे अर्थ और महत्त्व का अहसास होता हुआ मालूम देता है, या विविध मूर्त और साकार रूपों में अभिव्यक्त उन तीन परम सत्यों की महत्ता का पता चलता है । यहाँ हम सचमुच एक नये विचार और दृष्टिकोण को, दरअसल एक नयी संस्कृति और सभ्यता को, जन्म लेते हुए देखते हैं ।

दक्षिणापथ की समकालीन बौद्धकला, कुल मिलाकर, इस नयी दृष्टि और विचार-सम्पदा से अछूती रही और चूँकि जिन स्रोतों से उसने प्रेरणा ली थी, उनकी पूरी छानबीन हो चुकी थी और उनकी संभावनाएँ चूक गयी थीं, इसलिए धीरे-धीरे उसका ह्रास हो गया । हम आगे चल कर देखेंगे कि समकालीन बौद्ध चित्रकला ने जीवन के अन्य शक्तिशाली स्रोतों से भी प्रेरणा ग्रहण की थी और उसकी अन्त:शक्ति और जीवन्तता के कुछ अन्य कारण भी थे, जिससे वह अधिक दिनों तक जिन्दा रह सकी और उसमें लालित्य और ओज भी बना रहा, यद्यपि सृजन के एक निम्न स्तर पर ।

लेकिन आर्यावर्त और प्राच्य भारत में अत्यन्त सूक्ष्म और रहस्यात्मक अर्थों से सम्पन्न पुरानी परिकल्पना और उसके अनुरूप मूर्तिकरण की परम्परा एक संक्षिप्त काल तक निष्क्रियता के दौर में रह कर नव-ब्राह्मणवाद की नयी दृष्टि और विचारधारा

तथा उसके अनुरूप उसकी कलात्मक अभिव्यंजन से एकाकार हो गयी। इस प्रकार अगली शताब्दियों में एक नयी और समन्वित कला का जन्म हुआ, जिसका वर्णन इस पुस्तक की अगली जिल्द में किया जाएगा।

क. चित्रकला तथा अन्य कलाएँ

I. चित्रकला

विषय

१. क्षेत्र और स्वरूप

इन तमाम शताब्दियों में पत्थर में रूप की तलाश के दौरान कलाकारों ने गहरे और मौलिक महत्त्व की विषय-वस्तुओं की अभिव्यक्ति में रुचि प्रकट की। चित्रकला (मिट्टी की आकृतियों और मृण्मूर्तियों की तरह) का स्वरूप लोगों की माँग के फलस्वरूप प्रस्तर की मूर्तिकला की अपेक्षा लौकिक होता गया। इस काल के रचनात्मक और तकनीकी साहित्य के अध्ययन से पता चलता है कि चित्रकला न केवल शहरी समाज के ऊपरी वर्ग में, जिसमें प्रवीणता प्राप्त करना राजकुमारों, दरबार के सामन्तों और महिलाओं के लिए सामाजिक दृष्टि से अनिवार्य समझा जाता था, बल्कि अनेक पेशेवर शिल्पी संघों में भी समादृत थी, और लोग शौकिया भी चित्र बनाते थे। वात्स्यायन के कामसूत्र में चित्रकला को भी **चौंसठ कलाओं** अथवा ललित कलाओं में शामिल किया गया है और बाद में यह बात अनेक कृतियों में दुहराई गयी है—कामशास्त्र में रंगों, कूचियों और रेखांकन-फलकों को औसत नागरिक (नागरक) के निजी कक्ष का आवश्यक सामान बताया गया है। यदि यशोधर द्वारा रचित वात्स्यायन की महान् कृति की टीका को विवेच्य काल का सूचक माना जाए तो यह भी मानना पड़ेगा कि इस काल में पेशेवर और शौकिया चित्रकारों के सैद्धान्तिक और व्यावहारिक मार्ग-दर्शन के लिए प्रयास शुरु हो गये थे। यशोधर ने चित्रकला के **षडंगों** अथवा छह अंगों का उल्लेख किया है: अर्थात् **रूपभेद, प्रमाण, भाव, लावण्ययोजना, सादृश्य** तथा **वर्णिक भंग** जो कुमार स्वामी के अनुसार किस्मों के भेद, आदर्श अनुपात, मनः स्थिति की अभिव्यक्ति, आकर्षण का मूर्त रूप, दृष्टिकोण (मुद्रा और स्थानम् के सन्दर्भ में), रंगों को तैयार करना (पीसना, घोंटना इत्यादि) हैं। यह व्याख्या विवादास्पद है, लेकिन इस बहस को हम यहाँ नहीं छेड़ेंगे। **विष्णु-धर्मोत्तरम्** में, जो निस्सन्देह गुप्तकाल की कृति है, चित्रकला पर एक पूरा परिच्छेद है, और उसमें इनमें से बहुत से नियमों की चर्चा की गयी है। बाद के कई ग्रन्थों, उदाहरण के लिए **शिल्परत्न** में भी इस पर विचार किया गया है। **विष्णु-धर्मोत्तरम्** में पहले से ही भित्तिचित्रों के लिए जमीन तैयार करने की विधि अथवा वज्रलेप, रंगों के निर्माण और प्रयोग, रेखाओं के आच्छादन, विशिष्टता, अंगों और आकृतियों के संक्षिप्तीकरण, आयतन की अभिव्यक्ति, मनःस्थिति की अभिव्यक्ति

(**भावना**), संचलन (**चेतना**) और विषयवस्तु के अनुसार चित्रों को **सत्य, वैणिक, नागर,** तथा **मिश्र** में विभक्त करना सम्मिलित था। कुमारस्वामी ने इनका अनुवाद क्रमशः यथार्थवादी, गीतात्मक, लौकिक तथा मिश्रित किया है। इनसे और तत्कालीन साहित्य से प्राप्त चित्रकला के अन्य उल्लेखों से मन में कोई सन्देह नहीं रह जाता कि गुप्त सांस्कृतिक काल की बौद्धिक उत्तेजना के फलस्वरूप चित्रकला के सिद्धान्त और तकनीक पर सविस्तार विचार किया गया और इसी काल में चित्रकला सम्बन्धी नियमों को प्रतिपादित किया गया था। इन नियमों का नृत्यकला के नियमों से बहुत निकट का सम्बन्ध था। इन दोनों कलाओं से सम्बन्धित मुद्राओं की भाषा, भंगिमा के नियमों (**भंग**), दृष्टिकोण (**स्थानम्**), और अनुपात (**प्रमाणानि**) इत्यादि का प्रतिपादन किया गया। यह एक आश्चर्यजनक बात है कि चित्रकला के सिद्धान्त अथवा तकनीक का प्रतिमाविधायक कला के रूप में मूर्तिकला से कोई सम्बन्ध नहीं था या बहुत कम सम्बन्ध था। इसका कारण बताना कठिन है, लेकिन मालूम होता है कि चित्रकला तथा मृण्मूर्तियों को उच्चतम सर्जनात्मक अभिव्यक्ति का उपयुक्त माध्यम नहीं समझा जाता था। इनमें अपेक्षाकृत घटिया और कम टिकाऊ सामग्री का उपयोग किया जाता था और इसे एक सामाजिक उपलब्धि समझा जाता था। इन कलाओं द्वारा आमतौर पर अस्थाई मनःस्थितियाँ और चेष्टाएँ व्यक्त की जाती थीं। जीवन के सबसे स्थाई मूल्यों और उच्चतम आकांक्षाओं को निबद्ध करने के लिए पत्थर को सबसे उपयुक्त माध्यम के रूप में सुरक्षित रखा गया था। इसके चाहे जो भी कारण रहे हों, इस काल के सर्वोत्कृष्ट चित्रों के अवशेष, जो बाघ, अजन्ता और बादामि में मिलते हैं, उत्तर, दक्षिण और दक्षिणापथ के चित्रों की अपेक्षा झीने और हल्के मालूम होते हैं।

इस सन्दर्भ में भारतीय मानस में चित्रकला के मूलभूत स्वरूप का उल्लेख करना अप्रासंगिक नहीं होगा। बौद्ध और जैन, दोनों विचार धाराओं के अनुसार, चित्रकला मन की दृष्टि-क्षमता की उपज है, जो आँखों से देखने की प्रक्रिया के बिना ही देख सकती है और जो इन्द्रियगोचर ज्ञान अथवा **परोक्ष** की बजाय **प्रत्यक्ष** अथवा सीधे अन्तर्ज्ञान का तरीका अपनाती है। इस प्रकार कहा जाता है कि चित्रकला **ज्ञान**-प्रक्रिया की बजाय मन की **दर्शन**-प्रक्रिया से पैदा होती है।[1] भारतीय परिकल्पना के अनुसार "ज्ञान" की अपेक्षा "दर्शन" का धरातल नीचा है।

विष्णु-धर्मोत्तरम् में धार्मिक स्थानों, महलों और निजी मकानों के लिए उपयुक्त अलग-अलग प्रकार के चित्रों का उल्लेख किया गया है। हमारे पास इस तरह के अवशेष नहीं, जिनके आधार पर हम निर्णय कर सकें कि दरबार में अथवा निजी भवनों में किस प्रकार के चित्र हुआ करते थे। सम्भवतः दोनों की विषय-वस्तु लौकिक होती थी, जबकि धार्मिक-स्थानों के चित्रों में पौरोहित्य का प्रभुत्व झलकता था। अजन्ता,

---

१. क्राम्रिश : ज. इ. सो. ओ. आ. V. २२१-२२ कुमारस्वामी ईस्टर्न आर्ट, III, २१८-१९; ट्रान्सफार्मेशन आफ् नेचर इन आर्ट, परि. V

बाघ, बादामि तथा शिट्टण्णवाशल के चित्रों की विषयवस्तु धार्मिक है और धार्मिक उद्देश्य से ही वे बनायी गयी थीं। लेकिन, भावना और आन्तरिक अर्थ, वातावरण और सामान्य विन्यास में उनसे अधिक लौकिक दरबारी और परिष्कृत कोई कलाकृति नहीं है। अपनी विषयवस्तु के बावजूद वे मनःस्थितियों की अभिव्यक्ति के साथ-साथ सुरम्यता पैदा करते हैं; उनका आकर्षण लौकिक तथा सौन्दर्यपरक है जो बौद्धिक और आध्यात्मिक न होकर इन्द्रियग्राह्य अनुभूतियों पर आधारित है। केवल गुफा नम्बर १ में अवलोकितेश्वर तथा पद्मपाणि और अजन्ता की गुफा नम्बर १९ में बुद्ध की कपिलवस्तु में वापसी के चित्र में चित्रकला तत्कालीन मूर्तिकला की ऊँचाइयों और गहराइयों को छू सकी थी।

समकालीन साहित्य और महाकाव्यों से भी पता चलता है कि राजप्रासादों और धनीवर्ग के मकानों की चपटी दीवारों और छतों पर अलंकृत भित्ति-चित्रों की सजावट होती थी और उनमें चित्रों के लिए अलग कक्ष (**चित्रशालाएँ** अथवा **चित्रसद्म**) होते थे। अनुमानतः इन चित्रवीथियों में चित्राकृतियों और चित्रफलकों के साथ-साथ चित्र बनाने के लिए लकड़ी के तख्ते भी होते थे, जिनका इस काल के संस्कृत नाटकों और प्रेमाख्यानों में उल्लेख है। भास द्वारा वर्णित **प्रतिमागृह** में सचमुच सीथियन कुषाण सम्राटों के **देवकुल** की तरह मूर्ति-चित्रवीथियाँ भी थीं। सम्भवतः **चित्रशालाएँ** इन **प्रतिमागृहों** का चित्रित प्रतिरूप थीं। भित्तिचित्रों से सम्बन्धित बाण की एक आकस्मिक टिप्पणी से लगता है कि महलों और घरों की छतों और दीवारों पर जिन चित्रों की सजावट हुआ करती थी, उनकी विषयवस्तु बहुत विस्तृत और व्यापक थी, जिसमें जीवन और प्रकृति की सम्पूर्ण चित्रावलि शामिल थी (दर्शित विश्वरूप)। भास तथा अन्य समकालीन लेखक भी इन **भित्तिचित्रों** से परिचित थे। **मुद्राराक्षस** के लेखक विशाखदत्त (छठी सदी) ने चित्रकला की एक और किस्म का उल्लेख किया है जो लोकशैली की थी और लोकप्रिय थी। इन चित्रों को **यमपट** कहते थे और ये कपड़े के लम्बे चीरकों पर बनाये जाते थे। उनका स्वरूप वर्णनात्मक होता था, जिसमें अगले संसार में कर्मों का फल दिखाया जाता था। बुद्धघोष ने भी, जो विवेच्यकाल का विख्यात बौद्ध विद्वान् और धर्मतत्त्वज्ञ था, इस प्रकार के चित्रों का उल्लेख किया है, जिन्हें उसने **चरणचित्रों** का नाम दिया है, जिनमें मृत्यु के बाद लोगों के अच्छे और बुरे भाग्य को चित्रित किया जाता है। ये चित्र सुवाह्य चित्रवीथियों में दिखाये जाते थे और उनके उचित नाम-पत्र या वर्णन-पत्र लगाये जाते थे। इसमें सन्देह नहीं कि ये **यमपट** तथा **चरणचित्र** ही रूप, अर्थ और प्रस्तुतीकरण की दृष्टि से उन पटचित्रों के पूर्वज थे, जो उन्नीसवीं सदी में भी पूर्वी भारत में बहु प्रचलित थे और आज भी प्रचलित हैं। वे उन जावा और बाली के पटचित्रों के भी पूर्वज हैं, जिन्हें **वयंग बेबर** कहते हैं। किसी महीन, कमजोर चीज पर बना तत्कालीन यमपट अथवा **चरणचित्र** हमें नहीं मिलता। लेकिन साफ जाहिर है कि इस लोककला का जातीय और धार्मिक महत्त्व था और ग्रामीण जनता के लिए ये चलते-फिरते चित्र गहरा शिक्षात्मक महत्त्व रखते थे

विशाखदत्त ने जिस तरह **भित्तिचित्र** शब्द को साहित्यिक रूपक की तरह इस्तेमाल किया है (**सैवेयं मम चित्रकर्म-रचना भित्ति विना वर्तते**) उससे पता चलता है कि भित्तिचित्र एक लम्बे अर्से से चले आ रहे थे। लेकिन अपनी लोकप्रियता और आदर के बावजूद ऐसा लगता है कि सर्जनात्मक कला के रूप में इनका दर्जा बहुत ऊँचा नहीं था। राजशेखर (सन् १००० ई०) ने **चित्र-लेप्य-कृत्** अथवा भित्ति-चित्र बनाने वाले कलाकारों को (**लेख्य** चित्र बनाने वालों की तुलना में) **अपभ्रंश** कवियों की श्रेणी में रखा है, अर्थात् वे प्राचीन संस्कृत कवियों की तरह सुसंस्कृत और ऊँचे बौद्धिक वर्ग के लिए उनकी भाषा संस्कृत में लिखने के बजाय साधारण लोगों की भाषा में लिखते थे।

२. वर्तमान अवशेष

इस काल के प्राचीन अवशेष संख्या में बहुत कम हैं। बेदसा की गुफाओं में चित्रों के अस्पष्ट चिह्न मिलते हैं, जिनका काल तीसरी सदी ईसवी निश्चित किया गया है। लेकिन संख्या में कम होने के कारण उनके आधार पर हम कोई निश्चित निष्कर्ष नहीं निकाल सकते। कान्हेरी की गुफाओं (गुफा नं० १४; छठी सदी) औरंगाबाद (गुफा नम्बर ३ और ६; छठी सदी) और पितलखोरा (छठी सदी की चैत्य गुफा) में भी चित्रों के अस्पष्ट चिह्न मिलते हैं जो दक्षिणापथ में हैं। इसी प्रकार तिरुमलाईपुरम् के शैलकृत्त मन्दिर (दिगम्बर जैन सातवीं सदी) और मलयादिपत्ति के शैलकृत्त मन्दिर (वैष्णव, ७८८-८४० के बीच) में भी, जो दक्षिणापथ में है, चित्रों के अस्पष्ट चिह्न हैं। लेकिन बाघ (विशेषकर गुफा नम्बर ४, सन् ५०० ई०), अजन्ता (गुफा नम्बर १, २, १४, १७, तथा १९)[1] और बादामि में (गुफा नम्बर ३, छठी सदी), शिट्टण्णवाशल के जैन मन्दिर (सातवीं सदी) तथा कांचीपुरम् के शैव मन्दिर (कैलाशनाथ मन्दिर सातवीं सदी) में (ये दोनों दक्षिणापथ में हैं) अधिक सारवान् अवशेष मिलते हैं। लंका में सिगिरी की गुफा (छठी सदी) में भी इन चित्रों के अवशेष हैं। लेकिन ये चित्र चाहे उत्तर, दक्षिण अथवा दक्षिणापथ के हों, इनका मानक अजन्ता के चित्रों में मिलता है। इस काल के सभी चित्र एक ही श्रेणी के हैं, सिर्फ एलोरा के चित्र (आठवीं सदी) कुछ सीमा तक भिन्न हैं, जहाँ एक नयी परम्परा का उदय होता दिखाई देता है। स्थानीय और प्रादेशिक शैलियों के बारे में अधिक कहना आवश्यक नहीं, क्योंकि वे कुछ शरीर-रचना सम्बन्धी रूढ़ियों और स्वभाव-वैशिष्ट्य की दृष्टि से ही स्थानीय हैं। मध्यभारत में बाघ, दक्षिणापथ में शिट्टण्णवाशल और कांचीपुरम्, लंका में सिगिरी की गुफाओं तथा अजन्ता की गुफाओं में कुछ स्थानीय विशेषताओं को छोड़कर और कोई मौलिक अन्तर नहीं है।

---

१. अजन्ता की तारीख और विवरण (तथा अन्य जानकारी) के लिए वास्तु-कला सम्बन्धी अनुभाग देखिए।

३. तकनीक

इस काल के चित्रों की तकनीक सम्बन्धी सबसे दिलचस्प विशेषता चित्रों के फलक की तैयारी है। **विष्णु-धर्मोत्तरम्** में इसकी सम्पूर्ण विधि दी गयी है जिसे **वज्रलेप** का नाम दिया गया है, लेकिन वर्तमान अवशेषों को देखने से पता चलता है कि यह विधि कहीं भी इस्तेमाल में नहीं लायी गयी। पिसा हुआ पत्थर, मिट्टी, गोबर, जिसमें कई बार भूसा या वनस्पतियों के रेशे, मूँग (मुद्ग) का काढ़ा या शीरा मिला कर एक लेप तैयार किया जाता था, जिसे पलस्तर की तरह चट्टान की सख्त और खुरदुरी सतह पर बराबर लगा दिया जाता था। इसके बाद उसे खुरपी से चमका दिया जाता था और गीले में ही उसके ऊपर महीन सफेद चूने की हलकी सी तह जमा दी जाती थी, ताकि पलस्तर चूने को पकड़ सके। कुमारस्वामी का यह कथन सन्देहास्पद मालूम होता है कि चूने के सूखने से पहले ही रंग तैयार कर लिये जाते थे। इस काल के भारतीय भित्तिचित्र असली माने में भित्तिचित्र (Fresco buono) न होकर असम्बद्ध भित्ति-चित्र (Fresco secco) हैं। रंगों के इस्तेमाल के बाद चित्रित स्थान को थोड़ा-सा चमका दिया जाता था।

रंग भरने और परिरेखाओं की पूर्ति से पहले चित्र का खाका खींचा जाता था। यह हमेशा सुस्पष्ट होता था; पहले **धातुराग** अथवा सिन्दूर का प्रयोग किया जाता था फिर रेखाओं में एकरंगे लाल रंग के साथ मुलायम हरी मिट्टी (Terra verte) की महीन परत का प्रयोग किया जाता था जिसके नीचे से लाल रंग दिखाई देता था। अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग रंग भरते वक्त हाशिये को खाकी, गहरे लाल या काले रंग से भरा जाता था, सूक्ष्म या चौड़े बिन्दुओं अथवा आड़ी रेखाओं (पत्र) द्वारा चित्र का छायाकरण किया जाता था और उसे तीन आयामों वाला प्रतिरूपित आयतन प्रदान किया जाता था। भारतीय रेखाओं का उद्देश्य सुलेख की सूक्ष्मता नहीं, बल्कि सुस्पष्ट और चक्राकार लचीलापन है। रेखा के शक्तिशाली प्रतिरूपण-तत्त्व (एलोरा में एक श्रेणी के चित्रों को छोड़कर) के साथ-साथ रंगों का प्रतिरूपण भी सशक्त है, जिसके लिए न केवल रंगों के सामंजस्य और छायाकरण से काम लिया गया बल्कि विभिन्न स्तरों अथवा **नतोन्नत** को व्यक्त करने के लिए विशिष्ट प्रकाश का भी प्रयोग किया गया। यह कथन सही नहीं है कि अजन्ता तथा इस काल के अन्य चित्रों में प्रतिरूप प्रस्तुत करने का प्रयास नहीं किया गया। कूची का प्रयोग उन्मुक्त और सुस्पष्ट ढंग से हुआ है, विशेषकर सुदृढ़ खाकों में, जिनके कारण आरेखन इतना सशक्त हो सका है। रंगों का प्रतिरूपण भी सम्पूर्ण ढँग से हुआ है, जिससे आकृतियाँ अपने सम्पूर्ण विस्तार और सुनम्य आयतन में प्रकट हुई हैं।

जिन मुख्य रंगों का प्रयोग किया गया उनमें गैरिक (धातुराग), चमकीला लाल (कुमकुम अथवा सिन्दूर), पीला गैरिक (हरिताल), जम्बुकी नीला, रावट नीला, काजल जैसा काला, खड़िया मट्टी जैसा सफेद, गेरु मट्टी तथा हरा (हरताल, जंगाल) भी शामिल हैं। बाणभट्ट ने मनःशिला से निकाले गये गहरे पीले रंग का

उल्लेख किया है। यह रंग संखिये का था। इस काल के चित्रों के अवशेषों में यह रंग नहीं दिखायी देता। सिवा रावट रंग के, जो शायद जयपुर से या विदेश से मंगवाया जाता था, बाकी सारे रंग स्थानीय रूप से उपलब्ध थे। मिश्रित रंगों का प्रयोग भी किया गया है, मिसाल के लिए भूरे रंग का, लेकिन आमतौर पर नहीं। सब जगह सब रंगों का इस्तेमाल नहीं किया गया, न ही सब जगह रंगों का गाढ़ापन एक-सा है, जो विषयवस्तु और स्थानीय वातावरण पर निर्भर करता है। आमतौर पर भारतीय शास्त्रीय चित्रकला का उद्देश्य किस्म-किस्म के रंगों का वैषम्य प्रस्तुत करना नहीं है, बल्कि ऊपरी सतह को तेज और सघन रंगों से संतृप्त करना है। मुख्यतः भारतीय लाल और मिट्टी के रंग का अनगिनत रंगतों और घटाओं में प्रयोग किया गया है। यह पूरी तरह से प्रतिरूपित, आच्छादित और आवेशित संतृप्ति चित्रों की शास्त्रीय गरिमा को और भी बढ़ाती है।

४. अजन्ता : गुफा सं० १६, १७ और १९; गुफा सं० १ और २

अजन्ता की गुफाओं की लम्बी शृंखला में, जहाँ कभी सारे सपाट स्थान ढँके होंगे, अब बहुत कम अवशेष बचे हैं। लेकिन निश्चित रूप से यह सजीव और ताजी वनस्पतियों, देवताओं और अर्द्ध-दैवी व्यक्तियों, अप्सराओं, किन्नरों, जिन्नों, विलक्षण सूरतों के प्रचुर और वैविध्यपूर्ण पेड़-पौधों, जलूसों और समारोहों, प्रेम और उल्लास, सौन्दर्य और लावण्य, उत्कृष्टता और रुक्षता का एक संसार है जो एक ऊँची, बौद्धिक और परिष्कृत सभ्यता के सौन्दर्य के कोमल प्रकाश से आलोकित है, लगता है जैसे अतीत के युग (साँची की उभार शैली) की आनन्दमय नैसर्गिकता फिर लौट आयी है, लेकिन इन बीच की सदियों में उसके रूप में बहुत से अन्तर भी आये हैं जो अधिकांशतः समकालीन युग पर हावी विचारधारा की देन हैं। ये चित्र समकालीन जीवन की प्रचुरता, राजकुमारों और जनता, सामन्तों और योद्धाओं, संतों और भिखारियों के जीवन का नाटकीय परिदृश्य प्रस्तुत करते हैं। ये सभी अलग-अलग जातियों और कौमों के हैं—इन चित्रों में शहरों और महलों, दरबारों और जंगलों, सड़कों और बागों के जीवन की झलकियां हैं, इनमें एक स्वस्थ और प्रयास-रहित भौतिक जीवन का उल्लास और स्वतन्त्रता झलकती है तथा अलंकृत वैभव के बीच शालीन, उदात्त और मनोहर जीवन की अभिव्यक्ति है। मूर्त्त एवं सुनिरूपित कलाओं के पूरे इतिहास में एक अत्यन्त सुसंस्कृत समाज की परिष्कृत भावनाओं और संवेदनशीलता की ऐसी सादी किन्तु चित्रात्मक अभिव्यक्ति दुर्लभ है। इस अभिव्यक्ति को सूक्ष्म और आध्यात्मिक अनुभव की गहराई द्वारा ऊँचे आध्यात्मिक स्तर पर पहुँचाया गया है; इनमें कलाकार का दृष्टिकोण स्पष्टतः मानववादी है और सृजन की प्रक्रिया में उदात्त एवं व्यापक अनासक्ति से काम लिया गया है।

जीवन की यह अभिवृत्ति और दृष्टिकोण चेतना की सतह से विजन की सतह पर आकृतियों को चट्टान की गहराई के अन्धकार से उसकी सतह के प्रकाश में उभारकर

लाया गया है। इस प्रक्रिया को क्रैमरिश ने "आसन्न दिशा" की अर्थपूर्ण संज्ञा दी है पदार्थों और घटनाओं की भीड़ से भरे इस संसार में, जो अपनी सघनता में सुसम्बद्ध रहता है, हर पदार्थ का दिगन्त में अपना निर्धारित कार्य है। चेतना के इस चित्रमय जगत् में उसे गति की ऐसी दिशा प्राप्त होती है जो हमारी आँखों के सामने रुकती हुई मालूम होती है, लेकिन वास्तव में वह हमारे मन में अनवरत चलती रहती है। इसकी हर आकृति और हर कहानी की गति की लय दूसरी कहानी से जुड़ी हुई है और सारा चित्रित स्थान एक प्रकार की अनवरत लय और गति से भर गया है, जो जीवन के वर्णित दृश्यों को अनायास अस्तित्व का यथार्थ प्रदान करता है। ये आकृतियाँ देखने में लचीली और हल्की हैं, वे सहजता और उन्मुक्त भाव से आगे बढ़ती हैं, आगे-पीछे झुकती हैं और नृत्यरत आकृतियों की तरह अनुशासित किन्तु सतर्कभाव से प्रदोलित होती हैं।

गुफा नम्बर १६ के चित्रों में, जिनकी विषयवस्तु अभी भी समझ में आ सकती है, तीन बुद्ध हैं, एक सोई हुई स्त्री है, और **षडन्त जातक** की उत्तरकथा है जिसमें मरणासन्न राजकुमारी दिखायी गयी है। (प्ले. xxxvi, ८९); गुफा नम्बर १७ में सात बुद्ध, सिंहलावदान, कारणचक्र, कपिलवस्तु में प्रत्यावर्तन, समर्पण समारोह, एक प्रेम दृश्य, **महाहंस, मातृपोषक, रुरु, षडदन्त, शिबि, विश्वन्तर, नालगिरि जातक, गन्धर्व और अप्सराएँ**)प्ले. xxxix, ९२), हैं; गुफा नम्बर १९ में (जो कुछ बाद के काल की है) हम फिर कपिलवस्तु और बुद्धों में लौटते हैं। गुफा नम्बर १ के चित्रों में महान् बोधिसत्त्व(प्ले. xxxviii, ९१), मारधर्षण (प्ले. xxxvii, ९०), **पंचिक** कथा, **शिबि और नाग जातक,** प्रेमक्रीड़ा आदि के दृश्य हैं। गुफा नम्बर २ में श्रावस्ती के चमत्कार **राजप्रासाद** और इन्द्रलोक के दृश्य, **क्षान्तिवादिन्** तथा **मैत्रीबल जातक** इत्यादि हैं।

क्षैतिज पट्टियों में, जिनमें पहली अवस्था के चित्र (गुफाएँ ९ और १०) बनाये गये थे, अब दीवारों के पूरे क्षेत्र में विस्तारित हैं। गुफा नम्बर १६ में कोठरियों के दरवाजों के चौड़े कुण्डलित हाशियों के अलावा और कोई चौखटा नहीं है, जिसके फलस्वरूप चित्रों की कथा अबाध रूप से सारी दीवारों पर फैल सकी है। यहाँ क्षैतिज पट्टियाँ घुल-सी गयी हैं। हालांकि गुफा नम्बर १७ में इस विन्यास के प्रच्छन्न संकेत कहीं-कहीं मिलते हैं। आमतौर पर एक ही कहानी अखंडित अविच्छिन्नरूप से दूसरी कहानी में विलीन हो जाती है और ये जनाकीर्ण चित्र-वृत्तान्त ऊपर और नीचे, क्षैतिज और ऊर्ध्व दिशाओं में बढ़ते रहते हैं।

गुफा नम्बर १६ में इस आसन्न दिशा की सौन्दर्यपरक एवं तर्क-संगत सर्वश्रेष्ठ अभिव्यक्ति हुई है। बड़े-बड़े और सावधानी से चक्राकार प्रतिरूपित आयतन, जिनकी रेखाएँ आच्छादित हैं चित्र में एकत्र किये गये हैं, अतः रूप-सौन्दर्य का शक्तिशाली प्रभाव पड़ता है (बुद्ध के जीवन और नन्द के बौद्धधर्म में दीक्षित होने के दृश्य—जो दायीं और बायीं दीवारों पर अंकित हैं।) सन्तुलन और संयम गतिशील प्रचुर

रेखाओं में एक प्रकार की शान्त शालीनता और निर्लिप्तता ला देते हैं। अन्य चित्र-खण्डों में, जिनमें से अधिकांश पिछली दीवार पर अंकित हैं और जिनमें बुद्ध के जीवन के दृश्य दिखाये गये हैं, वैसा ही सन्तुलन और शालीन निर्लिप्तता नहीं है। प्रचुर प्रति-रूपित रंग और गहरी आच्छादित रेखाओं से पता चलता है कि इनके चित्रकारों में तकनीकी जानकारी और कौशल था पर इनसे आकृतियों का लालित्य और सौम्य भावाभिव्यंजन बहुत कुछ नष्ट हो गया है।

गुफा नम्बर १७ में मानव आकृतियों का आकार छोटा हो गया है और उनमें अधिक सहजता और अतिरिक्त लालित्य आ गया है। इससे सारी जगह में सघन संहति आ गयी है और आकृतियाँ लयात्मक लहरों से आन्दोलित हो उठी हैं। आन्दोलक लय और आसन्न दिशा के विस्तार से **विश्वन्तर जातक** तथा **सिंहलावदान** के सशक्त चित्र और सम्पूर्ण दृश्य अंकित हुए हैं जो अपनी परिपक्वता के बिन्दु तक पहुँच गये हैं। लेकिन ये आकृतियां भी संयोजन के उस शिखर तक नहीं पहुँच सकी हैं। ये कोमल, कृश एवं सचेतरूप से लालित्यपूर्ण आकृतियाँ अपनी खुली आँखों के बावजूद अपने सामने होती घटनाओं को पूरी तरह समझाने में असमर्थ हैं; वे संसार के उत्सवों में उन्मुक्त और हर्षित भाव से सम्मिलित हैं: उनमें तीव्र संवेदनशीलता भी है (देखिए **शिबि** और **हंसजातक** के दृश्य)—और सूक्ष्म रेखाओं तथा प्रदीप्त, संवेदनशील रंगों से यह प्रभाव और भी मुखरित हो उठता है—लेकिन वे अस्तित्व के किसी भी गहनतर रहस्य से बेखबर हैं।

गुफा नम्बर १९ में भी यही संयोजनात्मक शक्ति और शालीनता की दक्षता दिखाई देती है (कपिलवस्तु में वापसी का दृश्य), लेकिन बहुसंख्यक बुद्ध गुफा नम्बर १ में चित्रित बोधिसत्त्व-चित्रों का पूर्वाभास ही दे पाते हैं।

गुफा नम्बर १ के विशाल बोधिसत्त्व (प्ले. xxxviii, ९१) बाह्य और आन्तरिक दृष्टि से अपने पूरे कद तक पहुँच गये हैं। विशाल आकार के होते हुए भी वे भारहीन हैं। अपनी शरीर-रचना में सम्पूर्ण गोल-मटोल सुघड़ता के बावजूद वे करुणा से द्रवित हो रहे हैं, वे आलोकित एवं उल्लासपूर्ण संसार में गतिशील तो लगते हैं, किन्तु मानो किसी महान् साक्षात्कार द्वारा मौन कर दिये गये हैं; पलकें नीचे किये वे अपनी ही गहराइयों में प्रत्यावर्तन कर चुके हैं (बोधिसत्त्व पद्मपाणि और अवलोकितेश्वर)।

सारे दृश्य इस ऊँचाई तक नहीं पहुँच सके हैं और न तकनीकी दृष्टि से ही सबका स्वर एक है; कई चित्रों में भद्दापन, जड़ता और कुंठित भाव भी है, और वे एक नींद भरे प्रमाद में जकड़े मालूम होते हैं, रंग में ठोस प्रतिरूपण, रेखाओं का सशक्त उभार और फैली हुई बाह्य रेखाएँ इस अवगुण को और भी बढ़ा देती हैं, जैसा पद्मपाणि दृश्य के निचले बायें भाग से स्पष्ट है। लेकिन इसके ऊपर के दृश्य की बनावट अधिक सूक्ष्म है, इसमें हल्की और छोटी आकृतियाँ अपने सजीव चेहरों द्वारा आध्यात्मिक विनय और समर्पण का भाव व्यक्त करती हैं।

इनसे भी कहीं अधिक व्यापक कृति **महाजनक-जातक** का दृश्य है, जो गुफा

नम्बर १७ के **विश्वन्तर जातक** के दृश्य के बराबर है, पर इसका प्रतिरूपण उतना संवेदनशील नहीं और अभिव्यक्ति में एक प्रकार की कृत्रिमता भी आ गयी है। यह कृत्रिमता **मारधर्षण** के दृश्य में भी झलकती है, जहाँ इसके साथ ही, प्रतिरूपण और परिरेखा दोनों में एक भोंडापन आ गया है। **शिबिजातक** का दृश्य इस सामान्य प्रवृत्ति के अन्तर्गत एक और ही पक्ष का प्रदर्शन करता है। यहाँ पर अंगों की प्रचुर गोलाइयों और प्रतिरूपण की सुघड़ता की जगह कोणों और भोंडे प्रतिमांकनों ने ले रखी है। फलतः उनमें पतलापन और फीकापन आ गया है।

रंग और प्रतिरूपण की दृष्टि से गुफा नम्बर २ के भित्ति-चित्रों ने आगे आने वाली प्रवृत्तियों की दिशा में सर्वोच्च पूर्णता प्राप्त की है। सच तो यह है कि इस गुफा के भित्ति-चित्रों में वे सारी सम्भावनाएँ चुक गयी हैं, जो रंगों के माध्यम से ठोसपन और तीसरा आयाम चित्रित करने में हासिल की जा सकती हैं। कला के अन्य पक्षों की दृष्टि से इस गुफा में चित्रित अधिकांश दृश्य गुफा नम्बर १ की तरह या तो **महाजनकजातक** के ढंग के हैं या **शिबि जातक** के ढंग के। साथ ही कुछ चित्रों में ह्रास के चिह्न भी दिखायी देते हैं, विशेषतः जहाँ बड़ी लापरवाही से तूलिका का इस्तेमाल करके रुढ़िगत शैली का प्रयोग किया गया है।

जहाँ तक आयतन के प्रतिरूपण का प्रश्न है, इन गुफाओं के चित्रों में चित्रकला और मूर्तिशिल्प का सर्वाधिक साम्य नजर आता है। भारत में शुरू से ही मूर्ति-शिल्प को कलात्मक परिकल्पना का मुख्य संवाहक माना गया है, जबकि चित्रकला अपने ही साधनों से इसकी ऊँचाइयों को छूने का प्रयत्न करती है। लेकिन गुफा नं० १ और २ में, और बादामि की गुफा नं० ३ में भी, लगता है कि चित्रकला अपने समकालीन मूर्ति-शिल्प के समानान्तर विकास कर रही है। यहाँ पर, कम से कम एक बार ही सही, चित्रकला अपने समकालीन मूर्ति-शिल्प की क्लासिकी या **संस्कृत** ऊँचाई और गरिमा के शिखर छू लेती है।

५. बाघ : गुफा सं० ४ और ३

बाघ की गुफा नं० ४ के भित्ति-चित्र अजन्ता की नं० १ और २ गुफाओं के समान हैं। बाघ की गुफा नं० ४ में सम्भवतः अनेक चित्र थे, लेकिन अब थोड़े से सुरक्षित रह गये हैं। उनमें और अजन्ता के अन्तिम दौर के चित्रों में कोई विशेष अन्तर नहीं है। शैली की दृष्टि से भी ये दोनों एक ही कोटि के हैं। लेकिन एक सूक्ष्म अन्तर अवश्य है। इसमें कोई सन्देह नहीं कि अजन्ता की तरह बाघ के चित्र भी बौद्ध-धर्म से सम्बन्धित हैं—सम्भवतः उनमें जातक कथाओं का वर्णन किया गया है। लेकिन जहाँ अजन्ता के चित्रों में, एक लौकिक, यहाँ तक कि हलके विधर्मी वातावरण के बावजूद, आकृतियों में ऐसी धार्मिक भावना दीप्त है, जो चित्रों की पूरी सतह पर जाल की तरह फैली आत्मोन्मुखी चेतना और निस्संग भावना में प्रकट होती है, वहीं बाघ के चित्र पूरी तरह लौकिक हैं, जिनमें समकालीन जीवन को अभिव्यक्ति दी गयी है,

उसमें व्याप्त धार्मिक सम्बन्धों के समेत। अधिकांश आकृतियों में व्यक्त एक आलस्य-भरी उन्निद्रा, जो अर्ध-निमीलित पलकों में स्पष्ट जाहिर होती है तथा उनका कोमल और ऐन्द्रिय प्रतिरूपण, शारीरिक थकान या गहरी आध्यात्मिक अनुभूति का परिणाम नहीं है, बल्कि जीवन की उल्लासपूर्ण शोभायात्रा में पूरे उत्साह से भाग लेने का परिणाम है। फिर भी मनोवेगों का अनुशासन और निस्संग परिदृष्टि उन्हें दैनंदिन जीवन की नित्यता से ऊपर उठा देती है(प्ले. xl, ९३)।

अजन्ता की तुलना में गुफा नं० ४ के बोधिसत्त्वों के चित्र भी अपेक्षया अधिक मानवीय और पार्थिव हैं। अजन्ता के चित्रों में बोधिसत्त्वों की अधिसांसारिक और अत्यन्त ललित तथा द्रवित जीवन-दृष्टि (गुफा नं० १७) की अपेक्षा यहाँ तक पार्थिव औदात्य का स्पर्श महसूस होता है, जो अधिक कसावपूर्ण प्रतिरूपण और सुनिश्चित परिरेखा द्वारा लाया गया है। इन चित्रों को कोई भी अन्तर्दृष्टि आलोकित नहीं करती, लेकिन अभिजात मुद्रा और निस्संगता के भाव से, जिसमें करुणाभरी दृष्टि का संयोग है, उन्हें इस ताजे और हरे-भरे, गतिमान और भरे-पूरे संसार में टिकने के लिए प्रेरणा मिलती है।

गुफा नं० ३ में **चौरी** वाहिका दृश्य को अंकित करने वाले चित्र में युग का सम्पूर्ण तकनीकी ज्ञान प्रयुक्त हुआ है। इसमें एक कोमल, तन्वंगी स्त्री, जिसके अंग पूरी तरह विकसित हैं, अपने गोल और पुष्ट उरोजों के भार से झुकी हुई तीन-चौथाई पार्श्व चित्र के रूप में दिखाई गयी है। आयतन का कोमल और संवेदनशील रंग-प्रतिरूपण, रेखाओं का सूक्ष्म छायाकरण और आसन्न दिशा की अर्थवत्ता इसमें पूरी कलात्मकता से व्यक्त हुई है। सुमधुर और ऐन्द्रिय रूप से तन्द्रिल, किन्तु फिर भी संयमित और निस्संग, इस आकृति में उत्कट सांसारिक अनुभव और आध्यात्मिक निस्संगता का सुन्दर सामंजस्य हुआ है।

६. बादामि : गुफा सं० ३ और २

अब तक ज्ञात सबसे प्राचीन ब्राह्मण-धर्मी चित्र बादामि की गुफा नं० ३ (सन् ५७८ ई०) में, टूटे-फूटे अंशों के रूप में, प्राप्त हुए हैं। (गुफा नं० २ में भी ऐसे चित्रों के कुछ चिह्न मिलते हैं।) यह गुफा वैसे तो वैष्णव सम्प्रदाय की है, लेकिन चित्रों से प्रतीत होता है कि उनमें शैव सम्प्रदाय के विषय भी चित्रित हैं। इनमें सबसे महत्त्वपूर्ण और सबसे सुरक्षित हालत में शिव और पार्वती के तथाकथित वाग्दान का चित्र है। (प्ले. xl, ९४)।

एकरंगी भा-चित्र (फोटोग्राफ) में इन आकृतियों को देखकर ऐसा लगता है, जैसे वे पूरी चट्टान से भरपूर लेकिन कोमल गोलाईदार आयतन में से बनायी गयी हैं। उनमें एक संवेदनशील भराव, चुस्ती और ठोस कुट्टनीयता है। रंगों को समस्त गोलाई में प्रतिरूपित करके उनका निर्माण हुआ है। उनमें परिरेखाओं का छायाकरण है और चित्रित उभार जब अपने चरम बिन्दु पर पहुँचे हैं तो उन्हें प्रचुर प्रकाश की

विशिष्टता प्रदान की गयी है। इनमें भी अजन्ता और बाघ के तकनीक का प्रयोग किया गया है, लेकिन शैली उनसे मेल नहीं खाती, यहाँ तक कि अजन्ता के अन्तिम चरण से भी नहीं, जो इनका समकालीन कहा जाता है। अजन्ता की गुफा नम्बर १ और २ में प्रतिरूपण का संक्षेपण इतना ठोस है कि वह आकृतियों के गठन में एक प्रकार की कठोरता और कसाव ला देता है। परिरेखाओं का भी बहुत अधिक, और कुछ कठोरतापूर्वक, छायाकरण किया गया है। इसके विपरीत बादामि की मूर्तियों के प्रतिरूपण की गठन और अभिव्यक्ति अधिक संवेदनशील है, परिरेखाओं में अधिक कोमलता और लोच है। परिरेखाओं की शिथिलता के कारण इन आकृतियों में एक प्रगाढ़ हार्दिकता है। परिवेश और अनुभूति की ऐसी कोमलता अजन्ता के अन्तिम चरण में नहीं देखाई देती।

लेकिन बादामि की कला भी शास्त्रीय भारतीय चित्रकला की कोटि में आती है, और उसकी सम्भावनाओं को अपने ढंग से व्यक्त करती है। मूलतः यह आयतन का चित्रण है, जिसका भरपूर और मांसल प्रतिरूपण किया गया है। आसन्न दिशा की प्रक्रिया में चित्रित विषय मन की दुनिया पर गहरा असर डालते हैं। इसके फलस्वरूप पैदा हुई गतिशीलता चित्रों को स्थायित्व प्रदान करती है। हर केन्द्र और चरण इस प्रवृत्ति को अपने ढंग से पूरा करता है। जहां तक उल्लासपूर्ण और ज्वलन्त प्रकृतिवादी चित्रण, सन्तुलन, मांसल सौन्दर्य और अनुशासित लालित्य, लौकिक अनुभव की तीव्रता, उदात्त संकोच, आध्यात्मिक अनासक्ति एवं आकृतियों के शारीरिक प्रतिमान का सम्बन्ध है, ये सारे चित्र एक ऐसे युग की उपज हैं, जिसकी सभ्यता नागरिक, बौद्धिक और परिष्कत थी।

७. शिट्टण्णवाशल; कांचीपुरम्; तिरुमलयपुरम्

अगर बाघ, अजन्ता और बादामि उत्तर और दक्षिण भारत की श्रेण्य परम्परा के सर्वोच्च स्तरों को व्यक्त करते हैं, तो शिट्टण्णवाशल तथा अन्य सजातीय चित्रों से पता चलता है कि कैसे यह परम्परा दक्षिण तक व्याप्त थी। शिट्टण्णवाशल (अर्थात् वासा, अथवा जैन सिद्धों का निवास) के चित्रों का जैन विषय-वस्तु और प्रतीकों से बहुत घनिष्ठ सम्बन्ध है। जो चित्र अभी तक बचे हैं, और अपेक्षाकृत अच्छी हालत में हैं, उन्हें जैन मन्दिर की दीवारों, छतों और सामने के स्तम्भों वाले मंडप में देखा जा सकता है। लगता है कि स्तम्भों पर भी शुरू में चित्र बनाये गये थे। आज वहाँ कम से कम तीन चित्रफलक मौजूद हैं, जिनमें दो में नाचती हुई अप्सराएँ चित्रित हैं (प्ले. xli, ९६) और तीसरे में एक युग्म है जो पल्लवराज महेन्द्रवर्मन्-प्रथम और उसकी पत्नी का बताया जाता है। पत्नी के साथ एक आकृति और है। स्तम्भों वाले हाल की छत पर तीन कमलाकार चित्रफलक हैं, जिनमें से बीच वाले में, जो सबसे बड़ा है, कमलपुष्पों से भरा एक सरोवर दिखाया गया है। हरे कमल, अथवा श्वेत मुकुलों की संखाकार पत्तियों को श्वेत रंग की रेखाओं में चित्रित किया गया है,

जिनके किनारे काले रंग से आच्छादित हैं। ये रेखाएँ चित्रफलकों की सजीवता और ताजगी को बढ़ाने में इतनी महत्त्वपूर्ण हैं कि लगता है ये सारे कमल इसी सरोवर से एकत्र किये गये हैं। मुख्य मन्दिर की छत को भी इसी तरह विभक्त किया गया है। बीचोंबीच कमल सरोवर और पुष्प एवं कलियाँ हैं। मन्दिर की छत अपेक्षाकृत अधिक बड़ी है और उसमें फूलों का चित्रण अधिक है। स्तम्भों वाले हाल में बैलों और हाथियों, हंसों, सारसों, मकरों और मानव आकृतियों की भरमार है। ये सारी आकृतियां सघन कमलदलों, डंठलों और पंखुरियों से गुँथी हुई हैं। दोनों छतों पर चित्रित कपड़े का चँदोवा बना है, जिसमें सलीब, वर्ग और त्रिशूल के नमूने बने हैं। आयताकार नमूनों के बीचोंबीच देवताओं और गौण देवताओं की आकृतियाँ हैं। रेखाओं की तरलता, सामान्य नमूने और सूक्ष्म प्रतिरूपित रेखाओं और आयतनों के बावजूद चित्रित कपड़े के चँदोवे की सपाट अमूर्त ज्यामितिक परिकल्पना कमल-सरोवर के बिल्कुल विपरीत है, जिसमें ताजे डंठल, पंखुरियाँ, खिले हुए कमल, मानव तथा पशुओं की आकृतियां अपनी समस्त गठन और गोलाइयों के साथ प्रतिरूपित हैं। मन्दिर में शास्त्रीय परम्परा दिखाई देती है। यद्यपि स्तम्भों वाले हाल में सपाट और अमूर्त सतहों और अनुरेखित नमूनों की मध्य-कालीन परम्परा भी शुरू हो जाती है। यह परम्परा चित्रित कपड़े के चँदोवे में स्पष्ट दिखाई देती है, जिसमें मानव आकृतियाँ सपाट और अनुरेखित ढंग से चित्रित की गयी हैं, उनकी आँखें विस्तारित हैं और शरीर का संचालन कोणिक है। इनके मुकाबले में छत पर चित्रित कमल सरोवर की आकृतियाँ और स्तम्भों पर बनी अप्सराओं को (कमल, पशु इत्यादि भी) अधिक भरपूर ढंग से प्रतिरूपित किया गया है, हालाँकि यह मानना पड़ेगा कि यहाँ भी अजन्ता के अन्तिम चरणों के मुकाबले में प्रतिरूपण अधिक अमूर्त है, रेखांकन अधिक उथला है, रंग सपाट और विरल है। लेकिन इनमें अभी भी ताजे, सजीव और धड़कते हुए शरीर की परिकल्पना है। शारीरिक गठन की दृष्टि से शिट्टण्णवाशल की मानव आकृतियाँ मामल्लपुरम् की उभरी आकृतियों से मिलती हैं।

सातवीं सदी के अन्तिम काल के चित्रों के अनिश्चित अवशेष काँची के शैव कैलासनाथ मन्दिर में तथा मलयदीप्ति के शिला काट कर बनाये गये वैष्णव मन्दिर में मिलते हैं। इन दोनों स्थानों पर चित्र समय और स्थान के अनुकूल तराशकर बनायी गयी उभरी आकृतियों के अनुकूल मालूम होते हैं।

तिरुमलयपुरम् के शैव गुफा मन्दिर के चित्रों के अवशेष अत्यन्त खंडित रूप में मिलते हैं। हालाँकि ऐसा लगता है कि शुरू में सारी छत, दीवारें, फलक और कोष्ठक चित्रित थे। अब वहाँ सिर्फ कुमुदिनियों, कमलों, मरगोलों, मुर्गाबियों, नाचते हुए गणों और ऐसी मानव आकृतियों के अवशेष बचे हैं, जो किसी संगीत अथवा नृत्य सम्बन्धी दृश्य के अंश मालूम होते हैं। आकृतियों के भरपूर गठन के स्थान पर कोणिक मानव आकृतियाँ दिखाई देती हैं। काँची और मलयदीप्ति के मन्दिरों की तरह, जिनका उल्लेख हम ऊपर कर चुके हैं, काली परिरेखाओं में तीक्ष्णता और एक स्नायविक

उत्तेजना आ गयी है, रंग झीने हो गये हैं, प्रतिरूपण हलका है; कुल मिलाकर अर्थ और आभास की दृष्टि से चित्रों में एक झीनापन आ गया है। शास्त्रीय परम्परा जारी तो रहती है, लेकिन उत्तरोत्तर बढ़ती हुई अमूर्तीकरण की प्रक्रिया के माध्यम से। अजन्ता में भी यह प्रक्रिया काम कर रही थी, इसका पता उन चन्द मानव आकृतियों से लगता है, जो कद और अनुपात में छोटी हैं, लेकिन उनके सर काफी बड़े हैं। विशेषकर **शंखपाल** और **महाजनक जातक** के दृश्य इसके उदाहरण हैं। यहाँ की तरह वहाँ भी प्रतिरूपण का अपेक्षाकृत कम महत्त्व रहा और गतियाँ सापेक्षतः अधिक कोणिक हो गयी हैं।

II. मृण्मूर्तियाँ

उत्तर भारत के सभी स्थानों से खुदाई में प्राप्त उभार-शैली की असंख्य मृण्मूर्तियों द्वारा जीवन के प्रति एक भिन्न दृष्टिकोण और कलात्मक परिकल्पना का उद्घाटन होता है। ये मृण्मूर्तियाँ सबसे बड़ी संख्या में गंगा की घाटी और बंगाल में मिली हैं, जहाँ के नदीय मैदानों में उस आघातवर्ध्य मिट्टी और चिकनी-मिट्टी की अक्षय प्राप्ति होती है, जो साधारण जनों के लिए मूर्ति बनाने की एक मात्र सामग्री थी। यह विचित्र बात ध्यान देने योग्य है कि दक्षिणापथ या दक्षिण में, जिन सारे स्थानों पर पुरावशेषों की खुदाई की गयी है, अभी तक इतनी तादाद में मृण्मूर्तियाँ नहीं मिलीं कि उनका उल्लेख किया जाए, अधिकतर इन स्थानों से प्रस्तर मूर्तियाँ ही मिली हैं। ये मृण्मूर्तियाँ बहुत छोटे आकार की हैं और कामचलाऊ साँचों के जरिए बहुत बड़ी तादाद में बनायी जाती थीं और आमतौर पर तपाने या जलाने से पहले और बाद में न तो उनका कुशलतापूर्वक परिष्करण किया जाता था और न रुखानी से छीला ही जाता था। राजघाट (वाराणसी), अहिच्छत्र, भीटा तथा अन्य स्थानों से बड़ी तादाद में मिली मृण्मूर्तियों में रंग के निशानों से अनुमान होता है कि रंग की हुई मृण्मूर्तियाँ भी आमतौर पर प्रचलित थीं। इनमें अक्सर सफेद, पीले, लाल, गेरुआ और गुलाबी रंगों का प्रयोग किया जाता था। अन्तिम रंग अक्सर मटियाले रंग की पट्टी पर लगाया जाता था। यह ध्यान देने लायक दिलचस्प बात है कि कालिदास ने अपने **शकुन्तला** नाटक में मिट्टी के बने एक ऐसे मोर (चित्रित-मृत्तिका मयूर) का उल्लेख किया है।

इस काल के मृत्तिका-फलक और लघु-मूर्तियाँ अनेक स्थानों से प्राप्त हुई हैं, जिनमें कश्मीर का हरवन भी है (अलंकृत ढली हुई ईंटों की टाइल, जिन पर अनेक वानस्पतिक और मानवीय अभिप्राय अंकित हैं); इसके अलावा पंजाब में सहरी बहलोल, तख्त-ए बाही और जमालगढ़ी (अधिकतर बौद्ध विषयों से सम्बन्धित और सिरों की प्रतिकृतियाँ), सिन्ध में ब्राह्मणाबाद (अनेक डिजाइनों की अलंकृत ईंटें), मीरपुर खास (नक्काशी की हुई ईंटें, आकृतियों के सिर आदि—बुद्ध और दानी—प्ले. xxxvi, ८८), साहेठ-माहेठ (रामायण-फलक), कस्सिया (बुद्ध और आकृतियाँ), भीतरगाँव (ब्राह्मण-प्रधान धर्मों के देवी-देवताओं के उभार शैली के मूर्ति-फलक—

प्ले. xxxvi, ८६), भिटा (मोहरें और उभार शैली की लघु-मूर्तियाँ), वसाढ़ (दृश्य और उभार-शैली की लघु-मूर्तियाँ), कोसाम (मृत्तिका की लघु-मूर्तियाँ, साँचे में ढाले गये पशु और सिर, आदि), अहिच्छत्र (शिव से सम्बन्धित बड़े आकार की आकृतियाँ —प्ले. xlii, ९८), राजघाट (बड़ी तादाद में प्राप्त मृण्मूर्तियाँ, जिनमें लौकिक दृश्य, मनुष्यों के सिर और आकृतियाँ, देवता आदि; मकर, हाथी, वराह, सिंह, अश्व, लघु-मूर्तियाँ आदि), पवाया (उभार-शैली की आकृतियाँ), पटना (रामायण-फलक), बंगाल में महास्थान और बांगढ (बड़े आकार के मूर्ति-फलक और गोलाकार-फलक —प्ले. xlii, ९७) आदि स्थान उल्लेखनीय हैं।

उपर्युक्त स्थानों पर मिली मृण्मूर्तियों के निरीक्षण से पता चलता है कि मृण्मूर्तियों (टेराकोटा) के फलक और मूर्तिफलक कई कामों के लिए इस्तेमाल किये जाते थे। ईंटों के बने हुए मन्दिरों और बौद्ध मठों में, उदाहरण के लिए महास्थान, पाहारपुर, चौसा भीतरगाँव, मीरपुर खास इत्यादि में, बाहरी सतह फलकों से ढँकी रहती थी, जिनमें देवी-देवताओं, वीरगाथाओं, पुराणों के वर्णनात्मक दृश्यों, पशुओं और अर्धदेवताओं की आकृतियाँ बनी रहती थीं, जो कई बार मूर्तिशिल्प सम्बन्धी नियमों का उल्लंघन भी करती थीं। उनमें अक्सर ऐसी विषयवस्तु की अभिव्यक्ति होती थी, जिसमें साधारण लोगों की, अपने दैनिक जीवन में, दिलचस्पी रहती थी। रहने के मकानों की बाहरी दीवारें भी टिकाऊ सामग्री की नहीं बनी होती थीं, उनकी सजावट के लिए भी देवी-देवताओं, पुराणों और वीरगाथाओं के वर्णनात्मक दृश्यों, पशुओं और अर्धदेवताओं की आकृतियों का प्रयोग किया जाता था। साधारण नागरिकों के घरों के कार्निसों और आलों में चित्र-फलक बने रहते थे, जिनमें प्रेमी युगल, मानव आकृतियाँ, खिलौने, मानव और पशु-आकृतियाँ तथा सुन्दर स्त्रियों की लघु-मूर्तियाँ रहती थीं। खास व्रतों, पूजाओं और सामाजिक-धार्मिक उत्सवों के लिए अलग किस्म की मिट्टी की मूर्तियाँ बनायी जाती थीं। बाण इस तथ्य का साक्षी है कि राज्यश्री के विवाह के अवसर पर मिट्टी की मूर्तियाँ बनाने वाले बहुत से कलाकारों को मिट्टी के मंगलकारी फल, वृक्ष, जलचर और नारी आकृतियाँ बनाने के लिए नियुक्त किया गया था। इन नारी आकृतियों के हाथों में सजावट के लिए मंगलकारी फल थे। किस सीमा तक अनेक आकार और प्रकार की मूर्तिकला की वस्तुएँ सजावट और उत्सवों के लिए प्रयुक्त होती थीं, यह सातवीं सदी के इस गद्यकाव्य-लेखक के बयान से स्पष्ट हो जाता है, जब वह कहता है कि उसे ऐसा लग रहा था, जैसे चारों दिशाओं में मृण्मूर्तियों की सजावट हो गयी हो (पुस्तमय्य एव चकाशिरे कुकुभः)। हम तक जो परम्परा पहुँची है, उसे उस जमाने के उत्पादन का एक अंशमात्र समझना चाहिए। सिर्फ इसलिए नहीं कि घरों और मन्दिरों की सजावटें धूल में मिल चुकी हैं, बल्कि इसलिए कि पूजाओं और सामाजिक-धार्मिक उत्सवों के लिए बनायी गयी मृण्मूर्तियाँ प्रथा के अनुसार फौरन नदियों और सरोवरों में विसर्जित कर दी जाती थीं।

नर्म, लचीली और टूटने वाली सामग्री से बनी ये मृण्मूर्तियाँ भारतीय कलाकार

और मूर्तिकार को एक भिन्न दृष्टिकोण से प्रस्तुत करती हैं। मूर्तिकला सम्बन्धी पारम्परिक तथा धार्मिक निर्देशों के भार से मुक्त ये मृण्मूर्तियों के कलाकार दृष्टि की सतह पर दिखाई देने वाली वस्तुओं में अधिक दिलचस्पी लेते हैं और अपने हाथों और उंगुलियों की समस्त संवेदनशीलता, कल्पना और क्रिया की पूरी स्वतन्त्रता तथा क्रीड़ात्मक उल्लास के साथ इस कोमल और लचीले माध्यम से सृजन करते हैं। मूर्तिकला, और यहाँ तक कि चित्रकला, में भी जिन समकालीन रुचियों, मन की बदलने वाली वृत्तियों, फैशन (प्रचलन) और पूर्वग्रहों के लिए गुंजाइश नहीं है, वहाँ मृण्मूर्तियाँ युग के इस लचीले दृष्टिकोण को व्यक्त कर सकती हैं। इस माध्यम में सामग्री, रूप अथवा विषयवस्तु की दृष्टि से स्थायित्व का कोई दावा नहीं किया जा सकता। हर विषयवस्तु को सशक्त क्रियाशीलता तथा क्रीड़ात्मक और भावनात्मक उन्मुक्तता के साथ पेश किया जाता है। इनका लोगों के दैनिक जीवन से अन्तर्भूत सम्बन्ध होता है। बहुविध सम्बन्धों से युक्त दैनिक जीवन की जिस मूलभूत लय और गतिशीलता को आभिजात्य और पौरोहित्य के प्रतिमान स्वीकृति नही देते, उनकी आनन्दात्मक और मुक्त अभिव्यक्ति समकालीन विधा और सामाजिक जीवन के इस अक्षय आविष्कार से होती है जो मूर्तिकला तथा चित्रकला के मुकाबले में कहीं अधिक वैविध्यपूर्ण भी रहती है। याजक देवी-देवताओं के चित्र अथवा मूर्तियाँ बनाते वक्त कलाकारों को निश्चित रूपों और किस्मों का ध्यान रखना पड़ता था, लेकिन मृण्मूर्तियों (टेराकोटा) की नर और नारी-आकृतियों में, पशुओं तथा विविध आकृतियों की अभिव्यक्ति में, चाहे वे अकेली हों अथवा समूहों में, या किसी वर्णन का अंग हों, जितनी उन्मुक्त अभिव्यक्ति मिली है उतनी किसी अन्य माध्यम में नहीं। इनमें चाहे किसी प्रकार की गति अथवा कार्यशीलता दिखाई गयी हो, मूलरूप से इसकी शैली विभिन्न स्थानों की समकालीन मूर्तिकला का अनुसरण करती है।

इन मृण्मूर्तियों से युग की सांस्कृतिक और जातीय व्यवस्था का एक और संश्लिष्ट पहल प्रकट होता है। हर सामाजिक और आर्थिक स्तर के पुरुष और स्त्रियाँ इनमें दिखाये गये हैं; अभिजात चाल-ढाल वाले कुलीन, उच्च वर्ग की फैशनेबल और राजसी ठाठ-बाट वाली महिलाएँ, संन्यासी और भिखारी, नर्तक-नर्तकियाँ, कलाबाज, सपेरे, जीवन के हर क्षेत्र के लोग, विदूषक, बौने, हाथी की सवारी करने वाले और साईस, विदेशी; (बैक्ट्रियाई, यूनानी, पार्थियन, शक, कुषाण, हूण इत्यादि) हरवन, राजघाट, कोसाम, भीटा तथा पंजाब और उत्तरी पश्चिमी प्रदेश से मिले अवशेषों से इन सब जातियों के चेहरों की अलग-अलग गठन, वेषभूषा और केशविन्यास स्पष्ट पहचाने जाते हैं। भारतीय पुरुषों और महिलाओं, अधिकतर महिलाओं, के केशों में मनोहर सर्पिल घुमाव हैं, या कसकर छोटे घुँघरदार बाल बनाये गये हैं। इन सर्पिल घुँघराले बालों का समकालीन कवियों और प्रेमाख्यान लेखकों ने सजीव वर्णन किया है। इन चित्रों की मनोहर और मांसल सौन्दर्यसम्पन्न महिलाओं का हमारी आँखों के सामने एक अटूट सिलसिला जारी रहता है और ये सब जीवन की एक सादी किन्तु यथार्थ और

सशक्त जीवन-पद्धति के स्वरूप के नमूने हैं—जिसमें अमूर्त अथवा प्रकृतवादी रूप में स्थानीय पशु-पक्षी, वनस्पतियां अपनी पूरी भूमिका अदा करती हैं ।

अहिच्छत्र, राजघाट, पहारपुर और मैनामति की मृण्मूर्तियाँ सौन्दर्य और शिल्प की दृष्टि से विशेष महत्त्व रखती हैं । अहिच्छत्र की मिट्टी की आदमकद आकृतियों को पकाने में, जो उस काल में गंगा की घाटी में प्रचलित प्रतिमाविधायक शैली में बनायी गयी हैं—तकनीकी दृष्टि से काफी परेशानी हुई होगी । इस समस्या को इस काल के कुम्हारों ने १० से १२ फुट गहरे बेलनाकार भट्ठे खोदकर सफलतापूर्वक हल किया था । सौन्दर्यपरक आकर्षण और अपने जमाने के सामाजिक जीवन के दस्तावेजों के रूप में राजघाट की मृण्मूर्ति आकृतियां, विशेषकर उनके शीर्षभाग, चेहरे की मुद्राओं और विनोदशील कल्पना के उदाहरण हैं, जबकि पाहारपुर और मयनामति की मूर्तियाँ प्रत्यक्ष शक्ति, सोद्देश्य लय और गतिपूर्ण क्रियाशीलता के दिलचस्प सौन्दर्य-शास्त्रीय दस्तावेज हैं ।

जिन मृण्मूर्तियों का समय विवेच्यकाल के तत्काल बाद की सदियाँ निर्धारित की गयी हैं वे बहुत कम स्थानों से प्राप्त हुई हैं । बेल्वा, गया और बनारस से प्राप्त कुछ नमूनों को मुस्लिम-पूर्व काल का बताया जा सकता है, लेकिन सामान्य तौर पर ये गुप्तकाल और उसके बाद की रुढ़िगत शैली के यांत्रिक और अश्मीकृत रूप हैं । लेकिन इसका अर्थ यह कदापि नहीं कि तब मृण्मूर्तियाँ नहीं बनायी जाती थीं और उसके बाद सृजनात्मक शक्ति की अभिव्यक्ति इस अत्यन्त सरल और नमनशील माध्यम में नहीं हुई । बल्कि ऐसा लगता है कि आराधना और सजावट के लिए बनाये गये फलक और मूर्तियाँ काल और प्रकृति के थपेड़े सहने के लिए छोड़ दी गयीं जो अन्य दूसरी वस्तुओं की तरह ही नष्ट हो गयीं, जबकि उसके पूर्व-काल की कृतियां जमीन के नीचे सुरक्षित पड़ी रहीं । हाल में उनकी खुदाई की गयी है । उदाहरण के लिए बंगाल, आसाम और दक्षिणी भारत में इस प्रकार की मृण्मूर्तियाँ बनाई जाती रहीं और पूरे मध्ययुग के दौरान उन्हें ईंटों से बने मन्दिरों को ढँकने के काम में लाया जाता रहा । लेकिन सौन्दर्यशास्त्रीय दृष्टि से उनकी अपनी अलग कहानी है; उनकी परिकल्पना और गढ़ने के रीति-रिवाज अलग कोटि के हैं ।

III. मिट्टी के बर्तन

मिट्टी के बर्तनों को सुखाने-पकाने, और रंगने की कला कितनी उन्नतशील अवस्था में थी और ये कारीगर कितने निपुण थे, यह मृत्तिका मुहरों, फलकों, मूर्तियों और ईंटों से प्रमाणित होता है । विवेच्यकाल में कुम्हार के शिल्प के ऊँचे स्तर का भी पता चलता है । दुर्भाग्य से हमारी पुरातत्त्वसम्बन्धी खुदाइयां अभी तक ऐसी नहीं रहीं, जिससे हम कला की इस महत्त्वपूर्ण शाखा के अध्ययन को समुचित वैज्ञानिक और कालक्रमानुसार सन्दर्भ में रख सकें । लेकिन अहिच्छत्र की खुदाइयों से प्राप्त वस्तुओं के आधार पर ऐसा करना सम्भव हो सका है और हम तीसरी सदी ईसा पूर्व

से लेकर प्रारम्भिक मध्यकाल (११वीं सदी ईसवी) तक इस काल का अध्ययन कर सकते हैं। पंजाब और उत्तर-पश्चिमी प्रदेश से, सिन्ध में ब्राह्मणावाद से, जयपुर रियासत में सांभर (प्राचीन शाकम्भरी) से, और बनारस के निकट राजघाट से इस काल के मिट्टी के बर्तनों के महत्त्वपूर्ण अवशेष प्राप्त हुए हैं। अहिच्छत्र से मिली वस्तुएँ पूरे उत्तरी भारत, विशेषकर गंगा-जमुना की घाटी और पूर्वी भारत में प्रचलित कला-शैलियों की प्रतीक हैं। दक्षिणापथ अथवा दक्षिण भारत से प्राप्त किसी महत्त्वपूर्ण सामग्री को इस काल के साथ नहीं जोड़ा जा सकता है।

इस काल के मिट्टी के बर्तनों की मुख्य किस्में और उनके रूप-भेदों में थोड़ा-थोड़ा अन्तर है लेकिन वे एक बड़े और लम्बे सिलसिले के अंग हैं। आमतौर पर घड़े चाक पर बनाये जाते थे लेकिन सांचों में बने बर्तनों की संख्या भी काफी है। दरअसल इस काल को साँचे के तकनीक की दृष्टि से सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण समझना चाहिए। शुंगकाल, मौर्यकाल तथा प्राक्मौर्यकाल के भूरे रंग के और पालिश किये गये बर्तन इस काल में पूरी तरह लुप्त हो जाते हैं। इस काल के अधिकांश पात्र मामूली लाल मिट्टी के हैं जिनमें मामूली, लाल या कत्थई रंग की मिट्टी है। इनमें मामूली मिट्टी का प्रयोग किया गया है, लेकिन खास किस्म के बर्तनों के लिए कई बार मिट्टी में अभ्रक के कण मिलाकर उसकी सतह चिकनी-चमकीली और धातु जैसी बनायी गयी है। ये बर्तन चाहे किसी भी किस्म के हों—तश्तरियाँ, प्याले, मर्तबान, ढक्कन, हौज, मंजूषा आदि—इस काल के सभी बर्तनों की गढ़न आकर्षक है और उनका परिष्करण बहुत अच्छा है। कमल, गुलाबों के गुच्छे, वनस्पतियों के छोटे नमूने, सरलरेखीय अथवा वक्ररेखीय ज्यामितिक नमूने, चक्करदार, घुमावदार, सर्पित, टेढ़े-मेढ़े, घेरावदार, पंखाकार अथवा अलंकृत नंदीपाद, लटकने वाले नमूने आदि को या तो भोथरे औजारों से तराशा गया है या साँचों और मुद्रांकन से उनमें उभार पैदा किये गये हैं। कई चित्रित नमूने भी हैं, जिनमें चौड़ी या संकरी रेखाएँ लाल जमीन पर काले रंग से खींची गयी हैं। अहिच्छत्र, राजघाट, शाकम्भरी तथा अन्य स्थानों से जो मिट्टी के टोंटीदार बर्तन प्राप्त हुए हैं वे सचमुच बड़े शानदार हैं; अधिकांशतः उन्हें वराह, हाथी, शेर, मकर आदि की शक्लों में बनाया गया है। इसमें सन्देह नहीं कि टोटियाँ, पकड़ने वाली हत्थियाँ, खाना पकाने और मदिरापात्रों को पकड़ने की मूठें आदि पहले से प्रचलित नमूनों के आधार पर थोड़े बहुत परिवर्तनों के साथ, बनायी गयी थीं। इस काल में सिर्फ एक नयी ईजाद हुई थी; वह थी खाना बनाने के बर्तनों के किनारों पर बने अविरल दाँतेदार नमूने। एक अत्यन्त सुन्दर और कल्पनाशील नमूने में देवी गंगा को मदिरापात्रों के हैंडिलों पर दिखाया गया है। साँचे में बने सज्जित मर्तबान और प्याले मृण्पात्र-शिल्प के शानदार नमूने हैं। आमतौर पर दो या तीन घेरों में हाशिये या मेंड बनाकर चमकायी हुई लाल सतह पर धारियाँ डाली गयी हैं, अलंकृत धारियों में मोती अथवा मछली के काँटों के नमूने उभरे हुए हैं। इस काल में विदेशी वस्तुओं से भी लोग अपरिचित नहीं थे। हमें कम से कम तंग टोंटी वाला एक मर्तबान, रस्से की तरह बटी हुई हत्थी, पालिस की हुई काले रंग

की सतह और काले सारभाग वाला एक पात्र भी मिला है जो शायद भूमध्य सागरीय श्रेणी के पात्रों में से हैं।

अहिच्छत्र की खुदाई की गुप्तकाल की तह में से प्राप्त लम्बे-चौड़े, बेलनाकार भट्ठों से ज्ञात होता है कि बढ़िया किस्म के पात्रों और टाइलों के बने अलंकृत पात्रों को सुखाने-पकाने के लिए वे भट्ठे बनाये गये थे। विवेच्यकाल में भी यह प्रवृत्ति कायम रही, जब सुन्दर नमूनों वाली, मीनाकारी के काम की टाइलों, ईंटों और अलंकृत पात्रों की बहुत माँग थी।

IV. सिक्के और मुहरें आदि

गुप्त साम्राज्य के सोने और चाँदी के सिक्के बहुत सुन्दर और परिष्कृत हैं। वे प्रारम्भिक भारतीय मुद्राओं की उत्कृष्टता के प्रतीक हैं। उनकी किस्म या मूल्य कोई भी हो, उनके नमूने और अक्षर सुन्दर हैं, आकार सुव्यवस्थित हैं तथा उनसे परिष्कृत शिल्प और सुस्पष्टता झलकती है। लेकिन साम्राज्य की सत्ता के शिथिल होने के बाद गुप्त तथा सजातीय सिक्कों में अन्तर्भूत मूल्य और कलात्मक उत्कृष्टता की दृष्टि से भी ह्रास हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप विवेच्यकाल तक पहुँचते-पहुँचते यह कला पतन के गर्त में पहुँच गयी जिससे उठना उसके लिए लगभग असम्भवप्राय हो गया।

कलकत्ता के सरस्वती-संग्रह में, अन्य वस्तुओं के साथ, ताँबे की मुहरों के दो साँचे भी हैं। ये दोनों राजघाट से प्राप्त हुए हैं। एक पर नन्दी या साँड की आकृति के साथ एक अभिलेख भी है **(श्रीजयवर्मा)**, दूसरे में एक बैठे हुए शेर की आकृति और अभिलेख (श्रीभद्रस्य) उत्कीर्ण है (प्ले० xliii, ६६-१०२)। लिपिविज्ञान और शैली के आधार पर उन्हें चौथी और पाँचवीं सदी ईसवी का बताया गया है। गुप्तकाल के सिक्कों की किस्में, उभरी हुई आकृतियों के प्रतिरूपण की परिकल्पना और पशु आकृतियाँ, बसरा से प्राप्त मिट्टी की पकाई हुई मुहरों जैसी हैं। शेर के प्रतिरूपण में यूनानी असर शेष है, लेकिन साँड ठेठ भारतीय साँड है और समकालीन प्रतिमाविधायक शैली के अनुरूप है।

भिटा, बसाढ़ (प्ले० xliii, १०३-५) और कोसाम से प्राप्त मिट्टी की मुहरें खुद में बड़ी दिलचस्प हैं। मानव आकृतियाँ और उनका कलात्मक रूप तथा शैली गुप्तकाल की प्रस्तर मूर्तिकला तथा गंगा-जमुना घाटी की मृण्मूर्तियों जैसी हैं, लेकिन पशु आकृतियाँ और प्रतिमाविधायक शैली का अपेक्षाकृत गुप्तकाल के सिक्कों से अधिक घनिष्ठ सम्बन्ध है। बसाढ़ से प्राप्त प्रचुर नमूनों में से मिट्टी की दो मुहरों की तरफ विशेष ध्यान आकृष्ट किया जा सकता है, जिनका संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण लम्बे अनुभव और सूक्ष्म निरीक्षण को प्रमाणित करता है; इसमें थोड़े से स्थान में दो बैलों की आकृतियाँ सामने से दिखायी गयी हैं।[1]

---

१. ए. एस. आर., १९१३-१४, प्ले. I, चित्र ६८५-७९८।

इसमें सन्देह नहीं कि प्रारम्भिक गुप्तकाल के सोने और चाँदी के सिक्के, शैली, बनावट और नमूने में यूनानी और शक कुषाण सिक्कों से विकसित हुए थे। राजाओं की पोशाक में सीथियाई-कुषाण विशिष्टताएँ स्कन्दगुप्त के काल तक सभी राजकीय सिक्कों में मौजूद हैं। सिक्कों का प्रतिमाविधान और परिरेखाएँ यूनानी हैं, विशेषकर पुरुष आकृतियाँ, लेकिन नारी आकृतियों में भी, कुछ कम अंश में, यह तत्त्व मौजूद है। यहाँ तक कि यूनानी प्रतिस्थापन, जो गढ़वा की उभरी आकृतियों में दिखाई देता है, यहाँ भी मौजूद है। लेकिन मानव आकृतियों की भारतीय परिकल्पना बढ़ती जाती है। इसकी स्पष्ट मिसाल अर्दोच्शो किस्म के कुषाण सिक्कों का, रूप और अभिवृत्ति में, भारतीय लक्ष्मी रूप में क्रमिक रूपान्तरण है।

V. अन्य कलाएँ

पुरातत्त्व सम्बन्धी खुदाइयों में अभी हमें सोने, चाँदी तथा अन्य मूल्यवान धातुओं के आभूषण प्राप्त नहीं हुए हैं, जिनका सम्बन्ध हम इस काल से जोड़ सकें; न ही हाथी-दाँत की कोई महत्त्वपूर्ण वस्तु प्राप्त हो सकी है। कीमती पत्थर और मनके मिलते हैं, लेकिन उनके आधार पर इस काल के आभूषणों की कला का वर्णन नहीं हो सकता।

यह एक विचित्र बात है, क्योंकि चित्रित, नक्काशीदार और साँचे में ढली सामग्री तथा समकालीन साहित्य के विस्तृत और सजीव वर्णनों के आधार पर हमें ज्ञात है कि जौहरी तथा स्वर्णकार की कला इससे कई सदियों पहले बहुत ऊँचे शिखर तक पहुँच चुकी थी, और इस काल की प्रवृत्ति के अनुसार उसमें सादगी और परिष्कृति का बहुत ऊँचा स्तर पैदा हो गया था। इस काल के मूर्ति अलंकरणों का बहुत बड़ा अंश जौहरी एवं स्वर्णकार के शिल्प से उत्पन्न और प्रेरित हुआ है; उदाहरण के लिए मोतियों की झालरें, रस्सी की तरह गुँथी हुई मालाएँ, धातु के नमूने, कुंडल, केयूर, हार, इत्यादि। गुप्तकाल के सिक्कों के ऊँचे अन्तर्निहित मूल्य और सौन्दर्यबोध इस बात के सूचक हैं कि सोने-चाँदी के आभूषणों की कला भी बनावट और नमूने की दृष्टि से बहुत ऊँचे स्तर की रही होगी।

बढ़ईगीरी के शिल्प की श्रेष्ठता की भी कल्पना की जा सकती है। दुर्ग, राज-प्रासाद, वस्तुतः उच्चवर्ग की सारी नागरिक इमारतें, अभी तक लकड़ी से ही बनती थीं। उनकी बनावट की सादगी और सुन्दरता, डिजाइन, अलंकरण और सजावट, साथ ही, घरेलू फर्नीचर अजन्ता की गुफाओं के चित्रों तथा इस काल के कुछ उभारे हुए प्रस्तर-फलकों में देखे जा सकते हैं।

परिच्छेद : २०

सामाजिक स्थिति

I. भूमिका

गुप्तकाल के आरम्भ में बौद्ध और जैन मत सरीखे प्रतिद्वन्द्वी धर्मों के उत्कर्ष के विरुद्ध ब्राह्मणों की जबरदस्त प्रतिक्रिया शुरू हो गयी थी। सामाजिक जीवन में इस आन्दोलन की अभिव्यक्ति के फलस्वरूप चार मूल वर्णों के विभाजन की प्रवृत्ति में और अधिक तेजी आ गयी जिसके साथ ही ब्राह्मणों का प्रभुत्व भी बढ़ गया। इसका फल यह हुआ कि कम से कम भारत की सीमाओं के भीतर बौद्ध और जैन धर्म के संस्थापकों द्वारा चलाये गये सुधार-आन्दोलन बहुत हद तक शिथिल पड़ गये, जबकि सुधार-विरोधी ब्राह्मण-आन्दोलन इतना शक्तिशाली हो गया जिसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती थी। इस परिवर्तन के साथ ही इस बात के सफल प्रयत्न किये गये कि इससे पहले देश के पश्चिमी और उत्तर-पश्चिमी भागों में बहुत बड़ी तादाद में आकर बसे विदेशियों ने जो जटिल सामाजिक समस्याएँ खड़ी कर दी थीं, उनका कोई समाधान निकाला जाए। इन बर्बरों ने धीरे-धीरे स्थानीय लोगों के धर्म, भाषा और रीति-रिवाज अपना लिये थे, यहाँ तक कि रूढ़िवादी ब्राह्मण समाज के विधायकों ने भी उन्हें क्षत्रियों का मूल दर्जा देकर उनके साथ समझौता कर लिया था।[1] इसी काल में उद्योग और व्यापार के असाधारण विकास के फलस्वरूप दौलत और सम्पन्नता के साथ-साथ रहन-सहन के स्तर में भी वृद्धि हुई थी और कम से कम उच्च वर्ग में शहरी जिन्दगी की अभिरुचि बढ़ गयी थी। देश के उत्तरी भागों में गुप्त राजाओं ने और दक्षिण में उनके समकालीन राजाओं ने शान्ति का जो लम्बा सिलसिला प्रदान किया था, और जिसे उनके पतन के बाद राज्यों के नवीन संगठन द्वारा बनाये रखने का प्रयत्न किया गया था, उसने पूर्ववर्ती युग की सामाजिक प्रवृत्तियों को दृढ़तापूर्वक जड़ जमाने का अवसर प्रदान किया।

II. सामाजिक विभाजन

१. चतुर्वर्ण

समाज को चार वर्णों में विभाजित करने का युगों पुराना सिद्धान्त स्मृतियों की सामाजिक व्यवस्था का मूल सिद्धान्त है। इन चारों वर्णों के पारस्परिक संबंध और

---

१. जिल्द II, पृ. १०३, १२२, ५४६ (अंगरेजी संस्करण)।

कर्तव्यों से संबंधित नियमों का पालन गुप्तकाल में भी सामान्य रूप से होता था, इसमें सन्देह करने का कोई कारण हमारे पास नहीं है। प्रमाण के तौर पर हिउएनत्सांग का हवाला दिया जा सकता है, जो एक दूसरे धर्म का अनुयायी होने के साथ-साथ बुद्धिमान विदेशी था। उसने न सिर्फ भारतीय समाज के चार वंशगत वर्णों और क्रमशः उनके पेशों का हवाला दिया है, बल्कि साथ-साथ यह भी लिखा है कि एक जाति के लोग अपनी जाति में[१] ही शादी-ब्याह करते हैं। कौटिल्य के अर्थशास्त्र[२] की तरह वराहमिहिर ने **बृहत्-संहिता** में शहर के अलग-अलग भागों में ब्राह्मणों, क्षत्रियों, वैश्यों और शूद्रों के निवास-स्थान निर्धारित किये हैं। वराहमिहिर ने उस विभाजन में यह भी बताया है कि चारों वर्णों के पास क्रमशः कितने मकान, चौरियाँ और छाते होने चाहिएँ।[३] इसके बावजूद पहले जमाने की तरह गुप्तकाल में भी निःसन्देह स्मृतियों के कठोर नियमों का उल्लंघन हुआ था। यह उन प्रामाणिक दृष्टान्तों से सिद्ध है, जिनके अनुसार ब्राह्मणों और क्षत्रियों ने अपने से नीच जातियों के, और वैश्यों तथा शूद्रों ने ऊँची जातियों के पेशे अपनाये।[४] पाँचवीं सदी ईसवी के एक अभिलेख में उत्तरी गंगा की घाटी में रहने वाले दो क्षत्रिय व्यापारियों का हवाला दिया गया है। इसी सदी के एक दूसरे अभिलेख में गुजरात के जुलाहों का जिक्र है, जिन्होंने मालवा में बसने के बाद दूसरे पेशे अपना लिये थे। सातवीं सदी में तक्क प्रदेश में डाकुओं के एक गिरोह से बचने के बाद, हिउएनत्सांग और उसके साथियों की एक ब्राह्मण से भेंट हुई थी जो खेत में अपने हाथों से हल चला रहा था।[५] दशकुमारचरित में, जो इसी काल का गद्य प्रेमाख्यान है, ब्राह्मण डाकुओं की बस्ती का जिक्र है। ये लोग विन्ध्य प्रदेश के जंगलों में किरातों का पेशा अपनाये हुए थे।

इसके बाद गुप्तकाल में हमें विभिन्न वर्णों के अन्तरजातीय विवाहों के प्रामाणिक उदाहरण भी मिलते हैं। ये न केवल अनुलोम विवाहों के उदाहरण हैं, बल्कि प्रतिलोम

---

१. या, ट्रै. वा., I, १६८।

२. कौटिल्य II. ४, उत्तरी, पूर्वी, दक्षिणी और पश्चिमी भाग क्रमशः ब्राह्मणों, क्षत्रियों, वैश्यों और शूद्रों के लिए हैं।

३. बृहत्संहिता LIII, ७०, ९१; LXXII, ४, LIII, ८४ में बताया गया है कि नगरों, गाँवों और मकानों के कोने नीच जातियों और चांडालों के लिए उपयुक्त हैं, और दूसरी जातियों के लिए अनुपयुक्त।

४. ऐतिहासिक हवाले—(क) मयूर शर्मा (पृ. ३०६) स्वेच्छा से ब्राह्मण का पेशा त्याग कर क्षत्रिय योद्धा बन गया और अन्त में उसने कदम्ब वंश की नींव डाली; (ख) कॉ. इ. इ. III, ८९ (महाराज मातृविष्णु, जो ब्राह्मण सन्त इन्द्रविष्णु, का प्रपौत्र था); (ग) या. ट्रै. वा. II, २५०-५१ हिउएनत्सांग के काल में उज्जयिनी, जिझोटी और महेश्वरपुर के राजा); (घ) ई. इ. XIV, ३०६ प. पृ. (**महासामन्त** प्रदोष शर्मा कट्टर पुरातनपंथी ब्राह्मण कुल का वंशज था); (ङ) या. ट्रै. वा. I, ३००, ३४३, (थानेश्वर और पारयात्र के वैश्य राजा); (च) या. ट्रै. वा. I, ३२२; II २५२; बील ७९ (मतिपुर और सिन्ध के शूद्र राजा)।

५. का. इ. इ., III, ७०-७१, ८१-४, बील ७३।

श्रेणी के भी ।[१] समकालीन संस्कृत नाटकों और गद्य प्रेमाख्यानों में हम देखते हैं कि ब्राह्मणों और क्षत्रियों ने गणिकाओं[२] की दासियों और पुत्रियों से भी शादियाँ की थीं। उपर्युक्त तथ्यों से यह सिद्ध होता है कि गुप्तकाल में हालाँकि आमतौर पर लोग स्मृतियों के विधानों का पालन करते थे, लेकिन उनमें उतनी कट्टरता नहीं थी, जितनी बाद के काल में आ गयी। दूसरी तरफ चीनी बौद्ध यात्रियों के प्रामाणिक विवरणों के अनुसार ब्राह्मणों की सामाजिक प्रतिष्ठा उसी तरह कायम थी, जैसी उन्हें स्मृतियों में प्रदान की गई थी।[३] प्राचीन स्मृतियों के विधान में ब्राह्मण अपराधी के लिए ज्यादा से ज्यादा सजा निर्वासन थी; उसे न मृत्युदण्ड दिया जा सकता था, न ही उसकी जमीन-जायदाद पर कब्जा किया जा सकता था। कात्यायन स्मृति में भी इसी विधान को दुहराया गया है। इस काल के नाटकों और गद्य प्रेमाख्यानों के स्पष्ट हवालों से पता चलता है कि ये नियम उस काल में भी लागू थे।[४]

२. निम्न जातियाँ

पहले जमाने की तरह इस जमाने में भी बहुत सी वर्णसंकर जातियाँ थीं।[५] हम चाण्डालों और इसी तरह की अन्य जातियों के बारे में जानते हैं, जिनका वर्णसंकर

---

१. देखिए उपर्युक्त परि. ११ (चन्द्रगुप्त द्वितीय की पुत्री प्रभावती-गुप्ता का विवाह ब्राह्मण वाकाटक राजवंश के रुद्रसेन से हुआ था); ई. इ., VIII, २४ (ब्राह्मण कदम्ब राजवंश के काकुत्स्थवर्मन् की पुत्रियों का विवाह गुप्तवंश के तथा अन्य राजाओं से हुआ था); आ. स. वे. इ. IV, १४० (वाकाटक राजा देवसेन के मन्त्री के पूर्वज ब्राह्मण सोम ने ब्राह्मण और क्षत्रिय कन्याओं से विवाह किया था); ई. इ., XV. ३०१ (लोकनाथ के मातृपक्ष का पूर्वज ब्राह्मण था, लेकिन शूद्र पत्नी से उसका एक पुत्र पैदा हुआ था); या. ट्रै. वा. II, २४६ (थानेश्वर के हर्ष की बेटी वैश्यकुल की थी, लेकिन वह वलभी के क्षत्रिय राजा की पत्नी थी) हर्ष. I. (बाण के पिता ने एक शूद्र स्त्री से शादी की थी, जिससे दो पुत्र पैदा हुए थे)।

२. देखिए **मृच्छकटिक** में ब्राह्मण चारुदत्त का विवाह वसन्तसेना से, और ब्राह्मण शर्विलक का विवाह वसन्तसेना की दासी मदनिका से हुआ था। **दशकुमारचरित** में चम्पा की एक गणिका की छोटी पुत्री से एक राजकुमार के विवाह की कहानी मिलती है। प्राचीन **कामसूत्र** के प्रमाण के अनुसार ऐसे विवाहों की अनुमति है। (पा. टि. १, पृ. ५६५)।

३. हिउएनत्सांग (या, ट्रै. वा. I, १४०) का कहना है कि देश के विभिन्न कबीलों और जातियों में ब्राह्मण सबसे अधिक पवित्र और प्रतिष्ठित समझे जाते थे। ई-त्सिंग (रिकार्ड, पृ. १८२) के अनुसार भारत के चारों कोनों में ब्राह्मणों को सबसे अधिक प्रतिष्ठित समझा जाता था।

४. कात्यायन, श्लो. ४८३ (ब्राह्मणों की निरापदता); मृच्छकटिक, अंक ४ (हालाँकि न्यायाधीश ने चारुदत्त को हत्या का अपराधी घोषित किया था लेकिन जन्म से ब्राह्मण होने के कारण उसे मृत्युदंड न देने की सिफारिश स्वयं न्यायाधीश ने की थी); दशकुमारचरित, पृ. १३१ (नि. सा. प्रे., १९५१ पृ. १८१) (राजद्रोह के अपराध में मृत्युदंड देने के स्थान पर न्यायाधीश ने आज्ञा दी कि ब्राह्मण मन्त्री की आँखें निकाल ली जाएँ।

५. या. ट्रै. वा. I, १६८, ५०० ई. पू. से १,००० ई. तक स्मृतियों के आधार पर वर्णसंकर जातियों के विस्तृत विवरण के लिए देखिए का. हि. ध. शा., II, १६९ प. पृ.।

जातियों की श्रेणी में सबसे नीचा स्थान था। स्मृतियों के विधान के अनुसार चाण्डाल सबसे निकृष्ट कोटि का काम करने के लिये बाध्य थे, उदाहरण के लिए लावारिस लाशें ढोना और अपराधियों को फाँसी देना। रात के समय उन्हें नगरों और गाँवों में चलने-फिरने की आज्ञा नहीं थी, यहाँ तक कि दिन के समय भी उन्हें राजा द्वारा निर्धारित चिह्न लेकर चलना पड़ता था, ताकि आसानी से उनकी पहचान हो सके। दरअसल उन्हें गाँव से बाहर रहने का हुक्म था। उनके सम्पर्क से दूसरी जातियों के लोग भ्रष्ट न हो जाएँ, इसके लिए कठोर नियम बनाये गये थे।[1] समकालीन चीनी यात्रियों के विवरणों से पता चलता है कि गुप्तकाल में इन नियमों का पालन होता था। फा-हिएन का कहना है[2] कि पाँचवीं सदी के आरम्भ में मध्यदेश के चाण्डालों को शहरों और बाजारों की सीमाओं से बाहर रहना पड़ता था। जब वे इन स्थानों के नजदीक आते थे तो उन्हें लकड़ी के एक टुकड़े से आवाज करके चेतावनी देनी पड़ती थी, ताकि दूसरे लोग उनके स्पर्श से बच सकें। उनके लिए शिकारी और मछुआरे के पेशे सुरक्षित थे। हिउएन-त्सांग के[3] अनुसार, कसाई, जल्लाद और भंगी वगैरह के (जो चांडालों और इसी तरह की दूसरी जातियों जैसे थे) मकान शहर से बाहर होते थे और उन पर विशेष प्रकार के चिह्न अंकित किये जाते थे। गुप्तकाल के साहित्य के हवाले इन यात्रा-विवरणों की पुष्टि करते हैं। उनसे पता चलता है कि चांडालों से, जो पक्के मांस-भक्षी थे, हमेशा जल्लादों का काम लिया जाता था और उन्हें अस्पृश्य माना जाता था।[4]

३. आदिवासी जनजातियाँ

भारतीय-आर्यों के समाज की परिधि में चांडाल तथा ऐसी अन्य जातियों से दूर हट कर आदिवासी कबीले थे (पुलिन्द, शबर, किरात, इत्यादि) जो विन्ध्याचल के जंगलों

---

१. देखिए VI, XVI, ११, १४; मनुस्मृति X, ५१-५६; वृ. पृ. ९६, श्लो. १८. (चाण्डालों की निर्योग्यताएँ) **मनु.** श्लो. ८५, वृ., पृ. ३५९, श्लो. ८; **पराशर** III, २४, च्यवन और देवल का हवाला, विज्ञा. द्वारा, यजुर्वेद III, ३० (चांडाल का स्पर्श होने पर ब्राह्मण नहाकर अपने को शुद्ध करें)।

२. गाइल्स, २१।

३. या. ट्रै. वा. I १४७, ई-त्सिंग ने चांडालों का नाम लेकर हवाला नहीं दिया, लेकिन उसका कहना है (रेकार्ड, पृ. १३९) कि गन्दगी साफ करने वालों को डंडे बजाकर अपने आने की सूचना देनी पड़ती थी और अगर कोई गलती से उन्हें छू लेता था तो वह नहाता था और अपने कपड़े धोता था।

४. देखिए **मृच्छकटिक** तथा **मुद्राराक्षस** VII. (दो चांडालों को आज्ञा मिलती है कि वे अपराधियों को फाँसी के सार्वजनिक स्थल पर ले जाएँ।); मुद्रा, पू. ले. (चांडाल के स्पर्श से दूषित व्यक्ति दूसरों को नहीं छू सकता था।); **लंकावतार** पृ. २४६ (डोम, चांडाल और कैवर्त्त मांसभक्षियों के उदाहरण हैं); **कादम्बरी** पृ. २१ (चांडाल कन्या राजदरबार में ध्यान आकर्षित करने के लिए दूर से बार-बार बाँस की छड़ी से आवाज करती है)।

और पहाड़ों में रहते थे। **दशकुमारचरित, हर्षचरित, कादम्बरी** तथा परवर्ती गुप्त-काल की अन्य कृतियों में इन जनजातियों की वेशभूषा, उनकी धार्मिक प्रथाओं और सामाजिक रीति-रिवाजों की सजीव झाँकी मिलती है। हमें पता चलता है कि सातवीं सदी में विन्ध्यप्रदेश के जंगलों में रहने वाले शबर नरबलि जैसी घृणित और विचित्र प्रथाओं के आदी थे। वे शिकार से गुजारा करते थे, मांस और शराब का सेवन करते थे और विवाह के लिए स्त्रियों का अपहरण करते थे।[१]

४. दास

गुप्तकाल के स्मृति-विधान ने पहले से चले आये नियमों का कुछ दिशाओं में विकास किया।[२] कात्यायन ने याज्ञवल्क्य और नारद के विधान को दोहराते हुए द्विजों को दास बनाने का निषेध किया, और स्पष्ट शब्दों में घोषित किया कि ब्राह्मण को कभी दास नहीं बनाया जा सकता और ब्राह्मण स्त्रियों के क्रय-विक्रय को बंद कर दिया जाए। ब्राह्मण अपराधी को अधिक से अधिक निर्वासन का दंड मिल सकता था। कात्यायन[३] ने एक नयी धारा जोड़कर नियम बनाया कि दास से विवाह करने पर मुक्त स्त्री दासी बन जाएगी, लेकिन अगर कोई दासी अपने मालिक की सन्तान पैदा करती है तो उसे फौरन दासत्व से मुक्ति मिल जायेगी।

गुप्तकाल के नाटक **मृच्छकटिक** में दिये गये उल्लेख उपर्युक्त तथ्यों की पुष्टि करने के साथ-साथ उनके पूरक भी हैं। नारद ने स्वेच्छा से अपने को बेचने वाले दासों का जिक्र किया है। स्थावरक और मदनिका नाम के दासों का जो हश्र हुआ, उससे पता चलता है कि दासों से अच्छा व्यवहार करना या न करना मालिकों के स्वभाव पर निर्भर करता था। मदनिका की मालकिन ऊँचे विचारों वाली स्त्री है; वह मदनिका को अपनी सखी और विश्वास-पात्र समझती है, लेकिन स्थावरक का निर्दयी मालिक उसे हथकड़ियाँ पहनाता है और पीटता है। मदनिका की मालकिन अपनी दासी को मुक्त कर देती है, ताकि वह अपने प्रेमी के पास जा सके, लेकिन स्थावरक को अपनी मुक्ति के लिए तब तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है, जब तक उसका मालिक अपने पद से च्युत नहीं हो जाता और नया राजा हुक्म जारी नहीं करता।

III. विवाह

प्राचीन स्मृतियों[४] में दिये गये विवाह संबंधी नियमों में, गुप्तकाल के दौरान कोई मौलिक परिवर्तन नहीं हुआ लेकिन लड़कियों के विवाह की उम्र की सीमा कम किये

---

१. कादम्बरी, ५९, प. पृ.।
२. जिल्द II, पृ. ५७० प. पृ. (अँगरेजी संस्करण)।
३. श्लो. : ७१५ प. पृ.।
४. जिल्द II, पृ. ५५८ प. पृ. (अंगरेजी संस्करण)।

जाने की प्रवृत्ति दिखाई देती है। कुछ धर्म-ग्रन्थों ने अभिभावकों के लिए अनिवार्य कर दिया है कि वे रजस्वला होने से पहले ही लड़की का विवाह कर दें। विष्णु पुराण के अनुसार वर की आयु वधू से तिगुनी होनी चाहिए, लेकिन अंगिरस के अनुसार, वर-वधू की आयु में कम अन्तर होना चाहिए।[1] लड़कियों के विवाह की उपयुक्त आयु के बारे में वात्स्यायन का मत, जो तत्कालीन रिवाजों को व्यक्त करता है, स्मृतियों से कुछ अलग है। एक स्थान पर उसने बिना नाम दिए आपस्तम्ब के गृह्य-सूत्र[2] का हवाला दिया है, जिसमें रजस्वला हो जाने के बाद लड़की से विवाह करने की मनाही की गयी है। किन्तु उसने प्रणय-निवेदन या विवाह के तुरन्त बाद काम-संबंधों के आरंभ संबंधी विस्तृत नियमों द्वारा इस प्रमाण में किंचित् परिवर्तन कर दिया है। इन नियमों को देखकर ऐसा लगता है कि लड़कियों के विवाह रजस्वला होने से पहले और बाद, दोनों अवस्थाओं में होते थे। अन्यत्र लेखक ने अपनी सम्मति देते हुए लिखा है कि वह किसी व्यक्ति द्वारा अपने से तीन बरस या ज्यादा छोटी लड़की से विवाह करने के पक्ष में है।[3]

हिउएन-त्सांग के बयान[4] से मालूम होता है कि पूर्ववर्ती काल की तरह इस काल में भी कुछ श्रेणियों के रिश्तों में विवाह-संबंध वर्जित था, और स्वजातीय विवाह को ही पसन्द किया जाता था। वात्स्यायन ने **कामसूत्र** में कहा है कि व्यक्ति अपने वर्ण की कन्या से विधिपूर्वक और प्रेमपूर्वक विवाह करके ही सन्तान, ख्याति और प्रशंसा पा सकता है। अपने से ऊँचे वर्णों अथवा विवाहित स्त्रियों के साथ प्रेम-सम्बन्ध रखने की मनाही है। निम्न-वर्णों की स्त्रियों, वेश्याओं और पुनर्विवाहित विधवाओं (पुनर्भू) के साथ, जिनमें इतनी पवित्रता है कि खाने के बाद जिनके बर्तन फेंके नहीं जाते, प्रेम-सम्बन्ध रखने का न समर्थन किया गया है न निषेध, क्योंकि ऐसे सम्बन्धों का उद्देश्य केवल विलास है।[5] इससे यह सिद्ध होता है कि वात्स्यायन के समय, विभिन्न वर्णों के

---

१. विष्णु पुराण, III, १०, १६, **स्मृतिमुक्ताफल,** भाग I. १२५ में अंगिरस का उद्धरण (वधू वर से २, ३, ५ बरस या ज्यादा छोटी होनी चाहिए।); विवाह की उम्र के संबंध में स्मृति के विधान के विस्तृत विवरण के लिए देखिए का. हि. ध. शा., II, १, ४३८-४५।

२. १, ३ ११।

३. कामसूत्र, III १, २ (लड़की की अवस्था तीन बरस छोटी हो।), वही, १२ (रजस्वला की आयु-प्राप्त कन्या). टीकाकार द्वारा उद्धृत अंश के दूसरे अनुच्छेद में स्पष्ट कहा गया है कि अपने से तीन या सात बरस छोटी लड़की से शादी करनी चाहिए, आयु इससे न कम न ज्यादा हो।)

४. या. ट्रै. वा. १६८।

५. कामसूत्र, I, ५, १-३, इसी संदर्भ में वात्स्यायन ने कामशास्त्र के तीन प्राचीन अधिकारी विद्वानों का हवाला दिया है (वही ५-२६) जिन्होंने विशेष परिस्थितियों में विवाहित स्त्री, विधवा तापसी, गणिका की स्वतन्त्र पुत्री अथवा दासी और उच्च वंश की बड़ी आयु की कन्या के साथ प्रणय संबंधों की आज्ञा दी है। अन्त में वात्स्यायन ने इन लेखकों के साथ अपनी सहमति प्रकट की है। इस तरह के विवाहों के प्रति लेखक का दृष्टिकोण इस बयान से जाहिर होता है कि ऊँचे वर्ण की स्त्री के साथ संबंध रखने में, जो स्वेच्छाचारिणी (स्वैरिणी) के रूप में प्रसिद्ध हो, धर्म का उल्लंघन नहीं होता, जैसा कि वेश्या से संबंध रखने में धर्म का उल्लंघन नहीं होता।

विवाह-सम्बन्धों पर लगाये गये प्रतिबन्ध स्मृतियों के नियमों से भी अधिक कठोर थे, क्योंकि वात्स्यायन के अनुसार प्रतिलोम कोटि के विवाहों पर न केवल पूरी पाबन्दी है, बल्कि अनुलोम विवाह को भी वेश्यागमन के निम्न-स्तर पर रखा गया है।

स्मृतियों की तरह वात्स्यायन के विचार में भी विवाह वर और वधू के माँ-बाप (अथवा अन्य अभिभावकों) द्वारा ही निश्चित किया जाना चाहिए। साथ ही वात्स्यायन ने वधू के चुनाव के तरीकों का विस्तृत विवरण दिया है, जो उसके जमाने में प्रचलित थे। वर के माँ-बाप, रिश्तेदार और उसके दोस्तों को, जिन्हें उसकी इच्छा का पता है, इस मामले में कदम उठाने चाहिएँ। जिन लड़कियों में दोष हों या जिनके नामों में दोष हो, उनसे विवाह नहीं करना चाहिए। लेकिन एक पुरानी संहिता के प्रमाण[१] के अनुसार, जिसका हवाला वात्स्यायन के बिना नाम लिये दिया है, उसी कन्या के चुनाव से विवाह में सुख मिलता है, जिस पर वर की दृष्टि लगी है और जिसे उसका हृदय चाहता है, अन्य किसी से नहीं। इसलिए लड़कियों के अभिभावकों को सलाह दी गयी है कि कन्यादान के समय वे उन्हें रंगीन भड़कीली पोशाक पहनाएँ और उत्सवों आदि के अवसर पर उन्हें लोगों के सामने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करें। वधू के चुनाव की रस्म विवाह की चार श्रेणियों के अनुसार होती है: अर्थात् **ब्राह्म, प्राजापत्य, आर्ष** और **दैव** विवाह।[२]

वात्स्यायन के प्रमाण से यह भी स्पष्ट होता है कि इच्छा होने पर, विशेष परिस्थितियों में, कोई युवक, प्रणय-याचना से, यहाँ तक कि धोखे और हिंसा द्वारा भी, अपनी पसन्द की लड़की का दिल जीत सकता था। इस प्रणय-निवेदन के अनेक रूप हो सकते हैं। यह इस बात पर निर्भर है कि प्रेयसी बालिका है, अथवा युवती या बड़ी उम्र की औरत। प्रणय-निवेदन की सफलता के बाद लड़की का विश्वास प्राप्त करने के प्रयत्न होने चाहिएँ।[३]

वात्स्यायन के विवरण का महत्त्व इसलिए भी है, क्योंकि उससे स्मृति के इस नियम का दृष्टान्त मिलता है कि कुछ परिस्थितियों में लड़की अपना पति स्वयं चुन सकती है।[४] ऐसी युवती को चाहिए कि वह किसी ऐसे सुन्दर, सच्चरित्र और योग्य युवक से प्रणय-निवेदन करे जिसे वह बचपन से ही चाहती हो, या किसी ऐसे युवक से जो उससे इतना प्रेम करता है कि अपने माता-पिता की इच्छा के विरुद्ध भी उससे विवाह करने के लिए तैयार है। प्रणय-निवेदन के तरीकों में भी मानव-प्रकृति के ज्ञान को ब्यौरेवार प्रकट किया गया है, जिनका हवाला यहाँ देने की जरूरत नहीं। दरअसल लड़की को ऐसे आदमी से विवाह करना चाहिए, जिसमें उसे सुख का आश्रय मिल सके और जो पूरी तरह

---

१. आपस्तम्ब, गृह्य-सूत्र I, ३०,२०, प. पृ.।
२. कामसूत्र, III, १,४-२१, देखिए जिल्द II, पृ. ५५९ (अँगरेजी संस्करण)।
३. का. सू. III, ३, १-४४।
४. जिल्द II, पृ. ५६१ (अँगरेजी संस्करण)।

से उसके प्रति समर्पित हो। ऐसे सच्चरित्र पति की बजाय, जिसके प्रेम में बहुत से लोग साझीदार हों, ऐसा पति कहीं बेहतर है जो चाहे गरीब हो और खुद अपनी मेहनत से गुजारा करता हो लेकिन जो उसके प्रति समर्पित हो। निम्न जाति के, अथवा बड़ी आयु वाले, जुआ खेलने के आदी व्यक्ति से या ऐसे व्यक्ति से जिसकी पहले से पत्नी और बच्चे हों, विवाह नहीं करना चाहिए। समान रूप से इष्ट विवाहेच्छु युवकों में सर्वोत्तम वही है, जिसके साथ प्रेम का आदान-प्रदान हो।[१]

प्रणय-निवेदन के उपर्युक्त वर्णन ने सहज ही वात्स्यायन को भी विवाह की उन तीन स्मृति-विज्ञात विधियों के (जो निश्चय ही जीवन के अनुभवों से भी ली गयी हैं) वर्णन के लिए प्रेरित किया, जिनके नाम गांधर्व, पैशाच और राक्षस हैं।[२] गांधर्व विवाह का और भी अधिक विवरण दिया गया है। जब प्रेमाकांक्षी युवक अपनी प्रियतमा से एकान्त में न मिल सके तो उसे अपनी धाय की लड़की से दूती का काम लेना चाहिए और प्रेयसी पर जोर डालना चाहिए। जब प्रियतमा मिलन के लिए राजी हो जाए तो उसे किसी निश्चित समय और स्थान पर अपने प्रेमी से मिलना चाहिए। विवाह सम्पन्न करने के लिए लड़की को पवित्र अग्नि की तीन बार परिक्रमा करनी चाहिए। अग्नि किसी श्रोत्रिय के घर से लाकर, स्मृतियों में दी गयी विधि के अनुसार उसमें आहुतियाँ डालनी चाहिएँ। इसके बाद माता-पिता को सूचना देनी चाहिए, क्योंकि शास्त्रकारों के अनुसार अग्नि की साक्षी में किया गया विवाह कभी अवैध नहीं हो सकता। विवाह के समापन के बाद सब रिश्तेदारों को सूचित किया जाए, ताकि वे कानून के दण्ड और सामाजिक बदनामी के भय से विधिपूर्वक लड़की को विदा कर सकें। गान्धर्व विवाह की तरह पैशाच और राक्षस विवाहों में धार्मिक रस्मों की कोई आवश्यकता नहीं, केवल समापन के बाद रिश्तेदारों को सूचित करना, और उन्हें लड़की की विदाई के लिए प्रेरित करना ही काफी है। विवाह की अनेक श्रेणियों और उनके सापेक्ष गुणों के बारे में वात्स्यायन का मत ही बहुत सी स्मृतियों से भिन्न है। शुरू में ही उसने कहा है कि पैशाच विवाह राक्षस-विवाह से उत्कृष्ट है बशर्ते कि (टीकाकार के शब्दों में) उसमें हिंसा न हो, हालांकि दोनों किस्म के विवाह अनुचित हैं। फिर वह गान्धर्व विवाह को सबसे अधिक प्रतिष्ठित और उत्कृष्ट बताता है, क्योंकि वह अधिक सुखकर है, उसमें मुसीबतें नहीं उठानी पड़तीं और मोल तोल नहीं करना पड़ता तथा वह पारस्परिक सहमति के परिणामस्वरूप होता है।[३]

गुप्तकाल के साहित्य में प्रमुख पात्रों के बीच गांधर्व विवाह के बारम्बार उल्लेख मिलते हैं। लेकिन आमतौर पर ये प्राचीन राजाओं, शूरवीर नायकों अथवा काल्पनिक

---

१. कामसूत्र, III. ४. ३६-५९।

२. जिल्द II. पृ. ५५९ (अँगरेजी संस्करण)।

३. कामसूत्र, III. ५, १-३०, **मनु.**, के विपरीत III. ३४ (**पैशाच** विवाह सबसे अधिक निकृष्ट और पापपूर्ण है), देखिए, बौधायन, I, ११-१६ (गंधर्व विवाह सबसे श्रेष्ठ है)।

राजकुमारों और सामन्तों से संबंधित हैं। इस बारे में बुद्धिमती मठवासिनी कामन्दकी ने **मालतीमाधव** की प्रेम-विह्वला नायिका से कहा कि आमतौर से पिता या भाग्य को ही कन्याओं का जीवन निर्देशित करने का अधिकार है। शकुन्तला का दुष्यन्त से, उर्वशी का पुरूरवा से और वासवदत्ता का उदयन से विवाह इस नियम के अपवाद हैं, ये अविवेकपूर्ण हैं, इसलिए उनका अनुकरण नहीं करना चाहिए। थानेश्वर की राजकुमारी राज्यश्री के पिता राजा प्रभाकरवर्धन ने उसका विवाह तय किया था। राज्यश्री की माँ ने नम्रभाव से इस चुनाव को यह कहकर शिरोधार्य किया कि "पिता को इस बात का फैसला करने का पूरा अधिकार है कि वह अपनी बेटी किसे सौंपे।" गुप्तकाल की साहित्यिक कृतियों में भी इस तरह के उदाहरण हैं कि बच्चों के जन्म से पहले ही उनके माता-पिता ने यह सोचकर कि एक दम्पति के घर पुत्र पैदा होगा और दूसरे के घर पुत्री होगी उनके विवाह निश्चित कर दिये थे। ये दृष्टान्त इस बात को स्पष्ट करते हैं कि अभिजातवर्ग की युवतियाँ प्रेम से व्याकुल होने पर भी स्वेच्छा से अपना पति चुनना नापसन्द करती थीं।[1]

IV. स्त्रियों की स्थिति

१. स्त्री-शिक्षा

गुप्तकाल से बहुत पहले ब्राह्मण प्रधान धर्मशास्त्रों में स्त्रियों को वेदों के अध्ययन से वंचित किया गया था और संस्कारों के अवसर पर उन्हें वैदिक मंत्रों के उच्चारण की मनाही थी।[2] इसके बावजूद यह विश्वास करने का पर्याप्त आधार है कि उच्च परिवारों की लड़कियों को साधारण शिक्षा में निपुणता प्राप्त करने के पर्याप्त अवसर मिलते थे। वात्स्यायन के कामसूत्र में उन राजकुमारियों और सामन्त कन्याओं का उल्लेख मिलता है, जिनकी बुद्धि शास्त्रज्ञान के कारण कुशाग्र हो गयी थी। वात्स्यायन ने विशेष तौर पर हमें ज्ञान की चौंसठ उपशाखाओं (अंगविद्या) की लम्बी सूची दी है, जिन्हें स्त्रियाँ सीखती थीं। इनमें शब्दों की पहेलियाँ बूझना, पुस्तकों के अंशों का पाठ करना, अधूरे पद्यों को पूरा करना, छन्दों और निघंटु का ज्ञान आदि सम्मिलित था। वात्स्यायन ने अच्छी पत्नी का चित्र प्रस्तुत करते हुए दिखाया है कि

---

१. शाकुन्तलम्. III (राजाओं द्वारा ऋषियों की अनेक पुत्रियों के साथ उनके पिताओं की सम्मति से गान्धर्व विवाह करने के उल्लेख हैं।); **मालतीमाधव,** अंक II (कामन्दकी की सलाह); हर्ष-चरित. IV (राज्यश्री का विवाह); **दशकुमारचरित,** पृ. १०९, १३६ (नि. सा. प्रे., १९५१, पृ. १४८, १८८) (बच्चे के जन्म से पहले उनके विवाह निश्चित होना); **कादम्बरी** २४९ प. पृ. तथा **मालतीमाधव,** अंक II तथा IV (अभिजात कुल की कन्याओं में अपने पतियों के चुनाव के प्रति अरुचि)।

२. जिल्द II, पृ. ५६४ (अंगरेजी संस्करण)।

वह इतनी शिक्षिता जरूर होनी चाहिए कि घर का वार्षिक बजट बना सके और उसके अनुसार घर के खर्च की व्यवस्था कर सके ।[1] गुप्तकाल के साहित्य के प्रमाणों से पता चलता है कि उच्च परिवारों की, और आश्रमों में रहने वाली, कन्याएँ प्राचीन इतिहास तथा पौराणिक कथाएँ पढ़ती थीं, और इतनी शिक्षित थीं कि वे कविता समझ सकती थीं और काव्यरचना कर सकती थीं । इसके अतिरिक्त उच्च परिवारों की, विशेषकर राजदरबारों की, कन्याओं को, संगीत, नृत्य आदि बालाओं की शिक्षा दी जाती थी ।[2] बाद के प्रमाणों से ऐसा आभास मिलता है कि इस प्रकार की नियमित संस्थाएँ अवश्य थीं जिनमें लड़कियों को शिक्षा दी जाती थी । अक्सर पुरुष विद्यार्थी भी उनके साथ शिक्षा प्राप्त करते थे ।[3] अन्त में इस तथ्य का जिक्र भी किया जा सकता है कि **अमरकोश**[4] में जो गुप्तकाल की कृति है, ऐसे शब्दों का प्रयोग हुआ है, जिनका अर्थ है महिला गुरु (उपाध्याया और उपाध्यायी) और वैदिक मंत्रों की शिक्षिका (आचार्या) ।

२. आदर्श पत्नी

वात्स्यायन द्वारा चित्रित आदर्श पत्नी, स्मृतियों में वर्णित पत्नी का ब्योरेवार स्वरूप है । इसे हम यथार्थ जीवन का प्रामाणिक प्रतिबिम्ब मान सकते हैं । इसमें

---

१. कामसूत्र, I. ३, १२ (राजकुमारियों इत्यादि द्वारा शास्त्रों का ज्ञान आदि) वही १६ (६४ कलाओं का ज्ञान); वही IV. १. ३२. (पत्नी द्वारा पारिवारिक बजट बनाना)।

२. ऐतिहासिक उल्लेख : **हर्षचरित** IV, (राजकुमारी राज्यश्री नृत्य, संगीत तथा अन्य कलाओं का ज्ञान प्राप्त करती हुई बड़ी हुई ।); अन्य उल्लेख—शाकुन्तल I. (अनसूया का **इतिहास** ज्ञान, शकुन्तला के प्रेम-सन्देश को छन्दबद्ध करके कमलपत्र पर लिखना), वही IV. (अनसूया का चित्रकला तथा आलेखन का ज्ञान); मेघदूत, I, २३ (निर्वासित यक्ष की पत्नी का बाँसुरी बजाना); **मालविकाग्निमित्र**, II, (मालविका को राजदरबार से वेतन पाने वाले नाट्य-शिक्षक से शिक्षा मिलती है और वह संगीत और नृत्य की प्रतियोगिता में अपनी दक्षता का प्रदर्शन करती है, जिसमें मठवासिनी निर्णायक बनती है); वही I-II (देवी शर्मिष्ठा द्वारा संयोजित **छलिक** नृत्य); **रत्नावली** II (सागरिका अपने राजकुमार प्रेमी का चित्र बनाती है); **प्रियदर्शिका**, III (एक अनुकरण-नाटक में आरण्यका गीत के साथ बाँसुरी बजाती है; **मालतीमाधव**, II (मालती अपने प्रेमी का चित्र बनाती है और प्रेमी द्वारा उत्तर में लिखे गये कठिन संस्कृत पद को समझ लेती है ।); **प्रियदर्शिका** में कहा गया है कि अभिजातकुल की कन्या को संगीत, नृत्य और वाद्ययंत्रों की शिक्षा मिलनी चाहिए ।

३. **कादम्बरी**, २७० (राजकुमारी कादम्बरी और देवी महाश्वेता ने यौवनकाल में एक साथ संगीत, नृत्य तथा अन्य कलाएँ सीखीं थीं ।); मालतीमाधव, I (कामन्दकी नायक के माता-पिता तथा अनेक देशों से आयी लड़कियों के साथ किसी गुरु के चरणों मे बैठी थी); **उत्तररामचरित**, II ब्रह्मचारिणी आत्रेयी वाल्मीकि के आश्रम में तापस बालकों, लव और कुश के साथ शिक्षा प्राप्त करने के बाद अगस्त्यमुनि तथा अन्य गुरुओं से वेदान्त की शिक्षा प्राप्त करने के लिए दण्डक वन में चली गयी थी); ये विवरण, सम्भव है, तत्कालीन जीवन से लिये गये हों ।

४. II. ६, १४ ।

सेवाभाव, आत्मसंयम तथा गृह-कार्यों में कुशलता के गुणों का उल्लेख है, जो आज तक हिन्दू पत्नियों की पहचान है। जहाँ पति की दूसरी पत्नियाँ नहीं हैं, वहाँ, लेखक का कहना है, पत्नी पति को देवता समझकर उसकी आराधना करे। वह स्वयं अपने हाथ से उसे भोजन कराए, घर लौटने पर उसका स्वागत करे, इत्यादि। वह पति के उपवासों में और प्रतिज्ञाओं में हिस्सा लेती है, पति का कहना कभी नहीं टालती। वह पति की आज्ञा से समारोहों, सामाजिक उत्सवों, यज्ञों और धार्मिक जुलूसों में भाग लेती है; पति अगर अनुमति दे तो खेलकूद में भाग लेती है। पति उसे दोष न दे, इसलिए वह बदनाम औरतों से बचकर रहती है। पति के सामने अपनी नाराजगी नहीं दिखाती, घर से बाहर नहीं घूमती, न ही ज्यादा देर एकान्त स्थान पर रहती है। सम्पन्नता से उसे अहंकार नहीं चढ़ता, बिना पति को बताये, वह किसी को दान नहीं देती। पति के मित्रों का समुचित आदर करती है, उन्हें फूल मालाएँ, उबटन और प्रसाधन-सामग्री भेंट करती है। अपने सास-ससुर की सेवा करती है और उनकी आज्ञा का पालन करती है। उनके सामने जवाब नहीं देती, कम लेकिन मीठे शब्द बोलती है। जोर से नहीं हँसती। नौकरों से सही ढंग से काम लेती है और खुशी के मौकों पर भेंट देकर उनका सत्कार करती है। सबसे बड़ी बात यह कि पति के विदेश जाने के बाद वह सादगी और संयम का जीवन व्यतीत करती है, सुहाग चिह्नों को छोड़कर बाकी सारे आभूषण उतार देती है। धार्मिक अनुष्ठानों और उपवासों में लगी रहती है। अपने से बड़ों की आज्ञा में रहती है। खुशी-गमी के अलावा अपने मायके के रिश्तेदारों से मिलने नहीं जाती। अगर जाती भी है तो ससुराल के लोगों के साथ, थोड़े दिनों के लिए, जाती है। पति के लौटने पर वह सादी पोशाक में उसका स्वागत करती है, फिर देवताओं का पूजन करती है और दान देती है।

पति, सास-ससुर और अन्य रिश्तेदारों तथा पति के मित्रों की देखभाल के अलावा वह पूरी तरह से घर की जिम्मेदारी सँभालती है। वह घर को बिल्कुल साफ रखती है, उसे फूलों के तोरणों से सजाती है और फर्श को रगड़कर चमकीला बना देती है। घर में स्थापित देवताओं की मूर्तियों की पूजा की देखभाल करती है और दिन में तीन बार बलि नैवेद्य चढ़ाती है। घर के बाग में वह अनेक किस्म की सब्जियों, पौधों, वृक्षों और जड़ी-बूटियों के लिए क्यारियाँ बनाती है। वह कई किस्म की सब्जियों, फलों और दवाइयों के बीज भी इकट्ठा करती है और सही मौसम आने पर बोती है। घर के भंडार में वह बहुत सी सामग्री जमा रखती है। उसे बुनाई और कताई आती है, वह खेतीबाड़ी, पशुपालन और बोझा ढोने वाले पशुओं की, पति के पालतू पशुओं इत्यादि की, देखभाल करना जानती है। वह घर का वार्षिक बजट बनाती है और उसी के अनुसार खर्च करती है। वह रोजाना खर्च का हिसाब रखती है और शाम को उसका जोड़ करती है। पति की अनुपस्थिति में वह परिश्रम करती है, ताकि पति के काम-काज को नुकसान न पहुँचे, आमदनी बढ़े और यथाशक्ति खर्च कम हो। यदि घर में सौत है तो

वह सौत को अपनी छोटी बहन समझती है; अगर वह उम्र में छोटी हो और सौत बड़ी हो तो वह उसे अपनी माँ के समान समझती है।[१]

सुशील पत्नी के जीवन के उपर्युक्त नियम स्मृतियों और कामशास्त्र से लिये गये हैं। मालूम होता है कि गुप्तकाल में आमतौर पर इन नियमों का पालन होता था। पुरानी स्मृतियों का अनुसरण करते हुए कात्यायन ने घोषित किया कि पत्नी कभी अपने पति से अलग न रहे, सदा पति की सेवा करे, गृहाग्नि की पूजा करे। पति के जीवनकाल में उसकी सेवा करे और पति की मृत्यु के बाद भी अपने पतिव्रत धर्म को कायम रखे। कात्यायन और वेदव्यास का कहना है कि सब धार्मिक कृत्यों में पत्नी पति का साथ दे, लेकिन पति की रजामन्दी के बगैर पत्नी द्वारा किये गये धार्मिक अनुष्ठान व्यर्थ हैं। प्राचीन स्मृतियों के नियमों के अनुसार **मत्स्यपुराण** का आदेश है कि पति को देवता जानकर पूजा जाए। वेदव्यास का आदेश है कि पति के परदेस जाने के बाद पत्नी अपनी काया को क्षीण करे और शृंगार से बचे।[२] **अभिज्ञानशाकुन्तलम्** में ऋषि कण्व के शिष्य द्वारा की गयी राजा की भर्त्सना में भी स्मृतियों के नियमों की प्रतिध्वनि है, जिनके अनुसार स्त्री के अधिक दिनों तक मायके में रहने की भर्त्सना की गयी है और पत्नी पर पति के पूर्ण अधिकार को स्वीकार किया गया है। शकुन्तला के पतिगृह जाने के समय कण्व ने संक्षेप में पत्नी के जिन कर्तव्यों का उपदेश दिया था, वे स्मृति तथा **कामसूत्र** के उपर्युक्त नियमों पर आधारित हैं।[३]

दक्ष[४] ने मनु तथा अन्य उपर्युक्त ग्रंथों के प्रमाणों के आधार पर कहा है कि पत्नी का भरण-पोषण पति द्वारा होना चाहिए; बृहत्संहिता[५] ने भी आपस्तंब के उस नियम को दुहराया है कि पतिव्रता स्त्री को त्यागने वाले पति को किस तरह पश्चात्ताप करना चाहिए। **मृच्छकटिक** के नायक की पत्नी धूता स्मृतियों में वर्णित आदर्श पत्नी का नमूना है। महाभारत तथा अन्य ग्रंथों के अनुसार पतिव्रता स्त्री के चरित्र में असाधारण शक्ति होती है। **दशकुमारचरित** की एक कहानी इसका दृष्टान्त है। इसी कृति में उच्चकुल की स्त्रियों के दृष्टिकोण का भी एक उदाहरण है, जहाँ एक परित्यक्ता स्त्री कहती है कि उच्चकुल की स्त्रियों के लिए अपने पतियों की घृणा का पात्र बनना जीवित मृत्यु के समान है; क्योंकि इन स्त्रियों के लिए पति ही एकमात्र देवता है। एक दूसरी

---

१. कामसूत्र, IV, १, १-५५; IV, २, १-३८।

२. कात्यायन, श्लो. ८३५-३७; वेद-व्यास II, १२, १९; **मत्स्यपुराण**, २१०-१८; वेदव्यास II, १५।

३. शाकुन्तलम् IV, V इससे पहले अंक में कण्व ने अपनी पौष्य पुत्री को उपदेश दिया था कि वह बड़ों की सेवा करे, सौतों के साथ मित्रता का व्यवहार करे। पति का दोष हो तब भी क्रोध न करे, नौकरों के प्रति कृपालु हो, अहंकारी न हो, इस तरह स्त्रियाँ गृहस्वामिनी के पद की अधिकारिणी बन सकती हैं।

४. II, ३६।

५. LXXIV, १३।

कहानी से पता चलता है कि पत्नी के पातिव्रत्य और मितव्ययिता को कितना अधिक महत्त्व दिया जाता था।[1]

३. कुलटा पत्नी

पूर्ववर्त्ती काल की तरह दाम्पत्य प्रेम और वफादारी के आदर्श-चित्रों के साथ-साथ असंख्य दुःखी और कुलटा पत्नियों के भी उल्लेख मिलते हैं। वात्स्यायन का प्रमाण स्मृतियों की तरह बहुपत्नी प्रथा के प्रचलन की पुष्टि करता है। बहुपत्नीप्रथा केवल राजाओं तक ही सीमित नहीं थी, बल्कि अन्य लोगों में भी फैली हुई थी। दरअसल, ऐसा लगता है, कि आमतौर पर धनी पुरुषों की बहुत-सी पत्नियाँ होती थीं, जो ऊपर से सम्पन्नता के उपभोग से सुखी मालूम होती थीं, लेकिन मन ही मन दुखी रहती थीं। दुर्भाग्य से अगर कोई स्त्री मूर्ख, व्यभिचारिणी या बाँझ होती थी, अथवा सिर्फ पुत्रियाँ ही पैदा करती थी, या जिसका पति स्वभाव से बेवफा होता था, तो उसे सौत की मुसीबत झेलनी पड़ती थी।[2] कामशास्त्र में विवाहिता स्त्रियों के साथ अवैध संबंधों पर एक अलग परिच्छेद है और **कामसूत्र** तथा **बृहत्संहिता**[3] दोनों में ऐसे बहुत से अवसरों का वर्णन है जब कुलटा पत्नियाँ अपने प्रेमियों से मुलाकात कर सकती हैं। लेकिन तत्कालीन कथा-साहित्य और नीति-कथाओं में विवाहित स्त्रियों को चरित्रभ्रष्ट करने के दृष्टान्तों की संख्या बहुत कम है।[4]

स्मृतियों के विधान के अनुसार परपुरुषगमन अपेक्षाकृत कम महत्त्वपूर्ण अपराधों (**उपपातकों**) में से है। समुचित पश्चात्ताप द्वारा इसका निवारण हो सकता है। जब तक अपराधी पत्नी पश्चात्ताप नहीं करती, तब तक जानबूझकर उसकी अवहेलना और तिरस्कार करना चाहिए, उसे बहुत कम खाना देना चाहिए। लेकिन पश्चात्ताप के बाद (अथवा कुछ संहिताकारों के अनुसार जब उसका मासिक स्राव खत्म हो जाए) वह पवित्र हो जाती है और उसके सारे अधिकार उसे वापस मिल जाते हैं। केवल अत्यन्त उत्कट परिस्थितियों में, जब वह किसी शूद्र या नीची जाति के आदमी के साथ व्यभिचार करे, गर्भवती हो जाए, सन्तान को जन्म दे, या पति की हत्या की कोशिश करे तो उसका एकदम परित्याग कर देना चाहिए। गुप्तकाल के अभिलेखों में इस बात के संकेत मिलते हैं कि उपर्युक्त विचार और प्रथाएँ इस काल में जारी रही थीं। वसिष्ठ और याज्ञवल्क्य के उदार विचारों को प्रतिध्वनित करते हुए वेदव्यास, अत्रि और देवल ने घोषित किया है कि किसी दूसरे वर्ण के पुरुष से गर्भवती होने

---

१. दशकुमारचरित, १६४, प. पृ., १५९ प. पृ. (नि. सा. प्रे., १९५१, पृ. २२७ प. पृ., २२० प. पृ.)।

२. कामसूत्र III, ४, ५५-६; IV, २, १; IV, ४, ७२-९०।

३. कामसूत्र I, ५, ३३-४; बृ. सं. LXXVIII, १०-११।

४. दशकुमारचरित, पृ. १०२ प. पृ., १६७ प. पृ. (नि. सा. प्रे., १९५१, पृ. १३८ प. पृ.) **तंत्राख्यायिका** (कारीगर और उसकी कुलटा स्त्री की कथा)।

पर स्त्री प्रसवकाल और अगले मासिक स्राव तक अपवित्र रहती है। बाद में वह पुनः अपनी खोई पवित्रता प्राप्त कर लेती है।

४. विधवा

गुप्तकाल से पूर्व के स्मृति-विधानों के अनुसार सामान्य तौर पर विधवा को आत्मसंयम और कठोर ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए, हालाँकि बृहस्पति[१] के अनुसार दूसरा रास्ता यह है कि विधवा अपने पति के साथ सती हो जाए। गुप्तकाल की स्मृतियों ने, प्राचीन कानूनों की तरह, विधवा को तप, उपवास और त्याग का जीवन व्यतीत करने के लिए कहा था और उसे अपने पति की जायदाद के उत्तराधिकार का अधिकार दिया था।[२] लेकिन शंख, अंगिरस और हारीत सती प्रथा का दृढ़ समर्थन करते हैं। पैठीनसी, अंगिरस, व्याघ्रपाद, और उशनस् ने ब्राह्मण विधवाओं के सती होने की पूरी मनाही की है, या कुछ शर्तों पर सती होने की आज्ञा दी है; जबकि वेदव्यास ने इसे वैकल्पिक बताया है। ऐसे साहित्यिक संदर्भ भी हैं जिनसे यह जाहिर होता है कि सती प्रथा को कुछ लेखकों ने बहुत अधिक महत्त्व दे दिया था। लेकिन गुप्तकाल में कुछ लेखकों ने इसकी प्रबल भर्त्सना भी की है।[४] तत्कालीन इतिहास और कथा-साहित्य में उन कतिपय स्त्रियों के उदाहरण मिलते हैं जिन्होंने अपने पतियों की मृत्यु से फौरन पहले आत्मदहन कर लिया या करने की कोशिश की।[५] लेकिन सतर्क चीनी यात्रियों के विवरण इस बारे में बिल्कुल मौन हैं। स्मृति तथा दूसरे साहित्य में भी विधवाओं का कई बार उल्लेख हुआ है, जिससे प्रमाणित होता है कि गुप्तकाल में यह प्रथा अधिक प्रचलित नहीं थी। कुल मिलाकर सामान्य आधार पर हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि पूर्वकाल की तरह स्मृतिकाल में भी विधवाएँ, स्मृतियों द्वारा विहित सादा और पवित्र जीवन व्यतीत करती थीं।

लेकिन धीरे-धीरे विधवाओं तथा अन्य स्त्रियों[६] के पुनर्विवाह को बुरा समझा जाने लगा; फिर भी ऐसे विवाह पूरी तरह से वर्जित नहीं थे। हिउएनत्सांग के विवरण

---

१. श्लोक ४८३-४।

२. **कात्यायन** ६२६-२७; पाराशर IV, ३१; **बृद्ध हारीत** IX, २०५-१० (विधवा का सादा जीवन) **वृद्ध मनु** तथा **बृद्ध विष्णु** विज्ञानेश्वर का **याज्ञवल्क्य** स्मृति से हवाला II, १३५-३६ (विधवा द्वारा पति की जायदाद का उत्तराधिकार प्राप्त करना)।

३. बृ. सं. LXXXIV, १६।

४. **कादम्बरी**, ६४, **मृच्छकटिक** X।

५. ऐतिहासिक उल्लेख (क) गोपराज की विधवा (पृ. ३७); (ख) रानी राज्यवती (पृ. ९३); रानी यशोमती (पृ. ११२); अन्य उल्लेख हैं (क) दशकुमारचरित, पृ. १३२ (नि. सा. प्रे., १९५१, j १८२ प. पृ.) (ख) प्रियदर्शिका I।

६. जिल्द II, पृ. ५६५ (अँगरेजी संस्करण)।

में स्त्रियों के पुनर्विवाह के विरुद्ध प्रमाण मिलते हैं,[१] लेकिन **अमरकोश**[२] में न केवल पुनर्भू (पुनर्विवाहित विधवा)[३] और उनके पति के पर्यायवाची शब्द मिलते हैं; बल्कि द्विज जाति के उस पुरुष के लिए भी विशेष शब्द है, जिसकी मुख्य पत्नी पुनर्भू हो। कात्यायन[४] ने ऐसी विधवा का उल्लेख भी किया है, जो बालिग या नाबालिग पुत्र के होते हुए भी दूसरे पति का वरण करती है और ऐसी स्त्री की भी चर्चा है जो अपने नपुंसक पति को छोड़कर दूसरे पुरुष के पास चली जाती है; जायदाद के बँटवारे और उत्तराधिकार के नियम के अनुसार ऐसी स्त्री के लड़के के हिस्से का उल्लेख करते वक्त यह प्रसंग आया है।

जहाँ तक पुनर्भू की स्थिति का सम्बन्ध है, वात्स्यायन का दृष्टिकोण अलग है। उसके अनुसार पुनर्भू ऐसी विधवा है जो प्रेम से विह्वल होकर अथवा अपनी लालसा पर संयम रखने की असमर्थता से विवश होकर आनन्द प्राप्त करने के लिए किसी गुणवान पुरुष से सम्बन्ध स्थापित करती है। वह अपने इच्छानुसार अपने साथी का चुनाव करती है। विवाहित स्त्री की तुलना में वह अधिक स्वतन्त्र है। वह अपने प्रेमी को मदिरापान की गोष्ठियों या उद्यान गोष्ठियों पर पैसा खर्च करने के लिए प्रेरित करती है। प्रेमी के घर में वह मालकिन की भूमिका अदा करती है, नौकरों के प्रति सहृदयता दिखाती है, अपनी सखियों के साथ मैत्रीभाव रखती है। विवाहित पत्नी की अपेक्षा वह काम-कला में अधिक निपुण है, जिसका एकान्त में अपने प्रेमी के साथ अभ्यास करती है। वह उत्सवों, मदिरापान और उद्यान की गोष्ठियों में, तथा अन्य क्रीड़ाओं में भाग लेती है। विवाहित पत्नी की तरह **पुनर्भू** का सम्बन्ध स्थायी नहीं होता। अगर वह अपनी मर्जी से प्रेमी के घर से चली जाती है तो प्रेम से दिये उपहारों को छोड़कर उसे बाकी सारे उपहार प्रेमी को वापस करने पड़ते हैं, लेकिन अगर उसका प्रेमी उसका परित्याग करता है तो उसे कुछ भी वापस करने की जरूरत नहीं। कुछ अन्य अनुच्छेदों में **पुनर्भू** की सामाजिक पदवी कुमारी (**कन्या**) और वेश्या के बीच और रानियों (**देवी**) और वेश्या (गणिका) के बीच की बतायी गयी है।[५] इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि वात्स्यायन के काल में अगर कोई विधवा अपनी पसन्द के किसी पुरुष के साथ रहती थी तो उसमें जनमत का विरोध नहीं होता था, लेकिन उसे विवाहित पत्नी का सामाजिक दर्जा कभी नहीं मिला।

---

१. या. ट्रै. वा. I, १६८।
२. II, ६, २३।
३. देखिए, जि. II, पृ. ५६५ (अँगरेजी संस्करण)।
४. श्लो. ५६२, ५७१, ५७४-७७, ८६०।
५. कामसूत्र, IV. २, ३९-५९; I, ५, ४; IV, ७५-७८।

५. वेश्या (गणिका)

वात्स्यायन के कामसूत्र[1] से ज्ञात होता है कि अपनी लुभावनी अदाओं, गुणों और शिष्टाचार के कारण प्राचीनकाल[2] की तरह वेश्याओं के एक वर्ग को ऊँचा सामाजिक दर्जा प्राप्त था। अन्य तत्कालीन कृतियों से पता चलता है कि वे अपनी सुन्दरता, वाक्पटुता, धन और विलास के लिए विख्यात थीं। **मृच्छकटिक** की वसन्तसेना तथा **दशकुमारचरित** की रागमंजरी और चन्द्रसेना जैसी ऊँचे दर्जे की वेश्याएँ भी थीं, जिन्होंने स्वेच्छा से अपना पेशा छोड़ दिया था और सामाजिक अत्याचार सहकर भी वे अपनी पसन्द के गुणवान पुरुषों के साथ रहने लगी थीं। लेकिन आमतौर पर वेश्याएँ अपने लोभ और मक्कारी के लिए बदनाम थीं। **दशकुमारचरित** में, जिसका हम ऊपर उल्लेख कर चुके हैं, वेश्याओं के लालन-पालन का सजीव चित्रण मिलता है। निश्चय ही यह वास्तविक जीवन पर आधारित होगा। उनकी शिक्षा का एकमात्र उद्देश्य पुरुषों को मूर्ख बनाकर पैसा हड़पना था।[3] वेश्याओं के साथ-साथ बड़े मन्दिरों में देवपूजा के लिए कुमारियाँ (देवदासियाँ) रखने की प्रथा प्रचलित थी। कालिदास के समय में उज्जयिनी के महाकाल मन्दिर में और हिउएनत्सांग के समय में सिंध के पूर्वी भाग के एक शहर में सूर्य-देवता के मन्दिर में भी ऐसी कुमारियां (देवदासियाँ) रखी जाती थीं।[4]

६. स्त्रियों की सामान्य स्थिति

पूर्वकाल में स्त्रियों को जो नीची हैसियत दी गयी थी और उन पर जो प्रतिबन्ध लगाये गये थे, वे कुछ हद तक गुप्तकाल में भी जारी रहे। इस काल का सबसे महत्त्वपूर्ण परिवर्तन कात्यायन द्वारा स्त्रियों के सम्पत्ति-अधिकार को मान्यता प्रदान

---

१ कामसूत्र, १, ३, २०-२१।

२. देखिए, जि. II, पृ. ५६८-७० (अंगरेजी संस्करण)।

३. देखिए **मृच्छकटिक** I तथा IV (अभिनय, संगीत, नृत्य और चित्रकला में निपुण वसन्तसेना को नायक के घर के भीतरी आँगन में जाने की आज्ञा नहीं है); **दशकुमारचरित,** पृ. ६५, प. पृ., नि. सा. प्रे., १९५१, पृ. ७८ प. पृ. (रागमंजरी ने सार्वजनिक स्थान पर नागरिकों के सम्मुख संगीत-कार्यक्रम प्रस्तुत किया था। रागमंजरी की बड़ी बहन काममंजरी के रूप में साधारण गणिका का चित्र प्रस्तुत किया गया है।); गणिका की शिक्षा-दीक्षा, **दशकुमारचरित** (पृ. ६६-६८, नि. सा. प्रे., १९५१ पृ. ८०-४) : पैदा होने के बाद से ही माँ उसका स्नेहपूर्वक पालन करे; उसे संगीत, नृत्य, अभिनय, चित्रकला, पाकशास्त्र, सुगन्धियाँ बनाने, पढ़ने-लिखने, वाक्पटुता, व्याकरण, तर्कशास्त्र और ज्योतिष की शिक्षा दी जाए। कामशास्त्र का व्यावहारिक ज्ञान दिया जाए, सार्वजनिक उत्सवों पर वह अपनी बहुत-सी सखियों के साथ प्रस्तुत हो, उसके गुणों और विशेषताओं का नगरवासियों में प्रचार किया जाए और उसकी कृपा प्राप्त करने के लिए ऊँची कीमत निश्चित की जाए।

४. मेघदूत, I, ३६ या. ट्रै. वा. II, २५४।

करना था । अत्रि और देवल ने घोषित किया कि अगर डाकू या अन्य लोग स्त्री के साथ बलात्कार करते हैं तो उसके बाद स्त्री की सामाजिक प्रतिष्ठा बनी रहनी चाहिए ।[१] गुप्तकाल में स्त्रियों द्वारा सार्वजनिक अधिकारों के प्रयोग में कोई रुकावट नहीं थी, यह तथ्य चन्द्रगुप्त-द्वितीय की पुत्री रानी प्रभावती-गुप्ता[२] के उदाहरण से प्रमाणित होता है, जो चौथी सदी में अपने नाबालिग पुत्र की ओर से वाकाटक राज्य की व्यवस्था संभालती थी । सातवीं सदी की राजकुमारी विजयभट्टारिका[३] का उदाहरण भी हमारे सामने है जो वातापी के चालुक्य वंश के विक्रमादित्य प्रथम के अन्तर्गत प्रान्तीय शासक थी ।

ईसवी सदी से निकट-पूर्व और बाद के सामान्य और पारिभाषिक ग्रन्थों में मिलने वाले उल्लेखों से मालूम होता है कि ऊँचे कुलों की विवाहिता स्त्रियाँ आमतौर पर बिना पर्दे के लोगों के सामने नहीं आती थीं । शायद गुप्तकाल में भी यह प्रथा जारी रही ।[४] लेकिन हिउएनत्सांग और ई-त्सिंग इस विषय पर मौन हैं, जो इस बात का सूचक है कि आमतौर पर औरतें पर्दे में बन्द नहीं रहती थीं । अवश्य ही पर्दे की प्रथा उन दोनों के लिए नयी और विलक्षण थी । अतः अगर यह प्रथा बड़े पैमाने पर प्रचलित होती तो जरूर इसकी तरफ उनका ध्यान जाता । इसके अलावा, जैसा ऊपर कहा जा चुका है,[५] नारी मूर्तियों में निश्चित रूप से पर्दे का कहीं संकेत नहीं है ।

V. जन-जीवन

१. सामान्य स्वरूप

भारत जैसे विशाल देश में विभिन्न स्थानों और वर्गों के लोगों के चरित्र में वैविध्य रहा होगा । वात्स्यायन ने देश के विभिन्न प्रदेशों के लोगों के स्वभाव और आदतों में

---

१. कात्यायन, श्लो. ९२१-२७; अत्रि., १९७-९८; देवल ४८-४९ ।

२. देखिए परि. ११ ।

३. देखिए पृ. २७४ ।

४. पुराने हवाले : पाणिनि III, २. ३६ (रानियों के लिए **असूर्यम्पश्या** शब्द का प्रयोग); **रामायण**, अयोध्याकाण्ड, ११६, २८ (विपत्तियों, मुसीबतों, युद्धों, स्वयंवर, यज्ञ और विवाह के अवसर पर स्त्रियों के लिए सब लोगों के सामने आने में कोई हर्ज नहीं); **प्रतिमानाटक**, I (विवाहिता स्त्री को सिर्फ विवाहों, आपत्तियों और वन-गमन के समय बाहर निकलना चाहिए); बाद के हवाले : **शकुन्तलानाटक** V (शकुन्तला राजदरबार में पर्दे में आती है, लेकिन जब उस पर जोर डाला जाता है कि वह अपने परिचय का प्रमाण दे तो वह पर्दा हटा देती है) : हर्षचरित, III (अभिजातकुल की स्त्रियाँ पर्दा करती हैं); वही (राजकुमारी राज्यश्री अपने दूल्हे के सामने लाल रेशमी कपड़े से ढँकी आती है); मृच्छकटिक (विधिवत् विवाहित पत्नी की हैसियत होने पर नायिका से पर्दा कराया जाता है) ।

५. जि. II, पृ. ५७३ (अंगरेजी संस्करण) ।

मिलने वाले आश्चर्यजनक अन्तर को अंकित किया है।[१] सातवीं सदी में विवेकशील चीनी यात्री हिउएनत्सांग ने सुदूर दक्षिण के सिवा भारत के हर हिस्से में भ्रमण किया था। उसने हर प्रदेश के लोगों के चरित्र के बारे में अपना मत लिखा है। उसके यात्रा-वृत्तान्त से पता चलता है कि गंगा और ब्रह्मपुत्र की घाटी के निवासी आमतौर पर अपनी ईमानदारी, साहस, विद्याप्रेम आदि के लिए मशहूर थे, जबकि उत्तर-पश्चिमी भारत, दक्षिण के पठार, और सुदूर उत्तर, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण के लोग इसके विपरीत थे।[२] उसके कथनानुसार आमतौर पर लोगों के चरित्र में बहुत अधिक ईमानदारी थी। विशेष रूप से ब्राह्मणों और क्षत्रियों के जीवन में सादगी और पवित्रता थी।[३] भारतवासियों की परोपकारशीलता और दानप्रियता का प्रमाण चीनी यात्रियों के उल्लेखों में बार-बार मिलता है। उन्होंने साधारण नागरिकों और राजाओं द्वारा जरूरतमन्दों तथा रोगियों की सेवा के लिए मुफ्त भोजन तथा औषधियाँ और ऐसी दूसरी चीजों के वितरण के लिए धन राशि का उल्लेख किया है।[४]

२. जीवन-स्तर

गुप्तकाल के साहित्य में सदियों से चले आये रहन-सहन के उच्च स्तर का संकेत मिलता है। **बृहत्संहिता**, जो पहले के विद्वानों की कृतियों का सार-संग्रह होने का दावा करती है, के प्रमाणानुसार छड़ियाँ, छाते, अंकुश, बल्लम, कमान, छत्र, फरसा, ध्वज,

---

१. कामसूत्र II, ५, २१-३३; II, ७, २४-२८।

२. हिउएनत्सांग ने जिनकी प्रशंसा की है उनमें नगर, तक्षशिला, पुंछ, शतद्रु, श्रुघ्न, मतिपुर, गोविशन, अहिच्छत्र, कान्यकुब्ज, अ-यु-तो, अ-ये-मु-का, प्रयाग, कौशाम्बी, विशोक, वाराणसी, चान-चू, वैशाली, मगध, ईरानपर्वत, कजंगल, पुंड्वर्धन, कामरूप, कर्णसुवर्ण, द्रविड़, महाराष्ट्र, मा-ला-पो, वलभी और मूलस्थानपुर के लोग हैं। उसने लंपा, गन्धार, सिंहपुर, टक्क, जालन्धर, पारयात्र, ब्रह्मपुर, नेपाल, आन्ध्र, धनकटक, चोल, मलकूट, भँड़ौच, सूरत, कुचे-लो, उज्जयिनी और महेश्वरपुर के लोगों की भर्त्सना की है। उद्यान, कश्मीर, ताम्रलिप्ति, ओट, काङ्गोद, कलिंग और सिंध के लोगों में अच्छे-बुरे गुणों का मिश्रण बताया है।

३. भारत के सामान्य वृत्तान्त सें भारतवासियों के चरित्र का बयान हिउएनत्सांग ने इस प्रकार किया है (या. ट्रै. बा., I, १७१) : वे जल्दबाज और ढुलमुल स्वभाव के हैं, लेकिन ऊँचे नैतिक सिद्धान्तों में आस्था रखते हैं। वे अनधिकार किसी चीज को नहीं हथियाते, और देने के मामले में जरूरत से ज्यादा उदार हैं। वे अगले जन्मों में मिलने वाले पापों के फल से डरते हैं। इस जीवन में आचरण के परिणाम के प्रति लापरवाह हैं। वे धोखा नहीं देते और अपनी प्रतिज्ञा का पालन करते हैं। अन्यत्र (I, १४०, १६८) वह कहता है कि ब्राह्मण सब जातियों से अधिक पवित्र है। वह ब्राह्मणों के संयम-पूर्ण जीवन और क्षत्रियों के परोपकारी और करुणामय उद्देश्यों की प्रशंसा करता है। एक और संदर्भ में (I, १५१) उसका कहना है कि ब्राह्मण और क्षत्रिय दिखावे से रहित, पवित्र, सादा, मितव्ययी और शुचितापूर्ण जीवन व्यतीत करते हैं।

४. गाइल्स, ४७-४८, या. ट्रै. बा. I, २८६, ३२८; II, २८६।

और **चौरियाँ** साधारण इस्तेमाल की चीजें थीं।[१] स्वाभाविक तौर पर इनमें से सबसे अधिक बहुमूल्य वस्तुएँ राजपरिवार के लोगों और अधिकारियों के लिए सुरक्षित थीं।[२] इसी कृति से पता चलता है कि परम्परानुसार राजाओं, रानियों और राज-दरबारों के अधिकारियों के लिए पाँच प्रासादों का विधान था; चारों वर्णों के लिए क्रमशः चार, तीन, दो और एक मकान की अनुमति थी।[३] अन्य प्रमाणों से भी इस काल के लोगों की सम्पन्नता और विलासिता का पता लगता है। **मृच्छकटिक** में उज्जयिनी में वसन्तसेना के महल के वैभव के वर्णन से हमें इस वर्ग की महिलाओं के वास्तविक जीवन की शान-शौकत और प्रचुरता का पता लगता है।[४] राजा और सामन्त बहुत कीमती पोशाकें पहनते थे और बड़ी शानशौकत से रहते थे, बाकी लोग उनका अनुसरण करते थे। **शिक्षासमुच्चय** में, जो शायद सातवीं सदी ईसवी की महायान बौद्ध-कृति है, लेखक ने तत्कालीन समाज में प्रचलित राजाओं के वैभवशाली जीवन का वर्णन किया है।[५] अन्य कृतियों से पानी से घिरे ग्रीष्मआवासों **(समुद्रगृह)**, फव्वारों **(धारागृह)**[६] आदि की सूचना मिलती है। **कादम्बरी** में राजा के स्नान और प्रसाधन का सजीव वर्णन मिलता है।[७] साहित्यिक प्रमाणों से पता चलता है कि न केवल राज-

---

१. बृ. सं. LXXII, (विभिन्न वर्णों के अलग-अलग रंगों के गदा या मुद्गर आदि मंगलकारी बताये गये हैं); वही LXXIX, ८-९ (क्रमशः छोटे आकार के) काउच (पलंग) और अन्य आसनों को राजाओं, राजकुमारों, मंत्रियों, सेनापतियों और पुरोहितों के लिए उपयुक्त बताया गया है।

२. बृ. सं. LXXII, ३ [राजा की **चौरी** (चँवर) उत्तम लकड़ी की हो, सोने-चाँदी से मढ़ी हो, और उसमें हीरे जवाहरात जड़े हों]; वही, LXXIII, १, ४ (राजा का छाता सफेद रंग का हो, पंखों से या रेशमी कपड़े से मढ़ा हो, उसमें मोती जड़े हों, मूठ स्फटिक की हो, दंड खालिस सोने का हो और रत्नजड़ित हो। अन्य लोगों के छातों के ऊपर सोने के फीतों, मालाओं और मणियों की सजावट हो और वे मोरपंख के बने हों।

३. बृ. सं. LIII, ४-१३।

४. मृच्छकटिक, अंक IV (ऊँचे प्रवेशद्वार पर हाथीदाँत के फाटक थे, महल के दरवाजे सोने के थे, जिनमें हीरे जड़े थे, आठ प्रांगण थे। पहले में कमरों की कतारें थीं, रत्नजड़ित जीने और स्फटिक की खिड़कियाँ थीं, तीसरे में जुए की मेज थी, जवाहरात के बने पासे थे, छठे में सोने और रत्नों से जड़ी पोशाकों में नौकरों की भीड़भाड़ रहती थी। आठवें में वसन्तसेना का भाई और माँ उपयुक्त वेशभूषा में रहते थे।)

५. शिक्षासमुच्चय, पृ. २०८।

६. कामसूत्र, V, ५, १७; **स्वप्नवासवदत्त**, V, १९४ के **(समुद्रगृह)**; रघुवंश, XVI. १९; मेघदूत (धारागृह), I, ६१ **ऋतुसंहार** I, २ (जलयंत्रमंदिर, अर्थात् ग्रीष्मगृह या फव्वारों का गर्मियों में इस्तेमाल होने वाला कमरा)।

७. कादम्बरी, ३१-३३. महल के व्यायामगृह **(व्यायामभूमि)** में व्यायाम करने के बाद राजा स्नान के कमरे **(स्नानभूमि)** में गया, जिस पर एक सफेद चँदोवा तना था और सुगन्धित पानी से भरे घड़े रखे थे। सुवासित **आमलक** फल से मालिश करवाने के बाद राजा पानी के तालाब में दाखिल होता था, फिर उठकर स्फटिक की चौकी पर बैठता था। जहाँ वेश्याएँ हाथों में पत्रा,

परिवार के लोगों को, बल्कि उनके सेवकों को भी, आभूषण पहनने की आदत थी।[१] **बृहत्संहिता** में न केवल राजा-रानियों के लिए, बल्कि धार्मिक अनुष्ठान करने वालों के लिए भी, आभूषण पहनने का विधान है।[२] **अमरकोश** में बालों, कान, गर्दन, बाहों, कलाइयों, उँगलियों, कमर (पुरुषों और स्त्रियों दोनों के लिए) और टाँगों में पहनने के आभूषणों की लम्बी सूची है। इसी ग्रन्थ में न केवल ऊपरी और अधोवस्त्रों के पारिभाषिक नाम दिये गये हैं, बल्कि स्त्रियों की चोटियों, पेटीकोटों, सर्दी में पहने जाने वाले और पैरों तक लम्बे एक लबादे का जिक्र भी किया गया है। कालिदास और बाणभट्ट की कृतियों में स्त्रियों की पोशाकों के कई प्रकार के नामों का जिक्र है।[३]

शृंगारशतक में (जिसके लेखक कालिदास समझे जाते हैं और जो स्पष्टतः पहले के काल का है) अलग-अलग मौसमों में लोगों की जीवनचर्या के वर्णन से उस युग के तौर-तरीकों पर प्रकाश पड़ता है। वसन्त ऋतु में लोग कोयल के संगीत से गूँजते हुए कुंजों (लता-मंडपों) का आनन्द लेते थे, और वे सामाजिक समारोहों (गोष्ठी) में एकत्र होते थे, जिनमें अच्छे कवि भी भाग लेते थे।[४] गर्मियों में लड़कियाँ हथेलियों पर शुद्ध चन्दन का लेप करती थीं, लोग फव्वारों के गिर्द इकट्ठे होते थे, हवेलियों के ऊपरी हिस्सों का इस्तेमाल करने के लिए सफाई की जाती थी, पतले कपड़े पहने जाते थे और शरीर पर अत्यन्त सुवासित चन्दन का लेप किया जाता था।[५] पतझड़ के मौसम में पुरुषों को रात में देर तक मदिरापान करने में आनन्द मिलता था। हेमन्त के मौसम में लोग मजीठ से रंगे कपड़े पहनते थे और शरीर पर चन्दन का गाढ़ा लेप करते थे।[६]

हिउएनत्सांग के प्रमाण से साबित होता है कि सातवीं सदी में न सिर्फ राजा कीमती पोशाकों और गहनों आदि का प्रयोग करते थे, बल्कि उनकी देखा-देखी धनी व्यापारी वर्ग भी इन चीजों का प्रयोग करता था। पोशाकें रेशम, मलमल, छींट, क्षौम और दो किस्म की बढ़िया ऊन से बनी होती थीं। खासतौर पर तक्क प्रदेश में (सिन्धु

स्फटिक, चाँदी और सोने के पात्र लेकर उसे स्नान करवाती थीं। स्नान के बाद वह सफेद रंग की पोशाक पहनता था। और रेशमी कपड़ा सर पर बाँधता था। फिर वह प्रसाधन कक्ष (विलेपभूमि) में जाता था, जहाँ उसके शरीर पर चन्दन मला जाता था, कस्तूरी, काफूर और केसर छिड़का जाता था। इसके बाद वह भोजन करता था और सुवासित धूम्रपान के बाद पान चबाता हुआ विश्राम-कक्ष में चला जाता था।

१. देखिए, **हर्षचरित**, I, II, IV, VII, तथा **मालतीमाधव**, VI।

२. बृ. सं., LXXX, ११, १७; LXXXIII, १; VLIX, २-३।

३. अमरकोश, II, ६, १०२-९ (आभूषणों के लिए शब्द); ११५-१९ (कपड़ों के लिए शब्द); **ऋतुसंहार** IV, १६, V, ८ **(कूर्पासक)**; **हर्षचरित** I तथा III **(चंडातक, गात्रिक, कंचुक)**; ऋतुसंहार (I, ४-७, II, १९-२५, III, १९-२०, २५, IV, २-४, V, ८, VI, ४-६, १३-२४) में स्त्रियों द्वारा अलग अलग मौसमों में पहनी जानेवाली पोशाकों का जिक्र है।

४. **शृंगारशतक**, V, २८।

५. शृंगारशतक, श्लो. ३१-३२।

६. वही, श्लोक ४०-४१।

और व्यास के बीच का इलाका) लोग रेशम और मलमल के चमकदार सफेद कपड़े पहनते थे। कान्यकुब्ज के लोग चमकीला रेशम पहनते थे। इसी सदी में ई-त्सिंग का कहना है कि कई बार बौद्ध भिक्षुओं के उपकरणों में रेशमी कपड़े का टुकड़ा भी शामिल होता था।[१] विदिशा के राजा के दरबार के वैभव का वर्णन करते हुए बाण ने लिखा है कि राजा पूरी शानशौकत से प्रजा को दर्शन देता था।[२] राजाओं, राजकुमारों और कुलीन महिलाओं के जुलूस भी इतने ही वैभवशाली होते थे।[३]

३. प्रसाधन तथा व्यक्तिगत स्वास्थ्य

पुराने समय से चला आ रहा आराम और सफाई का ऊँचा स्तर गुप्तकाल में भी बना रहा। अमरकोश[४] में शरीर के अलंकरणों के अनेक पर्यायवाची शब्द हैं। **बृहत्संहिता** में बताया गया है कि अलग-अलग वृक्षों के दातुनों में कितने गुण (या अवगुण) होते हैं। इससे प्रमाणित होता है कि दातुन का प्रयोग कितने विस्तृत पैमाने पर होता था। इसी कृति में बालों को रंगने, कई किस्म के लोबान, सुगन्धित केश तेल, लोशन और अन्य सुगन्धियाँ बनाने के नुस्खे दिये गये हैं।[५] टेराकोटा (पकायी मिट्टी) की लघु मूर्तियाँ केशविन्यास की विभिन्न शैलियों के उदाहरण हैं।[६] **मृच्छकटिक** में भी इसका प्रभावशाली वर्णन है।[७] इस काल के साहित्य में बार-बार चन्दन के पानी, कपूर के उबटन और शमनकारी गुणों का वर्णन है। पान में कपूर डालने और अगरु द्वारा पीने के पानी को सुवासित करने का भी जिक्र है।[८] सातवीं सदी के पहले भाग में हिउएनत्सांग ने भारत के सामान्य वर्णन के सिलसिले में, भारतवासियों द्वारा व्यक्तिगत स्वास्थ्य के सिद्धान्तों के पालन और उबटनों तथा फूलों के सामान्य प्रयोग के बारे में लिखा है। सातवीं सदी के अन्तिम भाग में ई-त्सिंग ने लोगों की स्वच्छता की आदतों और व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं का विस्तृत विवरण दिया है।[९]

---

१. या. ट्रै. वा. I. १४७, १४८, १५१, २८७, ३४०; रेकर्ड, पृ. ६७-६८।

२. कादम्बरी, १८ प. पृ.।

३. ऐतिहासिक हवाले :—हर्ष (राजकुमार गृहवर्मन् की बारात); अन्य हवाले, हर्षचरित I, (राजकुमार दधीच का अपने पिता के आश्रम में जाना); **मालतीमाधव,** अंक १ (मालती का नगर के उद्यान में जाना): वही VI, (मालती का मन्दिर में जाना)।

४. II, ६, १२९-३६।

५. बृ. सं., LXXXV, १-७; LXXXVII, १-३७।

६. देखिए, आ. स. इ., १९०३-४ (वसाढ़ की मृण्मूर्तियाँ); ज. यू. पी. हि. सो. (१९४१), १-८, ज. इ. सो. ओ. आ. IX (१९४१), ७-१० (राजघाट की मृण्मूर्तियाँ)।

७. अंक, IX।

८. **रघुवंश**, VI, ६०; **कुमारसंभव**, V, ६९; **दशकुमारचरित**, पृ. ४१, ४५, ४८ (नि. सा. प्रे. १९५१, पृ. ४४, ४८, ५२); **ऋतुसंहार**, I, ६; II, २१, २४; III, १९: IV, ५ इत्यादि **कादम्बरी** २४५, ३२०।

९. या. ट्रै. वा. I, १४७ (भारतीय घरों के फर्शों को गोबर से पवित्र किया जाता था और मौसम के फूल उन पर बिखेरे जाते थे); I, १४८ (भारतीय सर पर मालाएँ पहनते हैं): I, १५२ (हर

४. खान-पान

स्मृतियों तथा इस काल के दूसरे साहित्य में खान-पान के वर्णन में अधिक परिवर्तन दिखाई नहीं देता।[1] **लंकावतारसूत्र**[2] में स्वीकृत खाद्य-पदार्थों की एक सूची है जिसमें शालि, चावल, गेहूँ, जौ, तीन प्रकार की दालें, घी, तेल, गुड़ और शक्कर शामिल हैं। लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि लोग माँस-मछली खाते थे और मदिरा पीने के आदी थे। यह आश्चर्यजनक बात है कि तत्कालीन नाटकों और गद्य प्रेमाख्यानों में उच्चकुल की महिलाओं, यहाँ तक रानियों, को भी मदिरा-सेवन करते हुए दिखाया गया है।[3] चीनी बौद्ध यात्रियों के निष्पक्ष वृत्तान्तों में हमें उस काल के लोगों की खान-पान संबंधी आदतों का सबसे प्रामाणिक वर्णन मिलता है। चौथी सदी में, फा-हिएन का कहना है (हो सकता है कि इसमें थोड़ी अतिरंजना भी हो) कि पूरे मध्य प्रदेश में पशुवध, मदिरापान, प्याज और लहसुन के प्रयोग का नामोनिशान नहीं था। सातवीं सदी के पूर्वार्द्ध का हिउएनत्सांग का वृत्तान्त अधिक ब्योरेवार और सही है। भारत के सामान्य वर्णन में वह कहता है कि रोटी, भुने हुए अनाज, दूध, शक्कर से बनी चीजें और सरसों का तेल आमतौर पर खाये जाते थे। माँस-मछली का इस्तेमाल कभी-कभी होता था और कुछ किस्म के माँस वर्जित थे। प्याज और लहसुन खाने से जाति चली जाती थी। दूसरी तरफ अलग-अलग जाति के लोगों के लिए अलग-अलग किस्म की शराबें और पेय पदार्थ सुरक्षित थे। अंगूर और गन्ने का रस ब्राह्मण और बौद्ध भिक्षु पीते थे, अंगूर और गन्ने की शराब क्षत्रिय पीते थे। वैश्य तेज शराबें पीते थे, नीची जातियों के और वर्णसंकर लोगों के पेय पदार्थों के नाम नहीं लिखे गये। इसी सदी के उत्तरार्द्ध में ई-त्सिंग ने इस वृत्तान्त के समर्थन में कुछ पूरक बातें कही

भोजन से पहले भारतीय नहाते हैं, बर्तनों को फेंक देते हैं या रगड़कर साफ करते हैं—खाने के बाद दातुन करते हैं, शरीर पर चन्दन और केसर का उबटन लगाते हैं।): रिकार्ड, IV-VI (खाने के बाद बर्तनों को दोबारा इस्तेमाल नहीं किया जाता, खाने के बाद दातुन किया जाता है, खाने से पहले और बाद में कुल्ला किया जाता है, पीने के लिए पानी मिट्टी के घड़ों या चीनी के बर्तनों में रखा जाता है। सफाई के लिए पानी ताँबे या लोहे के गागर में रखा जाता है; VIII (रोज सुबह दातुन का इस्तेमाल); XVIII (दैनिक व्यक्तिगत स्वच्छता), XX (सही वक्त पर स्नान); XXII (फर्श पर गोबर का लेप, तकियों पर रेशम या लिनन के गिलाफ, तकियों में ऊन, सन, रुई वगैरह भरा जाना और मौसम के मुताबिक उनका बड़ा या छोटा होना)।

१. **विज्ञानेश्वर** द्वारा **याज्ञ.** का हवाला, III. २५३ (मदिरापान पर प्रतिबन्ध); बृ. सं. XLVIII (पितरों को माँस की भेंट); **उत्तररामचरित** IV. (गृहस्थ श्रोत्रिय अतिथि को बछड़ा, साँड या बड़ा बकरा भेंट करें)।

२. **लंकावतारसूत्र**, पृ. २५०।

३. **मालविकाग्निमित्र**, अंक III. (रानी इरावती का मदिरापान)। **कुमारसंभव** VII.६२; **रघुवंश** VII. ११, IX. ३६; **ऋतुसंहार** V. १०, VI, १०-१२; **नागानंद**, अंक III; **कादम्बरी**, १३६, १४९।

हैं। उसका कहना है कि भारतीय प्याज नहीं खाते थे, और "दक्षिण समुद्री द्वीपों" के बौद्ध भिक्षुओं के विपरीत भारत के बौद्ध भिक्षु उपोसथ (साप्ताहिक विश्राम दिवस) के दिन भी तीन प्रकार के पवित्र माँसों का सेवन नहीं करते थे।[1]

५. प्रचलित अन्धविश्वास

भारतीय साहित्य में अथर्ववेद संहिता के काल से जादू के मंत्रों और सम्मोहन की परम्परा चली आ रही थी। बाद में लोगों की आस्था सम्मोहन, टोने-टोटकों, ज्योतिष और शकुनों में इतनी बढ़ गयी कि इन विषयों पर तकनीकी ग्रंथ रचे गये, बाद में जिनका प्रयोग वराहमिहिर के **बृहद्-जातक** और **बृहत्-संहिता** नामक सार-संग्रहों में हुआ था। चौथी सदी ईसवी में महायान बौद्ध धर्म के भीतर **धारणी** (रक्षक मंत्र) नाम की कृतियों का जन्म हुआ और जल्द ही वे न केवल भारत में बल्कि भारतीय संस्कृति से प्रभावित अन्य देशों में भी फैल गये।[2] गुप्तकाल के साहित्य में बार-बार हर श्रेणी के लोगों में प्रचलित शकुनों, अपशकुनों के उल्लेख हैं।[3] साधारण जनता की इन अंध-विश्वासों में गहरी आस्था थी, जिसकी प्रतिक्रिया विवेकशील लोगों में होनी अवश्यं-भावी थी। गुप्तकाल के साहित्यिक प्रमाणों से सिद्ध होता है कि राजा और राजकुमार अक्सर जनता में प्रचलित अंधविश्वासों से ऊपर उठ गये थे।[4] इसके अलावा, धूर्त लोग अपनी स्वार्थसिद्धि के लिए इनसे फायदा उठाते थे।[5]

६. नगर-जीवन

अन्त में हम शहर में रहने वाले शौकीन आदमी की, जिसे नागरिक कहते थे, एक ठेठ तस्वीर प्रस्तुत करना चाहते हैं। इस प्रकार का व्यक्ति गुप्तकाल के लिए कोई

---

१. गाइल्स, २१, या. ट्रै. बा. I, १७८; रेकार्ड, पृ. ४६।

२. देखिए विंटरनिट्ज, हि. इ. लि., II. ३८०-८७ (**धारणी** साहित्य के सर्वश्रेष्ठ संक्षिप्त वर्णन के लिए)।

३. देखिए, **मृच्छकटिक** IX (ज्योतिषी द्वारा ग्वाले के राजा बनने की भविष्यवाणी); **हर्षचरित** IV. (रानी को दो पुत्रों और एक पुत्री के जन्म की स्वप्न में पूर्वसूचना मिलना, और ज्योतिषियों द्वारा हर्ष के जन्म पर उसकी महानता की भविष्यवाणी करना।); **वही,** V, (राजकुमार हर्ष को स्वप्न में राजा की मृत्यु की पूर्वसूचना मिलना, महल में राजा की इस आपत्ति को टालने के लिए **महामयूरी** मंत्रों का जाप, राजा की मृत्यु के समय बड़े पैमाने पर अपशकुन); वही. VI. (राज्यवर्धन की हत्या से पूर्व हर्ष का स्वप्न, हर्ष की दिग्विजय से पहले शत्रु राजाओं के दरबारों में अपशकुन); वही. VII. (हर्ष की विजय-यात्रा के लिए शुभ दिन निश्चित किया जाना)।

४. देखिए, **हर्षचरित** VII (हर्ष ने अपने दरबारियों को डाँटा, क्योंकि हर्ष के हाथ से नक्काशी की मोहर नीचे गिर गयी थी, जिसे अपशकुन समझा गया था।)

५. **दशकुमारचरित,** पृ. ३९ प. पृ., ८२ प. पृ., ११६ प. पृ., १७८ प. पृ., २०४ प. पृ. इत्यादि (नि. सा. प्रे., १९५१, पृ. ४२ प. पृ., १०६ प. पृ., १५८ प. पृ., २४३ प. पृ., २७३ प. पृ. इत्यादि)।

नया नहीं था, क्योंकि पाणिनि ने भी इसकी परिभाषा[1] इस प्रकार दी है: नागरिक ऐसा व्यक्ति है जो कलाओं के साथ-साथ धूर्तता में भी निपुण हो; बड़े नगर का यह मुख्य लक्षण है। वात्स्यायन के कामसूत्र में न केवल नागरिक की जीवन-पद्धति का सविस्तार वर्णन किया गया है बल्कि उसे एक आदर्श व्यक्ति के रूप में चित्रित किया गया है।[2] इस चित्र में प्रचुर धन और अवकाश-सम्पन्न एक प्रतिभाशाली युवक का चित्र प्रस्तुत किया गया है, जो सुसंस्कृत और विलासितापूर्ण जीवन व्यतीत करता है। लेखक का कहना है कि शिक्षा समाप्त करने के बाद जब आदमी पैतृक सम्पत्ति या अपनी कमाई से गृहस्थ बनता है तो उसे किसी बड़े या छोटे नगर में जाना पड़ता है, जहाँ बहुत से अच्छे लोग बसते हैं। वहाँ जाकर वह नागरिक का जीवन अपनाता है। सबसे पहले वह एक मकान बनाता है, और उसे सुरुचिपूर्ण, सुन्दर ढंग से सजाता है। घर के दो हिस्से होते हैं। बाहरी हिस्सा उसके प्रणय कलापों के लिए सुरक्षित रहता है और भीतरी हिस्से में उसकी पत्नी रहती है। उसके घर के उद्यान में पेड़ों की छाया के तले एक झूला होता है और बैठने के लिए ऊँचे स्थान बनाये जाते हैं, जिन पर फूल बिखरे रहते हैं। घर के बाहरी हिस्से में दो पलंग होते हैं, जिन पर सफेद चादरें और नर्म तकिये बिछाये जाते हैं। पलंग के सिरहाने देवता की मूर्ति के लिए एक चौकी रहती है, उसके पास ही एक ऊँची चौकी पर नागरिक के सुबह के प्रसाधन (उबटन, मालाएँ, मधुमक्खियों के मोम से भरी डिब्बियाँ, सुगन्धियाँ, तुरंज के छिलके और पान) रखे रहते हैं। दीवारगीर में उसकी बाँसुरी, चित्रपटल, और तूलिकाएँ, पुस्तक और पीले सदाबहार के फूलों की एक माला रखी रहती है। पलंग के पास ही फर्श पर कालीन बिछा रहता है, जिस पर तकिये, शतरंज और पाँसे के तख्ते रखे रहते हैं। कमरे के बाहर उसके पालतू पक्षियों के पिंजरे होते हैं और किसी एकान्त स्थान पर खराद और छेनी आदि औजार रखे रहते हैं, जिनसे वह अपना शौक पूरा करता है और मनोरंजन करता है। नागरिक का दैनिक जीवन भी उपर्युक्त सामग्री के अनुकूल होता है। सुबह उठकर वह शौचादि से निवृत्त होकर प्रसाधन करता है। वह उबटन का प्रयोग करता है और अगरु के धुएँ से अपने कपड़ों को सुवासित करता है और गले में फूलमाला पहनता है। वह आँखों में सुरमा डालता है और होठों पर लाख का बना रंग लगाता है। वह आईने में अपनी शक्ल देखता है और सुवासित पान चबाता है; काम खत्म करने के बाद वह रोज स्नान करता है, हर तीसरे दिन मालिश करवाता है और साबुन के झाग का प्रयोग करता है। हर चौथे दिन हजामत बनाता है और पाँचवें या दसवें दिन बाल कटवाता है। दिन में वह दो बार भोजन करता है, तड़के और दोपहर के समय (एक प्राचीन प्रमाण के अनुसार शाम के समय); भोजन के बाद वह

---

१. VI. २, १२८।

२. उदाहरण के लिए ऐसा व्यक्ति जिसका न कोई मित्र हो न साथी, जिसका धन समाप्त हो गया हो, और जो अपने पेशे से मजबूर होकर गाँव में रहता हो।

कई तरीकों से अपना मनोरंजन करता है। (उदाहरण के लिए तोतों की बातें सुनना, तीतर, बटेरों, मेढ़ों की लड़ाई देखना, कलात्मक दक्षता का प्रदर्शन करना, और मित्रों से वार्तालाप करना।) या वह दोपहर को आराम करता है। तीसरे पहर पूरी पोशाक पहनकर वह सामाजिक समारोहों (गोष्ठी) में सम्मिलित होने के लिए जाता है। शाम को वह संगीत का आनन्द लेता है, या दूती भेजकर अपनी प्रेयसियों को बुलवाता है या स्वयं उनके पास जाता है।

इन विलासिताओं के अतिरिक्त नागरिक के मनोरंजन के लिए समय-समय पर **समाज** और **घटा** (देवताओं की पूजा से सम्बन्धित समारोह), गोष्ठी (सामाजिक सम्मेलन), **आपानक** (मदिरापान की दावत), उद्यानयात्रा (उद्यान पार्टी), समस्या क्रीड़ा (सार्वजनिक खेलकूद) का आयोजन होता है। हर पन्द्रहवें दिन **समाज** का दिन निश्चित होता है; उस दिन **नागरिक** द्वारा बुलाये गये अभिनेता देवी सरस्वती के मन्दिर में एकत्र होते हैं जो विद्या और कलाओं की देवी है। इन अवसरों पर बाहर से आये अभिनेता भी अपने कौशल का प्रदर्शन करते हैं और पुरस्कार पाते हैं। विशेष अवसरों पर दोनों श्रेणियों के अभिनेता पारस्परिक सहयोग करते हैं और **नागरिक** का **गण** (शिल्पी-संघ अथवा क्लब) अतिथियों का सत्कार करता है। गोष्ठी का आयोजन उस अवसर पर होता है जब नागरिक अपने हम-उम्र, समान हैसियत, शिक्षा और स्वभाव वाले युवकों के साथ किसी वेश्या के निवास-स्थान या सार्वजनिक स्थान पर गपशप के लिए इकट्ठा होता है। वहाँ इन युवकों में काव्य-प्रतियोगिता होती है, कलाओं का अभ्यास होता है और अन्त में वे लोग एक दूसरे को बढ़िया चमकीली पोशाकें इत्यादि भेंट करते हैं। गोष्ठी में संस्कृत या स्थानीय बोली का अत्यधिक प्रयोग अनुचित समझा जाता था। बुद्धिमान नागरिक उन गोष्ठियों में जाने से बचते थे, जिनसे लोग घृणा करते थे या जो हानिप्रद थीं, या जहाँ हुड़दंग मचता था। वे लोग उन्हीं गोष्ठियों में जाते थे जो मनोरंजक और शिक्षाप्रद होती थीं। नागरिक एक दूसरे के घरों में भी मिलते थे, जहाँ मदिरापान की गोष्ठियाँ होती थीं; जहाँ वेश्याएँ उन्हें कई तरह की मदिराएं पेश करती थीं और बाद में खुद पीती थीं। इसी तरह के दृश्य गर्मी के मौसम में उद्यान समारोहों और जलक्रीड़ाओं में भी दिखाई देते थे। इन अवसरों पर वस्त्रों और आभूषणों से सजे हुए नागरिक दोपहर के पहले वेश्याओं और सेवकों के साथ दिनभर कई किस्म के मनोरंजनों में समय गुजार कर शाम को उन मनोरंजनों की कोई निशानी लेकर घर लौटते थे। अन्त में नागरिक देश के विभिन्न भागों में होनेवाले उत्सवों में साधारण जनता के साथ भाग लेते थे और इन अवसरों पर अधिकतम प्रतिष्ठा और पदक जीतने का प्रयत्न करते थे।

मृच्छकटिक में चारुदत्त एक आदर्श नागरिक है। उसके घर के भीतरी हिस्से में उसकी पतिव्रता पत्नी रहती है, और वह खुद दिन-रात अपने साथियों और सेवकों के साथ घर के बाहरी हिस्से में रहता है, जिसके साथ एक बाग भी सटा हुआ है। बाहरी घर के अल्प सामान में एक बड़ा और एक छोटा ढोल (मृदंग और पणव),

बाँसुरी (दर्दुर), वीणा, नरकुल की बीन (वंश) और पाण्डुलिपियाँ शामिल थीं। निर्धन हो जाने पर भी वह सुगन्धित ऊर्ध्व वस्त्र पहनता था। वह शाम को संगीत गोष्ठी में भी जाता था और मन में गीतों और संगीत की मधुर स्मृतियाँ लेकर शाम को घर लौटता था। हालाँकि वह खुद घोड़े पर सवार होकर साथियों के साथ जाने में असमर्थ था, लेकिन वह प्रेयसी को ढँकी हुई बैलगाड़ी में बैठाकर भेजता था, ताकि वह शहर से बाहर एक बाग में उससे मुलाकात कर सके। गुप्तकालीन साहित्य की कृतियों में नागरिकों के विलासपूर्ण जीवन के अनेक संकेत मिलते हैं।[1] इस काल के कवियों और गद्य लेखकों ने हमें अपने युग के विख्यात नगरों के वैभव और शानशौकत के प्रशंसापूर्ण वर्णन दिये हैं।[2] हम सतर्क चीनी यात्रियों के वस्तुपरक बयानों से इन ब्योरों का मुकाबला कर सकते हैं। इन सम्मिलित प्रमाणों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि भारत ऐसे नगरों से भरा पड़ा था, जिन्होंने धन और सम्पन्नता का उँचा स्तर प्राप्त कर लिया था। नगर की सब इमारतों की अपेक्षा राजमहल सबसे अधिक वैभवशाली था। इस काल और पूर्वकाल की साहित्यिक कृतियों के उल्लेखों से पता चलता है कि महल में कई आश्चर्यजनक स्थान थे: जैसे रत्नगृह (**मणिभूमि**), जिसके फर्श प्रवाल के बने होते थे (**प्रवालकुट्टिम**), अंगूरों की बेलों से आच्छादित मंडप (**मृद्वीकामंडप**), ग्रीष्मगृह, फव्वारों का स्थान (**धारागृह**), **संगीतशाला** अथवा **प्रेक्षा-गृह, चित्रशाला**। बाण द्वारा थानेश्वर में बने प्रभाकरवर्धन के महल के वर्णन से पता चलता है कि महल का क्षेत्र विस्तृत था, तथा उसमें कई सभाभवन और साज-सामानों से भरे कक्ष थे।[3]

गुप्तकाल में नागरिक संस्कृति का स्तर ऊँचा था। इस युग में शृंगार और प्रसाधन-सामग्रियों के प्रयोग की सुसंस्कृत और लालित्यपूर्ण कला का परिष्कार किया

---

१. **मेघदूत** I, २३, (वीर युवकों की साथ वाली पहाड़ी पर पत्थरों के बने मकानों में विदिशा नगरी की वेश्याओं के साथ प्रेमक्रीडाएँ); **कुमारसंभव,** IV, ११ (रात को अपने प्रेमियों से मिलने जाने वाली लड़कियाँ); **मुद्राराक्षस,** अंक III (राजा द्वारा घोषित उत्सव के अवसर पर राजधानी की सड़कों पर वेश्याओं की भीड़ इकट्ठी होने की आशा); कादम्बरी पृ. २५२ (सड़कों पर एकत्र स्त्रियों द्वारा दूतों के हाथ प्रेम-सन्देश भेजना और रेशमी कपड़ों में लिपटी लड़कियों का चाँदनी रात में अपने प्रेमियों से मिलने जाना)।

२. का. इ. इ. III, ७४ प. पृ., ८१ प. पृ.; **मेघदूत,** I, २४, ३१; **कादम्बरी,** ८४ प. पृ.; **मालतीमाधव,** IX।

३. शाही फाटक से दाखिल होकर राजकुमार हर्ष तीसरे प्रांगण में पहुँचा जहाँ श्वेतगृह था। उसमें बरामदे, मदिराशाला, चन्द्रकक्ष, महिलाओं के लिए ढँके हुए छज्जे, राजा की बीमारी के दिनों के लिए अलग कक्ष, (जिसका फर्श मणिजड़ित था) थे। (**हर्षचरित**) सम्राट् हर्ष की छावनी में बाण ने शाही फाटक पर हाथियों, घोड़ों और ऊँटों के झुण्ड खड़े देखे, और बारी-बारी से तीन प्रांगणों को पार करने के बाद उसे चौथे प्रांगण में ले जाया गया, जहाँ सम्राट् अपने परिजनों के साथ राजसी ठाठ से बैठा था।

गया। वात्स्यायन के आदर्श नागरिक, तथा इस काल के नाटकों और प्रेमाख्यानों में परिष्कृत प्रसाधनों का सजीव वर्णन किया गया है। न केवल स्त्रियाँ बल्कि पुरुष भी लम्बे नाखून रँगते थे; शरीर, चेहरे और बालों को अगरु के सुवासित धुएँ, चूर्णों और लेपों से सुगन्धित रखते थे। बालों को घूंघरदार बनाने और केशविन्यास के कई तरीके अपनाये जाते थे। राजाओं, सामन्तों और सम्पन्न परिवारों में प्रसाधिकाएँ और अंगमर्दक काम करते थे, जो प्रसाधन कला में निपुण थे। दरअसल इस काल में शरीर और आत्मा को सुन्दर बनाने के हर तरीके की ललितकला के स्तर पर पहुँचाया गया था, जिसके मुख्य गुण सादगी, सुकुमारता और लालित्य थे।

परिच्छेद : २१

शिक्षा

१. सामान्य पर्यवेक्षण

इस काल में पूर्वकाल से चली आ रही शिक्षा-पद्धति में कोई विशेष अन्तर नहीं आया।[१] लेकिन कुछ तत्कालीन विवरणों से इस विषय पर मनोरंजक प्रकाश पड़ता है। हिउएनत्सांग और ई-त्सिंग (सातवीं सदी) के विवरणों से पता चलता है कि ब्राह्मण वेदों का अध्ययन करते थे। हिउएनत्सांग के अनुसार तेरहवें वर्ष के बाद उनके विद्यार्थी जीवन की अवधि समाप्त होती थी। उसने ब्राह्मण अध्यापकों के ज्ञान और उत्साह की बहुत प्रशंसा की है; पर्यटक गुरुओं का भी वर्णन किया है जो पठन-पाठन के उद्देश्य से आजीवन निर्धन रहने की शपथ लेते थे।[२] युवा ब्राह्मण अपने गुरुओं के साथ रहकर अध्ययन करते थे। यह तथ्य **हर्षचरित** के विख्यात लेखक बाण के प्रारम्भिक जीवन की एक घटना से प्रकट होता है। बाण ने लिखा है कि वह चौदह बरस की उम्र में अपने गुरु के घर से लौटा था। हम ऊपर देख चुके हैं[३] कि किस तरह कदम्ब राजवंश का संस्थापक ब्राह्मण मयूरशर्मा योद्धा बनने से पहले विद्याध्ययन के लिए काँची की एक घटिका में दाखिल हुआ था। शायद यहाँ घटिका का अर्थ है, किसी बड़े सामन्त या राजा द्वारा संस्थापित पाठशाला।[४]

२. गुरु और शिष्य

विहार-अनुशासन पर लिखे गये बौद्ध ग्रंथों में गुरु (उपाध्याय) और शिष्य के संबंधों के नियम ब्राह्मण ग्रंथों में दिये गये नियमों से बहुत कुछ मिलते हैं। ई-त्सिंग के प्रमाणानुसार सातवीं सदी के उत्तरार्द्ध में, बौद्ध विहारों में गुरु और शिष्य इन नियमों का पूरी तरह से पालन करते थे।

ई-त्सिंग ने[५] गुरु की सेवारत शिष्य का वर्णन इस प्रकार किया है "वह अपने गुरु के पास दिन के प्रथम और अन्तिम प्रहर में जाता है . . . गुरु की देह दबाता है,

---

१ जिल्द II, परिच्छेद, २२ (अँगरेजी संस्करण)।

२. या. ट्रै. वा. I, १५९-६१

३. देखिए पृ. ३०७।

४. भिन्न दृष्टिकोण के लिए देखिए ऊपर, पृ. ३०७।

५. रेकार्ड, पृ. ११७-२०।

कपड़े तहकर रखता है, कमरा और आँगन बुहारता है, पानी का निरीक्षण करता है कि उसमें कीड़े-मकोड़े तो नहीं हैं, इस पानी को वह गुरु को पीने के लिए देता है। अपने गुरुजनों के प्रति आदर प्रदर्शित करने का यह तरीका है। दूसरी तरफ जब कोई शिष्य बीमार पड़ता है तो गुरु स्वयं उसकी शुश्रूषा करता है, आवश्यक औषधियाँ जुटाता है और पुत्रवत् उसकी देखभाल करता है।" एक अन्य प्रसंग में ई-त्सिंग ने बताया है कि विनय नियमों के अनुसार शिष्य प्रतिदिन सुबह अपने गुरु के स्वास्थ्य के बारे में पूछता है, और बड़ों के कमरों में जाकर उन्हें अभिवादन करता है, धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन करता है, और भोजन करने के लिए गुरु की अनुमति की प्रतीक्षा करता है।

इसी सम्बन्ध में आगे चलकर ई-त्सिंग कहता है : "गुरु उसे आराम से बैठने का आदेश देता है। **त्रिपिटकों** में से कुछ अंश निकालकर वह परिस्थितियों के अनुसार पाठ पढ़ाता है और किसी भी तथ्य या सिद्धान्त को बिना समझाये नहीं छोड़ता। वह शिष्य के नैतिक चरित्र का निरीक्षण करता है और उसकी गलतियों और अतिक्रमणों के बारे में चेतावनी देता है। जब भी वह अपने शिष्य की कोई गलती पकड़ता है तो उसका निदान ढूंढ़ने और प्रायश्चित्त करने के लिए कहता है। एक और प्रसंग में ई-त्सिंग ने कहा है कि हर रोज सुबह गुरुजनों को प्रणाम करने के बाद शिष्य धर्म सिद्धान्तों का एक अंश पढ़ता है और उस पर मनन करता है। इस प्रकार शिक्षा श्रमसाध्य होती थी तथा धार्मिक नियमों के अध्ययन के साथ-साथ नैतिक अनुशासन पर भी जोर दिया जाता था।

इसी प्रमाण के अनुसार शिष्य पाँच बरस में जब **विनय** पर अधिकार कर लेता था तो वह गुरु से अलग रह सकता था। लेकिन जहाँ भी वह जाता था, किसी गुरु के निरीक्षण में रहता था। दस बरस बाद उसके विद्यार्थीकाल की अवधि समाप्त हो जाती थी, अगर अब भी वह **विनय** पर अधिकार नहीं कर पाता था तो उसे जीवनभर किसी गुरु या उपगुरु के निरीक्षण में रहना पड़ता था।[1]

इस अतिरिक्त जानकारी के लिए हम ई-त्सिंग के ऋणी हैं कि मठों के विद्यालयों में नवदीक्षितों के अलावा साधारण विद्यार्थियों के भी दो वर्ग थे। पहले वर्ग को माणव (बच्चे) कहते थे, जो भविष्य में भिक्षु बनने के लिए बौद्ध धर्मग्रंथों का अध्ययन करते थे। दूसरे वर्ग के विद्यार्थी ब्रह्मचारी (विद्यार्थी) कहलाते थे, जो संसार त्यागने की इच्छा के बगैर केवल लौकिक ग्रंथों का अध्ययन करते थे। नवदीक्षितों के रहन-सहन का खर्च संघ की निधि में से उठाया जाता था; साधारण विद्यार्थी अपना खर्च स्वयं उठाते थे।

---

१. रेकार्ड पृ. १०५-१०६, विकल्पस्वरूप साधारण विद्यार्थी काम के बदले में मठ से भोजन पाते थे।

३. उच्च शिक्षा केन्द्र

गुप्तकाल के अन्तिम चरण में नालन्दा और मगध सबसे अधिक विख्यात बौद्ध मठ थे। ये दोनों अपने वैभवशाली संस्थानों, अध्यापकों और विषयों की नैतिक और बौद्धिक उत्कृष्टता के कारण प्रसिद्ध थे। गुप्त राजाओं की छह पीढ़ियों की लगातार सहायता के फलस्वरूप यहाँ कई हजार लोग रहते थे, जिनका खर्च चलाने के लिए विशेषरूप से सौ गाँवों का राजस्व निश्चित किया गया था। मठ में रहनेवाले भिक्षुओं की ख्याति न केवल उनकी विद्वत्ता के कारण थी, बल्कि ऊँचे चरित्र के कारण भी। हिउएनत्सांग के कथनानुसार, वे सारे भारत में आदर्श माने जाते थे। अपनी ख्याति के कारण विदेशों से भी विद्यार्थी नालन्दा की तरफ आकृष्ट होते थे, लेकिन दाखिले के लिए इतनी कड़ी परीक्षा होती थी कि दस में सिर्फ दो विद्यार्थी ही उत्तीर्ण होते थे। मठ के भिक्षु, अपना सारा समय अध्ययन और वाद-विवाद में लगाते थे। बड़े-बड़े प्रसिद्ध लोग नालन्दा के छात्र रह चुके थे।[१] कुछ समय पूर्व की खुदाई से प्राप्त नालन्दा मठ खंडहर, उसके वैभव के साक्षी हैं और चीनी यात्रियों के विवरण की सच्चाई की पुष्टि करते हैं। सातवीं सदी में केवल काठियावाड़ का वलभी मठ विद्या के केन्द्र के रूप में नालन्दा का मुकाबला कर सकता था। ई-त्सिंग के विवरण के अनुसार भारत में नालन्दा और वलभी ही ऐसे दो स्थान थे, जहाँ उच्च अध्ययन पूरा करने के लिए विद्यार्थी जाते थे। इन स्थानों में एकत्र विख्यात विद्वानों की भीड़ सम्भव और असम्भव सिद्धान्तों पर वाद-विवाद करती थी, और बुद्धिमान लोगों द्वारा जब उनके विचार कसौटी पर जाँचे जाते थे तो उसके उपरान्त वे अपनी बुद्धिमत्ता के लिए प्रसिद्ध हो जाते थे।[२]

---

१. या. ट्रै. वा., II, १६४-६५; बील ११०-११३; ई-त्सिंग, रेकार्ड, पृ. ६५, १५४-५५; संस्मरण ८५-९८, (सातवीं सदी में नालन्दा के मठ की अवस्था); ई. इ. XX, ४३। (नालन्दा का महत्त्व और सातवीं सदी के मध्य में वहाँ के विद्वानों की गुणसम्पन्नता); हिउएनत्सांग के अनुसार नालन्दा को लगातार अनुदान देने वाले राजाओं के नाम (पू. ले.) हैं: शक्रादित्य, उसका पुत्र बुद्धगुप्त, उसका उत्तराधिकारी तथागतगुप्त, उसका उत्तराधिकारी बालादित्य, उसका पुत्र वज्र तथा मध्य-भारत का एक अनाम राजा। हिउएनत्सांग के अनुसार (बील, ११२) मठ में १०००० भिक्षु रहते थे लेकिन ई-त्सिंग (पू. ले.) का विवरण अधिक यथार्थ मालूम होता है। उसके अनुसार ज्यादा से ज्यादा तीन या साढ़े तीन हजार भिक्षु थे (संस्मरण ९७); हिउएनत्सांग के अनुसार मठ की इमारत में विशाल विद्यालय के अतिरिक्त ८ हॉल थे (बील III), ३०० कमरे थे (ई-त्सिंग, रिकार्ड पृ. १५४ संस्मरण ८७)। हिउएनत्सांग के अनुसार करीब १०० गाँवों की मालगुजारी स्थानीय राजाओं द्वारा बाँधी गयी थी। ई-त्सिंग (बील ११२) के अनुसार २०० से अधिक गाँवों की मालगुजारी भूतपूर्व राजाओं द्वारा बाँधी गयी थी। हिउएनत्सांग ने नालन्दा के विख्यात प्राध्यापकों के नाम दिये हैं (या. ट्रै. वा. II, १६५); ई-त्सिंग (रेकार्ड पृ. १८४) के अनुसार बाद के अध्यापकों के नाम थे—चन्द्रकीर्ति, शान्तिदेव शान्तरक्षित (विंटरनित्स, हि. इं. लि., ३६३, ३६६, ३७५) हिउएनत्सांग ने यह अपूर्व तथ्य भी नोट किया है कि नालन्दा की स्थापना के बाद से वहाँ एक बार भी अनुशासनहीनता नहीं हुई थी।)

२. ई-त्सिंग, रेकार्ड पृ. १७७, सातवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में भारत आये। ६० विदेशी बौद्ध तीर्थ-यात्रियों में से बहुत से बौद्ध ग्रन्थों के उच्च अध्ययन के लिए नालन्दा में रुक गये (संस्मरण १७-१८

४. पाठ्य-क्रम

पहले[1] आध्यात्मिक और लौकिक विद्याओं के ज्ञान सम्बन्धी अध्ययन की लम्बी सूची दी जा चुकी है, जिसमें चार वेदों से लेकर इतिहास, पुराण, सर्पों के वशीकरण, संगीत, नृत्य और प्रसाधन सामग्री तैयार करने की विद्याएँ शामिल हैं। बाद के प्रमाणों के अनुसार इन **विद्याओं** की संख्या चौदह थी, कुछ के अनुसार इनकी संख्या अठारह थी। ज्ञान की अठारह शाखाओं में चार वेद, छह वेदांग, पुराण, न्याय, मीमांसा, धर्मशास्त्र, धनुर्वेद, गान्धर्ववेद और अर्थशास्त्र शामिल थे।[2] गुप्तकाल के विवरणों से पता चलता है कि चौदह (या अठारह) विद्याओं के ज्ञान को एक विद्वान् ब्राह्मण की उपलब्धि से बाहर नहीं समझा जाता था।[3] बृहस्पति ने विद्यार्थी के लिए विद्याओं की एक लम्बी सूची दी है और यह भी बताया है कि किस बरस कौन-सी विद्या शुरू करनी चाहिए। हो सकता है कि बृहस्पति, जिनके उद्धरण बार-बार प्रमाणस्वरूप प्रस्तुत किये जाते हैं, स्मृतियों के रचयिता न हों। इस सूची में अभिनय, चित्रकला, भविष्यवाणी, कुक्कुट, अश्व और हस्तिपालन, राजनीति, खगोल, व्याकरण, गणित, ब्रह्मविद्या इत्यादि शामिल किये गये हैं।[4] सातवीं सदी के चीनी बौद्ध यात्रियों के विवरणों ने बौद्ध तथा ब्राह्मण संस्थाओं के पाठ्यक्रम पर बहुमूल्य प्रकाश डाला है। भारत के सामान्य विवरण में हिउएनत्सांग ने लिखा है कि 'द्वादश अध्याय' नामक रचना को खत्म करने के बाद, सातवें बरस में पाँच विद्वानों से विद्यार्थी का परिचय करवाया जाता है; (१) ध्वनिशास्त्र अथवा व्याकरण, (२) कला और दस्तकारियाँ, (३) चिकित्सा विज्ञान (४) तर्क विज्ञान (५) आत्म-ज्ञान। हिउएनत्सांग ने हर जगह जिक्र किया है कि उस काल में प्रचलित व्याकरण के ग्रन्थों में पाणिनि के सूत्र (८००० श्लोकों में) नाम के एक ग्रन्थ का संक्षेपण दक्षिण भारत के एक ब्राह्मण ने किया था (२५०० श्लोकों में); इससे भी अधिक

२९-३०, ३२, ३४, ४०, १३७, १४५ इत्यादि)। ई-त्सिंग खुद अध्ययन करने के लिए १० साल तक नालन्दा में रहा था। परवर्ती काल में वलभी का जिक्र "कथासरित्सागर" में हुआ है, (२२, ४२-४३) जिसमें बताया गया है कि किस प्रकार अंतर्वेदी देश (गंगा और यमुना के बीच का इलाका) का एक ब्राह्मण सोलह बरस की उम्र पार करने के बाद शिक्षा प्राप्त करने के लिए वलभी नगर जाने की तैयारियाँ कर रहा था।

१. जि. II, पृ ५८५-५८९ (अँगरेजी संस्करण)।

२. **छांद. उप.** VII. १, २; वही, ४; वही ७, १ (विद्वान् ब्राह्मणों द्वारा सीखी गयी विद्याएँ) **वायुपुराण** १. ६१-७०; **गरुडपुराण** CCXXIII. २०, **नैषधचरित** १, ४ (१४ और १८ विद्याएँ)।

३. **रघुवंश** V, २१ (ब्राह्मण गुरु वरतन्तु द्वारा १४ विद्याओं का ज्ञान देना); तंत्रवार्त्तिक १, ३, ६, (धर्म के ज्ञान के लिए १४ अथवा १८ **विद्यास्थान** प्रामाणिक माने गये हैं); ई. इ. VIII, २८७ (५१७-१८ ई. के अभिलेखों में राजा संक्षोभ के ब्राह्मण पूर्वज को १४ **विद्यास्थानों** पर अधिकार था)।

४. बृहस्पति, पृ. २६४।

संक्षिप्त रूप (१०००० श्लोकों में) उपलब्ध था और मण्डक (?) उणादि और अष्टधातु[१] नाम के विशेष ग्रन्थ थे। हिउएनत्सांग के कनिष्ठ समकालीन बौद्ध यात्री ई-त्सिंग ने इस बारे में सम्पूर्ण और सही विवरण दिया है। उसका कहना है कि छह बरस की आयु में बच्चे "**सिद्ध-कृति**" (जिसे 'सिद्धिरस्तु' कहते हैं) पढ़ते हैं और छह महीनों में ही उसमें पारंगत हो जाते हैं। आठवें बरस में वे पाणिनि के सूत्र और धातुपाठ पढ़ना शुरू करते हैं, जिसे वे आठ महीनों में खत्म कर लेते हैं। दसवें बरस में वे तीन **खिल** (अर्थात् (१) अष्टधातु, जिसमें संज्ञाओं की संख्याओं, कालों, क्रियापदों और विभक्तियों का अध्ययन होता है, (२) **मंड** (अथवा **मुंड**) और (३) उणादि, जिसमें क्रियामूलों के प्रत्ययों का अध्ययन होता है) पढ़ते हैं। पन्द्रहवें बरस में विद्यार्थी पाणिनि के व्याकरण पर लिखी काशिकावृत्ति पढ़ता था, जिसे वह पाँच बरसों में खत्म कर देता था। व्याकरण में पारंगत होने के लिए भिक्षु और साधारण विद्यार्थी चार अन्य ग्रंथ भी पढ़ते थे। ये थे (१) चूर्णी (जिसे पतंजलि का महाभाष्य भी कहा जाता है), (२) चूर्णी पर भर्तृहरि की टीका, (३) उसका वाक्यपदीय, और (४) उसी की कृति पेइ-ना, जिसकी पहचान नहीं हो सकी है। ई-त्सिंग के अनुसार **काशिकावृत्ति** खत्म करने के बाद विद्यार्थी **हेतुविद्या** (तर्कशास्त्र), **अभिधर्म** (आध्यात्म शास्त्र) इत्यादि का अध्ययन करते थे, और भिक्षु इन कृतियों के अतिरिक्त सम्पूर्ण **विनय** कृतियाँ, सूत्र और शास्त्रों का ज्ञान भी प्राप्त करते थे।[२]

हिउएनत्सांग के संक्षिप्त रेखाचित्र से भी अधिक ई-त्सिंग के विस्तृत विवरण से यह सिद्ध होता है कि सातवीं सदी के भारत में व्याकरण को पाठ्यक्रम में सबसे अधिक स्थान प्राप्त था। इसी काल में मगध स्थित नालन्दा और काठियावाड़ स्थित वलभी उच्च विद्या के केन्द्र थे। नालन्दा के पाठ्यक्रम में, हिउएनत्सांग के कथनानुसार, बौद्धमत की अठारह शाखाओं की कृतियों के साथ-साथ वेदों, हेतुविद्या (तर्कशास्त्र), शब्दविद्या (व्याकरण), चिकित्साविद्या, अथर्वविद्या तथा सांख्य भी शामिल थे।[३]

उपर्युक्त व्यापक पाठ्यक्रम स्पष्टतः उच्च बौद्धिक वर्गों के लिए था। कृषक और व्यापारी वर्ग का पाठ्यक्रम भी कम व्यापक नहीं था। प्रारम्भिक काल में भी उनके लिए अलग पाठ्यक्रम निर्धारित किया गया था। मनु[४] के अनुसार वैश्य को जवाहरात, मोतियों, प्रवालों, धातुओं, कपड़ों, सुगन्धियों और मसालों के मूल्यांकन का, बीज बोने

---

१. या. ट्रै. वा. I, १५४ प. पृ., बील १२२, 'द्वादश अध्याय' नामक ग्रन्थ, जिसका हिउएनत्सांग ने जिक्र किया है, वाटर्ज के कथनानुसार संस्कृत की पहेली आयी थी, जिसमें वर्णमाला के साथ-साथ उनकी अनेक संधियाँ भी थीं।

२. देखिए रेकार्ड, पृ. १७० प. पृ., तककुसु की टिप्पणी के साथ। ई-त्सिंग द्वारा वर्णित "सिद्ध-कृति" तथा हिउएनत्साँग द्वारा वर्णित 'द्वादश परिच्छेद' एक ही चीज हैं।

३. बील, ११२।

४. IX, ३२९-३३२।

का, धरती के गुणों का, नाप-जोख और तौलने का, व्यापारिक वस्तुओं की अलग किस्मों तथा उनके व्यापार से होने वाले अनुमानित हानि-लाभ का, पशुपालन का, सेवकों के वेतनों का, विभिन्न देशों और उनकी भाषाओं का ज्ञान होना आवश्यक है। बौद्ध कहानियों के संकलन **दिव्यावदान** की, जो शायद चौथी सदी ईसवी की रचना है, दो कहानियों में बताया गया है कि उस काल के धनी व्यापारियों के पुत्रों ने कौन-कौन से विषयों का अध्ययन किया। इस सूची में लेखन, गणित, मुद्राओं, कर्ज, अमानत, जवाहरात और मकानों का, हाथियों, घोड़ों, युवकों और युवतियों का निरीक्षण इत्यादि भी शामिल था।[1] दुर्भाग्य से हमारे पास यह जानने का कोई साधन नहीं कि गुप्तकाल में वैश्य विद्या की किन शाखाओं की शिक्षा प्राप्त करते थे।

अर्थशास्त्र के विकास के साथ ही, प्रारम्भिक काल से ही, राजकुमार की शिक्षा की तरफ सबसे अधिक ध्यान दिया जाने लगा, क्योंकि उसे राजनीतिक मेहराब की बुनियाद समझा जाता था। राजकुमार के विविध दायित्वों को देखते हुए स्मृतियों और अर्थशास्त्र ने उसके लिए बौद्धिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक अनुशासन का पाठ्यक्रम निर्धारित किया था।[2] दुर्भाग्य से गुप्तकाल में राजकुमारों की शिक्षा के संबंध में हमें सीधी जानकारी नहीं मिलती। गुप्तकाल के अन्तिम चरण के गद्य प्रेमाख्यानों में कभी-कभी युवा राजकुमार की शिक्षा-दीक्षा की झलक हमें मिल जाती है। लेकिन ये विवरण इतने अतिरंजित हैं कि बेतुके मालूम होते हैं।[3] लेकिन इस काल के प्रसिद्ध राजाओं की विख्यात साहित्यिक और कलात्मक उपलब्धियों से हम कुछ निष्कर्ष निकाल सकते हैं। सम्राट् समुद्रगुप्त के प्रशस्तिकार का कहना है कि सम्राट् कुशल गीतकार

---

१. **दिव्यावदान**, २६, ९९-१०० ।

२. देखिए, जिल्द II, पृ. ५८६ (अँगरेजी संस्करण)।

३. **दशकुमारचरित**, पृ. २१-२२ (नि. सा. प्रे., १९५१, पृ. २३-२४) के अनुसार राजा राजवाहन के दरबार में सभी राजकुमारों को सभी लिपियाँ और भाषाएं, वेद और वेदांग, कविता, नाट्य-कला, कानून, व्याकरण, ज्योतिष, तर्कशास्त्र, **मीमांसा**, राजनीतिशास्त्र, संगीत, काव्यशास्त्र, रणकौशल और (सबसे विचित्र विषय) द्यूतक्रीड़ा, चौर्यकला और अन्य कुटिलतापूर्ण कलाएं सीखनी पड़ती थीं। **कादम्बरी** १२५ प. पृ. में राजकुमार चन्द्रापीड़ को छह बरस की उम्र में उसके पिता द्वारा एक विद्यालय (विद्यामंदिर) में भेजा गया, जो शहर से बाहर था और जिस पर कड़ा पहरा था। वहाँ वह विभिन्न विद्याओं में प्रवीण अध्यापकों की देखरेख में १० बरस तक रहा। लेकिन लेखक का यह कथन अतिशयोक्तिपूर्ण मालूम होता है कि इस अवधि में राजकुमार "व्याकरण, मीमांसा, तर्कशास्त्र, कानून, राजनीतिशास्त्र की विभिन्न शाखाओं . . . . . सभी कठिन अस्त्र-शस्त्रों के प्रयोग . . . .कई किस्म के वाद्ययन्त्र बनाने . . . .देश की सब भाषाओं की वर्णमालाओं और बोलियों, सब यन्त्रकलाओं, वेदों तथा अन्य कठिन विषयों में निष्णात हो गया था।"

और संगीतकार था, अपनी काव्यप्रतिभा के फलस्वरूप उसने कवि सम्राट् की उपाधि प्राप्त की थी। प्रवरसेन, हर्ष, महेन्द्रवर्मन्, यशोवर्मन् और मृच्छकटिक का रहस्यमय लेखक शूद्रक, ये सब बाद के काल के हैं जो राजा होने के साथ-साथ कवि भी थे।[१]

---

१. देखिए, उपर्युक्त क्रमश: परि. ११ वाका०, १३२ प. पृ. तथा १४६ प. पृ.; शूद्रक के लिए देखिए, जि. II, पृ. २६४ प. पृ. (अँगरेजी संस्करण); यहाँ वाकाटक राजा सर्वसेन का हवाला भी दिया जा सकता है (ल. ३३६-३५५ ई.) जिसे प्राकृत रचना **काव्यहरविजय** (इ. हि. क्वा., XXI १९३ प. पृ) का लेखक मान लिया गया है। यह तथ्य विश्वसनीय मालूम होता है। देखिए उपर्युक्त पृ. १८७।

परिच्छेद : २२

आर्थिक परिस्थितियाँ

इस पुस्तक की पूर्ववर्ती जिल्दों में यह दिखाया जा चुका है कि गुप्त साम्राज्य के उदय से बहुत पहले भारत में कृषि, उद्योग और व्यापार की व्यवस्था विकसित हो चुकी थी। यह विकास गुप्तकाल में भी बना रहा। समुद्रगुप्त द्वारा सारी गंगा घाटी की विजय तथा उसके पुत्र और उत्तराधिकारी चन्द्रगुप्त-द्वितीय द्वारा मालवा, गुजरात और काठियावाड़ की विजय के फलस्वरूप भारत के सर्वाधिक जनसंख्या वाले इलाके में शक्तिशाली और सुसंगठित शासन का वरदान प्राप्त हुआ। समुद्रगुप्त के समय में नवस्थापित साम्राज्य की प्रतिष्ठा इतनी बढ़ गयी कि स्थानीय शासकों से लेकर पूर्व और पश्चिम में भारत की प्राकृतिक सीमाओं तक साम्राज्य की सत्ता का आदर होने लगा। छठी शताब्दी के उत्तरार्ध में जब गुप्त साम्राज्य का ह्रास और पतन हुआ तो इस संकट के प्रतिक्रियास्वरूप स्थिति का बिगड़ना अवश्यंभावी था। लेकिन बाद में उत्तर भारत में एक के बाद एक सुयोग्य शासक पैदा होते गये और भारत के तीन महान् भौगोलिक क्षेत्रों को—उत्तर भारत, दक्षिणापथ और दक्षिण भारत—कुशल एवं सुदृढ़ प्रशासन का वरदान प्राप्त हुआ।

१. कृषि

विवेच्यकाल में कृषि का विकास परम्परागत ढंग से जारी रहा।[1] भूमि की उर्वरता और पानी की प्रचुरता के बावजूद युगों से भारतीय कृषि वर्षा पर निर्भर थी। यह तथ्य छठी सदी की कृति **बृहत्संहिता** में व्यक्त हुआ है। इसके लेखक वराहमिहिर ने वर्षा और वर्षा के पानी का, विशेष रूप से खगोलशास्त्र और मौसमविज्ञान के तथ्यों के प्रकाश में, और शकुनों तथा पूर्वसूचनाओं के निरीक्षण के आधार पर, अतिवृष्टि और अल्पवृष्टि की भविष्यवाणियों के बहुत से हवाले प्रस्तुत किये हैं। इस सिलसिले में वराहमिहिर ने प्रचलित पैमानों (द्रोण) में वर्षा के परिमाण के आँकड़े भी दिये हैं, और वर्षा मापने

---

१. इससे पूर्व के काल की कृषि की अवस्था जानने के लिए देखिए आर्थिक परिस्थितियों पर (मौर्यकाल के पश्चात्) परिच्छेद १४, प्रस्तुत लेखक की कृति 'ए कम्प्रिहेन्सिव हिस्टरी आफ इंडिया', जि. III, (ओरिएंट लौंगमैन्स, १९५६) में।

के एक मानक पैमाने का जिक्र भी किया है।[१] शासन द्वारा कृषि की देखभाल का दृष्टान्त जूनागढ़ के शिलालेख से मिलता है, जो सन् ४५५-५८ ईसवी का, सम्राट् स्कन्दगुप्त के काल का है। इसमें स्कन्दगुप्त के स्थानीय गवर्नर द्वारा गिरनार की ऐतिहासिक सुदर्शन झील की मरम्मत का ब्यौरा अंकित है।[२] छठी सदी ईसवी की कृति अमरकोश में हल और उसके अवयवों, जमीन पोली करने का हेंगा, कुदाल और दराती के पर्यायवाची शब्द मिलते हैं। बृहत्संहिता से हमें आगे जाकर यह भी पता चलता है कि उस काल में दो मुख्य फसलें हुआ करती थीं; गर्मी की फसल और पतझड़ की फसल; इसके अलावा वसन्त काल में भी एक छोटी-सी फसल हुआ करती थी।[३]

पूर्वकाल की तरह इस काल में भी वृक्षों और पौधों की फसलें कई किस्मों की हुआ करती थीं। अमरकोश और बृहत्संहिता में कई किस्म के चावलों, (एक किस्म ६० दिन में पककर तैयार हो जाती थी), गेहूँ, जौ, मटर, दालों, कई प्रकार के तेल निकालने के बीजों (जैसे तिल, अलसी और सरसों), अदरक तथा दूसरी सब्जियों का, मिर्च तथा दूसरे मसालों का, चिकित्सा में काम आने वाली और दूसरी जड़ी-बूटियों का जिक्र किया गया है। शक्कर और चीनी बनाने के लिए गन्ना उगाया जाता था।[४] बृहत्संहिता में पेड़ों की चिकित्सा (वृक्षायुर्वेद) पर एक अलग परिच्छेद (नम्बर ५५) है जिससे पेड़ और पौधे उगाने के प्रति गहरी दिलचस्पी का पता चलता है। यह विज्ञान काफी पुराना था; कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी इसका जिक्र हुआ है। इस परिच्छेद में वराह-मिहिर जमीन की तैयारी, एक पेड़ की कलम दूसरे पेड़ पर लगाने और सही मौसम में वृक्षों को पानी देने का उल्लेख करता है। कितनी दूरी पर पेड़ लगाने चाहिएँ, पेड़ों की बीमारियों की चिकित्सा, फूलों, फलों, लताओं और झाड़ियों को बड़ा करने के तरीकों का भी जिक्र किया गया है। बीजों को संसाधित करने और उन्हें जमीन में गड्ढा करके बीजने के सम्बन्ध में विस्तृत निर्देश दिये गये हैं। धर्मनिष्ठा के साथ-साथ सुन्दरता के लिए भी पेड़ लगाये जाते थे। हमें बताया गया है कि चश्मों के किनारों पर बाग लगाने चाहिएँ क्योंकि बिना पेड़ों की छाया के वे सुन्दर नहीं लगेंगे। मंगलमय वृक्ष घरों के नजदीक और बागों में लगाने चाहिएँ।

यहाँ हम इस काल के मुख्य कृषि-क्षेत्रों और उनकी पैदावार का निरीक्षण भी कर सकते हैं। **रघुवंश** के अनुसार सिन्धु नदी के तटवर्ती प्रदेशों में केसर पैदा होता था, जबकि **अमरकोश** में स्पष्ट रूप से कश्मीर को केसर की जन्मभूमि बताया गया है।

---

१. देखिए बृहत्-संहिता, इंगलिश इंडेक्स, s.v. वर्षा, वृष्टि, वर्षा-ऋतु। वही XXI, ३२, ३४ इत्यादि; XXIII, ६-९ (वर्षा के आँकड़े); XXIII, २ (वर्षा-मापक)।

२. फ्लीट, कॉ. इ. इ., III, पृ. ५६।

३. **अमरकोश** II, ९, ६ प. पृ. बृ. सं. श्लो. २१ प. पृ., IX, ४२; X, १८; XXV, २; XXVII, १ और XI।

४. **अमरकोश** III, ९, ६ प. पृ.; बृ. सं. इंग्लिश इंडेक्स s.v.।

अमरकोश में मलय को (पश्चिमी घाटों के दक्षिण में कावेरी के नीचे का प्रदेश) चन्दन की लकड़ी का घर बताया गया है। **रघुवंश** के हवाले से हमें पता चलता है कि कालिदास के समय में पाण्डव प्रदेश की मलय पहाड़ियों में काली मिर्च, इलायची और चन्दन की लकड़ी पैदा होती थी ।[1] सातवीं सदी के प्रारम्भिक उत्तरार्ध में भारत की उपज का सामान्य विवरण देते हुए हिउएनत्सांग ने कहा है कि गेहूँ और चावल बहुत मिक़दार में पैदा होता था; अदरक, सरसों और कद्दू भी उगाये जाते थे। फलों में सबसे ज्यादा आम, खरबूजे, नारियल, कटहल, इमली, कठबेल के साथ-साथ अनार और सन्तरों की कद्र की जाती थी। अनार और सन्तरे सब स्थानों पर उगाये जाते थे। इस साधारण विवरण की पूर्ति करने के लिए यात्री ने विभिन्न प्रदेशों का विस्तृत विवरण भी दिया है, जहाँ वह गया था। उद्यान, दरेल और कश्मीर में केसर पैदा होती थी, कश्मीर और कुलूत में औषधीय जड़ी-बूटियाँ पैदा होती थीं। पुंछ और मथुरा में घरों से सटे बागों में फल उगाये जाते थे। पारियात्र (बैरत) में एक ऐसी किस्म का चावल होता था जो साठ दिनों में कटने के लिए तैयार हो जाता था। मगध में लम्बे दानों और असाधारण सुगन्ध वाला चावल पैदा होता था, जिसे "शौकीनों का चावल" कहते थे। "ओड़ा" (ओड्र) के फल अन्य प्रदेशों के मुकाबले में बड़े होते थे। चन्दन की लकड़ी, काफूर और अन्य (सुगंधित) वृक्ष मलय पर्वत पर उगते थे, जो समुद्रतट के पास मलकूट (पांड्य प्रदेश) में हैं ।[2]

हिउएनत्सांग के समकालीन कनिष्ठ यात्री ई-त्सिंग ने कुछ सीमा तक हिउएनत्सांग के विवरणों की पुष्टि और पूर्ति की है। ई-त्सिंग के विवरण से पता चलता है कि अलसदार चावल, मीठे खरबूजे, गन्ने और कन्द की देश में बहुतायत थी, फलों की संख्या भी बयान से बाहर थी, लेकिन बाजरे का अभाव था। यह भी पता चलता है। कि उत्तर-पश्चिमी प्रदेश में गेहूँ के आटे की बहुतायत थी, पश्चिमी प्रदेशों में जौ होता था और मगध में चावल पैदा होता था। जहाँ तक स्थाण्वीश्वर के इलाके का सम्बन्ध है, बाण का ब्यौरेवार विवरण हिउएनत्सांग के संक्षिप्त विवरण का पूरक है, भले ही वह काव्यात्मक है। श्रीकण्ठ प्रदेश में, (जिसमें स्थाण्वीश्वर का इलाका शामिल है) बाण के कथनानुसार, चावल, गेहूँ, पुंड्र किस्म का गन्ना, नाना प्रकार की फलियाँ, अंगूर की लताएँ और अनार पैदा होते थे। लेखक के इस कथन से कि अंगूर और अनार फलों के बगीचों में लगाये जाते थे, कृषि-विज्ञान की तकनीकी प्रगति की झलक मिलती है। जीरे के खेतों में रहट से सिंचाई की जाती थी ।[3]

---

१. **रघुवंश** IV, ६, **अमरकोश** II. ६ प. पृ. १२४ (केसर); **अमरकोश** II, ६ १३१; **रघुवंश** IX, ४६-४८; VI, ६४ (काली मिर्च इत्यादि)।

२. या. ट्रै. वा. I. १७७-७८ (भारत का सामान्य कृषि उत्पादन); वही २६१, २९८ (कश्मीर आदि की वस्तुएँ): वही, I. २८३. ३०१ (पुंछ और मथुरा); वही I. ३००, II, ८१. (मगध तथा पारियात्र; वही II. १९३, २२८ (मलकूट)।

३. रेकार्ड, पृ. ४३-४४: **हर्षचरित**, III।

हम बाद के स्मृति-नियमों में से कृषि को प्रोत्साहन देने से सम्बद्ध धाराओं को देख सकते हैं। कृषि के औजारों, बाँधों, पौधों की जड़ों, फूलों और फलों को नुकसान पहुँचाने पर सौ पणों की भारी राशि का दंड देना पड़ता था। नहरों के पानी के बहाव में रुकावट डालने पर इससे थोड़ी कम राशि दंडस्वरूप देनी पड़ती थी। जमीन पट्टे पर लेकर अगर किसान कृषि में लापरवाही दिखाते थे तो उन्हें उसी हिसाब से जुर्माना देना पड़ता था। दूसरी ओर अगर कोई आदमी ऊसर जमीन को उपजाऊ बनाता था, या ऐसी जमीन जोतता था, जिसका मालिक खेती करने में असमर्थ होता था, या मर चुका होता था, या लापता होता था तो वह सात या आठ बरस तक उसकी उपज का हकदार होता था (आठवाँ भाग कम करने के बाद)।[१]

२. उद्योग

निस्सन्देह पहले की तरह इस काल में भी उद्योगों की विभिन्न शाखाओं का ऊँचा स्तर बना रहा, क्योंकि कच्चे माल, कारीगरों के हुनर और उद्यम की प्रचुरता थी। इस काल की साहित्यिक कृतियों में बहुत प्रकार के कपड़ों का जिक्र किया गया है जिनमें रुई, रेशम, ऊन, क्षौम और वृक्षों की छाल शामिल है।[२] इन तथ्यों के समर्थन में सातवीं सदी के समकालीन लेखकों के प्रमाण उपलब्ध हैं। बाण के **हर्षचरित** में बताया गया है कि राजकुमारी राज्यश्री के विवाह के अवसर पर जिन वस्त्रों का प्रदर्शन किया गया था उनमें **क्षौम** (लिनन), **बदर** (सूती), **दुकूल** (छाल का रेशम), **लालातन्तु** (मकड़ी का रेशम ?),[३] **अंशुक** (मलमल) और **नेत्र** (धारीदार रेशम) शामिल थे। भारत के सामान्य विवरण में हिउएनत्सांग ने भारतवासियों के वस्त्रों को रेशमी, सूती, क्षौम, ऊन और बकरी के बालों (?) की श्रेणियों में बाँटा है। इसकी पुष्टि में उसने देश के विभिन्न भागों के लोगों की पोशाकों पर विस्तृत टिप्पणियाँ की हैं।[४]

कपड़े कई चीजों से बनते थे। **अमरकोश** से हमें पता चलता है कि कपड़े की खुरदुरी और महीन किस्मों के लिए अलग-अलग शब्द इस्तेमाल किये जाते थे। विरंजित और अविरंजित रेशम आदि के लिए भी अलग शब्द थे। **हर्षचरित** में **पुलकबन्ध** (चमकीले रंगीन कपड़े) और **पुष्पपट्ट** (फूलदार रेशम) का और संन्यासियों के वल्कल वस्त्रों का उल्लेख है। अजन्ता के भित्तिचित्रों के सूक्ष्म निरीक्षण से चार किस्म की

---

१. **नारद** XIV, ४; **बृहस्पति**, I, २३५ (बाँध को हानि पहुंचाने के जुर्माने); **बृहस्पति** I, १९, ५३-५५ (जोताई के प्रति लापरवाही) **कात्यायन**, श्लो. ७६४-६७ (सात या आठ बरस का हक)।

२. **अमरकोश** II, ६, ११०-११ (वृक्षों की छाल, रूई, रेशम के कीड़ों और जानवरों के बालों से बने कपड़े)।

३. यहाँ लाला का अर्थ थूक या लार है, मकड़ी नहीं। ककून एक तरह के सैलिवा से ही बनता है। —सु. जै.।

४. **हर्षचरित**, I, या. ट्रै. वा. I, १४८; II, १५१, २८७, ३४० इत्यादि।

बुनाइयों की विधियों का पता चला है; अर्थात् रुपहली या सुनहली किमखाब, 'बन्धनी का काम', ताने और बाने को अलग-अलग रंग कर की गयी बुनाई और चित्तीदार मलमल ।[१]

इस काल के अभिलेखों से हम कपड़ा-उद्योग के कुछ प्रसिद्ध केन्द्रों का अनुमान लगा सकते हैं। शान्तिदेव के **शिक्षा-समुच्चय** (सातवीं सदी की कृति) के एक अनुच्छेद से हमें पता चलता है कि सर्वोत्तम रेशमी कपड़े तैयार करने के लिए बनारस (वाराणसी) की ख्याति बनी हुई थी। **हर्षचरित** के एक सामान्य उल्लेख से प्रमाणित होता है कि पुण्ड्र प्रदेश का क्षौम कपड़ा इतना मशहूर था कि लेखक के गाँव के घर में भी इसका प्रयोग होता था। हिउएनत्सांग ने हमें विशेष रूप से बताया है कि उसके काल में मथुरा में बढ़िया धारीदार कपड़ा तैयार किया जाता था। **हर्षचरित** में कामरूप के राजा द्वारा हर्ष को भेजे गये उपहारों के विवरण से इस तथ्य का परोक्ष प्रमाण मिलता है कि उस काल में कामरूप का कपड़ा-उद्योग कितना विकसित था। इस सूची में **क्षौम, जातीपट्टिका** (बुना हुआ रेशम) और चित्रपट (चित्रित) कपड़ों के बंडल शामिल थे।[२]

पशुजनित उद्योगों में से दो विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। **अमरकोश** में चमड़े से बने पंखों, तेल रखने के लिए चमड़े की बोतलों, चमड़े के जूतों और बूटों के लिए पर्यायवाची शब्द मिलते हैं। समकालीन चित्रों और मूर्तियों में चमड़े के जूतों और बूटों पर मानव और दैवीय आकृतियाँ मिलती हैं। जहाँ तक हाथी दाँत के काम का सवाल है, इस काल की साहित्यिक कृतियों में बार-बार लोगों द्वारा हाथी दाँत की बनी चीजों के प्रयोग के उल्लेख मिलते हैं। यह बहुत से कामों में आता था। इलाहाबाद के पास भिट स्थान की खुदाई में गुप्तकाल से सम्बन्धित स्तर से हाथी दाँत की मोहरें प्राप्त हुई हैं।

तथाकथित गुप्तकाल में धातुओं की आपूर्ति कहाँ से होती थी, इसके बारे में हमें बहुत कम संकेत मिलते हैं। ऐसा मालूम होता है कि पूर्ववर्ती काल की तरह इस काल में भी ताँबा, और शायद रांगा तथा सीसा भी, दूसरे देशों से मँगवाया जाता था। निर्यात की भारतीय वस्तुओं के बदले में बैजयन्तियाई (बाईजनटाईन) सम्राटों से प्राप्त हुई स्वर्ण-मुद्राओं से ही शायद प्रचुर परिमाण में वह सोना प्राप्त हुआ था, जिससे गुप्तकाल की शाही मुद्राएँ बनी थीं। इसके विपरीत हमारे सामने हिउएनत्सांग की कृति में वे सामान्य और विशिष्ट उल्लेख हैं, जिनमें खानों की खुदाई से धातुएँ प्राप्त

---

१. **अमरकोश** II, ६, ११५-१६; **हर्षचरित** I; अजन्ता भित्ति-चित्रों के कपड़ों के लिए देखिए के. डी. कोंड्रिंगटन का निबन्ध इ. ऐ. १९३०, पृ. १६२-६९; पुलकबन्ध का अनुवाद मोतीचन्द्र के ज. इ. सो. ओ. आ., XII, पृ. १४ से लिया गया है।

२. **शिक्षासमुच्चय**, पृ. २०८ (बनारसी रेशम); हर्षचरित IV (पुंड्र प्रदेश का क्षौम और कामरूप के वस्त्र); या. ट्रै. वा. I (मथुरा वस्त्र)।

करने का जिक्र किया गया है। भारत के सामान्य विवरण में हिउएनत्सांग ने बताया है कि सोना और चाँदी इसी देश में उपलब्ध थे और प्रचुर परिमाण में पाये जाते थे। उसकी सविस्तार टिप्पणियों से पता चलता है कि उत्तर-पश्चिमी सीमान्त प्रदेश के उद्यान और दरेल इलाकों में, व्यास, सिन्ध और सतलज के बीच के टक्क प्रदेश में सोना और चाँदी मिलती थी। व्यास और सतलज के बीच के उपर्युक्त प्रदेश में ताँबा और लोहा भी मिलता था। नेपाल और कुलूत (कुल्लू प्रदेश) में भी ताँबा मिलता था।[1] इस वक्त इस प्रदेश में उन खानों का स्थान-निर्धारण नहीं किया जा सकता।

पहली सदियों की तरह इस काल में भी धातुओं के निर्माण में तकनीकी विज्ञान का प्रयोग किया जाता था। वात्स्यायन ने अपने कामसूत्र में दी गयी चौंसठ ललित कलाओं (**कलाओं**) में **रूपरत्नपरीक्षा, धातुवाद** और **मणिराग-कारज्ञानम्** (शायद इसका अर्थ कीमती पत्थरों की परख, धातुओं को पिघलाना और जवाहरात की क्रिया-विधि आदि है) हिउएनत्सांग की साक्षी के अनुसार देश में बहुत बड़े पैमाने पर पीतल (**तू-सी**) तैयार किया जाता था। अपनी यात्रा के समय हिउएनत्सांग ने ताँबे की बनी एक विशाल प्रतिमा, जिसे कहा जाता है कि राजा पूर्णवर्मन् ने बनवाया था, और एक पीतल (तू-सी) का मन्दिर जो उस समय राजा शिलादित्य (हर्ष) द्वारा बनवाया जा रहा था, नालन्दा में देखे थे। ताँबे की प्रतिमा ८० फुट से भी ज्यादा ऊँची थी, और मन्दिर १०० फुट से भी ज्यादा ऊँचा बनाया जाने वाला था। आधुनिक काल में भागलपुर जिले के सुलतानगंज स्थान से प्राप्त हुई साढ़े सात फुट ऊँची बुद्ध की प्रतिमा भी इसी काल की है। अब यह बर्मिंघम संग्रहालय में सुरक्षित है। सदियों तक मौसम की मार का सामना करने पर भी पुरानी दिल्ली में महरौली में गड़े सम्राट चन्द्र (चन्द्रगुप्त द्वितीय ?) के स्तम्भ में, जिसकी ऊँचाई २३ फुट और व्यास १ फुट ४ इंच है, जंग नहीं लग सका है। एक अधिकारी विद्वान् ने अजन्ता के भित्तिचित्रों में धातु के बने आईने भी खोज निकाले हैं। यहाँ पर यह उल्लेखनीय है कि गुप्तकाल की साहित्यिक कृतियों में लोगों द्वारा सोने और चाँदी के आभूषण पहनने के बहुत से हवाले मिलते हैं।[2]

पहले जमाने की तरह आभूषण बनाने की कला विकसित अवस्था में थी। **बृहत्संहिता** के एक परिच्छेद (सं० ८०) में कम से कम बाईस प्रकार के रत्नों का

---

१. **अमरकोश** II, ९, ९७ (म्लेच्छ देशों से सोने की प्राप्ति); या. ट्रै. वा. I' १७८, २२५, २३९, २८६, ५०१ (सोना और चाँदी); वही, I, २८०, २९८; II, ८३ (ताँबा)।

२. **कामसूत्र** १, ३, १६, (चौंसठ कलाएं) या. ट्रै. वा. I, १७८ (तू-सी): वही १७१ तथा 'लाइफ', ११९, (नालन्दा में ताँबे की मूर्ति और पीतल का मन्दिर); फ्लीट, कॉ. इ. इ. III, १३९ (महरौली स्तम्भ का अभिलेख); आ. स. इ. १९११ -१२ पृ. ८९-९३, (भिट); इ. ऐ., १९३०, पृ. १७२ में के. डी. वी. कोंडिंगटन (अजन्ता के भित्तिचित्रों में धातु के आईने); राजघाट की ताम्र मुहरों के लिए देखिए उपर्युक्त पृ. ६१३; लाउफर ने तू-सी का अनुवाद पीतल किया है। सिनो-इरानिका, पृ. ५११-१२।

जिक्र किया गया है। इस सूची में हीरा, नीलम, पन्ना, माणिक, वैदूर्य, जम्बुमणि, बिल्लौर, चन्द्रमणि, नीलमणि, पुखराज दूधिया, मोती, प्रवाल के अलावा गोमेद (अकीक) और शंख जैसे कम कीमती पत्थर भी शामिल हैं। अमरकोश में पन्नों, मोती, प्रवाल और शंख के पर्यायवाची शब्द मिलते हैं।[१] जवाहरात के आभूषण बनाने के लिए रत्नपरीक्षा की प्रक्रिया का प्रयोग होता था (जवाहरात को जाँचने का विज्ञान) वात्स्यायन ने कामसूत्र में इसे चौसठ कलाओं में शामिल किया है, जबकि वराहमिहिर के उपर्युक्त परिच्छेद (सं० ८१) का शीर्षक भी यही है। इसमें और आगामी दो परिच्छेदों में वराहमिहिर ने क्रमशः हीरा, मोती, और माणिक की कई किस्मों का जिक्र किया है। इस सिलसिले में वराहमिहिर द्वारा वर्णित हीरे की सातों खानों के नाम भारतीय हैं, जो पूर्वकाल में टोलेमी द्वारा दिये गये हीरों की खानों के नामों से मिलते हैं।[२] वराहमिहिर द्वारा उल्लिखित मोतियों के प्राप्ति-स्थानों की सूची में लंका, ईरान और पांड्य प्रदेश के विख्यात माहीगीरी के नाम मिलते हैं। सातवीं सदी के पूर्वार्द्ध में हिउएनत्सांग ने लिखा था कि भारत में पैदा होने वाली चीजों में सफेद संगयशब और बिल्लोरी शीशों की प्रचुरता थी।[३] आगे जाकर यह लिखता है कि द्रविड़ में बहुमूल्य पत्थर इत्यादि मिलते हैं। साहित्यिक प्रमाणों से सिद्ध होता है कि उस काल में रत्नों के कई प्रयोजन होते थे—सोने के आभूषणों और मुहरों में रत्न जड़े जाते थे; पोशाकों की सजावट, चौकियों, गद्देदार पलंगों, आईनों और लैम्पों की सजावट के लिए, दरवाजों पर और मकानों की फर्शों में जड़ने के लिए इस्तेमाल होते थे। मंगलकारी चिह्नों के रूप में भी रत्न पहने जाते थे।[४] इस काल के कवि रत्नों के गुणों से अच्छी तरह परिचित थे, क्योंकि उन्होंने उपमाएँ देते समय जवाहरातों के नामों का प्रयोग किया है।। **मृच्छकटिक** नाटक में नायिका के महल में आभूषणकारों को काम करते हुए दिखाया गया है। इस प्रसिद्ध वर्णन से धनी परिवार के जीवन की सजीव झाँकी मिलती है।[५]

---

१. बृ. सं. ८०, ४-५; अमरकोश II, ९, ९२ प.पृ.।

२. टोलेमी का कोश (VI, १, १७) यह स्थान, जिसकी शिनाख्त वारा नदी के पास बरार में की गयी है, बृ. सं. ८१. ३१ प. पृ. के कोसल अथवा महाकोसल से मिलता है। टोलमी की एडम्ज नदी का मुहाना (पू. ले.) बृ. सं. के कलिंग से मिलता है।

३. या. ट्रै. वा. I, १७८, II, २२६।

४. **शाकुन्तलम्,** अंक V; **रघुवंश** XVI, ४३; XVII, १३; **दशकुमारचरित,** पृ. १ (नि. सा. प्रे. १९५१ पृ., ४३ प. पृ.); **हर्षचरित** IV; **कादम्बरी** २९६, ३१३; बृ. स. XLIV २५-६ (अलंकार के लिए जवाहरात का प्रयोग); बृ. स. LXXX, २. १५-१७; LXXI, ३० LXXXII, ६; LXXXIII, (मंगलकारी हीरे, मोती, पन्ने और माणिक)।

५. **रघुवंश,** XVIII, ३२ (पुखराज); वही, ४२ (नीलमणि); वही XIII, ४८, ५४; XVI, ६९; **मेघदूत** १४७ (नीलमणि से जड़ा हुआ मोतियों का हार); **कुमारसंभव** III. ५३ (माणिक, सोने और मोतियों के आभूषण); **रघुवंश** XII, १३ (प्रवाल)।

इस काल में औद्योगिक सफलता की दृष्टि से मोतियों के कारीगर का महत्त्व सबसे अधिक है। **बृहत्संहिता** में (कौटिल्य के **अर्थशास्त्र** की तरह) मोतियों की मालाओं की अलग-अलग किस्मों के नामों की लम्बी सूची दी गयी है, जिनमें एक लड़ी से लेकर एक हजार आठ लड़ियों के हार शामिल थे। कई ऐसी किस्में भी थीं, जिनमें बीचोंबीच जवाहरात या सोने की गोलिकाएँ लगाई जाती थीं। **अमरकोश** में प्रदत्त सूची अपेक्षाकृत छोटी है। एक लड़ी वाले हार (एकावली) और सत्ताईस लड़ियों वाले हार (नक्षत्रमाला) जैसी किस्मों का नाम इस काल की महान साहित्यिक कृतियों में मिलता है। आभूषणों, तलवारों की मूठों, मदिरापात्रों और महिलाओं की पोशाकों को सजाने के लिए मोतियों का जड़ाऊ काम किया जाता था।[१]

कम मूल्यवान् पत्थरों के शिल्प का काम प्रागैतिहासिक सिन्धु संस्कृति के दिनों से चला आ रहा था। बसरा और भिट की खुदाइयों में गुप्तकाल की तहों में से सूर्यकान्त, गोमेद, वैदूर्य (इन्द्रगोप) स्फटिक और लाजवर्द के मनके और अन्य छोटी-छोटी चीजें प्राप्त हुई हैं।[२]

३. अन्तर्देशीय व्यापार

हालाँकि इस सिलसिले में बहुत कम प्रमाण मिलते हैं, लेकिन हम इस परिणाम पर पहुँच सकते हैं कि समूचे उत्तर भारत में गुप्त राजाओं द्वारा दृढ़ शान्ति और व्यवस्था स्थापित किये जाने से अन्तर्देशीय व्यापार के प्रसार में अवश्य प्रोत्साहन मिला होगा। सम्राटों द्वारा श्रेष्ठतम किस्म के सोने और चाँदी के सिक्के जारी करने से व्यापार के विकास को और अधिक सहायता मिली होगी। व्यापारी विख्यात जल और स्थल भागों से यात्रा करते होंगे। **अमरकोश** में न केवल बाजारों और दूकानों के, बल्कि नौकाओं द्वारा यात्रा करने वाले व्यापारियों के भी, पर्यायवाची शब्द हैं। भिट की खुदाई में गुप्तकाल की तहों से दूकानों की पंक्तियों के अवशेष प्राप्त हुए हैं, जिन्हें "मुख्य सड़क" और "बगल वाली सड़क" कहा गया है।[३]

इस काल के विवरणों में जिन बन्दरगाहों का उल्लेख किया गया है वे देश के सुदूर भागों से आने वाली वस्तुओं के आयात और निर्यात-व्यापार के लिए उपयोगी रहे होंगे। छठी सदी के शुरू में कोज्मास ने अनेक महत्त्वपूर्ण व्यापारिक केन्द्रों का उल्लेख किया है। इस सूची में 'सिन्दू' "ओरोथा" (जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है) "कलियाना," "सिबोर" के अलावा पश्चिमी तट पर 'मले' (मलाबार) के पाँच

---

१. बृ. सं. LXXXI, ३१-३६; **अमरकोश** II, ६. १०५-१०६ (मुक्ताहारों की सूचियाँ); **हर्षचरित,** IV तथा VIII; **कादम्बरी** १४२; **मालतीमाधव** अंक I (नक्षत्रमाला तथा एकावली) **हर्षचरित** II, IV तथा VII (मोतियों के प्रयोग)।

२. आ. स. इ. १९०३-०४ पृ. ९९-१००; वही, १९११-१२, पृ. ९४।

३. अमरकोश II, २०, २; आ.स. इ. ऐ. आर., १९११-१२, पृ. ३८।

बाजारों तथा तटवर्ती 'मरल्लो' (जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है) और "कावेर" का उल्लेख है।[1] इस काल के अन्य समृद्ध बन्दरगाहों में गंगा के मुहाने पर स्थित ताम्रलिप्ति का उल्लेख किया जा सकता है। जैसा हिउएनत्सांग ने कहा था, ताम्रलिप्ति जल और स्थल मार्गों के संगम पर स्थित था, इसलिए अपनी सौभाग्यशाली भौगोलिक स्थिति के कारण यह पूर्वीय भारत के समुद्री व्यापार का वाणिज्य केन्द्र बन गया। यह प्राचीन लेखकों द्वारा चर्चित गंगा और तमालितिस का सच्चा उत्तराधिकारी था। चीन, इंडोनेशिया और लंका से आने-जाने वाले जहाज यहाँ रुकते थे। भीतरी प्रदेशों के साथ इस बन्दरगाह के द्वारा होने वाले व्यापार के प्रचुर मात्रा में प्रत्यक्ष प्रमाण मौजूद हैं। ई-त्सिंग की ताम्रलिप्ति से बोधगया तक की यात्रा में सैंकड़ों व्यापारी उसके साथ थे। आठवीं सदी के उदयमान के अभिलेख में सुदूर अयोध्या से ताम्रलिप्ति तक आने वाले व्यापारियों की यात्राएँ दर्ज हैं। हिउएनत्सांग के अनुसार औड्र प्रदेश में चारित्र नामक मशहूर बन्दरगाह था, और समुद्री व्यापार के कारण कोन्गोद (वर्तमान गंजाम जिले में) बहुत सम्पन्न नगर बन गया था। ताम्रलिप्ति के व्यापार में अधिकांश हिस्सा गंगा (डेल्टा) के लोगों का था, इसके प्रमाण **रघुवंश** और **दशकुमारचरित** में इन लोगों की समुद्री गतिविधियों के संस्मरण हैं।[2]

बाद की स्मृतियों में, उदाहरणस्वरूप मनु और याज्ञवल्क्य की स्मृतियों में, व्यापारियों से सम्बन्धित कुछ धाराओं के शीर्षक इस प्रकार हैं: 'बिना स्वामित्व के विक्रय,' 'क्रय और विक्रय के बाद पश्चात्ताप'। इन धाराओं की तुलना की जाए तो आश्चर्यजनक अन्तर दिखाई देता है। मनु और याज्ञवल्क्य के अनुसार राजा को समय-समय पर चीजों के दाम निर्धारित करने चाहिएँ। मनु ने तो यह भी कहा है कि नाप-तौल के पैमानों और बटखरों पर राजकीय मुहरें लगनी चाहिएं और समय-समय पर उनका निरीक्षण किया जाना चाहिएँ। लेकिन नारद और उसके बाद के लेखकों की कृतियों में ये धाराएँ नहीं मिलतीं। इसके विपरीत कात्यायन स्मृति में हमें एक आसाधारण धारा मिलती है जिसके अनुसार समझदार और ईमानदार पड़ौसियों द्वारा निर्धारित मूल्य को ही असली मूल्य घोषित किया गया है। इसके बाद जोरदार शब्दों में घोषित किया गया है कि इस मूल्य के आठवें हिस्से के बराबर भी अगर गड़बड़ हो तो

---

१. कोज्मास, ३६६-६७ (भारतीय बन्दरगाहों की सूची); इसमें सिन्धु स्पष्टतः सिन्धु के मुहाने का बन्दरगाह है, कालियाना, बम्बई के बन्दरगाह के पूर्वी तट पर स्थित कल्यान है, सिबोर बम्बई से २५ मील दक्षिण में चौल है। कावेर कावेरी नदी के मुहाने पर स्थित कावेरीपट्टिनम है। पेरिप्लस और टोलमी के भूगोल में दी गई सूचियों के लिए देखिए "ए कम्प्रेहेंसिव हिस्टरी आफ इंडिया", जि. II, पृ. ४३८।

२. १९०, १९४, १९६ (ताम्रलिप्ति, चारित्र, और कङ्गोद) ई. इ. II, ९५ (उदयमान का अभिलेख) रघुवंश IV (सुह्म के लोगों की समुद्री गतिविधियाँ), दशकुमारचरित (नि. सा. प्रे., सं. पा.) वृ. २१५ प. पृ. (राजकुमार सुह्म और यवन पोत से मगध के एक राजकुमार का समुद्र में युद्ध)।

वह अनुचित मूल्य पर बेची गयी चीज सौ बरस के बाद भी रद्द हो सकती है ।[१] यह धारा उस सशक्त प्रतिक्रिया का एक दूसरा रूप है जो पहली सदियों में व्यवस्था के केन्द्रीयकरण के विरुद्ध हुई थी । बाकी मामलों में बाद की स्मृतियों की धाराओं में पूर्वकालीन धाराओं को दुहराया गया है । "बिना स्वामित्व के विक्रय" शीर्षक धारा में हम पढ़ते हैं कि मालिक के अलावा अगर कोई दूसरा व्यक्ति किसी जायदाद को बेचता है तो यह विक्रय रद्द कर देना चाहिए और असली मालिक को वह जायदाद लौटा देनी चाहिए । "क्रय और विक्रय के बाद पश्चात्ताप" शीर्षक धारा में हमें बताया गया है कि क्रय और विक्रय करने वाले दोनों पक्षों को चीजों के निरीक्षण के लिए समुचित अवधि देनी चाहिए ताकि अगर उन्हें सौदे के बाद खेद हो तो वे अपनी चीज वापिस ले सकें ।[२]

४. विदेशी व्यापार

इस काल में दक्षिण-पूर्व एशिया के आर्थिक इतिहास में सबसे महत्त्वपूर्ण घटना, छठी सदी के तीसरे दशक में समुद्री व्यापार का विकास है जो चीन से लेकर इंडोनेशिया और भारत के पूर्वी तट से लेकर लंका तक होता था, तथा वहीं से भारत के पश्चिमी तट के साथ-साथ ईरान (फारस), होमराईट प्रदेश (अरब में) और एडूले (ईथिओपियन राज्य की राजधानी अस्सुम के बन्दरगाह) तक फैला हुआ था । कोज्मास के विवरण से पता चलता है कि चीन, इंडोनेशिया और दक्षिण भारत का सामान लंका में ले जाया जाता था, जहाँ से उपर्युक्त पश्चिमी प्रदेशों में उसका निर्यात किया जाता था । ऐसा लगता है कि इस व्यापार में भारत का काफी हिस्सा था, क्योंकि हमें बताया गया है कि भारत, ईरान, और इथिओपिया के सभी बन्दरगाहों से काफी जहाज लंका में आते-जाते थे । रेशम के व्यापार पर ईरानियों का एकाधिकार मालूम होता है; वे ईरान (फारस) से रेशमी माल का बाईजिनटाईन साम्राज्य में निर्यात करते थे । फा-हिएन और उसके बाद आने वाले चीनी यात्रियों ने ताम्रलिप्ति के समुद्री मार्ग का इस्तेमाल आते या जाते वक्त, या दोनों तरफ से, किया था । उपर्युक्त समुद्री मार्गों के अलावा चीन और भारत अनेक स्थल मार्गों से भी जुड़े हुए थे । फा-हिएन और हिउएनत्सांग के यात्राक्रमों से पता चलता है कि मध्य एशिया और बैक्ट्रिआ से एक विशाल उत्तर-पश्चिमी मार्ग सुलेमान पर्वतमाला के दर्रों से होता हुआ भारत के अन्दरुनी हिस्सों से जा मिलता था । चीन और भारत के बीच एक सीधा रास्ता काराकुर्रम पर्वतमाला और कश्मीर को लाँघकर भी जाता था, लेकिन

---

१. कात्यायन ७०५-०६, तुलना करें, मनुस्मृति VIII ४०१-०३ तथा याज्ञवल्क्य II, १५१।

२. **बृहत्संहिता,** १, १२, ३, प. पृ. तथा **कात्यायन** ६१२ प. पृ.; **मनुस्मृति** VIII, तथा **याज्ञवल्क्य** II, १६८ ।

यह अधिक दुर्गम था। उत्तर पूर्व में टोंकिन से पुंड्रवर्धन (उत्तर बंगाल) होता हुआ एक रास्ता कामरूप, मगध और उससे भी आगे के प्रदेशों में जाता था।[1]

५. व्यापार की वस्तुएं

शुरू में हम इस काल में बाहर की दुनिया के साथ होने वाले भारत के व्यापार की मुख्य वस्तुओं की सूची का अवलोकन करें। कृषि की वस्तुओं में सबसे मुख्य स्थान मसालों का था। कोज्मास के विवरण से पता चलता है कि अन्य वस्तुओं के साथ सिन्धु प्रदेश से (निस्सन्देह हिमालय के ऊपरी भागों से) जटामासी निर्यात के लिए इकट्ठी की जाती थी और मलाबार के कम से कम पाँच बन्दरगाहों से मिर्च का निर्यात किया जाता था। सम्राट् जस्टीनियन ने जिन चीजों पर आयात-कर लगाया था, उनमें भारत के ठेठ मसाले, दालचीनी, लम्बी मिर्च, सफेद मिर्च, कूठ (कॉस्टस) इलायची तथा अन्य सुगन्धित मसाले थे। कोज्मास के अनुसार कल्याण के बन्दरगाह से निर्यात किये जाने वाले उपयोगी और सुगन्धित वृक्षों में चन्दन की लकड़ी शामिल थी। **'एनाल्स ऑफ दि तांग डाइनेस्टी'** में बताया गया है कि भारत से चन्दन की लकड़ी और केसर रोम के पूर्वी प्रदेशों (तात्सीन), फू-नान (कम्बोदिया के राज्य का पूर्ववर्ती नाम) और कियाओची (जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है) में निर्यात किये जाते थे। पूर्वी देशों में भारतीय वस्तुएँ कितनी मूल्यवान् समझी जाती थीं, इसका प्रमाण इस बात से मिलता है कि फू-नान के राजा रुद्रवर्मन् ने ५१६ ईसवी में चीन के सम्राट् के पास एक प्रतिनिधि-मंडल के हाथ भारतीय चन्दन की लकड़ी की बनी बुद्ध की प्रतिमा उपहार में भेजी थी। **अमरकोश** से पता चलता है **माषपर्णि** नाम की एक वनस्पति, जो औषधियाँ बनाने के काम आती थी, गान्धार से भी आगे सुदूर कम्बोज के उत्तर-पश्चिमी इलाके से आती थी, और **सिलहक** (एक प्रकार का लोबान) और हींग तुरुष्क, बाह्लीक और रमठ (पश्चिमी एशिया के प्रदेश) से प्राप्त किये जाते थे। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि अगरु, लौंग और चन्दन की लकड़ी कोज्मास द्वारा चर्चित उन वस्तुओं में से है जो दक्षिण-पूर्वी एशिया से कोरोमंडल के बन्दरगाहों के जरिए श्रीलंका भेजी जाती थी।[2]

---

१. कोज्मास, ३६५-६६ (समुद्री व्यापार); फाहिएन और हिउएनत्सांग के यात्राक्रमों के नक्शों के लिए देखिए क्रमशः लेग्गे और या. ट्रै. वा.; टोंकिन से मगध होते हुए कामरूप पहुंचने वाले रास्ते के लिए देखिए पेलियॉट, बु. ल. फ्रा. द. ओ. IV, १३१ प. पू.।

२. कोज्मास, ३६६-६७ (भारतीय बन्दरगाहों से होने वाले निर्यात के माल की सूची); कॉर्पस जुरिस सिविलिस जिल्द I, पृ. ६०६ (जस्टीनियन की सूची); लाऊफर, सिनो-इरानिका, पृ. ४५, (रोम के पूर्वी प्रदेशों को निर्यात की जाने वाली भारतीय वस्तुएं); बु. ल. फ्रा. द. ओ., २७०-७१ (रुद्रवर्मन् द्वारा चीन को भेजा गया दौत्यमंडल); अमरकोश II, ४. १३८ (माषपर्णि); वही II, ६, १२८; II ३, ९. (सिल्ह तथा सिल्हक); वही II, ९, ४० (हिंगु)।

जहाँ तक पशुओं के व्यापार का सम्बन्ध है, पहले की तरह, सर्वश्रेष्ठ नस्ल के घोड़े अरब, ईरान और वर्तमान अफगानिस्तान से मँगवाये जाते थे । लेकिन हिउएनत्सांग ने कश्मीर में स्थानीय नस्ल के घोड़े भी देखे थे, जो ड्रैगन की नस्ल के कहे जाते थे। जीव-जन्तुओं से प्राप्त वस्तुओं में सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण वस्तुएं मोती, प्रवाल, रेशम और हाथीदांत थे । कालिदास के काल में जिस स्थान पर ताम्रपर्णी नदी समुद्र में गिरती है, वहाँ के मोती पांड्य देश की सबसे अधिक बहुमूल्य वस्तुओं में से थे । हिउएनत्सांग ने भी इस प्रदेश को (झलकूट नाम से) समुद्र के मोतियों का भंडार बताया है । गुप्तकाल में बार-बार मोतियों के प्रयोग के उल्लेखों के आधार पर हम कह सकते हैं कि उस काल के पांड्य प्रदेश में मोतियों का व्यापार अत्यन्त महत्त्वपूर्ण रहा होगा । जस्टीनियन द्वारा निर्मित आयात के माल की सूची में मोती, कच्चा रेशम, रेशम के लच्छे और रेशमी वस्त्र शामिल थे । कालिदास के **रघुवंशम्** के एक हवाले के अनुसार लंका और भारत के बीच के समुद्र से प्रवाल निकाले जाते थे । गुप्तकाल के साहित्य में कहीं-कहीं चीनी रेशम का जिक्र आता है । कोज्मास ने रेशम का जिक्र न केवल चीन की उत्पादन-वस्तुओं में किया है, बल्कि इसे इंडोनेशिया (हिन्देशिया) और भारत के पूर्वी तट से लंका में भेजी जाने वाली निर्यात-वस्तुओं की सूची में भी शामिल किया है । लंका से ये वस्तुएं पश्चिमी देशों में भेजी जाती थीं । इसी प्रकार चीनी रेशम विशाल स्थल मार्गों के जरिए मध्य एशिया तक भी पहुँचाया जाता होगा । कोज्मास के काल में ईथिओपिया भारत में हाथीदाँत का निर्यात करता था । कोज्मास ने लिखा है कि ईथिओपिया में हाथियों की संख्या बहुत ज्यादा थी और वहाँ के हाथियों के दाँत भी भारत के हाथियों की अपेक्षा ज्यादा लम्बे होते थे । व्यापार की एक और वस्तु कस्तूरी थी, जो कोज्मास के अनुसार निर्यात के लिए सिन्ध (निस्संदेह हिमालय के ऊपरी भागों) से प्राप्त होती थी ।[१]

जहाँ तक खनिज पदार्थों के व्यापार का सम्बन्ध है, **अमरकोश** के अनुसार ताँबा म्लेच्छ देशों (पश्चिमी भूमध्यसागर के गिर्द) से प्राप्त होता था । जैसा कोज्मास ने बताया है, कल्याण के बन्दरगाह से लोहे का निर्यात होता था और शायद विदेशों से आयात भी होता था, क्योंकि इस काल में कल्याण पश्चिमी भारत के मुख्य व्यापार केन्द्रों में से था । कोज्मास के प्रमाण के अनुसार भारत में लंका से नीलम का आयात होता था, और ईथिओपियावासी ब्लेमीज (नूबिया के लोगों से) पन्ने प्राप्त किया करते थे । जस्टीनियन द्वारा निर्मित आयात वस्तुओं की सूची में, जिनका जिक्र हम ऊपर कर चुके हैं, वह "भारतीय लोहा भी था जिसमें जंग नहीं लगता" (भारतीय

---

१. **अमरकोश** II, ८, ४५; **रघुवंश** IV, ७०; **हर्षचरित** II; **रघुवंश** IV, ५०; या. ट्रै. वा. II, २२८ (मोती); **रघुवंश** ३, (प्रवाल); **शाकुन्तलम्**, अंक I, **कुमारसंभव**, VII, ३; **मालतीमाधव**, अंक VI; **दशकुमारचरित**, पृ. १२९ (चीनी रेशम); कोज्मास, ३६६ (कस्तूरी) ।

इस्पात ?) । भारत से रोमन साम्राज्य के पूर्वी प्रदेशों में, फू-नान और कियाओची में भारत से निर्यात की जाने वाली वस्तुओं में हीरे भी शामिल थे। **एनाल्स आफ दि तांग डाइनेस्टी** के, जिसका उल्लेख हम पहले कर चुके हैं, एक पैराग्राफ में यह तथ्य दर्ज है।[1]

कोज्मास ने बताया है कि पोशाकों का कपड़ा कल्याण से निर्यात किया जाता था। प्रामाणिक चीनी ग्रन्थों में जिक्र किया गया है कि **पो-ताई** (सूती किमखाब या सूती वस्तुएं) भारत की बनी होती थीं और ये हो-लो-तान अथवा जावा से चीन को भेजी जाती थीं।[2]

६. पूंजी और श्रम

यह बताना अनावश्यक है कि इस काल में परम्परागत आन्तरिक व्यवस्था के साथ-साथ उत्पादन और वितरण की पूंजीवादी परिपाटी भी चल रही थी। पूंजीवाद के उग्र रूप में बेगार और दासों का श्रम सम्मिलित था। पहले की तरह अब भी केवल शासन ही लोगों से बेगार ले सकता था। अधिकांशतः लोग घरों में दासों से काम लेते थे।[3] बाद की स्मृतियों ने भी अपवित्र काम गिनवाये हैं जो केवल दासों के लिए सुरक्षित थे। पवित्र काम वेतनभोगी मजदूर करते थे।[4]

कृषि, पशुपालन, उद्योग, व्यापार और घरेलू काम के लिए मजदूरों से काम लिया जाता था। बाद के स्मृतिकारों ने वेतनभोगी मजदूरों की हैसियत निम्नलिखित शीर्षकों के अनुसार दी है :—

(i) मजदूरी सम्बन्धी कानून

वेतनभोगी श्रम को तीन श्रेणियों में बाँटा गया था। पहली श्रेणी में सैनिक, दूसरी में कृषक, तीसरी में भारवाहक और घरेलू नौकर-चाकर थे। काम की अनेक शर्तें और पाबन्दियाँ थीं। मजदूरों को दैनिक, पखवाड़े, तिमाही, छमाही या वार्षिक आधार पर काम दिया जाता था। नारद के अनुसार अनाज की पैदावार का दसवाँ हिस्सा कृषि मजदूर को मिलना चाहिए। बृहस्पति की एक अपेक्षाकृत उदार धारा के अनुसार मजदूर को पाँचवाँ हिस्सा अनाज, और खाना-कपड़ा मिलना चाहिए। खाने-

---

१. **अमरकोश** II, ९, ९७; कोज्मास, ३६४, ३६६-७१, पा. टि. २९, के अन्तर्गत उल्लेखों में भी देखिए।

२. कोज्मास, ३६६, लाउफर, सिनो-इरानिका में पृ. ४९०-९१ पो-ताई का अनुवाद लाउफर के अनुसार है।

३. स्मृतियों में तीन धाराओं के अन्तर्गत दास-प्रथा का उल्लेख है, **वेतनस्यानपाकर्म अभ्युपेत्याशुश्रूषा** तथा **स्वामिपालविवाद** (वेतन न देना, सेवा न करना, स्वामी और चरवाहों के बीच के झगड़े); इन विषयों के विस्तृत विवेचन के लिए देखिए काणे— **हिस्टरी ऑफ धर्मशास्त्र**, जि. III, परि. XX।

४. **नारद**, श्लो. ५-७; **बृहस्पति** I, १५. १६-१८ (दासों के लिए काम)।

कपड़े के बगैर फसल का तीसरा हिस्सा कृषि मजदूर को मिलना चाहिए। सातवीं सदी के उत्तरार्ध में, यह बताने के बाद कि भारत के बौद्ध मठों में किस प्रकार कृषि मजदूर काम करते हैं, ई-त्सिंग ने लिखा है कि संघ खेती के लिए जमीन और बैल देता था और आमतौर पर इसके बदले में फसल का छठा भाग लेता था। मौसमों के अनुसार ये हिस्से कम या ज्यादा कर दिये जाते थे। ऐसा लगता है कि बँटाई पर काम करने वालों को बौद्ध मठों की ओर से फसल का पाँच बटा छह हिस्सा तक मिल जाता था।[१]

(ii) श्रम और पूंजी के पारस्परिक सम्बन्धों का कानून

बाद की स्मृतियों ने मनु और याज्ञवल्क्य का अनुसरण करते हुए मालिक और नौकर के पारस्परिक सम्बन्ध विषयक धाराएं बनायी थीं। अगर नौकर अपने मालिक के प्रति कर्तव्य पूरा करने में तनिक भी विश्वासघात करता था तो उनका वेतन जब्त हो सकता था और कचहरी में उस पर मुकदमा चल सकता था। वेतन लेकर अगर कोई नौकर अपना काम करने में असमर्थ रहता था, तो उसे राजा को अपने वेतन से दुगनी रक्म हर्जाने के रूप में भरनी पड़ती थी और वेतन भी वापस करना पड़ता था। जिम्मेदारी उठाने के बाद अगर कोई अपना काम पूरा न करे, या असफल हो, तो उसे भारी जुर्माना अदा करना पड़ता था। दूसरी तरफ अगर काम समाप्त होने पर मालिक वेतन नहीं देता था तो राजा उसे वेतन देने के लिए बाध्य करता था। इसके अलावा वेतन के अनुपात में उसे जुर्माना भी भरना होता था। कात्यायन का कहना है कि अगर नौकर के पास से मालिक की कोई चीज चोरी चली जाती है, जल जाती है या बाढ़ में बह जाती है तो नौकर उसका हर्जाना देने के लिए बाध्य नहीं है। अगर कोई मालिक अपने बीमार नौकर को सड़क पर छोड़कर चला जाए तो उस पर जुर्माना हो सकता है।[२]

७. जमानत और बिना जमानत के कर्ज

बाद की स्मृतियों ने मनु तथा याज्ञवल्क्य की कर्ज सम्बन्धी धाराओं को विकसित किया है।[३] उनके विवरण संक्षेप में इस प्रकार हैं :—

(i) कर्ज की किस्में

पूर्ववर्ती स्मृति ग्रन्थों की तरह कर्जों की कई किस्में मानी गयी हैं; जैसे बगैर जमानत के, जमानत के साथ (प्रतिभू) तथा जमानत या गिरवी के साथ (आधि)।

---

१. **बृहस्पति** I, १५, १५-१६; **कात्यायन** ६५७ प. पृ. १७३ प. पृ.; रेकार्ड, पृ. ६१ प. पृ.

२. **बृहस्पति** I, १५, ३-७, ९-११ और **कात्यायन** ६५७-६०; **मनुस्मृति** VIII, २१५ तथा याज्ञवल्क्य II, १९३।

३. देखिए कॉणे, पू. पू., पृ. ४१८ प. पृ.।

बृहस्पति तथा कात्यायन ने गिरवी की भी चार श्रेणियाँ बतायी हैं। नारद ने चार-पाँच किस्म की जमानतों का उल्लेख किया है। साथ में गिरवी और जमानत सम्बन्धी कानून के विस्तृत वर्णन भी हैं। लेकिन यहाँ पूरे विस्तार में जाना सम्भव नहीं हैं।[1]

(ii) ब्याज सम्बन्धी कानून

नारद और बृहस्पति ने अनेक प्रकार के ब्याजों का उल्लेख किया है; जैसे लेनदार द्वारा अपने किसी प्रयोग में लाया जाने वाला, समय-समय पर चुकाया जाने वाला, ब्याज पर ब्याज (अर्थात् चक्रवृद्धि ब्याज), अनुबन्धित ब्याज, दैनिक ब्याज और आबन्ध ब्याज। अन्य दृष्टियों से ब्याज की दरों के मामले में बाद के स्मृतिग्रन्थ पूर्ववर्ती स्मृतिग्रन्थों का अनुसरण करते हैं। मनु और याज्ञवल्क्य ने वैध ब्याज की दर सवा प्रतिशत प्रति मास बतायी है, लेकिन विशेष परिस्थितियों में अतिरिक्त दर की गुंजाइश भी रखी है। नारद और कात्यायन के अनुसार मित्रता अथवा अनुबन्ध के बगैर दिये गये कर्जों पर ब्याज नहीं लगता और अगर माँगने पर भी कोई कर्ज की रक्म न लौटाए तो ब्याज की दर ५ प्रतिशत हो सकती है। ब्याज के अनुसार जमानत, गिरवी और बगैर जमानत पर दिये गये कर्जे के ब्याज की दर क्रमशः $1\frac{1}{4}$ प्रतिशत, $1\frac{2}{3}$ प्रतिशत और २ प्रतिशत प्रति माह होनी चाहिए। बृहस्पति और कात्यायन का कहना है कि अगर कर्ज लेने वाले ने मुसीबत के समय कर्ज लिया है तो उसे इन वैध दरों से ऊँची दर पर ब्याज देना होगा। साधारण परिस्थितियों में लिये गये कर्ज पर ब्याज की दर यही रहेगी। बाद की स्मृतियों ने भी सूदखोरी के विरुद्ध इसी तरह के नियम बनाये थे। मनु और याज्ञवल्क्य ने यह सामान्य नियम बनाया कि किसी भी लम्बे अर्से में जमा हो गयी सूद की राशि का जोड़ कर्ज की रकम से ज्यादा नहीं होना चाहिए। लेकिन कुछ चुनी हुई वस्तुओं के कर्ज पर अतिरिक्त सूद की अनुमति दी गयी थी। बाद की स्मृतियों ने भी इसी तरह की धाराएँ बनायी थीं। सोना, अनाज, कपड़ों, और द्रव्यों पर सूद की दर २, ३, ४ और ८ गुनी थी (नारद); ताम्बे की बनी और कुछ अन्य वस्तुओं पर ४ गुनी थी। जेवरात, मोती, प्रवाल, सोना, चाँदी, फल, रेशमी और ऊनी कपड़े पर दुगुनी थी। सोना और चाँदी के सिवा दूसरी धातुओं पर ५ गुनी, तेल, मदिराओं, घी, गुड़, नमक और जमीन पर आठ गुनी; (कात्यायन)। उपर्युक्त अन्तर स्पष्टतः उपभोग की अनेक वस्तुओं की माँग और आपूर्ति के सम्बन्धों के परिवर्तनों को सूचित करते हैं।[2]

---

१. **बृहस्पति** I, १०, ३८ प. पृ.; वही ७३, **कात्यायन** ५१६ प. पृ., ५३० प. पृ.।

२. **नारद** I ९८; **बृहस्पति** I, १०, ४ प. पृ.; **कात्यायन** ५०५ प. पृ और **शूलपाणि** द्वारा उद्धृत **याज्ञवल्क्य** में व्यास II, ३७।

(iii) ऋणदाता और ऋणी के सम्बन्ध

बाद की स्मृतियों में ऋणदाता के स्वत्व को पूरी तरह सुरक्षित रखा गया है। बृहस्पति के अनुसार ऋणदाता को पर्याप्त जमानत लेकर अथवा लिखित दस्तावेज पर गवाहों के हस्ताक्षर लेकर कर्ज देना चाहिए। बृहस्पति ने भी मौखिक गवाही की अपेक्षा बन्धक के लिखित प्रमाण-पत्र को अधिक प्रामाणिक माना है। कात्यायन ने कई प्रकार के जमानतियों की अयोग्यता, लिखित दस्तावेजों की अनिवार्यता, गवाहों की योग्यता और अयोग्यता के विस्तृत विवरण दिये हैं।[१] बृहस्पति और कात्यायन ने कर्जदार से कर्ज का पैसा वसूल करने की प्रक्रिया सम्बन्धी पुरानी धाराओं को दुहराया है। प्रपंच, बलप्रयोग, काम निकलवाना, सार्वजनिक दबाव और मुकदमा, ये सब तरीके न्यायसंगत ठहराये गये हैं। साथ ही एक बचाव-खंड भी दिया गया है; वह यह कि अगर कोई ऋणी न्यायालय द्वारा जाँच चाहता हो और ऋणदाता (उत्तमर्ण) उसे तंग करना चाहता हो तो वह कर्ज की रक्म वापस पाने का हकदार नहीं रहेगा और उतनी ही रक्म का जुर्माना भरेगा।[२]

८. शिल्पी-संघ और साझेदारी

अब दो अन्य आर्थिक संगठनों, शिल्पी-संघों और साझेदारियों के सम्बन्ध में विचार करना शेष रह गया है। मनु तथा बाद की सभी स्मृतियों में "अनुबन्धों का उल्लंघन" **(संवित् व्यतिक्रम)** अथवा अनुबन्धों का पालन न करना **(समयानपाक्रम)**[३] शीर्षक एक नियम है जिसका सम्बन्ध समुदायों (समूहों अथवा वर्गों) से है। वर्गों में **श्रेणी, पूग** और **नैगम** भी सम्मिलित हैं। शिल्पियों और व्यापारियों के संगठनों को प्रारम्भिक बौद्ध साहित्य के काल से ही **श्रेणी** का नाम दिया गया है। अलग-अलग लेखकों ने **पूग** शब्द की अलग-अलग परिभाषा दी है, लेकिन कात्यायन के अनुसार व्यापारियों के समूह आदि को **पूग** कहते हैं। कात्यायन के अनुसार एक ही नगर के बहुत से निवासियों के लिए फीका सा शब्द है, **नैगम**। लेकिन **अमरकोश** में इस शब्द का प्रयोग व्यापारी के लिए किया गया है।[४] बाद की स्मृतियों में शिल्पी-संघों और सम्बद्ध

---

१. **बृहस्पति** I. १०, ५ प. पृ.; तथा **कात्यायन,** ११४ प. पृ. (गवाहों की अयोग्यताएँ); **कात्यायन** २१५ प. पृ. (लिखित दस्तावेजों की आवश्यकताएँ); वही ५४९ प. पृ. (गवाहों की योग्यताएँ और अयोग्यताएँ)।

२. **बृहस्पति** I. १०, ९ प. पृ. तथा **कात्यायन,** ४७७, ५८०, (कर्ज की रक्म वसूल करने की कारवाई)।

३. अंगरेजी संस्करण में यह संभवत: **समयानुपक्रम** के स्थान पर गलत छप गया है।

४. **कात्यायन** ६७८-७९ (**पूग** तथा **निगम**); **अमरकोश** II ९, ९८ (**नैगम**)। समूहों सम्बन्धी स्मृतियों के विस्तृत नियमों की जानकारी के लिए देखिए काणे, पू. पु., परिच्छेद XVIII तथा XXI।

संस्थाओं की प्रतिष्ठा बढ़ाने की प्रवृत्ति दिखाई देती है। हम निम्नलिखित शीर्षकों के अन्तर्गत इस पर चर्चा कर सकते हैं :—

(i) शिल्पी-संघों का संगठन-विधान
(ii) उनकी प्रथाओं और समझौतों का पालन
(iii) सदस्यों के अधिकार और कर्तव्य

(i) शिल्पी-संघों का संगठन-विधान

बाद की स्मृतियों के अनुसार **श्रेणियों** और अन्य संस्थाओं के मुखिया उच्चाधिकारी होने चाहिएँ (**अध्यक्ष** अथवा **मुख्य**) जिनकी सहायता के लिए दो, तीन या पाँच सलाहकारों की समिति होनी चाहिए जो सार्वजनिक हित के लिए (**समूहहितवादी**) तथा सार्वजनिक कार्य के लिए (**कार्य-चिन्तक**) काम करें। कार्यकारी अधिकारियों से सम्बद्ध धाराओं में प्रशासकीय विकेन्द्रीकरण के लिए बहुत स्थान रखा गया है और साधारण सदस्यों को भी कई अधिकार दिये गये हैं। बृहस्पति के अनुसार अध्यक्ष को इस बात का पूरा अधिकार है कि वह गलत काम करने वालों की भर्त्सना करे और उन्हें फटकारे या जातिच्युत कर दे। कर्तव्यपालन के सिलसिले में उनके फैसले राजाओं द्वारा भी मान्य होंगे। क्योंकि लेखक के शब्दों में "ऋषियों की दृष्टि में ये अधिकार उन्हें सौंपे गये हैं।" नारद के विचार में शिल्पी-संघों और ऐसी संस्थाओं को सलाहकारों के मत पर चलना चाहिए। दूसरी ओर मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और अन्य संस्थाओं के बीच उठने वाले विवादों का निपटारा राजा द्वारा होना चाहिए।[१]

(ii) शिल्पी-संघों की रूढ़ियाँ या संविदाएं

नारद और बृहस्पति ने विभिन्न संस्थाओं द्वारा किये गये आपसी समझौतों के कई दृष्टान्त दिये हैं। कात्यायन ने इन समझौतों को **स्थितिपत्र** का नाम दिया है। उसकी परिभाषा के अनुसार अपनी प्रथाओं को बनाये रखने के लिए **श्रेणियां** अथवा अन्य संस्थाएं समझौतों के जो दस्तावेज तैयार करती हैं, उन्हें **स्थितिपत्र** कहते हैं। बृहस्पति ने इन्हें **संवित्पत्र** कहा है। नारद का कहना है कि **नैगमों, श्रेणियों, पूगों** तथा अन्य संस्थाओं के आपसी समझौते राजा द्वारा लागू किये जाने चाहिएँ, सिवा उन समझौतों के जो राजा के और जनता के हितों के विरुद्ध हों या जिन्हें जनता नापसन्द करती हो। कात्यायन के अनुसार संस्थाओं के सदस्य हर काम में अपनी संस्था के नियमों और समझौतों का अपने व्यक्तिगत कर्तव्यों को (शास्त्रों के नियमों के अनुसार) पूरा करते हुए और अगर राजा के आदेश इन नियमों के विरुद्ध नहीं हैं तो, पालन करने के लिए बाध्य हैं। जो व्यक्ति समर्थ होते हुए भी प्रथा का पालन नहीं करता, बृहस्पति के अनुसार उसकी जायदाद जब्त की जा सकती है और उसे देश निकाले का कठोर दंड दिया जा सकता है।

---

१. **बृहस्पति,** पृ. १५१, श्लो. ८ ए.।

(iii) शिल्पी-संघ के सदस्यों के अधिकार तथा कर्तव्य

नारद ने विभिन्न दलों द्वारा अवैध सम्मिलन, झगड़ों और अवैध ढंग के शस्त्र धारण करने पर पाबन्दी लगायी है ।[१] जो सामूहिक हित को हानि पहुँचाता है या वेदों के विद्वानों का अनादर करता है, उसके लिए बृहस्पति ने देश निकाले के कठोर दंड की व्यवस्था की है । कात्यायन के अनुसार जघन्य अपराध करने वाले को, फूट डालने वाले को या संस्थाओं की सम्पत्ति को हानि पहुँचाने वाले को राजा के सामने दोषी प्रमाणित करके "नष्ट" कर देना चाहिए । दूसरी ओर बृहस्पति ने कहा है कि सलाहकारों की समिति द्वारा प्राप्त राशि या सम्पत्ति, राजा की कृपा से प्राप्त सम्पत्ति अथवा संस्था के हित के लिए लिये गये कर्ज में सारे सदस्य भागीदार हैं ।[२]

बाद की स्मृतियों में दिये गये शिल्पी-संघों के सम्बन्धित नियमों का आंशिक समर्थन उन मिट्टी की मुहरों से होता है जो बसाढ़ (प्राचीन वैशाली) तथा भिट (इलाहाबाद के निकट) की खुदाई में गुप्तकाल के अवशेषों से मिली हैं । इन मुहरों पर गुप्त लिपि (भिट) की **निगम** प्रशस्ति, विशेषकर **श्रेणीकुलिक**—निगम तथा **श्रेणी सार्थवाह, कुलिक-निगम** (बसाढ़) की प्रशस्तियाँ अंकित हैं । इन नामों को अक्सर कुछ व्यक्तियों के साथ जोड़ा जाता है ।[३] यहाँ सम्भवतः उन प्रथाओं या समझौतों का हवाला मिलता है जो स्थानीय औद्योगिक और व्यापारी समूहों ने व्यक्तियों अथवा सदस्यों से व्यक्तिगत रूप से किये थे । इन दस्तावेजों को बाद की स्मृतियों के पारिभाषिक शब्दों में **स्थितिपत्र** अथवा **संवित्पत्र** कहेंगे ।

इसके बाद गुप्त सम्राटों के काल में शिल्पी-संघ की कार्यप्रणाली के ठोस उदाहरण दिये जा सकते हैं । इन्दौर से प्राप्त सम्राट् स्कन्दगुप्त[४] के ताम्रपत्र में एक ब्राह्मण दानी द्वारा एक सूर्य मन्दिर के लिए (रोजाना) तेल के निश्चित परिमाण के लिए तेलियों के स्थानीय शिल्पी-संघ के लिए स्थायी निधि (चिरस्थायी दान) की रक्म दर्ज है । निस्संदेह शिल्पी-संघ ने यह राशि अपने या किसी और व्यापार में लगा दी होगी, ताकि उसकी आय से यह खर्च निकाला जा सके । गुप्तकाल का यह दस्तावेज पूर्वकाल के उन ऐतिहासिक अभिलेखों की श्रेणी में है जिनमें राजकुमारों और निजी व्यक्तियों द्वारा दान अथवा धार्मिक अनुष्ठानों के नियमित पालन के लिए शिल्पी-संघों को दिये

---

१. नारद X, ३-४, ७; **बृहस्पति,** प. १५०, श्लो. ५ प. पृ. **कात्यायन** ६६८-७० ।

२. **नारद** X, ५-६; **बृहस्पति,** पृ. १५४, श्लो. २३ प. पृ. **कात्यायन** ६७१-७२, ६७७ ।

३. हवाले के लिए देखिए आ. स. इ. १९०३-४, पृ. १०१ प. पृ. और ताम्रपट (टी. ब्लाख द्वारा बसाढ़ की खुदाई में प्राप्त); वही ११०-११, पृ. ५६ प. पृ. (सर जॉन मार्शल द्वारा भिट की खुदाई) । प्रस्तुत लेखक का "गुप्तकाल की ग्राम सभाओं, आर्थिक शिल्पी-संगठनों और धार्मिक तथा अन्य मंडलियों की कार्यप्रणाली" शीर्षक लेख (जर्नल ऑफ दि एसियाटिक सोसाइटी, भाग-१, १९५९, सं. २) भी देखें ।

४. का. इ. इ., पृ. ७० प. पृ. ।

गये अनुदान के विवरण दर्ज हैं। उपर्युक्त उदाहरण से पता चलता है कि शिल्पी-संघ धर्मार्थ न्यासों के लिए बैंक का काम भी करते थे और अनुदान की रक्म भी लेते थे।

स्मृतियों में **सम्भूयसमुत्थान** (व्यापार में साझेदारी) शीर्षक से एक अलग कानूनी खंड दिया गया है। इस विषय पर पुरानी स्मृतियों का दृष्टिकोण अपनाया गया है। सबसे पहले देयादेय पर विचार करते हुए लिखा गया है कि हर सदस्य की आमदनी समझौते अथवा उसके हिस्से के अनुपात में होनी चाहिए। कात्यायन के अनुसार साझेदारों को समझौते की शर्तों के अनुसार माल की कीमत, खुराक, तथा अन्य खर्चे, हानि, माल का भाड़ा और बहुमूल्य सम्पत्ति की देखभाल के खर्च में हिस्सा बंटाना चाहिए। नकदी (सोना), अनाज अथवा द्रव्य पदार्थों के साझेदारों के हिस्से साझी पूँजी में उनके हिस्सों के अनुसार होंगे। जाहिर है कि कारीगरों के लिए अलग नियम होंगे, क्योंकि हर साझेदार से अलग-अलग किस्म के हुनर की उम्मीद की जाती है। बृहस्पति और कात्यायन के अनुसार चार प्रकार के शिल्पी, अर्थात् नौ सिखिया (शिक्षक), ऊँची कक्षा के विद्यार्थी (अभिज्ञ), विशेषज्ञ (कुशल) और अध्यापक (आचार्य) लाभ को १ : २ : ३ : ४ के अनुपात में बाँटें। इन्हीं स्मृतिकारों का आदेश है कि महल बनाने वाले राजगीरों में, मुख्य वास्तुकार को लाभ के दो भाग मिलने चाहिएँ। साझेदारों के अधिकार और कर्तव्य सम्बन्धी कानूनों में हम पढ़ते हैं कि सम्पत्ति का दसवाँ हिस्सा उस व्यक्ति को मिलना चाहिए, जिसने उसे खतरे से बचाया हो, बाकी सम्पत्ति सब साझेदारों में बंटनी चाहिए। अगर कोई साझेदार दूसरे साझेदारों की मर्जी से कोई सम्पत्ति देता है या दस्तावेज बनाता है तो वह सर्वमान्य होगा। दूसरी तरफ अगर किसी साझेदार की लापरवाही से या दूसरों की स्वीकृति के बगैर कोई कार्यवाई करने से नुकसान होता है तो उसे उसका हर्जाना भरना पड़ेगा। क्रय और विक्रय के मामले में अगर किसी साझेदार ने धोखे से काम लिया है तो उसे शंका से मुक्त होने के लिए शपथ उठानी पड़ेगी। अगर धोखे का सन्देह हो तो साझेदार स्वयं गवाही दे सकते हैं और मामले की जांच कर सकते हैं बशर्ते अभियुक्त के विरुद्ध उनके मन में पूर्वग्रह न हो। अगर कोई साझेदार किसी काम को खुद नहीं कर सकता तो वह किसी प्रतिनिधि से वह काम करवा सकता है, लेकिन अगर वह धूर्ततापूर्ण व्यवहार करता है तो उसे उसके लाभ से वंचित करके साझेदारी से निकाल देना चाहिए।[१]

लोगों की सामान्य आर्थिक अवस्था

उच्च जीवन-स्तर तथा नागरिक जीवन की विलासिता, जिसकी साक्षी गुप्तकाल की साहित्यिक कृतियाँ हैं, कम-से-कम उच्च वर्ग की आर्थिक सम्पन्नता की सूचक हैं।

---

१. **नारद** VI, १ प. पृ.; **बृहस्पति** I, १३, १-३९; **कात्यायन** ६२४ प. पृ., सम्पूर्ण विषय के लिए देखिए काणे, पू. पु. II, पृ. ४६६-७०।

तत्कालीन चीनी यात्रियों के तथ्यात्मक विवरणों में भारतीय जनता की आर्थिक स्थिति का पता चलता है। फा-हिएन के अनुसार पाँचवीं सदी के प्रारम्भ में "मध्यवर्ती राज्य" के लोग सुखी और सम्पन्न थे। फा-हिएन ने विशेष रूप से सांकाश्य और मगधवासियों की सम्पन्नता का हवाला दिया है। हिउएनत्सांग के अनुसार सातवीं सदी के पूर्वार्ध में गान्धार के नगर और गाँव (निस्सन्देह पहली सदी में हूणों द्वारा की गई लूटमार के कारण) उजाड़ पड़े थे। नेपाल के पहाड़ों के नीचे का पूरा प्रदेश, जिसमें श्रावस्ती, कपिलवस्तु, रामग्राम और कुशीनगर सम्मिलित थे, उजाड़ पड़े थे—उस समय वहाँ लुटेरों और जंगली जानवरों का वास था। पूर्वी तटवर्ती इलाकों की, जिसमें कलिंग, धनकटक और चोल सम्मिलित थे, आबादी बहुत कम थी। चोल प्रदेश में जंगल फैले हुए थे। टक्क के पूर्व से लेकर महाराष्ट्र तक जंगलों का फैलाव था। लेकिन निस्संदेह देश का बहुत बड़ा इलाका सम्पन्न था। इसका परोक्ष प्रमाण चीनी यात्रियों के विवरण से मिलता है, जिनमें उन्होंने कुछ इलाके के लोगों की कीमती और भड़कीली पोशाकों और दूसरे प्रदेशों में धनी परिवारों की संख्या का हवाला दिया है। यह हिउएनत्सांग की प्रत्यक्ष साक्षी से भी सिद्ध होता है जिसमें उसने बहुत से इलाकों के लोगों की सम्पन्नता का उल्लेख किया है।[1] इससे भी ज्यादा इस काल के समाज की सामान्य शान्ति और सम्पन्नता का स्पष्ट प्रमाण स्थापत्य, मूर्तिकला और चित्रकला के विभिन्न नमूनों से मिलता है जिनका उल्लेख उन्नीसवें परिच्छेद मे किया गया है।

---

१. या. ट्रै. वा., I २८६, ३४० (टक्क और कान्यकुब्ज के लोगों की शानदार पोशाकें); वही, ३१६ (स्थाण्वीश्वर के धनी परिवार); वही I, २९६, २९९, ३३०, ३४०; वही, II, ४७, ५९, १८४, १९०, १९१, २००, २४३, २४५-५० (जालन्धर, शतद्रु, ब्रह्मपुत्र, गोविषाण, कान्यकुब्ज, वाराणसी, चान-चू, पुण्ड्रवर्धन, ताम्रलिप्ति, कर्णसुवर्ण, दक्षिण कोसल, आ-ता-ती, कच्छ, वलभी, आनन्दपुर, सूरत, गुर्जर तथा उज्जयिनी की सम्पन्नता); ताम्रलिप्ति के लोगों के धनवैभव के लिए देखिए **रेकार्ड**, तक्कुसु की सामान्य भूमिका, पृ. xxxiv।

परिच्छेद : २३

बाहरी दुनिया से सम्पर्क

१. चीन—तांग काल तक

पहले के एक परिच्छेद[1] में बताया जा चुका है कि ईसवी सन् की पहली तीन सदियों में कैसे भारतीय संस्कृति के साथ-साथ बौद्धधर्म मध्य एशिया में फैल गया था और निश्चितरूप से चीन में उसने कदम जमा लिये थे। शताब्दियों के बीतने के साथ-साथ चीन में बौद्ध धर्म का प्रभाव बढ़ता गया और पहले की तरह मध्य एशिया की विविध कौमों के बौद्ध भिक्षुओं ने धर्मप्रचार में भाग लिया था।

चौथी सदी ईसवी से कुचि के भिक्षु चीन में बौद्ध धर्म का प्रचार करने में अग्रणी रहे थे। उनमें सबसे महान् कुमारजीव था जिसका जीवन इस काल की अद्भुत धार्मिक और सांस्कृतिक अन्तरराष्ट्रीयता का उदाहरण है।

कुमारजीव के पिता कुमारायण, एक भारतीय रियासत के पुश्तैनी मन्त्रियों के परिवार में पैदा हुए थे। लेकिन वे इस उच्च पद का अधिकार अपने रिश्तेदारों को सौंप कर कुचि चले गये। कुचि के राजा ने उनका हार्दिक स्वागत किया और जल्द ही वे तरक्की करके **राजगुरु** के ओहदे पर पहुँच गये। उन्होंने राजकुल की एक राजकुमारी जीवा से विवाह किया, जो उनसे प्रेम करती थी। अपने पुत्र कुमारजीव के जन्म के बाद जीवा बौद्ध भिक्षुणी बन गयी और जब कुमारजीव नौ बरस का हो गया तो वह उसे अपने साथ कश्मीर ले गयी। यहाँ आकर कुमारजीव ने बन्धुदत्त नाम के शिक्षक से बौद्ध साहित्य तथा दर्शन पढ़ा और वह बहुत से विषयों में पारंगत हो गया। अध्ययन समाप्त करने के बाद कुमारजीव अपनी माँ के साथ मध्य एशिया की अनेक विख्यात बौद्ध संस्थाएँ देखने गया, और उसने एक बौद्ध विद्वान् के रूप में ख्याति अर्जित की। फिर वह कुचि लौट आया। कुछ समय बाद ही कुचि और चीन में लड़ाई छिड़ गयी। चीनी सेना ने कुचि को घेर लिया और बहादुरी से लड़ने के बाद कुचि ने आत्मसमर्पण कर दिया। उस जमाने की प्रथा के अनुसार, विजयी चीनी सेनापति, विख्यात विद्वान् कुमारजीव को अपने साथ चीन लेता गया। यह घटना ईसवी सन् ३८३ की है। कुमारजीव कू-त्सांग के शासक के साथ कान-सू में करीब पन्द्रह बरस तक रहा। बार-बार चीन के सम्राट् ने उसे निमंत्रित किया और वह ४०१

१. जिल्द II, परि. २५ (अँगरेजी संस्करण)।

ईसवी में चीन की राजधानी के लिए रवाना हो गया। तबसे लेकर ४१२ ईसवी तक कुमारजीव ने चीन की राजधानी में रहकर काम किया। उसने बौद्ध पुस्तकों के अनुवाद तथा बौद्ध धर्म और दर्शन की व्याख्या में अपनी सारी शक्ति लगा दी। उसने संस्कृत से करीब सौ पुस्तकों का अनुवाद किया। चीन में महायान दर्शन की व्याख्या करने वाला वह पहला व्यक्ति था। उसे संस्कृत और चीनी भाषा पर अधिकार था और अनेक दार्शनिक विषयों का विद्वान् होने के नाते वह इस काम के लिए सर्वथा उपयुक्त था। चीन के विभिन्न प्रदेशों के विद्वान् उसके शिष्य बन गये थे। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि वह चीन में बौद्ध धर्म के इतिहास में एक नये युग का प्रवर्तक था।

कुमारजीव की माँ उसे कुचि से सुदूर कश्मीर में शिक्षा दिलाने के लिए ले गयी थी। इस तथ्य से स्पष्ट होता है कि उस काल के बौद्ध संसार में कश्मीर की स्थिति कितनी महत्त्वपूर्ण थी। इसलिए यह सर्वथा स्वाभाविक ही था कि कश्मीर के विद्वान बौद्ध भिक्षु चीन में बौद्ध धर्म के प्रचार में आगे बढ़कर भाग लेते। कहा जाता है कि चौथी, पाँचवीं और छठी सदी ईसवी में कश्मीर से चीन जाने वाले बौद्ध विद्वानों की संख्या भारत के अन्य भागों से गये विद्वानों की कुल संख्या से भी अधिक थी। इन कश्मीरी विद्वानों में संघभूति (३८१-३८४ ई०)[1] गौतम संघदेव (३८४-३९७ ई०), पुण्यत्रात (४०४ ई०), विमलाक्ष (४०६-४१३ ई०), बुद्धजीव (४२३ ई०), धर्ममित्र (४२४-४४२ ई०) तथा धर्मयश (४००-४२४ ई०) विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। इनमें से दो पुण्यत्रात और विमलाक्ष ने कुमारजीव की सहायता की थी और धर्मयश पुण्यत्रात का शिष्य था। ये सब बौद्ध ग्रंथों के चीनी भाषा में अनुवाद करने और बौद्ध-धर्म की व्याख्या में जुटे रहे। उन्हें जनता और अधिकारियों से बहुत सम्मान प्राप्त हुआ था।

एक अन्य कश्मीरी विद्वान् बुद्धयश का नाम भी महत्त्वपूर्ण है। वह एक ब्राह्मण परिवार में पैदा हुआ था, लेकिन बौद्ध भिक्षु बन गया था। अध्ययन समाप्त करने के बाद वह मध्य एशिया चला गया। काशगर के राजा ने एक धार्मिक अनुष्ठान में तीन हजार बौद्ध भिक्षुओं को निमन्त्रित किया था, और बुद्धयश उन्हीं के साथ गया था। राजा उससे बहुत प्रभावित हुआ और उसने बुद्धयश को महल में रहने का निमंत्रण दिया। वहीं कुमारजीव उसे मिला और उसके साथ उसने पवित्र ग्रन्थों का अध्ययन किया। कुमारजीव के वापस लौटने के बाद जब कुचि पर चीनियों ने हमला किया तो कुमारजीव ने काशगर के राजा से सहायता की प्रार्थना की। बुद्धजीव के देखभाल की

---

१. कोष्ठकों के भीतर दी गयी तारीखें चीन में उसके ज्ञात निवासकाल की हैं। भारतीय और चीनी धर्मप्रचारकों और चीन में बौद्ध धर्म की प्रगति का विवरण डॉ. पी. सी. बागची की पुस्तक "इण्डिया ऐंड चाइना" तथा "सिनो-इंडियन स्टडीज", जि. I, पृ. १-१७, ६५-८४ में छपे उनके लेखों पर आधारित हैं। अन्य स्रोतों का हवाला अलग से दिया गया है।

जिम्मेदारी युवा राजकुमार पर छोड़कर काशगर का राजा सेना लेकर कुचि के लिए चल पड़ा। कुचि के आत्मसमर्पण और कुमारजीव के निर्वासन की खबर सुनकर बुद्धयश बहुत दुःखी हुआ। वह दस बरस और काशगर में रहा और फिर कुचि चला गया। एक साल बाद वह चीन चला गया और कुमारजीव के साथ काम करने लगा। कुमारजीव की मृत्यु के बाद वह कश्मीर लौट आया। वह अपने सिद्धान्तों का इतना पाबन्द था कि उसने किसी से, यहाँ तक कि सम्राट से भी, कोई भेंट स्वीकार नहीं की, क्योंकि उसके विचार में भिक्षु के लिए यह अशोभनीय था।

एक अन्य महान् कश्मीरी गुणवर्मन् का उल्लेख करना जरूरी है। वह राज-परिवार में पैदा हुआ था, लेकिन बौद्ध भिक्षु बन गया था। जब वह तीस बरस का था, तो कश्मीर के राजा की मृत्यु हो गयी और मन्त्रियों ने उसे सिंहासन पर बैठने का निमन्त्रण दिया। गुणवर्मन् ने इनकार कर दिया और वह जंगल में जाकर रहने लगा। इसके बाद वह श्रीलंका जाकर बौद्ध धर्म का प्रचार करने लगा। उसके बाद उसने जावा जाकर राजा और राजमाता को बौद्ध धर्म की दीक्षा दी। इसी वक्त जावा पर विरोधी सेनाओं ने हमला किया। राजा ने गुणवर्मन् से पूछा कि क्या दुश्मन के खिलाफ लड़ना बौद्ध धर्म के सिद्धान्तों के प्रतिकूल है? गुणवर्मन् ने जवाब दिया कि लुटेरों से लड़ना हर आदमी का कर्तव्य है। धीरे-धीरे गुणवर्मन् के प्रयत्नों के फल-स्वरूप बौद्धधर्म सारे जावा में फैल गया। गुणवर्मन् का नाम और ख्याति अब सारे बौद्ध जगत् में फैल चुकी थी। ४२४ ईसवीं में नानकिंग के चीनी भिक्षुओं ने अपने सम्राट् से निवेदन करके गुणवर्मन् को चीन आने का निमन्त्रण भिजवाया। चीनी सम्राट् ने तदनुसार गुणवर्मन् तथा जावा के राजा के पास दूत भेजे। गुणवर्मन् नन्दी नाम के हिन्दू व्यापारी के जलपोत पर सवार हुआ और रास्ते में कई जगह रुकता हुआ ४३१ ई० में नानकिंग पहुँच गया। चीनी सम्राट् स्वयं उसका स्वागत करने के लिए आया था। उसे जेतवन विहार नामक मठ में ठहराया गया, जिसका नाम श्रावस्ती के विख्यात मठ के अनुकरण पर रखा गया था। श्रावस्ती का सम्बन्ध बुद्ध की पावन स्मृति से था। एक साल के भीतर ही गुणवर्मन् का देहान्त हो गया, लेकिन उसने इतना अधिक परिश्रम किया था इस अल्प अवधि के दौरान उसने कम से कम ग्यारह संस्कृत ग्रन्थों का चीनी भाषा में अनुवाद कर लिया था।

भारत के अन्य भागों से भी अनेक विद्वान् बौद्ध भिक्षु धर्मप्रचार के लिए चीन गये थे। इनमें से मध्य प्रदेश (मध्यभारत) के गुणभद्र (ई० ४३५-४६८), वाराणसी के प्रज्ञारुचि (ई० ५१६-५४३), उज्जयिनी के उपशून्य (छठी सदी) और पूर्वी भारत (अर्थात् बंगाल और आसाम) के तीन भिक्षु ज्ञानभद्र, जिनयशस् और यशोगुप्त (छठी सदी) के नाम उल्लेखनीय हैं। तीन अन्य भिक्षु बुद्धभद्र, विमोक्षसेन तथा जिनगुप्त उत्तर-पश्चिमी सीमा प्रदेश के रहने वाले थे। इनमें से प्रथम दो भिक्षु कपिलवस्तु के शाक्य वंश के थे। कहा जाता है कि जब कोसल के राजा विडूडभ[1] ने कपिलवस्तु पर हमला किया,

१. देखिए, जि. II, पृ. ६ (अँगरेजी संस्करण)।

तो शाक्य कुल के चार सदस्यों ने बुद्ध के अहिंसा सिद्धान्त का उल्लंघन किया और वे दुश्मन से लड़े। इस अपराध के लिए उन्हें निकाल दिया गया और उनमें से दो पश्चिम की तरफ चले गये जहाँ वे उड्डीयान (स्वात घाटी) और बामियान (काबुल के नजदीक) के शासक बन गये। विमोक्षसेन अपने को पहले का वंशज बताता था, और बुद्धभद्र, जिसका जन्म नगरहार (जलालाबाद) में हुआ था, शायद दूसरे का वंशज था। जब बुद्धभद्र काश्मीर में था, तो एक चीनी भिक्षु, जो फाहिएन के साथ भारत आया था, वहाँ आया और उसने वहाँ के बौद्ध समाज से निवेदन किया कि वे किसी विद्वान् को चीन भेजें। इस काम के लिए बुद्धभद्र को चुना गया और वह बर्मा और टोन्किन के रास्ते से चीन पहुंचा जहाँ उसने कुमारजीव के साथ मिलकर काम किया।[1]

तीसरा भिक्षु जिनगुप्त गान्धार में पैदा हुआ था और वह ज्ञानभद्र और जिनयशस् का शिष्य था, जिनका जिक्र हम ऊपर कर चुके हैं। वे चांग-न्यान पहुँचे (ईसवी ५५६ में) जहाँ सम्राट् के विशेष आदेश से उनके लिए एक मठ का निर्माण किया गया। राजनैतिक झगड़ों के कारण उन्हें चीन छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा (सन् ५७२ ई०)। स्वदेश-वापसी के समय वे रास्ते में तुर्कों के राजा के आग्रह पर तुर्कों के देश में रुके थे। जिनगुप्त के गुरुओं का वहीं देहान्त हो गया, लेकिन वह ५८१ ईसवी तक वहाँ रह कर धर्मप्रचार करता रहा और बौद्ध ग्रन्थों का अनुवाद करता रहा। ५८५ ईसवी में वह चीन लौट गया और ६०० ईसवी में उसका देहान्त हो गया।

हम कुछ दूसरे भारतीय भिक्षुओं का भी सविस्तार उल्लेख कर सकते हैं जिन्होंने चीन में धर्मप्रचार किया था। उनके जीवन विशेष रूप से दिलचस्प हैं।

धर्मक्षेम का जन्म मध्य भारत में हुआ था। वह कुचि से पश्चिमी चीन पहुँचा जो उस काल में एक स्वतन्त्र राज्य था। ४१४ ईसवी से ४३२ ईसवी तक वहाँ रहकर वह बौद्ध ग्रन्थों का अनुवाद करता रहा। फिर उसके मन में भारत लौटने की इच्छा पैदा हुई, लेकिन स्थानीय शासक ने उसे बाहर जाने की आज्ञा देने से इनकार कर दिया, क्योंकि उसे डर था कि कहीं वह अन्य चीनी राज्यों में न चला जाए। लेकिन धर्मक्षेम ने इस आदेश का उल्लंघन किया और वह यात्रा पर चला गया। निर्दयी राजा ने उसे ४३३ ईसवी में मरवा डाला। वह बौद्धधर्मपरायणता से हटकर बर्बरतापूर्ण क्रूरता का एकमात्र और विचित्र उदाहरण है।

भारत से चीन जाने वाले भिक्षुओं में भारत में सबसे अधिक विख्यात परमार्थ था। वह उज्जयिनी में पैदा हुआ था। बौद्ध ज्ञान के हर क्षेत्र में पारंगत होकर शायद वह पाटलिपुत्र में जा बसा था। उस काल में सम्राट् वू द्वारा भेजा गया एक प्रतिनिधि-मंडल मगध के राजा के पास आया और उन्होंने राजा से किसी विख्यात बौद्ध भिक्षु को चीन भेजने की याचना की। उस समय सम्भवतः अंतिम गुप्त शासक विष्णुगुप्त

---

१. अनेसकी के अनुसार बुद्धभद्र ३९८ ईसवी में चीन पहुँचा था, अर्थात् फाहिएन के भारत में दाखिल होने से दो बरस पहले। (ज. रा. ए. सो. १९०३, पृ. ३६८)।

का राज्य था। उसने इस काम के लिए परमार्थ को चुना जो अपने साथ बड़ी संख्या में बौद्ध ग्रन्थ लेता गया और ५४६ ईसवी में चीन पहुँचा। हालांकि राजनैतिक झगड़ों के कारण ५५७ ईसवी में उसके काम में रुकावट पड़ गयी थी, फिर भी वह ५६९ ईसवी तक, जब तक उसका देहान्त नहीं हुआ, वहीं रहा और उसने पूरे ७० बौद्ध ग्रन्थों का अनुवाद किया।

एक और प्रसिद्ध भिक्षु धर्मगुप्त का जन्म लाट (दक्षिणी गुजरात) में हुआ था। उसने कन्नौज के कौमुदी संघाराम के विद्वानों से शिक्षा प्राप्त की थी। वह टक्क (उत्तरी पंजाब) के देवविहार नामक राज-मठ में कुछ दिन रहने के बाद चीन चला गया। उसने अफगानिस्तान के रास्ते स्थलमार्ग से यात्रा की और रास्ते में वह कपिशा (काफिरिस्तान), बदख्शाँ, वखाँ, और ताश कुरघाँ में भी ठहरा। दो बरस तक वह काशगर के राज-मठ में रहा, फिर उत्तरी रास्ते से आगे चल पड़ा। वह कुचि, अग्निदेश, (कारा शहर), तूर्फा और हमी से गुजरा। ये सब स्थान बौद्ध मत के केन्द्र थे और यहाँ के भिक्षु भारतीय भिक्षु की विद्या से लाभ उठाना चाहते थे। इनमें से हर स्थान पर एक या दो बरस गुजारने के बाद धर्मगुप्त ५९० ईसवी में चांगन्गान पहुँचा। बौद्ध ग्रन्थों के अनुवाद के अलावा, कहा जाता है कि उसने उन सभी देशों का सूक्ष्म भौगोलिक विवरण भी दिया जिनकी उसने यात्रा की, यहाँ तक कि उन देशों की शासन-व्यवस्था, सामाजिक और आर्थिक परिस्थिति का, जिनमें खान-पान, पोशाक शिक्षा और रीति-रिवाज भी शामिल हैं, इस ग्रन्थ में जिक्र किया। भारतीय लेखक का यह ग्रन्थ एक अपूर्व साहित्यिक कृति रही होगी, लेकिन दुर्भाग्य से इसकी कोई प्रति नहीं बची है।

जिस भिक्षु को चीन में सबसे अधिक ख्याति प्राप्त हुई थी, वह था बोधिधर्म। वह एक भारतीय राजा का (शायद काँची के पल्लव राजा का) तीसरा पुत्र था। वह एक प्रकार से अर्ध-मिथक व्यक्ति है। कहा जाता है कि उसने बहुत से चमत्कार किये थे। सम्राट् वू ने उसका स्वागत किया। चीन में ध्यानपरायण महायान बौद्ध धर्म लाने का श्रेय इसी को प्राप्त है। वह छठी सदी ईसवी के दूसरे चतुर्थांश में चीन गया था। यहाँ विनतिरुचि का उल्लेख भी अपेक्षित है जो दक्षिण भारत का एक ब्राह्मण था और ५८२ ईसवी में चीन की राजधानी में पहुँचा था। उसने चीनी भाषा में दो कृतियों का अनुवाद किया। इसके बाद वह टोन्किन चला गया, जहाँ उसने ध्यान-मार्ग की स्थापना की।[१]

चौथी-पाँचवी सदी ईसवीं में, चीन में, भारतीय धर्म-प्रचारकों की जिन गति-विधियों का विवरण हम ऊपर दे चुके हैं, उनका चीन-निवासियों पर गहरा प्रभाव

---

१. डॉ. पी. सी. बागची के अनुसार विनीतरुचि उड्डियान का बौद्ध भिक्षु था। (इंडिया ऐंड चाइना पृ. २२८); देखिए वु. ल. फ्रा. द. ओ. XXXII, २३५ जिसमें टोन्किन में उसके कार्यों का विवरण है। चीन जाने वाले अन्य धर्मप्रचारकों के, विशेषकर लंका के प्रचारकों के, विवरण के लिए देखिए ज. रा. ए. सो. १९०३, पृ. ३६८-७०।

पड़ा । सबसे पहले तो चीनियों में बौद्ध धर्म और भारतीय संस्कृति के प्रति दिलचस्पी बढ़ी । दूसरे बौद्ध धर्म का साक्षात् ज्ञान प्राप्त करके, भारत में जाने और भारतीय संस्कृति के सम्पर्क में आने की उनकी रुचि और भी बढ़ गयी ।

चौथी सदी ईसवी के उत्तरार्ध में महान् चीनी विद्वान् ताओ-न्गन के जीवनवृत्त से चीन की इस नयी प्रवृत्ति का पता चलता है । ताओ का जन्म एक ऐसे परिवार में हुआ था, जो चीनी क्लासिकी ग्रन्थों के विद्वान्, और कन्फ्यूशसवाद के भक्त थे । ताओ न्गन कट्टर बौद्ध बन गया और उसने योग्य शिक्षकों की सहायता से बौद्ध साहित्य का अध्ययन किया । उसने बौद्ध ग्रन्थों के चीनी अनुवादों को आलोचनात्मक दृष्टि से पढ़ा, उनकी त्रुटियाँ दूर कीं और बौद्ध दर्शन और सिद्धान्तों का सच्चा अर्थ समझाने के लिए अनेक टीकाएँ लिखीं । उसकी विद्वत्ता और पवित्र ग्रन्थों पर अधिकार से आकर्षित होकर सारे चीन से लोग उसके पास आते थे । वह उन्हें पूर्णतः प्रशिक्षित करके बौद्ध-मत का प्रचार करने के लिए देश के विभिन्न भागों में भेजता था ।

ताओ-न्गन ने भारत पर एक पुस्तक भी लिखी, ताकि चीन के बौद्ध भिक्षुओं को भारत की पुनीत भूमि की यात्रा के लिए प्रेरणा मिले । इसके फलस्वरूप बहुत से लोग लम्बी और जोखिमभरी यात्रा पर चल पड़े । उनका मुख्य उद्देश्य न केवल बौद्ध धर्म के सच्चे सिद्धान्तों तथा भिक्षुओं और साधारण लोगों द्वारा आचरण के सही सिद्धान्तों का प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त करना था, बल्कि वे बौद्ध ग्रन्थ, पवित्र स्मृतिशेषों को इकट्ठा करके और बुद्ध से संबंधित पवित्र स्थानों की यात्रा करके पुण्य अर्जित करना चाहते थे ।

३९९ सदी ईसवी में फा-हिएन के नेतृत्व में पाँच भिक्षु भारत के लिए रवाना हुए । देश की सीमा पर उन्हें पाँच और भिक्षुओं का दल मिला जो कुछ पहले चल पड़े थे । कुछ समय के लिए ये लोग एक साथ यात्रा करते रहे । तुन्हवांग के जिला अधिकारी ने उन्हें यात्रा जारी रखने के लिए साज-सामान दिया । खुशकिस्मती से फा-हिएन ने अपनी यात्राओं का विस्तृत विवरण छोड़ा है, जिससे हमें उन लोगों की यात्रा के उद्देश्य की, मार्ग में मिलनेवाली कठिनाइयों की, तथा मध्य एशिया में बौद्धमत और भारतीय संस्कृति की गहरी जानकारी मिलती है । इस यात्रा के उद्देश्यों के बारे में हम पहले बता चुके हैं । रास्ते की कठिनाइयों के बारे में हम निम्नलिखित अंश उद्धृत कर सकते हैं, जिसमें रेगिस्तान के खतरों का सजीव वर्णन किया गया है : "जो भी (यात्री) इन खतरों का मुकाबला करते हैं, वे खत्म हो जाते हैं । ऊपर हवा में एक भी पक्षी नहीं दिखाई देता, न ही जमीन पर कोई जानवर दिखाई देता है । आप बड़ी संजीदगी से अपने आसपास देखते हैं कि रेगिस्तान को किस रास्ते से पार किया जाए, लेकिन आपकी समझ में नहीं आता; एकमात्र संकेत और निशानी मरे हुए यात्रियों की हड्डियाँ होती हैं (रेत पर छोड़ी हुई) ।"

आगे जाकर बताया गया है कि "रास्ते में आने वाली नदियाँ पार करने में उन्हें जो कठिनाइयाँ झेलनी पड़ीं और उन्होंने जो जो तकलीफें रास्ते में झेलीं वे मानव-अनुभव के इतिहास में अपूर्व थीं ।"

फा-हिएन कश्मीर के रास्ते से भारत में दाखिल हुआ और उसने सारे उत्तर भारत में भ्रमण किया। वह तीन बरस तक पाटलिपुत्र में रुका रहा, वहाँ उसने सस्कृत सीखी। उसने संस्कृत की पुस्तकों का अध्ययन किया, और वह विनय-नियमों को लिखता रहा। फिर ताम्रलिप्ति में दो बरस रहकर उसने अपने सूत्र लिखे और प्रतिमाओं के रेखाचित्र बनाये।

फा-हिएन के साथियों में से एक रास्ते में मर गया और कई यात्रा के प्रारम्भिक दौर में ही चीन लौट गये। एक साथी भारतीय भिक्षुओं के शालीन आचरण से इतना प्रभावित हुआ कि उसने भारत में रुकने का फैसला कर लिया। 'उसने बड़े उदासभाव से चीन के भिक्षुओं की त्रुटियों को याद किया और प्रार्थना की कि भावी जन्मों में वह सिर्फ भारत में जन्म ले।'

फा-हिएन, जिसका असली उद्देश्य चीन में सम्पूर्ण विनय-नियमों को पहुँचाना था, अकेला ही चीन वापस पहुँचा। ताम्रलिप्ति से वह एक बड़े व्यापारी जहाज में सवार हुआ और चौदह दिनों बाद श्रीलंका पहुँचा। वहाँ दो बरस रुककर उसने अनेक संस्कृत की पुस्तकें इकट्ठी कीं जो चीन में उपलब्ध नहीं थीं, फिर वह चीन जाने वाले एक व्यापारी जहाज में चला गया। फा-हिएन ने समुद्र के खतरों का सजीव वर्णन किया है और बताया है कि वह किस तरह समुद्र के मुँह में जाने से बच गया था। आखिरकार ४१४ ईसवी में वह चीन पहुँच गया।

चीन लौटने के बाद फा-हिएन ने भारतीय भिक्षु बुद्धभद्र के साथ मिलकर उन ग्रन्थों का अनुवाद किया जिन्हें वह भारत से लाया था। बुद्धभद्र का जिक्र हम पहले कर चुके हैं। ८८ बरस की आयु में उसका देहान्त हो गया।

फा-हिएन के अन्य साथी भिक्षुओं में से, पाओ-युन ने भारत में रहकर संस्कृत सीखी और चीन लौटकर संस्कृत के बौद्ध ग्रन्थों का चीनी भाषा में अनुवाद किया।

फा-हिएन और पाओ-युन के फौरन बाद चे-मोंग के नेतृत्व में पन्द्रह भिक्षुओं का एक और दल ४०४ ईसवी में भारत के लिए रवाना हुआ। इनमें से नौ तो पामीर से ही लौट गये, एक की थकान से मृत्यु हो गयी, बाकी पाँच ने भारत पहुँचकर बौद्ध ग्रन्थ इकट्ठे किये। वापसी की यात्रा में तीन का देहान्त हो गया और ५२४ ईसवी में सिर्फ चे-मोंग एक साथी के साथी चीन पहुँचा।

४२० ईसवी में फा-योग २५ चीनी भिक्षुओं के साथ मध्य एशिया के उत्तरी मार्ग से होता हुआ काश्मीर के मार्ग से भारत पहुँचा। सारे उत्तरी भारत में भ्रमण करने के बाद ये लोग समुद्री मार्ग से वापस लौट गये।

इस काल में भारत आनेवाले कई अन्य चीनी भिक्षुओं के नाम भी इतिहास में सुरक्षित हैं, लेकिन उनके विवरण ज्ञात नहीं हैं।

भारत की यात्रा के उत्साह के साथ-साथ इस काल में बौद्ध विद्वानों को चीन में निमंत्रित करने की प्रथा भी बढ़ गयी थी। इस मामले में भी ताओन्गन ने, जो चीन के नये आन्दोलन का नेता था, पहल की थी। उसने मध्य एशिया से बड़ी संख्या में

विद्वानों को निमन्त्रित किया। उसकी देखादेखी दूसरे लोगों ने भी ऐसा ही किया। जैसा हम पहले देख चुके हैं कि सम्राटों ने भी दूत और विधिपूर्वक निमन्त्रण भेजकर परमार्थ और गुणवर्मन् जैसे प्रसिद्ध बौद्ध आचार्यों को भारत से चीन बुलाया था।

यहाँ पर हम उन दो सम्राटों का विशेष रूप से उल्लेख करेंगे, जिन्होंने बौद्ध धर्म में गहरी दिलचस्पी ली थी। ५१८ ई० में महान् वाई वंश की विधवा सम्राज्ञी ने बौद्ध ग्रन्थ एकत्रित करने के लिए अपने दूत सुंग युन को एक चीनी भिक्षु के साथ पाश्चात्य देशों में भेजा था। सौभाग्य से हमें इन दूतों के विवरण प्राप्त हैं। वे मध्य एशिया से होते हुए हूण राज्य से गुजरे और उद्यान और गांधार भी गये। उन्होंने कुल १७० पुस्तकें इकट्ठी कीं, जो महायान सम्प्रदाय की प्रामाणिक पुस्तकें थीं। सु-यी राजवंश के सम्राट् यांग (६०५-६१७) ने भी मध्य एशिया और भारत में दूत भेजे थे।

उपर्युक्त तथ्यों तथा सम्राट् से लेकर साधारण जनता द्वारा भारतीय आचार्यों के प्रति दिखाये गये सम्मान से पता चलता है कि बौद्ध धर्म और भारतीय संस्कृति का चीन पर कितना गहरा असर था।

हमें चीन में बौद्ध धर्म के विकास की जितनी जानकारी है, उससे भी इस तथ्य की पुष्टि होती है। अपने पूर्ववर्ती राजाओं की तरह पूर्वी त्सिन वंश के राजा भी बौद्ध धर्म के संरक्षक थे। उनमें से दो ने चार बड़े मठ बनवाये, जिनमें से हरेक में एक-एक हजार भिक्षु रहते थे। इस वंश के राज्यकाल (३१७-४२० ईसवी) के दौरान सारे चीन में १७,०६८ छोटी और बड़ी बौद्ध संस्थाएँ स्थापित की गयीं और २६३ बौद्ध ग्रन्थों का चीनी भाषा में अनुवाद किया गया। विदेशी वाई वंश के काल में, जिसने ३८६ ईसवी से ५३४ ईसवी तक चीन के उत्तरी भाग पर राज्य किया, बौद्ध धर्म ने बहुत जल्दी प्रगति की। इस काल से पहले भी उनके एक राजा ने ३३५ ईसवी में एक फरमान जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि चूँकि बुद्ध एक विदेशी देवता है, इसलिए यह सर्वथा उचित है कि मैं उसकी आराधना करूं। जब कोई चीज सम्पूर्ण और दोष-मुक्त हो तो फिर हम क्यों पुराने वंशों के रीति रिवाजों पर कायम रहें? मेरी प्रजा को असभ्य कहा जाता है। मैं उन्हें बुद्ध की आराधना करने और अगर वे चाहें तो बौद्ध धर्म अपनाने की आज्ञा प्रदान करता हूँ।

राजपरिवार के इस दृष्टिकोण से बौद्ध मत को प्रोत्साहन मिलना स्वाभाविक ही था। वाई वंश के बहुत से राजा स्वयं धर्मपरायण बौद्ध थे और वे बौद्ध ग्रन्थों की प्रतिलिपियाँ तैयार करते थे, उन्हें गाते थे और उनकी व्याख्या करते थे। कहते हैं कि इस वंश के पहले राजा वू-ती (३८६-४०७) ने १५ चैत्य और दो मठ तथा १००० सोने की प्रतिमाएँ बनवायी थीं और हर महीने एक धार्मिक सभा में वह ३००० बौद्ध भिक्षुओं का सत्कार करता था। वाई सम्राटों ने कुल ४७ बड़े मठ बनवाये थे और उनके शासनकाल में कई परिवारों ने व्यक्तिगत रूप से ३०,००० मन्दिर बनवाये थे। भिक्षु और भिक्षुणियों की संख्या बीस लाख से अधिक थी।

वाई वंश के वाद ५५० ईसवी में त्सी राजवंश की स्थापना हुई। इस वंश के शासक भी बौद्ध धर्म के महान् संरक्षक थे। इनमें से एक ने अपने हाथ से १२ बौद्ध ग्रन्थों की प्रतिलिपियाँ तैयार कीं और नियमित रूप से ३,००० भिक्षुओं का खर्च उठाया। एक दूसरे शासक ने सोने का एक चैत्य बनवाया। एक अन्य शासक ने ५७५ ईसवी में संस्कृत की पुस्तकें खोजने के लिए पाश्चात्य देशों में एक बौद्ध प्रतिनिधि-मंडल भेजा जो अपने साथ २६० ग्रन्थ लेकर लौटा, हालांकि उस वक्त तक इस राजवंश का तख्ता उलट गया था। इसी वंश के शासनकाल में तुर्कों में बौद्धधर्म का प्रचार किया गया। एक चीनी भिक्षु ने पश्चिमी तुर्की के शासक तो पो कागान (५७२-५८१ ईसवी) के पास जाकर यह कहने का साहस किया कि बौद्धधर्म अपनाने के कारण ही चीन शक्तिशाली और सम्पन्न बना है। अपने आचार्यों की कृपा से कागान बौद्धधर्म में दीक्षित हो गया और विनय-नियमों का पालन करने लगा। वह नियमित रूप से स्तूपों की प्रदक्षिणा (परिक्रमा) किया करता था। उसने एक मठ बनवाया और बौद्ध ग्रन्थ प्राप्त करने के लिए एक राजदूत को त्सी सम्राट के पास भेजा। उसके अनुरोध पर एक चीनी विद्वान् ने **महापरिनिर्वाणसूत्र** का तुर्की भाषा में अनुवाद किया था।

दक्षिणी चीन के राजवंशों के शासकों ने भी बौद्ध धर्म के प्रति इसी तरह का सम्मान दिखाया था। ये वंश थे सोंग (४२०-४७९ ई०) त्सी (४७९-५०२ ई०) और लि आंग (५०२-५५७ ई०)। चीन के राजकीय इतिहास में अनेक शासकों के व्यक्तिगत कार्यों का ब्योरा दिया गया है, जिन्होंने संस्कृत के ग्रन्थों की प्रतिलिपियाँ तैयार कीं, उनकी व्याख्या की, भिक्षुओं के रहने के लिए मठों की स्थापना की और सोने की प्रतिमाएँ बनवायीं। एक शासक स्वयं भी भिक्षु की तरह रहता था, और उसने भोजन और बलि के लिए पशुओं के वध पर पावन्दी लगा दी थी। हमेशा की तरह इस काल में भी भारतीय विद्वानों की सहायता से बौद्ध ग्रन्थों का चीनी भाषा में अनुवाद होता रहा।

चीन में बौद्ध धर्म के इतिहास की एक महत्त्वपूर्ण घटना ताओ-न्गन के शिष्य हुई-युआन द्वारा लू-शान में एक मठ की स्थापना थी। इसमें सारे चीन से बौद्ध आते थे। कहा जाता है कि उनकी संख्या एक हजार से ज्यादा थी। हुई-युआन ने १७ शिष्यों को चुना, जिनमें दो भारतीय विद्वान्, बुद्धयशस् और बुद्धभद्र भी थे, और "श्वेत कमल" सम्प्रदाय की स्थापना की। इन्होंने "अमिताभ की उपासना" चलायी जो महायान दर्शन पर आधारित थी। इस नये सिद्धान्त ने सुदूर पूर्व देशों में प्रचलित आधुनिक बौद्धमत के प्रसार में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की। लू-शान सम्प्रदाय ने बौद्धमत के विकास में रचनात्मक योगदान किया, जो इसी काल से चीनी जीवन और संस्कृति की जीवन्त शक्ति रही है।

जैसा हम ऊपर बता चुके हैं, बोधिधर्म ने चीन में महायान की ध्यानपद्धति आरम्भ की थी। उसके एक शिष्य ची-काई ने तीएन-तई नाम का नया सम्प्रदाय चलाया था, जिसका नाम उसके निवास स्थान के नाम पर रखा गया था। उसने बुद्ध के उपदेशों और साहित्य का नये ढंग से वर्गीकरण किया और बौद्धधर्म के विभिन्न

रूपों का समन्वय करने का प्रयत्न किया। उसके विचार सबने मान लिये और उसके बाद से चीनी हीनयान और महायान दोनों का आदर और अध्ययन करने लगे। उन्हें दोनों में किसी प्रकार का विरोधाभास नहीं दिखाई देता था। ची-काई की शिक्षा को जापान में भी बहुत सफलता मिली। जापानी उसके द्वारा समन्वित बौद्ध धर्म को आज भी मानते हैं।

वाई वंश के शासनकाल में (३८६-५३४ ई०), जिनके द्वारा प्रदत्त बौद्धमत के संरक्षण का उल्लेख हम ऊपर कर चुके हैं, चीनी सम्राट् के दरबार में भारत के उत्तर-पश्चिमी भाग से कम से कम आठ बार राजदूत भेजे गये थे। राजकीय चीनी इतिहास ने उनकी सूची इस प्रकार दी है:

देश	दूतावास की तिथि ईसवी
कि-पिन	४५१, ५०२, ५०८, ५१७
किया-पि-सा (कपिशा)	५०३
पु-लीऊ-शा (पुरुषपुर अथवा पेशावर)	५११
कन-ता (गन्धार)	५११
किया-शीह्मी (कश्मीर)	५११

कि-पिन की शिनाख्त के बारे में विद्वानों में मतभेद है। एस० लेवी के मत की पुष्टि करते हुए पेलियो (Pelliot) ने कहा कि ६०० ईसवी से पहले कि-पिन से अभिप्राय कश्मीर का था, इसके बाद यह कपिशा के लिए प्रयुक्त होने लगा। रैपसन (Rapson) और स्टेन कोनो (Sten Konow) के मत के अनुसार यह कपिशा के लिए प्रयुक्त हुआ था। डाक्टर पी० सी० बागची ने इस समस्या पर ब्योरेवार विचार किया है और इस विषय पर पूर्वलिखित रचनाओं का हवाला देते हुए पेलियो के मत का समर्थन किया है। इस विषय के नवीनतम विद्वान् डाक्टर एल० पेटेक (L. Petech) के विचार में चीनी इतिहासकार आरम्भ से ही कपिशा तथा राजनैतिक दृष्टि से उसके पड़ोसी इलाकों के लिए कि-पिन शब्द का प्रयोग करते आये थे, हालांकि चीनी बौद्धों ने दूसरी सदी से लेकर सातवीं सदी ईसवी तक कश्मीर के लिए इस शब्द का प्रयोग किया था। उनके मतानुसार "ये दोनों परम्पराएँ सदियों तक बहुत हद तक एक दूसरे की अवहेलना करती हुई समानान्तर चलती रहीं।"[१]

अगर कि-पिन का अभिप्राय कश्मीर से था, तो फिर दोनों देशों का जिक्र अलग-अलग कैसे किया गया, यह समझना कठिन है। अगर इसका अभिप्राय कपिशा से है तो उपर्युक्त सूची में इसके दूसरे नाम को लेकर एक समस्या खड़ी हो जाती है। तीसरा और चौथा नाम भी इसी राजनैतिक क्षेत्र का सूचक है। पेटेक का मत है कि

---

१. देखिए, बागची, सिनो इंडियन स्टडीज, II, ४२; एल. पेटेक, **नार्दर्न इंडिया एकार्डिंग टु दि शुइ-चिंग-चू** (रोम, १९५०) पृ. ६३ प. पृ. वाई काल के दूतावासों की सूची इस कृति के पृ. ७४ पर दी गयी है।

"शायद स्थानीय गवर्नरों अथवा उनके मातहत सामन्त राजाओं ने अपनी तरफ से ये दूत भेजे हों।"

भारत के अन्य भागों से भी दूत भेजे गये थे। उदाहरण के लिए दक्षिण भारत के एक राजा ने ५००-५१७ ई० के बीच चीन में एक राजदूत भेजा था।[1]

२. चीन-तांग काल

तांग वंश ने ६१८ ई० से ९०७ ई० तक चीन पर शासन किया था। यह चीन के इतिहास में सबसे अधिक गौरवमय कालों में से एक है। सारा चीन राजनीतिक दृष्टि से एक ही सत्ता के अधीन आ गया था, जिसकी शक्ति एक बार फिर मध्य एशिया तक फैल गयी थी। इस बीच भारत के साथ सम्पर्क, बौद्ध धर्म तथा भारतीय संस्कृति का प्रभाव भी सर्वोच्च शिखर तक पहुँच गया था। चीन के मुख्य शहरों में हजारों भारतीय धर्मप्रचारक, व्यापारी तथा अन्य लोग जमा हो गये थे। जितने चीनी भिक्षु और सम्राटों की तरफ से दूतावास सातवीं सदी में भारत भेजे गये उतने और किसी काल में नहीं आये थे।

इस काल में नालन्दा विश्वविद्यालय[2] की ख्याति अपने शिखर पर थी, और यह बौद्ध मत का महान् अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र बन गया था, जहाँ सारे एशिया से बौद्ध भिक्षु आते थे। चीनी बौद्धों ने भी नालन्दा के प्रति उत्साह दिखाया, न केवल बौद्ध दर्शन और साहित्य की खातिर बल्कि इसलिए भी कि वहाँ ब्राह्मण-दर्शन तथा साहित्य, गणित, खगोलशास्त्र तथा चिकित्साशास्त्र पढ़ाये जाते थे। नालन्दा जाने वाले विद्यार्थियों को चीनी सम्राट् यात्रा की पूरी सुविधाएँ देते थे।

इस काल में भारत आने वाला सर्वप्रथम भिक्षु हिउएनत्सांग था, जिसने चीन में बौद्धधर्म की स्थापना को ठोस रूप देने में तथा भारत और चीन के सांस्कृतिक संबंध बढ़ाने में बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका पूरी की थी। उसका जन्म ७०९ ईसवी में कन्फ्यूशस मत माननेवाले एक पुरातनपन्थी परिवार में हुआ था। बीस बरस की उम्र में यह बौद्ध भिक्षु बन गया। चीनी भाषा में उपलब्ध बौद्धग्रन्थों से वह असन्तुष्ट था, इसलिए उसने भारत जाने का निश्चय किया। ६२९ ईसवी में वह मध्य एशिया से जानेवाले उत्तरी मार्ग से रवाना हुआ। ७३० ईसवी में वह कपिशा (काफिरिस्तान) पहुँच गया और अगले चौदह बरस उसने सारे भारत में भ्रमण किया। वह दो बरस कश्मीर में रहा और इससे कुछ कम समय तक अन्य स्थानों पर बौद्ध ग्रन्थों के अध्ययन के लिए रुका। कई मौकों पर, वह कुल मिलाकर दो बरस नालन्दा में रहा, जहाँ उसने वहाँ के विख्यात भिक्षु प्रधानाचार्य शीलभद्र से योगाचार पद्धति सीखी। जैसा हम पहले उल्लेख कर चुके हैं, भारत के सम्राट् हर्षवर्धन और भास्करवर्मन् ने उसका बहुत आदर-सत्कार

---

१. शास्त्री, फॉरेन नोटिसेज, ८३।

२. देखिए, पृ. ६४९ प. पृ.।

किया।[1] ६४४ ई० के शुरू में बहुत से ग्रन्थ और मूर्त्तियाँ लेकर, मध्य एशिया के दक्षिणी मार्ग से होता हुआ, वह ६४५ ईसवी में चीन लौटा था।

हिउएनत्सांग अपने पीछे अपनी यात्रा का विवरण छोड़ गया है, जिसमें उसने उन भारतीय राज्यों का विस्तृत वर्णन किया है, जिनमें वह गया था। यह पुस्तक सी-यू-की प्राचीन भारतीय इतिहास का बहुमूल्य स्रोत ग्रन्थ है। प्रस्तुत पुस्तक में अनेकत्र इस ग्रन्थ का हवाला दिया गया है। इसमें भारत तथा भारत के बाहर के उन सभी इलाकों में, जिनसे हिउएनत्सांग गुजरा था, बौद्ध धर्म की अवस्था का, सजीव चित्रण किया गया है।

भारत से विदा होते समय हिउएनत्सांग का एक माने में शाही जलूस निकला था। हर्षवर्धन ने उसे एक बड़ा हाथी और सफर के खर्च के लिए ३००० सोने के और १०,००० चाँदी के सिक्के भेंट किये थे। उसकी बेशुमार पुस्तकों और मूर्त्तियों को उत्तरी भारत के एक राजा उधित के सैनिक अनुरक्षण में सौंपा गया था। रास्ते में उसका हाथी डूब गया और अपनी पुस्तकें ले जाने के लिए उसे कोई सवारी न मिल सकी, इसलिए वह खोतान में रुक गया और उसने चीनी सम्राट् को स्मरण-पत्र भेजा। ५०,००० ली से अधिक की यात्रा की कठिनाईयों का हवाला देने के बाद उसने लिखा कि अपनी प्रतिज्ञा की पूर्त्ति के बाद वह सन्तुष्ट मन लेकर लौटा है। "मैंने गृध्रकूट पर्वत के दर्शन किये हैं। मैंने बोधिवृक्ष की उपासना की है। ऐसे स्मृतिचिह्न देखे हैं जो पहले कभी नहीं देखे थे, ऐसे पुनीत शब्द सुने हैं जो पहले कभी नहीं सुने थे, आध्यात्मिक प्रतिभासम्पन्न व्यक्तियों को देखा है, जो प्रकृति की सभी चीजों से अधिक अद्भुत हैं।" याचिका के इस पैराग्राफ से पता चलता है कि बौद्धधर्म और बौद्धधर्म से संबंधित हर चीज के प्रति हिउएनत्सांग के मन में कितनी गहरी आस्था थी।

सम्राट् ने कृपालुतापूर्ण उत्तर दिया, "मैं प्रार्थना करता हूँ कि तुम जल्दी लौटो, ताकि हम फिर एक दूसरे को देख सकें।" सम्राट् ने खोतान तथा रास्ते के अन्य स्थानों के अधिकारियों को आदेश भेजा कि वे मार्गप्रदर्शक और सवारियाँ देकर हिउएनत्सांग की यात्रा में सहायता करें। जब हिउएनत्सांग चीन की सीमा के नजदीक पहुँचा तो सम्राट् ने अपने पश्चिमी प्रान्त के गवर्नर को आदेश भेजा कि हिउएनत्सांग के स्वागत के लिए अपने विशेष अफसर भेजे। हिउएनत्सांग एक नहर के रास्ते से नौका द्वारा वहां पहुँचा और उसका अपूर्व स्वागत हुआ। उसके आने की खबर बहुत जल्द फैल गयी और बहुत बड़ी संख्या में लोग उसके दर्शन करने और आदर प्रदर्शित करने के लिए इकट्ठे हुए। सड़कों पर इतनी भीड़ जमा हो गयी कि नौका से उतरना उसके लिए असम्भव हो गया। उसे रात नहर में ही गुजारनी पड़ी।

जब हिउएनत्सांग राजधानी में पहुँचा तो सम्राट् की तरफ से उसका जय-जयकार हुआ। उसकी जीवनी के लेखक के अनुसार "सम्राट् और उसके दरबारियों ने, अफसरों,

---

१. देखिए, पृ. १३५ प. पृ., १५९ प. पृ.।

व्यापारियों और सारी जनता ने, छुट्टी मनायी। सड़कों पर उत्सुक पुरुषों और स्त्रियों की भीड़ थी, जो रंगीन झंडियों और आनन्दमय संगीत द्वारा अपने हर्षोल्लास को व्यक्त कर रहे थे। आमतौर पर भारी सैनिक जीत से लौटने पर राजाओं और सेनापतियों का ऐसा स्वागत होता है। भारत के लम्बे भ्रमण के बाद हिउएनत्सांग को इतने बड़े सम्मान का अधिकारी समझा गया, इस तथ्य से न केवल बौद्ध धर्म के प्रति चीनवासियों की गहरी आस्था का पता चलता है, बल्कि भारतीय संस्कृति के सम्पर्क में आकर चीनियों को जो नयी दृष्टि मिली उसके प्रति चीनवासियों को आदरभावना का आभास भी मिलता है।

हिउएनत्सांग ने अपनी आयु का बाकी हिस्सा बौद्ध ग्रन्थों के अनुवाद तथा विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने में लगाया। उसने चीन में बौद्ध दर्शन की एक नयी धारा चलायी जो उसकी मृत्यु के बाद भी चलती रही। उसकी पुस्तक **सी-यू-की** अथवा "पाश्चात्य देशों का विवरण" ने भारतीय संस्कृति के प्रति चीनवासियों के प्रेम को प्रोत्साहित किया। सम्राट् के साथ उसके व्यक्तिगत सम्बन्धों के कारण सम्भवत: चीन ने भारतीय शासकों के साथ राजनीतिक सम्बन्ध स्थापित करने की नयी नीति अपनायी।

हिउएनत्सांग ने कुल मिलाकर ७४ विभिन्न कृतियों का अनुवाद किया, जिनमें १,३३५ परिच्छेद थे। इसके अतिरिक्त उसने अपने हाथों से बहुत से रेखाचित्र बनाये थे और अनेक ग्रन्थों की प्रतिलिपियाँ तैयार की थीं। ६६४ ई० में उसकी मृत्यु हुई और उसे पश्चिमी प्रदेश की राजधानी में दफनाया गया। ६६९ ईसवी में सम्राट् के आदेश से उसके अवशेष एक दूसरे स्थान पर ले जाये गये, जहाँ उसकी स्मृति में एक मीनार बनायी गयी।

हिउएनत्सांग के उदात्त उदाहरण से प्रेरित होकर चीनी भिक्षु बहुत बड़ी संख्या में भारत आने लगे। चीनी ग्रन्थों में साठ ऐसे भिक्षुओं के जीवन-वृत्तान्त दर्ज हैं जो सातवीं सदी ईसवी के उत्तरार्ध में भारत आये थे। बाद में आने वालों में सबसे बड़ा ई-त्सिंग था। वह ६७१ ईसवी में समुद्री रास्ते से भारत के लिए रवाना हुआ। अनेक बरस श्री-विजय में गुजारने के बाद, जो सुमात्रा में उन दिनों बौद्ध ज्ञान का महत्त्वपूर्ण केन्द्र था, वह ६७३ ई० में बंगाल के ताम्रलिप्ति बन्दरगाह पर पहुँचा। वह दस बरस तक (६७५-६८५ ईसवी) नालन्दा में रहकर बौद्ध ग्रन्थों का अध्ययन और प्रतिलिपियाँ तैयार करता रहा। वह अपने साथ संस्कृत की ४०० हस्तलिखित कृतियाँ लेकर चीन लौटा, जिनमें ५०,००० से अधिक श्लोक थे। उसने बहुत-से ग्रन्थों का अनुवाद किया और एक संस्कृत-चीनी कोश भी तैयार किया। खुशकिस्मती से उसकी "भारत और मलय-द्वीपसमूह में बौद्ध धर्म का विवरण" शीर्षक पुस्तक आज भी मिलती है। इस पुस्तक में उसने मठों के नियमों का सविस्तार वर्णन किया है। साफ जाहिर है कि इस विषय में उसकी गहरी दिलचस्पी थी। उसने साठ ऐसे भिक्षुओं का जीवन-चरित भी लिखा है, जो भारत आये थे। उनमें से लगभग सभी चीन से सम्बन्धित थे, हालाँकि कुछ कोरिया, समरकन्द और तुषार (तुर्क) देश के रहने वाले थे। इस पुस्तक में

एशिया में बौद्ध धर्म की अन्तरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा और कोरिया जैसे सुदूर देशों में बौद्ध धर्म के प्रभाव का विवरण दिया गया है। एक ही पीढ़ी में करीब साठ बौद्ध भिक्षु चीन से भारत आये, इस तथ्य से पता चलता है कि उन दिनों लोग ऐसी यात्राओं पर अक्सर जाया करते थे, हालाँकि उनमें से अधिकांश यात्राओं के विवरण शायद दर्ज नहीं किये गये हैं।

सातवीं सदी में जहाँ प्रतिष्ठित भिक्षु भारत आये थे, वहाँ कई प्रसिद्ध भारतीय बौद्ध भी चीन गये थे। सबसे पहले नालन्दा का प्रसिद्ध विद्वान् प्रभाकरमित्र गया था। उसका जन्म मध्य भारत के एक राजवंश में हुआ था। बौद्ध भिक्षु बनकर वह नालन्दा में अध्ययन करने लगा। बाद में वह वहाँ प्राध्यापक के पद पर नियुक्त हुआ और समय आने पर उसके शिष्य भी विख्यात विद्वान् बने। दस शिष्यों को साथ लेकर वह पश्चिमी तुर्की के देश में पहुँचा, जहाँ उन्होंने उनके सरदार को बौद्ध धर्म का ज्ञान दिया। तुर्की राजदरबार में नियुक्त चीनी राजदूत ने उसे चीन आने का निमन्त्रण दिया, लेकिन तुर्की का सरदार उसे वहाँ से कहीं भी भेजने के लिए राजी नहीं हुआ। आखिरकार चीनी सम्राट् के निवेदन पर तुर्की के शासक ने प्रभाकरमित्र को जाने की आज्ञा दे दी और वह ६२२ ईसवी में चीन चला गया, जहाँ रहकर वह बौद्ध ग्रन्थों का अनुवाद करता रहा। चीनी राजदरबार की तरफ से उसकी सहायता के लिए १९ विद्वान् नियुक्त किये गये। कुछ ने चीनी भाषा में उसके शब्दों का अनुवाद किया, कुछ ने अनुवाद की जाँच की, कुछ इसे लिखते रहे। एक और दल प्रतिलिपियाँ बनाने का काम करता रहा और सम्राट् की आज्ञा से उच्च अधिकारियों की देखरेख में उसके अन्तिम संशोधित रूप को पूरा किया गया। प्रभाकरमित्र की मृत्यु ६३३ ईसवी में हुई।

६९३ ईसवी में एक चीनी राजदूत के आग्रह पर, जो शायद किसी चालुक्य राजा के दरबार में नियुक्त था, एक अन्य भारतीय विद्वान् बोधिरुचि चीन गया। बौद्ध ग्रन्थों के अनुवाद में बोधिरुचि की सहायता के लिए बाकायदा एक बोर्ड स्थापित किया गया। इसमें चीन और भारत, दोनों देशों के विद्वान् शामिल थे। भारतीय विद्वानों में मध्य भारत के राजा का राजदूत ब्रह्मा और पूर्वी भारत का एक मुखिया ईश्वर भी शामिल थे। अनुवाद के समय कई बार सम्राट् स्वयं उपस्थित रहता था और अपने हाथ से टिप्पणियाँ लिखता था। कई बार सम्राज्ञी, महल की अन्य महिलाएँ और राजदरबार के उच्च अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहते थे। बोधिरुचि ने तिरपन कृतियों का अनुवाद किया और ७२७ ईसवी में उसकी मृत्यु हो गयी।

मध्य भारत के राजा ईशानवर्मन् का पुत्र वज्रबोधि नालन्दा का विख्यात विद्वान् था। वह कुछ समय तक काँची में पल्लव राजा नरसिंहवर्मन् द्वितीय[1] का अध्यापक रह चुका था और फिर लंका चला गया था। लंका के राजा ने सम्राट् को एक पवित्र बौद्ध ग्रन्थ तथा अन्य वस्तुएँ भेंट करने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल चीन भेजा था। वज्रबोधि

१. देखिए, पृ. ३१७ प. पृ.।

ने बौद्ध मत में तन्त्रयान नामक रहस्यवादी सिद्धान्त का प्रचार किया था और इस विषय से सम्बन्धित अनेक ग्रन्थों का अनुवाद किया था। इसका बहुत प्रभाव हुआ और यह सम्प्रदाय चीन में लोकप्रिय हुआ। वज्रबोधि की मृत्यु ७३२ ईसवी में हुई। उसके शिष्य अमोघवज्र ने, जो उसके साथ चीन में था, उसका काम जारी रखा। ७३६ ई० में अमोघवज्र लंका वापस लौट आया लेकिन दस बरस बाद वह ५०० ग्रन्थ लेकर फिर चीन चला गया। ७४६ और ७७१ ईसवी के बीच वहाँ उसने ७७ ग्रन्थों का अनुवाद किया। ७७४ ईसवी में उसकी मृत्यु हुई।[१]

अन्य भिक्षुओं की यात्राओं का ब्योरेवार विवरण देने की यहाँ आवश्यकता नहीं है। अब हम भारत और चीन के बीच राजनीतिक सम्बन्धों के विकास की चर्चा करेंगे। दोनों देशों के राजदरबारों में राजदूतों का आदान-प्रदान इसका प्रमाण है। हम पहले[२] ६४१ ई० में हर्षवर्धन द्वारा चीन भेजे गये दूतमंडल तथा चीन द्वारा भारत भेजे गये तीन दूतमंडलों का उल्लेख कर चुके हैं; पहला लिआंग-होआई-किंग के अन्तर्गत, दूसरा ६४३ ई० में ली-य-पिआओ और वांग-हिउएनत्से के अन्तर्गत और तीसरा ६४३ ई० में वांग-हिउएन-त्से के अन्तर्गत। वांग-हिउएन-त्से को तीसरी बार ६५७ ईसवी में फिर राजदूत बनाकर भेजा गया था। एक ब्राह्मण ऐन्द्रजालिक (शायद नारायणस्वामी नामक तान्त्रिक) ने दावा किया था कि उसके पास जीवन को दीर्घायु बनाने का एक गुप्त नुस्खा है। एक भारतीय राजा ने चीनी सम्राट् के अनुरोध पर उसे चीन भेजा था।[३] चूँकि सम्राट् उसकी निपुणता से सतुष्ट नहीं हुआ इसलिए उसे वांग-हिउ-एनत्से के साथ भारत वापस भेज दिया गया। राजदूत के हाथ सम्राट् ने भारत के विभिन्न बौद्ध तीर्थों के लिए उपहार भी भेजे थे। वांग-हिउएनत्से को चौथी बार फिर ६६४ ई० में एक चीनी तीर्थयात्री को, जिसके साथ पहले उसकी भेंट हुई थी, वापस लाने के लिए भारत भेजा गया। उसने भारत में अपनी यात्राओं का एक विवरण लिखा था, लेकिन वह पुस्तक गुम हो गयी है, केवल अन्य कृतियों में उसके कुछ उल्लेख सुरक्षित रह गये हैं।

यशोवर्मन् द्वारा चीन भेजे गये दूतमंडल का उल्लेख हम पहले कर चुके हैं। चीन और कश्मीर के बीच राजदूतों के आदान-प्रदान का विवरण भी ऊपर दिया जा चुका है।[४]

तांग इतिहास में कई अन्य दूतों का भी उल्लेख मिलता है। इस इतिहास में भारत के विभिन्न भागों के साथ चीन के राजनीतिक सम्बन्धों का सिलसिलेवार विवरण सुरक्षित है। इसका सारांश इस प्रकार है।[५]

---

१. इससे भिन्न विवरण के लिए देखिए, शास्त्री, पू. पु., पृ. १७।

२. देखिए, पृ. १३६, १४१ प. पृ.।

३. बागची के मतानुसार यह ब्राह्मण ऐन्द्रजालिक ६४८ ईसवी में वांग-हिउएनत्से के साथ चीन गया था। वह "सम्राट् को दीर्घायु प्रदान करने में असमर्थ रहा। सम्राट् की मृत्यु ६४९ ईसवी में हुई, इसलिए नये सम्राट् ने उसे वापस भारत भेज दिया। (**सिनो इंडियन स्टडीज**, I, ६९)।

४. देखिए, पृ. १४८, १५१ प. पृ.।

५. यह सारांश शह्वान्न के **दकुमाँ स्युल तुकीन** (तुर्क) **ऑक्सिदाँत** पर आधारित है। साथ में देखिए डॉ. पी. सी. बागची का विवरण **सिनो इंडियन स्टडीज**, I, ६९।

७१७ ईसवी में सम्राट् ने स्थानीय सामन्त सु-फू-शो-ली-चे-ली-नी (शुभश्री) को "पू-लू का राजा (बोलोर)" की उपाधि प्रदान की। ७१९ में बोलोर के राजा शुभश्री ने एक दूत भेजकर इस उपाधि के लिए सम्राट् के प्रति कृतज्ञता प्रदर्शित की। ७२० में सम्राट् द्वारा "बोलोर का राजा" की उपाधि स्थानीय सामन्त सु-लीन-तो-ई-चे (सुरेन्द्रादित्य ?) को प्रदान की गयी। ७३१ में "लघु बोलोर (यासीन) का राजा" उपाधि नन-नी को प्रदान की गयी। ७३३ में लघु बोलोर के राजा मो-किन-मांग ने चा-चो-ना-से-मो-मो-शेंग नामक सामन्त को इस उपाधि के लिए कृतज्ञता प्रदर्शित करने के निमित्त सम्राट् के पास भेजा। ७४१ में "लघु बोलोर का राजा" की उपाधि मा-हाओ-लाई को प्रदान की गयी। ७४५ में लघु बोलोर के राजा ने किया-लो-मी-तो (कालमित्र) नामक बौद्ध शिक्षक को आदर प्रदर्शित करने के लिए सम्राट् के पास भेजा।

इस काल में कपिशा, गान्धार और उड्डियान की राजनीतिक स्थिति डाँवाडोल थी। उड्डियान और गान्धार निश्चितरूप से कश्मीर पर आश्रित थे। चीन के राजकीय इतिहास से हमें पता चलता है कि सम्राट् ने ७२० में "वू-चांग (उड्डियान) का राजा" की उपाधि एक स्थानीय सरदार को दी थी। गान्धार के राजा ने ७५८ ई० में सम्राट् के लिए उपहार के साथ एक राजदूत चीन भेजा था। कपिशा के सरदार को ७२० में "तेगिन" की उपाधि दी गयी थी।

कपिशा के राजा ने ७१० और ७५० ईसवी में अपने दूत चीन भेजे। ७५१ ईसवी में चीनी सम्राट् ने वू-कोंग के नेतृत्व में एक दूतमंडल कपिशा से भारतीय राजदूत को अपने अनुरक्षण में वापस लाने के लिए भेजा था। भारत में आकर वू-कोंग बौद्ध धर्म में दीक्षित हो गया था। उसने कई बरस कश्मीर में बिताये; तीर्थ स्थानों की यात्रा के बाद वह ७९० ईसवी में चीन लौट गया। ६१९ तथा ७५० ईसवी के बीच कि-पिन से कम से कम छह दूतमंडल चीन भेजे गये थे। कि-पिन को कपिशा और कश्मीर दोनों बताया गया है।[1] लेकिन जैसा हम ऊपर बता चुके हैं[2] सातवीं सदी ईसवी के बाद से कि-पिन शब्द कपिशा के लिए प्रयुक्त होता आया है।

६९२ ई० में मध्य भारत के राजा ति-पो-सी-न (देवसेन) का एक प्रतिनिधि सम्राट् के पास आदर प्रदर्शित करने के लिए आया था। यह प्रतिनिधि अवश्य ही ब्रह्म (फन-मो) था, जिसने ६९३ में बोधिरुचि के अनुवाद कार्य में सहायता की थी। ४४१ में मध्य भारत का एक राजपुत्र चीन के राजदरबार में आया था; उसे चीनी नाम ली-चेंग-न्गान से सम्बोधित किया गया।

---

१. जे. ए., १८९५, पृ. ३७६।

२. देखिए, पृ. ६८३।

६९२ ई० में पूर्वी भारत के राजा मो-लो-पा-मो (मालवर्मन् ?) और पश्चिमी भारत के राजा शा-लो-यी-तो (शीलादित्य) के प्रतिनिधि चीनी सम्राट् के प्रति आदर प्रदर्शित करने के लिए आये थे। मालवर्मन् कौन था, यह तो हम नहीं जानते लेकिन दूसरा राजा निश्चितरूप से वलभी का शीलादित्य तृतीय था, जो सातवीं सदी के अन्त में शासन कर रहा था। ६९२ ई० में उत्तर भारत के राजा, न-न और मध्य भारत के राजा ति-मो-सी-न, तथा दक्षिण भारत के राजा चे-लु-की-पा-लो (चालुक्य वल्लभ) ने चीनी सम्राट् के पास राजदूत भेजे थे।[1] सन् ६९२ ई० में चालुक्य राजा विनयादित्य का शासन था। राजा शा-ली-ना-लो-सेंग-किआ-पा-तो-पा-मो (श्री नरसिंह पोतवर्मन्) ने ७२० ईसवी में सम्राट् को सुझाव दिया कि वह अरबों और तिब्बतियों से लड़ने के लिए हाथी और तोपखाना भेजे। नरसिंह पोतवर्मन् काँची का पल्लव राजा था। उसने ७१० तथा ७२० ईसवी में दो राजदूत चीन भेजे थे। ७२० में चीनी सम्राट् ने भी अपना राजदूत भेजा था। इन दूतमंडलों के विवरणों से पता चलता है कि दोनों देशों के सम्बन्ध कितने मैत्रीपूर्ण थे।[2]

चीनी इतिवृत्तों से पता चलता है कि हर्षवर्धन द्वारा ६४१ ईसवी में पहला राजनीतिक प्रतिनिधिमंडल भेजे जाने के बाद चीन ने कपिशा, उड्डियान, गान्धार और मगध से एक सदी से भी अधिक काल तक दौत्य-सम्बन्ध स्थापित रखे थे। चीन तथा इन राज्यों द्वारा अनेक दूत भेजे गये थे, लेकिन इन सबके ब्योरेवार विवरण सुरक्षित नहीं हैं। यहाँ तक कि सन् ७८७ ई० में भी चीनी सम्राट् ने तिब्बतियों के के विरुद्ध भारतीय नरेशों से मैत्री की थी।

भारत से सम्पर्क बढ़ने के स्वाभाविक परिणामस्वरूप चीन में बौद्ध मत और अधिक फला फूला। इस काल को हम देश का सबसे अधिक वैभवशाली काल कह सकते हैं। इस नये धर्म की इतनी शीघ्र अभिवृद्धि से देश के पुरातनपंथी भयभीत हो उठे। इन लोगों ने पूरे तांग काल के दौरान बौद्धमत के विरुद्ध सक्रिय और शक्तिशाली अभियान चला रखा था। ६२४ ईसवी में सम्राट् को पेश किये गये स्मरणपत्र में इस अभियान के नेता ने कहा कि देश की सभी कमजोरियों और बीमारियों का कारण बौद्ध धर्म है। विदेशियों के हमले, सरकार द्वारा अत्याचार, मन्त्रियों का विश्वासघात, ये सब बौद्ध धर्म के परिणाम हैं। लेकिन इनसे कुछ ज्यादा जायज शिकायतें भी थीं। धार्मिक बलियों के प्रति लापरवाही के अतिरिक्त नीतिवादियों के अनुसार बौद्ध धर्म के कारण सामाजिक जीवन में भी गिरावट आ गयी थी। जैसा

---

१. मा-त्वान-लिन के अनुसार पाँच भारतीय (अथवा भारत के पाँच राज्यों) ने सम्राट् के दरबार में ६६७ ईसवी में राजदूत भेजे थे (शास्त्री, पू. पु. पृ. ११७)। शायद मा-त्वान-लिन ने उन्हीं दूतमंडलों की तरफ संकेत किया है, जिनका उल्लेख हम पहिले कर चुके हैं, और उसने ठीक से तिथि निर्धारित नहीं की, या फिर हमें मान लेना पड़ेगा कि इन पाँच भारतीय राजाओं ने, इससे पहले ६६९ ईसवी में भी दूत भेजे थे।

२. शास्त्री, पू. पु., ११६-१७।

स्मरणपत्र में सम्राट् का ध्यान आकर्षित किया गया था, इसके परिणामस्वरूप भिक्षु और भिक्षुणियों की संख्या दसियों हजार तक जा पहुँची है। मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि आप इन भिक्षु और भिक्षुणियों की शादियाँ करवा दीजिये ताकि देश में एक लाख परिवार हो जाएँ। फिर ये लोग बच्चे पैदा करेंगे और पालेंगे जो आपकी सेना की संख्या बढ़ाएँगे।

शुरू में इस आन्दोलन को कुछ सफलता मिली और कुछ समय के लिए सम्राट् ने बौद्ध धर्म को संरक्षण देना बन्द कर दिया। लेकिन उसकी व्यक्तिगत भावनाएँ चाहे कुछ भी रही हों, दरअसल इस मामले के तय होने के पीछे राजनीतिक कारण थे। समस्त महत्त्वपूर्ण, शक्तिशाली देशों और चीन के आसपास के छोटे राज्यों, तुर्कों, तिब्बतियों और मध्य एशिया की अनेक कौमों ने बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया था और नवस्थापित तांग साम्राज्य में इतना साहस नहीं था कि वह अब एशिया में जो एक महान् अन्तरराष्ट्रीय शक्ति बन गया था, उसका विरोध करता रहता। तदनुसार, इस संक्षिप्त अन्तराल के बाद तांग सम्राटों ने फिर बौद्ध-समर्थक नीति अपना ली, जिससे इस नये धर्म की विजय निश्चित हो गयी।

हिउएनत्सांग द्वारा भारत से स्थापित सम्पर्क इस नीति के परिवर्तन का एक महत्त्वपूर्ण कारण था। चीन में बौद्ध धर्म को अभूतपूर्ण सफलता मिली। सब महत्त्वपूर्ण शहरों में नये मठ स्थापित किये गये, और बौद्धधर्म के प्रति आकर्षित होने वाले लोगों की संख्या बढ़ती गयी। बहुत से बौद्ध ग्रन्थों का अनुवाद किया गया और जैसा हम पहले देख चुके हैं, अनुवाद-कार्य को संगठित करने और उसकी गति बढ़ाने के लिए परिषदें स्थापित की गयीं।[1] बड़े पैमाने पर संगठित इस अनुवाद-कार्य की बदौलत, संस्कृत बौद्ध साहित्य की विशाल निधि, जो भारत में बिल्कुल लुप्त हो चुकी है, चीनी अनुवादों में अभी तक सुरक्षित है। इस साहित्य की प्रचुरता का अनुमान चीन में समय समय पर संकलित किये जाने वाले सूचीपत्रों से लगाया जा सकता है। सबसे पुराना कैटलॉग या सूचीपत्र छठी सदी ईसवी में एक चीनी विद्वान् ने संकलित किया था। इसमें २,२१३ ग्रन्थों का उल्लेख किया गया है। इस काल में सम्राट् के आदेश पर तैयार किये गये सरकारी सूचीपत्र में ५४०० बौद्ध ग्रन्थों की सूची गयी थी। तांग काल में बौद्ध धर्मशास्त्रों के एक प्रामाणिक सूचीपत्र में उल्लेख किया गया है कि पहले भाग में २४८७ कृतियाँ और ८४७६ मूलिकाएँ हैं, दूसरे भाग में ३३६४ मूलिकाएँ और ७९९ कृतियाँ हैं। इसके अतिरिक्त बहुत-से दूसरे सूचीपत्र भी थे, जिनका विस्तृत विवरण देना सम्भव नहीं है। लकड़ी के ठप्पों द्वारा इन कृतियों की छपाई ९७२ ईसवी में शुरू हो चुकी थी।

हिउएनत्सांग ने, जिसने चीन में बौद्ध साहित्य के लिए इतना काम किया, बौद्ध धर्म के दो सम्प्रदायों की—योगाचार अथवा विज्ञानवाद तथा सर्वास्तिवाद—भी चीन में स्थापना

---

१. विस्तृत विवरण के लिए देखिए, बी. सी. लॉ. वॉल्यूम, I, ६६ प. पृ.।

की। योगाचार महायानी सम्प्रदाय था और विज्ञानवाद हीनयानी। इससे चीन की समन्वयवादी भावना का पता चलता है, जिसका हम ऊपर उल्लेख कर चुके हैं। हिउएनत्सांग के एक शिष्य ने विनय शाखा (विचारधारा) की नींव डाली। रहस्यवादी या तांत्रिक सम्प्रदाय, जिसकी स्थापना आठवीं सदी में वज्रबोधि ने की थी, भारत की तरह चीन में भी बौद्ध धर्म के ह्रास या अवनति का कारण बन गया था।[1]

इसके बाद चीन में बौद्धधर्म के इतिहास में जाने की हमें आवश्यकता नहीं है, लेकिन हम इस विवेचन को भारतीय संस्कृति के उन और पहलुओं के संक्षिप्त उल्लेख से समाप्त करेंगे जो बौद्धमत के साथ ही चीन में आये थे। इनमें सबसे महत्त्वपूर्ण भारतीय कला थी, जिसने चीन की देशीय परम्परा पर गहरा असर डाला था और कला की एक नयी धारा को जन्म दिया था, जिसे हम भारतीय-चीनी धारा का नाम दे सकते हैं। वाई काल में इस कला का बहुत विकास हुआ। तुन्हवांग, युन-कांग और लौंग-मेंन में शैलकृत्त गुफाएँ, ६० और ७० फुट ऊँची बौद्ध की विशाल प्रतिमाएँ, और गुफाओं की दीवारों पर बने भित्तिचित्र इस कला के उदाहरण हैं। इसकी प्रेरणा न केवल बौद्ध भिक्षुओं (भारतीय और चीनी दोनों) द्वारा भारत से आई थी, प्रतिमाओं, चित्रों, विवरणों और नमूनों से मिली थी, बल्कि चीन जाने वाले भारतीय कलाकारों से भी। हमें कम से कम तीन भारतीय चित्रकारों, शाक्यबुद्ध, बुद्धकीर्ति और कुमारबोधि के नाम मालूम हैं, जिन्होंने वाई काल में ही चीन में काम किया। भारत में मूर्तिकला की विभिन्न प्रारम्भिक शैलियों को, जैसे गान्धार, मथुरा और गुप्त, चीनी कलाकृतियों में स्थान मिला है। वाई काल की सर्वोत्तम प्रतिमाएँ, जिनकी आधुनिक यूरोपीयन विद्वानों ने ठीक ही भूरि-भूरि प्रशंसा की है, अजन्ता और सारनाथ की सुन्दर बौद्ध प्रतिमाओं की याद दिलाती हैं।

तांग काल में इस कला में और अधिक विकास हुआ। तुन्हवांग में गुफा-मन्दिरों का निर्माण जारी रहा। इनका सामूहिक नाम 'हजार बुद्धों की गुफाएँ' है, क्योंकि इनमें बुद्ध की एक हजार प्रतिमाएँ थीं। बाद की गुफाएँ तांग काल की सर्वश्रेष्ठ कला के नमूने हैं, "जिसमें क्रमशः गान्धार, गुप्त और ईरानी शैलियों के नमूनों को अपनाया गया है।" धीरे-धीरे चीनी कलाकारों ने भारतीय परम्परा को आत्मसात् कर लिया और उसके चीनी रूप में वृद्धि होने लगी। मूर्तियों, चित्रों और शैलकृत्त गुफाओं के अतिरिक्त भारतीय प्रभाव उन विशेष ढंग के मन्दिरों में भी दिखाई देता है, जिनमें कई मंजिलें अध्यारोपित की गयी हैं। दरअसल सोंग काल में मंदिरों की एक श्रेणी को "भारतीय शैली" का नाम भी दिया गया था। यह शैली शन-सी प्रान्त में बहुत लोकप्रिय थी, और वहाँ से जापान पहुँची थी।

ललित कलाओं में, चीन पर भारतीय संगीत का प्रभाव भी दिखाई देता है। यह प्रभाव कु-चि में बसे भारतीय संगीतकारों के कारण हुआ। और जल्द ही यह शैली बहुत लोकप्रिय हो गयी। ५८१ ईसवी में संगीतकारों का एक दल भारत से चीन गया

१. देखिए, पृ. ६८७-६८८.

था। सम्राट् काओत्सु (५८१-५९५) में राज्यादेश जारी करके उन पर पाबन्दी लगाने का असफल प्रयत्न किया, लेकिन उसके उत्तराधिकारी ने इन संगीतकारों को प्रोत्साहन दिया और कई नई धुनों की रचना करवायी। प्राचीन काल में जापान में प्रचलित परम्पराओं के अनुसार बोधि नामक भारतीय ब्राह्मण संगीत की दो मुख्य शैलियाँ बोधिसत्त्व और भैरो लेकर चीन से तांग काल में जापान गया था।

भारतीय खगोलशास्त्र, गणित और चिकित्साशास्त्र भी चीन में लोकप्रिय थे। पंचांग तैयार करने के लिए निर्मित सरकारी समितियों में भारतीय खगोलशास्त्रियों की भी नियुक्ति की गयी थी। सातवीं सदी में चीन की राजधानी में भारतीय ज्योतिष की तीन पद्धतियाँ प्रचलित थीं, जो गौतम, कश्यप, और कुमार नामों से प्रचलित थीं। भारतीय ज्योतिष के ग्रन्थ **नवग्रहसिद्धान्त** का अनुवाद अभी तक मिलता है। इससे पूर्व भी गणित और ज्योतिष सम्बन्धी अनेक भारतीय कृतियों का अनुवाद हुआ था, लेकिन वे कृतियाँ लुप्त हो चुकी हैं।

चीन में भारतीय चिकित्साशास्त्र के ग्रन्थ भी बहुत लोकप्रिय थे। ४५५ ईसवी में रचित एक चीनी कृति या तो किसी संस्कृत कृति का अनुवाद है, अथवा अनेक संस्कृत कृतियों का संकलन है। चीनी बौद्ध संकलनों में बहुत से चिकित्साशास्त्र-सम्बन्धी ग्रन्थ भी हैं। ग्यारहवीं सदी में शिशु रोगों की चिकित्सा सम्बन्धी संस्कृत ग्रंथ **रावण-कुमार-चरित** का अनुवाद किया गया था।

चीनी सम्राट् और सामन्त उन भारतीय ऐन्द्रजालिकों को बहुत पसन्द करते थे, जो यह दावा करते थे कि वे मनुष्य को दीर्घजीवी बना सकते हैं। कई बार सम्राट् दुर्लभ औषधियाँ जमा करने के लिए राज्य अधिकारी को भारत भेजा करते थे।

तांग काल में भारत और चीन के बीच समुद्री व्यापार में भी विकास हुआ। सन् ७४९ ई० में लिखे गये अनेक विवरणों में भारत के **पोलौमैन** अर्थात् ब्राह्मणों के अनेक जलपोतों का कैन्टन दरिया में आने का उल्लेख है। इसी विवरण में कैन्टन के तीन ब्राह्मण मठों का उल्लेख है, जिनमें ब्राह्मण रहते थे। साफ जाहिर है कि हिन्दू व्यापारी एक बड़ी संख्या में इस चीनी बन्दरगाह पर आया करते थे, और वहाँ निवास की अवधि में उन्होंने देवपूजार्थ मन्दिर बनवाये थे। **हर्षचरित** के अनुसार हर्ष के सेनापति चीन से बने हुए कवचों का प्रयोग करते थे।[1] दक्षिण भारत से प्राप्त तांग राजवंश के सिक्के भी इस काल में भारत और चीन के व्यापारिक सम्बन्धों के दिलचस्प स्मृति चिह्न हैं।[2]

कैन्टन में आने वाले विदेशी जलपोत ६० से ७० फुट गहरे हुआ करते थे। एक अन्य चीनी ग्रंथ में लिखा है कि कैन्टन में आने वाले विदेशी जहाज इतने बड़े और पानी से बाहर इतने ऊँचे होते थे कि दसियों फुट ऊँची सीढ़ियाँ चढ़कर ही उन जलपोतों तक पहुंचा जा सकता था।"

---

१. हर्षचरित, पृ. २०२।
२. सिनो-इंडियन स्टडीज, I, ६०।

३. मध्य एशिया

उपर्युक्त विवरण में चीन के बारे में जो कुछ बताया गया है उससे स्पष्ट होता है कि मध्य एशिया भारतीय संस्कृति और प्रभाव का इतना शक्तिशाली केन्द्र रहा था कि उसे बृहत्तर-भारत कहना उचित होगा। पूर्वकाल की तरह यहाँ प्राचीन स्तूपों, मन्दिरों, मठों, मूर्तियों और चित्रों के अवशेष मिलते हैं। खुशकिस्मती से इस क्षेत्र के इतिहास और संस्कृति के सूत्रों को जोड़ने के लिए हमें केवल पुरातत्त्व अवशेषों पर ही निर्भर नहीं करना पड़ता, क्योंकि भारत में आने वाले चीनी यात्रियों के, विशेषकर फा-हिएन और हिउएनत्सांग के विस्तृत विवरणों ने इस विषय पर बहुत प्रकाश डाला है।

चीन से रवाना होने के बाद फा-हिएन सबसे पहले शेन-शेन राज्य में पहुँचा था, जो मध्य एशिया के सुदूरपूर्व में लोप-नोर के नजदीक स्थित है। वहाँ का राजा बौद्ध था और उस देश में चार हजार से अधिक भिक्षु रहते थे। फा-हिएन ने इस काल में भारतीय संस्कृति की जीवन-शक्ति के सबसे अधिक सशक्त वर्णन शेन-शेन का उल्लेख करते हुए इस प्रकार किया है :

"इस राज्य के तथा अन्य राज्यों के साधारण लोग तथा श्रमण (भिक्षु) सभी भारत के कायदा-कानूनों का पालन करते हैं। बल्कि श्रमण इनका अधिक कठोरता से पालन करते हैं, साधारण लोग तो फिर भी कुछ ढिलाई बरतते हैं। यहाँ से पश्चिम जाते समय हम (यात्रियों) ने सभी राज्यों में यही देखा, फर्क इतना था कि हर राज्य की अपनी विशेष बर्बर भाषा थी, लेकिन सारे भिक्षु भारतीय पुस्तकों और भारतीय भाषा का अध्ययन करते थे।"

फा-हिएन भारत पहुँचने से पहले इन दो राज्यों से गुजरा था। इस साधारण वर्णन का समर्थन उसके विस्तृत विवरण में भी मिलता है। हिउएनत्सांग ने अग्नि (क़ारु शहर), कुचि, मरुक (अक्सू), काशगर, खोतान और एक या दो अन्य इलाकों का विवरण दिया है, जिनकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। इन सब स्थानों पर बौद्ध धर्म का बोलबाला था और यहाँ भारतीय लिपियों और पुस्तकों का प्रयोग होता था। इसी इलाके के सुदूर पूर्वी भाग तुरफान में भी बौद्ध धर्म फलफूल रहा था। काशगर में सैकड़ों मठ थे। पूर्ववर्ती काल की तरह तरिम की घाटी में स्थित भारतीय संस्कृति के शक्तिशाली केन्द्रों में खोतान और कुचि प्रमुख थे।

फा-हिएन और हिउएनत्सांग दोनों ने खोतान में उन्नतशील बौद्धधर्म का प्रशंसात्मक शब्दों में उल्लेख किया है। फा-हिएन के समय में भिक्षुओं की संख्या लाखों तक पहुँच गयी थी, जो अनुशासन के नियमों का कठोरतापूर्वक पालन करते थे और जिनमें औचित्य और शालीनता की उच्च भावना प्रबल थी। यहाँ का राजपरिवार तथा अन्य लोग सब बौद्ध थे और हर घर के सामने एक छोटा स्तूप था। छोटे से छोटे स्तूप की ऊँचाई बीस हाथ होती थी। यहाँ चार बड़े मठ थे, जिनमें गोमती-बिहार सबसे अधिक प्रसिद्ध था। इसमें तीन हजार भिक्षु रहते थे। हर साल यहाँ ऊँचे रथों पर प्रतिमाओं

के धार्मिक जुलूस निकाले जाते थे (आधुनिक भारत में, रथयात्रा के जुलूसों की तरह); इनमें भी भिक्षुगण अग्रणी रहते थे। इन जुलूसों का विस्तृत विवरण दिया गया है। ये जुलूस चौदह दिनों तक निकलते रहते थे। इनमें राजा और रानी भी शामिल होते थे। हर मठ निश्चित दिन पर अलग से अपने रथ पर जुलूस निकालता था। फा-हिएन ने एक दूसरे मठ का निम्नलिखित विवरण दिया है :—

"राजा का नया मठ, जिसके निर्माण में आठ बरस लगे थे, और जो तीन राजवंशों तक चलता रहा था, २५० हाथ (क्यूबिट) ऊँचा है, इसमें नक्काशी और जड़ाऊ काम बहुत सुन्दर है। ऊपर से यह सोने और चाँदी से मढ़ा है। बुद्ध का कक्ष बहुत शानदार और सुन्दर है; शहतीर, स्तम्भ, झिलमिलीदार दरवाजे और खिड़कियाँ सभी सोने से मढ़े गये हैं। भिक्षुओं के कक्षों की सजावट इतनी सुन्दर और शानदार है कि उसे शब्दों में नहीं बयान किया जा सकता है।" फा-हिएन का कहना है कि पूर्वी तुर्किस्थान के छह राजाओं ने अपनी सारी मूल्यवान चीजें इस मठ को दान कर दी थीं, सिर्फ थोड़ी-सी चीजें अपने इस्तेमाल के लिए रखी थीं।

हिउएनत्सांग ने भी खोतान के विभिन्न पवित्र स्थानों और मन्दिरों का और उनसे संबंधित परम्पराओं का उल्लेख किया है।

हम इससे पहले विजित-कीर्ति के राज्यकाल तक खोतान के राज-परिवार के तिब्बती विवरण का हवाला दे चुके हैं। इसके बाद भी दस या ग्यारह पीढ़ियों तक, जिस काल में खोतान विदेशियों के अधिकार में रहा, हमें कोई जानकारी नहीं मिलती। शायद यह तु-यू-हुन (४४५ ईसवी), जुआन-जुआन (ल० ४७० ईसवी) हेफ्थलाइट् (५००-५५६) तथा पश्चिमी तुर्की (५६५-६३१ ई०) के काल से सम्बन्धित है। इन्हीं लोगों ने खोतान पर विजय प्राप्त की थी।

इसके बाद हमारा परिचय राजा विजित-संग्राम से होता है, जिसने तुर्कों से इस देश को मुक्त किया। सन् ६३२ ईसवी में उसने चीन के राजदरबार में एक राजदूत और तीन बरस बाद अपने पुत्र को भेजा। अगले राजा विजित सिंह ने भी ६४८ ईसवी में अपने पुत्र को चीन भेजा और इसके बाद वह स्वयं भी वहाँ गया। शायद इसी के शासनकाल में, अपनी यात्रा से लौटते समय, हिउएनत्सांग खोतान में ठहरा था। कम से कम एक और सदी तक इस राजवंश का शासन रहा। तिब्बती इतिवृत्तों में विजित-कीर्ति, विजित-संग्राम, विजित-विक्रम, विजित-धर्म, विजित-संभव और विजित-बोहन (बाहन ?) का उल्लेख है। इनमें से अन्तिम राजा का शासनकाल आठवीं सदी ईसवी के उत्तरार्ध में था, और शायद यही वह विश्ववाहम् था जिसका नाम, मध्य-एशिया से प्राप्त दो दस्तावेजों में आता है। इन दस्तावेजों की भाषा ईरानी है किन्तु लिपि भारतीय है।

खोतान की तरह कुचि भी बौद्धमत का महत्त्वपूर्ण केन्द्र था, जैसा हम ऊपर बता

चुके हैं।[1] कुचि के लोग भारत-योरोपीय परिवार की भाषा बोलते थे। (जिसे कुचिअन, तुखारी, अर्सी इत्यादि नाम दिये गये हैं।) भारत और कुचि के अंतरंग सम्बन्ध चौथी सदी ईसवी में भी थे, यह कुमारजीव[2] की कहानी से स्पष्ट होता है। चीनी अभिलेखों के अनुसार चौथी और पाँचवीं सदी ईसवी के आरम्भ में इस राज्य में करीब १०,००० स्तूप और मन्दिर थे। चौथी और पाँचवीं सदी में पहले त्सिन राजवंश के इतिहास में कुचि में बौद्ध धर्म की स्थिति का विस्तृत विवरण दिया गया है। यहाँ अनेक मठ और भिक्षुणियों के लिए संघाराम थे। इनमें से चार मठ और तीन संघाराम कुमारजीव के आचार्य बुद्धस्वामी की देखरेख में काम कर रहे थे। इन मठों में रहनेवाली अधिकांश भिक्षुणियाँ राजाओं और राजकुमारों की पत्नियाँ और पुत्रियाँ थीं। उन्हें नियमित रूप से शिक्षा दी जाती थी और वे अनुशासन और शालीनता के कठोर नियमों का पालन करती थीं।

हिउएनत्सांग के काल में भी कुचि में बौद्धधर्म ही फलफूल रहा था। यहाँ एक सौ मठ थे, जिनमें पाँच हजार से अधिक भिक्षु रहते थे। वे भारतीय सिद्धान्तों और अनुशासन के नियमों का पालन और मूल भारतीय ग्रन्थों का अध्ययन करते थे। राजधानी के बाहर ९० फुट ऊँची बुद्ध की दो प्रतिमाएँ थीं, जिनके सामने हर पाँच बरस बाद दस दिनों के लिए एक धार्मिक सभा का आयोजन किया जाता था। इन दिनों सार्वजनिक छुट्टी रहती थी, राजा तथा अन्य श्रेणियों के लोग इस सभा में शामिल होते थे। खोतान की तरह यहाँ भी धार्मिक जुलूस निकलते थे।

हिउएनत्सांग के अनुसार कुचि के लोग वीणा और बाँसुरी-वादन में निपुण थे। अन्य चीनी स्रोतों से हमें और अधिक मनोरंजक जानकारी मिलती है। निस्सन्देह कुचिवासियों की संगीत-दक्षता का कारण भारतीय प्रभाव था। वहाँ न केवल भारतीय संगीत-प्रणाली ही फैली, बल्कि भारतीय संगीतकार भी सचमुच गये थे और उनमें से कुछ तो वहाँ बसे भी थे। चीनी इतिवृत्तों में कुचि के त्साओ (झा अथवा उपाध्याय) नाम के ब्राह्मण परिवार का उल्लेख है, जो खानदानी संगीतकार थे। ५५० और ५७७ ईसवी के बीच इस परिवार का एक सदस्य चीन गया था। सुजीव नाम का एक अन्य संगीतकार भी इसी काल में कुचि से चीन गया था। ये भारतीय कुचि संगीतकार इतने निपुण थे कि किसी भी धुन को केवल एक बार सुनने के बाद ही उसकी नकल कर सकते थे। चीनी वृत्तान्तों को पढ़ने के बाद इस विश्वास में कोई सन्देह नहीं रहता कि कुचि में प्रचलित संगीत-प्रणाली मूलतः भारतीय थी और चीनी राजदरबार में इसे दीर्घ काल तक पसन्द किया गया था। संगीत के अलावा इस क्षेत्र में अन्य भारतीय कलाएँ और ज्ञान-विज्ञान भी फलते फूलते रहे। कुचि के नजदीक से प्राप्त प्रसिद्ध बांवेर हस्तलिपि में सात ग्रन्थ हैं जिनमें से तीन चिकित्साशास्त्र से

---

१. जि. II, पृ. ६४१ (अँगरेजी संस्करण)।
२. देखिए, ६७४ प. पृ।

सम्बन्धित हैं। यह हस्तलिपि गुप्तकालीन लिपि में है। इसकी भाषा संस्कृत है, जिसमें प्राकृत के अनेक शब्दों का मिश्रण है। इन ग्रन्थों से सिद्ध होता है कि कुचि में भारतीय चिकित्साशास्त्र का भी अध्ययन होता था। यहाँ हजार बुद्धों वाली उन गुफाओं का हवाला भी दिया जा सकता है जो तिएन शन पर्वतों की दक्षिणी ढलानों की खुदाई से प्राप्त हुई हैं। इन्हें भित्ति चित्रों से सजाया गया था, जो सातवीं से दसवीं सदी ईसवी के हैं। इनमें कुछ संस्कृत ग्रन्थों की हस्तलिखित प्रतियाँ भी प्राप्त हुई हैं।

तरिम घाटी के पश्चिमी प्रदेश में भारतीय संस्कृति के प्रभाव के सम्बन्ध में हमारा ज्ञान और भी अधिक सीमित है। इसमें सन्देह नहीं कि तरिम घाटी और सिन्धु की उत्तरी घाटी के बीच में स्थित पहाड़ी क्षेत्र में बौद्ध धर्म फैला हुआ था। फाहिएन ने, जो खोतान और उत्तर-पश्चिमी भारत के बीच के छोटे और सीधे रास्ते से आया था, लिखा है कि वह जिस क्षेत्र से गुजरा था, वहाँ बौद्ध धर्म की प्रमुखता थी। हिउएनत्सांग के काल में भी स्थिति बहुत कुछ इसी तरह की थी। आमून दरिया की घाटी से लेकर हिन्दूकुश के सारे रास्ते में, आते और लौटते वक्त हिउएनत्सांग ने बौद्ध धर्म के प्रसार के लक्षण देखे। बल्ख (प्राचीन बैक्ट्रिआना) से लेकर आमून दरिया के दक्षिणी भाग तक का इलाका बौद्ध धर्म का बड़ा केन्द्र था। इस क्षेत्र की राजधानी को छोटा राजगृह कहा जाता था। साफ जाहिर है कि प्राचीन भारत के प्रसिद्ध शहर के नाम पर यह नाम रखा गया था। इसमें एक सौ मठ थे, जिनमें तीन सौ भिक्षु रहते थे। हिउएनत्सांग को यहाँ बुद्ध के अनेक अवशेष और पुराने पवित्र स्थान दिखाई दिये थे। नवसंघाराम नामक मठ एक प्रसिद्ध बौद्ध संस्थान था।

अरब इतिवृत्तों से पता चलता है कि खलीफा अलमंसूर का वजीर खालिद एक **बर्मक** अर्थात् बल्ख के बौद्ध-मठ "नाँबहर" के प्रधान भिक्षु का पुत्र था। स्पष्ट है कि यह शब्द नवविहार अर्थात् नवसंघाराम का अरबी रूप है। बल्ख के अरब विजेता ने ७०५ ईसवी में खालिद की माँ को कैद कर लिया था। उसके पुत्र को इस्लाम की दीक्षा दी गयी और उसने विख्यात बर्मकी खानदान की नींव डाली। खलीफा के शासनकाल में खालिद-इब्न-बर्मक को सबसे ऊँचा ओहदा मिला था। ७८६ ईसवी से ८०३ ईसवी तक एक प्रकार से उसके पुत्र और दो पौत्रों ने ही अब्बासी साम्राज्य पर शासन किया था। उन्हीं के माध्यम से अरबों का परिचय भारतीय ज्योतिषशास्त्र, गणित, चिकित्सा विज्ञान तथा अन्य ज्ञान-विज्ञानों से हुआ था।

हिउएनत्सांग के समय में जिन और स्थानों पर बौद्ध धर्म फलफूल रहा था, उनमें से त्सऊकुत (गजनी), हबोह (कुन्दुज) तथा बदख्शाँ और काशगर के बीच के कई स्थान थे। इनमें से दो स्थानों के शासकों के बारे में कहा जाता था कि वे कपिलवस्तु के शाक्यवंश के थे। इनमें कई स्थानों पर, विशेषकर अन-ता-लो-पो (अन्दरब) में ब्राह्मणप्रधान धर्म भी फलफूल रहे थे।

लेकिन आमू और सीर दरिया के बीच के इलाके में बौद्ध धर्म का प्रभाव काफी

कम हो चुका था। भारत आते समय हिउएनत्सांग इस इलाके के बहुत से स्थानों से गुजरा था। ईसिक कोल झील (तरिमघाटी के ठीक आगे के पहाड़ी दर्रा के पार) और आमू दरिया के बीच के विशाल क्षेत्र में उसे बौद्ध धर्म का कोई निशान नहीं दिखाई दिया। यहाँ के लोग अग्नि-पूजक थे और बौद्ध धर्म का उन पर कोई असर नहीं पड़ा था। लेकिन बौद्ध धर्म का असर वहाँ एकदम नहीं था, ऐसा भी नहीं कहा जा सकता। पश्चिमी तुर्कों का महान खान, जो ईसिक कोल के पश्चिम में रहता था, बौद्ध धर्म का बहुत आदर करता था। उसने हिउएनत्सांग का बहुत अच्छा सत्कार किया और उससे बौद्धधर्म की व्याख्या करने के लिए भी कहा था। व्याख्या की समाप्ति पर "खान ने हाथ उठाकर नमस्कार किया और बौद्धधर्म के उपदेशों को सहर्ष स्वीकार किया।" खान ने हिउएनत्सांग को रोक लिया और स्थायीरूप से वहीं रहने के लिए आग्रह किया। लेकिन जब वह हिउएनत्सांग को अपनी यात्रा जारी रखने से न रोक सका तो उसने अफगानिस्तान तक अपना एक विश्वस्त मार्गदर्शक उसके साथ भेजा। जैसा हम पहले बता चुके हैं, नालन्दा के भारतीय भिक्षु प्रभाकर मित्र ने तुर्की सरदार के पास रहकर उसे बौद्धधर्म की शिक्षा दी थी। इसका तुर्की सरदार पर गहरा असर पड़ा होगा और इसी से हिउएनत्सांग के स्वागत का मार्ग प्रशस्त हुआ होगा। इस प्रकार पश्चिमी तुर्कों पर, जो इस इलाके की प्रमुख शक्ति थे, बौद्ध धर्म का प्रभाव शुरू हुआ। आठवीं सदी ईसवी से कुछ पहले एक तुर्की राजा अपनी रानी और राजकुमार के साथ भारत आया था। उसने दो मन्दिर कश्मीर में और दो गान्धार में बनवाये थे। संघवर्मन्, जो समरकन्द का निवासी था, बौद्ध भिक्षु बना और गया के महाबोधि मन्दिर की यात्रा की। ईत्सिंग ने तुर्किस्तान पर बौद्ध प्रभाव और भारत के साथ तुर्किस्तान के सम्बन्ध पर प्रासंगिक प्रकाश डाला है। उसने तुखार (तुर्क) के लोगों द्वारा अपने भिक्षुओं के लिए भारत में बनाये गये बौद्ध मन्दिर का हवाला दिया है; "यह मन्दिर बहुत समृद्ध और सम्पन्न है, दान और सुव्यवस्था की दृष्टि से इसने दूसरे मन्दिरों को मात दे रखी है।" आगे चलकर बताया गया है कि "जब उत्तरी देशों के भिक्षु भारत आते हैं तो वे अपने मन्दिर में ठहरते हैं, उन्हें उस मन्दिर का बिहारस्वामी समझा जाता है।" ई-त्सिंग ने एक और स्थान पर बताया है कि बिहारस्वामियों की बिरादरी का मन्दिर की सम्पत्ति पर साझे का अधिकार होता था।[1]

४. अफगानिस्तान

फा-हिएन और हिउएनत्सांग के प्रमाणों से कोई सन्देह नहीं रह जाता कि उस काल में भी अफगानिस्तान का काफी बड़ा भाग भारत का अंग समझा जाता था। उद्यान अथवा स्वात नदी की घाटी का हवाला देते हुए फा-हिएन ने लिखा है, "सचमुच यह उत्तरी भारत का एक भाग है। सब लोग मध्य-भारत की भाषा का प्रयोग करते हैं। लोगों का खानपान और पौशाक भी मध्य-भारत के लोगों जैसी है। बौद्ध धर्म फलफूल

१. ज. बि. ए. सी., XXXVIII, पृ. ४११।

रहा है। हिउएनत्सांग ने लंघन, जलालाबाद और सुदूर पूर्वी प्रदेशों को, जिनमें स्वात घाटी भी शामिल है, भारत में गिनाया है।

लेकिन हिउएनत्सांग ने यह भी देखा कि बमियन और कपिशा के लोगों पर तुर्कों की उग्र सभ्यता का प्रभाव था। बमियन के लोगों की लिखित भाषा, सार्वजनिक रीतिरिवाज और सिक्के तोखार लोगों जैसे थे, उनकी शक्ल-सूरत भी तोखार लोगों जैसी थी, लेकिन उनकी बोलने की भाषा अलग थी। उनके तौरतरीके अपरिष्कृत थे, हालाँकि वे ईमानदार लोग थे। कपिशा की लिखित भाषा भी तोखारी भाषा से मिलती-जुलती थी, लेकिन इसमें कई दूसरे अन्तर थे। लोग उजड्ड और अपरिष्कृत थे। इस अन्तर के कारण निश्चय ही पाँचवीं और छठी सदी ईसवी में हूणों तथा अन्य आक्रमणकारियों का इस प्रदेश में आना था। इसके बावजूद इन दोनों स्थानों पर बौद्ध धर्म फलफूल रहा था।

बमियन घाटी हिन्दूकुश पर्वतों के नीचे बिछी है। इसके आसपास पहाड़ियाँ हैं और यहाँ वह सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण दर्रा है, जो काबुल को बल्ख (बैक्ट्रिया) से जोड़ता है। भारत से पश्चिम जाने वाले खुश्की के रास्ते पर यह महत्त्वपूर्ण पड़ाव था। स्थानीय परम्पराओं के अनुसार, यहाँ का राजपरिवार कपिलवस्तु से आया था। यह सच हो या गलत, लेकिन बमियन बहुत शुरू से ही बौद्ध धर्म का महत्त्वपूर्ण केन्द्र रहा था। आसपास की पहाड़ियों की चट्टानें काट कर भिक्षुओं के रहने तथा बौद्ध ग्रन्थों को रखने के लिए स्थान बनाये गये थे। इन गुफाओं से प्राप्त ग्रन्थ कुषाण और गुप्त-लिपियों में लिखित हैं।

हिउएनत्साँग के जमाने में बमियन में बौद्धधर्म बहुत शक्तिशाली था। वहाँ अनेक मठ थे, जिनमें हजारों भिक्षु रहते थे और अनेक पवित्र स्मृति चिह्न थे। वहाँ का राजा बौद्ध था और वह भी हर्षवर्धन की तरह पाँच साल बाद उत्सव करता था। यहाँ हिउएनत्सांग ने बहुत-सी गुफाएँ और बुद्ध की विशालकाय प्रतिमाएँ, जो पहाड़ी पर चट्टानें तराशकर बनी थीं, देखी थीं, जो अभी भी वहाँ मौजूद हैं।

कपिशा (काफिरिस्तान) एक बड़ा और शक्तिशाली राज्य था, जिसकी सत्ता सिन्धु तक फैले हुए दस पड़ोसी राज्यों पर छाई हुई थी। वहाँ का राजा जाति का क्षत्रिय था, और बड़ा निष्ठावान बौद्ध था। यहाँ १०० मठ थे, जिनमें ६००० भिक्षु रहते थे। यहाँ बौद्ध धर्म के प्रारम्भिक इतिहास से सम्बद्ध कई पवित्र स्थान और स्मृति चिह्न भी थे। कुछ ब्राह्मण मन्दिर भी थे। ई-त्सिंग ने लिखा है कि बोधगया में एक "कपिशा मन्दिर" भी था, जहाँ उत्तर से आये पुजारी रहते थे।

हाल में हुई पुरातत्त्व सम्बन्धी खुदाइयों से पता चला है कि सारे अफगानिस्तान पर भारतीय संस्कृति का कितना गहरा असर था। यह असर हिन्दूकुश तक फैला हुआ था। इन खुदाइयों से प्राप्त कलात्मक अवशेषों से पता चलता है कि भारतीय कला-परम्पराओं का पूर्ण विकास खोतान, कुचि, तुरफन, तुन्हवांग और मध्य एशिया के अन्य भारतीय उपनिवेशों में हुआ था। हद्दा के अवशेष भी प्राप्त हुए हैं, जहाँ

फा-हिएन और हिउएनत्सांग दोनों गये थे। खुदाई में ५३१ स्तूपों के अवशेष और ५००० मूर्त्तियाँ मिली हैं, जिनमें अधिकांश बालू और चूने के बने शीर्षभाग हैं। इन आकृतियों से बहुत उत्कृष्ट कलात्मक भावना झलकती है। बमियन का महत्त्वपूर्ण स्थल भी खोज निकाला गया है जहाँ अनेक मूल्यवान् भित्तिचित्र और संस्कृत के ग्रन्थों की हस्तलिखित प्रतियाँ मिली हैं। बुद्ध की विशालकाय मूर्तियों और अनेक प्रसिद्ध गुफाओं के साथ-साथ कुछ पुरानी गुफाएँ और आलंकारिक चित्र भी प्रकाश में आये हैं। इन चित्रों पर कुछ ईरानी प्रभाव भी है। काबुल के उत्तर-पश्चिम में खैर खानेह की पहाड़ी पर सूर्य की एक मूर्त्ति और गुप्त शैली के मन्दिर के अवशेष मिले हैं। कापिशि के एक स्थल बेग्राम में हाथीदाँत की बहुत-सी वस्तुएँ, जिनके नमूने कुषाण काल में मथुरा की कला-शैली की याद दिलाते हैं, प्राप्त हुई हैं। इससे कुछ दूर पूर्व के एक स्थल से मिट्टी की आकृतियाँ और गुप्त तथा पाल कालों की शैली से मिलते-जुलते भित्तिचित्र भी प्राप्त हुए हैं।

५. तिब्बत

मध्ययुग के तिब्बती इतिवृत्तों के अनुसार तिब्बत के राजवंश का संस्थापक एक भारतीय राजा का पुत्र था। लद्दाख और पश्चिमी तिब्बत के राजा भी अपने को भारत के शाक्य वंश के वंशज बताते थे। ये परम्पराएँ तिब्बत के इतिहास और संस्कृति पर भारत के शक्तिशाली प्रभाव का प्रमाण हैं, लेकिन उन्हें ऐतिहासिक तथ्य नहीं माना जा सकता।

छठी सदी ईसवी से पहले भारत और तिब्बत के पारस्परिक सम्पर्क के बारे में हमें कोई निश्चित जानकारी नहीं मिलती। इस सदी के अन्तिम दो दशकों को एक स्थानीय सरदार ने, जो अब तक तिब्बत के विभिन्न भागों पर शासन करता आया था, बाकी हिस्सों को अपने अधीन करके एक शक्तिशाली राज्य की नींव डाली। इस राजा का नाम ग्नाम-री-स्रोड-ब्तसान[1] था। कहा जाता है कि उसने मध्य भारत पर भी हमला किया था, जिसमें उसे सफलता मिली थी।[2] इस वर्णन की प्रामाणिकता में सन्देह है, लेकिन निस्सन्देह उसके राज्य की सीमाएँ भारत की सीमाओं से मिलती थीं, और हो सकता है कि कुछ सीमावर्ती राज्यों से उसके सम्बन्ध रहे हों।

इस राजा का पुत्र और उत्तराधिकारी प्रसिद्ध स्रोङ-ब्त्सन-स्गम-पो था जो सातवीं सदी ईसवी के पूर्वार्द्ध में तिब्बत के सिंहासन पर बैठा था। कहा जाता है कि उसने आसाम और नेपाल को जीता था और आधे जम्बू-द्वीप (भारत) पर उसकी सत्ता

---

१. अलग-अलग इतिहासकारों ने तिब्बती नामों को अलग-अलग ढंग से लिखा है। इस पुस्तक में हमने फ्रांके (ऐंटिक्विटीज ऑफ इंडियन टिबेट) की दी हुई प्रणाली अपनायी है।

२. चीनी स्रोतों के अनुसार जो लेवी (नेपाल, II, १४७) का आधार है। लेकिन **क्रॉनिकल्स ऑफ लदाख** में लिखा है "भारत के पश्चिमी भाग के कुछ राजाओं को जीता गया (फ्रांके, पू. ले. पृ. ८२)। देखिए पेटेच पू. पु., पृ. ३५-३६।

थी। इन स्पष्ट अतिरंजनाओं के बावजूद इसमें सन्देह नहीं कि इस तिब्बती शासक का नेपाल, और शायद आसाम तथा अन्य प्रदेशों पर भी आधिपत्य था।[१]

स्रोङ्-ब्त्सन-स्गम-पो के साथ ही बौद्ध धर्म का प्रभाव शुरू होता है, जिसने जल्द ही तिब्बत की समूची संस्कृति को बदल दिया। उसने नेपाल के राजा अंशुवर्मन् की पुत्री, तथा एक चीनी राजकुमारी के साथ विवाह किया। ये दोनों रानियाँ धर्मनिष्ठ बौद्ध थीं, और उनके प्रभाव के कारण राजा ने भी बौद्धधर्म अपना लिया। उसने मन्दिर और मठ बनवाये, और बहुत-से बौद्ध ग्रन्थों का अनुवाद करवाया। भारत और चीन से बहुत सी मूर्तियाँ और पवित्र स्मृति चिह्न लाये गये।

लेकिन तिब्बत के सांस्कृतिक विकास में इस राजा का सबसे महत्त्वपूर्ण योगदान संस्कृत भाषा तथा भारतीय लेखन-पद्धति को तिब्बत में लाना है। निम्नलिखित वर्णन तिब्बती स्रोतों से एकत्र किया गया है।[२]

"राजा ने देखा कि धर्म की स्थापना के लिए, विशेषकर लोगों की भलाई के लिए, नियम बनाने के वास्ते लिखित भाषा का होना बहुत आवश्यक है। इसलिए उसने सोलह साथियों के साथ संभोट को संस्कृत भाषा के अध्ययन के लिए भेजा, ताकि उसके द्वारा भारतीय बौद्धों के पवित्र ग्रन्थों का ज्ञान प्राप्त किया जा सके। उसने उन्हें यह भी आदेश दिया कि वे तिब्बती बोली की स्वनिक विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए संस्कृत वर्णमाला को अपनाकर तिब्बत के लिए एक लिखित भाषा तैयार करें। उसने आचार्यों को उपहार देने के लिए प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को सोने के बहुत से सिक्के दिये।"

"संभोट और उसके साथियों ने भारत जाकर संस्कृत भाषा, बौद्ध धर्म-ग्रन्थों और भारतीय लिपियों का पूरा ज्ञान प्राप्त किया। तिब्बत लौटकर उन्होंने तिब्बती वर्णमाला और व्याकरण की एक पुस्तक तैयार की। राजा ने आदेश दिया कि तीक्ष्ण बुद्धि वाले सभी लोगों को लिखना और पढ़ना सिखाया जाए और बौद्ध ग्रन्थों का संस्कृत से तिब्बती में अनुवाद किया जाए। फिर उसने राजाज्ञा जारी की कि लोग उसके द्वारा बताये गये दस सद्गुणों का और सोलह नैतिक नियमों का पालन करें।"

उपर्युक्त विवरण के बारे में हम जो भी चाहे सोचें, इसमें सन्देह नहीं कि तिब्बती वर्णमाला ईसा की पाँचवीं से सातवीं सदी के बीच प्रचलित गुप्तकाल की लिपि से निकली है। संभोट द्वारा बनाया गया व्याकरण बहुत कुछ आज के तिब्बती स्कूलों में प्रचलित व्याकरण जैसा है।[३]

---

१. देखिए ऊपर पृ. ९७-९८, १६०।
२. ज. ए. सो. ब., १८८१, पृ. २१८-१९।
३. फ्रांके, पू. पु., पृ. ८४।

इस प्रकार तिब्बत में बौद्ध धर्म की नींव रखी गयी और भारत के निर्देशन में उसने सांस्कृतिक विकास किया। इस आन्दोलन की शुरुआत स्रोङ्-ब्त्सन-स्गम-पो ने की थी। बाद में जब बौद्ध धर्म तिब्बत में शक्तिशाली हो गया तो लोगों की दृष्टि में इस व्यक्ति का ऊपर उठना स्वाभाविक था। यहाँ तक कि उसे बोधिसत्त्व अवलोकित का अवतार समझा जाने लगा, और उसकी नेपाली रानी को भृकुटि का तथा चीनी रानी को तारा का अवतार माना जाने लगा। कहा जाता है कि इस राजा ने कम से कम ९०० मठ बनवाये, जिसमें रा-मो-चे का प्रसिद्ध मठ भी शामिल था। उसने अपने दरबार में भारतीय आचार्य कुमार, नेपाली आचार्य शीलमंजु, कश्मीरी आचार्य तबुत और गनुत, ब्राह्मण लीव्यीन और चीनी आचार्य ह्-शान-महादेव को भी बुलाया था।[१]

करीब ६५० ईसवी में स्रोङ्-ब्त्सन-स्गम-पो का देहान्त हुआ। इसके बाद आधी सदी तक हमें नये धर्म या भारत के साथ तिब्बत के सम्बन्धों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिलती। ७०२ ईसवी के करीब नेपाल तथा भारत के उत्तर पूर्व में अन्य सीमावर्ती राज्यों ने तिब्बती जुए को उतार फेंका और इसके विरुद्ध अभियान में तिब्बत का राजा मारा गया (७०४ ईसवी में)। नये राजा का नाम रत्री-ल्दे-ब्त्सुग-ब्त्न था, जो अपने कुलनाम मेस-अग-त्शोम्स (७०५-५५ ई०) से प्रसिद्ध है। ७०४ ईसवी की हार का बदला लेने के लिए वह अक्सर भारत पर धावा बोलता रहा था। अक्सर होने वाले इन हमलों से ललितादित्य और यशोवर्मन् इतने परेशान हो गये, कि उन्होंने चीन से सहायता के लिए निवेदन किया।[२]

भारत से पुनः सम्बन्ध तिब्बत में बौद्ध धर्म के विकास में सहायक सिद्ध हुआ। नये राजा ने मन्दिर और मठ बनवाये, तथा पवित्र ग्रन्थों का अनुवाद करवाया। लेकिन इसके बाद जल्द ही इसकी प्रतिक्रिया हुई। ७४०-४१ की महामारी के दौरान क्रुद्ध देवताओं को प्रसन्न करने के लिए सारे विदेशी भिक्षुओं को देश से निकाल दिया गया। इस तरह हम देखते हैं कि ७५५ ईसवी में मेस-अग-त्शोम्स के देहान्त के समय, तिब्बत में बौद्ध धर्म के विकास की सम्भावना बहुत उज्ज्वल नहीं थी।[३]

६. सुदूर पूर्व के अन्य देश

बौद्ध धर्म के साथ-साथ भारतीय संस्कृति मध्य एशिया, चीन और तिब्बत से उत्तरी तथा पूर्वी एशिया के अन्य भागों में फैली। जिन देशों में इसका प्रभाव हुआ उनमें मंगोलिया, कोरिया और जापान सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण थे। इसमें सन्देह नहीं कि कोरिया और जापान पर चीनी बौद्धों का बहुत प्रभाव पड़ा था, और बाद में

---

१. टॉमस, पू. पु., पृ. ६२, ८३, ८४।

२. शास्त्री, फॉरेन नोटिसेज, पृ. ११७; देखिए ऊपर पृ. १४८, १५२।

३. क्रॉनिकल्स ऑफ लद्दाख के एक पाठान्तर के अनुसार बौद्ध धर्म के विरुद्ध प्रतिक्रिया अगले इलाके में शुरु हुई थी (फ्रांके, पू. पु., पृ. ८६)।

तिब्बत भी बौद्धधर्म के प्रचार का, विशेषकर मंगोलिया में, महत्त्वपूर्ण केन्द्र बन गया था। भारत और इनमें से कुछ देशों के बीच सीधे सम्पर्क के प्रमाण भी मिलते हैं।

जहाँ तक कोरिया का सम्बन्ध है, ई-त्सिंग के विवरण से पता चलता है कि सातवीं सदी ईसवी में पाँच कोरियाई भिक्षु भारत आये थे। इनमें से दो ६३८ ईसवी में रवाना हुए थे। वे नालन्दा में रहे थे और वहीं उनकी मृत्यु भी हुई थी। एक तीसरा भिक्षु सर्वज्ञदेव तिब्बत और नेपाल के रास्ते से ६५० ईसवी में आया था। चौथा भिक्षु प्रज्ञवर्मन् भारत में दस बरस तक ठहरा था। एक अन्य कोरियाई भिक्षु की भारत में मृत्यु हुई थी, और दो और भिक्षुओं की, जो भारत आ रहे थे, रास्ते में मृत्यु हो गयी थी।

भारत और जापान के बीच भी सीधा सम्पर्क था। इस सिलसिले में सबसे अधिक विख्यात भिक्षु बोधिसेन था, जिसका इतिहास जापानी इतिवृत्तों[1] में सुरक्षित है। बोधिसेन दक्षिण का ब्राह्मण था और उसका कुलनाम बरचि (भारद्वाज गोत्र ?) था। वह समुद्री रास्ते से चीन के लिए रवाना हुआ, रास्ते में उसकी मुलाकात चम्पा के एक भिक्षु बुत्तेत्सु से हुई, जिसका जहाज दुर्घटना में डूब गया था। दोनों एक साथ ७३३ ईसवी में चीन पहुँचे।

चीन में बोधिसेन मंजुश्री से मिलने गया जिसके बारे में भारत में प्रचलित विश्वास था वह चीन में रहता था। बोधिसेन उसे वहाँ नहीं ढूंढ़ सका। उसे बताया गया कि मंजुश्री जापान के लिए रवाना हो चुका है। चीन के दरबार में, जापान के सम्राट् के दूत ने, जो स्वदेश जा रहा था, बोधिसेन को अपने साथ चलने का निमंत्रण दिया। बोधिसेन और बुत्तेत्सु दोनों उसके साथ चल पड़े और ७३६ ईसवी में जापान पहुँच गये। ननिवा (ओसाका) के बन्दरगाह पर पहुँचने पर सम्राट के एक दूत, मुख्य पुरोहित तथा उसके साथ आये सौ व्यक्तियों, विधिनायकों, गायकों-वादकों और विदेश विभाग के उच्च अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

मालूम होता है कि जापान में बौद्धमत और संस्कृत पहले से ही विख्यात हो चुके थे, क्योंकि बोधिसेन ने जापानी पुरोहित से "संस्कृत और जापानी" दोनों भाषाओं में इस तरह से बातचीत की थी, जैसे दोनों पुराने मित्र हों। उसे एक बौद्ध मठ में ठहराया गया था। सम्राट् के दरबार की तरफ से उसे कपड़े तथा दूसरी जरूरी चीजें दी गयी थीं।

७४९ में जब बुद्ध वैरोचन की एक विशालकाय मूर्ति की प्रतिष्ठा की गयी तो बोधिसेन को इसके अभिषेक के लिए निमन्त्रण दिया गया। बुत्तेत्सु ने संगीत के आयोजन की देखभाल की थी।

७५० ईसवी में बोधिसेन को जापान के बौद्धों का मुखिया नियुक्त किया गया। लोगों में वह बरामोन सोजो (ब्राह्मण धर्माध्यक्ष) के नाम से विख्यात हुआ। वह तीन

---

१. बु. ल. फ़ा. द. ओ., XXVIII, २४-२६।

अलग-अलग मठों में संस्कृत और गंडव्यूह महायान सिद्धान्त की शिक्षा देता रहा। सन् ७६० में ५७ वर्ष की आयु में उसका देहान्त हो गया। उसके अस्थि अवशेषों के ऊपर एक स्तूप का निर्माण हुआ और उसके एक शिष्य ने इस स्तूप के लिए ७७० ईसवी में अभिलेख लिखा।

कुछ जापानी विद्वानों का कहना है कि बोधिसेन ने जापानी अक्षरमाला को संस्कृत वर्णमाला के आधार पर पचास स्वनिक स्वरों में बाँटा था, हालाँकि कुछ विद्वान् इसे परवर्ती मानते हैं। जापान में भारतीय वर्णमाला का प्रयोग शायद इससे भी पहले से होता था। यह ज्ञातव्य है कि जापान के कुछ मठों से प्राप्त ताड़पत्रों की हस्तलिपियों के कुछ अंश, चौथी सदी ईसवी की भारतीय लिपि में लिखे गये हैं।[1] इस बात के भी प्रमाण उपलब्ध हैं कि होरीऊर्जा मठ से प्राप्त ताड़पत्र की हस्तलिपि, जो ६०६ ईसवी में जापान लायी गयी थी, छठी सदी ईसवी से अधिक पुरानी नहीं हो सकती।[2]

विद्वान् होने के साथ-साथ बुत्तेत्सु संगीत और नृत्य में भी निपुण था। उसने जापान के नारा विश्वविद्यालय में कई साल बिताये थे, जहाँ वह भारतीय संगीत और नृत्य की शिक्षा देने के साथ-साथ इन कलाओं का प्रदर्शन भी किया करता था। सात स्वरों वाली संगीत पद्धति (षड्ज, ऋषभ इत्यादि) धार्मिक गोष्ठियां राजदरबार में बहुत पसन्द की जाती थी। बुत्तेत्सु संस्कृत का शिक्षक था और संस्कृत पढ़ाने के लिए उसने एक नियमावली भी लिखी थी।

७. पाश्चात्य देश[3]

(I) व्यापारिक और राजनीतिक सम्पर्क

हालांकि तीसरी सदी ईसवी के बाद भारत और रोमन साम्राज्य के व्यापार में बहुत कमी आ गयी थी, लेकिन इसमें सन्देह नहीं कि यह व्यापार कम से कम दो या तीन सौ बरस और चलता रहा था। दक्षिण भारत से उपलब्ध रोमन सिक्के इसके प्रमाण हैं। उदाहरण के लिए मदुरा में पूरब के सम्राट् आर्केडियस (३९५-४०८ ई०) और पश्चिम के सम्राट् ओनोरियास (३९५-४२३ ई०) के तांबे के सिक्के, कांस्टे नियम द्वितीय (३३७-३६१), थिओडोसियस द्वितीय (४०८-४५०), जेनो (४७५-

---

१. इ ऐ., १८८५, पृ. २२८-९।

२. एनोक्डोटा ओक्सोनिएंसिया—आर्यन सीरीज, जि. I, भाग III, पृ. ६४।

३. इस प्रसंग में निम्नलिखित सन्दर्भ-ग्रन्थों का उल्लेख किया जा सकता है :
(क) रॉलिसन : **इंटरकोर्स बिट्वीन इंडिया ऐंड दि वेस्टर्न वर्ल्ड**।
(ख) एम. हमिदुल्ला : ऐंशिएंट इंडिया फ्रॉम दि अरबिक सोर्सेज (प्रो. इ, हि. का. V. २४६-४८।
(ग) पी. के. हिट्टी : **हिस्टरी ऑफ दि अरब्स**।

४६१) और अनेस्टेटियस (४६१-५१८) के एक-एक सोने के सिक्के प्राप्त हुए हैं। त्रावणकोर से थियोडोसियस द्वितीय, मार्सियन (४५०-४५७), लियो (४५६-४७४), जेनो, अनेस्टेटियस और जस्टीनियस-प्रथम (५१८-५२७) के सिक्के प्राप्त हुए हैं। थिओडोसियस प्रथम (३७६-३६५), वालेन्टीनियन (३६४-३७५) और युडोक्सिया (४०१-४०४) के सिक्के दक्षिणी भारत के कई स्थानों से प्राप्त हुए हैं। ये सिक्के और भारत द्वारा रोमन सम्राटों को भेजे गये दूतमंडल, जिनका जिक्र पहले किया गया है, इस बात के प्रमाण हैं कि छठी सदी ईसवी के आरम्भ तक भारत और रोम में पारस्परिक व्यापारिक सम्बन्ध थे।[१] इस प्रचुर व्यापार का एक और प्रमाण इस तथ्य से मिलता है कि अलैरिक ने "४०८ सदी ईसवी में रोम को नष्ट न करने की कीमत तीन हजार पाउंड काली मिर्च की शक्ल में माँगी थी।"[२]

इस जिल्द में वर्णित पूरे काल में पश्चिमी एशिया के साथ भी भारत के सम्बन्ध फलते-फूलते रहे थे। हमें एमियानस मार्सेलीनस[३] के हवाले से ज्ञात होता है कि चौथी सदी ईसवी के उत्तरार्ध में फरात नदी के किनारे के निकटस्थ व्यापारिक केन्द्र के वार्षिक मेले में भारत से भी सामान भेजा गया था। चीनी इतिवृत्तों में अरब और ईरान जैसे पश्चिमी देशों के साथ चीन के व्यापार का उल्लेख किया गया है। यह व्यापार अवश्य भारत के रास्ते से होता होगा और इस तरह भारत और पश्चिमी देशों के बीच के पुराने व्यापारिक सम्बन्ध बने रहे होंगे। अरब और ईरानी चीन को जहाज भेजते थे जो भारतीय बन्दरगाहों से गुजरते थे। ई-त्सिंग चीन से एक ईरानी समुद्री जहाज में भारत आया था।[४] हमें ७२० सदी ईसवी में वज्रबोधि के यात्रा-विवरण से पता चलता है कि जब वह लंका के एक बन्दरगाह में पहुँचा था तो उसे वहाँ पैंतीस ईरानी जलपोत दिखाई दिये थे।

इस्लाम-पूर्व काल में भी भारत और अरब के बीच व्यापारिक सम्पर्क था। भारतीय इस्पात की बनी तलवार का हवाला अरबी साहित्य में मिलता है।[५] अदन को सुगन्धि-उद्योग का केन्द्र बताया गया है, जिसकी बिक्री सिन्ध, हिन्द और संसार के सब भागों में होती थी। अरब में भारतीय मसालों का बहुत बड़ी मात्रा में आयात होता था और **करनफुल** (कर्णफुल) जैसे शब्द भारतीय शब्द से निकले हैं।

अरब साहित्य से पता चलता है कि इस्लाम से पहले ढबा का शहर अरब के दो बड़े बन्दरगाहों में से था। यह अरब के दक्षिण-पूर्वी कोने पर ओमन में स्थित था। ढबा

---

१. जि. II, पृ. ६२५ (अँगरेजी संस्करण)।
२. ज. रा. ए. सो., १९०४, पृ. ३०७ प. पृ.।
३. XIV, ३, ३३।
४. इ. रे. त., पृ. XXVIII।
५. शॉफ : **पेरिप्लस**, ७०-७१।

में हर साल एक मेला लगता था, जिसमें सिन्ध, हिन्द, चीन और यूनान—संसार के हर कोने से व्यापारी आते थे।

भारत और ईरान के बीच घनिष्ठ व्यापारिक सम्बन्धों का एक दिलचस्प प्रमाण ईरानी इतिहासकार—टबरी (८३८-९२३ ईसवी) की कृति में सुरक्षित है, जिसमें खुशरू द्वितीय के देहान्त के तत्काल बाद लिखित एक पहलवी कृति का प्रमाण दिया गया है। उसके विवरण से पता चलता है कि खुशरू के राज्य काल (५९०-६२८) ईसवी के ३६ वर्ष में, भारत के एक राजा ने अपने बेटों और राजदूतों की ईरानी राजा के लिए खत और उपहार देकर भेजा था। एक राजकुमार के लिए भेजे गए खत पर लिखा था "निजी" और उसमें एक जानकारी—एक प्रकार की भविष्यवाणी—थी कि वह दो बरस बाद बादशाह बन जाएगा। कहा गया है कि वह भारतीय राजा पुलकेशिन् द्वितीय था और अजन्ता की गुफा नम्बर १ की छत पर बने एक चित्र में न केवल बादशाह खुशरू द्वितीय और उसकी मशहूर मलिका शीरी को दिखाया गया है बल्कि राजा पुलकेशिन् के दरबार में ईरानी दूतमंडल का दृश्य भी प्रस्तुत किया गया है। इस चित्र की व्याख्या और टबरी द्वारा इस राजा की पुलकेशिन् से शिनाख्त—इन दोनों विचारों पर सवाल उठाये गये हैं।[१] लेकिन इसमें सन्देह नहीं कि कहानी और चित्र दोनों से भारत और ईरान के बीच के घनिष्ठ सम्बन्ध सिद्ध होते हैं। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि बाणभट्ट के **हर्षचरित** के अनुसार सम्राट् हर्षवर्धन का अस्तबल ईरानी घोड़ों से भरा था। इसी प्रमाण से मालूम होता है कि हर्ष का राजदरबार ईरान तथा अन्य पश्चिमी राज्यों से परिचित था। हर्ष के सेनापतियों की गर्वोक्तियों में निम्नलिखित पंक्ति भी आती है "वीरों के लिए तुरुष्कों का देश केवल एक हाथ बराबर है, फारस या ईरान केवल एक बालिश्त के बराबर है, शकस्थान खरगोश के पदचिह्न के बराबर है।"[२]

एक पहलवी कृति से पता चलता है कि हर्ष और पुलकेशिन् से पहले एक और भारतीय राजा देवसरम (देवशर्मा ?) ने ईरानी बादशाह खुशरू प्रथम के पास एक दूतमंडल के हाथ कीमती उपहार और शतरंज के मोहरे और बोर्ड भेजा था।[३]

---

१. विभिन्न मतों का हवाला देते हुए इस प्रश्न पर शास्त्री ने विचार किया है। फॉरेन नोटिसेज (पृ. ९) और बी. घोष (ज. वि. रि. सो., XXX, १ प. पृ.) और भी देखिए लेखक का लेख "पुलकेशी और, खुशरू द्वितीय" (ज. इ. हि., जिल्द IV, भाग II)।

२. ह. च., २१०।

३. फारसी कवि फिरदौसी ने **शाहनामा** में कहा है कि हिन्द के बादशाह के राजदूत खुशरू प्रथम (अनूशीर्वान) के पास एक शतरंज लेकर आये थे और उन्होंने उसे खेल का भेद बूझने के लिए कहा था। दूसरे फारसी और अरब लेखकों ने कहा है कि शतरंज का खेल (जो संस्कृत के चतुरंग शब्द से बना है) भारत से ईरान पहुँचा था। इस विषय पर सबकी यही धारणा है, इसलिए सन्देह की गुंजाइश नहीं। यह खेल हिन्दुओं से ईरानियों तक पहुँचा। वहाँ से अरबों के पास (सातवीं सदी में) होता हुआ, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कब यूरोप पहुँचा इसका काल-निर्धारण कठिन है, लेकिन यह दसवीं सदी में या इससे कुछ पहले हुआ होगा।

उपर्युक्त इतिहासकार टबरी की कृति में अनेक ऐसे किस्से सुरक्षित हैं जो भारत और पश्चिमी एशिया के देशों के बीच घनिष्ठ सम्बन्धों का संकेत देते हैं, उनका ऐतिहासिक मूल्य चाहे कुछ भी हो। उसके अनुसार अनूशीरवां ने भारत में एक अभियान-दल भेजा था, जिसने कुछ प्रान्त जीत लिये थे, लेकिन इस किस्से की सचाई सन्दिग्ध है।[१]

एक लम्बे किस्से में सविस्तार बताया गया है कि कैसे एक हिन्दुस्तानी बादशाह ने एक बहुत बड़ी फौज लेकर, जिसमें तुर्की और ईरान के अधीन राज्य भी थे, फिलिस्तीन पर हमला किया था। फिलिस्तीन के बादशाह पर ईश्वर की कृपा होने के कारण हिन्दुस्तानी बादशाह एक लाख सिपाहियों के साथ समुद्र के किनारे भाग गया। उन लोगों ने नावों में बैठकर भागने की कोशिश की लेकिन भूमध्यसागर में तूफान आने के कारण सारी सेना नष्ट हो गयी।

ऐतिहासिक काल में भी भारतीय नौसेना का जिक्र आया है। उन दिनों बसरा के नजदीक उबुल्ला नामक स्थान "भारत का प्रवेशद्वार" नाम से जाना जाता था। कहा जाता था कि वहाँ के गवर्नर को "हमेशा जमीन पर अरब बद्दूओं से और समुद्र में भारतीय नौसेना से लड़ना पड़ता था।"

कहा जाता है कि बहुत से पश्चिमी देशों के राजा भारत आये थे, और उनमें से कुछ ने भारत के विभिन्न प्रदेश जीते थे या उनसे खिराज ली थी।

II. पश्चिम पर भारत का प्रभाव

हमारे पास इस बात के निश्चित प्रमाण हैं कि विवेच्यकाल में भारतीय साहित्य और विज्ञान ने पश्चिमी देशों पर बहुत प्रभाव डाला था।

इन देशों में भारतीय साहित्य की बहुत कद्र की जाती थी, और वहाँ के लोगों पर इसका कितना गहरा प्रभाव था, इसका अनुमान केवल एक कृति **पंचतंत्र**[२] के इतिहास से लगाया जा सकता है, जिसमें पशु-पक्षियों सम्बन्धी कहानियों के जरिए बुद्धिमत्तापूर्ण सूत्र बताये गये हैं। छठी सदी ईसवी में इस कृति का अनुवाद संस्कृत से पहलवी में हुआ था, फिर पहलवी से अरबी और सीरियाई[३] भाषा में। अरबी में अनूदित होने के बाद यह पुस्तक सारे पश्चिमी जगत में विख्यात हो गयी और फारसी, हिब्रु, लैटिन, स्पेनिश, इतालवी तथा यूरोप और एशिया की अन्य भाषाओं में इसका अनुवाद किया गया। मैक्स मूलर के कथनानुसार पंचतन्त्र में संकलित कहानियों से

---

१. सर पर्सी साइक्स : **हिस्टरी ऑफ पर्सिया,** पृ. ४५६।

२. ऊपर देखिए पृ. ३५५।

३. विंटरनित्ज : गे. इ. लि., III, २९४ प. पृ. हिट्टी के अनुसार (पृ. पु. ४०४) **थाउजेंड ऐंड वन नाइट** (एक हजार एक रातें) का आधार एक ईरानी कृति थी, जिसमें अनेक ऐसी कहानियाँ थीं, जो मूलतः भारतीय थीं।

भी अधिक आश्चर्यजनक और शिक्षात्मक तथ्य इस कृति का भारत से पश्चिमी जगत तक पहुँचना है। अन्य भारतीय लोक कथाएँ भी यूरोप तक पहुँचीं जिनका प्रभाव मध्य युग के **गोस्ता रोमानोरम** तथा बोकाचिओ, स्त्रापरोला, चाँसर तथा ला फोन्तेन की कहानियों में देखा जा सकता है। जातक-कथाएँ और बुद्ध की परम्परागत कथाएँ भी पश्चिमी देशों में प्रचलित थीं। दमिश्क के सन्त जॉन (आठवीं सदी ईसवी) ने **बर्लाम और जोसाफत** नामक कृति लिखी जिसमें अनेक बौद्ध किंवदंतियाँ संगृहीत थीं और बुद्ध के जीवन को एक धर्मनिष्ठ ईसाई सन्त के रूप में अंकित किया गया था। इसके फलस्वरूप, बोद्धिसत्त्व गौतम को संत जोज़ाफ़त के रूप में तेरहवें ग्रेगरी (१५८२)[१] द्वारा निर्मित शहीदों की सूची में शामिल किया गया था।

हिन्दू साहित्य की तरह हिन्दू विज्ञान की, विशेषकर चिकित्साशास्त्र और गणित की, पश्चिमी देशों में बहुत कद्र थी। अनेक विद्वानों का मत है कि बाद के काल के यूनानी चिकित्सक हिन्दुओं के चिकित्सा-ग्रन्थों से परिचित थे। भारत के निकटवर्ती देशों में ईरान भी चिकित्साविज्ञान तथा अन्य विषयों के ज्ञान के लिए भारत का आभारी था। यह तथ्य इतिहास में दर्ज हो चुका है कि ससानी बादशाह अनूशीर्वान (अनूशीरवाँ) (खुशरू प्रथम, ५३१-५७९) ई० के राज्य का वार्जूह्ये नामक व्यक्ति भारतीय चिकित्साशास्त्र तथा अन्य विज्ञानों में निपुणता प्राप्त करने के लिए भारत आया था।

इससे स्पष्ट है कि भारतीय साहित्य और विज्ञान का इन देशों पर प्रभाव पड़ा था और इस पूरे काल के दौरान भारत के सांस्कृतिक सम्पर्क पश्चिमी देशों से बने रहे थे। धार्मिक प्रभाव भी नगण्य नहीं था। हिउएनत्सांग ने लिखा है कि भारत के पश्चिम में लंग-की-लो नामक देश में, जो फारस (ईरान) के अधीन था, १०० से अधिक मठ और ६००० भिक्षु थे। यहाँ कई सौ देव (ब्राह्मणधर्मी) मन्दिर भी थे, जिनमें से अधिकांश पाशुपत सम्प्रदाय के थे। इसी चीनी प्रमाण के अनुसार फारस तक में दो या तीन बौद्ध मठ और अनेक देव-मन्दिर थे।

इस सम्बन्ध में हम यहाँ चीनी तुर्किस्तान के दन्दनुलिक स्थान से प्राप्त एक चित्र का हवाला दे सकते हैं। इसमें चार भुजाओं वाले बौद्ध सन्त अथवा बोधिसत्त्व को फारसी या ईरानी रूप में दिखाया गया है। इसके चेहरे पर काली दाढ़ी और गलमुच्छे हैं, बायें हाथ में एक वज्र है। चित्र में भारतीय कला-शैली की विशेषताएँ स्पष्ट दिखाई देती हैं लेकिन यह उस बौद्ध कला की उपज है जो फारस (ईरान) में विकसित होकर पूर्व तक पहुँची थी। इसका काल आठवीं सदी ईसवी निर्धारित किया जा सकता है। इससे प्रमाणित होता है कि छठी या सातवीं सदी ईसवी तक बौद्धधर्म फारस (ईरान) में शक्तिशाली था और उसका सम्पर्क भारत तथा एशिया के अन्य बौद्ध केन्द्रों से था। अजन्ता के चित्रों में फारसी (ईरानी) आकृतियों का आगमन, जिसका उल्लेख हम पहले कर चुके हैं, और ये चित्र, कुछ विद्वानों के मतानुसार, सातवीं सदी ईसवी में

१. रॉलिसन : पू. पु., १४२, १८०।

भारतीय फारसी (ईरानी) और मध्य एशिया की ललितकलाओं के पारस्परिक गहरे सम्बन्धों को प्रमाणित करते हैं।[१]

सामान्य सन्दर्भ

१. एस० सी० दास, **इंडियन पंडित्स इन दि लैंड ऑफ स्नो**
वही कंट्रीब्यूशंस ऑन दि रेलीजन, हिस्टरी एटसेट्रा ऑफ तिब्बत
(ज० ए० सो० ब० १८८१, पृ० १८७ प० पृ०; १८८२ पृ० १ प० पृ०)
२. ए० एच० फ्रैंके, **ऐंटीक्विटीज ऑफ इंडियन तिब्बत,** खंड II
३. एल० पेटेख (Petech), **ए स्टडी ऑफ दि क्रॉनिक्ल्स आंफ लदाख**
४ एस० लेवी, **ल नेपाल, जिल्द II,** पृ० १४७, १५३-४
५. एस० डब्लू, टामस, **तिब्बतन लिटरेरी टेक्सट्स ऐंड डॉकुमेन्ट्स कंसर्निंग चाइनीज तुर्किस्तान**

१. फा. आ. स्मि. ३१०।

परिच्छेद : २४

दक्षिण-पूर्व एशिया में सांस्कृतिक और औपनिवेशिक विस्तार

I. दक्षिण-पूर्व की समुद्र-यात्रा

एक व्यक्ति दक्षिण-पूर्वी एशिया में अपनी साहसपूर्ण समुद्र-यात्रा का आँखों देखा रोमांचकारी वृत्तान्त हमारे लिए छोड़ गया है। वह व्यक्ति चीनी तीर्थ-यात्री फा-हिएन था, जिसका उल्लेख कई बार हम ऊपर कर चुके हैं। उसने यह यात्रा ४१४ ईसवी में की थी। वह ताम्रलिप्ति (बंगाल के तामलुक) से एक बड़े जलपोत में सवार होकर चौदह दिन की दिन-रात की लगातार यात्रा के बाद श्रीलंका द्वीप पहुँचा था। वहाँ दो बरस गुजारने के बाद वह चीन के लिए रवाना हो गया। इस यात्रा का वृत्तान्त उसके अपने शब्दों में इस प्रकार है :

"फा-हिएन एक बड़े जलपोत पर सवार हुआ जिसमें दो सौ से अधिक सवारियाँ थीं और इसके साथ रस्सी से एक छोटा पोत बँधा था, ताकि समुद्र-यात्रा के खतरों के कारणवश बड़े जलपोत को नुकसान पहुँचे तो लोग उसमें जा सकें। अनुकूल हवा होने पर वे तीन दिन तक पूर्व दिशा में यात्रा करते रहे, फिर उन्हें एक तूफान का सामना करना पड़ा। उनके जलपोत में छेद हो गया और उसमें पानी भरने लगा। व्यापारी छोटे पोत में जाना चाहते थे, लेकिन छोटे पोत में सवार लोगों को डर था कि कहीं वहाँ बहुत ज्यादा लोग न आ जाएँ, इसलिए उन्होंने बीच का रस्सा काट दिया। व्यापारी बहुत भयभीत हो उठे; उन्हें भय था कि वे तत्काल मौत के मुंह में चले जाएँगे। इस डर से कि कहीं जलपोत में पानी न भर जाए, उन्होंने अपना भारी सामान उठाकर समुद्र में फेंकना शुरू कर दिया।

"इस तरह तूफान दिन-रात जारी रहा। तेरहवें दिन जलपोत एक द्वीप के किनारे जा लगा। ज्वार उतरने पर छेद का पता चल गया—छेद को बन्द करने के बाद फिर यात्रा शुरू हुई। समुद्र में बहुत से समुद्री डाकुओं से पाला पड़ता है। उनसे सामना करने का अर्थ है तत्काल मृत्यु। विशाल समुद्र का कहीं ओर-छोर नहीं दिखाई देता। पूर्व कहाँ है और पश्चिम कहाँ है, इसका कुछ पता नहीं चलता। सिर्फ सूरज, चाँद और सितारों को देखकर आगे बढ़ना सम्भव है। अगर मौसम खराब हो और बारिश हो रही हो तो जहाज बिना किसी निश्चित रास्ते के हवा के रूख के साथ-साथ चलता है। रात के अंधेरे में, सिर्फ विशाल लहरें एक दूसरे से टकराती हुई दिखाई

देती हैं, उनमें से आग जैसी चमक निकलती है। आसपास बड़े-बड़े कछुए और विशाल-काय समुद्री जानवर दिखाई देते हैं। व्यापारी भयभीत हो गये थे, उन्हें नहीं मालूम था कि वे किस तरफ जा रहे थे। समुद्र गहरा और अथाह था। कहीं रुकने या लंगर डालने की जगह नहीं थी। लेकिन जब आसमान साफ हुआ तो उन्हें पूर्व और पश्चिम दिशा की पहचान भी होने लगी। जहाज फिर सही दिशा में चलने लगा। अगर वह किसी छिपी हुई चट्टान से टकरा जाता तो बचने का कोई रास्ता नहीं था। इस तरह नब्बे दिन यात्रा करने के बाद वे लोग जव-द्वीप (जावा)[१] नामक देश में पहुँचे।"

उपर्युक्त विवरण में समुद्र-यात्रा के उन खतरों और जोखिमों का वर्णन है जिनका सामना भारतीय उपनिवेशिकों को करना पड़ता था। इसके बावजूद इस क्षेत्र में, चर्चित काल के दौरान, भारतीय उपनिवेशों का तेजी से विकास होता रहा। अन्नाम और कम्बोदिया के हिन्दू राज्य, जिनकी स्थापना पहली सदी ईसवी[२] में हुई थी, फलते-फूलते रहे। अन्य औपनिवेशिक राज्य भी अस्तित्व में आये। हमें इस समूचे विशाल प्रदेश और जीवन के हर क्षेत्र में हिन्दू-संस्कृति की विजय के और भी प्रभावशाली प्रमाण मिलते हैं।

II. हिन्द-चीन

१. कम्बोदिया

चौथी सदी ईसवी के पूर्वार्द्ध में फू-नान के राज्य को अनेक राजनीतिक संकटों से गुजरना पड़ा। सिंहासन के अनेक दावेदारों में से चीनियों ने चान-तान नामक एक हिन्दू का उल्लेख भी किया है, जिसने अपने नाम के साथ फू-नान के राजा की उपाधि लगायी थी और ३५७ ईसवी में एक दूत-मंडल चीन भेजा था। इस नाम का भारतीय उच्चारण चन्दन अथवा चन्द्र होगा।

चौथी सदी के अन्त या पाँचवीं सदी के आरम्भ में एक और भारतीय कौण्डिन्य को फू-नान के लोगों द्वारा राजा चुना गया था। वह ब्राह्मण था और सीधे भारत से आया था। शायद वह भारतीय प्रभाव की नयी धारा का प्रतिनिधि था जिसने इस देश का पूरी तरह से ब्राह्मणीकरण किया था।

चीन इतिवृत्तों में कौण्डिन्य के वंशज जयवर्मन् नाम के एक दूसरे राजा का विस्तृत विवरण दिया गया है। जयवर्मन् ने कुछ व्यापारियों को व्यापार के सिलसिले में केंटन भेजा था। भारतीय भिक्षु नागसेन वहाँ उनसे जा मिला था, लेकिन लौटते वक्त एक तूफान के कारण उन्हें चम्पा में उतरना पड़ा। चम्पावासियों ने उनका सारा माल लूट लिया, लेकिन नागसेन सही-सलामत फू-नान लौट आया। जयवर्मन् को चम्पा के विरुद्ध और भी कई शिकायतें थीं। उसकी प्रजा के एक विद्रोही ने चम्पा के सिंहासन

---

१. फा. ट्रै. ले., III प. पृ.।
२. जि. II. पृ. ६५६-८ (अँगरेजी संस्करण)।

पर अधिकार कर लिया था और जयवर्मन् के प्रति उसका रवैया विरोधपूर्ण हो गया था। इसलिए जयवर्मन् ने नागसेन को चीन के दरबार में एक याचना-पत्र देकर भेजा था, जिसमें चम्पा के राजा के विरुद्ध सहायता की प्रार्थना की गयी थी। नागसेन ४८४ ईसवी में चीन पहुँचा था और उसने सम्राट् की सेवा में एक कविता प्रस्तुत की थी, जिसमें महेश्वर देवता, बुद्ध और चीनी सम्राट की प्रशस्ति थी, सम्राट ने महेश्वर की प्रशंसा की, जो फू-नान का मुख्य देवता था। उसने चम्पा के राजा की भर्त्सना की, लेकिन उसके विरुद्ध किसी प्रकार की सक्रिय सहायता नहीं भेजी। ५०३ ईसवी में जयवर्मन् ने फिर सम्राट् के दरबार में अनेक उपहार देकर एक दूत भेजा। उपहारों में प्रवाल की बनी बुद्ध की एक प्रतिमा भी थी। ५११ तथा ५१४ ईसवी में उसने दो और दूत भेजे। फू-नान के दो बौद्ध भिक्षु चीन में बस गये और उन्होंने बौद्ध ग्रन्थों का अनुवाद किया।

जयवर्मन् की रानी का नाम कुल-प्रभावती था और उनका गुणवर्मन् नाम का एक पुत्र था। गुणवर्मन् और उसकी माता के नाम से दो संस्कृत अभिलेख मिले हैं। गृणवर्मन् अपने पिता के बाद गद्दी पर नहीं बैठ सका। जयवर्मन् के बड़े भाई का बेटा रुद्रवर्मन् जो उसकी रखेल से पैदा हुआ था, अपने छोटे भाई की, जो उसके पिता की वैध पत्नी से पैदा हुआ था, हत्या करके गद्दी पर बैठा।

रुद्रवर्मन् का भी एक संस्कृत अभिलेख मिलता है। उसने सन् ५१७ और ५३९ के बीच छह दूतमंडल चीन भेजे थे। उसके राज्यकाल के दौरान या फौरन बाद फू-नान पर कम्बुज के शासकों ने हमला किया था। कम्बुज मूलतः फू-नान का अधिकृत प्रदेश था, लेकिन कुछ काल पूर्व उसने फू-नान का जुआ उतार फेंका था। कुछ काल तक यह संघर्ष जारी रहा, लेकिन सातवीं सदी के अन्त तक फू-नान पर पूरी तरह से अधिकार कर लिया गया।

कम्बुज का राज्य उत्तर-पूर्वी कम्बोदिया में स्थित था। बाद की अनुश्रुतियों के अनुसार इस राज्य का नाम इसके संस्थापक आर्यदेश (भारत) के राजा कंबु स्वायंभुव के नाम पर रखा गया था। इस राज्य के प्रारम्भिक काल के दो राजाओं, श्रुतवर्मन् और उसके पुत्र श्रेष्ठवर्मन् के नाम हमें ज्ञात हैं। श्रुतवर्मन् ने फू-नान का जुआ उतार फेंका था और स्वतन्त्र राज्य का नाम उसके नाम पर श्रेष्ठपुर रखा गया था। यह लाओस में वसाक के नजदीक वतफू पहाड़ी के काफी निकट था। इस पहाड़ी की चोटी पर, जिसे लिंग पर्वत कहते हैं, राजवंश के कुलदेवता भद्रेश्वर शिव का मन्दिर था।

भववर्मन् ने, जो छठी सदी ईसवी के आखिर में कम्बुज के राजसिंहासन पर बैठा था, एक नये राजवंश की स्थापना की थी।[1] वह अपनी राजधानी भावपुर में ले गया था। वह एक महान् विजेता था और उसने अपने राज्य का विस्तार किया था। सिंहासन

---

१. कुछ विद्वानों के मतानुसार भाववर्मन् फू-नान के राजवंश का था, और कम्बुज की राजकुमारी से विवाह करने के बाद वहाँ का राजा बन गया था। (कोदे, लजेतात, पृ. ११६)।

पर बैठने के बाद उसके भाई चित्रसेन ने फू-नान पर हमला करके करीब-करीब सारा प्रदेश जीत लिया था। ६१६ ईसवी से कुछ पहले उसकी मृत्यु हो गयी और उसका पुत्र ईशानसेन अथवा ईशानवर्मन् सिंहासन पर बैठा। नये राजा ने भी फू-नान के विरुद्ध युद्ध जारी रखा और सम्भवतः ६३० ईसवी में उसे पूरी तौर से जीत लिया। उसका राज्य विस्तृत था, जिसमें पूरा कम्बोदिया, कोचीन-चीन और दांग्रेक पर्वतों के उत्तर में स्थित मुन नदी की घाटी शामिल थी। उसने अपने नाम पर एक नयी राजधानी ईसानपुर बसायी। उसने चीन में अपना राजदूत भेजा और सम्भवतः भारत के साथ भी उसके राजनयिक सम्बन्ध थे। चम्पा के इतिहास में भी उसने महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की, जिसका जिक्र हम बाद में करेंगे।

ईशानवर्मन् की मृत्यु करीब ६३५ ईसवी में हुई। उसके बाद के दो राजाओं, भाववर्मन् द्वितीय और जयवर्मन् प्रथम के बारे में हमें कोई जानकारी नहीं है। जयवर्मन् ने कम से कम ६८१ ईसवी तक राज्य किया। वह भाववर्मन् वंश का अन्तिम ज्ञात राजा था।

कम्बुज राज्य के पहले सौ वर्षों का इतिहास स्पष्ट है, इसका वर्णन हम अगली जिल्द में करेंगे।

भाववर्मन् के राजवंश ने कम्बुज की छोटी रियासत को एक बड़े राज्य की शक्ल दी थी। धीरे-धीरे फू-नान विस्मृति के गर्भ में डूबता गया और कम्बुज ने प्रमुख राज्य का दर्जा प्राप्त कर लिया। उसने शक्तिशाली राज्य की स्थापना की, जिसमें पूरे कम्बोदिया, कोचीन-चीन के साथ-साथ लाओस का एक हिस्सा भी शामिल था। समय-समय पर भाग्य के उलटफेरों के बावजूद कम्बुज का शानदार इतिहास करीब सात सौ बरसों तक जारी रहा और उसने गौरव और ख्याति के ऐसे शिखर छू लिये जो इससे पहले या बाद में हिन्द-चीन के किसी राज्य को नसीब नहीं हुए थे।

२. चम्पा

३३६ ईसवी में फान-की मृत्यु के बाद उसके सेनापति फान-वेन ने चम्पा के सिंहासन पर अनधिकार कब्जा कर लिया। वह एक योग्य शासक और कुशल सेनापति था। उसने फैसला किया कि वह हुत-नाम (आधुनिक थुआ-थिन), क्वांग त्री और क्वांग बिन्ह (जिले) के चीनी प्रदेश को जीतकर, उत्तर में चम्पा की सीमा को होअन सोन्ह पहाड़ों तक विस्तृत करेगा। जब राजनीतिक वार्ताओं द्वारा वह अपनी उद्देश्यपूर्ति में असफल रहा तो उसने एक सैनिक अभियान-दल भेजकर ३४७ ईसवी में इस प्रान्त को जीत लिया। दो बरस बाद उसने एक विशाल चीनी सेना को हराया, लेकिन युद्ध में घायल होने के बाद ३४९ ईसवी में उसका देहान्त हो गया।

फान-वेन चम्पा की सीमा को सुदूर उत्तर तक ले जाने में सफल हो गया, लेकिन उसकी आक्रामक नीतियों के फलस्वरूप उसके पुत्र और प्रपौत्र को पचास बरस तक लगातार (३४९-४१३ ईसवी) चीन के साथ युद्ध करना पड़ा। दोनों पक्ष यदाकदा

सफलता और सम्पूर्ण विजय की घोषणाएँ करते रहे, लेकिन इस युद्ध का कोई निश्चयात्मक परिणाम नहीं निकल सका।

फान वेन के पौत्र को चीनी फान-हु-ता के नाम से पुकारा जाता है, लेकिन शायद वह चम्पा के संस्कृत अभिलेखों में वर्णित भद्रवर्मन् है।[1] वह एक महान् सेनापति था और उसने चीनियों के विरुद्ध कुछ सफलताएँ प्राप्त की थीं। सम्भवतः उसके राज्य में चम्पा के तीनों प्रान्त, अर्थात् अमरावती (उत्तर), विजया (केन्द्रीय) तथा पाण्डुरंग (दक्षिणी) शामिल थे। वह महान् विद्वान् था और उत्कीर्ण लेखों के अनुसार चारों वेदों का अध्येता था। उसने माइसोन में एक शिव-मन्दिर बनवाया था जिसका नाम उसके नाम पर मद्रेश्वर-स्वामी रखा गया था। यह मन्दिर चम्पा का राष्ट्रीय प्रतिष्ठान बन गया। बाद के राजाओं ने भी उसी की परम्परा में देवताओं की मूर्तियाँ बनवाकर अपने नामों पर उनके नाम रखे।

भद्रवर्मन् के बाद उसका पुत्र गंगाराज गद्दी पर बैठा। उसने अपनी आयु के अन्तिम दिन भारत में गंगा के तट पर बिताने के लिए सिंहासन त्याग दिया। राजा के चले जाने के बाद चम्पा में अराजकता फैल गयी और गृहयुद्ध शुरू हो गया, जिसकी समाप्ति ४२० ई० में फान-यांग-माई के सिंहासनारूढ़ होने पर हुई, जिसने एक नये राजवंश की नींव रखी थी।

फान-यांग-माई के बाद, इसी नाम के उसके पुत्र के राज्यकाल में भी चीन से युद्ध जारी रहा। एक अस्थायी विजय के हर्षोल्लास से उन्मत्त होकर फान-यांग-माई द्वितीय ने हर बरस टोन्किन के खिलाफ अभियान-दल भेजना शुरू कर दिया। इस पर चीनी सम्राट् ने इस उपद्रवी राजा को कुचलने का फैसला किया। तीन बरस की लम्बी-चौड़ी तैयारी के बाद ४४६ ईसवी में चीनी सेना ने चम्पा पर आक्रमण कर दिया। यांग-माई की करारी हार हुई और वह वहाँ से भाग गया। चीनियों ने विजेताओं के रूप में राजधानी चम्पा में प्रवेश किया और मन्दिरों की लूटमार से प्राप्त मूर्तियों को गलाकर उन्होंने १,००,००० पौंड शुद्ध सोना हासिल किया।

चीनी सेना के लौटने के बाद यांग-माई द्वितीय अपनी राजधानी में लौट आया लेकिन उसका दिल टूट गया था। ४४६ ईसवी में उसका देहान्त हो गया। उसके बाद उसका पुत्र और पौत्र गद्दी पर बैठे। उसके पौत्र ने ४५५, ४५८, ४७२ ईसवी में खिराज के रूप में कीमती चीजें भेजकर चीनी सम्राट् को शान्त किया।

इस राजा के देहान्त के बाद संकटों का दौर शुरू हुआ, जिसके बीच फू-नान के एक व्यक्ति (कुछ विवरणों के अनुसार फू-नान के राजा जयवर्मन् के पुत्र) ने राज्य पर अनधिकार कब्जा कर लिया, जैसा हम ऊपर जिक्र कर चुके हैं। लेकिन उसे हटाकर यांग-माई के वंश ने पुनः राज्य सिंहासन प्राप्त कर लिया। इस वंश के अन्तिम राजा विजयवर्मन् ने ५२६ तथा ५२७ ईसवी में दो राजदूत चीन भेजे थे।

---

१. कुछ विद्वानों ने भद्रवर्मन् को फान-को बताया है जो फान-हू-ता का पिता था (कोएडे, **लजेतात**, पृ. ८४)।

विजयवर्मन् के बाद रुद्रवर्मन् ने राज्य किया। वह एक ब्रह्म-क्षत्रिय था और उसने राजा गंगाराज का वंशज होने का दावा किया, जिसका जिक्र हम ऊपर कर चुके हैं और जो सिंहासन छोड़कर गंगावास के लिए चला गया था। ५३० ईसवी में रुद्रवर्मन् को चीन से खिराज के विनिमय में प्रतिष्ठापन या सनद मिली थी। उसने ५३४ ईसवी में फिर चीन के सम्राट् को खिराज भेजा था।

रुद्रवर्मन् के बाद उसका पुत्र प्रशस-धर्म सिंहासन पर बैठा। अभिषेक के समय उसने शम्भुवर्मन् नाम ग्रहण किया। चेन राजवंश की कमजोरी का फायदा उठाकर उसने खिराज भेजना बन्द कर दिया। हालाँकि ५९५ में सुई वंश की स्थापना पर उसने फिर खिराज भेजना शुरू कर दिया था, लेकिन सम्राट् ने उसे सबक सिखाने का फैसला किया। ६०५ ईसवी में चीनी सेना ने चम्पा पर आक्रमण किया। शम्भुवर्मन् हारकर वहाँ से भाग गया। चीनियों ने चम्पा शहर को बर्बाद कर दिया और लूट में बहुत-सा माल ले गये, जिनमें चम्पा के १८ राजाओं के स्वर्णपट्ट और १,३५० बौद्ध कृतियाँ भी शामिल थीं। कहा जाता है कि उन्होंने युद्ध में बन्दी बनाये गये १०,००० चमों या चम्पाइयों (चम्पा-वासियों) के बायें कान भी काट लिये थे।

शम्भुवर्मन् के बाद ६२९ ईसवी में उसका पुत्र कन्दर्पधर्म सिंहासन पर बैठा। नियमित रूप से खिराज देकर उसने चीन के साथ अच्छे सम्बन्ध बनाये रखे। उसके राज्यकाल में शान्ति बनी रही। लेकिन उसकी मृत्यु के फौरन बाद ही आन्तरिक उपद्रव उठ खड़े हुए। सत्यकौशिक-स्वामी नाम का एक व्यक्ति, जो अपनी माँ के वंश से राजपरिवार में जन्मा था, सिंहासन का दावेदार बन बैठा, लेकिन असफल होकर उसने कम्बुज के दरबार में पनाह पायी। कन्दर्पधर्म के बाद जब उसका पुत्र प्रभासधर्म सिंहासन पर बैठा तो फिर उसके विरुद्ध षड्यन्त्र शुरू हो गया। वंश के सारे मर्दों और लड़कों समेत उसे मार डाला गया (६४५ ईसवी)। कम्बुज के राजा महेन्द्रवर्मन् और ईशानवर्मन् इस पड़ोसी राज्य पर अपना असर बनाये रखने के लिए छिपकर साजिश करते रहे। उनका यह उद्देश्य पूरा हो गया। सत्यकौशिक-स्वामी चम्पा के सिंहासन पर बैठा (ईसवी ६४५)। उसके पौत्र जगद्धर्म का विवाह ईशानवर्मन् की पुत्री शर्वाणी से हुआ था। सत्यकौशिक-स्वामी की मृत्यु के फौरन बाद (६५३ ईसवी में) जगद्धर्म और शर्वाणी का पुत्र प्रकाशधर्म, विक्रान्तवर्मन् (६५७ ई०) नाम से सिंहासन पर बैठा।[1] चम्पा के अगले सौ सालों के इतिहास के बारे में हमें अधिक जानकारी नहीं है। इस वंश का अन्तिम ज्ञात राजा रुद्रवर्मन् द्वितीय था जिसने ७४९ ईसवी में चीन को खिराज भेजा था। ७५७ ईसवी में उसका देहान्त हो गया।

३. बर्मा और स्याम

हालांकि हमारे पास किसी दूसरे औपनिवेशिक राज्य का अविच्छिन्न इतिहास मौजूद नहीं है, लेकिन यह मालूम है कि चर्चित काल में अनेक ऐसे राज्यों का अस्तित्व

१. यह काल बहुत धुँधला है। इससे भिन्न विवरण के लिए देखिए कोएडे : **लजेंतात** पृ. १२२-३।

था। हिउएन-त्सांग ने हिन्द-चीन के अनेक ऐसे राज्यों का उल्लेख किया है जिनका हिन्दूकरण हो चुका था ; उदाहरण के लिए श्रीक्षेत्र, जिसकी राजधानी प्रोम थी (बर्मा का निचला भाग), द्वारवती जिसमें स्याम का बड़ा हिस्सा शामिल था, ईशानपुर (कम्बुज) तथा महाचम्पा (चम्पा)। इसके अतिरिक्त दो अन्य राज्यों का भी उल्लेख है जिनकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। हिउएनत्सांग ने बंगाल में इन राज्यों के नाम सुने थे। वह स्वयं इन स्थानों पर नहीं गया था। उसने कम्बुज के लिए ईशानपुर शब्द का प्रयोग किया है, जो उसके एक समकालीन राजा का नाम था। इस तथ्य से पता चलता है कि भारत तथा इन देशों में घनिष्ठ सम्बन्ध था। द्वारवती में मौन या तेलंग रहते थे, जिन्होंने हिन्दू संस्कृति अपना ली थी। हिन्दू संस्कृति अपनाकर मौन लोग बर्मा के निचले भाग में समुद्रतटवर्ती क्षेत्र में रहते थे, जिसे रमन्नदेश के नाम से जाना जाता है। मौन प्रदेश में आने वाले हिन्दू औपनिवेशिकों ने उत्तरी स्याम और लाओस के दुर्गम प्रदेशों में अपनी शक्ति और प्रभाव फैलाया था। अनेक पालि विवरणों में उनके द्वारा स्थापित स्थानीय रियासतों के उल्लेख सुरक्षित मिलते हैं। इनमें राजाओं के नामों की लम्बी सूचियाँ (जिनमें से अधिकांश के रूप भारतीय हैं) और मठों की पवित्र स्थापना के उल्लेख हैं। बौद्ध मूर्तियाँ और अभिलेख इन विवरणों में दी गई तस्वीर का पूरी तरह से समर्थन करते हैं।

और उत्तर में थाई लोगों के प्रदेश में भी हिन्दू उपनिवेश कायम किये गये थे। ये लोग देश के दक्षिणी और दक्षिण-पूर्वी भाग में रहते थे। यह भाग अब चीन में है। इसके एक ओर बर्मा और दक्षिण में स्याम था। इनका सबसे महत्त्वपूर्ण राज्य यूनान में था, जो गान्धार के नाम से विख्यात था। उसके एक भाग का नाम विदेह-राज्य भी था।

बर्मा के निचले भाग में बसे मौनों के उत्तर में प्यू नाम का एक कबीला रहता था। हिन्दू औपनिवेशिक जाकर उनमें बस गये और उन्होंने एक राज्य की स्थापना की, जिसकी राजधानी श्रीक्षेत्र (प्रोम) थी। स्थानीय विवरणों के अनुसार तागौंग के हिन्दू राजवंश ने इसकी स्थापना की थी।[1] सम्भवतः बर्मा के ऊपरी भाग में बसे हिन्दू ही इरावती के साथ-साथ दक्षिणी भागों तक फैल गये हों। यह भी असम्भव नहीं है कि उपनिवेशिकों के अलग-अलग दल अराकान अथवा समुद्री रास्ते से प्रोम पहुँचे हों। इस प्रदेश में संस्कृत और प्यू भाषा में अनेक अभिलेख प्राप्त हुए हैं, जिनकी लिपि भारतीय है। सातवीं सदी ईसवी की एक बौद्ध प्रतिमा के चबूतरे पर खुदे हुए संस्कृत के अभिलेख में राजा जयचन्द्रवर्मन् का उल्लेख मिलता है। तीन अन्य राजाओं हरि-विक्रम, सिंह-विक्रम और सूर्य-विक्रम ने इससे पूर्वकाल में श्रीक्षेत्र पर राज किया था।

श्री धर्मराजानुज-वंश नामक एक हिन्दु राजवंश का विवरण हमारे पास है, जिसने ६०० से १,००० ईसवी तक अराकान में राज किया था। इन राजाओं के नामों के अन्त

---

१. जिल्द II, पृ. ६५५ (अँगरेजी संस्करण)।

में चन्द्र शब्द लगता था, जैसे बालचन्द्र, देवचन्द्र इत्यादि। इस काल के सिक्कों में धर्मचन्द्र, वीरचन्द्र नाम के राजाओं के नाम सुरक्षित हैं। स्थानीय इतिवृत्तों के अनुसार किसी चन्द्रवंश ने अराकान में राज किया था। उनकी राजधानी वैशाली थी। पहली राजधानियों के नाम रामावती और धन्यावती थे। वैशाली के अवशेष (आजकल इसका नाम वेथली है जो म्रोहोंग से आठ मील उत्तर-पश्चिम में है) इसकी पूर्वकालीन महत्ता के साक्षी हैं। महामुनि नाम की विशाल बुद्ध प्रतिमा समूचे ऐतिहासिक काल में अराकान का आराध्य देवता थी।

४. मलय प्रायद्वीप

अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण मलय प्रायद्वीप भारत और सुदूरपूर्व के बीच होने वाले व्यापार का केन्द्र बन गया था। तक्कोल (आधुनिक तकुआ-पा)[१] भारतीय व्यापारियों और औपनिवेशिकों के उतरने का पहला बन्दरगाह था। इस बन्दरगाह से कुछ लोग पर्वतमाला पार करके पूर्वी तट के उपजाऊ मैदान में पहुँचे और बन्दोन की खाड़ी के गिर्द होते हुए जमीन या समुद्र के रास्ते से स्याम, कम्बोदिया, अन्नाम या उससे भी सुदूर पूर्वी स्थानों पर पहुँचे थे। कुछ लोग मलाक्का के जलडमरुमध्य के रास्ते से यात्रा करते थे। मन्दिर, मूर्तियाँ, संस्कृत के अभिलेख तथा भारतीय उपनिवेशों के अन्य अवशेष तकुआ-पा में, बंदोन की खाड़ी तक पूरे प्रायद्वीप में और वेलेज्ले प्रान्त में मिलते हैं। इससे प्रमाणित होता है कि चौथी और पाँचवीं सदी ईसवी में भी पूरे प्रायद्वीप में हिन्दू उपनिवेश थे। वेलेज्ले प्रान्त के उत्तरी भाग में मिले एक अभिलेख में रक्तमृत्तिका के वासी महान् नाविक बुद्धगुप्त की सफल यात्रा की कामना की गयी है और अनुदान दर्ज है। कुछ लोगों के मतानुसार यह स्थान बंगाल में मुर्शिदाबाद से दक्षिण में १२ मील दूर रांगामाटी है।[२] इस दिलचस्प अभिलेख में शायद भारत के उस नाविक का नाम और स्मृति सुरक्षित है, जो औपनिवेशिकों पथप्रदर्शकों को बंगाल की खाड़ी के पार ले गये थे।

हिन्दू औपनिवेशिकों ने मलय प्रायद्वीप में बहुत से राज्य स्थापित किये। इनके कुछ विवरण चीनी इतिवृत्तों में सुरक्षित हैं। दुर्भाग्य से उनमें से कइयों की निश्चित रूप से शिनाख्त नहीं की जा सकती। अलग-अलग विद्वानों ने अलग-अलग पहचान बतायी है, लेकिन सामूहिक रूप से देखने पर इसमें कोई सन्देह नहीं रह जाता कि इस प्रायद्वीप में अनेक हिन्दू राज्य थे। चीनी विवरणों से इन राज्यों के भारत के साथ घनिष्ठ सम्बन्धों का पता चलता है। लंग-किआ-सू रियासत के बारे में, जो शायद लिगोर के इस्थमस में थी, बताया गया है कि जब राजा के एक रिश्तेदार को राज्य से निकाल दिया गया

---

१. सामान्य मत यही है, लेकिन कुछ विद्वान् तक्कोल को थोड़ा और दक्षिण में, तंत्र के स्थान पर स्थित बताते हैं (ज. म. ब्रा. रा. ए. सो., XXII, २५)।

२. कुछ विद्वान् इसे स्याम की खाड़ी पर पतालुंग प्रदेश में बताते हैं (कोएदे, **लजेतात**, पृ. ८९।

तो उसने भारत जाकर एक राजकुमारी से शादी कर ली। जब अकस्मात् लंग-किआ-सू के राजा का देहान्त हो गया तो राज्य के उच्चाधिकारियों ने राजकुमार को भारत से बुलवा भेजा और उसे राजा बना दिया। २० बरस राज्य करने के बाद उसका देहान्त हो गया। उसके बाद उसका पुत्र भगदतो (भगदत्त ?) गद्दी पर बैठा, जिसने आदित्य नामक राजदूत के हाथ ५१५ ईसवी में चीन के सम्राट् के पास एक खत भेजा। चीनी विवरण में यह भी लिखा है कि ४०० से भी अधिक साल पहले "अर्थात् पहली या दूसरी सदी" में इस राज्य की स्थापना हुई थी।

पन-पन (बान्दौन) एक और राज्य के दरबार में ब्राह्मण लोग अक्सर आया-जाया करते थे। वे राजा की उदारता से लाभान्वित होने के लिए भारत से आये थे। राजा ब्राह्मणों का बहुत आदर करता था।

चीनी स्रोतों से अनेक दूसरे राज्यों और उनके राजाओं (गौतम, सुभद्र, विजय-वर्मन् आदि) के नामों का पता चलता है। भारतीय साहित्य में कलसपुर और कर्मरंग के राज्यों का उल्लेख है, जो शायद मलय प्रायद्वीप अथवा बर्मा के निचले भाग में स्थित थे।

मलय प्रायद्वीप में हुई पुरातत्त्वावशेषों की खोजों ने इस क्षेत्र में हिन्दू उपनिवेशों पर बहुत प्रकाश डाला है। इस विषय पर दो विख्यात पुरातत्त्ववेत्ताओं के विचार संक्षेप में इस प्रकार है :—

"इन उपनिवेशों की संख्या काफी अधिक थी और ये दूर-दूर के केन्द्रों, जैसे पूर्वी तट पर स्थित चुम्फोन, कैया, बांदोन नदी की घाटी, नखोन श्री धम्मरत (लिगोर), यल (पतनी के निकट), सैलेनसिंग (पहांग में) और पश्चिमी तटवर्ती प्रदेश स्थित मलक्का, वेलेज्ले प्रान्त, तकुआ-पा, लन्या और तेनेसेरिम नदियों का साझा डेल्टा।

"इनमें निस्सन्देह सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण नखोन श्री धम्मर (लिगोर) था। यह मूलतः बौद्ध उपनिवेश था, जिसने शायद नखोन श्री धम्मरत का विशाल स्तूप तथा उसके आसपास के पचास मन्दिरों में से कुछ मन्दिर बनवाये थे। इसके कुछ उत्तर में कैया का उपनिवेश था। मालूम होता है शुरू में यह ब्राह्मणधर्मी था, बाद में बौद्ध धर्मी बन गया था। ये दोनों उपनिवेश मुख्यतः कृषिप्रधान थे। सेले-सिंग, पंगा, पुकेत और तकुआ-पा के औपनिवेशिकों की सम्पन्नता का कारण वहाँ की सोने और रांगे की खानें थीं।

"प्राप्त प्रमाणों के आधार पर यह अनुमान सही है कि बन्दोन की खाड़ी के आस-पास का क्षेत्र सुदूरपूर्वी संस्कृति का जन्मस्थान था। इसे पश्चिमी रास्ते से आने वाले भारतीय प्रभाव से प्रोत्साहन मिलता था। साथ ही तकुआ-पा के निकट पश्चिमी तटवर्ती प्रदेश में लोगों की शक्ल-सूरतें भी भारतीयों जैसी हैं। भारतीय मूल के ब्राह्मणों की कई बस्तियाँ अभी भी नखोनश्री धम्मरत तथा पतलुंग में मौजूद हैं। उनका कहना है कि उनके पूर्वज जमीन के रास्ते से भारत से मलय प्रायद्वीप में पहुँचे थे"।

III. ईस्ट इण्डीज

ईस्ट इण्डीज के अनेक द्वीपों में भी, जिन्हें सामूहिक रूप से सुवर्णद्वीप नाम से पुकारा जाता था, बहुत से हिन्दू औपनिवेशिक राज्य स्थापित किये गये थे। यहाँ हम उनमें से सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण उपनिवेशों का उल्लेख करेंगे।

१. सुमात्रा

सुमात्रा का सबसे पहला ज्ञात हिन्दू राज्य श्रीविजय (पलेम्बंग) था। चौथी सदी या उससे पहले इसकी स्थापना हुई थी। सातवीं सदी के अन्त में यह ख्याति के शिखर पर पहुँच गया था। इस काल तक सुमात्रा ने एक और हिन्दू राज्य मलायु (आधुनिक जंबी) जीत लिया था और पड़ोसी द्वीप बंक पर राजनीतिक सत्ता जमा ली थी। ६८४ ईसवी में श्री जयनाश (अथवा जयनाग) नामक बौद्ध राजा ने इस पर शासन किया था। ६८६ ईसवी में इस राजा (अथवा उसके उत्तराधिकारी) ने जावा के विरुद्ध एक अभियान-दल भेजा था और एक दिलचस्प घोषणा जारी की थी, जिसकी पत्थर पर खुदी दो प्रतियाँ प्राप्त होती हैं।

इसका आरम्भ "श्रीविजय राज्य की रक्षा वाले देवताओं" की स्तुति से होता है। इसमें श्रीविजय के अधिकृत देशों को चेतावनी दी गयी है कि अगर उन्होंने विद्रोह किया तो उन्हें कठोर दण्ड दिया जाएगा; न केवल विद्रोहियों को, बल्कि विद्रोह का विचार मन में लाने वालों को, अधिराज्य सत्ता के विरुद्ध विद्रोह में सहायता देने वाले व्यक्तियों, उनके परिवारों, यहाँ तक कि उनके पूरे कुल को दंड दिया जायेगा। श्रीविजय के शासन के प्रति वफादारी दिखाने वाले अपने परिवारों और कुलों समेत दैवी आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

ईत्सिंग ने लिखा है कि दक्षिणी समुद्र के द्वीपों में श्रीविजय बौद्ध ज्ञान का केन्द्र था और श्रीविजय के राजा के व्यापारिक जलपोत भारत और श्रीविजय के बीच आते जाते रहते थे। ईत्सिंग के संस्मरणों से हमें यह भी पता चलता है कि श्रीविजय नगर चीन के साथ व्यापार का मुख्य केन्द्र था और श्रीविजय तथा क्वान-तुंग के बीच नियमित रूप से जहाज आते-जाते थे।

लिगोर (मलय प्रायद्वीप) से प्राप्त एक अभिलेख से साफ जाहिर होता है कि श्रीविजय एक महत्त्वपूर्ण नौसैनिक और व्यापारिक शक्ति के रूप में विकसित हो रहा था। इस अभिलेख पर शक संवत् ६९७ (७७५ ईसवी) अंकित है, जिसमें श्रीविजय के राजा की शक्ति और पराक्रम का उल्लेख किया गया है। उसे उन सब पड़ोसी राज्यों का अधिपति बताया गया है जिनके राजा उसका सम्मान करते थे। इससे पता चलता है कि श्रीविजय के बौद्ध राजा ने अपना राजनीतिक प्रभुत्व मलय प्रायद्वीप में ७७५ ईसवी तक कम से कम बंदोन की खाड़ी तक जमा लिया था।

---

१. बु. क. आ. इ १९०९, पृ. १८४-८५; इ. आ. ले. IX, १-३१।

इन अभिलेखों से ६७५-७७५ ईसवी के दौरान श्रीविजय राज्य की आक्रामक नीति की सामान्य रूपरेखा का स्पष्ट संकेत मिलता है। ६८६ ईसवी तक इसने पड़ोसी राज्य मलायु को भी अपने में मिला लिया था, पड़ोसी द्वीप बंक को जीत लिया था और जावा के शक्तिशाली राज्य में एक सैनिक अभियानदल भेजा था। एक सदी के बीतने से पहले ही हम देखते हैं कि मलय प्रायद्वीप में श्रीविजय की शक्ति पूरी तरह से स्थापित हो चुकी थी। चीनी इतिवृत्तों का कहना है कि ६७० और ७४१ के बीच अनेक दूत-मंडल श्रीविजय से चीन आये थे।

२. जावा

जावा में अनेक हिन्दू राज्य थे। इनमें से दो जिनका नाम चीनियों के अनुसार चो-पो और हो-लो-तन है, नियमित रूप से पाँचवीं सदी में चीन में अपने दूत भेजते रहे थे। इन दोनों देशों के राजाओं के नाम के अन्त में वर्मन् था।

पश्चिमी जावा के बटेविया प्रान्त से प्राप्त चार संस्कृत अभिलेखों में पूर्णवर्मन् नामक राजा का उल्लेख मिलता है। उनमें से एक मे, जिसे राजा ने अपने राज्यकाल के बाईसवें वर्ष में खुदवाया था, राजा ने अपने पितामह को **राजर्षि** कहा है, और एक अन्य पूर्वज को जो शायद उसका पिता था, **राजाधिराज** (राजाओं का राजा) कहा है। कहा जाता है कि इस राजा ने चन्द्रभागा (नहर अथवा नदी) खुदवाई थी जो राजधानी से होती हुई समुद्र में जाकर गिरती थी। खुद पूर्णवर्मन् ने भी इसी तरह की एक नहर खुदवाई थी जिसका नाम गोमती नदी था। उसने ब्राह्मणों को एक हजार गायें दान में दी थीं। पूर्णवर्मन् की राजधानी का नाम तारुमा रखा गया था और उसने छठी सदी में शासन किया था।

इस सदी में और इसके बाद की सदी में जावा में अनेक दूसरे राज्य भी थे। सुई काल (५८९-६१८) की दो ऐतिहासिक चीनी कृतियों के अनुसार जावा में दस राज्य थे। तांग काल (६१८-७०६) के इतिहास में २८ सामन्त राजाओं का उल्लेख है, जिन्होंने जावा के राजा का आधिपत्य मान लिया था।

तांगकाल में जावा के सबसे महत्त्वपूर्ण राज्य का नाम हो-लिंग था। आमतौर पर हो-लिंग को कलिंग का चीनी रूप स्वीकार किया जाता है। इस प्रकार जावा के एक प्रमुख राज्य का नाम भारत के पूर्वी तट के विख्यात प्रान्त के नाम पर रखा गया था। यह अनुमान सर्वथा तर्कसंगत होगा कि कलिंग से गये, औपनिवेशिकों का सारे जावा पर या कम से कम एक भाग पर शासन रहा था। हो सकता है, इस काल में कलिंग से नये प्रवासी आकर बसे हों। लेकिन यह सोचना गलत नहीं होगा कि इससे भी पहले से जावा के एक प्रान्त या राज्य का नाम कलिंग रहा हो, हालाँकि तांग काल से पहले इस क्षेत्र को अधिक महत्त्व नहीं मिला था। जो भी हो, कलिंग नाम और यह परम्परा कि जावा के मूल औपनिवेशिक कलिंग[1] से आये थे, जावा और कलिंग प्रदेश के घनिष्ठ सम्बन्ध का संकेत देते हैं।

१. जिल्द II, पृ. ६५५ (अँगरेजी संस्करण)।

यह संभव है कि हो-लो-तान और हो-लिंग की रियासतें, जिनका उल्लेख चीनी इतिवृत्तों में मिलता है, क्रमशः पश्चिमी और मध्य जावा में स्थित रही हों। पश्चिमी जावा में भारतीय सभ्यता का दौर-दौरा था, इसका प्रमाण पूर्णवर्मन् के उन संस्कृत अभिलेखों से मिलता है, जिनका ऊपर जिक्र हो चुका है। सम्भवतः सातवीं सदी के एक मध्य जावा के अभिलेख से जाहिर होता है कि इस क्षेत्र पर भी भारतीय संस्कृति का व्यापक प्रभाव था।

३. बोर्नियो

पूर्वी बोर्नियो में हिन्दुओं के उपनिवेशीकरण का प्रमाण उन सात संस्कृत अभिलेखों से मिलता है, जो महकम दरिया के किनारे मुअरा कमन से प्राप्त हुए हैं। प्राचीन काल में यह स्थान महत्त्वपूर्ण बन्दरगाह था। इन अभिलेखों में अश्ववर्मन् के पुत्र और राजा कुण्डुंग के पौत्र मूलवर्मन् का उल्लेख किया गया है। मूलवर्मन् ने बहुसुवर्णक नामक यज्ञ किया था (जिसका शाब्दिक अर्थ है सोने का प्रचुर परिमाण) और वप्रकेश्वर के पवित्र मैदान में ब्राह्मणों को २०,००० सोने की गायें प्रदान की थीं।[1] ये अभिलेख लगभग ४०० ईसवी में खुदवाये गये थे। इसलिए हम कह सकते हैं कि अधिक से अधिक चौथी सदी ईसवी के अन्त तक हिन्दू औपनिवेशिकों ने बोर्नियो में राज्य स्थापित कर लिये होंगे। ये अभिलेख बोर्नियो में ब्राह्मणों तथा हिन्दू संस्कृति की सत्ता के प्रमाण हैं।

मूलवर्मन् के पितामह का नाम कुडंग बताया गया है, जो कौडिन्य[2] का रूप है। यह हम पहले ही देख चुके हैं कि इस नाम का एक भारतीय ब्राह्मण चौथी सदी ईसवी के अन्त में फू-नान का राजा चुना गया था। यही मूलवर्मन् का पितामह था या नहीं, यह हमें ज्ञात नहीं, लेकिन ऐसा होना असम्भव भी नहीं है।

हिन्दू औपनिवेशिक महकम नदी के साथ-साथ पूर्वी बोर्नियो के भीतरी भागों में पहुँचे थे। कोम्बेंग से बहुत-सी बौद्ध और ब्राह्मणधर्मी मूर्तियाँ प्राप्त हुई थीं। शायद वे महकम नदी की घाटी में स्थित एक या अनेक मन्दिरों में स्थापित रही होंगी। इसी प्रकार कपुआस नदी के किनारे से प्राप्त पुरातत्त्व अवशेषों से पता चलता है कि हिन्दुओं ने पश्चिमी बोर्नियो को भी अपना उपनिवेश बनाया था और इस नदी की घाटी में बहुत सी बस्तियाँ बसायी थीं।[3]

---

१. इन अभिलेखों में अन्य यज्ञों और महादान नामक अनुष्ठानों, जैसे कल्पवृक्ष, भूमिदान, गो-सहस्रिका, जल-धेनु, घृत-धेनु, तिल-दान तथा कपिलदान का हवाला दिया गया है, (ज. ग्रे. इ. सो., XII, १४)।

२. लेकिन छाबड़ा ने इसका खंडन किया है। सही संस्कृत में लिखे अभिलेख में इस शब्द के भ्रष्ट रूप के प्रयोग की आखिर क्या आवश्यकता थी? छाबड़ा ने प्रश्न किया है। अनेक विद्वानों ने अनुमान लगाया है कि कुंडुना तमिल नाम है। लेकिन एन. एल. राव ने इस मत का खंडन किया है (ज. मला. ब्रा. रा. ए. सो. XV, भाग III, पृ. ११८)।

३. सम्बस से खड़े बुद्ध की दो मूर्तियाँ प्राप्त हुई हैं, जो गुप्त शैली की हैं। कहा गया है कि **'वायुपुराण'** में वर्णित बर्हिण द्वीप दरअसल बोर्नियो था। (शास्त्री **श्री विजय**, पृ. २३)।

४. बाली

हिन्दुओं ने बाली द्वीप को अपना उपनिवेश बनाया था और छठी सदी ईसवी से पहले वहाँ एक राज्य स्थापित किया था। लेआंग राजवंश के चीनी इतिहास (५०२-५५७ ईसवी) में बाली का निम्नलिखित दिलचस्प विवरण दिया गया है : "राजा के वंश का नाम कौण्डिन्य है। जब उससे उसके पूर्वजों के बारे में पूछा गया तो वह उनके नाम नहीं बता सका, लेकिन उसने कहा कि शुद्धोदन की पत्नी उसके देश की पुत्री थी।" ५१८ ईसवी में राजा ने चीन में एक राजदूत भेजा था।

कौण्डिन्य नाम बहुत दिलचस्प है, और इससे पता चलता है कि सुवर्णद्वीप की सभी हिन्दू बस्तियों पर इस परिवार का कितना प्रभाव था। चीनी लेखक ने इस राजा के दरबार के रीति-रिवाजों और शान-शौकत का विस्तृत विवरण दिया है। इसमें कोई सन्देह नहीं कि छठी सदी ईसवी में बाली द्वीप एक सम्पन्न और सभ्य राज्य का केन्द्र था, जिस पर बौद्धधर्म के अनुयायी हिन्दू औपनिवेशिकों का शासन था। ईत्सिंग ने भी जिक्र किया है कि बाली द्वीप में बौद्धधर्म का बोलबाला था।

IV. दक्षिण-पूर्वी एशिया में हिन्दू सभ्यता

अभी तक हमने हिन्द-चीन तथा ईस्ट इण्डीज के विभिन्न द्वीपों में स्थापित हिन्दू औपनिवेशिक राज्यों के इतिहास पर विचार किया है। इनमें चम्पा और कम्बुज के राज्य अधिक विख्यात हैं। इस काल के अभिलेखों, मन्दिरों, मूर्तियों और अन्य पुरातत्त्वावशेषों की प्रचुरता को देखते हुए इस बात में कोई शक नहीं रह जाता कि इस क्षेत्र की संस्कृति का स्वरूप सम्पूर्ण रूप से हिन्दू था। ऊपर हम जिन औपनिवेशिक राज्यों की चर्चा कर चुके हैं, उनमें से कई दूसरे राज्यों के बारे में इस तरह के प्रमाण मिलते हैं, भले ही वे संख्या में कम हैं। अतः हम दक्षिण-पूर्वी एशिया में सम्पूर्ण रूप में हिन्दू सभ्यता की सामान्य विशेषताओं का संक्षिप्त सिंहावलोकन करेंगे।

हिन्दू औपनिवेशिकों के सबसे महत्त्वपूर्ण अवशेष भारतीय लिपियों में लिखे हुए उनके संस्कृत अभिलेख हैं। इन लिपियों का स्वरूप अभी तक वही है या उनमें बहुत थोड़ा परिवर्तन आया है। ये पूरे इलाके, बर्मा, स्याम, मलय प्रायद्वीप, अन्नाम, कम्बोदिया, सुमात्रा, जावा और बोर्नियो से प्राप्त हुए हैं। इन अभिलेखों के अध्ययन से पता चलता है कि भारत की भाषा, साहित्य, धर्म, राजनीतिक और सामाजिक प्रणाली इन सुदूर देशों पर छा गयी थी और बहुत दूर तक स्थानीय तत्त्वों को या तो समाप्त कर दिया था या उन्हें अपने भीतर समाहित कर लिया था। स्थानीय लोगों की सभ्यता अधिकांशतः अविकसित थी। उनमें एक ऊँची सभ्यता का प्रसार करना भारतीय औपनिवेशिकों का गौरवशाली लक्ष्य था। इस काम में उन्हें काफी सफलता मिली थी।

शुद्ध संस्कृत में लिखे ये अभिलेख इस तथ्य के सूचक हैं कि यह भाषा बहुत विकसित थी और राजदरबार तथा सुसंस्कृत समाज में इसका प्रयोग होता था। ये अभिलेख हमारे सामने ऐसी सभ्यता का चित्र प्रस्तुत करते हैं, जो भारतीय साँचे में

ढली थी जिसमें पूरी तरह भारतीय तत्त्वों का समावेश था। हमें वहाँ हिन्दू दार्शनिक विचारों, वैदिक धर्म, पौराणिक और महाकाव्यों की मिथक कथाएँ और किंवदंतियाँ, प्रमुख ब्राह्मणधर्मी और बौद्ध देवता तथा उनसे सम्बद्ध विचार, भारतीय महीनों के नाम, ज्योतिष और नापजोख की प्रणाली के दर्शन होते हैं। औपनिवेशिकों द्वारा अपने परिचित स्थानों के नामों के प्रयोग की जानी-पहचानी आदत भी हमें दिखाई देती है। बर्मा में यह प्रवृत्ति अपनी पराकाष्टा पर पहुँच गयी जहाँ औपनिवेशिकों ने न केवल बुद्ध और अशोक से सम्बन्धित स्थानों के नाम देकर, जानबूझकर, एक नया भारत बसाने की कोशिश की, बल्कि बौद्धधर्म और बुद्ध के पूर्वावतारों, तथा बौद्ध-साहित्य में वर्णित पावन पुरुषों और बौद्ध इतिहास की भी पुनः सृष्टि करने की कोशिश की। बर्मा से बाहर भी हमें न केवल द्वारवती, चम्पा, अमरावती, गान्धार, विदेह, कम्बोज और कलिंग जैसे नाम मिलते हैं, बल्कि गोमती, चन्द्रभागा और सम्भवतः गंगा नदियों के नाम भी मिलते हैं।

इस सारे विशाल इलाके से प्राप्त देवियों और देवताओं की बहुत सी मूर्तियाँ, अभिलेखों की ही तरह, इस बात की साक्षी हैं कि यहाँ ब्राह्मणधर्म तथा बौद्धधर्म दोनों का बोलबाला था। ये मूर्तियाँ और मन्दिरों के अवशेष यह भी प्रमाणित करते हैं कि यहाँ भारतीय कला का प्रभाव कितना गहरा और सम्पूर्ण था।

चीनी इतिवृत्त भी इस क्षेत्र में भारतीय संस्कृति के आधिपत्य का समर्थन करते हैं। गुणवर्मन्[1] की कहानी से जावा में बौद्धधर्म के क्रमिक विकास का पता चलता है। इत्सिंग ने इस क्षेत्र में बौद्ध प्रभाव के अनेक विवरण दिये हैं। भारत आते और भारत से जाते समय यह तीर्थयात्री श्रीविजय में ठहरा था, और बाद में वह यहाँ बौद्धमत का अध्ययन करने के लिए आया था। उसने लिखा है, "श्रीविजय के किलेबन्द नगर में १००० से अधिक बौद्ध भिक्षु थे, जो भारत की तरह यहाँ भी सभी विषयों का अध्ययन करते थे। राजनीतिक दृष्टि से सबल और बौद्धमत का शक्तिशाली केन्द्र होने के कारण श्रीविजय को इस क्षेत्र में महायान सम्प्रदाय का सबसे प्रारम्भिक केन्द्र कहा जा सकता है। बाद में पूरे स्वर्णद्वीप में इस सम्प्रदाय को महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करनी थी। यहाँ भारत से अनेक प्रमुख बौद्ध आये थे, जैसे कांची का धर्मपाल—जो नालन्दा (सातवीं सदी) में प्राध्यापक था और वज्रबोधि (आठवीं सदी)।[2]

दूसरी तरफ हमें इस बात के प्रमाण भी मिलते हैं कि औपनिवेशिकों ने भारत के साथ सम्पर्क बनाये रखे। हम पहले ही उन राजाओं का उल्लेख कर चुके हैं, जो अपनी आयु के अन्तिम दिन गंगा के तट पर बिताने के लिए अथवा सुरक्षा के लिए वहाँ से भागकर भारत आये थे। कहा जाता है कि उनमें से एक ने तो एक भारतीय राजकुमारी से विवाह भी किया था।

---

१. ऊपर देखिए पृ. ६७६।

२. देखिए ऊपर, पृ. ४३५; ६८७-८८।

इन उपनिवेशों में सामाजिक व्यवस्था तथा शासन-तन्त्र किस प्रकार का था, इसके निर्धारण के लिए बहुत कम सामग्री प्राप्त होती है। लेकिन उपलब्ध जानकारी के आधार पर हम कह सकते हैं कि इन पर निश्चित रूप से भारतीय प्रभाव था। इसमें कोई सन्देह नहीं कि समुद्र पार एक नये भारत ने जन्म लिया था।

सामान्य सन्दर्भ

आर० सी० मजुमदार, **ऐंसिएंट इंडियन कॉलोनीज इन दि फार ईस्ट**
जिल्द I, **चम्पा**, लाहौर, १९२७
जिल्द, II, **सुवर्णद्वीप**, खंड I और II, ढाका, १९२७, १९३८
बी०आर० चटर्जी, **इंडियन कल्चरल इन्फलुएंस इन कम्बोडिया, कलकत्ता, १९२८**
आर०सी० मजुमदार, **कम्बुज-प्रदेश**, मद्रास, १९४४
आर०सी० मजुमदार, **हिन्दू कालोनीज इन दि फार ईस्ट**, कलकत्ता, १९४४
कोएद्जी० ल एता, **इन्दुइजे देंदोशीन एदेंदोनेसो**, पेरिस, १९४८
के०ए०एन० शास्त्री, **हिस्टरी ऑफ़ श्रीविजय**, मद्रास, १९४९
के०ए०एन० शास्त्री, **साउथ इंडियन इन्फलुएन्स, इन दि फार ईस्ट**, बम्बई, १९४९

ग्रन्थ-सूचियों की तालिका

सामान्य ग्रन्थ-सूची

I. मूल स्रोत : साहित्यिक मूल ग्रन्थ और अनुवाद

१. भारतीय स्रोत

(क) ब्राह्मण ग्रन्थ

(i) महाकाव्य
(ii) पुराण
(iii) दर्शन
  (१) मीमांसा
  (२) न्याय
  (३) सांख्य
  (४) वैशेषिक
  (५) वेदान्त
  (६) योग
(iv) धर्मशास्त्र
(v) ऐतिहासिक ग्रन्थ
(vi) राज्यतन्त्र
(vii) कामशास्त्र
(viii) शब्दकोश
(ix) ज्योतिष
(x) चिकित्सा
(xi) ललित साहित्य

(ख) बौद्ध ग्रन्थ

(i) पालि
(ii) संस्कृत

(ग) जैन

(घ) मुस्लिम

२. भारतीयेतर स्रोत

(क) चीनी (ख) तिब्बती

II. मूल स्रोत :

(१) अभिलेख

(२) सिक्के

III. आधुनिक कृतियाँ :

(१) उस काल के इतिहास

(२) साहित्येतिहास

(३) धर्म और दर्शन

ग्रन्थ सूची —

परिच्छेद : १-६

परिच्छेद : ७

"

"

"

"

परिच्छेद : २४

सामान्य ग्रन्थ सूची

I. मूल स्रोत

मूल पाठ और अनुवाद

१. भारतीय स्रोत

(क) ब्राह्मण ग्रन्थ :

(I) महाकाव्य

महाभारत

(बम्बई संस्करण) नीलकंठ की टीका के साथ, आर. किंजबडकर द्वारा सम्पादित, पूना, १९२९-३३

(कलकत्ता संस्करण) एन. शिरोमणि और सहयोगियों द्वारा सम्पादित, बि. इ. कलकत्ता, १९३४-३९

(कुम्भकोनम् सम्पा.) टी. आर. कृष्णाचार्य और टी. आर. व्यासाचार्य द्वारा सम्पादित, बम्बई, १९०५-१०

(दक्षिणी पाठशोध) पी०पी०एस० शास्त्री द्वारा सम्पादित, मद्रास, १९३१ प. पृ.

(आलोचनात्मक सम्पादन) I. आदिपर्वन्, बी०एस० सुकथंकर द्वारा सम्पादित, पूना, १९२७-३३

ii. सभापर्वन्, एफ. एडगर्टन द्वारा सम्पादित, पूना, १९४३-४४
iii. आरण्यपर्वन्, वी. एस. सुकथंकर द्वारा सम्पादित, पूना, १९४१-४२
iv. विराटपर्वन्, रघुबीर द्वारा सम्पादित, पूना १९३६
v. उद्योगपर्वन्, एस. के. डे द्वारा सम्पादित, पूना, १९३७-४०
vi. भीष्मपर्वन्, एस. के. बेलवलकर द्वारा सम्पादित, पूना १९४५-४७
vii शान्तिपर्वन्, एस. के. बेलवलकर द्वारा सम्पादित, राजधर्म, पूना, १९५९-५०
मोक्षधर्म, १९५१-५३
अंगरेजी अनुवाद, के. एस. गांगुली कृत. पी. सी. राय द्वारा प्रकाशित, कलकत्ता, १८८४-९६; नया संस्करण, कलकत्ता, १९२६-३२
अंगरेजी अनुवाद, एम०एन० दत्त कृत, कलकत्ता, १८९५-१९०५.

रामायण

(बंगाल पाठशोध). जी. गोरेसिओ द्वारा सम्पादित, तुरिन, १८४३-६७.
(उत्तरी-पश्चिमी भारतीय). पं० राम लभाया (Rama Labhaya) और सहयोगियों द्वारा सम्पादित, लाहौर, १९२३ प. पृ.
(उत्तर और दक्षिण) बम्बई, १९०२.
(दक्षिण) मद्रास, १९३३.
(आलोचनात्मक सं०) रघुवीर द्वारा सम्पादित.
प्रथम अनुप्रति (First Fasc), लाहौर, १९३८
अंगरेजी अनुवाद, एम०एन० दत्त कृत, कलकत्ता, १८९२-९४.
अंगरेजी पद्यानुवाद, आर०टी० एच० ग्रिफिथ द्वारा, बनारस, १९१५.

(II) पुराण

अग्निपुराण

आर० मित्रा द्वारा सम्पादित, बि. इ. कलकत्ता, १८७३-७९.
आ०सं०सी० में सम्पादित, पूना, १९००.
एम०एन० दत्त द्वारा अंग० अनु०, कलकत्ता, १९०१.

भविष्यपुराण

प्रकाशक बेंकटेश्वर प्रेस, बम्बई, १९१०.

ब्रह्मपुराण

आ० सं० सी० द्वारा सम्पादित, पूना, १८९५.

ब्रह्माण्डपुराण

प्रकाश बेंकटेश्वर प्रेस, वम्बई, १९१३.

हरिवंश

आर० किंजवडेकर द्वारा सम्पादित, पूना, १९३६.

मार्कण्डेयपुराण

के०एन० बनर्जी द्वारा सम्पादित, बि० इ०, कलकत्ता, १८६२.
अंगरेजी अनुवाद, एफ० ई० पार्जीटर कृत, कलकत्ता, १९०४.

मत्स्यपुराण

आ०सं०सी० द्वारा सम्पादित, पूना, १९०७.
अंगरेजी अनुवाद, अवध के किसी ताल्लुकेदार द्वारा कृत, से०बु०हि०, २ जिल्द, इलाहाबाद, १९१६-१७.

पद्मपुराण

वी०एन० मांडलिक द्वारा सम्पादित, आ०सं०सी०, ४ जिल्दें, पूना, १८९३-९४ प्रकाशक—वेंकटेश्वर प्रेस, बम्बई, १८९५.

पार्जीटर, एफ०ई०, दि पुराण टेक्स्ट आफ दि डाइनेस्टीज ऑफ दि कलि एज. ऑक्सफोर्ड, १९१३.

वायुपुराण

आर० मित्र द्वारा सम्पादित, बि० इ०, २ जिल्दें, कलकत्ता, १८८०-८८.
आ०सं०सी० सम्पादित, पूना, १९०५.

विष्णुपुराण बम्बई, १८८९

अंग० अनु०, एच०एच० विल्सन कृत, ५ जिल्दें लन्दन, १८६४-७०.
अंग० अनु०, एम०एन० दत्त कृत, कलकत्ता, १८९४.

(III) दर्शन

(१) मीमांसा

शबरस्वामी के मीमांसा-सूत्र-भाष्य पर भट्ट प्रभाकर मिश्र की **बृहती**, शालिकनाथ की ऋजुविमलपञ्चिका टीका के साथ.
ए० चिन्नास्वामी शास्त्री द्वारा सम्पादित, मद्रास, १९२७-३३.
एस०के० रामनाथ शास्त्री द्वारा सम्पादित, मद्रास, १९३४-३६.

प्रकरणपञ्चिका शालिकनाथ कृत, बनारस, १९०४.

श्लोकवार्त्तिक

कुमारिलभट्ट कृत, चौखम्भा संस्कृत सीरीज, बनारस द्वारा सम्पा०, १८९८-९. **पंडित** में सम्पादित, एन०एस०, जिल्द ३-४.
अंगरेजी अनु०, जी० झा० कृत, बि० इ०, कलकत्ता, १९०० प. पृ०.

तन्त्रवार्त्तिक

कुमारिलभट्ट कृत, बनारस सं० सी० में सम्पा०, बनारस, १८९०.
अंग० अनु०, जी झा कृत, बि० इ०, कलकत्ता, १९०३ प. पृ०.

टुप्टीका

कुमारिलभट्ट कृत, बनारस सं०सी० में सम्पा०, बनारस, १९०३.

विधिविवेक

मण्डन मिश्र कृत
सम्पा० पंडित, एन०एस० XXV-XXVIII

(२) **न्याय**

न्याय-भाष्य

गौतम के न्याय सूत्रों पर पक्षिल स्वामी वात्स्यायन कृत भाष्य,
ज०ए०सो० बं०, १९१०.
जी०झा० कृत अंग अनु०, इलाहाबाद, १९१५

न्यायबिन्दु

धर्मकीर्ति कृत
बि० इ० में सम्पा०, कलकत्ता १८९९

न्यायप्रवेश

दिङ्नाग कृत
ए०बी० ध्रुव द्वारा सम्पा०, बड़ौदा, १९३०

न्यायवार्त्तिक

उद्योतकर भारद्वाज कृत
बि०इ० में सम्पा०, कलकत्ता, १९०७
जी०झा० कृत अंग० अनु०, से०बु०हि०, इलाहाबाद, १९१५

(३) **सांख्य**

सांख्य-कारिका, ईश्वरकृष्ण कृत

बनारस सं० सी० में सम्पा०, बनारस, १८८३
एस०एस० सूर्यनारायण शास्त्री द्वारा सम्पा०, परिचयात्मक टिप्पणियों और अंग० अनु०, के साथ, मद्रास, १९४८.
अंग० अनु०, टा० कोलब्रुक कृत, लन्दन, १८३७.
अंग० अनु० जे० डेविस कृत, लन्दन, १८८१.
अंग० अनु०, एन०एल० सिन्हा कृत, से०बु०हि०, इलाहाबाद, १९१५.
गौड़पाद कृत सांख्यकारिका पर भाष्य, पूना, १९३३.
अंग० अनु० विल्सन कृत, लन्दन, १८३७.

(४) वैशेषिक

पदार्थधर्मसंग्रह, प्रशस्तपाद कृत

विजयनगरम् सं०सी० में सम्पा०, बनारस, १८९५.

अंग० अनु०, जी० झा कृत, पंडित, एन०एस० XXV-XXXIV.

वैशेषिक सूत्र कणाद कृत

बनारस सं०सी० में सम्पादित, बनारस, १८८५ प. पृ०;

बि० इ० कलकत्ता, १८६१.

अंग० अनु० गो (Gough) कृत, बनारस, १८७३.

अंग० अनु० एन०एल० सिन्हा कृत, से०बु०हि०, इलाहाबाद, १९२३.

(५) वेदान्त

आगमशास्त्र, गौड़पाद कृत

म० म० वी० भट्टाचार्य द्वारा सम्पा०, लिप्यन्तरित-पाठ,

अंग० अनु०, भूमिका और टिप्पणियों के साथ, कलकत्ता, १८४३.

म० म० वी० भट्टाचार्य द्वारा सम्पा०, संस्कृत टीका और विस्तृत भूमिका के साथ, कलकत्ता, १९५०

ब्रह्मसूत्र या (वेदान्त सूत्र) बादरायण कृत, शंकराचार्य की टीका सहित

आ०सं०सी० में सम्पा० पूना, १९००-१९०३.

अंग० अनु० (वेदान्त सूत्र, शंकराचार्य और रामानुज की टीकाओं के साथ), जी. थिबाउ (Thibaut) कृत, से०बु०ई०, ऑक्सफोर्ड, १८९०-१९०४.

गौड़पादकारिका गौड़पाद कृत

आ०सं०सी० में सम्पा०, पूना, १९११.

आर०डी० करमरकर द्वारा सम्पा०, भूमिका, टिप्पणियाँ, अंगरेजी अनु० के साथ, पूना, १९५३.

द्विवेदी कृत अंग० अनु०, बम्बई, १९०९.

पी० ड्वायस्सेन कृत जर्मन अनु० (जेखत्सिग उपनिषद्स डेस वेदा, पृ० ५३७ प. पृ०) लाइप्त्सिग, १९२१.

(६) योग

योगसूत्र, पतंजलि कृत, व्यास की टीका और वाचस्पति के भाष्य के साथ, आर बोडास द्वारा सम्पा०, बं०सं०सी०, बम्बई, १८९२.

जे०एच० बुड्स कृत अंग० अनु०, हा०ओ०सी०, कैम्ब्रिज (मेसाचुसेट्स), १९१४

राम प्रसाद कृत अंग० अनु०, से०बु०हि०, इलाहाबाद, १९१०.

(IV) धर्मशास्त्र

बृहस्पति-स्मृति ए० फुह्रेर द्वारा सम्पा०, लाइप्त्सिग, १८७९.
जे० जॉली कृत अंग० अनु०, से०बु०ई०, आक्सफोर्ड, १८८९.
के०वी० रंगास्वामी आयंगार द्वारा पुनः संशोधित, गा०ओसी०, बड़ौदा, १९४१.

धर्मशास्त्र-संग्रह जे० विद्यासागर द्वारा सम्पा०, २ जिल्द, कलकत्ता, १८७६.

कात्यायन-स्मृति एन०सी० बन्द्योपाध्याय द्वारा सम्पा०, कलकत्ता, १९२७.

कात्यायन के०वी० रंगास्वामी आयंगर रचित
अतिरिक्त श्लोक, पी०वी० काणे कमेमोरेशन वाल्यूम, १९४१

कात्यायन-स्मृति सारोद्धार (व्यवहार, विधि और कार्यप्रणाली पर कात्यायन-स्मृति)
पी०वी० काणे द्वारा सम्पा० पुनर्निर्मित पाठ, अनुवाद, टिप्पणियों और भूमिका के साथ, बम्बई १९३३.

नारदीय मनुसंहिता भावस्वामी की टीका के साथ
टी० गणपति शास्त्री द्वारा सम्पा०, त्रि०सं०सी०, त्रिवेन्द्रम, १९२९.

नारद-स्मृति संक्षिप्त संस्करण, जे. जाली कृत
अनु० १८७६; बृहत्तर संस्करण, जे० जाली द्वारा नेपाल पाण्डुलिपि से दो अतिरिक्त अध्यायों के साथ सम्पादित, बि०इ०, १८७६.
जे० जाली कृत अनु०, से०बु०ई०, जिल्द LIII, १८८९.

पराशर धर्मसंहिता या पराशर-स्मृति, सायण माधवाचार्य की टीका के साथ, ले० वामन शास्त्री, इसलामपुरकर, बम्बई, १८९३.

स्मृतीनां समुच्चय : आ०सं०सी० में सम्पा०, पूना, १९०५.

स्मृति-सन्दर्भ, जिल्द I-II, गुरुमण्डल ग्रन्थमाला, कलकत्ता, १९५२.

व्यास-स्मृति
धर्मशास्त्र संग्रह II, पृ० ३२१-४२, आ०सं०सी० में सम्पा०, ३५७-७१.

व्यास-स्मृति (व्यवहार अध्याय) बी०के० घोष द्वारा सम्पा, इ०क०, IX, पृ० ६५-९८.

(V) ऐतिहासिक कृतियाँ

बाण **हर्षचरित**
ए० फुह्रेर द्वारा सम्पा०, बम्बई, १९०९.
जे० विद्यासागर द्वारा सम्पा०, कलकत्ता, १८९२.
पी०के० काणे द्वारा सम्पा०, बम्बई ११९८.
ई०बी० कॉवेल और एफ०डब्ल्यू० थॉमस कृत अंग० अनु०, लन्दन, १८९७.

बाण **कादम्बरी**
पी० पेटर्सन द्वारा सम्पा०, बम्बई , १९००.

के०पी० परब द्वारा सम्पा०, बम्बई, १८९६.
सी०एम० राइडिंग कृत अंग० अनु०, लन्दन, १८९६.

दंडी **दशकुमारचरित**
जी० बुह्लर और पी० पेटर्सन द्वारा सम्पा०, ब०सं०सी० बम्बई, १८८७, १८९१; द्वितीय सं०.
जी०जे० अगाशे (Agashe) द्वारा सम्पा०, बम्बई, १९१९.
एम०आर० काले द्वारा भूमिका, टिप्पणियों और अंग० अनु० के साथ सम्पा०, तृतीय सं०, बम्बई, १९२८.
नारायण आचार्य द्वारा सम्पा०, नि०सा०प्रो० बम्बई, १९५१.
ए० डब्ल्यू० राइडर कृत अंग०अनु०, शिकागो, १९२७.
एच० फोश (Fauche) कृत फ्रेंच अनुवाद, पेरिस, १८६२.
जे० हर्टेल कृत जर्मन अनुवाद, लाइप्त्सिग, १९२२.
जे०जे० मेयर कृत जर्मन अनुवाद, लाइप्त्सिग, १९०२.

कल्हण **राजतरंगिणी**
दुर्गाप्रसाद द्वारा सम्पादित, बम्बई, १८९२.
एम०ए० स्टाइन कृत अंगरेजी अनु०, लन्दन, १९००.
आर०एस० पंडित कृत अंग० अनु०, इलाहाबाद, १९३५.

वाक्पति **गौडवहो**
एस०पी० पंडित द्वारा सम्पा०, बं०सं०सी०, बम्बई, १८८७; द्वितीय सं० एनबी० उत्गोकर कृत, पूना, १९२७

(VI) राज्यतन्त्र

बार्हस्पत्यसूत्रम्

एफ० डब्ल्यू० थॉमस द्वारा सम्पा० और अनु० (लम्युजों) भगवद् दत्त द्वारा देवनागरी अक्षरों में पुनर्मुद्रित,१९२१.

कामन्दकीय नीतिसार

आर० मित्रा द्वारा सम्पा०, बि० इ०, कलकत्ता, १८८४.
टी० गणपति शास्त्री द्वारा शंकराचार्य के भाष्य के साथ सम्पा०,त्रि०सं०सी०, त्रिवेन्द्रम, १९१२.
वी०वी० देशपांडे द्वारा सम्पा० शंकराचार्य की जयमंगला और वाराणसी के सांगवेद विद्यालय के पंडितों द्वारा लिखित उपाध्याय निरपेक्ष तथा भूमिका के साथ, जिल्द I, पूना आनन्दाश्रम प्रेस, १९५८.

सोमदेव, नीतिवाक्यामृत्तम्

पं० पन्नालाल सोनी द्वारा सम्पा०, किसी अज्ञात लेखक कृत टीका के साथ बम्बई, वे०शे०, १९३९.

(VII) कामशास्त्र

कोक्कोक (Kokkoka) **रतिरहस्य,** बनारस, १९२२

वात्स्यायन **कामसूत्र** जयमंगला टीका के साथ,

साहित्याचार्य डी० एल० गोस्वामी द्वारा सम्पा० बनारस, १९२९.

के०आर० आयंगर द्वारा अंग० अनु०, लाहौर, १९२१.

डॉ०बी०एन० बसु कृत अंग० अनु०, आर० एल० घोष द्वारा संशोधित और डॉ० पी०सी० बागची लिखित प्राक्कथन के साथ, पांचवाँ सं०, कलकत्ता १९४४

(VII) शब्दकोश

अमरसिंह **अमरकोश** क्षीरस्वामी और वन्द्यघटीय सर्वानन्द की टीकाओं के साथ. टी० गणपति शास्त्री द्वारा सम्पा०, ४ भाग, त्रिवेन्द्रम, १९१४-१७.

हलायुध **अभिधानरत्नमाला** थॉ आउफरेख्त (Th. Aufrecht) द्वारा सम्पा०, लन्दन, १८६१.

केशव **कल्पद्रुकोश** रामावतार शर्मा द्वारा सम्पादित, गा०ओ०सी०, बड़ौदा, १९२८.

(IX) ज्योतिष

आर्यभट **आर्यभटीय,** परमादीश्वर की भट्टदीपिका टीका के साथ एच० केर्न द्वारा सम्पा०, लीडेन, १८७४.

पी०सी० सेनगुप्त कृत अंग० अनु०, ज०डि०ले०, XVI.

गर्ग **गार्गी संहिता**

सूर्य-सिद्धान्त एफ० ई० हॉल और बी०डी० शास्त्री द्वारा सम्पा०, बि०इ०, कलकत्ता १८५९; दूसरा संस्करण, सुधाकर द्विवेदी द्वारा सुधावर्षिणी टीका के साथ सम्पा०, कलकत्ता, १९२५.

ई० बर्गेस कृत अंग० अनु० टिप्पणियों और परिशिष्ट के साथ न्यू हेव्हेन (Haven), १८६०; पुनर्मुद्रण, कलकत्ता, १९३६.

वराहमिहिर **बृहज्जातक**

वी० सुब्रह्मण्य शास्त्री कृत अंग० अनु० और टिप्पणियों के साथ, मैसूर १९२९.

सीताराम झा द्वारा सम्पा०, भट्टोत्पल की टीका के साथ, बनारस, १९३४.

बृहत्संहिता

एच० केर्न द्वारा सम्पा०, बि० इ०, कलकत्ता, १८६५.

एच० केर्न कृत अंग० अनु०, ज०रा०ए०सो०, १८७०-१८७५; भाग १-५. लन्दन, १८७०-७३.

वी० सुब्रह्मण्य शास्त्री और एम० रामकृष्ण भट्ट द्वारा सम्पा०, अंग० अनु० और टिप्पणियों के साथ, २ जिल्द, बंगलोर, १९४७.

होराशास्त्र

सी० अय्यर कृत अंग० अनु०, मद्रास, १८८५.

पञ्चसिद्धान्तिका जी० थिबाउ और एस० द्विवेदी द्वारा सम्पा०, बनारस, १८८९.

योगयात्रा एच० केर्न द्वारा सम्पा० और अनूदित, जगदीश लाल शास्त्री द्वारा सम्पा०, लाहौर, १९४४.

(X) चिकित्सा

अष्टाँगहृदय वाग्भट कृत

ए० एम० कुंटे द्वारा सम्पा०, बम्बई, १८९१.

चरकसंहिता जे० विद्यासागर द्वारा सम्पा०, तृतीय सं०, कलकत्ता, १८९६.

सुश्रुतसंहिता जे० विद्यासागर द्वारा सम्पा०, तृतीय सं०, कलकत्ता, १८८९.

(XI) ललित साहित्य

टिप्पणी : यहाँ संस्कृत की अत्यन्त महत्त्वपूर्ण कृतियों के ही निर्देश दिये गये हैं। पूर्ण विवरण डे और दास गुप्त, कीथ, कृष्णमचारियर, विंटरनित्स आदि के संस्कृत साहित्य के इतिहासों में प्राप्त होगा।)

भारवि **किरातार्जुनीय**

मल्लिनाथ की टीका के साथ, कलकत्ता, १९१५.

जे० विद्यासागर द्वारा सम्पा०, कलकत्ता, १८७५.

सी० काप्पेलेर द्वारा जर्मन में अनु० और व्याख्या, हा०ओ०सी० जिल्द १५, कैम्ब्रिज, मेसा, १९१२.

भट्टनारायण **वेणीसंहार**

सम्पा० जे० ग्रिल, लाइपत्सिंग, १८७१.

एस०एम० टैगोर कृत अंग० अनु०, कलकत्ता, १८८०.

भवभूति **महावीरचरित**

टोडरमल कृत आलोचनात्मक संस्करण, मैकडोनल द्वारा संशोधित, लाहौर, १९२८.

जे० पिकफोर्ड कृत अंग० अनु०, लन्दन, १८९२.

मालतीमाधव जगद्धर की टीका के साथ

